अथ - आतम पुराण

Sri Satguru Jagjit Singh Ji E-library

Sri Satguru Jagjit Singh Ji E-library has been created with the approval and personal blessings of Sri Satguru Uday Singh Ji. You can easily access the wealth of teaching, learning and research materials on Sri Satguru Jagjit Singh Ji E-library online, which until now have only been available to a handful of scholars and researchers.

This new Sri Satguru Jagjit Singh Ji E-library allows school children, students, researchers and armchair scholars anywhere in the world at any time to study and learn from the original documents.

As well as opening access to our historical pieces of world heritage, digitisation ensures the long-term protection and conservation of these fragile treasures. This is a significant milestone in the development of the Sri Satguru Jagjit Singh Ji E-Library, but it is just a first step on a long road.

Please join with us in this remarkable transformation of the Library. You can share your books, magazines, pamphlets, photos, music, videos etc. This will ensure they are preserved for generations to come. Each item will be fully acknowledged.

To continue this work, we need your help

Your generous contribution and help will ensure that an ever-growing number of the Library's collections are conserved and digitised, and are made available to students, scholars, and readers the world over. The Sri Satguru Jagjit Singh Ji E-Library collection is growing day by day and some rare and priceless books/magazines/manuscripts and other items have already been digitised.

We would like to thank all the contributors who have kindly provided items from their collections. This is appreciated by us now and many readers in the future.

Contact Details

For further information - please contact

Email: NamdhariElibrary@gmail.com

॥ इति आत्मपुराणं समाप्तम् ॥

राजव

तं

नेः २ अन्य

दश

त्रा करते हुए का

जी ओर । गर जो अपने अनेक

साधन सम्पन्न औ तिमान् थे स्वा

श्रीमान्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्री ामीचिद्घनानन्दगिरिजीका जीवनचरित्र।

श्रीमन्निखिलगुणगणालंकृतविद्वद्गण शिरोवतंस श्रीमत्पर ा परिव्राजकाचार्य पूज्यपाद श्रीमत्स्वामि चिद्घनानन्दगिरिजी महाशय महोदयका जन्म किस संवत् में और कहांपर हुआ था इस बातका कुछ पता नहीं मिलता। हां इतना अवश्य मालूम हुआहे कि, इनका शरीर सिंधुदेशका था। यह बातभी स्वामीजी महाराजके मुखसे विदित नहीं हुई किन्तु उस देशके रहनेवालोंके कहनेसे जाननेमें आई है। इन्होंने प्रथम ब्रह्मचर्यावस्थामें हरिद्वारके निकट 'कनखल' तीर्थमें कुछ काल पर्यंत व्याकरणादि ग्रंथोंका अभ्यास किया। फिर श्रीकाशीपुरीमें आकर "न्याय वेदान्त" शास्त्रादिकोंको पढ कितनेही समयतक अधिकारी छात्रोंको पढाया। तदनन्तर मानुषानन्दसे लेकर हिरण्यगर्भ लोक पर्यंतके विषय सुखको विषवत् परित्याग कर अर्थात् इस असार संसारको छोडकर परमपूज्य ब्रह्मविद्वरिष्ठ श्री १०८ श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रीस्वामी उद्धवानंदगिरिजी महाशयके चरणकमल में प्राप्त होकर संन्यास आश्रमको धारण किया और कितनेही काल पर्यंत स्वस्वरूपावस्थान रूप निर्विकल्पक समाधिमें स्थित रहे अर्थात् इनकी चित्तवृत्ति स्वस्व रूपसे उत्थान भावको प्राप्त नहीं होतीथी। फिर संसारके दुःखरूपी सूर्यसे संतप्त प्राणियोंके पुण्यपुंजकी प्रेरणासे श्रीस्वामीजी महा राजके मनमें रामेश्वरादि देवदर्शन करनेके लिये कुछकाल पर्यंत पर्यटन करनेकी इच्छा हुई। तदनुसार वह श्रीकाशीपुरीसे प्रस्थान कर गोतमीतटको और फिर गोदावरी तीर्थको गये। पश्चात् शनैः २ अन्यान्य तीर्थोंकी यात्रा करते हुए श्रीरामेश्वर क्षेत्रको गये। वहांपर श्रीरामेश्वरजी और सेतुका दर्शनकर श्रीद्वारिकापुरीकी यात्रा करते हुए काठियावाडके अंतर्गत भावनगर राजधानीमें पहुंचे। वहांके दीवान श्रीगौरीशंकरजी और विजयशंकरजी नागर जो अपने अनेक जन्मोंके उपार्जित पुण्योंके प्रभावसे बडे शुद्धान्तः करण विवेकादि साधन सम्पन्न और परम प्रीतिमान् थे स्वामीजी महाराजका आगमन सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और हाथ

जोड़कर इनकी शरण आये। इन्होंने स्वामीजी महाराजसे प्रार्थना की कि, महाराज हमलोग अनादिकालसे वारंवार इस जन्ममरणादि महादुःखरूपी संसारसागर में निमग्न होरहे हैं। इस कारण जिस वस्तुको पानेसे यह प्राणी जन्म मरणादिके खेदसमुद्रको तर जाते हैं उसीका कृपया हमको उपदेश दीजिये । परम श्रद्धालु गौरीशंकरजी प्रभृति अधिकारियोंका ऐसा वचन सुनकर परम करुणानिधि श्रीस्वामीजी महाराजने उनको उपनिषद्रत्नालय रूप आत्मपुराण श्रीमद्भगवद्गीता और तत्वानुसंधान, तथा शारीरक भाष्यादि ब्रह्मविद्या प्रतिपादक ग्रंथोंका श्रवण कराया। इनके सुननेसे ये अधिकारीवर्य प्राप्तव्य वस्तुको प्राप्तकर परम कृतार्थ भावको पहुंच गये। इन्होंने विनय किया कि " भगवन्! इस जगत्में मंदमतिवाले मुमुक्षु बहुत हैं जिनकी संस्कृत ग्रंथके श्रवणादिमें प्रवृत्ति नहीं हो सकती उन लोगोंके लिये आत्मपुराण गीता और तत्वानुसंधानादि ग्रंथोंकी प्राकृत भाषामें व्याख्या कर देवें तो अति उत्तम कार्य हो, क्योंकि इन ग्रंथोंके मनन करनेसे बहुतेरे मुमुक्षु जन परमकल्याणको प्राप्त होंगे और आप महानुभावोंका शरीर केवल जिज्ञासुजनोंके हितार्थही उत्पन्न हुआ है।" उक्त अधिकारियोंकी प्रार्थना सुनकर परम कृपालु श्रीस्वामीजी महाराजने भावनगरमें १२ वर्ष पर्यंत स्थित होकर "आत्मपुराण, गीता, तत्वानुसंधान और न्यायप्रकाश" इन चार ग्रंथोंकी हिन्दीभाषामें व्याख्या की । पश्चात् काशीजीमें पधारकर मोहल्ला टेढीनींबमें परम पूज्य श्रीमत्स्वामी उद्धवानन्दजीकी धर्मशालामें निवास किया। यहांपर श्रीस्वामीजी महाराजका ११ वर्षतक विराजना रहा और संवत् १९५४ की कार्तिक शुक्ला १ को अनुमान ६५ वर्षके वयमें यह स्थूल शरीरादि उपाधिका परित्याग कर निर्विशेष स्वस्वरूपको प्राप्त हुए। अब इन महाराजके स्थानमें इनके शिष्य मंडलीश श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रीस्वामी गोविन्दानन्दजी महाराज विद्यमान हैं ॥

प्रकाशक-खेमराज श्रीकृष्णदास, "श्रीवेङ्कटेश्वर" मुद्रणालयाध्यक्ष-मुम्बई.

अब या प्राकृतआत्मपुराणग्रंथके उत्पतिकादेश तथा निमित्त वर्णनकरेहैं।

गुजरातदेशविषे समुद्रकेतीरऊपर एक "भावनगर"नामाशहरहै ॥ ताभावनगरशहरविषे नागरब्राह्मणजातिकरिकेयुक्त देसाईगुला वराइकेपुत्र देसाईविजयशंकर रहैहैं ॥ सोविजयशंकर पुर्वलेपुण्यकर्मकेवशतैं यासंसारकेव्यवहारतैं उपरामहोइके केवलवेदांतशास्त्रकेश्र वणविषे तथा विचारविषे तत्परहोताभया ॥ तथा ऋग्वेदादिकोंकेऐतरेयादिकउपनिषदोंका निरंतरपाठकरताभया ॥ ताविजयशंकरनैं एकवार संस्कृतआत्मपुराणकाश्रवणकऱ्या ॥ताआत्मपुराणविषे सर्वउपनिषदोंकेअर्थकूंश्रवणकरिके ताकूं या प्रकारकीमनविषेइच्छाउत्प न्नहोतीभई ॥ जोयहआत्मपुराणग्रंथही हमारेकूं तथा सर्वमुमुक्षुजनोंकूं सर्वदा विचारकरणेयोग्यहै ॥ परंतु व्याकरणादिकसाधनोंतैंविना संस्कृतग्रंथविषेप्रवृत्तिहोणी अत्यंतकठिनहै ॥ तथा वृद्धअवस्थाविषे व्याकरणादिकोंकापठनकरणाभी योग्यनहीं है ॥ यातैं यह आत्म पुराणग्रंथ जोकदाचित् भाषाविषेहोवै तौ हमारेकूं तथा सर्वमुमुक्षुजनोंकूं विचारणेविषेआवै ॥ ऐसीशुभइच्छाकरतेहुए दैवयोगतैं श्रीस्वामीचिद्घनानंदगिरिजी तीर्थयात्राकेनिमित्त श्रीकाशीजीतैंनिकसिकै श्रीरामेश्वरादिकतीर्थयात्राकरिकै श्रीद्वारकानाथकेदर्शनकर णेवासतै ताभावनगरविषेआवतेभये ॥ तास्वामीचिद्घनानंदगिरिकेसमीप दर्शन करणेवासते सोविजयशंकर जाताभया ॥ तथा कोईआत्मविचारकाप्रसंगचलावताभया ॥ तास्वामीकीब्रह्मविद्याविषेनिष्ठादेखिकेएकदिनविषे किसीप्रसंगपाइके याप्रकारकीप्रार्थना करताभया ॥ हेस्वामिन् हमसर्वमुमुक्षुजनोंकेहितवासतैं आप कृपाकरिके या संस्कृत आत्मपुराणकेप्राकृतकरणेकापरिश्रम अंगीकार करो ॥ ताकेप्रार्थनाकूंअंगीकारकरिके सोस्वामीजी ताविजयशंकरके विश्वनाथमहादेवकेमंदिरविषेनिवासकरिके ता आत्मपुराणके भाषाकरणेकाआरंभकरतेभये ॥ संवत् १९३१ शके १७९६ वैशाखसुदी ६ रविवारकूंआरंभकऱ्या ॥ संवत् १९३४ शके १७९९ कार्तिकशुदी ११ शुक्रवारकूंसमाप्तभया ॥ ताभाषाआत्मपुराणग्रंथकी सर्वत्रप्रवृत्तिकरणेवासते श्रीस्वामीजीकीआज्ञातैं देसाईविजय

शंकरनें प्रथमवार प्रसिद्धकऱ्याथा ॥ उसीको अब तीसरीवार श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य्य श्रीमत्स्वामी चिद्घनानंद गिरिजीने शुद्ध करके ग्रंथ तथा छापनेकी आज्ञादीनी सो श्रीमहाराजकी आज्ञासे हमने छापके प्रसिद्ध कऱ्याहे ॥

उक्तस्वामीजी महाराजने अपने बनाये आत्मपुराण भाषा तथा श्रीमद्भगवद्गीता गूढार्थ दीपिका भाषाटीका और तत्त्वानुसन्धानके छापनेकी आज्ञा "श्रीवेङ्कटेश्वर" यंत्रालयकोही प्रदान कर चुकेहैं।

इस कारण कोई महाशय उक्त ग्रंथोंके छापनेका इरादा न करें कि, लाभकी आशासे इन्हीं महाराजके गीता छापनेवाले लोभियों की भांति हानि उठावें।

मुमुक्षुजनोंका कृपाकांक्षी–

क्षेमराज श्रीकृष्णदास, "श्रीवेङ्कटेश्वर" यन्त्रालयाध्यक्ष–मुम्बई.

नाम.	की. रु. आ.	ड. म. रु. आ.
प्रश्नोत्तरमुक्तावली भाषाटीका (वेदान्त) ...	०–३	०–॥
जीवन्मुक्तगीता भाषाटीका	०–१	०–॥
भक्तिमीमांसा-शांडिल्यऋषिप्रणीताआचार्य स्वप्नेश्वरविरचितेन भाष्येण संयुता ...	०–८	०–१
❋❋योगवासिष्ठ सटीक संस्कृत... ...	२०–०	२–०

वेदान्त भाषा।

नाम.	की. रु. आ.	ड. म. रु. आ.
योगवासिष्ठ बड़ा भाषा संपूर्ण	१२–०	१–१०
योगवासिष्ठषुटकवैराग्य मोक्ष प्रकरण वेदांत उत्तम कागज़ अक्षर बड़ा	१–०	०–२
वासिष्ठसार भाषा वेदांत ६ प्रकरण ...	२–८	०–८
विचारसागर सटीक निश्चलदासजीकृत ...	२–०	०–४
एकादशस्कंध भाषा चतुरदासकृत और... नानक विलास	१–०	०–३
अमृतधारा वेदांत	०–१२	०–२
संतोषसुरतरु वेदांत	०–८	०–१
संतप्रभाव वेदांत	०–६	०–१
विचारमालासटीकपंचीकरणसहित... ...	०–१२	०–१
अभिलाषसागर भाषा (वेदांत)	०–३	०–॥
अध्यात्मप्रकाश भाषा (वेदान्त)... ...	०–२	०–४
विज्ञानगीता कविकेशवदासकृत	०–८	०–१
सुंदरविलास (ज्ञानसमुद्र, ज्ञानविलास, सुन्दराष्टकादि सहित) सटिप्पण ...	१–०	०–२
प्रत्येकानुभव शतक भाषा (वेदान्तका ग्रंथहै)	०–४	०–१
पक्षपातरहित अनुभवप्रकाश- वेदांत वर्णन (कामलीवालेबाबाकी बनाईहुई) ...	३–०	०–४
मुक्तिकोपनिषद् भाषाटीका	०–६	०–॥
कैवल्योपनिषद्	०–१	०–॥
मोक्षगीता बड़ी (सवालक्ष) रामनाम ...	१–०	०–२
वृत्तिप्रभाकर स्वामीनिश्चलदासकृत (वेदान्तका ग्रंथ शुद्धकर नया छपाहै)... ...	३–०	०–८

नाम.	की. रु. आ.	ट.म. रु. आ.
आनन्दामृतवर्षिणी वेदान्त (आनन्दगिरिजी-प्रणीत-गीताकेकठिनस्थलोंकाभावप्रतिपादनहै)	०—१२	०—१
दशोपनिषद्भाषा-स्वामि अच्युतानंदकृत ...	२—०	०—४
तत्त्वानुसंधानभाषा	२—४	०—६

धर्मशास्त्र ग्रंथाः।

नाम.	की. रु. आ.	ट.म. रु. आ.
मनुस्मृति सटीक कुल्लूकभट्टकृत संस्कृत टीकासहित जिल्दबंधी.	२—०	०—४
मनुस्मृति सान्वय भाषाटीका ग्लेज ...	२—८	०—७
तथा रफ्	२—०	०—७
व्रतराजअतिउत्तमटिप्पणीसहितजिसमेंवर्षभरकी सबतिथियोंकेव्रतउद्यापननिर्णयकथाहैं	४—०	०—१०
व्रतराजटिप्पणीसहित रफ्	३—०	०—१०
निर्णयामृत(अनेक प्राचीन ग्रंथोंसे शुद्ध हुवाहै)...	१—१२	०—४
याज्ञवल्क्यस्मृति मिताक्षरा पं मिहिरचंद कृत पद, योजना, भावार्थ और तात्पर्यार्थ और टिप्पणी तथा भाषाटीकासहित अत्युत्तम	५—०	०—१०
धर्मसिंधु	३—०	०—५
निर्णयसिंधु टिप्पणीसहित अत्युत्तम ...	३—०	०—६
तथा रफ् कागज	२—८	०—६
अष्टादशस्मृति उत्तम शुद्ध मोटा टैप ...	२—०	०—४
विवादार्णवसेतु(धर्मशास्त्र व न्याय राजनीति)...	२—०	०—४
बृहत्पाराशरीस्मृति. (धर्मशास्त्र)... ...	१—८	०—३
पाराशरीस्मृतिका उत्तरखंड	०—४	०—॥

संपूर्ण पुस्तकोंका बडासूचीपत्र अलगहै आध आनेका टिकट भेजनेसे विनादाम भेजा जाताहै।

पुस्तक मिलनेका ठिकाना-

खेमराज श्रीकृष्णदास, "श्रीवेङ्कटेश्वर" छापाखाना-बम्बई.

आत्मपुराणग्रंथके अध्यायोंकीतथाउपनिषदोंकी तथासंवादोंकी अनुक्रमणिका ।

अध्यायः	वेदसहितउपनिषद्.	ऋषियोंकासंवाद.
१	ऋग्वेदकाऐतरेयउपनिषदर्थवर्णन.	सनकादिकमुनियोंका वामदेवादिमुनीकेप्रति उपदेश.
२	ऋग्वेदका कौषीतकीउपनिषदर्थवर्णन.	देवराजइंद्रका प्रतर्दनराजाकेप्रति उपदेश.
३	ऋग्वेदका कौषीतकीउपनिषदर्थवर्णन.	राजाअजातशत्रुका बालाकिब्राह्मणकेप्रति उपदेश.
४	यजुर्वेदका बृहदारण्यकउपनिषदर्थवर्णन.	दध्यङ्ऋषिका इंद्र तथाअश्विनीकुमारोंकेप्रति उपदेश.
५	यजुर्वेदका बृहदारण्यकउपनिषदर्थवर्णन.	याज्ञवल्क्यमुनिका आश्वलायनादिब्राह्मणोंकेसाथसंवाद.
६	यजुर्वेदका बृहदारण्यकउपनिषदर्थवर्णन.	याज्ञवल्क्यमुनिका जनकराजाकेप्रति उपदेश.
७	यजुर्वेदका बृहदारण्यकउपनिषदर्थवर्णन.	याज्ञवल्क्यमुनिका मैत्रेयीस्त्रीके प्रति उपदेश.
८	यजुर्वेदका श्वेताश्वतरउपनिषदर्थवर्णन.	श्वेताश्वतरऋषिका संन्यासियोंकेप्रति उपदेश.
९	यजुर्वेदका कठवल्लीउपनिषदर्थवर्णन.	यमराजाकानचिकेताकेप्रति उपदेश.
१०	यजुर्वेदका तैत्तिरीय नारायणीयउपनिषदर्थवर्णन.	वरुणऋषिका भृगुपुत्रकेप्रति उपदेश.
११	जाबालादिकएकादशउपनिषदर्थवर्णन.	वैराग्यादिसाधनोंसहित परमहंससंन्यासकानिरूपण.
११	सामवेदका छांदोग्यउपनिषदर्थवर्णन.	उद्दालकऋषिका श्वेतकेतुपुत्रकेप्रति उपदेश.
१३	सामवेदका छांदोग्यउपनिषदर्थवर्णन.	सनत्कुमारभगवान्का नारदमुनिकेप्रति उपदेश.

इत्यनुक्रमणिका समाप्ता ।

ॐश्रीगणेशायनमः ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ काशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥ अज्ञानतिमिरांधस्यज्ञानांजनशलाकया ॥ चक्षुरुन्मीलितंयेनतस्मैश्रीगुरवेनमः ॥ १ ॥ शंकरंशंकराचार्यंकेशवंबादरायणम् ॥ सूत्रभाष्यकृतौवंदेभगवंतौपुनःपुनः ॥ २ ॥ अथपरमकृपालुजोपरमेश्वरहै ॥ सो सृष्टिकेआदि कालविषे ॥ जीवोंकेमोक्षवासते वेदोंकूंरचताभया ॥ तहाँ प्रथमकर्मकांडविषे ॥ जीवोंकेचित्तशुद्धिकेवासते ॥ वर्णाश्रमकेधर्मोंकूं निरूपणकरताभया ॥ दूसराजोउपासनाकांडहै ताविषे,जीवोंकेविक्षेपकीनिवृत्तिवासते नानाप्रकारकेउपासनाकूं निरूपणकरताभया ॥ तीसराजोउपनिषद्रूपज्ञानकांडहै ताविषे कर्मऔरउपासनाकरिकेशुद्धभयाहैचित्तजिन्होंका ऐसेजोमुमुक्षुहैं तिन्होंके ब्रह्मभावकीप्राप्तिऔरजन्ममरणकीनिवृत्तिरूपमोक्षवासते जीवब्रह्मकेअभेदकूं निरूपणकरताभया ॥ याकहनेतैंयहसिद्धभया ॥ संपूर्णवेद जीवब्रह्मकेअभेदकेप्रतिपादकहैं ॥ जीवब्रह्मकेभेदकेप्रतिपादकनहींहैं॥काहेतैंजीवब्रह्मकेभेदकूंदेखणेवालाजोपुरुषहै ॥ ताकूं वेदविषेभयकीप्राप्तिकहीहै ॥ किंवा ॥ जीवईश्वरकेभेदकूंजोवेदबोधनकरे ॥ तोवेद अप्रमाणहोवेगा ॥ काहेतैंजीवईश्वरकाभेद मैंईश्वरनहीहूं यालोकोंकेअनुभवकरिकेसिद्धहै ॥ लोकोंकरिकेनहींजान्या ॥ ऐसाजोफलवालाअर्थ ताकेबोधनकरिकेही वेदोंकूंप्रमाणता शास्त्रविषेकहीहै ॥ जीवब्रह्मकाभेद लोकविषेप्रसिद्धहै ॥ और भेदज्ञानतैं मोक्षरूपफलकीभीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ उलटा जन्ममरणरूपदुःखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं भेदकेजनावणेमैं वेदोंकातात्पर्यनहींहै ॥ ऐसाजोपरमेश्वरकातात्पर्य ताकूंनजाणिकरिके भेदवादिजेनैयायिकादिकहैं ॥ तेसंपूर्णवेदोंका जीवब्रह्मकेभेदनिरूपणविषे तात्पर्य वर्णनकरतेभये ॥ ताजीवब्रह्मकेभेदकूंनिश्चयकरिके जन्ममरणरूपदुःखकूं जीव प्राप्तहोतेभये ॥ ताजीवोंकूं दुःखीदेखिकरिके परमकृपालुजोश्रीशंकरहै ॥ सो श्रीशंकराचार्यरूपअवतारकोंधारिकरिके उपनिषदोंका औरश्रीव्याससूत्रोंका भाष्यकरतेभये ॥ ताभाष्यविषे भेदवादियोंकाखंडनकरिकेसर्वउपनिषदोंका ॥ जीवब्रह्मकेअभेदबोधनविषे तात्पर्यनिरूपणकरतेभये ॥ ताभाष्यतैं उपनिषदोंकेअर्थजानणेमैं जिनोंकिबुद्धिसमर्थनहींहै ऐसेजेमुमुक्षुहैं ॥ तिनोंपरि कृपाकरिके स्वामीशंकरानंद जोजोवाक्यमुमुक्षुकेमननमैंउपयोगीहैं ॥ ताताउपनिषदोंकेवाक्योंकाअर्थ आत्मपुराणविषे निरूपणकरतेभये ॥ ता आत्मपुराणविषेभी लोकोंकेप्रवृत्तिकूंनदेखिकरिके

पिंडतकाकाराम तापरि टीकाकूंकरतेभये ॥ ताटीकासहितआत्मपुराणतैंभी व्याकरणादिकोंकेआभ्यासतैंरहितजोहैं भाषाकेपठनकरणे वालेमुमुक्षु ॥ तिनोंकूं श्रुतीअर्थकाज्ञानहोवेनहीं ॥ यातैं तिनोंकेवासतै जोजोउपयोगीटीकाहैं ताकूंमिलाइके संपूर्णमूलकाभाषाकरेंहैं ॥ तहाँप्रथमअध्यायविषेऋग्वेदकाजोऐतरेयउपनिषदहै ताकेअर्थका निरूपणकरेंहैं ॥ ताविषें गुरुशिष्यकेसंवादकरिके प्रथम अधिकारीका लक्षण निरूपणकरेंहैं ॥ पठनकरेहैवेदजिसनें ॥ औरगुरुनेंकह्याजोअर्थ ताकेधारणेमें समर्थहैबुद्धिजाकी ॥ और कृपाकरिकेयुक्तहैमनजा का ऐसाजोकोईकमुमुक्षुहै ॥ सोपंचप्रकारकेभेदज्ञानकरिके भयकूंप्राप्तभयाजोजगत् ताकूंदेखिकरिके एककालविषे विचारकरताभया ॥ सोपंचप्रकारकाभेदयहहै ॥ जीवईश्वरकाभेद१ जीवोंकापरस्परभेद२ जीवजडकाभेद३ ईशजडकाभेद४ जडजडकाभेद५॥अब ताविचारके स्वरूपकूंकहेंहैं॥वडाकष्टहै॥संपूर्णजेदेहधारीजीवहैं तेयासंसाररूपशूलकरिके जन्ममरणरूपदुःखकूंप्राप्तहोइरहेहैं॥ कैसायहसंसाररूपशूलहै॥ कामक्रोधादिरूपकाकोंकाहैवासजिसविषे ॥ और स्त्रीरूपवृक्षकरिकेसुखकूंप्राप्तभयाहै ॥ यद्यपिस्त्रीरूपवृक्ष याकेसुखकाकारणनहींहै॥ उलटा याकेदुःखकाकारणहै॥तथापि जैसे मार्गकेचलनेतैंपरिश्रमकूंप्राप्तभयाजोपुरुषहै ताकूं दुःखकाकारणजोपादोंकाप्रहार सोभी सुखकाकारणहो वेहै ॥ तैसे विषयोंविषेंहैप्रीतिजाकी ऐसाजोपुरुषहै ताकूं दुःखकाकारणजोस्त्रीहै सोसुखकाकारणप्रतीतहोवेहै ॥ ऐसेसंसाररूपशूलतैं सर्वप्रा णियोंकूं याळोकविषे भयकाहेतैंनहींहोता ॥ ऐसाविचारकरिके बुद्धिमान्जोमुमुक्षुहै॥सोअपणेगुरुकूंपूछताभया॥हेभगवन् यासंसारशूलकूंप रित्यागकरिके किसउपायकरिके पुरुष मोक्षकूंप्राप्तहोवे॥कैसायहसंसाररूपशूलहै तीक्ष्णहै॥और अज्ञानरूपलोहहैकारणजाका ॥और सत्व रज तम येतीनगुणरूपशिखाकरिकेयुक्तहैं॥इसप्रकार शिष्यकरिकेपूछाहुआ कृपाकासमुद्रजोगुरुहै॥सो शिष्यकेप्रति कहताभया॥ हेशिष्य अज्ञानकीनिवृत्तिकाउपाय एकज्ञानहींहै॥और कर्मउपासनादिक अज्ञानकीनिवृत्तिककारणनहींहैं॥शिष्यउवाच॥हेभगवन् मैंनें संसाररूपशू लकीनिवृत्तिकाउपायपूछाहै॥और आपनें अज्ञानकीनिवृत्तिकाउपायकह्या॥यातैं हमारेप्रश्नकेसमान उत्तरनहींभया॥श्रीगुरुरुवाच॥हेशिष्य कामक्रोधादिरूपकाकोंका औरस्त्रीरूपवृक्षकाहै निवासजाविषे ॥ ऐसाजो संपूर्णसंसाररूपशूलहै॥सो परमेश्वरकीमायाकरिकेउत्पन्नभयाहै ॥

ज्ञानतैंमायाकीनिवृत्तिहूए ताकाकार्यजोसंसारशूल ताकीभीनिवृत्तिबनेहै ॥ जैसेतंतुकेनाशतैंपटकानाशहोवैहै ॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगव
न् पूर्व आपनें ज्ञानकरिकेअज्ञानकीनिवृत्तिकही ॥ और अब ज्ञानकरिकेमायाकीनिवृतिकही ॥ यातैं पूर्वउत्तरकहणेकाविरोधहोवैहै ॥
॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य माया औरअज्ञान येदोनोंशब्द एकहीअर्थकेवाचकहैं ॥ जैसे घट औरकलश येदोनोंशब्द एकहीअर्थकेवाच
कहैं ॥ यातैंविरोधनहीं ॥ शिष्यउवाच ॥ पूर्व आपनें ज्ञानतैंअज्ञानकीनिवृत्तिकही सोबनैंनहीं ॥ काहेतैं घटपटादिकपदार्थोंकाज्ञानतो लो
कोंकूंहै ॥ परंतुकिसीकेअज्ञानकीनिवृत्तिहोवैनहीं ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य वेदांतशास्त्रकेश्रवणतैंउत्पन्नभयाजोज्ञानहै ॥ सोई अज्ञानका
निवर्त्तकहै ॥ तिसतैंभिन्नजितनेज्ञानहैं तेसंपूर्ण अज्ञानरूपहैं ॥ यातैं तिनोंतैं अज्ञानकीनिवृतिहोवैनहीं ॥ जैसेसन्निपातकरिकेभ्रमकूंप्राप्तभ
याजोपुरुष ॥ तानैंकह्या मेरेकूं भेरीकाशब्द श्रवणहोवैहै ॥ ताज्ञानकूं लोकविषेभीकोई यथार्थमानतानहीं ॥ यातैं मैंब्रह्महूं ऐसाजो वेदां
तकेश्रवणतैं और गुरोंकीकृपाकरिके उत्पन्नभयाज्ञान ॥ सोईही मोक्षकेप्राप्तिकामार्गहै ॥ तातैं हेशिष्य संसाररूपशूलकापरित्यागकरिके
ब्रह्मभावकीप्राप्तिरूपजोमुक्तिमंडपहै ताकूंप्राप्तहोवो ॥ और अपणेस्वरूपकेअज्ञानकीनिवृत्तिवासते मैंब्रह्महूं याज्ञानकूं वेदांत श्रवणादिकों
करिके अवश्यसंपादनकरो ॥ और आत्मज्ञानतैंभिन्न देहरूपबंधनकेदेणेहारे जेयज्ञादिककाम्यकर्महैं ॥ तिनोंका परित्यागकरो ॥ सोआ
त्मज्ञानकैसाहै ॥ संसाररूपशूलकाकारणजोअज्ञान ताका नाशकरणेहाराहै॥ और भेदतैंरहितजोआत्मस्वरूपब्रह्म ताकी प्राप्तिकरणेहाराहै
॥ यातै आत्माकाज्ञानही सर्वतैंअधिकहै ॥अब आत्मस्वरूपब्रह्मविषे देशपरिच्छेद १ कालपरिच्छेद २ वस्तुपरिच्छेद ३ यातीनोंपरिच्छेदों
काअभावहै याअर्थकेजनावणेवासते प्रथम घटादिकअनात्मपदार्थोंविषे तीनपरिच्छेदोंकूंदिखावैहैं ॥ अत्यंताभावकीप्रतियोगिताकानाम
देशपरिच्छेदहै ॥ जैसेभूतलविषेरह्याजोघट ताघटकाअन्यदेशविषे अत्यंताभावहै ॥ ताअत्यंताभावकाप्रतियोगिपणा घटविषेहै ॥ ताका
नाम देशपरिच्छेदहै ॥ प्रागभावऔरप्रध्वंसाभावकीप्रतियोगिताकानाम कालपरिच्छेदहै॥जैसे घटकीउत्पत्तितैंपूर्व कपालोंविषे घटकाप्राग
भावरहैहै ॥ औरघटकेनाशहूए ताकपालोंमैं घटका प्रध्वंसाभावरहैहै ॥ तादोनोंअभावोंकाप्रतियोगिपणा घटविषेहै ॥ ताकानाम काल

परिच्छेदहै॥अन्योन्याभावकीप्रतियोगिताकानाम वस्तुपरिच्छेदहै॥जैसे पट घटनहींहै याप्रतीतितैं घटकाअन्योन्याभाव पटविषेभासैहै ॥ ताअन्योन्याभावकाप्रतियोगिपणा घटविषेहै ॥ ताकानाम वस्तुपरिच्छेदहै ॥ इसरीतिसैं सर्वअनात्मपदार्थ तीनपरिच्छेदोंकरिकेयुक्तहैं ॥ और आत्मस्वरूपब्रह्मविषे तीनपरिच्छेदोंकाअभावहै ॥ काहेतैं ब्रह्मव्यापकहै यातैं देशपरिच्छेद ब्रह्मविषेनहीं ॥और उत्पत्तिनाशतैंरहितहै यातैं कालपरिच्छेद ब्रह्मविषेनहीं ॥ और सर्वकाआत्माहै यातैं वस्तुपरिच्छेद ब्रह्मविषेनहीं ॥ याअभिप्राययतैंही श्रुतिनें जीवब्रह्मकाअभेद कथनकर्‍याहै ॥ औरआत्मस्वरूपब्रह्मकेप्राप्तिकासाधनज्ञानहै ॥ यातैं ज्ञानकूं श्रुतिब्रह्मरूपकहतीभईहै ॥ और जैसे ज्ञानकूं ब्रह्मरूप श्रुतिविषेकह्याहै ॥ तैसेज्ञानकूं सत्यरूपभी श्रुतिविषेकह्याहै ॥ काहेतैं सत्यब्रह्मको प्राप्तिकरणेहाराज्ञानहै ॥ यद्यपि अज्ञानके निवर्तकवृत्तिज्ञानकूं ब्रह्मरूपऔसत्यरूपकहणा बनेनहीं ॥ काहेतैं श्रवणादिकोंकरिकेज्ञानकीउत्पत्ति शास्त्रविषेकहीहै ॥ तथापि सत्यब्रह्मके प्राप्तिकासाधनज्ञानहै ॥ यातैं ज्ञानकूं ब्रह्मरूप औरसत्यरूप कह्याहै॥जैसे आयुष्कीवृद्धिकरणेहारा जोघृतहै ताकूं शास्त्रमें आयुष्कहेहैं ॥ यातैं ब्रह्मशब्दऔरसत्यशब्दका मुख्यअर्थ ज्ञाननहीं किंतुगौणअर्थहै॥आत्माही ब्रह्मऔरसत्यशब्दका मुख्यअर्थहै॥अबसत्यकेलक्षणकूंकहेहैं ॥ आदिकालविषे और अंतकालविषे औरमध्यकालविषे जो अपणे स्वरूपकूंनहींत्यागे॥किंतु तीनोंकालोंविषे एकरसहोवे ताकूं सत्य कहेहैं ॥ ऐसासत्यस्वरूपमैंहूं ॥ मेरेतैं अन्यअनात्मवस्तु सत्यनहीं ॥ इसरीतिसैं शास्त्रकरिके सत्यशब्दकाअर्थकह्या॥ अबलोकप्रसिद्धितैं सत्यशब्दकाअर्थकहेहैं ॥ जोवस्तु अस्तियाज्ञानका और अस्ति याशब्दका विषयहोवे ॥ सोलोकविषे सत्यशब्दकाअर्थहै ॥ काहेतैं वंध्यापुत्रविषे 'वंध्यापुत्रोऽस्ति' याज्ञानकीविषयताहैनहीं ॥ यातैं वंध्यापुत्रकूं लोकविषे औरशास्त्रविषे कोई सत्यकहेनहीं ॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगवन् घटः अस्तिपटः अस्ति यारीतिसैं अस्तिशब्दऔरअस्तिबुद्धिकेविषय घटपटादिकभीसत्यहोणेचाहियें ॥ औरसिद्धांतमें ब्रह्मतैंभिन्न कोईसत्यपदार्थनहीं ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य सत्‌चित्‌आनंदरूपब्रह्ममैंहूं यातैं मेरीहीसत्यता सर्वअनात्मपदार्थोंविषे प्रतीत होवैहै॥यातैं आत्मातैंभिन्नकोई सत्यनहीं ॥ तासत्यस्वरूपआत्माकूंविषयकरणेहाराजोज्ञानहै॥ताकूंभी सत्य श्रुतिने कह्याहै॥जैसेलोकवि

षे सत्यअर्थकूंबोधनकरणेहारा जोविचारवान्पुरुषकावचनहै ॥ तावचनकूं सत्यकहैंहैं ॥ यातैं सत्यशब्दका परमात्माहीमुख्यअर्थहै ॥
और ज्ञान सत्यशब्दका गौणअर्थहै ॥ अथवा शत्रुतैंरहितजोहिरण्यगर्भहै ताकूं श्रुतिविषे सत्य कह्याहै ॥ तैसे अज्ञानऔर
अज्ञानकाकार्यप्रपंचरूपशत्रुकानाशकरणेहारा ॥ आत्मज्ञानहै यातैं ज्ञानकूं श्रुति सत्यकहैहै ॥ शत्रुतैंरहितपणा ज्ञानविषे
तैसेहिरण्यगर्भविषे समानहै ॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगवन् ज्ञानकाशत्रु जोअज्ञान औरताकाकार्यप्रपंच ॥ ताकूं आपनें असत्य
कह्या सोबनेनहीं ॥ काहेतैं तीनकालविषे जाकाअभावहोवै सो असत्यकहियेहै ॥ अज्ञानऔरताकेकार्यप्रपंचका तीनकालमैं अभावहैनहीं॥
यद्यपि ज्ञानकालमैं अज्ञानकानाशहोवैगा ॥ तथापि वर्तमानकालविषे औरअतीतकालविषे अज्ञान विद्यमानहै ॥ काहेतैं अज्ञान अना
दिहै ॥ औरताकाकार्यप्रपंचभी वर्तमानकालविषेहै यातैं अज्ञान औरप्रपंच असत्यनहीं ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य जोवस्तुकिसीकालवि
षेहोवै ॥ और किसीकालविषेनहींहोवै ॥ सो असत्यकहियेहै॥तीनकालोंविषे जाकाअभावहोवै सोईही असत्यहोवैहै यहनियमनहीहै ॥ या
तैं अज्ञानकातो भविष्यतकालमैंअभावहै और प्रपंचका भूतभविष्यत्दोनोंकालोंविषे अभावहै ॥ यातैं अज्ञानऔरप्रपंच दोनों असत्यहैं॥
जैसे वंध्यापुत्र भूतभविष्यत्कालविषेहैनहीं ॥ यातैं वर्तमानकालविषेभी ॥ ताकूं सत्यकोईकहैनहीं यातैं आत्मातैंभिन्नसर्व वंध्यापुत्रकें
समान असत्यहैं ॥ काहेतैं जैसे वंध्यापुत्रका अपरोक्षज्ञान नहींहोवैहै ॥ तैसे कार्यसहित अज्ञानकाभी अपरोक्षज्ञानहोवैनहीं ॥ यातैं दोनों
समानहैं ॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगवन् आत्माकेप्रकाशकूंपाइकरिके कार्यसहितअज्ञान भासैहै ॥ और वंध्यापुत्र भासैनहीं ॥ यातैं वंध्यापुत्र
तैं कार्यसहितअज्ञानमैं विलक्षणताहै ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य मुमुक्षुकूं यद्यपि वंध्यापुत्रतैंअज्ञानमैंविलक्षणता प्रतीतहोवैहै ॥ तथापि
ज्ञानीकूं दोनोंसमानहैं॥यातैं आत्माकेसत्ताप्रकाशकूंपाइके अज्ञान भासैहै औरवंध्यापुत्र भासैनहीं यहकहना बनेनहीं॥ काहेतैं जोआत्माके
सत्ताप्रकाशकूंपाइके अज्ञानकूं सत्यमानोंगे तो वंध्यापुत्रभी सत्यहोणाचहिये॥जैसे लोकविषे परधनकरिके कोई धनीकहैनहीं॥तैसे आत्माके
सत्ताप्रकाशकरिके अज्ञानकूंसत्यकहना बनेनहीं॥यातैं कार्यसहितअज्ञान औरवंध्यापुत्र दोनों ज्ञानीकूंसमानहैं॥और मुमुक्षुकीदृष्टिकूंअंगी

कारकरिके आनंदरूपआत्माविषे अज्ञानकूं रज्जुसर्पकीन्याई कल्पितमानैं ॥ तोभी भेदबुद्धिमिथ्याहीसिद्धहोवैहै ॥ काहेतैं कल्पितवस्तुका अधिष्ठानतैंभेदहोवैनहीं ॥ और अनेकजन्मोंकेपुण्यकरिके मैंब्रह्महूं ऐसाजाकूंबोध उत्पन्नभयाहै ॥ ताकूं अन्यकोईअनात्मवस्तु जानणेयो ग्यनहींहै ॥ काहेतैं जीवब्रह्मकाअभेदज्ञानहीपरमानंदकीप्राप्तिकरणेहाराहै ॥ तातैं परमानंदकीप्राप्तिकरणेहारा वेदांततैंउत्पन्नभयाजोज्ञान॥ ताकापरित्यागकरिके जन्ममरणरूपबंधनकाकारनजोकर्महै ताकूं मुमुक्षु नकरै ॥ और सत्चित्आनंद सर्वकाअंतर्यामीअद्वितीय आत्मा कूं जेजेजीव परित्यागकरतेभये ॥ तेसंपूर्ण तामसीपश्वादिशरीरोंकूं प्राप्तहोतेभये ॥ परमेश्वरकेउत्पन्नकरेवेदोंकूंनमानणा यहही परमेश्वर कापरित्यागहै हेशिष्य याकेविषे पुरातनइतिहासकूंकहैंहैं ॥ कैसाइतिहासहै ॥ मोक्षकेसाधनकूंजनावणेहाराहै ॥ और सनकादिकऋषियोंका औरप्रजाका संवादहैजाविषे ऐसेइतिहासकूं तुम श्रवणकरो ॥ सृष्टिकेआदिकालविषे ब्रह्मासनकादिकोंकूं उत्पन्नकरताभया कैसेहैंतेसनकादि क ॥ पुरुषोंकेतर्ककानहींविषयजोवेदकाअर्थ ताकूंजानणेहारेहैं ॥ और चक्षुआदिकजोबाह्यइंद्रिय औरमनरूपजोअंतरइंद्रिय तिनोंकूं जि नोंनें वशकियाहै ॥ और यथालाभकरिके संतोषकूंप्राप्तभयेहैं ॥ और शीतउष्णादिकजिनोंनेंसहनकियाहै और आत्मज्ञानकरिकेयुक्तहैं ॥ और लोकोंकेकल्याणवास्ते जिनोंनें शरीरधारणकर्याहै ॥ ऐसेजेसनकादिकहैं ॥ ते प्रजाकूं मोक्षकेसाधनआत्मज्ञानतेंरहितदेखिकरिके और विषयोंमेंआसक्तदेखिकरिके कृपाकरिकेकहतेभये॥हेप्रजा आत्मज्ञानहीं तुमारेकूं सुखकासाधनहै॥तातैंभिन्नसर्व दुःखकेसाधनहैं॥ऐसा सनका दिकोंकावचन श्रवणकरिकेभी पूर्वसंस्कारकेवशतैं मोहकूंप्राप्तभई सोप्रजा तासनकादिकोंकेवचनोंका अनादरकरिके विषयसुख वासते कर्मोंकूं करतेभये॥ताप्रजा विषेभी अधम मध्यम उत्तम यहतीनप्रकारकी जो तामसीप्रजाहै॥ते पापकरिकेयुक्तहुए वेदकीआज्ञाकूं नमानते भये॥और पूर्वमलिनसंस्कारतैंउत्पन्नभईजोबुद्धिताकरिके शब्दस्पर्शादिविषयोंकूं सुखकासाधनमानतेभये॥ताशब्दादिविषयोंमेंसुखसाधनबु द्धितैं तिनोंकेमनवाक्शरीरविषे दोष उत्पन्नहोतेभये॥ताविषे परधनादिकोंकीइच्छादिक मनकेदोषहैं॥ कठोरवचन औरमिथ्याबोलना यह वाक्इंद्रियकेदोषहैं॥और चोरीसेंआदिलेके शरीरकेदोषहैं॥तिनोंदोषोंकरिकैं तीनप्रकारकेशरीरोंकूं पावतेभये॥तहाँकोई आकाशमें विचरणे

हारे पक्षीआदिक होतेभये ॥ कोई भूमिविषे वृक्षादिक होतेभये॥कोई सर्पादिक होतेभये॥कैसेपक्षीआदिकशरीरहैं॥मनुष्योंकरिकेभोग्यहैं ॥ और नाशकरणेयोग्यहैं ॥ और छेदनकरणेयोग्यहैं ॥ और हस्तपादवागादिकइंद्रिय जिनोंविषेनहींहैं ॥ और सुखसैंरहितहैं ॥ अतिसैंकरि केदुखीहैं ॥ तिनोंविषेभी पक्षी हस्तोंतैंरहितहैं॥और वृक्ष ज्ञानइंद्रियऔरकर्मेंद्रियोंतैंरहितहैं ॥ यद्यपि पंचज्ञानइंद्रिय पंचकर्मइंद्रिय पंचप्राण मनबुद्धि या सप्तदशतत्वरूपलिंगशरीर वृक्षोंविषेभीहै॥ यातैंइंद्रियोंका वृक्षविषे अभावकहना बनेनहीं ॥तथापि जैसे मनुष्यादिकोंकेइंद्रिय प्रसिद्धहैं ॥ तैसेवृक्षादिकोंकेनहींहैं ॥ किंतु सूक्ष्महैं ॥ यातैं नहुयेसमानहैं॥और ग्रामओरवनविषेरहणेहारे जेपशुहैं॥ तेस्पष्टवाणीतैंरहितहैं ॥ काहेतैं तिनोंकीवाणीतैं अर्थकाबोधहोवेनहीं॥और सर्पादिक पादादिकोंतैंरहितहैं॥ यहवार्तासर्वलोकोंकूं प्रसिद्धहै॥याप्रकार तामसपुरुषोंकी गतिकही ॥ अब सात्विकपुरुषोंकिगतिकहणेवासते प्रथम राजससात्विकपुरुषोंकेप्रकृतिकूं दिखावैहैं॥दूसराप्रजा आत्मज्ञानकापरित्यागक रिकेवेदनें बोधनकरेजेयज्ञादिककर्म औरअग्निसूर्यवायुआदिकदेवतावोंकीउपासना तिनोंकूं सुखकासाधनमानिकरिके करतेभये ॥ और भिन्नभिन्नफलकेबोधकवेदवाक्योंकूंदेखिकरिके कर्मउपासनाकरणेहारीप्रजाका दोप्रकारकाभेद होताभया ॥ तहाँराजसीप्रजा स्वर्गादिसुखवा सते कर्मउपासनाकूं करतेभये ॥ और सात्विकप्रजा इसप्रकार परस्परविचारकरिके कर्मउपासनाकूंकरतेभये॥ताविचारकेस्वरूपकूंकहेहैं ॥ वेदोंकूंजानणेहारे जेसनकादिकहैं ॥ तिनोंनें हमारेकूं पूर्व मोक्षकासाधनआत्मज्ञान कह्याथा ॥ ताज्ञानविषेअबीहमाराअधिकारहैनहीं ॥ काहेतैं जाकाज्ञान सुखकासाधनहै ॥ ऐसा जो त्वंपदकालक्ष्य साक्षीकूटस्थ ॥ और ततपदकालक्ष्यपरब्रह्म ॥ तिनोंकूं हमोंनें देहादिकों तैंभिन्न नहींकियाहै ॥ और वेदोंकेजानणेहारे ॥ जेपूर्वहमारेपितादिकथे ॥ तिनोंकेवचनोंकरिकेभी सोपरमात्मा हमोंनें नहींजान्या ॥ और आपनीबुद्धिकरिकेभी सोपरमात्मा हमोंनें नहींजान्या ॥ और मनकीप्रवृत्तिमेंकुशलजोहमहैं ॥ तिनोंनें मनकरिकेभी सोपरमात्मा नहींकल्पनाकर्या ॥ और यादेहरूपमंदिरविषे सोपरमात्मा प्राणइंद्रियकरिकेभी हमोंनें नहींजान्या ॥ और चक्षुआदिकइंद्रियोंकरिके स्वप्नविषेभी सोपरमात्मा हमोंनें नहींदेख्या ॥ और श्रुतिवाक्योंकरिकेभी सोनिर्गुणपरमात्मा हमोंनें नहींजान्या ॥ और हमोंनें आपणे

श्रद्धावान्‌शिष्योंकेताईंभी कभीनिर्गुणपरमात्मा उपदेशनहींकऱ्या ॥ औरस्थूलशरीरतेंभिन्न औरकर्त्ता पुण्यपापकेफलकाभोक्ता आत्माहै ऐसा आत्माकास्वरूप हमोंनेंजान्याहै ॥ और श्रुतिनेंभी आत्माकूं श्रोता द्रष्टा विज्ञाता कह्याहै ॥ और वाक्प्राणकेव्यापारविषे परस्परलयचिंतनरूप अंतर अग्निहोत्रकूंजानणेहारे कवषमुनिकेपुत्र जैसे बाह्यअग्निहोत्रतेंवैराग्यकूंप्राप्तहोतेभये ॥ तैसेयज्ञादिककर्मोंविषे वैराग्यकूं हम प्राप्तनहींभये ॥ यातें गुरुकेसमीपजाइकेआपणेस्वरूपकेनिर्णयकरणेविषेभीहमाराअधिकारनहीं ॥ और जोहम ता परमात्माकूंनजाणिकरिके स्वर्गादिकोंकीप्राप्तिवासते कर्मोंकूंहींकरेंगे ॥ तो हमाराजन्म निष्फलजावेगा ॥ काहेतें सर्वजीवोंकाशरीर परमात्मानें निर्गुणब्रह्मकेजानणेवासतेरच्याहै ॥ विषयभोगवासतेनहींरच्या ॥ याकारणतेंहीं श्रुतिविषे पादकेनखाग्रतेंलेकरिके मस्तकपर्यंत ऊरू उदर हृदय आदिकस्थानोंविषे ब्रह्मकाप्रवेशकह्याहै ॥ तिनोंदेहोंविषेभीगुरुशास्त्रआदिकसाधनोंकरिकेयुक्त पुरुषकादेहहीं स्पष्टआत्मज्ञानवासतेहै ॥ काहेतें श्रुतिनें यापुरुषशरीरविषेहींआत्माकाअपरोक्षज्ञानकह्याहै॥और पूर्व सनकादिकोंनें हमारेताईं श्रुतिकरिकेसिद्धऔरमोक्षकासाधन आत्मज्ञानहींतुमारेकूं करणेयोग्यहै ऐसाकह्याथा ॥ और सनकादिकोंनें कह्याजो आत्मज्ञानताकेसंपादनमैं आपणेसामर्थ्यकूंनदेखिकरिके और याज्ञानविषे हमारेकूं किसप्रकारअधिकारहोवेगा ऐसीचिंताकरिके मौनकूंधारिकेहम इहांआवतेभयेहैं ॥ तातें विवेकादिकसाधनचतुष्टयरूपअधिकारकीप्राप्तिवासते कर्म औरउपासनाकूं हमकरें ॥ ऐसाविचारकरिके प्रजाउपासनाकूंऔरकर्मोंकूं फलकीइच्छासेंरहितहोइके करतेभये ॥ ताकर्मउपासनाकरिकेशुद्धभयाहैमनजिनोंका ॥ और शमदमादिकसाधनोंकरिकेयुक्त ॥ और आत्मज्ञानतेंरहित ॥ ऐसेजेमुमुक्षुहैं ॥ ते पुनःसनकादिकऋषियोंकूंप्राप्तहोइकरिके ब्रह्मज्ञानकीप्राप्तिवासते तिनोंकेताईं अपणासंपूर्णअभिप्रायकहतेभये ॥ तिनोंकेवचनकूंश्रवणकरिके कृपाकरिकेयुक्त सर्वज्ञसनकादिक आत्मज्ञानकीप्राप्तिवासतेतिनोंकूं कहतेभये ॥ सनकादिकउवाच ॥ हेप्रजा वाणीऔरमनका आत्माविषयनहींहै ॥ काहेतें जाति गुण क्रिया करिकेयुक्तवस्तुकाहीं शब्द बोधनकरैहै॥जैसे घट यह शब्द घटत्वजातिवालेघटकूं बोधन करैहै॥ और नीलघट यास्थानमें नीलशब्द नीलगुणवालेका बोधनकरैहै ॥

औरपाचकयहशब्द पाकरूपक्रियावालेपुरुषकूं बोधनकरैहै॥इसरीतिसैं किसीधर्मकूंग्रहणकरिकेही शब्द अपने अर्थकूंबोधनकरैहै ॥ और आत्माजातिआदिकधर्मोतैंरहितहै ॥ यातैं शब्दकी आत्माविषेप्रवृत्तिहोवैनहीं ॥ इसरीतिसैं मनवाणीकाअविषय और सत्चित्आनंदरूप आत्माकूं यद्यपिहम कहणेकूंसमर्थनहींहैं॥और तुमभी जानणेकूंसमर्थनहींहो॥ तथापि निर्गुणपरमात्माविषे जगत्काआरोपणकरिके तृतजग त्कानिषेधरूप जो अध्यारोपअपवाद ॥ ताकरिकेसिद्ध जोभागत्यागलक्षणा ॥ तालक्षणाकरिके परमात्माकूं हम अब तुमारेतांईकहतेहैं॥ दृष्टांत ॥ जैसेसोयेहुएराजाकूं बंदीपुरुष जगावतेहैं ॥ तैसे वास्तवतेंशुद्ध और अज्ञानरूपनिद्राकरिकेसोयेहुएपरमात्माकूं वेदांतशास्त्र भाग त्यागलक्षणाकरिके बोधनकरैहैं ॥ प्रजाउवाच ॥ हेभगवन् पूर्व आपनेंकह्या शुद्धआत्माकूं वेदांत बोधनकरैहैं ॥ सोबनैंनहीं ॥ काहेतें आत्मा अहंकारआदिकोंकरिकेविशिष्टहै ॥ यातैं प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकरिकेसिद्धहै ॥ सनकादिकउवाच ॥ हेप्रजा आत्माविषे जोसाका रपणाहै ॥ सो मायाकरिकेकल्पितहै ॥ यातैंमिथ्याहै ॥ और सर्वकल्पनाकाअधिष्ठानवस्तुही आत्मशब्दकाअर्थहै ॥ अब याअर्थकूं स्पष्टकरिकेदिखावैहैं ॥ हेबुद्धिमानप्रजा ॥ शास्त्रसंस्कारतैंरहित जेलौकिकपुरुषहै ॥ और शास्त्रकेजानणेहारेजेवादीपुरुषहैं ॥ तिनोंनें लोकविषे दोप्रकारकाशब्द और दोप्रकारकाज्ञान निश्चयकियाहै ॥ और ताशब्द और ज्ञानका विषयरूपअर्थभी दोप्रकारकानिश्चयकि याहै ॥ तहाँ अहं याशब्दका और अहं याज्ञानका अंतरआत्मा अर्थहै ॥ और न अहं याशब्दका और न अहं याज्ञानका बाह्यअनात्म वस्तु अर्थहै ॥ तहाँ अहं या शब्दतैं और अहं या ज्ञानतैं आत्मारूपअर्थ भिन्नहै ॥ और न अहं या शब्दतैं और नअहं याज्ञानतैं अना त्मरूपअर्थ भिन्नहै ॥ इसरीतिसैं परस्परभिन्न जे शब्द ज्ञान अर्थ ॥ तिनोंकूं एकरूपजाणिकरिके भ्रांतपुरुष आत्माकूं अहंयाशब्द और अहंयाज्ञानका विषयमानैंहैं ॥ और अनात्मपदार्थोंकूं न अहंयाशब्दका और नअहंयाज्ञानका विषयमानैंहैं ॥ यातैं अहं और नअहं यहसर्वव्यवहार भ्रमरूपहै ॥ इसरीतिसैं घट ऐसेशब्दतैं और घट ऐसेज्ञानतैं घटरूपअर्थ भिन्नहै ॥ ताविषे घट ऐसा जो लोकों काव्यवहारहै ॥ सोभी शब्द औरज्ञान औरअर्थ रूपहै ॥ यातैं भ्रमरूपहै ॥ काहेतें लौकिकपुरुषतैं किसीनेंपूछा यहकौनवस्तुहै

तब घट यहउत्तर लौकिकपुरुष कहेंहैं ॥ और कैसाज्ञान तुमारेकूंभयाहै ऐसाकिसीनें पूछा तबभी घट यहउत्तर कहेंहैं ॥ और कौनशब्द तुमनें श्रवणकऱ्या ऐसाकिसीनेंपूछा तबभी घट ऐसाउत्तर कहेंहैं ॥ इसरीतिसें परस्परभेदवाले शब्दज्ञानअर्थोंकूं एकरूपकरिकेजानणा भ्रांतिसेंबिनाबनेंनहीं ॥ यातें सर्वलोकोंकाव्यवहार भ्रमरूपहै ॥ और यहलोकोंकाव्यवहार युक्तिकूंभी नहींसहारता ॥ यातें भी भ्रमरूपहै ॥ काहेतें वाकइंद्रियविषे शब्दरहेहैं ॥ और हृदयविषे ज्ञानरहेहै और अर्थजोघटादिकहै सो भूमीविषेरहेहै ॥ ताअर्थकूं शब्दऔरज्ञानरूपमानणा यह पुरुषोंकीभ्रांतिसेंबिना बनेंनहीं ॥ किंवा ॥ शब्द ज्ञान अर्थ यातीनोंकूं एकमानणेमें व्याघात दोषभी होवेहै ॥ काहेतें जब शब्दऔरज्ञान प्रकाशकहोवें ॥ और शब्दज्ञानकाजोअर्थ सो प्रकाश्यहोवे ॥ तब शब्दज्ञान औरअर्थ दोनोंका परस्परभेदहीसिद्धहोवेहै ॥ काहेतें लोकविषे प्रकाशकऔरप्रकाश्यका परस्परभेदही देख्याहै ॥ जैसे किसीपुरुषनें पिताऔर पुत्र एकस्थानविषेदेखेहोवें ॥ और दूसरेदेशमें तापुत्रकूंदेखिकरिके ताकेपिताकास्मरण तापुरुषकूंहोवेहै ॥ यास्थानमें पुत्र प्रकाशकहै ॥ और पिता प्रकाश्यहै ॥ तिनोंकाभेद लोकविषेप्रसिद्धहै ॥ तैसे प्रकाशक जेशब्दऔरज्ञानहैं ॥ तिनोंका प्रकाश्यरूप अर्थसें जोअभेदमानोंगे ॥ तो आपणेतेंआपणाभेरूप व्याघातदोष प्राप्तहोवेंगा ॥ अब पूर्वकह्याजोअर्थ ताअर्थकूं सिद्धांतविषेजोडेहैं ॥ इसप्रकार व्यवहारकालविषे अहंयाशब्दका और अहंयाज्ञानका लोकोंनें आत्मा विषयमान्याहै ॥ और नअहंयाशब्दऔरज्ञानका अनात्मवस्तु विषयमान्याहै ॥ तहां अहं याशब्दऔरज्ञानकापरित्यागकरिके तिनोंका जो अर्थ भेदतेंरहित बाकीरह्या ॥ सोईही भेदतेंरहित सर्वशक्तिसंपन्न परमात्मा जगत्कीउत्पतितेंपूर्वहोताभया ॥ और लोकप्रसिद्ध जेशब्द औरज्ञान औरअनात्माहैं ॥ ते पूर्व नहीं होतेभये ॥ दृष्टांत ॥ जैसे अंधकारकाविरोधीसूर्यभगवान् अंधकारकीनिवृत्तिकरिके अंधकारतें औरताविषेविचरणेहारेपिशाचादिकोंतें रहितहुआ प्रकाशेहै ॥ तैसे परमात्माभी आपणाकार्यप्रपंच आपणेविषेलयकरिके अद्वितीयरूपतें पूर्वस्थितहोवेहै ॥ अब याअर्थकूंही स्पष्टकरिकेदिखावेहैं ॥ दिनदिनविषे जैसे सूर्यविषे अंधकार लयकूंप्राप्तहोवेहै ॥ तैसे सत्यआनंदरूपआत्माविषे यह

संपूर्णजगत् लयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जैसे संपूर्णरात्रियोंविषे सूर्यकाआच्छादनकरिके अंधकार अविद्यातैंउत्पन्नहोवैहै ॥ तैसे सत् चित्आनंदस्वरूपआत्माकूंआच्छादनकरिके आत्मासैंविरुद्धस्वभाववाला असत् जड दुःख अनात्मस्वरूप जगत् उत्पन्नहोवैहै ॥ अन्यदृष्टांत ॥ जैसे सर्पकोउत्पत्तितैंपूर्व रज्जुहीस्थितहै ॥ और सर्प आपणीउत्पत्तितैंपूर्वनहींहै ॥ तैसे अनात्मजगत्कीउत्पत्तितैंपूर्वआनंदस्वरूपआत्माही स्थितहोताभया ॥ और अनात्माजगत् आपणीउत्पत्तितैंपूर्व नहींस्थितहोताभया ॥ प्रजाउवाच ॥ हेभगवन् सृष्टितैंपूर्व आपनें अद्वितीयपरमात्माकह्या ॥ सोबनैंनहीं ॥ काहेतैंसृष्टितैंपूर्व यद्यपि कार्यरूपप्रपंचकाअभावहै ॥ तथापि सर्वजगत्का कारणरूपमाया विद्यमानहै ॥ सनकादिकउवाच ॥ हेप्रजा आत्मातैंभिन्नहोइके माया प्रतीतहोवैहै ॥ यातैं मायाकूंसत्यमानोहो ॥ अथवा प्रमाणकरिकेमायासिद्धहै ॥ यातैं मायाकूंसत्यमानोहो ॥ तहाँ प्रथमपक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतैं जैसे सुषुप्तिकूंप्राप्तभयापुरुष जाग्रत्स्वप्नकेअनंतसंस्काररूपगर्भकरिकेयुक्तअविद्याकूं देखताहुआभी आपणेतैं ताअविद्याकूं भिन्ननहींदेखता ॥ इसप्रकार मायावाला महेश्वर आनंदरूपआत्माभी संपूर्णजगरूपगर्भकरिकेविशिष्टमायाकूं देखताहुआभी आपणेतैंभिन्न ताकूं नहींदेखता ॥ सुषुप्तिविषे और प्रलयविषे संस्काररूपहोइके जगत् अज्ञानमैंरहैहै ॥ तहाँदृष्टांत ॥ जैसे वर्षाकेनिवृत्तहूए मंडूकोंकेसूक्ष्मअवस्थारूपसंस्कार भूमिविषेरहैहैं ॥ और वर्षा केहूए पुनःतिनोंका प्रादुर्भावहोवैहै ॥ ऐसे संस्काररूपतैं अज्ञान विषेरह्याजोजगत् ताका सृष्टिकालमैं प्रादुर्भावहोवैहै ॥ और माया प्रमाणकरिकेसिद्धहै यातैंसत्यहै ॥ यहदूसरापक्षभीबनैंनहीं ॥ काहेतैं मायाहैऐसीजा मायाकीसिद्धिहै ॥ सोभी मायातैंहीमायाकीसिद्धिहै ॥ प्रमाणतैं मायाकीसिद्धि विवेकीपुरुषोंनें अंगीकारकरीनहीं ॥ तहाँदृष्टांत ॥ जैसे सुषुप्तपुरुषकीसुषुप्ति सुषुप्तिकरिकेही सिद्धहै ॥ किसीप्रमाणकरिके सिद्धनहीं ॥ और जोप्रमाणअंगीकारकरे ॥ ताकूं यहपूछैहैं ॥ तासुषुप्तिरूपअविद्याविषे प्रत्यक्षप्रमाणहै ॥ अथवा अनुमानप्रमाणहै ॥ अथवा शब्दप्रमाणहै ॥ अथवा इनोंतैंकोईभिन्नप्रमाणहै तहाँ प्रत्यक्षप्रमाणहै याप्रथमपक्षमैंभी सुषुप्तपुरुषकेप्रत्यक्षप्रमाणकरिकेसिद्धहै ॥ अथवा अन्यपुरुषकेप्रत्यक्षप्रमाणकरिकेसिद्धहै ॥ यह

दोनोंपक्ष बनेंनहीं ॥ काहेतें इंद्रियजन्यज्ञानकानाम प्रत्यक्षहै याविषे प्रत्यक्षप्रमाणकरिके सुषुप्तिकूंजाणतानहीं ॥ इंद्रियोंका लयहोवेहै यातें सुषुप्तपुरुष प्रत्यक्षप्रमाणकरिके सुषुप्तिकूंजाणतानहीं ॥ तैसे जागताहुआजोअन्यपुरुषहै ॥ सोभी अन्यकेसुषुप्तिकूं प्रत्यक्षप्रमाणतेंजाणतानहीं ॥ काहेतें जैसे एकपुरुषकेज्ञानका दूसरेपुरुषकूं प्रत्यक्षहोवैनहीं ॥ तैसे अज्ञानरूपसुषुप्तिकाभी दूसरेपुरुषकूं प्रत्यक्षहोवैनहीं ॥ यातें प्रत्यक्षप्रमाणतें सुषुप्तिकीसिद्धि बनेंनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् यद्यपि प्रत्यक्षप्रमाणतें सुषुप्तिकीसिद्धिबनेंनहीं ॥ तथापि यहपुरुष सुषुप्तिवालाहै इंद्रियोंकीक्रियातेंरहितहोणेतें ॥ याअनुमानकरिके सुषुप्तिरूपअज्ञानकीसिद्धि बनेंहै ॥ समाधान ॥ इंद्रियोंकेक्रियाकाअभावरूपहेतु सुषुप्तिकासाधकबनेंनहीं ॥ काहेतें सुषुप्तिरूपसाध्यकेअभाववाले जेस्वप्नऔरसमाधि॥ तिनोंविषेभीइंद्रियोंकेक्रियाकाअभावरूपहेतु रहेहै ॥ यातें व्यभिचारीहै ॥ साध्यकूंछोडिकरिके जोहेतु कभीरहैनहीं ॥ सोहेतु साध्यकीसिद्धिकरैहै ॥ यातें अनुमानप्रमाणभीसुषुप्तिकासाधकनहींहै ॥ शास्त्ररूपशब्दप्रमाण सुषुप्तिरूपअज्ञानकासाधकहै ॥ यहतीसरापक्षभी बनेंनहीं ॥ काहेतें पुरुषोंकरिकेरचाहुआशास्त्र अविद्यारूपसुषुप्तिविषे प्रमाणहै ॥ अथवा अपौरुषेयवेद ताविषे प्रमाणहै ॥ तहां प्रथमपक्षतो बनेंनहीं ॥ काहेतें प्रत्यक्षादिप्रमाणोंकरिकेसिद्ध पदार्थोंकूंही पुरुषोंकरिकेरचाहुआशास्त्र प्रतिपादनकरैहै ॥ प्रत्यक्षादिकप्रमाण अविद्याकेसाधकहैंनहीं ॥ यातें लौकिकशास्त्रभी ताविषे प्रमाण नहीं ॥ और वेदप्रमाणहै यहदूसरापक्षभीबनेंनहीं ॥ काहेतें फलवालेअर्थविषेही वेदप्रमाणहोवेहै ॥ फल नाम सुखकीप्राप्तिऔरदुःखकीनिवृत्तिकाहै ॥ तेदोनों जीवब्रह्मकेऐक्यज्ञानतेंहोवैहैं ॥ अविद्याकेज्ञानतेंहोवैनहीं ॥ यातें अविद्याविषे शास्त्रप्रमाणनहीं ॥ शंका ॥ वेदविषे मायाऔरअविद्याकेबोधकवाक्य औरअविद्यातें जगत् कीउत्पत्तिकेबोधकवाक्य बहुतदेखतेहैं ॥ तिनोंका क्या अभिप्रायहै ॥ समाधान ॥ फलकेअभावहोणेतें अविद्याकेबोधनविषे शास्त्रकातात्पर्यनहीं ॥ किंतु अद्वितीय आनंदरूपआत्माकेजनावणेवासतेंही अविद्याका औतातेंजगत्कीउत्पत्तिका वेदविषेकथनहै ॥ ताकेसीअविद्याहै ॥ जैसेदीपकरिके अंधकारकाज्ञानहोवेनहीं तैसे प्रमाणकरिके अविद्याकाज्ञानहोवेनहीं॥किंतु अविद्यातेंही अविद्यासिद्धहै॥इसप्रकार प्रलयका

लविषे परमात्मा कार्याकारपरिणामकूंनहींप्राप्तभई जोमाया तामायाकरिकेविशिष्टभीहै तोभी परमात्मा मायातेंरहितकह्याहै दृष्टांत॥जैसे सूर्यभगवान्अंधकारकाकारणजोअज्ञान ताकरिकेविशिष्टभीहै ॥तोभीदिनविषेकार्यरूपअंधकारतेंरहितहै॥यातेंसूर्यअंधकारतेंरहित कहिये है॥इसप्रकारस्थितहुआपरमात्मा सृष्टिकेआदिकालविषे ऐसाविचार करताभया ॥कैसाहैसोपरमात्मा॥पूर्वपूर्वकल्पोंविषेसृष्टिकूंविषयकरणे हारा जोमायाकावृत्तिरूपज्ञान तातेंउत्पन्नभयेजेसंस्कार तिनोंकरिकेयुक्तहै ॥ औरजीवोंकेपुण्यपापारूपअदृष्टकरिके प्रगटहुएहैंसंस्कार जिसपरमात्माके ॥ सोपरमात्मा विचारकरताभया ॥ अब ताविचारकेस्वरूपकूंकहैहैं ॥ मायाउपहितशुद्धपरमात्माविषे पंचभूत औरताकाकार्यब्रह्मांडसंपूर्ण सूक्ष्मरूपहोइकरिकेरह्याहै ॥ यातें इसप्रकार स्पष्टकरिके स्वर्ग औरआकाश औरभूमि यातीनोंलोकोंकूं रचों ॥ यहाँ स्वर्गकरिके ऊपरिकेसर्वलोकोंकाग्रहणकरणा ॥ और भूमिलोककरिके नीचेकेसर्वलोकोंकाग्रहणकरणा ॥ इसप्रकार विचारकरिके सत्यसंकल्पजोपरमेश्वरहै ॥ सो ब्रह्मांडकूंरचताभया कैसाब्रह्मांडहै ॥ विराट्भगवान्काशरीरहै ॥ औरहिरण्यगर्भका शरीररूपजोपंचसूक्ष्मभूत तिनोंविषेस्थितहै ॥ और भूरादिचतुर्दशलोकोंकरिकेयुक्तहै ॥ और चेतनकीसत्तातेंभिन्नजाकीसत्तानहीं ॥ और नाम रूप क्रियाहैं शरीरजाका ॥ तहाँ नामकरिके शब्दरूपप्रपंचका ग्रहणकरणा ॥ और रूपकरिके अर्थरूपप्रपंचका ॥ ग्रहणकरणा ॥ और क्रियाकरिके नामरूपकाकारणजोकर्महै तिनोंका ग्रहणकरणा ॥ इसप्रकार सर्वज्ञऔरसर्वशक्तिमान्परमेश्वर संपूर्णजगत्कूंरचिकरिके ऐसाविचार करताभया ॥दृष्टांत ॥ जैसे असुरोंकाबालक रागद्वेषतेंरहितहुआ आपणीमायाकेबलतें पदार्थोंकूंरचताहै ॥ तैसे परमेश्वर जगत्कूंरचताभया अब ताविचारकेस्वरूपकूंकहैहैं ॥ येजेपंचभूतहैं ॥ और जलहैप्रधानजिनोंविषेऐसेपंचभूतोंविषेस्थित ॥ जोयहब्रह्मांडहै॥ और ताब्रह्मांडविषेस्थित जेयहचतुर्दशलोकहैं ॥ यहसंपूर्ण अचेतनहैं ॥ यातें क्षणमात्रविषे नाशकूंप्राप्तहोवैंगे ॥ दृष्टांत ॥ जैसे स्वामी तेंरहितगृह नाशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जैसे प्राणतेंरहितहुआशरीर नाशहोवैहै ॥ ऐसाविचारकरिके पिताकीन्याईं पालनकरणेहारा जो परमेश्वरहै ॥ सो पूर्वआपणेआपणेसत्त्वगुणादिककारणोंतें उत्पन्नभये जेसंपूर्णइंद्रिय और देवताआदिकजगत् ताके प्रगटकरणे

वासते ताअंडविषे नानाप्रकारकेछिद्रोंकूं करताभया ॥ तहाँ मुखछिद्ररूपगोलककूंप्राप्तहोइके शब्दव्यवहारकरणेहारा वाक्इंद्रिय प्रगट होताभया ॥ तावाक्इंद्रियतैं वैदिकयज्ञादिककर्मोंकी सिद्धिकरणेहारा अग्निदेवताप्रगटहोताभया ॥ और नासिकाछिद्ररूपगोलककूंप्राप्त होइके घ्राणइंद्रिय प्रगटहोताभया ॥ ताघ्राणइंद्रियतैं गंधउपाधिवालावायुदेवता प्रगटहोताभया ॥ और अक्षिछिद्ररूपगोलककूंप्राप्तहो इके चक्षुइंद्रिय प्रगटहोताभया ॥ ताचक्षुइंद्रियतैं भगवान्सूर्यदेवता प्रगटहोताभया और कर्णछिद्ररूपगोलककूंप्राप्तहोईके श्रोत्रइं द्रिय प्रगटहोताभया ॥ ताश्रोत्रइंद्रियतैं संपूर्णदिशा प्रगटहोती भई ॥ और संपूर्णदेहविषे अतिसूक्ष्मजेअनंतछिद्रहैं तिनोंतैं सर्व शरीरविषेव्यापक जोचर्मरूपत्वचाहै सोप्रगटहोतीभई ॥ तात्वचारूपगोलककूंप्राप्तहोइके लोमऔरकेशसहित स्पर्शनइंद्रिय प्रगटहोता भया ॥ ता स्पर्शनइंद्रियसहितलोमऔरकेशोंतैं संपूर्णऔषधिआदिकस्थावरप्रगटहोतेभये ॥ और स्थावररूपउपाधिवाला वायुदेवता प्रग टहोताभया ॥ तेकैसेस्थावरहैं ॥ सर्वजीवोंकेउपकारवासतैं दिनरात्रिविषे जिनोंनें आपणेमैं कलेशकूंधारणकर्‍याहै ॥ और मांसका कमलरूपहृदयगोलक उत्पन्नहोताभया॥सोहृदयकैसाहै॥पंचछिद्रोंकरिकेयुक्तहै॥और भीतरआकाशविषे जाकानिवासहै॥ताहृदयरूपगो लककूंप्राप्तहोइके मन प्रगटहोताभया ॥ तामनतैं जगत्केआनंदकरणेहाराचंद्रमादेवता प्रगटहोताभया ॥और नाभिछिद्ररूपगोलककूंप्राप्तहो इके अपानवायुप्रगटहोताभया॥कैसाअपानहै दुःखसैंसहनकियाजावैहै॥याकारणतैंही प्राणायामकूं शास्त्रविषेअतिसैकठिनकह्याहै॥और मुख द्वारतैंप्राप्तभयाजोअन्नऔरजल तिनोंकूं नीचेदेशविषेलेजावैहै॥यातैं याकूं अपानकहैहैं॥ताअपानतैं महानमृत्यु प्रगटहोताभया ॥कैसामृत्यु है सर्वप्राणियोंकूंभयकेदेणेहाराहै ॥ अपान मृत्युकाकारणहै ॥ यहवार्ता लोकोंविषेभीप्रसिद्धहै ॥काहेतैं अन्नकेदोषोंकेविना किसीस्थानविषे भी प्राणी मरतेनहीं॥ किंतु अन्नदोषोंतैंही सर्वत्रप्राणी मरतेहैं॥और अनादिकोंकूं यह अपानवायु ग्रसैहै॥याकारणतैं अपानतैंमृत्युकाप्रगट होनाकह्याहै॥और उपस्थछिद्ररूपगोलककूंप्राप्तहोइके वीर्यसहितउपस्थइंद्रिय प्रगटहोताभया॥सोकैसावीर्यहै॥जरायुज औरअंडज देहोंकूं विस्तारकर्त्ताहुआलोकविषेभी प्रसिद्धहै॥और पंचमआहुतिकासाधनहै॥यहवार्ता आगेकहैंगे॥और षट्कोशोंवालाजोशरीर ताका कारण

है ॥ तिनोंविषेत्वचा औररुधिर औरमांस यहतीनकोश माताकेअंशतेंहोवैहैं ॥ और नाडी अस्थि मज्जा यहतीनकोश पिताकेअंशतेंहोवै हैं ॥ और वीर्यसहितताउपस्थइंद्रियतें जलहैप्रधानजिनोंविषेऐसेजेपंचभूत तेहैंशरीरजाका ऐसाजो प्रजापतिदेवता सो प्रगटहोताभया ॥ इसप्रकार ऐतरेयउपनिषदविषे इंद्रियऔरतिनोंकेदेवताओंका प्रगटहोणाकह्याहै॥अब बाकीरहेजेदेवताओरइंद्रिय तिनोंकाभीश्रुतिविषेस्थित जेवाक्औरअग्निआदिकशब्द तिनशब्दोंकीलक्षणातें ग्रहणकाप्रकार दिखावैहैं ॥ पूर्वकह्याजो मृत्युकाकारणअपान सो गुदाछिद्रतेंस्प ष्टहोवैहै ॥ याकारणतें सोअपानवायु देवतासहितपायुइंद्रिय होवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ अपानकरिके देवतासहित पायुइंद्रियकाभी प्रगट होणाग्रहणकरणा ॥ और घ्राणइंद्रियकूंप्राप्तहोइके गंधतेंरहितभीवायु गंधवालाहोवैहै ॥ याकारणतें घ्राणइंद्रिय पृथिवीहै ॥ यास्थानविषे गंधसहितवायुकरिके पृथिवीदेवताकाग्रहणकरणा ॥ और पूर्व त्वचातेंलोमोंकाप्रगटहोणाकह्या ॥ तेलोम कंपकरिकेयुक्तहैं ॥ और लोमोंविषेकंपवायुकरिकेजन्यहै ॥ यातें ऐसानिर्णयहोवैहै ॥ लोमऔरस्पर्शनइंद्रियकरिकेयुक्तत्वचारूपगोलकतें वायुदेवता प्रगटहोता भया ॥ और आवरणकाविरोधीअवकाशरूपलक्षण ॥ आकाशऔरदिशाका समानहै ॥ यातें पूर्वकहीजेदिशा तेआकाशरूपहैं ॥ और पूर्वहृदयविषे मनकाप्रगटहोणाकह्या ॥ तहाँ मनकेप्रगटहूए बुद्धिका औरअहंकारका और चित्तकाभी प्रगटहोणाजानिलेणा ॥ काहेतें श्रुति विषे मनकरिकेही सर्वजगत्कीउत्पत्तिकहीहै ॥ और पूर्वमनकेदेवताचंद्रमाकाप्रगटहोणाकह्या ॥ ताचंद्रमाकरिके बुद्धि अहंकार चित्तके जेदेवता ब्रह्मा रुद्र महेश इनोंकाभी प्रगटहोणाग्रहणकरणा ॥ और पूर्व अपानकाप्रगटहोणाकह्या ॥ ताअपानकरिके क्रियाशक्तिवालेसर्व प्राणोंका ग्रहणकरणा ॥ और पूर्व मुखरूपगोलकविषे वाक्इंद्रियका प्रगटहोणाकह्या ॥ और ताकेदेवताअग्निका प्रगटहोणाकह्याथा ॥ तहाँ वाक्इंद्रियकरिके मुखरूपएकस्थानविषेरहणेहारे रसनइंद्रियकाभी प्रगटहोणाजानणा ॥ और अग्निदेवताकरिके वरुणदेवताकाभी प्रगटहो णा ग्रहणकरणा ॥ इसप्रकार अनंतप्रकारकेछिद्र अंडविषेरचिकरिके दोहस्तोंकूं औरदोपादोंकूं परमेश्वर प्रगटकरताभया ॥ और हस्तोंतें इंद्रदेवताकूं प्रगटकरताभया ॥ और पादोंतें उपेंद्रदेवताकूं प्रगटकरताभया ॥ इसप्रकार विराट्भगवान्केदेहमें जेमुखादिकछिद्रहैं ॥ तिनों

छिद्रोंविषे जैसेश्रुतिविषेकह्याहै तिसीप्रकार संपूर्णदेवताओंकूं औरसंपूर्णवाक्तैंआदिलैकेइंद्रियोंकूं परमेश्वर प्रगटकरताभया॥जभी कर्मऔर उपासनाकरिकेप्राप्तभया जोदेवशरीर ॥ सोभीदुखोंकरिकेयुक्तहै ॥ तौ अन्यशरीरका क्याकहणाहै ॥ इसअभिप्रायकरिकेताविराट्शरीरकूं समुद्ररूपकरिकेवर्णनकरैंहैं॥ अनंतकोटियोंकूंअनंतकोटिवारगणनाकरेसैं जोसंख्याहोवै इतनेंयोजनविस्तारवाळा विराट्कादेहरूपसमुद्रहै॥ यद्यपि समुद्रकेसंख्याका शास्त्रविषेनियमलिख्याहै ॥ तथापि प्रळयकाळविषेनियमनहींहै ॥ काहेतैं प्रळयकाळविषे योजनोंकीगणतीकर णेहारा कोईहैनहीं ॥ यद्यपि ईश्वर प्रळयकाळविषेभीहै ॥ तथापि ईश्वरकूं गणतीसैंकोइप्रयोजनहैनहीं ॥ यातैं योजनोंकीगणतीकरैनहीं ॥ और जैसेसमुद्र देखणेकरिके सर्वप्राणियोंकूं भयकीउत्पातिकरैहै ॥ तैसे सर्वात्माविराट्मैंहूं ॥ ऐसाजोविराट्काज्ञान तातैं परिच्छिन्नदृष्टिवा ळेअज्ञानीपुरुष भयकूंप्राप्तहोवैंहैं ॥ और पंचमहाभूतरूपजलहैंजाविषे ॥ और चतुर्दशलोकरूप तरंगमालाहैं जिसविषे ॥ और जैसें समुद्र शुक्तिऔरशंखोंकरिके शोभायमानहै ॥ तैसे यहविराट्भगवान्काशरीरभी जरायुज अंडज स्वेदज उद्भिज याचारिप्रकारकेशरीररूप शु क्तिऔरशंखोंकरिके शोभायमानहोरह्याहै ॥ और कामक्रोधादिकरूपमगरोंकाआश्रयहै ॥ काहेतैं जैसेसमुद्रकेमगर आपणेतंतुवोंसे पुरुषकूं बाधिकरिके समुद्रविषे गिडायदेतेहैं॥तैसे कामक्रोधादिकभी वासनारूपतंतुवोंसेंबांधिकरिकै यापुरुषकूं संसाररूपसमुद्रविषेगिरायदेतेहैं॥या तैं मगरकेसमानहैं ॥ और जैसे समुद्रविषे नानाप्रकारकेबंधनकरणेहारेहैं ॥ तिनोंमेंभी कोईतो समुद्रकेपारजाणेमेंप्रतिबंधकहैं ॥ जैसे हनु मान्‌केछायाकेग्रहणकरणेहारेराक्षसहैं ॥ और कोईक समुद्रविषे तरणेकेप्रतिबंधकहैं ॥ जैसे जलोंकेभ्रमणहैं ॥ और कोईक बाहरनिकसणे मैंप्रतिबंधकहैं ॥ जैसे ग्राहोंकेमुखहैं इसप्रकार बंधनकेकरणेहारे संचित औरक्रियमाण औरप्रारब्धकर्महैं जिसविषे ॥ ऐसाविराट्भगवान् काशरीरहै ॥ और त्वचाआदिकधातुवोंकरिकेदुर्गंधहै ॥ और विष्ठामूत्रमळकाआश्रयहै ॥ यद्यपि दुर्गंधादिकअन्नकेदोष ॥ विराट्शरीरवि षेकहणे श्रुतिसैंविरुद्धहै ॥ तथापि व्यष्टिशरीरद्वारा ताविषेजानणे ॥ स्वभावतैं ताविषे दुर्गंधादिकनहीहैं ॥ ऐसेविराट्शरीरविषे प्राप्तभये जेवागादिकदेवता तेक्षुधाऔरतृषाकरिव्याकुलहुए औरविराट्शरीरकेतृप्तकरणेयोग्य अन्नऔजळकूंनदेखतेहुए आपनापिताजो परमेश्वरहै

ताकूं कहतेभये ॥ हेभगवन् संपूर्णजगत्जाकाशरीरहै ऐसाजोविराट्भगवान्काशरीर आपने उत्पन्नकऱ्याहै ॥ याशरीरतैंभिन्न कोई अन्न औरजल देखतानहीं ॥ और याशरीरविषेहमारेकूं भोजनकरणेयोग्यअन्नादिक नहींदेखते ॥ और पानकरणेयोग्यजल नहींदेखते ॥ तातैं हेभगवन् हमारेसुखवासतै थोड़ेअन्नऔरजलकरिके जाकीतृप्तिहोवे ऐसाकोईशरीर उत्पन्नकरो ॥ जिसविषेस्थित होके हम अन्न औरजलकूं प्राप्तहोवैं ॥ इसप्रकार वाकादिकदेवतावोंकरिकेकह्याहुआ सोपरमात्मा गौकेदेहकूं रचताभया ॥ तिसगौदेह विषे वाकादिकदेवताओंकी प्रीतिनहोतीभई ॥ काहेतैंगवादिकशरीरोंविषेपूर्वकऱ्याहुआकर्महीं भोगताहै ॥ नवीनबुद्धिऔरकर्मका संपादनहोवेनहीं ॥ इसप्रकार गौकेशरीरविषेतिनोंकीप्रीतिकूं नदेखिकरिके परमात्मा पुत्रोंकीप्रीतिवासते अश्वकूं उत्पन्नकरताभया ॥ ताअश्वविषेभी तिनोंकोप्रीति नहोतीभई ॥ काहेतैं अश्वविषे हस्तोंका औरज्ञानकर्मकेसाधनोंका अभावहै ॥ इसप्रकार पुत्रोंकीप्रीति वासते परमेश्वर चौरासीलक्षदेहोंकूं रचताभया ॥ परंतु किसीशरीरविषेभी तिनोंकीप्रीति नहोतीभई ॥ तापश्चात्मनुष्यशरीरकूं परमेश्वर रचताभया ॥ तामनुष्यशरीरकूं उत्पन्नहुआदेखिकरिके देवता तिसशरीरमें प्रीतिकरतेभये ॥ और हर्षवान् होके परमेश्वरकेप्रति कहतेभये ॥ हेपितः यहमनुष्यशरीर आपनेहीं साक्षात्रचाहै ॥ किसीद्वारा नहींरचाहै ॥ यातैं हर्षकाकरणेहाराहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे बुद्धिमान्तक्षादिक जोआपणेहस्तसेवस्तुरचैंहैं ॥ सोरमणीकहोवैहैं ॥ औरजोआपणेभृत्योंसैंवस्तुकरावैं सो रमणीकनहींहोवैहै ॥ यह लोकविषेप्रसिद्धहै ॥ और यामनुष्यशरीरविषे साक्षात् ईश्वरकाकार्यपणा युक्तहै ॥ काहेतैं यहमनुष्य वस्तुकूं जाणिकरिके कथनकरैहै॥ तात्पर्ययह ॥ ज्ञानइंद्रिय औरकर्मइंद्रिय करिके युक्तहै ॥ यद्यपि वानरादिकशरीरोंविषेभी चक्षुआदिकइंद्रियोंसैंज्ञानहोवैहै ॥ यातैं मनुष्यशरीरविषेतिनोंतैंविशेषता बनैनहीं ॥ तथापिमनुष्यसेभिन्न वानरादिकोंकेइंद्रियोंका वस्तुकेसाथसंबंधहूएभी सर्वप्रकार अज्ञानकी निवृत्तिहोवैनहीं ॥ औरघटादिकअर्थकेसाथ इंद्रियोंकेसंबंधहूए बहुतस्थानमें मनुष्य अज्ञानतैंरहितहोवैहै ॥ यातैं वानरादिकोंतैंमनुष्य श्रेष्ठहैं ॥ औरकेसायहमनुष्यशरीरहै ॥ इसलोककेजेसुखऔरसुखकेसाधनतिनोंकूंजाणताहै ॥ और स्वर्गादिकलोकोंकेजेसुख और

तिनोंकेसाधन जेयज्ञादिककर्म तिनोंकूंभी शास्त्रसेजाणेहै॥ और अतीतकालविषेजोहूआकार्य औरआगेहोणेवालाजोकार्यहै ताकूं जाणेहै ॥ औरसुखकीप्राप्तिके औरदुःखकीनिवृत्तिके जेसाधनहैं ॥ तिनोंकेजानणेवासतैं साधनोंकेजानणेहारेजेमहात्माहैं तिनोंके समागमकाप्रकार भी यहमनुष्य जाणेहै ॥ और महात्माओंकेसमागमहूए यहमेरेकूंकरणेयोग्यहै यहनहींकरणेयोग्य यहसंपूर्ण प्रमाणसैंज्ञानताहै ॥ और यामनुष्यशरीरविषेहीं वेदवाक्योंतैं आत्माकासाक्षात्कारहोवेहै ॥ ऐसेमनुष्यशरीरविषेही संपूर्णदेवता संतोषकूंमानतेभये ॥ इसप्रकार ॥ हर्षकरिकेयुक्तहुएपुत्रोंकूं पिता आज्ञाकरताभया ॥ हेदेवतावो याव्यष्टिशरीरविषे आपणेआपणेगोलकरूपस्थानविषे तुम प्रवेशकरो ॥ ॥ शंका ॥ हेभगवन् इंद्रियोंकेरहणेयोग्ययास्थानविषे ॥ हमाराप्रवेश बनेनहीं ॥ काहेतें हम व्यापकहैं ॥ औरयहअल्पस्थानहै ॥ किंवा इंद्रियोंकरिकेही अर्थकीसिद्धिहोवेगी ॥ हमारेप्रवेशकाकछूप्रयोजनभीनहीं ॥ समाधान ॥ हेदेवतावो तुह्मारेसंबंधीजेइंद्रियहैं ॥ तिनोंवि षे भेदभावकूंछोडिकरिके एकताअभिमानकरिकेप्रवेशकरो ॥ दृष्टांत॥जेसे सांचेमैंढालेहुएताम्रादिकधातुवां एकभावकूं प्राप्तहोवेहैं ॥ यहाँ यहअभिप्रायहै ॥ एकदूसरेकीअपेक्षाकूंनकरिके जेआपणेआपणेकार्यकूंकरें ॥ तिनोंका एक अधिकरणमेंरहणाहोवेनहीं ॥ इंद्रियऔरदेव तावोंकू परस्पर अपेक्षाहै ॥ काहेतें चक्षुतें विना प्रकाशरूपसूर्य सिद्धहोवेनहीं और सूर्यतैंविनाचक्षुइंद्रियसिद्धहोवेनहीं ॥ काहेतें सूर्यतैंविना चक्षुइंद्रिय रूपादिकवस्तुवोंकेज्ञानकूं उत्पन्नकरेनहीं ॥ याकारणतैंही अंधकारमें रूपका चक्षुजन्यज्ञानहोवेनहीं ॥ औररूपादि कवस्तु केज्ञानरूपकार्यतेंही चक्षुइंद्रियका अनुमितिज्ञानहोवेहै ॥ काहेतें इंद्रियोंका इंद्रियोंकरिकेप्रत्यक्षहोवेनहीं ॥ यातेंय सिद्धभया ॥ सूर्यहोवे तभीरूपादिकोंका प्रत्यक्षज्ञानहोवे ॥ ताज्ञानरूपकार्यत करणरूपचक्षुकाअनुमितिरूपज्ञानहोवे ॥ इसप्रकार परंपराकरिके सूर्य चक्षुइंद्रियकासाधकहै ॥ इसप्रकार संपूर्णइंद्रिय औरतिनोंकेदेवता परस्परअपेक्षाकेरहैं ॥ यातें इंद्रियोंसेमिलिकरि के देवतावोंका व्यष्टिशरीरविषेप्रवेश बनेहै ॥ इसप्रकार परमेश्वरकरिकेकहेहुए संपूर्णदेवता तेसेहीकरतेभये ॥ तिनोंविषे अग्निदेवता पूर्वउत्पन्न भयाजो वाक्इंद्रिय तासैं एकताकूंप्राप्तहोकरिके मुखरूपगोलकविषे स्थितिकूंप्राप्तहोताभया ॥ और जलोंकापतिजोवरुणहै ॥ सो रसनइं

द्रियकेसाथ एकताअभिमानकरिके जिह्वाकेअग्रभागरूपगोलकविषे स्थितहोताभया ॥ और गंधविशिष्टवायुदेवता घ्राणइंद्रि यकेसाथ एकताअभिमानकरिके नासिकाछिद्ररूपगोलकविषे प्रवेशकरताभया औरसूर्यदेवता चक्षुइंद्रियविषे एकताअभिमानक रिके अक्षिरूपगोलकविषे प्रवेशकरताभया ॥ और दिग्देवता श्रोत्रइंद्रियकेसाथ एकताअभिमानकरिके करणछिद्ररूपगो लकविषे प्रवेशकरताभया ॥ और स्थावररूपउपाधिवालाजोवायुदेवताहै ॥ सो लोमसहितस्पर्शनइंद्रियविषे एकताअभिमान करिके त्वचारूपगोलकविषे स्थितहोताभया ॥ और चंद्रमादेवता मनकेसाथ एकताअभिमानकरिके हृदयरूपगोलकविषे प्रवेश करता भया ॥ और मृत्युदेवता पायुइंद्रिकेसाथ एकता अभिमानकरिके गुदाछिद्ररूपगोलकविषे स्थितहोताभया ॥ और प्रजापतिदेवता उपस्थइंद्रियकेसाथ एकता अभिमानकरिके शिश्नछिद्रविषे प्रवेशकरताभया ॥ इतनेदेवताओंकाप्रवेशश्रुतिविषेकह्याहै ॥ इसरीतिसे दूसरेभीदेवता अध्यात्मइंद्रियोंविषे और अधिदेवोंविषे वर्तमानजोभेद तासेरहितहुए और इंद्रियोंकेसाथएकताअभिमानकूंप्राप्तहुए आपणे आपणे स्थानविषे प्रवेशकरतेभये ॥ या प्रकार व्यष्टिशरीरविषे प्रवेशकरिके अधिदेव अध्यात्म अधिभूत यह त्रिपुटि सिद्धहो वेहै ॥ तहाँ सूर्यादिक अधिदेवहैं ॥ और चक्षुइंद्रियादिक अध्यात्महैं ॥ और रूपादिकविषय अधिभूतहैं ॥ यहरीतिसर्वइंद्रियोंविषे जानणी ॥ इसप्रकार परमेश्वररूपपिताने सर्वदेवतावोंकूं यथायोग्यस्थान दिये ॥ तिसतैंअनंतर अशना और पिपासादेवता आपणे सेवृद्धसर्वदेवतावोंकूं स्थानकोप्राप्तिदेखिकरिके परमेश्वरतें स्थानकूंयाचतेभये ॥ ताअशनापिपासादेवतावोंका पूर्वपूर्वदेवतावोंकेस्थान सेभिन्नस्थानकूं नदेखिकरिके परमेश्वर अध्यात्मअधिदेवरूपदेवतावोंकेविषेही तिनोंकूं स्थानदेताभया ॥ और परमेश्वर कहताभया ॥ हेअशनापिपासा ॥ इनोंदेवतावोंकोतृप्तिकरिकेही तुह्मारीतृप्तिहोवेगी ॥ इसप्रकार परमेश्वरने तिनोंकास्थानकऱ्या ॥ सोअबीभी ऐसा दीख ताहै ॥ सूर्यादिकदेवतावोंकेताईं घृतादिरूपहविषदियेहुए तिनदेवतावोंके अशनापिपासाकीशांतिहोवेहै ॥ और अध्यात्मइंद्रियों केप्रति रूपादिकविषयरूपहविषदियेहुए किंचित्काल तिनोंकेअशनापिपासाकीशांतिहोवेहै ॥ यहही तिनोंकीतृप्तिहै ॥ इसप्रकार तिनदेवतावोंकूं

स्थानदेकरिके अन्नप्राप्तिकीइच्छावान्जोदेवताहैं तिनोंके उपकारवासते तिनदेवतावोंकरिकेनहींकह्याहुआभी पिताजोपरमेश्वरहे सो ऐसाविचारकरताभया ॥ दृष्टांत ॥ जैसे लोकविषे पिता पुत्रोंकरिकेनहींकह्या हुआभी तिनोंका अन्नऔरवस्त्रादिकोंसे पालनकरेहे ॥ यहजे इंद्रियऔरदेवतारूपहमारेपुत्रहैं ॥ ते क्षुधाकरिकेयुक्तहैं ॥ यातें इनोंके वासते मैं अन्नकूंरचों ॥ ऐसाविचारकरिके परमात्मा नानाप्रकारकेउपायोंकरिके पंचभूतोंतें बहुतप्रकारकाअन्न रचताभया ॥ काहे तें एकप्रकारकेअन्नतें सर्वप्राणियोंकीतृप्तिहोवेनहीं ॥ जैसे मनुष्यादिकोंका व्रीहिऔरतृणादिक स्थावररूपअन्नहैं ॥ और सिंहादिकोंका मृगादिरूप जंगम अन्नहै और सर्पादिकोंका वायुऔर मूषकादिक अन्नहे ॥ इसप्रकार अन्नोंकेउत्पन्नहुए याअन्नकूंतुमग्रहणकरो ऐसेपरमेश्वरकरिकेकहेहुएभी संपूर्णदेवता अपानवायुसेविना ताअन्नग्रहणेमें नसमर्थहोतेभये ॥ याकारणतेंहीं श्रुतिविषे सर्वदेवतावोंका ईश्वर औरअन्नाद अपानवायु कह्याहे ॥ अन्नकूंजोदेवे सोअन्नादकहियेहे ॥ यद्यपि यह अपानवायु हमारेताईं अन्नकेदेणेहाराहे ऐसामानिकरिके सर्वदेवतावोंनें ताअपानवायुका आश्रयणकिया ॥ तथापि सोअपानवायु सर्वव्यवहारकेसाधकअंतर्यामीआत्मातेंविना अन्नग्रहणकरणेकूं नसमर्थहोताभया ॥ दृष्टांत॥ जैसे चेतनपुरुषतेंविना कुठार छेदनरूपकार्यकरणेमें समर्थनहींहोवेहे ॥ ऐसादेखिकरिके परमेश्वर तिनदेवतावोंकरिकेनहींकह्याहुआभी विचारकरताभया ॥ यह अधिदेवादिरूपजगत् प्राणवायुकरिकेयुक्तप्रगटभयाभी ॥ तौभी प्रकाशरूपमेंपरमात्मातेंविना यहजडजगत् किसीप्रकारभी सिद्धहोवेनहीं॥ याकहणेतेंयहसिद्धभया॥जोजो जडवस्तुहैं ॥ सोसो प्रकाशकीअपेक्षाकरेहैं॥दृष्टांत॥जैसे यहअन्न भोजनकरणेयोग्यहे॥और यहशब्द कहणे योग्यहे ॥ और यहरूपादिक देखणेयोग्यहे ॥ याप्रकारकेज्ञान भोक्ता वक्ता द्रष्टा रूपप्रकाशकआत्मातेंविना सिद्धहोवेंनहीं ॥ तहाँएकही आत्मा प्राणविशिष्टहुआ भोक्ताकहियेहे ॥ और वाक्इंद्रियविशिष्टहुआ वक्ताकहिएहे ॥ और चक्षुविशिष्टहुआ द्रष्टाकहियेहे ॥ यारीतिसे श्रोतादिकभीजानणे ॥ यहशास्त्ररीतिसेदृष्टांतकह्या॥अब लोकप्रसिद्धदृष्टांत कहेहैं ॥ जैसेप्रकाशविना अंधकारविषे रूपवान्घटादिपदार्थोंकूं यह लोक नहीं जाणेहे॥शंका॥हेभगवन् पूर्व आपने यह नियमकह्या॥जो जो जडवस्तुहे ॥सो सो आपणीसिद्धिमें प्रकाशकीअपेक्षाकरेहे॥

सोनियम यद्यपि घटादिकोंमेंतो बनेहै ॥ तथापि अंधकारविषे तानियमकाव्यभिचारहै ॥ काहेतें अंधकार जडतोंहै परंतु आपणीसि
द्धिमें प्रकाशकीअपेक्षाकरैनहीं ॥ उलटा प्रकाशतेंनिवृत्तहोवैहै ॥ समाधान ॥ अंधकार यद्यपि सूर्यादिकप्रकाशकीअपेक्षानहींकरैहै ॥
तथापि चक्षुरूपप्रकाशकीअपेक्षाकरैहै ॥ याकारणतेंही चक्षुसेंरहितपुरुष अंधकारकूंनहीं देखैहै ॥ अंधकारकूंप्रकाशकीअपेक्षाहै याअर्थ
कूंअब अनुमानप्रमाणतेंसिद्धकरैहैं ॥ जैसे घटादिकपदार्थोंकेज्ञानविषे घटादिकोंतेंभिन्नसूर्यादिकप्रकाश कारणहै ॥ तैसे अंधकारतेंभिन्न
चक्षुकाप्रकाश ता अंधकारकेज्ञानमें कारणहै ॥ अनुमानकाप्रकारयहहै ॥ अंधकार जो है सो प्रकाशकीअपेक्षाकरैहै ॥ काहेतें जडहोणेतें
जैसे अंधकारजडहै ॥ यातें चक्षुकेप्रकाशकीअपेक्षाकरैहै ॥ तैसे चक्षुआदिकभीजडहैं ॥ यातें तिनोंकाभी दूसरेप्रकाशनेंप्रकाशकरीता
है सो चक्षुआदिकोंकेप्रकाशकरणेहारा आत्माहै ॥ शंका ॥ चक्षुकाप्रकाशक आत्मा आपनेकह्या ॥ सोबनैंनहीं ॥ काहेतें सूर्यकरिकेही
चक्षुकाप्रकाशबनेहै॥समाधान ॥ जैसे विषयरूपघटने सूर्यकाप्रकाश नहींकरीता ॥ तैसे विषयरूपसूर्यनेंभी चक्षुकाप्रकाश नहींकरीता ॥
याकहणेतें यहअनुमानसिद्धभया ॥ चक्षुआदिकजेप्रकाशहैं ॥ ते आपणीसिद्धमेंदूसरेप्रकाशकी अपेक्षाकरैहैं ॥ काहेतें जडहोणेतें ॥ जो
आपणीसिद्धिमें दूसरेप्रकाशकीअपेक्षानहींकरैहै ॥ सो जडभीनहींहोवैहै ॥ जैसे स्वयंप्रकाशआत्मा किसीप्रकाशकीअपेक्षाकरैनहीं ॥ यातें
जडभीनहींहै ॥ किंतु चेतनहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् पूर्व आपनें यहकह्या ॥ जो चक्षुआदिकप्रकाश जडहैं ॥ यातें दूसरेप्रकाशकीअपे
क्षाकरैहैं ॥ सोबनैनहीं ॥ काहेतें चक्षुआदिकप्रकाशजोहैं ॥ सो आपणीसिद्धिमें दूसरेप्रकाशकीअपेक्षाकरैनहीं ॥ काहेतें प्रकाशरूपहोणे
तें ॥ दीपककीन्याई ॥ याअनुमानकाविरोधहोवैहै ॥ समाधान ॥ जैसे दीपक सजातीयदूसरेप्रकाशकीअपेक्षानहींकरैहै ॥ तैसे सर्वप्रकाश
सजातीयदूसरेप्रकाशकीअपेक्षानहींकरैहैं यहनियमनहीं ॥ काहेतें मणिआदिकप्रकाशोंविषे प्रकाशरूपतातोहै ॥ परंतु सजातीयदूसरे
प्रकाशकीअपेक्षाका अभाव नहींहै ॥ किंतु अपेक्षाहीहै ॥ यहसर्ववादियोंकूंसंमतहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् प्रकाशपणा मणिऔरचक्षुआदि
कसंपूर्णोंमें समानहै ॥ परंतु कोईकप्रकाश दूसरेप्रकाशकीअपेक्षाकरैहै ॥ और कोईप्रकाश दूसरेप्रकाशकीअपेक्षानहींकरैहै ॥ यामें क्या

कारणहे ॥ समाधान॥हेशिष्य प्रकाश्यपणा औरप्रकाशकपणाविषे परिच्छिन्नपणा औरव्यापकपणाकारणहे॥जोजो प्रकाशकपरिच्छिन्नहे॥
सोसो प्रकाश्यहे ॥ जैसे दीपककीअपेक्षाकरिके मणिआदिक परिच्छिन्नहें ॥ यातेंप्रकाश्यहे ॥ और जोजो व्यापकप्रकाशहे॥सोसो प्रकाश
कहे ॥ जैसे मणिआदिकोंकीअपेक्षाकरिके दीपादिकप्रकाश व्यापकहें ॥ यातें मणिआदिकोंके प्रकाशकहें ॥ याकहणेतेंयहसिद्धभया ॥
जो व्यापकहोवे औरप्रकाशस्वरूपहोवे ॥ सोईही दूसरेपरिच्छिन्नप्रकाशकूं प्रकाशेहे ॥ सोप्रकाशपणा औरव्यापकपणा मैंकूटस्थविषेहे ॥
यातें मेंहीं सर्वप्रकाशोंकाप्रकाशकहूं ॥ याकहणेतेंयहअनुमानसिद्धभया॥आपणेतेंभिन्नसर्वका प्रकाशकरणेहारी ॥ जोबुद्धिहे॥ सो मुझकूट
स्थकरिकेप्रकाश्यहे॥काहेतें परिच्छिन्नहोणेतें॥दृष्टांत ॥ जैसे व्यापकऔरप्रकाशस्वरूपबुद्धिकरिके सूर्यऔरघटादिरूपजगत् प्रकाश्यहे ॥
जाकाप्रकाशकरिये सोप्रकाश्यहोवेहे॥पंचभूतोंकेसत्त्वगुणकाकार्यहे॥यातें बुद्धिप्रकाशरूपहे॥और हिरण्यगर्भकाउपाधिहे यातें व्यापकहे॥
इसप्रकार श्रुतिने कथनकरीजोआत्माकीव्यापकता॥सोव्यापकता असंभावनाआदिकदोषोंतें बुद्धिविषे आरूढहोवेनहीं॥यातें तिनदोषों
कीनिवृत्तिवासतें तीनपरिच्छेदोंकाअभाव आत्माविषेदिखावेहें॥जैसे गोव्यक्तिरूपएकदेशविषे गोत्वजातिरहेहे॥अश्वादिकोंविषेरहेनहीं॥तैसे
मैंपरमात्मा किसीएकदेशविषेस्थितनहींहूं॥काहेतें जोमैं किसीदेशविषेनहींहोवों॥तो तिसदेशकेपदार्थोंकी सत्ताऔरप्रकाश नहींहोवेगा ॥या
तें मैं सर्वत्रव्यापकहूं याकहणेतें देशपरिच्छेदकाअभाव आत्माविषे दिखाया ॥ और जैसे भूत भविष्यत् वर्तमान पदार्थ किसीकाल
विषेहें और किसीकालविषेनहींहें ॥ यातें कालपरिच्छेदवालेहें ॥ तैसे मैंपरमात्मा किसीएककालविषेनहींहूं ॥ किंतु तीनोंकालोंविषेहूं ॥
याकहणेतेंकालपरिच्छेद काअभाव आत्माविषे दिखाया॥और जैसे अस्तियाशब्द औरज्ञानका विषयभूमि घटतेंभिन्न प्रतीतहोवेहे॥और
नास्ति याशब्द और ज्ञानका विषयवंध्यापुत्र घटतेंभिन्न प्रतीतहोवेहे॥यातें घटादिक वस्तुपरिच्छेदवालेहें॥तैसे मैंपरमात्मातेंभिन्नअस्ति
नास्तियाशब्द और ज्ञानका विषय कोई हेनहीं॥काहेतें मैंहीं सर्वका आत्माहूं॥याकहणेतें वस्तुपरिच्छेदकाअभावआत्माविषे दिखाया॥
तीनोंपरिच्छेदोंकेलक्षण पूर्वनिरूपणकरिआयेहें ॥ यातेंयहांनहींकहे ॥ अब अद्वितीय आत्माकीसिद्धिवासते प्रपंचकूं मिथ्यारूपकरिके

निरूपणकरेंहैं ॥ मुझपरमात्माविषे यह संपूर्णजगत् कल्पितहै ॥ कैसाजगत्है ॥ देश और कालादिकरें स्वरूपजाका ॥ और नाम रूपक्रियाकरिकेयुक्तहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे. रज्जुविषेसर्प कल्पितहोवैहै ॥ तातें मैपरमात्माही सर्वत्रव्यापकहूं ॥ मेरेसेभिन्न कोई वस्तु नहींहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् जगत्काभेद आत्माविषेमतहोवे ॥ परंतु जैसे घटविषेरहेजे रूपादिकगुण ॥ तिनोंतें घट भिन्नहोवैहै ॥ तैसे सत्‌चित् आनंदधर्मोतें आत्मा भिन्नक्योंनहींहोवे ॥ यातें वस्तुपरिच्छेद आत्माविषेहै ॥ समाधान ॥ सत् चित् आनंद यहजेधर्महैं ॥ तेमैंअंतर्यामीपरमात्मातेंजोभिन्नहोवैं ॥ तो आपणेसत्‌चित् आनंदस्वरूपतेंही रहितहोवैंगे ॥ काहेतें व्यापकमेरेतें जो आनंदभिन्न होवे ॥ तो वस्तुपरिच्छेदवालाहोवैगा ॥ जोपरिच्छिन्नहै ॥ सो आनंदरूपनहीहोवैहै ॥ श्रुतिनें व्यापककूंहीसुखरूपकह्याहै ॥ इसप्रकार सत् जोमैं प्रकाशस्वरूपआत्मातें भिन्नहोवे ॥ तो असत्‌होवैगा ॥ और चित् जोशुद्धसत्‌स्वरूप आत्मातैंभिन्नहोवे ॥ तोअसत्‌होवैगा ॥ काहेतें मेरेतें भिन्न इनोंको कोईसिद्धिकरणेहाराहैनहीं ॥ यातें सत् चित् आनंद आत्मास्वरूपहै ॥ आत्मातैंभिन्ननहींहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् सत्‌चित्‌आनंदधर्म जोआत्मातैंअभिन्नमानोंगे ॥ तो आत्मा धर्मीहै और सत्‌चित् आनंद धर्महैं॥ यह धर्मधर्मीव्यवहार नहींहोवैगा ॥ काहेतें भिन्नोंकाही धर्मधर्मीभाव लोकविषेदेखाहै ॥ समाधान ॥ हेशिष्य अत्यंतभिन्नोंका औरअत्यंतअभिन्नोंका धर्मधर्मीभाव होवैनहीं ॥ काहेतें अत्यंतभिन्नोंका जोधर्मधर्मीभावहोवे ॥ तो गौतें अश्व अत्यंतभिन्नहै ॥ यातें अश्व गौकाधर्म होणाचहिये ॥ और होवैनहीं तैसेअत्यंतअभिन्नोंका जोधर्मधर्मीभावहोवे ॥ तो घटऔरकलशका अत्यंतअभेदहै ॥ यातें कलश घटकाधर्म होणाचाहिये और होवैनहीं ॥ यातें परस्परभिन्नऔरअभिन्नस्थलविषेही धर्मधर्मीव्यवहार होवैहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् एक अधिकरणविषे एकवस्तुकाभेद औरअभेद विरुद्धहै ॥ समाधान ॥ एकसत्तावाले भेद औरअभेदका परस्परविरोधहोवैहै ॥ भिन्नसत्तावाले भेदऔरअभेदका परस्परविरोधहोवैनहीं ॥ तैसे यहां सत्‌चित्‌आनंदधर्मोंका आत्मातैंअभेदतो पारमार्थिकसत्तावालाहै औरभेद कल्पितसत्तावालाहै ॥ यातें तिनोंका परस्परविरोधनहीं ॥ ताकल्पितभेदकूंअंगीकारकरिकेही धर्मधर्मीभावव्यवहार सिद्धहोवैहै ॥

दृष्टांत ॥ जैसे किसीराजाने दूसरेराजाकूं बंदीखानेमेंराखिके पश्चात्छोड़िदिया॥ और एकग्रामदिया ताग्रामकूंपाइके सोराजा संतोषकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तैसे कल्पितभेदकूंहीअंगीकारकरिके धर्मधर्मीभावव्यवहार सिद्धहोवैहै ॥ सत्यभेदकीअपेक्षाकरैनहीं ॥ और कल्पितभेदकरिके द्वैतभीहोवैनहीं ॥ यातैं शुद्धपरमात्मासेकल्पितभेदवाले ॥ जेसत्चित्आनंदधर्म॥ते रज्जुसर्पकीन्यांई भेदकूंउत्पन्नकरैनहीं॥और परमार्थतैं तो सत्चित्आनंद मेरास्वरूपहै ॥ यातैं व्यापक औरप्रकाशस्वरूप मैंपरमात्माकारिकेही सूर्यादिकऔरघटादिकसर्वजडप्रपंचका प्रकाश युक्तहै ॥ और सर्वकेप्रकाशक मैंपरमात्माका दूसरेवस्तुकरिकेप्रकाश युक्तनहींहै॥दृष्टांत॥ जैसे घटकरिके सूर्यकाप्रकाश होवैनहीं ॥ और संपूर्णयाजडसंघातकी मेरेअधीनसिद्धिहै ॥ इसीकारणतैं असत्जडदुःखरूपयादेहादिकोंकूं आपणेतादात्म्यअध्यासतैं सत्चित्आनंदरूप करणेवासतैं याकलेवरविषे मैंहीपरमात्मा प्रवेशकरोंगा॥तासंघातविषे जोपरमेश्वरकाप्रवेशहै ताके दोप्रयोजनहैं ॥ एकतो भोगकीसिद्धिहै॥ औरदूसरा आपणेस्वरूपकाज्ञानहै ॥ तहां प्रथमप्रयोजनकाविचार पूर्वकह्या ॥ अब दूसरेप्रयोजनकाविचार निरूपणकरैहैं ॥ इसप्रकार चिंतनकरिके पुनःयाप्रकार परमेश्वर चिंतनकरता ॥ यासंघातविषे ज्ञानशक्तिरूपबुद्धिवालेमैंपरमात्माके प्रवेशका कोणद्वारहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् जिसीकिसीमार्गकरिके प्रवेशकरो॥यामे विचारकाक्याप्रयोजनहै॥समाधान॥यासंघातविषे पादकाजोनखहै ताकेअग्रभागरूपमार्गकरिके पूर्व प्राण प्रवेशकरताभयाहै काहेतैं प्राण क्रियाशक्तिवालाहै औरज्ञानशक्तितैंरहितहै ॥ यातैं यासर्वतैंनीचेमार्गकरिके प्राणका प्रवेश युक्तहै ॥ और मैंज्ञानशक्तिपरमात्मा सर्वतैंउत्कृष्टहूं ॥ यातैं प्राणइंद्रियादिकभृत्योंकेप्रवेशकाजोमार्गहै॥तामार्गकरिके हमाराप्रवेश बनैनहीं ॥ और मैंचेतनतैंविना ॥ यासर्वजडोंकी चेष्टाहोवैनहीं॥यातैं मैंइनोंतैंश्रेष्ठहूं ॥ दृष्टांत॥ जैसे चेतनतैंविना रथविषेचेष्टाहोवैनहीं ॥इसप्रकार प्रवेशकेमार्गकाविचारकरिके ॥ पुनःपरमेश्वर दूसराविचार करताभया ॥ जातैं मैंज्ञानशक्तिवालाहूं ॥ तातैं आपणेईश्वरस्वरूपकूं नविचारिके कैसेप्रवेशकरोंगा ॥ किंतु आपणेस्वरूपकाभीविचारकरिकेही हमाराप्रवेश युक्तहै ॥ तहां आपणेस्वरूपके बोधनकीइच्छाकरिके परमात्मा ऐसाविचारकरताभया ॥ शंका ॥ हेभगवन् अनात्मरूपकरिके देह प्रसिद्धहै ॥ यातैं विचारकाकछुप्रयोजननहीं ॥ काहेतैं

अप्रसिद्धवस्तुकाहीविचारहोवैहै ॥ समाधान ॥ यद्यपि शास्त्रकेतात्पर्यजाननेहारेजेविद्वान्हैं ॥ तिनोंकीदृष्टिविषे देह अनात्माप्रसिद्धहै ॥
तथापि मंदबुद्धिपुरुषोंकेउपकारवासते देहकीअनात्मता दृश्यत्वादिकहेतुवोंकरिके आत्मज्ञानीपुरुषोंनें जनावणेकूंयोग्यहै ॥ यातें विचार
सफलहै॥याकरणेतैंयहअनुमानसिद्धभया॥यहदेहजोहै सो अनात्माहै॥काहेतें दृश्यहोणेतें ॥और परिच्छिन्नहोणेतें॥और जडहोणेतें ॥ जो
अनात्मानहींहै॥सो दृश्यपरिच्छिन्न जडभी नहींहै॥जैसे आत्माहै॥और देह अनिर्वचनीयहै॥यातेंभीअनात्माहै ॥ अबयाअर्थकूं विस्तारतें
निरूपणकरेंहैं ॥अनुभवकेविषयजेवस्तुहैं॥तिनोंविषे कौणदेहहै ॥ शंका ॥हेभगवन् संघातकानामदेहहै॥यहलोकोंकूंप्रसिद्धहै ॥समाधान ॥
हेशिष्य केवललोकप्रसिद्धितें अर्थकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ जो केवललोकप्रसिद्धितें अर्थकीसिद्धिहोतीहोवे ॥ तो देहभी आत्माहोणाचाहिये ॥
काहेतें विचारहीनबहुतपुरुष देहकूंही आत्मामानेंहैं॥यातें प्रमाण औरयुक्तितैंअविरुद्ध लोकप्रसिद्धितेंही अर्थकीसिद्धिहोवैहै॥और विचारक
रिकेसंघातकूंदेखिये ॥ तो देहकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ काहेतें समानधर्मवाल्योंका जोपरस्परसंबंधहै ताकानाम संघातहै ॥ तेसंघात बहुतहैं ॥
तिनोंविषे किससंघातकानामदेहहै ॥ तहाँ श्रोत्र त्वक् चक्षु घ्राण रसन यह पंचज्ञानइंद्रियोंकासंघातहै ॥ १ ॥ और वाक् पाणि पाद पायु
उपस्थ यह पंचकर्मइंद्रियोंकासंघातहै ॥२॥ और प्राण अपान व्यान उदान समान यह पंचप्राणोंकासंघातहै॥३॥ और त्वचा रुधिर मांस
मेद अस्थि मज्जा रेत यह सप्तधातुवोंकासंघातहै ॥ ४ ॥ और कफ वात पित्त यह तीनदोषोंकासंघातहै ॥ ५ ॥ और विष्ठा मूत्र यह दोनों
कासंघातहै ॥ ६ ॥ और कदाचित्उत्पत्तिवाले स्वेद पूय यह दोनोंकासंघातहै ॥ ७ ॥ और केशलोमआदिकोंका अतंरुपातसंघातहै ॥८॥
यह जो भिन्नभिन्न अष्टसंघातोंकासमुदाय ॥ तिनोंविषे किससंघातकानामदेहहै औरसंघातकूंजोदेहमानेहै वादी ॥ तासें यहपूछाचाहिये ॥
पूर्वकहेजेअष्टसंघात ॥ तिनसंपूर्णोंकाजोसंघात ॥ ताकानाम देहहै अथवा एकएकसंघातकानामदेहहै ॥ यहदोनोंपक्ष बनेंनहीं ॥ काहेतें
जिससमुदायकूं तुम देहमानोंहो ॥ सोसमुदायही निर्वचनकरणेयोग्यनहीं तहाँ पूर्वकहेजेअष्टसंघात तिनोंकाजोसमुदाय सो महासमुदाय
कहियेहै ॥ और पंचज्ञानइंद्रियआदिकोंका भिन्नभिन्नजोसमुदाय सो अवांतरसमुदाय कहियेहै ॥ यहदोनोंप्रकारकेसमुदायका निर्वचन

होवैनहीं ॥ काहेतें सोदोप्रकारकासमुदाय समुदायियोंतेंभिन्नहै ॥ अथवा तिनोंतेंअभिन्नहै ॥ तिनोंविषे प्रथमभिन्नपक्षतो बनैंनहीं ॥काहेतें समुदायियोंतेंभिन्न समुदायकास्वरूप युक्तिकरिकेसिद्धहोवैनहीं ॥ ओर दूसराजो अभिन्नपक्षहै सोभी बनैंनहीं ॥ काहेतें महासमुदायका नामदेहहै यापक्षमें महासमुदायकेसमुदायी जेअष्टअवांतरसमुदाय ॥ तिनोंसे जभी महासमुदाय अभिन्नभया ॥ तभी एकएक अवांतर समुदायविषेभी महासमुदायव्यवहार तथादेहव्यवहार होणाचाहिये ॥ ओर होवैनहीं ॥ किंवा अवांतरजेअष्टसमुदायहैं ॥ तिनोंविषे एक एकसमुदायकानामदेहहै ॥ यापक्षमें अवांतरसमुदायीजे एकएकइंद्रियआदिक तिनोंसे जभी अवांतरसमुदाय अभिन्नभया ॥ तभी एक एकइंद्रियआदिकोंविषे समुदायव्यवहार तथादेहव्यवहार होणाचाहिये ॥ ओरहोवैनहीं ॥ यातें अभिन्नपक्षभी बनैंनहीं ॥ यहाँ समुदायके घटकानाम समुदायीहै ॥ महासमुदायकेघटक अवांतरसमुदायहैं ॥ यातें ताके समुदायीहैं ॥ तैसे अवांतरसमुदायकेघटक एकएकइं द्रियआदिकहैं ॥ यातें ताके समुदायीहैं ॥ शंका ॥ हे भगवन् पूर्वआपने समुदाय समुदायियोंसेंभिन्नहै ओर अभिन्नहैं यादोनोंपक्षोंविषे दोषकहे॥यातें दोनोंपक्षोंकूं हम अंगीकारकरैंनहीं ॥ किंतु पूर्वकहेजेइंद्रियआदिक ॥ ते संपूर्णमिलेहुये समुदायहोवैहैं ॥ यातें यापक्षविषे दूषणनहींहै॥समाधान ॥ हे शिष्य यापक्षविषेभी पुनरुक्तिदोष होवैहै॥ काहेतें सर्वसमुदायियोंका एकबुद्धिकरिकेविषयकरणारूपजोमेलन सो समुदायहै यह सर्वशास्त्रकासिद्धांतहै॥ संपूर्णमिलेहुये समुदायहोवैहैं याकहणेतैंयहअर्थसिद्धभया॥मेलनरूपसमुदायकरिकेविशिष्टजोहै सो समुदायहै ॥ जैसे देवदत्त धनीउत्पन्नभयाहै ॥ याख्यानविषे विशेष्यजोदेवदत्त ताकेविषे उत्पत्तिकाअन्वयहोवैनहीं ॥ किंतु विशेषण जोधनहै ताकेविषे उत्पत्तिकाअन्वयहोवैहै ॥ तैसे मेलनरूपसमुदायविशिष्टजोहै सो समुदायहै याख्यानविषेभी मेलनरूपजोसमुदाय सोविशेषणहै ॥ ताकेविषे जोसमुदायकाअन्वयकरिये ॥ तौ समुदाय समुदायहै यहप्रतीतहोवैहै ॥ जैसे घट घटहै यहाँ पुनरुक्तिहोवैहै ॥ तैसे समुदाय समुदायहै यहाँभी पुनरुक्ति स्पष्टहै ॥ यहाँअन्वयनाम संबंधकाहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् मेलनविशिष्टोंकानाम समुदायहै यापक्षविषे आपने दोष कह्या ॥ यातें यहपक्ष अंगीकारकरणेयोग्यनहीं ॥ किंतु इंद्रियादिकोंकाजोपरस्परमेलन तामेलनकाहीनाम समु

दायहै ॥ समाधान ॥ हेशिष्य मेलननाम संबंधकाहै ॥ सो तादात्म्यसंबंधहै ॥ अथवा संयोगहै ॥ अथवा समवायहै ॥ तिनोंविषे प्रथम तादात्म्यपक्षतो बनैनहीं ॥ काहेतैं भेदकूंसहारणेहाराजोअभेद सो तादात्म्यसंबंध कहियेहै ॥ तहाँ निरपेक्षजोअभेदहै सो तो वास्तवहै ॥ और धर्मीप्रतियोगीकीअपेक्षाकरणेहाराजोभेदहै सो कल्पितहै यहसिद्धांतहै ॥ यातैं वास्तवतैंअभिन्नवस्तुवोंकामेलन कहणा ॥ मेरेमुखविषे जिह्वानहींहै यावाक्यकेसमानहै ॥ इसरीतिसे प्रथमतादात्म्यपक्ष बनैनहीं ॥ और संयोगसंबंधकानाम मेलनहै यहदूसरापक्षभी बनैनहीं॥काहेतैं दोद्रव्योंकासंयोगसंबंधहोवैहै॥सो संयुक्तदोद्रव्योंतैंभिन्न प्रतीतहोवैनहीं ॥ याकारणतैंही ॥ प्रभाकरोंनेसं योगकूं विकल्पमात्र कह्याहै ॥ और समवायसंबंधकानाम मेलनहै यहतीसरापक्षभी बनैनहीं ॥ काहेतैं गुणगुणीआदिकोंका ॥ नैयायि क समवायसंबंधमानेहैं सोसमवाय आपणेसंबंधीजेद्रव्यगुणादिक तिनोंविषे संयोगसंबंधकरिकेरहेहै ॥ अथवा समवायकरिके समवायरहै है ॥ तहाँआद्यपक्षतो बनैनहीं ॥ काहेतैं दोद्रव्योंका संयोगहोवैहै समवाय द्रव्यहैनहीं ॥ यातैं ताका संयोगबनैनहीं॥और समवायसंबंधक रिके आपणेसंबंधीयोंविषे समवाय रहैहै यहदूसरापक्षभी बनैनहीं ॥ काहेतैं जासमवायसंबंधकरिके समवाय रहैहै ॥ सोसमवाय प्रथमसम वायतैं अभिन्नहै अथवा भिन्नहै तहाँप्रथम अभिन्नपक्षतो बनैनहीं ॥ काहेतैं आपणीस्थितिविषे आपणीअपेक्षारूप आत्माश्रयदोष प्राप्तहो वैहै॥औरभिन्नहै यहदूसरापक्षभी बनैनहीं॥काहेतैं सोदूसरासमवाय आपणेसंबंधियोंविषेकिससमवायकरिकेरहेहै॥जोतौ प्रथमसमवायकरिके दूसरासमवाय आपणेसंबंधियोंविषेरहै॥तो अन्योन्यआश्रयदोषप्राप्तहोवैगा॥काहेतैं प्रथमसमवाय दूसरेसमवायकरिके आपणेसंबंधियोंविषे रह्या ॥ और दूसरासमवाय प्रथमसमवायकरिकेआपणेसंबंधियोंविषेरह्या ॥ यादोषकीनिवृत्तिवासतै दूसरासमवाय तीसरेसमवायकरिके आपणेसंबंधियोंविषे रहैहै यह अंगीकारकरोगे तो सोतीसरासमवाय किससमवायकरिके आपणेसंबंधियोंविषे रहैहै ॥ जोतो प्रथमसमवाय करिके संबंधियोंविषेरहै॥तो चक्रकादोष प्राप्तहोवेगा॥काहेतैं प्रथमसमवाय दूसरेकरिकेरह्या ॥ और दूसरा तीसरेकरिकेरह्या॥और तीसरा पुनः प्रथमकरिकेरह्या ॥ यहचक्रकीन्याईभ्रमणहोवैहै ॥ जो तीसरेसमवायकोस्थितिवासतै चतुर्थसमवाय औरचतुर्थवासतैपंचम याप्रकार

समवायोंकीधारामानोगे॥तो अनवस्थादोष प्राप्तहोवेगा॥यातैं समवायसंबंधरूपमेलनकानाम समुदायनहीं॥किंवा ॥ जो संयोगऔरसमवाय संबंधरूपमेलनकानाम समुदायहोवै॥तो वृक्षोंकाजोसमुदाय सो वन कहियेहै॥यास्थानविषे वृक्षोंका परस्परसंयोग औरसमवायसंबंध हैनहीं॥ यातै समुदायव्यवहार नहोणाचहिये और समुदायव्यवहार होवैहै ॥ यातैंभी संयोगसमवायसंबंधरूपमेलनकानाम समुदायनहीं ॥ किंवा॥ संबंधकूं जोवादी समुदायमानैहै ॥ तासैं यहपूछाचाहिये ॥ संबंध यहाँ दोपदहैं एकतो सं यहपदहै ॥ और दूसरा बंध यहपदहै ॥ तहाँ संप दका क्याअर्थहै ॥ और बंधपदका क्याअर्थहै ॥ यहवादीनैं कह्याचाहिये ॥ शंका ॥ हेभगवन् सं याशब्दका सम्यकपणाअर्थहै ॥ और बं ध याशब्दका बंधनअर्थहै ॥समाधान॥ हेशिष्य यहअर्थ तेरेवचनतैंविना किसीभी संसारसंबंधीवस्तुविषे हम देखतेनहीं ॥ किंतु तेरेवचन विषेहीहै ॥ अब याअर्थकूं स्पष्टकरिकेनिरूपणकरैहैं ॥ जोवस्तु तीनकालविषे नपरिणामकूं प्राप्तहोवै ॥ सो सम्यककहियेहै ॥ और यहसं पूर्णजगत् जड़है यातैं रज्जुसर्पकीन्याई परिणामकूंप्राप्तहोवैहै॥और श्रुतिविषेभी आत्मातैंभिन्न सर्वजगतकूं मिथ्याकह्याहै ॥ यातैं आत्मा तैंभिन्न किसीवस्तुविषेभीसम्यकपणा बनैनहीं॥तैसे बंध यापदकाअर्थजोबंधन सोभीबनैनहीं ॥काहेतैं लोकविषे बंधायमानजेवस्तुहैं ॥ ति नोंतैं बंधनभिन्नदेख्याहै॥ जैसे बंधायमान जेदोगौहैं ॥ तिनोंतैंरज्जुरूपबंधन भिन्नहै ॥किंवा॥मूर्त्तवस्तुही लोकविषे बंधन देखाहै ॥ और अमूर्त्तवस्तु बंधनहोवैनहीं ॥ याकारणतैंही अमूर्त्तआकाशनै घटपटादिकपदार्थ नहींबंधीते ॥ तैसे यादेहविषे इंद्रियआ दिकोंकेपरस्परबंधनकरणेहारा औरइंद्रियआदिकसर्वसंघाततैंभिन्न रज्जुआदिकोंकीन्याई कोईमूर्त्तपदार्थ नहींदेखीता ॥ यातैं संबंधपदकाअर्थ कोईप्रसिद्धहैनहीं ॥ इसप्रकार संघात देहहै यापक्षकाखंडनकऱ्या॥अब संघातकेघटकजेइंद्रियआदिकहैं तिनोंकि अनात्म ताकूंनिरूपणकरैंहैं॥मुमुक्षुकेआत्मबोधवासतै एकएकइंद्रियआदिकोंकेअनात्मताकाभी विचारकरणेयोग्यहै॥और विद्वान्पुरुषोंने इंद्रिय आदिकोंकीआत्मता कहींभी नहींअनुभवकरी॥काहेतैं सर्वतैंजोअंतरहोवै सो आत्माकहियेहै॥और इंद्रिय बाह्यहै ॥यातैं घटादिकोंकीन्याईं अनात्माहै॥इसप्रकार विद्वान्केअनुभवप्रमाणकरिके इंद्रियोंकीअनात्मताकही॥अब अनुमानप्रमाणतैंभी इंद्रियोंकीअनात्मता सिद्धकरैहैं॥

वाकादिकइंद्रियांजेहैं ते अनात्माहोणेकूंयोग्यहैं॥काहेतैं दृश्यहोणेतैं औरपरिच्छिन्नहोणेतैं॥जोजोवस्तु दृश्य औरपरिच्छिन्नहोवैहैं॥सोवस्तु अनात्माहीहोवैहैं॥जैसे देहहै ॥ शंका॥ हेभगवन् कर्त्ताकानाम आत्माहै॥यहशास्त्रविषेकह्याहै॥और स्वतंत्रकानाम कर्त्ताहै॥सोस्वतंत्रपणा आपणेआपणे व्यापारोंविषे इंद्रियोंकूंभीहै ॥ यातैं इंद्रियही आत्माहै ॥ समाधान ॥ जोजोस्वतंत्रहोवैहै ॥ सोचेतनहोवैहै ॥ चेतनतातैंविना स्वतंत्रपणारहैनहीं॥जैसे अग्नितैंविना धूम रहैनहीं॥यातैं मुझपरमात्माचेतनतैं विना संपूर्णइंद्रियोंविषे चेतनताकाअभावहै॥याकारणतैं अचेतनइंद्रियोंको किसीआपणेव्यापारविषे स्वतंत्रतानहींहै॥दृष्टांत॥जैसेअचेतनरथादिक चेतनअश्वआदिकोंतैंविना स्वतंत्र गमनकरैंनहीं॥ और ज्ञानइंद्रियऔरअंतःकरणके जेज्ञानरूपव्यापारहैं ॥ और कर्मइंद्रियऔरप्राणोंके जेक्रियारूपव्यापारहैं॥ तेसंपूर्णव्यापार मुझपरमात्माकेसमीपताकरिकेही सिद्धहोवैहैं ॥ यातैं स्वतंत्रपणा चेतनआत्माविषेहीहै ॥ जडइंद्रियोंविषे स्वतंत्रताहैनहीं ॥ अथवा ॥ वाकादिकइंद्रियोंकी शब्दकाउच्चारणादिक जेआपणेआपणेव्यापारहैं तिनोंविषे स्वतंत्रताहैभी ॥ तथापि अन्यव्यापारोंविषे इंद्रियआदिक समर्थहैं नहीं ॥ यातैं तिनोंविषे आत्मतावनैनहीं ॥ अबयाअर्थकूं स्पष्टकरिकेनिरूपणकरैंहैं ॥ शब्दकाउच्चारण वाकइंद्रियकाव्यापारहै ॥ और ग्रहण हस्तइंद्रियकाव्यापारहै ॥ और गमन पादइंद्रियकाव्यापारहै ॥ और मलकापरित्याग पायुइंद्रियकाव्यापारहै ॥ और आनंद उपस्थइंद्रियकाव्यापारहै ॥ जैसे राजा आपणेआपणेकार्यविषे भृत्योंकूं जोडताहै ॥ तैसे मुझपरमात्माने आपणेआपणेव्यापारोंविषे इंद्रियादिक स्थापनकरेंहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जडइंद्रियोंकेव्यापारकाजोनियमहै ॥ सो मुझअंतर्यामीआत्माकूंबोधनकरैंहैं ॥ काहेतैं चेतनतैंविना जडोंकी नियम करिकेप्रवृत्तिहोवैनहीं ॥ किंतु वायुकरिकेचलायेहुयेसूकेपत्रकीन्यांई नियम तैं रहित प्रवृत्तिहोवैहै ॥ यहरीति ज्ञानइंद्रियप्राणादिकोंविषेभी जानणी ॥ और रूपादिकोंकाज्ञान शब्दज्ञान गंधज्ञान रसज्ञान स्पर्शादिकोंकाज्ञान यह क्रमतैं चक्षुः श्रोत्र घ्राण रसन त्वक् यापंचज्ञानइंद्रियोंके नियमकरिकेव्यापारहैं ॥ पूर्वकहीरीतिसैं इनव्यापारोंकानियमभी सर्वांतर्यामी आत्माकूं बोधनकरैहै ॥ और प्राणोंकाभी इंद्रियोंकीन्यांई नियमकरिकेव्यापारहै ॥ काहेतैं अन्नऔरजलकूं सूक्ष्मनाडीछिद्रोंविषे

स्थापन प्राणकरेहै ॥ यातैं प्राणोंका एकतो यहआश्चर्यरूपक्रियाहै ॥ और दूसरा वागादिक इंद्रियोंकेस्थितिकीकारणतारूपजीवनभी प्राणोंकाकार्यहै ॥ इनदोव्यापारोंतैंविना अन्यकिसीव्यापारका प्राण कारणहैनहीं ॥ और संकल्प निश्चय अभिमान स्मरण यहचारों क्रम तैं मन बुद्धि अहंकार चित्तके नियमकरिकेव्यापारहैं ॥ अब पंचभूतोंके और विषयोंके व्यापारोंकानिरूपणकरैंहैं ॥ जैसे पात्र घृतको धा रण करे है ॥ तैसे जगत्काधारणकरणा पृथिवीकाव्यापारहै ॥ और क्लेदन जलकाव्यापारहै ॥ और तंडुलादिकोंकूंपकावणा तेजका व्यापारहै ॥ और संकोचविकासरूपक्रिया वायुकाव्यापारहै और स्थितिमैं चलनेमैं अनुकूल जो अवकाशता सो आकाशकाव्यापार है ॥ याव्यापारोंतैंभिन्न पृथिवीआदिकोंका कोईव्यापारहै नहीं ॥ और श्रोत्रादिकइंद्रियोंका जीवकेबंधनकरणेकाजोस्वभावहै ॥ तास्वभावकाप्रगटकरणा यहही शब्द स्पर्श रूप रस गंध विषयोंकाव्यापारहै ॥ काहेतैं विषयसंबंधतैंविना केवलइंद्रियोंविषे बंधन कीकारणताहैनहीं ॥ याकारणतैंही श्रुतिविषे विषयोंकूंअतिग्रहकह्याहै ॥ शंका ॥ हे भगवन् इंद्रियादिकोंविषे स्वतंत्रताकाअभावहै ॥ यातैं आत्मानहींहै ॥ तौभी ज्ञानशक्तिहोणेतैं सर्वज्ञपरमात्माकाउपाधिजोबुद्धि सो स्वतंत्रहै ॥ यातैं बुद्धि आत्माकाहेतैंनहोवै ॥ समाधा न ॥ बुद्धिविषे सर्वज्ञपरमेश्वरकाउपाधिपणा यद्यपि प्रसिद्धहै ॥ तथापि सोबुद्धि आत्मानहीं ॥ काहेतैं बुद्धिविषे जोसर्ववस्तुकेविषयकरणे कासामर्थ्यहै ॥ सो शुद्धपरमात्माकी समीपताकेअधीनहै ॥ स्वतंत्र बुद्धिविषेनहीं ॥ ईहाँ यहअभिप्रायहै ॥ सर्वजगतकेप्रकाशकरणे द्वारा एकचेतनज्ञानशब्दकामुख्यअर्थहै॥और जैसे जलआपणेसंबंधकरिके अस्वच्छघटादिकपदार्थोंविषे सूर्यादिकोंकेप्रतिबिंबग्रहणकरणेकी योग्यताप्रगटकरेहै॥तैसेबुद्धिभी आपणेसंबंधकरिकेघटादिकपदार्थोंविषेचेतनकेप्रतिबिंबग्रहणकरणेकीयोग्यताकूंप्रगटकरेहै ॥ और आवर्ण कोनिवृत्तिकरेहै और आपभी बुद्धि चेतनकेप्रतिबिंबकूं ग्रहण करेहै॥यातैं बुद्धि ज्ञानशब्दकागौणअर्थहै॥याकहणेतैं यहसिद्धभया ॥ जैसे सूर्यकेप्रतिबिंबकरिकेयुक्तहुआ दर्पण भित्तिआदिकपदार्थोंकूंप्रकाशेहै ॥ तौभी दर्पण आपप्रकाशरूपनहीं ॥ तैसे चेतनकेप्रतिबिंबकूंग्रह णकरिकेबुद्धि सर्वअर्थोंकूंप्रकाशेहै ॥ तथापि बुद्धि आपप्रकाशरूपनहीं ॥ यातैं शुद्धपरमात्माकीसमीपताकरिकेही बुद्धिविषेसामर्थ्यहै ॥

और मुझपरमात्मातैंविना बुद्धिविषे सामर्थ्यहैनहीं ॥ जैसे श्रीकृष्णभगवान्‌केसमीपतातैंही अर्जुनविषे सामर्थ्य है ॥श्रीकृष्णतैंविना अर्जुन विषे सामर्थ्यहैनहीं॥यातैं बुद्धिआत्मानहीं ॥ और मुझव्यापकपरमात्मानैं ताबुद्धिकीजड़ताभी निश्चयकरीहै॥काहेतैं बुद्धि विषयाकारपरिणामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ जो परिणामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ सो जडहोवैहै जैसे मृत्तिकादिकहैं ॥ और चेतन परिणामकूंप्राप्तहोवैंनहीं ॥ यातैंभी बुद्धि आत्मानहीं ॥ अब पूर्वकहीजेप्राणोंकीअनात्मता ताकूं श्रुतिप्रमाणतैंसिद्धकरैहैं ॥ यद्यपिप्राण जीवनकाहेतुहै ॥ और इंद्रियोंकीअपेक्षाकरिकेअंतरहै ॥ तथापि मुझपरमात्माकीसामर्थ्यतैंही जीवनविषे प्राणहेतुहै॥ और श्रुतिनैंभी कह्याहै ॥ प्राणकरिके और अपानकरिके कोई प्राणी नहींजीवैहै ॥ किंतु प्राणऔरअपानकाअधिष्ठान जो आत्मा ॥ ताकरिके प्राणीजीवतेहैं यातैं प्राण आत्मानहींहै ॥ याकहणेतैंयहसिद्धभया ॥ पूर्वकहेजेवाकइंद्रियसेआदिलेके ॥ तिनोंकूं किसीप्रकारकरिकेभी एकएककूं आत्मतानहींहै काहेतैं जो संपूर्णवाकादिकोंकाप्रयोजकहोवै ॥ सो आत्माकहियेहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जो आपणीसमीपताकरिके वाकादिकोंकूं आपणेआपणेव्यापारविषे प्रवर्तकरावै ॥ और जिसकेवासते यहवाकादिक प्रवर्तहोवैं ॥ सो आत्माकहियेहै ॥ यह आत्माकालक्षण वाकइंद्रियआदिकोंविषेहैनहीं ॥ काहेतैं वाकादिक सर्वअर्थकेसाधकहैंनहीं ॥ किंतु आपणेआपणेव्यापारकीसिद्धिकरैहैं ॥ यातैं आत्मानहीं ॥ और वाकादिकसंपूर्ण मिलिकरिकेसंघातरूपहैं ॥ यातैंमैंपरमात्माकेअर्थहैं जैसे गृहादिकपदार्थ मृत्तिकाकाष्ठादिकपदार्थोंकासमुदायरूपहैं॥यातैं गृहपुरुषकेअर्थहैं॥और जोजोपदार्थ परकेवासतेहोवैहै ॥ सोसो अनात्माहोवैहै ॥ जैसे गृहादिक अनात्माहैं॥यातैं मेरेसुखकेसाधन जेवाकादिक ॥ तिनोंविषे मैंपरमात्माकी आत्मता कैसेहोवै॥तात्पर्ययह॥तेवाकादिक आत्मारूपनहींहै॥और यहवाकादिकसंपूर्ण मिलिकरिके आपणेवासतेनहींहैं॥और एकएकभी आपणेवासतेनहींहैं ॥ किंतु मैंपरमात्माकेवासतेहैं ॥ यातैं यह संपूर्णवाकादिक मेरास्वरूपनहीं ॥ जभी संपूर्णवाकादिक मिलिकरिके मेरा स्वरूपनहीं भये॥तभीएकएकवाकादिक मेरास्वरूप कैसेहोवैंगे॥किंतु नहींहोवैंगे॥शंका॥ हे भगवन् यह संपूर्णवाकादिक आपईश्वरकेभृत्य हैं॥यातैं आपकीप्रेरणातैंविनाही तुमारेभयकरिकेशब्दकेउच्चारणादिक जेआपणेआपणेव्यापारहैं तिनोंकूं करैंगे॥दृष्टांत॥जैसे राजाके भय

कारिके भृत्य आपणेआपणेकार्यकूंकरेहैं ॥ यातें संघातविषे तुह्मारे प्रवेशका कोईप्रयोजननहींहै ॥ समाधान ॥ यद्यपि यहवाकादिक मेरे भय करिके आपणेआपणेव्यापारोंकूं करेहैं ॥ तथापि मुझपरमात्माकूं त्वंपदका अर्थरूपकरिके यहवाकादिक नहींजाणते॥और सर्वजगत् काकारण जोमैंतत्पदकाअर्थ ॥ ताकूंभी यहवाकादिक नहींजाणते ॥ जभी त्वंपदार्थकूं औरतत्पदार्थकूं यहवाकादिक नहींजाणते ॥ तभी तिनोंकेएकताकूं कैसेजाणेंगे ॥ किंतु नहींजाणेंगे ॥ यातें मैंपरमात्माही यासंघातमेंप्रवेशकरिके मैंकौनहूं ऐसाविचारकरों ॥ यहाँ वाकादिकइंद्रियोंकेसाथ तादात्म्यअध्यासकरिके मैं शब्दउच्चारणकरूंहूं औरमैंदेखूंहूं याप्रकारकाअभिमानही परमेश्वरकाप्रवेशहै ॥ याहीकूं प्रतिबिंबवाद औरअवच्छेदवादकरिके शास्त्रविषेकह्याहै ॥ शंका ॥ हे भगवन् जिसआपणेस्वरूपकाविचार आपनेकरणाहै॥ सोविचार याशरीरकेप्रवेशतैंबिनाहींकरो ॥ किसवासते यादुःखरूपशरीरविषे प्रवेशकरतेहो ॥ समाधान ॥ जैसामेरास्वरूपहै तैसाहोवो ॥ इसकालविषे आपणेस्वरूपकीचिंताकरिके कछुप्रयोजन सिद्धहोवैनहीं ॥ यातेंसंघातविषेप्रवेशकरिके इनवाकादिकोंकूं सुखकीप्राप्तिकरिके आपणेस्वरूपकानिर्णयकरोंगा॥यहाँवाकादिकोंकूं सुखकीप्राप्ति और आपणेस्वरूपकानिर्णय यहदोप्रयोजन प्रवेशकेहैं ॥इसप्रकार परमात्मा चिंतनकरिके आपणेस्वरूपकेचिंतनकूंपरित्यागकरिकेशरीरविषेप्रवेशवासतैं द्वारकूंविचारताभया ॥ सो सर्वदेवतावोंकापितापरमेश्वर आपणे भृत्योंकेप्रवेशके जे मुखादिकद्वारहैं॥तिनोविषे आपणीयोग्यताकूंनदेखिकरिके आपणीसमीपताकरिके मूर्धसीमाकूंभेदनकरिके याशरीरविषे प्रवेशकरताभया॥तहाँ शिरविषे जेवाम दक्षिण मध्य यहतीनकपालहैं॥तिनोकेमध्यभागकानाम मूर्धसीमाहै॥ सो केशोंतेंरहितकूशपुरुषके मस्तकविषे देखे हैं ॥ अथवा स्त्रियोंकेकेशविभागकीजोरेखा सो जहाँसमाप्तहोवे तास्थानकानाम मूर्धसीमाहै ॥ यह सर्वपुरुषोंकूंप्रसिद्धहै ॥ औरजैसे प्रसिद्धद्वारकापुरीविषे प्रवर्षणनामापर्वततैंकूदिकरिके आकाशरूपउपऊर्धमार्गतें श्रीकृष्ण प्रथम प्रवेशकरताभया॥तैसे यामनुष्यशरीररूपपुरीविषे कृष्णस्वरूपपरमात्मा ऊर्धमार्गतें प्रवेशकरताभया॥यातें सर्वमनुष्योंकाशरीर द्वारकापुरीहै॥ यहाँ मनुष्यशरीरविषेहीं आत्मसाक्षात्कारकीयोग्यताहै ॥ यातें मनुष्यशरीरविषे प्रवेशकह्या ॥ तामनुष्यशरीरकरिके सर्वशरीरोंका ग्रहणकरणा ॥शंका॥

हेभगवन् श्रुतिऔर स्मृतिविषे नवद्वार प्रसिद्धहैं ॥ यहमूर्धद्वार प्रसिद्धहैनहीं ॥ यातैं याद्वारकरिके शरीरकूं द्वारावतीपुरी केसाकह्या ॥
समाधान ॥ जिसकारणतैं परमेश्वर मस्तककूंभेदन करिके याशरीररूपपुरीविषे प्रवेशकरताभया ॥ यातैं मस्तककेऊर्धभागविषेजोद्वा
रहै सोद्वार उपासकपुरुषोंने विद्दति यानामकरिकेकथनकरीताहै ॥ और लोकविषेभी मस्तकविषेकटुतैलकेधारणतैं कटुताका बुद्धि
मानपुरुषोंनैं अनुभवकरीताहै ॥ और मूढपुरुषोंकरिके श्रीकृष्ण औरताकाद्वार दोनों जानणेकूंअशक्यहैं ॥ यातैं परमेश्वरकेप्रवेशका
द्वार अप्रसिद्धनहींहै ॥ और वाकादिकभृत्योंकेप्रवेशकेजेनवद्वार ॥ तिनोंकेसमान यहपरमेश्वरकेप्रवेशकाद्वार हैनहीं ॥ यातैं तिननवद्वारों
केसाथ॥याद्वारकी श्रुतिस्मृतिविषे गणतीनहींकरी॥और जाकारणतैं योगीपुरुष॥याऊर्धद्वारतैंनिकसिकरिके ब्रह्मलोककीप्राप्तिद्वारा मुक्ति
काकारण जोदेवयामार्गहै ताकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ ताकारणतैं यहऊर्द्धद्वार नंदनहै॥जिसकरिके आनंदकीप्राप्तिहोवै सो नंदनकहियेहै यद्यपि इंद्र
केवनकानामनंदनहैतथापि नीचेपतनकीभीतिजन्यदुःखकरिके इंद्रकावनयुक्तहै॥यातैं ताविषे सुखकीकारणताका ॥संशयहै॥अब याऊर्द्ध
द्वारकीनंदनवनकेसमानताकूं कहैहैं॥ जैसे स्वर्गविषेप्राप्तभये जेकर्मीपुरुष तिनोंके सुखकाकारण नंदनवनहै ॥ तैसे यहऊर्द्धद्वारभी ब्रह्मलो
कद्वारामुक्तिरूपसुखकाकारणहै॥ इसप्रकार जीवरूपकरिके परत्माकाप्रवेशकह्या॥अब उपाधिकेअभिमानकरिके तापरमात्माकूं संसारकी
प्राप्तिका निरूपणकरैहैं ॥ प्रसिद्धजेनवद्वार औरनाभि औरऊर्द्धद्वार यह एकादशद्वारहैंजाविषें ऐसेशरीररूपपुरीकूंप्राप्तहोके अग्निआ
दिकदेवतावोंकाप्रभुजोपरमात्माइंद्र सो आपणेनिवासवासते तीनग्रहोंकूं करताभया॥चक्षुइंद्रियकेरहणेकाजोगोलक तागोलकविषे प्रथमनि
वास ॥ और चित्तकाजोस्थान हृदयकमलकेदलहैं तिनदलोंविषे दूसरानिवास ॥ और हृदयकमलकेअंतरआकाशविषे तीसरानिवास॥या
तीनग्रहोंविषे अहंकाररूपसिंहजाऊपरि चैतन्यपरमात्माकेप्रतिबिंबरूपगर्भकूंधारणेहारी जोज्ञानशक्तिरूपस्त्री ताकेसाथशयनकूंप्राप्तहोके
इंद्ररूपआत्मा जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति रूपतीनस्वप्नोंकूं देखताहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् स्वप्नतो यद्यपि स्वप्नरूपहै ॥ तथापि जाग्रतऔरसुषु
प्तिकूं स्वप्नरूपताकहनी बनैनहीं ॥ समाधान॥ यहइंद्ररूपजीवात्मा आपणेस्वरूपज्ञानतैंरहितहै॥यातैं जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति यहतीनों याकूं

स्वप्नस्वरूपहै ॥ काहेतें जोजैसावस्तुकास्वरूपहोवै तैसाही ताकूंदेखे याकानाम जाग्रत्है ॥ और यहजीवात्मा अद्वितीयआनंदरूपआपणे
स्वरूपकूंभुलायके दुःखी कर्त्ता भोक्ता आपकूंमानैहै यातें अज्ञानरूपनिद्राकरिके जोजोवस्तुदेखताहैसोसर्व स्वप्नहै ॥ तहाँ प्रथम जाग्रत्रू
पस्वप्नकूं निरूपणकरैहैं ॥ वास्तवतैंशुद्धपरमात्मा शब्दस्पर्शादिकबाह्यस्थूलभोगोंकीप्राप्तिवासते अनादिअज्ञानकरिके भोगकाकारणधर्म
अधर्मकूं जिसकालविषे अंगीकारकरैहै ताकानाम जाग्रत्है ॥ तिसजाग्रत्कालविषे वामदक्षिणदोनोंनेत्रोंविषे भगवान् स्त्री पुरुष यादोनों
रूपकरिके प्रगटहोवैहै ॥ तहाँ दक्षिणनेत्रविषेरह्याजोरूप सो अधिकप्रकाशरूपबलवालाहै ॥ यातें भोक्तापुरुषरूपहै ॥ और वामनेत्रविषे
रह्याजोरूप सो अधिकप्रकाशरूपबलवालानहींहै ॥ यातें भोग्यस्त्रीरूपहै ॥ यारीतिसें भोक्ताऔरभोग्यरूपतें परमेश्वरकीउपासनाश्रुतिवि
षेकह्याहै ॥ इसप्रकार व्यष्टिशरीरकेअभिमानकरिके आपणेकूंपरिच्छिन्नमानताहुआ भगवान् वाकादिकसर्वइंद्रियोंकूं अंगीकारकरिके कर्म
केफलकास्वीकाररूपभोगकूं प्राप्तहोताभया ॥ तहाँ बाह्यनानाप्रकारकेभोगोंकूं निरूपणकरैहैं ॥ जिसतें मैंउत्पन्नभयाहूं यहमेरापिताहै ॥
और यहमेरीमाताहै ॥ और यहमेरेभ्राताहैं और यहमेरीभगनियांहैं ॥ और यहमेरेबांधवहैं ॥ और यहमेरेभृत्यहैं ॥ और यहमेरीस्त्रियां
हैं ॥ और यहमेरेपुत्रहैं ॥ और यहमेरीपुत्रियांहैं ॥ और यहमेरेमित्रहैं ॥ और यहमेरेशत्रुहैं ॥ और यहमेरेउदासीनहैं ॥ मित्रऔरशत्रुभाव
तैंरहितकानाम उदासीनहै ॥ और यहमेरेनियामकहैं ॥ धर्ममर्यादाविषेजोस्थापनकरैताकूं नियामककहैहैं ॥ जैसे पितागुरुराजादिकहैं ॥
और यहमेरेऋत्विकहैं॥यज्ञकेकरावणेहारेब्राह्मणोंकूं ऋत्विक्कहैहैं॥और यहमेरेगुरुहैं॥और यहस्त्रीहै॥और यहपुरुषहै॥और यहनपुंसकहै ॥इ
सप्रकार चेतनशरीरोंविषे भोगोंकूंकह्या॥अब जड़ोंविषेभोगोंकूंकहैहैं॥यहग्रहमेरेहैं॥और यहभूमिमेरीहै॥औ यहअन्नमेरेहैं॥और यहसुवर्णमेराहै
और यहपशुमेरेहैं ॥ और यहवस्त्रमेरेहैं ॥ और यहभूषणमेरेहैं ॥ और यहसिंहासनमेराहै ॥ और यह सुंदरहै ॥ और यह असुंदरहै ॥ यहै
अधिकहै ॥ यह थोड़ाहै ॥ यह समीपहै ॥ यह दूरहै ॥ अब ज्ञानकर्मइंद्रियोंकाविषयरूपभोगोंकूं निरूपणकरैहैं ॥ यहशब्दहैं ॥
और यहस्पर्शहैं ॥ और यहगंधहैं ॥ और यहरसहैं ॥ और यहरूपहैं और यहशब्द कहणेयोग्यहैं ॥ और यह हस्तोंकरिकेम

हणकरणेयोग्यहैं ॥ और यह पादोंकरिकेचलनेयोग्यहैं ॥ और यह आनंदहै ॥ और यह मलादिकोंकेपरित्यागहैं ॥ अब जिसकरिकेवि षय बंधनपुरुषकूंकरैहैं ताभोगकूं कहैहैं ॥ यह हमारेसुखकेकारणहैं ॥ और यह हमारेदुःखकेकारणहैं ॥ अब विषयोंकेफलरूपभोगकूं कहैहैं ॥ यह सुखहै ॥ और यह दुःखहै ॥ अब कालभोगकूंकहैहैं ॥ यह पूर्वहोताभया ॥ और यह वर्तमानहै ॥ और यह आगेहोवेगा ॥ इसप्रकार ॥ आपणेविषे स्वामीपणेकाअध्यासरूप जेबाह्यभोगहैं ॥ ताकूं कथनकऱ्या ॥ अब तादात्म्यअध्यासरूपशरीरके भोगोंकूं कहैहैं ॥ मैं पुरुषहूं ॥ और मैं स्त्रीहूं ॥ और मैं नपुंसकहूं ॥ और मैं मनुष्यहूं ॥ और मैं पशुहूं ॥ और मैं जरायुजहूं ॥ और मैं स्वेदजहूं ॥ और मैं उद्भिजहूं ॥ और मैं अंडजहूं ॥ इसप्रकार शरीरविषेस्थित जेअन्नकेपरिणामसंपूर्णविकार ॥ तिनविकारोंकूं अज्ञानरूपनिद्राकरिकेसोयाहुआआत्मामायाकरिके आपणास्वरूपमानेहै ॥ और वास्तवतैंतो देशकालवस्तुपरिच्छेदतैंरहितहै ॥ अब शरीरकेधर्मोंकाअध्यास निरूपणकरैहैं ॥ मैं बालकहूं और मैं जवानहूं ॥ और मैंवृद्धहूं ॥ और मैंरोगीहूं ॥ और मैंरोगरहितहूं ॥ और मैंरूपवान्हूं ॥ और मैंकुरूपहूं ॥ और मैं शास्त्रविहितआचरणवालाहूं ॥ और मैं शास्त्रनिषिद्धआचरणवालाहूं ॥ याप्रकार देहकेधर्मोंकूं आत्माविषे अज्ञानकरिकेमानेहैं ॥ अब चारिवर्णोंका और चारिआश्रमोंका आत्माविषे अध्यास निरूपणकरैहैं ॥ मैंब्राह्मणहूं ॥ और मैंक्षात्रियहूं ॥ और मैंवैश्यहूं ॥ और मैंशूद्रहूं ॥ और मैंब्रह्मचारीहूं ॥ और मैंगृहस्थहूं ॥ और मैंवानप्रस्थहूं ॥ और मैंसंन्यासीहूं ॥ याप्रकार वर्णआश्रमकेसाथ अध्यासहुये पश्चात्तिसतिसवर्णआश्रमके जेअवांतरजातियां और धर्म और तिस तिसदेशके आचार यहसंपूर्णदेहधर्मोंकूं अज्ञानकरिके आपणेविषे मानताहै ॥ जैसे ब्राह्मणत्वजाति दशप्रकारकेब्राह्मणोंविषेरहैहै ॥ और एकएकब्राह्मणविषे रहीहुईजेगौडत्वद्राविडत्वादिकजातियां ते अवांतरजातियांहैं ॥ और दक्षिणदेशविषे मातुलीकन्याकेसाथिविवाह ॥ और गुजरातदेशविषे मरेसैंपीछे सर्वसंबंधियोंकामिलिकेभोजन ॥ और मारवाड़मैं चर्मपात्रकेजलकाग्रहण ॥ यह देशोंकेआचारहैं ॥ अब इंद्रियोंकेधर्मोंका अध्यास आत्माविषे निरूपणकरैहैं ॥ मैंअधिकदृष्टिवालाहूं और मैंमंददृष्टिवालाहूं ॥ इत्यादिक इंद्रियोंकेधर्म आपणे

विषे मानताहै ॥ काहेतैं मैंअंधहूं मैंकाणाहूं मैंबधिरहूं इत्यादिकवचनोंकरिकै अंतरअध्यासकूं प्रकटकरैहै ॥ इहां यहतात्पर्यहै ॥ जिस वस्तुकूं मनकरिकेध्यानकरताहै ॥ तिसवस्तुकूं वाक्इंद्रियकरिकेकथनकरैहैं ॥ यहनियम शास्त्रविषेकह्याहै ॥ और यहपुरुष मैंअंधहूं मैंकाणाहूं ऐसाकथनकरैहैं ॥ सोकथन चक्षुइंद्रियादिकोंकेसाथि आत्माकेअध्यासतैंविना सिद्धहोवैनहीं ॥ यातैं मैंअंधहूं इत्यादिककथन पुरुषोंकेभीतरअध्यासका अनुमानकरावैहै ॥ यहरीति सर्वअध्यासविषेजानणी ॥ और व्यापकआत्माकूं परिछिन्नमानणा यह देहादिकअध्यासतैंविना बनैंनहीं ॥ काहेतैं यहपुरुष एकदेहकाअभिमानकरिकै दूसरेदेहकाअभिमान नहींकरता ॥ जैसे मैंब्राह्मणत्वजातिवालाहूं ॥ और क्षत्रियत्वजातिवाला मैंनहींहूं ॥ और ब्राह्मणत्वजातिवाले जेदूसरेब्राह्मणहैं तेभी मैंनहींहूं ॥ किंतु ते मेरेसैंभिन्नहैं ॥ यहपरिच्छिन्नपणाभी देहादिकोंकेअध्यासकूं बोधनकरैहै ॥ और अहं याशब्दकालक्ष्यअर्थ शुद्ध आत्माहै ॥ और अहं यावृत्तिज्ञानका विषयभी शुद्धआत्माहै ॥ सोआत्मा अहं याशब्द और ज्ञानतैं वास्तवतैंभिन्नहै ॥ काहेतैं शब्द और ज्ञानतैं अर्थ भिन्नहोवैहै ॥ इसप्रकार आत्माके बोधकअहंशब्दका आत्मसाक्षात्कारतैंरहितपुरुष देहादिकअर्थ मानैंहै ॥ और आत्मविषयक अहं याज्ञानकाभी देहादिकविषयमानैंहैं ॥ याकहणेतैं यह अर्थसिद्धभया ॥ अन्यवस्तुकेवाचकशब्दका अन्यवस्तुविषे कथनकरणा यह अध्यासतैंविना होवैनहीं ॥ जैसे रजतरूप अर्थकेवाचक रजतशब्दका सन्मुखशुक्तिविषे यह रजतहै ऐसाकथन रजत अध्यासतैंविना होवैनहीं ॥ तैसे यहपुरुषभी आत्माकेवाचक अहं शब्दका देहादिकोंविषे अहंगौरः ऐसाकथनकरैहै ॥ यातैं शरीरादिकोंविषे अहं शब्दकाकथन मैंगौरहूं याप्रकारकेज्ञानोंको भ्रमरूपता सिद्धकरैहै ॥ इसप्रकार देहादिकोंकेसाथि तादात्म्य अध्यासकरिकै आत्माविषे भेदज्ञानका निरूपणकर्‍या ॥ अब ताअध्यासकरिकै बाहरिवस्तुवोंकूं विषयकरणेहारे भेदज्ञानकूं निरूपणकरैहैं ॥ यह पिता मेराहै और यह मातामेरीहै ॥ इनतैंभिन्नकोईमेरापिता और मातानहीं हैं ॥ और येदेवताओंकेमंदिर और नदीतीरसैंआदिलैकेवस्तु सर्वलोकोंकेवासतेहैं ॥ इसतैं आदिलेके भेदोंकूं अज्ञानरूपनिद्राकरिकेसोयाहुआ आत्मा स्वप्नकीन्याई देखताहै ॥ और किसीस्थानविषे

विनाहीं कारणतें शोककूंप्राप्तहोवेहै ॥ और किसीस्थानविषे हर्षकूंप्राप्तहोवेहै ॥ अब प्राणोंकेअध्यासकूंजनावणेहारा ॥ जो प्राणोंकेधर्मों
काआत्माविषेअध्यास ताकूंनिरूपणकरेहैं ॥ मैंक्षुधावालाहूं और मैंतृषावालाहूं ॥ याप्रकार प्राणोंकेधर्मक्षुधापिपासाकूं आत्माविषेमानेहै
अब मनकेधर्मोंका आत्माविषे अध्यासदिखावेहैं ॥ काम संकल्प संशय श्रद्धा अश्रद्धा धैर्य अधैर्य लज्जा वृत्तिज्ञान भय
यह श्रुतिविषेकहेजेमनकेधर्म्मते आत्माविषेमानिकरिके यहपुरुष तपायमानहोवेहै ॥ और वास्तवतें तो आत्मा असंगहै ॥ और
निर्गुणहै ॥ औरदेशकालवस्तुपरिच्छेदतेंरहितहै ॥ और आनंदचेतनरूपहै ॥ सोयहीआत्मा आपणेस्वरूपकेअज्ञानकरिके आका
शादिकपंचभूतोंविषे औरताकेकार्यप्रपंचविषे यहवस्तुसमीचीनहै॥औरयहवस्तुअसमीचीनहै इसरीतिसें नानाप्रकारकीभेदबुद्धियोंकूंकरता
हुआ नानाप्रकारकेसुखऔरदुःखोंकूं इसलोकविषे प्राप्तहोवेहै॥यह भेदज्ञानका अवांतरफलहै और मुख्यफलतो श्रुतिविषेकह्याहुआ जन्म
मरणकाप्रवाहहै ॥ और पूर्वकहेजे ज्ञानइंद्रियऔरकर्मइंद्रियोंकेव्यापार॥ और आकाशादिकपंचभूतोंकेव्यापार ॥ और भूतोंकेकार्यप्रपंचके
व्यापार ॥ तिनसर्वव्यापारोंकूंअज्ञानकरिके आपणेविषे आत्मामानेहै ॥ औरपूर्वकहेजितनेजाग्रत्अवस्थाकेज्ञान ॥ तेसंपूर्णअध्यासकरि
केव्याप्तहुयेहैं ॥ यातें सत्‌चित्‌आनंदअनंतरूपआत्माका जोयहजाग्रत्‌है ॥ सोसंपूर्णस्वप्नहै ॥ काहेतें प्रबोधकाजहांअभावहोवे ॥ और
मिथ्यावस्तुकाजहांदर्शन होवे ॥ ताकानामस्वप्नहै ॥ यहस्वप्नकालक्षण जाग्रत्‌विषेभीघटैहै ॥ काहेतें अज्ञानअवस्थाविषे आत्मज्ञानरूप
प्रबोधकाअभावभीहै ॥ और मैंब्राह्मणहूं मैंक्षत्रियहूं औरमैंअंधहूं याप्रकार अनात्मदेहादिकोंकेधर्मोंका आत्माविषेआरोपणरूपमिथ्यादर्श
नभीहै ॥ यातें जाग्रत् स्वप्नरूपहै ॥ अब याअर्थकूं लोकप्रसिद्धितेंभीस्पष्टकरेहैं ॥ जोपुरुष चक्षुइंद्रियसेंआदिलेकेजितनीप्रत्यक्षज्ञानकी
सामग्रीहै तिससामग्रीकरिकेयुक्तहोवे ॥ और सोपुरुष जभीघटादिकवस्तुवोंकूं घटादिरूपकरिकेनजाणे ॥ किंतु घटादिकोंकूं पटादिरूप
करिकेजाणे ॥ ताभ्रांतपुरुषकूं जाग्रत्‌अवस्थाविषेभी लोक सोयाहुआकहेहैं ॥ यातें यालोकव्यवहारतेंभी विपरीतदर्शनकानामस्वप्नप्रसिद्ध
होवेहै ॥ सोलक्षण जाग्रत्‌विषेभी पूर्वकहीरीतिसेंघटैहै ॥ याप्रकार यहआनंदरूपआत्माभी विपरीतदर्शनकरिकेविशिष्टहै यातें ताका

जाग्रत्भी स्वप्नरूपहै यद्यपि स्वप्नविषे इंद्रियोंकीउपरामताहोवैहै ॥ सोउपरामता जाग्रत्‌विषेहैनहीं ॥ तथापि मिथ्यादर्शनरूपधर्म जाग्रत् स्वप्नविषेसमानहै ॥ यातैं जाग्रत्भी स्वप्नरूपहै ॥ इसप्रकार मिथ्याजाग्रत्अवस्थाकानिरूपणकिया ॥ अब स्वप्नअवस्थाकानिरूपणकरैहैं॥ याप्रकार जाग्रत्अवस्थाविषे नानाप्रकारकेस्वप्नोंकूंदेखिकरिके इंद्राणीसहितपरमात्मारूपइंद्र दूसरास्थानजोहृदयकमलकेदलहैं ताविषे प्रवेशकरताभया यहाँ आत्माविषेकर्ताभोक्तापणेकीउपाधिजोबुद्धिहै ताकानाम इंद्राणीहै ॥ तास्थानविषे इंद्रऔरइंद्राणीकेसमीप पूर्वपूर्वक र्मोंकेअनुसारकरिके नटकीन्याई अनंतप्रकारकेआपणेरूपोंकूं मन दिखावैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ सोमन ज्ञानाकार औरविषयाकार परिणामकूं प्राप्तहोवैहै ॥ और अनंतजन्मोंविषेउत्पन्नभये जेपदार्थोंकेसंस्कार ॥ तिनोंकरिकैमनयुक्तहै ॥ याकारणतैं मनविषे ऐसासामर्थ्यहै ॥ अब प्रसिद्धजाग्रत्‌तें स्वप्नविषे इंद्रियोंकीउपरामतारूपविलक्षणता दिखावैहैं ॥ तिसस्वप्नअवस्थाविषे मनकरिकेउत्पन्नकिये जेनानाप्रकारके कार्यरूपस्वांगहैं ॥ तिनोंकूं परमात्मारूपइंद्र देखैहै॥कैसापरमात्माहै ॥ ज्ञानकर्मइंद्रियोंतैंरहितहै॥और जाग्रत्‌केसंस्कारकरिकेविशिष्टहै ॥ और स्वप्नभोगकेदेणहारेकर्मोंकरिकेविशिष्टहै ॥ यास्थानविषे दोप्रक्रिया शास्त्रविषेकहीहैं ॥ स्वप्नविषे मनहीं रथादिकविषयाकार और ज्ञानाकार परिणामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ ऐसा कोईकग्रंथकार मानैहैं ॥ औरकोईकग्रंथकारतो ॥ मनविषेरहीजेवासना ताकरिकेविशिष्टअज्ञानही स्वप्नविषे रथादिविषयाकार औरज्ञानाकार परिणामकूंप्राप्तहोवैहै ऐसा मानैहैं ॥ अब जाग्रत्‌तें दूसरीभीविलक्षणता स्वप्नविषेदिखावैहैं ॥ तास्वप्नअवस्थाविषे द्रष्टा आपणेस्वरूपविषे और दृश्यपदार्थोंविषे स्वरूपनियमदेशनियम कालनियम कारणनियम इनचारिप्रकारके नियमोंकेअभावकूं देखताहै ॥ अब दृश्यपदार्थोंविषे स्वरूपनियमके अभावकूं निरूपणकरैहैं ॥ स्वप्नविषेप्रतीतभयाजोहस्ती ॥ सो क्षणपीछे वृक्षहोइकेप्रतीतहोवैहै ॥ और सोवृक्ष क्षणपीछे पर्वतहुआप्रतीतहोवैहै ॥ और सोपर्वत क्षणपीछे तृणहुआप्रतीतहोवैहै ॥ इसप्रकार स्वप्नविषे दृश्यपदार्थोंकेस्वरूपका नियमहोवैनहीं ॥ अब द्रष्टाविषे स्वरूपनियमकेअभावकूं निरूपणकरैहैं ॥ इसप्रकार स्वप्नविषे ब्राह्मणद्रष्टा क्षणसैंपीछे आपकूं शूद्रहुआदेखैहै ॥ और क्षणसैंपीछे आपकूंपशुहुआदेखैहै ॥ और कहीं क्षणसेपीछे

आपकूंदेवताहुआदेखैहै ॥ और कहींक्षणसैंपीछेआपकूं महाराजाहुआदेखैहै ॥ याप्रकारद्रष्टाकेस्वरूपविषेभी नियमका अभावहै ॥ अब स्वप्नविषे देशनियमकेअभावकूंदिखावैहैं ॥ सूक्ष्मजेस्वप्नवहनामानाडियांहैं ॥ तिनोंविषेस्थितहुआद्रष्टा तासूक्ष्मस्थानविषे समुद्रकूं और सुमेरुपर्वतकूं औरसप्तद्वीपोंकरिकेयुक्तपृथिवीकूं देखैहै ॥ यातैं स्वप्नविषे देशनियमकाभीअभावहै ॥ अब कालनियमके अभावकूं दिखावैहैं ॥ सिहजोऊपरिस्थितहुआयहपुरुष रात्रिविषे सूर्यसहितदिनकूंदेखैहै ॥ यातैं कालनियमकाभी स्वप्नविषे अभावहै ॥ अब कारणनियमके अभावकूं दिखावैहैं॥याभारतखंडविषेस्थितहुआपुरुष यापुरुषशरीरकरिकेही सूर्यचंद्रमाकूं स्वप्नविषे भक्षणकरैहै ॥औरभक्षणका कोई कारणहैनहीं॥काहेतैंवस्तुकेभक्षणमैं तीनकारणहोवैहैं।एकतो भक्षणकरणेयोग्यवस्तुकामुखकेसाथिसंबंध॥औरदूसरामुखकीअपेक्षा करिकेवस्तुविषेस्वल्पता॥और तीसरा भोक्तापुरुषकासामर्थ्य॥इनतीनोंकारणोंकाअभावहै॥ तौभी स्वप्नविषेपुरुष सूर्यचंद्रमाकूंभक्षणकरैहै और स्वप्नविषे रथकेकारण तक्षा काष्ठ वास्यादिकोंका अभावहै॥तौभी संकल्पमात्रतैं रथकूंउत्पन्नकरैहै॥यातैं कारणकाभी स्वप्नविषेनियमनहीं ॥ इसीवासतैंमायातैंविना स्वप्नकाकोईकारणहैनहीं॥ किंतु मायाही ताकाकारणहै॥यातैं श्रुतिकेतात्पर्यजानणेहारे व्यासभगवान्आदिकोंनैं स्वप्नकूं मायामात्रकह्याहै ॥ अब सुषुप्तिअवस्थारूपतीसरेस्वप्नकूंनिरूपणकरैहैं ॥ सोइंद्ररूपआत्मा स्वप्नकूंदेखिकरिके अथवाजाग्रत्कूंदेखिकरिके इंद्राणिकरिकेसहित ॥ तीसराजोहृदयकमलकेअंतरआकाशरूपस्थानहै ताविषे प्रवेशकरताभया ॥ यहांयहतात्पर्यहै ॥ जाग्रत्तैं उत्तरकालमैं स्वप्नहोवैहै ॥ और स्वप्नतैंउत्तर सुषुप्तिहोवैहै ॥यहनियमनहींहै॥ काहेतैं कभी तो जाग्रत्तैंउत्तर सुषुप्तिहोवैहै ॥ और सुषुप्तितैं उत्तरस्वप्नहोवैहै ॥ और कभी जाग्रत्तैंउत्तर स्वप्नहोवैहै॥ और स्वप्नतैंउत्तर सुषुप्तिहोवैहै॥और तिसहृदयआकाशविषे भोग्यरूप इंद्राणीकूंआलिंगनकरिके ताइंद्राणीकेसाथि अभेदकूंप्राप्तहोवैहै॥तात्पर्ययह॥तहां भोक्ताभोग्यपणा भिन्नहोइकेप्रतीतहोवैनहीं ॥शंका॥हेभगवन् सुषुप्तिविषे यद्यपि अज्ञानकाकार्यरूपभोग्यनहींहै॥तथापि अज्ञानरूपभोग्य तहांहै॥यातैं भोक्ताभोग्यकाअभेद बनैंनहीं ॥ समाधान॥ सुषुप्तिविषे आवरणरूपमायाकूं यहद्रष्टा देखताहुआभी नहींदेखैहै ॥ यहांयहतात्पर्यहै जैसैं दीपकरैं अंधकारकाज्ञानहोवैनहीं ॥ तैसैं

किसीप्रमाणसैं अज्ञानकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ किंतु साक्षीचेतनकरिकैंही अज्ञानकीसिद्धिहोवैहै ॥ सोसाक्षी सुषुप्तिअवस्थाविषेभीहै ॥ यातैं द्रष्टाचेतन सुषुप्तिविषे अज्ञानकूंदेखैहै ॥ और सुषुप्तितैंजाग्रत्हुआपुरुष मैंकछुनहींजाणताभया ऐसाअज्ञानकास्मरणकरैहै और जोजो स्मृतिज्ञानहोवैहै ॥ सोसो पूर्वअनुभवकरिकेजन्यहोवैहै यहनियमहै ॥ यातैं मैंकछुनजानताभया ऐसाजो जाग्रत्विषेअज्ञानकास्मरणहै ॥ सोस्मरणसुषुप्तिविषे अज्ञानकेअनुभवकूंसिद्धकरैहै ॥ यारीतिसैं सुषुप्तिविषे सामान्यतैंअज्ञानकूंदेखताहुआभी स्पष्टकरिके अज्ञानकूंनहींदेखता ॥ यातैं सुषुप्तिविषे भोक्ता औरभोग्यका अभेदकह्याहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् जबी अज्ञानरूपआवरण सुषुप्तिविषे स्पष्टनहींहै ॥ तबी प्रतिबंधककेअभावहोणेतैं यहपुरुष आपणेस्वरूपकूं सुषुप्तिविषेजाणेगा ॥ यातैं सुषुप्तिमात्रकरिकैही सर्वजीवोंकामोक्ष होणाचाहिये ॥ समाधान ॥ सुषुप्तिअवस्थाविषे यहद्रष्टा अद्वितीयआनंदरूपआपणेस्वरूपकूं जाणतानहीं ॥ काहेतैं सुषुप्तिविषे विशेषज्ञानकाअभावहै ॥ तात्पर्ययह ॥ सुषुप्तिविषे प्रतिबंधकका यद्यपिअभावहै ॥ तथापि शास्त्रऔरगुरुसैंआदिलेकेज्ञानकीसामग्री तहाँहैनहीं यातैं सुषुप्तिविषे मोक्षकासाधनआत्मज्ञान होवैनहीं॥और सुषुप्तिविषे आपणेस्वरूपकाअज्ञान विद्यमानहै॥याकारणतैं आत्मसाक्षात्कारकेअभावहोणेतैं और साक्षीभाष्यमिथ्याअविद्याकीविद्यमानताहोणेतैं सुषुप्तिस्वप्नरूपहै ॥ ऐसा श्रुतिविषेकथनकऱ्याहै ॥ काहेतैं प्रबोधका जहाँअभावहोवै ॥ और मिथ्यावस्तुकादर्शनहोवै ॥ सो स्वप्नकहियेहै ॥ यह पूर्वकह्यास्वप्नकालक्षण सुषुप्तिविषेभीघटैहै ॥ इसप्रकार जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति यहतीनहैं स्वप्नजाके ॥ और चक्षु हृदयकमळ औरहृदयकमळकेअंतरआकाश यह तीनहैंगृहजाके ॥ अथवा पिताकाशरीर औरमाताकाशरीर पुनःपिताकाशरीर यहतीनहैंगृहजाके ॥ और याशरीररूपद्वारवतीपुरीविषे स्थितिहै जाकी ॥ और देहादिकोंविषेहै अहंममअभिमानजाका ॥ और अहंममअभिमानरूपजन्मकूंप्राप्तभया ॥ ऐसाजोपरमात्मादेवहै ॥ सो गुरोंकीकृपा करिके अज्ञानरूपनिद्रातैंजाग्रत्हुआ ऐसाविचारकरताभया ॥ वास्तवतैं उत्पत्तितैंरहित मैंपरमात्मा जिनपंचभूतोंतैं विशेषरूपकरिकेप्रगटभयाहूं ॥ तेयहआकाशादिकपंचभूत मेरेपरमात्माकेउपाधिरूपकरिकेउत्पन्नभयेहैं ॥ कैसेयहपंचभूतहैं

शरीरादिकभेदकरिकै अनंतप्रकारकेहैं ॥ और संक्षेपतैं दोप्रकारकेहैं ॥ कोई जड़रूपहैं और कोई अजड़रूपहैं ॥ तहाँ भोग्यरूपकरिकेजड़
हैं ॥ और भोक्तारूपकरिकेअजड़हैं ॥ अब भूतोंविषेभोग्यपणा औरभोक्तापणा स्पष्टकरिकैनिरूपणकरैंहैं ॥ तहाँ बाह्यआकाशादिकपंचभू
त स्थावरजंगमोंकरिकै केवलभोग्यहैं ॥ और वृक्षादिकस्थावरोंका तथामनुष्यादिकजंगमोंका परस्परभोक्ताभोग्यपणा नियमसैंनहींहै ॥
कभी स्थावर भोक्ताहोवैहैं॥और जंगम भोग्यहोवैहैं॥और कभी स्थावर भोग्यहोवैहैं॥और जंगम भोक्ताहोवैहैं॥यहाँजोउपकारकरै सो भोग्य
कहियेहै॥और जापरिउपकारकरिये सोभोक्ताकहियेहै॥जैसे मनुष्यादिक जलकासिंचनरूपउपकार वृक्षोंऊपरिकरैंहैं॥यातैं मनुष्यादिकजंग
म भोग्यहैं ॥ और वृक्षादिकस्थावर भोक्ताहैं ॥ और वृक्षादिकछायाकाष्ठफलादिकोंकीप्राप्तिरूपउपकार मनुष्यादिकोंऊपरिकरैंहैं ॥ या
तैं मनुष्यादिकजंगम भोक्ताहैं ॥औरवृक्षादिकस्थावर भोग्यहैं ॥ यह सर्वजनोंकूंप्रसिद्धहै ॥ इसप्रकार भोक्तारूपऔरभोग्यरूप
सैं दोप्रकारकाप्रपंचहै यह पूर्वकह्या ॥ अब विचारकरिकेदेखियेतो मेरेचेतनविषेही भोक्ता और भोग्यपणा घटताहुआ मेरे अद्वितीय
ताकूं बोधनकरैहै याअर्थकूं निरूपणकरैंहैं ॥ जड़वस्तुवोंकूं भोक्तापणा तीनकालविषेबनैनहीं ॥ काहेतैं जो कर्ताहोवैहै ॥ सोईही भोक्ता
होवैहै ॥ जड़वस्तुवोंकूं भोगरूपक्रियाका कर्तापणाहैनहीं ॥ यातैं भोक्तापणाभी जड़वस्तुवोंकूं बनैनहीं ॥ यहाँ यह तात्पर्य है ॥ यह
वस्तु मेरेसुखकासाधनहै ॥ यहवस्तु मेरेदुःखकासाधनहै ॥ याप्रकारकेज्ञानकानामभोगहै ॥ सो चेतन आत्माविषेहीघटैहै ॥ काहेतैं
सर्वजड़वस्तु चेतनआत्माकेसुखकेसाधनहैं ॥ जड़वस्तु जड़केसुखकासाधनहोवैनहीं ॥ यातैं भोगकाआश्रयरूपभोक्ता आत्माहै ॥ और
भोगरूपक्रियाकाकर्ताभी जड़वस्तुहोवैनहीं ॥ काहेतैं स्वतंत्रकानामकर्ताहोवैहै ॥ सोस्वतंत्रता आत्मातैंभिन्नजड़वस्तुमे बनैनहीं ॥
यातैं कर्ताभी-आत्माहीहै ॥ याअर्थकूंपूर्वनिरूपणकरिआयेहैं ॥ अब जड़वस्तु भोग्यभीनहीं याअर्थकूंनिरूपणकरैंहैं ॥ यहवस्तु मेरे
सुखकासाधनहै .या अंतःकरणकीवृत्तिविषेआरूढजोफलचेतनताकीआश्रयतारूपभोग्यताभी जड़वस्तुविषे बनैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥
चेतनजड़केसंबंधकूंकरणेहाराजोअज्ञानहै सो विचारकालविषेनिवृत्तहोवैहै ॥ यातैं यहवस्तु मेरेसुखकासाधनहै या अंतःकरणकीवृत्तिविषे

आरूढजोफलचेतनरूपप्रकाश सो मैं आत्माहूं ॥ मेरेतैंभिन्न कोईप्रकाशरूपनहीं ॥ और अंतःकरणकीवृत्तिविषेजोप्रकाशहै ॥ सोभी मेरेपरामत्माकेसंबंधसैंहै ॥ स्वतंत्र अंतःकरणकीवृत्तिविषेप्रकाशनहींहै ॥ जैसे सूर्यकेप्रतिबिंबकूंग्रहणकरिकेही दर्पण भित्तिआदिकों कूंप्रकाशैहै ॥ सोदर्पण आपप्रकाशरूपनहींहै ॥ तैसैं बुद्धिभी परमात्माकेप्रकाशकूंपाइके प्रकाशैहै ॥ यहपूर्वकहआयेहैं ॥ यातैं समष्टि व्यष्टिदेहोंका मैंपरमात्मा प्रकाशकहूं ॥ और संपूर्णदृश्य मेरेअधीनहै ॥ जैसे महाराजाकीसभाविषे राजाकीआज्ञाकेविना कोईपुरुष स्वतंत्र वचनउच्चारणकरैनहीं ॥ तैसे हमुपरमात्माकरिकैरहित ॥ कोईदृश्यवस्तु स्वतंत्र वचनकूंनहींकहैहै ॥ अब आत्मातैंभिन्नसर्व अनिर्वचनीयहै याअर्थकूं निरूपणकरैहैं॥तीनपरिच्छेदोंसेरहितशुद्धकूटस्थविषे भोक्ताभोग्यस्वरूपप्रपंचकल्पितहै॥ काहेतैं शुद्धपरमात्माके अज्ञानकरिके संपूर्णजगत्उत्पन्नभयाहै ॥ जैसे रज्जुकेअज्ञानतैंप्रतीतभयाजोसर्प सो कल्पितहै ॥ तात्पर्ययह ॥ मेरेतैंभिन्नकरिके किसी वस्तुकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ यद्यपि श्रुतिवचनतैंही प्रपंचविषेमिथ्यापणासिद्धहै ॥ तथापि असंभावनाकीनिवृत्तिवासते प्रपंचकाक्यास्वरूप है ऐसा युक्तिसैंभीविचारकऱ्याचाहिये ॥ तात्पर्ययह ॥ श्रुतिओरगुरुनैं बलात्कार सें मेरेकूं प्रपंचमेमिथ्यापणा अंगीकारकरायाहै ॥ ऐसा जो वादीकेचित्तविषेपश्चात्ताप ताकीनिवृत्तिवासते युक्तिसैं अवश्यप्रपंचमेमिथ्यापणासिद्धकरणा ॥ तहां प्रपंचका क्यास्वरूपहै ॥ नाम रूप क्रिया इनतीनोंकेसमुदायकानाम प्रपंचहै ॥ अथवा एकएकनामादिकोंकानाम प्रपंचहै ॥ तहां प्रथमपक्षबनेनहीं ॥ काहेतैं सोस मुदाय नामरूपक्रियातैंभिन्नहै अथवाअभिन्नहै ॥ तहां भिन्नपक्षतावनैंनहीं ॥ काहेतैं नामरूपक्रियातैंभिन्नसमुदायकास्वरूप दीसैनहीं ॥ और दूसराअभिन्नपक्षभीबनैंनहीं ॥ काहेतैं एकएकनामादिकोंविषे समुदायव्यवहार और प्रपंचव्यवहार होणाचहिये॥औरहोवैनहीं॥याअर्थ कूं देहकेखंडनप्रसंगमें विस्तारतैंनिरूपणकरिआयेहैं॥यहां नाम यापदकरिके शब्दकाग्रहणकरणा॥ और रूप यापदकरिके इंद्रियजन्यज्ञान केविषयभूतअर्थकाग्रहणकरणा॥और क्रिया यापदकरिके कर्मकाग्रहणकरणा॥अब नामरूपक्रियाकेसमुदायकानामप्रपंचहै याप्रथमपक्षवि षेदूसरे दूषणकहणेवासते विकल्पकूंकरैहैं ॥ सोनामरूपक्रियाभी नामरूपक्रियास्वरूपहै॥अथवानहींहै॥तहां अंत्यपक्षतोबनेनहीं ॥ काहेतैं

नामरूपक्रियाकूं जो नामरूपक्रियास्वरूपनहींमानोंमे ॥ तो नामरूपक्रियाकूं अप्रपंचरूपता प्राप्तहोवैगी ॥ तात्पर्ययह ॥ प्रपंचस्वरूप नामरूपक्रियाकूं प्रपंचसैंबाध्यमानपणेमैं एकतो व्याघातदोष प्राप्तहोवैहै ॥ और दूसरा श्रुतिसैंविरोधहोवैहै ॥ और नामरूपक्रिया नाम रूपक्रियास्वरूपहैं ॥ यहप्रथमपक्षभीबनैनहीं ॥ काहेतें नामरूपक्रियाकूं एकएककूं नामरूपक्रियास्वरूपताहै ॥ अथवा एकएककूं एकएकरूपताहै ॥ यादोनोंविकल्पोंकातात्पर्ययहहै ॥ एकनाम नामरूपक्रियास्वरूपहै ॥ और एकरूप नामरूपक्रियास्वरूपहै ॥ और एकक्रिया नामरूपक्रियास्वरूपहै ॥ अथवा नाम नामस्वरूपहै ॥ और रूप रूपस्वरूपहै ॥ और क्रिया क्रियास्वरूपहै ॥ तहाँ प्रथम पक्षतोबनैनहीं ॥ काहेतें एकएकनामादिकोंकूं नामरूपक्रिया यहतीनरूपताविषे अनुभवकाअभावरूप प्रथमदूषणहै ॥ तात्पर्ययह ॥ एकनाम नामरूपक्रियारूपतैंप्रतीतहोवैनहीं ॥ तैसे रूप और क्रियाभी नामरूपक्रियास्वरूपतैंप्रतीतहोवैनहीं ॥ और एकएकनामादिक नामरूपक्रियास्वरूपहैं ॥ याप्रथमपक्षविषे अनवस्थादूषणहैकारणजिनोंका ऐसेजे प्रागलोप विनगमनाविरह प्रमाणापगम यहतीनदूषणहैं इनसर्वदूषणोंकासमुदायरूप दूसरादूषणभी प्राप्तहोवैहै ॥ अब तिनदूषणोंकानिरूपणकरैहैं ॥ भेदकूंसहारणेहाराजोअभेद ॥ सोतादा त्म्यसंबंधकहियेहै ॥ सोतादात्म्य दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतो द्रव्यऔरगुणका क्रिया औरक्रियावान्का जातिऔरव्यक्तिकाअवयव और अवयवीका विशेषऔरनित्यद्रव्योंका समवायसंबंध नैयायिकमानैहैं ॥ तासमवायसंबंधकेस्थानमैं वेदांतशास्त्रविषे तादात्म्यसंबंध मानैहैं ॥ यास्थानविषे द्रव्यगुणादिकोंका अभेदतो वास्तवहोवैहै ॥ और भेद कल्पितहोवैहै ॥ यहवार्तापूर्व कहिआयेहैं ॥ और पूर्वकहेजेद्रव्यऔर गुणादिक ॥ तिनोतैंभिन्नस्थानविषे दूसरातादात्म्यहोवैहै ॥ जैसे दूरदेशविषेस्थितभिन्नभिन्नवृक्षोंका पुरुषकूं तादात्म्य प्रतीतहोवैहै ॥ यास्थानविषे वृक्षोंकापरस्परभेदतो वास्तवहै ॥ और अभेद कल्पितहै ॥ यादोप्रकारकेतादात्म्यकहणेतें यहअर्थसिद्ध भया ॥ नामरूपक्रियाएकएककूं प्रथमतादात्म्यसंबंधकरिकेतो नामरूपक्रियास्वरूपताहैनहीं ॥ किंतु दूसरेतादात्म्यसंबंधकरिके नामरू पक्रियास्वरूपताहै ॥ यातें जैसे वाक्इंद्रियविषेस्थितनामका बाह्यघटादिकोंकेसाथितादात्म्यविषे नामऔरघटादिकोंका परस्परभेद

नामरूपक्रियाकूं जो नामरूपक्रियास्वरूपनहींमानोंगे ॥ तो नामरूपक्रियाकूं अप्रपंचरूपता प्राप्तहोवेगी ॥ तात्पर्ययह ॥ प्रपंचस्वरूप नामरूपक्रियाकूं प्रपंचसैंबाह्यमानणेमैं एकतो व्याघातदोष प्राप्तहोवैहे ॥ और दूसरा श्रुतिसैंविरोधहोवैहे ॥ और नामरूपक्रिया नाम रूपक्रियास्वरूपहैं ॥ यहप्रथमपक्षभीबनेनहीं ॥ काहेतैं नामरूपक्रियाकूं एकएककूं नामरूपक्रियास्वरूपताहे ॥ अथवा एकएककूं एकएकरूपताहे ॥ यादोनोंविकल्पोंकातात्पर्ययहहे ॥ एकनाम नामरूपक्रियास्वरूपहे ॥ और एकरूप नामरूपक्रियास्वरूपहे ॥ और एकक्रिया नामरूपक्रियास्वरूपहे ॥ अथवा नाम नामस्वरूपहे ॥ और रूप रूपस्वरूपहे ॥ और क्रिया क्रियास्वरूपहे ॥ तहाँ प्रथम पक्षतोबनैंनहीं ॥ काहेतैं एकएकनामादिकोंकूं नामरूपक्रिया यहतीनरूपताविषे अनुभवकाअभावरूप प्रथमदूषणहे ॥ तात्पर्ययह ॥ एकनाम नामरूपक्रियारूपतैंप्रतीतहोवेनहीं ॥ तैसे रूप और क्रियाभी नामरूपक्रियास्वरूपतैंप्रतीतहोवैंनहीं ॥ और एकएकनामादिक नामरूपक्रियास्वरूपहैं ॥ याप्रथमपक्षविषे अनवस्थादूषणहेकारणजिनोंका ऐसेजे प्रागलोप विनगमनाविरह प्रमाणापगम यहतीनदूषणहैं इनसर्वदूषणोंकासमुदायरूप दूसरादूषणभी प्राप्तहोवैहे ॥ अब तिनदूषणोंकानिरूपणकरैहैं ॥ भेदकूंसहारणेहाराजोअभेद ॥ सोतादा त्म्यसंबंधकहियेहे ॥ सोतादात्म्य दोप्रकारकाहोवैहे ॥ एकतो द्रव्यऔरगुणका क्रिया औरक्रियावान्का जातिऔरव्यक्तिकाअवयव और अवयवीका विशेषऔरनित्यद्रव्योंका समवायसंबंध नैयायिकमानैंहैं ॥ तासमवायसंबंधकेस्थानमैं वेदांतशास्त्रविषे तादात्म्यसंबंध मानैंहैं ॥ यास्थानविषे द्रव्यगुणादिकोंका अभेदतो वास्तवहोवैहे ॥ और भेद कल्पितहोवैहे ॥ यहवार्तापूर्व कहिआयेहैं ॥ और पूर्वकहेजेद्रव्यऔर गुणादिक ॥ तिनोंतैंभिन्नस्थानविषे दूसरातादात्म्यहोवैहे ॥ जैसे दूरदेशविषेस्थितभिन्नभिन्नवृक्षोंका पुरुषकूं तादात्म्य प्रतीतहोवैहे ॥ यास्थानविषे वृक्षोंकापरस्परभेदतो वास्तवहे ॥ और अभेद कल्पितहे ॥ यादोप्रकारकेतादात्म्यकहणेतैं यहअर्थसिद्ध भया ॥ नामरूपक्रियाएकएककूं प्रथमतादात्म्यसंबंधकरिकेतो नामरूपक्रियास्वरूपताहैनहीं ॥ किंतु दूसरेतादात्म्यसंबंधकरिके नामरू पक्रियास्वरूपताहे ॥ यातैं जैसे वाकइंद्रियविषेस्थितनामका बाह्यघटादिकोंकेसाथितादात्म्यविषे नामऔरघटादिकोंका परस्परभेद

वास्तवहै ॥और अभेद कल्पितहै ॥ तैसे नामविषे नामकातदात्म्यअंगीकारकियेहुयेभी प्रथमनामसैंदूसरेनामका वास्तवभेद अंगीकारक
रणाहोवैगा ॥ और तादूसरेनामविषे तीसरेनामकातादात्म्य ॥ तीसरेनामविषे चतुर्थनामकातादात्म्य मानणाहोवैगा॥ याप्रकार अनंतनामों
कीधारामानणेमैं अनवस्यादोषकीप्राप्तिहोवैगी ॥ इसप्रकार रूपक्रियाविषेभी अनवस्थादिकदोषजानणे ॥ जो अनवस्यादोषकूं वादीअंगी
कारकरै ॥ तौ उत्तरउत्तरनामोंकरिकैंहीं अर्थकाज्ञानरूपव्यवहारकोसिद्धिहोवैगी ॥ पूर्वपूर्वनामोंकोव्यर्थतारूप प्राग्लोपदोष प्राप्तहो
वैगा ॥ और अनंतनामोंकरिकैविशिष्टघटविषे किसनामसैं घट याव्यवहारकूंउत्पन्नकर्‌याहै ॥ यह विनगमनाविरहरूप दूसरादूषण हो
वैगा ॥ अनंतअर्थोंविषे एकअर्थकासाधकयुक्तिकानाम विनगमनाहै ॥ विरहनाम अभावकाहै ॥ और एकवस्तुविषे अनंतनामोंकूंविषय
करणेहारा कोईप्रमाणहैनहीं ॥ यातैं प्रमाणापगमरूप तीसरादूषण प्राप्तहोवैगा ॥ अपगमनाम अभावकाहै ॥ यातैं एकएकनामादिकनाम
रूपक्रियास्वरूपहैं ॥ ऐसीवादीकीकल्पना प्रत्यक्षादिकप्रमाणतैं औरश्रुतिप्रमाणतैं रहितहै ॥ काहेतैं प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकरिकै एक
एकनामादिकोंविषे नामरूपक्रियास्वरूपता दीसैनहीं ॥ और श्रुतितोसंपूर्णजगत्‌कूं नामरूपक्रियास्वरूपकहैहै ॥ एकएकवस्तुकूं नामरू
पक्रियास्वरूप श्रुतिकहैनहीं ॥ यातैं एकएकनामादिक नामरूपक्रियास्वरूपनहीं यहसिद्धभया ॥ और नाम नामस्वरूपहै ॥ और रूप
रूपस्वरूपहै ॥ और क्रिया क्रियास्वरूपहै ॥ यादूसरेपक्षविषेभी पूर्वकहेअनवस्थादिकदूषणोंकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं असंगतहै ॥ किंवा ॥
नाम नामस्वरूपहै ॥ यहनियम बनैंनहीं॥काहेतैं श्रोत्रइंद्रियजन्यज्ञानकाविषयहोणेतैं नामकूं रूपस्वरूपताभीबनैहै ॥ इंद्रियजन्यज्ञानकेवि
षयअर्थकूं रूपकहैहैं॥यहपूर्वकहिआयेहैं॥और नाम कभीतोनामस्वरूपहै॥और कभी रूपस्वरूपहै॥यहअनियमभी बनैंनहीं ॥काहेतैं नाम
कीनाम स्वरूपतैंहीं प्रतीतिहोवैहै ॥ रूपस्वरूपतैं नामकी कभीभीप्रतीतिहोवैनहीं॥याकहणेतैं नामरूपक्रियाकासमुदायप्रपंचनहीं॥यापूर्व
कहेपक्षकाभी समाधानजानणा॥अब दूसरेप्रकारतैंभी प्रपंचकीअनिर्वचनीयता निरूपणकरैहैं॥ सोरीतियहहै॥नामरूपक्रियाकेसमुदायकूंप्रपं
चकहैहैं॥तहाँ नामरूपक्रियाकेस्वरूपकी जभीसिद्धिहोवै॥तभी ताकासमुदायरूपप्रपंच सिद्धहोवै॥सोनामरूपक्रियाकेस्वरूपका निर्वचनहो

वैनहीं ॥यातैं तिनोंकेसमुदायरूपप्रपंचकाभी निर्वचनहोवैनहीं ॥ याअर्थकोसिद्धिवासतैं प्रथम विकल्पकूंकरैहैं ॥ नामरूपक्रियाकेसमुदाय कूंप्रपंचकहैहैं ॥ यास्थानविषे नामका क्यास्वरूपहै॥ और रूपका क्यास्वरूपहै॥और क्रियाका क्यास्वरूपहै॥तहाँ शब्दकूं नामकहैहैं ॥ ऐसाजोवादीकहे ॥ तावादीसैं यहपूछाचाहिये ॥ शब्दका क्यास्वरूपहै ॥ ताशब्दकेस्वरूपका तुम निरूपणकरो ॥ तात्पर्य यह ॥ लक्षणऔरप्रमाणकरिकै वस्तुकोसिद्धिहोवैहै ॥ शब्दकूं नामकहैहैं ॥ याप्रकारके केवलकथनसैं वस्तुकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ यातैं शब्दकी सिद्धिवासतैं ताशब्दकेलक्षणकूं तुम कथनकरो ॥ तहाँ वादी शब्दकेलक्षणकूंकहैहै ॥ शंका ॥ शब्दकूंविषयकरणेहारे शब्दऔरज्ञानका जोकारणहोवै ॥ सो शब्दकहियेहै ॥ जैसे घटकूंविषयकरणेहारा यहघटहै ऐसाजोशब्दऔरज्ञान ॥ तादोनोंका घटकारणहै ॥ तैसेशब्दकूं विषयकरणेहारा यहशब्दहै ऐसाजो शब्दऔरज्ञान ॥ तादोनोंका शब्दकारणहै ॥ याशब्दकेलक्षणकूंअतिव्याप्तिदोषकरिकै सिद्धांती खंडनकरैहै ॥ समाधान ॥ जोलक्षण आपणेलक्ष्यविषेभीरहै॥औरलक्ष्यतैंभिन्नअलक्ष्यवस्तुविषेभीरहै॥सोलक्षण अतिव्याप्तिदोषवालाहोवैहै ॥ जैसे शृंगवालीगौहै ॥ यास्थानविषे शृंग लक्षणहै ॥ और गौ लक्ष्यहै ॥ सोशृंगरूपलक्षण आपणालक्ष्यजोगौ ताविषेभी रहैहै ॥ और लक्ष्यतैंभिन्नजोमहिषादिकअलक्ष्य तिनोंविषेभी रहैहै ॥ यातैं सो शृंगरूपलक्षण अतिव्याप्तिदोषवालाहै ॥ तादुष्टलक्षणतैं वस्तुकीसि द्धिहोवैनहीं ॥ तैसे यहशब्दकालक्षणभी अतिव्याप्तिदोषवालाहै॥काहेतैं जैसे यहशब्दहै याप्रकारके शब्द और ज्ञानका शब्द कारणहै ॥ तैसे वंध्यापुत्रहै याप्रकारके शब्द और ज्ञानका वंध्यापुत्रभी कारणहै ॥ यातैं यादुष्टलक्षणतैं शब्दकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ अब दूसरेलक्षणतैं वादी शब्दकीसिद्धिकरैहै ॥ शंका ॥ सत्य अर्थकूंविषयकरणेहारेज्ञानका जोकारणहोवै सो शब्दकहियेहै ॥ वंध्यापुत्रहै याज्ञानका यद्यपि वंध्यापुत्रकारणहै ॥ तथापिवंध्यापुत्रहै यहज्ञान सत्य अर्थकूंविषयकरैनहीं ॥ किंतु असत्यवंध्यापुत्रकूंविषयकरैहै ॥ यातैं वंध्यापुत्रविषे यालक्षणकी अतिव्याप्तिनहीं ॥ और सत्यअर्थकूंविषयकरणेहाराजो घटहै ऐसाज्ञान ॥ ताकाकारण घट ऐसाशब्दहै ॥ यातैं यादोषरहित लक्षणतैं शब्दकीसिद्धिबनैहै ॥ याप्रकारकेवादीकेलक्षणकूं अव्याप्तिदोषकरिकै सिद्धांती खंडनकरैहै ॥ समाधान ॥ जोलक्षण आपणे

लक्ष्यकेएकदेशविषेरहे और एकदेशविषेनरहे॥ सो अव्याप्तिदोषवालाहोवैहे॥जैसे शुक्लरूपवालीगौहे॥यास्थानविषे शुक्लरूप गौकालक्षणहे सो नीलरूपवालीगौविषे रहैनहीं ॥ यातें अव्याप्तिदोषवालाहे ॥ तैसे सत्यअर्थकूंविषयकरणेहारेज्ञानकीकारणतारूपलक्षणभी भेरीआदि कोंकेध्वनिरूपशब्दविषे हैनहीं॥ काहेतें भेरीशब्दतें किसीपुरुषकूं अर्थकाबोधहोवैनहीं ॥ यातें अव्याप्तिदोषवाले यालक्षणतें शब्दकीसि द्धिहोवैनहीं ॥ अभी ध्वनिरूपशब्दविषे अव्याप्तिदोषकेनिवारणवासतें अन्यलक्षणतें वादी शब्दकीसिद्धिकरेहे ॥ शंका ॥ वर्णोंकेसाथि तादात्म्यसंबंधकरिकै जोअर्थज्ञानकीकारणताहे सोशब्दकालक्षणहे ॥ यालक्षणकी ध्वनिरूपशब्दविषे अव्याप्तिनहीं ॥ काहेतें ध्वनिकूं व र्णोंकाअभिव्यंजक मीमांसक मानैंहैं॥यातें ध्वनिका वर्णोंकेसाथितादात्म्यसंबंधहे॥जोवस्तु जाकीप्रतीतिकरावे ॥ सोवस्तु ताकाअभिव्यंज कहोवैहे ॥ यहाँयहतात्पर्यहे॥जैसे नैयायिकोंकेमतमें घटत्वादिकजाति सर्वत्ररहेहे ॥ तोभीताजातिकी सर्वत्र प्रतीतिहोवैनहीं॥किंतु घटादि कव्यक्तिविषेही घटत्वादिकजातिकी प्रतीतिहोवैहे॥यातें घटादिकव्यक्ति घटत्वादिकजातिका अभिव्यंजकहे तायघटादिकव्यक्तिकाघटत्वा दिकजातिकेसाथि तादात्म्यसंबंधहे ॥ तैसे मीमांसक वर्णोंकूंनित्यमानैंहैं॥तानित्यवर्णोंकी सर्वदा प्रतीतिहोणीचहिये॥याशंकाकीनिवृत्तिवा सते ध्वनिकूं अभिव्यंजक मीमांसक मानैंहैं॥ताध्वनिका वर्णोंकेसाथितादात्म्यसंबंधहे॥और वर्णोंकाभी वर्णोंविषे तादात्म्यसंबंधहे॥यातें जैसे वर्णोंकेसाथितादात्म्यसंबंधकरिकै वर्णोंकूं अर्थज्ञानकीकारणताहे॥तैसे वर्णोंकेसाथितादात्म्यसंबंधकरिकै ध्वनिरूपशब्दकूंभी अर्थज्ञा नकीकारणताहे॥यातें यादोषरहितलक्षणतें शब्दकीसिद्धिबनेहे अब यावादीकेलक्षणकूंखंडनकरणेवासते सिद्धांती वादीसेंपूछेहे॥समाधान॥ वर्णोंकेसाथितादात्म्यसंबंधकरिकेसंपूर्णमनुष्योंकेज्ञानकीकारणता शब्दका लक्षणहे॥अथवा जिसमनुष्यकेइंद्रियसेंशब्दकासंबंधहोवे तामनु ष्यकेज्ञानकीकारणता शब्दकालक्षणहे॥तहाँप्रथमपक्ष बनैनहीं॥काहतें वर्णतादात्म्यवालाशब्दभी नियमकरिकै सर्वमनुष्योंकेज्ञानका का रणहोवैनहीं याकारणतेंबधिरमनुष्यविषे और सुषुप्तिवालेविषे और मूर्छावालेविषे और प्रमत्तमनुष्यविषे और रोगीविषे अर्थज्ञानकूं शब्द उत्पन्नकरैनहीं॥ यातें यह लक्षण असंभवदोषवालाहे ॥ जोलक्षण आपणेलक्ष्यविषेरहेनहीं ॥ सो असंभवदोषवालाहोवैहे ॥ जैसे

एकशफवाली गौहै ॥ यास्थानविषे एकशफरूपलक्षण किसीगौविषे रहैनहीं ॥ किंतु अश्वादिकोंविषेरहैहै ॥ तैसे सर्वमनुष्योंकेज्ञानकी कारणता किसीशब्दविषैहैनहीं ॥ और वर्णोंकेसाथितादात्म्यवालाहोवै और जिसमनुष्यकेइंद्रियकेसंबंधवालाहोवै तामनुष्यकेज्ञानकीकारणता शब्दकालक्षणहै ॥ यादूसरेपक्षकेअंगीकारकियेहुये ॥ यद्यपि पूर्वकह्याअसंभवदोष नहींहै ॥ यथापि पर्वतविषेवह्निज्ञानकेकारण धूमादिकोंविषेअतिव्याप्तिरूपदूषणतें यालक्षणकीभी रक्षाहोवैनहीं॥यहां यहतात्पर्यहै ॥ शब्द और अर्थका परस्पर तादात्म्यसंबंधहोवैहै॥ धूमयावर्णोंसें धूमरूप अर्थका तादात्म्यसंबंधहै॥और चक्षुइंद्रियकेसंबंधतें पुरुषोंकेवह्निज्ञा कीकारणतावालाभी धूमहै॥काहेतें धूमकूंनेत्रोंसेंदेखिकरिके पर्वतादिकोंविषेवह्निकाज्ञान पुरुषोंकूंहोवैहै॥यातैंयाशब्दकेलक्षणकीधूमविषे अतिव्याप्तिहोणेतें यालक्षणतेंभी शब्दकीसिद्धिहोवै नहीं ॥अब धूमविषेअतिव्याप्तिदोषकीनिवृत्तिवासते वादी अन्यरीतिसें ताक्षलणकरिके शब्दकीसिद्धिकरैहै ॥शंका॥ वर्णोंकेसाथितादात्म्यसंबंधवालाहोवै और जामनुष्यकेश्रोत्रइंद्रियकेसंबंधवालाहोवै तामनुष्यके अर्थ ज्ञानकीकारणता शब्दका लक्षणहै ॥ यालक्षणकी धूमविषे अतिव्याप्तिनहीं ॥ काहेतें धूमका यद्यपि पूर्वकहीरीतिसें वर्णोंकेसाथितादात्म्यभीहै ॥ औरनेत्रइंद्रियकेसंबंधवालाहुआधूम मनुष्योंकि वह्निज्ञानकाकारणभीहै॥तथापि श्रोत्रइंद्रियकेसंबंधवालाहुवाधूम ज्ञानकाकारणनहीं॥और शब्दतो श्रोत्रइंद्रियकेसंबंधवालाहुआ ज्ञानकाकारण होवैहै ॥ यहां श्रोत्रकासंबंध श्रोत्रइंद्रियजन्यज्ञानकीविषयतारूप जानणा ॥ अब याशब्दकेलक्षणकूंभी शब्दत्वजातिविषे अतिव्याप्तिदोषकरिके सिद्धांती खंडनकरैहै ॥ समाधान ॥ पूर्वधूमविषेअतिव्याप्तिदोषकेनिवारणवासते लक्षणविषे श्रोत्रइंद्रियकासंबंधकह्या ॥ सोसंबंध भी शब्दकेसिद्धिकाकारणनहीं ॥ काहेतें शब्दविषेस्थित शब्दत्वजातिका वर्णोंकेसाथि तादात्म्यसंबंधहै और श्रोत्रइंद्रियकेसंबंधतें ज्ञानकीकारणताभी ताशब्दत्वविषेहै ॥ यातें शब्दत्वजातिविषे लक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैहै ॥ यद्यपि गुणहोवै ॥ और वर्णोंकेसाथितादात्म्यसंबंधवालाहोवै ॥ और श्रोत्रइंद्रियकेसंबंधतैंज्ञानकाकारणहोवै ॥ सो शब्दकहियेहै ॥ याप्रकार गुणपदकेनिवेशतें शब्दत्वजातिविषे अतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ काहेतें शब्दत्वजातिविषे गुणत्वधर्महैनहीं ॥ तथापिगुणका आगेआकाशनिरूपणविषे खंडनकरैंगे ॥

यातें याලक्षणतेंभी शब्दकी सिद्धिहोवैनहीं ॥ शंका ॥ लक्ष्यतेंभिन्नवस्तुविषे जोलक्षणरहे ॥ सोअतिव्याप्तिदोषवालाहोवैहै ॥ और पूर्वकह्यालक्षण यद्यपि शब्दत्वजातिविषे रहेहै ॥ तथापि सोशब्दत्वजाति लक्ष्यशब्दतेंभिन्ननहीं ॥ काहेतें जातिऔरव्यक्तिका तादात्म्यहोवैहै ॥ यातें शब्दत्वजातिभी शब्दकेलक्षणका लक्ष्यहै ॥ समाधान ॥ शब्दत्वजातिकूं जोशब्दस्वरूपमानोंगे ॥ तो शब्दकास्वरूप रूपभावकूं प्राप्तहोवैगा ॥ तात्पर्ययह ॥ इंद्रियजन्यज्ञानकाविषयजोअर्थ सो रूपकहियेहै॥यहरूपकालक्षण शब्दत्वादिकजातिविषेभी वर्तेहै ॥ यातें संपूर्णजगतकूं नामरूपक्रियास्वरूप कथनकरणेहारीश्रुतिविषे जातिआदिक रूपकेअंतर कहेहैं ॥ अभी शब्दत्वजातिकूं जोशब्दरूपमानोंगे ॥ तो नामऔररूपका भेदसिद्धहोवैमानहीं ॥ शंका ॥ शब्दत्वजाति संपूर्णशब्दोंविषेरहेहै ॥ और शब्द सर्वत्ररहेनहीं॥ यातें शब्दत्वजातिका औरशब्दका भेद प्रसिद्धहै ॥ समाधान ॥ जैसे संपूर्णककारोंविषे कत्वजातिरहेहै ॥ और संपूर्णशब्दोंविषे शब्दत्वजातिरहेहै तैसेसंपूर्णघटादिकअर्थोंविषे शब्दकासंबंधभी प्रतीतहोवैहै॥यातें सर्वत्रअनुगतपना शब्दत्वजातिविषे और शब्दविषेसमानहै ॥ तात्पर्ययह ॥ किसीप्रकारकरिकेरूपतेंनामकाभेद सिद्धहोवैनहीं ॥ इसप्रकार नामकेअनिर्वचनीयताकूंसिद्धकरिके अब. रूपऔरक्रियाविषेभी अनिर्वचनीयता सिद्धकरेहैं ॥ जैसेनाम किसीप्रकारतें सिद्धहोवैनहीं ॥ तैसे रूपऔरक्रियाभी किसीप्रकारतें सिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतें अल्पमुख औरबडाउदर यह घटकास्वरूपहै ॥ सो,घटतेंभिन्नहोइके वैसे प्रतीतहोवैनहीं ॥ तैसे क्रियाभीरूपतेंभिन्नहोइके प्रतीतहोवैनहीं ॥ यातें जैसे रूपरूपतेंभिन्ननहींहै ॥ तैसे क्रियाभी रूपतेंभिन्ननहींहै ॥ अब नामतेंभिन्नरूपकीअनिर्वचनीयताकूं दिखावैहैं ॥ जाकारणतें संपूर्णरूप नामके अनुकूल ज्ञानकूंउत्पन्नकरेहैं ॥ यातेंरूप वास्तवनहींहै ॥ किंतु विकल्पमात्रहै ॥ और श्रुतिविषेभी सर्वविकार नाममात्रकहेहैं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे मनुष्यविषे तीक्ष्णहैअग्रभागजाकाऐसाशृंग असत्यहै ॥ तैसे रूपभी असत्यहै ॥ शंका ॥ असत्य वंध्यापुत्र औरनरशृंगविषे वंध्यापुत्रहै औरनर शृंगहै ऐसाज्ञान होवैनहीं ॥ और घटादिपदार्थोंविषेतो घटहै पटहै ऐसाज्ञान होवैहै ॥ यातें वंध्यापुत्रकी और घटपटादिकरूपोंकी तुल्यता होवैनहीं ॥ समाधान ॥ नरशृंगविषे औरवंध्यापुत्रविषेनरशृंगहै

औरवंध्यापुत्रहै ऐसाउत्पन्नभयाजोज्ञान ॥ सो किसीकरिकै निवारणहोवैनहीं ॥ काहेतें सांख्यशास्त्रवाले विकल्पज्ञानकाविषय वंध्यापुत्रादिकअसत्यपदार्थ मानैं हैं ॥ और नैयायिक आहार्यज्ञानकाविषय मानैहैं ॥ जास्थानविषे जिसवस्तुका अत्यंताभावहोवे ॥ तास्थानविषे तिसवस्तुकाज्ञान पुरुषकोइच्छातैं जोउत्पन्नहोवे ॥ सोज्ञान आहार्यकहियेहै ॥ जैसे जलविषे अग्निकाअत्यंताभावहै ॥ और जलविषेअग्निकाज्ञानमेरेकूंहोवे ऐसीइच्छा अभीपुरुषकूंहोवे ॥ तभी ताइच्छातैं जलअग्निवाला है ऐसाज्ञान तापुरुषकूं उत्पन्नहो होवैहै ॥ याज्ञानकूं नैयायिक आहार्यज्ञानकहैहैं ॥ याकहणतैं यहसिद्धभया ॥ जैसे घटहै पटहै याज्ञानकेविषय घटपटादिकहैं ॥ तैसे वंध्यापुत्रहै और नरशृंगहै याआहार्यज्ञानकेविषय वंध्यापुत्रऔरनरशृंगादिकभीहैं ॥ यातैं दोनों समानहैं ॥ शंका ॥ घटहै और वंध्या पुत्रहै याज्ञानोंकी समानतानहीं ॥ काहेतें घटादिकोंकाज्ञानतो इंद्रियतैंजन्यहै और वंध्यापुत्रकाज्ञान इंद्रियकरिकैजन्यनहीं ॥ समाधान ॥ संपूर्णइंद्रियोंकरिकै घटादिकोंकेज्ञानजन्यहैं ॥ यातैं वंध्यापुत्रकेज्ञानतैं विलक्षणहैं ॥ अथवा एकएकइंद्रियकरिकैज न्यहैं ॥ यातैं वंध्यापुत्रकेज्ञानतैं विलक्षणहैं ॥ तहां प्रथमपक्षतो बनैनहीं ॥ काहेतें गंधज्ञानका एकघ्राणइंद्रिय कारणहै ॥ चक्षुआदिकइंद्रिय कारणहै नहीं ॥ तैसे रूपज्ञानका चक्षुइंद्रिय कारणहै ॥ अन्यइंद्रिय कारणहैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे धनकेवृ द्धिकीइच्छाकरिकै व्यापारविषेप्रवृत्तभयेपुरुषके मूलधनकोभी हानिहोइजावे ॥ तैसे वंध्यापुत्रतैं घटादिकोंविषेविलक्षणता कीसि द्धिवासते सर्वइंद्रियजन्यज्ञानकोविषयतामानणेमैं गंधादिकोंकूं वंध्यापुत्रकोतुल्यताही प्राप्तहोवैहै ॥ काहेतें गंधादिकोंमैं सर्वइंद्रियज न्यज्ञानकीविषयताहैनहीं ॥ और एकएकइंद्रियजन्यज्ञानकीविषयता गंधादिकोंविषेहै ॥ असत्यनरशृंगवंध्यापुत्रविषे हैनहीं ॥ यातैं वि लक्षणहैं ॥ यहदूसरापक्षभीबनैनहीं ॥ काहेतें गंधादिकोंविषे एकएकइंद्रियजन्यज्ञानकी विषयतारूप विशेषताकूं जोअंगीकारकरोगे ॥ तो तुमारेमतविषे नरशृंगादिकोंकाज्ञान मनरूपइंद्रियकरिकैहोवे ॥ याकेविषे कोईप्रतिबंधकहैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ याविशेषतातैंभी वंध्या पुत्रतैं गंधादिकोंकीविलक्षणता सिद्धहोवैनहीं ॥ शंका ॥ मनकरिकै वंध्यापुत्रकाज्ञान होवैनहीं ॥ काहेतें नेत्रादिकइंद्रियोंसैंबिना

५

मन किसीज्ञानकूं उत्पन्नकरेनहीं ॥ औरनेत्रादिकइंद्रियोंका वंध्यापुत्रकेसाथै संबंधहैनहीं ॥ यातें मनकूं इंद्रियोंकीअपेक्षाही वंध्यापुत्र केज्ञानविषे प्रतिबंधकहै ॥ समाधान ॥ संपूर्णज्ञानोंकोउत्पत्तिविषे इंद्रियोंकीअपेक्षा मन करे है यहनियमनहीं ॥ काहेतें नेत्रादिकों केअविषय जेसुखदुःखादिक ॥ तिनोंका जैसेमनकरिकै ज्ञानहोवैहै ॥ तैसे मनकरिके वंध्यापुत्र औरनरशृंगके ज्ञानविषेभी कोईबाधकहोवैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ नेत्रादिकइंद्रियोंसेंविना सुखदुःखादिकोंकिअनंतज्ञानोंकूं मनउत्पन्नकरैहै ॥ तामनकूं इंद्रियोंसेंविना वंध्यापुत्रकेज्ञानकूं उत्पन्नकरणेमे कोइंभारहोवैनहीं ॥ शंका ॥ मनकरिकै असत्यवस्तुकाज्ञान लोकविषेप्रसिद्धहैनहीं ॥ समाधान ॥ जैसे वैरिविषेरह्यादुःख सुखरूपकरिके वंध्यापुत्रकीन्यांईअसत्यहै ॥ तोभी तावैरिकेदुःखकूं सुखरूपकरिकै पुरुष जाणेहै ॥ यहलोक विषेप्रसिद्धहै॥तैसे असत्यवंध्यापुत्रनरशृंगकाज्ञान मनकरिकै बनेहै॥अब लोकप्रसिद्धितैंभी रूप नामतैंभिन्ननहीं याअर्थकूं निरूपणकरैहैं ॥ घटादिकपदार्थोंविषे पुरुषोंकी प्रवृत्तिहोवैहै ॥ सोप्रवृत्ति इच्छाकरिकैजन्यहोवैहै ॥ काहेतें इच्छासैंविना किसीवस्तुविषेप्रवृत्तिहोवैनहीं ॥ और सोइच्छा ज्ञानकरिकैजन्यहोवैहै॥ काहेतें अन्यदेशविषेस्थितपदार्थोंकेज्ञानकाअभावहोणेतें तिनपदार्थोंकीइच्छा होवैनहीं॥यारीतिसें प्रवृत्तिसेंपूर्वकालविषे इच्छाद्वाराप्रवृत्तिकाकारणज्ञान शब्दतैंविना विचारवान्पुरुषोंकूंहोवैनहीं॥किंतु शब्दकूंविषयकरताहुआज्ञान अर्थकूंविषयकरैहै ॥ यातें एकज्ञानकेविषय नामऔररूपका अभेदहीसिद्धहोवैहै ॥ याप्रकार युक्तिसैंनिरूपणकियेहुये नामरूपक्रियासिद्धहोवैंनहीं ॥ अब पंचभूतोंविषे युक्तिसैंअनिर्वचनीयता दिखावैहैं ॥ तेपंचभूत नामरूपक्रियातैंभिन्नहोइके किसीस्थानविषे रहैंनहीं ॥ यातें अनिर्वचनीयहैं ॥ तिनपंचभूतोंविषेभी प्रथम आकाशका क्यास्वरूप तुम मानोहो ॥ शंका ॥ अवकाशस्वरूप आकाशहै ॥ यह सर्वलोकोंकूंप्रसिद्धहै ॥समाधान॥अवकाशस्वरूप आकाशहै॥यातुमारेकहणेतें आवरणकेअभावकाजोअधिकरणहोवै सो आकाशहोवैहै ॥ यहआकाशकालक्षण सिद्धभया सोयहलक्षण वंध्यापुत्रविषेभीरहेहै ॥ जैसे आकाशविषे आवरणकाअभावहै ॥ तैसे वंध्यापुत्रविषेभी आवरणकाअभावहै॥असत्यवस्तुविषेभी अभावकीअधिकरणता शास्त्रविषेकहीहै ॥ यातें जैसे आकाशकूंअवकाशस्वरूप तेनैंमान्याहै॥तैसे

वंध्यापुत्र अवकाशस्वरूप काहेतैंनहीं ॥ किंतु वंध्यापुत्रकूंभी अवकाशस्वरूपतावनैंहैतात्पर्ययह ॥ आकाशकेलक्षणकीवंध्यापुत्रविषेअति
व्याप्तिहोवैहै ॥ यातैं यादुष्टलक्षणतैं आकाशकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ शंका ॥ जो शब्दगुणवालाहोवै ॥ और अवकाशस्वरूपहोवै ॥ सो आ
काशकहियेहै ॥ वंध्यापुत्रविषे यद्यपि पूर्वकहीरीतिसैं अवकाशस्वरूपताहै तथापि शब्दगुण ताविषेहैनहीं ॥ और आकाशविषे श
ब्दगुणहै ॥ यातैं वंध्यापुत्रतैं आकाशकाभेदहै तात्पर्ययह ॥ या आकाशकेलक्षणकी वंध्यापुत्रविषे अतिव्याप्तिनहीं ॥ समाधान ॥
शब्दगुणकरिकेभी वंध्यापुत्रतैं आकाशकाभेद सिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतैं सोशब्दगुण आकाशरूपगुणीतैंभिन्नहै अथवा अभिन्नहै ॥
तहाँ प्रथमभिन्नपक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतैं जैसे घटतैंपटभिन्नहै ॥ यातैं घटका पट गुणहोवैनहीं ॥ तैसे आकाशरूपगुणीतैं शब्दगुणकूं
जोभिन्नमानोंगे ॥ तौ अकाशका शब्द गुणनहींहोवैगा ॥ और शब्दगुण आकाशतैंअभिन्नहै ॥ यहदूसरापक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतैं
जैसे गंधगुणका गंधतैंअभेदहै ॥ तहाँ गंधका गंधगुणहै ऐसाकोईकहैनहीं ॥ तैसे आकाशतैं शब्दगुणकाअभेदमानोंगेतो ॥ आकाशका
शब्दगुणहै या अर्थकीसिद्धिनहींहोवैगी ॥ यद्यपि शब्दकाओर आकाशका कल्पितभेदमानणेतैं गुणगुणीभाव बनैहै ॥ तथापि
जैसायक्षहोवैहै ॥ तैसाही ताकाबलीहोवैहै ॥ यारीतिसैं कल्पितभेद कल्पित आकाशकीही सिद्धिकरेगा ॥ कल्पितभेदतैं वास्तवआ
काशकी सिद्धिहोवैनहीं ॥ शंका ॥ गुण और गुणीका तादात्म्यसंबंधहोवैहै ॥ भेदकूंसहारणेहाराजोअभेद सो तादात्म्यकहियेहै ॥ सो
भेद और अभेददोनों वास्तवहैं यातैं वास्तवभेदतैं वास्तव आकाशकीसिद्धिबनैंहै ॥ समाधान ॥ विरुद्धस्वभाववालेपदार्थ एकस्थानविषे
रहैंनहीं ॥ जैसे उष्णस्पर्श और शीतस्पर्श एकवस्तुविषे रहैंनहीं ॥ याप्रकारकीयुक्तिसहित बुद्धिरूपनेत्रकरिके समानसत्तावालेभेद और
अभेद कहाँ दीखैंनहीं ॥ खोटाआग्रहकरिके ॥ वास्तवभेदओरअभेदकेअंगीकारकियेहुये पूर्वकह्याजो भेदपक्षविषे औरअभेदपक्षविषे दोष
सो बलात्कारसैंप्राप्तहोवैगा ॥ यातैं वास्तवभेदओरअभेद एकवस्तुविषे बनैंनहीं ॥ किंवा ॥ जाभेदओरअभेदसैं वादीगुणगुणीभाव
सिद्धकरैहै ताभेदओरअभेदकास्वरूप विचारकियेतैं सिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतैं शब्दादिकगुण औरआकाशादिकगुणीकाभेद और अभेद

जोवादो मानेंहे ॥ तासैंयहपूछाचहिये ॥ सोभेदऔर अभेद शब्द औरआकाशादिकवस्तुतैंअभिन्नहे अथवा भिन्नहे तहाँप्रथम अभिन्नपक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतैं जो भेद और अभेद वस्तुकास्वरूप अंगीकारकरोगेतो॥यह भिन्नहे और यहअभिन्नहे और यहदोवस्तुहैं याप्रकारकाकथन असंगतहोवेगा ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे घटघटकूंलेआवो घटघटकूंलेआवो याप्रकारकाशब्द किसीस्थानविषे विद्वानोनैं उच्चारणनहींकरीता काहेतैं यहशब्द पुनरुक्तिदूषणसहितहे ॥ एकवारउच्चारणकरेशब्दका फेरि उच्चारणकरणेकानाम पुनरुक्तिहे ॥ तैसे भेद और अभेदकूं वस्तुकास्वरूपमानणेमें यहफळ वृक्षतैं भिन्नहे यहघट मृत्तिकातैं अभिन्नहे औरयहदोवस्तुहैं याकथनविषेभी पुनरुक्तिदोषहोवेहे ॥ यातैं भेद और अभेद वस्तुकास्वरूपनहीं ॥ और भेद और अभेद वस्तुतैंभिन्नहैं ॥ यहदूसरापक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतैं भेदवालेकूंभिन्नकेहेहैं ॥ भेद और अभेद वस्तुतैंभिन्नहैं ॥ याकहणेतैं वस्तुकेभेदवाळे भेद और अभेदहैं यहसिद्धहोवेहे ॥ तहाँ दूसरे भेदविषे तीसरावस्तुकाभेद मानोंगे ॥ तीसरेविषे चोथाभेद ॥ याप्रकार भेदोंकोधारामानणेमे अनवस्थादोष प्राप्तहोवेहे ॥ यादोषकी निवृत्तिवासते और प्रथमभेद और अभेदकोसिद्धिवासते दूसराभेद वस्तुकास्वरूप जभीकहोगे ॥ तभी यहतेरावचन बकबंधनकीन्याईं होवेगा ॥ जैसे बकपक्षीकेबांधणेकोइच्छावाळा कोईपुरुष याप्रकारकाउपाय चित्तविषेकल्पनाकरे मछलीविषेहेचित्तएकाग्रजाका ऐसाजो आतपविषेस्थित बकपक्षीहे ॥ ताकेमस्तकविषे माखण जाइकेमेरास्तों ॥ सोमाखण सूर्यकोआतपकरिकेंद्रवीभावहोइके याबककेनेत्रविषे पड़े ॥ तामाखणकेपडणेतैं अंधहुयाबककूं मेंबांधों ॥ ऐसीचित्तविषेकल्पनाकरिके तैसाहीउपायकरे ॥ जैसे तापुरुषकाउपाय व्यर्थहे ॥ काहेतैं बककेसमीपगयेविना ताकेमस्तकऊपरि माखण राख्याजावेनहीं ॥ जभीताकेसमीपगया ॥ तभी ताकालविषेहीं ताकाबंधन बनिसकेहे ॥ तैसे प्रथमभेद और अभेदकूं वस्तुतैंभिन्नमानिके॥ तिनोंकेसिद्धिवासतैं कल्पनाकर्‌याजोदूसराभेद ॥ ताकूंवस्तुकास्वरूपमानणेमे केवल व्यर्थप्रयासहे ॥ यातैं शब्दगुणको किसीप्रकारतैंभी सिद्धिहोवेनहीं ॥ शब्दकोअसिद्धिहुये आकाशकी वंध्यापुत्रतैंविलक्षणता सिद्ध होवेनहीं ॥ जैसे आकाशकाशब्दगुण युक्तिसैंसिद्धनहींभया ॥ तैसे वायुकास्पर्शगुण और अग्निकारूपगुण औरजलकारसगुण पृथिवीका

गंधगुण पूर्वकहीरीतिसैंसिद्धहोवैनहीं ॥ तिनस्पर्शादिकगुणोंकेअभावहोणेतैं वायु आदिकभूतोंकूंभी वंध्यापुत्रकीसमानताहे ॥ किंवा ॥ अवकाशकूंजोदेवे सोआकाश ॥ स्पर्शकूंजोकरे सोवायु ॥ अन्नादिकोंके पाककूंजोकरे सोअग्नि ॥ तृषाकूंजोनिवारणकरे सोजल ॥ लोकोंकूंजोधारणकरे सोपृथिवी ॥ याप्रकारकेलक्षण आकाशादिकोंकेलोकप्रसिद्धहैं ॥ तिनोतैंभीआकाशादिकोंकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ काहेतैं तेआकाशादिकपंचभूत सर्वलोकोंकेताईं अवकाशादिकोंकूंदेवेंहैं ॥ अथवा जिसकिसप्राणीकेताईं देवेंहैं ॥ तहां प्रथमपक्षतो असंभवदोषकरिकेयुक्तहे ॥ काहेतैं वातपित्तादिधातुवोंकीन्यूनअधिकताकरिके जड़भावकूंप्राप्तभयेप्राणियोंकूं आकाश अवकाशकूंनहींकरैहै ॥ और वायु स्पर्शकूंनहींकरैहे ॥ और अग्नि पाकादिकोंकाकारणनहीं ॥ और जल तिनोंकेतृषाकी निवृत्तिनहींकरैहे ॥ और पृथिवी धारणनहीं करैहे ॥ याप्रकार अन्यधर्मोंविषेभी सर्वत्र अनुगमकाअभावहे ॥ और आकाशादिकभूत जिसकिसप्राणीकूं अवकाशादिक देवेंहैं ॥ यह दूसरापक्ष मानणेतैं आकाशादिकभूतोंका मिथ्यापणाहीं ॥ सिद्धहोवैहे ॥ काहेतैं जैसे स्वप्नकेपदार्थ जिसकालविषेप्रतीतहोवेंहैं ॥ तिसीकालविषेहैं ॥ प्रतीतितैंपूर्वउत्तरकालविषेहैंनहीं ॥ यातैं मिथ्याहैं ॥ तैसे आकाशदिकभूतभी जिसजिसपुरुषकरिके प्रतीतहोवैहैं॥तिसतिसपुरुषकेप्रतीतिकालविषेहैं॥प्रतीतितैंपूर्वउत्तरकालविषेहैंनहीं॥यातैंमिथ्याहैं॥जभीआकाशादिकपंचभूतहीअसत्यभये ॥ तभी तिनभूतोंकाकार्यप्रपंचसत्यकेसेहोवैगा ॥ किंतु सोप्रपंचभी असत्यहीहोवैगा ॥ दृष्टांत ॥ जैसे असत्यवंध्यापुत्रका पुत्रभी असत्यहीहोवैहे ॥ सत्यहोवैनहींतैसेअसत्य पंचभूतोंकाकार्यप्रपंचभी सत्यहोवे नहीं ॥ यातैं आत्मातैंभिन्नपंचभूत ॥ औरताकाकार्यप्रपंच वंध्यापुत्रकीन्याईं असत्यहे यहसिद्धभया ॥ अब आकाशादिकप्रपंचकाकारणमायाकी असत्यरूपतानिरूपणकरैंहैं ॥ तहां कार्यप्रपंचकीमायातैंविना अनुपपत्तिरूप अर्थापत्तिप्रमाणतैं मायाकीसिद्धिहे ॥ अथवा श्रुतिप्रमाणतैं मायाकीसिद्धिहे ॥ अथवा अनुभवप्रमाणतैं मायाकीसिद्धिहे ॥ तहां प्रथमपक्ष बनेनहीं ॥ काहेतैं जैसे असत्यवंध्यापुत्रको मायाकरिकैभीउत्पत्तिहोवैनहीं ॥ तैसे पूर्वकहीरीतिसैं प्रपंचकूं असत्यहोणेतैं ताप्रपंचकी मायाकरिकैभीउत्पत्तिसंभवैनहीं ॥ शंका लोकविषे असत्यकोभी मायातैंउत्पत्तिदेखीहे ॥ जैसे भूमिविषेस्थित ॥

मायावीनट आपणीमायाकरिके आकाशविषेस्थित असत्यआपणादूसरास्वरूप दिखावैहै ॥ तैसे असत्यप्रपंचकोभी मायाकरिकेउत्पत्तिव
नैहै ॥ समाधान ॥ तास्थलविषेभी निमित्तकारणरूपमायाकरिके सत्यमायावीपुरुषकाही नानारूपकरिकेप्रादुर्भाव देखाहै ॥ तात्पर्य
यह ॥ आकाशविषेस्थितस्वरूपका परिणामीउपादानकारण मायानहीं ॥ किंतु मायाकाविषयनटकाआत्माही तिसतिसस्वरूपक
रिके प्रतीतहोवैहै ॥ यातैं असत्यवस्तुकीउत्पत्तिविषे माया कहाँभीसमर्थनहींदेखी ॥ याकारणतैं माया परतंत्रहै ॥ स्वतंत्रनहीं ॥
और माया श्रुतिप्रमाणकरिकेसिद्धहै ॥ यहदूसरापक्षभीवनैंनहीं ॥ काहेतैं मायाकूं जगत्केउत्पत्तिस्थितिनाशकीकारणता यद्यपि श्रुति
वाक्योंनेंकहीहै ॥ तथापि सोजगत्कीकारणता मायाकूंहैनहीं ॥ माया आपहींअसत्यहै ॥ असत्य किसीका कारणओरकार्यहोवैन
हीं ॥ और मायातैं जगत्कीउत्पत्तिकूं बोधनकरणेहारीश्रुतिका अद्वितीयब्रह्मकेजनावणेमे तात्पर्यहै ॥ मायाकेबोधनमे तात्पर्यहैनहीं ॥
काहेतैं फलवालेअर्थकूं श्रुति बोधन करैहै ॥ सोफलकोप्राप्ति अद्वितीयआत्माकेज्ञानतैंहोवैहै ॥ मायाकेज्ञानतैंहोवैनहीं ॥ और माया
अनुभवकरिकेसिद्धहै ॥ यहतीसरापक्षभीवनैनहीं॥काहेतैं जाकालविषेअविवेकीपुरुष आपणेसत्चित्आनंदस्वरूपकूंनहींअनुभवकरता ॥
ताकालविषे यहपुरुष मायाकूं मेंअज्ञानीहूं याप्रकारकेअपरोक्षज्ञानकाविषयमानैंहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसेसोयाहुआबालक आपणेदेहकूंराक्षसमा
निकरिके भयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे आनंदस्वरूपआत्माभी सत्चित्आपणेस्वरूपकूं विस्मरणकरिके आत्मस्वरूपकेआवरणकरणेहारीमा
याकूं आपही कल्पनाकरैहै तात्पर्य यह ॥ विचाररहितभ्रांतपुरुषकेअनुभवकरिकेतो मायाकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ काहेतैं भ्रांतिज्ञान जोवस्तु
कीसिद्धिकरै॥ तो शुक्तिविषेरजतकी और रज्जुविषेसर्पकोभी सिद्धिहोणीचाहिये॥ओर विचारसहितअनुभवकेउत्पन्नहुये माया ठहरैनहीं ॥
जैसे सूर्यकेउदयहुये अंधकारठहरैनहीं ॥ यातैं माया अनुभवकरिके सिद्धनहीं ॥ इसप्रकार किसीप्रमाणकरिके मायासिद्धनहीं ॥ यातैं
मुझअद्वितीयआत्माविषे मायाहैनहीं ॥शंका॥ जोमाया चैतन्यआत्माविषेनहींहै ॥ तो मेंअज्ञानीहूं यहअनुभव किसकूंविषयकरैहै ॥ समा
धान ॥ यहमाया मुझपरमात्मातैंभिन्ननहींहै ॥ किंतु मेराहीस्वरूपहै ॥ जैसे बालककेशरीरतैं राक्षस भिन्ननहीं ॥ किंतु आपणेशरीरकूंहीं

राक्षसमानिके बालक भयकूंप्राप्तहोवैहै॥तात्पर्ययहहै॥यथार्थज्ञानकाअविषय आत्माकास्वरूपही माया अज्ञानअविद्या याप्रकारकेशब्दों करिके कहीताहै ॥ यातैंमाया स्वतंत्रनहीं॥शंका॥माया अविद्या अज्ञान याप्रकारकेशब्द और ज्ञानके बलतैं चैतन्यआत्मातैंभिन्न स्वतंत्र मायाकीसिद्धि काहेतैंनहींहोवै ॥ समाधान ॥ जोशब्दऔरज्ञानकूं प्रमाणताहोवै ॥ तौ ताकेबलतैं मायाकीसिद्धिहोवै ॥ सो शब्दऔरज्ञान प्रमाणरूपहैंनहीं ॥ काहेतैं वस्तुकेअसत्यहुयेभी शब्दऔरज्ञान होवैहै॥याकारणतैंही असत्यबंध्यापुत्रविषे बंध्यापुत्रहै याप्रकारकाशब्दऔ रज्ञानदेखीताहै ॥ यातैं शब्दऔरज्ञानकूं आपणेविषयकेसिद्धकरणेकासामर्थ्यनहीं॥तहाँ शब्दकातौ पूर्वनामकेविचारविषेखंडनकरिआयेहैं॥ अब ज्ञानस्वरूपबुद्धिकाखंडनकरैहैं ॥ सोबुद्धि क्यास्वरूपहै यहप्रथम विचारकियाचाहिये ॥ तात्पर्ययह ॥ सोबुद्धि बोधरूपहै ॥ अथवा अबोधरूपहै ॥ तहाँ अबोधरूपबुद्धिहै यह दूसरापक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतैं जैसे अबोधस्वरूपहोणेतैं ॥ घटादिक स्वतंत्रनहींहैं ॥ किंतु परतंत्रहैं ॥ तैसे अबोधस्वरूपहोणेतैं बुद्धिकूंभी स्वतंत्रतासिद्धहोवैनहीं ॥ और बुद्धि बोधस्वरूपहै याप्रथमपक्षविषेभी सोबोध धर्मरूपहै ॥ अथवा सर्वकाअधिष्ठानधर्मीस्वरूपहै ॥ तहाँ धर्मस्वरूपबोधहै ॥ याप्रथमपक्षविषे बोधकूं जोधर्मरूपतासिद्धहोवै ॥ तौ बोधस्वरूपबुद्धिसिद्धहोवै ॥ परंतु विचारकियेतैं बोधकूंही धर्मरूपता सिद्धहोवैनहीं ॥ और धर्मीस्वरूपबोधहै ॥ यादूसरेपक्षविषे बोधकूं अधिष्ठानमेंपरमात्मासैंअभिन्नहोणेतैं बोधरूपबुद्धि स्वतंत्रसिद्धहोवैनहीं ॥ याप्रकारकेनिर्णयकरणेवासते प्रथम बोधके स्वरूपकाविचारकर्‍याचाहिये ॥ बोधकेस्वरूपका निर्णयकरिकेही बोधस्वरूपबुद्धिकाभी निर्णयहोवैगा ॥ तहाँ प्रथम धर्मरूपबोधहै यापक्षविषे विचारकूंकरैहैं ॥ सोबोध घटपटादिकविषयोंकाधर्महै ॥ अथवा ज्ञानकेकारणचक्षुआदिकइंद्रियोंकाधर्महै ॥ अथवा आत्माका धर्महै ॥ आथवा बुद्धिकाधर्महै ॥ तहाँ विषयकाधर्मबोधहै ॥ यहप्रथमपक्ष बनैंनहीं॥ काहेतैं जोबोध घटादिकविषयोंकाधर्महोवै ॥ तौ घटादिकविषय चेतनहोणेचाहियें ॥ जोजो बोधवालाहोवैहै ॥ सोसो चेतनहोवैहै ॥ यहनियमहै ॥ शंका ॥ घटादिकविषय चेतनस्वरूपहैं ॥ यह हम अंगीकारकरैहैं ॥ समाधान ॥ घटादिकोंकूं जोचेतनस्वरूप मानोंगे ॥ तौ घटादिकोंकूं आपणेज्ञानमेंअन्यकीअपेक्षानहींहोवैगी ॥

काहेतें चेतन स्वप्रकाशहोवैहै ॥ जो आपणीसिद्धिविषे अन्यप्रकाशकीअपेक्षानकरे ॥ सो स्वप्रकाशकहियेहै ॥ और घटादिक आपणी सिद्धिविषे अन्यप्रकाशकी अपेक्षाकरैंहैं ॥ यातें घटादिकविषयकाधर्म बोधनहीं ॥ किंवा ॥ जो घटादिकविषयकाधर्म बोधमानोंगेतो ॥ भोक्ताओरभोग्यकाविपरीतभाव प्राप्तहोवैगा ॥ तात्पर्ययह ॥ भोग्यरूपकरिकेप्रसिद्धघटादिकविषय भोक्तास्वरूपहोवैंगे ॥ और घटादिकविषयोंतेंभिन्नभोक्ता भोग्यस्वरूपहोवैगा॥काहेतें बोधवाला भोक्ताहोवै॥यह भोक्ताकालक्षणहै॥और घटादिकविषयोंकूंभोक्ताकहणा अनुभवविरुद्धहै ॥ यातें घटादिकविषयकाधर्म बोधनहीं ॥ और इंद्रियोंकाधर्मबोधहै यहदूसरापक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतें जोजाकाधर्महोवैहै ॥ सो सदैव ताविषे प्रतीतहोवैहै ॥ जैसे अग्निका उष्णस्पर्शधर्महै ॥ किसीकालविषे अग्नि उष्णस्पर्शतेंरहित प्रतीतहोवैनहीं ॥ तैसे जोबोध इंद्रियकाधर्महोवै ॥ तो जहांजहां इंद्रियहोवै ॥ तहाँतहां नियमसें बोध प्रतीतहोणाचाहिये ॥ औरनियमसें बोधप्रतीतहोवैनहीं ॥ किंतु कभीतोइंद्रियकेहुवे बोध प्रतीतहोवैहै ॥ और कभी नहींभी प्रतीतहोवैहै ॥ यातें इंद्रियोंकाधर्मबोधनहीं ॥ अब नियमकेअभावकूंनिरूपणकरैंहैं ॥ शब्दकेविद्यमानहूयेभी बधिरपुरुषकाचक्षुइंद्रिय शब्दकूंजानैनहीं ॥ तैसे रूपकेविद्यमानहूयेभी अंधपुरुषकाश्रोत्रइंद्रिय रूपकूंजानैनहीं ॥ और जिसकालविषे मनसावधाननहीं ॥ ताकालविषे सन्मुखदेशविषेस्थित अथवा पृष्ठदेशविषेस्थित पुरुषकूं चक्षुइंद्रिय जानैनहीं॥तैसे श्रोत्रादिकइंद्रियभी शब्दादिकविषयोंकूं जानैनहीं ॥ जो इंद्रियोंकाधर्मबोधहोवै॥तो जहां इंद्रियहोवैं॥तहां अवश्यबोध प्रतीतहुआचाहिये॥और सर्वत्रबोध प्रतीतहोवैनहीं॥यातें इंद्रियोंकाधर्म बोधनहीं ॥किंतु बोधका उपकरणइंद्रियांहै तात्पर्ययह ॥ अंतःकरणकीवृत्तिविषे आरूढचेतनकानामबोधहै ॥ सोवृत्ति इंद्रियादिकोंतेंउत्पन्नहोवैहै ॥ यातें इंद्रियांबोधकेउपकरणहैं उपकरणमानणेमें पूर्वकहेदोषोंकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ किंवा ॥ इंद्रियोंविषेस्थितजोबोधहोवै ॥ तो तिनइंद्रियोंकाधर्महोवै ॥ सोबोध किसीइंद्रियविषे प्रतीतहोवैनहीं ॥ किंतुघटादिकअर्थविषेस्थितहुआ बोध प्रतीतहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ स्फुरणकानाम बोधहै ॥ सोबोध घटस्फुरणहोवैहै औरपटस्फुरणहोवैहै याप्रकारकेअनुभवतें विषय विषेस्थितहुआ प्रतीतहोवैहै ॥किंवा॥परोक्षज्ञानकेविषयभूतइंद्रियोंविषे

बोधहै॥याविषे कोईप्रमाणभीनहीं॥शंका॥जैसे नैयायिकोंकेमतमें आत्माविषेस्थितबोध घटादिकपदार्थोंकूंविषयकरैहै ॥ तैसे इंद्रियोंविषे
स्थितबोधभी घटादिकोंकूंविषयकरैगा ॥ बोधका घटादिकविषयकेसाथि विषयतारूपसंबंधनैयायिकोंकीन्यांई यहाँभीबनैहै ॥समाधान॥
जो अन्यवस्तुविषेस्थितहुआबोध अन्यवस्तुकूं प्रकाशकरताहोवै ॥ तो तादात्म्यसंबंधतैंघटविषेस्थितहुआबोध पटकूं काहेतैंनहींप्रकाश
करता ॥ जैसे इंद्रियोंविषेस्थितबोधका घटादिकविषयकेसाथि विषयतासंबंध तुमनैं अंगीकारकऱ्याहै ॥ तैसे घटविषेस्थितबोधका पटादि
कोंकेसाथि विषयतासंबंधभी किसीतैंनिवारणहोवैनहीं ॥ यातैं इंद्रियोंकाधर्म बोधनहीं ॥किंवा॥ जो चक्षुइंद्रियविषेस्थितबोधकरिकै घटादि
कोंकाभान अंगीकारकरैगे ॥ तो तुह्मारेमतविषे चक्षुइंद्रियका जैसेघटकेसाथिसंयोगसंबंधहै ॥ और घटविषेस्थितरूपकेसाथि संयुक्तसमवा
यसंबंधहैतैसे घटविषेस्थितरसादिकोंकेसाथिभी चक्षुका संयुक्तसमवायसंबंध संभवैहै ॥ यातैं जैसे घटकारूप चक्षुइंद्रियविषेस्थितबोधविषे
प्रतीतहोवैहै ॥ तैसे घटविषेस्थितरसादिक चक्षुइंद्रियविषेस्थितबोधविषे काहेतैंनहींप्रतीतहोते ॥ किंतु प्रतीतहोणेचाहियें ॥और हमारेमत
विषेतोयादोषकीप्राप्तिनहीं ॥ काहेतैं रूपाकारवृत्तिविषेआरूढ चेतनरूपबोधका तादात्म्यरूपविषयतासंबंधरूपविषेहैरसविषेहैनहीं ॥ यातैं
चक्षुइंद्रियकरिकेरसादिकोंकीप्रतीति होवैनहीं ॥ याकहणेतैं यहसिद्धभया ॥ अन्यपदार्थविषेस्थितहुआबोध अन्यपदार्थकूं प्रकाशैनहीं ॥
जो ऐसाअंगीकार करोगे॥तो घटविषेस्थितहुआबोध पटकाभीप्रकाशकरैगा ॥ याअतिप्रसंगदोषकी प्राप्तिहोवैगी ॥ और जोघटादिकोंविषे
धर्मरूपतैंबोधरहै॥तो घटादिकोंका बोधकरिकैप्रकाशबनैं ॥परंतु घटादिकोंविषे धर्मरूपकरिकै बोधरहैनहीं ॥ जो घटादिकोंकाधर्मबोधहोवै
तो घटादिक भोक्ताहोणेचाहियें ॥ यह पूर्वकहिआयेहैं ॥ यातैं इंद्रियोंकाधर्मबोधनहीं ॥ और आत्माकाधर्मबोधहै ॥ यहतीसरापक्षभी
बनैंनहीं ॥ काहेतैं अन्यविषेस्थितहुआबोध अन्यकूंप्रकाशैनहीं ॥ यादोषकी यहाँभीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं शुद्ध आत्माविषे धर्मरूपतैं बोध
रहैनहीं ॥ शंका ॥ आत्माविषेस्थितहुआबोध घटादिकोंकूं मतप्रकाशकरै ॥ तोभी आत्माकेप्रकाशवासतै आत्माकाधर्मबोधहम अंगीका
रकरैहैं॥समाधान॥जो शुद्ध आत्माकाधर्मबोधहोवै तोधर्मतैंधर्मीकूंभिन्नहोणेतैं बोधतैंभिन्न शुद्ध आत्माकूं जडता प्राप्त होवैगी ॥ किंवा जैसे

घटादिकनकूं बोध प्रकाशैहे॥तैसे शुद्ध आत्माकूं बोध प्रकाशैनहीं॥ काहेतें घटादिकपदार्थ बोधविषे कल्पितहैं॥यातें अधिष्ठा नस्वरूपबोध तिनोंकूं प्रकाशैहे ॥ तात्पर्ययह ॥ घटउपहितचेतनमें घट कल्पितहै॥जाकाळविषे अंतःकरणकीवृत्ति नेत्रद्वारानिकसिके घटाकारहोवैहे ॥ ताकाळविषे घटउपहितचेतनकेसाथि वृत्तिउपहितचेतनरूपबोधका अभेदहोवैहे ॥ काहेतें चेतनमें परमार्थसैंतो भेद हैनहीं ॥ किंतु उपाधिकरिकेभेदहै तेउपाधियाँ जबपर्यंत भिन्नभिन्नदेशविषेस्थितहोवैहैं॥तबपर्यंत चेतनकाभेदकरेहैं॥और जभी उपाधियाँएकदेशविषेस्थितहोवैहैं ॥ तभी ताउपाधिवाळेचेतनोंका भेदकरैंनहीं ॥ किंतु तहाँ चेतनोंकाअभेदहोवैहे ॥ जैसे मठतेंभिन्नदेशविषे जभी घटरहे ॥ तभीतो घटाकाशका और मठाकाशका भेदहोवैहे ॥ और जभी मठकेभीतर घटकूंलेआवें ॥ तभीमठाकाशकेसाथि घटाकाशका अभेदहोवैहे ॥ यारीतिसैं घटउपहितचेतनकेसाथि अभेदभावकूंप्राप्तभया जोघटाकार वृत्तिउपहित चेतनरूपबोध ॥ ताबोधविषे घटादिककल्पितहै ताकल्पित घटादिकनकूं अधिष्ठानस्वरूपबोध प्रकाशैहे तिसप्रकार शुद्धआत्माका कोई अधिष्ठानहैनहीं॥ किंतु मैंही आपणीमहिमाविषेस्थित हुआ सर्वअनात्म वस्तुकाअधिष्ठानहूं ॥ औरजोबोधकूं शुद्धआत्माकाअधिष्ठान मानोंमे ॥ तौ सोबोधही आत्मासिद्धहोवैगा ॥ काहेतें सर्वकाअधिष्ठान आत्माहीहोवैहे ॥ और शुद्धआत्मातैंभिन्नबोधकूं जोप्रकाशस्वरूपमानोंमे ॥ तो ताबोधकरिके शुद्धआत्माकाभान होवैनही ॥ जैसे पुत्रकेपंडितहुयेभी पिता पंडितहोवेनहीं ॥ यातें आत्माकाधर्मबोधनहीं यहसिद्धभया ॥ और बुद्धिकाधर्मबोधहै यहचतुर्थ पक्षभी बनैनहीं ॥ काहेतें सोबुद्धि बोधतैंभिन्ननहीं ॥ बोधकेसाथि तादात्म्यभावकूंप्राप्तहुईबुद्धि ज्ञानपदवीकूं प्राप्तहोवैहे ॥ अंतःकरणका परिणामरूपबुद्धिकूं स्वतः ज्ञानरूपताहैनहीं ॥ जभी बोध बुद्धिकाधर्ममानोंगे ॥ तभी बोधतैंभिन्नहुईबुद्धिज्ञानपदवीसैं रहित होवेगी ॥ किंवा ॥ जोबुद्धिकाधर्म बोधहोवे ॥ तो बोधतैंभिन्नहुईबुद्धि क्यास्वरूपहै ॥ बोधतैंभिन्नहोणेतें बोधस्वरूपतो होवैनहीं किंतु अबोधस्वरूप बुद्धिअंगीकारकरनीहोवेगी ॥ और सोअबोधस्वरूपबुद्धि घटादिकोंकीन्यांई शुद्धआत्माविषेकल्पितहोणेंते शुद्धआत्माके अधीनहै स्वतंत्रनहीं ॥ यातें बुद्धिकाधर्मभी बोधनहीं यहसिद्धभया ॥ अब बोधकूंअनंतहोणेतें बुद्धिभी बोधस्वरूपहै याप्रकारकी वादीकेशं

काकीनिवृत्तिवासते और बोधकूंएकआत्मस्वरूपताकेसिद्धिवासते बोधकेस्वरूपविषे अन्यविचारकूंकरेंहैं ॥ सोबोध जगत् विषे एकहै ॥
अथवा अनेकबोधहैं ॥ तहाँएकबोधहै यहप्रथमपक्ष बनेंनहीं ॥ काहेतें जोएकबोध होवैतो ॥ संस्कारोंकाभेद और प्रमाणोंकाभेद और
प्रमाज्ञान औरस्मृतज्ञान औरअप्रमाज्ञान इनोंका परस्परभेद नहोणाचाहिये ॥ तात्पर्ययह ॥ नाशअवस्थाकूंप्राप्तहुवेज्ञानतें संस्कार
उत्पन्नहोवैहै ॥ तासंस्कारोंकाभेद ज्ञानकेभेदतेंविनाबनेंनहीं ॥ और प्रत्यक्षअनुमान उपमान शब्द अर्थापत्तिअनुपलब्धि यहषट्
प्रमाणोंकाभेदभी प्रमाज्ञानकेभेदतेंविना बनेंनहीं ॥ यातें एकबोधनहीं यद्यपि आगे बोधकीएकताहीसिद्धकरणीहै ॥ तथापि ताएकता
कीदृढतावासते एकताखंडनकाविकल्प प्रथमकऱ्याहै ॥ और बोधअनेकहैं यादूसरेपक्षविषेभी यहविचार कऱ्याचाहिये ॥ जैसे स्वरूपतें
घटपटकाभेदहै ॥ तैसे बोधोंका परस्पर स्वरूपतेंभेदहै ॥ अथवा जैसे घटाकाशऔर मठाकाशका महाकाशतें घटमठरूपउपाधिकरिके
भेदहै ॥ तैसे उपाधिकरिके बोधोंकापरस्परभेदहै ॥ तहाँ स्वरूपतेंबोधोंकाभेदहै यहप्रथमपक्ष बनेंनहीं ॥ काहेतें बोधस्वरूपता संपूर्णबो
धोंविषे समानहै ॥ यातें एकबोधविषे दूसरेबोधकाभेद रहेनहीं ॥ जैसे घटविषे घटकाभेदरहेनहीं यातें स्वरूपतेंबोधकाभेदनहीं ॥ और
उपाधिकेभेदतें बोधोंकाभेदहै ॥ यहदूसरा पक्ष हमारेकूं अंगीकारहै ॥ काहेतें जैसे घटमठरूपउपाधियोंकेभेदकरिके आकाश नानाहो
वैनहीं ॥ किंतु घटमठरूपउपाधिविषेस्थितभेदका आकाशविषे आरोपणहोवैहै ॥तैसे अबोधस्वरूपअंतःकरणकीवृत्तिकेभेदहुयेभी सोभेद
बोधविषे परमार्थतेंहैंनहीं ॥ किंतु वृत्तिरूपउपाधिविषेस्थितभेदका बोधविषे आरोपणहोवैहै ॥ ताआरोपितभेदकरिकेही प्रमाज्ञान
अप्रमाज्ञान स्मृतिज्ञान याप्रकारका भेदव्यवहारहोवैहै ॥ और बोधकेउपाधिवृत्तिरूपज्ञानकेभेदतें संस्कारोंकाभेद औरप्रमाणोंकाभेदभी
बनेंहैं ॥ और जैसे कल्पितमृगतृष्णाकेजलकरिके पृथिवी गोलीहोवैनहीं ॥ और जैसे कल्पितसर्पकरिके रज्जु विषवालीहोवैनहीं ॥ तैसे आ
रोपितभेदकरिके बोधविषे नानापणासिद्धहोवैनहीं ॥ किंवा ॥ बोधोंका जोपरस्परवास्तवभेदमानेंहैं ॥ तासेंयहपूछेंहैं ॥ तेबोध परस्परअ
पेक्षावालेहैं ॥ अथवा परस्परअपेक्षातेंरहितहैं ॥ तहाँ अंत्यपक्षमानणेमें बोधोंकाभेद सिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतें अन्यबोधकीअपेक्षातेंरहित

एकबोधकरिकेही सर्वव्यवहारकीसिद्धि बनिसकैहे ॥ अनंतबोधमानणेका कछुप्रयोजननहीं ॥ और बोध परस्परअपेक्षावाळेहैं ॥ यहप्रथम पक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतें जोबोध आपणेप्रकाशवासते दूसरेबोधकीअपेक्षा करताहोवै ॥ तौ अबोधस्वरूपहोवैगा ॥ जैसे घट आपणेप्रकाशवासते बोधकीअपेक्षाकरैहे ॥ यातैं अबोधस्वरूपहै ॥ याकहणेतैं बोध एकहै यहसिद्धभया ॥ अब बोधकेस्वप्रकाशताकीसिद्धिवासतेअन्यविचारकूंकरैहैं॥सो बोध अज्ञातहुआ सर्वव्यवहारकाकारणहै॥अथवा ज्ञातहुआ ॥तहाँ अज्ञातहुआबोध व्यवहारकाकारणहै॥यहप्रथमपक्ष बनैंनहीं॥काहेतें ज्ञानकीविषयताकेअभावकानाम अज्ञातताहै ॥ सोअज्ञातता दोप्रकारकीहोवैहै ॥ एकतो स्वप्रकाशतारूप ॥ और दूसरी जडत्वधर्मविशिष्ट चेतनकेसंबंधकाअभावरूप ॥ तहाँ बोधविषे स्वयंप्रकाशतारूप प्रथमअज्ञातताकूं सिद्धांतरूपता आगेकहैंगे ॥ अब दूसरीअज्ञातताकूं खंडनकरैहैं ॥ जैसे घट अज्ञातहुआभी जलकीआधारतारूपकार्यका कारणहै ॥ तैसे यहबोधअज्ञातहुआ किसीकार्यकाकारणनहीं ॥ और जोबोधकूं अज्ञातमानैंगे ॥ तौ बोधभी जडहोणेतैं बोधसैंरहितहुआ घटादिकोंकेसमान होवैगा ॥ और बोध ज्ञातहुआ व्यवहारकाकारणहै ॥ यहदूसरापक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतें ज्ञानकाविषयजोवस्तु सोज्ञातकहियेहै ॥ जो बोधकूंविषयकरणेहारा दूसराबोधमानोंगे ॥ तौ बोधकूं घटादिकोंकीन्यांई अबोधरूपता एकदूषण प्राप्तहोवैहै ॥ और दूसरा अनवस्थारूपदूषण प्राप्तहोवैहै ॥ काहेतें प्रथमबोध दूसरेबोधकाविषयहुआ व्यवहारकासाधकहै सोदूसराबोध जो अज्ञातहुआ प्रथमबोधकीसिद्धिकरैगा ॥ तौ अज्ञातपक्षविषे जितनेपूर्वदूषणकहेहैं॥ तिनदूषणोंकीप्राप्तिहोवैगी ॥ यातैं सोदूसराबोधभी तीसरेबोधकाविषयहुआही प्रथमबोधकीसिद्धिकरैगा ॥ सोतीसराबोध चतुर्थबोधकाविषयहुआ दूसरेबोधकीसिद्धिकरैगा ॥ याप्रकार बोधोंकोधारामानणेविषे अनवस्थादोषकीप्राप्तिहोवैहै ॥ शंका ॥ बोधकूंसिद्धकरणेहारा कोईबोधहैनहीं ॥ यातैं अनवस्थादोषहोवैनहीं समाधान ॥ बोधकासाधक जो बोधनहींमानोंगे ॥ तौ जगत्‌विषे अंधताकीप्राप्तिहोवैगी ॥ तात्पर्ययह ॥ किसीभीवस्तुकीसिद्धिनहींहोवैगी ॥ यातैं यहबोध बोधतैंरहितनहीं ॥ शंका ॥ बोधअज्ञातहै यापक्षविषेभी दोष पूर्वआपनेंकहे और ज्ञातपक्षविषेभी दोष पूर्वआपनेंकहे ॥ यातैं तिनदोषोंकीनिवृत्तिवासते बोधकूं स्वयंप्रकाशता हम

अंगीकारकरैंहैं ॥ समाधान ॥ विचारकियेहुवे सोअद्वितीयबोध स्वयंप्रकाशहै ॥ याप्रकारका अर्थ जोतेरीबुद्धिविषे आरूढहुआहै ॥ सो
हमारेकूंभीइष्टहै॥बोधकीस्वयंप्रकाशता हमभी अंगीकारकरैंहैं॥शंका॥बोधकूं स्वयंप्रकाशतामानणेविषे तुमारेकूं किसलाभकीप्राप्तिहोवैहै॥
समाधान ॥ सोस्वयंप्रकाशबोधस्वरूप मैंआत्माहूं ॥ मेरेतैंभिन्न बोधनहीं तात्पर्ययह॥ जोबोधमुझआत्मातैंभिन्नहोवै॥तो घटादिकोंकीन्यांई
मैंआत्माका दृश्यहोवेगा ॥ और दृश्यवस्तु स्वयंप्रकाशहोवैनहीं ॥ किंतु अन्यकरिकेप्रकाश्यहोवैहै ॥ और बोधकूं अन्यकरिकेप्रकाशमान
णेमैं पूर्वकहे अनवस्थादिकदूषण प्राप्तहोवैंहैं ॥ यातैं सोबोध मुझआत्मातैंअभिन्नहै॥बोधकूं आत्मस्वरूपताहुवे भूमाअनंदकीप्राप्तिहीलाभहै॥
शंका ॥ भूमाआनंदकेप्राप्तहुयेभी ताकेरक्षाकीचिंता तुमारेकूं प्राप्तहोवैगी ॥ समाधान॥ अनित्यवस्तुकीरक्षाहोवैहै ॥ नित्यवस्तुकीरक्षाहोवै
नहीं ॥ और सत्यस्वरूपमैआत्माकूं अनित्यताहैनहीं ॥ यातैं मुझ आत्मासैंअभिन्न भूमाआनंदकूंभीअनित्यतासंभवैनहीं॥ भूमानाम व्याप
ककाहै अब आनंदस्वरूपआत्माविषे अनित्यताकेअभावकीसिद्धिवासते तीनपरिच्छेदोंकेअभावकूं निरूपणकरैंहैं॥जोवस्तु आदिकालविषे
औरअंतकालविषे नहींहोवै॥सोवस्तु अनित्यकहियेहै॥और मैंआनंदस्वरूपआत्मा तीनकालविषे विद्यमानहूं ॥ यातैं आनंदस्वरूपमैआत्मा
अनित्यनहींहूं॥किंतु नित्यहूं॥औरमेरेतैंभिन्न कोईवस्तुहैनहीं॥किंतु मैंहीसर्वत्रहूं॥याकहणेतैंवस्तुपरिच्छेदकाअभाव आत्माविषेदिखाया॥
और जोवस्तु किसीएककारणविषेरहैहै॥अथवाकिसीएकदेशविषेरहैहै॥अथवा किसीएककालविषेरहैहै ॥ सोवस्तुतिसआपणेआधारतैं और
जगत् तैंभिन्नहोवैहै॥ताभेदकरिकेतिसवस्तुकूं अनित्यताप्राप्तहोवैहै ॥ काहेतैंजोजो भेदवालावस्तुहोवैहै ॥ सोसो अनित्यहोवैहै ॥ याप्रकारका
नियमव्यासभग वान्नैं सूत्रविषेकह्याहै ॥ जैसे घटपटादिकपदार्थ भेदवालेहैं ॥ यातैं अनित्यहैं ॥ और घटपटादिकनकीन्यांई मैं
आनंदस्वरूपआत्मा किसीकारणविषे अथवा किसीदेशकालविषे रहतानहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ संपूर्णदेशकालादिककल्पितवस्तुका मैं
आनंदस्वरूपआत्मा आधारहूं मुझआत्माकाआधार कोईकल्पितवस्तुहोवैनहीं ॥ यातैं मैं आनंदस्वरूपआत्माकूं किसीप्रकारभी अनित्य
तानहीं ॥ याकहणेतैं आत्माविषे देशपरिच्छेदऔरकालपरिच्छेदकाअभाव दिखाया ॥ किंवा ॥ देश औरकाल औरतिसदेशकालकरिके

उत्पन्नभयाजोवस्तु औरतिसदेशकालविषेस्थित जोसत्यअसत्यस्वरूप जड़वस्तु ॥ यहसंपूर्ण मुझ अधिष्ठानस्वरूपआत्माविषे रहेहैं ॥ और मैंसर्वकाअधिष्ठानआत्मा किसीअनात्मवस्तुविषे रहतानहीं ॥ किंतु आपणेमहिमाविषे मैंस्थितहूं ॥ अब नानाप्रकारकेप्रपंचका अद्वितीयआत्मा आधारहै याअर्थकूं अनेकदृष्टांतोंकरिकै स्पष्टकरैहैं ॥ जैसे मालाकेमणिके सूत्रविषेरहैहैं ॥ तैसे यहस्थूलप्रपंच मुझसूत्र आत्माविषेरहैहै ॥ और जैसे पृथिवीकेसूक्ष्मजेकणिकेहैं ते पृथिवीविषे रहैहैं ॥ तैसे यहसूक्ष्मप्रपंच कारणस्वरूपमुझईश्वरविषे रहैहै ॥ और जैसे गंगादिकनदियोंकेजल आपणेनामऔररूपकापरित्यागकरिकै समुद्रविषे स्थितहोवैहैं ॥ तैसे यह अव्याकृतरूपकारण मुझब्रह्मविषे स्थितहोवैहै ॥ और जैसे अग्निविषे धूमरूपअंधकार रहैहै ॥ तैसे सृष्टिकालविषे अनित्यजड़दुःखरूप यह प्रपंच सत्‌चित्‌आनंदस्वरूप मैं आत्माविषे रहैहै ॥ और जैसे वायुके आधार मेघ और तृण रहैहैं ॥ तैसे यह प्रपंच स्थितिकालविषे मुझ आत्माविषे रहैहै यहाँ गंध करिकैगंधकाआधार पृथिवीकेसूक्ष्मभाग लेणे ॥ और जैसे शरदऋतुविषे आकाशमेंलयभावकूं प्राप्तहुयेमेघ रहैहैं ॥ तैसे प्रलयकालविषे यह प्रपंच मुझपरमात्माविषे रहैहै ॥ इसप्रकार आत्माकूं तत्पदार्थईश्वरस्वरूपताकरिकै जगत्‌कोआधारता कही ॥ अब त्वंपदार्थजी वरूपताकरिकै कर्तृत्वभोक्तृत्वादिकप्रपंचकीआधारता आत्माविषे तीनदृष्टांतोंकरिकैदिखावैहैं ॥ जैसे सुहृद्‌पुरुषविषे दुष्टता कल्पित है ॥ और जैसे दुष्टपुरुषविषे साधुता कल्पितहै ॥ और जैसे बालककेशरीरविषेराक्षसभाव कल्पितहै ॥ इसप्रकार मुझआत्माविषे संपू र्णजगत् कल्पितहै ॥ कैसामैंआत्माहूं ॥ स्वयंप्रकाशहूं और सुखस्वरूपहूं ॥ और मुझआत्माविषे लेशमात्रभीदुःखनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् संपूर्णजगत्‌काआत्मा ॥ आपहो ॥ ताजगत्‌विषेविद्यमानदुःखकेसाथि आपकासंबंध काहेतेंनहीं ॥ समाधान ॥ अद्वितीयआ त्मस्वरूपकेविचारकियेतें याजगत्‌विषे कभीभीदुःखहैनहीं ॥ काहेतें जोजोवस्तु उत्पन्नहोवैहै ॥ सोसो जड़होवैहै ॥ और दुःखकीउत्पत्ति सर्वप्राणियोंकूं प्रसिद्धहै ॥ यातें दुःखभीजड़है ॥ और मुझचेतनआत्माविषे जड़वस्तु परमार्थतेंहोवैनहीं ॥ यातें जड़दुःखस्वरूप मैंनहीं ॥ शंका ॥ जैसेदुःख उत्पन्नहोवैहै यातेंजड़है ॥ तैसे सुखभी उत्पन्नहोवैहै ॥ यातें सुखभीजड़है ॥ और जड़वस्तु परमार्थतेंहोवैनहीं यहपूर्व

आपनैंकह्याहै ॥ यातैं सुखस्वरूपताभी आत्माकूं नहींहोवैगी ॥ समाधान ॥ जैसे दुःख उत्पन्नहोवैहै ॥ तैसे आत्मास्वरूपहोणेतैं सुख
कीउत्पत्ति विवेकीपुरुषोंनैं अंगीकारनहींकरी ॥ किंतु सुखकूंनित्यमानैंहैं ॥ औरमूढ़पुरुषतो आनंदस्वरूपआत्माकेप्रतिबिंबयुक्त अंतः
करणकीवृत्तिकूं सुखरूपमानिके ताका उत्पत्ति और नाश अंगीकारकरैंहै ॥ शंका ॥ सो अंतःकरणकीवृत्तिही मुख्यसुखरूप काहेतैंन
हींहोवै ॥ समाधान ॥ अंतःकरणकीवृत्तिकूं सुखस्वरूपमानणा ॥ श्रुति और युक्तिसैं विरुद्धहै ॥ काहेतैं श्रुतितो व्यापक आत्माकूंहीं
सुखरूपकहैहै ॥ और परिच्छिन्नवस्तुकोसुखरूपताकूं खंडनकरैहै ॥ और अनुमानरूपयुक्तिसैंभी वृत्तिकूं सुखरूपताासिद्धहोवैनहीं ॥
काहेतैं जोजो उत्पत्तिवालाहोवैहै सो सुखस्वरूपहोवैनहीं ॥ जैसे दुःख उत्पत्तिवालाहै ॥ यातैं सुखरूपनहीं ॥ तैसे अंतःकरणकीवृत्तिभी
प्रसिद्ध उत्पन्नहोवैहै ॥ यातैं ॥ सुखस्वरूपनहीं ॥ अब आत्मसाक्षात्कारकाकारण जोवैराग्यहै ॥ ताकीउत्पत्तिवासतै विषयजन्यसुख
विषे ॥ दुःखरूपताकूं निरूपणकरैंहैं ॥ विषयतैंउत्पन्नभयाजोफल सो सुखरूपहै अथवा ताफलकेसाधनविषयहीं सुखरूपहैं ॥ तहाँ प्रथम
पक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतैं विषयतैंउत्पन्नभयाजोफल सो तीनकालविषे सुखरूपनहीं ॥ किंतु दुःखरूपहै ॥ शंका ॥ जो विषयजन्यफल सुख
रूपनहोवै ॥ तो विषयतैंहमारेकूं सुखउत्पन्नभयाहै ॥ यहलोकोंकाकथन असंगतहोवैगा ॥ और सर्वलोक ऐसाकथनकरैंहैं यातैं विषय
जन्यफलही सुखरूपहै ॥समाधान ॥ विषयतैं सुखरूपफल उत्पन्नहोवैनहीं ॥ किंतु दुःखरूपफल उत्पन्नहोवैहै ॥ तादुःखविषे पूर्वपूर्वभ्रम
जन्यसंस्कारोंतैं ॥ पुरुषोंकूं सुखबुद्धिहोवैहै ॥ सोदुःखविषेसुखबुद्धि भ्रमरूपहै ॥ काहेतैं अन्यवस्तुविषे अन्यबुद्धिकानाम भ्रांतिहै॥ यातैं
विषयजन्यफल सुखरूपनहीं ॥ और विषयहीसुखरूपहै ॥ यादूसरेपक्षकेखंडनवासतै प्रथम स्त्रीरूपविषयविषे सुखरूपताकाखंडनकरैंहैं ॥
ताकेखंडनहुवे सर्वविषयोंमैं सुखरूपताकाखंडन होवैहै ॥ जैसे संपूर्णमल्लोंविषे जो प्रधानमल्लहोवै ॥ ताकेजयकियेहुये संपूण मल्लोंतैंजय
होवैहै ॥ तैसे संपूर्णलोकोंनैं सर्वविषयनतैं अधिकमान्याहुआ जोस्त्रीरूपविषय ॥ ताविषे जभी सुखरूपताकाखंडनभया ॥ तभी सर्व
विषयनमैं सुखरूपताकाखंडन सिद्धहोवैहै ॥ यातैं प्रथम स्त्रीरूपविषयविषेहीं सुखरूप ताकाअभाव कह्याचाहिये ॥ जैसे मृतकमंडूक

फूलिके उदरतैंफाटिजावे ॥ सो दुर्गंधीवालाहोवैहै ॥ और अधिकमांसवालाहोवैहै ॥ और रुधिरविष्ठामूत्रकरिकैयुक्तहोवैहै ॥ और कोमलस्पर्शवालाहोवैहै ॥ और स्निग्धहोवैहै ॥ ऐसे दुर्गंधमंडूकचर्मविषे औरस्त्रीकीयोनिविषेविचारकियेतैं किंचित्मात्रभी भेद नहीं ॥ किंतुदोनोंसमानहैं ॥ तथापि कामीपुरुषोंकूं जोदुर्गंधमंडूकचर्मतैं स्त्रीकीयोनिविषेसुंदरताप्रतीतहोवैहै ॥ सोकेवल भ्रांति करिकेप्रतीतहोवैहै ॥ और रोमोंतैंरहितस्त्रीकेदोनों स्तनविषे और पुरुषके कटीभागकेनीचेस्थितमांसपिंडोंविषे विचारकियेतैंकिंचित् मात्रभी भेदनहीं ॥ तथापि अविवेकीकामीपुरुषोंकूं जोभेद प्रतीतहोवैहै ॥ सो केवल भ्रांतिकरिकेप्रतीतहोवैहै ॥ और रोमोंतैंरहित पुरुषोंकेमुखविषे और स्त्रियोंकेमुखविषे विचारकियेतैं किंचित्मात्रभी भेदनहीं ॥ तथापिअविवेकीकामीपुरुषोंकूं जोभेदप्रतीतहोवैहै ॥ सो केवल भ्रांतिकरिकेप्रतीतहोवैहै ॥ और नपुंसकोंका औरस्त्रियोंकाभी विचारकियेतैं किंचित्मात्रभी भेदनहीं ॥ भ्रांतिकरिके अविवेकी पुरुषोंकूं भेदप्रतीतहोवैहै॥ तैसे पुरुषोंकेशरीरविषे औरस्त्रियोंकेशरीरविषे विचारकियेतैं किंचित्मात्रभी भेदनहींहै॥शंका॥पुरुषशरीरविषे औरस्त्रीशरीरविषे प्रसिद्धभेद लोकोंकूं प्रतीतहोवैहै॥तिनदोनोंशरीरोंकूंअभेदकहणा अत्यंतविरुद्धहै ॥ समाधान ॥ पुरुषशरीरविषेऔरस्त्री शरीरविषे तत्वोंकेभेदतैंभेदहै ॥ अथवा आत्माकेभेदतैंभेदहै॥ तहां तत्वोंकेभेदतैंभेदहै यहप्रथमपक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतैं पंचकर्मइंद्रिय पंच ज्ञानइंद्रिय पंचभूत पंचप्राण चारिअंतःकरण याचौवीसतत्वोंकासमुदायही स्त्रीपुरुषादिकप्राणीमात्रका शरीरहै॥ यहवार्त्ता पूर्वदेहकेखंडन विषे कहिआयेहैं॥यातैं तत्वोंकेभेदतैं स्त्रीपुरुषादिकशरीरोंविषे भेद सिद्धहोवैनहीं॥और आत्माकेभेदतैंभेदहै ॥ यह दूसरापक्षभी बनैंनहीं॥ काहेतैं स्त्रीपुरुषादिकसंपूर्णप्राणीमात्रकेहृदयदेशविषे सत्चित्आनंदस्वरूपमैं आत्मा स्थितहूं॥कैसामैं आत्माहूं अहं याज्ञानकाविषयहूं॥ और अहं याशब्दकालक्ष्यहूं॥और सर्वत्र व्यापकहूं॥और आधारतैंरहितहूं ॥ इसप्रकार स्त्रीशरीरविषे औरपुरुषशरीरविषे चौवीसतत्वोंकी तथा आत्माकी समानताहुवेभी कामरूपपिशाचकेवशहुवे पुरुषऔरस्त्रियां यहस्त्रीहै यहपुरुषहै याप्रकारकेभेदकूंकल्पनाकरिके मुखतैंउत्पन्नहुईलालाओंकूं परस्पर पानकरैंहैं॥और स्वेदादिकमलोंकूं ग्रहणकरैंहैं॥और जैसे मेष परस्पर शरीरकाताडनकरैंहैं॥और जैसे महादेवकी

प्रसन्नतावासतै पिशाच परस्पर शरीरकाताडनकरैहैं॥तैसे स्त्रीऔरपुरुष कामकरिकेउन्मत्तहुवे परस्पर शरीरकाताडनकरैहैं ॥ याप्रकारका
व्यापारकरतेहुवे तिनोंकेअंगोंतैं वीर्यरूपहोइके अतिहास्ययुक्तपुरुषकीन्याई काम निकसैहै॥और कभी नहींभीनिकसैहै॥तात्पर्ययह॥जैसे
महाराजाकोसभाविषे स्थितपुरुषोंकूं किसीनिमित्ततैं अतिहास्यकावेग उत्पन्नहोवैहै ॥जभी ताहास्यकेवेगकूं नहींसहारिसकैहैं॥तभी सभातैं
बाहीरनिकसिजावैहैं॥और जभी सहारिसकैहैं॥तभीसभाविषेहीस्थितहोवैहैं॥बाहिरनहींनिकसैहैं॥ तैसे शरीरकेभीतरस्थित जोदेवतावोंकी
सभा॥ताकेमध्यविषेस्थितहुआकाम जैसे महादेवकेविनोदवासतै नाटककूंरच्याथा॥तैसे नाटककूंरचैहै॥तानाटककरिके विपरीतआचरणकूं
प्राप्तभये स्त्रीऔरपुरुषोंकूंदेखिकरिके हास्यकेवेगकूं नसहारताहुआकाम वीर्यरूपहोइके बाहीरनिकसैहै ॥ याकहनेतैं यहसिद्धभया ॥
मुखकेलालादिकोंकूं अधरामृतरूपकरिके कथनकरताहुआ कामशास्त्रकाभी पुरुषोंकेवैराग्यउत्पत्तिविषेहीं तात्पर्यहै॥ जैसे लोकविषे आ
पणेविपरीतआचरणकूंश्रवणकरिके ताविपरीतआचरणतैं पुरुष निवृत्तहोवैहै ॥ तैसेकामीपुरुषकेविपरीतआचरणकाकथनरूपउपहास्यकूं
करताहुआकामशास्त्रकाभी ताविपरीतआचरणतैंनिवृत्तिविषेही परमतात्पर्यहै॥ताविपरीतआचरणविषे तात्पर्यनहीं ॥शंका॥तामैथुनधर्मतैं
यद्यपि सुखकोप्राप्तिरूपपुरुषार्थ होवैनहीं॥तथापि कामकोशांतिरूपदुःखकीनिवृत्तिस्वरूपपुरुषार्थताकरिकेप्राप्तहोवैहै॥समाधान ॥मैथुनध
र्मतैं दुःखकीनिवृत्तिभी होवैनहीं॥उलटा क्लेशकीप्राप्तिहोवैहै॥जैसे पिशाचादिरूपग्रहकरिकेयुक्तपुरुष ताग्रहकेबलतैं विपरीतचित्तहुवे परस्पर
सन्मुखहोइके अथवाविमुखहोइके आपणेकटीभागोंका ताडनकरैहैं ॥ तातैं अतिक्लेशकूंप्राप्तहोइकरिके पिशाचरूपग्रहतैंनहींछूटेहुवेभी तेपु
रुषसुखीपुरुषकीन्याईपूर्वव्यापारतैंरहितहुवे स्थितहोवैहैं॥तैसे कामरूपग्रहतैं नहींछूटेहुवेभीकामीस्त्रीपुरुष पूर्वव्यापारतैंनिवृत्तहुवेसुखीकी
न्याईप्रतीत होवैहै यातैं कामकी निवृत्तिरूपदुःखकीनिवृत्तिभी मैथुनधर्मतैंहोवैनहीं॥और जैसे घृतकाष्ठादिकोंकरिके अग्निकीशांतिहोवैन
हीं॥किंतुउलटा वृद्धिहोवैहै ॥ तैसे मैथुनधर्मकरिकेकभीभीकामकीनिवृत्तिहोवैनहीं ॥ उलटा ताकरिके कामकी वृद्धिहोवैहै॥किंवा॥ प्रथम
जावस्तुविषे पुरुषको इच्छा होवैहै ॥ तावस्तुविषे पश्चात् तिसपुरुषकीप्रवृत्तिहोवैहै ॥ यह नियमहै यातैं इच्छा कारणहै ॥ और प्रवृत्ति

ताकाकार्यहै ॥ और कारणतैंविना कार्यहोवैनहीं ॥ यातैं कार्यतैं कारणकाअनुमान होवैहै ॥ जैसे नदीकेजलकीवृद्धितैं वर्षाकाअनुमान होवैहै ॥ तैसे स्त्रीऔरपुरुषोंकेकामकी जोनिवृत्तिहुईहोवे ॥ तो पुनःमैथुनधर्मविषे प्रवृत्ति न हुई चाहिये ॥ और दिन दिनविषे इनोंकी प्रवृत्तिहोवैहै ॥ यातैं ऐसाजान्याजावैहै ॥ इनोंको कामकीनिवृत्तिनहींभई॥ शंका ॥ जैसे मैथुनधर्मविषे प्रवृत्तिरूपहेतुतैं स्त्रीकेतथापुरुषके कामकाअनुमानहोवैहै ॥ तैसे मैथुनधर्मतैंनिवृत्तिरूपहेतुतैं कामकेअभावकाभीअनुमानहोइसकैहै ॥ समाधान ॥ निवृत्तिरूपहेतुतैं कामकाअभाव सिद्धहोवैनहीं॥काहेतैं जोकामके अभावविना निवृत्तिनहोतीतौनिवृत्तिरूपहेतुतैं कामके अभावका अनुमानहोता॥ सोनिवृत्ति कामकेअभावविनाहींहोवैहै॥यातैं निवृत्तिरूपव्यभिचारीहेतुतैं कामकेअभावकोसिद्धिहोवैनहीं॥यहाँ यह तात्पर्यहै॥मैथुनधर्मतैं जोस्त्रियोंकी तथापुरुषोंकी निवृत्तिहोवैहै ॥ सोनिवृत्ति सुखरूपफलकी प्राप्तितैंनहीं काहेतैं फलकीप्राप्तिहूये पुनःसाधनकोइच्छाहोवैनहीं ॥ और यहाँ पुनःसाधनकोइच्छादेखीतीहै ॥ यातैं सुखरूपफलकोप्राप्तितैं सोनिवृत्तिनहीं ॥ तैसे कामकेअभावतैंभी सोनिवृत्तिनहीं ॥ किंतु जितने पर्यंत स्त्रीतथापुरुषोंकूं शरीरविषे श्रम उत्पन्ननहींभया ॥ तबपर्यंत मैथुनधर्मविषे परस्पर प्रवृत्तहोवैहैं और जभी श्रमयुक्तहोवैहैं तभी तातैंनिवृत्तहोवैहैं ॥ यातैं केवल श्रमकरिकेनिवृत्तिहोवैहैसुखकीप्राप्तिकरिके अथवाकामकेअभावकरिके सोनिवृत्ति होवैनहीं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे परस्परयुद्धकरतेहुवे दोनोंमल्लोंकी युद्धतैंनिवृत्तिहोवैहै ॥ सोनिवृत्ति सुखरूपफलकोप्राप्तिकरिके अथवाकामनाकेअभावकरिके होवैनहीं ॥ किंतु केवल श्रमकरिकेसोनिवृत्तिहोवैहै ॥ यातैं निवृत्तिरूपहेतुतैं कामकाअभाव सिद्धहोवैनहीं ॥किंवा ॥ वीर्यकेबाह्य निकसणेविषे किंचिन्मात्रभी सुखहोवैंनहीं ॥ उलटा दुःखहोवैहै ॥ तथापि तादुःखकूं भ्रांतिकरिकेसुखमानैहैं ॥ और ताभ्रांतिसिद्धसुखतैं अधिकसुख विष्ठामूत्रकेपरित्यागविषे होवैहै ॥ काहेतैं वीर्यकेपरित्यागहुयांपीछे पुरुषोंकूं पश्चात्ताप तथा बलकीहानि होवैहै ॥ और विष्ठामूत्रकेपरित्यागहुयांपीछे पश्चात्तापादिक होवैनहीं ॥ उलटा प्रसन्नताहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे समीपकिसीवृक्षविषे ॥ जभी मधुकीप्राप्तिहोवे ॥ तभी मधुकीप्राप्तिवासतै पर्वतकेऊपरिजाणा व्यर्थहै ॥ तैसे वीर्यकेपरित्यागजन्यसुखतैं विष्ठामूत्रकेपरित्यागजन्य अधिकसुखके

नित्यप्राप्तहुवेभी वीर्यपरित्यागजन्यसुखकीप्राप्तिवासते पुरुषोंकायत्न व्यर्थहै ॥ शंका ॥ जैसा रततैंसुख उत्पन्नहोवैहै ॥ तैसा विष्ठामूत्रके
परित्यागतैं सुखहोवैनहीं॥समाधान॥वीर्यकेपरित्यागविषे जेसे तैनें रतशब्दकीअर्थता मानीहै ॥ तैसे विष्ठामूत्रकेपरित्यागविषे रतशब्दकी
अर्थता किसदूषणकेभयतैं तैनें नहींमानीती॥किंतु मानीचाहिये॥काहेतैं सुखके अनुकूलव्यापारत्वरूप रतशब्दकेप्रवृत्तिकानिमित्त वीर्य
केपरित्यागविषे तथा विष्ठामूत्रकेपरित्यागविषे समानहै किंवा शब्दसहित अपानवायुकेपरित्यागविषे जोसुखहोवैहै ॥ सोसुख संपूर्णदेवां
गनाकेसंयोगविषेभी होवैनहीं ॥यातैं जैसेभ्रांतपुरुषोंनें देवांगनाजन्यसुखकीप्राप्तिवासते यज्ञादिककर्मकरीतेहैं ॥तैसे अपानवायुजन्यसुखकी
प्राप्तिवासते यज्ञादिककर्म काहेतैंनहीकरीते ॥ तात्पर्ययह॥तृणादिकतुच्छ वस्तुकीप्राप्तिवासतै जोपुरुष चिंतामणिका परित्यागकरैहै ॥
ताबुद्धिहीनपुरुषकूं चिंतामणिशापदेवैहै ॥ तैसे अपानवायुके निर्गमनजन्यसुखतैंभी अतिनिकृष्टजोदेवांगनाजन्यसुख ॥ तातुच्छसुखकी
प्राप्तिवासते चित्तशुद्धिद्वारामोक्षकेसाधनयज्ञादिककर्मोंकूं जोपुरुष करैहै ॥ ताअल्पबुद्धिपुरुषकूं यज्ञादिककर्मभी शापदेवैहै ॥ किंवा
जोवादी विषयजन्यसुखकूंमानैहै ॥ तातैं यह पूछाचाहिये ॥ तासुखका स्त्रीकाशरीर तथा पुरुषकाशरीर कारणहै ॥ अथवा तिनदोनोंशरी
रोंकासंबंध कारणहै ॥ अथवा प्रजाकीउत्पत्तिकारणहै॥अथवासमानजातिवालीप्रजाकीउत्पत्तिकारणहै ॥ तहाँ स्त्रीकाशरीर तथापुरुषका
शरीर सुखकाकारणहै॥यहप्रथमपक्ष बनैंनहीं॥काहेतैं जोशरीरविषे सुखउत्पन्नहोताहोवै ॥ तो सुखकीप्राप्तिवासते स्त्रीपुरुषकेसमीप गमन
करैहै ॥ सो नहोणाचाहिये ॥ तैसे पुरुषसुखकीप्राप्तिवासते स्त्रीकेसमीप गमनकरैहैं ॥ सो नहोणाचाहिये ॥ काहेतैं सुखकासाध
अपनाशरीर दोनोंकाविद्यमानहै ॥ यातैं देहविषे किसीस्त्रीकूं तथापुरुषकूं सुखहैनहीं ॥ और स्त्रीपुरुषकासंयोग सुखकाकारणहै ॥ य
हदूसरापक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतैं जो स्त्रीपुरुषकासंयोगही सुखकाकारणहोवै ॥ तोमैथुनधर्मतैंअनंतरभी तासंयोगतैं सुखहोणाचाहि
ये ॥ और सुखहोवैनहीं ॥ उलटा पश्चात्तापहोवैहै ॥ इसीकारणतैं महात्मापुरुषोंनें कह्याहै ॥ श्लोक ॥ भोजनांतेश्मशानांते मैथुनांतेचया
मतिः ॥ सामतिःसर्वदाचेत्स्यात् नरोनारायणोभवेत् ॥ १ ॥ अर्थयह ॥ भोजनकेअंतविषे तथाश्मशानभूमिविषे तथामैथुनकेअंतविषे

जैसी पुरुषकूं दोषदृष्टिहोवैहै ॥ सोदोषदृष्टि जोपुरुषकूं सर्वकालविषेरहै ॥ तो यहपुरुष साक्षात् परमेश्वरस्वरूपहोवै ॥ परंतु ऐसीदृष्टि सर्वदारहैनहीं ॥ १ ॥ यातैं स्त्रीपुरुषकासंयोगभी सुखकाकारणनहीं ॥ और प्रजाकीउत्पत्ति सुखकाकारणहै ॥ यहतीसरापक्षभी बनैंनहीं॥ काहेतैं जोप्रजाकीउत्पत्ति सुखकाकारणहोवै ॥ तो मत्कुण औरकीट तथायूकादिक प्रजाकीउत्पत्तितैंभी हमारेकूं सुखहोणाचाहिये ॥ और होवैनहीं ॥ उलटा दुःखहोवैहै ॥ यातैं प्रजाकीउत्पत्तिभी सुखकाकारणनहीं ॥ और सजातीयप्रजाकीउत्पत्ति सुखकाकारणहै ॥ यहचतुर्थपक्षभी बनैंनहीं ॥ काहेतैं लोकविषे पुत्रादिरूपप्रजावालेभीपुरुष पुत्रादिकोंकरिके दुःखीदेखीतेहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ प्रतिकूलपुत्रादिकतो प्रसिद्ध पितामाताके दुःखकेकारणहोवैहैं ॥ और अनुकूलपुत्रादिकभी पालनपोषणकीचिंताद्वारा पितामाताके दुःखकेकारणहोवैहैं ॥ तहां पूर्वग्रंथकरिके स्त्रीरूपविषयविषे सुखकीकारणताखंडनकरी ॥ अब रसनइंद्रियकेविषयरसादिकोंविषे सुखकीकारणता खंडनकरैहैं ॥ जैसे स्त्रीरूपविषय यापुरुषके सुखकाकारणनहीं ॥ तैसे अन्नऔरजलभी याके सुखकेकारणनहीं ॥ काहेतैं भोजनकियाहुआअन्न तथापानकऱ्याहुआजल उत्तरकालविषे यापुरुषके दुःखकेकारण प्रतीतहोवैहैं॥तात्पर्ययह॥ भोजनकरिकेतृप्तहुयेपुरुषकूं जभीकोई अन्नपरोसैहै ॥ तभी ऊंचेस्वरतैंनिवारणकरैहै ॥ यातैंयहजाण्याजावैहै ॥ यापुरुषका अन्नविषेद्वेषहै ॥ और जो द्वेषकाविषयहोवैहै ॥ सो दुःखकासाधनहोवैहै ॥ जैसे सिंहसर्पादिकहैं ॥ यातैं अन्नादिक सुखकेकारणनहीं ॥ शंका ॥ जोअन्न औरजल सुखकेकारणनहोवैं ॥ तो सुखकी प्राप्तिवास्तै अन्नजलविषे लोकोंकीप्रवृत्ति नहींहोणीचाहिये ॥ और सर्वलोकोंकी अन्नजलविषे प्रवृत्तिदेखीतीहै यातैं अन्नऔरजल सुखकेहीकारणहैं ॥ समाधान ॥ अन्नऔरजल सुखकेकारणनहीं ॥ किंतु अन्नजलतैं किंचित्काल क्षुधातृषाकीशांतिहोवैहै ॥ जैसे प्रज्वलितअग्निविषे पायाहुआकाष्ठोंकासमूह क्षणमात्र ताअग्निकीऊंचीज्वालावोंकूं निवारणकरैहै ॥ और जैसे जलकरिकेगीलीपृथिवीकूं वायु रूक्षकरैहै ॥ तावायुकाअनादरकरिके जलकासिंचन क्षणमात्र तापृथिवीकेरूक्षताकूं निवारणकरैहै ॥ इसप्रकार शरीरकेभीतरस्थित अग्निऔरप्राणभी अप्रतिबद्धहुवे प्राणियोंकेक्षुधाऔरतृषाकूं उत्पन्नकरैहैं॥तहां प्राण क्षुधाकूंउत्पन्नकरैहै ॥ और अग्नि तृषाकूंउत्पन्नकरैहै ॥ और पुरुषोंनें

शरीरकेभीतरपाया जोअन्नऔरजल ॥ ताकरिके किंचित्काल क्षुधाऔरतृषाकोशांतिहोवैहै ॥ तात्पर्ययह॥अन्नऔरजलकेपडनेतें प्राणा
ग्निकानिरोधहोवैहै॥तानिरोधतें क्षणमात्र क्षुधातृषाकोशांतिहोवैहै॥ताक्षुधातृषाकासहनरूपशांतिविषेही अल्पबुद्धिभ्रांतपुरुष सुखकूंमानैहैं
॥ यातें रसनइंद्रियकेविषयअन्नादिकोंविषे सुखकीकारणतानहीं ॥ याप्रकार शब्दादिकविषयोंकेप्राप्तहुवेभी पुरुषोंकूंसुख उत्पन्नहोवैनहीं ॥
किंतु क्षणमात्र इच्छाकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥शब्दादिकविषयोंकीइच्छाकरिके प्रथम चित्त चंचलरहेहै ॥ तेशब्दादिकविषय जभी
प्राप्तहोवैहैं ॥ तभी क्षणमात्र चित्तकेचंचलताकी निवृत्तिहोवैहै ॥ ताचंचलताकीनिवृत्तिरूप चित्तकीअवस्थाकूंही मूढपुरुष सुखरूपमानैहैं
॥ और ज्ञानीपुरुषतो ऐसेजानैहैं ॥ चित्त भूतोंकेसत्वगुणकाकार्यहै ॥ यातेंनिर्मलहै ॥ तथापि शब्दादिकविषयोंकीइच्छाकरिके चलायमा
नहुआचित्त आनंदरूपआत्माकेप्रतिबिंबकूं ग्रहणकरैनहीं ॥ और ताशब्दादिकविषयोंकी जभीप्राप्तिहोवैहै ॥ तभी किंचित्काल इच्छाके
निवृत्तहुवे चित्त स्थिरहोवैहै ॥ तास्थिरचित्तविषे आनंदरूपआत्माका प्रतिबिंबहोवैहै ॥ जिसआनंदरूपआत्माकेप्रतिबिंबकरिके दुःखरूप
चित्तभी सुखकीन्याई प्रतीतहोवैहै ॥ सोबिंबभूतआत्माही मुख्यसुखस्वरूपहै ॥ याअभिप्रायतेंही शास्त्रविषे विषयप्राप्तिकालविषेभी ज्ञानी
कूं नित्यसुखकाअनुभव कह्याहै ॥ और अज्ञानीकूं क्षणिकसुखकाअनुभव होवैहै ॥ यातें शब्दादिकविषयनतें किंचित्मात्रभी पुरुषोंकूं
सुखउत्पन्नहोवैनहीं ॥ किंतु दुःखरूपअंतःकरणकेपरिणामविषेही भ्रांतपुरुषोंनें सुखबुद्धिकरीहै ॥ किंवा ॥ विषयजन्यअंतःकरणकापरि
णामरूपफलविषे उत्पत्ति और नाश तथापरिच्छिन्नता रूपदोषरहेहैं॥यातें ताविषे बुद्धिमान्पुरुषोंकूं सुखबुद्धिकैसेहोवै॥किंतु नहींहोवैगी॥
काहेतें श्रुतिविषे व्यापकआत्माकूंही सुखस्वरूपकह्याहै ॥किंवा॥व्याकरणकीरीतिसें सुखशब्दकाअर्थकरियै॥तोभी अंतःकरणकेपरिणामकूं
सुखस्वरूपतासिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतें जाकरिके इंद्रियोंकेगोलक प्रसन्नहोवैहैं॥सो सुखकहियेहै॥और विषयजन्यसुखकेविचारकियेतेंउलटा दो
षचिंताकरिके हृदयरूपगोलक तपायमानहोवैहै॥यातें जितनेविषयजन्यसुखहैं॥तेसंपूर्ण दुःखरूपहैं ॥ और पूर्वकहीयुक्तितें किसी कारण करि
के सुख उत्पन्नहोवैनहीं॥किंतु सुख नित्यहोवैहै॥और जोउत्पन्नहोवैहै॥सो सुखरूपनहीं॥यातें ऐसानित्यसुखस्वरूप मैं आत्माहूं॥पुनःकेसामैं

आत्माहूं ॥ सत्‌चित्‌अद्वितीयस्वरूपहूं ॥ शंका ॥ सत्‌चित्‌ आनंद याप्रकारकेशब्दोंकेभेदतें आत्माकेस्वरूपकाभेद काहेतैंनहींहोवे ॥ समाधान॥बुद्धिमान्‌पुरुषोंकूं सत्यादिकशब्दनकेभेदतें सत्‌चित्‌ आनंदरूपअर्थोंकोभेदबुद्धि कभीभीउत्पन्नहोवैनहीं ॥ काहेतें शब्दोंकेभेद हुयेभी अर्थकीएकता लोकविषेदेखीहै ॥ जैसेएकहीपुरुषव्यक्तिविषे पिता पुत्र पति भ्राता याप्रकारकेभिन्नभिन्नशब्द पुत्र पिता स्त्रीभ्राता दिकोंनें क्रमतैंकथनकरीतेहैं॥तथापि ताशब्दोंकेभेदतें पुरुषव्यक्तिकाभेदहोवैनहीं॥तैसे मुझआत्माविषे सत्‌ चित्‌ आनंद परिपूर्ण याप्रकार केभिन्नभिन्नशब्दशास्त्रनेकथनकरेहैंतथापिसत्यादिकशब्दोंकेभेदतैंमुझआत्माकाभेदहोवैनहीं॥अबजानिमित्तकूंग्रहणकरिकेसत्यादिकशब्द आत्माकूंबोधनकरैंहैं तानिमित्तकूं दिखावैहैं॥जैसे वंध्यापुत्र असत्यहै॥तैसे मैंआत्माअसत्यनहींहूं॥किंतु असत्यतैंविलक्षणहूं॥ताविलक्षणतारूप निमित्तकूंग्रहणकरिकें सत्यशब्द मेंआत्माविषे प्रवर्तेहै॥और जैसेघटादिकजड़पदार्थ अन्यकरिकेप्रकाश्यहैं॥तैसे मैं आत्माअन्यकिसीकरिके प्रकाश्यनहींहूं॥यातें मैंआत्मा जड़नहींहूं॥किंतु घटादिकजडपदार्थतैंविलक्षणहूं ॥ ताविलक्षणतारूपनिमित्तकूंग्रहण करिके चेतनशब्द मुझ आत्माविषे प्रवर्तेहै॥और जोवस्तु प्रतिकूलहोवैहै॥सो सुखशब्दकाअर्थ होवैनहीं॥किंतु दुःखशब्दका अर्थहोवैहै जैसे सिंहसर्पादिकहैं॥औरजो वस्तु अन्यकाशेषहोवैहै ॥ सोभी सुखशब्दकाअर्थहोवैनहीं॥ किंतुदुःखशब्दकाअर्थहोवैहै ॥ जैसे स्त्रीधनादिकहैं ॥ ऐसा दुःखरूप मैंआत्मा नहींहूं ॥ किंतु दुःखतैंविलक्षणहूं ॥ यातैं ताविलक्षणतारूपनिमित्तकूंग्रहणकरिके आनंदशब्द मुझआत्माविषे प्रवर्तेहै ॥ याहीरीतिसैंहीआत्म शब्द एकशब्द अद्वितीयशब्द अस्थूलशब्द अनणुशब्द भेदरहितसच्चिदानंदस्वरूपमेंआत्माविषे प्रवर्तेहैं ॥ यहां यहअभिप्रायहै॥ आत्मा केप्रतिपादकशब्द दोप्रकारकेहोवैहैं॥ एक विधिमुख औरदूसरेनिषेधमुख॥ तहां विधिमुखसत्यादिकशब्दतो प्रथम आत्माका बोधनकरिके पश्चात्‌ असत्यादिकोंतैंव्यावृत्ति बोधनकरैंहैं ॥ और निषेधमुखअद्वितीयादिकशब्दतो प्रथम साक्षात्‌व्यावृत्तिकूंबोधनकरिके अर्थतैं आत्मा कूंबोधनकरैंहैं ॥ व्यावृत्तिनामभेदकाहै ॥ यातै सत्यादिकशब्दोंकेभेदहूयेभी तिनोंकेअर्थकाभेदनहीं ॥ किंतु एकहीआत्माकूंसर्वसत्या दिकशब्द बोधन करैंहैं यहसिद्धभया ॥ अब युक्तितैं सत्यादिकशब्दोंकेअर्थकाअभेद निरूपणकरैंहैं ॥ तहां सुखतैं प्रकाश भिन्ननहीं ॥

काहेतें जोसुखतें प्रकाशभिन्नहोवे ॥ तोदुःख तथादुःखकेसाधनसर्पादिकोंकीन्यांई प्रकाशभीप्रतिकूल होवैगा अथवा सुखकेसाधनस्त्रीतथा धनादिकनकीन्यांई अन्यभोक्ताकाशेषभूत होवैगा ॥ और अनुकूलतमहोणेतें प्रतिकूल तथाअन्यकाशेषभूत प्रकाश हैनहीं ॥ यातें प्रकाश सुखतैंभिन्ननहीं ॥ तात्पर्य ॥ यह सुखकेसाधन जेस्रक्चंदनादिकविषय ॥ ते अनुकूलकहियेहैं ॥ और तिनविषयोंकेसंबंधतें उत्पन्नभयी जोअंतःकरणकीवृत्ति ॥ सोअनुकूलतरकहियेहे ॥ औरतिनोंकाप्रकाशकआनंदस्वरूपआत्माअनुकूलतमकहियेहे।यातेंप्रतिकूलतातथा अन्यशेषता दोनोंप्रकाशविषेवनैंनहीं ॥ तर तम यहदोनोंशब्द अधिकताकेवाचकहैं ॥ शंका ॥ प्रकाशऔरसुखकापरस्परभेदमतहोवे ॥ तथापि तिनदोनोंधर्मों तें आत्मारूपधर्मी भिन्नकाहेतैंनहींहोवे ॥ समाधान ॥ यहआत्मा प्रकाशस्वरूपतैंभिन्ननहीं ॥ काहेतें आत्मा सर्वअंतःकरणकीवृत्तियोंका प्रकाशकहे ॥ और जोप्रकाशतैंभिन्नहोवेहे ॥ सो सर्ववृत्तियोंकूंप्रकाशकरेनहीं ॥ जैसे बुद्धिआदिकहैं और जो आत्माप्रकाशतैंभिन्नहोवे ॥ तो अप्रकाशस्वरूपहोणेतें घटादिकोंकीन्यांई अनात्मस्वरूपहोवैगा ॥ और घटादिकोंकीन्यांई अनात्मस्वरूपता आत्माकी वादीकूंभी अंगीकारनहीं ॥ यातें प्रकाशतें आत्मा भिन्ननहीं ॥ किंतु प्रकाशस्वरूपहे ॥ और जैसे सुखतैंप्रकाशभिन्ननहीं यहपूर्वकह्या ॥ तैंसे प्रकाशतैं सुखभी भिन्ननहीं ॥ काहेतें जो प्रकाशतैं भिन्नहोवेहे ॥ सो अप्रकाशस्वरूपहोवेहे ॥ और अप्रकाशमानसुखकूं सुखरूपता बनेनहीं ॥ शंका ॥ जैसे दीपककरिके घटादिकोंकोप्रकाशमानताहोवेहे ॥ तहां घटादिकोंतें दीपकभिन्नहे ॥ तैसे सुखतैंभिन्नप्रकाशकरिकेभी सुखकोप्रकाशमानता बनेंहे ॥ सुखप्रकाशका अभेदमानणा निष्फलहे ॥ समाधान जैसे रज्जुआदिक व्यावहारिकपदार्थ औरसर्पादिक कल्पितपदार्थ आपणेतैंभिन्नप्रकाशकरिके प्रकाशमान होवेहैं ॥ तैसे आपणेतैंभिन्नप्रकाशकरिके सुख प्रकाशमानहोवैनहीं ॥ किंतु आपणेतैंअभिन्नप्रकाशकरिके सुख प्रकाशमानहोवेहे यातें सुखऔरप्रकाशका अभेदहे ॥ यहां यहतात्पर्यहे॥रज्जुआदिकदृश्यपदार्थ चेतनविषेकल्पितहैं ॥ यातेंतिनोंकी भिन्नप्रकाशकरिकेप्रकाशमानता संभवेहे ॥ और आत्मस्वरूप सुख कल्पितहैनहीं ॥ किंतु सर्वकाअधिष्ठानहे ॥ यातें भिन्नप्रकाशकरिके ताकी प्रकाशमानता बनैंनहीं ॥ और जैसे प्रकाशतैं आत्मा

है॥ओर कभी हमारेसमानकोनहे ऐसाअहंकार करेंहे ॥ ओर कभीशयनकरेंहे ॥ इसप्रकार योवनअवस्थाविषे निरंकुशहुआ यहपुरुष ना
नाप्रकारकोदुष्टचेष्टाओंकूं वारंवारकरेंहे ॥ ओरतिसयोवनअवस्थाविषे यहपुरुष विषयभोगतें तृप्तिकूंप्राप्तहोवेनहीं ॥ ओर विहितकर्मकूं त
थानिषिद्ध कर्मकूंभी नहींजाणेंहे ॥ ओर जिसकामन सर्वदा स्त्रीजनोंनें ग्रहणच्याहे ॥ तात्पर्ययह ॥ मनकरिके सर्वदास्त्रियोंकाहीचिंतनक
रेंहे ॥ ओर परधनकेहरणेकोजिसकूं नित्यहीउत्कंठाहे ॥ ओर शास्त्रकीआज्ञाकापरित्यागकरिकेवर्त्तेहे ॥ ऐसे योवनअवस्थावान्पुरुषकूं
शीघ्रही कालभगवान् आइके प्राप्तहोवेहे ॥ ओर जैसे युवान्मंडूककूं सर्प ग्रसेंहे ॥ तैसे गृहविषेतथाक्षेत्रविषेतथाबांधवोंविषे आसक्त जो
दुर्बुद्धियहजीवहे ॥ तिसकूं अतिदारुणकालभगवान् ग्रसेंहे ॥ इसप्रकार योवनअवस्थाविषे इच्छादिकअष्टदोषोंकरिकेजन्य अनंतदुःखोंकूं
यहजीव प्राप्तहोवेहे अब वृद्धअवस्थाविषे इच्छादिकअष्टदोषोंकरिकेजन्यदुःखोंकूं दिखावेंहें ॥ रात्रिदिनविषे दुःखोंकाग्रह ओरचिंताकरि
केयुक्त ऐसाजो युवान्पुरुषहे ॥ तिसकूं जरारूपपिशाचिनी ग्रसेंहे ॥ केसीसोजराहे ॥ श्वेतकुष्ठकरिकेयुक्तहे ॥तिसकुष्ठिनीजराकेसंगकरिके
दुष्टहुआ यहपुरुषभी सर्वओरतेंश्वेतहोवेहे ॥ ओर कुरूपहोवेहे॥ ओर शक्तितेंरहितहोवेहे ॥ ओर दुःखकरिके तथाशोककरिके युक्तहोवेहे॥
ओर अनुभवकरीवस्तुकाभी जराअवस्थावान्पुरुषकूं स्मरणहोवेनहीं ॥ यातें अनादरकापात्रहोवेहे ॥ओर जराअवस्थाविषे यहमंदपुरुष
कासश्वासरोगकरिके व्याकुलहोवेहे ॥ ओर योवनअवस्थाविषे करेजेपापकर्महें ॥ तिनपापकर्मोंका जराअवस्थाविषेस्मरणकरताहुआ
सोवृद्धपुरुष आपणेकूं धिक्कारकरेंहे॥ओर केसेंकेसेपापकर्म मेनें करेहें॥याप्रकारकापश्चात्तापकरेंहे॥ओर विद्यातथाधनकरिकेयुक्तजोजराअ
वस्थावान्पुरुषहे॥तिसकूंभी पुत्रादिक आदरनहींकरेंहें ॥तोंमूर्खतथानिर्धनवृद्धकोक्याकथाहे॥ओरजिसपराधीनतारूपअवस्थाकूंयहपुरुषवा
ल्यअवस्थाविषेप्राप्तभयाथा॥ तिसीपराधीनतारूपअवस्थाकूंजराअवस्थाविषे यहपुरुष प्राप्तहोवेहे॥ओर वास्तवतेंविचारकरियेतो वाल्यअ
वस्थातेंभी जराअवस्था अतिशयकरिकेनिंदितहे ॥ काहेतें शक्तितेंरहित तथाविष्ठामूत्रादिकोंकरिकेलिप्त जोबालकहे ॥ तिसकी अविवे
कीलौकिकपुरुषभी निंदाकरेनहीं ॥ ओर मलादिकोंकरिकेलिप्त तामसवृद्धकूंदेखिकरिके अविवेकीपुरुषभी ताकीनिंदाकरेंहें ॥ यातें वाल्य

अवस्थातैं जरा अवस्था अतिनिकृष्टहै ॥ इसप्रकार वृद्धअवस्थाविषे कालपाशकेवशहुवे संपूर्णजीव नानाप्रकारकेदुःखोंकूंप्राप्तहोवैहैं॥ और वृद्धअवस्थाविषे पुरुषकूं विषयकीप्राप्तिविषे महान्इच्छाहोवैहै और शक्तिकेअभावतैं तथाइंद्रियोंकेक्षयतैं ॥ किंचित्विषयकूंभी वृद्धपुरुष प्राप्तहोवैनहीं और वृद्धपुरुषका बांधवोंविषे स्नेह वर्द्धताजावैहै और शत्रुवोंविषेद्वेष वर्द्धताजावैहै ॥ परंतु तिसकेस्नेहतैं किसीमित्रका उपकार होवैनहीं ॥ यातैं ताकास्नेहव्यर्थहै ॥ और तिसकेद्वेषतैं किसीशत्रुकी हानिहोवैनहीं ॥ यातैं ताकाद्वेषभीव्यर्थहै ॥इसतैंआदिलेके अनंतदुःखोंकूं वृद्धाअवस्थाविषे यहजीव प्राप्तहोवैहै ॥ तिसतैं अनंतर यौवनअवस्थाविषेउत्पन्नकन्याजोपुत्रहै ॥ तिसकूं इसमनुष्यलोकविषे स्थापनकरैहै ॥ सोकैसापुत्रहै ॥ पिताकाद्वितीयशरीरहै ॥ और अनंतपुण्योंकरिकेप्राप्तभयाहै ॥ और पिताकरिकेकर्तव्यजोवेदोंकाअध्ययन तथायज्ञादिककर्म ॥ तिनोंकूं करणेहाराहै ॥ और यज्ञादिकोंकरिके सर्वभूतोंकिसुखकाकरताहै ॥ और पितानें आरंभकरे जे कूपतडागादिककार्य ॥ तिनोंकूंभी परिपूर्णकरणेहाराहै ॥ और जोकार्य पितानें नहींकऱ्याथा ॥ तिसशुभकार्यकूंभी करणेहाराहै ॥ इसप्रकार पिताकेसर्वकार्यकूंकरणेहारा जोसत्मार्गवर्तीपुत्रहै ॥ तिसकूं इसलोकविषेस्थापनकरिके जराअवस्थाकरिकेयुक्तहुआपिता मरणअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तिसतैंअनंतर कालभगवान्रूपरथवाही सूक्ष्मशरीररूपरथकूं सामग्रीकरिके संपन्नकरैहै ॥ सोकैसासूक्ष्मशरीररूपरथहै ॥ पुण्यपापरूपचक्रोंकरिकेयुक्तहै ॥ और दुःखरूपपाथेयकरिकेपूरितहै ॥ मार्गविषे भोगणेयोग्यवस्तुकानाम पाथेयहै ॥ और इंद्रियरूपदुष्टअश्वोंकरिकेयुक्तहै ॥ और बुद्धिरूपकाष्ठकरिकेरचितहै ॥ और कास तथाश्वास तथाहिडकी रूपशब्दोंकरिकेयुक्तहै ॥ ऐसेसूक्ष्मशरीररूपरथकूं कालभगवान् त्यागकरैहै ॥ और यहजीव यद्यपि शरीरकेसंबंधतैं बाल्यअवस्थाविषे तथायुवाअवस्थाविषे तथा वृद्धअवस्थाविषे अनंतदुःखोंकूं अनुभवकरिआयाहै ॥ तथापि अभ्यासकेबलतैंयास्थूलशरीरकेपरित्यागकीइच्छानहींकरैहै ॥ और तिसमरणकालविषे अतिदुःखकूंप्राप्तहुआ यहजीव आपणेपुत्रोंकूं तथाबांधवोंकूं स्मरणकरैहै ॥ और मरणकेक्षोभतैं महान्त्रासकूं प्राप्तहोवैहै ॥ और शरीरजिसकाकांपैहै ॥ और स्त्रीपुत्रादिकबांधवभी इसप्राणीकूंचारोंतरफघेराकरिकेस्थितहोवैहैं ॥ परंतुमृत्युदुःखतैंरक्षाकरणेकूं

कोईभीसमर्थहोवेनहीं॥दृष्टांत॥ जैसे हिंसाकेस्थानविषेस्थितजेपशुहैं ॥ ते अद्यहिंसाकूंप्राप्तहुवेपशुकी रक्षाकरिसकैंनहीं ॥ तैसे बांधवयाकी रक्षाकरिसकेनहीं ॥ और जैसे बहत्तरिसहस्र ७२००० वृश्चिकएककालविषे सूचीकेअग्रभागतुल्यमुखोंकरिके अस्मदादिकपुरुषोंके शरीरों विषेदंशकरैं॥तिसतैंजोअस्मदादिकपुरुषोंकूंदुःखहोवेतिसतैंभीअधिकदुःखमरणअवस्थाकूंप्राप्तहुवेपुरुषकूंशरीरकेत्यागविषेउत्पन्नहोवैहै ॥ ता दुःखकरिकेसोपुरुषहस्तोंकूंतथापादोंकूं चलावैहै ॥ जैसेंहिंसाकूंप्राप्तहुआपशुपादोंकूं चलावैहै॥औरतादुःखकरिकेयहपुरुषचेतनतातैंरहितहोवै है ॥ ऐसे दुःखकूंप्राप्तहुवेपुरुषकूंदेखिकरिकेसर्वबांधवशोककूंप्राप्तहोवैहैं॥औररुदनकरैहैं॥दृष्टांत ॥जैसे बंधनकरिकेदुःखकूंप्राप्तहुवेकाककूंदेखि करिके सर्वकाक शोककरिकेयुक्तहुवे पुकारैहैं ॥ परंतु तिसकेछुडावणेमे तिनोंकूं सामर्थ्यहैनहीं॥और जैसे व्याधपुरुषकरिके बंधनकूंप्राप्तहु आ ग्रामसूकरअनंतशब्दोंकूंकरैहै ॥ तैसेअनंतशब्दोंकूंकरतेहुवे यापुरुषकूं कालरूपव्याध बांधिकरिके जहांसंबंधियोंकूंदर्शननहींहोवे ऐसे दूरदेशविषे लेजावैहै ॥ और जैसे पाशकरिकेबंध्याहुआ कपोत दीनताकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे कालपाशकरिकेबंध्याहुआ यहजीवभी दीनता कूंप्राप्तहोवैहै ॥ औरजैसे बडिशयुक्तकुंडीकूं जलविषे धीवर पावैहै॥तिसबडिशकेभक्षणवासते प्राप्तभईजोमत्स्यहै॥तिसकूं धीवर गृहविषेले जावैहै ॥ तैसेमर्त्यलोकरूपमहाह्रदविषे स्त्रीपुत्रधनादिरूपबडिशकेभक्षणकरणेवासते प्राप्तभयाजो यहजीवरूपमत्स्यहै ॥ तिसकूं मृत्यु रूपधीवर बांधिकरिके परलोकविषेलेजावैहै ॥ और जैसे वनविषेस्थितमृगकूं बाणोंकरिके व्याध मारैहै ॥ तैसे संसाररूपवनविषेस्थित जीवरूपमृगकूं ज्वरादिकव्याधिरूपबाणोंकरिके कालरूपव्याध हननकरैहै ॥ और मरणअवस्थाविषे ग्लानीकूंप्राप्तभयाहैसुखजा का ॥ और अनंतहिडकियोंकरिकेयुक्त दीनपुरुषकूं देखिकरिकेभी कालभगवान् दयाकूंनहींप्राप्तहोवैहै ॥काहेतैं प्रजापतिकीआज्ञातैं जिस मृत्युनैं प्रजाकाहननरूपवृत्तिकूं धारणकऱ्याहै ॥ यहवार्ता मोक्षधर्मविषेप्रसिद्धहै॥ जीवहिंसारूपअधिकारकीनिवृत्तिवासते अनंतकालपर्यंत तपकूं मृत्यु करताभया ॥ तोभी मृत्युकेताईं प्रजापति तिसहिंसारूपअधिकारकूंहीं देताभया ॥ और जैसे पथिकपुरुषकूं चोर हननक रैहै ॥ तैसे हापुत्र हास्त्री हाकलत्र याप्रकार सहस्रशब्दोंकूंकरतेहुवे जीवरूपपथिककूं यहकालरूपचोरहननकरैहै ॥ और जैसे हिंसास्थानका

स्वामी आपणेकार्यवासते मेषकूं हननकरैहै ॥ तैसे कालभगवान्भी आपणेकार्यवासते याजीवकूं हननकरैहै ॥ सोकैसाजीवहै ॥ कफकरि
केअवरुद्धभयाहैकंठजाका ॥ और घुरघुर याप्रकारकेअनंतशब्दोंकूंकरैहै॥यहाँ जन्ममरणकीसमानअधिकरणताकारक्षणहीं॥ कालभगवान्
काकार्य जानणा ॥ और जैसे अपराधीपुरुषकूं राजाकेभृत्य लेजावैंहैं ॥ तैसे पुकारतेहुवेसर्वबांधवोंका अनादरकरिके यमकिंकर इसजी
वकूंलेजावैंहैं ॥ और याजीवकेशरीरविषे प्राणोंकूंधारणकरणेहारियांबहत्तरिसहस्र ७२००० नाडीरहैंहैं ॥ तिननाडियोंतैंप्राणनिकासणे
वासते मृत्युभगवान् तिननाडियोंकेबंधनोंकूंछेदनकरैहै ॥ और जैसे कृषिकेकरणेहारापुरुष अनायासतैं कदलीवनकूं कुठारकरिकेछेद
नकरैहै ॥ तैसे यहमृत्युभगवान्भी अंतरकालरूपकुठारकरिके याजीवकेअंगोंसाथिजोप्राणोंकासंबंधरूपबंधनहै तिसकूं छेदनकरैहै ॥
और मरणकालविषे मृत्युभगवान् कालरूपकुठारकरिके पुरुषोंकेशरीरविषे पादकेअग्रभागतैंलेकरिकेकेशपर्यंत अनंतपीडावोंकूंउत्प
न्नकरैहै ॥ जैसे साढेतीनकोटितीक्ष्णसूचियां एककालविषे अस्मदादिकपुरुषोंकेशरीरविषे लागैं ॥ और जैसे दुःखकूंउत्पन्नकरैं ॥
तैसाहीदुःख मरणकालविषे पुरुषोंकूं होवैहै ॥ और तीक्ष्णककचोंकरिके अस्मदादिकजीवितपुरुषोंकेअंगोंकूं बहुतवारछेदनेतैं जै
सादुःख अस्मदादिकपुरुषोंकूंहोवैहै ॥ तैसाहीदुःख सर्वदेहधारीजीवोंकूं मरणकालविषे होवैहै ॥ और पादतैंलेकरिकेमस्तकपर्यंत
त्वचाके उतारणेविषे जैसादुःख अस्मदादिकजीवितपुरुषोंकूं होवैहै ॥ तैसाहीदुःख मरणकालविषे जीवोंकूंहोवैहै ॥ और तप्ततैलविषे
प्रवेशकरणेतैं जैसादुःख अस्मदादिकजीवितपुरुषोंकूं होवैहै ॥ तैसाहीदुःख मरणकालविषे पुरुषोंकूंहोवैहै ॥ और मुखनासिकादिक
नवद्वारोंकेनिरोधतैं जैसाअस्मदादिकपुरुषोंकूंदुःख होवैहै ॥ तैसाहीदुःख मरणकालविषे पुरुषोंकूंहोवैहै ॥ अथवा तिसतैंभीअधिकदुः
खहोवैहै ॥ और दुर्मार्गवर्तीपुरुषोंकूं जैसानरकजन्यदुःखहोवैहै ॥ तैसाहीदुःख मरणकालविषे जीवोंकूंहोवैहै ॥ अथवा तिसनरकदुःखतैं
भीअधिकदुःख मरणकालविषेहोवैहै ॥ और मरणकालविषे सोपुरुष किसीक्षणमें मूर्छाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और किसीक्षणविषे मूर्छातैं
जाग्रतहोवैहै ॥ और किसीक्षणविषे भयानकयमकिंकरोंकूंदेखिकरिके भयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तिसभयतैं कदाचित् विष्ठामूत्रादिकोंकाभी

परित्यागकरैहै ॥ और नेत्रोंतैंअश्रुकापरित्यागकरैहै ॥ और किसीक्षणविषे यमकिंकरोंकूंदेखिकरिके महाभयानकशब्दकूंकरैहै ॥ तेकैसेय मकिंकरहैं॥अतिसैंकरिकेदीर्घहैं ॥ और विकरालजिनोंकेमुखहैं ॥ और स्यामजिनोंकास्वरूपहै॥और जिनोंकेकेश खुलेहुयेहैं॥और चाबुक तथापाश जिनोंकेहस्तोंविषेहैं ॥ ऐसेयमकिंकरोंकूंदेखिकरिके भयकूंप्राप्तहुआ यहजीव मुखतैंफेनकूंवमनकरैहै ॥ और सर्वद्वारोंतैं मलोंका परित्यागकरैहै ॥ और तेयमकिंकर सनमुखआइकरिके प्रथम यापापीजीवकूं दुर्वचनोंकरिकेताडनकरैहैं ॥ पश्चात् बांधिकरिके परलो कविषेलेजावैहैं ॥ अब तिनयमकिंकरोंकेवचनोंकूंदिखावैहैं ॥ हेपापीजीव तेरेकूंधिक्कारहै ॥ काहेतैं इसमनुष्यशरीरकूंप्राप्तहोइ करिकेभी तैंने नरककाकारणरूप पापकर्महीं संपादनकऱ्या ॥ और आपणामुख्यहितजोमोक्षहै तिसकूं तैंनैं आत्मज्ञानकरिकेसंपाद नकऱ्यानहीं ॥ और गौणहित जेस्वर्गादिकहैं ॥ तिनोंकूंभी यज्ञादिककर्मोंकरिके तैंने संपादनकऱ्यानहीं ॥ उलटा यहमेराशत्रुहै और यह मेरामित्रहै और यहउदासीनहै याप्रकारकोभेदबुद्धिकरिके आपणाअनर्थ आपहीतुमनैं संपादनकऱ्या॥ यातैं आपणाशत्रु तुम आपहीहुआ दूसराकोई तुमाराशत्रुहैनहीं ॥ काहेतैं गुरुशास्त्रादिकआत्मज्ञानकीसामग्रीकूंप्राप्तहोइकेभी जन्ममरणरूपबंधनको तुमनैं निवृत्तिकरीनहीं॥ और जेअपमानादिक आपणेकूंप्रतिकूलहोवैहैं ॥ तेअपमानादिक जो अन्यपुरुषकूंकरैहै ॥ सोपुरुष आपणाही आपशत्रुहोवैहै ॥ यातैं भेदबुद्धिही अनर्थकाकारणहै ॥ और जोपुरुष भेदबुद्धिकरिके अन्यजीवोंकूंपीडाकरैहै ॥ तिसकूं जीवितकालविषे अन्यराजादिकबली पुरुषोंतैं भयहोवैहै ॥ और मरणकालविषे इमयमकिंकरोंतैं भयहोवैहै ॥ यातैं दोनोंलोकविषेभयकाहेतु जोभेदबुद्धिजन्यपरपीडा ॥ ताकूं कोनबुद्धिमानपुरुष करैगा ॥ किंतु नहींकरैगा ॥ याप्रकारके दुर्वचनोंकरिके यमकिंकर पापीजीवकी ताडनाकरैहैं ॥ और जैसे राजाकेभृत्य अपराधीपुरुषके चोरीआदिकअपराधकूं स्मरणकराइके ताकूं बांधिकरिकेलेजावैहैं॥तैसे यमकिंकरभी भेदबुद्धिरूपअपराधकूं तथाअनात्मदेहादिकोंविषेआत्मबुद्धिरूपअपराधकूं स्मरणकराइके याजीवकूं परलोकविषेलेजावैहैं ॥ तहां प्रथम देहकेदोषोंकूंदिखावैहैं ॥ हेपापिष्ट जिसदेहविषे तुमनैं आत्मबुद्धिकरीहै ॥ सोदेहकैसाहै॥पिताकेवीर्यरूपमलतैं औरमाताकेरक्तरूपमलतैं उत्पन्नभयाहै ॥ और विष्ठा

तथामूत्रादिकमलोंकरिकेपूरितहे ॥ यहसर्वलोकोंकूंअनुभवसिद्धहे ॥ तथाशास्त्रविषेभीकह्याहे ॥ श्लोक ॥ यदंतरस्यदेहस्य वहिःस्याद्य
तदेवचेत् ॥ दंडमहावारयेयुःशुनःकामांश्चमानवाः ॥ ७ ॥ अर्थयह ॥ इसशरीरकेअंतर जेविष्ठामूत्रमांसरुधिरादिकमलहैं ॥ सोजेवाहरि
होवें तो सर्वपुरुष दंडकूंग्रहणकरिके आपणेशरीरको रक्षावासते ॥ सर्वदा काकोंकूं तथाश्वानोंकूंहीं निवारणकरें ॥ यातें यहशरीर अतिसें
करिकेंनिंदितहे ॥ और विनाशीहे ॥ और शतवर्षपर्यंत सेवनकऱ्याहुआभीयहशरीर परित्यागकरिजावेहे ॥ यातें कृतघ्नहे ॥ और सहस्र
परिणामोंकरिकेयुक्तहे ॥ और पुरुषकेअधीननहीं ॥ और शरीरविषेआत्मबुद्धिद्वारा पुरुषार्थकानाशकहे ॥ यातें सर्वदा दुःखकाकारण
यहशरीरहे ॥ ऐसेंनिंदितशरीरविषे आत्मअभिमानकरिकें तुमनें अनंतपापकर्म करेंहैं ॥ तिनपापोंकरिकेजन्य अनंतदुःख तुमारेकूं प्राप्त
होवेंगे ॥ यहवार्ता व्यासभगवाननेंभीकहीहे ॥ श्लोक ॥ सर्वाशुचिनिधानस्य कृतघ्नस्यविनाशिनः ॥ शरीरकस्यापिकृते मूढाः पापानिकुर्व
तइति ॥ ८ ॥ अर्थयह ॥ विष्ठामूत्रादिकसर्वअशुचिपादार्थोंकागृह औरकृतघ्न औरविनाशी ऐसेशरीरकेपालनपोषणवासते मूढपुरुष पापों
कूंकरेंहैं ॥ ८ ॥ और हेपापीजीव ॥ याअनित्यदेहकेभोगोंकीसिद्धिवासते पुत्रस्त्रीधनादिकोंविषे ममताअभिमानकरिके तुमनें किंचित्मा
त्रभी सुकृतकऱ्यानहीं ॥ उलटा पापकर्मोंकूं तुमनें संपादनकऱ्याहे ॥ यातें हमारेकूं वडाखेदहोवेहे ॥ यद्यपि यज्ञादिकोंकरिकेपुण्य
केसंपादनमे शरीरकाआयास तथाधनादिकोंकाखरच होवेहे ॥ यातें तुमनें संपादनकऱ्यानहीं ॥ तथापि मैंब्रह्महूं याअभेदज्ञानकेसं
पादनमे शरीरकाआयास तथाधनादिकपदार्थोंकाखरच होवेनहीं ॥ ऐसेअतिसुलभआत्मज्ञानकूंभी तुमनें संपादनकऱ्यानहीं ॥ यातें
हेपापिष्ठ तेरेकूंधिकारहे ॥ किंवा ॥ मनवाणीकाअविषय जोनिर्गुणब्रह्महे ॥ तिसके साक्षात्कारकरणेकूं मैं समर्थनहींहूं ऐसाजोतूंकहे ॥ त
थापि सर्वसुखकेकरणेहारी जोनिर्गुणब्रह्मकीउपासनाहे ॥ तिसकूं तुमनें किसवासतेनहींकऱ्या ॥ किंवा ॥ मन अतिशयकरिकेचंचलहे ॥
यातें निर्गुणब्रह्मकेध्यानविषे लगतानहीं ऐसाजोतूंकहे ॥ तथापिपरस्त्रीगमनादिकपापकर्मविषे जितनातेरेकूं शरीरकाआयास तथा
धनादिकोंकीहानिरूपक्लेश प्राप्तभयाहे ॥ तिसक्लेशकालेशमात्रभी परमेश्वरकेनामकीर्तनमे हेनहीं ॥ और स्वर्गादिकोंकी प्राप्तिकरणेहा

राहे ॥ ऐसेपरमेश्वरकेनामकीर्तनरूपसुकृतकूं तुमनें काहेतैंनहींसंपादनकऱ्या ॥ और जैसे तुमनें मनकूंसावधानकरिके सर्वदा परपुरुषोंकेदोषोंका विचारकऱ्याहे॥तैसे महत्फलकीप्राप्तिकरणेहारा जोक्षणमात्रआत्मविचार तिसकूं काहेतैंतुमनें नहींसंपादनकऱ्या॥क्षणमात्र ब्रह्मविचारकाफल अन्यशास्त्रविषेभीकह्याहे॥श्लोक॥स्नातंतेनसमस्ततीर्थसलिलेदत्ताचसर्वावनिः ॥ यज्ञानांचकृतंसहस्रमखिलादेवाश्चसंपूजिताः॥संसाराचसमुद्धृताःस्वपितरस्त्रैलोक्यपूज्योप्यसौ ॥ यस्यब्रह्मविचारणेक्षणमपिस्थैर्यंमनःप्राप्नुयात् ॥ १ ॥ अर्थयह ॥ जिसपुरुषकामन क्षणमात्रभी ब्रह्मविचारविषेस्थितिकूंप्राप्तहोवैहे ॥ तिसपुरुषनें ॥ सर्वतीर्थोंकेजलोंविषेभीस्नानकिया ॥ और सर्वपृथिवीभी तिसनें दान करी ॥ औरसहस्रयज्ञभी तिसनेंकरे ॥ और संपूर्णदेवताभी तिसनें पूजनकरे ॥ औरसंसारसमुद्रतैं आपणेपितरभी तिसनें उद्धारकरे॥और तीनलोकोंकरिकेपूज्यभी सोपुरुषहे ॥ १ ॥ ऐसेआत्मविचारकूंभी तुमनें कऱ्यानहीं ॥ और जैसे तुमनें परप्राणियोंकेनाशवासते महान् उद्यमकऱ्याहे ॥ तैसे किंचित्मात्रभी उद्यम स्वर्गकीप्राप्तिवासते तथा मोक्षकीप्राप्तिवासते तुमने काहेतैंनहींकऱ्या ॥ तात्पर्ययह ॥ जोतूं वृक्षादिकोंकीन्याई उद्यमतैंरहितहोता ॥ तो तेरेकूं हम उपालंभनहींदेते ॥ परंतु तुमनें सर्वशक्तिसंपन्नमनुष्यशरीरकूंपाइकरिकेभी शास्त्रविहितपुण्यकर्मोंकूं संपादनकऱ्यानहीं ॥ उलटा पापकर्मोंकूंसंपादनकऱ्या ॥ यातैं तूं दंडकरणेयोग्यहे ॥ और तुम हमारेपापोंकूं कैसे जाणतेहो ऐसाजोतूंकहे ॥ सो बनेंनहीं ॥ काहेतैं इसलोकविषे जेजेपाप तैनें राजादिकोंतैंगुप्तकरेहैं ॥ अथवा आपणेबलतैं जेजेपाप तुमनें प्रसिद्धकरेहैं ॥ तिनसर्वतुमारेपापोंकूं सूर्यचंद्रमादिक कथनकरेहैं॥ तिनोंतैं हम तेरेपापोंकूंजाणेहैं ॥ तेकैसेपापहैं॥मर्मसदृशहैं ॥ तात्पर्ययह जैसे मर्मस्थान भेदनकूंप्राप्तहुवे दुःखकूंउत्पन्नकरेहै ॥ तैसे पापकर्मभीप्रसिद्धहुवे दुःखकूंउत्पन्नकरेहैं ॥ और यमकिंकरोंकेवशकूंप्राप्तहुआ जोपापीजीवहे ॥तिसकूंतेयमकिंकरपुनःयाप्रकारकहैहैं॥हेपापिष्ठ॥तूंयाप्रकारकाअहंकारकरताथा॥इसलोकविषेमैंसर्वतैंबलीहूं ॥ मेरेतैंअधिक बलवान् कोईभीपुरुषनहीं ॥ याकर्मविषेप्रवृत्तहूवेमेरेकूं कोणशिक्षाकरेगा ॥ ऐसीदुर्बुद्धिकरिके अनंतप्रकारकेदुर्विचारकूंकरिके अहंकारतैं पापकर्मविषे तूं प्रवृत्तहोताभया ॥ और शास्त्रोक्तमर्यादाकाभी तूं परित्यागकरताभया ॥ यातैं सर्वलोकोंकरिके तूं शोककरणेयोग्यहे ॥

ऐसा सर्वलोकोंकूंपीडाकरणेहारा जोदुर्बुद्धितूंहै ॥ तिसकेशिक्षाकरणेवासते हमयमकिंकर आइकेप्राप्तभयेहैं ॥ केसेहमहैं ॥ तुमारेतेंभीअ
धिकबलवान्है ॥ और तुमनें जेजेपापकर्मकरेहैं ॥ तिनसंपूर्णोंकूं हमयमकिंकर जाणतेहैं ॥ यमराजाकीसभाविषे वासरादिकोंनें सर्वतेरेपा
पकर्म हमारेप्रति श्रवणकरायेहैं ॥ दिवसविषे तुमनें जेजेपापकर्मकरेहैं ॥ तेसंपूर्णपापकर्म दिवसनें तथा सूर्यभगवान्नें हमारेप्रति
कहेहैं ॥ और रात्रिविषे जेजेपापकर्म तुमनें करेहैं ॥ तेसंपूर्णपापकर्म रात्रिनें तथाचंद्रमानें हमारेप्रति कहेहैं ॥ और दोनोंसंध्याविषे जेजेपा
पकर्म तुमनें करेहैं ॥ तेसंपूर्णपापकर्म दोनोंसंध्यानें हमारेप्रति कहेहैं ॥ और सर्वकालविषे जेजेपापकर्म तुमनेंकरेहैं ॥ तेसंपूर्णपापकर्म आ
काश वायु अग्नि जल पृथिवी इनपंचभूतोंनें हमारेप्रति कहेहैं ॥ और जोतूंऐसाकहे ॥ गुह्यस्थानविषेकरेजोहमनेंपापकर्म तिनोंकूं सूर्या
दिक केसेजाणेंहैं ॥ यहतेराकहनाबनेंनहीं ॥ काहेतें सूर्यादिकसर्वज्ञहैं ॥ और सर्वप्राणियोंकेसाथि यमराजाकेगुप्तपुरुष सर्वदाविचरेहैं ॥
परमेश्वरकोमायाकरिकेमोहितहुवे तुमलोक तिनयमकेपुरुषोंकूं जाणतेनहीं ॥ याप्रकारकेदुर्वचनोंकूंकहिकरिके दारुणपाशियोंकरिके ताप
पीजीवकूंबांधिकरिके औरचाबुकोंकरिकेताडनकरिके पश्चात् तिसपापीजीवकूं परलोकविषे यमकिंकर लेजावेंहैं ॥ और जैसे
प्रसिद्धद्वारावतीपुरीतें कृष्णभगवान्केस्वधामविषेगमनहूवे अनंतर तिसद्वारावतीपुरीकूं समुद्र लयकरताभया ॥ तैसे शरीररूपद्वारा
वतीपुरीकास्वामीजोयहजीवहै तिसका जभीशरीररूपद्वारावतीपुरीतें कालरूपसारथिकरिकेयुक्तसूक्ष्मशरीररूपरथकरिके परलोकविषे
गमनभया ॥ तिसतेंअनंतर अग्निरूपसमुद्र याशरीररूपद्वारावतीकूं लयकरेहै ॥ और जैसे पतिकेमृत्युहुवेतेंअनंतर विधवास्त्री शोभातेंर
हितहोवेहै ॥ तैसे जीवरूपकृष्णभगवान्केनिर्गमनहुवेतेंअनंतर यहशरीररूपपुरी शोभातेंरहितहोवेहै ॥ और जैसे प्रसिद्धद्वारकापुरी
तें कृष्ण भगवान्केनिर्गमनहुयेतेंपश्चात् अर्जुनसहितसर्वबंधुजन दुर्जनआभीरपुरुषोंकरिकेहरणकरेस्त्रीआदिक सर्वपदार्थोंकेरक्षाकरणेकूं
समर्थनहींहोतेभये ॥ तैसेशरीररूपपुरीतें याजीवकेनिर्गमनहुवेअनंतर याकेस्त्रीधनादिकपदार्थोंकेरक्षाकरणेकूं कोईभीबांधव समर्थ
होवेनहीं ॥ और पूर्व याशरीररूपपुरीविषे मूर्द्धद्वारकरिके परमात्माका जीवरूपतेंप्रवेशभयाथा ॥ तिसीमूर्द्धद्वारतें जभीयाजी

वकानिर्गमनहोवैहै ॥ तभी ब्रह्मलोककूंहींप्राप्तहोवैहै ॥ और जभी चक्षुआदिकद्वारोंकरिकै इसजीवकानिर्गमनहोवैहै ॥ तभी योपुण्य वान्जीवहोवैहै ॥ सो स्वर्गादिकोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जोपापकर्मवालाजीवहोवैहै ॥ सो चक्षुआदिकद्वारोंतैंनिर्गमनहुआभी नरककूंहींप्राप्त होवैहै ॥ इसप्रकार परलोकविषेजीवकेनिर्गमनहुयेतैंअनंतर ताकेसंबंधियोंकीअवस्थाकहैहैं ॥ यापुरुषकेजीवतेहुये जेस्त्रीपुत्रादिकबांधव यापुरुषतैंविना एकग्रासमात्रभीनहींभोजनकरतेथे ॥ तेईहीस्त्रीपुत्रादिकबांधव यापुरुषकेमृत्युहुयेतैंअनंतर स्वादुअन्नकूं मळपर्यंतभोजन करैहैं ॥ और यापुरुषकेजीवतेहुये जेस्त्रीपुत्रादिकबांधव यापुरुषकूं कोमलसिहजांऊपरि शयनकरावतेथे ॥ तेईहीस्त्रीपुत्रादिकबांधव मरणतैंअनंतर यापुरुषकूं प्रज्वलितअग्निविषेपावैहैं ॥ औरजेस्त्रीपुत्रादिकबांधव जीवतेहुयेयापुरुषकूं कोमलस्पर्शवाळे गंधपुष्पोंकरिकै तथाहस्तोंकरिकै स्पर्शकरतेहुयेभी भयकूंप्राप्तहोतेथे॥तेईहीस्त्रीपुत्रादिकबांधव चिताविषेस्थितयापुरुषकूं तीक्ष्णकाष्ठोंकरिकैस्पर्शकरैहैं ॥ और जीवतेहुयेयापुरुषकूं जेस्त्रीपुत्रादिकबांधव अश्वकरिकै तथापालकीकरिकै तथाहस्तीकरिकै तथारथकरिकै लेजातेथे॥तेईहीस्त्रीपुत्रादि कबांधव मरणतैंअनंतर तापुरुषकूं काष्ठकेसाथिबांधिकरिकै काष्ठकीन्याईं श्मशानभूमिविषे लेजावैहैं॥और जीवताहुआजोपुरुष मंगलीकवा दित्रोंकेसाथि ग्रामतैंबाहरिजाताथा॥सोईहीपुरुष मरणतैंअनंतर शोकयुक्तस्त्रियोंकेरोदनकेसाथि जावैहै॥और जीवतेहुयेयापुरुषकेआगेजेबांध व दधिआदिकमंगलीकवस्तुकूं लेचलतेथे॥तेईहीपुत्रादिकबांधव मरणतैंअनंतर यापुरुषकेआगे धूमयुक्तअग्निकूं लेचालैहैं॥और जीवताहुआ यहपुरुष जिनस्त्रीपुत्रादिकोंकूं क्षणमात्रभीनहींत्यागकरताथा॥सोईहीपुरुष मरणकाळविषे विरक्तपुरुषकीन्याईं सर्वबांधवोंकूंत्यागिकेजावैहै॥ और जीवितकालविषे जिसपुरुषतैंविना स्त्रीपुत्रादिकबांधव क्षणमात्रभी स्थितनहींहोतेथे॥मरणतैंअनंतरतेईहीस्त्रीपुत्रादिकबांधवतापुरुषतैंवि ना सुखपूर्वक स्थितहोवैहैं॥और जैसे सूर्यकूंदेखिकरिकेकमल विकाशमानहोवैहैं॥तैसे जीवतकाळविषे जिसपुरुषरूपसूर्यकूंदेखिकरिकै स्त्री पुत्रादिकबांधवोंकेमुखरूपकमळ विकाशमानहोतेथे॥मरणतैंअनंतर तिसीहीपुरुषकेदर्शनहुयेतथास्पर्शहुये तेस्त्रीपुत्रादिकबांधव स्नानकूंक रैहैं॥और पूर्वजीवितकालविषे जापुरुषकेपादोंतैंनिःसरणभयेजळकूं स्त्रीपुत्रादिकबांधव आपणेमस्तकविषेधारणकरतेथे ॥मरणतैंअनंतर ति

स्त्रीपुरुषकेस्पर्शतें तेस्त्रीपुत्रादिकबांधव ग्लानकूंकरैंहैं ॥ अथवा स्पर्शकूंहीनहींकरैंहैं॥इसप्रकारप्रत्यक्षदोषोंकरिकैयुक्त संसाररूपशूलविषे प्रा
प्तभयायहजीव परमेश्वरकोमायाकरिकै मोहितहुआ प्रत्यक्षप्रमाणकरिकैसिद्धसंसारदुःखोंकूंभी जाणतानहीं ॥ याप्रकार मरणतैंअनंतर
बांधवोंकी अवस्थाकही ॥ अब परलोकविषे जीवकीअवस्थाकूंकहैंहैं ॥ यास्थूलशरीरकूं परित्यागकरिकेःअतिदुःखीहुआ यहजीव परलो
ककूंगमनकरैहै ॥ और क्षुधापिपासाकरिकैंपीडितहोवैहै ॥ और यमकिंकरोंकरिकै निरादरकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और अनंतकोटियोजनदूर
यमकास्थानहै ॥ तहाँ स्वल्पकालकरिकै ॥ याजीवकूं यमकिंकर लेजावैंहैं ॥ जैसे पाशकरिकै बांध्याहुआ औरचाबुकोंकरिकैताडनकिया
हुआ अजाकूं बलात्कारतैं राजाकेभृत्य लेजावैंहैं॥तैसे याजीवकूंभी यमकिंकर परलोकविषेलेजावैंहैं॥और तायमस्थानविषे पापीजीवोंकूं य
मकीशासनातैं अनंतदुःख प्राप्तहोवैंहैं॥तिनसमग्रदुःखोंके कथनकरणेकूं तथाश्रवणकरणेकूं कोईभी समर्थनहीं॥तथापिवैराग्यवासते किंचि
त्मात्रदुःख शास्त्रविषे कथनकरैंहैं ॥ तायमपुरीकेमार्गविषे मांसअहारी सूकरादिकोंका तथाकाकगृध्रादिकपक्षियोंका महाउपद्रव
ताजीवकूंहोवैहै ॥ और तामार्गविषे पापीजीवकूं नानाप्रकारकेशस्त्रोंकरिकै राक्षसोंकेसमान चोर हननकरैंहैं ॥ ताशस्त्रोंकरिकैभी पाप
केवशतैं ताजीवका मृत्युहोवैनहीं ॥ और तामार्गविषे सोपापीजीव कहीं विष्ठातथापूयकरिकैपूर्णनदियोंका उलंघनकरैहै ॥ और ति
ननदियोंविषे निमज्जनकरैहै ॥ और तानदियोंविषेजेमगरहैं तिनोंतैं भयकूं प्राप्तहोवैहै ॥ और यमराजाकेस्थानविषे अग्निकापरिणा
मरूपनरकहै तथा जल पृथिवी वायु आकाशका परिणामरूप नरकहै ॥ तथा शस्त्रोंकापरिणामरूप नरकहै ॥ तथा अंधकारकाप
रिणामरूप नरकहै ॥ इसतैं आदिलेके अनंतप्रकारकेनरक पापीजीवोंकूं दुःखकोप्राप्तिकरैंहैं ॥ और खड्गकीधारसमानहैंतीक्ष्णपत्रजि
नोंके ऐसे वृक्षोंकेवनरूपनरकतैंआदिलेके महाभयानकनरकोंविषे सोपापीजीव अनंतकल्पपर्यंत दुःखोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और परलो
कविषे पापीजीवोंकूं दुःखकरणेहारेजेनरकहैं ॥ ते गरुडपुराणादिकोंविषेप्रसिद्धहैं ॥ यातैं यहाँकथनकरेनहीं ॥ इसप्रकार सोपापी
जीव नरकदुःखोंकूंअनुभवकरिकै कालवशतैं पुनःवृष्टिद्वाराअन्नभावकूंप्राप्तहोइके मनुष्यलोककूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और जोपुण्यवान्जी

वहोवैहै ॥ सो स्वर्गविषे महान्सुखकाअनुभवकरिके तापुण्यकर्मकेसमाप्तितैंअनंतर पूर्वकहोरीतितैं वृष्टिद्वाराअन्नभावकूंप्राप्तहुआयालोक विषे प्राप्तहोवैहै ॥ इसप्रकार यालोककूंप्राप्तहोइकरिकेपूर्वकीन्यांई पुण्यपापकेवशतैंपुनःपिताद्वारा तथामाताद्वारा नानाप्रकारकेजन्मोंकूंसर्व दायहजीव प्राप्तहोवैहै॥औरपूर्व याजीवका पिताशरीरतैंजन्म तथामाताशरीरतैंजन्म निरूपणकरिआयेहैं॥तिनदोनोंजन्मोंकीअपेक्षाकरिकेपु नःपिताशरीरतैंतीसराजन्मजीवकूंप्राप्तहोवैहै॥इसप्रकार पितातैंजन्म॥पुनःमातातैंजन्म॥पुनःपितातैंजन्म॥ यहतीनोंजन्म घटीयंत्रकीन्यांई पु ण्यपापकेवशतैं जीवोंकूं प्राप्तहोवैहै॥और जबपर्यंत याजीवकूं आत्मज्ञानकीप्राप्तिनहींहोती ॥ तबपर्यंत मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ पुनःजन्मकूंप्राप्त होवैहै ॥ पुनःबाल्यअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ पुनःयुवाअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ पुनःवृद्धाअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ पुनःमृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ इसप्रकार संसारविषे यहजीव भ्रमण करैहै ॥ और जैसे सूर्यादिकोंके रविवार सोमवार आदिक सप्तवारोंकी धारा उच्छेदतैंरहित हुई वर्ते है ॥ तैसे याजीवके जन्ममरणादिकषट्विकारभी विच्छेदतैं रहितहुये वर्तैहै ॥ और जैसे जीर्णवस्त्रोंका परित्यागकरिके पुरुष नवीन वस्त्रोंका ग्रहणकरैहै ॥ तैसे आत्मज्ञानतैंरहित जीवभी एकशरीरकापरित्यागकरिके द्वितीयशरीरका ग्रहणकरैहै ॥ और जैसे सूर्यादिरूप तेजकूंप्राप्तहोइकरिके अंधकार लयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे जन्मअवस्थाकूंप्राप्तहोइकरिके मरणअवस्था लयकूं प्राप्तहोवैहै ॥ और जैसे प्रकाश तथाअंधकार यामनुष्यलोककूं परित्यागकरतानहीं ॥ किंतु दोनोंविषे कभीअंधकारहोवैहै कभी प्रकाश होवैहै ॥ तैसे अविवेकीजीवकूं भी जन्मतथामरण परित्यागकरैनहीं ॥ दोनोंविषे एकवन्यारहैहै ॥ यातैं सर्वदुःखोंकाकारण जोअज्ञानहै ॥ ताकेनाशकरणेहारा आनंदरू पआत्माकाज्ञान जबपर्यंत पुरुषोंकूंनहीं उत्पन्नभया ॥ तबपर्यंत जन्ममरणादिकअनंतदुःखजीवोंकूं प्राप्तहोवैहैं ॥ यातैं यहसिद्धभया ॥ आनंदरूपआत्माकाज्ञानहीं सर्वअनर्थकेनिवृत्तिकाकारणहै ॥ तातैंभिन्न सर्वउपाय जन्ममरणकेहेतुहैं ॥ और पूर्व सनकादिकऋ षियोंनेंभी हमारेकूं आत्मज्ञानकाहीं उपदेशकऱ्याथा ॥ याप्रकार सर्वअधिकारीजन वैराग्यकीउत्पत्तिवासते देहतैंआदिलेकेसर्वअनात्म वस्तुविषे दोषोंकाविचार करतेभये॥तादोषोंकेविचारतैं तिनअधिकारियोंकूं देहादिकोंविषे वैराग्य उत्पन्नहोताभया॥ और तिनसर्वअधिका

रियोंविषे एकवामदेवनामाअधिकारीमृत्युकूंप्राप्तहोताभया ॥ अदृष्टरूपभावीप्रतिबंधकेवशतें सनकादिकऋषियोंकेउपदेशतें तिसवामदे
वकूं याजन्मविषे आत्मज्ञानभयानहीं ॥ यातें पुनःपिताकेमर्भद्वारा माताकेगर्भविषे प्रवेशकरताभया ॥ तहां पूर्वसंस्कारकरिकेयुक्त
वामदेव नवममासपर्यंत स्थितहोताभया ॥ और नवममासविषे नियमकरिकेसर्वजीवोंकूं गर्भविषे बोधउत्पन्नहोवैहै ॥ ताबोधतें सर्वजीव
पूर्वपूर्वआपणेजन्मोंकूं स्मरणकरैहैं ॥ और वामदेवतो नवममासविषे आत्मसाक्षात्कारकूं प्राप्तहोताभया ॥ काहेतें भावीप्रतिबंधकेवशतें वा
मदेवकूं पूर्वजन्मविषे आत्मज्ञाननहीं उत्पन्नभयाथा ॥ नवममासविषे तापारूपप्रतिबंधकेनिवृत्तहुये पूर्वसनकादिकोंकेउपदेशकी वामदे
वकूं स्मृतिहोतीभयी ॥ तिसतें मननिदिध्यासनकरिकेसंपन्नहुआ वामदेव गर्भविषेहीं आत्मसाक्षात्कारकूं प्राप्तहोताभया ॥ और पूर्व जि
नअधिकारियोंकेसाथिमिलिकरिके वामदेवने सनकादिकऋषियोंतें ब्रह्मविद्याकाश्रवणकऱ्याथा ॥ तथा सर्वविषयोंविषे दोषोंकाविचारक
ऱ्याथा ॥ तिनसर्वआपणेमित्रोंकूं गर्भविषेस्थितहुआ वामदेव याप्रकारकेवचनोंकूं कहताभया ॥ वामदेवउवाच ॥ हेमित्रो पूर्वजन्मविषे मै
भी तुमारे मध्यमैथा ॥ परंतु पूर्वजन्मविषे परिच्छिन्नदेहादिकोंविषेआत्मबुद्धिकरिके परिच्छिन्नभावकूं मैं प्राप्तहोताभया॥ और अभी हमा
रेकूं गर्भविषे ॥ सनकादिकोंकेउपदेशकेस्मरणतें आत्माकाज्ञान उत्पन्नभयाहै ॥ यातें आपणेअद्वितीयस्वरूपतेंभिन्न किंचित्मात्रभीव
स्तुमै देखतानहीं ॥ किंतु सर्वकूं आत्मरूपजाणताहूं ॥ पूर्वदक्षिणादिकअष्टदिशाभी मेरेकरिकेहींपूर्णहैं ॥ और आकाशभी मेरेकरिकेही
पूर्णहै ॥ और सृष्टिकेआदिकालविषे स्वायंभुवादिकमनुभी मैंहीं पूर्वहोताभयाहूं ॥ और सूर्यभगवान्भी मैंहींहूं ॥ और शक्तिसंपन्नजेइंद्रा
दिकलोकपालहैं तेभी मेराहीस्वरूपहैं॥ मेरेतेंभिन्न तिनोंकीसत्तानहीं॥और अंडज जरायुज स्वेदज उद्भिज यहचारि प्रकारकेप्राणीभी मेरेतें
भिन्ननहीं ॥ किंतु मेराहीस्वरूपहैं ॥तात्पर्ययह ॥ हिरण्यगर्भतेंआदिलेकेस्थावरपर्यंत जेजेपुण्यपापयुक्तजीवहैं ॥ तेसंपूर्ण मेराहीस्वरूपहैं॥
मेरेतें कोईभीवस्तुभिन्ननहीं ॥शंका॥ जभी सर्ववस्तु तुमारेतेंभिन्ननहीं ॥ तभी जन्म अस्तित्व वृद्धि परिणामअपक्षय नाश यहषट्विकार
आत्माविषेप्राप्तहोवैंगे ॥ समाधान ॥ इंद्रियसहितदेहके यहजन्मादिकषट्विकारहैं ॥ सोषट्विकारयुक्तदेह मेरेविषे कल्पितहै ॥ यातें क

ल्पितदेहकेधर्ममुझअधिष्ठानकूं स्पर्शकरैंनहीं ॥दृष्टांत॥ शीतकीनिवृत्तिवासतेगुंजापुंजविषे वानरोंनें कल्पनाकऱ्या जोअग्नि ॥ तिसअग्निके उष्णस्पर्शतें जैसे गुंजापुंजका दाहहोवैनहीं ॥ तैसे कल्पितदेहादिकोंके धर्म जन्मादिकभी मुझअधिष्ठानकूं स्पर्शकरैंनहीं ॥ और मैंआनंदरूपआत्मा वाक्आदिकइंद्रियोंके तथातिनोंकेदेवताओंके जन्मादिकोंकूं जाणताहूं॥परंतु तिनोंकेजन्मादिकविकारअधिष्ठानरूपमैंआत्माकूं सुख तथादुःख प्राप्तकरैंनहीं ॥ काहेतें तेसंपूर्ण मेरेविषे कल्पितहैं ॥ और जैसे पूर्वअज्ञानअवस्थाविषे शरीरइंद्रियादिकोंकेअध्यासतें मैंब्राह्मणहूं मैंस्थूलहूं मैंवधिरहूं मैंमूकहूं इसतैंआदिलेकेशरीरइंद्रियादिकोंकेधर्म मेरेविषे प्रतीतहोतेथे ॥ तेसंपूर्णधर्मओर शरीरसहितइंद्रियतथा तिनइंद्रियोंकेदेवता अभी हमारेकूंस्पर्शकरैंनहीं ॥ काहेतें अद्वितीयआत्माकेज्ञानकरिके तिनशरीरादिकोंकाअध्यास निवृत्त होइ गयाहै और हेमित्रो जैसे लोहकरिकेरचितकारागृह पुरुषके बंधनकाहेतुहोवैहै ॥ तैसेअज्ञानरूपलोहकरिकेरचित चौराशीलक्षशरीररूपपुरियांभी पूर्व हमारेबंधनकाकारण होतियांभैयां और जैसे लोकविषे महान्शरीरवालाजोश्येनपक्षीहै ॥ सो अतिबलवान्होवैहै ॥ यातें पाशोंकरिके दुर्ग्रहहै ॥ तथापि दृढपाशतें ताकूंबांधिकरिके लोहेकेपिंजरविषे निरोधकरैंहैं ॥ तैसे अज्ञानरूपलोहकरिकेरचित ॥ चौराशीलक्षशरीररूपपुरियांभी बंधनरहितमुझअद्वितीयआत्माकूं देहादिकोंविषे आत्मबुद्धिरूपपाशोंकरिके निरोधकरातियांभैयां ॥ और जैसे पिंजरा विषे निरुद्धहुआश्येनपक्षी वज्रसमानआपणेतुंडकरिके पिंजरेकेनोचेदेशकूंभेदनकरिके बाहरिनिकसिजावैहै ॥तैसे मैंभी अज्ञानरूपतुंडकरिके चौराशीलक्षशरीररूपपुरियोंकूं तथाकामक्रोधादिककीलोंकरिकैंयुक्त देहादिकोंविषेआत्मबुद्धिरूपपाशकूं छेदनकरताभयाहूं ॥ और हे मित्रो ॥ जोपूर्व सनकादिकऋषियोंनें देहस्त्रीपुत्रादिकोंविषेवैराग्य आत्मज्ञानकाकारण तुमारेकूं कह्याथा ॥ सोहमनें अभी आत्मज्ञानरूपफलकीउत्पत्तितें निश्चयकऱ्याहै ॥ और पूर्वजन्मविषे तुमारेसाथिमिलिकरिके हमनें विषयोंविषे दोषोंकाविचारकऱ्याथा ॥ परंतु भावीअदृष्टरूपप्रतिबंधकेवशतें हमारेकूं ताजन्मविषे आत्मज्ञान भयानहीं ॥ मरणकेअनंतर ताप्रतिबंधकेक्षयहुए सनकादिकऋषियोंकी कृपातें तथाविषयोंविषेवैराग्यतें हमारेकूं अब आत्मज्ञान उत्पन्नभयाहै॥यातें विषयोंविषेवैराग्य॥औरगुरुकीकृपा यहदोनों आत्मज्ञानके

मुख्यकारणहैं॥और तुमारेकूं जोआत्मज्ञान नहींउत्पन्नभया॥सोभी किसीप्रतिबंधकेवशतैं नहींभया ॥ यातैं वैराग्यविषे तथागुरुकेउपदेश विषे आत्मज्ञानकीकारणतानहींहै ऐसी तुमनें असंभावना कभीनहींकरणी ॥ और हे मित्रो गुरुकीकृपातैं कैसाहमारेकूंज्ञानउत्पन्नभयाहै ॥ जिसज्ञानकेबलतैं संसारतैंभी मै भयकूंनहीं प्राप्तहोता ॥ और कालतैं तथामृत्युतैंभी मै भयकूंनहींप्राप्तहोता काहेतैं द्वितीयवस्तुतैंभयकी प्राप्ति श्रुतिनें कहीहै ॥ और मै अद्वितीयहूं ॥ सर्वप्रपंच मेरेविषेकल्पित है ॥जैसे रज्जुविषेसर्पकल्पितहै ॥ कल्पितप्रपंचतैं द्वैतभाव मेरेविषेहोवेनहीं ॥ यातैं मै अद्वितीयहूं ॥ और मृत्युतैंरहितहूं॥ काहेतैं मेरेविषेकल्पितजोमृत्युहै ॥ सो मुझ अधिष्ठानकी किंचित्मात्रभीहानि करेनहीं ॥ और जैसे लोकविषे आपणेकूं कोई आप नाशकरैनहीं ॥ तैसे मृत्युकाभीआत्मस्वरूपजोमैंहूं ॥ तिसमेरेकूं मृत्यु नाशकरै नहीं और जन्म तथामरण तथाबाल्यअवस्थायुवाअवस्था जराअवस्था यहसंपूर्ण देहविषेदेखीतेहैं ॥ मुझ अद्वितीयआत्माविषे हैंनही ॥ दृष्टांत ॥ जैसे अन्यपुरुषकेसुखकरिके तथादुःखकरिके अन्यपुरुष सुखीतथादुःखीहोवैनहीं ॥ तैसे देहादिकोंतैंभिन्न जोमै आनंदरूप आत्माहूं ॥ तिसमेरेकूं देहादिकोंकेधर्म जन्ममरणादिक प्राप्तहोवैंनहीं ॥ और इच्छा द्वेष भय मोह क्षुधा तृषा निद्रा विष्ठामूत्रकीबाधा यह पूर्वकहेजेअष्टदोष॥ते आनंदस्वरूप मुझ आत्माकूं स्पर्शकरैंनहीं॥काहेतैं इच्छा द्वेष भय मोह यहचारि मनकेधर्महैं ॥और क्षुधा तृषा प्राणोंकेधर्महैं ॥ और निद्रा मनका तथाइंद्रियोंका धर्महै ॥ और विष्ठामूत्रकीबाधा शरीरकाधर्महै ॥ और मै साक्षीआत्मा मनइंद्रियादिक सर्वदृश्यका प्रकाशकहूं ॥ यातैं प्रकाश्यदृश्यकेधर्म मुझ प्रकाशककूं स्पर्शकरैंनहीं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे प्रकाश्यघटादिकपदार्थोंकेधर्म प्रकाशकसूर्यकूं स्पर्शकरैंनहीं॥अब याहीअर्थकूं स्पष्टकरिकेदिखावैहैं॥मोक्षकी तथास्वर्गकी औरयालोकविषेविषयजन्यसुखकी मन इच्छाकरै है ॥ आनंदरूपमैंआत्मा तिनोंकीइच्छाकरतानहीं॥और अज्ञानविषे तथानरकविषे मनहीं द्वेषकरेहै॥और यालोककेदुःखोंविषे तथादुःखके साधनसिंहसर्पादिकोंविषेभी मनहीं द्वेषकरेहै ॥ मैंआनंदरूप सर्वकाआत्मा किसीविषे द्वेषकरतानहीं ॥ किंवा ॥ जो विषयकीकामनावाला तथाभेददृष्टिवाला पुरुषहोवैहै सो कामनाकेप्रतिबंधकअन्यपुरुषविषे द्वेषकरेहै ॥ यहवार्त्ता लोकविषेप्रसिद्धहै ॥ और मैंआप्तकामहूं ॥

और अभेददर्शीहूं ॥ यातें हमारा किसीकेसाथिद्वेष संभवैनहीं ॥ और भय तथामोह दोनों मनकेधर्महैं ॥ मैंअद्वितीयआत्माहूं ॥ यातें
भय मेराधर्मनहीं ॥ और बोधस्वरूपमैंहूं ॥ यातें मोहभी मेराधर्मनहीं किंवा यालोकविषे जोपुरुष आपणेतैं शत्रुकूं भिन्नजाणताहै ॥ तथा
प्रतिकूलजाणताहै ॥ सोईहीपुरुष मोहकूं तथाभयकूंप्राप्तहोवैहै और मैं आपणेस्वरूपतैंभिन्न किसीमित्रकूं तथाशत्रुकूं तथाउदासीनपुरुष
कूं जाणता नहीं॥और किसीकूंप्रतिकूलभीनहींजाणता ॥ यातें किसकारणकरिके मेरेकूं भय तथामोह होवे॥तात्पर्ययह ॥ भयतथामोहका
कारण जोभेदबुद्धितथाप्रतिकूलताज्ञान सो मेरेविषेहैनहीं॥यातेंकारणकेअभावतें भयतथामोह मेरेकूंस्पर्शकरैंनहीं ॥और प्राणकेधर्म जेक्षु
धातृषाहैं॥तेभी प्राणतैंरहितशुद्ध आत्माकेधर्महोवैंनहीं ॥ और कारणविषेलयरूपनिद्राभी जिसकालविषे स्वप्नहींहोवैहै ॥ तिसकालविषे
मनकाधर्महै और वाक्आदिकइंद्रियकातो स्वप्नदर्शनकालविषे तथाअदर्शनकालविषे नित्यहीधर्महै ॥ यातें मनतथाइंद्रियकाधर्मनिद्रा मनत
थाइंद्रियतैंरहितशुद्धआत्माकूं प्राप्तहोवैनहीं॥औरविष्ठामूत्रकीबाधा शरीरकाधर्महै॥शरीरतैंरहितशुद्धआत्माकूं सोबाधाहोवैनहीं॥ अधिकारी
प्रजाउवाच ॥हेवामदेव॥ हममित्रोंकेताईं अद्वितीय अमृत अजर आत्माहै याप्रकार निषेध मुखकरिके आत्माकाउपदेश किसवास्तेकरते
हो॥जैसे कोईपुरुष शृंगतेंपकड़िकरिके गोकूंदिखावे॥तैसे विधिमुखकरिके आत्माकूं काहेतैंनहींदिखावते ॥ वामदेवउवाच ॥ हेमित्रो तुमारे
हितवासते नानाप्रकारकेवचनोंकरिके बोमैंनें आत्माकास्वरूप कथनकऱ्याहै॥सोआत्माकास्वरूप वास्तवतैं गोआदिकोंकीन्याईं इंद्रियोंकाबाह्य
नकाविषयहैनहीं॥ और अद्वितीय अमृत अजर इसतें आदिलेकेनिषेधवाक्यभी लक्षणावृत्तिकरिके आत्माकूंबोधनकरैंहैं ॥ और हेमित्रो सो
अद्वितीयआत्मा चक्षुआदिकबाह्य इंद्रियोंकरिके जान्याजावैनहीं॥तथामन बुद्धि चित्त अहंकार याचतुष्टयअंतःकरणकरिकेभी जान्याजावै
नहीं ॥ अधिकारीजनउवाच॥ हेभगवन् इंद्रियोंका यद्यपि आत्माविषयहैनहीं॥तथापि वेदांतवाक्यतैंउत्पन्नभयी जोबुद्धिकीवृत्तिहै॥तिसका
तथाअज्ञानका आत्मा विषयहोवैगा ॥ वामदेवउवाच ॥ हेमित्रो बुद्धिकेवृत्तिका तथाअज्ञानका प्रकाशकरणेहारा साक्षीआत्माहै ॥ यातें
आत्मा तिनोंकाविषयहोवैनहीं ॥ उलटा बुद्धिकीवृत्ति तथाअज्ञान आत्माकरिकेभास्यमानहैं ॥ यातें आत्माकाविषयहैं॥तातें हेमित्रो पूर्व

सनकादिकऋषियोंनें उपदेशकऱ्याजो देशकालवस्तुपरिच्छेदतैंरहित सर्वकाप्रकाशक आनंदस्वरूपआत्मा तिसकूं भलीप्रकारविचारक रिके तुमसाक्षात्कारकरो ॥तात्पर्ययह ॥ भावीप्रतिबंधकीशंकाकरिके तुमोंनेंआत्मविचारतैंनिवृत्तहोणानहीं ॥ काहेतें पुण्यपापरूपअदृष्टका नामभावीप्रतिबंधहै॥सोवर्तमानप्रतिबंधकी सहायतातैं विनाविचारकाप्रतिबंधकहोवैनहीं ॥ किंतु वर्तमानप्रतिबंधकेसहायताकूंपाइकरिकेहीं प्रतिबंधकहोवैहै ॥ जब वर्तमानप्रतिबंधकाअभावहोवे ॥ तब अदृष्टरूपभावीप्रतिबंधकाभी अभावनिश्चयकरणा ॥ यातैं विषयविषेआसक्ति बुद्धिकीमंदता कुतर्क विपर्ययविषेदुराग्रह इनच्यारिप्रकारकेवर्तमानप्रतिबंधोंकापरित्यागकरिके तुमशीघ्रही आत्मविचारविषेप्रवृत्तहोवो ॥ जाकरिके हमारेन्याईं तुमारेकूं पुनःजन्मकोप्राप्तिनहींहोवे ॥ अधिकारीजनउवाच॥हेभगवन् आत्मविचारविषेतो हम प्रवृत्तहोवैं॥ परंतु तत्व वेत्तातुमारेकूंभी गर्भदुःखकीप्राप्तिदेखिकरिके दुःखकीनिवृत्तिरूपजोआत्मविचारकाफलहै ताविषे हमारेकूं संशयहोवैहै ॥ जो आत्मविचार करिकेभी दुःखकीनिवृत्तिहोतीहै अथवानहींहोती यहसंशय आत्मविचारकेप्रवृत्तिकाप्रतिबंधकहै ॥ वामदेवउवाच ॥ हेमित्रो तुमारीदृष्टिक रिके मेंगर्भविषेस्थितहूं ॥ तथा गर्भकेदुःखोंकूंअनुभवकरोंहूं ॥ और हमारीदृष्टिकरिकेतो हम सर्वदेहइंद्रियादिकोंतैंरहितहैं ॥ और हेमित्रो पूर्वजन्मविषे हमनें तथातुमोंनें मिलिकरिके जोगर्भकेदुःखकाविचारकियाथा॥तितनाहीदुःख अभीमें गर्भविषे अनुभवकरताहूं॥अथवा तिस तैंभीअधिकदुःखका अनुभवकरताहूं॥परंतु सर्वविषेआत्मबुद्धिरूप पौर्णमासीकेचंद्रमाकीशीतलताकरिके गर्भदुःखरूपग्रीष्मऋतुकासूर्य हमारेकूंसंतापकरतानहीं॥यातैं हेमित्रो आत्मज्ञानकूंहीं तुम संपादनकरो॥इसप्रकार आत्मज्ञान विषेश्रद्धाकरावणेवासते अनंतप्रकारकेवच नोंकूंकहिकरिके वामदेवमुनि माताकेगर्भतैंनिकासिकरिके भूमिलोकतैंआदिलेकेब्रह्मलोकपर्यंतजीवन्मुक्तहोइके विचरताभया ॥ कैसाहैसो वामदेव ॥ सनकादिकऋषियोंकेसमानहै ॥ औरयालोककेसुखतैं तथापरलोककेसुखतैंजाकीइच्छानिवृत्तभयीहै ॥ औरउद्यमतैंरहितहै और निर्मलहैचित्तजाका ॥ ऐसाजोवामदेवहै॥सो प्रारब्धकर्मकीसमाप्तिवासते मनुष्यलोकविषे तथास्वर्गादिकलोकोंविषेप्राप्तभयेजे भोगहैं तिनोंकूं भोगताभया ॥ ताभोगोंकरिके प्रारब्धकर्मकेनाशहुएतैंअनंतर सोवामदेव विदेहमोक्षकूंप्राप्तहोताभया ॥ इसप्रकार गर्भविषेस्थित

वामदेवकेवचनोंकूंश्रवणकरिके तेसर्वअधिकारीजन आश्चर्यकूंप्राप्तहोतेभये ॥ और आपसविषेपरस्परकहतेभये॥ बड़ाआश्चर्यहै ॥यहवाम
देव हमसर्वअधिकारियोंकेसमूहतें किसीपुण्यकेप्रभावतें निकसताभया ॥ दृष्टांत ॥ जैसे पंकविषे निमग्नगोओंकेसमूहतें कोईएकगोपुण्य
केप्रभावतें निकसिजावैहै ॥ तैसे यहवामदेव हमारेतैंनिकसताभया ॥ और जैसे पाशकरिकेबांधेहुए पक्षियोंकेसमूहतें कोईएकपक्षी
पुण्यकेबलतें सर्वपक्षियोंकापरित्यागकरिके निकसिजावैहै तैसे कामक्रोधादिकरूपपाशकरिकेबांधेहुएहमसर्वजनोंका परित्यागकरिके
यहवामदेव अभीजाताभया ॥ और जैसे दुर्भिक्षआदिकउपद्रवकेप्राप्तहुएभी मोहकेवशतें देशकापरित्याग लोक करेनहीं ॥ तिनलोकोंविषे
कोईएकपुरुष स्नेहतेंरहितहुआ सर्वबांधवोंकापरित्यागकरिकेतिसदेशतेंनिकसिजावैहै ॥ तैसे यहवामदेव हमसर्वजनोंकापरित्यागकरिके जा
ताभया ॥ और जैसे मार्गविषेचलेजेअनेकपुरुष ॥ तिनोंविषे किसीएकपुरुषकूं पुण्यकेप्रभावतें भूमिविषेस्थितधनकीप्राप्तिहोइजावै ॥ तैसे ह
मसर्वअधिकारीजनोंविषे यहवामदेव आत्मसाक्षात्काररूपधनकूं प्राप्तहोताभया ॥ और जैसे गुरुकीसेवाविषेप्रवृत्तभयेजेअनेकशिष्य ॥
तिनोंविषेकोईएकशिष्यहीं महान्‌विद्याकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तैसे हमसर्वअधिकारियोंविषे यहवामदेवहीं महाविद्यारूपफलकूं प्राप्तहोताभया ॥
यातें यहवामदेवही पुरुषहै ॥ और हमसर्व नपुंसककेतुल्यहैं॥और जैसे बहुतपुरुष मंत्रकेजपविषेप्रवृत्त होवैहैं॥तिनोंविषे किसीएकपुरुषकूं
हीं सिद्धिप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे विचारविषेप्रवृत्तहुएहमसर्वोंविषे यावामदेवकूंहीं विचारजन्य आत्मज्ञानरूपफल होताभया ॥ और जैसे अनंत
व्याधपुरुषोंकरिके निरोधकर्‌याजोमृगोंकासमूह ॥ तिनोंकेमध्यतें कोईएकमृगही निकसिजावैहै ॥ तैसे हमसर्वदुःखीजनोंकेमध्यतेंएकवाम
देवहीं जाताभया ॥ और याबुद्धिमान्‌वामदेवका कोईअद्भुतपुण्यकर्महै॥जिसपुण्यकर्मकेप्रभावतें गर्भविषेस्थितवामदेवकूं आत्मसाक्षात्कार
उत्पन्नभयाहै ॥ और हमारेकूं गुरुशास्त्रादिकसाधनोंकरिकेसंपन्नयाभूमिलोकविषेभी आत्मज्ञान उत्पन्नभयानहीं ॥ और यहवामदेव
गर्भविषेस्थितहुआ हमारेप्रति वचनोंकूंकहताभया ॥ यातें हम ऐसाजानतेहैं ॥ यावामदेवका हमारेविषे स्नेहनहीं ॥ केवल हमारेऊप
रिकृपाहै ॥ जोस्नेहहोता तो बाहरिनिकसिके आपणेमातापितादिकोंकूंभी उपदेशकरता ॥ और यहवामदेवतो जन्मताहुआही माता

पितादिकसर्वबांधवोंकीउपेक्षाकरिके जडउन्मत्तपुरुषकीन्याई अथवापिशाचकीन्याई संबंधियोंकरिकेअज्ञातदेशविषे जाताभया ॥ यातें केवल कृपाकरिके वामदेवनें हमारेप्रति उपदेशकऱ्याहे ॥ स्नेहकरिकेउपदेशकऱ्यानहीं ॥ और गर्भविषेस्थितहोइके जोवामदेवनें हमारेप्रति उपदेशकऱ्याहे ॥ ताके दोप्रयोजनहैं ॥ एकतो पूर्वहमोंनें जोगर्भकेदुःखोंकाविचारकियाथा सोयथार्थहे ॥ और दूसरा आत्मज्ञानकेवलतें गर्भदुःख संतापकरैनहीं ॥ यहदोप्रयोजनहैं॥और हमसर्व नपुंसककीन्याई निरादरकेपात्रहैं॥काहेतें मनुष्यशरीरकूंपाइके भी हमोंनें आत्मज्ञानकूं संपादनकऱ्यानहीं॥अज्ञानकरिके व्यर्थहीकाल वितीतकऱ्या ॥ और यामनुष्यलोकाविषे अनंतप्रकारकेदुःख हमोनें भोगेहैं ॥ और स्वर्गादिकलोकोंविषेभी किंचित्मात्रसुखकूं हम प्राप्तनहींभये ॥ काहेतें स्वर्गादिकलोकोंविषे तीनप्रकारकेदोष रहेहैं ॥ एकतो सातिशयदोष ॥ अर्थयह ॥ जिसके अधिकपुण्यहोवैहैं ॥ तिसकूं अधिकभोगोंकीप्राप्ति स्वर्गविषेहोवेहे ॥ और जिसके न्यूनपुण्यहोवैहैं ॥ तिसकूं न्यूनभोगोंकीप्राप्ति होवैहे ॥ आपणेतेंअधिकभोगवालेदेवताकूंदेखिकरिके न्यूनभोगवालेदेवताकूं ईर्षाहोवैहे ॥ और दूसरा इंद्रादिकदेवताओंकोअधीनतारूपदोषहैं ॥ तापराधीनतातें ॥ सर्वदा जीवकूं भयहोवैहे ॥ और तीसरा नीचे पतनरूपदोषहे ॥ तात्पर्ययह ॥ स्वर्गविषे कर्मदेवताओंकूं आपणेपुण्यकर्मका ज्ञानरहेहे॥जोइतनाकाल हमनेंस्वर्गविषेरहणाहे॥जिसकालविषेनीचेपतनका तिनोकूं ज्ञानहोवैहे ॥ तिसकालविषे महाशोककूं प्राप्तहोवैहैं यातीनदोषोंकी स्वर्गविषे निवृत्तिहोवैनहीं॥यातें स्वर्गभीदुःखरूपहे और कभी हम पुण्यकेवशतें भूमिलोकतें स्वर्गकूंप्राप्तहोतेभये ॥ पुनःस्वर्गलोकतें पुण्यकेक्षयहुये भूमिलोककूंप्राप्तहोतेभये पुनः पुण्यकेवशतें ताभूमिलोकतें स्वर्गलोककूंप्राप्तहोतेभये और कभी पापकेवशतें हमभूमिलोकतेंनरककूंप्राप्तहोतेभये॥और पुनःतानरकतें भूमिलोककूं प्राप्तहोतेभये॥और पुनः पापकेवशतें नरककूंप्राप्तहोतेभये ॥ दृष्टांत ॥जैसे आकाशविषे स्थितकपोतपक्षीभूमिदेशविषेस्थितकपोतीकूंदेखिकरिके भूमिदेशकूंप्राप्तहोवैहे ॥ और भूमिदेशविषेस्थितकपोत आकाशविषेकपोतीकूंदेखिकरिके आकाशकूंगमनकरेहे ॥ और पूर्वदिशाविषेस्थितकपोत पश्चिमदिशाविषेस्थितकपोतीकूंदेखिकरिके पश्चिमदिशाकूं गमनकरेहे॥इसप्रकार विषयसुखकीतृष्णाकरिकेजैसे

कपोत नीचेऊपरिभ्रमणकरैहै॥तैसे हमभी विषयसुखकीतृष्णाकरिकेकभी देवताशरीरकूं और कभीमनुष्यशरीरकूं और कभीस्थावरादिक शरीरोंकूं प्राप्तहोतेभयेहैं॥तैकेसेशरीरहैं॥केवलदुःखऔरशोककेदेणेहारेहैं॥इसप्रकार सर्वअधिकारीजन परस्पर विचारकूंकरतेभये॥ताविचारकरिके उत्पन्नभयाहैवैराग्यजिनोंकूं और सनकादिकोंकेउपदेशविषे उत्पन्नभयीहैश्रद्धाजिनोंकी ऐसेजे सर्वअधिकारीजनहैं॥ ते पुनःपरस्पर आत्मविचारकूंकरतेभये॥ हेश्रेष्ठब्राह्मणो ॥ पूर्वसनकादिकोंकेउपदेशतें और अभी वामदेवकेउपदेशतें जिसआत्माकेजानणेका हमोंनेंउद्यम कन्याहै ॥ सोआत्मा कोनहै ॥ तहां चक्षुआदिकइंद्रियोंकेसमुदायकरिकेसहित प्रत्यक्ष जोयहदेह प्रतीतहोवैहै ॥ सोईही आत्माहै ॥ अथवा शास्त्र करिकेजोप्रतीतहोवैहै सत्चित्आनंदस्वरूप सो आत्माहै ॥ तहां देहकूंतो आत्मतासंभवैनहीं ॥ काहेतें देह उत्पत्तिनाशवान्‌है ॥ जो उत्पत्तिनाशवान्‌वस्तुहोवैहै ॥ सो आत्माहोवैनहीं ॥ जैसे घटपटादिकपदार्थ उत्पत्तिनाशवान्‌हैं ॥ यातें आत्मानहीं ॥ किंवा ॥ जो आत्मा देहस्वरूपहोवै ॥ तो स्वर्गकीप्राप्तिवासते वेदनें बोधनकरेजेयज्ञादिककर्म तिनोंकूं कोईभीपुरुष करेगानहीं ॥ काहेतें देहकी उत्पत्तिहोवैहै ॥ यातें ताकानाशभी अवश्यअंगीकारकरणाहोवैगा ॥ जोजोवस्तु उत्पत्तिमान्‌होवैहै ॥ सोसोवस्तु नाशवान्‌होवैहै यहनियमहै ॥ और नष्टहूएदेहका स्वर्गनरकविषेगमन संभवैनहीं ॥ यातें वेदनें बोधनकन्याजो पुण्यकर्म तथापापकर्म सोसर्व व्यर्थहोवैगा ॥ किंवा ॥ देहकूंआत्मामानणेमें शास्त्रउक्तकर्मकोहीं केवल व्यर्थतानहीं ॥ किंतु लौकिककर्मकोभी व्यर्थताहोवैहै ॥ काहेतें बाल्य अवस्थाविषे अध्ययनकरीजोविद्या ॥ ताकाफल युवाअवस्थाविषे तथावृद्धअवस्थाविषेहोवैहै ॥ सो नहींहोणाचाहिये ॥ काहेतें बाल्य अवस्थाकादेह युवाअवस्थाविषे तथावृद्धअवस्थाविषे रहैनहीं ॥ अवयवोंको वृद्धितें तथाक्षयतें देहकानाश सर्वमतवाले अंगीकारकरैंहैं ॥ और जैसे चैत्रपुरुषनें कन्याजोकर्म ताकाफल मैत्रपुरुषकूं प्राप्तहोवैनहीं ॥ किंतु चैत्रपुरुषकूंहीं प्राप्तहोवै है ॥ काहेतें जो कर्मकाकरताहोवैहै ॥ सोईही तिसकर्मकेफलकाभोक्ताहोवैहै ॥ अन्य भोक्ताहोवैनहीं ॥ तैसे बाल्यदेहरूपआत्मानेंकन्याजो विद्याअध्ययनरूपकर्म ताकर्मकाफल युवादेहरूपआत्माकूं तथावृद्धदेहरूपआत्माकूं नहींप्राप्तहोणाचाहिये ॥और प्राप्तहोवैहै॥यातें देह आत्मानहीं॥

शंका ॥ जो करताहोवैहै सोईही भोक्ताहोवैहै यह नियम संभवैनहीं ॥ काहेतें लोकविषे करतातैंभिन्नहीं फलका भोक्ता देखाहै ॥ जैसे सेवकोंकरिकैकन्याजोयुद्धहै ताकेफलकूं राजा भोगैहै ॥ और शास्त्रविषेभी करतातैंभिन्नहीं भोक्तादेखाहै ॥ जैसे पिताकरिकैकन्याजो वैश्वानरयज्ञ ताकेफलकूं पुत्र भोगैहै ॥ और पुत्रकरिकैकन्याजो गयाश्राद्धहै ताकेफलकूं पिता भोगैहै ॥ तैसे बाल्यदेहरूपआत्मानैं कन्याजो विद्याअध्ययनरूपकर्म ताकेफलकूं युवादेहरूपआत्मा तथावृद्धदेहरूपआत्माभोगैहै यहवार्ताभी संभवैहै ॥ यातें देहकूं आत्मामानणेमें कर्मकीव्यर्थतारूपदोषनहीं ॥ समाधान ॥ सेवकका राजाकेसाथि स्वामित्वसंबंधहै ॥ यातेंसेवककृतयुद्धकेफलकूं राजा भोगैहै ॥ और पिताका पुत्रकेसाथि पुत्रत्वसंबंधहै ॥ यातें पिताकृत वैश्वानरयज्ञकेफलकूं पुत्र भोगैहै ॥ और पुत्रका पिताकेसाथि पितृत्वसंबंधहै ॥ यातें पुत्रकृत गयाश्राद्धकेफलकूं पिता भोगैहै इसप्रकार बाल्यदेहका युवादेहकेसाथि तथावृद्धदेहकेसाथि स्वामित्वादिककोईसंबंध हैनहीं ॥ यातें देहकूंआत्मामानणेमें कर्मोंकी व्यर्थतारूपदोष वज्रलेपहै ॥ किंवा ॥ जोदेहही आत्माहोवै तो जोमैं पूर्व बालकथा सोईहोमैं अभीवृद्धहूं ॥ यह बालक वृद्धआत्माकेअभेदकूं विषयकरणेहारीप्रत्यभिज्ञा नहींहोणी चाहिये ॥ काहेतें बाल्यदेहका तथावृद्धदेहका भेद प्रत्यक्षप्रमाणकरिकै सिद्धहै ॥ और परस्परभिन्नपदार्थोंका अभेदज्ञान होवैनहीं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे पिताओरपुत्र परस्पर भिन्नहैं ॥ यातें तिनोंका अभेदज्ञानहोवैनहीं ॥ यातेंभी देह आत्मानहीं ॥ किंवा ॥ अनुमानप्रमाणतेंभी देहकूं अनात्मताही सिद्धहोवैहै ॥ यहदेहजोहै सो अनात्माहोणेकूंयोग्यहै ॥ काहेतें जडहोणेतें ॥ जोजो वस्तु जडहोवैहै ॥ सो अनात्माही होवैहै ॥ जैसे घटादिक जडहैं यातें अनात्माहैं ॥ और जडत्वधर्मकरिकै घटओर देहके समानताहुएभी जोदेहकूं आत्मामानोंगे ॥ तो घटभी आत्माहोणाचाहिये ॥ और घट आत्माहोवैनहीं ॥ शंका ॥ नेत्रादिकइंद्रियोंकीआधारता देहविषेहै घटविषेहैनहीं ॥ यातेंदेहही चेतनहै घट चेतननहीं ॥ समाधान ॥ इंद्रियोंकीआधारतारूपहेतुतें देहविषे घटतेंविलक्षणताकहणी संभवैनहीं ॥ काहेतें जैसे देहविषे इंद्रियोंकीआधारताहै ॥ तैसे घटविषेभी परंपरासंबंधकरिकै इंद्रियोंकीआधारताहै ॥ तहां विषयतासंबंधकरिकैइंद्रियोंकेआधार

जेरूपरसादिकहैं तिनोंकीआधारता घटविषेहै ॥ यापरंपरासंबंधकरिके इंद्रियोंकीआधारता घटविषेभीहै ॥ साक्षात्संबंधकीन्यांई परंपरासंबंधभी आधारताकानियामकहोवैहै ॥ जैसे पर्यंकविषेसोयेहुएपुरुषमें गृहविषेसोयाहै ऐसा लोकोंकाव्यवहार होवैहै ॥ यास्थान विषे पुरुषका साक्षात्संबंध पर्यंककेसाथिहै ॥ पर्यंकद्वारा गृहकेसाथि परंपरासंबंधहै ॥ तापरंपरासंबंधकूंलेके गृहविषेपुरुषकीआधारता प्रतीतहोवैहै तैसे घटविषेभी परंपरासंबंधकरिकेइंद्रियोंकीआधारता संभवैहै ॥ यातैं देहकीन्यांई घटभी चेतनहोणाचाहिये ॥ किंवा ॥ इंद्रियोंकीआधारताकरिके देहकूं चेतनतातभीहोवे ॥ जभी इंद्रियोंविषे प्रथम चेतनतासिद्धहोवे ॥ सोइंद्रियोंविषे चेतनतासंभवैनहीं ॥ काहेतैं चक्षुतैंआदिलेकेजेइंद्रियहैं ॥ तिनोंविषे एकएकइंद्रिय चेतनहै ॥ अथवा सर्वइंद्रियोंकासमुदाय चेतनहै ॥ तहाँ प्रथमपक्ष बनैंनहीं ॥ काहेतैं जोसर्वइंद्रियोंविषे एकचक्षुइंद्रियकूंहीं चेतनमानिये ॥ तो अंधपुरुषकूं चक्षुइंद्रियहैनहीं ॥ यातैं ताकूं कोईभीज्ञान नहींहोणाचाहिये॥ और अंधपुरुषकूंभी शब्दादिकोंकाज्ञानतो होवैहै ॥ और जोश्रोत्रइंद्रियकूंही चेतनमानिये ॥ तो बधिरपुरुषकूं श्रोत्रइंद्रियहैनहीं ॥ यातैं ताकूं रूपादिकोंकाभीज्ञान नहींहोणाचाहिये ॥ और बधिरपुरुषकूं रूपादिकोंकाज्ञानतो होवैहै ॥ ऐसेअन्यइंद्रियोंविषेभी जानिलेणा ॥ और जोऐसेकहैं ॥ अंधपुरुषकूं रूपकाज्ञान नहींहोवैहै ॥ सोकहनाभीबनैंनहीं ॥ काहेतैं रसादिकोंका ज्ञान अंधपुरुषकूंहोवैहै ॥ तेरसादिक रूपस्वरूपहैं ॥ काहेतैं इंद्रियजन्यज्ञानका जोविषयहोवे सो रूपकहियेहै ॥ इंद्रियजन्यज्ञान के विषय रसादिकभीहैं ॥ यातैं रसादिक रूपस्वरूपहैं ॥ यहवार्त्ता पूर्व नामरूपक्रियात्मकरूपजगत्‌है याआर्थकेनिरूपणविषे कहिआयेहैं ॥ यातैं रूपकाज्ञान अंधपुरुषकूंभीसंभवैहै ॥ इसप्रकार बधिरपुरुषकूंभी ओष्ठकेचलनेतैं शब्दकाज्ञानहोवैहै ॥ तथा पृष्ठदेशविषे हस्तकरिके अक्षरों केलिखणेतैंभी शब्दकाज्ञान बधिरकूंहोवैहै ॥ सो नहोणाचाहिये ॥ यातैं एकएकइंद्रिय विषे चेतनतासंभवैनहीं ॥ किंवा ॥ सर्वइंद्रियोंविषे एकएकइंद्रिय आत्माहै ॥ यहकहना संभवैनहीं ॥ काहेतैं जोसर्वइंद्रियोंविषे एकचक्षुइंद्रियकूं आत्माकहोगे ॥ तो चक्षुइंद्रियरूपआत्माहीं प्रधानहोवैगा ॥ अन्यश्रोत्रादिकइंद्रिय गौणहोवैंगे ॥ सोयहमानणा संभवैनहीं ॥ काहेतैं सर्व इंद्रियसमान

हैं ॥ तिनोंविषे एककूंप्रधानमानणाअन्यकूं गौणमानणा याकेविषे कोई युक्तिहैनहीं ॥ केवल कथनमात्रहै ॥ यातैंएकएकइं
द्रियकूं आत्मतानहीं यह सिद्धभया ॥ और सर्वइंद्रियोंकासमुदाय आत्माहै यह दूसरापक्षभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं जोसर्वइंद्रियोंकासमूह
आत्माहोवे ॥ तो एकचक्षुइंद्रियकेनाशहुएतैंसर्वइंद्रियोंकासमूहरूपआत्मा रह्यानहीं ॥ यातैं अंधपुरुषकाशरीर आत्मातैंरहित होणाचा
हिये ॥ दृष्टांत ॥ जैसे नैयायिकोंके मतविषे सहस्रतंतुतैंउत्पन्नभयाजो पटहै सो एकतंतुकेनाशहुएतैं नाशहोइजावैहै ॥ तैसेएकचक्षु इंद्रिय
केनाशहुएतैं आत्मातैं रहित अंधकाशरीरहोणाचाहिये ॥ और होवैनहीं यातैं इंद्रियोंकासमुदाय आत्मानहीं ॥ शंका ॥ जैसेग्रामविषे जो
प्रधानपुरुषहोवैहै॥ सो जभीमृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तभीप्रधानपुरुषपणा दूसरेजीवतेपुरुषोंविषे होवैहै ॥ तैसे यहाँभीचक्षुइंद्रियकेनाशहुये
बाकीरहेजे श्रोत्रादिकइंद्रियहैं तिनोंविषे आत्मतारहैहै ॥ यातैं इंद्रियहीं आत्माहैं ॥ समाधान ॥ दृष्टांतविषे जैसे एकप्रधानपुरुषकेनाश
हुएभी ताकेनिर्णयरूपव्यवहारकालोप होवैनहीं ॥ किंतु दूसरेजीवतेप्रधानपुरुष ताकेनिर्णयरूपव्यवहारकूं करैहैं ॥ उलटाकिसीस्थान
विषे तो ऐसादेखीताहै प्रथम प्रधानपुरुष आपणेग्राममात्रकेनिर्णयकूं करताथा ॥ ताकेमृत्युहुए दूसरेप्रधानपुरुष अन्यग्रामकेनिर्णयकूंभी
करैहैं ॥ तैसे यहाँभी चक्षुइंद्रियकेनाशहुए ताकाकार्यजोनीलपीतादिकरूपोंकाज्ञानहै सो अन्यश्रोत्रादिकइंद्रियोंतैंभी होणाचाहिये ॥
और ॥ चक्षुइंद्रियकाकार्य श्रोत्रादिकइंद्रियोंतैं होवैनहीं ॥ जोकदाचित्होवे तो अंधपुरुषकूंभी श्रोत्रादिकइंद्रियतैं नीलपीतादिकरूप
काज्ञान होणाचाहिये और होवैनहीं ॥ यातैं तुमारादृष्टांत विषमहै ॥ शंका ॥ हमारादृष्टांत विषमनहीं ॥ काहेतैं किसीस्थानविषे प्रधान
पुरुषकेमृत्युहुए ताकेनिर्णयरूपव्यवहारका लोपभीदेखाहै ॥ समाधान ॥ यातुमारेकहणेकरिके यहअर्थसिद्धभया ॥ किसीग्रामविषे
प्रधानपुरुषकेमृत्युहुए ताकेव्यवहारकूं अन्यप्रधानपुरुष करैहैं ॥ और किसीप्रधानपुरुषकेमृत्युहुए ताकेव्यवहारकूं अन्यकोइपुरुष कर
तानहीं ॥ किंतु ताकेव्यवहारका लोपहोइजावैहै ॥ तैसे यहाँभी सर्वअंधपुरुषोंकूं श्रोत्रादिकइंद्रियोंकरिके नीलपीतादिकरूपकाज्ञान मतहो
वे ॥ परंतु किसीकिसीअंधपुरुषकूंतो होणाचाहिये ॥ और किसीभीअंधपुरुषकूं रूपकाज्ञान होवैनहीं॥यातैं प्रधानपुरुषकेदृष्टांततैं इंद्रियों

विषेआत्मता संभवैनहीं ॥ शंका ॥ इंद्रियोंतैंआत्माकूंभिन्नमानणेविषेभी अंधपुरुषकूं नीलपीतादिकरूपकेज्ञानकीप्राप्तिरूप दोष काहेतैं
नहींहोवै ॥ समाधान ॥ इंद्रियोंतैंभिन्नआत्माहै यापक्षविषे अंधपुरुषकूं नीलादिकरूपकेज्ञानकीप्राप्तिरूपदोष होवैनहीं ॥ काहेतैं शब्द
स्पर्शरूप रस गंधके ज्ञानोंविषे क्रमतैं श्रोत्र त्वक् चक्षु रसन घ्राण यहपंचइंद्रिय करणहैं ॥ अंधपुरुषविषे चक्षुइंद्रियकाअभावहै ॥
यातैं ताकूं नीलादिकरूपकाज्ञान होवैनहीं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे मणिआदिकपदार्थोंकेचाक्षुषज्ञानमें उपकरण जोदीपकादिकप्रकाश ॥
ताकेअभावहुये चक्षुवालापुरुषभी मणिआदिकपदार्थोंकूं देखैनहीं ॥ तैसे चक्षुइंद्रियकेनष्टहुए अंधपुरुष रूपकूंदेखैनहीं ॥ किंवा ॥ जैसे
एकदीपककेनाशहुए तिसीस्थानविषे दूसरेदीपककीउत्पत्तिहोवैहै ॥ तैसे एकइंद्रियकेनाशहुये दूसरेइंद्रियकीउत्पत्ति किसीआस्तिकपुरु
षनें अंगीकारकरीनहीं ॥ काहेतैं आस्तिकोंकेमतविषे धर्मअधर्मरूपअदृष्टतैंविना किसीकार्यकी उत्पत्तिहोवैनहीं ॥ और जिसचार्वाकना
स्तिककेमतविषे देहतैंभिन्न कोईआत्माहैनहीं॥तिनोंकेमतविषे एकइंद्रियकेनाशहुए तिसीस्थानविषे द्वितीयइंद्रियकीउत्पत्ति होणीचाहिये॥
और जोदेहात्मवादीकहै ॥ हमारेमतविषेभी अदृष्टरूपकारणकाअभावहै ॥ यातैं एकइंद्रियकेनष्टहुए तिसीस्थानविषेद्वितीयइंद्रियकीउत्प
त्तिहोवैनहीं॥सोयहकहना बनैनहीं॥काहेतैं पूर्वजन्मविषेसंपादनकरे पुण्यपापरूपअदृष्ट उत्तरउत्तरजन्मविषे कार्यकीउत्पत्तिकरैहैं यहनियम
है ॥ और पूर्वजन्म देहात्मवादियोंकेमतविषे संभवैनहीं ॥ जिसतैं अदृष्टकीउत्पत्तिहोवै ॥ यातैं एकइंद्रियकेनष्टहुए द्वितीयइंद्रियकीउत्पत्ति
देहात्मवादीकेमतविषे अवश्यहोणीचाहिये॥किंवा॥जैसे देहात्मवादीकेमतविषे एकइंद्रियकेनष्टहुए द्वितीयइंद्रियकीउत्पत्तिरूपदोषहोवैहै॥
तैसे इंद्रियआत्मवादीकेमतविषेभी यहदोष प्राप्तहोवैहै ॥ काहेतैं पूर्वजन्मकेअभावहोणेतैं पुण्यपापरूपअदृष्टकीउत्पत्तिइंद्रियआत्मवादी
कूंभी संभवैनहीं॥यातैं एकचक्षुइंद्रियकेनष्टहुएभी वाकीरहेजेश्रोत्रादिकइंद्रिय तिनोंकरिकेद्वितीयचक्षुइंद्रियकीउत्पत्ति होणीचाहिये॥दृष्टांत॥
जैसेग्रामविषे एकप्रधानपुरुषकेमृत्युहुएतिसकेकार्यविषेदूसरेप्रधानपुरुषकूंमहाजनलोकस्थापनकरैहैं॥और जैसेएकराजाकीमृत्युहुए तास्था
नविषे द्वितीयराजाकूं प्रजा अंगीकारकरैहै॥शंका ॥एकचक्षुइंद्रियकेनष्टहुए ताकेस्थानविषे दूसरेचक्षुकूंश्रोत्रादिकइंद्रिय तभीस्थापनकरे ॥

जभी सर्वइंद्रियोंकी परस्परएकमतिहोवै ॥ सोएकमति तिनोंकीहैनहीं ॥ यातें एकचक्षुकेनष्टहुए द्वितीयचक्षुकीउत्पत्ति श्रोत्रादिकइंद्रियोंतें होवैनहीं ॥समाधान ॥ जोइंद्रियोंकी परस्पर एकमतिनहींहोवै॥ तो किसीइंद्रियकरिकेभी कोईक्रियाहोवैनहीं॥दृष्टांत॥जैसे ग्रामविषे प्रधान पुरुषोंकी जभी परस्परएकमति नहींहोती ॥ तभी किसीभीकार्यकीसिद्धिहोतीनहीं ॥ यातें किसीप्रकारकरिकेभी इंद्रियोंविषे चेतनता कीसंभावना होवैनहीं ॥ और रूपरसादिकविषयोंकेसाथि चक्षुआदिकइंद्रियोंका केवल संबंधमात्रहोवैहै ॥ इंद्रियोंतें किसीभीअ र्थकाप्रकाश होवैनहीं यातेंरूपादिकविषयोंकेप्रकाशकरणेहारा इंद्रियोंतेंभिन्नहीं कोईचेतनहै ॥ इसप्रकार इंद्रियोंकूंअचेतनहोणेतें देहविषे चेतनकीआधारतासंभवैनहीं ॥ यातें घटकी तथादेहको विलक्षणतावनेनहीं ॥ किंतु दोनोंसमानहैं ॥ शंका ॥ जैसे काथाओरचूनाकरिके युक्त तांबूलविषे रक्तता उत्पन्नहोवैहै ॥ तैसे आकाशादिकपंचभूतोंकेसमुदायरूपशरीरविषे चेतनता उत्पन्नहोवैहै ॥ सोईहीचेतनता शरी रविषेघटतैंविलक्षणताहै ॥समाधान॥पंचभूतोंकेमिलणेतें शरीरविषे चेतनता उत्पन्नहोवैहै॥यहतुमाराकहणा वनेनहीं॥काहेतें पंचभूततो घट विषेभी मिलेहुएहैं ॥ यातें घटविषे चेतनता काहेतेंनहीं उत्पन्नहोती॥ किंतु होणीचाहिये॥शंका॥घटविषे पृथिवीआदिकभूततोहैं॥परंतु वायु घटविषेहैनहीं ॥ यातें ताकेविषे चेतनता उत्पन्नहोवैनहीं ॥समाधान॥ घटविषे वायुका अभावकहना संभवैनहीं॥काहेतें सर्वत्रआकाशविषे वायुकेअवयव परस्परमिलेहुएरहेहैं ॥ याकारणतेंहीं व्यजनकेचलावणेकरिके तिनअवयवोंका परस्परविभाग होवैहै ॥ सोआकाश घटविषे भीहै॥यातें घटविषेभी वायुहै॥यातें शरीरकीन्यांई घटविषेभी चेतनताहोणीचाहिये॥किंवा॥ वायुकेसंबंधतें देहविषे चेतनतासंभवैभीनहीं॥ काहेतें मृतकशरीरविषे तथाघटविषे वायुकेसंयोगहुएभी चेतनता देखीतीनहीं ॥ यातें पंचभूतोंकेमिलनेतें शरीरविषे चेतनता उत्पन्नहो वैहै ॥ यहवचन तेरा मिथ्याहै ॥ किंवा ॥ जोइंद्रियोंविषेचेतनताहोवै ॥ तोइंद्रियोंविषे मुख्यआत्मताहोवै ॥ और इंद्रियोंकेआधारशरीरविषे गौणआत्मताहोवै॥सो इंद्रियोंविषे चेतनताहैनहीं॥यातें इंद्रियोंविषे मुख्यआत्मता और देहविषे गौणआत्मता यहदोनों संभवैनहीं ॥यहां य हतात्पर्यहै॥वेदकेविरोधीनास्तिकोंकेअनंतमतहैं॥तिनोंविषे एकचार्वाकहै॥ तेचार्वाकभी चारिप्रकारकेहोवैहैं ॥ एकतो देहकूंहीं आत्मामानैं

हैं॥और दूसरे इंद्रियोंकूंहीं आत्मामांनेंहैं॥और तीसरे हृदयकूंहीं आत्मामांनेंहैं॥और चौथे प्राणकूंहीं आत्मामांनेंहैं॥तहां देहात्मवादीकात
याइंद्रियआत्मवादीका पूर्व खंडनकऱ्या ॥ अब हृदयआत्मवादीका औरप्राणआत्मवादीका खंडनकरेंहैं॥यद्यपि हृदयदेशविषे सर्वदेहधारी
जीवोंकूं ज्ञानहोवेहे॥तथापि सोहृदयदेशआत्मानहीं॥काहेतें जैसे देह मांसरूपहे ॥ यातें आत्मानहीं॥तैसे हृदयदेशभी मांसरूपहे ॥ यातें
आत्मानहीं॥और जैसे बाह्यवायु आत्मानहीं॥ तैसे प्राणभी वायुरूपहे॥यातें आत्मानहीं॥शंका ॥जिसकेअदर्शनतें मृत्युहोवे सो आत्माक
हियेहे॥यहआत्माकालक्षण प्राणविषेहीं संभवेहे ॥ काहेतें प्राणकेअदर्शनतेंहीं मृत्युहोवेहे॥जबपर्यंत शरीरविषे प्राणोंकादर्शनहोवेहे ॥ तबप
र्यंत शरीरविषे मृत्युव्यवहार होवेनहीं ॥ यातें प्राणहीं आत्माहे ॥ समाधान ॥ शरीरविषेप्राणोंकेअदर्शनतें मृत्युहोवेहे ॥ यातुमारेकहणेतें
प्राणोंकेअप्रत्यक्षतें मृत्युहोवेहे यहअर्थसिद्धहोवेहे ॥ काहेतें चार्वाक एकप्रत्यक्षप्रमाणकूंहींमांनेंहे ॥ सोप्राणोंकेअप्रत्यक्षतें मृत्युहोवेनहीं ॥
काहेतें स्थावरवृक्षादिकोंविषे प्राणोंकाप्रत्यक्षज्ञान किसीपुरुषकूं हैनहीं ॥ तोभी वृक्षादिकका मृत्युहोवेनहीं ॥ और जोऐसाप्राणात्मवादी
कहे ॥ जंगमजेमनुष्यादिकशरीरहें तिनोंविषे प्राणोंकेअप्रत्यक्षतें मृत्युहोवेहे ॥ सोयहतुमाराकहनाभी बनेनहीं ॥ काहेतें जंगममनुष्यादि
कशरीरविषेभी मूर्छादिकअवस्थामे प्राणोंकाप्रत्यक्षहोवेनहीं ॥ यातें मूर्छादिकअवस्थाविषे मृत्युहोणाचाहिये ॥ और मृत्युहोवेनहीं ॥
यातें प्राण आत्मानहीं ॥ शंका ॥ जाकेनिर्गमनतें मृत्युहोवेहे ॥ सो आत्माकहियेहे ॥ यहआत्माकालक्षण ॥ प्राणोंविषेहीसंभवेहे ॥ काहे
तें प्राणोंकेनिर्गमनतेंहीं मृत्युहोवेहे ॥ और मूर्छाअवस्थाविषे प्राणोंकानिर्गमनहोवेनहीं ॥ किंतु शरीरकेभीतरिहीं प्राणोंकिगतिकानिरोध
होवेहे ॥ यातें मूर्छादिकअवस्थाविषे मृत्युहोवेनहीं ॥ यातें प्राणहीं आत्माहें ॥ समाधान ॥ जाकेनिर्गमनतेंमृत्युहोवे सोआत्माकहियेहे
ऐसाप्राणहे ॥ यहजोतुमाराकहणाहे सो केवलव्यर्थहे ॥ काहेतें जठराग्निकेनिर्गमनतेंभी प्राणियोंकामृत्यु देख्याहे ॥ यातें जठराग्निभी तु
मारेमतविषे आत्माहोणाचाहिये ॥ और जठराग्निकीआत्मता प्राणात्मवादीकूंभी अंगीकारहेनहीं ॥ शंका ॥ अग्निकानिर्गमन मृत्युकाहेतु
तभीहोवे जभी अग्निकेनिर्गमनका किसीकूंप्रत्यक्षहोवे ॥ सोअग्निकानिर्गमन प्रत्यक्षहोवेनहीं ॥ समाधान ॥ जठराग्निकेनिर्गमनका यद्यपि

प्रत्यक्षज्ञान होवैनहीं ॥ तथापि जैसे नासिकाछिद्रकेअग्रभागविषे हस्तरासणेतैं प्राणवायुकेस्पर्शकेअभावकाज्ञान होवैहै ॥ तिसस्पर्शके
अभावरूपहेतुतैं प्राणोंकेनिर्गमनकाअनुमान होवैहै ॥ तैसे जठराग्निके निर्गमनकाभी शीतलस्पर्शरूपहेतुतैं अनुमानहोवैहै ॥ शंका ॥
प्राणोंकेनिर्गमनतैंतथाजठराग्निकेनिर्गमनतैं प्राणियोंकामृत्यु होवैहै ॥ यातैं दोनोंहीं आत्माहैं ॥ समाधान॥ अग्निऔरप्राणदोनों आत्माहोवैं
नहीं॥काहेतैंजोदोनोंकूं आत्मामानोंगे ॥ तोएकशरीरविषे दोआत्मा सिद्धहोवैंगे ॥ सोएकशरीरविषेदो आत्मामानणेविरुद्धहैं ॥काहेतैं जोमैं
पूर्वमातापितादिकोंकूंदेखताभया ॥ सोईहोमैं अभी तिनोंकास्मरण करोंहूं ॥ याप्रकारका प्रत्यभिज्ञाज्ञान आत्माकीएकताकूंविषयकरणे
द्वारा नहींहोणाचाहिये ॥ काहेतैं अन्यकरिकेदेखीवस्तुका अन्यकूंस्मरणहोवैनहीं ॥ यातैं अग्निऔरप्राणदोनों आत्मानहीं ॥ किंवा ॥
जाकेनिर्गमनतैंमृत्युहोवै सो आत्माकहियेहै ऐसाजो आत्माकालक्षणकरैं ॥ तो रुधिरभी आत्माहोणाचाहिये ॥ काहेतैं रुधिरकेनिर्गम
नतैंभी प्राणियोंकामृत्यु लोकविषेदेखाहै ॥ और अग्नि प्राण उभयआत्मवादीतेरेकूं रुधिरकीआत्मता अंगीकारहैनहीं ॥ किंवा ॥ रुधि
रकूं आत्मामानणा संभवैभीनहीं ॥ काहेतैं रुधिरकेसुकावणेद्वारा जोकोईरोगविशेषहै ॥ तिसकरिकेयुक्तहुएप्राणी रुधिरतैंविनाभी किसी
स्थानविषे जीवतेदेखेहैं ॥ और शास्त्रविषेभी हिरण्यकशिपुआदिकोंकाशरीर तपकरिके रुधिरतैंरहित केवलअस्थिमात्र कह्याहै ॥ यातैं
रुधिरकूं आत्मतासंभवैनहीं ॥ किंवा ॥ प्राण अग्नि रुधिर यातीनोंकूं आत्मतासंभवैनहीं ॥ काहेतैं जोजोवस्तु जडहोवैहै ॥ सो अना
केसाक्षात्कहणेविषे हमसमर्थनहीं ॥ और यहप्रतर्दनराजाभी साक्षात् आत्माकेजानणेविषे समर्थनहीं ॥ किंतु उपाधिद्वारा आत्माकेकथन
विषे हमसमर्थहैं॥और यहप्रतर्दनराजाभी उपाधिद्वारा आत्माकेजानणेविषे समर्थहै॥यातैं किसीउपाधिकूंद्वारकरिकै प्रतर्दनराजाकेताईं आ
त्माका मैंउपदेशकरों ॥ तिनउपाधियोंविषेभी स्थूलशरीरतथाइंद्रियादिकउपाधियोंकीअपेक्षाकरिकै क्रियाशक्तिवालाप्राण औरज्ञानश
क्तिवालीबुद्धि यहदोनोंउपाधियों आत्माकेसमीपहैं॥यातैंलोकप्रसिद्धप्राणकूं तथाप्रज्ञारूपउपाधिकूं अंगीकारकरिकै प्रतर्दनराजाकेताईं अ
लौकिकआत्माकाहम कथनकरैं॥अब संपूर्णउपाधियोंतैं प्राणऔरप्रज्ञारूपउपाधिविषे अधिकताकूंदिखावैहैं॥प्राणऔरप्रज्ञाकेविद्यमानहुए

देहइंद्रियादिकोंकीस्थितिहोवैहे॥और प्राणप्रज्ञाकेअभावहुवे देहइंद्रियादिकोंकीस्थितिहोवैनहीं ॥ याअन्वयव्यतिरेककरिके संपूर्णशरीरादि
कउपाधियोंकीसाधकता प्राणप्रज्ञाविषेसिद्धहोवैहे॥यातैंप्राणप्रज्ञाही सर्वउपाधियोंतैंउत्कृष्टहैं ॥ यहाँ यहतात्पर्यहै॥जिसउपाधिकेकथनकरि
के मुमुक्षुकूं सुखेनहीं आत्माकाबोधहोवे और लाघवहोवे ॥ तिसीउपाधिकूंअंगोकारकरिके तत्त्ववेतापुरुषनें आत्माकाउपदेशकरणा ॥या
प्रकारकानियमभीप्राणप्रज्ञाविषेहींघटैहे॥काहेतैंजिसकेविद्यमानहुएदेहादिकोंकीस्थिति ॥औरजिसकेअविद्यमानहुएदेहादिकोंकाअभावयाअ
न्वयव्यतिरेककरिके देहादिकसंघातकीसाधकता आत्माकालक्षणहे ॥ सोलक्षण प्राणप्रज्ञाविषेभीसंभवेहे ॥ यातें प्राणप्रज्ञा आत्माहैं॥याप्र
कार प्राणप्रज्ञाविषे जभी मुमुक्षुकीआत्मबुद्धिहोवैहे तभी प्राणप्रज्ञाकेसाक्षात्प्रवर्तकशुद्धआत्माविषेभी सुखेनहीं मुमुक्षुकीबुद्धिहोवेहे ॥
तात्पर्ययह ॥ जैसे अत्यंतसूक्ष्मअरुंधतीतारेकूं जानणेहारापुरुष अन्यकिसीपुरुषकूं जभी अरुंधतीदिखावेहे ॥ तभी अरुंधतीकेसमीपव
र्ती जेस्थूलतारेहैं ॥ तिनोंकूं प्रथम अरुंधतीरूपकरिकेंदिखावेहे ॥ जभी देखणेहारेपुरुषकीदृष्टि तिनस्थूलतारोंविषेठहरेहे ॥ तभी क्रमतेंसा
क्षात्अरुंधतीविषेभी ताकीदृष्टिपहुंचेहे ॥ तैसे शुद्धआत्माकेजनावणेवासते प्राणप्रज्ञाकाही आत्मरूपकरिके प्रथमउपदेशकऱ्याचाहिये ॥
किंवा ॥ प्राणप्रज्ञाशब्दकेलक्षणावृत्तिकरिके आत्माकाबोधमानणेमें प्राणप्रज्ञाकाआत्माकेसाथ साक्षात्संबंधसंभवेहे ॥ यातें लाघवभीहे ॥
और शरीरादिकउपाधिकूं अंगीकारकरिके जोआत्माकाबोधनकरिये ॥ तो प्राणप्रज्ञाद्वारा आत्माकाबोधहोवैहे साक्षात्बोधहोवैनहीं॥ और
शरीरादिकपदोंकेलक्षणावृत्तिकरिके आत्माकाबोधमानणेमे शरीरादिकोंकाआत्माकेसाथि प्राणप्रज्ञाद्वारा परंपरासंबंधसंभवेहे ॥ साक्षात्
संबंधसंभवेनहीं ॥ सोपरंपरासंबंध गौरवरूपदूषणकरिकेयुक्तहे ॥ यातें प्राणप्रज्ञारूपउपाधिकूं अंगीकारकरिके आत्माकेबोधनाविषेही सुग
मताऔरलाघवताहे ॥शंका ॥ पूर्वउक्तअन्वयव्यतिरेककरिके देहइंद्रियादिकोंकीसाधकतारूप आत्माकालक्षण प्राणप्रज्ञाविषे संभवेनहीं ॥
काहेतें प्राणप्रज्ञाका परस्पर व्यतिरेकहे तात्पर्ययह ॥ प्राणकूंछोडिकेप्रज्ञारहेहे ॥ और प्रज्ञाकूंछोडिकेप्राणरहेहे ॥ समाधान ॥ क्रियाशक्ति
वालाप्राण प्रज्ञातैंविनारहेनहीं ॥ तथा ज्ञानशक्तिवालीप्रज्ञाभी प्राणतैंविनारहेनहीं ॥ जहाँ प्रज्ञाकाअभावहोवेहे ॥ तहाँ प्राणकाभीअभाव

होवैहै ॥ जैसे स्थावरवृक्षोंविषे प्रज्ञास्वरूपबुद्धि प्रत्यक्षदीखैनहीं ॥ यातैं प्राणभी तिनवृक्षोंविषेदीखैनहीं ॥ शंका ॥ जैसे शरीरविषे शस्त्रकरिकैघावहोवैहै ॥ सोघाव चिरकालपीछेमिलिजावैहै ॥ तैसे वृक्षविषे कुठारादिकोंकरिकेकन्याजोघाव सोभी चिरकालपीछेमिलि जावैहै ॥ और जैसे शरीरकीवृद्धिहोवैहै ॥ तैसे वृक्षोंकीभीवृद्धिहोवैहै ॥ यातैं घावकामेलनरूपहेतुतैं तथावृद्धिरूपहेतुतैं वृक्षोंविषे प्राणकाअ नुमानसंभवैहै ॥ यातैं प्रज्ञारूपबुद्धिकूंछोडिकेभी प्राण वृक्षोंविषेरहैहै ॥ समाधान ॥ जैसे घावकेमेलनरूपहेतुतैं तथावृद्धिरूपहेतुतैं वृक्षोंवि षे प्राणकाअनुमानसंभवैहै ॥ तैसे लताकाउच्चदेशविषेगमनरूपहेतुतैं तिनोंकिप्रज्ञारूपबुद्धिकाभी अनुमानहोइसकैहै ॥ वृक्षोंविषे सूक्ष्मरूप करिके यद्यपि प्राणप्रज्ञाहैं ॥ तथापि स्पष्टरूपकरिकेनहीं ॥ शंका ॥ जहाँ प्रज्ञाकाअभावहोवैहै॥तहाँ प्राणकाभीअभावहोवैहै॥ यह पूर्वआ पनैंकह्या॥सोसंभवैनहीं॥काहेतैं सुषुप्तिविषे प्रज्ञारूपबुद्धिकेअभावहुवेभी प्राणकीविद्यमानतादीखैहै॥समाधान॥सुषुप्तिअवस्थाविषे प्रज्ञाका अत्यंताभावनहीं॥किंतु कारणस्वरूपहोइकेबुद्धिसुषुप्तिअवस्थाविषेरहैहै॥यातैंजहाँ प्रज्ञाकाअभावहोवैहै ॥तहाँ प्राणकाअभावभीअवश्यहो वैहै यहसिद्धभया॥औरजहाँ प्राणकाअभावहोवैहै॥तहाँ प्रज्ञाकाअभावभीअवश्यहोवैहै॥जैसे घटादिकोंविषे प्राणकाअभावहै॥यातैंतिनोंविषे प्रज्ञाकाभीअभावहै॥यातैंप्राणऔरप्रज्ञाएकदूसरेकूंछोडिकेरहैंनहीं॥यहसिद्धभया॥तेप्राणऔरप्रज्ञादोनोंआत्मज्ञानकेहेतुहैं॥काहेतैंजैसेस्तंभादि कजडहोणेतैं आपणेप्रतीतिविषे दीपकादिकप्रकाशकोअपेक्षाकरैहैं ॥तैसे प्राण और प्रज्ञाभी जडहोणेतैं आपणीप्रतीतिविषे किसीदूसरेप्रका शकी अपेक्षाकरैहैं॥सो प्राणप्रज्ञाकेप्रकाशकरणेहारा कूटस्थआत्माहै॥ याप्रकारकीयुक्तिकरिके प्राणप्रज्ञाकूं आत्मज्ञानकीकारणताहै॥यहाँ यह अभिप्रायहै॥ प्राणशब्द और प्रज्ञाशब्द शक्तिवृत्तिकरिकेतो आत्माकेबोधकहैंनहीं॥काहेतैं शक्तिवृत्तिकरिके सत्यादिकपदभी आत्मा कूंबोधनकरैनहीं ॥ किंतु ॥ लक्षणावृत्तिकरिके प्राणशब्द औरप्रज्ञाशब्द आत्माकेबोधकहैं ॥ सोलक्षणा शक्यअर्थकीअनुपपत्तितैंविनाहो वैनहीं॥ जैसे गंगाविषेग्रामहै यावाक्यविषे गंगापदकाशक्यअर्थ जलकाप्रवाहहै॥ ताप्रवाहविषे ग्रामकीअधिकरणता अनुपपन्नहै॥यातैं गंगा पदकी तीरविषेलक्षणाहोवैहै॥तैसे यहाँप्रसंगविषेभी प्राणमैंहूं और प्रज्ञामैंहूं यहवचन इंद्रनैंकह्या॥ तहाँ शरीरकेअंतरसंचारीवायु प्राणशब्द

काशक्यअर्थहै ॥ और अंतःकरणकीवृत्तिविशेषबुद्धि प्रज्ञाशब्दकाशक्यअर्थहै ॥ तादोनोंशक्यअर्थोंविषे आत्मतासंभवैनहीं ॥ यातें प्राण शब्दको तथाप्रज्ञाशब्दको प्राणप्रज्ञाकेप्रवर्तकचेतनआत्माविषे लक्षणासंभवैहै ॥ याअर्थकेनिरूपणकरणेवासते प्रथम प्राणप्रज्ञाशब्दकेश क्यअर्थकूं तथाशक्य अर्थकेअनुपपत्तिकूं दिखावैहैं ॥ तहाँ प्राण याशब्दविषेदोपदहैं॥एकतो प्रपदहै और दूसरा अनपद है॥तहाँ प्रपदका अतिशय अर्थहै ॥ और अनपदका चलनरूपक्रियाअर्थहै ॥ तैसे प्रज्ञा याशब्दविषेभीदोपदहैं ॥ एकतो प्रपदहै और दूसरा ज्ञा पदहै ॥ तहाँ प्र पदका अतिशयअर्थहै ॥ और ज्ञा पदका ज्ञानअर्थहै ॥ तिनदोनोंपदोंकामिलिकरिके यहअर्थसिद्धहोवैहै ॥ अतिशयकरिकेजोचलाय मानहोवै सो प्राणकहियेहै ॥ और अतिशयकरिकेजोजाणे सो बुद्धिकहियेहै ॥ शरीरकेअंतरस्थितवायु अतिशयकरिकेचलायमानहोवै है ॥ यातें ताकूं प्राणकहेहैं ॥ और अंतःकरणकीवृत्तिविशेषबुद्धि घटपटादिकपदार्थोंकूं अतिशयकरिकेजानैहै ॥ यातें ताकूं प्रज्ञाकहेहैं ॥ और वास्तवतेंविचारकरिये तो प्राणविषेचलनाबनैनहीं ॥ काहेतें प्राणजडहै ॥ जडविषे स्वतंत्रक्रियाहोवैनहीं ॥ जैसे रथादिकजडपदा र्थोंविषे चेतनअश्वादिकोंतैं विना किसीकालविषे तथाकिसीदेशविषे स्वतंत्र चलनरूपक्रियाहोवैनहीं ॥ तैसे जडप्राणविषेभी चेतनतैं विना स्वतंत्र चलनरूपक्रियासंभवैनहीं याप्रकार बुद्धिविषेभी घटपटादिकपदार्थोंकेजानणेकासामर्थ्य संभवैनहीं ॥ काहेतें प्राणकीन्याईं बु द्धिभीजडहै॥जडवस्तु आपणेकूं तथाअन्यकिसीपदार्थकूं जानैनहीं ॥तात्पर्यहै॥जैसे प्रथम मूलधन किसीकेपास जभीहोवैहै॥तभीताधनके वृद्धिकीभी संभावनाहोवैहै ॥ मूलधनतैंविना धनकीवृद्धि संभवैनहीं ॥ तैसे सामान्यतें जभी प्राणविषे चलनरूपक्रियाहोवै ॥ और बुद्धि विषे ज्ञानहोवै ॥ तभी ताक्रियाविषे तथाज्ञानविषे अतिशयतारूपविशेषता संभवै ॥ सो जडप्राणविषे चलनरूपक्रियासंभवैनहीं ॥ तथा बुद्धिविषे ज्ञानसंभवैनहीं ॥ यातें जिसचेतनआत्माकेसमीपताकरिके शरीरइंद्रियादिकोंविषे तथा अंतरवायुविषे चलनरूपक्रियाहोवैहै ॥ सोचेतनआत्माहीं प्राणशब्दका लक्ष्यअर्थहै ॥ याप्रकार प्रज्ञाशब्दकालक्ष्यअर्थभी चेतनआत्माहीहै ॥ काहेतें चेतनआत्माहीं संपूर्णजड पदार्थोंकूं प्रकाशैहै ॥ और स्वप्रकाशतारूपकरिके भेदरहितआपणेस्वरूपकूंभी चेतनआत्मा प्रकाशकरेहै ॥ अन्यकोईपदार्थ आत्माकूं

प्रकाशकरैनहीं ॥ ऐसा स्वप्रकाशआनंदस्वरूपमैंआत्माहीं प्राणप्रज्ञाशब्दकाअर्थहूं ॥ मेरेतैंभिन्नकोईवस्तु प्राणप्रज्ञाशब्दकाअर्थ संभवै नहीं ॥ याप्रकारका आपणेमनविषेविचारकरिके सोदेवराजइंद्र प्रतर्दनराजाकूं कहताभया ॥ हेप्रतर्दनराजा नानाप्रकारकीक्रियाकाकारण मैंहूं ॥ यातें मैं प्राणस्वरूपहूं ॥ और भेदतैंरहितस्वयंप्रकाशमैंहूं ॥ यातें मैंहीं प्रज्ञास्वरूपहूं ॥ और संपूर्णप्राणियोंकेजीवनकाकारणमैंहूं ॥ यातें मैंहीं आयुषहूं ॥ और मैं आपजन्ममरणतैंरहितहूं ॥ यातें मैंहीं अमृतस्वरूपहूं ॥ हेप्रतर्दन प्राण प्रज्ञा आयुष् अमृत ऐसाजोआपणास्वरूप हमनें तुमारेताईं कथनकऱ्याहे ॥ तिसस्वरूपकूं तुम वारंवारविचारकरो ॥ और अनात्माकार विजातीयवृत्तियोंकापरित्यागकरिके तास्वरूपाकारसजातीयवृत्तियोंकरिकै मेरेस्वरूपकूं साक्षात्कारकरो ॥ दृष्टांत ॥ जैसे यहघटहै याप्रकारकेअनंतज्ञानोंकरिके एकघटपदार्थ विषयकरीताहे ॥ हेप्रतर्दन जैसे पुरुषतैं दंडभिन्नहोवैहै ॥ तैसे आयुष् और अमृत यादोनोंविशेषणोंकूं प्राणतैंभिन्ननहीं तुमनैंजानणा ॥ किंतु आयुष् और अमृत यादोनोंविशेषणोंकूं प्राणतैंअभिन्न जानणा ॥ जैसे आकाशकूं नभकहैहैं ॥ और नभकूं आकाशकहैहैं ॥ आकाशपद औरनभपदके अर्थकाभेदनहीं॥तैसे आयुष्अमृतपदकेअर्थका और प्राणपदके अर्थका भेदनहीं॥किंतु आयुष् और अमृत प्राणस्वरूपहैं ॥और प्राण आयुष् अमृतस्वरूपहैं ॥शंका॥ जो आयुष् अमृत प्राण यातीनोंपदोंका एकहीअर्थमानौंगे ॥ तो पुनरुक्तिदोषकीप्राप्तिहोवैगी ॥ एकअर्थकेबोधकअनेकपदोंकेउच्चारणकानाम पुनरुक्तिहै॥ जहां पुनरुक्तिदोषहोवैहै ॥ तहां एकपदकूंहीसार्थकताहोवैहै॥ दूसरे पद व्यर्थहोवैहैं॥समाधान॥जैसे सत्य ज्ञान आनंद यहतीनपद एकही आत्माके बोधकहैं॥परंतु तिनशब्दोंकेप्रवृत्तिकानिमित्त भिन्नभिन्नहे॥ यातें पुनरुक्तिदोषहोवैनहीं ॥ तैसे यहां भीआयुष् अमृत प्राण यहतीनपद एकहीअर्थकेबोधकहैं परंतु तिनोंकिप्रवृत्तिकानिमित्त भिन्नभिन्नहैं ॥ यातें पुनरुक्तिदोषहोवैनहीं ॥ अब या अर्थकूंहीं स्पष्टकरिकेदिखावैहैं ॥ लोकोंकेजीवनकाकारणजोहोवै सो आयुष्कहियेहै ॥ सोजीवनकाकारणप्राणहै ॥ काहेतैं शरीरविषे जबपर्यंत प्राणरहैहै ॥ तबपर्यंत ताविषे जीवनव्यवहारहोवैहै ॥ प्राणतैंविना जीवनव्यवहार होवैनहीं ॥ यानिमित्तकूंलैके प्राणकूं आयुष्कह्याहे ॥ और शरीरत्यागतैंअनंतर स्वर्गरूपअमृतकूं तथाशरीरकेविद्यमानहुए मोक्षरूप

अमृतकूंप्राणकरिकेही जीव प्राप्तहोवैहै॥यानिमित्तकूंलेके प्राणकूं अमृतकह्याहै॥सो आयुष्अमृतस्वरूपप्राण मैंआत्माहूं ॥किंवा॥जैसे प्राण स्वरूप मैं आत्माहूं ॥ तैसे प्रज्ञास्वरूपभी मैं आत्माहूं॥काहेतें ज्ञानशक्तिरूपप्रज्ञाकरिकेही आकाशादिकव्यावहारिकप्रपंचकूं औरस्वप्नादि कप्रातिभासिकपदार्थोंकूंमैंआत्माजानाहूं॥हेप्रतर्दन।जोपुरुषप्राणस्वरूपमैंआत्माकूंआयुषरूपकरिकेउपासनाकरैहै॥सोपुरुष १००शतवर्षपर्यं तजीवैहै और जोपुरुष प्राणस्वरूपमैंआत्माकूं अमृतरूपकरिकेउपासनाकरैहै ॥ सोपुरुष अक्षयस्वर्गकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जोपुरुष प्राण स्वरूपमुझआत्माकूं आयुष् अमृत दोनोंरूपकरिके उपासनाकरैहै ॥ सोपुरुष शतवर्षपर्यंतजीवन औरअक्षयस्वर्गकीप्राप्ति यादोनोंफलोंकूं प्राप्तहोवैहै ॥ हेप्रतर्दन जभीप्राणरूपउपाधियुक्तमुझआत्माके उपासनाकाहीऐसाफल प्राप्तहोवैहै॥तभी प्राणरूपउपाधितैंरहित शुद्धआत्मा केज्ञानतैं पुरुषोंकूं महाफलकीप्राप्तिहोवैहै याकेविषे क्याआश्चर्यहै॥इसप्रकार जभीइंद्रनैं प्राणस्वरूपआत्माकूंकह्या ॥तभीप्रतर्दनराजा ताके विषे कारणकूंपूछताभया ॥ प्रतर्दनउवाच॥ हेभगवन् प्राणस्वरूपमैंहूं याआपकेवचनकूंश्रवणकरिके और पूर्वउक्तमुनियोंकेवचनोंकूंस्मरण करिके मेरेचित्तविषे याप्रकारकासंशयहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ आपने प्राणकूंहीप्रधानकह्या ॥ और मुनियोंनैं प्राणकूंप्रधानकह्यानहीं॥ यातैं किसअर्थविषे हम आत्मबुद्धिकरैं ॥ अब तामुनियोंकेवचनोंकूंदिखावैहैं ॥ हेदेवराजइंद्र एककालविषे हमारीसभामैं मुनिआवतेभये ॥ तेवे दकेवेत्तामुनि किसीप्रसंगपाइके हमारेप्रति याप्रकारकावचन कहतेभये ॥ अंतरवायुकरिकेसहितसंपूर्णइंद्रियोंका प्राणशब्द वाचकहै ॥ केवल अंतरवायुकावाचक प्राणशब्दनहीं ॥ काहेतैं अतिशयकरिके आपणेव्यापारकूंजोकरै सोप्राणकहियेहै ॥ यह प्राणशब्दकाअर्थ संपू र्णइंद्रियोंविषेभी घटेहै ॥ यातैं संपूर्णइंद्रियोंकूं प्राणशब्दकीअर्थता संभवैहै ॥ तिनसंपूर्णप्राणोंविषे एककूं नियमकरिकेप्रधानतानहीं ॥ किंतु आपणेआपणेव्यापारविषे संपूर्णोंकूं प्रधानताहै ॥ काहेतैं वाकइंद्रियका शब्दउच्चारण कार्यहै ॥ और चक्षुइंद्रियका रूपादिकोंकादर्श नकार्यहै इसप्रकार अन्यइंद्रियोंकेभी आपनेआपनेकार्य भिन्नभिन्नहैं ॥ ताकार्यकेभेदकरिके यद्यपि इंद्रिय भिन्नभिन्नहैं तथापि आपणेआप णेकार्यविषे संपूर्णइंद्रिय एकभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ जैसे ग्रामविषेभिन्नभिन्नास्थित महाजनपुरुष विवाहादिककार्यकेवास्ते संपूर्ण एकभावकूं

प्राप्तहोवैहै ॥ जिसकालविषे एकइंद्रिय आपणेव्यापारविषे प्रवर्तहोवैहै ॥ तिसकालविषे अन्यइंद्रियोंकी आपणेव्यापारविषे प्रवृत्तिहोवैनहीं॥ यहही इंद्रियोंकीएकताहै ॥ काहेतें जिसकालविषे वाक्इंद्रिय शब्दकेउच्चारणरूपआपणेव्यापारकूंकरैहै ॥ तिसकालविषे नेत्रादिकइंद्रिय आपणेआपणेव्यापारोंकूंकरैंनहीं ॥ और जिसकालविषे चक्षुइंद्रिय रूपादिकोंकादर्शनरूपव्यापारकूं उत्पन्नकरैहै ॥ तिसकालविषे वाकादिकइंद्रिय आपणेव्यापारोंकूं उत्पन्नकरैंनहीं ॥ इसप्रकार सर्वइंद्रियोंविषे जानिलेणा ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे वरकूं आपणेविवाहविषे प्रधानता होवैहै ॥ और तिसीवरकूं दूसरेकेविवाहविषे गौणताहोवैहै ॥ यातें नियमकरिके वरविषे प्रधानता तथागौणता नहीं ॥तैसे वचनादिकव्यापारविषे वाक्इंद्रियकूं प्रधानताहै ॥ और नेत्रादिकइंद्रियोंकूं गौणताहै ॥ और रूपदर्शनविषे चक्षुइंद्रियकूं प्रधानताहै ॥ वाकादिकइंद्रियोंकूं गौणताहै ॥ इसप्रकार सर्वइंद्रियोंविषे आपणेआपणेव्यापारविषे प्रधानता अन्यइंद्रियकेव्यापारविषेगौणता जानिलेणी॥नियमकरिकेप्रधानता किसीइंद्रियविषेभीनहीं॥ यातें संपूर्णसमानहैं॥और श्रुतिविषेभी वाक्आदिकसंपूर्णप्राणोंकी समानता तथाअनेकता कथनकरीहै॥ किंवा ॥ युक्तितैंविचारकरिये तौभी वाक्आदिकसंपूर्णप्राणोंकी समानताही सिद्धहोवैहै ॥ विषमता सिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतें यहपुरुष जिसकालविषे वाक्इंद्रियकरिके शब्दकाउच्चारणकरै है ॥ तिसकालविषे चक्षुइंद्रियकरिके देखतानहीं ॥ और जिसकालविषे नेत्रकरिकेदेखता है ॥ तिसकालविषे वाक्इंद्रियकरिके वचनकूंउच्चारणकरता नहीं इसप्रकार संपूर्णइंद्रियोंकूं आपणेआपणेव्यापारविषे प्रधानताहै और अन्यइंद्रियकेव्यापारविषे गौणताहै ॥ जोनियमकरिके वाक्आदिकइंद्रियोंकूं प्रधानताहीहोवे ॥ तो दर्शनरूपव्यापारविषे चक्षुकीन्याई वाक्इंद्रियकूंभी प्रधानताहोणीचाहिये ॥ और दर्शनरूपव्यापारविषे वाक्इंद्रियकूं प्रधानताहैनहीं ॥ किंवा ॥ जोनियमकरिके इंद्रियोंविषे गौणताहीमानिये ॥ तो शब्दउच्चारणरूपव्यापारविषेभी वाक्इंद्रियकूं प्रधानतानहोणीचाहिये ॥ किंतु गौणताहोणीचाहिये ॥ और गौणताहोवैनहीं ॥ याप्रकार सर्वइंद्रियोंविषे प्रधानताका तथागौणताका नियमनहीं ॥ किंवा ॥ वाक्आदिकसंपूर्णप्राणोंविषे एककालमैंक्रियाहोवैनहीं ॥ किंतु एकइंद्रियकेव्यापारकी जभीउपरामताहोवैहै तभी दूसराइंद्रिय आपणेव्यापारकूंकरैहै ॥ शंका ॥ जो संपूर्ण

इंद्रिय एककालविषे आपणेआपणेव्यापारोंकूं न उत्पन्नकरतेहोवैं ॥ तौ यहलोकोंकाअनुभव व्यर्थहोवैगा ॥ वाक्इंद्रियकरिके वचन कूंउच्चारणकरताहुआमैं चक्षुइंद्रियकरिके रूपकूंदेखताहूं ॥ और श्रोत्रइंद्रियकरिके शब्दकूंश्रवणकरताहूं ॥ और घ्राणइंद्रियकरिके मैं गंध कूंग्रहणकरताहूं ॥ और त्वक्इंद्रियकरिके मैंस्पर्शकूंजाणताहूं ॥ और रसनइंद्रियकरिके मैंरसकूंजानताहूं ॥ और हस्तइंद्रियकरिके मैंग्रहणकरताहूं ॥ और पादइंद्रियकरिके मैंचलताहूं ॥ और उपस्थइंद्रियकरिके मैंआनंदकूंप्राप्तहोताहूं ॥ और पायुइंद्रियकरिके मैंमला दिकोंकापरित्यागकरताहूं ॥ और प्राणकरिके मैंश्वासादिकक्रियाकूंकरताहूं ॥ और अहंकारकरिके मैंअहंभावकरताहूं ॥ और मनकरिके मैंसंकल्पविकल्पकूंकरताहूं ॥ और चित्तकरिकें सामान्यरूपतैंपदार्थोंकूं मैंजानताहूं ॥ और बुद्धिकरिके देहविषेस्थितसुखदुःखादिकपदा र्थोंकूं सामान्यरूपतैं तथाविषेशरूपतैं मैंजानताहूं ॥ याप्रकारकेलोकोंकेअनुभवप्रमाणतैं संपूर्णइंद्रियोंविषे एककालमैंहीसंपूर्णव्यापार प्रतीतहोवैहैं ॥ यातैं नियमरहितप्रधानताकूंलेके संपूर्णइंद्रियोंकू समानकहणा संभवैनहीं ॥ समाधान ॥ एककालमैं संपूर्णइंद्रियोंके व्यापारविषे ॥ जोलोकोंकाअनुभव तुमनैंकह्या ॥ सोअनुभव भ्रमरूपहै ॥ काहेतैं जिसक्षणविषे एकइंद्रियकाव्यापार होवैहै ॥ तिसक्षणमैं दूसरेइंद्रियकाव्यापार होवैनहीं ॥ किंतु दूसरेक्षणविषे दूसरेइंद्रियकाव्यापार होवैहै ॥ और तीसरेक्षणविषे तीसरेइंद्रियकाव्यापार होवैहै ॥ इसप्रकार क्षणक्षणतैंपीछे इंद्रियोंकाव्यापारहोवैहै ॥ परंतु सोक्षण अतिसूक्ष्महै ॥ यातैं अविवेकीपुरुषोंकूं ऐसीभ्रांतिहोवैहै ॥ जो एककाल विषे हमारेकूं संपूर्णदर्शनादिकव्यापार उत्पन्नभयेहैं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे नीचेऊपरिस्थित अनेकपद्मपत्रोंका एककालविषे सूचीकरिकेभेदन होवैनहीं ॥ किंतु प्रथमक्षणविषे सूचीमैंक्रियाहोवैहै ॥ और द्वितीयक्षणविषे पूर्वदेशतैंसूचीकाविभाग उत्पन्नहोवैहै ॥ और तृतीयक्षणविषे सूचीकेपूर्वसंयोगकानाश होवैहै ॥ और चतुर्थक्षणविषे पद्मपत्ररूपउत्तरदेशकेसाथ सूचीकासंयोग उत्पन्नहोवैहै ॥ इसप्रकार एकएकपत्र केभेदनविषे चारिचारिक्षणहोवैहैं ॥ परंतु तेक्षण अतिसूक्ष्महैं ॥ यातैं अविवेकीजनोंकूं ऐसीभ्रांतिहोवैहै ॥ जोएककालविषे हमनैं अनंत पद्मपत्रोंकूं सूचीकरिकेभेदनकऱ्या ॥ इसीप्रकार वाक् आदिकप्राणोंकेव्यापारभी भिन्नभिन्नकालविषे उत्पन्नहोवैहैं ॥ परंतु सोकाल अति

सूक्ष्महै ॥ यातैं एककालताकीभ्रांति अविवेकीपुरुषोंकूंहोवैहै ॥ यातैं संपूर्णप्राण समानहैं ॥ हेदेवराजइंद्र याप्रकार संपूर्णप्राणोंविषेसमा
नता मुनियोंनैं पूर्वहमारेप्रति कहीथी ॥ और आपनैं वायुरूपप्राणविषेही आत्मबुद्धिकाविधानकऱ्या ॥ सो किसकारणतैंकऱ्या ॥ यह
संशय हमारे चित्तविषेहोवैहै ॥ याप्रकारकेप्रतर्दनराजाके वचनकूं श्रवणकरिकै प्राणकीप्रधानताविषे कारणकेकथनकीइच्छावान्हुआ
इंद्र ताप्रतर्दनकेवचनकूं अंगीकारकरताभया ॥ और पुनःइंद्र कहताभया ॥ हेप्रतर्दनराजा इसलोककेजीवनकीकारणता प्राणविषेहै ॥
और परलोककेजीवनकीकारणताभी प्राणविषेहै ॥ अन्यकिसीवाक्आदिकइंद्रियविषेहैनहीं ॥ सोजीवनकीकारणताही प्राणविषे आत्मबु
द्धिकाहेतुहै ॥ और सोजीवनकीकारणताहीवाक्आदिकइंद्रियोंतैं प्राणविषेविशेषताहै॥दूसरीकोईविशेषताहैनहीं ॥ और हेप्रतर्दन पूर्वतुमनैं
ऋषियोंकेवचनोंकरिकै प्राणविषे प्रधानताका तथागौणताका अनियमकह्या ॥ सोअनियमभी वायुरूपमुख्यप्राणविषे संभवैनहीं ॥ किंतु
वाक्आदिकइंद्रियरूपगौणप्राणोंविषेही सोअनियम संभवैहै ॥ काहेतैं जबपर्यंत प्राणोंकाव्यापार शरीरविषे होतारहताहै ॥ तबपर्यंत
संपूर्णवाक्आदिकइंद्रियोंविषे वचनादिरूपक्रियाहोवैहै ॥ प्राणकाव्यापार जभीउपरामहोवैहै ॥ तभी किसीइंद्रियविषे कोईभीक्रियाहोवै
नहीं ॥ यहवार्त्ता सर्वलोकोंके अनुभवसिद्धहै ॥ और प्राणकेविद्यमानहुए वाक् पाणि पाद पायु उपस्थ त्वक् चक्षु श्रोत्र रसन घ्राण या
दशइंद्रियोंविषे एकएकइंद्रियकेव्यापारतैंविना अथवा सर्वइंद्रियकेव्यापारतैंविनाभी प्राणियोंकाजीवन देख्याहै ॥ जैसे वाक्इंद्रियकेवचन
रूपव्यापारतैंविना मूकप्राणी जीवैंहैं ॥ और हस्तइंद्रियकेग्रहणरूपव्यापारतैंविना कुणपपुरुष जीवैंहैं ॥ और पायुइंद्रियकेमलविसर्गरूप
व्यापारतैंविना कोईरोगीप्राणी जीवैंहैं ॥ और उपस्थइंद्रियके आनंदरूपव्यापारतैंविना ब्रह्मचारी जीवैंहैं ॥ और त्वक्इंद्रियकेस्पर्शनरू
पव्यापारतैंविना कुष्ठी प्राणी जीवैंहैं ॥ और चक्षुइंद्रियकेदर्शनरूपव्यापारतैंविना अंधपुरुष जीवैंहैं ॥ और श्रोत्र इंद्रियकेश्रवणरूपव्यापा
रतैंविना बधिरपुरुष जीवैंहैं॥और रसनइंद्रियकेरसग्रहणरूपव्यापारतैंविना रसनदोषवान् पुरुष जीवैंहैं॥ और घ्राणइंद्रियकेगंधग्रहणरूपव्या
पारतैंविना घ्राणदोषवालेपुरुष जीवैंहैं ॥ और अंतःकरणकेनिश्चयरूपव्यापारतैंविना जडउन्मत्तपुरुष जीवैंहैं ॥ इसप्रकार सर्वइंद्रियोंकेव्या

पारतैंविना प्राणी जीवैहैं ॥ परंतु प्राणकेव्यापारतैंविना कोई प्राणी कहींजीवतादेख्यानहीं ॥ यातैं सर्वइंद्रियोंतैं प्राण उत्कृष्टहै॥याकारणतैं हेप्रतर्दन प्राणरूपउपाधिकूंअंगीकारकरिके प्राणस्वरूपमैंहूं याप्रकारकाउपदेश तुमारेताई हमने कह्याहै ॥ और संपूर्णवाकादिकइंद्रियोंतैं प्राणकीउत्कृष्टताकूंअंगीकारकरिकैही श्रुतिविषे प्राणोंकीउक्थरूपकरिके उपासनाकहीहै॥ गोलककरिके तथाइंद्रियोंकरिके तथा देवतावों करिके युक्तहुआभीयहशरीर मूर्च्छादिक अवस्थाविषे मृतककेसमानहोवैहै ॥ तिसशरीरकूं आसनादिकोंतैं यहप्राण उठावैहै ॥ याकारणतैं प्राणकूंउक्थनामकरिके विवेकीपुरुष उपासनाकरैंहैं ॥ किंवा ॥ संपूर्णवाकादिकोंतैंपूर्व कारणरूपप्राणहीं उत्थानकूंपावैहै॥याकारणतैंभी प्राणकूं उक्थकहैंहैं ॥ और जोसर्वतैंपूर्व उत्थानकूंपावैहै सो श्रेष्ठहोवैहै ॥ जैसे हिरण्यगर्भ सर्वतैंपूर्वउत्थानकूंपावैहै यातैं श्रेष्ठहै ॥ तैसे प्राणभीसर्वतैंपूर्व उत्थानकूंपावैहै यातैं श्रेष्ठहै ॥ और जो श्रेष्ठहोवैहै सोहिततमहोवैहै ॥ यातैं प्राणस्वरूपमैंआत्माही हिततमहूं ॥ मेरेतैंभिन्न कोईहिततमनहीं ॥ अब प्राणकूंप्रज्ञास्वरूपतादिखावैहैं ॥ हेप्रतर्दन जैसे नेत्रादिकज्ञानइंद्रियोंकूं तथावाकादिककर्मइंद्रियोंकूं मुख्यप्रज्ञास्वरूपतानहीं ॥ किंतु अंतःकरणकीवृत्तिकेसंबंधतैं नेत्रादिकइंद्रियोंकूं गौणप्रज्ञास्वरूपताहै ॥ तैसे प्राणकूं गौणप्रज्ञास्वरूपतानहीं ॥ किंतु प्राणकूं मुख्यप्रज्ञास्वरूपताहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे आयुष्औरअमृतका तथाप्राणका परस्परभेदनहीं ॥ किंतु प्राणही आयुष् अमृतस्वरूपहै ॥ यह पूर्वकथनकरिआयेहैं ॥ तैसे प्राण और प्रज्ञाकाभी परस्परभेदनहीं ॥ किंतु प्राणहीं प्रज्ञास्वरूपहै किंवा ॥ लोकप्रसिद्धजोवायुरूपप्राणहै ॥ तथा अंतःकरणकीवृत्तिरूपजोप्रज्ञाहै ॥ तेदोनोंभी जैसे खाटकेचारिपाद भिन्नभिन्नहुएप्रतीतहोवैंहैं ॥ तैसे भिन्नभिन्नहोइके प्रतीतहोवैंनहीं॥किंतु जीवनकालविषे सर्वजीवोंकेशरीरमैं एकठेहीं प्राणप्रज्ञा प्रतीतहोवैंहैं॥ और मरणकालविषेभी एकठेहीं प्राणप्रज्ञालोकांतरविषेगमनकरैंहैं ॥ यातैं प्राण औरप्रज्ञा अभिन्नहैं जभी लोकप्रसिद्धप्राण और प्रज्ञाविषे भेदनहींसिद्धभया ॥ तभी भी प्राणप्रज्ञाशब्दके लक्ष्यअर्थ अलौकिक अद्वितीय शुद्धआत्माविषे किसकारणतैंभेदसिद्धहोवै ॥ किंतु किसीप्रकारकरिके भेदसिद्धहोवैनहीं ॥ यातैं प्राणप्रज्ञास्वरूप मैं आत्माहूं ॥ किंवा ॥ अन्वयव्यतिरेककरिकेभी प्राणकूंहीं आत्मतासिद्धहोवैहै ॥ काहेतैं सुषुप्तिअवस्थाविषे तथामरणअवस्था

विषे प्राणविद्यमानहै ॥ यातैं प्राणका सुषुप्तिमरणविषेअन्वयहै ॥ और वाकादिकइंद्रियोंका सुषुप्तिअवस्थाविषे तथामरणअवस्था विषे लयहोवैहै ॥ यातैं तिनवाकादिकोंका तहाँव्यतिरेकहै ॥ याप्रकारका अन्वयव्यतिरेकही प्राणकीआत्मरूपता सिद्धकरैहै ॥ अब याहीअर्थकूंस्पष्टकरिकेदिखावैंहैं ॥ जिससुषुप्तिअवस्थाविषे स्थूलसूक्ष्मशरीरकाअभिमानी यहजीवात्मा शयनकूंप्राप्तहुआ किंचित्मात्रभी स्वप्नपदार्थोंकूं नहींदेखता ॥ तिससुषुप्तिअवस्थाविषे यहजीवात्मा प्राणउपहितपरमात्माकेसाथ अभेदभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यद्यपि जाग्रत् स्वप्नअवस्थाविषेभी अभेदहै ॥ तथापि जाग्रत् और स्वप्नअवस्थाविषे उपाधिकरिकेभेद औरवास्तवतैंअभेद दोनों विद्यमानहैं ॥ और यहाँसुषुप्तिअवस्थाविषेतौ केवलअभेदहीहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ वाक्आदिकपंचकर्मइंद्रिय औरनेत्रादिकपंचज्ञानइंद्रिय और चतुष्टयअंतः करण और वाक्आदिकइंद्रियोंकेविषय यहसंपूर्णउपाधियां जाग्रत्अवस्थाविषे तथास्वप्नअवस्थाविषे आत्माकेभेदकरणेहारियांहैं ॥ तिन उपाधियोंकरिकेभी सुषुप्तिअवस्थाविषेआत्माकाभेद सिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतैं यहसंपूर्णवाक्आदिकइंद्रिय आपणेआपणेविषयोंसहित सुषु प्तिअवस्थाविषे प्राणउपहितमुझपरमात्माविषे लयकूंप्राप्तहोवैंहैं ॥ यातैं सुषुप्तिअवस्थाविषे मुझपरमात्माकीएकता संभवैहै ॥ और हेप्रतर्द न मैंआत्माअद्वितीयहूं यातैं स्वरूपतैंमेरेविषेभेदसंभवैनहीं ॥ किंतु वाक्आदिकउपाधियोंकरिके मुझआत्माविषेभेद प्रतीतहोवैहै ॥ तेवा क्आदिकउपाधियां सुषुप्तिअवस्थाविषे लयहोवैंहैं ॥ यातैं सर्वभेदतैंरहितप्राणस्वरूपमुझआत्माकी एकताही सुषुप्तिअवस्थाविषेसिद्धहोवै है ॥ शंका ॥ हेभगवन् सुषुप्तिअवस्थाविषे वाक्आदिकसंपूर्णइंद्रियोंका प्राणविषेलय आपनैंकह्या ॥ यातैं यहनिश्चयहोवैहै ॥ वाक्आदिक इंद्रियोंकाउपादानकारण प्राणहै ॥ काहेतैं कार्यकेलयकाआधार उपादानकारणहीहोवैहै ॥ निमित्तकारण होवैनहीं ॥ जैसे घटकेलयकाआ धार मृत्तिकाहै ॥ कुलालहैनहीं ॥ यातैं कुलालकीन्याईं वाकादिकइंद्रियोंका प्राणतैंभिन्नहीकोई निमित्तकारण कह्याचाहिये ॥ समाधान ॥ हेप्रतर्दन वाकादिकइंद्रियोंका उपादानकारण तथानिमित्तकारण प्राणस्वरूपमैंआत्माहीहूं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे एकहीऊर्णनाभिजंतु तंतुकाउ पादान तथानिमित्तकारण होवैहै ॥ अन्यदृष्टांत ॥ जैसे नैयायिकोंकेमतविषे घटईश्वरकेसंयोगका एकईश्वरही उपादान तथानिमित्तकार

ण होवैहै ॥ और हेप्रतर्दन सुषुप्तिअवस्थाविषे जिसप्राणस्वरूपमुझआत्माविषे वाक्आदिकइंद्रिय लयकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तिसीप्राणस्वरूपमु
झआत्मातैं जाग्रत्अवस्थाविषे संपूर्णवाकादिकइंद्रिय उत्पन्नहोवैहैं ॥ और जैसे मृत्तिकातैंउत्पन्नभयाघट मृत्तिकातैंभिन्नहोवैनहीं ॥ तैसे
प्राणस्वरूपमुझआत्मातैं उत्पन्नभयेवाक्आदिकइंद्रिय मेरेतैंभिन्न किसीप्रकारहोवैंनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् जभी वाक्आदिकइंद्रिय प्राण
स्वरूपआत्मातैंभिन्ननहीं तभी भिन्नहोइकेकाहेतैंप्रतीतहोतेहैं॥समाधान ॥ हेप्रतर्दन यहवाक्आदिक प्राणस्वरूपमुझपरमात्माकीविभूतियांहैं
यातैं मुझ आत्मातैंभिन्नहोइकेउत्पन्नहोवैनहीं ॥ किंतु मेरास्वरूपहुएहीं मेरेतैंउत्पन्नहोवैहैं ॥ अविवेकतैं तिनोंकाभेद प्रतीतहोवैहै ॥ शं
का ॥ हेभगवन् वाक्आदिकइंद्रियरूपविभूतियोंकी प्राणस्वरूपआत्मातैं अभिन्नरूपकरिके आपने उत्पत्तिकही ॥ सो संभवैनहीं ॥ काहे
तैं लोकविषे भिन्नोंकाहीं कार्यकारणभाव देख्याहै ॥ समाधान ॥ भिन्नोंकाहीं कार्यकारणभावहोवैहै ॥ यहनियम संभवैनहीं ॥ किंतु अ
भिन्नोंकाभी कार्यकारणभावहोवैहै ॥ जैसे प्रज्वलितअग्नितैं कण उत्पन्नहोवैहैं ॥ तेकण अग्नितैंभिन्ननहीं किंतुअभिन्नहैं ॥ तैसे जाग्रत्
अवस्था विषे प्राणस्वरूपमैं आत्मातैं वाक्आदिकइंद्रिय उत्पन्नहोवैहैं ॥ तावाक्आदिकइंद्रियोंतैं अग्निआदिकदेवता उत्पन्नहोवैहैं ॥ ताअ
ग्निआदिकदेवतावोंतैं शब्दउच्चारणादिकविषय उत्पन्नहोवैहैं ॥ अब दृष्टिसृष्टिवादकेस्पष्टकरणेवासतैं ॥ याही अर्थकूं युक्तियोंकरिकैनिरू
पणकरैहैं ॥ हेप्रतर्दन सुषुप्तिअवस्थाविषे सुषुप्तपुरुष विषयसहितवाक्आदिकइंद्रियोंकूं देखतानहीं ॥ तथा अन्यकोईजाग्रत्पुरुषभी सुषु
प्तपुरुषकेवाकादिकइंद्रियोंकूं देखतानहीं ॥ औरसुषुप्तपुरुषकेप्राणकूंतौ अन्यजाग्रत्पुरुषदेखैहैं ॥ याकारणतैंभी प्राणकूंहीं वाकादिकइंद्रि
योंकीकारणता सिद्धहोवैहै ॥ काहेतैं जिसवस्तुकेविद्यमानहुएही जोवस्तु प्रतीतहोवै ॥ और जिसवस्तुकेविद्यमानहुएभी जोवस्तुतहांनप्रती
तहोवै तिसवस्तुका सोवस्तु कार्यहोवैहै ॥ जैसेमृत्तिकाकेविद्यमानहुएहीं घटादिक प्रतीतहोवैहैं ॥ और घटकीउत्पत्तितैंपूर्व मृत्तिकाके
विद्यमानहुएभी घटादिक तहांप्रतीतहोवैंनहीं ॥ यातैंमृत्तिकाके घटादिक कार्यहैं॥शंका ॥ हेभगवन् जिसके विद्यमानहुए जोप्रतीतहोवैहै॥
सो ताकाकार्यहोवैहै ॥ यहकार्यकालक्षण आपनेंकह्या ॥ सोलक्षण अतिव्याप्तिदोषवालाहै ॥ काहेतैं सूर्यादिकप्रकाशकेविद्यमानहुएही

घटादिकोंकी चक्षुइंद्रियकरिकैप्रतीतिहोवैहै ॥ प्रकाशतैंविना अंधकारविषेस्थितघटादिकोंकी प्रतीतिहोवैनहीं ॥ यातैं घटादिकभी प्रकाश केकार्य होणेचाहिये ॥ और प्रकाशकेकार्य घटादिकहैंनहीं ॥ समाधान ॥ जिसवस्तुके विद्यमानहुएही जोवस्तु उत्पन्नहोवै ॥ और तिसव स्तुतैंभिन्नकिसीवस्तुतैं उत्पन्नहोवैनहीं ॥ और तिसवस्तुकेविद्यमानहुएभी जोवस्तु कदाचित्तहाँउत्पन्नहोवैनहीं ॥ सोवस्तु तिसवस्तुका कार्यहोवैहै ॥ जैसे तंतुकेविद्यमानहुएही पट उत्पन्नहोवैहै ॥ तंतुतैंभिन्नमृत्तिकाकेविद्यमानहुएभी पटकीउत्पत्तिहोवैनहीं ॥ और पटकीउ त्पत्तितैंपूर्व तंतुवोंकेविद्यमानहुएभी तुरीवेमादिकसामग्रीतैंविना तहाँ पट उत्पन्नहोवैनहीं ॥ यातैं तंतुओंका पटकार्यहै ॥ और मृत्तिकाका कार्यघटहै सूर्यादिकप्रकाशका घटकार्यनहीं ॥ यातैं यहकार्यकालक्षण निर्दोषहै ॥ सोयहकार्यकालक्षण वाक्आदिकइंद्रियोंविषेभी घटैहै काहेतैं सुषुप्तिअवस्थाविषे प्राणकेविद्यमानहुएभी तहाँवाक्आदिकइंद्रिय उत्पन्नहोवैंनहीं ॥ और जाग्रत अवस्थाविषे प्राणकेविद्यमानहुए हीं वाक्आदिकइंद्रिय उत्पन्नहोवैंहैं ॥ और प्राणतैंभिन्नकिसीकारणतैं वाक्आदिक उत्पन्नहोवैंनहीं ॥ यातैं वाक्आदिकइंद्रिय प्राणकाकार्य हैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे अग्निकूंछोडिकेधूमरहेनहीं ॥ किंतु जहाँधूमरहैहै तहाँ अवश्य अग्निरहैहै ॥ और अग्नितो धूमकूंछोडिकरिकेभी तप्तलोहविषे रहैहै ॥ यातैं अग्निव्यापकहै और धूम व्याप्यहै ॥ तैसे प्राणकूंछोडिके वाक्आदिकइंद्रिय रहैंनहीं और प्राणतो सुषुप्ति अवस्थाविषे वाक्आदिकइंद्रियोंकेलयहुएभीरहैहै ॥ यातैं प्राण व्यापकहै ॥ और वाक्आदिकइंद्रिय व्याप्यहैं ॥ कारण व्यापकहोवैहै ॥ और कार्य व्याप्यहोवैहै ॥ किंवा सुषुप्तिविषे विषयसहितवाक्आदिकइंद्रियोंकासमूह जोप्राणविषे लयनहीं भयाहोवै ॥ तो सुषुप्तिविषे सुषुप्तपुरुषकरिकैतथाअन्यजाग्रतपुरुषकरिके सविषयवाकादिकइंद्रिय प्रतीतहोणेचाहिये ॥ और सुषुप्तिविषे सविषयवाकादिकइंद्रिय प्रतीतहोवैं नहीं ॥ यातैं ऐसाजान्याजावैहै ॥ सुषुप्तिअवस्थाविषे विषयसहितवाकादिकइंद्रिय प्राणविषेलयहुएहैं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे दंडादिकों करिकेप्रध्वंसहुआघट मृत्तिकारूपआपणेकारणविषे लयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् वाकादिकइंद्रियोंका तथाशब्दउच्चारणादिक विषयोंका परस्परभेदहै ॥ यातैं सुषुप्तिविषे वाक्आदिकइंद्रियोंकेलयहुएभी तिनोंकेविषयोंकालय संभवैनहीं ॥समाधान॥ कारणकेअभाव

हुए कार्य उत्पन्नहोवैनहीं॥जैसे प्रदीपतैंविना प्रदीपकाकार्यप्रभा उत्पन्नहोवैनहीं॥ तैसे वाकादिकइंद्रियोंकेलयहुएतिनोंकेकार्यशब्दउच्चारणा
दिकविषयभी सुषुप्तिअवस्थाविषे उत्पन्नहोवैनहीं ॥ यातैं तिनविषयोंकाभीलयसंभवैहै ॥ किंवा जोवस्तु जिसवस्तुविषे लयहोवैहै ॥
सोवस्तु तिसीवस्तुतैं उत्पन्नहोवैहै यहनियमहै ॥ जैसे प्रज्वलितअग्निविषे कणोंका लयहोवैहै ॥ और तिसीअग्नितैं तिनकणोंकीउत्प
त्तिहोवैहै ॥ तैसे सुषुप्तिअवस्थाविषे वाक्आदिकइंद्रियोंका प्राणविषेलयहोवैहै ॥ औरजाग्रत्अवस्थाविषे तिसीप्राणतैं वाक्आदिकोंकी
उत्पत्ति होवैहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् जैसे अग्निविषे जोजोकण लयकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ सोसोकण पुनःउत्पन्नहोवैंनहीं॥किंतुतिनोंतैंभिन्नहींकण
उत्पन्नहोवैहैं ॥ तैसे सुषुप्तिमैं प्राणविषेलयभयेजे वाक्आदिकइंद्रिय ॥ तिनोंतैंभिन्नहींवाक्आदिकइंद्रियोंकी जाग्रत्विषे उत्पत्तिहोणीचा
हिये ॥ समाधान ॥ जैसे अग्नितैंउत्पन्नहुआकण पूर्वविलीनकणतैंभिन्न प्रतीतहोवैहै ॥ तैसे जाग्रत्विषे प्राणतैंउत्पन्नभयेवाकादिक पूर्व
विलीनवाकादिकोंतैं भिन्नहुवेप्रतीतहोवैंनहीं ॥ किंतु सुषुप्तिविषे जेवाक्आदिकइंद्रिय प्राणविषेलयभयेथे ॥ तेहीवाकादिकइंद्रिय पुनः
जाग्रत्विषे प्राणतैंउत्पन्नहुएप्रतीतहोवैहैं ॥ यातैं तिनोंकेभेदविषे प्रत्यक्षप्रमाणसंभवैनहीं ॥ शंका ॥ वर्तमानवाक्आदिकइंद्रियोंतैं
पूर्वविलीनवाक्आदिकइंद्रियोंकाभेद अनुमानप्रमाणतैंसिद्धहोवैहै ॥ ताअनुमानकाप्रकारयहहै ॥ पूर्ववाक्आदिकइंद्रियजेहैं ते वर्तमानवाक्
आदिकइंद्रियोंतैंभिन्नहैं ॥ काहेतैं विलीनहोणेतैं॥जोजोवस्तु पूर्वविलीनताकूंप्राप्तहोवैहै ॥ सोसो वर्तमानवस्तुतैंभिन्नहोवैहै ॥ दृष्टांत ॥
जैसे पूर्वअग्निविषेविलीनहुएकण वर्तमानकणतैंभिन्नहैं ॥ याअनुमानप्रमाणतैं पूर्वउत्तरवाक्आदिकइंद्रियोंका भेदहीसिद्धहोवैहै ॥समाधान ॥
याअनुमानतैंभी वाक्आदिकइंद्रियोंकाभेद सिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतैं जोहेतु आपणेसाध्यकूंछोडिकेअन्यत्ररहैनहीं ॥ ताहेतुतैं तिससाध्य
कीसिद्धिहोवैहै ॥ जैसे धूमरूपहेतु वह्निरूपसाध्यकूंछोडिके अन्यत्ररहैनहीं ॥ यातैं धूमरूपहेतुतैं पर्वतविषे वह्निकोसिद्धिहोवैहै ॥ और
जोहेतु आपणेसाध्यकूंछोडिके अन्यत्रभीरहैहै ॥ ताहेतुतैं तिससाध्यकीसिद्धिहोवैनहीं जैसे प्रमेयत्वहेतु वह्निकेअभाववालेजलादिकोंविषे
भीरहैहै ॥ यातैं प्रमेयत्वरूपव्यभिचारीहेतुतैं पर्वतविषेवह्निरूपसाध्यकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ तैसे यहविलीनत्वरूपहेतुभी भेदरूपसाध्यकूं

छोडिके अन्यत्रवर्तेहै ॥ यातें व्यभिचारीहै ॥ काहेतें बहुतधूलीकरिकेआच्छादितजोघटहै ॥ तिसविषे विलीनत्वरूपहेतुतोरहैहै ॥ परंतु वर्तमानतिसोघटतें ताकाभेदहोवेनहीं किंतु जोपूर्वधूलीकरिकेआच्छादितघटथा ॥ सोईहीघट धूलीतेंरहितहुआ प्रतीतहोवैहै ॥ यातें विलीनत्वरूपव्यभिचारीहेतुतें वाक्आदिकइंद्रियोंकेभेदकीसिद्धिसंभवेनहीं ॥ शंका ॥ धूलीकरिकेआच्छादितघटविषे जैसे वर्तमानतिसीघटकाभेदरूपसाध्यनहीं तैसे विलीनत्वरूपहेतुभी ताकेविषेनहीं ॥ यातें विलीनत्वरूपहेतु व्यभिचारीनहीं ॥ समाधान ॥ वस्तुकेअदर्शनकानाम लयहै ॥ अदर्शनतैंभिन्न कोईलयशब्दकाअर्थनहीं ॥ जैसे स्वप्नकेपदार्थोंकाजाग्रत्‌विषेदर्शनहोवैनहीं ॥ यातें स्वप्नपदार्थोंका जाग्रत्‌विषेलयकहताहै ॥ तैसे धूलीकरिकेआच्छादितघटकाभी ताकालविषेदर्शनहोवैनहीं यातें विलीनत्वरूपहेतु ताघटविषेसंभवैहै ॥ ॥ शंका ॥ अदर्शनकानामलयहै यहआपनेंकह्या ॥ सो यद्यपि प्रातिभासिकस्वप्नपदार्थोंविषेतो घटैहै ॥ तथापि व्यावहारिकपदार्थोंविषे घटैनहीं ॥ काहेतें जोसर्वत्र अदर्शनकानामहीं लयहोवे ॥ तौ देशांतरविषेस्थितपुत्रादिकबांधवोंकादर्शन किसीकूंहोवेनहीं ॥ यातें मेरे पुत्रादिकबांधव लयहुएहैं याप्रकारकाव्यवहार लोकविषेहोणाचाहिये ॥ और ऐसाकोईकथनकरतानहीं ॥ यातें अदर्शनकानाम लयनहीं ॥ समाधान ॥ जिसकालविषे पुत्रादिकबांधवोंकाअदर्शनहोवैहै ॥ तिसकालविषे तिनोंकालयहीहोवैहै ॥ और जिसकालविषे तिनपुत्रादिकबांधवोंकादर्शनहोवैहै ॥ तिसकालविषे तिनोंको पुनःउत्पत्तिहोवैहै ॥ याअर्थमानणेविषे किंचित्‌मात्र भी हमारीहानिनहीं ॥ शंका ॥ जोलयहुएपुत्रादिकोंकोपुनःउत्पत्तिमानोंगे ॥ तौ मृत्युहुएपुत्रादिकबांधवोंकोभी पुनःउत्पत्तिहोणीचाहिये और मृतहुएपुत्रादिक बांधवोंकूं पुनःकोईदेखतानहीं ॥ समाधान ॥ पुत्रादिकबांधवोंकेदर्शनविषे मरण तथा जीवन कारणनहीं ॥ किंतु तिनोंतैंभिन्नहीं अदृष्टादिककारणहैं ॥ काहेतें अत्यंतदूरदेशविषेस्थित जीवतेहुएबांधवोंकाभी कदाचित् पुनःदर्शनहोतानहीं ॥ यातें जीवन तथामरण पुनःदर्शनकेकारणनहीं ॥ शंका ॥ दूरदेशविषेस्थितबांधवोंकादर्शन तादेशविषेजाणेकरिके संभवैहै ॥ और मृतबांधवोंकादर्शन किसीप्रकारसंभवेनहीं ॥ यातें जीवनहीं पुनःदर्शनकाकारणहै मरणनहीं ॥ समाधान ॥ जैसे जीवनकूं कदाचित् पुनःदर्शनकोकारणता तुमनें

दिसाई ॥ तैसे मरणकूंभी कदाचित् पुनःदर्शनकीकारणतासंभवैहै ॥ काहेतैं स्वप्नविषे चिरकालमरेहुएबांधवोंकाभी कदाचित् लोकों कूंदर्शनहोवैहै ॥ यातैं नियमकरिके जीवन तथामरण पुनःदर्शनकेकारणनहीं ॥ किंतु ॥ अदृष्टादिकही पुनःदर्शनकेकारणहे ॥ शंका ॥ दर्शनकालविषे पुत्रादिकबांधवोंकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ यह पूर्वआपनैंकह्या ॥ सोसंभवैनहीं ॥ काहेतैं लोकविषे जेजेपुत्रादिक उत्पन्नहोवैहैं ॥ तिनोंकूं याप्रकारकाज्ञान नियमतैंहोवैहै ॥ देवदत्तनामामैं यज्ञदत्तनामापितातैं उत्पन्नभयाहूं ॥ यातैं ऐसाजान्याजावैहै ॥ तिसपितातैंमैंउत्पन्नभयाहूं याप्रकारकाज्ञानतो व्यापकहै ॥ और पुत्रादिकोंकीउत्पत्ति व्याप्यहै व्यापकतैंविना व्याप्यकीस्थितिहोवैनहीं ॥ जैसे अग्नितैंविना धूमकीस्थितिहोवैनहीं ॥ जोदर्शनदर्शनविषे पुत्रादिकोंकीउत्पत्तिहोतीहोवै ॥ तो तिसतैंमैंअभीउत्पन्नभयाहूं ऐसाज्ञान पुत्रादिकोंकूंहोणाचाहिये ॥ और ऐसाज्ञानकिसीकूंहोतानहीं ॥ यातैं व्यापकरूपज्ञानकेअभावहोणेतैं ताज्ञानकाव्याप्यरूप जोपुत्रादिकोंकीउत्पत्ति सोभी दर्शनकालविषेहोवैनहीं ॥ समाधान ॥ तिसतैंमैंउत्पन्नभयाहूं याज्ञानकूं उत्पत्तिकीव्यापकता जोसर्वत्रहोवै ॥ तो तुमारापूर्वपक्ष संभवै ॥ परंतु ताज्ञानकूं उत्पत्तिकीव्यापकता सर्वत्रहैनहीं ॥ काहेतैं घटादिकजडपदार्थोंकी उत्पत्तितोहोवैहै ॥ परंतु घटादिकजडपदार्थोंविषे तिसतैंमैंउत्पन्नभयाहूं याप्रकारकाज्ञानहोवैनहीं ॥ शंका ॥ तिसतैंमैंउत्पन्नभयाहूं याप्रकारकाज्ञान यद्यपि घटादिकजडपदार्थोंविषेतोहैनहीं ॥ तथापि घटादिकोंकिद्रष्टापुरुषकूं याप्रकारकाज्ञानहोवैहै ॥ मृत्तिकादिकोंतैं यहघट उत्पन्नभयाहै ॥ यातैं जहाँउत्पत्तिहोवैहै ॥ तहाँ याप्रकारकाज्ञान अवश्यहोवैहै ॥ समाधान ॥ द्रष्टापुरुषकेज्ञानकूं घटकेउत्पत्तिकीव्यापकता संभवैनहीं काहेतैं एकअधिकरणविषेरहणेहारेपदार्थोंकाही परस्पर व्याप्यव्यापकभाव होवैहै ॥ जैसे एकअधिकरणविषेरहणेहारे धूम तथावह्निका परस्पर व्याप्यव्यापकभावहोवैहै ॥ और जे भिन्नभिन्नअधिकरणविषेरहेहैं ॥ तिनोंका परस्परव्याप्यव्यापकभावहोवैनहीं ॥ जैसे शीतस्पर्शका तथाउष्णस्पर्शका परस्पर व्याप्यव्यापकभाव होवैनहीं ॥ तैसे उत्पत्तिका तथापूर्वउक्तज्ञानका एकअधिकरणहैनहीं ॥ किंतु उत्पत्तिका अधिकरणतोघटहै ॥ और ज्ञानकाअधिकरण घटकाद्रष्टापुरुषहै ॥ भिन्नभिन्नअधिकरणविषेरहणेहारे उत्पत्तितथा ज्ञानका परस्पर व्या

प्यव्यापकभावमानणा अत्यंतविरुद्धहै ॥ यातैं उत्पत्तिका तथापूर्वउक्तज्ञानका परस्परव्याप्यव्यापकभाव संभवैनहीं ॥ शंका ॥ घटादिक जडपदार्थोंकेउत्पत्तिका तथापूर्वउक्तज्ञानका परस्पर व्याप्यव्यापकभाव यद्यपि संभवैनहीं ॥ तथापिचैतन्यमनुष्यादिकोंकूं तिसतैंमैंउत्पन्न भयाहूं याप्रकारकाज्ञान होवैहै यातैं चैतन्यमनुष्यादिकोंकेउत्पत्तिकाही पूर्वउक्तज्ञानव्यापकहै ॥ जडोंकेउत्पत्तिकाव्यापकनहीं ॥समाधान॥ तिसतैंमैंउत्पन्नभयाहूं याप्रकारकाज्ञान चेतनमनुष्यादिकोंकेउत्पत्तिकाव्यापकभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं चेतनमनुष्यादिकभी उत्पत्तितैं अनंतर याप्रकारजाणतेनहीं ॥ जोइसतैंहमउत्पन्नभयेहैं ॥ किंतु माता तथापिताकेवचनोंतैं ताबालककूं चिरकालकेपीछे सोज्ञानहोवै है यातैं चेतनकेउत्पत्तिका पूर्वउक्तज्ञानव्यापकहै यहतुमाराकहणाभीव्यर्थहै ॥ किंवा चेतनकेउत्पत्तिका पूर्वउक्तज्ञान व्यापकहै ॥ यहतेरावचन मेरेमुखविषेजिह्वानहींहै याप्रकारकेवचनकीन्याई व्याघातदोषकरिकैयुक्तहै ॥ काहेतैं चैतन्य आत्मास्वरूपहै यातैंनित्यहै तानित्यचैतन्यकीउत्पत्तिकहणा अत्यंतविरुद्धहै ॥ शंका ॥ यहदेवदत्तनामापुरुष उत्पन्नभयाहै याप्रकारकाअनुभव ॥ सर्वपुरु षोंकूंहोवैहै ॥ यातैं चैतन्यकीभीउत्पत्तिसंभवैहै ॥ समाधान ॥ सोलोकोंकाअनुभव जोयथार्थहोवै ॥ तौ चैतन्यकेउत्पत्तिकूंसिद्धकरै परंतुसोलोकोंकाअनुभवभ्रांतिरूपहै ॥ काहेतैंअन्यवस्तुकेधर्मोंकाअन्यवस्तुविषेआरोपणकानामभ्रांतिज्ञानहै॥जैसे रज्जुविषेयहसर्पहैयाप्रका रकाज्ञान भ्रमरूपहै॥तैसे उत्पत्ति तथानाश दोनोंदेहकेधर्महैं॥चैतन्यकेधर्मनहीं ॥परंतुअज्ञानरूपदोषकरिकैअविवेकीपुरुषचैतन्यआत्माविषेउत्पत्तितथानाशमानैहैं॥यातैंतेपुरुषभ्रांतहैं॥तिनोंकेअनुभवतैंचैतन्यकेउत्पत्तिकीसिद्धिहोवैनहीं ॥शंका॥ जोचैतन्यकोउत्पत्तितथानाशन हींहोताहोवै तौ दर्शनकालविषेपुत्रादिकोंकीउत्पत्ति तथाअदर्शनकालविषेतिनोंकालय याप्रकारकीदृष्टिसृष्टिवादतुमारा कैसेसिद्धहोवैगा समाधान॥दर्शनकालविषे तथाअदर्शनकालविषे चैतन्यकी उत्पत्ति तथानाश हमभीअंगीकारकरतेनहीं॥किंतु तहाँभी शरीरादिकअनात्म पदार्थोंकाहीउत्पत्ति तथानाश होवैहै॥किंवा॥जन्मशब्दकेअर्थकाविचारकरिये॥तौभी दृष्टिसृष्टिवादहीसिद्धहोवैहै॥काहेतैं प्रादुर्भावकानामज न्महै॥सोप्रादुर्भाव दर्शनतैंभिन्ननहीं॥किंतु वस्तुकादर्शनहीं प्रादुर्भावहै॥जैसेप्रातःकालविषे जब सूर्यकादर्शनहोवैहै ॥ तब लोक ऐसाकथन

करैहैं ॥ सूर्यकाप्रादुर्भावभयाहे ॥ याळोकोंकिव्यवहारतैं दर्शनकानामहीं प्रादुर्भावसिद्धहोवैहे॥यातैं पुत्रादिकपदार्थोंकादर्शनहीं तिनपुत्रादि कोंकीउत्पत्तिहे॥और पुत्रादिकोंकाअदर्शनहीं तिनपुत्रादिकोंकालयहे॥यहदृष्टिसृष्टिवादहीं उत्तमसिद्धांतहे॥शंका ॥ जैसे प्रथम माताकेउद रतैं अभीपुत्रकीउत्पत्तिहोवैहे॥तभी पिता ताबालककेजन्मसंस्कारोंकूंकरैहे॥तथा देवदत्तादिकनामकूं राखैहे ॥तैसे पुत्रकेदर्शनकालविषेभी जन्मकेसंस्कारहोणेचाहिये॥काहेतैं तुमारेमतविषे जभीजभी पुत्रकादर्शनहोवैहे ॥तभीतभी तापुत्रकाजन्महोवैहे॥ समाधान ॥यहदोष केव ल हमारेमतविषेनहीं ॥ किंतु तैंयादीकेमतविषेभी यहदोष समानहे ॥ काहेतैं तेरेमतविषे जैसे ज्येष्ठपुत्रकेशरीरतैं कनिष्ठपुत्रकाशरीर भिन्नहे ॥ यातैं तिनकेसंस्कारभी भिन्नभिन्नहोवैहैं ॥ तैसे पुत्रकेबाल्यशरीरतैं ॥ युवानशरीरभीभिन्नहे ॥ बाल्यशरीरका तथायुवानशरी रका अभेद तेरेकूंभीअंगीकारनहीं ॥ यातैं बाल्यशरीरकीन्याई युवानशरीरकेउत्पन्नहुएभी पुनःजन्मकेसंस्कारहोणेचाहिये ॥ और युवा अवस्थाकेप्राप्तहुए जन्मकेसंस्कारोंकूं कोई करतानहीं ॥ शंका ॥ बाल्यशरीरका तथायुवानशरीरका परस्परभेदनहीं किंतु अभेदहे ॥ यातैं जन्मकेसंस्कारोंकीआपत्तिरूपदोष हमारेमतविषेसंभवैनहीं ॥ समाधान ॥ बाल्यशरीरका तथायुवानशरीरका अभेदसंभवैनहीं ॥ काहेतैं बाल्यशरीरकेपरिमाणतैं यौवनशरीरकापरिमाण भिन्नहे ॥ आश्रयकेभेदतैंविना परिमाणकाभेद संभवैनहीं ॥ जैसे पंचहस्त परिमितपटतैं दशहस्तपरिमितपट भिन्नहोवैहे ॥ तैसे अल्पपरिमाणवाळेबाल्यशरीरतैं दीर्घपरिमाणवाळायौवनशरीरभी भिन्नहे ॥ शरी रकाभेदहीं जन्मसंस्कारोंविषेकारणहे ॥ यातैं यौवनशरीरकीउत्पत्तिविषे ॥ जन्मसंस्कारोंकीप्राप्तिरूपदूषण तुमारेकूंभी अवश्य होवैगा ॥ ॥ शंका ॥ जोबाल्यशरीरतैं यौवनशरीर भिन्नहोवै ॥ तो देवदत्तनामापुरुषकूं आपणेशरीरविषे याप्रकारकाप्रत्यभिज्ञाज्ञानहोवैहे ॥ जो मैंबालकथा सोईमैं अभीयुवानहूं ॥ तथा तादेवदत्तपुरुषविषे अन्यपुरुषोंकूंभी याप्रकारकाप्रत्यभिज्ञाज्ञानहोवैहे सोई यहदेवदत्तहे ॥ यहदोनोंप्रकारकेप्रत्यभिज्ञाज्ञान ॥ बाल्ययौवनदेवदत्तकेअभेदकूं विषयकरैहैं ॥ सो नहोणेचाहिये ॥ तैसे तुमदृष्टिसृष्टिवादीकेमतविषेभी सोईमैंदेवदत्तहूं अथवा सोईयहदेवदत्तहे ॥ यहदोनोंप्रत्यभिज्ञाज्ञान नहींहोणेचाहिये ॥ और सर्वपुरुषोंकूं याप्रकारका प्रत्यभिज्ञाज्ञान

होवैहै ॥ समाधान ॥ सोईमैंदेवदत्तहूं याप्रकारकाप्रत्यभिज्ञाज्ञान पूर्वउत्तरशरीरकेअभेदकूंविषयकरैनहीं ॥ किंतु दोनोंशरीरोंविषे आरोपितजोआत्माकीएकता ताकूंविषयकरैहै ॥ और तादेवदत्तपुरुषविषे दूसरेयज्ञदत्तनामापुरुषकूं सोईयहदेवदत्तपुरुषहै ऐसाजोप्रत्यभिज्ञाज्ञानहोवैहै ॥ सोभी आपणेसंबंधियोंकेवचनविषेविश्वासतैंहोवैहै ॥ शरीरकेअभेदतैं किसीमतविषेभी प्रत्यभिज्ञाज्ञान संभवैनहीं ॥ यातैं हेवादिन् बाल्ययौवनादिकशरीरोंविषे आरोपितजोआत्माकीएकता ॥ ताएकताकूंग्रहणकरिकैहीं सर्वमतविषे प्रत्यभिज्ञाज्ञानकासंभव होइसकैहै ॥ शरीरोंकीएकतामानणी निष्फलहै ॥ शंका ॥ हमारेमतविषे आत्माकेअभेदकूंग्रहणकरिके सोईमैंदेवदत्तहूं याप्रकारकाप्रत्यभिज्ञाज्ञानहोवैनहीं ॥ किंतु शरीरकाआरंभकरणेहारी जो अवयवोंकीरचनाविशेषहै ॥ सोरचना बाल्ययौवनशरीरविषेएकहीहै ॥ यातैं ताअवयवोंकीरचनाविशेषकूंग्रहणकरिके पूर्वउक्तप्रत्यभिज्ञाज्ञान संभवैहै ॥ अथवा बाल्ययौवनशरीरकेआरंभकरणेहारा जोपितामाताका शुक्रशोणितहै ताशुक्रशोणितकूंग्रहणकरिके पूर्वउक्तप्रत्यभिज्ञाज्ञान संभवैहै ॥ समाधान ॥ आरंभककारणकेअभेदतैं पूर्वउक्तप्रत्यभिज्ञाज्ञानसंभवैनहीं ॥ काहेतैं जोकारणकेअभेदतैं प्रत्यभिज्ञाज्ञानहोवै ॥ तौ एककाष्ठकरिकै अथवा एकपाषाणकरिकै रचेहुए जेदोस्तंभहैं ॥ तिनदोनोंस्तंभोंकाकारणएकहीहै ॥ यातैं तिनदोनोंस्तंभोंविषे सोईयहस्तंभहै याप्रकारकाप्रत्यभिज्ञाज्ञान होणाचाहिये ॥ और भिन्नभिन्न स्तंभोंविषे याप्रकारका अभेदज्ञान किसीपुरुषकूंहोवैनहीं ॥ यातैं आरंभककारणकेअभेदकूंग्रहणकरिके सोप्रत्यभिज्ञाज्ञान संभवैनहीं ॥ शंका ॥ भिन्नभिन्नशरीरोंविषेआरोपित जोआत्माकीएकता ॥ ताकूं ग्रहणकरिके सोईमैंदेवदत्तहूं याप्रकारकाप्रत्यभिज्ञाज्ञान देवदत्तकूंहोवैहै॥यह पूर्व आपनेकह्या॥सो यद्यपि देवदत्तकेप्रत्यभिज्ञाज्ञानविषेसंभवैहै ॥ तथापि स्तंभकेप्रत्यभिज्ञाज्ञानविषेसंभवैनहीं॥ काहेतैं स्तंभ जडहै यातैं सोईमैंस्तंभहूं याप्रकारकाप्रत्यभिज्ञाज्ञान ताकूंहोवैनहीं ॥ किंतु तास्तंभकेद्रष्टापुरुषकूं सोईयहस्तंभहै याप्रकारकाप्रत्यभिज्ञाज्ञानहोवैहै ॥ सो न होणाचाहिये ॥ काहेतैं तहाँ आत्माका अभेदहैनहीं ॥ समाधान ॥ आत्माकेअभेदकूंग्रहणकरिके यद्यपि स्तंभविषे अभेद प्रत्यभिज्ञा नहींहोती ॥ तथापि जैसेदेवदत्तपुरुषविषे यज्ञदत्तनामापुरुषकूं आपणेसंबंधियोंकेवचनोंकाविश्वासकरिके सोईयहदे

वदत्तहै याप्रकारकाप्रत्यभिज्ञाज्ञानहोवैहै ॥ तैसे स्तंभकेद्रष्टापुरुषकूंभी अन्यपुरुषकेवचनकाविश्वासकरिके सोईयहस्तंभहै याप्रका
रकाप्रत्यभिज्ञाज्ञान संभवैहै ॥ किंवा ॥ बाल्ययौवनशरीरविषे पितामाताकेशुक्रशोणितकीएकताकूंग्रहणकरिके जोपूर्ववादीनें प्रत्यभि
ज्ञाज्ञानकह्या ॥ सोभी संभवैनहीं ॥ काहेतें जैसेअंकुरकेउत्पन्नहुए बीज नष्टहोइजावैहै ॥ तैसे शरीरकेउत्पन्नहुएतें अनंतर शुक्रशो
णितभी नष्टहोइजावैहै ॥ यातें ताशुक्रशोणितकूंग्रहणकरिके प्रत्यभिज्ञाज्ञान संभवैनहीं ॥ किंवा ॥ पूर्वजोवादीनेंयहकह्याथा ॥ बाल्य
यौवनशरीरविषे एकही अवयवोंकीरचनाविशेष कारणहै ॥ यातें ॥ ताअवयवोंकीरचनाविशेषकूंग्रहणकरिकेही प्रत्यभिज्ञाज्ञान संभवैहै ॥
सोकहणाभी संभवैनहीं ॥ काहेतें अवयवोंकीरचनाविशेषकूं जोशरीरकीकारणता किसीप्रमाणकरिकेसिद्धहोवै ॥ तो तारचना
कूंग्रहणकरिके प्रत्यभिज्ञाज्ञानसंभवै ॥ परंतु अवयवोंकीरचनाविशेषकूंशरीरकीकारणता किसीप्रमाणकरिकेसिद्धहोवैनहीं ॥
काहेतें जैसे पृथिवीआदिकोंकेपरमाणुअतिसूक्ष्महैं ॥ यातें तिनोंकाप्रत्यक्षज्ञान किसीकूंहोवैनहीं ॥ तैसे शरीरकेआरंभकरणे
हारेअवयवभी अतिसूक्ष्महैं ॥ यातें प्रत्यक्षप्रमाणकरिकेतिनोंकाज्ञानसंभवैनहीं ॥ प्रत्यक्षप्रमाणकेअप्रवृत्तहुए अनुमानादिकोंक
रिकेभी तिनअवयवोंकाज्ञानसंभवैनहीं ॥ किंवा ॥ परमाणुवोंकरिके किसीकार्यकीउत्पत्तिसंभवैनहीं ॥ काहेतें परमाणुजडहैं
और अनेकहैं जडवस्तुविषे कार्यकेआरंभकरणेकाविचारसंभवैनहीं ॥ और जोवादी परमाणुवोंकूंचेतनमानें तौभी भिन्नभिन्न
अभिप्रायवाले अनेकपरमाणुवोंतें एककार्यकीउत्पत्तिसंभवैनहीं ॥ यातें परमाणुरूपअवयवोंकीरचनाविशेषकूंग्रहणकरिके सोईमैंहूं
यहप्रत्यभिज्ञाज्ञान संभवैनहीं ॥ शंका ॥ प्रत्यक्षज्ञानकेविषयजेस्थूलअवयवहैं ॥ तिनअवयवोंकीरचनाविशेषही बाल्ययौवनशरीरकाका
रणहै ॥ यातें ताकूंग्रहणकरिकेही सोईमैंहूं यहप्रत्यभिज्ञाज्ञान संभवैहै॥समाधान ॥ बाल्यशरीरविषे जोस्थूलअवयवोंकीरचनाहै सोईहीरच
नायौवनशरीरविषेसंभवैनहीं॥काहेतें जोबाल्यशरीरकेअवयवोंकीरचना यौवनशरीरविषेहोवै ॥ तो यौवनशरीरका बाल्यशरीरतें अधिकप
रिमाण तथाअधिकपराक्रम न होणाचाहिये ॥ और बाल्यशरीरतें यौवनशरीरविषे अधिकपरिमाण तथाअधिकपराक्रम सर्वलोकोंकूंअनुभ

वसिद्धहै ॥ यातैं बाल्ययौवनशरीरविषे स्थूलअवयवोंकीरचना भिन्नभिन्नहै एकनहीं ॥ लोकविषेभी परिमाणकीन्यूनअधिकतातैं अवयवों केरचनाकाभेदहीदेख्याहै ॥ जैसे दशमणपरिमितमाषराशितैं पंचमणमाषको जोकोईनिकासिलेवै ॥ अथवा तामाषकीराशीविषे पंचमणमाषको कोईअधिकमिलाइदेवै ॥ तहाँ माषराशीकेरक्षकपुरुष अवयवोंकीरचनाविशेष भिन्नभिन्नहींमानैंहैं ॥ एकरचनामानैंनहीं ॥ यातैं परिमाणकेभेदहुए अवयवरचनाभी भिन्नभिन्नहीहोवैहै एकहोवैनहीं ॥ यातैं हेवादिन् जैसे तुमारेमतविषे बाल्यशरीरतैंभिन्नयौवनशरीरकेउत्पन्नहुएभी पुनःजन्मकेसंस्कारहोवैंनहीं ॥ तैसे हमदृष्टिसृष्टिवादीकेमतविषेभी दर्शनतैंपुत्रकीउत्पत्तिहुएभी पुनःजन्मकेसंस्कारहोवैंनहीं ॥ शंका ॥ यौवनशरीरविषे यहदेवदत्त उत्पन्नभयाहै॥याप्रकारकाज्ञान किसीपुरुषकूंहोवैनहीं ॥ यातैं यौवनशरीरविषे पुनःजन्मकेसंस्कारकीप्राप्तिरूपदूषण हमारेमतविषे संभवैनहीं ॥समाधान॥हमारेमतविषेभी दर्शनकालविषे पुत्रादिकोंकेउत्पन्नहुएभी तापुत्रादिकोंविषे यहपुत्रहमाराउत्पन्नभयाहै याप्रकारकाज्ञान पितामातादिकसंबंधियोंकूं होवैनहीं॥यातैं हमदृष्टिसृष्टिवादीकेमतविषेभी पुनःजन्मकेसंस्कारोंकीप्राप्तिरूपदोषनहीं॥शंका॥तुमदृष्टिसृष्टिवादीकेमतविषे पुत्रादिकोंकाअदर्शनहीं तिनोंकामरणहै॥यातैं जैसे मरणकेअनंतर पुत्रादिकोंकीदाहक्रिया करीतीहै॥तैसे तिनोंकेअदर्शनतैंअनंतरभी तिनपुत्रादिकोंकीअग्निदाहक्रियाकरीचाहिये॥और अदर्शनतैंअनंतरपुत्रादिकबांधवोंकोअग्निदाहादिकक्रिया,कोईकरतानहीं॥समाधान॥हेवादिन् जैसेतुमारेमतविषे यौवनशरीरकेउत्पन्नहुए बाल्यशरीरनाशहोइजावैहै॥काहेतैंजोयौवनशरीरकेप्राप्तहुएभीबाल्यशरीर नाशनहींभयाहोवै ॥ तो यौवनकालविषेभी बाल्यशरीरकीप्रतीति होणीचाहिये॥औरयौवनकालविषे बाल्यशरीरकीप्रतीति होतीनहीं ॥ यातैं यौवनकालविषे बाल्यशरीरकानाशहोवैहै ॥ तानष्टहुएबाल्यशरीरको जैसे तुम अग्निदाहादिकक्रियानहींकरते ॥ तैसे हमदृष्टिसृष्टिवादीकेमतविषेभी पुत्रादिकसंबंधियोंकेबाहरगयेहुए तिनपुत्रादिकोंकादर्शनहोवैनहीं ॥ सो अदर्शनहीं तिनपुत्रादिकबांधवोंकामरणहै ॥ ताअदर्शनरूपमरणकेहुएभी तिनपुत्रादिकसंबंधियोंकेदाहादिकक्रियाकूं हम करैंनहीं ॥ यातैं हमारेमतविषे तथा तुम्हारेमतविषे यहउत्तर समानहै ॥ शंका ॥ हेदृष्टिसृष्टिवादिन् तुम्हारेमतविषे किंचित् मात्रविशेषताहै ॥ काहेतैं पुत्रादिकसंबंधी जभी दे

शांतरतैंगृहविषे आवैहै ॥ तभी ताकेमातापिताकूं याप्रकारकाज्ञान होवैहै ॥ सोईयहहमारापुत्रहै ॥ याअभेदज्ञानकेबलतैं पूर्वउत्तरश
रीरोंकाअभेदही सिद्धहोवैहै ॥ समाधान ॥ बाल्यशरीरतैं अनंतर यौवनशरीरकेउत्पन्नहुएभी सोईयहदेवदत्तहै याप्रकारकाअभेद
ज्ञान तुम्हारेमतविषेभीहोवैहै यातैं तुमारेमतविषेभी बाल्ययौवनशरीरका अभेद होणाचाहिये ॥ और बाल्ययौवनशरीरकाअभेद
पूर्वउक्तरीतिसैं संभवैनहीं ॥ यातैं यहउतरभी तुमारेहमारेमतविषे समानहै ॥ शंका ॥ पुत्रादिकसंबंधियोंकाअदर्शनहीं जोतिनपुत्रा
दिकोंकामरणहोवे ॥ तो जैसे पुत्रादिकबांधवोंकेमरणतैं अनंतर पितामातादिकसंबंधी शोककूंकरैहैं तथा रुदनकूंकरैहैं ॥ तैसे
पुत्रादिकबांधवोंकेअदर्शनकालविषेभी शोक तथारुदनादिक होणेचाहिये ॥ समाधान ॥ हेवादिन् जैसे तुमारेमतविषे यौवनशरीरकोप्राप्ति
कालविषे बालकशरीरकेनाशहुएभी पितामातादिकसंबंधी शोककूं तथारुदनकूं करैनहीं ॥ तैसे हमदृष्टिसृष्टिवादीकेमतविषेभी पुत्रादिक
बांधवोंकेअदर्शनकालविषे पितामातादिकसंबंधी शोककूं तथारुदनकूं करैनहीं ॥ शंका॥ यौवनशरीरकीप्राप्तिकालविषे बाल्यशरीरकेनष्टहु
एभी सोईयहहमारापुत्रहै याप्रकारकाअभेदज्ञान मातापितादिकसंबंधियोंकूं होवैहै ॥ यातैं सोअभेदज्ञानहीं हमारेमतविषे अग्निदाहादिक
क्रियाका तथाशोकादिकोंका प्रतिबंधकहै ॥ समाधान ॥ पुत्रादिकबांधवोंकेअदर्शनतैंअनंतर जभी तिनपुत्रादिकबांधवोंकापुनःदर्शनहोवे
है ॥ तभी सोईयहहमारापुत्रहै याप्रकारकाअभेदज्ञान पितामातादिकसंबंधियोंकूं होवैहै ॥ यातैं सोअभेदज्ञानहीं हमारेमतविषेभी अग्निदा
हादिकक्रियाका तथाशोकादिकोंका प्रतिबंधकहै ॥ यातैं यहउत्तरभी तुमारेहमारेमतविषे समानहै ॥ शंका ॥ पुत्रादिकसंबंधियोंकाअद
र्शनहीं जोतिनपुत्रादिकोंका मरणहोवे ॥ तो पुनःदर्शनकालविषे तेपुत्रादिकबांधव याप्रकारकहैहैं हम नहींमरेथे ॥ यहतिनोंकावचन तुमा
रेमतविषे असंगतहोवैगा ॥ यातैं अदर्शनकानाम मरणनहीं ॥ समाधान ॥ हेवादिन् तुमारेमतविषेभी यौवनदेहकेप्राप्तहुए बाल्यशरीर नष्ट
होइजावैहै ॥ परंतु सोयौवनपुरुष ऐसाकहैहै हमनहींमरेथे ॥ यातैं यावचनकेविरोधतैं तुमारेमतविषेभी बाल्यशरीरकानाश नहींहोणाचा
हिये ॥ यहवार्ता तेरेकूंभीअंगीकारनहीं ॥ शंका ॥ बाल्यशरीरका तथायौवनशरीरका परस्परभेदहै ॥ ताभेदकाज्ञान पुरुषकूं होवैनहीं ॥

यातें पूर्वउत्तरशरीरकेभेदकाअज्ञानरूपदोषकरिकैयुक्त युवानपुरुषका हमनहींमरेथे याप्रकारकावचन प्रमाणरूपनहीं ॥ किंतु सोवचन अप्रमाणरूपहे ॥ यातें तावचनकरिकै बाल्यशरीरकीनित्यतासंभवैनहीं ॥ समाधान ॥ पुनःदर्शनकालविषे पुत्रादिकबांधवोंका जोयहवचनहे हमनहींमरेथे ॥ सोयहवचनभी पूर्वउत्तरशरीरकेभेदकाअज्ञानरूपदोषयुक्तपुरुषकरिकेजन्यहे ॥ यातें अप्रमाणरूपहे ॥ ताअप्रमाणवचनतें पूर्वशरीरकीनित्यता हमारेमतविषेभी सिद्धहोवैनहीं ॥ यातें यहउत्तरभी हमारेतुमारेमतविषे समानहीहै ॥ किंवा ॥ पूर्वशरीरतें उत्तरशरीरविषे भेदकेविद्यमानहुएभी ताभेदकाज्ञान लोकोंकूंहोवैनहीं ॥ यातें ताभेदज्ञानका कोईप्रतिबंधकमान्याचाहिये ॥ सोप्रतिबंधक पूर्वउत्तरशरीरकेभेदकाअज्ञानरूपदोषहे ॥ यादोषकेप्रभावतेंहीं पूर्वउत्तरशरीरकेभेदकाज्ञान पुरुषोंकूंहोवैनहीं ॥ याकारणतेंहीं पितामातादिकबांधव पुत्रकेपूर्वशरीरकेनाशहुएभी शोककूं तथारुदनकूं नहींकरैहैं ॥ किंवा ॥ पूर्वउत्तरशरीरकेभेदज्ञानकाप्रतिबंधक पूर्वउक्तअज्ञानरूपदोषकूं जोनहींमानोगे ॥ तो पुत्रादिकोंके पूर्वशरीरतें उत्तरशरीरविषेभेदकाज्ञान पितामातादिकबांधवोंकूं अवश्यहोवेगा ॥ ताभेदज्ञानकरिकै पुत्रादिकोंकेपूर्वशरीरविषे मरणबुद्धिहोवेगी ॥ और तामरणबुद्धितें पितामातादिकोंकूं शोकादिकोंकीप्राप्तिहोवेगी ॥ यातें यादोषकीनिवृत्तिवासतै पूर्वउत्तरशरीरकेभेदज्ञानकाप्रतिबंधक पूर्वउक्तअज्ञानरूपदोष हमनें तथातुमनें अवश्यमान्याचाहिये ॥ यातें हेवादिन् जैसे तुमारेमतविषे बाल्यशरीरका तथायौवनशरीरका अभेदहैनहीं किंतुभेदहे ॥ तैसे हमदृष्टिसृष्टिवादीकेमतविषेभी पूर्वदर्शनकेविषयजे पुत्रादिक तथाउत्तरदर्शनकेविषयजेपुत्रादिक तिनदोनोंका अभेदनहीं किंतुभेदहे ॥ और हेवादिन् जैसे तुमारेमतविषे यौवनशरीरकेप्राप्तिकालविषे बाल्यशरीरकेनष्टहुएभी पितामातादिक तापुत्रविषे मरणबुद्धिकरैनहीं ॥ तैसे हमदृष्टिसृष्टिवादीकेमतविषेभी अदर्शनकालविषेपुत्रादिकोंकेनष्टहुएभी पितामातादिकसंबंधी तापुत्रविषे मरणबुद्धिकरैनहीं ॥ यातें हेवादिन् तुमनें जेजेदोष हमारेमतविषेकहे ॥ तेतेदोष तुमारेमतविषेभीप्राप्तहोवैहैं ॥ और तिनदोषोंकोनिवृत्तिवासतै जोजोउत्तर तुमनेंकह्या ॥ सो सो उत्तर हमारेमतविषेभीसंभवैहे यह सिद्धभया ॥ किंवा ॥ लोकविषेप्रसिद्ध जोजीवोंकाजन्म तथामरणहे ॥ सोजन्ममरणहीं हमारेदृष्टिसृष्टिवादकूं सिद्धकरैहे ॥ काहेतें सोजन्म

तथामरण ज्ञानतैंविना अन्यकिसीकारणतैंसिद्धहोवेनहीं ॥ किंतु ज्ञानतैंहीं ताजन्मकी तथामरणकी सिद्धिहोवैहै ॥ जबपर्यंत पुत्रादिकवां
धवोंकेजन्मकूं तथामरणकूं पितादिकसंबंधी नहींजानते ॥ तबपर्यंत हर्षकूं तथाशोककूं प्राप्तहोवैंनहीं ॥ किंतु पुत्रादिकोंके जन्मतथामरण
केज्ञानतैंअनंतरहीं पितादिकसंबंधी हर्षकूं तथाशोककूं प्राप्तहोवैंहैं ॥ तैसे यहपुत्रादिकभी किसीअन्यकेवचनतैं आपणेजन्मकूंजाणिकरिके
हर्षकूंप्राप्तहोवैंहैं ॥ और आपणेमरणकूंजानिकरिके शोककूं प्राप्तहोवैंहैं ॥ आपणेजन्मकेज्ञानतैंविना तथामरणकेज्ञानतैंविना किसीपुरुष
कूंभी हर्षशोककीप्राप्ति होवैनहीं ॥ तहाँ पुत्रादिकोंके जन्मकूं तथामरणकूं पितामातादिकसंबंधी प्रत्यक्षप्रमाणतैंहींजानेंहैं ॥ और पुत्रादिक
आपणेजन्मकूं तथामरणकूं प्रत्यक्षप्रमाणतैंजाणतेनहीं ॥ किंतु पितामातादिकसंबंधियोंकेवचनरूपशब्दप्रमाणतैं तथाअनुमानप्रमाणतैं
आपणेजन्ममरणकूं जानैंहैं ॥ काहेतैं योनितैंनिर्गमनकालविषे यहजीव दुःखकरिकेमूर्छाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ मूर्छाअवस्थाविषे किसीवस्तुका
ज्ञान होवैनहीं ॥ यातैं योनितैंनिर्गमनरूपआपणेजन्मकूं ताकालविषे प्रत्यक्षजानणेमैं यहजीव समर्थहोवैनहीं॥तैसे मरणकालविषेभी यहजी
वदुःखकरिके मूर्छाभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातैं ताकालविषेभी यहजीव आपणेमरणकूं प्रत्यक्षजानिसकेनहीं॥ किंतु शब्दप्रमाणतैं तथाअनुमा
नप्रमाणतैं आपणेजन्मकूं तथामरणकूं यहजीव जानैंहै ॥ यातैं हेवादिन् जैसे लौकिकपितामातादिकसंबंधियोंकेवचनकरिके आप
णेजन्ममरणकूं तुमनें निश्चयकन्याहै ॥ तैसे सर्वज्ञईश्वरकरिकेरचितवेदप्रमाणतैंभीपुत्रादिकपदार्थोंकादर्शनहीं तिनपुत्रादिकोंकीउत्प
त्ति औरपुत्रादिकपदार्थोंकाअदर्शनहीं तिनपुत्रादिकोंकामरण याअर्थकीसिद्धिसंभवैहै ॥ शंका ॥ वाक्आदिकइंद्रियोंका तथाअग्निआ
दिकदेवतावोंका परित्यागकरिके केवल पुत्रादिकविषयोंविषे दृष्टिसृष्टिवादकीसिद्धिवासते युक्तियोंका कथनविरुद्धहै ॥ काहेतैं आत्मातैं
भिन्नसर्वपदार्थ तुमारेमतविषे दृष्टिसृष्टिवादकेविषयहैं॥ समाधान ॥ जैसे पुत्रादिकविषयोंविषे सोईयहदेवदत्तहै याप्रकारकाप्रत्यभिज्ञाज्ञान
होवैहै ॥ तैसे वाक्आदिकइंद्रियोंविषे तथाअग्निआदिकदेवतावोंविषे सोईयहवाक्इंद्रियहै और सोईयहअग्निदेवताहै याप्रकारकाप्रत्यभिज्ञा
ज्ञान किसीपुरुषकूं होवैनहीं ॥ काहेतैं जिसवस्तुविषे प्रत्यक्षज्ञानकीविषयताहोवैहै ॥ तिसवस्तुविषेहीं प्रत्यभिज्ञाज्ञानकीविषयताहोवैहै ॥

सोप्रत्यक्षज्ञानकीविषयता वाक्आदिकइंद्रियोंविषेहैनहीं ॥ यातें प्रत्यभिज्ञाज्ञानकीविषयताभी वाक्आदिकइंद्रियोंविषे संभवैनहीं ॥ यहाँ यहअभिप्रायहै ॥ केवल इंद्रियकरिकेजन्यज्ञानकानाम प्रत्यक्षहै ॥ जैसे चक्षुइंद्रियकरिके यह देवदत्तहै याप्रकारकाप्रत्यक्षज्ञान होवैहै ॥ और पूर्वसंस्कारसहकृतइंद्रियकरिकेजन्यज्ञानकानाम प्रत्यभिज्ञाज्ञानहै ॥ जैसे देशांतरविषे तथाकालांतरविषे देख्याहुआजोदेवदत्तहै ॥ तादेवदत्तकेसाथ जभी चक्षुइंद्रियकासंबंधहोवैहै ॥ तभी सोईयहदेवदत्तहै याप्रकारकाप्रत्यभिज्ञाज्ञानलोकोंकूंहोवैहै तिनइंद्रियोंविषेभी वाक् पाणि पाद पायु उपस्थ यापंचकर्मइंद्रियोंविषेतो ज्ञानकीकारणता होवैनहीं ॥ किंतु शब्दकाउच्चारणादिकक्रियाकीकारणताहोवैहै ॥ और चक्षु त्वक् रसन घ्राण श्रोत्र यापंचज्ञानइंद्रियोंविषेज्ञानकीकारणताहोवैहै ॥ तिनोंविषेभी रसनइंद्रिय रसगुणकूंग्रहणकरैहै ॥ रसके आश्रयद्रव्यकूं ग्रहणकरैनहीं॥ तैसे घ्राणइंद्रिय गंधगुणकूंग्रहणकरैहै ॥ गंधगुणकेआश्रयद्रव्यकूं ग्रहणकरैनहीं ॥ और श्रोत्रइंद्रियशब्दगुणकूं ग्रहणकरैहै ॥ शब्दकेआश्रयद्रव्यकूं ग्रहणकरैनहीं ॥ यातें यातीनइंद्रियोंकरिकेजन्यज्ञानोंकीविषयता वाक्आदिकइंद्रियोंविषे संभवैनहीं ॥ काहेतें वाक्आदिकइंद्रिय द्रव्यरूपहैं गुणरूपहैंनहीं ॥ और चक्षुइंद्रिय रूपादिकगुणोंकूं तथारूपादिकगुणोंकेआश्रयद्रव्यकूं ग्रहणकरैहै ॥ तैसे त्वक्इंद्रियभी स्पर्शादिकगुणोंकूं तथास्पर्शादिकगुणोंकेआश्रयद्रव्यकूं ग्रहणकरैहै ॥ तिनदोनोंविषेभी चक्षुइंद्रियतो उद्भूतरूपकूं तथा उद्भूतरूपवालेद्रव्यकूं ग्रहणकरैहै॥तैसे त्वक्इंद्रियभी उद्भूतस्पर्शकूंतथाउद्भूतस्पर्शवालेद्रव्यकूं ग्रहणकरैहै ॥ सोउद्भूतरूप तथाउद्भूतस्पर्श वाक्आदिकइंद्रियोंविषेहैनहीं॥किंतु अनुद्भूतरूपस्पर्शादिक इंद्रियोंविषेरहैहैं॥यातें चक्षुइंद्रियजन्यज्ञानकीविषयता तथात्वक्इंद्रियजन्यज्ञानकीविषयतावाक्आदिकइंद्रियोंविषेसंभवैनहीं ॥ किंतुशास्त्रप्रमाणतैंतथाअनुमानप्रमाणतैंवाक्आदिकइंद्रियोंका परोक्षज्ञानहोवैहै तैसे वाक् आदिकइंद्रियोंकेअग्निआदिकदेवतावोंकाभी परोक्षहीज्ञानहोवैहै ॥ यातें परोक्षज्ञानकेविषय जेवाक्आदिकइंद्रिय तथाअग्निआदिकदेवता ॥ तिनोंविषे सोईयहवाक्इंद्रियहै औरसोईयहअग्निदेवताहै याप्रकारकाप्रत्यभिज्ञाज्ञान संभवैनहीं ॥ यातें केवलश्रुतिवचनतैंही वाक्आदिकइंद्रियोंविषे तथाअग्निआदिकदेवतावोंविषे दृष्टिसृष्टिवाद सिद्धहोवैहै ॥ और पुत्रादिकविषयोंविषेतो सोईयहदेवदत्तहै याप्रकारका प्रत्य

भिज्ञाज्ञान संभवैहै ॥ यातैं ताप्रत्यभिज्ञारूपविरोधकीनिवृत्तिवासतैं पुत्रादिकविषयोंविषेही दृष्टिसृष्टिवादका युक्तियोंसैंनिरूपणकऱ्या ॥
और वास्तवतैंतो आत्मातैंभिन्नसंपूर्णजडवस्तु दर्शनकालविषे उत्पन्नहोवैंहैं ॥ और अदर्शनकालविषेलयहोवैहैं ॥ वाक्आदिकइंद्रियोंका
यद्यपि अस्मदादिकजीवोंकूं प्रत्यक्षज्ञानहोवैनहीं॥ तथापि अग्निआदिकअभिमानीदेवतावोंकूं वाक्आदिकइंद्रियोंका प्रत्यक्षहीज्ञानहोवैहै ॥
यातैं देवतावोंकेदर्शनतैं वाकादिकइंद्रियोंकीउत्पत्ति और देवतावोंकेअदर्शनतैं तिनोंकानाश संभवैहै॥और जैसे आकाशादिकभूतोंकेका
र्यवाकादिकइंद्रियोंका दर्शनकालविषे जन्महोवैहै ॥ और अदर्शनकालविषे मरणहोवैहै ॥ तैसे आकाशादिकपंचभूतोंकाभी दर्शनकालविषे
जन्महोवैहै ॥ तथा अदर्शनकालविषे नाशहोवैहै ॥ और जैसे बाल्ययौवनादिकशरीरोंविषे प्रत्यभिज्ञारूपविरोधका पूर्वसमाधानकियाहै
तैसे आकाशादिकपंचभूतोंविषेभी प्रत्यभिज्ञाज्ञानरूपविरोधकासमाधानजानिलेणा ॥ और पूर्व बाल्ययौवनशरीरादिकोंविषे जैसे अवय
वोंकूं तथा अवयवरचनाकूं प्रत्यभिज्ञाज्ञानकीकारणताका खंडनकऱ्याहै ॥ तैसे आकाशादिकभूतोंविषेभीजानिलेणा ॥ यातैं आत्मातैंभि
न्नसर्वजडवस्तुका दर्शनहींजन्महै ॥ और अदर्शनहीं तिनोंकानाशहै ॥ शंका ॥ अदर्शनहींजो वस्तुकानाशहोवै ॥ तो जिसकालविषे
पुरुषकूं तडागकेजलकाज्ञाननहींहै ॥ तिसकालविषे तुमारेमतविषे तडागकाजल नाशहोइगयाहै ॥ यातैं जलकेविरोधीअग्निकी तहाँ
उत्पत्तिहोणीचाहिये ॥ और ऐसा कभी होवैनहीं यातैं दृष्टिसृष्टिवाद असंगतहै ॥ समाधान ॥ हेवादिन् यादोषकी तुमारेमतविषेभीप्राप्ति
होवैहै ॥ काहेतैं अन्यकिसीपुरुषकेबाल्यअवस्थाके नाशहुए ताबाल्यअवस्थाकाविरोधीयौवनअवस्था तुमारेकूंभी प्राप्तहोणीचाहिये॥जैसे
अन्यपुरुषकेबाल्यअवस्थाकाविरोधी यौवनअवस्थातुमारेकूंप्राप्तहोवैनहीं॥तैसेअदर्शनकालविषे जलकेनष्टहुएभी तहाँ अग्निउत्पन्नहोवैनहीं
शंका ॥ यौवनअवस्थाकीप्राप्तिविषे धर्मअधर्मरूपकर्म कारणहैं ॥ यातैं अन्यपुरुषकीयौवनअवस्था हमारेकूं प्राप्तहोवैनहीं ॥ समाधान ॥
हेवादिन् जैसे तुमनें कर्मोंकूंअंगीकारकरिके दूषणकोनिवृत्तिकरी ॥ तैसे हमदृष्टिसृष्टिवादीभी कर्मोंकूंअंगीकारकरिके सर्वदूषणोंकीनिवृत्ति
करैंहैं ॥ अदर्शनकालविषे तडागकेजलकानाशहुएभी कर्मोंकेवशतैं तहाँजलहीउत्पन्नहोवैहै ॥ अग्नि उत्पन्नहोवैनहीं ॥ शंका ॥ आकाश

ज्ञानतैंभिन्ननहीं किंतुज्ञानस्वरूपहूं ॥ तथा बाह्यभीमैंआत्मानहीं किंतु सर्वतैंअंतरहूं ॥ इसप्रकार रज्जुआदिकबाह्यअधिष्ठानोंतैं विलक्षण रूपकरिकेयुक्तहुआभी मैंआत्मा सर्वप्रपंचकाअधिष्ठानहूं ॥ याकारणतैं मैंअद्वितीयआत्मा प्रज्ञाशब्दकाअर्थहूं ॥ अथवा ॥ सजातीयभेद तथाविजातीयभेद तथास्वगतभेद यातीनभेदोंतैंरहितजोआत्मस्वरूपहै ॥ ताआत्मस्वरूपप्रज्ञाकरिके मैंनित्यहींयुक्तहूं ॥ याकारणतैं मैं अद्वितीयआत्मा प्रज्ञाशब्दकाअर्थहूं ॥ अब आत्मपदकेअर्थकूंदिखावैंहैं ॥ हेप्रतर्दन तेरेताईं जोहमनैं वारंवार प्राणप्रज्ञास्वरूपआत्माका उपदेशकन्याहै ॥ सोईहीआत्मा तेरावास्तवस्वरूपहै ॥ तैसे स्थावरोंका तथाजंगमोंकाभी सोईहीआत्मा वास्तवस्वरूपहै ॥ और सोई हीआत्मा सर्वप्राणियोंविषे अहंशब्दकीलक्षणाकरिके जान्याजावैहै ॥ और अहं याज्ञानकाविषयहै ॥ और वास्तवतैं अहं याशब्दतथा ज्ञानके संबंधतैंरहितहै ॥ और सोईहीआत्मा आकाशकीन्याईं भेदतैंरहितहुआ याजगत्विषेस्थितहै ॥ किंवा ॥ जैसे घटमठादिकनाना उपाधियोंविषेस्थितआकाशका आकाशहींएकनामहोवैहै ॥तात्पर्ययह॥ घटउपाधिविषेस्थितआकाशकूं घटाकाशकहैंहैं ॥ मठरूपउपाधि विषेस्थितआकाशकूं मठाकाशकहैंहैं ॥ इसप्रकार नानाउपाधियोंविषेस्थितहुआभी आकाश आकाश यानामतैंरहितहोवैनहीं ॥ यातैं सोअनुगत एकआकाशनाम आकाशकेएकताकूं बोधनकरैहै ॥ तैसे नानाशरीररूपउपाधियोंविषेस्थितअद्वितीयआत्माकाभी एक आत्माहीनामहोवैहै ॥ यातैं सर्वत्रअनुगत एकआत्मानाम मुझअद्वितीयआत्माकीएकताकूं बोधनकरैहै ॥ शंका ॥ आत्मा जोवास्तव तैंएकहीहोवे ॥ तो नानारूपकरिकेकाहेतैंप्रतीतहोवैहै ॥ समाधान ॥ अविद्यारूपदोषकेबलतैं एकहीअद्वितीयआत्मा जगत्रूपहोइकेप्रती तहोवैहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे एकहींस्वप्नद्रष्टापुरुष स्वप्नविषे निद्रादोषकेबलतैं अनंतरूपहोइकेप्रतीतहोवैहै ॥ और जैसे स्वप्नविषेप्रतीतभये जेरथादिकपदार्थ ते कल्पितहैं ॥ यातैं स्वप्नद्रष्टापुरुषतैंभिन्ननहीं ॥ तैसे अज्ञानकरिकेकल्पित यहसंपूर्णजगत्भी मुझअद्वितीयआत्मातैं भिन्ननहीं ॥ अब आनंदशब्दकेअर्थकूंदिखावैंहैं ॥ हेप्रतर्दन ॥ संपूर्णजीवोंकूं मैंआत्मा अतिशय करिकेप्रियहूं ॥ यातैं मैंआत्मा आनंदस्वरूपहूं ॥ तात्पर्ययह ॥ इसलोकविषे तथापरलोकविषे भोगणेयोग्यजेस्त्रीआदिकपदार्थहैं तेप्रियहैं ॥ और तिनविषयोंतैंउत्पन्नभयाजो अंतः

करणकापरिणामरूपसुख सोप्रियतरहे ॥ और आत्मा सकलकाशेषिरूपहे ॥ यातें आत्मा प्रियतमहे ॥ स्त्रीपुत्रादिकपदार्थ जिसकेवासते होवे सोशेषिकहियेहे ॥ ऐसाशेषिरूपआत्माहे ॥ अन्यसंपूर्णपदार्थ आत्माकाशेषरूपहैं ॥ अब याहीअर्थकूंस्पष्टकरिकेदिखावेहैं ॥ संपूर्ण प्राणी सुखकी तथासुखकेसाधनस्त्रीपुत्रादिकोंको जभीइच्छाकरैंहैं तभी आत्माकेवासतेहीं सुखादिकोंकीइच्छाकरैंहैं ॥ मेरेकूं सुखकीप्राप्ति होवे ॥ मेरेकूं स्त्रीपुत्रादिकोंकीप्राप्तिहोवे ॥ याप्रकारकीइच्छा संपूर्णजीवकरैंहैं ॥ जोकेवल सुखकीहोइच्छाहोवे तो वैरीकेसुखकीभी इच्छा होणीचाहिये ॥ और वैरीकेसुखकीकोईइच्छाकरेनहीं॥किंतु आत्मसंबंधीसुखकी सकलप्राणी इच्छाकरैहैं ॥ यातें आत्माकेवासतेंही सुख की तथासुखकेसाधनस्त्रीपुत्रादिकोंकी इच्छाहोवैहे ॥ सुखकेवासतें तथासुखकेसाधनस्त्रीपुत्रादिकोंकेवासतें आत्माकीकोईइच्छाकरे नहीं ॥ यातें मैंअद्वितीयआत्माही सर्वकाशेषिरूपहूं ॥ अन्यसंपूर्णपदार्थ आनंदस्वरूपमैंआत्माकेशेषरूपहैं ॥ भोगकेसाधनोंकूं शेषकहैंहैं ॥ भोक्ताकूं शेषिकहैंहैं ॥ किंवा ॥ मनुष्यलोकतेंआदिलेके ब्रह्मलोकपर्यंत जितनीकी विषयजन्यसुखकीन्यूनअधिकता है ॥ सो जिसविषेजाइकेपरिअवसानकूंप्राप्तहोवे ॥ सो आनंदस्वरूपमैंआत्माहूं ॥ अब याहीअर्थकूं स्पष्टकरिकेदिखावैहैं ॥ मनुष्यलोकके आनंदतें शतगुणअधिकआनंद पितरोंकूंहोवेहे॥पितरोंतें शतगुणअधिकआनंद गंधर्वोंकूंहोवेहे॥गंधर्वोंतें शतगुणअधिकआनंद कर्मदेवतावों कूंहोवेहे॥कर्मदेवतावोंतें शतगुणअधिकआनंद आजानदेवतावोंकूंहोवेहे॥आजानदेवतावोंतें शतगुणअधिकआनंद प्रजापतिकूंहोवेहे प्रजाप तितें शतगुणअधिकआनंद हिरण्यगर्भकूंहोवेहे ॥ विषयजन्यसुखविषे हिरण्यगर्भलोककासुख सर्वतेंउत्कृष्टहे॥सोहिरण्यगर्भकाआनंद आनं दससुद्ररूपमैंआत्माके एककणकेसमानहे ॥ तात्पर्ययह ॥ विषयजन्यसकलसुखोंतें उत्कृष्टहिरण्यगर्भकाआनंदभी जभी आनंदससुद्रआ त्माके एककणकेसमानभया॥तभी मनुष्यादिकोंकेआनंदकीक्याकथाहे॥यातें सकलआनंदोंकाअवधिरूप मैंआत्माहूं ॥ यातें मैंआत्मा आ नंदस्वरूपहूं ॥ किंवा॥शब्दस्पर्श रूप रस गंध यहपंचप्रकारकेविषय लोकोंनें सुखकेकारणमानेहैं ॥ तेशब्दादिकविषयभी मुझपरमात्मा कूंहीं सुखकीप्राप्तिकरैंहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ शब्दादिकविषयोंतेंप्रगटभयाजोसुख सो मैंआत्माकाहीस्वरूपहे॥शंका ॥ शब्दादिकविषयोंतेंउ

त्पन्नभयेसुखोंकूं आत्मरूपतासंभवेनहीं॥काहेतें सत्चित्आनंदरूप आत्माकालक्षण तिनसुखोंविषेहैनहीं॥समाधान॥जिनपुरुषोंकूंवेदांतवा
क्योंतेंआत्माकायथार्थज्ञानभयाहै ॥ तेपुरुष शब्दादिकविषयजन्यसुखविषेभी वृत्तिरूपउपाधिकापरित्यागकरिके सुखमात्रकूं सत्चित्आ
नंदरूपहीमानेहैं॥ और आत्मज्ञानतेंरहित मूढपुरुषतो शब्दादिकविषयोंकूंहीसुखरूपमानेहैं॥ याकारणतेंहो तत्ववेत्तापुरुषकूं विषयकीप्रा
प्तिकालविषेभी आत्मस्वरूपनित्यसुखकाहीभान शास्त्रविषेकह्याहै ॥ किंवा ॥ शब्दादिकविषयोंविषे जोसुख प्रतीतहोवेहै ॥ सोभी आनं
दस्वरूपमुझआत्माकेसंबंधतेंहीं प्रतीतहोवेहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे गुडविषेजोमधुरताहै सो किसीवस्तुकेसंबंधतेंनहीं ॥ किंतु स्वतःही गुड
विषेमधुरताहै ॥ तागुडकाजिसवस्तुकेसाथसंबंधहोवेहै ॥ सोवस्तुभी मधुरप्रतीतहोवेहै ॥ तैसे मुझआत्माविषे जो आनंदरूपताहै सो
किसीकेसंबंधतेंनहीं ॥ किंतु मैंआत्मा स्वतःहीआनंदस्वरूपहूं ॥ तिसआनंदस्वरूपमुझआत्माकेसंबंधतें शब्दादिकविषयों विषे आनंद
रूपताप्रतीतहोवेहै ॥ स्वतः शब्दादिकविषयोंविषे आनंदरूपतानहीं ॥ तोभी आत्मज्ञानतेंरहितमूढपुरुष शब्दादिकविषयों कूंही
सुखरूपमानेहैं ॥ अन्यदृष्टांत ॥ जैसे वायुकास्पर्श शीतलनहीं तथाउष्णभीनहीं ॥ किंतु जलकेशीतस्पर्शतें तथाअग्निकेउष्णस्पर्शतें
विलक्षणहीं वायुकास्पर्शहै ॥ तथापि शीतस्पर्शवालेजलकेसाथतथाउष्णस्पर्शवालेतेजकेसाथ जभीवायुकासंबंधहोवेहै ॥ तभीतासमुद्र
संबंधीवायुकूं शास्त्रसंस्कारोंतेंरहित मूढपुरुष शीतस्पर्शवालाकहेहै॥तथा तेजसंबंधीवायुकूं उष्णस्पर्शवालाकहेहै ॥ और विचारवान्पुरुष
वायुकूं उष्णस्पर्शवाला तथाशीतस्पर्शवाला मानेंनहीं ॥ काहेतें जलकेसूक्ष्मअवयवोंकूं वायुउठाइ लेआवेहै ॥ तिनजलकेअवयवोंका
जभी शरीरसेसंबंधहोवेहै ॥ तभी शीतलताप्रतीतहोवेहै ॥ तेजलकेअवयवसूक्ष्महैं यातें तिनोंका चाक्षुषप्रत्यक्षहोवेनहीं ॥ याप्रकार
उष्णस्पर्शविषेभी जानिलेणा ॥ तैसे शब्दादिकविषयोंविषे आनंदस्वरूपआत्माकेतादात्म्यसंबंधकरिकेही आनंदरूपताहै ॥ स्वतःशब्दा
दिकविषयोंविषे आनंदरूपतानहीं ॥ तथापि आत्मज्ञानतेंरहित मूढपुरुषोंकूं याप्रकारकीभ्रांतिहोवेहै ॥ विषयोंतेंहीहमारेकूंसुखकीप्राप्तिहो
वेहै ॥ यातें हेप्रतर्दन मैंअद्वितीयआत्माही आनंदस्वरूपहूं ॥ शंका ॥ जो आत्माही आनंदरूपहोवे तो आत्मा सर्वदाविद्यमानहै ॥

किसीकालविषेभी आत्माकाअभावनहीं ॥ यातैं सर्वदा आनंदकोप्राप्तिहोणीचाहिये ॥ और सर्वदाआनंदकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥किंवा॥ शब्दा
दिकविषयही हमारेकूंसुखकेदेणेहारेहैं ॥ याप्रकार संपूर्णलोक कथनकरैंहैं ॥ ताकेविषे कौनकारणहै ॥ समाधान ॥ हेप्रतर्दन सर्वबुद्धिआ
दिकजडसंघातकासाक्षी प्राणप्रज्ञास्वरूपमैंआत्माहीं एकसुखरूपहूं ॥ ऐसेमुझआत्माका जभीयाजीवोंकूं अज्ञानहोवैहै ॥ तभी अज्ञानक
रिकेआवृतहुए तेमूढपुरुष शब्दादिकविषयोंकेप्राप्तिकीइच्छाकरैंहैं ॥ ताइच्छाकरिके अनंतदुःखोंकूंप्राप्तहोवैंहैं ॥ हेप्रतर्दन तिनअ
ज्ञानजन्यदुःखोंका तूभीपूर्वअनुभवकरिआयाहै ॥ यातैं आनंदरूपआत्माकेसर्वदाविद्यमानहुएभी ॥ अज्ञानरूपआवरणकेवशतैं पुरुषोंकूं
आत्मआनंदकाभानहोवैनहीं ॥ किंवा ॥ शब्दादिकविषयहमारे सुखकाकारणहैं ॥ याप्रकार जोसर्वलोक कथनकरैंहैं ॥ याकेविषे यहका
रणहै ॥ शब्दादिकविषयोंकेअप्राप्तिकालविषे तिनशब्दादिकोंकीइच्छाकरिके पुरुषोंकीबुद्धि चंचलहोवैहै ॥ और जभीपूर्वपुण्यकेवशतैं
तिनशब्दादिकविषयोंकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तभी किंचित्काल ताइच्छाकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ ताइच्छाकेनिवृत्तहुए किंचित्काल सोबुद्धि चंचल
तातैंरहित एकाग्रहोवैहै ॥ जबपर्यंत दूसरेपदार्थकीइच्छाउत्पन्ननहींभई ॥ तबपर्यंत सोएकाग्रबुद्धि मुझआनंदस्वरूपआत्माकरिकेव्याप्त
होवैहै ॥ याकारणतैंहीं सोएकाग्रबुद्धि सुखरूपआत्माकीन्याईं सुखरूपहुई प्रतीतहोवैहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे लोहपिंडविषे उष्णस्पर्श तथाप्र
काशमानता यद्यपि नहींहै ॥ तथापि अग्निकरिकेयुक्तहुआलोहपिंड अग्निकेसमान उष्णस्पर्शवाला तथाप्रकाशमान प्रतीतहोवैहै ॥ तैसे
बुद्धि यद्यपि सुखरूपनहीं तथापि आनंदस्वरूपमैंआत्माकरिकेव्याप्तहुई सोएकाग्रबुद्धि सुखरूपहोइकेप्रतीतहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ आनं
दरूपआत्माकेप्रतिबिंबयुक्तबुद्धिकी एकाग्रअवस्थाकूंहीं मूढपुरुष सुखरूपमानैंहैं ॥ और सोबुद्धिकोएकाग्रअवस्था शब्दादिकविषयोंकी
प्राप्तिकरिकेहीहोवैहै ॥ शब्दादिकविषयोंतैंबिना सोबुद्धिकीएकाग्रता होवैनहीं ॥ याप्रकार मूढपुरुष मानिकरिके शब्दादिकविषय हमारे
कूंसुखकीप्राप्तिकरैंहैं याप्रकारका कथनकरैंहैं ॥ शंका ॥ हेभगवन् आनंदरूपआत्माकेप्रति बिंबयुक्तबुद्धिकीएकाग्रअवस्थाजोलो
कप्रसिद्धसुखहोवै ॥ तो सर्वप्राणीमात्रकूं विषयजन्यसुख समानहोणाचाहिये ॥ और विषयजन्यसुख समानहोवैनहीं ॥ समाधान ॥

हेप्रतर्दन जैसे छिद्रयुक्तजोसर्षपकादाणाहै ॥ सो महान्समुद्रविषेप्राप्तहुआभी आपणेछिद्रकेपरिमाणहीं जलकाग्रहणकरैहै ॥ आपणे छिद्रतैंअधिकजलका ग्रहणकरैनहीं ॥ तैसे आनंदसमुद्रमैआत्माविषेप्राप्तभयीजोविषयजन्यबुद्धि ॥ सो आपणेपरिमाणहींआत्मानंदकूंग्रहणकरैहै ॥ आपणेपरिमाणतैंअधिकआनंदकूं बुद्धि ग्रहणकरैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे अतिस्वच्छदर्पणविषे सूर्यकेप्रतिबिंबकी अधिकताहोवैहै ॥ और मलिनदर्पणविषे सूर्यकेप्रतिबिंबको न्यूनताहोवैहै ॥ तैसे शुद्धसत्वगुणयुक्तएकाग्रबुद्धिविषे आनंदस्वरूपआत्माकाप्रतिबिंब स्पष्टहोवैहै ॥ यातैं तहांआनंदकीअधिकताप्रतीतहोवैहै ॥ और मलिनसत्वगुणयुक्तबुद्धिविषे आनंदकाप्रतिबिंब स्पष्टहोवैनहीं ॥ यातैं तहां आनंदकीन्यूनता प्रतीतहोवैहै ॥ याकारणतैंही चिरकालपीछे गृहविषेआयाजोपुरुष ताकूं जैसा प्रथम स्त्रीकेदर्शनतैं तथापुत्रादिकोंकेदर्शनतैं आनंदहोवैहै तैसो पुनःदर्शनतैं आनंदहोवैनहीं ॥ किंतु प्रथमदर्शनजन्यआनंदतैं न्यूनआनंद होवैहै ॥ काहेतैं प्रथम पुत्रादिकोंकेदर्शनतैं बुद्धि अत्यंतएकाग्रहोवैहै ॥ यातैं आनंदकीअधिकता प्रतीतहोवैहै ॥ और पश्चात् अन्यपदार्थोंकीइच्छाकरिकै बुद्धिचंचलहोवैहै ॥ यातैं पुनःपुत्रादिकोंकेदर्शनहुएभी प्रथमजैसाआनंद होवैनहीं ॥ यातैं यहसिद्धभया ॥ आनंदस्वरूपआत्माके प्रतिबिंबयुक्त जोएकाग्रबुद्धिहै ॥ ताकूं मूढपुरुष सुखरूपमानैंहैं ॥ सोसुखइच्छाकीनिवृत्तितैंविना होवैनहीं ॥ यातैं इच्छाकीनिवृत्तितासुखविषे कारणहै ॥ ताइच्छाकीनिवृत्ति शब्दादिकविषयोंकीप्राप्तितैंविनाहोवैनहीं ॥ यातैं शब्दादिकविषयोंकूं सुखकाकारणमानिकै अविवेकीपुरुष तिनशब्दादिकविषयोंकीप्राप्तिविषे यत्नकरैंहैं ॥ इसप्रकार छिक्कातथाकंडूयनआदिकोंतैं जोसुखउत्पन्नहोवैहै ॥ तिसविषेभी पूर्वउक्तरीतिजानिलेणी ॥ यातैं हेप्रतर्दन संपूर्णशरीरोंविषे आनंदस्वरूपमैंआत्माहीं सुखदेणेहाराहूं ॥ मेरेतैंभिन्नकोई सुखदेणेहारानहीं ॥ और सोईही आनंदस्वरूपआत्मा तेरास्वरूपहै ॥ और हेप्रतर्दन अद्वितीयआनंदस्वरूप मैंआत्माहूं याप्रकारकेआत्मज्ञानकरिकै अबतुम्हाराअज्ञाननिवृत्तभयाहै ॥ यातैं स्थूलशरीरभी तुम्हारानहीं ॥ जभी स्थूलशरीरका तुमारेविषे अभावभया ॥ तभी स्थूलशरीरकेधर्मजरामरणादिक तुमारेविषे किसप्रकारहोवैंगे किंतुनहींहोवैंगे ॥ और हेप्रतर्दन बुद्धिआदिकोंकासाक्षीरूप जोतेरास्वरूपहै तिसविषे

बुद्धिभीनहीं ॥ बुद्धिकेअभावहुए बुद्धिकेधर्मजेपुण्यपापादिकहैं तेभी तेरेस्वरूपविषेनहीं ॥ तात्पर्ययह जैसे लोकविषे प्रकाश्यघटादिकों केधर्म प्रकाशकदीपकादिकोंकूं स्पर्शकरैंनहीं ॥ तैसे प्रकाश्यबुद्धिकेपुण्यपापरूपधर्मप्रकाशकसाक्षी आत्माकूं स्पर्शकरैंनहीं ॥ तिसपुण्य पापकेअभावहुए इसलोकविषे तथापरलोकविषे सुखदुःखरूपफलकाभोक्ता आत्माहोवैनहीं ॥ और हेप्रतर्दन जोपुण्यपापरूपकर्मकेफल काभोक्ताहोवैहै ॥ तिसकी अधिकभोगोंकरिके वृद्धिहोवैहै॥और अल्पभोगोंकरिके न्यूनताहोवैहै॥और तूं कर्मोंकाकर्ता तथाभोक्ताहैनहीं॥ यातें तुमारीबुद्धि तथान्यूनता किसकारणतैंहोवैकितुनहींहोवैगी ॥ और हेप्रतर्दन जोअद्वितीयआत्मा मेरास्वरूपहै ॥ सोईहीअद्वितीय आत्मातेरास्वरूपहै॥और तूही सर्वकासाक्षीहै॥ऐसाआत्मस्वरूपतूं पुण्यपापरूपकर्मकेपराधीन कदाचित्भीनहीं॥किंतुआपणीसमीपताक रिके बुद्धिआदिकोंकूं पुण्य तथापाप करावताहै ॥ हेप्रतर्दन तूपरमात्मादेव जिसपुरुषकूं स्वर्गविषेलेजाणेकीइच्छाकरैहै ॥ तिसपुरुषकूं पुण्यकर्मकरावैहै ॥ और जिसपुरुषकूं नरकविषेलेजाणेकी तूइच्छाकरैहै ॥ तिसपुरुषकूं पापकर्म तूकरावैहै॥और जिसपुरुषकूं मनुष्यलोक विषेलेजाणेकी तूइच्छाकरैहै तिसपुरुषकूं पुण्यतथापापदोनों करावैहै ॥ शंका ॥ पुण्यकर्म तथा पापकर्मका करावणेहारा जोपरमात्माकूं मानैंगे ॥ तोजीवोंकीन्याई विषमता तथानिर्दयता रूपदोषकीप्राप्ति परमात्माविषेभीहोवैगी ॥ समाधान ॥ पुण्यकर्मकरिके यहपुरुष पुण्यकर्मवालाहोवैहै ॥ और पापकर्मकरिके पापकर्मवालाहोवैहै ॥ याप्रकार श्रुतिविषे कथनकर्‍याहै ॥ और तिनपुण्यपापकर्मोंकाज्ञान अल्पज्ञजीवकूंहैनहीं ॥ किंतु सर्वज्ञपरमात्माकूंहै ॥ यातें याजीवकेपूर्वपुण्य कर्मकेअनुसार उत्तरउत्तरजन्मविषे पुण्यकर्मोंकूंईश्वर करावैहै ॥ और याजीवके पूर्वपापकर्मके अनुसार उत्तरउत्तरजन्मविषे पापकर्मोंकूं परमात्माकरावैहै ॥ यातें परमात्माविषे विषमता तथानिर्दयतारूप दोषकीप्राप्तिनहीं ॥ यातें हेप्रतर्दन सर्वकर्मोंकाप्रेरक मुझ परमात्माकास्वरूपजोतूंहै ॥ सो पुण्यपाप रूपकर्मकेअधीननहीं ॥ किंवा ॥ हेप्रतर्दन संपूर्णबुद्धिआदिकोंकासाक्षी तथासकलकाप्रेरक जोतेरास्वरूप मैंनें कथनकर्‍याहै ॥ सोईहीतेरास्वरूप सर्वलोकोंकोपालनकरैहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे माता बालकोंकापालनकरैहै ॥ किंवा ॥ हेप्रतर्दन जैसे गृहकास्वामी आपणेपु

त्रादिकबांधवोंकूं नानाप्रकारकेभोगोंकीप्राप्तिकरिके तृप्तकरैहै॥तैसे तूंपरमात्मादेवभी संपूर्णजगतकूंआपणामानिकरिके नानाप्रकारकेभोगों कोप्राप्तिकरिके सर्वदातृप्तकरैहै ॥ और हेप्रतर्दन जैसे काष्ठतथामृत्तिकाकरिकेरचितप्रसिद्धसेतु जलकीमर्यादाकूंधारणकरैहै ॥ तैसे पुण्यवा नूजीव स्वर्गकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और पापीजीव नरककूंप्राप्तहोवैहै ॥ याप्रकारकेमर्यादाकूंधारणकरणेहारे जेवेद तथाब्राह्मणादिकहैं ॥ तिनोंके साथ विरोधकरणेहारेजेराक्षसादिकहैं ॥ तिनोंकूं आपणेबलकरिके तूंपरमात्माही वशकरैहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे राजा आपणेबलकरिकेदुष्टपुरु षोंकूंवशकरैहै ॥ और हेप्रतर्दन स्थावर तथाजंगम सर्वभूतोंविषे आकाशकीन्याई समानव्यापक जोपरमात्मादेवहै ॥ सो तेरेताई हमने कथनकऱ्या ॥ तिसअद्वितीयमेंपरमात्माकूं आत्मास्वरूपकरिकेतूंजाण ॥ और हेप्रतर्दन यहअद्वितीयआत्माकाज्ञानहीं मनुष्योंकेवासते हिततम हम मानतेहैं ॥ आत्मज्ञानतैंबिना कोईभीवस्तु जीवोंकाहिततमनहीं ॥ श्रीशंकरानंदमुनिरुवाच ॥ हेशिष्य आपणेप्रतिज्ञाकेसत्य करणेवासते देवराजइंद्र इसप्रकार हिततमआत्मज्ञानकूं प्रतर्दनराजाकेताई कथनकरताभया ॥ ताइंद्रकेउपदेशकूंश्रवणकरिके सोप्रतर्दनरा जा इंद्रकीन्याई आत्मज्ञानयुक्तहोताभया ॥ और देवराजइंद्रकूं दंडवत्प्रणामकरिके तथाइंद्रकीआज्ञाकूंपाइके सोप्रतर्दनराजा आपणीश्री काशीपुरीकूंजाताभया ॥ तहाँ श्रीकाशीपुरीविषेआइके प्रारब्धकर्मकीसमाप्तिकरणेवासतैं नानाप्रकारकेभोगोंकूंभोगताभया ॥ और भो गोंकूंभोगिकरिके जभीप्रारब्धकर्मकोसमाप्तिभई ॥ तभी शरीरकापरित्यागकरिके सोप्रतर्दनराजा इंद्रकेवास्तवअद्वितीयस्वरूपकूं प्राप्तहो ताभया ॥ तात्पर्ययह ॥ ब्रह्मकेसाथ अभेदरूप जोविदेहमोक्षहै ताकूं प्राप्तहोताभया ॥ हेशिष्य ॥ यहजोआत्मज्ञान हमने तेरेताई कथन कऱ्याहै ॥ सोईहीआत्मज्ञान प्रतर्दनादिकमहान्अधिकारियोंनें इंद्रादिकमहान् गुरुवोंतैंपायाहै॥यातैं यहआत्मज्ञानहीं अत्यंतदुर्लभहै॥पुनः सोआत्मज्ञानकैसाहै॥जिसआत्मज्ञानकीअप्राप्तितैं गुरुपदवीकेयोग्यजेब्राह्मणहैं तेभीशिष्यभावकूंप्राप्तहोवैहैं॥और जिसआत्मज्ञानकीप्राप्तितैं शिष्यपदवीकेयोग्यक्षत्रियादिकभी गुरुभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ यातैं आत्मज्ञानहीं गुरुपणेकासंपादकहै ॥किंवा॥ आत्मज्ञानविषेजोमहानताहै॥ सोमहानता अन्यकिसीपदार्थविषेनहीं ॥ किंतु सोमहानता आत्मज्ञानविषेहीहै ॥ याकारणतैंही छांदोग्यउपनिषद्‌विषे ज्ञानकेसमान दक्षि

॥ अथ स्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषाआत्मपुराणे तृतीयोऽध्याय प्रारंभः ॥

ॐ श्रीगणेशायनमः ॥ श्रीगुरुभ्योनमः श्रीकाशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥ अथ तृतीयअध्यायप्रारंभः ॥ तहाँद्वितीय अध्यायविषेऋग्वेदकेकौषीतकीउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्या॥तहाँ देवराजइंद्रने प्रतर्दनराजाकेताई प्राणप्रज्ञाउपहितआत्माका उपदेशकऱ्या ॥ तिसप्राणप्रज्ञारूपउपाधितैंभिन्नकरिकेआत्माकेजानणेविषे ॥ जेपुरुष समर्थनहीहैं ॥ तिनमुमुक्षुपुरुषोंकेबोधवास्तेप्राणादिकउपाधियोंतैंभिन्नकरिके आत्माकेवास्तवस्वरूपकूंकथनकरणेहारा जोकौषीतकीउपनिषद्काचतुर्थअध्यायहै॥ताकेअर्थकूं अब तृतीयअध्यायविषे निरूपणकरैहैं ॥ तहाँ पूर्वअध्यायविषेआत्मज्ञानकूंहीं हिततमकह्या ॥ तिसकूंश्रवणकरिके शिष्य अत्यंत आश्चर्यकूंप्राप्तहोताभया ॥ और संशयकरिकेयुक्त हुआसोशिष्यआपणेगुरुकेप्रति याप्रकार पूछताभया ॥शिष्यउवाच॥हेभगवन् प्रथमअध्यायविषे सनकादिकऋषियोंकातथा वामदेवादिक अधिकारियोंका परस्परसंवादरूपइतिहासकरिकेऋग्वेदकेऐतरेयउपनिषद्करिकेप्रतिपादितआत्मज्ञान आपने कथनकऱ्या सोकैसाआत्मज्ञानहै॥संसाररूपशूलकेनिवृत्तिकासाधनहै ॥ और द्वितीयअध्यायविषे इंद्रप्रतर्दनकेसंवादकरिके तिसीहीआत्मज्ञानकूंदृढकरिके हमारेताई आपनेकथनकऱ्या॥और पूर्वआपनेयहकह्या॥यहआत्मज्ञानही मनुष्योंकाहिततमहै॥आत्मज्ञानतैंभिन्नकोईभीपदार्थहिततमनहीं ॥याप्रकार आपकेवचनकूंश्रवणकरिके मैंअभी कृतकृत्यभयाहूं ॥ परंतु हमारेहृदयरूपकमलकूं आपकेवचनरूपपवनतैं उत्थानकूंप्राप्तभयासंशयरूपभ्रमर चलायमानकरैहै॥तात्पर्ययह॥जैसे पवनकेवेगतेउडिकरिके भ्रमर कमलकूंचलायमानकरैहै ॥तैसेपूर्वआपकेवचनतैंउत्पन्नभयासंशय हमारेहृदयकूं चलायमानकरैहै॥अब तासंशयकूंदिखावैहैं॥हेभगवन् द्वितीयअध्यायकेअंतविषे आपने यहकह्या ॥ इसअद्वितीयआत्माकेज्ञानतैं गुरुपदवीकेयोग्यब्राह्मणादिकभी शिष्यभावकूंप्राप्तहोवैं हैं ॥और शिष्यपदवीकेयोग्यक्षत्रियादिकभी इसअद्वितीयआत्माकेज्ञानतैं गुरुभावकूंप्राप्तहोवैंहैं ॥ यहआपकाकथन हमारेकूंदुर्घटप्रतीतहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ याकहणेकरिके आपनें आत्मज्ञानकीस्तुतिकरीहै ॥ अथवा यहवार्तापूर्वकभीहुईहै ॥ यातैं आपने हमारेप्रतिकहीहै ॥ यहसंशय हमारेकूंहोवैहै ॥ और हेभगवन् हमारेकूंतौ यहवार्ता दुर्घटप्रतीत होवैहै ॥ काहेतैं जैसे मुकुटकेधारणकरणेयोग्य मस्तकहोवैहै ॥ और पादोंविषेधारणकरणेयोग्य उपानहहोवैहैं ॥ सोउपानह मस्तकविषे

धारणहोवैंनहीं ॥ और मुकुट पादोंविषेधारणहोवैनहीं ॥ तैसे ब्राह्मणादिकोंविषेवर्त्तमानजोगुरुपणा सो क्षत्रियादिकशिष्योंविषे वर्तेनहीं ॥
और क्षत्रियादिकोंविषे वर्तमानजोशिष्यपणा सो ब्राह्मणोंविषे वर्तेनहीं ॥ याप्रकारकीदुर्घटता हमारेकूं प्रतीतहोवैहै ॥ यातें हेभगवन् आत्म
ज्ञानकीप्राप्तितें शिष्योंविषे गुरुपणा जोवेदविषे कहीं कथनकर्‍याहोवे तो हमारेप्रति आप कथनकरो ॥ आपतैंभिन्न कोईदूसरापुरुष हमा
रेकूं बोधकरणेहाराहैनहीं ॥ इसप्रकार शिष्यकेवचनकूंश्रवणकरिके अत्यंतहर्षयुक्तहुआश्रीगुरु शिष्यकेप्रति कहताभया ॥ श्रीगुरुरुवा
च ॥ हेशिष्य आत्मज्ञानकीप्राप्तितें शिष्यभी गुरुभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और आत्मज्ञानकीअप्राप्तितें गुरुभी शिष्यभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥
यहजो हमने पूर्वतुमारेताईं कथनकर्‍याहै सो आत्मज्ञानकीहमनेस्तुतिनहींकरी ॥ किंतु यहवार्ता पूर्वहोइगईहै ॥ तहाँ कौषीतकी
नामाऋषि बहुतकालपर्यंत तपकूंकरताभया ॥ तातपकेप्रभावतें वेदमंत्रोंकेजानणेकीसामर्थ्यकूंप्राप्तहोताभया ॥ पुनःसोकौषीतकी
नामाऋषि मुमुक्षुलोकोंकेकल्याणवासते आपणेशिष्योंकेप्रति कौषीतकीनामाउपनिषद्‌कूं कथनकरताभया ॥ ताकौषीतकीउपनिषद्‌विषे
यहवार्ता कथनकरीहै ॥ तथा बृहदारण्यकउपनिषद्‌विषे सूर्यभगवान् याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति यहवार्ता कथनकरताभयाहै ॥ तहाँ यहकथ
नकर्‍याहै ॥ यद्यपि क्षत्रिय वैश्य शूद्र यहतीनोंवर्णशिष्यपदवीकेयोग्यहैं गुरुपदवीकेयोग्यनहीं ॥ और ब्राह्मण गुरुपदवीकेयोग्यहैं ॥
शिष्यपदवीकेयोग्यनहीं ॥ तथापि आत्मज्ञानकीप्राप्तिवासते ब्राह्मणभी क्षत्रियराजाकाशिष्य होताभयाहै ॥ यहवार्ता बृहदारण्यक
तथाकौषीतकीउपनिषद्‌के चतुर्थ अध्यायविषेप्रसिद्धहै ॥ यातें हेशिष्य आत्मज्ञानकेप्रभावतें शिष्यभी गुरुभावकूंप्राप्तहोवैहै॥यहजोहमने
पूर्वकह्याहै॥सो आत्मज्ञानकीस्तुतिरूपअर्थवादनहीं किंतुयथार्थहै ॥ तहाँ कौषीतकीउपनिषद्‌विषे बालाकिब्राह्मणका राजाकेसाथसंवा
दरूप पुरातनइतिहासकथनकर्‍याहै॥तिसइतिहासकूं तुम श्रवणकरो ॥ ताकेश्रवणतें यहतुमारासंशय निवृत्तहोवैगा ॥ गर्गगोत्रविषेहैउत्प
त्तिजाकी ऐसाबलाकनामा एकब्राह्मणहोताभया ॥ सो बलाकनामाब्राह्मणकैसाथा ॥ षट्‌अंगोंकरिकेयुक्तचारिवेद जिसनेअध्ययनकरेहैं ॥
और धर्म विषेजिसकीनिष्ठाहै ॥ ऐसेबलाकनामाब्राह्मणकापुत्र बालाकिनामाब्राह्मण होताभया ॥ सोबालाकिब्राह्मणभी आपणेपिताकेसमा

नहीं वेदवेदांगविद्याविषेकुशलहोताभया ॥ परंतु मैंसर्वब्राह्मणोंतैंविद्याविषेअधिकहूं ॥ मेरेसमान कोईभीलोकविषेविद्वान्नहीं ॥ याप्रकारके विद्यामदकरिके तथा धनकेमदकरिके तथायौवनकेमदकरिके तिसबालाकिनामाब्राह्मणकी धर्मविषेनैष्ठानहींहोतीभयी॥और सोबालाकिब्राह्मण सर्वदिशावोंकेपंडितोंकूंजीतणेवासते हिमालयपर्वततैंआदिलेके सेतुबंधरामेश्वरपर्यंत जितनेकमध्यविषे कुरुदेश पांचालदेश काशीदेश मिथिलादेश इसतैंआदिलेके सर्वदेशोंविषे विचरताभया ॥ सोकैसाबालाकिहै ॥ जिसकीसर्वदेशोंविषेकीर्तिप्रसिद्धहै ॥ और बोलणे विषे अत्यंतवाचालहै ॥ और आत्मातैंभिन्नसर्वअनात्म पदार्थोंकूं जानणेहाराहै ॥ और आत्मसाक्षात्कारतैंरहितहै ॥ और प्राणकूंहींजिसने आत्मामान्याहै ॥ ऐसाबुद्धिमान्सोबालाकिब्राह्मण आपणेविद्याकेबलकरिके पांचालादिकदेशोंविषेस्थितजेब्राह्मण तथाक्षत्रिय तथावैश्य तिनसंपूर्णोंकूं जीतताभया॥इसप्रकार सर्वदेशोंकेब्राह्मणादिकोंकूंजीतिकरिके अत्यंतअभिमानकरिकेयुक्तहुआसोबालाकि काशीदेशकेब्राह्मणादिकोंकेजीतणेवासते कदाचित्काशीदेशविषे आवताभया ॥तहाँ काशीदेशविषे एककाशीकेराजाकूंछोडिकरिके जितनेब्राह्मणक्षत्रियवैश्यथे तिनसंपूर्णोंकूं सोबालाकिब्राह्मण जीतताभया ॥ पुनःसोबालाकि ब्राह्मण अजातशत्रुनामाकाशीराजाकेजीतणेकोइच्छाकरिके तहाँराजाकेसमीप जाताभया॥सोकाशीकाराजा अजातशत्रु कैसाहै॥अतिशयकरिकेधर्मात्माहै॥और सर्वधर्मात्मापुरुषोंविषेमुख्यहै ॥ और विनयकरिकेयुक्तहै ॥ और सत्यविषेजिसकीस्थितिहै ॥ और महात्मापुरुषोंकीसेवाविषे जिसकीनित्यहींप्रीतिहै ॥ औरजिसकेबलतैंअधिकबलवाला कोईभीशत्रु भूमिविषेउत्पन्नभयानहीं ॥ याकारणतैंहीं सोकाशीराजा अजातशत्रु यानामकूंप्राप्तभयाहै ॥ अथवाअंतरकेशत्रुजेअहंकारादिक हैं॥ते जिसकाशीराजाकेनष्टहुएहैं ॥ याकारणतैंसोराजा अजातशत्रु यानामकूंप्राप्तभयाहै ॥ अब अंतरशत्रुवोंकेअभावकूंदिखावैहैं ॥ आपणे शत्रुवोंविषे तथामित्रोंविषे तथाशत्रुमित्रभावतैंरहितउदासीनपुरुषोंविषे जिसराजाकी स्वप्नविषेभीविषमबुद्धिनहीं ॥ किंतुसर्वविषेजाकी समानबुद्धिहै॥और आपणेशरीरविषे तथाकृमिविषे जिसराजाकोविषमबुद्धिनहीं ॥ किंतु दोनोंविषेसमानबुद्धिहै॥तात्पर्ययह॥यहहमाराशत्रुहै ॥ औरयह हमारामित्रहै ॥ याप्रकारकीविषमबुद्धितैंहीं रागद्वेषादिक उत्पन्नहोवैहैं ॥ विषमबुद्धिरूपकारणकेअभावहुए रागद्वेषादि

रूपकार्यभी उत्पन्नहोवैंनही ॥ और सोविषमबुद्धि अजातशत्रुराजाविषेहैनहीं ॥ यातैं संपूर्णरागद्वेषादिकोंकाअभाव राजाविषेहै ॥ ऐसा अजातशत्रुराजा आपणीसभाविषेस्थितथा ॥ ताराजाकेजीतणेवासतै सोबालाकि तहाँआताभया ॥और विनाहींप्रसंगतैं सोबालाकि राजा केप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेराजन् तूं ब्रह्मज्ञानतैंरहितहै॥ और जन्ममरणरूपसंसारसमुद्रविषेडूबाहुआ है ॥ यातैं तुमारेताई मैं ब्रह्मकावास्तवस्वरूप उपदेशकरताहूं॥तूं मनकूंसावधानकरिकेश्रवणकर ॥ इसप्रकार बालाकिब्राह्मणकावचन श्रवणकरिके सोअजात शत्रुराजा अत्यंतहर्षकूंप्राप्तहोताभया ॥ और बालाकिब्राह्मणकेप्रति याप्रकारकेवचनकूं राजा कहताभया॥हे बालाकि ब्रह्मका मैंतुमारेताई उपदेशकरताहूं यहजो आपने प्रसंगतैंविनाहीं वचनकह्या ॥ तिसवचनरूपवर्षाकरिके हमारेकर्णोंकूं आपने शीतलकऱ्या ॥ और आपके यावचनकूंश्रवणकरिके मेरेहृदयविषे अत्यंतआनंद उत्पन्नभयाहै॥दृष्टांत॥जैसे किसीपुरुषका एकहीपुत्रहोवै॥सोपुत्र बहुतकालका किसी दूरदेशविषेगयाहोवे ॥और किसीपुरुषतैं तापुत्रकामरणा पिताने श्रवणकऱ्याहोवै॥और सोताकापिता धनसंपत्तिकरिकेयुक्तहोवे ॥ और वृद्धअवस्थाकूंप्राप्तहुआहोवै॥ऐसेपिताकूं मरणकेसमीपकालविषे जोकदाचित् सोपुत्र आइकेप्राप्तहोवे ॥ तापुत्रकेवचनकूंश्रवणकरिके जैसे तावृद्धपिताकूं आनंदहोवैहै ॥तैसे ब्रह्मकेउपदेशकीप्रतिज्ञारूप आपकेवचनकूं श्रवणकरिकेमेरेकूंअत्यंतआनंद उत्पन्नभयाहै ॥ और हे बालाकि हमारीसभाविषे अनेकबुद्धिमान्ब्राह्मण आवतेहैं॥और वेदोंकेपाठकूंउच्चारणकरिके तथावेदोंकेअर्थकूंप्रकाशनकरिकेआपणेआपणे विचित्रकर्मोंकूं दिखावैहैं और लोकविषेप्रसिद्ध जेनानाप्रकारकीविद्याहैं॥तिनविद्यावोंकूं तेब्राह्मणकथनकरैहैं ॥ और ब्रह्मविद्याकेप्रसंगकेप्राप्त हुएभी तथाहमारेकरिकेंपूछेहुएभी तेब्राह्मण ब्रह्मविद्याकूं कोइंकथनकरतानहीं ॥ तेकैसेब्राह्मणहैं ॥ विद्याकरिके लोकविषेप्रसिद्धहैं ॥ और वृद्धअवस्थायुक्तहैं ॥ और अनंतहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ ब्रह्मविद्याके नहींउपदेशकरणेविषे तीनकारणहोवैहैं ॥ एकतो अप्रसिद्धि ॥ और दूसरा अयोग्यता ॥ और तीसरा असहायता ॥ यातीनोंकारणोंका इनब्राह्मणोंविषेअभावहै ॥ काहेतैं ब्रह्मविद्यावान्रूपकरिके इनब्राह्मणोंकी सर्वत्रप्रसिद्धिहै ॥ यातैं अप्रसिद्धिरूपकारणभी इनोंविषेनहीं ॥ और यहब्राह्मण वृद्धअवस्थाकरिकेयुक्तहैं ॥ और श्रद्धापूर्वक हमने

२१

इनोतैंब्रह्मविद्यापूछीहै ॥ यातैं अयोग्यतारूपकारणभी इनोंविषेनहीं ॥ और यहसहस्रब्राह्मण एकठेहुएहैं ॥ यातैं असहायतारूपकारणभीइनोंविषेनहीं ॥ किंतु प्रसिद्धि तथायोग्यता तथासहायता यहतीनकारण ब्रह्मविद्याउपदेशके इनब्राह्मणोंविषे विद्यमानहैं ॥ तथापि इनब्राह्मणोंतैं हमारेताई कभीभीब्रह्मविद्याकाउपदेशकर्‌यानहीं ॥ और हेबालाकि आपविषेयातीनोंकारणोंकाअभावहै ॥ काहेतैंबाल्यआवस्थाकरिकैंयुक्तहो ॥ यातैं प्रसिद्धिरूपकारणभी आपविषेनहीं ॥ और हमनैं आपसैंब्रह्मविद्यापूछीनहीं ॥ यातैं योग्यतारूपकारणभी तुमारेविषेनहीं ॥ और आप अकेलेहो ॥ यातैं सहायतारूपकारणभी आपविषेनहीं॥ याप्रकार उपदेशकेतीनकारणोंकेअभावहुएभी ब्रह्मकाउपदेश तुमारेताई मैंकरताहूं ॥ यहजो आपने हमारेप्रति वचनकह्या ॥ ताआपकेवचनकूंश्रवणकरिके हम बहुतसंतोषकूंप्राप्तभयेहैं ॥ यातैं हेबालाकि आप ब्रह्मकाउपदेशहमारेप्रतिकरो अथवा नहींकरो ॥ परंतु ब्रह्मउपदेशकीप्रतिज्ञारूपतुमारेवचनको हमनैं यहदक्षिणा मनविषेधारणकरीहै ॥ एकसहस्रगौवां तैंब्रह्मवक्ताकेताई मैंदेताहूं ॥ केसियांते गौवांहैं ॥ घटकीन्याईं जिनोंकाऊधसहै ॥ और एकवर्षविषे वत्सकूंदेणेहारियांहैं ॥ और जिनोंकास्वभाव अत्यंतसौम्यहै ॥ ऐसी गौवांको एकसहस्र मैंतुमारेताई देताहूं ॥ इसप्रकारकेवचनकूंकहिकरिके सोअजातशत्रुराजा जैसे शास्त्रविषेगोदानकीविधिकहीहै ॥ तिसप्रकार सुवर्णादिकसामग्रीयुक्तसहस्रगौवांकूं बालाकिकेताई देताभया ॥ ब्रह्मउपदेशकी प्रतिज्ञामात्रतैं सहस्रगौवांकेदेणेविषे अजातशत्रुराजाका यह अभिप्रायहै ॥ ब्रह्मवेत्ता तथाउदारताआदिकसर्वगुणसंपन्न मैंअजातशत्रुराजाकूं नजाणिकरिके यहब्राह्मण जनकराजाकेसमीपजावेहै ॥ और मोहकेवशहुएतेब्राह्मण याप्रकारकेवचनकूं कथनकरैहै ॥ जैसे पिता पुत्रोंकेताई धनादिकपदार्थोंकूंदेवेहै ॥ तथा पुत्रोंकरिकेअध्ययनकरीविद्याकूंभी पिता श्रवणकरैहै ॥ तैसे जनकराजाभी ब्राह्मणोंकेताई धनकादान तथाब्रह्मविद्याकादान करैहै और आपभीजनकराजा ब्राह्मणोंतैंब्रह्मविद्याकाश्रवणकरैहै ॥ याप्रकार जोलोक कथनकरैहै ॥ सो मुझअजातशत्रुराजाकेप्रभावकूंनजाणिकरिके केवलभ्रांतितैंकथनकरैंहैं ॥ काहेतैं जनकराजाकेप्रति अभीकोईब्राह्मण ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरताहै ॥ तभी तिसउपदेशतैंअनंतर जनकराजा तिसब्राह्मणकेताईं

सहस्रगो दक्षिणादेताहे ॥ और मैंअजातशत्रुराजातो ब्रह्मविद्याहमतुमारेताईकथनकरतेहैं याप्रकारकेवचनमात्रकहणेहारेब्राह्मण
केताईभी सहस्रगोवोंकूंदेताहूं ॥ यातें जनकराजातें हमारीउदारता अधिकहे ॥ तिसहमारीउदारताकूं न जाणिकरिके जनकराजाकेसमीप
लोक जावैंहैं ॥ याप्रकार अजातशत्रुराजाकेअभिप्रायकूं सोअल्पबुद्धिबालाकि नहींजाणताभया ॥ किंतु याप्रकार जाणताभया ॥ याअ
जातशत्रुराजाकूं ब्रह्मजानणेकी अत्यंतउत्कटजिज्ञासाहे ॥ याकारणतें ब्रह्मविद्याकेउपदेशतैंप्रथमहीं सहस्रगो हमारेताईं राजानें दीयाँहैं ॥
यातें याराजाकी जिज्ञासा पूर्णकरीचाहिये ॥ याप्रकारकीभ्रांति बालाकिकूंहोतीभई और बालाकिने जोब्रह्मकास्वरूप आपणेगुरुतैंजान्या
था ॥ तिसीब्रह्मका राजाकेताईउपदेशकरताभया ॥ तहाँ व्यष्टिरूपकूंधारणकरणेहाराजो अध्यात्महे ॥ और समष्टिरूपकूंधारणकरणे
हाराजो अधिदेवहे ॥ सोअध्यात्मअधिदेवरूपप्राणहीं ब्रह्महे ॥ याप्रकार अव्याकृतपर्यंत सविशेषप्राणरूपब्रह्म बालाकिने जान्याथा ॥ सो
राजाकेताई कथनकरताभया ॥ परंतु अव्याकृततैंपरे जोनिर्गुणब्रह्महे ॥ ताकूं बालाकिने जान्यानहींथा ॥ यातें राजाके ताईं नहींकहता
भया ॥ इसप्रकार जोजोब्रह्मकाउपदेश बालाकि राजाकेताईकरे ॥ तिसतिसउपदेशकूं राजाअजातशत्रु हेबालाकि यहहमनेंआगे जान्याहे
याप्रकारकेवचनकरिके तथानिषेधकाबोधकजोहस्तकीचेष्टाहे ताकरिके खंडनकरताजावे ॥ और पुनःसोबालाकि याप्रकार कहताभया ॥
हेराजन् आदित्य १ चंद्रमा २ विद्युत् ३ मेघमंडलकाशब्द ४ आकाश ५ वायु ६ अग्नि ७ जल ८ यहअष्ट अधिदेवब्रह्मपुरुषहैं ॥ और
प्रतिबिंबकेग्रहणकरणेयोग्य जोदर्पणादिकउज्वलवस्तु १ और दशोदिशारूपश्रोत्र २ और वेगकरिकेचलतेहुएपुरुषकेपश्चात्होणेवालाजो
ध्वनिरूपशब्द ३ औरपुरुषकेसमानहैआकारजाकाऐसाजोछायास्वरूप ४ और स्थूलशरीर ५ तथासूक्ष्मशरीर ६ और दक्षिणनेत्रविषे
स्थितजोसूक्ष्मशरीरकाआकार ७ तथावामनेत्रविषेस्थितजोसूक्ष्मशरीरकाआकार ८ यहअष्ट अध्यात्मब्रह्मपुरुषहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ आदि
त्यादिकषोडशस्थानोंविषेस्थित जेषोडशब्रह्मपुरुषहैं ॥ तिनोंकूं ब्रह्मबुद्धिकरिके मैं उपासनाकरताहूं ॥ यातें हेराजन् तूभी तिनषोडशपु
रुषोंकूं ब्रह्मबुद्धिकरिकेउपासनाकर ॥ तिसउपासनातें तुमारेकूं महाफलकीप्राप्तिहोवेगी ॥ याप्रकार बालाकिकेवचनकूंश्रवणकरिके सोअ

जातशत्रुराजा बालाकिकेप्रति कहताभया ॥ हेबालाकि इनषोडशब्रह्मपुरुषोंकूं हमनें पूर्वभलीप्रकारजान्याहे ॥ और हमनें पूर्व तिनब्रह्मपुरुषोंकीउपासनाभीकरीहे ॥ यातें पूर्वजानीवस्तुका पुनः उपदेशकरणा तुमाराव्यर्थहे॥इसप्रकार बालाकिने जोजोब्रह्मकास्वरूपजान्याथा॥ तिनसंपूर्णोंकूं राजाअजातशत्रु हमनें यहआगेजान्याहे ॥ याप्रकारकेउत्तरकरिके खंडनकरताभया ॥ इसतैंपरे निर्गुणब्रह्मकेस्वरूपकूं सोबालाकिब्राह्मणजाणतानहीं ॥ जो राजाकेताई उपदेशकरे ॥ और बालाकिने पूर्वयहप्रतिज्ञाकरीथी ॥ हेराजन् मैंतुमारेताई ब्रह्मकाउपदेशकरताहूं ॥ सोप्रतिज्ञा बालाकिकी मिथ्याहोतीभई ॥ यातें ताबालाकिकामुख अत्यंतग्लानियुक्तहोताभया ॥ और चोरकीन्याई नीचेमुखकरिके सोबालाकि सभाविषेतूष्णीभावकूंप्राप्तहोताभया ॥ सोकैसाबालाकिहै ॥ कुलमदकरिके तथाविद्यामदकरिके तथाधनमदकरिके अत्यंतअहंकारीहुआहे ॥ और ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य यातीनवर्णोंकेतिरस्कारजन्यपापोंकरिके नष्टहोइगयीहैमुखकीकांतिजिसकी ॥ और शरदऋतुकेमेघकीन्याई व्यर्थहेगर्जनाजिसकी ॥ ऐसेबालाकिब्राह्मणकूं राजाअजातशत्रु देखिकरिके ताबालाकिकेअभिमानकीनिवृत्तिवास्तेनिर्दयपुरुषकीन्याईउच्चस्वरकरिके याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेदुष्टबुद्धिबालाकिविप्र जिसब्रह्मज्ञानका तुमनें हमारेप्रतिकथनकर्‍याहे ॥ इतनाहींतुमारेकूंब्रह्मज्ञानहे ॥ अथवा इसतें अधिकभीकछुतेरेकूंज्ञानहे ॥ जोइसतेंअधिकतेरेकूंज्ञानहोवे तोहमारेप्रतिकहो ॥ और हेबालाकि तेरेतैंभीअधिकविद्यावालेसहस्रब्राह्मण यहांहमारीसभाविषेस्थितहैं ॥ परंतु विद्यामदकरिकेमोहित तेरेसमान कोईभीब्राह्मणनहीं ॥ किंतु एकतुंही विद्यामदकरिकेमोहकूंप्राप्तभयाहे ॥ यातें हेबालाकि जोतेरेकूं पूर्वउक्तज्ञानतेंअधिकज्ञानहोवे ॥ तो हमारेप्रतिकहो ॥ इसप्रकार अजातशत्रुराजाकेवचनोंकूंश्रवणकरिके सोबालाकिब्राह्मण याप्रकारकहताभया ॥ हेराजन् जिसब्रह्मकाउपदेश हमनें तुमारेताईकर्‍याहे ॥ सोईहीब्रह्मकास्वरूप गुरुनें पूर्वहमारेताई उपदेशकर्‍याहे ॥ इसतैंअधिकब्रह्मकेस्वरूपकाउपदेश गुरुनें हमारेताई कर्‍यानहीं ॥ यातें पूर्वउक्तकार्यब्रह्मकेस्वरूपतैंभिन्न निर्गुणब्रह्मकेस्वरूपकूं मैं जानतानहीं ॥ इसप्रकार बालाकिब्राह्मणकेवचनकूंश्रवणकरिके सो अजातशत्रुराजा याप्रकारकेवचनकूं बालाकिकेप्रति कहताभया

हेबालाकिब्राह्मण जोतैंनैं पूर्वंब्रह्मकास्वरूप हमारेताई उपदेशकऱ्या ॥ तिसतेरेउपदेशकरिकैनिर्गुणब्रह्मकास्वरूप जान्याजा
वैनहीं ॥ यातैं मैंतुमारेताई ब्रह्मकाउपदेशकरोंहूं ॥ यहतुमारावचन मिथ्याहोवैहै ॥ और मिथ्यावचनतैंपरेकोईपापकर्मनहीं ॥ याकार
णतैंहीं बुद्धिमान्पुरुष आपणेवचनकूंमिथ्याकरैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ आपणेसत्यवचनकरणेविषे जोकदाचित् पुत्रस्त्रीधनादिकपदार्थों
काभीपरित्यागहोताहोवै ॥ तो तिनपुत्रादिकोंकापरित्यागकरिकैभी बुद्धिमान्पुरुष आपणेवचनकूंसत्यकरैहै ॥ आपणेवचनकूंमिथ्याक
रैनहीं ॥ काहेतैं मिथ्यावादीपुरुष याजगत्विषे कर्मचांडालहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ चांडाल दोप्रकारकेहोवैहैं ॥ एकतो जातिकरिकैचां
डालहै ॥ जैसे प्रसिद्धश्वानादिकोंकूंभक्षणकरणेहारेचांडालहैं ॥ तिनोंविषे चांडालत्वजातिरहैहै ॥ और दूसरे कर्मकरिकैचांडालहोवैहैं ॥
जैसे मिथ्यावादीपुरुषहैं ॥ मिथ्यावचनरूपकर्मकरिकै तेचांडालहैं ॥ तिसविषेभी जोपुरुष स्वतंत्रहुआ गुरुकेसमीप तथाराजादिकोंके
समीप मिथ्यावचनकूंकहैहै ॥ सोपुरुष विशेषकरिकेकर्मचांडालहै ॥ यातैं मिथ्यावचनकेसमान कोईभीपापकर्मनहीं ॥ किंवा ॥ " व
र्णिनांहिवधोयत्र तत्रसाक्ष्यऽनृतंवदेत् "॥ अर्थयह ॥ जहां ब्राह्मणादिकोंकीहिंसाहोतीहोवै ॥ तहां ब्राह्मणादिकोंकीरक्षावासतै साक्षीपुरुष
मिथ्यावचनकूंभीउच्चारणकरै ॥ तामिथ्यावचनकरिकै साक्षीपुरुषकूं पापहोवैनहीं ॥ उलटा पुण्यकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ इसतैंआदिलेके जोशा
स्त्रने मिथ्यावचनकहणकेकारणकहेहैं ॥ तिनकारणोंतैंविना जोपुरुष मिथ्यावचनकूंकथनकरैहै ॥ तिसपुरुषकीजिह्वाकूं शस्त्रकरिकै यम
किंकर छेदनकरैहैं ॥ किंवा॥ लोकविषे जितनेकिअधमपुरुषहैं ॥ तिनसंपूर्णोंविषे मिथ्यावचनकहणेवालापुरुषही मुख्यअधमहै ॥ किंवा ॥
जोपुरुष अग्निआदिकदेवतावोंकेसमीप तथागुरुकेसमीप तथाराजाकेसमीप मिथ्यावचनकूंउच्चारणकरैहै ॥ तिसमिथ्यावादीपुरुषकूं विचा
रतैंविनाहीं राजा हननकरै ॥ याप्रकार यद्यपि शास्त्रविषेकह्याहै ॥ तथापि हेपापिष्टबालाकि तुंब्राह्मणहै ॥ याकारणतैं तुमारेशरीरकाहनन
मैंनेंनहींकऱ्या ॥ कैसामैंहूं सर्वधर्मकूंजानणेहाराहूं ॥ तिसविषेभी राजसभाविषे विशेषकरिकै मैंधर्मकूंजानोहूं ॥ किंवा ॥ हेबालाकिअनेकसा
धुब्राह्मणोंका तुमनैं निरादरकऱ्याहै ॥ तापापकर्मकरिकेही मैंब्रह्मकाउपदेशतुमारेताईकरताहूं यहतुमारीप्रतिज्ञा मिथ्या भईहै ॥ काहेतैंय

यहशास्त्रकासिद्धांतहै ॥ जोकोईअधमपुरुष समदर्शीसाधुब्राह्मणोंकूं शरीरकरिकै तथावाणीकरिकै तथामनकरिकै दुःखकीप्राप्तिकरैहै ॥ तिसअधमपुरुषकेसर्वमनोरथोंकूं सूर्यादिकदेवता नष्टकरैहैं ॥ तिसपुरुषका कोईभीमनोरथ सिद्धहोवैनहीं ॥ किंवा ॥ जोपुरुष सर्वप्राणियोंकूंदुःखकीप्राप्तिकरैहै ॥ सोपुरुष इसलोकविषे तथापरलोकविषे आपणेकूंहीदुःखकीप्राप्तिकरैहै ॥ तथाजोपुरुष सर्वप्राणियोंकूंसुखकीप्राप्तिकरैहै ॥ सोपुरुष इसलोकविषे तथापरलोकविषे आपणेकूंहींसुखकीप्राप्तिकरैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे जोपुरुष आपणेमस्तककूं दूसरेकामस्तकजाणिकरिकै ताडनकरैहै॥सोपुरुष आपहीदुःखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे आपणाआत्मास्वरूपजोसर्वप्राणीहैं ॥ तिनोंकूं आपणेतैंभिन्नमानिकरिकै जोपुरुष किसीप्राणीकूंदुःखकीप्राप्तिकरैहै॥सोअधमपुरुष आपणेकूंहींदुःखकीप्राप्तिकरैहै॥किंवा॥ हेबालाकि विद्यादिकों के मदकरिकैउत्पन्नभयाजोमोह ॥ तामोहकरिकै तुमनैं बहुतसाधुब्राह्मणोंकानिरादरकऱ्याहै॥तिसनिरादररूपपापकर्मकाफल अबीतेरेकूंआइकेप्राप्तभयाहै॥ यातैं हेबालाकि ब्रह्मकाउपदेश मैंतुमारेताईंकरताहूं यहजोमिथ्यावचन तुमने हमारेप्रतिकथनकऱ्याहै ॥ ऐसामिथ्यावचन आजदिनतैंलेकरिकैकिसीकालविषे किसीपुरुषकेआगे तुम नहींकहणा ॥ और हेबालाकि शमदमादिकसाधनोंकरिकैयुक्त जेमुमुक्षुब्राह्मणहैं ॥ तिनोंकूं विशेषकरिकैगुरुहीशिक्षाकरैहै॥ क्षत्रियादिक शमादिसाधनयुक्तब्राह्मणोंकेशासनाकरणेकूं यद्यपियोग्यनहींहैं ॥ तथापि तूंशमदमादिकसाधनोंतैंरहित उन्मत्तब्राह्मणहै ॥ याकारणतैं हमनें तुमारेकूं शासनाकरीहै ॥तात्पर्ययह॥ एकधर्मशास्त्रतो याप्रकारकहैहै॥ "नाऽदंड्यो नामराज्ञोऽस्ति धर्माद्विचलितःस्वकात्"॥अर्थयह॥ जोपुरुष आपणेवर्णाश्रमकेधर्मतैंरहितहुआ विपरीतआचरणकूंकरैहै॥ सोपुरुष राजाकरिकैदंडकरणेयोग्यहै ॥ और दूसरेधर्मशास्त्रविषे यहकह्याहै॥"अक्षतोब्राह्मणोव्रजेत्"॥अर्थयह॥ शरीरकादंड ब्राह्मणकूं राजानैंनहींकरणा॥ यादोनोंशास्त्रोंकीव्यवस्थाकरिकै मैंने वाणीकरिकै तेरानिरादरकऱ्याहै ॥ तात्पर्ययह ॥ चारिप्रकारकादंड नीतिशास्त्रविषेकह्याहै ॥ धिक्दंड१ वाक्दंड२धनदंड३शरीरदंड४याचारिप्रकारकेदंडविषे कोईभीदंड जोतुमारेकूंनकरिये ॥ तो प्रथमशास्त्र व्यर्थहोवैगा ॥ ताप्रथमशास्त्रकीप्रमाणतावासते तुमारेविषे दंडकरणेकीप्राप्तिअवश्यहोवैहै॥तिनदंडोंविषेभी शरीरकादंड ब्राह्मणविषे"अक्षतोब्राह्मणोव्रजेत्"याद्वितीय

शास्त्रकरिकेहींनिवारणकऱ्याहै ॥ यातें शरीरकाहननरूपदंड ब्राह्मणविषेसंभवैनहीं ॥ और धनकाहरणरूपदंडभी ब्राह्मणविषेसंभवैनहीं ॥ काहेतें भिक्षुकब्राह्मणोंविषे धनकीयोग्यताहैनहीं ॥ और धिक्दंड तथावाक्दंड दुरात्माब्राह्मणोंविषेभी संभवैहै ॥ याकारणतें हेबालाकि तुमारेकूं कठोरवाणीकरिकै हमने ताडनकऱ्याहै ॥ और हेबालाकि धर्मशास्त्रविषे राजाकायहधर्मकह्याहै ॥ उत्तमपुरुषोंकेताईं तथाअधम पुरुषोंकेताईं राजानें सर्वदाहितकाउपदेशकरणा ॥ याशास्त्रकूंअंगीकारकरिकै मैंतेरेताईं हितकाउपदेशभीकरताहूं ॥ तुम श्रवणकरो॥हेबा लाकि जोतुमनें पूर्वषोडशब्रह्मपुरुषकहेहैं ॥ तिनोंकेज्ञानतें मोक्षकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ किंतु तिनषोडशपुरुषोंका तथासकलप्रपंचका कारणजो परमात्माहै ॥ तिसकेज्ञानतेंहीं मोक्षकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातें सोपरमात्माही तुमारेकूंजानणेयोग्यहै ॥ और तिसपरमात्माकाज्ञान गुरुकेउपदे शतैंविना होवैनहीं ॥ यातें आत्मज्ञानकीप्राप्तिवासतै आपणेगुरुकेसमीप तुमजावो ॥ और गुरुकेउपदेशतें जोआत्मज्ञानकूं तूंनहींसंपादनकरेगा ॥ तो यहविद्यामद वारंवारतुमारेकूं जन्ममरणरूपनरककीप्राप्तिकरैगा ॥ और हेबालाकि जोपरमात्मा इसजगत्की उत्पत्तिकातथास्थितिका तथालयका कारणहै ॥ सोईहीपरमात्मा ब्रह्मशब्दकाअर्थहै ॥ और ब्रह्मशब्दजन्यज्ञानकाविषयहै ॥ इसप्रकार राजाअजातशत्रुकेवचनकूंश्रवणकरिकै सोबालाकिब्राह्मण अभिमानतेंरहितहोताभया ॥ औरयाप्रकारकेअभिप्रायकरिकै सोबालाकि राजाअजातशत्रुकूंहीं गुरुरूपकरिकैनिश्चयकरताभया अब ताबालाकिकेअभिप्रायकूं दिखावैहैं ॥ जिसआत्माकेज्ञानतें पुरुषोंविषेगुरुपणाहोवैहै ॥ सो आत्मा अत्यंतगुरुहै ॥ ताआत्माकेउपदेशकरणेहारा जोकोईकपुरुषहै ॥ तिसकूंभी गुरुपणायोग्यहै ॥ और अहंकारादिक जिसपुरुषकेआश्रितरहैं हैं ॥ तिसकूंभी लघुताकीप्राप्तिकरैहैं ॥ यातें तेअहंकारादिक अत्यंतलघुहैं ॥ तिनअहंकारादिकोंकी जोपुरुष निवृत्तिकरैहै ॥ सोपुरुषभी गुरुहोणेकूंयोग्यहै ॥ यहदोनोंप्रकारकालक्षण याअजातशत्रुराजाविषेघटैहै ॥ काहेतें विद्यामद तथाध नमद तथाकुलमद यहतीनप्रकारकामद मेरेकूं नरककीप्राप्तिकरणेहाराहै ॥ और इसलोकविषेभी जिसमदकेसंबंधतें महात्मापुरुषोंकीस भाविषे निरादररूपलघुताकूं मैंप्राप्तभयाहूं ॥ यातें विद्यादिकोंकामद अत्यंतलघुहै ॥ और अनंतप्रकारकेदुःखोंकूंकरणेहाराहै ॥ याप्रकार

कहमोरमदकूं याराजानैं अनादररूपउपायकरिकै निवृत्तकऱ्याहै ॥ और राजा आपविद्यादिकमदतैंरहितहै ॥ यह गुरुकालक्षण या अजा तशत्रुराजाविषेघटैहै ॥ यातैं यहअजातशत्रुराजाही हमारागुरुहोणेकूंयोग्यहै॥किंवा ॥ याअजातशत्रुराजाकापरित्यागकरिकै अन्यकिसीगुरु केसमीप जोमैंजावोंगा ॥ तौ हमारे विषे कृतघ्नतादोषकीप्राप्तिहोवेगी ॥ काहेतैं जोपुरुष किसीपुरुषकेकियेउपकारकूंनहींमानता सोपुरुष कृतघ्नहोवैहै ॥ और याराजानैं हमारेअहंकारादिकोंकोनिवृत्तिकरीहै ॥ यातैं याराजानैं हमारेऊपर महान्उपकारकऱ्याहै ॥ ताराजाकेउ पकारकूं नमानिकरिकै जोमैं अन्यगुरुकेसमीपजावोंगा ॥ तौ मैंभी कृतघ्नहोवोंगा ॥ यातैं याअजातशत्रुराजाकूंहीं गुरुमानिकै याकेशरण कूंप्राप्तहोवों ॥ किंवा ॥ इसलोकविषे राजाअजातशत्रु जैसे ब्रह्मकेवास्तवस्वरूपकूंजाणताहै तैसे दूसराकोईपुरुष ब्रह्मकेवास्तवस्वरूप कूंजाणतानहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे लोकविषे द्वितीयाकाचंद्रमा जिसपुरुषनें नेत्रोंकरिकैप्रत्यक्षदेख्याहोवे ॥ सोईहीपुरुष दूसरे पुरुषकूं चंद्रमादिखावणेमैंसमर्थहोवैहै ॥ और जिसपुरुषने आप चन्द्रमानहींदेख्या ॥ सोपुरुष दूसरेकूं चंद्रमादिखावणेमैंसमर्थहोवै नहीं ॥ तैसे याराजातैंभिन्नपुरुषोंनैं ब्रह्मकेवास्तवस्वरूपकूंजान्यानहीं ॥ तो हमारेप्रति ब्रह्मकेवास्तवस्वरूपकूं ते कैसेकहैंगे॥किंवा॥ पूर्वजि नगुरुवोंतैं मैंविद्याअध्ययनकरीहै ॥ तिनोंकूंभी ब्रह्मकेवास्तवस्वरूपकाज्ञाननहीं ॥ काहेतैं जोतिनोंकूंब्रह्मकेवास्तवस्वरूपकाज्ञानहोता ॥ तौ प्राणकेसमानप्रियमैंशिष्यकेताईं तेगुरु ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरते ॥ और तिनगुरुवोंनैं ब्रह्मविद्याकाउपदेश हमारेताईं कऱ्यानहीं ॥ किंतु जितनीविद्या तिनगुरुवोंकूंआवतीथी ॥ तितनीसर्वविद्या तिनगुरुवोंने हमारेताईं अध्ययनकराईहै ॥ ब्रह्मविद्या तिनगुरुवोंनैं हमारेप्र तिकहीनहीं ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ तिनगुरुवोंकूं ब्रह्मकेवास्तवस्वरूपकाज्ञाननहीं ॥ और हिमालयतैंआदिलेकैसेतुबंधरामेश्वरपर्यंत ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य यातीनवर्णोंविषे जितनेकप्रसिद्धविद्वान्हैं ॥ तिनसंपूर्णोंकूं मैंपराजयकरिकै राजाअजातशत्रुकेपराजयकरणेवासते यहांआयाहूं ॥ यातैं याराजातैं तथापूर्वहमारेगुरुवोंतैं भिन्नजितनेकब्राह्मणादिकविद्वान्हैं ॥ तेसंपूर्ण हमारेशिष्यभावकूंप्राप्तभयेहैं ॥ यातैं तिनोंतैंभी ब्रह्मविद्याकेप्राप्तिकीसंभावना होवैनहीं ॥ जोतिनब्राह्मणादिकोंकूं ब्रह्मविद्याआवतीहोती तौ हमारेसैंपराजयकूंप्राप्त

नहींहोते ॥ और तिनसंपूर्णब्राह्मणोंकूं मैंपराजयकरिआयाहूं ॥ यातें तिनोंविषेब्रह्मविद्याकीसंभावनाहोवेनहीं ॥ और यहअजातशत्रुराजा यद्यपिहैतोमनुष्य ॥ तथापि गुणोंकरिकेदेवतावोंकेसमानहै ॥ अथवा देवतावोंतैंभीअधिकगुणवान्है ॥ काहेतैं यह अजातशत्रुराजा प्रमादतैंरहितहुआ ब्रह्मविद्याकूंधारणकरैहै ॥ और अधिकारीमुमुक्षुजनोंकेताईभी ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरैहै ॥ यातें यहअजातशत्रुराजा देवतावोंतैंभीअधिकहै ॥ और इंद्रादिकदेवतातो देवांगनावोंकेमुखकादर्शनरूपमदिरापानकरिके अत्यंतमोहकूंप्राप्त भयेहैं ॥ यातें तेदेवता ब्रह्मविद्याकूंजाणतेहुएभीनहींजाणते ॥ दृष्टांत ॥ जैसे याभूमिलोकविषे मद्यपानकरणेहारेपुरुष आपगृहादिकोंकूं जाणतेहुएभीनहींजाणते ॥ और यह अजातशत्रुराजा इतनीलक्ष्मीकूंपाइकेभी मुनिलोकोंकीन्याई अभिमानतैंरहितहै ॥ और पुत्रादिक प्रियवस्तुकेप्राप्तहुए याअजातशत्रुराजाकूं हर्षनहींहोता ॥ और अप्रियवस्तुकेप्राप्तहुए याराजाकूंशोकनहींहोता ॥ तात्पर्ययह ॥ जिसवस्तु विषे पुरुषकारागहोवैहै ॥ तिसवस्तुकेप्राप्तहुए तापुरुषकूं हर्षउत्पन्नहोवैहै ॥ यातें रागही हर्षकाकारणहै ॥ और जिसवस्तुविषे पुरुषकाद्वेषहोवैहै ॥ तावस्तुकेप्राप्तहुए तिसपुरुषकूं शोकउत्पन्नहोवैहै ॥ यातें द्वेषहीशोककाकारणहै ॥ सोराग तथाद्वेष या अजात शत्रुराजाविषेहैनहीं ॥ यातें हर्ष तथाशोकभी याराजाविषेसंभवैनहीं ॥ काहेतें या अजातशत्रुराजाकूं जैसे आपणेपुत्रहैं तैसेहीशत्रुहैं ॥ पुत्रों विषे याराजाकारागनहीं ॥ और शत्रुवोंविषे याराजाकाद्वेषनहीं ॥ किंवा ॥ यालोकविषे एकअजातशत्रुराजाही कामक्रोधतैंरहितहै ॥ दूसराकोईपुरुष कामक्रोधतैंरहितहैनहीं ॥ काहेतैं जोयहराजा कामदोषवालाहोता ॥ तो हमारेताईं सहस्रगौवोंकूंनहींदेता ॥ और यहअ जातशत्रुराजातो मैंब्रह्मकाउपदेशतुमारेप्रतिकरताहूं याहमारेवचनमात्रकरिके सहस्रगौवों हमारेताईदेताभयाहै ॥ यातें याराजाविषे काम दोषनहीं ॥ और जेपुरुष कामदोषयुक्तहोवैहैं ॥ ते सुपात्रविषेदानकरैंनहीं ॥ किंतु कुपात्रजेवेश्यादिकस्त्रियांहैं ॥ तथा वेश्याकेपृष्ठदेशविषे वादित्रोंकूंबजावणेहारेजेपुरुषहैं ॥ तथा नानाप्रकारकेकौतुकोंकूंकरणेहारे जेनटादिकहैं ॥ इसतैंआदिलेकेजितनेककुपात्रहैं ॥ तिनकुपा त्रोंकूं सहस्ररुपये कामीपुरुषदेवैहैं ॥ परन्तु ब्रह्मवेत्तासुपात्रपुरुषकेताईं पंचकोडीभी कामीपुरुष देसकतेनहीं ॥ यातें यहसिद्धभया

जिन जिन पुरुषोंकाद्रव्य सुपात्रोंविषेखरचहोवैहे तेपुरुष कामदोषतैंरहितहैं ॥ और जिनपुरुषोंकाद्रव्य कुपात्रोंविषेखरचहोवैहे तेपु
रुष कामदोषवालेहैं ॥ और याअजातशत्रुराजाकाद्रव्य सुपात्रोंविषेहीखरचहोवैहे ॥ यातैं यहराजा कामदोषतैंरहितहे ॥ किंवा ॥ कामदो
षकरिकेजन्यजेजन्ममरणादिकदोषहैं ॥ तिनदोषोंकूं जोपुरुष जानताहे ॥ सोईहीपुरुष कामदोषतैंरहितहोवैहे ॥ कामजन्यदोषकेज्ञानतैं
रहितपुरुष कामतैंरहितहोइसकेनहीं ॥ और यह अजातशत्रुराजा कामजन्यजन्ममरणादिकदोषोंकूं भलीप्रकारजाणेहे ॥ यातैं यहराजा
कामदोषतैंरहितहे॥किंवा॥याअजातशत्रुराजाविषे क्रोधभीनहीं॥काहेतैं जेक्रोधवान्पुरुषहोवैहैं ॥ तिनोंका जभीकोईपुरुष अपराधकरैहे ॥
तभी तेक्रोधीपुरुष तिसअपराधीपुरुषकूंमारैहैं ॥ अथवा तिसअपराधीपुरुषकेमारणेविषे जोसमर्थनहींहोवैहे ॥ तो आपणेमस्तककूंताडनक
रैहैं॥यहक्रोधवान्पुरुषोंकालक्षणहे ॥ सोलक्षण याराजाविषेहैनहीं ॥ काहेतैं सभाविषेआइके मुझअज्ञानीने याब्रह्मवेत्ताअजातशत्रुकीअव
ज्ञाकरीभी तोभी यहराजा हमारेऊपरक्रोधवान्नहींभया ॥ उलटा हमारेहितकीइच्छाकरैहे ॥ यातैंयाराजाविषेक्रोधनहीं ॥ जोयाराजाविषे
क्रोधहोता तो मुझअपराधीकेहितकीइच्छानहींकरता ॥ किंवा ॥ हमनें पूर्व आपणेगुरुवोंकेमुखतैं तथाशास्त्रतैं यहश्रवणकऱ्याहे ॥
एकब्रह्मवेत्तापुरुषकूंछोडिकरिके सर्व प्राणीमात्रकेहृदयविषे कामक्रोधरहेहैं ॥ और ब्रह्मवेत्तापुरुषविषे कामक्रोधरहैनहीं ॥ याप्रकार गुरु
शास्त्रकेवचनतैंभी यह अजातशत्रुराजाही ब्रह्मवेत्तासिद्धहोवैहे॥काहेतैं याराजाविषे कामका तथा क्रोधका अभावहे ॥ यातैं ऐसेब्रह्मवेत्तारा
जाका परित्यागकरिके ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिवासतै अन्यकिसीदेवताकेसमीपजाणा हमारेकूंउचितनहीं॥किंवा देवतावोंतैंब्रह्मविद्याकीप्राप्तिविषे
हमारेकूंसंशयहोवैहे ॥ काहेतैं इसलोकविषे जैसे मनुष्यादिकोंका प्रत्यक्षदर्शनहोवैहे ॥ तैसे देवतावोंका प्रत्यक्षदर्शन किसीपुरुषकूंहो
तानहीं ॥ और जोदेवतावोंकेदर्शनवासतै अनेककालपर्यंत मैंतपकूंकरोंगा ॥ तोभी इसीजन्मविषे हमारेकूं तिनदेवतावोंकादर्शनहो
वेगा ॥ अथवा दूसरेजन्मविषे तिनदेवतावोंकादर्शन हमारेकूंहोवेगा ॥ यहसंशय हमारेकूंहोवैहे ॥ किंवा ॥ महान्तपकरिके इसीजन्म
विषेदेवतावोंकादर्शनहुआभी ॥ तोभी सर्वदेवतावोंविषेमुख्यब्रह्मवेत्ता कोईविरलाहीदेवताहोवैहे ॥ किंवा ॥ तपकेप्रभावतैं कदाचित् तिस

मुख्यब्रह्मवेत्तादेवताकादर्शनभी हमारेकूंहोवे ॥ तोभी सोदेवता रजोगुणकरिकेयुक्तहै ॥ यातें हमारेताई ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरेगा॥अथवा नहींउपदेशकरेगा ॥ अथवा किसीद्रव्यादिकपदार्थोंकीप्राप्तिकरिके हमारेकूं मोहउत्पन्नकरेगा ॥ याप्रकारकासंशय हमारेकूंहोवैहै ॥ यातें देवतावोंकेउपदेशतेंब्रह्मविद्याकीप्राप्तिविषे हमारेकूं संभावनाहोवैनहीं ॥ और देवतावोंतेंभिन्न जितनेकइसलोकविषे ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य या तीनवर्णोंमें प्रसिद्धविद्वान्हैं तेसंपूर्ण हमारेतेंपराजयकूंप्राप्तभयेहैं ॥ यातें तिनोंतेंभी ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिकीसंभावना हमारेकूंहोवैनहीं ॥ इस प्रकारकाविचारकरिके सोबालाकिब्राह्मण ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिवासते हस्तविषेकाष्ठोंकूंधारणकरिके तिसअजातशत्रुराजाकेसमीप जाताभया दृष्टांत ॥ जैसे ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य यातीनवर्णोंकाबालक अष्टमवर्षविषे हस्तोंमेंकाष्ठोंकूंग्रहणकरिके और आचार्यकेसमीपजाइके याप्रकारकीप्रार्थनाकरैहै ॥ हेभगवन् मैंतुमाराशिष्यहूं ॥ यातें हमारेकूंउपदेशकरो तैसे बालाकिब्राह्मणभी राजाअजातशत्रुकेसमीपआइके याप्रकार कहताभया ॥ हेभगवन् मैंतुमाराशिष्यहूं ॥ यातें हमारेताई ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरो ॥ याप्रकारकेवचनकरिके बालाकि इसअर्थकूं बोधनकरताभया ॥ इसलोकविषे जोकोईपुरुष ब्रह्मविद्याकरिकेअधिकहै ॥ सोईहीपुरुष गुरुपदवीकेयोग्यहै सो ब्राह्मणहोवे ॥ अथवा क्षत्रियहोवे ॥ अथवा वैश्यहोवे अथवा शूद्रहोवे अथवा स्त्रीहोवे ॥ अथवा नपुंसकहोवे ॥ अथवा राक्षसहोवे ॥ सर्वथा ब्रह्मविद्यावाला गुरुपदवीकेयोग्यहै ॥ और जिसपुरुषकूं ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिनहींभई ॥ सो ब्राह्मणभीहोवे ॥ तथा अन्यविद्यावोंविषेबृहस्पतिकेसमानहोवे ॥ तोभी सोपुरुष शिष्यपदवीकेयोग्यहै ॥ गुरुपदवीकेयोग्यनहीं ॥ एकब्रह्मवेत्ताही गुरुपदवीकेयोग्यहै ॥ याप्रकार आपणेअभिप्रायकूं सोबालाकि बोधनकरताभया ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार अभिमानतेंरहितबालाकिकूं राजाअजातशत्रु देखिकरिके आपणेआसनतें उठताभया ॥ और दोनोंहस्तोंकूंजोडिकरिके सोराजा बालाकिकेताई प्रणामकरताभया ॥ और याप्रकारकेवचनकूं सोराजा बालाकिकेताई कहताभया ॥ हे बालाकिब्राह्मण इसलोकविषे ब्रह्मानें ब्राह्मणत्वजातिवालेसर्वब्राह्मणोंकूं गुरुरूपकरिकेउत्पन्नकर्‍याहै और क्षत्रियादिकअन्यवर्णोंकूं स्वभावतें शिष्यरूपकरिके ब्रह्माने उत्पन्नकर्‍याहै ॥ यातें हेबालाकि तूब्राह्मणहोइके मुझक्षत्रियकेशिष्यभावरूपविपरीतकर्मकीइच्छा किसवासतें

करताहै ॥ किंतु यहविपरीतकर्मकरणा तुमारेकूंउचितनहीं ॥किंवा॥ हेबालाकिविपरीतकर्मविषेप्रवृत्ति तीनकारणोंतैंहोवैहै ॥ एकतौ क्रोध
करिकेविपरीतकर्मविषेप्रवृत्तिहोवैहै ॥ और दूसरा भयकरिकेविपरीतकर्मविषेप्रवृत्तिहोवैहै ॥ और तीसरा अज्ञानकरिकेविपरीतकार्यविषे
प्रवृत्तिहोवैहै तहाँ क्रोधकरिकेजोआपकी याविपरीतकर्मविषेप्रवृत्तिहोतीहोवै ॥ तो हमारेऊपरक्षमाकरिके ताक्रोधकोनिवृत्तिकरो ॥ तात्प
र्ययह ॥ मुझअल्पबुद्धिबालकने राजधर्मकूंअंगीकारकरिके जेजेकटुवचन तुमारेताईकहेहैं ॥ तिनसंपूर्णहमारेअपराधोंकूं तुम क्षमाकरो ॥
क्षमाकरणाब्राह्मणोंकास्वभावहै ॥ किंवा हेबालाकि मैंने जोआपकूंकटुवचनकहेहैं ॥ सोविनाअपराधतैंनहींकहे ॥ किंतु हमने बहुतजनोंके
मुखतैं याप्रकारकावचन श्रवणकऱ्याथा ॥ जोबालाकि धनमदकरिकेतथाकुलमदकरिके तथाविद्यामदकरिके अनंतसाधुब्राह्मणोंका
निरादर करैहै ॥ और हेबालाकि जैसा हमने पूर्वश्रवणकऱ्याथा ॥ तैसाही हमने तुमारेकूंदेख्या ॥ इसीकारणतैं तुमारेमदकी
निवृत्तिवासतैं हमने तुमारेकूंकटुवचनकहेहैं ॥ और हेबालाकि तुमारेप्रति जोहमने कटुवचनकहेहैं ॥ सो आपणेप्रमादतैंनहीं
कहे ॥ किंतु धर्मशास्त्रकेअनुसारकहेहैं ॥ काहेतैं धर्मशास्त्रविषे यहकह्याहै ॥ दुराचारीजेब्राह्मणहैं ॥ तिनोंकेदुराचरणकूं भलीप्रकारनिर्णय
करिके राजानें तिनब्राह्मणोंका वाणीकरिकेनिरादरकरणा ॥ याप्रकार धर्मशास्त्रविषे हमनेश्रवणकऱ्याहै ॥ याकारणतैं हमने
तुमारेकूंकटुवचनकहेहैं ॥ किंवा ॥ हेबालाकि आपसरीखेब्राह्मणलोकोंनैंही हमारेप्रति राजधर्मकाउपदेशकऱ्याहै ॥ तिसधर्मकेआचरणवि
षे जोहमाराकोईप्रमाद आप देखतेहोवो ॥ तौभी हमबालकऊपरक्षमाकरो ॥ और हेबालाकि तुमारेक्षोभकूंदेखिकरिके हमारेकूं बहुतशो
कहुआहै ॥ जो हमारेकूं धिक्कारहै ॥ और हमारेराजकूंभी धिक्कारहै ॥ तथा राजसंबंधीधर्मोंकूंभी धिक्कारहै ॥ जिनराजसंबंधीधर्मोंकूंअंगीका
रकरिके हमने ब्राह्मणकानिरादरकऱ्याहै ॥ किंवा ॥ हेबालाकिब्राह्मण मेरेभयतैं जोतुं याविपरीतकर्मविषेप्रवृत्तहोताहोवै ॥ सोकदाचित्
नहींहोणा ॥ काहेतैं नीचजातिवालाजोकोई अपराधीप्राणीहोवैहै ॥ तिसकूंभी हम हननन्हींकरते ॥ तो तुमसरीखेउत्तमब्राह्मणोंकूं हम
कैसेहननकरेंगे ॥ हेबालाकि जेकोईपुरुष चोरीरूपप्रथमअपराधकूंकरैहै ॥ तिनचोरपुरुषोंकेताई धनादिकपदार्थोंकूंदेकरिके चोरीकरणेतैं

मैंनिवृत्तकरताहूं ॥ ताधनकूंलेकरिकेभी तेपुरुष पुनःचोरीरूपदूसरेअपराधकूं जभीकरैं हैं तभी तिनपुरुषोंकूंआपणेदेशतें मैंनिकासिदेता हूं ॥ तादेशकेनिकासणेतैंअनंतरभी तेपुरुष जभीचोरीरूपतृतीयअपराधकूंकरैंहैं ॥ तभी श्वानकेपदसमानहैआकारजिसका ऐसीजोलोहे कीमुद्राहै तिसकूंअग्निविषेतपाइके तिनचोरोंकेमस्तकविषेदेवैंहैं ॥ और जभी तेपुरुष पुनःचतुर्थवार चोरीआदिक अपराधकूंकरैंहैं ॥ तभी तिनपुरुषोंकेएकहस्तकाछेदन हम करैंहैं ॥ और तेपुरुष पुनःपंचमवार जभी चोरीआदिकअपराधकूंकरैंहैं ॥ तभी तिनचोरोंके दूसरेहस्तकाछेदन हमकरैंहैं ॥ और तेपुरुष पुनःषष्ठवार चोरीआदिकअपराधकूं जभीकरैंहैं तभी तिनोंकेएकपादकाछेदन हमकरैंहैं ॥ और तेपुरुष पुनःसप्तमवार जभी चोरीआदिकअपराधकूंकरैंहैं ॥ तभी तिनोंके द्वितीयपादकाछेदन हमकरैंहैं ॥ इसप्रकार सप्तवार अपराधकरणेहारेपुरुषोंकूं हम प्राणोंतैं रहित करतेनहीं ॥ जभी तेपुरुष अष्टमवार अपराधकूं करैंहैं ॥ तभी तिनपुरुषोंकूं हम हननकरैंहैं ॥ और हे बालाकि युद्धविषेभी शत्रुकूं धर्मयुद्धतैंहीं मैंहननकरोंहूं ॥ अधर्मतैंकिसीशत्रुकूं मैंहननकरतानहीं ॥ काहेतें जोशूर वीर युद्धकरणेवासते हमारेसन्मुखहोवैंहै ॥ और षोडशवर्षतैंअनंतर पंचास वर्षपर्यंत आयुष्वालाहोवैहै ॥ और सावधानहोवैहै ॥ और प्रथम हमारेऊपरशस्त्रकूंचलावैहै ॥ ऐसे शूरवीरकूं पश्चात् मैं हनन करोंहूं ॥ वृद्धअवस्थावानकूं तथाबाल्यअवस्थावान कूं तथाअसावधानपुरुषकूं युद्धविषे मैंहननकरोंनहीं ॥ और हेबालाकि शत्रुवोंकूं तथाअपराधीपुरुषोंकूंभी जभी मैंहनननहींकरता ॥ तभी संपूर्णदेहधारियोंकरिकेपूजणेयोग्य तुमब्राह्मणोंकूं मैं कैसेहननकरोंगा ॥ किंतु ब्राह्मणकूं कदाचित् मैंहनननहींकरता ॥ यातें हेबालाकि याप्रकारकेहमारेस्वभावकूंविचारिकरिके तुम भयतैंरहितहोवो ॥ तात्पर्ययह ॥ ब्राह्मणहोइके क्षत्रियकाशिष्यहोणा यहविपरीतकर्म दोनोंलोकोंविषेनिंदितहै ॥ तानिंदितकर्मविषे हमाराभयकरिके तुमप्रवृत्तमतहोवो ॥ और हेबालाकि जोतूं आपणेअज्ञानकीनिवृत्तिवासते याविपरीतकर्मविषेप्रवृत्तहोताहोवै ॥ तौभी पूर्वलेआपणेगुरुवोंकेसमीप तुमजावो ॥ तिनोंकेउपदेशतैंहीतुम्हारेअज्ञानकीनिवृत्तिहोवेगी॥ हे बालाकि तुम्हारेताईं हम नमस्कारकरतेहैं ॥ जहांसेतुम्हाराआगमनभयाहै ॥ तहांहीं तुमपुनःजावो ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य इसप्रकार

जभीराजाअजातशत्रुने बालाकिब्राह्मणकेप्रतिकह्या ॥ तभी सोबालाकि तिससभातैंनहींजाताभया ॥ किंतु आपणेलज्जाकूं तथाचिंताकूं वोधनकरणेवासते नीचेमुखकरिकै पादकेअग्रभागतैं भूमिकूंलिखताभया ॥ और उच्चश्वासोंकूंउठावताभया ॥ इसप्रकार बालाकिकेशरीर कीचेष्टाकूंदेखिकरिकै सोअजातशत्रुराजा बालाकिकेहृदयकेअभिप्रायकूंजाणताभया ॥ तहाँ ब्राह्मणहोइकेक्षत्रियकाशिष्यहोणा याविपरीत कर्मकीइच्छातैंउत्पन्नभयीजोबालाकिकूंलज्जा ॥ तालज्जासे नीचेमुख तथापादकरिकैभूमिकालेखन रूपदोनोंचेष्टावोंतैं राजा जानताभया और याराजाकापरित्यागकरिकै किसतैंमैंब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोवोंगा ॥ याप्रकारकीबालाकिकीचिंताकूं उच्चश्वासरूपचेष्टातैं राजा जाणताभया काहेतैं पादकरिकैभूमिकालेखन तथानीचेमुख लज्जातैंविनाहोवैनहीं ॥ किंतु लज्जाकरिकैहीहोवैहै ॥ तैसे उच्चश्वासोंकाउठावणाभी चिंतातैं विनाहोवैनहीं ॥ किंतु चिंताकरिकैहीहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जोवस्तु जिस वस्तुतैंविनानहींहोवै ॥ और जिसवस्तुकेविद्यमानहुए जोवस्तु होवै ॥ तावस्तुकरिकै तिसकाअनुमानहोवैहै ॥ जैसे अग्नितैंविनाधूमहोवैनहीं ॥ और अग्निकेविद्यमानहुए धूमहोवैहै ॥ यातैं धूमरूपहेतुतैं पर्वतादिकोंविषे अग्निकाअनुमानहोवैहै ॥ तैसे लज्जातैं विना नीचेमुख तथापादकरिकैभूमिकालेखन होवैनहीं ॥ किंतु लज्जाकरिकैहीहोवै है ॥ यातैं नीचेमुख तथाभूमिकालेखन रूप दोनोंहेतुवोंतैं बालाकिकेलज्जाकाअनुमान राजा करताभया ॥ तैसे चिंतातैंविना उच्चश्वासों काउठावणाहोवैनहीं किंतु चिंताकरिकैहीहोवैहै ॥ यातैं उच्चश्वासरूपहेतुतैं बालाकिकेचिंताकाअनुमान राजा करताभया ॥ अन्यपुरुष केअंतःकरणकाधर्म जो लज्जातथाचिंता ॥ तिसका अन्यपुरुषकूंप्रत्यक्षज्ञानहोवैनहीं किंतु अनुमितिज्ञानहोवैहै ॥ इसप्रकार बालाकिके अभिप्रायकूं जाणिकरिकै सोअजातशत्रुराजा बालाकिकेप्रति कहताभया ॥ हेबालाकि जोउत्तमवर्णयुक्तधर्मात्माब्राह्मण यहक्षत्रिय हमारे ताईं ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरेगा याप्रकारकीइच्छाकरिकै क्षत्रियादिकोंकेसमीपजावैहै ॥ याप्रकारकेविपरीतकर्मकूं हम अत्यंतअनुचितमा नैंहैं ॥ काहेतैं आपयज्ञकूंकरणा १ तथादूसरेयजमानकेप्रति यज्ञकूंकरावणा २ आपविद्याकाअध्ययनकरणा ३ तथाशिष्योंकेताईं विद्याकाअध्ययनकरावणा ४ आपदानकरणा ५ तथाशुद्धयजमानतैंदानलेणा ६ यहषट्कर्म ब्राह्मणोंकेशास्त्रविषेकहेहैं ॥ और

आप यज्ञकूंकरणा १ तथादानकूंदेणा २ तथाविद्याकूंअध्ययनकरणा ३ यहतीनकर्म ब्राह्मणकेसमानहीं क्षत्रियकेहैं ॥ परंतु यज्ञकूं करावणा १ तथाविद्याकूंअध्ययनकरावणा २ तथाप्रतिग्रहकूंलेणा ३ यहतीनकर्म क्षत्रियकेकिसीशास्त्रविषेनहींकहे ॥ यातैंहेबालाकि आचार्यहोइके ब्राह्मणोंकेताईं विद्याउपदेशकरणेविषे यद्यपि हमारेकूं शास्त्ररीतिसैंअधिकारनहीं ॥ तथापि हमारायह नियमहे ॥ जोधर्मात्माब्राह्मण धनतैं आदिलेकेप्राणपर्यंत किसीभीपदार्थकीयाचना करताहे ॥ तिसब्राह्मणकेताईं प्राणपर्यंतपदार्थोंकाभी हम दानकरेंहैं ॥ यहहमारानियमहे ॥ यातैं हेबालाकि तुमब्राह्मण यद्यपि हमारेगुरुहो ॥ तथापितुमने हमारेप्रति ब्रह्मविद्याकीयाचना करीहे ॥ जोमैं तुम्हारेताईं प्राणोंतैंभीअतिप्रियब्रह्मविद्याकूं नहींदेवोंगा ॥ तो हमारेनियमकाभंगहोवेगा ॥ यातैं आपणेनियमकीरक्षावासते तुमयाचकगुरुवोंकेताईं ब्रह्मविद्याकादान मैंकरताहूं ॥ यातैं हेबालाकि तुम्हाराहमारा गुरुशिष्यभावसंबंधनहीं ॥ किंतु दातायाचकभाव संबंधहे ॥ तात्पर्ययह ॥ तुम्हारेविषे शिष्यबुद्धिकरिके तथाआपणेविषे गुरुबुद्धिकरिके तुम्हारेताईं मैंब्रह्मविद्यानहींकहता ॥ किंतु तुम्हारेविषे याचकबुद्धिकरिके तथाआपणेविषे दाताबुद्धिकरिके तुम्हारेताईं ब्रह्मविद्याकाउपदेश हम करतेहैं ॥ तिसब्रह्मविद्याकूं तुम श्रवणकरो ॥ याप्रकारकावचन कहिकरिके सो अजातशत्रुराजा बालाकिकेताईं प्रणामकरताभया ॥ और आपणेसिंहासनऊपर बालाकिकूंबैठावता भया ॥ और आपअजातशत्रुराजा भूमिविषेस्थितहोइके बालाकिकेताईं ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरताभया ॥ राजाअजातशत्रुरुवाच ॥ हे बालाकि प्राणादिकजडपदार्थोंतैंभिन्न तथादेशकालवस्तुपरिच्छेदतैंरहित जोस्वप्रकाशआनंदस्वरूप आत्माहे ॥ तिसकूंहीं तूंब्रह्मरूपकरि केजाण ॥ इसप्रकार राजाकेवचनकूंश्रवणकरिके उत्पन्नभयाहैविश्वासजिसकूं ऐसाजोबालाकिब्राह्मणहे ॥ तिसकेप्रति अन्वयव्यतिरेक करिके जडप्राणोंकोअनात्मताबोधनकरणेवासते सोअजातशत्रुराजा आपणेआसनतैंउठताभया ॥ और बालाकिकेहस्तविषेआपणेहस्तकूं धारणकरिके सिंहासनतैं बालाकिकूंउतारताभया ॥ और गुह्यअर्थका सभाविषेउपदेशहोवैनहीं ॥ याकारणतैं सभाकापरित्यागकरिके बा लाकिसहितराजाअजातशत्रु अंतःपुरविषेजाताभया ॥ तहाँ अंतःपुरकेद्वारदेशविषे कोईपुरुष सोयाहुआया ॥ सर्वइंद्रियोंकीचेष्टातैंरहित

वेहै ॥ तैसे राजाअजातशत्रु प्राणविषेअनात्मता बोधनकरिकै शुद्धआत्माके बोधनकरणेवासते प्रथमभोक्तारूपविशिष्टआत्माकेबोधकरावणे
केउपायकूंरचताभया॥ताउपायकूंदिखावैहैं ॥अंतःपुरकेद्वाररूपरसोयेहुएपुरुषकेहस्तकूं आपणेहस्तकरिकैराजापेषणकरताभया॥औरदूसरे
किसीपुरुषकूंप्रेरणाकरिकै तासोयेहुएपुरुषकेपृष्ठदेशविषे यष्टिमरावताभया॥इसप्रकार हस्तकेपेषणकरिकै तथायष्टिकेमारणेकरिकै उत्पन्न
भयीहैपीडाजिसकूं ऐसाजोसुखदुःखकेअनुभवकरणेहाराभोक्तापुरुषहै॥सो पीडाकरिकै जाग्रत्होताभया॥जैसेभस्मकरिकैआवृतअग्निभस्म
केनिवृत्तहुए प्रज्वलितहोवेहै ॥ तैसे सोपुरुष क्रोधकरिकैप्रज्वलितहोताभया ॥ इसप्रकार तापुरुषकूंदेखिकरिकै सोबालाकि नेत्रादिकइंद्रियों
करिकेयुक्तभोक्ताआत्माकूं प्राणतैंभिन्नकरिकै निश्चयकरताभया॥परंतु भोक्तातैंभिन्न बुद्धिआदिकोंकासाक्षी जोशुद्धआत्माहै॥ताकूं सोबाला
कि नहींजाणताभया ॥ अब शुद्धआत्माहीभोक्ताकाहेतैंनहींहोवै याप्रकारवादीकेआशंकाकोनिवृत्तिकरणेवासते जिसनिमित्तकूंग्रहणकरिकै
भोक्ताशब्द विशिष्टआत्माविषेप्रवर्तहोवेहै तानिमित्तकूं दिखावैहैं ॥ तहाँ भोजनरूपक्रिया भोक्ताशब्दकेप्रवृत्तिकानिमित्त संभवैनहीं ॥ का
हेतैं भोजनरूपक्रिया नियमकरिकैसर्वभोक्तावोंविषेरहैनहीं ॥तात्पर्ययह॥ भोजनरूपक्रियावालेविषे जोभोक्ताशब्दकीप्रवृत्तिहोवै॥तो जोजो
क्रियाहोवेहै सोदुःखरूपहोवैहै यहनियमहै ॥ यातैंदुःखवान्पुरुषविषेही भोक्ताशब्दकीप्रवृत्तिहोवैगी ॥ सुखवान्पुरुषविषे भोक्ताशब्दकी
प्रवृत्तिनहींहोवैगी ॥ और सुखीपुरुषकूंभी लोकविषेभोक्ताकहैहैं ॥ किंवा ॥ भोजनरूपक्रियाकूंजोभोक्ताशब्दकेप्रवृत्तिकानिमित्तमा
निये ॥ तो भोक्तापणेतैंरहित जेमुख तथादंत तथाजिह्वादिकहैं ॥ तिनोंविषेभीभोजनरूपक्रियारहेहै॥यातैं तिनोंकूंभी भोक्ताकह्याचाहिये॥
और मुखादिकोंकूं कोईभोक्ताकहतानहीं ॥किंवा॥ भोजनरूपक्रियाकाफलजोतृप्तिहै ॥ तातृप्तिरूपनिमित्तकूंग्रहणकरिकै जोभोक्ताशब्दकी
प्रवृत्तिहोतीहोवै ॥ तो तृप्तिदोप्रकारकीहोवैहै ॥ एकतो पुष्टिरूपतृप्ति ॥ और दूसरी तुष्टिरूपतृप्ति ॥ तहाँ पुष्टिरूपतृप्तिवालेकानाम जोभो
क्ताहोवै ॥ तो भित्तिआदिकजडपदार्थभी भोक्ताहोणेचाहिये ॥ काहेतैं मृत्तिकादिकोंकेलेपनतैं भित्तिआदिकोंकीभी पुष्टिहोवैहै ॥ और
इसप्रकार हृदयविषेआत्माकेविशेषअभिव्यक्तिकूंबोधनकरणेहाराजोक्षुरकादृष्टांतहै ॥ तिसकेअभिप्रायकूंनिरूपणकरिके ॥ अब हृदयकी
अपेक्षाकरिके शरीरादिकोंविषेआत्माके अल्पप्रकाशकूं बोधनकरणेहारा जोअग्निकादृष्टांतहै ताकेअभिप्रायकूं दिखावैहैं ॥ हेबालाकि
सोआनंदस्वरूपआत्मा जरायुज अंडजस्वेदज उद्भिज्ज याचारिप्रकारकेशरीरोंकूं उत्पन्नकरिके आपणेचेतन्यरूपकरिके नखकेअग्र
भागतैंलेकरिकेशिखापर्यंत तिनसर्वशरीरोंविषे व्याप्तहोताभया ॥ और जैसे अग्नि यद्यपि सर्वत्रसमानहै ॥ तथापि अरणीरूपकाष्ठविषे

अग्निकेविशेष अभिव्यक्तिकूंदेखिकरिकै काष्ठविषेस्थितअग्निहै याप्रकारकाकथन सर्वलोक करैहैं ॥ तैसे यहआनंदस्वरूपआत्मा यद्यपि चैतन्यरूपकरिकैसर्वत्रसमानहै ॥ तथापि शरीरविषे चैतन्यकेविशेषअभिव्यक्तिकूंदेखिकै शरीरविषे आत्मास्थितहै याप्रकारकाकथनभी संभवैहै यहाँ शरीरविषे जोआत्माकी विशेषअभिव्यक्तिकही ॥ सो घटादिकोंकीअपेक्षाकरिकैजानणी ॥ अंतःकरणकीअपेक्षाकरिकैतौ शरीरविषे आत्माकीअल्पअभिव्यक्तिहोवैहै ॥ यातैं हेबालाकि आकाशकीन्याई सर्वत्रपरिपूर्णआत्मा याशरीरविषे चैतन्यरूपकरिकैप्रतीतहोवैहै ॥ याकारणतैं सर्वशरीरोंविषे नखकेअग्रभागतैंलेकरिकै परमात्माकाप्रवेश श्रुतिनैं कथनकऱ्याहै ॥ और हेबालाकि जैसे मृत्तिका घटाकारपरिणामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातैं मृत्तिकाविषे मुख्यप्रज्ञा तथागौणप्रज्ञा संभवैनहीं ॥ तैसे मनइंद्रियदेहादिरूपसंघातभी अनंतप्रकारके परिणामकूंप्राप्तहोवैहै यातैं यासंघातविषेभी मुख्यप्रज्ञा तथागौणप्रज्ञा संभवैनहीं ॥ किंतु प्रज्ञास्वरूपआत्माकेतादात्म्यअध्यासकेबलतैं अविचारकालविषे शरीरादिकोंमैं चैतन्यस्वरूपप्रज्ञा प्रतीतहोवैहै विचारकियेतैं शरीरादिकोंविषे प्रज्ञासंभवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् मनविषे तथाइंद्रियोंविषे तथाशरीरविषे प्रज्ञाकाअभावआपनैंकह्या सोसंभवैनहीं ॥ काहेतैं बुद्धिरूपप्रज्ञा तिनमनादिकोंविषेभीसंभवैहै ॥ समाधान ॥ हेबालाकि चैतन्यआत्मातैंभिन्न मनइंद्रियशरीरादिकसंपूर्ण जडहैं ॥ और विकारवान्हैं ॥ यातैं तिनमनादिकोंविषेस्थित बुद्धिरूपप्रज्ञाभी जडहै ॥ काहेतैं जैसे शरीरादिक परिणामकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तैसे बुद्धिभी परिणामकूं प्राप्तहोवैहै ॥ यातैं बुद्धि जडहै चैतन्यरूपनहीं ॥ यातैं हेबालाकि आनंदस्वरूपआत्मातैंभिन्न किसीभीवस्तुविषे ज्ञानस्वरूपप्रज्ञानहीं ॥ किंतु एकआत्माही ज्ञानस्वरूपहै ॥ और हे बालाकि जैसे आत्मातैंभिन्न किसीअनात्मपदार्थविषेज्ञाननहींहै ॥ तैसे आनंदस्वरूपआत्मातैंभिन्न किसीअनात्मपदार्थविषे सुखभीनहींहै ॥ किंतु एकआत्माही सुखरूपहै ॥ ऐसा सुखस्वरूप तथाज्ञानस्वरूप यहआत्मासुखतथाज्ञानतैंरहितमनइंद्रियदेहादिकोंकूं आपणेतादात्म्यसंबंधतैं सुखयुक्त तथाज्ञानयुक्त करैहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे धनीपुरुष आपणेसेवकोंकूं धनयुक्तकरैहै ॥ तैसे सुखज्ञानस्वरूपआत्मा मनइंद्रियादिकोंकूं सुखतथाज्ञानयुक्तकरैहै ॥ और हेबालाकि ऐसे सुखस्वरूप तथा ज्ञानस्वरूप आत्माकूं आश्रय

णकरिकैही संपूर्णवाक्आदिकअध्यात्म तथाअग्निआदिकअधिदेवता आपणेआपणेनामादिकविषयोंकूंनिश्चयकरैहैं ॥ तिसआत्माकेसम्बंध तैंविना स्वतंत्रहोइके कोईभीवाक्आदिक किसीअर्थकूं निश्चयकरैंनहीं॥ दृष्टांत॥जैसे यथार्थज्ञानकरिकैयुक्त अथवा विपरीतज्ञानकरिकैयुक्त जोकोइक धनीपुरुषहै ॥ तिसधनीपुरुषकेनिश्चयकेअनुसारही ताकेभृत्य किसीकार्यकानिश्चयकरैहैं ॥ ताधनीपुरुषकेनिश्चयतैंविना भृत्यों का स्वतंत्रकोईनिश्चय होवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् बाह्यकार्यविषे यद्यपि भृत्योंकूं धनीपुरुषकीपराधीनताहै ॥ तथापि ज्ञानरूपअंतरनिश्चयविषे तिनभृत्योंकूं धनीपुरुषकीअपेक्षासंभवैनहीं ॥समाधान॥ हेवालाकि ज्ञानरूपअंतरनिश्चयकीउत्पत्तिविषे यद्यपि भृत्योंकूं धनीपुरुष कीअपेक्षानहीं ॥ तथापि धनीपुरुषकेनिश्चयतैंविना तिनभृत्योंकानिश्चय निष्फलहै ॥ तात्पर्ययह ॥ ज्ञानरूपनिश्चयतैं पुरुषोंकीकार्यविषे प्रवृत्तिहोवैहै ॥ सोप्रवृत्ति धनीपुरुषकेनिश्चयतैंविना स्वतंत्र भृत्योंकीहोवैनहीं ॥ किंतु धनीपुरुषकीसंमतिकूंग्रहणकरिकैही भृत्योंकी किसी कार्यविषेप्रवृत्तिहोवैहै ॥ तैसे ज्ञानरूपआत्माकूंआश्रयणकरिकैही संपूर्णवाक्आदिकदेवता तथाएकएकवाक्आदिक यहकार्य अवश्यकरणेयोग्यहै और यहकार्य नहीं करणेयोग्यहै और यहवचन कहणेयोग्यहै और यहवस्तु देखणेयोग्यहै याप्रकार पदार्थोंकूंनिश्चयकरैहैं ॥ ज्ञानस्वरूपआत्मातैंविना स्वतंत्रहुआ कोईभीवाक्आदिकदेवता किसीपदार्थकूंजानैंनहीं ॥ यहां दृष्टांततैंसिद्धांतविषे इतनीविशेषताहै ॥ दृष्टांतविषे धनीपुरुषकेज्ञानतैंभिन्नहीभृत्योंकिज्ञानहोवैहै ॥ और सिद्धांतविषेतो आत्माकेस्वरूपज्ञानतैंभिन्न कोईभीज्ञान वाक्आदिकइंद्रियोंविषे नहीं ॥ किंतु आत्मस्वरूपज्ञानही वाक्आदिकइंद्रियोंकरिकैयुक्तहुआ नानाभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातैं आत्माही ज्ञानस्वरूपहै ॥ आत्मातैंभिन्न सर्वअनात्मपदार्थ जडहैं ॥ और हेवालाकि जैसे भोगकेसाधनधनादिकपदार्थोंकरिकैयुक्त कोईकवैश्यपुरुष आपणेपुत्रोंकिसहित तथाभृत्योंकेसहित धनादिकपदार्थोंकूंभोगैहै ॥ पुत्रादिकोंतैंविना अकेलाही सोवैश्यपुरुष धनादिकपदार्थोंकूंभोगैनहीं ॥ जोअकेलाही सोवैश्यपुरुष धनादिकपदार्थोंकूंभोगै तो ताकासर्वधन चोरलेजावैं॥यातैं सर्वभृत्योंसैमिलिकैसोधनीवैश्य पदार्थोंकूंभोगैहै॥तैसे यहआनंदस्वरूपआत्माभी वाक्आदिकदेवतावोंकेसहितहीभोगोंकूं भोगैहै ॥ वाक्आदिकइंद्रियोंतैंविना केवलशुद्धआत्मा भोगोंकूंभोगैनहीं ॥ और

जैसे धनीवैश्यके पुत्रादिकबांधव तथाभृत्य ताधनीवैश्यतैंविना स्वतंत्र किसीपदार्थकूंनहींभोगते ॥ किंतु ताधनीवैश्यकेसहितही पुत्रादिक बांधव भोगोंकूंभोगेहैं ॥ तैसे वाकआदिकभी आत्मातैंविना स्वतंत्रहोइके किसीपदार्थकूं भोगतेनहीं ॥ किंतु आत्माकेसाथमिलिकेही वाकआदिक भोगोंकूंभोगेहैं॥यहांयहतात्पर्यहै॥सुखदुःखकेअनुभवकानामभोगहै॥सोभोग उपाधिरहितशुद्धआत्माविषे संभवेनहीं तैसेवाक आदिकजडपदार्थोंविषेभी सोभोग संभवे नहीं ॥ किंतु अंतःकरणादिकउपाधियोंकरिकेयुक्तआत्माही भोगकाआश्रयहै ॥ वास्तवतैं कोई भोगकाआश्रयहैनहीं ॥ यातैं सोभोग मिथ्याहै और हेवालाकि जोहृदयाकाश शुद्धआत्मारूपकरिके हमनें तुमारेताई कथनकऱ्याहै ॥ सोईहीपरमात्मा यासर्वसंघातकाअधिपतिहै ॥ और सोईहीपरमात्मा यासंघातकेसाथ तादात्म्यअध्यासकूंप्राप्तहुआ बुद्धिमान्पुरुषोंक रिकेभी जानणेकूंअशक्यहै॥ हेवालाकि जो आत्मा दुर्विज्ञेयनहींहोता॥तोसर्वशास्त्रकेजानणेहारेतुमारेकूं आत्माकेयथार्थस्वरूपविषे भ्रांति नहींहोती और पूर्वतुमने प्राणकूंही आत्मारूपकरिके हमारेप्रति उपदेशकऱ्याहै॥यातैं यहतुमारीभ्रांतिही आत्माकेदुर्विज्ञेयताकूं बोधनकरैहै॥ शंका ॥ हेभगवन् जभी यहआनंदस्वरूपआत्मा यासंघातविषे दुर्विज्ञेयहै ॥ तभी यासंघाततैंभिन्नअन्यकिसीस्थानविषेस्थित आत्माका हमारेप्रतिउपदेशकरो ॥ तिसीस्थानविषेस्थितआत्माकूं मैंनिश्चयकरोंगा ॥समाधान॥ हेवालाकि यासंघातकूं छोडिके अन्यत्रस्थितआत्मा केजानणेविषे किंचित्मात्रभी तुम उत्साहकूं मतकरो॥किंतु यासंघातविषेहीआत्माकेजानणेकाउत्साह तुमकरो॥दृष्टांत॥ जैसे अग्निकीउप लब्धिकास्थान जेकाष्ठहैं ॥ तिनकाष्ठोंकरिकेयुक्त अग्निकापरित्याग करिके काष्ठसंबंधतैंरहितअग्निकीप्राप्तिकोइच्छा कोईभीबुद्धिमान् पुरुष करैनहीं॥तैसे आत्माकीउपलब्धिकास्थान जोयहसंघातहै॥तिससंघातकापरित्यागकरिके अन्यदेशविषे आत्माकाअन्वेषणकरणा व्यर्थ है॥ यातैं हेवालाकि इसीशरीरविषे अंतःकरणादिकसर्वउपाधियोंतैंरहित कूटस्थआत्माकूं ब्रह्मरूपकरिकेनिश्चयकरो॥इसप्रकार अजातशत्रुराजा पूर्वउक्ततीनप्रश्नोंकेअर्थकूं विस्तारतैंनिरूपणकरताभया॥अब तिसीहीतीनप्रश्नोंकेअर्थकूं संक्षेपतैंनिरूपणकरैहैं॥हेवालाकि हृदयाकाशरूप जोसर्वकाआत्माहै ॥ सोआत्माही शयनकर्तापुरुषका तथाशयनका आधारहै ॥ और सोईहीहृदयाकाशस्वरूपआत्मा शयनकर्तापुरुषके आगमनकाअवधिरूपहै॥और हेवालाकि वाकआदिककरणोंकालयरूपशयन दोप्रकारकाहोवैहै॥एकतो स्वप्नरूपशयन होवैहै और दूसरा

सुषुप्तिरूपशयन होवैहै ॥ तहाँ प्रथम स्वप्नरूपशयनकाकर्ता बुद्धितैंविना संपूर्णवाक्आदिकहैं ॥ और दूसरेसुषुप्तिरूपशयनकाकर्ता बुद्धिहै ॥ और दोनोंप्रकारकेशयनतैं आगमनकर्ताभी बुद्धिसहितवाक्आदिकइंद्रियोंकासमूहहै ॥ यद्यपि पूर्वग्रंथविषे विज्ञानमयभोक्ताकूं शयनकाकर्ता तथाआगमनकाकर्ता कथनकरिआयेहैं ॥ और यहांबुद्धिकूं तथावाकआदिकोंकूं शयनकाकर्तारूपकारिकेकथनकऱ्या ॥ यातैं पूर्वउत्तरग्रंथकाविरोधप्रतीतहोवैहै ॥ तथापि विचाराकियेतैं सोविरोध संभवैनहीं ॥ काहेतैं बुद्धिविशिष्टचेतन्यकानाम विज्ञानमयहै ॥ तहांचेतन्यअंशविषेतो कर्तापणा संभवैनहीं ॥ किंतु परिशेषतैं बुद्धिविषेही कर्तापणासंभवैहै ॥ याअभिप्रायकरिकेहो यहांबुद्धिकूं शयनकाकर्ताकह्याहै॥ यातैं पूर्वउत्तरग्रंथकाविरोधनहीं॥और हेवाळाकि प्राणरूपउपाधिविषे तथाप्रज्ञारूपउपाधिविषे जोहृदयाकाशरूपआत्मा तुमारेताईहमनैंकथनकऱ्याहै॥इसीही प्राणप्रज्ञारूपउपाधियुक्तआत्माकूं पूर्वदेवराजइंद्र प्रतर्दनराजाकेताई कथनकरताभयाहै॥और इसीही आत्माकेसाक्षात्कारकेप्रभावतैं सोदेवराजइंद्र तीनलोकोंकेउपद्रवकरणेहारेअसुरोंकूं हननकर्ताभयाहै ॥ तथा नीतितैंरहितविश्वरूपादिक ब्राह्मणोंकूं हननकर्ताभयाहै॥तथा वेदांतविचारतैंरहित अनंतसंन्यासियोंकूं हननकर्ताभयाहै ॥ तथापि आत्मज्ञानकेप्रभावतैं देवराजइंद्रका रोममात्रभी छेदननहींहोताभया ॥ और इसीहीआत्माकेज्ञानकेप्रभावतैंसोदेवराजइंद्र सर्वदेवतावोंकेमध्यविषे अत्यंतश्रेष्ठताकूंप्राप्तहोताभयाहै ॥ और युद्धादिककार्यविषे सोइंद्र किसीदेवताकीअपेक्षाकूंनहींकरताभया ॥ किंतु बलनामाअसुरतैंआदिलेकेसर्वअसुरोंकूं अकेलाही सोइंद्र हननकरताभया ॥ याकारणतैं सर्वबलवानोंविषे सोइंद्र प्रधानबलीहोताभया ॥ और सोदेवराजइंद्र आपणेतेजकरिकेविराजमान होताभया ॥ याकारणतैं स्वराट् यासंज्ञाकूंप्राप्तहोताभया॥और शुभगुण तथाकीर्तिआदिकोंकरिकेयुक्तहुआ सोदेवराजइंद्र सर्वदेवतावोंका प्रधानहोताभया ॥ यातैं हेवाळाकि ॥ जैसेअद्वितीयआत्माकेज्ञानकेप्रभावतैं देवराजइंद्र सर्वकास्वामीहोताभया॥ तैसे इदानींकालविषेभी जोकोईपुरुषयाआनंदस्वरूपआत्माकेज्ञानकूं विवेकादिकसाधनोंकरिकेसंपादनकरेगा ॥ सोपुरुषभी ताआत्मज्ञानकेप्रभावतैं सर्वजीवोंका स्वामीहोवैगा॥शंका॥हेभगवन् पूर्वआपनैं यहकह्या॥जोदेवराजइंद्र आत्मज्ञानकेप्रभावतैं सर्वअसुरोंकूंजीतताभया ॥ सो संभवैनहीं काहेतैं पुराणोंविषे असुरोंकरिके इंद्रकापराजयभी बहुतवार कथनकऱ्याहै॥समाधान॥हेवाळाकि जबपर्यंत देवराजइंद्र प्रजापतिकेउपदेशतैं आत्म

ज्ञानकूं नहींप्राप्तभयाथा॥तबपर्यंतहीं देवराजइन्द्रकूंजीतिकरिके असुर तीनलोकके अधिपतिहोतेभये॥और प्रजापतिकेउपदेशतें आत्मज्ञानकीप्राप्तिहोएतैंअनंतर सर्वअसुरोंकाहननकरिके सोदेवराजइंद्रही तीनलोकका अधिपतिहोताभया॥यातें हेबालाकि याआनंदस्वरूपअद्वितीयआत्माकाज्ञानहीं सर्वतैंअधिकहै॥ताज्ञानकूंहीं पुरुषोंने यत्नकरिकेसंपादनकरणा॥श्रीगुरुरुवाच॥हेशिष्य इसप्रकार कौषीतकीऋषि आपणे शिष्योंकेताईं ब्रह्मविद्याकाउपदेश करिके तूष्णीभावकूंप्राप्तहोताभया॥औरब्रह्मकेनिरूपणतैंअनंतर ताब्रह्मकाअवश्यकहणेयोग्यजो सत्यकासत्यहै याप्रकारकागुह्यनाम ॥ तानामकूंअर्थसहित सोकौषीतकीऋषि आपणेशिष्योंकेताईं नहींकथनकरताभया॥किंतु याज्ञवल्क्यकेतपकरिके संतोषकूंप्राप्तहुआसूर्यभगवान् याज्ञवल्क्यनामाशिष्यकेताईं सत्यकासत्यहै याप्रकारकेब्रह्मकेनामकूं अर्थसहितउपदेशकरताभया ॥ और कौषीतकीऋषितो देवराजइंद्रतैंभयकूंप्राप्तहुआ संपूर्णब्रह्मविद्या आपणेशिष्योंकेताईं नहींउपदेशकरताभया ॥ किंतु चारिअध्यायरूप जोकौषीतकीउपनिषदहै ॥ तिसके प्रथमअध्यायविषे प्राणरूपपर्यंकविषे स्थितब्रह्मकीउपासनाकूं कथनकरताभया ॥ और द्वितीयअध्यायविषेअंगोंसहितप्राणविद्याकूं कथनकरताभया ॥ और तृतीयअध्यायविषे इंद्रप्रतर्दनकेसंवादकरिके निर्गुणब्रह्मविद्याकूं कथनकरताभया और चतुर्थअध्यायविषे बालाकिअजातशत्रुकेसंवादकरिके तिसीनिर्गुणब्रह्मविद्याकूं कथनकरताभया ॥ इतनीविद्या कौषीतकीऋषि आपणेशिष्योंकेताईं उपदेशकरिके इंद्रतैंभयकूंप्राप्तहुआ सोकौषीतकीऋषि विद्याउपदेशतैंउपरामहोताभया ॥ यहसंपूर्णवार्ता चतुर्थअध्यायविषेकथनकरैंगे ॥ इतिश्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य स्वामिउद्धवानंदपूज्यपाद शिष्येण स्वामिचिद्घनानंदगिरिणा विरचिते प्राकृताऽऽत्मपुराणे कौषीतकिसारार्थप्रकाशे बालाकिअजातशत्रुसंवादोनाम तृतीयोऽध्यायःसमाप्तः ॥ ३ ॥

इतिश्रीस्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषा आत्मपुराणेतृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

॥ अथ स्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषाआत्मपुराणे चतुर्थोऽध्यायप्रारंभः ॥

१५

ॐश्रीगणेशायनमः ॥ ॥ श्रीकाशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ अथ चतुर्थअध्यायप्रारंभः ॥ तहां प्रथमअध्यायविषे ऋग्वेदकेऐतरेयउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्या ॥ और द्वितीयअध्यायविषे तथातृतीयअध्यायविषे ऋग्वेदकेकौषीतकीउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्या ॥ अब सप्तअध्यायोंकरिकै यजुर्वेदकेउपनिषदोंकाअर्थ निरूपणकरैंहैं ॥ तहां प्रथमबृहदारण्यकउपनिषद्केअर्थकूं चारि अध्यायोंकरिकैनिरूपणकरैंहैं ॥ तहां पूर्वतृतीयअध्यायकेअंतविषे गुरुनैं शिष्यकेताईं यहअर्थकथनकऱ्या ॥ देवराजइंद्रतैंभयकूंप्राप्तहुआ कौषीतकिऋषि आपणेशिष्योंकेताईं संपूर्णब्रह्मविद्याकाउपदेश नहींकरताभया ॥ और सूर्यभगवान् याज्ञवल्क्यऋषिकेताईं संपूर्णब्रह्म विद्याकाउपदेश करताभया ॥ यहविचित्रकथा तृतीयअध्यायकेअंतविषे गुरुनैंकही ॥ तिसविचित्र वार्ताकूंश्रवणकरिकै शिष्य अतिविस्मयकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सूर्यभगवाननैं याज्ञवल्क्यकेताईं उपदेशकरीजोब्रह्मविद्या ॥ तासब्रह्मविद्याकेश्रवणकरणेकीयद्यपि शिष्यकूंकामनाहै ॥ तथापि सोशिष्य अत्यंतबुद्धिमान्है ॥ यातैं तासब्रह्मविद्याका साक्षात्प्रश्न नहींकरताभया ॥ किंतु कौषीतकिऋषि इंद्रतैंभयकूं प्राप्तहोताभया ॥ यावचनकूंश्रवणकरिकै संशययुक्तहुआशिष्य प्रथम कौषीतकि ऋषिकेभयकाकारण पूछताभया ॥ भयकेकारणपूछणेविषे शिष्यका यहगुह्यअभिप्रायहै ॥ जबी कौषीतकिऋषिकेभयकाकारण मैं पूछोंगा ॥ तबी कौषीतकिऋषिकेभयकेकारणकूं कथनकरतेहुए श्रीगुरु तासंपूर्णब्रह्मविद्याकूंभीकथनकरैंगे ॥ याअभिप्रायतैं शिष्य प्रथम कौषीतकिऋषिकेभयकाकारण पूछताभया ॥ शिष्य उवाच ॥ हेभगवन् देवराजइंद्र ऐसाकौनक्रूरकर्म करताभया ॥ जिसकारणतैं कौषीतकीऋषिकूं इंद्रतैंभयहोताभया ॥ याविचित्र आख्यानकेश्रवणकरणेकीहमारेकूंइच्छाहै ॥ आप कृपाकरिकै हमारेताईं कथनकरो ॥ इसप्रकार शिष्यकेप्रश्नकूंश्रवणकरिकै श्रीगुरु वेदकेमंत्रोंकरिकैकथनकरीजो दध्यङ्अश्विनका तथाइंद्रका परस्पर संवादरूपकयाहै ॥ तिसविचित्रकथाकेउपदेशकरणेवासते प्रथम ब्रह्मविद्याकेप्रवर्त्तक संपूर्णगुरुवोंकूं स्मरणकरताभया ॥ काहेतैं जैसेविवेकादिकसाधनचतुष्टय ब्रह्मविद्याश्रवणकेसाधनहैं ॥ तैसे ब्रह्मविद्याके प्रवर्त्तकगुरुवोंकास्मरणभी पापरूपप्रतिबंधकीनिवृत्तिद्वारा ब्रह्मविद्याकेप्राप्तिकासाधनहै ॥ यातैं ब्रह्मविद्याअध्ययनकालविषे ब्रह्मविद्याके

प्रवर्त्तकगुरुवोंकास्मरण मुमुक्षुजनानें अवश्यकरणाचाहिये ॥ तहाँ मधुकांडकेअंतविषे तथायाज्ञवल्क्यकांडकेअंतविषे पुरुषनामकरिके घटित ऋषियोंकेनाम कथनकरेहैं ॥ यातें तिनदोनोंवंशोंकूं पुरुषवंश कहैहैं ॥ और खिलकांडकेअंतविषे स्त्रीनामकरिकेघटित ऋषियोंके नामहैं ॥ यातें तावंशकूं स्त्रीवंशकहैहैं ॥ तहाँ मधुकांडविषे तथायाज्ञवल्क्यकांडविषे वर्तमान जेदोनोंपुरुषवंशहैं ॥ तथाखिलकांडविषे वर्तमान जोस्त्रीवंशहै ॥ यातीनवंशोंविषेवर्तमानऋषियोंका कोईकशास्त्रवाले भेदमानेहैं ॥ और कोईकशास्त्रवाले तिनोंकाअभेदमानेहैं ॥ ताभेदअभेददोनोंपक्षोंविषे अभेदपक्षहीश्रेष्ठहै ॥ काहेतें एकअद्वितीयब्रह्मही गुरुमूर्तिकूंधारणकरिके शिष्यकेताई उपदेशकरैहै ॥ यहवेदांतशास्त्रकासिद्धांतहै ॥ यातें अभेदपक्षकूंअंगीकारकरिके प्रथम स्त्रीवंशविषेस्थितऋषियोंके परंपराकूंनिरूपणकरैहैं ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हे शिष्य ॥ याजगत्विषे पौतिमाषीनामास्त्री ब्रह्मविद्याकेअधिकारीहमसर्वजनोंकीमाताहै ॥ काहेतें जिसपौतिमाषीकापुत्र इसलोकविषे सर्व ब्राह्मणोंकेताईं दुर्विज्ञेयब्रह्मविद्याकूं देताभयाहै ॥ सोकैसाहैपौतिमाषीकापुत्र ॥ जिसकूंस्त्रीवंशविषे पौतिमाषीपुत्रकहैं हैं ॥ और दोनोंपुरुषवंशविषे जिसकूं पौतिमाष्यकहैहैं ॥ हेशिष्य यापौतिमाषीपुत्रतेंआदिलेके हिरण्यगर्भपर्यंतजितनेक ब्रह्मविद्याकेप्रवर्त्तकगुरुहैं तिनसंपूर्णोंकेनामोंकूं हम तुमारेताईं कथनकरैहैं ॥ तिनब्रह्मवेत्ताऋषियोंकेनामश्रवणतें तथा नामस्मरणतें ब्रह्मविद्याकेप्रतिबंधक संपूर्णपाप कर्मोंका नाशहोवैगा ॥ तिसतेंअनंतर संपूर्णवेदांतअर्थकेजानणेविषे तूं समर्थहोवैगा ॥ यहवार्ता साक्षात्श्रुतिविषेभीकहीहै ॥ श्लोक ॥ यस्य देवेपराभक्तिः यथादेवेतथागुरौ ॥ तस्यैतेकथिताह्यर्थाः प्रकाशंतेमहात्मनः ॥ १ ॥ अर्थयह ॥ जिसपुरुषकी विष्णुतथामहादेवआदिकदेवतावोंविषे परमभक्तिहै ॥ और जैसे देवतावोंविषेपरमभक्तिहै तैसीही ब्रह्मविद्याकेदातागुरुविषे परमभक्तिहै ॥ तिसमहात्मापुरुषकीबुद्धिविषे वेदांतकरिकेप्रतिपादनकरे अर्थ आरूढहोवैहैं॥जिसपुरुषकी देवतावोंविषे तथागुरुविषे परमभक्तिनहींहै ॥ तिसपुरुषकीबुद्धिविषे वेदांतकेअर्थ आरूढहोवैंनहीं ॥ यातें मुमुक्षुपुरुषनें अवश्य गुरुकीभक्तिकरणी ॥ अथ वंशावलीवर्णनम् ॥ हेशिष्य ॥ सोपौतिमाषीपुत्र नामाऋषि कात्यायनीपुत्रनामाऋषितें ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया॥तिसीकात्यायनीपुत्रनामाऋषिकूं पुरुषवंशविषे गोपवनकहैंहैं ॥और सो

कात्यायनीपुत्र गोपवननामाऋषि भारद्वाजीपुत्रनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसीभारद्वाजीपुत्रनामाऋषिकूं पुरुषवंशविषे पौतिमाष्यकैंहहैं ॥ यहपौतिमाष्य पूर्वपौतिमाष्यतैंभिन्नजानणा ॥ और सोभारद्वाजीपुत्र पौतिमाष्यनामाऋषि पाराशरीपुत्रनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसीपाराशरीपुत्रनामाऋषिकूं पुरुषवंशविषेगोपवनकैंहहैं ॥ यहगोपवनभी पूर्वगोपवनतैंभिन्नजानणा ॥ और सोपाराशरीपुत्र गोपवननामाऋषि औपस्वस्तीपुत्रनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसीऔपस्वस्तीपुत्रनामाऋषिकूं पुरुषवंश विषे कौषिककैंहहैं ॥ और सोऔपस्वस्तीपुत्र कौषिकनामाऋषि पाराशरीपुत्रनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ यहपाराशरीपुत्र नामाऋषिभी पूर्वपाराशरीपुत्रतैंभिन्नजानणा ॥ तिसपाराशरीपुत्रनामाऋषिकूं पुरुषवंशविषे कौंडिन्यकैंहहैं ॥ और सोपाराशरीपुत्रकौंडि न्यनामाऋषिकौशिकीपुत्रनामाऋषितैंब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया॥तिसीकौशिकीपुत्रनामाऋषिकूंपुरुषवंशविषेशांडिल्यकैंहहैं ॥ औरसोकौ शिकीपुत्रशांडिल्यनामाऋषि आलंबीपुत्रनामाऋषितैं तथावैयाघ्रीपुत्रनामाऋषितैं यादोनोंगुरुवोंतैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसीआलं बीपुत्रनामाऋषिकूं पुरुषवंशविषे कौशिककैंहहैं ॥ और तिसीव्याघ्रीपुत्रनामाऋषिकूं पुरुषवंशविषे गौतमकैंहहैं ॥ और तिनदोनोंविषे आलंबीपुत्रकौशिकनामाऋषितो साक्षात्ब्रह्मातैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और दूसराव्याघ्रीपुत्र गौतमनामाऋषि कापीपुत्रनामाऋ षितैं तथाकाण्वीपुत्रनामाऋषितैं यादोनोंगुरुवोंतैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसकापीपुत्रनामाऋषिकूं पुरुषवंशविषे अग्निवेश्यकैंहैं ॥ काण्वीपुत्रनामाऋषिका पुरुषवंशविषे समानसंख्यावालाकोईनामहैनहीं यातैं लिख्यानहीं ॥ और तिनदोनोंविषे काण्वीपुत्र नामाऋषितो साक्षात्ब्रह्मातैंहीं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और दूसरा कापीपुत्र अग्निवेश्यनामाऋषि आत्रेयीपुत्रनामाऋषितैं तथाशांडिल्यनामाऋषितैं यादोनोंगुरुवोंतैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसआत्रेयीपुत्रनामाऋषिकूं पुरुषवंशविषे आनभिम्लातकैंहैं ॥ शांडिल्यनामाऋषिकेअभेदकाबोधककोईनाम सोवंशविषेहैनहीं ॥ यातैं नहीं कथनकऱ्या॥ और तिनदोनोंविषे शांडिल्यनामाऋ षितो साक्षात् ब्रह्मातैंही ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और दूसरा आत्रेयीपुत्र आनभिम्लातनामाऋषि गौतमीपुत्रनामाऋषितैं

ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसगौतमीपुत्रनामाऋषिकूं पुरुषवंशविषे आनभिम्लातकहेंहें ॥ और सोगौतमीपुत्र आनभिम्लातनामा ऋषि भारद्वाजीपुत्रनामाऋषितें ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसभारद्वाजीपुत्रनामाऋषिकूं पुरुषवंशविषे गौतमकहेंहें ॥ और सोभारद्वाजीपुत्र गौतमनामाऋषि पाराशरीपुत्रनामादोऋषियोंतें ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया॥ तिनदोनोंऋषियोंकूं पुरुषवंशविषे एककूं सैतवकहेंहें ॥ और दूसरेकूंप्राचीनयोग्यकहेंहें ॥ और सोपाराशरीपुत्र सैतवनामाऋषि तथाप्राचीनयोग्यनामाऋषि यहदोनोंभ्राता वात्सीपुत्रनामाऋषितें ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोतेभये ॥ तिसवात्सीपुत्रनामाऋषिकूं मधुकांडविषेस्थितपुरुषवंशविषे पाराशर्यकहेंहें ॥ और याज्ञवल्क्यकांडविषेस्थितपुरुषवंशविषे पाराशर्यायणकहेंहें ॥ और सोवात्सीपुत्र पाराशर्यायणनामाऋषि पाराशरीपुत्रनामाऋषितें ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया॥तिसपाराशरीपुत्रनामाऋषिकूं मधुकांडविषे भारद्वाजकहेंहें ॥ और याज्ञवल्क्यकांडविषे गार्ग्यायणकहेंहें ॥ और सोपाराशरीपुत्रभारद्वाजनामाऋषि वार्कारुणीपुत्रनामाऋषितें तथागौतमतें यादोनोंगुरुवोंतें ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसवार्कारुणीपुत्रनामाऋषिकूं याज्ञवल्क्यकांडविषे उद्दालकायनकहेंहें॥ और मधुकांडविषे भारद्वाजकहेंहें॥तिनदोनोंविषे वार्कारुणीपुत्र भारद्वाजनामाऋषितो साक्षात् ब्रह्मातेंही ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥और दूसरागौतमनामाऋषि द्वितीयवार्कारुणीपुत्रनामाऋषितें ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥तिसवार्कारुणीपुत्रनामाऋषिकूं याज्ञवल्क्यकांडविषे जाबालायनकहेंहें ॥ और मधुकांडविषे भारद्वाजकहेंहें ॥ और सोवार्कारुणीपुत्र भारद्वाजनामाऋषि आर्तभागीपुत्रनामाऋषितें ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसआर्तभागी पुत्रनामा ऋषिकूं याज्ञवल्क्यकांडविषे माध्यंदिनायनकहेंहें ॥ और मधुकांडविषे पाराशर्यकहेंहें ॥ और सोआर्तभागी पुत्र माध्यंदिनायननामाऋषि शौंगीपुत्रनामाऋषितें ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसशौंगीपुत्रनामाऋषिकूं याज्ञवल्क्यकांडविषे सौकरायणकहेंहें ॥ और सोशौंगीपुत्र सौकरायणनामाऋषि सांकृतीपुत्रनामाऋषितें ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिससांकृतीपुत्रनामाऋषिकूं याज्ञवल्क्यकांडविषे काषायणकहेंहें ॥ और सोसांकृतीपुत्र काषायणनामाऋषि आलंबायनीपुत्रनामाऋषितें ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसआलंबायनीपुत्रनामाऋषिकूं याज्ञवल्क्यकांडविषे सायकायनकहें

हैं ॥ और मधुकांडविषे वैजपायनकहैंहैं ॥ और सोआलंबायनीपुत्र वैजपायननामाऋषि आलंबीपुत्रनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोता भया ॥ तिसआलंबीपुत्रनामाऋषिकूं पुरुषवंशविषे कौशिकायनिकहैंहैं ॥ और सोआलंबीपुत्र कौशिकायनिनामाऋषि जायंतीपुत्रनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसजायंतीपुत्रनामाऋषिकूं दोनोंपुरुषवंशोंविषे घृतकौशिककहैंहैं ॥ और सोजायंतीपुत्र घृतकौशिक नामाऋषि मांडूकायनीपुत्रनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसमांडूकायनीपुत्रनामाऋषिकूं पुरुषवंशविषे पाराशर्यायणकहैंहैं ॥ और सोमांडूकायनीपुत्र पाराशर्यायणनामाऋषि मांडूकीपुत्रनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसमांडूकीपुत्रनामाऋषिकूं पुरुषवंशविषे पाराशर्यकहैंहैं ॥ और सोमांडूकीपुत्र पाराशर्यनामाऋषि शांडलीपुत्रनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसशांडिलीपुत्रनामाऋषिकूं पुरुषवंशविषे जातूकर्ण्यकहैंहैं ॥ और सोशांडिलीपुत्रजातूकर्ण्यनामाऋषि राथीतरीपुत्रनामाऋषितैं तथा यास्कनामाऋषितैं यादोनोंगुरुवोंतैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसराथीतरी पुत्रनामाऋषिकूं पुरुषवंशविषे आसुरायणकहैंहैं ॥ तिनदोनोंविषे यास्कनामाऋषितो साक्षात्ब्रह्मातैंही ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और दूसरा राथीतरीपुत्र आसुरायणनामाऋषि भालुकी पुत्रनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसभालुकीपुत्रनामाऋषिकूं पुरुषवंशविषे त्रैवणिकहैंहैं ॥ अब स्त्रीवंशविषेवर्तमान जेअधिक षट्ऋषिहैं॥तिनोंका आसुरायणऋषिविषे अंतरभावकूं दिखावैहैं॥सोभालुकीपुत्र त्रैवणिनामाऋषि क्रौंचकीपुत्रनामादोनोंऋषियोंतैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया॥और ते क्रौंचकीपुत्रनामादोनोंऋषिवैदभृतीपुत्रनामाऋषितैंब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोतेभये॥और सोवैदभृतिपुत्रनामाऋषिकार्षकेयीपुत्रतैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया।और सोकार्षकेयीपुत्रनामाऋषिप्राचीनयोगीपुत्रनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया।और सोप्राचीन योगीपुत्रनामाऋषि सांजीवीपुत्रनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया॥और सोसांजीवीपुत्रनामाऋषि प्राश्रीपुत्रनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्त होताभया॥कैसाहैसोप्राश्रीपुत्रनामाऋषि स्त्रीवंशकेअंतविषेस्थितहै ॥ और आसुरिनामादेशविषेरहणेतैं अथवा आसुरिनामागुरुकेसमीपरहणेतैं जिसप्राश्रीपुत्रनामाऋषिकूं आसुरिवासीकहैंहैं॥ और सोप्राश्रीपुत्रनामाऋषि पूर्वउक्तराथीतरी पुत्रआसुरायणनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूं

प्राप्तहोताभया ॥ कैसाहै सो आसुरायणनामाऋषि पूर्वउक्त जातूकर्ण्यनामाऋषिकातौगुरुहै ॥ और त्रैवणिनामाऋषिकाशिष्यहै ॥शंका॥
हेभगवन् त्रैवणिनामाऋषिकेगुरुवोंकीपरंपराविषेवर्तमान प्राश्नीपुत्रनामाऋषि त्रैवणिनामाऋषिकेशिष्यआसुरायणनामाऋषितैं किसप्रकार
ब्रह्मविद्याकूंग्रहणकरताभया ॥ आपणेशिष्यकेभीशिष्यतैं विद्याकाग्रहणकरणा संभवेनहीं ॥ समाधान ॥आपणेशिष्यकेभीशिष्यतैं यद्यपि
विद्याकाअध्ययनकरणा असंगतहै॥तथापि किसीनिमित्तकरिके पूर्वअध्ययनकरीविद्याकेविस्मरणहुए तथासंशयकेउत्पन्नहुए पुनःविद्याका
अध्ययन प्रसिद्धदेख्याहै ॥ और महाभारतकेगदापर्वविषेभी यहवार्ताप्रसिद्धहै ॥ तहाँयहकह्याहै ॥ एककालविषे द्वादशवर्षपर्यंत दुर्भिक्ष
पड़ाथा ॥ तादुर्भिक्षकरिके संपूर्णब्राह्मणोंको विद्या विस्मरणहोतीभयी ॥ और सरस्वतीकीकृपाकरिके एकसारस्वतनामाब्राह्मणकूं विद्या
काविस्मरणनहींहोताभया ॥ और दुर्भिक्षकेनिवृत्तिहुए पुनःतेसंपूर्णब्राह्मण तासारस्वतनामाब्राह्मणतैं विद्याकूंअध्ययनकरतेभये ॥ इस
प्रकार विद्याकेविस्मरणहुए पुनः विद्याकाअध्ययन संभवैहै और सोपूर्वउक्तआसुरायणनामाऋषिकागुरु त्रैवणिनामाऋषि औपजंघनिना
माऋषितैंभी ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोऔपजंघनिनामाऋषि आसुरिनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ सोकै
साहैआसुरिनामाऋषि ॥ तीनवंशोंविषे जिसकासमानरूपहै ॥ और जिसआसुरिनामाऋषितैंलेके नीचेनीचे जोनानाप्रकार
ऋषियोंकेवंशकाभेदहै॥सोवंशकाभेद किसीपुरुषकरिकेभीसमाधानकरणेकूंअशक्यहै॥तात्पर्ययह॥पौतिमाषीपुत्रनामाऋषितैंलेके आसुरि
नामाऋषिपर्यंतऋषियोंकेनामोंकीविलक्षणतादेखिके तथासंख्याकीविलक्षणतादेखिकेकोईकशास्त्रवालेत्रीवंशकूंभिन्नहींअंगीकारकरैंहैं।और
कोईकशास्त्रवाले महात्मापुरुष बहुतस्थानविषे नामोंकीसमानताकूंदेखिकरिके त्रीवंशकूं भिन्नमानैंनहीं।किंतु अभिन्नमानैंहैं॥तैसेदोनोंपुरुषवं
शविषेभी कोईकशास्त्रवालेपुरुष अग्निवेश्यनामाऋषितैंलेके कौशिकायनिनामाऋषिपर्यंत परस्परनामोंकीविलक्षणताकूंदेखिके भेदहींअंगी
कारकरैंहैं॥और अग्निवेश्यनामाऋषितैं पूर्वविद्यमानजेऋषिहैं ॥ तथा कौशिकायनिनामाऋषितैं परेविद्यमानजेऋषिहैं ॥ तिनोंकातो
परस्परअभेदहीअंगीकारकरैंहैं ॥ और कोईकशास्त्रवालेपुरुषतो सर्वत्र अभेदहीअंगीकारकरैंहैं ॥ काहेतैं एकहीऋषिके नानाप्रकारकेनाम

संभवैहैं ॥ नामोंकेभेदकूंदेखिके ऋषियोंकाभेदमानणा निष्फलहै॥किंवा ॥ तिनवंशोंका परस्परभेदअंगीकारकरिये ॥ अथवा अभेदअंगी
कारकरिये ॥ सर्वप्रकारकरिके आसुरिनामाऋषिविषे स्त्रीवंशका तथादोनोंपुरुषवंशका अभेदहीसिद्धहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ आसुरिनामा
ऋषितैंपूर्व तीनोंवंशोंविषेभेदका तथाअभेदका विवादहै ॥ आसुरिनामाऋषितैंअनंतर केवलअभेदहीहै॥ इसप्रकार स्त्रीवंशकूंनिरूपणकरि
के अब दोनोंपुरुषवंशोंकूं निरूपणकरैहैं ॥ तहां सोआसुरिनामाऋषिभारद्वाजनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोभारद्वाज
नामाऋषि आत्रेयनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोआत्रेयनामाऋषि माटिनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और
सोमांटिनामाऋषि गौतमनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोगौतमनामाऋषि दूसरेगौतमनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोता
भया ॥ और सोदूसरा गौतमनामाऋषि वात्स्यनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोवात्स्यनामाऋषि शांडिल्यनामाऋषितैं
ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोशांडिल्यनामाऋषि कैशोर्यकाप्यनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोकैशोर्य
काप्यनामाऋषि कुमारहारितनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोकुमारहारितनामाऋषि गालवनामाऋषितैं ब्रह्मविद्या
कूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोगालवनामाऋषि विदर्भीकौंडिन्यनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोकौंडिन्यनामाऋषि
वात्सनेयाद्वाभ्रवनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोवात्सनेयाद्वाभ्रवनामाऋषि पथिनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहो
ताभया ॥ तिसपथिनामाऋषिकूं सौभरिभीकहैहैं ॥ और सो सौभरिपथिनामाऋषि अयास्यांगिरसनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहो
ताभया ॥ और सोअयास्यांगिरसनामाऋषि त्वाष्ट्रआभूतिनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोत्वाष्ट्रआभूतिनामाऋषि
त्वाष्ट्रविश्वरूपनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोत्वाष्ट्रविश्वरूपनामाऋषि अश्विन्नामादोऋषियोंतैंब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहो
ताभया ॥ जिनअश्विन्नामाऋषियोंके विद्याउपदेशरूपानिमित्ततैं देवराजइंद्र दध्यङ्अथर्वणनामाऋषिऊपर कोपकूंकरताभया ॥
और तेअश्विन्नामादोनोंऋषि दध्यङ्अथर्वणनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोतेभये ॥ कैसाहैसोदध्यङ्अथर्वणनामाऋषि देवराजइंद्रकाभा

गुरुहै ॥ और सोदध्यङ्अथर्वणनामाऋषि देवआथर्वणनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोदेवआथर्वणनामाऋषि प्राध्वंसनमृ
त्युनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोप्राध्वंसनमृत्युनामाऋषि प्रध्वंसननामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सो
प्रध्वंसननामाऋषि एकर्षिनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोएकर्षिनामाऋषि विप्रचित्तिनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोता
भया ॥ और सोविप्रचित्तिनामाऋषि व्यष्टिनामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोव्यष्टिनामाऋषि सनारुनामाऋषितैं ब्रह्मवि
द्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोसनारुनामाऋषि सनातननामाऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोसनातननामाऋषि सनकनामा
ऋषितैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोसनकनामाऋषि विराट्भगवान्तैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और सोविराट्भगवान् हिर
ण्यगर्भतैं ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसहिरण्यगर्भतैं आगे कोईब्रह्मविद्याकावक्तानहीं ॥ किंतु हिरण्यगर्भही सर्वकाअवधिरूपहै ॥ तिस
हिरण्यगर्भकेताईं सर्वदा हमारानमस्कारहै ॥ कैसाहै सो हिरण्यगर्भ संपूर्णजगत्का तथावेदरूपवृक्षका मूलरूपहै ॥ इसप्रकार स्त्रीवंशके
साथ पुरुषवंशकाअभेद अंगीकारकरिके पुरुषवंशकानिरूपणकर्या ॥ अब भेदपक्षकूंअंगीकारकरिके स्त्रीवंशकानिरूपणकरैहैं ॥ श्रीगुरु
रुवाच ॥ हेशिष्य दोनोंपुरुषवंशोंविषे ऋषियोंकेनामोंकोसमानता बहुतस्थानविषेदेखीतीहै ॥ यातैं दोनोंपुरुषवंशोंका यद्यपि अभेदसं
भवैहै ॥ तथापि स्त्रीवंशविषे ऋषियोंकेसंख्याकाभेद देखीताहै तथा प्रकरणकाभी भेददेखीताहै तथा तिनऋषियोंकेनामोंकी भी विलक्ष
णतादेखीतीहै ॥ यातैंस्त्रीवंशकाभेदही हमारेचित्तविषे प्रतीतहोवैहै ॥ यातैं ताभेदपक्षकूंअंगीकारकरिके अब स्त्रीवंशकानिरूपण तेरेताईं
हम करैहै ॥ तिसकूं तुम श्रवणकरो ॥ पूर्व अभेदपक्षकूंअंगीकारकरिके पौतिमाष्यनामाऋषितैंलेके उत्तरउत्तर आसुरिनामाऋषिपर्यंतस्त्री
वंशकानिरूपणकर्या ॥ अब ब्रह्मातैंलेके नीचेनीचे ऋषियोंकेनामोंकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य पूर्व पुरुषवंशकेअंतविषेकथनकर्या
जोस्वयंभूब्रह्मा तिसब्रह्मातैं विराट्भगवान् ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसविराट्भगवान्तैं काश्यपेयनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्त
होताभया ॥ तिसकाश्यपेयनामाऋषिकूं तुरभीकहैहैं ॥और तिसतुरनामाकाश्यपेयऋषितैं यज्ञवचस्नामा राजस्तंबायनऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्रा

प्तहोताभया ॥ और तिसयज्ञवचस्नामाऋषितैं कुश्रिनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया॥ और तिसकुश्रिनामाऋषितैं वात्स्यनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसवात्स्यनामाऋषितैं शांडिल्यनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसशांडिल्यनामाऋषितैं वामकक्षायणनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसवामकक्षायणनामाऋषितैं माहित्थिनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसमाहित्थिनामाऋषितैं कौत्सनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया और तिसकौत्सनामाऋषितैं मांडव्यनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसमांडव्यनामाऋषितैं मांडूकायनिनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसमांडूकायनिनामाऋषितैं सांजीवीपुत्रनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिससांजीवीपुत्रनामाऋषितैंलैके नोचेनीचे पौतिमाषीपुत्रपर्यंत जोशिष्योंकी परंपरा पूर्वकथनकरिआयेहैं॥सोईहीपरंपरायहां सांजीवीपुत्रतैंनीचेनीचजानणी ॥ परंतु पूर्वतैंहां इतनाभेदहै ॥ पूर्व स्त्रीनामकरिकेअघटितजेपौतिमाष्यतथागौपवनादिकनामहैं ॥ तिननामोंकापरित्यागकरिकै तथापूर्वउक्तआसुरायणऋषिविषे अंतर्भावकापरित्यागकरिकै अन्यसंपूर्णशिष्योंकीपरंपरापूर्वकीन्याई जानणी ॥ यातैं हेशिष्य पौतिमाषीपुत्रनामाऋषितैंआदिलैके जितनेकऋषि स्त्रीवंशविषेविद्यमानहैं ॥ तिनसर्वऋषियोंका आद्यगुरु स्वयंभूब्रह्माहै ॥ ताब्रह्माकूंही हिरण्यगर्भकहैं हैं ॥ और कोईकबुद्धिमान्पुरुष सूर्यभगवान्कूंभी स्त्रीवंशकाआद्यगुरुकहैं हैं ॥ यातैं हेशिष्य तिसप्रक्रियाकूंभी हम तुमारेताई कथनकरेहैं ॥ तुम श्रवणकरो ॥ सोकैसाहै सूर्यभगवान् ॥ जिससूर्यभगवान्कातेज मुमुक्षुजनोंनें सर्वदा ध्यानकरणेयोग्यहै ॥ और जोसूर्यभगवान् हमजीवोंकेअंतरस्थितहोइके बुद्धिकीसंपूर्णवृत्तियोंकूंधर्मादिकोंविषे प्रवर्त्तकरेहै ॥ और जोसूर्यभगवान् मायाविशिष्टईश्वरस्वरूपहै ॥ तथा हिरण्यगर्भस्वरूपहै ॥ तथा वैश्वानरस्वरूपहै ॥ और जोसूर्यभगवान् भूमिलोक अंतरिक्षलोक स्वर्गलोक यहतीनलोकस्वरूपहै॥तथा ऋग् यजुष् साम यहतीनवेदस्वरूपहै॥ तथा जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति यहतीनअवस्थास्वरूपहै ॥ तथा ब्रह्मा विष्णु महादेव यहतीनदेवतास्वरूपहै ॥ और जोसूर्यभगवान् प्रणवकाअर्थस्वरूपहै॥ऐसेसूर्यभगवान्तैं अंभिणीनामादेवता ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसअंभिणीनामादेवतातैं वाक्देवताब्रह्म

विद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसवाक्‌देवतातें कश्यपनामानैध्रुविऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसनैध्रुवि कश्यपनामाऋषितें शिल्पनामाकश्यपऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसशिल्पकश्यपनामाऋषितें हरितकश्यपनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया॥और तिसहरितकश्यपनामाऋषितें वार्षगणनामा असितऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया॥ औरतिस वार्षगणअसितनामाऋषितें जिह्वावान्‌नामा वाध्योगऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसजिह्वावान्‌वाध्योगनामाऋषितें वाजश्रवस्‌नामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसवाजश्रवस्‌नामाऋषितें कुश्रिनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और कुश्रिनामाऋषितें उपवेशिनामाऋषिब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसउपवेशिनामाऋषितें अरुणनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसअरुणनामाऋषितें उद्दालकनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसउद्दालकनामाऋषितें याज्ञवल्क्यनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसयाज्ञवल्क्यनामाऋषितेंआसुरिनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसआसुरिनामाऋषितें आसुरायणनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया॥और तिसआसुरायणनामाऋषितें प्राश्रीपुत्रनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तिसप्राश्रीपुत्रनामाऋषितें सांजीवीपुत्रनामाऋषि ब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोताभया ॥ सोसांजीवीपुत्रनामाऋषि पूर्वब्रह्मातैंप्रवर्तभयावंशविषे मांडूकायनिनामाऋषिका शिष्यरूपकरिकेकथनकऱ्याथा ॥ इसप्रकार प्राचीनयोगीपुत्रनामाऋषितें आदिलेके पौतिमाषीपुत्रनामाऋषिपर्यंत स्त्रीनामघटितनामोंकरिके जेजेऋषिपूर्वनिरूपणकरेथे ॥ तेसंपूर्णऋषि पुरुषनामतैंरहितहुए सांजीवीपुत्रनामाऋषिके शिष्यपरंपराविषेजानणे ॥ इसप्रकार सूर्यभगवान्‌तें निर्गमनभई जोब्रह्मविद्या ॥ तथा स्वयंभूब्रह्मातैंनिर्गमनभईजोब्रह्मविद्या ॥ यहदोनोंप्रकारकीब्रह्मविद्या सांजीवीपुत्रनामाऋषिविषे एकभावकूं प्राप्तहोतीभई ॥ दृष्टांत ॥ जैसे पर्वतकेदोशृंगोंतें निर्गमनभयेजोनदीकेदोप्रवाह ॥ ते किंचित्‌दूरजाइके एकताकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तैसेसूर्यभगवान्‌तें तथाब्रह्मातें निर्गमनभइयां जेब्रह्मविद्यारूपदोनदी तेदोनोंप्रकारकीब्रह्मविद्या सांजीवीपुत्रनामाऋषिकूंप्राप्तहोइके एकभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ ब्रह्मातैंलेके तथासूर्यभगवान्‌तैंलेके सांजीवीपुत्रपर्यंत दोप्रकारकेशिष्यपरंपराकूं ब्रह्मविद्याप्राप्तहोवैहै ॥

और सांजीवीपुत्रतैंलेके नीचेनीचे एकप्रकारकेशिष्यपरंपराकूं ब्रह्मविद्याप्राप्तहोवैहै ॥ इसप्रकार भेदपक्षकूंअंगीकारकरिके स्त्रीवंशका निरूपणकर्‍या ॥ अबतिसीभेदपक्षकूंअंगीकारकरिके दोनोंपुरुषवंशोंकी जितनीअंशविषेसमानरूपताहै तथा जितनीअंशविषे तिनों कीविलक्षणताहै तिनदोनोंकूं निरूपणकरैहैं ॥ तहाँ बृहदारण्यकउपनिषद्के तृतीयचतुर्थअध्यायरूपमधुकांडविषे तथाबृहदारण्यक उपनिषद्के पंचमषष्ठमअध्यायरूपयाज्ञवल्क्यकांडविषे पौतिमाष्यनामाऋषितैंआदिलेके स्वयंभूब्रह्मापर्यंत बहुतस्थानविषे पुरुषवं शकीसमानरूपताही देखीहै ॥ और आग्निवेश्यनामाऋषिके तथाकौशिकायननामाऋषिके मध्यवर्तिजेऋषिहैं ॥ तिनऋषियोंविषे समा नरूपताहैनहीं ॥ किंतु विलक्षणताहै ॥ तहाँ प्रथम मधुकांडविषे विलक्षणताकूंनिरूपणकरैहैं ॥ आग्निवेश्यनामाऋषिके दोगुरुहोतेभये ॥ एकतौ शांडिल्यनामाऋषि ॥ और दूसरा आनभिम्लातनामाऋषि ॥ तिनदोनोंविषे आनभिम्लातनामाऋषिका अन्यआनभिम्लातनामा ऋषि गुरुहोताभया ॥ और तिसदूसरे आनभिम्लातनामाऋषिका तृतीयआनभिम्लातनामाऋषि गुरुहोताभया ॥ और तिसतृतीयआन भिम्लातनामाऋषिका गौतमनामाऋषि गुरुहोताभया ॥ और तिसगौतमनामाऋषिके सैतवनामाऋषि तथाप्राचीनयोग्यनामाऋषि यह दोनोंगुरुहोतेभये॥और सैतव तथाप्राचीनयोग्यनामादोनोंऋषियोंका पाराशर्यनामाऋषि गुरुहोताभया॥और तिस पाराशर्यनामाऋषिका भारद्वाजनामाऋषि गुरुहोताभया ॥ और तिसभारद्वाजनामाऋषिके द्वितीयभारद्वाजनामाऋषि तथागौतमनामाऋषि दोनों गुरुहोतेभये तिनदोनोंऋषियोंविषे गौतमनामाऋषिका अन्यभारद्वाजनामाऋषि गुरुहोताभया॥ और तिसभारद्वाजनामाऋषिका अन्यपाराशर्यनामा ऋषि गुरुहोताभया ॥ और तिसपाराशर्यनामाऋषिका वैजपायननामाऋषि गुरुहोताभया॥और तिसवैजपायननामाऋषिका कौशिका यनिनामाऋषि गुरुहोताभया॥ इसप्रकार मधुकांडविषे आग्निवेश्यनामाऋषितैंलेके कौशिकायनिनामाऋषिपर्यंत विलक्षणताकथनकरी॥ अब याज्ञवल्क्यकांडविषेताविलक्षणताकूंनिरूपणकरैहैं ॥ तहांआग्निवेश्यनामाऋषिका गार्ग्यनामाऋषि गुरुहोताभया ॥ और ति सगार्ग्यनामाऋषिका दूसरागार्ग्यनामाऋषि गुरुहोताभया ॥ और तिसदूसरेगार्ग्यनामाऋषिका गौतमनामाऋषि गुरु होताभया ॥

और तिसगौतमनामाऋषिका सैतवनामाऋषि गुरुहोताभया ॥ और तिससैतवनामाऋषिका पाराशर्यायणनामाऋषि गुरुहोताभया ॥ और तिसपाराशर्यायणनामाऋषिका गार्ग्यायणनामाऋषि गुरुहोताभया ॥ और तिसगार्ग्यायणनामाऋषिका उद्दालकायननामाऋषि गुरुहोताभया ॥ और तिसउद्दालकायननामाऋषिका जावालायननामाऋषि गुरुहोताभया ॥ और तिसजावालायननामाऋषिका माध्यंदिनायननामाऋषि गुरुहोताभया ॥ और तिसमाध्यंदिनायननामाऋषिका सौकरायणनामाऋषि गुरुहोताभया ॥ और तिससौकरायणनामाऋषिका काषायणनामाऋषि गुरुहोताभया ॥ और तिसकाषायणनामाऋषिका सायकायननामाऋषि गुरुहोताभया ॥ और तिससायकायननामाऋषिका कौशिकायनिनामाऋषि गुरुहोताभया ॥ हेशिष्य मधुकांडविषे स्थितपुरुषवंशविषे तथायाज्ञवल्क्यकांडविषेस्थितपुरुषवंशविषे इतनोहीविलक्षणताहै ॥ ताविलक्षणताकूंदेखिकरिकै कोईकविद्वान्पुरुष तिनदोनोंपुरुषवंशोंकेभेदकूंही अंगीकार करैहैं ॥ और कोईकविद्वान्पुरुष याप्रकार अंगीकारकरैहैं ॥ मधुकांडकेअंतविषे तथायाज्ञवल्क्यकांडकेअंतविषे तथाखिलकांडकेअंतविषे एकहीवंशकानिरूपणकऱ्याहै ॥ परंतु मधुकांडादिरूपउपाधिकेभेदकरिकै वंशकाभेद प्रतीतहोवैहै ॥ वास्तवतैं वंशकाभेदनहीं ॥ और कोईकविद्वान्पुरुष कल्पकेभेदतैंवंशकाभेद अंगीकारकरैहैं ॥ और वेदकेअर्थकूंयथार्थजानणेहारे जेश्रीशंकराचार्यादिकहैं ॥ तेतो सर्वप्रकार तिनवंशोंकाअभेदनहीं अंगीकारकरैहैं ॥ शंका ॥ हेभगवन् जोतिनवंशोंका सर्वथाअभेदहीहोवै ॥ तो एकवारकथनतैंहीप्रतिबंधकेनिवृत्तिद्वारा विद्याकीप्राप्तिरूपफलकासंभवहोइसकैहै तीनवारवंशकाकथन निष्फलहै ॥ समाधान ॥ तीनवार वंशकाकथन निष्फल नहीं किंतु सफलहै ॥ काहेतैं जैसे एकहीप्राण ज्येष्ठरूपकरिकैआराधनकऱ्याहुआ ॥ तथाश्रेष्ठरूपकरिकैआराधनकऱ्याहुआ भिन्नभिन्न फलकीप्राप्तिकरैहै ॥ तैसे एकहीऋषियोंकावंश मधुकांडविषे स्थितनामोंकरिकैस्मरणकऱ्याहुआ मधुविद्याकेप्रतिबंधकपापकर्मकीनिवृत्तिद्वारा मधुविद्यारूपफलकीप्राप्तिकरैहै ॥ और सोईही ऋषियोंकावंश याज्ञवल्क्यकांडविषेस्थितनामोंकरिकैस्मरणकऱ्याहुआ याज्ञवल्क्यविद्याकेप्रतिबंधकपापकर्मोंकीनिवृत्तिद्वारा याज्ञवल्क्यविद्यारूपफलकीप्राप्तिकरैहै ॥ और सोईहीऋषियोंकावंश खिलकांडविषेस्थितनामों

करिकेस्मरणकऱ्याहुआ सर्वविद्याकेप्रतिबंधकपापकर्मकीनिवृत्तिद्वारा सर्वविद्यारूपफलकीप्राप्तिकरैहै ॥ यातैं तीनोंकांडविषे ऋषियोंके नामोंकाभेदहै ॥ ऋषियोंकेस्वरूपविषेभेदनहीं ॥ किंवा स्त्रीवंशविषे जोपूर्व किंचित्मात्रविलक्षणता कथनकरिआयेहैं ॥ सोविलक्षणता भी भेदकाकारणहोवैनहीं ॥ काहेतैं जैसे दोनोंपुरुषवंशविषे आग्निवेश्यनामाऋषिके तथाकौशिकायनिनामाऋषिके मध्यवर्तिऋषियोंके जोनामोंकाभेदहै ॥ सोभेद दोनोंपुरुषवंशकेभेदकूंउत्पन्नकरैनहीं॥तैसे कहांन्यूनऋषियोंकाकथनऔर कहीं अधिक ऋषियोंकाकथन और कहांदोगुरुवोंकाकथन और कहांब्रह्मातथासूर्यरूपदोसंप्रदायोंकाकथन ॥ यहसर्वप्रकारकीविलक्षणताभी स्त्रीवंशकेभेदकूंसिद्धकरैनहीं ॥ किंवा ॥ ब्रह्मविद्याकाप्रवर्तक जो सूर्यभगवान्है ॥ सो स्वयंभूब्रह्मातैंभिन्ननहीं ॥ तैसे स्वयंभूब्रह्मातैं विराट्भगवान् वास्तवतैंभिन्ननहीं॥तैसे विराट्भगवान्तैं ऋषि वास्तवतैंभिन्ननहीं ॥ किंतु उपाधिकरिकेतिनोंकापरस्परभेद प्रतीतहोवैहै ॥ यातैं ऋषियोंकेस्वरूपकाभेदनहीं ॥ किंतुतिनोंकेनाममात्रकाभेदहै ॥ किंवा सांजीवीपुत्रनामाऋषितैंलेके ब्रह्मापर्यंत श्रुतिही तिनऋषियोंकेसमानरूपताकूं कथनकरैहै ॥ यातैं पौतिमाषीपुत्रपर्यंतभी तिनवंशोंविषे भेदनहींजानणा ॥ किंतु अभेदहीजानणा ॥किंवा ॥ तीनवंशोंविषेस्थितऋषियोंका परस्परभेदहोवै ॥ अथवा अभेदहोवै ॥ सर्वप्रकारकरिके मुमुक्षुपुरुषनैं तिनऋषियोंका वारंवार स्मरणहींकरणेयोग्यहै ॥ और जोकदाचित् सर्वऋषियोंकेस्म रणकरणेकी जिसपुरुषकूंसामर्थ्यनहींहोवै ॥ तिसपुरुषनैंभी पौतिमाषीपुत्रनामाऋषिकातो अवश्यहीस्मरणकरणा ॥ काहेतैं ब्रह्मविद्याके अधिकारीहमसर्वपुरुषोंकागुरु पौतिमाषीपुत्रनामाऋषिहीहै ॥ कैसाहैसोपौतिमाषीपुत्रनामाऋषि स्त्रीवंशविषे तथापुरुषवंशविषे प्रसिद्धहै ॥ इतिवंशव्याख्यानंसंपूर्णम् ॥ हेशिष्य पूर्वजोतुमनैं भयकाकारणपूछाथा ॥ तिसकेकथनकरणेवासते यहऋषियोंकावंश हमनैं तुमारेताई कथनकऱ्याहै॥अब तिनऋषियोंकेवंशविषे एकविचित्रइतिहासकूं हमनैंश्रवणकऱ्याहै ॥ तिसइतिहासकूं तुम श्रवणकरो ताइतिहासकेश्रवणक रणेतैं तुमारेसंदेहकीनिवृत्तिहोवैगी ॥ कैसाहैसोइतिहास इंद्रके तथाअश्विनीकुमारोंके गुह्यकर्मकूं प्रकाशकरणेहाराहै ॥और अश्विनीकुमारोंकूं देखिके क्रोधयुक्तहुएकिसीऋषिनैं कथनकऱ्याहै ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य कोईकऋषि किसीकार्यकीसिद्धिवासते अश्विनीकुमारोंकेसमीप

जाताभया॥औरतेअश्विनीकुमारकिसीनिमित्तकरिकैतिसऋषिकीअवज्ञाकरतेभये॥ तिसकरिकैक्रोधयुक्तहुआसोऋषिअश्विनीकुमारोंकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ तुमोंनैं जोपूर्वंगुह्यपापकर्मकन्याहे ॥ तिसकूं मैं भलीप्रकारजाणताहूं ॥ अहंकारकरि केयुक्तहुएतुम जोहमारेकार्यकूंनहींकरोगे ॥ तो जैसेबादल महान्वृष्टिकूंप्रगटकरैहे ॥ तैसे तुमारेपापकर्मकूंमैं प्रगटकरोंगा ॥इसप्रकार ऋषि केवचनकूंश्रवणकरिके तेमहात्माअश्विनीकुमार याप्रकारकाविचारकरतेभये ॥ जोयहऋषि हमारेपापकर्मकूंप्रगटकरैगा ॥ तिसकरिके हमारीकिंचित्मात्रभीहानि नहींहोवैगी ॥ उलटा जगत्विषे हमारीकीर्तिहोवैगी ॥ तात्पर्ययह ॥ अज्ञानीपुरुषकेपापकर्म जभी प्रगटहो वैहैं ॥ तभी परलोकविषे ताअज्ञानीकेदुर्गतिकूंविचारिकरिके संपूर्णलोक ताअज्ञानीकीनिंदाकरैहैं ॥ और आत्मज्ञानीपुरुषकेपापकर्मकूं देखिके लोक निंदाकरैनहीं ॥ उलटा याप्रकारकहैहैं ॥ यातत्त्ववेत्ताज्ञानीपुरुषनैं ऐसाउग्रपापकर्मकन्याभी ॥ तोभी जिसआत्मज्ञानके प्रभावतैं याका रोममात्रभीछेदननहींहोताभया ॥ याप्रकार सर्वलोक तत्त्ववेत्ताज्ञानीपुरुषकी कीर्तिकरैहैं ॥ याप्रकार आपणेमनविषेविचा रकरिके तेअश्विनीकुमार कहतेभये ॥ हेऋषि कूरपुरुषकीन्याई हमोंनैं ऐसाकौनपापकर्मकन्याहे ॥ और किसप्रकार हमोंनैं सोपापकर्म कन्याहे ॥ तथा किसनिमित्तकरिके हमोंनैं सोपापकर्मकन्याहे ॥ यहसंपूर्णवृत्तांत हमारेप्रति तुमकहो ॥ और हेऋषि जोतू हमारेगुह्यपाप कर्मकूं प्रगटकरिकैनहींकहैगा ॥ तो तुमारेकार्यकूं हम नहींसिद्धकरैंगे ॥ यातैं आपणेकार्यकीसिद्धिवासते सोहमारापापकर्म प्रगटकरो ॥ हमारेपापकर्मकूं जभी तुम प्रगटकरोगे ॥ तभी हम तुमारेकार्यकीसिद्धिकरैंगे ॥ यहहमारासत्यवचनहे ॥ इसप्रकार अश्विनीकुमारोंके वचनकूं श्रवणकरिके आपणेकार्यकीसिद्धिवासतै सोऋषि तिनोंकेगुह्यपापकर्मकूं तथाताकेनिमित्तकूं अश्विनीकुमारोंकेआगे कहताभया ॥ ऋषिरुवाच ॥ हेअश्विनीकुमारो ब्रह्माकाशिष्यजोविराट्भगवान्हे ॥ तिसतैंआदिलैके पौतिमाष्यपर्यंत शिष्यपरंपराकरिके विचित्र जो यहपुरुषवंश प्रवृत्तभयाहे ॥ तिसपुरुषवंशविषे ब्रह्मातैंलेकेनीचेनीचे जोद्वादशमादध्यङ्अथर्वणनामाऋषिहे ॥ सो देवअथर्वणनामाऋषि काशिष्यहोताभया ॥ और तुमदोनोंका गुरुहोताभया ॥ सोकेसाहेदध्यङ्अथर्वणनामाऋषि ॥ ब्रह्मविद्याकरिकैयुक्तहे ॥ और मधुकांडके

अर्थकूंजानणेहाराहै ॥ ऐसादध्यङ्अथर्वणनामामुनि तुमदोनोंकेताईं वेदकेपाठकूं तथावेदकेअर्थकूं पढावताभया ॥ परंतु तुमारेकूंवैराग्यतें रहित देखिकरिके सोऋषि तुमारेताईं उपनिषद्रूपवेदांतभागकेअर्थकूं नहींपढावताभया ॥ किंतु अर्थसहितवेदकेकर्मकांडकूं तुमारेताईं पढावताभया और तिसदध्यङ्अथर्वणनामागुरुतें जैसातुमोनें वेदोंकेपाठकूं तथाअर्थकूं अध्ययनकऱ्याथा ॥ तिसीप्रकार तुमदोनों त्वाष्ट्र विश्वरूपनामाऋषिकेताईं कथनकरतेभये ॥ और सोत्वाष्ट्रविश्वरूपनामाऋषि आभूतिनामात्वाष्ट्रकेताईं कथनकरताभया ॥ और सोआभू तित्वाष्ट्रनामऋषि अपास्यनामाआंगिरसऋषिकेताईं वेदकाकथनकरताभया ॥ इसप्रकार सोवेदविद्या परंपराकरिके पौतिमाष्यनामाऋ षिविषे प्राप्तहोतीभयी ॥ और सोपौतिमाष्यनामाऋषि मनुष्यलोकवर्त्तिहमसर्वअधिकारियोंका गुरुहोताभया ॥ इसप्रकार वेदविद्याकेसं प्रदायकूंप्रवर्तकरिके सोदध्यङ्अथर्वणनामाऋषि ब्रह्मज्ञानकेप्रभावतें महान्यशकूंप्राप्तहोताभया ॥ और किसीदेशविषे आश्रमकूंकरिके निवासकरताभया ॥ और तिसआश्रमविषेनिवासकरताहुआ सोदध्यङ्ऋषि पक्षपाततैंरहितहोइकै देवतावोंके तथाअसुरोंके तथामनुष्योंके सुखकूंउत्पन्नकरताभया ॥ तात्पर्ययह ॥ जिसजिसपुरुषकूं स्वर्गरूपफलकेप्राप्तिकीइच्छाहोवे ॥ अथवा पशुपुत्रादिरूपफलकेप्राप्तिकी इच्छाहोवे ॥ अथवा वैरीकेमारणेकीइच्छाहोवे ॥ तिसतिसपुरुषकेताईं तिसतिसउपायकरिकेसहित तिसतिसफलकाउपदेश करतेभये ॥ और लोकोंकेहितवासते तिनकर्मोंकेपरिणामकालविषे होणेहारा जोसुख तथादुःख ॥ तिनसंपूर्णोंका उपदेशकरतेभये ॥ तात्पर्ययह ॥ स्वर्गकेप्राप्तिकाजोउपायपूछे ॥ ताकेप्रति याप्रकारकहतेभये ॥ दर्शपौर्णमासनामायज्ञकूं जोतुम करोगे तौ तुमारेकूंस्वर्गकीप्राप्ति होवेगी ॥ परंतु पुण्यकर्मकेक्षयहुएतेंअनंतर स्वर्गतेंनीचेगिडनेंकरिके महान्दुःख तुमारेकूंप्राप्तहोवेगा ॥ और पुनःउत्तमकुलविषे तुमाराजन्महोवेगा ॥ और जोकोईपुरुष शत्रुमारणेकाउपाय दध्यङ्ऋषितैंपूछे ॥ ताकेप्रति याप्रकारकहतेभये ॥ जोतुम श्येनयज्ञ करोगे ॥ तौ तुमारेशत्रुकामरणहोवेगा ॥ परंतु श्येनयज्ञकेकरणेकरिके पश्चात् तुमारेकूं नरककीभीप्राप्तिहोवेगी ॥ और जोपुरुष चित्तके शुद्धिकाउपाय दध्यङ्ऋषितैंपूछे ॥ ताकेप्रति याप्रकार कहतेभये ॥ फलकीइच्छाकूंपरित्यागकरिके जोतुम कर्मोंकूंकरोगे ॥ तौ

तुमारेचित्तकीशुद्धिहोवैगी ॥ और पश्चात् श्रवणादिद्वारा आत्मज्ञानकीभी तुमारेकूंप्राप्तिहोवैगी ॥ इसप्रकार सोदध्यङ्अथर्वणऋषि सर्वजीवोंकेताईं हितकाउपदेशकरताभया ॥ और जोकोईपुरुष ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिकीइच्छाकरिकै तिसदध्यङ्ऋषिकेसमीपआवे ॥ तिसकेताईंतो याप्रकारकाउपदेश करतेभये ॥ विवेक वैराग्य शमादिकषट्संपत्ति मुमुक्षुता याचतुष्टयसाधनोंकूं प्रथम तुम संपादनकरिकेआवो ॥ पश्चात् तुमारेताईं मैं ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरोंगा ॥ इसप्रकार सोदध्यङ्ऋषि संपूर्णप्राणियोंकेताईं हितकाउपदेशकरता भया ॥ और तिसमहात्मादध्यङ्ऋषिकीकीर्ति तीनलोकोंविषे दशदिशावोंविषे पसरतीभई ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ यद्यपि दध्यङ्ऋषिका सर्वप्राणीमात्रविषेस्नेहहै तथापि तुमदोनों बाल्यअवस्थातैंलेकै तिसमुनिकेशिष्यहो यातैं दध्यङ्मुनिका तुमदोनोंविषे अधिकस्नेहहोताभया ॥ इसप्रकार स्नेहकरिकैयुक्त दध्यङ्अथर्वणमुनितैं तुमनैं ब्रह्मविद्याकेप्राप्तिकीप्रार्थनाकरीभी ॥ तौभी तुमारी विषयोंविषेआसक्तिदेखिकै सोदध्यङ्ऋषि तुमारेताईं ब्रह्मविद्याकूंनहींदेताभया ॥ और विवेकादिकसाधनोंकी दृढताकरावणेवास्ते सोदध्यङ्ऋषि वारंवार याप्रकारकहताभया ॥ जैसे अकालविषेपड़ीहुईवर्षा निष्फलहोवैहै ॥ और जैसे सूर्यकेसमीप दीपक निष्फलहोवैहै ॥ और जैसे पूर्वअन्नकेअजीरणहुए भोजनकऱ्याहुआदूसराअन्न निष्फलहोवैहै ॥ और जैसे तिसवस्तुकीइच्छातैंरहितपुरुषकेताईं तिसीवस्तुकादेणा निष्फलहोवैहै ॥ तैसे विवेकादिकसाधनचतुष्टयरूप अधिकारतैंरहितपुरुषकेताईं उपदेशकरीहुईब्रह्मविद्या निष्फलहोवैहै॥यातैं ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिवासतै विवेकादिकसाधनचतुष्टयरूपअधिकारकूं तुम संपादनकरो ॥ याप्रकार सोदध्यङ्अथर्वणमुनि तुमारेताईं उपदेश करताभया ॥ और हेअश्विनीकुमारो ॥ एककालविषे तुमदोनों किसीनिमित्तकरिकै देवराजइंद्रकीअवज्ञाकूंकरतेभये ॥ कैसेतुमदोनोंहो ॥ सुन्दररूपकेअभिमानकरिकैयुक्तहो ॥ तथा विद्याकेअभिमानकरिकैयुक्तहो॥ याकारणतैंहीं सर्वदेवतावोंकेअधिपतिइंद्रकीअवज्ञाकूंतुमकरतेभये ॥ तिसतुमारीअवज्ञाकूंदेखिकरिकै क्रोधयुक्तहुआसोइंद्र तुमारेयज्ञभागकूंनिवृत्तकरताभया ॥ और तीनलोकोंविषेयाप्रकारकीआज्ञा करताभया ॥ हेसंपूर्णलोको यहदोनोंअश्विनीकुमार चिकित्साकरनेहारेहैं यातैं अशुद्धहैं और पूर्वजन्मविषेभी नीचजातिवालेहैं ॥ यातैंभी

अशुद्धहैं ॥ अशुद्धपुरुषोंकेताईं यज्ञकाभागदेना उचितनहीं ॥ यातैं आजदिनतैंलैके किसीपुरुषनैं इनदोनोंकेताईं यज्ञकाभागनहींदेणा याप्रकारकीआज्ञा देवराजइंद्र करताभया ॥ हेअश्विनीकुमारो इसप्रकार जबी देवराजइंद्रने सर्वदेवतावोंके तथा मुनियोंके सन्मुखवच नकह्या ॥ तबी तुमदोनोंकाभाग सर्वयज्ञोंतैंनिवृत्तहोताभया ॥ इसप्रकार यज्ञभागतैंरहितहुएतुमदोनों अत्यंततपायमानहोतेभये ॥ और दध्यङ्अथर्वणनामागुरुकेसमीपजाइके पुनः यज्ञभागकेप्राप्तिकाउपाय तुम पूछतेभये॥ हेगुरो आज देवराजइंद्रनैं सभाकेमध्यविषे हमदोनों कायज्ञभाग निवृत्तकर्‍याहै ॥ अब हमदोनोकूं कोनउपाय करणेयोग्यहै ॥ यह आप कृपाकरिकेंकहो ॥ और हेगुरो जोआपकीआज्ञाहोवे तोसंपूर्णदेवतावोंसहितइंद्रकूं युद्धकरिकैंतत्तकरणेविषेभी हमदोनों समर्थहैं ॥ याकेविषे किंचित्मात्रभी आपनैं संदेहनहींकरणा ॥ परंतु आपकी आज्ञातैंविना हम युद्धकरणेविषेसमर्थनहीं ॥ अब ऋषिकेसंदेहकीनिवृत्तिवासते आपणेसामर्थ्यकूं अश्विनीकुमार निरूपणकरेहैं ॥ हेगुरो हमाराकैसासामर्थ्यहै ॥ हमदोनोंविषेएकभी तीनलोकसहितब्रह्माकूं तथाविष्णुकूं तथामहादेवकूं तथासंपूर्णदेवतावोंस हितइंद्रकूंजीतणेविषेसमर्थहै ॥ तो हमदोनों मिलिकैंकिसकूंनहींजीतैंगे ॥ किंतु संपूर्णोंकूंजीतणेविषेहमसमर्थहैं ॥ काहेतैं मृतसंजीवनीविद्याकूं हमजाणतेहैं ॥ यातैं किसीशस्त्रकरिके तथा किसीअस्त्रकरिके तथाकिसीव्याधिकरिके हमारा मृत्युहोवैनहीं ॥ और हेगुरो देवतावोंनैं तथाअसुरोंने तथामनुष्योंनैं करीजोनानाप्रकारकीमाया ॥ तेमायाभी हमारेकूं किंचित्मात्रस्पर्श करिसकैंनहीं ॥ और सर्पादिकोंविषेस्थितजेजंगमरूपविषहैं ॥ तथा कालकूटादिकजेस्थावरविषहैं ॥ तेसंपूर्णनानाप्रकारकेविष हमारेलोममात्रकूंभी छेदनकरिसकैंनहीं ॥ और हेगुरो पुरुषोंकेमरणेकासाधन जेनानाप्रकारकीऔषधियाँहैं ॥ तथा नानाप्रकारकेजेमंत्रहैं ॥ तथा नानाप्रकार केजेभूतपिशाचादिकहैं ॥ तथा श्येनयज्ञरूपजेअभिचारहैं ॥ तथा ब्राह्मणोंकेजेनानाप्रकारकेशापहैं ॥ यहसंपूर्ण यद्यपि मृत्युकेसाधनहैं ॥ तथापि तेसंपूर्ण हमारेकूं स्पर्शकरिसकैंनहीं ॥ काहेतैं आपकीकृपाकरिके तथास्वभावतैं हम सिद्धियुक्तहैं ॥ यातैं तिनसंपूर्णमायाआदि कोंकी निवृत्तिकाउपाय हम जाणतेहैं ॥ यातैं हमारेजीतणेविषे कोईभीसमर्थनहीं ॥ और हेगुरो युद्धतैंविनाभीहमदोनों देवतावों

केजीतणेविषेसमर्थहैं ॥ काहेतैं स्वर्गविषेहे प्रवाहजिसका ऐसीजोश्रीगंगाजीहे ॥ तिसविषे जोहम एकऔषधिपावैं ॥ तो संपूर्णदेवतावों सहितइंद्रका एकक्षणविषे मृत्युहोइजावे ॥ और हेगुरो एकमंत्रकेप्रयोगकरिकै संपूर्णदेवतावोंसहितइंद्रकेचित्तविषे स्वर्गतैंवैराग्यउत्पन्नकरणेविषेभी हमसमर्थहैं ॥ और संपूर्णदेवतावोंसहितइंद्रकूं स्वर्गलोकतैंभूमिलोकविषेगिडावणेमैंभी हमसमर्थहैं ॥ और अन्यदिशाविषेस्थित देवराजइंद्रकूं मोहकेवासतैं अन्यदिशाविषेस्थितकरणेमैंभी हमसमर्थहैं ॥ और हेगुरो यद्यपि देवतावोंकूं स्वर्गकीअप्सरावोंविषेही कामकीअभिलाषाहोवैहै ॥ मनुष्यलोककीस्त्रियोंविषे देवतावोंकूं कामअभिलाषाहोवैनहीं ॥ तथापि संपूर्णदेवतावोंसहितइंद्रकूं तथासंपूर्णमुनियोंकूं ऐसा हमकाम उत्पन्नकरैं ॥ जोसंपूर्णदेवता तथामुनि मनुष्यलोककीस्त्रियोंकीअभिलाषाकरैं ॥ याप्रकारकी हमारेविषेसामर्थ्यहै ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ दध्यङ्ऋषिनामागुरुकेविश्वासकरावणेवासते याप्रकारकेवचनोंकरिके आपणेबलकूं तुमदोनों प्रगटकरते भये ॥ इसप्रकारकेतुमारेवचनोंकूंश्रवणकरिके सोदध्यङ्ऋषिनामातुमारागुरु आपणेमनविषे चिरकालपर्यंत विचारकरताभया ॥ और विचारकरिके सोदध्यङ्ऋषि तुमारेताई याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ सर्वशत्रुवोंकेनाशकरणेविषेसमर्थहोइके क्रोधरूपअंतरशत्रुकेवशकूं तुममतप्राप्तहोवो ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे बाह्यशत्रुवोंकेजीतणेविषे तुम समर्थहो ॥ तैसे कामक्रोधादिकअंतरशत्रुवोंकेजीतणेविषेभी तुम समर्थहोवो ॥ अब क्रोधविषे शत्रुपणादिखावैहैं ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ तुमदोनोंकाशत्रु इंद्रनहीं ॥ तथाअन्यभीकोई तुमाराशत्रुनहीं ॥ किंतु यहक्रोधही तुमाराशत्रुहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् क्रोधकाकौनअपराधहै ॥ जाकरिकै क्रोधकूं आप शत्रुकहोहो ॥ समाधान ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ तुमसर्वदेवतावोंकरिकैपूजणेयोग्यजोइंद्रहै तिसकेनाशकरणेविषे जोतुमारीप्रवृत्तिभईहै ॥ सो केवल क्रोधकेप्रभावतैंभईहै ॥ क्रोधतैंविना ऐसेनिषिद्धकर्मविषे किसीबुद्धिमान् पुरुषकीप्रवृत्ति होवैनहीं ॥ किंतु क्रोधकेवशहुएहीजीव गुरुआदिकवृद्धपुरुषोंकेतिरस्कारकरणेविषे प्रवृत्तहोवैं हैं ॥ और हेअश्विनीकुमारो ॥ पूर्वकालविषे तुमारेकूं इंद्रकेजीतणेकीइच्छा कबीभईनहीं ॥ और इसकालविषेतुमारेकूं इंद्रकेजीतणेकीइच्छाभईहै ॥ याकेविषेकौनकारणहै ॥ यहतुम

विचारिकरिकेदेखो ॥ क्रोधतैंविना दूसराकोईकारण याकेविषेनहीं ॥ किंतु अन्वयव्यतिरेककरिके क्रोधही याकेविषेकारणहै ॥ यातैं क्रोधही तुमारा परमशत्रुहै ॥ और हेअश्विनीकुमारो ॥ संपूर्णशत्रुवोंकेराजा जोकामक्रोधहैं ॥ तथा ताकेकिंकर जेइंद्रियहैं ॥ तिनसंपूर्णोंके जीतणेतैंविना देवशरीरकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ किंतु कामक्रोधादिकोंकेजीतणेकरिकैही देवताशरीरकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ तुमदोनोंनैंभी पूर्वजन्मविषे कामक्रोधादिकराजाकूं तथाइंद्रियरूपकिंकरोंकूं जीत्याहै ॥ जाकरिके अबीतुमारेकूं देवताशरीरकी प्राप्तिभयीहै ॥ हे अश्विनीकुमारो ॥ जिससामर्थ्यंकरिके पूर्वतुमोंनें कामक्रोधादिक वशकरेहैं ॥ सोसामर्थ्य अबीतुमाराकहांगयाहै और हेअश्विनीकुमारो ॥ हमतो आपणेमनविषेऐसाजाणतेहैं ॥ जैसे किसीदेशकाकोईकराजा अन्यदेशकेराजाकूंजीतेहै और किसीकालविषे सोराजा सामर्थ्यकूंपाइके पूर्वलेवैरकूंस्मरणकरिके तिसीराजाकूंजाइकेजीतेहै तैसे पूर्वजन्मविषे तुमदोनों कामक्रोधादिकसहितसंपूर्णइंद्रियोंकूं जयकरिआयेथे ॥ तेइंद्रियरूपकिंकर पूर्ववैरकास्मरणकरिके क्रोधरूपराजाकूंसाथलेके स्वर्गविषे तुमारेजीतणेवासतेआयेहैं और हेअश्विनीकुमारो ॥ क्रोधरूपअंतरशत्रुकेजीतणेविषे अबी तुमारासामर्थ्यनहींभया ॥ तबी इंद्रकेजीतणेविषे तुमकिसप्रकारसमर्थहोवोगे ॥ किंतु इंद्रकेजीतणेविषे तुमारासामर्थ्यनहीं ॥ और हेअश्विनीकुमारो ॥ देवतावोंकीसभाविषे देवराजइंद्रनें वचनरूपबाणोंकरिके जोपूर्वतुमाराताडनकऱ्याथा ॥ सोभी प्रथम कामरूपशत्रुकेवशहुएतुमारेकूंदेखिकरिके इंद्रनें तुमाराताडनकऱ्याथा ॥ तात्पर्ययह ॥ जिसपुरुषकूं कोईकामनानहींहै ॥ ऐसाजोब्रह्मज्ञानीपुरुषहै ॥ तिसकूं संपूर्णजगत् आत्मस्वरूपहै ॥ यातैं ताका कोईताडनकरैनहीं ॥ कामनावालेपुरुषकाईीं जहांतहां निरादरहोवैहै ॥ अब क्रोधकीन्याई कामविषेभी अन्वयव्यतिरेककरिके अनर्थकीकारणताकूंदिखावैहैं ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ देवराजइंद्र पूर्व तुमदोनोंकानिरादरकिसकारणतैंनहींकरताभया ॥ और इसकालविषे देवराजइंद्रनें तुमारानिरादर किसकारणतैंकऱ्याहै ॥ याप्रकारकेविचारतैं तुम दोनोंरहितहो ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ यातुमारेनिरादरविषे कामतैंविना कोईदूसराकारणनहीं है ॥ किंतु कामही तुमारेनिरादरकाकारणहै ॥ जबपर्यंत तुमारेविषे कामनहींभयाथा ॥ तबपर्यंत देवराजइंद्रनें तुमारानिरादरकऱ्यानहीं ॥ और जभीतुमारे

विषे कामकीउत्पत्तिभई तभीदेवराजइंद्रनें तुमारानिरादरकऱ्या॥यातेंकामही तुमारेनिरादरकाकारणहे॥ औरहेअश्विनीकुमारो॥संपूर्णदेवता
वोंकरिके पूजणेयोग्यजोइंद्रहे ॥ तिसकेजीतणेविषे तुमदोनों किसप्रकारसमर्थहोवोगे ॥ किंतुइंद्रकेजीतणेविषे तुमारासामर्थ्यनहीं ॥ काहेतें
एककामरूपशत्रुनें सर्वदेवतावोंकीसभाविषे तुमारा अपमान करायाहे ॥ तिसकामरूपएकशत्रुकेजीतणेविषे जभी तुम समर्थनहींभये ॥
तभी सर्वदेवतावोंसहितइंद्रकूं तुम किसप्रकारजीतोगे ॥ तात्पर्ययह ॥ पूर्वएककामरूपशत्रुनें तुमाराअपमानकरायाथा ॥ अबक्रोधरूपपुत्र
करिकेयुक्तहुआसोकामरूपशत्रु तुमारेकिसअनर्थकूंनहींकरैगा ॥ किंतु तुमारेसर्वअनर्थोंकूंकरेगा ॥ और हेअश्विनीकुमारो ॥ संपूर्णदेहधारी
जीवोंके कामक्रोधहो परमशत्रुहैं ॥ जोपुरुष कामक्रोधरूपअंतरशत्रुवोंकीउपेक्षाकरिके बाह्यराजादिकशत्रुवोंकेजीतणेकीइच्छाकरैहै ॥
सोपुरुष अत्यंतमूर्खहे ॥ यातें हेअश्विनीकुमारो जोतुमारेकूं शत्रुवोंकेजीतणेकासामर्थ्यहे ॥ तो कामक्रोधरूपमहानबलवान्शत्रुवोंकूं तुम
जीतो ॥ अब कामकेमहान्प्रभावकूंदिखावैहैं ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ संपूर्णजगत्कूंउत्पन्नकरणेहाराजोब्रह्माहे ॥ तिसकूंभी यहकाम जीतता
भयाहे॥और संपूर्णजगत्कूंपालनकरणेहाराजोविष्णुहे तिसकूंभी यहकामदेव जीतताभयाहे ॥ और संपूर्णजगत्कासंहारकरणेहाराजोरुद्रहे
तिसकूं भी यहकामदेव जीतताभयाहे ॥और संपूर्णदेवतावोंकाअधिपतिजोइंद्रहे तिसकूंभी यहकामदेवजीतताभयाहे ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥
जभी ब्रह्मादिकईश्वरोंकूंभी कामदेवतानें जीतलिया ॥ तभी स्त्रियोंकेक्रीडामृग जेअन्यदेवताहैं ॥ तिनोंकूं कामदेव नहींजीतैगा याकेविषे
क्याकहणाहे ॥ किंतु सर्वप्राणीमात्रकूं कामदेव आपणेअधीनकरेहे ॥ यद्यपि संपूर्णजगत्केउत्पत्तिस्थितिलयकूंकरणेहारे ब्रह्माविष्णुमहेशा
दिकईश्वरोंविषे कामकोअधीनता संभवैनहीं तथापि सर्वत्रकामकेप्रभावकूंजनावणेवासते ब्रह्माविष्णुआदिकईश्वर लीलामात्रकरिके कामादि
कोंकूंधारणकरेहैं ॥ वास्तवतें तेब्रह्मादिक कामादिकोंतेंरहितहैं ॥ और हेअश्विनीकुमारो सर्वदेहधारीजीवोंकाशत्रुजोकामहे ॥ सोकामही
तुमारेकूंजीतणेयोग्यहे ॥ परंतु ताकामदेवकूं तुमोंनेंजीत्यानहीं ॥ उलटा कामदेवनें तुमदोनोंकूंजीत्याहे ॥ और हेअश्विनीकुमारो ॥ याका
मदेवतेंभीक्रोध अतिशयकरिकेबलवान्हे ॥ यातें क्रोधकेजीतणेविषे तुमारेकूं अत्यंतयत्नकऱ्याचाहिये ॥ काहेतें अनंतप्रकारकेउपायों

दिकोंकीअपेक्षाहैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ नेतिनेति याप्रकारकीश्रुतिनें मूर्तअमूर्तरूपप्रपंचकानिषेधकऱ्याहै ॥ तिसमूर्तअमूर्तप्रपंचतैं भिन्न जेकेईकजडपदार्थहैं तिनोंका श्रुतिनों निषेधकऱ्यानहीं ॥ यातें तिनपदार्थोंकेसाथ आत्माकातादात्म्यअध्यासहोणेतें अधिकारीपुरुषोंकूं शुद्धरूपकरिकेआत्माकाभान नहींहोवैगा ॥ समाधान ॥ हेदेवराजइंद्र ॥ कारणअज्ञानसहित जोमूर्त अमूर्तरूप प्रपंच हमनें तुमारे प्रति कथनकऱ्याहै ॥ इतनाहीं जडप्रपंचहै ॥ इसतैंअधिक कोईदूसराजडप्रपंचनहीं॥याकारणअज्ञानसहित मूर्तअमूर्तरूपप्रपंचकेनिषेधकियेतैंहीं विद्वान्पुरुषोंकूं आत्माकासाक्षात्कारहोवैहै ॥ यातें हेदेवराजइंद्र ॥ नेतिनेति याप्रकारकीश्रुति अद्वितीयआत्मातैंभिन्न सर्वजडप्रपंचकानिषेधकरैहै ॥ तहां प्रथमनकारकरिके कार्यकारणरूप तथास्थूलसूक्ष्मरूप जितनाकभावप्रपंचहै ताका आत्माविषेनिषेधकरैहै ॥ और दूसरेनकारकरिके ताभावप्रपंचकेअभावकूंनिषेधकरैहै ॥ जभी भावअभावरूपजडप्रपंच आनंदस्वरूपआत्मातैंनिवृत्तभया ॥ तभी यहआनंदस्वरूप स्वप्रकाशआत्माहीं परिशेषतैंरहैहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे अग्निकेविशेषभावकाकारणजेकाष्ठहैं ॥ तेकाष्ठ जभी अग्निकरिकेदाहकूंप्राप्तहोवैंहैं ॥ तभी काष्ठोंतैंरहितहुआ सोअग्नि पूर्वविशेषरूपकापरित्यागकरिके आपणेसामान्यरूपविषे स्थितहोवैहै ॥ तैसे आत्माके विशेषरूपकाकारण जोभावअभावरूपजडप्रपंचहै ॥ ताकी जभी निवृत्तिहोवैहै ॥ तभी यहआनंदस्वरूपआत्माभी उपाधिकृतविशेषरूपकापरित्यागकरिके आपणेसत्चित्आनंदस्वरूपविषे स्थितहोवैहै ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ यहमैंहूं यहतूं हैं यहदृश्यप्रपंचहै यहअन्यजीवहै याप्रकारकेसंपूर्णभेद मूर्तअमूर्तरूपउपाधिकरिकेकरेहुएहैं ॥ यातें तेसंपूर्णभेद आनंदस्वरूपआत्माविषे वास्तवतैंहैंनहीं ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ जैसे भेदतैंरहितआकाशविषे धूम विद्युत् मेघ नानाप्रकारकेभेदोंकूं उत्पन्नकरैंहैं ॥ तैसे भेदतैंरहितअद्वितीयआत्माविषे स्थूलसूक्ष्म शरीर नानाप्रकारकेभेदोंकूं उत्पन्नकरैंहैं ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ आकाशविषे भेदकूंकरणेहारेजेमेघादिकहैं ॥ तिनोंका उपादानकारण आकाशनहीं ॥ और आत्माकेभेदकूं करणेहारा जोस्थूलसूक्ष्मप्रपंचहै ॥ तिसकातो आत्माहीं उपादानकारणहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ असंगआत्माविषे जगत्कीकारणता संभवैनहीं ॥ समाधान ॥ हेदेवराजइंद्र ॥ असंगआत्माविषे जगत्कीकारणता नहींसंभवैहै यहवार्ता

सत्यहै ॥ असंगआत्माविषे जगत्कीकारणता हमभी अंगीकारनहींकरते ॥ किंतु मायाविशिष्टपरमात्माविषे जगत्कीकारणता हम अंगी
कारकरैं हैं ॥ यातैं स्थूलसूक्ष्मरूपसंपूर्णप्रपंच परमेश्वरकीमायाकरिकैरचितहै ॥ यातैं संपूर्णप्रपंच मिथ्याहै॥शंका॥हेभगवन्॥ संपूर्णप्रपंच
मायाकरिकैरचितहै यातैं मिथ्याहै यहवार्ता यद्यपि संभवैहै ॥ तथापि माया मायाकरिकैरचितहैनहीं ॥ यातैं सोमाया सत्यहोवैगी ॥ जो
मायाकूंभी अन्यमायाकरिकैरचित अंगीकारकरौगे ॥ तो सोदूसरीमाया तीसरीमायाकरिकै रचितहोवैगी ॥ याप्रकार मायावोंकी अनव
स्थाहोवैगी ॥ किंवा मायाकूं वेदांतशास्त्रविषेअनादी मानै हैं ॥ यातैं मायाविषे मायाकाकार्यपणासंभवैनहीं ॥ समाधान ॥ हेदेवराजइंद्र ॥
जो मायाकाकार्यहोवैहै सो मिथ्याहोवैहै ॥ यहजोमिथ्याप्रपंचकालक्षण हमने कह्याहै ॥ सो केवलकार्यप्रपंचकाकह्याहै ॥ कारणरूपमा
याकेमिथ्यापणेका यहलक्षणनहीं ॥ और सिद्धांतविषे कार्यप्रपंचकीन्याई मायाभीमिथ्याही है ॥ यातैं अधिष्ठानचैतन्यविषे जोअध्यस्त
होवै सो मिथ्याकहियेहै ॥ यहमिथ्यात्वकालक्षण मायाविषे तथामायाकेकार्यविषे दोनोंविषेहै ॥ काहेतैं जैसे स्थूलसूक्ष्मप्रपंच अधिष्ठा
नचैतन्यविषे अध्यस्तहै तैसे मायाभी अध्यस्तहै॥यातैं दोनों मिथ्याहैं॥लोकविषेभी ऐंद्रजालिकपुरुषनैं प्रवृत्तकरीजोमाया तथातामायाक
रिकैउत्पन्नकरेजेपदार्थ तेसंपूर्ण मिथ्याहीहोवै हैं ॥ तैसे माया तथामायारचितसंपूर्णप्रपंचभी मिथ्याहीहै ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ जैसे लोक
विषे मायावी ऐंद्रजालिकपुरुषकरिकै रचेहुए स्थूलसूक्ष्मपदार्थ लोकोंकूं प्रतीतहोवैं हैं ॥ तैसे मायाविशिष्टइंद्रकरिकैरच्याहुआ यहइंद्र
जालरूपप्रपंच सर्वजीवोंकूं प्रतीतहोवैहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ तीनलोकोंविषे मैंहीइंद्रहूं ॥ मेरेतैंभिन्न कोईदूसराइंद्रहैनहीं ॥ समाधान ॥
हेदेवराजइंद्र ॥ जोपरमात्मादेव पूर्व सर्वात्मरूपकरिकै आत्माकूंजाणताभयाहै ॥ सोईहीपरमात्मादेव यहांइंद्रशब्दकरिकै कथनकर्‍याहै ॥
तुमारेकूं सर्वात्मरूपकरिकैआत्माकाज्ञानहैनहीं ॥ यातैं तूंइंद्रनहीं ॥ किंवा ॥ परमऐश्वर्यवान् जोहोवै सो इंद्रकहियेहै ॥ याप्रकार इंद्रशब्द
काअर्थभी सर्वात्मज्ञानकरिकैयुक्त सर्वज्ञपरमात्माविषेहीघटैहै तुमारेविषेघटैनहीं ॥ काहेतैं जिसऐश्वर्यकेसमान तथाअधिक कोईऐश्वर्यनहीं
होवै ताकूं परमऐश्वर्यकहैं हैं ॥ ऐसापरमऐश्वर्य तुमारेकूंहैनहीं ॥ किंतु तुमारेतैंभी सहस्रगुणाअधिकऐश्वर्य हिरण्यगर्भभगवान्कूंहै ॥ यातैं

सर्वात्मज्ञानकरिकैयुक्त जोपरमात्मादेवहै सोईहीइंद्रहै ॥ और सोईहीपरमात्माइंद्र संपूर्णजगत्काकारणहै ॥हेदेवराजइंद्र ॥ स्थूलसूक्ष्मशरीरकेसाथ तुमारातादात्म्यअध्यासहै ॥ यातैं तापरमात्मारूपइंद्रतैं तूंउत्पन्नभयाहै ॥ याकारणतैं तुमारेविषेइंद्रपणासंभवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ जोमैंइंद्रनहींहोवों तौसर्वलोक मेरेकूं इंद्र किसवासतेकहते हैं ॥ समाधान ॥ हेदेवराजइंद्र ॥ अस्मदादिकपुरुषोंकेसमीपजोऐश्वर्यहै ॥ तिसकीअपेक्षाकरिकै तुमाराऐश्वर्य अधिकहै ॥ याकारणतैं सर्वलोक तुमारेकूंइंद्रकहै हैं ॥ और वास्तवतैंविचारकरिकैदेखियेतौ ब्रह्मात्मसाक्षात्कारयुक्तजोईश्वरहै सोईही इंद्रहै ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ अज्ञानकृतदेहाभिमानकालविषे तुमाराऐश्वर्य तथाश्वानकाऐश्वर्य समानहीहै ॥ काहेतैं जैसे नानाप्रकारकेऐश्वर्यविषे तथाआपणेदेवताशरीरविषे तथातीनलोकोंविषे ॥ तथास्वर्गकीस्त्रियोंविषे रमणीकबुद्धिकरिकै तुमारीआसक्तिहै ॥ तैसे श्वानकूंभी आपणेऐश्वर्यादिकपदार्थोंविषे रमणीकबुद्धिकरिकै आसक्तिहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ जोपदार्थसुंदरहोवैहै ॥ ताकेविषे रमणीकबुद्धितैं आसक्तिहोवैहै ॥ असुंदरपदार्थविषे रमणीकबुद्धिहोवैनहीं यातैं ताकेविषे आसक्तिभीहोवैनहीं ॥ तेसुंदरपदार्थ ॥ हमारेसमीपविद्यमानहैं ॥ यातैं तिनपदार्थोंविषे हमरीआसक्तिसंभवैहै ॥ और श्वानकेसमीप कोईसुंदरपदार्थहैनहीं ॥ यातैं श्वानकी आसक्तिसंभवैनहीं ॥ समाधान ॥ हेदेवराजइंद्र हमारेसमीप सुंदरपदार्थहैं श्वानकेसमीप सुंदरपदार्थनहीं ॥ यह केवल तेरेकूंअभिमानभयाहै ॥ काहेतैं निरपेक्षऐश्वर्यादिकपदार्थ तुमारेसमीपभीनहीं तैसे श्वानकेसमीपभीनहीं ॥ किंतु अस्मदादिकजीवोंकीअपेक्षाकरिकै तुमारेकूंमहान्ऐश्वर्यहै॥तैसे कीटादिकक्षुद्रजंतुवोंकीअपेक्षाकरिकै श्वानकूंभी महान्ऐश्वर्यहै॥और जैसे अस्मदादिकजीवोंकीअपेक्षाकरिकै तुमाराशरीर कोमलहै ॥ तैसे सूकरादिकोंकीअपेक्षाकरिकै श्वानकाशरीरभी कोमलहै ॥ और जैसे तुमारेदेवताशरीरविषे इंद्राणीआदिकअप्सरावोंकीप्रीतिहै तैसे श्वानकेशरीरविषेभी श्वानिणीस्त्रीयोंकीप्रीतिहै ॥ और जैसे तुमदेवतावोंकूं अमृत प्रियलागेहै ॥ तैसे वमनकरचाहुआ अन्न श्वानकूंभी प्रियलागेहै ॥ और जैसे आपणेऊपरउपकारकरणेहारेजीवोंविषे तुमदेवता प्रीतिकरोहो ॥ तैसे श्वानभी आपणेस्वामी ऊपर प्रीतिकरैहै ॥ और जैसे अपकारीपुरुषऊपर तुमदेवता कोपकरोहो ॥ तैसे अपकारी जीवोंविषे

श्वानभी क्रोधकरैहै ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ तीनलोकोंका मैंपालनकरताहूं ॥ यातैं तीनलोकोंका मैइंद्र उपकारकरताहूं ॥ और यहश्वान तीनलोकोंकाउपकारकरतानहीं याप्रकारकाअभिमानभी तुम मतकरो ॥ काहेतैं पृथिवी जल अग्नि वायु सूर्य दिशा चंद्रमा विद्युत् मेघ आकाश धर्म सत्यवाक्य मनुष्यत्वादिकजाति मनबुद्धिप्राणादिरूप जोहिरण्यगर्भकाशरीरहै तथाविराट्भगवान्काजो शरीरहै यहदोनोंप्रकारकेशरीर तथाचिदाभास ॥ यहसंपूर्णपृथिवीआदिकपदार्थ स्थूलरूपकरिकै तथासूक्ष्मदेवतारूपकरिकै सर्व प्राणियोंका उपकारकरैं हैं ॥ तथा श्वानादिकप्राणियोंकेस्थूलसूक्ष्मशरीरभी अदृष्टद्वारा पृथिवीआदिकसर्वपदार्थोंकाउपकारकरैं हैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जोपदार्थ जिसप्राणीकेसुखकाकारणहोवैहै ॥ सोपदार्थ तिसप्राणीकेपुण्यरूपअदृष्टकरिकै उत्पन्नहोवैहै ॥ और जोपदार्थ जिसप्राणीकेदुःखकाकारणहोवैहै ॥ सोपदार्थ तिसप्राणीकेपापकर्मकरिकैउत्पन्नहोवैहै ॥ यह शास्त्रकानियमहै ॥ यातैं श्वानादिकसर्वप्राणी पुण्यपापरूपअदृष्टद्वारा पृथिवीआदिकेकीकारणहै ॥ यातैं तेश्वानादिकप्राणी पृथिवीआदिकोंऊपर उपकारकरैं हैं ॥ और तेपृथिवीआ दिकपदार्थभी श्वानादिकप्राणियोंकूं सुखादिकोंकीप्राप्तिकरैं हैं ॥ यातैं तेपृथिवीआदिकपदार्थ श्वानादिकप्राणियोंऊपर उपकारकरैं हैं ॥ यातैं हेदेवराजइंद्र ॥ सर्वऊपरिउपकाररूपधर्म श्वानविषे तथातुमारेविषे समानहीं हैं ॥ मैंसर्वऊपरउपकारकरोंहूं यहव्यर्थअभिमान तुममत करो ॥ याकहणेकरिकेयहअर्थ दिखाया ॥ जेपदार्थ परस्परउपकारकरैं हैं ॥ तिनोंका एकहीकारणहोवै है ॥ जैसे दोनोंभ्राता परस्परउप कारकरैंहैं ॥ यातैं तिनदोनोंका एकहीपितामाता कारणहोवैहै ॥ तैसेयहसंपूर्णप्रपंचभी परस्परउपकारकरैहै ॥ यातैं यासकलप्रपंचका एकहीमायाविशिष्टपरमात्मादेव कारणहै ॥ और सोमायाविशिष्टपरमात्माही सर्वजडप्रपंचविषे तादात्म्यसंबंधकरिकैस्थितहुआ सर्वऊप रउपकारकरैहै ॥ अब याहीअर्थकूंस्पष्टकरिकैनिरूपणकरैहैं हेदेवराजइंद्र पृथवीआदिकपदार्थ तथामनुष्यादिकप्राणी कोईभी किसीऊपर किंचित्मात्रभी उपकारकर्तानहीं ॥ किंतु नेतिनेति याश्रुतिकरिकै पूर्वहमनैं तुमारेप्रति कथनकऱ्याजोपरमात्मा ॥ सोईही नाशरहित स्व प्रकाश परमात्मादेव पृथवीआदिकपदार्थोंविषे तथास्थावरजंगमप्राणियोंविषे तादात्म्यसंबंधकरिकैस्थितहुआ सर्वऊपरउपकारकरैहै ॥

हेदेवराजइंद्र ॥सोपरमात्मादेव पृथिवीविषेस्थितहोइके सर्वप्राणियोंकेभोगकेसाधनजेशरीरहैं तिनशरीरोंकूं उत्पन्नकरैहै ॥ याकारणतैं सर्व प्राणियोंकेऊपरि पृथवी उपकारकरैहै ॥ और आधाररूपपृथवीतैंविना जीवोंविषेसुखदुःखकाभोगसंभवैनहीं ॥ याकारणतैं सोईहीपरमात्मा देव सर्वप्राणियोंकेशरीरविषेस्थितहोइके पुण्यपापरूपअदृष्टद्वारा पृथवीकीवृद्धिकूंकरै है ॥ याकारणतैं सर्वप्राणी पृथवीऊपर उपकारकरै हैं यहांयहअभिप्रायहै ॥ पृथवीका तथासर्वप्राणियोंका परस्पर कार्यकारणभावहै तथापरस्पर भोक्ताभोग्यभावहै ॥ तहां जडअंशकीप्रधान ताकरिकै पृथिवीविषे तथासर्वप्राणियोंविषे कार्यपणा तथाभोग्यपणाहै ॥ और चैतन्यकीप्रधानताकरिकै पृथवीविषे तथासर्वप्राणियोंविषे कारणपणा तथाभोक्तापणाहै ॥ यहरीति आगेजलादिकोंविषेभी जानिलेणी ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ सोपरमात्मादेव जलोंविषेस्थितहोइके जीवोंकेशरीरविषे वीर्यकीवृद्धिकूंकरैहै ॥ याकारणतैंजल सर्वप्राणियोंऊपरि उपकारकरैहैं ॥ और सोपरमात्मादेव जीवोंकेवीर्यविषेस्थितहो इके शरीरोंकीउत्पत्तिकरैहै॥तिनशरीरोकरिकैउत्पन्नभये जेपुण्यपापरूपअदृष्ट॥तिनअदृष्टोंकरिकैपुनःजलादिकोंकीवृद्धिकरैहै॥याकारणतैं सर्वप्राणी जलोंऊपर उपकार करैहैं ॥ यहरीति आगेभीजानिलेणी ॥ और हेदेवराज इंद्र ॥ यहपरमात्मादेव अग्निविषेस्थितहोइके संपूर्ण जीवोंकेवाक्इंद्रियोंकूं शब्दउच्चारणरूपव्यापारविषे प्रवृत्तकरै है ॥ तथा रुधिरादिकधातुवोंकूंपकावैहै ॥ याकारणतैं अग्निदेवता सर्वप्राणियों ऊपरउपकारकरै है॥औरयहपरमात्मादेव सर्वप्राणियोंकेवाक् इंद्रियविषेस्थितहोइके मंत्रउच्चारणद्वाराअग्निकूंसंस्कारयुक्तकरैहैं॥जिसअग्निकूं वेदविषे आहवनीय गार्हपत्य दक्षिणाग्निइत्यादिकनामोंकरिकैकथनकरैं हैं॥याकारणतैं सर्वप्राणीअग्निऊपरि उपकारकरैहैं॥और हेदेवराजइंद्र यहपरमात्मादेव वायुविषेस्थितहोइके सर्वजीवोंकेप्राणोंकूंचलावैहै ॥ याकारणतैं वायु सर्वप्राणियोंऊपरि उपकारकरैहै ॥ और यहपरमा त्मादेव प्राणविषेस्थितहोइके पुण्यपापरूपअदृष्टद्वारा वायुकूंप्रवृत्तकरैहै ॥ यातैं सर्वप्राणी वायुऊपरि उपकारकरै हैं ॥ और हेदेवराजइंद्र यहपरमात्मादेव सूर्यविषेस्थितहोइके सर्वजीवोंकेनेत्रोंकूं रूपादिकविषयोंविषेप्रवृत्तकरैहै ॥ याकारणतैं सूर्यभगवान् सर्वजीवोंऊपरि उपकारकरैहै ॥ और सोपरमात्मादेव सर्वप्राणियोंकेनेत्रविषेस्थितहोइके यहसूर्य है याप्रकार सूर्यकूंसिद्धकरैहै ॥ याकारणतैं सर्वप्राणी

सूर्यऊपरि उपकारकरैहैं ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ यहपरमात्मादेव पूर्वादिकदशदिशावोंविषेस्थितहोइके सर्वप्राणियोंके श्रोत्रइंद्रियऊपरि उपकारकरैहे ॥ यातें दशोंदिशा प्राणियोंऊपरि उपकारकरैहैं ॥ और सर्वप्राणियोंकेश्रोत्रइंद्रियोंविषेस्थितहोइके सोपरमात्मादेव दिशावोंकेप्रतिध्वनिरूपशब्दकूंजाणेहे ॥ तात्पर्ययह ॥ भेरीआदिकोंकेशब्दजन्य जोप्रतिध्वनिरूपशब्दहे॥तिसतैंहीं विशेषकरिकेदिशावोंकाज्ञानहोवैहे॥सोप्रतिध्वनिकाज्ञान श्रोत्रइंद्रियकरिकेहोवैहे॥यातें प्रतिध्वनिकेज्ञानद्वारा श्रोत्रइंद्रिय दिशावोंकूंसिद्ध करैहे ॥ यहही सर्वप्राणियोंका दिशावोंऊपरि उपकारहे ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ सोपरमात्मादेवचंद्रविषेस्थितहोइके सर्वजीवोंकेमनकूंप्रवृत्त करैहे ॥ याकारणतें चंद्र सर्वप्राणियोंऊपरि उपकारकरैहे ॥ और सर्वजीवोंकेमनविषेस्थितहोइके सोपरमात्मादेव मनकेसंकल्पजन्यजेकर्म हैं तिनकर्मोंकरिके चंद्रलोककीवृद्धिकरैहे ॥ अथवा यहचंद्रहे याप्रकार मनकरिकेचंद्रकूंजाणेहे ॥ याकारणतें सर्वप्राणी चंद्रऊपरि उपकार करैहैं ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ यहपरमात्मादेव विद्युतविषेस्थितहोइके सर्वप्राणियोंकेअंधकारकीनिवृत्तिकरैहे ॥ याकारणतें विद्युत सर्वप्राणियोंऊपरि उपकारकरैहे ॥ और सर्वजीवोंकेत्वकविषेस्थित जोउज्ज्वलतारूपतेजहै॥तातेजकेअभिमानीविषेस्थितहोइके यहपरमात्मादेव सर्वत्रव्यापविद्युतकेतेजकूंजाणेहे ॥ याकारणतैंसर्वप्राणी विद्युतऊपरि उपकारकरैहे ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ यहपरमात्मादेव मेघोंविषे स्थितहोइके गर्जनारूपशब्दकरिकेसर्वजीवोंकिआनंदकूं उत्पन्नकरैहैं ॥ याकारणतें मेघ सर्वजीवोंऊपरि उपकारकरैहे ॥ और सोपरमात्मादेव जीवोंकेध्वनिरूपशब्दविषेस्थितहोइके तागर्जनासहितमेघकूं श्रेष्ठकरिकेमानैहे ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे मुखविषे स्थितलाला बाह्यरसकेज्ञानविषेकारणहोवैहैं ॥ तैसे अंतरध्वनिरूपशब्दभी बाह्यशब्दकेज्ञानविषेकारणहैं ॥ याकारणतें सर्वप्राणिमेघोंऊपरि उपकारकरैहैं ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ यहपरमात्मादेव आकाशविषेस्थितहोइके सर्वप्राणियोंकूं हृदयरूपछिद्रकीप्राप्तिकरैहे ॥ याकारणतें आकाश सर्वप्राणियोंऊपरि उपकारकरै हे ॥ और हृदयाकाशविषे स्थितहोइके यहपरमात्मादेव सर्वत्रव्यापकआकाशकूंजाणे हे ॥ तात्पर्ययह ॥ नेत्रादिकोंकरिके निरूपआकाशकाज्ञान संभवेनहीं ॥ किंतु साक्षीचैतन्यकरिके आकाशकाज्ञानहोवैहे ॥ सोसाक्षीचै

तन्य विशेषकरिके हृदयाकाशविषेहीरहेहे ॥ याकारणतैं सर्वप्राणी आकाशऊपरि उपकारकरैंहैं ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ सोपरमात्मा देव धर्मविषेस्थितहोइके सर्वजीवोंकूं सुखकीप्राप्तिकरे हे ॥ याकारणतैंधर्म सर्वजीवोंऊपरि उपकारकरैहे ॥ और सोपरमात्मा देव धर्मवान् जीवोंविषेस्थितहोइके पुनःधर्मकूंकरे हे ॥ याकारणतैं सर्वप्राणी धर्मऊपरि उपकारकरैंहैं ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ सोपरमात्मादेव सत्य वाक्यविषेस्थितहोइके जीवोंकूंयथार्थअर्थकाबोधकरे हे ॥ याकारणतैं सत्यवाक्य सर्वजीवोंऊपरि उपकारकरैहे ॥ और सोपरमात्मादेव सत्यवक्तापुरुषोंविषेस्थितहोइके पुनःसत्यवाक्यकाउच्चारणकरैंहे ॥ याकारणतैं सर्वजीव सत्यवाक्यऊपरि उपकारकरैंहैं ॥ और हेदेवराज इंद्र ॥ यहपरमात्मादेव मनुष्यत्व ब्राह्मणत्वादिकजातियोंविषेस्थितहोइके अधिकारसंपादनद्वारा जातिअभिमानीजीवोंकूं सुखकीप्राप्ति करेहे ॥ याकारणतैं मनुष्यत्व ब्राह्मणत्वादिकजाति सर्वजीवोंऊपरि उपकारकरैंहे ॥ और सोपरमात्मादेव मनुष्यव्यक्तिविषे तथाब्राह्मण व्यक्तिविषे स्थितहोइके मैंमनुष्यहूं मैंब्राह्मणहूं याप्रकार मनुष्यत्वादिकजातियोंकूंसिद्धकरैहे ॥ याकारणतैं मनुष्यादिकसर्वप्राणी मनुष्यत्वादिकजातिऊपरि उपकारकरे हे ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ यहपरमात्मादेव देहइंद्रिय मन प्राण बुद्धि रूपयासंघातविषेस्थितहोइके विज्ञानमयभोक्ताके जन्ममरणादिकोंकूंकरैहे ॥ तात्पर्ययह ॥ देहतैंआदिलेकेबुद्धिपर्यंत जोसंघातरूपउपाधिहे तिसविषेस्थित जेजन्मादिक धर्म तिनधर्मोंकरिके विज्ञानमयकूं जन्मादिकधर्मवालाकरैहे ॥ याकारणतैं यहसंघात विज्ञानमयभोक्ताऊपरि उपकारकरे हे ॥और सोपरमात्मादेव बुद्धिकीवृत्तियोंविषेस्थितहोइके विषयसहितबुद्धिकूंप्रकाशकरैहे ॥ याकारणतैं सोविज्ञानमय संघातऊपरि उपकारकरैहे यातैं हेदेव राजइंद्र ॥ पूर्वउक्तरीतितैं पृथिवीआदिकोंविषेस्थित होइके जोपरमात्मादेव सर्वत्रउपकारकरैंहे ॥ सोआत्मा श्वानका तथातुमारा एक हीं है ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ जैसे मक्षिका सर्ववनस्पतितैं रसकूंग्रहणकरिके मधुरूपरसकूं एकठाकरैं हैं ॥ याकारणतैं मक्षिका मधुरूप रसऊपरि उपकारकरैं हैं ॥ और सोमधुरूपरसभी तिनमक्षिकावोंकेक्षुधाकीनिवृत्तिकरैहे याकारणतैं सोमधुरूपरस तिनमक्षिकावोंऊपरिउपकारकरे हे याप्रकार मक्षिका तथामधुरूपरस परस्परउपकारकरैं हैं ॥ तैसे पृथिवीतैंआदिलेके जितनाकजगत्मंडलहे ॥ सो

जिसजिसप्राणीऊपरि उपकारकरै है ॥ सोसोप्राणी तिसतिसपृथिवीआदिकोंऊपरि उपकारकरैहै ॥ दृष्टांत॥जैसे लोकविषे धनीपुरुषआपणे भृत्योंविषे धनादिकपदार्थोंकीप्राप्तिरूप उपकारकरैहै ॥ और तेभृत्यभी ताधनीपुरुषऊपरि नानाप्रकारकीसेवारूपउपकार करैहै॥और हेदेवराजइंद्र ॥ पृथिवीआदिकोंकेजितनेकीउपकार हमनैं तुमारेप्रति कथनकरेहैं॥तेसंपूर्ण दृष्टांतमात्रकेजनावणेवासतेकहेहैं॥वास्तवतैंतेउपकार अनंतप्रकारके हैं॥यहवार्ता सुरेश्वराचार्यनैंभी कही है॥ श्लोक ॥ सर्वसर्वस्यकार्यस्यात् सर्वःसर्वस्यभोजकःइत्येषामधुविद्याऽत्रवैषम्यक्लेशहारिणी ॥ १ ॥ अर्थयह ॥ सर्वपदार्थ सर्वपदार्थोंकेकार्य हैं ॥ और सर्वपदार्थ सर्वपदार्थोंकेभोक्ताहैं॥याप्रकारकीमधुविद्याविषमतारूपीक्लेशकेनिवृत्तकरणेहारीहै ॥ १ ॥ यातैं हेदेवराजइंद्र ॥ पूर्वउक्तपृथिवीआदिकपदार्थोंविषे एकएक पृथिवीआदिक पदार्थ आपणेतैंभिन्नसर्वपदार्थों ऊपरि उपकारकरैहैं ॥ तैसे पृथिवीतैंभिन्नसर्वजलादिकपदार्थ पृथिवीऊपरि उपकारकरैं हैं ॥ तात्पर्ययह ॥ पंचीकरणकीरीतिसैं पृथिवी आपणेभागकूंदेकरिकै जलादिकोंकीपूर्णताकरै है ॥ और तेजलादिकभी आपणेआपणेभागकूंदेकरिकै पृथिवीकीपूर्णताकरैहैं ॥ यहरीति सर्वत्रजानिलेणी ॥ यातैं हेदेवराजइंद्र ॥ जैसे एकशरीरकेहस्तपादादिकअवयव परस्परउपकारकरैहैं ॥ याकारणतैं तिनअवयवोंका एक हीआत्माहै ॥ तैसे पृथिवीआदिकपदार्थभी पूर्वउक्तरीतितैं परस्परउपकारकरै हैं ॥ याकारणतैं तिनपृथिवीआदिकपदार्थोंकाभी एकही आत्मा माननेयोग्यहै ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ सोपरमात्मादेवकैसाहै आपणे स्वप्रकाशतेजकरिकै विराजमानहै ॥ और जन्ममरणादिकविकारोंतैं रहितहै यातैंपरमअमृतरूपहै ॥ और सोईहोपरमात्मादेवसंपूर्णप्राणियोंकेहृदयदेशविषेस्थितहोइके बुद्धिकेसर्ववृत्तियोंकूं प्रकाशेहै ॥ और वास्तवतैंसंगरहितहै ॥ हेदेवराजइंद्र ॥ जोपरमात्मादेव स्थावर जंगमरूप सर्वशरीरोंविषे अस्तिभातिप्रियरूपकरिकै स्थितहै ॥ सोईहोपरमात्मादेव तुमारा तथाश्वानका आत्माहै ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ जैसे घटमठरूपउपाधियोंविषेविद्यमानजोभेदहै ॥ सोभेद असंगआकाशकूं स्पर्शकरैनहीं ॥ तैसे शरीर रूपउपाधियोंविषे विद्यमानजोभेदहै ॥ सोभेद असंगआत्माकूंस्पर्शकरैनहीं और हेदेवराजइंद्र सर्वजीवोंकेहृदयदेशविषेस्थित तथाजन्ममरणतैंरहित तथासर्वभेदतैंरहित तथासर्वकाआत्मारूप जोब्रह्म हमनैं

तुमारेप्रति कथनकर्याहै ॥ सोईहीब्रह्म आपणे आत्माकेज्ञानतैं सर्वात्मभावकूंप्राप्तहोताभया ॥ यहवार्ता पूर्वब्राह्मणोंकेपरस्परविचारविषे हम तुमारेप्रति कथनकरिआयेहैं ॥ औरहेदेवराजइंद्र ॥ सोईहीपरमात्मादेव संपूर्णजीवोंकूं तथातुमदेवतावोंकूं आपणेवशवर्तिकरिके पालनकरैहै ॥ यातैं मैंइंद्रही सर्वजीवोंकापालनकरोंहूं ॥ याप्रकारका तुमाराअभिमान व्यर्थहीहै ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ जैसे सूर्यभगवान् ब्रह्मांडविषे स्थितहोइके सर्वलोकोंकूंप्रकाशेहै ॥ तैसे यहपरमात्मादेव सर्वभूतोंकेअंतरस्थितहोइके प्रकाशे है ॥ याकारणतैं यह परमात्माहीं राजाहै ॥ मैंइंद्र तीनलोकोंकाराजाहूं याप्रकारका तुमाराअभिमान व्यर्थहीहै ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ जैसे रथकेचक्रविषे नेमि नाभि अरा यहतीनप्रकारकेकाष्ठरहें हैं ॥ तहां पृथिवीविषेजाकास्पर्शहोवेहै ऐसाजो चंद्रमाकीन्याईवर्तुलाकारकाष्ठहै ताकूं नेमिकहेहैं ॥ और जाकेविषे शलाकाफिरेहै ताकूं नाभिकहेहैं ॥ और नाभिनेमिकेमध्यविषे जेवककाष्ठहैं तिनोंकूं अराकहेहैं ॥ तेअरा स्वतंत्ररहेंनहीं ॥ किंतु नेमिके तथानाभिके दोनोंकेआश्रितरहेहैं ॥ तैसे पृथिवीकाअभिमानी जो आत्माकाअंशहै सो नेमिकेसमानहै ॥ और शरीरकाअभिमानी जो आत्माकाअंशहै सो नाभिकेसमानहै ॥ और सर्वशरीर तथापृथिवी अराकेसमानहै ॥ तहां पृथिवीकाअभिमानी जो आत्माकाअंशहै ॥ तथाशरीरकाअभिमानी जो आत्माकाअंशहै ॥ तिनदोनोंकेआश्रितहीं संपूर्णशरीर तथापृथिवीरहेहैं ॥ स्वतंत्ररहिसकेनहीं॥ कैसेहैंते आत्माकेदोनोंअंश ॥ पूर्वकहीरीतिनैं सर्वकेउपकारकरणवासते पृथिवीआदिकोंविषेस्थितहैं ॥ यहरीति जलादिकपदार्थोंविषेभी जानिलेणी ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ जैसे रथकेचक्रविषे एकहीशिशपकाकाष्ठ नेमि नाभि अरा यातीनरूपोंकूंधारणकरिके उपकारक उपकार्य भावकूं प्राप्तहोवेहै ॥ तथा आधार आधेय भावकूंप्राप्तहोवेहै ॥ तैसे एकहीपरमात्मादेव पृथिवीआदिक अधिदेवभावकूं तथाशरीरादिक अध्यात्मभावकूं तथापृथिवीआदिकोंकेअभिमानीपुरुषभावकूं प्राप्तहोइके सर्वत्र उपकारकूंकरेहै ॥ हेइंद्र ॥ तुम देवता तथापृथिवीआदिकपदार्थ किसीऊपर उपकारकरतेनहीं ॥ यातैं हमहीं उपकारकरेहैं याप्रकारका तुमाराअभिमान व्यर्थ है ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ यद्यपि परमात्माही सर्वत्रास्थितहोइके उपकारकरेहै यहवार्तासत्यहै ॥ तथापि सोपरमात्मादेव उत्कृष्टदेव

तादिकशरीरोंविषेस्थितहोइकेहीं सर्वत्रउपकारकरैहै ॥ श्वानादिकनीचशरीरोंविषेस्थितहोइके सोपरमात्मादेव किसीऊपरि उपकार करैनहीं ॥ समाधान ॥ हेदेवराजइंद्र ॥ उत्कृष्टशरीरविषेस्थितहोइकेहीं परमात्मा उपकारकरैहै ॥ याप्रकारकाभी तुमाराअभिमान व्यर्थ है ॥ काहेतें जोपरमात्मादेव तुमदेवतावोंकेहृदयविषेस्थितहोइके सर्वत्रउपकारकूंकरैहै ॥ सोईहीपरमात्मादेव श्वानकेहृदय देशविषेस्थितहोइके सर्वत्रउपकारकूंकरैहै ॥ यातें हेदेवराजइंद्र ॥ बहुतकहणेकाकछुप्रयोजननहीं ॥ संक्षेपकरिकै आत्माकेवास्तवस्वरूपकूं तुम निश्चयकरो ॥ अब तासंक्षेपकूंदिखावैहैं ॥ हेदेवराजइंद्र ॥ सत्वगुणकरिकैयुक्त जेहमऋषिहैं॥तथा रजोगुणकरिकैयुक्त जेतुंमदेवताहों॥ तथा तमोगुणकरिकैयुक्त जेश्वानादिकपशुहैं ॥ तिनसंपूर्णोंविषे यहपरमात्मादेव समानव्यापकहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ श्वानकीसर्वलो कनिंदाकरैहै ॥ और देवतावोंकी लोक निंदाकरैनहीं ॥ यातें देवताशरीर उत्कृष्टहै ॥ समाधान ॥ हेदेवराजइंद्र ॥ यहभी तुमाराअभिमान व्यर्थहै ॥ काहेतें जैसे तुमदेवता तथाहममनुष्य श्वानकेजन्मकोनिंदाकरैहैं ॥ तैसे हमारेकूं विषयोंविषे आसक्तदेखिकरिकै ब्रह्मवेत्ताविरक्त पुरुष हमारेजन्मकीभीनिंदाकरैहैं ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ जैसे तुमदेवतावोंकूं तथाहममनुष्योंकूं आपणेशरीरविषे उत्कृष्टताबुद्धिहै तैसे श्वानकूंभी आपणेशरीरविषे उत्कृष्टताबुद्धिहै॥यातें हेदेवराजइंद्र ॥ जिसआत्माकेतादात्म्यसंबंधकरिकै निकृष्टशरीरोंविषेभी उत्कृष्टताप्रती तहोवैहै ॥ सोईही आनंदस्वरूपआत्मा अधिकारी पुरुषोंकरिकै जानणेयोग्यहै॥और हेदेवराजइंद्र॥ऐसेआनंदस्वरूपआत्माकेज्ञानविषे अहं ममअभिमानहीं प्रतिबंधकहै॥यातें शरीरविषे अहंअभिमानका परित्यागकरिकै तथाअप्सरावोंसहितस्वर्गविषे मम अभिमानकापरित्यागक रिकै तुम आत्माकूं निश्चयकरो ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ जिसशरीरविषे लोकोंने अहंअभिमानकर्‍याहै ॥ सोशरीरकैसाहै॥जैसे श्वानकीविष्ठा दुर्गन्धकरिकै युक्त होवैहै तैसे दुर्गंधकरिकै युक्तहै ॥ और क्षणक्षणविषे परिणामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ ऐसेशरीरविषेबुद्धिमानपुरुषोंकूं अहंअभि मानकरणा उचितनहीं ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ जबपर्यंत जीवोंकूं शरीरादिकोंविषे अहंबुद्धिहोवैहै ॥ तथा स्त्रीपुत्रधनादिकोंविषे ममबुद्धिहो वैहै ॥ तबपर्यंत जीवोंकूं आनंदस्वरूपआत्माकोप्राप्ति तथाजन्ममरणादिकदुःखोंकीनिवृत्ति होवैनहीं ॥ यातें हेइंद्र शरीरविषे अहंअभिमा

नकापरित्यागकरिके तथाअप्सरावोंसहितस्वर्गविषे ममअभिमानकापरित्यागकरिके आनंदस्वरूपआत्माकूं तुम निश्चयकरो॥ऋषिरुवाच ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ याप्रकार सोदध्यङ्ऋषि तुमारागुरु नानाप्रकारकीयुक्तियोंकरिके इंद्रकेप्रतिब्रह्मविद्याकाउपदेशकरताभया ॥ कैसाहै सोदध्यङ्ऋषि॥ देवराजइंद्रकूं ब्रह्मविद्याकाअनधिकारीजाणताहुआभी आपणीप्रतिज्ञाकेसत्यकरणेवासतै संपूर्णब्रह्मविद्याका उपदेशकरता भया ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ इसप्रकार आनंदकेदेणीहारी दध्यङ्ऋषिकेवाणीकूं श्रवणकरिकेभी सोदेवराजइंद्र आनंदकूंनहींप्राप्तहोताभया किंतु विषयोंविषेआसक्तिकरिके अंधहुआ सोइंद्र उलटाक्रोधकूंप्राप्तहोताभया ॥ दृष्टांत ॥ जैसे कोईदयालुपुरुष सर्पकूंक्षुधातुरदेखिके तास र्पकूं दुग्धपानकरावे ॥ तादुग्धकूंपानकरिके सोसर्प तादयालुपुरुषकेप्राणहरणेवासतै क्रोधकरैहै ॥ तैसे श्रीमदकरिके अंधहुआसोइंद्र दध्य ङ्ऋषिकीअमृतमयवाणीकूंश्रवणकरिकेभी क्रोधकूंहीप्राप्तहोताभया ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे लोकविषे जिसपुरुषकी जिसजिसपदार्थविषे आसक्तिहोवैहै ॥ तिसतिसपदार्थकी जभीकोई निंदाकरैहै ॥ तभी सोपुरुष तिसनिंदाकरणेहारेपुरुषऊपरि अत्यंतक्रोधकरैहै ॥ तैसे स्वर्गा दिकभोगोंविषेआसक्तइंद्र तिनस्वर्गादिकभोगोंकीनिंदाकूंश्रवणकरिके अत्यंतक्रोधवान्होताभया ॥ और हेअश्विनीकुमारो ॥ क्रोधकरिके युक्तहुआ सोइंद्र आपणेमनविषे याप्रकारकाविचारकरताभया ॥ हमारेशत्रु जेअसुरहैं ॥ तिनोंनें हमारेराजकेपरित्यागकरावणेवासतै यह ब्राह्मण हमारीतरफिभेजाहै ॥ याकारणतैंही यहब्राह्मण हमारेप्रति स्वर्गकेपरित्यागकरणेकाउपदेशकरै है ॥ किंवा ॥ वास्तवतैंविचारक रिकेदेखियेतो यहब्राह्मण श्रेष्ठनहीं ॥ काहेतैं जे श्रेष्ठब्राह्मणहोवैंहैं ते मिथ्यावचनकहतेनहीं ॥ और यहदुरात्मातो सर्वथा मिथ्याहीभाषण करैहै ॥ काहेतैं तीनलोकोंकेपति मुझइंद्रकूं श्वानकेसमानकथनकरैहै ॥यातैं याब्राह्मणकेसमान कोईमिथ्यावादीनहीं ॥ अब याहीअर्थकूंस्प ष्टकरिकेदिखावैहैं ॥ ब्रह्महत्याकरणेहारेपुरुषकूं जन्मांतरविषे श्वानशरीरकीप्राप्तिहोवै है ॥ यातैं श्वानशरीर ब्रह्महत्याकाफलहै ॥ और सोश्वान विष्ठादिकमलोंकूं भक्षणकरैहै ॥ और ताश्वानकेस्पर्शतैंभी लोक स्नानकरैहैं ॥ याप्रकारकातो श्वानहै ॥ और मैइंद्रकैसाहूं ॥ एक शतअश्वमेधयज्ञोंकरिके इंद्रपदकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं अश्वमेधयज्ञोंकाफल इंद्रशरीरकीप्राप्तिहै ॥ और मैइंद्र सर्वदाअमृतकापानकरोंहूं ॥

और बहुतकालपर्यंत उपासनाकरिकै लोकोंकूं हमारादर्शनहोवैहै ॥ ऐसेमुझइंद्रकूं यहदुरात्माब्राह्मण सर्वथा श्वानकेसमानहींकथनकरैहै ॥ यातैं यहब्राह्मण अत्यंतमिथ्यावादीहै ॥ किंवा ॥ यज्ञोंकरिकैभीदुर्लभ जेदेवांगनावोंकेशरीरहैं ॥ तिनोंकूं यहब्राह्मण श्वानिणीकेशरीर समान कथनकरैहै ॥ जिसअभिप्रायकरिकै यहब्राह्मण ऐसेअनुचितवचन कहैहै ॥ सोअभिप्राय हम जाणतेहैं ॥ किंवा ॥ वज्रकूं धारणकरणेहारामैंइंद्र एकलाहीं संपूर्णजगत्केवशकरणेविषेसमर्थहूं ॥ ऐसेमैंइंद्रविषे श्वानकीसमानता किसनिमित्तकूंलेके याब्राह्मणनैं कहीहै ॥ सर्वप्रकार यहमिथ्यावादीहै ॥ यातैं यहब्राह्मणनहीं किंतु यहकोईअसुरहै ॥ स्वर्गकेलेणेवासतै तपस्वीब्राह्मणकारूपधारिकै हमदेवतावोंकिबुद्धिकूं तथाअन्यब्राह्मणादिकवर्णोंकेबुद्धिकूं भ्रष्टकरणेवासतै आयाहै ॥ किंवा ॥ कदाचित् यहब्राह्मणभीहोवै ॥ तौभी हमदेवतावोंकापक्षपातीब्राह्मणनहीं ॥ किंतु दैत्योंकागुरुजोशुक्रहै सोईहोवैगा ॥ अथवा शुक्रके शंडामर्कनामाजोदोपुत्रहैं ॥ ते अत्यंत बुद्धिमान्हैं ॥ तिनोंविषे कोईएकहोवैगा ॥ किंवा ॥ इसदुरात्माकेब्राह्मणपणेकाविचारकरणाव्यर्थहै ॥ यातैं इसअधमपुरुषकूं इसीकालविषे मैंहननकरों ॥ अथवा यास्थानतैं इसकूं मैंनिकासिदेवो ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ इसप्रकार सोइंद्रआपणेमनविषेविचाकरिकै याप्रकारका निश्चय करताभया ॥ जोमैं याअधमब्राह्मणकूं अबीहींहननकरोंगा ॥ अथवा यास्थानतैंनिकासिदेवोंगा ॥ तौ हमारीलोकविषे अपकीर्तिहोवैगी ॥ यातै किसीअन्यउपायकरिकै याअधमब्रह्मणकूं मैंहननकरो ॥ किंवा ॥ अश्विनीकुमार जोहमारे बुद्धिमान्देवताथे ॥ तिनोकूंभीयाअधमब्राह्मणनेंहीं हमारेतैंविमुखकऱ्याथा ॥ यातैंभी यहब्राह्मण दंडकरणेयोग्यहै ॥ यातैं याब्राह्मणकूं ब्रह्मविद्याकेनहींउपदेशकरणेकी मैंआज्ञादेवो ॥ जोयहब्राह्मण हमारीआज्ञाकूंउल्लंघनकरिकै किसीकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरैगा ॥ तो हम याब्राह्मणकामस्तक छेदनकरैंगे ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ याप्रकारकेउपायकाविचारकरिकै सोदेवराजइंद्र तुमारेगुरुदध्यङ्ङृषिकूं याप्रकारकीआज्ञा करताभया ॥ हेब्राह्मण जोब्रह्मविद्या तुमनैं हमारेप्रति उपदेशकरीहै ॥ सोब्रह्मविद्या आजदिनतैंलेकरिकै जोकिसी अन्यपुरुषकेप्रति उपदेशकरोंगा ॥ तो वज्रकरिकै तुमारेमस्तककूं मैंछेदनकरोंगा ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ इसप्रकार जभी देवराजइंद्रनें तुमारेगुरुदध्यङ्ङृ

षिकेप्रति आज्ञाकरी ॥ तभी सोदध्यङ्ङ्ऋषि तुमारा गुरु देवराजइंद्रऊपरि किंचित्मात्रभीक्रोध नहींकरताभया उलटा प्रसन्नमनहुआ सोदध्यङ्ङ्ऋषि ताइंद्रकीआज्ञाकरिकै आपणेइष्टकीसिद्धि मानताभया ॥ अब जिसविचारकरिकै दध्यङ्ङ्ऋषिकूं हर्षहोताभया ताविचारकूं निरूपणकरैं हैं ॥ यादेवराजइंद्रकीआज्ञाकूं जोमैं पालनकरौंगा ॥ तौ हमारेकूं दोप्रकारकेदोषोंकीनिवृत्तिरूप इष्टअर्थकीप्राप्तिहोवैगी ॥ तहाँ एकतौ ब्रह्मविद्याकेउपदेशविषे निष्ठुरतारूपदोषकीनिवृत्तिहोवैगी ॥ और दूसरा अनधिकारीपुरुषकेप्रति ब्रह्मविद्याकादानरूपदोषकीनिवृत्तिहोवैगी ॥ यातैं इंद्रकीआज्ञा हमारेकूंपालनकरणेयोग्यहै ॥ किंवा ॥ जैसे विद्याकेउपदेशतैंअनंतर गुरुकीप्रसन्नतावासते शिष्य गुरुकेप्रति दक्षिणादेवैहै ॥ तैसे यादेवराजइंद्ररूपीशिष्यनैं यहजोआज्ञारूपीदक्षिणा हमारेप्रतिदईहै ॥ साआज्ञारूपीदक्षिणा हमारेकूं परम अनुकूलहै॥काहेतैंयाआज्ञातैंअनंतर दुर्बुद्धिअनधिकारीपुरुषोंकेप्रति मैं कदाचित् ब्रह्मविद्याकाउपदेशनहींकरौंगा॥किंवा॥कामक्रोधादिकों करिकेयुक्त जेअनधिकारीपुरुषहैं ॥ तिनोंकेताईं दईहुईब्रह्मविद्या निष्फलहोवैहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे चांडालकेताईं दईहुईगौ निष्फलहोवैहै ॥ अन्यदृष्टांत ॥ जैसे रूपकरिकै तथायौवनकरिकैयुक्त आपणीकन्या नपुंसककेताईं दईहुई निष्फलहोवैहै ॥ तैसे विषयासक्तअनधिकारी पुरुषकेताईं दईहुई ब्रह्मविद्या निष्फलहोवैहै ॥ किंवा ॥ जोविद्वान्पुरुष स्नेहकरिकैमोहितहुआ अथवा धनकरिकैमोहितहुआ विषयासक्तअनधिकारीपुरुषोंकेताईं ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरैहै ॥ सोविद्वान्पुरुष आपणेकूं तथाब्रह्मविद्याकूं तथा श्रोताकूं यातीनोंकूं नाशकरैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ अनधिकारीपुरुषकेप्रति ब्रह्मविद्याकेउपदेशकरणेविषे ब्रह्मविद्या निष्फलहोवैहै ॥ और अनधिकारीश्रोता दोनोंलोकोंतैंभ्रष्ट होवैहै ॥ और ब्रह्मविद्याकेवक्ताकूं द्वेषकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यहवार्ता महाभारतविषेभीकही है ॥ श्लोक ॥ यश्चाधर्मेणवैब्रूयात् यश्चाधर्मेणपृच्छति ॥ तयोरन्यतरःप्रैति विद्वेषंवाधिगच्छति ॥ १ ॥ अर्थयह ॥ जोपुरुष अधर्मकरिकै ब्रह्मविद्याकूंकथनकरैहै ॥ और जोपुरुष अधर्मकरिकैब्रह्मविद्याकूंश्रवणकरैहै ॥ तिनदोनोंविषे एकचल्याजावैहै ॥ अथवा द्वेषकूंप्राप्तहोवै है ॥ १ ॥ यातैं अनधिकारीपुरुषकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरणा योग्यनहीं ॥ किंवा ॥ अतिथिकेसन्मानकरणेविषे तत्पर जोमहतपस्वीमुनिहैं ॥ तिनोंकूं दूसराकोईपापकेउत्पत्ति

कानिमित्तहैनहीं ॥ अनधिकारीपुरुषोंकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशहीं पापकेउत्पत्तिकानिमित्तथा ॥ अब इंद्रकेआज्ञारूपीकृपातें सोपाप कभीउत्पन्नहोवैंगानहीं ॥ किंवा ॥ जिनोंकेसंगकरिकै अनंतप्रकारकीभेदबुद्धिउत्पन्नहोवै है और बहिर्मुखहैचित्तजिनोंका ऐसेजेमनुष्यहैं तथादेवताहैं तथाअसुरहैं ॥ तिनोंकरिकै हमाराकिंचित्मात्रभीप्रयोजनसिद्धहोवैनहीं ॥ उलटा इनभेदवादियोंकेसंगतैं चित्त बहिर्मुख होवै है ॥ कैसेहैंयहभेददर्शीपुरुष ॥ याजाग्रत्अवस्थाविषे जिसजिसपदार्थकाअनुभवकरैहैं ॥ तिसतिसअनुभवजन्यसंस्कारोंकेप्रभावतैं तिसतिसपदार्थकूं जैसेस्वप्नविषेप्राप्तहोवै हैं ॥ तैसे मरणकालविषेभी तिसीतिसीपदार्थकूंप्राप्तहोवै हैं ॥ यातैं भेदबुद्धिहीं जीवोंकेजन्ममरण रूपसंसारकाकारणहै और मेरेविषे भेदबुद्धिकाकारण दूसराकोईहैनहीं ॥ किंतु शिष्योंकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशरूपकार्यहीं मेरे भेदबुद्धिकाकारणहै ॥ यातैं ताभेदबुद्धिजन्यसंस्कार अज्ञानीजीवोंकीन्याई मेरेकूंभी कदाचित्जन्मादिकोंकीप्राप्तिकरैंगे ॥ किंवा ॥ मैंगुरुहूं यहशिष्यहै याप्रकारकीभेदबुद्धि अविद्यातैंविनाहोवैनहीं ॥ यातैं उपदेशकालविषे सोभेदबुद्धि अविद्यातैंविनाअनुपपन्नहुई ब्रह्मवेत्तापुरुषविषेभी अविद्याकेलेशकूंबोधनकरैहै ॥ यातैं विद्याके उपदेशकालविषे अज्ञानीपामरपुरुषोंकेसमान मैंहोवोंगा ॥ किंवा ॥ यह मैंहूं यहमेराहै यहमेरानहीं है याप्रकारकाभेददर्शन जबपर्यंत जीवोंकानिवृत्तनहींहोता ॥ तबपर्यंत देहरूपकारागृहतैं जीवोंकीमुक्तिहोतीनहीं यातैं भेददर्शनहीं जीवोंकेबंधनकाकारणहै ॥ सोहमाराभेददर्शन याइंद्रनैं कृपाकरिकैनिवृत्तकऱ्याहै ॥ यातैं देवोअथर्वणनामा हमारेगुरुतैंभी यहइंद्र हमारापरमगुरुहै॥ तात्पर्ययह॥आत्मसाक्षात्कारतैंअनंतर जीवन्मुक्तिकेसुखवासतै मनोनाशवासनाक्षयहमारेकूं अवश्यकरणेयोग्यहै तामनोनाश वासनाक्षयकाउपाय देवोअथर्वणनामाऋषिनैं परंपराकरिकै हमारेप्रति उपदेशकऱ्याथा ॥ यातैं सोदेवोअथर्वणनामाऋषि हमारागुरुहै ॥ और यादेवराजइंद्रनैंतौ साक्षातहीं हमारामनोनाश तथावासनाक्षयकऱ्याहै ॥ काहेतैं शिष्यकेप्रति विद्याउपदेशकालविषे हमाराचित्त बहिर्मुखहोवैहै ॥ ताचित्तकीबहिर्मुखताकेनिवृत्तिवासतै याइंद्रनैं हमारेप्रति ब्रह्मविद्याके नउपदेशकरणेकीआज्ञाकरीहै ॥ यातैं यहइंद्र हमारापरमगुरुहै ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ याप्रकारकाविचार आपणेहृदयविषेकरिकै सोदध्यङ्ऋषि तुमारागुरु देवराजइंद्र

ऊपरि क्षमाकरताभया ॥ शंका ॥ गुरुकेसाथि द्रोहकरणेहाराजोइंद्रहै ॥ तिसकेप्रति सोदध्यङ्ऋषि शाप काहेतैंनहींदेताभया ॥ समाधान ॥ याप्रकारकाआपणेमनविषे विचारकरिकै सोदध्यङ्ऋषि इंद्रकूं शापनहींदेताभया ॥ अब ताविचारकूं दिखावैहैं ॥ श्वान सर्पादिकजेतामसीजीवहैं ॥ तेअपकारीजीवोंविषेक्रोधकरेहैं ॥ यहवार्त्ता लोकविषेप्रसिद्धहै ॥ जबी विद्वान्पुरुषभी अपकारी जीवोंऊपरि क्रोधकरैगा ॥ तौ श्वानसर्पादिकतामसीजीवोंतैं विद्वानपुरुषविषे कौनविशेषताहोवैगी॥किंतु श्वानसर्पादिकोंकेतुल्यहीं सोविद्वा न्होवैगा ॥ यातैं जेपुरुष अपकारीजीवोंऊपरिक्रोधनहींकरते ॥ उलटा तिनोंऊपरि उपकारकरते हैं॥ तेपुरुषहीं विद्वान्हैं ॥ अपकारीजीवो ऊपरि जेपुरुष क्रोधकरेहैं ॥ तेपुरुष विद्वान्होवैनहीं ॥ किंवा ॥ अपकारीजीवोंविषे विद्वान्पुरुष क्रोधकरेहैं ॥ यहजोकोईवादी अंगीकार करै ॥ तासैं यहपूछाचाहिये ॥ कूटस्थआत्माकाअपकारमानिकै सोविद्वान्पुरुष अपकारीजीवोंऊपरिक्रोधकरेहै ॥ अथवा शरीरादिकजड पदार्थोंकाअपकारमानिकै सोविद्वान्पुरुष अपकारीपुरुषऊपरिक्रोधकरेहै॥तहां प्रथमपक्षतौसंभवैनहीं॥ काहेतैं कूटस्थआत्मा अविकारी है तथाअसंगहै ॥ यातैं ताकेविषे अपकाररूपविकारकासंबंधसंभवैनहीं ॥ तैसे दूसरापक्षभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं विद्वान्पुरुषोंनैं शरीरादिक जडपदार्थोंतैं आत्माकूंभिन्नमान्याहै ॥ यातैं शरीरादिकोंकेअपकारहुएभी विद्वान्पुरुषकीहानिहोवैनहीं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे एक पाषाणकरिकै दूसरेपाषाणकाताडनकियेंहुएभी चेतन्यपुरुषोंकूं दुःखकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ तैसे जडदंडादिकोंकरिकै जडशरीरकेअप कारहुएभी विद्वान्पुरुषकूं दुःखहोवैनहीं ॥ शंका ॥ यद्यपि शरीर पाषाणकीन्याईजडहै ॥ तथापि सोशरीर आत्माकेसुखका साधनहै ॥ यातैं शरीरकेअपकारहुए विद्वानपुरुषकाक्रोधसंभवैहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे भृत्योंकेअपकारहुए राजाकूंक्रोधहोवैहै ॥ समाधान जैसे कोईपुरुष आपणेएकहस्तकरिकै दूसरेहस्तका तथापादका तथामस्तकका ताडनकरेहै ॥ ताताडनकरिकै तिसपुरुषकूं क्रोधहोवैनहीं ॥ काहेतैं एकशरीर विषेवर्तमान हस्तपादादिकअवयवोंका एकहीआत्माहै ॥ तैसे एकशरीरकरिकै दूसरेशरीरकेताडनहुएभी विद्वान्पुरुषोंकूं क्रोधहोवैनहीं ॥ काहेतैं शास्त्रप्रमाणकरिकै तथायुक्तियोंकरिकै तथाआपणेअनुभव

करिके विद्वान्पुरुषनें सर्वशरीरोंविषे एक आत्मा निश्चयकऱ्याहे ॥ यातें ऐसेविद्वान्पुरुषकूं जैसे आपणाशरीर सुखका साधनहे ॥ तैसे सर्वशरीर सुखकेसाधनहें ॥ याकारणतें सो विद्वान्पुरुष किसीऊपरि क्रोधकरतानहीं ॥ किंवा ॥ जोपुरुष अपकारकरणे हारेजीवोंऊपरिक्रोधकरैहे ॥ सोपुरुष आत्मवेत्तानहीं ॥ किंतु सोपुरुष आत्माकेनाशकरणेहाराहे ॥ याकारणतेंहीं नास्तिकहे ॥ और सर्वभूतोंकीहिंसाकरणेहाराहे ॥ तात्पर्ययह ॥ असंगआत्माकातो अपकारहोवेनहीं ॥ किंतु शरीरादिकजडपदार्थोंकाअपकारहोवैहे ॥ ताशरीरादिकोंविषे जिसपुरुषकूं आत्मबुद्धिहोवैहे ॥ तिसीपुरुषकूं शरीरकेअपकारकरणेहारेजीवोंऊपरि क्रोधहोवैहे ॥ यातें शरीरादिको विषे आत्मबुद्धिहीं क्रोधकाकारणहे और चार्वाकनास्तिकभी शरीरकूंहींआत्मामानेंहें ॥ यातें क्रोधवानपुरुषविषे तथानास्तिकविषे किंचित्मात्रभी भेदनहीं ॥ और क्रोधकीउत्पत्तितेंअनंतर यहपुरुष शरीरकरिके तथामनकरिके तथावाणीकरिके जीवोंकीहिंसा अवश्य करैहे ॥ यातें क्रोधवानपुरुषहीं सर्वभूतप्राणियोंकीहिंसाकरणेहाराहे ॥ याकहणेतेंयहसिद्धभया ॥ जिसपुरुषकूंएकअद्वितीयआत्माकाज्ञा नभयाहे ॥ सोपुरुष किसीप्राणीऊपरि क्रोधकरतानहीं ॥ और जोपुरुष किसीप्राणीऊपरि क्रोधकरैहे ॥ सोपुरुष आत्मवेत्तानहीं ॥ किंवा॥ जिसपुरुषकूं एकअद्वितीयआत्माकाज्ञाननहींभया॥किंतु याप्रकारकाज्ञान जिसकूंभयाहे॥आपणेपुण्यकर्मकरिके जीवोंकूं सुखकीप्राप्तिहोवै हे ॥ और आपणेपापकर्मकरिके जीवोंकूं दुःखकीप्राप्तिहोवैहे ॥ यातें पुण्यपापहीं जीवोंकेसुखदुःखकेकारणहे ॥ दूसराकोई जीवोंके सुखदुः खकाकारणनहीं ॥ याप्रकारकाज्ञानभी जिसपुरुषकूंभयाहे ॥ सोपुरुषभी अपकारीजीवोंऊपरि क्रोधकरतानहीं ॥ तो सर्वात्मदर्शीतत्ववेत्ता पुरुष अपकारीजीवोंऊपरि कैसेक्रोधकरैगा ॥ किंतु नहींकरैगा ॥ किंवा जोपुरुष शास्त्रकूंजाणताहुआभी क्रोधवान्होवैहे ॥ सोपुरुष किस प्रकार विद्वान्होवैगा ॥ किंतु सोक्रोधवानपुरुष विद्वान्नहीं ॥ काहेतें जोपुरुष विद्यावालाहोवैहे ताकूं विद्वान्कहैं हैं ॥ और सर्वप्राणियोंविषे आत्मबुद्धिकरिकेसर्वकेहितकीइच्छाकरणी यहविद्याकाफलहे ॥ सोविद्याकाफल क्रोधवान्पुरुषविषेसंभवेनहीं ॥ यातें जैसे गर्दभ मृत्तिका केभारकूंउठावैहे ॥ तैसे क्रोधवान्पुरुष निष्फलहीं शास्त्ररूपीभारकूंउठावैहे ॥ किंवा ॥ जोपुरुष ॥ किंचित्मात्र शास्त्रकापठनकरैहे ॥

अथवा श्रवणकरैहै ॥ अथवा नहींश्रवणकरैहै ॥ परंतुसर्वप्राणियोंविषे आत्माकूंपरिपूर्णजानिकै शरीर मन वाणीकरिकै किसीप्राणीकाद्रोह नहींकरता ॥ तिसीपुरुषनैं सर्वशास्त्रकेयथार्थअर्थकूंजान्याहै ॥ यहवार्ता महाभारतविषेभीकहीहै ॥ श्लोक ॥ आत्मानंचेद्विजानीयात् सर्वं भूतगुहाशयं ॥ श्लोकेनयदिवार्द्धेनक्षीणंतस्यप्रयोजनम् ॥ १ ॥ अर्थयह ॥ जोपुरुष एकश्लोककरिकै अथवाअर्द्धश्लोकरिकै सर्वभूतोंविषेव्या पक आत्माकूंजाणताहै ॥ तिसपुरुषका सर्वप्रयोजनसिद्धभयाहै ॥ गीताविषेभी श्रीकृष्णभगवान्नैं अर्जुनकेप्रतिकह्याहै ॥ श्लोक ॥ आ त्मौपम्येनसर्वत्र समंपश्यतियोऽर्जुन ॥ सुखंवायदिवादुःखं सयोगीपरमोमतः ॥ १ ॥ अर्थयह ॥ हेअर्जुन ॥ जैसे आपणेकूंसुख प्रियहो वैहै ॥ और दुःख अप्रियहोवैहै ॥ तैसे जोपुरुष सर्वप्राणियोंकेसुखकूं प्रियमानैहै ॥ और दुःखकूं अप्रियमानै है ॥ सोईहींपुरुष परमयो गीहै ॥ १ ॥ किंवा ॥ जोपुरुषशरीरकरिकै तथामनकरिकै तथावाणीकरिकै प्राणियोंकाद्रोहकरैहै ॥ सोपुरुष इसलोकविषे तथापरलोक विषे आत्मास्वरूपआनंदकूं प्राप्तनहींहोता ॥ यातैं जीवोंकाद्रोहहीं सर्वअनर्थकाकारणहै ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै सोदध्यङ्ऋषितुमारागुरु इंद्रकूं शापनहींदेताभया ॥ उलटा सोदध्यङ्ऋषि इंद्रकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेदेवराजइंद्र॥तुमनैं जोहमारेकूं ॥ आज्ञाकरीहै ॥ ताआज्ञाकूं मैंअवश्यपालनकरोंगा ॥ जोमैं तुमारीआज्ञाकानहींपालनकरों ॥ तौतुमनैं हमारेमस्तककाछेदन करणा ॥ और हेदेवराजइंद्र ॥ ब्रह्मविद्याके नउपदेशकरणेकीआज्ञा जोतुमनैं हमारेप्रतिकरीहै ॥ साआज्ञा हमारेदुःखकाकारणनहीं ॥ किंतु उलटा जीवन्मुक्तिकेसुखकाकारणहै ॥ परंतु सर्वदेवतावोंकाअधिपति तूंइंद्र स्वर्गलोकतैंचलिकै हमारेआश्रमविषेआयाहै ॥ यातैं तुमारेप्रसन्नताकरणेवासतै मै कौनपदार्थ तुमारेप्रतिदेवो ॥ याप्रकारकाविचार मैंकरोंहूं ॥ यातैं हेदेवराजइंद्र ॥ धनकरिकै तथाशरीरक रिकै ॥ तथाअन्यकिसीउपायकरिकै तुमारेप्रसन्नताकूं मैअवश्यसिद्धकरोंगा तुमतैं याकेविषे किंचित्मात्रभी संशयनहींकरणा ॥ हेअश्विनी कुमारो ॥ इसप्रकारकावचन जभी दध्यङ्ऋषि तुमारेगुरुनैं इंद्रकेप्रतिकह्या ॥ तभी सोदेवराजइंद्र सात्त्विकस्वभावकूंप्राप्तहोताभया ॥ और मुनिकेकोमलस्वभावकूंदेखिकरिकै भयकूंप्राप्तहुआ सोइंद्र याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेब्राह्मण ॥ आपणेवर्णाश्रमकेधर्मोंकूंकरणे

हारेजेब्राह्मणहैं ॥ तिनोंकाभीमैंकदाचित् द्रोहनहींकरता॥ तौ सर्वऊपरिउपकारकरणेहारा जोतूंश्रेष्ठब्राह्मणहैं ॥ तिसकाद्रोह मैंकैसेकरौंगा॥ और हेब्राह्मण ॥ मैंनें जोपूर्व विश्वरूपादिकब्राह्मणोंका हननकऱ्याथा ॥ तथा अनंतसंन्यासियोंकाहननकऱ्याथा ॥ सोभी तिनोंकेदुष्टस्वभाव कूंजाणिकरिकेहीं हननकऱ्याथा ॥ अपराधतैंविना मैं किसीका हननकरतानहीं ॥ यातैं हेब्राह्मण जोतूं मेरेआज्ञाकाउल्लंघनहींकरैगा ॥ तौतुमा राशिर छेदननहींहोवैगा ॥ और जोतूं हमारीआज्ञाकाउल्लंघनकरेगा ॥ तौविश्वरूपादिकोंकीन्याईं तुमाराभी शिरछेदनहोवैगा ॥ और हेब्राह्म ण पूर्वजोहमनें तुमारेप्रतिकह्याथा ॥ हमारेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरो ॥ सो तुमनें हमारेवचनकूंअंगीकारकरिके हमारेप्रतिब्रह्मविद्या काउपदेशकऱ्या ॥ ताविद्याकेउपदेशकरिके हमारीइच्छाकूं तुमनें पूर्णकऱ्या ॥ दूसराकोईकार्य अबीकरणेयोग्यहैनहीं ॥ यातैं हेब्राह्मण तु माराकल्याणहोवै॥हम अबीआपणेस्वर्गलोककूंजातेहैं॥हेअश्विनीकुमारो॥याप्रकारकेवचनोंकूं सोदेवराजइंद्र कहिकरिके आपणेस्वर्गलोककूं जाताभया ॥ और तुमारागुरु दध्यङ्ऋषि महानसमुद्रकीन्याईं क्षोभतैंरहितहुआ तिसीआश्रमविषेस्थितहोताभया ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ ब्रह्मविद्याकेउपदेशकरिकेहमारेइच्छाकूं तुमनें पूर्णकऱ्या॥यहजोवचन इंद्रनेंदध्यङ्ऋषिकेप्रतिकह्या सो संभवैनहीं॥काहेतैंजोइंद्रकूंब्रह्मविद्या कीप्राप्तिहोती ॥ तो दध्यङ्ऋषिऊपरि क्रोधनहींकरता॥समाधान॥हेअश्विनीकुमारो॥दध्यङ्अथर्वण तुमारागुरु देवराजइंद्रकेप्रति संपूर्णब्रह्म विद्याकाउपदेशकरताभया ॥ तथा नानाप्रकारकेकर्मोंका तथा नानाप्रकारकेउपासनावोंका उपदेशकरताभया तथा नानाप्रकार जगत्के उत्पत्तिकाउपदेशकरताभया ॥ परंतु सोदेवराजइंद्र रागादिकप्रतिबंधकेवशतैं ब्रह्मविद्याकूंछोडिकरिके अन्यसंपूर्णविद्याकूंग्रहणकरताभया याकारणतैं इंद्रनें आपणेइच्छाकीपूर्णताकहीहै ॥ और हेअश्विनीकुमारो ॥ इसप्रकार इंद्रकेगएतैंअनंतर सोदध्यङ्ऋषि तुमारागुरु मौनकूं धारणकरिके स्थितहोताभया ॥ और तुमदोनों बहुतकालकेपीछे वैराग्यादिकसाधनोंकूंसंपादनकरिके ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिवासतैं दध्यङ्ऋषि केसमीप जातेभये॥तहाँ जाइके दध्यङ्ऋषिगुरुकेप्रति प्रणामकरिकै तुमदोनों याप्रकारकावचन कहतेभये ॥ हेगुरोहमनेंपूर्व आपतें ब्रह्मवि द्याकीप्रार्थनाकरीथी ॥ और आपनें यहप्रतिज्ञाकरीथी ॥ वैराग्यादिक साधनोंकूं तुम संपादनकरिआवो ॥ पश्चात् तुमारेप्रति मैं ब्रह्मविद्या

काउपदेशकरौंगा ॥ सोअभी हमदोनों वैराग्यादिकसाधनोंकूं संपादनकरिकै आपकेचरणकमलोंकूं प्राप्तभयेहैं ॥ यातैं हेगुरो आपणीप्रतिज्ञाकेसत्यकरणेवासतै हमारेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरो ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ याप्रकारकावचन जभी तुमोंनैकह्या ॥ तभी सोदध्यङ्ऋषि तुमारागुरु याप्रकारकाविचार आपणेमनविषेकरिकै परमसंशयकूंप्राप्तहोताभया ॥ अब ताविचारकूंदिखावैहैं ॥ जोमैं अश्विनीकुमारोंकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरौंगा ॥ तौ इंद्र हमारामस्तकछेदनकरैगा ॥ और जोमैं अश्विनीकुमारोंकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेश नहीं करौंगा तौ हमारावचन मिथ्याहोवैगा॥याप्रकारकाविचारकरिकै सोदध्यङ्ऋषि परमसंशयकूंप्राप्तहोताभया॥दृष्टांत॥जैसे शकटवालापुरुष याप्रकारकाविचारकरिकै संशयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ जोमैं बलदोंकेआगेचालोंगा ॥ तौ बलदोंकेपाद हमारेपादोंऊपरिआवैंगे ॥ और जोमैं बलदोंकेपीछेचालोंगा ॥ तौ शकटकेचक्र हमारेपादोंऊपरिआवैंगे ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै सोविवेकीपुरुष संशयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे दध्यङ्ऋषि तुमारागुरु संशयकूंप्राप्तहोताभया ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ याप्रकार संशयकूंप्राप्तहोइकै सोदध्यङ्ऋषि तुमारागुरु याप्रकारकानिश्चय आपणेमनविषेकरताभया ॥ अश्विनीकुमारोंकेउपदेशकरणेविषे जोहमारामृत्युहोवैगा सोश्रेष्ठहै ॥ परंतु हमारावचन मिथ्यामतहोवै ॥ अब मिथ्यावचनजन्यदुःखतैं मरणजन्यदुःखविषे अल्पतादिखावैं हैं॥यालोकविषे जोप्राणी उत्पन्नभयाहै॥तिसप्राणीकामरण अवश्यहोवैहै॥ और मरणकालविषे रोगादिकनिमित्तकरिकै जीवोंकूं दुःखभी अवश्यहोवैहै॥यातैं मरणजन्यदुःख नसहनकरणेयोग्यनहीं॥किंतु संपूर्णप्राणीतामरणजन्यदुःखकूं अनंतवारअनुभवकरेहैं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ अन्यजीवोंकामृत्यु ज्वरादिकरोगोंकरिकैहोवै हैं ॥यातैं तिनोंकूं अल्पदुःखहोवै है ॥ और इंद्रकेवज्रजन्यमृत्युतैं परमदुःखहोवै है ॥ समाधान ॥ इतनैंनिमित्तकरिकै जीवोंकामृत्युहोवै है ॥ ज्वरादिकव्याधि सर्प चोर सिंह विष अग्नि जल शत्रु अजीर्णअन्नइतनैंनिमित्तोंविषे किसीएकनिमित्तकरिकैहीं जीवोंकामृत्युहोवैहै ॥ और यहइंद्रकावज्रभी दिव्यअग्निरूपहै ॥ यातैं तिननिमित्तोंकेभीतरिहीं हैं ॥ कोईअपूर्वनिमित्तनहीं ॥ यातैं मरणजन्यदुःखनसहनकरणेयोग्यनहीं ॥ किंतु सहनकीयाजावैहै ॥ अब मरणजन्यदुःखतैं मिथ्यावचनजन्यदुःखविषे अधिकता दिखावैहै ॥ जोमैं आपणावचन मिथ्याकरौंगा ॥ तौ मेरेकूं अनंत

कोटिकल्पपर्यंत नरकविषे अनंतप्रकारकेदुःखोंकीप्राप्तिहोवैगी ॥ जिननरकदुःखोंकेनिवृत्तिका कोईभीउपायनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ जोकोईपुरुष पापकर्मकूं तथाताकेफलकूं नजाणताहुआ तिसपापकर्मकूंकरैहै ॥ तिसपुरुषकूं अल्पदुःखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ और जोकोईपुरुष पापकर्मकूं तथाताके नरकादिकफलकूं शास्त्रप्रमाणतैंजाणिकरिकैभीपुनःतिसपापकर्मकूंकरैहै ॥ तिसपुरुषकूं तापापकर्मकरिके अधिकदुःखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ और मैं मिथ्यावचनरूपीपापकर्मकेफलकूंजाणताहूं ॥ यातैं जाणिकरिके जोमैं मिथ्यावचनकरूंगा ॥ तौ मेरेकूं अधिकदुःखकीप्राप्तिहोवैगी ॥ किंवा ॥ जोपुरुष देहाभिमानकरिके युक्तहुआमिथ्यावचनकाउच्चारणकरैहै ॥ सोपुरुष जीवताहुआभी मृतकजानणा ॥ काहेतैं यालोकविषे सर्वप्राणी तामिथ्यावादीपुरुषकीनिंदाकरैहैं ॥ और मरिकरिके सोमिथ्यावादीपुरुष नरककूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातैं दोनोंलोकविषे मिथ्यावादीपुरुषकूं दुःखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ याकहणेकरिके यहअर्थ बोधनकऱ्या॥जोपुरुष सकामहै तिसपुरुषकूंतौ स्वर्गकामोयजेत् इत्यादिकविधिवाक्योंका तथानानृतंवदेत् इत्यादिकनिषेधवाक्योंका दोनोंका अधिकारहै॥और जोनिष्कामविद्वान्पुरुषहै तिसकूं यद्यपि स्वर्गकामोयजेत् इत्यादिकविधिवाक्योंकाअधिकारनहीं ॥ तथापि नानृतंवदेत् इत्यादिकनिषेधवाक्योंकाअधिकार निष्कामविद्वान्पुरुषकूंभीहैं॥याकारणतैंही सोदध्यङ्ऋषि नानृतंवदेत् यानिषेधवाक्यकाउल्लंघन नहींकरताभया ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ इसप्रकार आपणेमनविषेविचारकरिके सोदध्यङ्ऋषि तुमारागुरु तुमारेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ बाल्यअवस्थातैंलेकरिके मैंनें कबीभीमिथ्यावचनकाउच्चारणनहींकऱ्या॥तौ अबीवृद्धअवस्थाविषे मिथ्यावचनकाउच्चारण मै किसवासतेकरौंगा॥ किंतु मिथ्यावचनकरणा हमारेकूं उचितनहीं ॥ तथापि मिथ्यावचनकानिमित्त जोमैंनें आपणेमनविषेचिंतनकऱ्याहै ॥ सो तुमारेप्रति मैंकथनकरताहूं ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ देवतावोंका तथामनुष्योंका तथा असुरोंका तथाअन्यभीसर्वप्राणियोंका मै उपकारकरणेहाराहूं ॥ याप्रकारका हमारास्वभाव तुमदोनोंजाणतेहो ॥ पुनः कैसामैहूं ॥ प्रियपदार्थोंकेभोगकरिकै पूर्वलेपुण्यकर्मोंकूं मै समाप्तकरताहूं ॥ और अप्रियपदार्थोंकेभोगकरिकै पूर्वलेपापकर्मोंकूं मै समाप्तकरताहूं॥और जैसे अज्ञानोजीवोंकूं प्रियवस्तुकेप्राप्तहुए हर्षहोवैहै॥तथा अप्रियवस्तुकेप्राप्तहुए शो

कहोवैहै ॥तैसे मेरेकूं प्रियअप्रियवस्तुकीप्राप्तितैं हर्षशोकहोवैनहीं॥किंतु दोनोंकीप्राप्तिविषे मै समानरहोंहूं ॥ और हेअश्विनीकुमारो ॥ जैसे याल्लोकविषे भेददर्शीअज्ञानीपुरुषोंका कोईशत्रुहोवैहै कोईमित्रहोवैहै कोईउदासीनहोवैहै कोईबंधुहोवैहै कोईद्वेष्यहोवै है कोईमध्यस्थहोवैहै तैसे मुझसमदर्शीका कोईशत्रु मित्र उदासीन बंधु द्वेष्य मध्यस्थ हैनहीं॥तहाँ अपकारतैंविनाहीं स्वभावतैंजोअपकारकरैहै ताकूंशत्रुकहैहैं॥ और जोपुरुष प्रतिउपकारकीनअपेक्षाकरिके उपकारकरैहै ताकूं मित्रकहैहैं॥ और जोपुरुष उपेक्षाकरैहै ताकूं उदासीनकहैहैं॥औरजोपुरुष किंचित्संबंधकरिकेउपकारकरैहै ताकूं बंधु कहैहैं ॥ और जोपुरुष अपकारकी अपेक्षाकरिके अपकारकरैहै ताकूं द्वेष्यकहैहैं ॥ और जो पुरुष विवादकरतादोनोंपुरुषोंकेहितकीइच्छाकरैहै॥ताकूं मध्यस्थकहैं हैं ॥ और हेअश्विनीकुमारो ॥ या आपणेब्राह्मणशरीरविषे तथासंपूर्ण स्थावरजंगमशरीरोंविषे तथाश्वानशरीरविषे तथाहिरण्यगर्भकेशरीरविषे मै समानरूपकरिकेस्थितहूं॥काहेतैं मै सर्वरूपहूं ॥अब सर्वरूपताकूं दिखावैहैं हेअश्विनीकुमारो ॥ मैही पुरुषहूं ॥ तथामैही स्त्रीहूं तथामैही नपुंसकहूं ॥ तथामैहीपंचमहाभूतहूं ॥ तथामैहीभौतिकप्रपंचहूं ॥ तथा मैही मनुहूं ॥ तथामैही सूर्यहूं ॥ तथामैही चंद्रमाहूं ॥ तथामैही अग्निहूं ॥ तथामैही संपूर्णज्योतिहूं ॥ तथामैहीभूर् भुवःस्वर् महर् जन तप सत्य यहऊपररिकेसप्तलोकहूं ॥ और मैही अतल वितल सुतल रसातल तलातल महातल पाताल यह नीचेकेसप्तलोकहूं ॥ और हेअश्विनीकुमारो॥जैसे स्वप्नविषे स्वप्नद्रष्टापुरुषतैं स्वप्नकेपदार्थ भिन्ननहींहोवैहै॥तैसे संपूर्णस्थूलसूक्ष्मप्रपंच मेरेतै भिन्न नहीं किन्तु मेराही स्वरूपहै ॥ और ब्रह्मांडविषेस्थित जे स्वेदज अंडज जरायुज उद्भिज्ज यहचारिप्रकारकेजीवहैं ॥तिनोंविषे कोईजीव उत्कृष्टहै और कोईजी व निकृष्टहै ॥ तिनसंपूर्णोंका मैआत्माहूं ॥ और सर्वभेदतैंरहितब्रह्मकूं मै आत्मारूपकरिकेजाणताहूं ॥ याकारणतैंमेरेविषे मायाकाभीस्पर्श नहीं ॥ तामायाकेअभावहुए काम क्रोध लोभ इत्यादिकदोषभी मेरेस्वरूपविषेहैंनहीं ॥ और हेअश्विनीकुमारो ॥मैही परमात्मादेव लीला मात्रकरिके संपूर्णजगतकीउत्पत्तिकरोहूं॥और मैही संपूर्णजगत्कापालनकरोहूं ॥ और मैही संपूर्णजगत्कासंहारकरोहूं॥दृष्टांत ॥ जैसे ऊर्ण नाभिजंतु अन्यकारणकीसहायतातैंविनाहीं आपणेशरीरमात्रतैं तंतुवोंकूं उत्पन्नकरैहै ॥ तथा तिनतंतुवोंका पालनकरैहै ॥तथा तिनतंतुवों

कूं आपणेविषेलयकरैहै॥तैसे मैंहीं परमात्मादेव संपूर्णजगत्की उत्पत्ति स्थिति लय करोंहूं परंतु ऊर्णनाभिरूपदृष्टांततैं हमारेविषे इतनीवि
लक्षणताहै॥ऊर्णनाभिजंतु सावयवहुआतथासंबंधवालाहुआ तंतुवोंका परिणामीउपादानकारणहै॥और मैंपरमात्मादेवतो निरवयवहुआतथा
असंगहुआ जगत्काविवर्तउपादानकारणहूं॥शंका॥हेभगवन्॥ जोऊर्णनाभिजंतुतैं आपविषे विलक्षणताहोवे॥तो ऊर्णनाभीजंतुकेंदृष्टांतकरि
के आपणेविषे जगत्कीकारणता सिद्धकरणीसंभवेनहीं समानस्वभाववालाही दृष्टांतहोवैहै ॥ समाधान ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ समा
नस्वभाववालापदार्थ दृष्टांतहोवैहै यहवार्ता यद्यपि सत्यहै ॥ तथापि सर्वअंशकरिकैसमानता दृष्टांतविषेहोवैनहीं ॥ किंतु किसीएकअं
शकरिकै दृष्टांतविषे समानताहोवैहै ॥ साएकअंशकरिकैसमानता यहांभीहै ॥ काहेतैं जैसे ऊर्णनाभिजंतु तंतुवोंकाउपादानकारण तथानि
मित्तकारणदोनोंहै ॥ तैसे मैंपरमात्मादेव जगत्का उपादानकारण तथानिमित्तकारण दोनोंहूं ॥ याप्रकार अभिन्ननिमित्तउपादानकारणता
मात्रअंशविषे ऊर्णनाभिकादृष्टांतहै ॥ सर्वअंशविषेनहीं ॥ और हेअश्विनीकुमारो ॥ जैसे स्वप्नविषेप्रतीतभयेजे रथादिकपदार्थहैं ॥ ते स्वप्न
द्रष्टापुरुषतैंभिन्नहोवेनहीं ॥ तैसे संपूर्णजगत्की उत्पत्ति स्थिति लय मुझपरमात्मातैं भिन्ननहीं॥हे अश्विनीकुमारो॥ ऐसाब्रह्मनिष्ठमैं आपणे
आश्रमविषेस्थितथा ॥ और किसीकालविषे देवराजइंद्र हमारेआश्रमविषे आवताभया॥और तिसइंद्रकूं अतिथिजाणिकरिके यथाशक्ति मैं
ताइंद्रकापूजनकरताभया ॥ पुनः मैं इंद्रकेप्रतिकहताभया ॥ हेदेवराजइंद्र तुमारीप्रसन्नताकरणेवासते मैं कौनप्रियपदार्थदेवों ॥ हेअश्वि
नीकुमारो ॥ इसप्रकारकावचन जभीमैं इंद्रकेप्रतिकह्या ॥ तभी सोइंद्र हमारेप्रति याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेऋषि जोतुं हमारेकूं
प्रसन्नकऱ्याचाहताहै ॥ तौ दुर्लभब्रह्मविद्या हमारेप्रति उपदेशकरो ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ इसप्रकारकावचन जभी देवराजइंद्रनैं कह्या ॥
तभीमैं इंद्रकेप्रति मधुकांडकेअर्थयुक्त दुर्लभब्रह्मविद्याकाही उपदेशकरताभया ॥ ब्रह्मविद्यातैंभिन्न किसीअन्यविद्याकाउपदेश नहींकर
ताभया ॥ काहेतैं जगत्विषे ब्रह्मविद्याहीएकदुर्लभहै ॥ ब्रह्मविद्यातैंभिन्न शब्दरूपशादिकविषयतो सर्वलोकोंविषे सर्वजीवोंकूं सुलभहैं ॥
तहां स्वर्गलोकविषे जैसे कर्मीजीवोंकूं विषयप्राप्तहैं ॥ तैसे नरकविषेस्थित जीवोंकूंभी विषयप्राप्तहैं ॥ और ब्रह्मलोकविषेस्थित जीवोंकूं

जैसे विषयजन्यसुखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तैसे विष्ठाविषेस्थित क्रिमिआदिकजीवोंकूंभी विषयजन्यसुखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं शब्दस्पर्शादिक विषय दुर्लभनहीं ॥ किंतु आत्मातैंभिन्न सर्वविषयोंकीप्राप्ति कर्मउपासनाकरिकै जीवोंकूंहोवैहै ॥ और यहब्रह्मविद्यातो अत्यंतदुर्लभहै ॥ काहेतैं जोकभी हमारेकूं पूर्व ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिभईहोती ॥ तो अबी जन्ममरणरूपसंसार हमारेकूं नहींप्राप्तहोता ॥ और जन्ममरणरूपसंसार अभी हमारेकूंप्रतीतहोवैहै ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ पूर्वहमारेकूं ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिनहींभई ॥ यातैं ब्रह्मविद्या अत्यंतदुर्लभहै ॥शंका॥ हे भगवन् ॥ जैसे ब्रह्मविद्यादुर्लभहै ॥ तैसे ब्रह्मलोकादिकोंकेप्राप्तिकेसाधन जेकर्मउपासनाहैं तेभी दुर्लभहीहैं ॥ समाधान ॥ कर्मउपासना दुर्लभनहीं ॥ काहेतैं यालोकविषे बहुतब्राह्मण कर्मउपासनाकूं यथार्थजाणतेहैं ॥ तथा तिनकर्मउपासनावोंकाअनुष्ठानभी बहुतब्राह्मण करैहैं ॥ यातैं कर्मउपासना दुर्लभनहीं ॥ किंतु ब्रह्मविद्याहीदुर्लभहै ॥ गीताविषेभी श्रीकृष्णभगवान्नैं अर्जुनकेप्रति ब्रह्मविद्याकीदुर्लभता कहीहै ॥ श्लोक ॥ मनुष्याणांसहस्रेषु कश्चिद्यततिसिद्धये ॥ यततामपिसिद्धानां कश्चिन्मांवेत्तितत्वतः ॥ १ ॥ अर्थयह ॥ सहस्रमनुष्योंविषे कोईएकपुरुषही मेरीप्राप्तिवासते यत्नकरैहै ॥ और तिनयत्नकरणेहारेपुरुषोंविषेभी कोईएकपुरुषही वास्तवस्वरूपतैं मेरेकूं जाणेहै ॥ १ ॥ किंवा ॥ लोकविषेभी तिसपदार्थकूं लोक दुर्लभमानैं हैं ॥ जिसपदार्थकेसमानजातिवाला कोईदूसरापदार्थ नहींहोवैहै ॥ और जिसपदार्थकेसमानजातिवाला कोईदूसरापदार्थहोवैहै ॥ तिसपदार्थकूं लोकविषेभी कोईदुर्लभमानतानहीं ॥ याप्रकारकीदुर्लभता सुखके साधनशरीरादिकोंविषे तथाविषयजन्यसुखरूपफलविषे हैनहीं ॥ काहेतैं शरीरस्वरूपजातिकरिकै सर्वशरीर समानजातिवालेहैं ॥तथा सुखस्वरूपजातिकरिकै संपूर्णविषयजन्यसुख समानजातिवालेहैं ॥ यातैं संसारसंबंधी संपूर्णपदार्थोंविषे दुर्लभतानहीं ॥ और कार्यप्रपंचसहित अविद्याकूंनाशकरणेहारी जोब्रह्मविद्याहै ॥ ताकेसमानजातिवाला कोईदूसरापदार्थहैनहीं ॥ यातैं सोब्रह्मविद्याही दुर्लभहै ॥ अब याअर्थके स्पष्टकरणेवासते प्रथम सर्वलोकोंविषे शरीरादिकसाधनोंकीसमानता दिखावैहैं ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ यास्थूलशरीरतैंविना सुखदुःखका भोगहोवैनहीं ॥ यातैं ब्रह्मलोकविषेस्थितजीवोंका तथाविष्ठाविषेस्थितजीवोंकास्थूलशरीर समानहीहैं॥और आत्मज्ञानतैंविना ब्रह्मलोकवि

षे स्थितजीवोंकूं विषयइंद्रियकेसंबंधतें जैसेसुखउत्पन्नहोवैहै ॥ तैसे विष्ठाविषेस्थितजीवोंकूंभी विषयइंद्रियकेसंबंधतें सुखउत्पन्नहोवैहै ॥ यातें सुखभी सर्वत्र समानहीं है ॥ याकहणेकरिकै स्थूलशरीरकीसर्वत्रसमानतादिखाई ॥ अब सूक्ष्मशरीरकी सर्वत्र समानतादिखावैं हैं ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ वाक् पाणि पाद पायु उपस्थ यहपंचकर्मइंद्रिय ॥ तथा श्रोत्र त्वक् चक्षु रसन घ्राण यहपंचज्ञानइंद्रिय ॥ तथा मन बुद्धि चित्त अहंकार यहचतुष्टयअंतःकरण ॥ तथा प्राण अपान समान व्यान उदान यहपंचप्राण ॥ यहसंपूर्णवाक्आदिक सूक्ष्मशरीरके अवयवहैं ॥ तेवाक्आदिकअवयवभी ब्रह्मलोकविषेस्थित जंगमजीवोंके तथामनुष्यलोकविषेस्थित जंगमजीवोंके समानहींहैं ॥ और किस स्थानविषे अभिव्यक्तिकीन्यूनता तथाअधिकताकरिकै तिनोंकीविषमताभीप्रतीतहोवैहै ॥ और हेअश्विनीकुमारो ॥ वाक्तेंआदिलेके प्राण पर्यंत जितनेकिसूक्ष्मशरीरकेअवयवहैं ॥ ते जैसेमनुष्यादिकजंगमशरीरोंविषेहैं ॥ तैसे वृक्षादिकस्थावरशरीरोंविषेभीहैं॥परंतु जैसे मनुष्या दिकजंगमोंविषे तिनवाक्आदिकोंकीअभिव्यक्तिहोवैहै ॥ तैसे वृक्षादिकस्थावरोंविषे तिनोंकीस्पष्टअभिव्यक्तिहोवैनहीं ॥ यातें वृक्षादिक स्थावरशरीरभी मनुष्यादिकजंगमशरीरोंकेसमानहैं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ अभिव्यक्तइंद्रियोंवाले जेमनुष्यादिक जंगमहैं ॥ तिनोंकेसाथ अनभिव्यक्तइंद्रियवाले वृक्षादिकस्थावरोंको समानताकहणी अत्यंतविरुद्धहै ॥ समाधान ॥ आपणेआपणेविषयों केग्रहणकरणेवासतै जोइंद्रियोंकाव्यापारहै ॥ ताव्यापारकरिकैयुक्तइंद्रियोंकूं अभिव्यक्तकहैंहैं ॥ और ताव्यापारतैंरहितइंद्रियोंकूं अनभि व्यक्तकहैंहैं ॥ सोइंद्रियोंकाअनभिव्यक्तपणा मनुष्यादिकजंगमोंविषेभी कदाचित्रहैहै ॥ जैसे गृहकेभीतरस्थितहुआ कोईपुरुष बाह्यअश्व केशब्दकूं श्रवणकरिकै ताशब्दरूपीहेतुतैंबाह्यवर्तमानअश्वका मनकरिकेअनुमानकरैहै तिसकालविषे सर्ववाक्आदिकइंद्रिय आपणे आपणेव्यापारतैंरहितहोवैं हैं ॥ इसप्रकार न्यूनइंद्रियवालेजे बधिर तथाअंधादिक हैं तथावृक्षादिकजे हैं ॥ तिनोंकूं जोज्ञानउ त्पन्नहोवैहै ॥ सोइंद्रियोंतैंविना उत्पन्नहोवैनहीं ॥ किंतु इंद्रियोंकरिकैहीउत्पन्नहोवै है ॥ परंतु तिनबधिरादिक न्यूनइंद्रियवालेपुरुषोंकी जेनेत्रादिकअभिव्यक्तइंद्रियहैं ॥ तितैंतैंभिन्नश्रोत्रादिकइंद्रियआपणेव्यापारतैंरहितहुए वर्तैहैं ॥ यातें बधिरअंधादिकोंविषे तथावृक्षादिकों

विषे इंद्रियोंकाअभावनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ सर्पविषेकर्णरूपगोलकहैंनहीं यातैं ताकेविषेश्रोत्रइंद्रियका अभावहोवैगा ॥ समाधान ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ गोलकके अभावतैं इंद्रियोंकाअभावसंभवैनहीं ॥काहेतैं किसीशरीरविषेतौ नेत्रादिकइंद्रिय आपणेआपणेगोलकविषेस्थितहोइके कार्यकूंकरैंहैं ॥ और किसीशरीरविषे एकहीगोलकविषे दोइंद्रियस्थितहोइके आपणेआपणेकार्यकूंकरैं हैं ॥ जैसे सर्पकेचक्षुगोलकविषेस्थितहोइके श्रोत्रइंद्रिय तथा नेत्रइंद्रिय आपणेआपणेकार्यकूंकरैंहैं ॥ यातैं सर्वशरीरोंविषे वाक्आदिक सूक्ष्मशरीरकेअवयवविद्यमान हैं ॥ इतनैंग्रंथकरिके सुखदुःखकेसाधन वाक्आदिकइंद्रियोंकी सर्वत्रसमानतादिखाई ॥ अब सुखदुःखरूपफलकी सर्वत्रसमानतादिखावैंहैं ॥ हेअश्विनीकुमारो॥ वाक्आदिकइंद्रियोंविषे कोइएकइंद्रियहैअभिव्यक्त जिनोंकी अथवा संपूर्णवाक्आदिकइंद्रियहैंअभिव्यक्तजिनोंकी ऐसेजे मनुष्यादिकजंगमहैं तथावृक्षादिकस्थावरहैं ॥ तिनोंकूं जोसुखदुःख उत्पन्नहोवैहै ॥ सो केवल मनविषेही उत्पन्नहोवैहै ॥ मनकूंछोडिकरिके अन्यकिसीविषे सुखदुःखकीउत्पत्तिहोवैनहीं ॥ और सोसुख तथादुःख एकइंद्रियकेव्यापारतैंउत्पन्नहोवै अथवा अनेकइंद्रियोंकेव्यापारतैं उत्पन्नहोवै ॥ याकेविषे कोईनियमनहीं ॥ परंतु तासुखविषे तथादुःखविषे स्वरूपतैंकोईविशेषतानहीं ॥ किंतु सर्वशरीरोंविषे समानहीसुखदुःखहोवैहै ॥ किंवा ॥ इंद्रियोंकरिकेप्राप्तहोणेयोग्य जे शब्दस्पर्शादिकविषयहैं तिनोंविषे जिसविषयविषे पुरुषकारागहोवैहै ॥ तिसविषयकोप्राप्ति जभीतापुरुषकूंहोवै है ॥ तभी तापुरुषकेमनविषे सुखकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ औरजिसविषयविषे पुरुषकाद्वेष होवैहै ॥ तिसविषयकी प्राप्ति जभी तापुरुषकूंहोवैहै ॥ तभी तापुरुषकेमनविषे दुःखकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ यातैं आसक्तिरूप राग सुखकाकारणहै ॥ और द्वेष दुःखकाकारणहै ॥ सोराग जैसेदेवतावोंकूंआपणेशरीरादिकोंविषेहै ॥ तैसे विष्ठाविषेस्थित क्रिमिआदिकनीचजीवोंकूंभी आपणेशरीरादिकोंविषेरागहै ॥ इसप्रकार दुःखकीप्राप्तिकरणेहारे अपकारीजीवोंविषेद्वेषभी देवतादिक उत्कृष्टशरीरोंविषे तथाक्रिमिआदिकनीचशरीरोंविषे समानहीहै ॥ यातैं रागद्वेषजन्यसुखदुःखभी सर्वशरीरोंविषेसमानहीहैं ॥ अब याहीअर्थकूंस्पष्टकरिकेदिखावैंहैं ॥ हेअश्विनीकुमारो ॥ जिसपुरुषका मृगोंकेमारणेविषे रागहोवैहै ॥ तिसपुरुषकूं मृगकेप्राप्तिकरिके जैसासुखहोवैहै ॥ तथा जिसपुरुषकूं

वेनहीं ॥ किंतु सूर्यभगवान्काशिष्य यहयाज्ञवल्क्यमुनिहीं सर्वतैंअधिकप्रतीतहोवैहे ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ संभाषणकरेतैंविनाहीं याज्ञवल्क्यकीअधिकता आपनैं कैसेजाणी ॥ समाधान ॥ काम क्रोध लोभ मोह गर्व इत्यादिकदोषोंका जाकेविषेअभावहोवैहे ॥ सोविद्वा न्होंहोवैहे ॥ यहविद्वान्कालक्षण याज्ञवल्क्यमुनिविषेही घटैहे ॥ काहेतैं या याज्ञवल्क्यमुनिविषे काम क्रोध लोभ मोह हैनहीं ॥ और इत नीविद्याकूंपाइकेभी याकेविषेगर्वनहीं ॥ और जडपुरुषकीन्याई मौनकूंधारणकरिकै यहयाज्ञवल्क्यमुनिस्थितहै ॥ यातैं यहजान्याजा वैहे ॥ याकेसमान कोईदूसराविद्वान्नहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ जोयहयाज्ञवल्क्यमुनि रागद्वेषादिकोंतैंरहितहै ॥ तौ तुमारेधनकूंकैसेग्रह णकरैगा ॥ रागतैंविना धनादिकपदार्थोंकाग्रहण होवैनहीं ॥ समाधान ॥ यहयाज्ञवल्क्यमुनि हमारेधनकूंजोग्रहणकरैगा ॥ सो आपणेभोग वासतैं नहींग्रहणकरैगा ॥ किंतु जीवोंकेउपकारवासते धनकूंग्रहणकरिकै याब्राह्मणोंकूं सभाविषेजीतैगा ॥ किंवा ॥ यहहमाराधन जभी याज्ञवल्क्यमुनिकेहस्तविषेआवैगा ॥ तौ ताधनकरिकै सर्वप्राणियोंका उपकारहीहोवैगा ॥ काहेतैं याज्ञवल्क्यमुनिका धन तथाशरीर आपणेभोगवासतेनहीं ॥ किंतु केवल परउपकारकेवासतैहे ॥ किंवा ॥ जैसे कोईपामरपुरुष धनादिकपदार्थोंकीलिप्साकरिकै युक्तहुआ प्रसन्नदृष्टितैं राजाकूंदेखैहे ॥ तैसे यह याज्ञवल्क्यमुनि प्रसन्नदृष्टितैं वारंवार हमारेकूंदेखैहे ॥ यातैं यहजान्याजावैहे ॥ यामुनिका हमारेऊपर परमअनुग्रहहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जहांजहां प्रसन्नतापूर्वकदृष्टिहोवैहे ॥ तहांतहां धनादिकपदार्थोंकीलिप्साहोवैहे अथवा अनुग्र हहोवैहे ॥ लिप्सातैंविना तथा अनुग्रहतैंविना प्रसन्नतापूर्वक दृष्टिहोवैनहीं ॥ तहां धनादिकपदार्थोंकीलिप्सातौ याज्ञवल्क्यमुनिविषेहै नहीं ॥ परिशेषतैं अनुग्रहकरिकैहीं हमारीओरदेखतैहैं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ याज्ञवल्क्यमुनिविषे रागद्वेषनहींहै यहतुम कैसेजाणते हो ॥ समाधान ॥ याज्ञवल्क्यमुनिकेजीतणेकीहैइच्छाजिनोंकूं ऐसेजेयह अहंकारीब्राह्मणहैं ॥ ते परस्परहँसतेहुए दुरुत्तरवाक्योंकूंकथनकरैं हैं ॥ तिनब्राह्मणोंकेवचनोंकूं यहयाज्ञवल्क्यमुनि अज्ञानीपुरुषकीन्याई श्रवणकरैहै और तिनवचनोंकूंश्रवणकरिकैभी यहयाज्ञवल्क्यमुनि जडपुरुषकीन्याई तिनोंकाउत्तरकहतानहीं ॥ यातैं यहजान्याजावैहे॥या याज्ञवल्क्यमुनिकेचित्तविषे क्षोभनहीं॥और जोपुरुष क्षोभतैंरहित

होवैहै ॥ सोईहीपुरुष रागद्वेषतैंरहितहोवैहै ॥ हेशिष्य ॥ इसतैंआदिलैके बहुतप्रकारकाविचार सोजनकराजा आपणेमनविषेकरताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोजनकराजा कामधेनुगौकेसमान १००० एकसहस्रगौवोंकूं तथा४०००० चालीससहस्र सुवर्णकेनिष्कोंकूं सभाविषेस्थापनकरताभया ॥ तात्पर्ययह ॥ एकसहस्रगौवोंके दोसहस्र शृंगहोवैहैं ॥ तहांएकशृंगकेसाथ बीसबीस सुवर्णकेनिष्क राजाबांधताभया ॥ नवेतोला परिमाणसुवर्णकूं निष्ककहे हैं ॥ याप्रकार शास्त्रकीरीतिसैं सोजनकराजा सभाविषे गौवोंकूंस्थापनकरताभया ॥ और सर्वब्राह्मणोंकेप्रति याप्रकारकावचन राजा कहताभया ॥ हेसर्वब्राह्मणो ॥ जोतुमारेमध्यविषे श्रेष्ठब्रह्मवेत्ताब्राह्मणहोवै ॥ सो यहसंपूर्णगौवों आपणेआश्रमविषेलैजावै ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकारके जनकराजाकेवचनकूंश्रवणकरिकै तेसंपूर्णब्राह्मण नीचेमुखकरिकै तूष्णीभावकूंप्राप्तहोतेभये ॥ आपणेविद्याकेबलकरिकै सर्वब्राह्मणोंकेजीतणेविषे कोईभीब्राह्मण समर्थनहींहोताभया ॥ याप्रकार संपूर्णब्राह्मणोंकूंतूष्णीहुआदेखिकरिकै सोयाज्ञवल्क्यमुनि सामवेदपाठीशिष्यकेप्रति यहवचन कहताभया ॥ हेसामवेदपाठीशिष्य ॥ तूं यहसंपूर्णगौवां हमारेगृहविषे शीघ्रहीलैजावो ॥ और सर्वब्राह्मणोंकेप्रति ऊँचेस्वरकरिकै यहवचनकहो ॥ सर्वतैंअधिक ब्रह्मवेत्ता याज्ञवल्क्यमुनि सर्वब्राह्मणोंकीगौवोंकूंलैजावैहै ॥ याप्रकार याज्ञवल्क्यमुनिकेवचनकूंश्रवणकरिकै सोसामवेदपाठीशिष्य तिसीप्रकार सर्वब्राह्मणोंकेप्रति वचनकहिकैं सर्वगौवोंकूं याज्ञवल्क्यमुनिकेआश्रमविषेलेजाताभया ॥ तिसतैंअनंतर तेसंपूर्णब्राह्मण याज्ञवल्क्यऊपर क्रोधवान्होतेभये ॥और जनकराजातौ परमआनंदकूंप्राप्तहोताभया तात्पर्ययह ॥ सोयाज्ञवल्क्यमुनि एकहीकालविषे ब्राह्मणोंकेतौ दुःखकाकारणहोताभया ॥ और जनकराजाके सुखकाकारणहोताभया ॥ याकरिकै सोयाज्ञवल्क्यमुनि याअर्थकूंबोधनकरताभया ॥ सांख्यशास्त्रवाले शब्दस्पर्शादिकविषयोंविषेही सुखदुःखमानैंहैं ॥ सो तुमोंने अंगीकारनहींकरणा ॥ किंतु आपणेमनविषे सुखदुःखरहे हैं यहपक्ष तुमोंनें अंगीकारकरणा ॥काहेतें जोस्नेहकरिकैयुक्त चित्तहोवैहै ताकेविषेतौ सुखकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ जैसे जनकराजाकूं सुखउत्पन्नभयाहै ॥ और जोचित्त द्वेषकरिकैयुक्तहोवैहै ताकेविषे दुःखकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ जैसे ब्राह्मणोंकूं दुःखकीउत्पत्तिभईहै ॥ जोविषयकाहीं सुखदुःखधर्महोवै॥तौ सर्वलोकोंकूं ताविषयतें सुखकीहीप्राप्तिहोणीचाहिये ॥ अथवा

दुःखकीही प्राप्तिहोणीचाहिये ॥ किसीकूं सुखकोप्राप्ति और किसीकूं दुःखकीप्राप्ति यहविषमता संभवैनहीं ॥ और यहविषमता सर्वजीवोंकूं अनुभवहोवैहै ॥ यातैं विषयकाधर्म सुखदुःखनहीं ॥ किंतु बाह्यकारणतैंविनाहीं यहवस्तु रमणीकहै तथायहवस्तु अरमणीकहै याप्रकारकी कल्पनातैं मनविषे सुखदुःख उत्पन्नहोवैहैं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे निर्जनवनविषे प्राप्तभयाजोवीतरागपुरुषहै ॥ ताकूं आपणेमनतैंहीं तहांआनंद होवैहै ॥ और तिसीनिर्जनवनविषे प्राप्तभयाजोरागीपुरुषहै ॥ तिसकूं आपणेमनतैंहीं तहांदुःखकीप्राप्तिहोवै है॥किसीविषयतैं तावनविषेस्थि तपुरुषोंकूं सुखदुःखकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ यातैं मनहीं सुखदुःखकाआश्रयहै ॥ अब दुःखकरिकेजन्य ब्राह्मणोंकेक्रोधकूंदिखावै हैं ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार गौवोंकूंगयाहुआदेखिकै क्रोधकरिकै तिनब्राह्मणोंकेआसन चलायमानहोतेभये ॥ और मुखकेश्मश्रु कंपायमानहोतेभये ॥ और नीचेकेदांतोंकीजोपंक्तिहै सोमुखकेभीतर प्रवेशकरतीभई ॥ और ऊपरकेदांतोंकीपंक्तिकरिकै नीचेकेअधरकूंदबावतभये ॥ और जैसे भूता वेशवालापुरुष नानाप्रकारके रुदनादिककरैहै ॥ तैसे क्रोधकरिकैयुक्तहुए केईकब्राह्मण रुधिरकरिकैपूरितनेत्रोंकरिकै अश्रुवोंकापरित्याग करतेभये और केईकब्राह्मण उन्मत्तपुरुषकीन्याई नानाप्रकारकेशब्दोंकूंकरतेभये ॥ याप्रकार तिनब्राह्मणोंके यज्ञमंडलविषे महान्घोरश ब्द होताभया ॥ दृष्टांत ॥ जैसे पूर्णिमाकेप्राप्तहुए समुद्रविषेक्षोभहोवैहै ॥ तैसे सर्वब्राह्मण क्षोभवान्होइकै याप्रकारकेवचन कहतेभये ॥ हमसर्वविद्वान्ब्राह्मणोंकूंयहयाज्ञवल्क्य एकलाहीउल्लंघनकरिकेजावैहै ॥ यातैं हमारेकुलोंकूंधिक्कारहै ॥ तथा हमारेअध्यापनकरावणेकीजे महान्शालाहैं तिनोंकूंभी धिक्कारहै ॥ तथा हमारेजीवनकूंभी धिक्कारहै ॥और अध्ययनकालविषे जोहमोंनैं गुरुवोंकीसेवाकरीहैतासेवाकूंभी धिक्कारहै ॥ तथा हमारेवेदअध्ययनकूं धिक्कारहै ॥ तथा वेदोंकेअध्ययनकरणेहारे जेहमारेशिष्यहैं तिनोंकूंभीधिक्कारहै॥हेशिष्य॥याप्रकार सर्वब्राह्मणोंकीअवस्थाकूंदेखिकरिकै आश्वलनामाब्राह्मण बहुतक्रोधवान्होताभया ॥ और याज्ञवल्क्यमुनिकेसमीपआइकै सोआश्वलनामा ब्राह्मण याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेगुरुसंप्रदायतैंरहित दुराचारीयाज्ञवल्क्य हमसर्वब्राह्मणोंकेमध्यविषेक्या तुहीं एकसर्वतैं अ धिकविद्वान्है ॥ हेयाज्ञवल्क्य ॥ तुमारेविषे विद्याकरिकैतो अधिकताहैनहीं ॥ किंतु लोभकरिकै तथागर्वकरिकै तेरेविषे हमारेतैं

अधिकताहै ॥ केसेहैंहमसंपूर्णब्राह्मण हिरण्यगर्भकेसमानहैं ॥ तथा गर्वलोभादिकदोषोंतैंरहितहैं ॥ तथा शमदमादिकसाधनोंकरिकैयुक्तहैं ॥ और तर्करूपीमननकीसिद्धिवासतै चतुर्दशविद्याकूं हम जानणेहारेहैं ॥ तेचतुर्दशविद्यायहहैं ॥ ऋग यजुष् साम अथर्वण यहचारिवेद ॥ तथा शिक्षा कल्प व्याकरण निरुक्त ज्योतिष पिंगल यहषट् वेदकेअंग ॥ मीमांसाशास्त्र न्यायशास्त्र पुराण धर्मशास्त्र ॥ यहचतुर्दशविद्या हैं ॥ आयुर्वेद धनुर्वेद गंधर्ववेद अर्थशास्त्र याचारोंकूंमिलाइके अष्टादशविद्याहोवैं हैं ॥ हे याज्ञवल्क्य ॥ यापृथिवीविषे लज्जातैंरहितहुआ पुरुष कौनपंडितनहींहोता ॥ किंतु लज्जातैंरहितहुआपुरुष पंडितहीहोवैहै ॥ जैसे हमसर्वब्रह्मवेत्ताब्राह्मणोंविषे लज्जातैंरहितहुआ तूं पंडित है ॥ और हेयाज्ञवल्क्य ॥ महान्बली जेवासुकीआदिकसर्पहैं तिनोंकूं पादोंकरिकेकौनस्पर्शकरैगा ॥ और तीनलोकोंकूंदाहकरणेहारा जो कालकूटविषहै तिसकूं योगसाधनातैंरहित कौनपुरुष भक्षणकरैगा ॥ और प्रज्वलितजोअग्निहै तिसकूं मुष्टिविषेबांधिकरिके कौनपुरुष गृहविषेलेजावैगा ॥ तैसे यासर्वब्राह्मणोंकूं तेरेतैंविना कौनपुरुष क्रोधकरावैगा किंतु तेरेतैंविना दूसराकोई ब्राह्मणोंकेक्रोधकरावणेहारा नहीं ॥ एकतूंहीं गर्व लोभ अनम्रता करिकैयुक्तहुआ ब्राह्मणोंकेक्रोधकरावणेहाराहै ॥ और हेयाज्ञवल्क्य ॥ यासंपूर्णब्राह्मणोंविषे एकएकब्राह्मणभी क्रोधकरिकैयुक्तहुआ संपूर्णजगत्केदाहकरणेविषेसमर्थ है ॥ तो क्रोधकरिकैयुक्तहुए यहसंपूर्णब्राह्मण तेरेसरीखेअधम ब्राह्मणकूं किसवासतेनहींदाहकरैंगे ॥ किंतु अवश्यतेरानाशकरैंगे ॥ हेशिष्य ॥ इत्यादिककठोरवचनरूपीबाणोंकरिके सो आश्वलनामा ब्राह्मण याज्ञवल्क्यमुनिकेकर्णोंकूंभेदनकरताभया ॥ तथापि सोयाज्ञवल्क्यमुनि किंचित्मात्रभी क्षोभकूंनहींप्राप्तहोताभया ॥ दृष्टांत ॥ जैसे पाषाणोंकीवृष्टिकरिके ताडनाकूंप्राप्तहुआ पर्वत क्षोभकूंप्राप्तहोतानहीं ॥ तैसे याज्ञवल्क्यमुनिभी क्षोभकूंनहींप्राप्तहोताभया ॥ उलटा आश्वलकेवचनोंकूंश्रवणकरिके हँसताहुआ सोयाज्ञवल्क्यमुनि याप्रकारकावचन आश्वलनामाब्राह्मणकेप्रति कहताभया ॥ हेआश्वलब्रा ह्मण ॥ याब्राह्मणोंकेसमाजविषे जोजोब्राह्मण ब्रह्मवेत्ताहैं ॥ तिसतिसब्राह्मणकेताईं हमसर्वदा नमस्कारकरैहैं ॥ शंका ॥ हेयाज्ञवल्क्य ॥ जो तुमारी ऐसीब्राह्मणोंविषेश्रद्धाहै ॥ तो सर्वब्राह्मणोंकोगौवाँ तुमनैं काहेवासतेहरणकरियाहैं ॥ समाधान ॥ हेआश्वल ॥ सुवर्णकरिके

सहित गौवोंकूंदेखिकरिके तिनगौवोंविषेहमारीअभिलाषाहुई ॥ याकारणतैं हमनैं गौवोंकाहरणकर्‍याहे ॥ याकेविषे किसवासतैंब्राह्मण क्रोधकरैहैं ॥ हेआश्वल ॥ जोमैं इनब्राह्मणोंकीगौवां लेजाता ॥ तो याब्राह्मणोंकाक्रोध हमारेऊपर घटता ॥ परंतु हमनैं इनब्राह्मणोंकीगौवांलियानहीं ॥ किंतु जनकराजा गौवोंकादाताहे ॥ और मैं गौवोंकूंलेजाणेहाराहूं ॥ याकेविषे ब्राह्मणोंकेक्रोधका कौनकारणहे ॥ यहवार्ता तुम विचारकेकहो ॥ और हेआश्वल यहजनकराजा बहुतधनवान्हे ॥ जोइनसर्वब्राह्मणोंकूं तथातुमारेकूं हमारेन्याई धनग्रहणकरणेकी इच्छाहोवे ॥ तो राजाजनकतैं तुमसंपूर्णब्राह्मण धनकूंलेवो ॥ तुमारेताईं दानदेणेविषे हम राजाकूंनिवारणकरतेनहीं ॥ यातैं हमारेऊपर क्रोधकरणा तुमारेकूं उचितनहीं॥हेशिष्य ॥ याप्रकारकावचन जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं आश्वलकेप्रतिकह्या ॥ तबी सोआश्वलनामाब्राह्मण जैसेघृतकेपायेतैं अग्निक्षोभकूं प्राप्तहोवेहे ॥ तैसे पुनःक्षोभकूं प्राप्तहोताभया ॥ तिसतैंअनंतर याज्ञवल्क्यमुनिकेसाथ विवादकरणेवासते सोआश्वल याज्ञवल्क्यकेप्रति अष्टप्रश्न करताभया ॥ तिनोंविषे चारिप्रश्नोंकानाम अतिमोक्षहे ॥ और चारिप्रश्नकानामसंपद्हे ॥ तहां कर्मीपुरुषोंके जेवाक्आदिकअध्यात्महैं ॥ तिनवाक्आदिकअध्यात्मोंकाजोअग्निआदिकअधिदेवोंकेसाथ परिच्छेदहे ॥ तापरिच्छेदरूपमृत्युकेनिवृत्तिकासाधन जोवाक्आदिकोंकाअग्निआदिकोंके साथ अभेदज्ञानहे ताकूं मोक्षकहैहैं ॥ और ताअभेदज्ञानकरिके वाक्आदिकअध्यात्मोंकूं जोअग्निआदिकअधिदेवभावकीप्राप्तिरूपफलहे ताकूं अतिमोक्षकहैहैं ॥ ताअतिमोक्षरूपफलकूंविषयकरणेहारे प्रश्नोंकूंभी अतिमोक्षकहैहैं ॥ और निकृष्टवस्तुविषे किंचित्मात्रसमानधर्मकूंलेके जोउत्कृष्टदृष्टिहे ताकूं संपद्कहैं हैं ॥ जैसे श्राद्धकेअन्नविषे अमृतदृष्टि ॥ तथाब्राह्मणविषे विष्णुदृष्टि ॥ तासंपद्कूंविषयकरणेहारेप्रश्नोंकूंभी संपद्कहे हैं ॥ अब चारिअतिमोक्षप्रश्नोंकूंदिखावेहैं ॥ आश्वलउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य ऋत्विगादिकसाधनोंकरिकेसंपन्नहुएभी अग्निहोत्रादिककर्म परिच्छेदभावजन्य जोप्रमादरूपमृत्युहे ताकरिकेंव्याप्तहैं ॥ यद्यपि शास्त्रउक्तकर्मोंकेअनुष्ठानतैं अशास्त्रीय इंद्रियादिकोंकीवृत्तियांनिवृत्तहोवैं हैं ॥ तथापि परिच्छिन्नभाव ज्ञानतैंविना निवृत्तहोवैनहीं ॥ यातैं किसज्ञानकरिके यजमान परिच्छिन्नभावका परित्यागकरिके अपरिच्छिन्नभावरूपफलकूंप्राप्तहोवेहे ॥ १ ॥ और हेयाज्ञवल्क्य ॥

दिनरात्रिरूपकालकरिकै संपूर्णपदार्थ परिच्छिन्नहोइरहे हैं ॥ तापरिच्छिन्नभावकीनिवृत्ति किसज्ञानकरिकैहोवैहे ॥ २ ॥ और हेयाज्ञवल्क्य ॥ शुक्लपक्ष कृष्णपक्ष रूपकालकरिकै संपूर्णपदार्थ परिच्छिन्न होइरहे हैं ॥ तापरिच्छिन्नभावकीनिवृत्ति किसज्ञानकरिकैहोवैहे ॥ ३ ॥ और हेयाज्ञवल्क्य ॥ यास्थूलशरीरकापरित्यागकरिकै निराश्रयआकाशविषे यजमान किससाधनकरिकैगमनकरैहे ॥ ४ ॥ अब इनचारिप्रश्नोंकेउत्तरोंकूंदिखावैं हैं ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेआश्वलब्राह्मण ॥ कर्मकर्तायजमानकी जोअध्यात्मवाकहै ॥ और तावाक्का अधिदैवरूपजोअग्निहै ॥ और तावाक्का अधियज्ञरूपजोहोताहै ॥ यातिनोंकेअभेदकूंविषयकरणेहारीजो अधिदैवअग्निरूपयजमानकावाकमैंहूं याप्रकारकी होताकीदृष्टिहै ॥ सोदृष्टि यजमानके प्रथम परिच्छेदजन्यमृत्युकेतरणकासाधनहै ॥ १ ॥ और हेआश्वल ॥ यजमानकाजोअध्यात्मचक्षुहै ॥ और ताचक्षुका अधिदैवरूपजोसूर्य है ॥ और ताचक्षुका अधियज्ञरूपजोअध्वर्युहै ॥ यातिनोंकेअभेदकूं विषयकरणेहारी जो अधिदैवसूर्यरूप यजमानकाचक्षु मैंहूं याप्रकारकी अध्वर्युकीदृष्टिहै ॥ सोदृष्टि यजमानके द्वितीयपरिच्छेदकूंनिवृत्त करैहे ॥ २ ॥ और हेआश्वल यजमानका अध्यात्मरूपजोप्राणहै ॥ और ताप्राणका अधिदैवरूपजोवायुहै ॥ और ताप्राणका अधियज्ञरूप जोउद्गाताहै ॥ यातिनोंकेअभेदकूंविषयकरणेहारी जो अधिदैववायुरूप यजमानकाप्राण मैंहूं याप्रकारकी उद्गाताकीदृष्टिहै ॥ सोदृष्टि यजमानकेतृतीयपरिच्छेदकूंनिवृत्तकरै है ॥ ३ ॥ और हेआश्वल ॥ यजमानका अध्यात्मजोमनहै ॥ और तामनका अधिदैवरूपजोचंद्रमा है ॥ और तामनका अधियज्ञरूप जोब्रह्माहै ॥ यातिनोंकेअभेदकूंविषयकरणेहारी जोअधिदैवचंद्रमारूप यजमानकामन मैंहूं याप्रकारकी ब्रह्माकीदृष्टिहै ॥ तादृष्टिकेप्रभावतैं यजमान आकाशविषेगमनकरैहे ॥ ४ ॥ यहां दृष्टिशब्दकरिकै सर्वत्र ज्ञानकाग्रहणकरणा ॥ और परिच्छेदशब्दकरिकै भेदकाग्रहणकरणा ॥ और ऋग्वेदकेजानणेहारेब्राह्मणकूं होता कहैं हैं ॥ और यजुर्वेदकेजानणेहारेब्राह्मणकूं अध्वर्यु कहैं हैं ॥ और सामवेदकेजानणेहारेब्राह्मणकूं उद्गाता कहैं हैं ॥ और ऋग् यजुष् साम यातीनवेदोंकेजानणेहारेब्राह्मणकूं ब्रह्मा कहैं हैं ॥ यहचारिऋत्विक् यज्ञकेकरावणेहारे होवैं हैं ॥ और यज्ञकेकरणेहारे क्षत्रियादिकोंकूं यजमान कहैं हैं ॥ हेशिष्य इसप्र

कार अतिमोक्षरूप चारिप्रश्नोंकेउत्तरकूं जभी याज्ञवल्क्यमुनिनैंकह्या ॥ तभी सो आश्वलनामाब्राह्मण पुनःसंपद्रूप चारिप्रश्नोंकूंकर
ताभया ॥ आश्वलउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य ॥ होताके संपद्रूपज्ञानकरिकै यजमानकूं किसफलकीप्राप्तिहोवैहै ॥ १ ॥ और अध्वर्युके संपद्
रूपज्ञानकरिकै यजमानकूं किसफलकीप्राप्तिहोवैहै ॥ २ ॥ और ब्रह्माके संपद्रूपज्ञानकरिकै यजमानकूं किसफलकीप्राप्तिहोवैहै
॥ ३ ॥ और उद्गाताके संपद्रूपज्ञानकरिकै यजमानकूंकिसफलकीप्राप्तिहोवैहै ॥ ४ ॥ अब याचारिप्रश्नोंकेउत्तरोंकूंदिखावैं हैं ॥ याज्ञ
वल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेआश्वल ॥ याज्या पुरोनुवाक्या शस्या यातीनऋचावोंविषे त्रित्वसंख्यारहैहै ॥ तथा तीनलोकोंविषेभी त्रित्वसं
ख्यारहैहै ॥ ता त्रित्वसंख्यारूप समानधर्मकूंग्रहणकरिकै जभीहोतायाज्यादिकतीनऋचावोंकूं तीनलोकरूपकरिकैदेखैहै ॥ तभी ताहो
ताके संपद्रूपज्ञानकरिकै यजमानकूं तीनलोकोंकाजयरूपफल प्राप्तहोवैहै ॥ यहां यज याप्रकारकीप्रेरणातैंअनंतर पठनकरीहुई ऋचाकूं
याज्याकहैं हैं ॥ और ब्रूहि याप्रकारकीप्रेरणातैंअनंतर पठनकरीहुईऋचाकूं पुरोनुवाक्याकहैं हैं ॥ और एकश्वासकरिकै पठनकरीहुईऋ
चाकूं शस्याकहैं हैं ॥ १ ॥ और हेआश्वल ॥ अध्वर्यु नैं अग्निविषे हवनकरियां जेआहुतियां ॥ ते उज्ज्वलत्व सशब्दत्व अधोगा
मित्व रूपकरिकै तीनप्रकारकी हैं ॥ और जैसे आहुतियोंविषे उज्वलत्वादिकधर्म रहैहैं ॥ तैसे देवलोक पितृलोक मनुष्य
लोक यातीनलोकोंविषेभी उज्वलत्वादिकधर्म रहैहैं तिनउज्वलत्वादिक समानधर्मोंकूंग्रहणकरिकै जबी सोअध्वर्यु तिनआहुतियोंकूं देव
लोकादिरूपकरिकैदेखैहैं ॥ तभीताअध्वर्युकेसंपद्रूपज्ञानकरिकै यजमानकूं देवलोक पितृलोक मनुष्यलोक यातीनलोकोंकाजयरूपफल
प्राप्तहोवै है ॥ २ ॥ और हेआश्वल ॥ वृत्तिरूपकरिकै मन अनंतहै ॥ और विश्वेदेवताभीअनंतहैं ॥ ता अनंतत्वरूप सामान्यधर्मकूंग्रह
णकरिकै जबी ब्रह्मा मनकूं विश्वेदेवतारूप करिकैचिंतनकरैहै॥तबी ताब्रह्माकेसंपद्रूपज्ञानकरिकै यजमानकूं अनंतफलकीप्राप्तिहोवैहै॥३॥
और हेआश्वल ॥ उद्गातानैं गायनकरियांजे याज्या पुरोनुवाक्या शस्या यहतीनऋचा ॥ तिनतीनोंऋचावोंकूं जबी उद्गाता प्राण
अपान व्यान रूपकरिकै देखैहै ॥ तबी ताउद्गाताकेसंपद्रूपज्ञानकरिकै यजमानकूं भूर्भुवः स्वर यातीनलोकोंकाजयरूपफल प्राप्तहो

वेहै ॥४॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं आश्वलकेअष्टप्रश्नोंकाउत्तरकह्या ॥ तबी सोआश्वल याज्ञवल्क्यकेजीतणेकी आप
णेविषेसामर्थ्य नहींदेखताभया ॥ और लज्जाकूंप्राप्तहुआ सोआश्वल याज्ञवल्क्यकेसाथ विवादकरावणेवासतै आर्तभागनामाब्रह्मणकेमुखकी
ओर देखिकै पुनःप्रश्नकरणेतैं निवृत्तहोताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोआर्तभाग याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति प्रश्नोंकूंकरताभया ॥ आर्त्तभाग
उवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य ॥ ग्रह कितनेहैं ॥ तथा अतिग्रह कितनेहैं ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेआर्त्तभाग ॥ अष्टग्रहहैं ॥ और अष्ट अतिग्रहहैं
आर्त्तभागउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य ॥ ते अष्टग्रह कौनहैं ॥ और ते अष्टअतिग्रह कौनहैं ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेआर्त्तभाग ॥ श्रोत्र १
त्वक् २ चक्षु ३ रसन ४ प्राण ५ मन ६ वाक् ७ हस्त ८ यहअष्टइंद्रिय जीवोंकूंबंधनकरैंहैं ॥ यातैं इनअष्टोंकूं ग्रहकहैंहैं ॥ और शब्द १
स्पर्श २ रूप ३ रस ४ गंध ५ इच्छा ६ नाम ७ क्रिया ८ यहअष्ट श्रोत्रादिकअष्टइंद्रियोंके क्रमतैंविषयहैं ॥ तिनशब्दादिकविषयोंतैं
विना केवलश्रोत्रादिकइंद्रिय जीवकूंबंधनकरैंनहीं ॥ किंतु शब्दादिकविषयोंकरिकैयुक्तहुए श्रोत्रादिकइंद्रिय जीवोंकेबंधनकाहेतुहैं ॥ यातैं
शब्दादिकअष्टविषयोंकूं अतिग्रहकहैंहैं ॥ अब याहीअर्थकूंस्पष्टकरिकैदिखावैहैं ॥ हेआर्त्तभाग ॥ जैसे प्रसिद्धसमुद्रविषे प्राप्तहुएपुरुषकूं
मकरादिकग्रह भक्षणकरैंहैं ॥ और तिनमकरादिकग्रहोंकूं तिनोतैंभीअधिकबलवान् तिमिंगलादिकअतिग्रह भक्षणकरैंहैं ॥ तैसे संसाररूप
समुद्रविषे प्राप्तहुएअज्ञानीजीवकूं श्रोत्रादिकइंद्रियरूपग्रह भक्षणकरैंहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जीवकूं श्रोत्रादिकइंद्रिय आपणेअधीनकरैंहैं ॥
और तिनश्रोत्रादिकइंद्रियरूपग्रहोंकूं शब्दादिकविषयरूपअतिग्रह भक्षणकरैं हैं ॥ तात्पर्ययह ॥ शब्दादिकविषय श्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं
आपणेअधीनकरैं हैं ॥ यहही तिनोंकाभक्षणहै ॥ और हेआर्त्तभाग ॥ जैसे मार्जार मूषककूं ग्रहणकरैहै ॥ तैसे श्रोत्रादिकइंद्रिय याजीवकूं
आपणेवशकरैं हैं ॥ और जैसे धीवरपुरुष जलविषेस्थित मत्स्योंकूं ग्रहणकरैहै तैसे शब्दादिकविषय श्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं आपणेवशकरैं हैं॥
और हेआर्त्तभाग ॥ जैसे पिशाचादिकग्रहकरिकैयुक्तहुआ यहपुरुष आपणेहितकूं तथाअहितकूं जाणतानहीं ॥ तैसे श्रोत्रादिकइंद्रियोंके
अधीनहुआ यहजीव आपणेमोक्षरूपहितकूं तथाबंधरूप अहितकूं देखतानहीं ॥ और हेआर्त्तभाग ॥ जैसे किसीबलवान्पुरुषकरिकै

बांध्याहुआ मकर यद्यपि किसीपुरुषकेमारणेकीइच्छा नहींकरैहै ॥ तथापि ताबलवान्पुरुषरूपअतिग्रहकरिकै प्रेरणाकर्‍याहुआ सोमकर अन्यपुरुषकेमारणेवासते प्रवृत्तहोवैहै ॥ तैसे श्रोत्रादिकइंद्रियरूप ग्रह यद्यपि जीवोंकेबंधनकरणेकीइच्छानहीं करैं हैं ॥ तथापि शब्दादिकविषयरूप अतिग्रहोंके अधीनहुए श्रोत्रादिकइंद्रिय जीवकेबंधनकरणेवासते प्रवृत्तहोवैं हैं ॥शंका॥ हेभगवन् ॥ याज्ञवल्क्यमुनिनैं अष्टग्रह तथाअष्टअतिग्रहकहे सोसंभवेनहीं ॥ काहेतें अन्यशास्त्रविषे पंचकर्मइंद्रिय पंचज्ञानइन्द्रिय एकअंतःकरण यहएकादशइंद्रियकहेहैं ॥ और एकादशही तिनोंकेविषयकहें हैं ॥ ताशास्त्रका विरोधहोवैहै ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ॥ यद्यपि इन्द्रिय तथाविषय एकादशहैं ॥ तथापि श्रोत्रादिकअष्टइंद्रियोंकीप्रधानताकूं तथाशब्दादिकअष्टविषयोंकीप्रधानताकूं ग्रहणकरिकै याज्ञवल्क्यमुनिनैं अष्टग्रह तथाअष्टअतिग्रह कथनकरे हैं ॥ अथवा ॥ त्वक्इंद्रियविषे तथाहस्तइंद्रियविषे पाद पायु उपस्थ यातीनोंका अंतर्भावमानिकै याज्ञवल्क्यमुनिनैं अष्टग्रह अष्टअतिग्रह कहेहैं ॥ तिनोंविषेभी उपस्थइंद्रियका त्वक्इंद्रियविषेअंतर्भावहै ॥ काहेतें त्वक्इंद्रिय सर्वशरीरविषेव्यापकहै ॥ यातें स्त्रीकेसंबंधतें जोउपस्थविषे सुखउत्पन्नहोवैहै ॥ सोसुख स्पर्शकरिकैजन्यहै ॥ यातें सोसुख त्वक्इंद्रियकरिकैजन्यहै ॥ यारीतिसे उपस्थका त्वक्इंद्रियविषेअंतर्भावहै ॥ और पादइंद्रियतें गमनरूपक्रियाहोवै है ॥ और पायुइंद्रियतें मलकापरित्यागरूप क्रियाहोवै है ॥ और हस्तइंद्रियतैंग्रहणरूपक्रियाहोवैहै ॥ याप्रकार क्रियाकीसाधनता तीनोंविषेसमानहै ॥ यातें पायुका तथापादका हस्तइंद्रियविषे अंतर्भावहै ॥ अथवा ॥ जिसकालविषे पायुइंद्रियका मलकापरित्यागरूपव्यापारहोवैहै ॥ तथा पादइंद्रियका गमनरूपव्यापारहोवैहै ॥ तिसकालविषे हस्तइंद्रियका आकुंचन प्रसारणरूप व्यापार अवश्यहोवैहै ॥ यातैंयहजान्याजावैहै ॥ पायु पाद हस्त यातीनोंके नाडियोंकेबंध समानहैं ॥ तानाडीबंधकीसमानताकूंग्रहणकरिकै याज्ञवल्क्यमुनिनै पायुपादका हस्तविषेअंतर्भावकह्याहै ॥ १ ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार जभी याज्ञवल्क्यमुनिनैं आर्त्तभागकेप्रश्नकाउत्तरकह्या ॥ तभी सोआर्त्तभाग पुनःदूसराप्रश्न करताभया ॥ आर्त्तभागउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य ॥ हिरण्यगर्भतैंआदिलैकै जितनाकीजडअजडप्रपंचहै ॥ तिसकूं यहग्रहअतिग्रहरूपमृत्यु भक्षणकरैहै यातें संपूर्णजगत् ग्रहअतिग्रहरूप

मृत्युका अन्नहै ॥ और सोग्रहअतिग्रहरूपमृत्युभी जिसदेवताकाअन्नहै ॥ सोदेवतायहाँकौनहै ॥ तात्पर्ययह ॥ ग्रहअतिग्रहरूपमृत्युके भक्षणकरणेहाराकोई दूसराहै अथवा नहीं है ॥ जोकहो ग्रहअतिग्रहरूपमृत्युकेभक्षणकरणेहारा कोईदूसराहै ॥ तौ सोभक्षणकरणे हारा दूसरा नित्यहै अथवा अनित्यहै ॥ जोकहोनित्यहै ॥ तौ द्वैतापत्तिहोवैगी ॥ और जोकहो सोअनित्यहै ॥ तौ तादूसरेकेभक्षणकरणेहारा कोईतीसरा मानणाहोवैगा ॥ और तीसरेकेभक्षणकरणेहारा चौथामानणाहोवैगा ॥ याप्रकार अनवस्थादोषकी प्राप्तिहोवैगी ॥ और जोकहो ग्रहअतिग्रहरूपमृत्युकेभक्षणकरणेहारा कोईहैनहीं ॥ तौ मोक्षकीप्राप्तिवासतै नानाप्रकारकेयत्नकरणे व्यर्थहो वैंगे ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेआर्त्तभाग॥जैसे सर्वपदार्थोंकूंभक्षणकरणेहाराजोअग्निहै॥ताअग्निकूं जल भक्षणकरैहै॥ तैसे सर्वजगतकूंभ क्षणकरणेहारा जोग्रहअतिग्रहरूपमृत्युहै ताकूं आत्माकासाक्षात्कार भक्षणकरैहै॥यातैं मोक्षकीप्राप्तिवासतै यत्न व्यर्थनहीं॥और जैसे कतक रेणु जलकेमृत्तिकाकूंनिवृत्तकरिकै आपभी निवृत्तहोइजावैहै ॥ कतकरेणुकीनिवृत्तिवासतै दूसरेकिसीसाधनकीअपेक्षाहोवैनहीं ॥ तैसे महा वाक्यतैंजन्य जोअंतःकरणकीवृत्तिरूपज्ञानहै ॥ सो कार्यसहितअज्ञानकीनिवृत्तिकरिकै आपहीनिवृत्तहोइजावैहै ॥ ताज्ञानकीनिवृत्तिविषे किसीदूसरेसाधनकीअपेक्षाहोवैनहीं ॥ यातैं द्वैतापत्ति तथाअनवस्था यहदोनोंप्रकारकेदोष प्राप्तहोवैंनहीं ॥ २ ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं दूसरेप्रश्नका उत्तरकह्या ॥ तबी सोआर्त्तभाग पुनःतीसराप्रश्न करताभया ॥ आर्त्तभागउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्यमुनि ॥ जिसकालविषे ब्रह्मवेत्तापुरुष स्थूलशरीरकापरित्यागकरैहै ॥ तिसकालविषे ब्रह्मवेत्तापुरुषकेप्राण अज्ञानीजीवकेप्राणोंकीन्याई लोकांतरवि षेजावैहैं अथवा नहींजावैहैं ॥ जोकहो अज्ञानीपुरुषकेप्राणोंकीन्याई ब्रह्मवेत्तापुरुषकेभीप्राण लोकांतरविषेजावैहैं ॥ तौ जैसे अज्ञानीजीवकूं लोकांतरविषे पुनःदूसरेशरीरकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तैसे ब्रह्मवेत्तापुरुषकूंभी लोकांतरविषे पुनःशरीरकीप्राप्तिहोवैगी ॥ और जोकहो मरणकाल विषे ब्रह्मवेत्तापुरुषकेप्राण लोकांतरविषेनहींजाते ॥ तौ शरीरविषेप्राणोंकेस्थितहुए मृत्युहोवैनहीं ॥ यातैं ब्रह्मवेत्तापुरुषकेशरीरविषे कदा चित्भी मरणव्यवहार नहींहोणाचाहिये ॥ और प्रारब्धकर्मकेनाशतैंअनंतर ब्रह्मवेत्तापुरुषकेशरीरविषे सर्वलोकोंकूं मरणव्यवहारहोवैहै ॥

याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेआर्त्तभाग ॥ ब्रह्मवेत्तापुरुषका जबी प्रारब्धकर्म क्षयहोवैहै॥ तबी ताब्रह्मवेत्तापुरुषकाप्राण शरीरतैंबाहरजावैनहीं किंतु याशरीरकेभीतरहीं लयभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ अविद्या काम कर्म यहतीनों प्राणोंकेलोकांतरगमनविषे कारणहैं ॥ते अविद्याकामकर्म ब्रह्मवेत्तापुरुषके आत्मज्ञानकरिकैनिवृत्तहुएहैं ॥ यातैं ब्रह्मवेत्तापुरुषकेप्राणोंका लोकांतरविषेगमनहोवैनहीं ॥ याकारणतैं ब्रह्मवेत्तापुरुषकूं अज्ञानीकीन्याई पुनःशरीरकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ और स्थूलशरीरकेसाथ प्राणोंकेसंबंधकीनिवृत्तिकानाम मरणहै ॥ सोसंबंधकी निवृत्ति प्राणोंकेलयहुएभी संभवैहै ॥ यातैं विद्वान्पुरुषकेशरीरविषे मरणव्यवहारभी संभवैहै ॥ शंका॥ ब्रह्मवेत्तापुरुषकेप्राण शरीरतैंबाहरजातेनहीं ॥ किंतु शरीरकेभीतरहीलयहोवैहैं यहवार्त्ता केसेजाणीजावै॥समाधान ॥जीवतअवस्थाविषे अत्यंतकृशशरीरभी मरणतैंअनंतर भेरीकीन्याई सूजिकेस्थूलहोइजावैहै ॥ तास्थूलताकाकारण दूसराकोइपदार्थहैनहीं ॥ किंतु धनंजयनामाप्राणहीं तास्थूलताकाकारणहै ॥ यातैं मरणतैंअनंतर शरीरकीविलक्षणस्थूलतारूपहेतुतैं शरीरविषे प्राणोंकेलयकाअनुमानहोवैहै ॥ शंका ॥ ब्रह्मवेत्तापुरुषकेप्राण लोकांतर विषेनहींजावैहैं याकेविषे कौनप्रमाणहै ॥ समाधान ॥ याअर्थविषे साक्षात्श्रुतिभगवतीहीप्रमाणहै ॥ सोश्रुतियहहै॥अस्यपरिद्रष्टुरिमाः षोडशकलाःपुरुषायणाःपुरुषंप्राप्यास्तंगच्छंति ॥अर्थयह॥ जैसे नदियां समुद्रविषेलयहोवै हैं॥तैसेब्रह्मवेत्तापुरुषके एकादशइंद्रिय पंचप्राण यह षोडशकला अधिष्ठानपुरुषविषेप्रतीतहोवैहैं ॥ और तिसीअधिष्ठानपुरुषविषे लयकूंप्राप्तहोवै हैं॥यातैं ब्रह्मवेत्तापुरुषकेप्राण लोकांतरविषेगमनकरैंनहीं॥जोब्रह्मवेत्तापुरुषकेप्राणभी लोकांतरविषेगमनकरैंगे॥तौ ताब्रह्मवेत्तापुरुषकूंभी अज्ञानीजीवकीन्याई अवश्यदूसरेशरीरकीप्राप्तिहोवेगी ॥ औरपुनःपुनःशरीरकूंजोधारणकरै है ॥ ताकूं मोक्षकीप्राप्तिसंभवैनहीं॥ यातैं ब्रह्मवेत्तापुरुषकेप्राण लोकांतरविषेजावैंनहीं॥३॥हेशिष्य याप्रकार जबी याज्ञवल्क्यमुनिनैं तृतीयप्रश्नकाउत्तरकह्या॥तबीसोआर्त्तभाग पुनःचतुर्थप्रश्न करताभया॥आर्त्तभागउवाच ॥हेयाज्ञवल्क्य ॥ जिसकालविषे सोब्रह्मवेत्तापुरुष विदेहमोक्षकूंप्राप्तहोवै है ॥ तिसकालविषे ताब्रह्मवेत्तापुरुषकूं कौनवस्तु नहींपरित्यागकरता॥तात्पर्ययह ॥ जीवन्मुक्तिअवस्थाकीन्याई तहां सावशेष द्वैतकालयहोवै है ॥ अथवा निरवशेष द्वैतकालयहोवैहै ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेआर्त्तभाग

दूसरेसर्वेपदार्थ मुक्तपुरुषकापरित्यागकरैहैं ॥ परंतु वामदेवादिकनाम मुक्तपुरुषोंकापरित्यागकरैनहीं॥यद्यपि वामदेवादिकमुक्तपुरुष नाम रूप क्रिया स्वरूपभेदप्रपंचतैं मुक्तहुएहैं॥यातैं वास्तवतैं तिनमुक्तपुरुषोंविषे वामदेवादिकनामोंकासंबंध संभवैनहीं ॥ तथापिलौकिकपुरुष इदानीं कालविषे तिनवामदेवादिकमुक्तपुरुषोंके वामदेवादिकनामोंकूंग्रहणकरैहैं॥यातैं लौकिकपुरुषोंकोदृष्टिकरिकै मोक्षअवस्थाविषे मुक्तपुरुषोंके वामदेवादिकनामरहैहैं॥और तेमुक्तपुरुषोंकेनाम अनंतहैं॥तथा विश्वेदेवताभी अनंतहैं॥यातैं जोपुरुष ताअनंतनामोंविषे अनंतविश्वेदेवतावोंकाअभेदचिंतनकरैहै ॥ तापुरुषकूं अनंतफलकीप्राप्ति होवैहै॥४॥हेशिष्य॥यहचारिप्रश्न आर्त्तभागनैं ज्ञानीपुरुषविषेकरे॥तिनचारिप्रश्नोंकाजभी याज्ञवल्क्यमुनिनैं उत्तरकह्या॥तभी सोआर्त्तभागपुनः अज्ञानीपुरुषविषे पंचमाप्रश्नकरताभया॥आर्त्तभागउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य॥जिसकालविषे याजीवोंकूं मरणअवस्थाप्राप्तहोवैहै॥तिसकालविषे याजीवोंका अध्यात्मरूप वाक्इंद्रिय अधिदेवरूपअग्निकूंप्राप्तहोवैहै॥ और अध्यात्मरूपप्राण अधिदेवरूपवायुकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और अध्यात्मरूपनेत्रइंद्रिय अधिदेवरूपसूर्यकूंप्राप्तहोवैहै॥और अध्यात्मरूपश्रोत्रइंद्रिय अधिदेवरूपदिशावोंकूं प्राप्तहोवैहै॥और अध्यात्मरूपमन अधिदेवरूपचंद्रमाकूं प्राप्तहोवैहै॥और अध्यात्मरूपशरीर अधिदेवरूपपृथिवीकूंप्राप्तहोवैहै॥और शरीरकेभीतरस्थित अध्यात्मरूपआकाश अधिदेवरूपबाह्यआकाशकूंप्राप्तहोवैहै।औरशरीरविषेस्थित अध्यात्मरूपलोम अधिदेवरूपओषधियोंकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और शरीरविषेस्थित अध्यात्मरूपकेश अधिदेवरूपवनस्पतिकूंप्राप्तहोवैहैं॥ और अध्यात्मरूपरुधिर तथावीर्य अधिदेवरूपजलकूंप्राप्तहोवैहै ॥ याप्रकार अन्यअध्यात्मरूपइंद्रियोंकाभी आपणेअधिदेवरूपविषे लयजानणा ॥ अग्निआदिकदेवतावोंके अनाश्रितहोइके आपणेआपणेव्यापारकूंनकरणा यहही मरणकालविषे वाक्आदिकोंका अग्निआदिकोंविषेलयहै ॥ याप्रकार मरणकालविषे संपूर्णवाक्आदिकइंद्रियोंकेलयहुए यहअज्ञानीजीव किसकेआश्रितहुआ परलोकविषे सुखदुःखकूंभोगैहै ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार आर्त्तभागकेप्रश्नकूंश्रवणकरिकै सोयाज्ञवल्क्यमुनि ताप्रश्नकेअर्थकूंगुह्यमानिके सभाविषे ताप्रश्नकेउत्तरकूंनहींकहताभया ॥ किंतु आर्त्तभागकेहस्तकूंग्रहणकरिकै एकांतदेशविषेलेजाइके ताप्रश्नकेउत्तरकूंयाज्ञवल्क्यमुनि कहताभया ॥ शंका ॥ हेभगवन् यहआर्त्तभाग

काप्रश्न कर्मविषयकहे ॥ और आगे याज्ञवल्क्यमुनिनें सभाविषेस्थितहोइके ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरणाहे ॥ यातें यहजान्याजावैहे ॥ ब्रह्मविद्यातैंभी कर्मविद्या अतिगुह्यहे ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ॥ ब्रह्मविद्यातैंकर्मविद्या गुह्यहे याअभिप्रायकरिके याज्ञवल्क्यमुनि आर्त्तभागकूं एकांतदेशविषेनहींलेगया ॥ किंतु याप्रकारकेअभिप्रायकरिके याज्ञवल्क्यमुनि आर्त्तभागकूं एकांतदेशविषेलेजाताभया ॥ अब ता अभिप्रायकूंदिखावैं हैं ॥ मरणकूंप्राप्तहुआ अज्ञानीजीव आपणेपुण्यपापरूपकर्मोंकेअनुसार परलोकविषे सुखदुःखकूंप्राप्तहोवैहे ॥ यहवार्त्ता बालकोंतैंलेकेगोपालपुरुषपर्यंत सर्वलोक जाणे हैं ॥ यातें प्रसिद्धअर्थका जोहम विद्वानोंकीसभाविषेविचारकरैंगे ॥ तो याआर्त्तभागकेप्रश्नविषे तथाहमारेविषे तुच्छताप्राप्तहोवैगी ॥ तात्पर्ययह ॥ सभाविषेसर्वविद्वान्ब्राह्मण आर्त्तभागका तथाहमारा उपहासकरैंगे ॥ दृष्टांत ॥ जैसे भोजनकरिके क्षुधाकीनिवृत्तिहोवैहे यहवार्त्ता संपूर्णलोक जाणैहे ॥ तहां बुद्धिमान्पुरुषोंकीसभाविषे जाइके कोईएकपुरुष किसकरिकेक्षुधाकीनिवृत्तिहोवैहे याप्रकारकाप्रश्नकरे ॥ और आगेतैंकोईबुद्धिमान्पुरुष भोजनकरिके क्षुधाकीनिवृत्तिहोवैहे याप्रकारका उत्तरकहै तहां प्रश्नकर्त्तापुरुषका तथाउत्तरदेणेहारेपुरुषका दोनोंका सभाविषे उपहासहोवैहे ॥ तैसे हमदोनोंका सभाविषे उपहासहोवैगा ॥ याप्रकारकाविचारकरिके याज्ञवल्क्यमुनि आर्तभागकूं एकांतदेशविषेलेजाताभया ॥ अब याज्ञवल्क्यकेउत्तरकूंदिखावैहैं ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेआर्त्तभाग ॥ जैसे जीवितअवस्थाविषे यहअज्ञानीजीव पुण्यपापकेअनुसार सुखदुःखकूंभोगैहे ॥ तैसे मरणतैंअनंतरभी यह अज्ञानीजीव पूर्वलेपुण्यपापरूपकर्मकेआश्रितहुआ सुखदुःखरूपफलकूंभोगैहे ॥ अबयाहीअर्थकूंस्पष्टकरिके दिखावैहैं ॥ हेआर्त्तभाग ॥ जोपापीपुरुषहोवैहे सो नरककूंप्राप्तहोवैहे ॥ और जोपुण्यवान्पुरुषहोवैहे सो देवभावकूंप्राप्तहोवैहे ॥ और जोपुरुष पुण्यपापदोनोंवालाहोवैहे ॥ सो मनुष्यशरीरकूंप्राप्तहोवैहे ॥ और हेआर्त्तभाग ॥ यहजीव यद्यपि आपणेवास्तवरूपकरिके अधिकभीनहींतथान्यूनभीनहीं तथासमानभीनहीं ॥ तथापि कर्मोंकेवशहुआ यहजीव अधिकताकूं तथान्यूनताकूं तथासमानताकूं प्राप्तहोवैहे॥तहाँ जोपुण्यात्माजीवहोवैहे सो हिरण्यगर्भादिरूपअधिकताकूंप्राप्तहोवैहे ॥ और जोपापात्माजीवहोवै हे सो वृक्षादिरूपन्यूनताकूं

प्राप्तहोवैहै ॥ और जोजीव पुण्यपापदोनोंकाकर्त्ताहोवैहै ॥ सो मनुष्यादिरूप समानताकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और हेआर्त्तभाग ॥ जोपुरुष शरीरकरिकै तथावाणीकरिकै तथामनकरिकैअन्यकिसीप्राणीकूंसुखकीप्राप्ति करैहै ॥ अथवा दुःखकीप्राप्तिकरै है ॥ सोपुरुष इसजन्मविषे अथवा अन्यजन्मविषे तिसीशरीर मन वाणीकरिकै सुखकूंअथवादुःखकूं प्राप्तहोवैहै॥और जोपुरुष जिसदेशविषे तथाजिसकालविषे तथाजिसनिमित्तकरिकै तथाजिसप्रकारकरिकै तथाजिसशरीरकरिकै तथाजिसअवस्थाकरिकै अन्यप्राणियोंकेन्यून अथवा अधिक सुखकूं अथवा दुःखकूं उत्पन्नकरैहै सोपुरुष जन्मांतरकूंपाइकै तिसीदेशविषे तथातिसीकालविषे तथातिसीनिमित्तादिकोंकरिकै तैसेहीन्यून अथवा अधिक सुखकूं अथवा दुःखकूं प्राप्तहोवैहै॥यातैं इसलोकविषे तथापरलोकविषे जोअज्ञानीजीवोंकूं सुखदुःखरूपफल होवैहै॥सोपूर्वलेपुण्यपापरूपकर्म करिकै तिसीदेशकालादिकोंविषे समानहींहोवैहै ॥ और किसीस्थानविषे विशेषभीहोवैहै ॥ जैसे काशीआदिकदेशविषे तथासूर्यग्रहणकालविषे सुपात्रब्राह्मणकेप्रति थोड़ाभीदानकरयाहुआ कोटिकोटिगुणावृद्धिकूंप्राप्तहोवैहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे वर्षाकालविषे उत्तमभूमिविषे पाये हुए शालिआदिकबीज वृद्धिकूँप्राप्तहोवैं हैं ॥ तैसे उत्तमदेशकालादिकोंविषे दियाहुआदान वृद्धिकूंप्राप्तहोवैहै ॥ हेआर्त्तभाग ॥ जोपुरुष धनादिकपदार्थोंकेवृद्धिकरणेवासते व्यापारादिककरैहै ॥ तिसपुरुषके जैसे धनादिकपदार्थ दिनदिनविषे वर्द्धतेजावैं हैं ॥ तैसे देहाभिमानी अज्ञानीजीवोंके पुण्यपापरूपकर्म दिनदिनविषे वृद्धिकूंप्राप्तहोतेजावैंहैं ॥ और जैसेलोकविषे अत्यंतसूक्ष्म जो वटकाबीजहै ॥ सोदेशकालादिकनिमित्तकूंपाइकै महान्‌वटकेवृक्षकाकारणहोवैहै ॥ तैसे यज्ञादिककर्मोंकेअनंतर सूक्ष्मरूपकरिकै रह्या हुआ पुण्यपापरूपअदृष्टभी देशकालादिकनिमित्तकूंपायकै महान्‌सुखदुःखकाकारणहोवैहै ॥ यातैं पुण्यपापरूपकर्मही सुखदुःखरूपफलकेभोगविषे प्रधानकारणहै ॥ ॥ ८ ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार जभी याज्ञवल्क्यमुनिनैं आर्त्तभागके पंचप्रश्नोंकाउत्तरकह्या ॥ तभीसोआर्त्तभाग याज्ञवल्क्यमुनिकीस्तुति करताभया ॥ तथायाज्ञवल्क्यमुनिभी ताआर्त्तभागकीस्तुतिकरताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोआर्त्तभाग भुज्युंनामाब्राह्मणकेमुखकीओर देखिकै पुनःप्रश्नकरणेतैं निवृत्तहोताभया ॥ तिसतैंअनंतर सो भुज्युनामाब्राह्मण याज्ञवल्क्यतैं आपणीउत्कृष्टता बोधनकरणेवासते पूर्व

लाआपणा वृत्तांतश्रवणकराइके याज्ञवल्क्यकेप्रतिप्रश्नकरताभया ॥ भुज्युरुवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य ॥ पूर्व ब्रह्मचर्यअवस्थाविषे हमब्राह्मण वेदविद्याकेअध्ययनकरणेवासतै मद्रनामादेशविषेविचरतेभये ॥ तहांकपिगोत्रविषेहैउत्पत्तिजिसकी ऐसाजोपतंजलनामाब्राह्मणहै ॥ ताके गृहविषे एकआश्चर्यरूपवार्त्ताकूं हमदेखतेभये ॥ सोवार्त्ता यहहै एककालविषे तापतंजलनामाऋषिके कन्याकेशरीरविषे भूतकीन्याई अ ग्निदेवता प्रवेशकरताभया ॥ तिसतैंअनंतर हमसंपूर्णविद्यार्थी ताकन्याकेसमीपजाइके यहपूछतेभये ॥ तुमारानाम क्याहै ॥ तथा तुमारा गोत्रक्याहै ॥ तिसतैंअनंतर सोअग्निदेवता हमारेप्रतिकहताभया ॥ सुधन्वा हमारानामहै ॥ और आंगिरस हमारागोत्रहै ॥ तिसतैंअनंतर हम संपूर्णब्राह्मण ताअग्निदेवतासे कर्मोंकेफलकाअंत पूछतेभये ॥ तिसतैंअनंतर सोअग्निदेवता यहउत्तरदेताभया ॥ जिसस्थानविषे पारि क्षितपुरुष स्थितहोवैहैं ॥ सोस्थानहीं सर्वकर्मोंकिफलकाअंतहै ॥ तिसतैंअधिक कर्मोंकाफलनहीं ॥ याप्रकार जभीअग्निदेवतानैं हमारेप्रति उत्तरकह्या॥तभी हम संपूर्णब्राह्मण पुनःअग्निदेवतासेपूछतेभये॥तेपारिक्षितपुरुष किसस्थानविषेस्थितहोवैहैं॥याप्रकार जभीहमोनैंपूछा तभी सोअग्निदेवता हमारेप्रति पारिक्षितपुरुषोंकेस्थानकूं कहताभया ॥ हेयाज्ञवल्क्य ॥ जेअग्निदेवताकेप्रति पूर्वहमोंनैं प्रश्नकरेथे ॥ तेईहीप्रश्न अभी हम तुमारेप्रति करतेहैं ॥ तिनोंका तुम उत्तरकहो ॥ जिसस्थानविषे पारिक्षितपुरुष स्थितहोवैहैं सोस्थान कौनहै ॥ १ ॥ और तिसस्थानकेआवांतरलोकोंका कितनापरिमाणहै ॥ २ ॥ और तिनपारिक्षितपुरुषोंकाक्यास्वरूपहै ॥ ३ ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार जभी भुज्युनैं याज्ञवल्क्यकेप्रति तीनप्रश्नकरे ॥ तभी सोयाज्ञवल्क्यमुनि भुज्युकेप्रति कहताभया हेभुज्युब्राह्मण याप्रश्नोंकाउत्तर पूर्व तुमारे प्रति अग्निदेवतानैंकह्याथा ॥ ताअर्थकूंभलीप्रकारजाणताहुआभीतूं पुनःसभाविषे वेदकेगुह्यअर्थकूं किसवासतैपूछताहै ॥ किंतु एकवारजा न्याहुआ वेदकागुह्यअर्थ पुनःसभाविषेपूछणा तेरेकूंउचितनहीं ॥ तथापि हे भुज्यु तेरेविश्वासकरावणेवासतै तथावेदअर्थकेगुह्यताके रक्षणकरणेवासतै संक्षेपतैं याप्रश्नोंकाउत्तर हम तुमारेप्रति कथनकरैं हैं ॥ तुम श्रवणकरो ॥ हेभुज्यु ॥ उपासना सहित अश्वमेधयज्ञकेकरणेहारेपुरुष जिसस्थानविषे उपासनासहितअश्वमेधयज्ञकाफल भोगैं हैं ॥ तिसीस्थानविषे पारिक्षितपुरुष जावैं

हैं ॥ यहां उपासनासहितअश्वमेधयज्ञकेकरणेहारेपुरुषही पारिक्षितहैं यहअर्थ याज्ञवल्क्यमुनिनैं वेदअर्थकेगुह्यताकीरक्षाकरणेवासतै नहींकह्या ॥ हे शिष्य ॥ याप्रकार जभी याज्ञवल्क्यमुनिनैं संक्षेपतैंउत्तरकह्या ॥ तभी सोभुज्युब्राह्मण याज्ञवल्क्यकी सर्वज्ञताविषे अविश्वासकरिकै पुनःयाज्ञवल्क्यमुनिसैं पूछताभया ॥ हेयाज्ञवल्क्य उपासनासहितअश्वमेधयज्ञके करणेहारेपुरुष जिसस्थानविषेजावैं हैं ॥ सोस्थान हमारेप्रति विस्तारतैंकहो ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार जभी भुज्युनैंपूछा ॥ तभी सोयाज्ञवल्क्य मुनि याप्रकारकाविचार आपणेमनविषेकरताभया ॥ सभाविषे वेदकेरहस्यअर्थकेप्रकाशकरणेकी यद्यपि हमारेकूंइच्छानहीं है ॥ तथापि यहभुज्यु वारंवार हमारेसैं सोअर्थ पूछताहै ॥ यातैं सभाविषे वेदकेरहस्यअर्थकेप्रकाशकरणेकरिकै जोपापकीउत्पत्तिहोवैगी ॥ सो याभु ज्युकूंहीहोवैगी ॥ हमारेकूंहोवैगीनहीं ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै सोयाज्ञवल्क्यमुनि विस्तारतैं ताप्रश्नोंकेउत्तरकूंकहताभया ॥याज्ञवल्क्य मुनिरुवाच ॥ हेभुज्यु ॥ ससुद्रपर्यंत धनकरिकैपूर्णजोपृथिवीहै ॥ सोपृथिवीहैवशवर्त्तिजिनोंके ऐसेजे अश्वमेधयज्ञकेकर्त्तापुरुषहैं ॥ तिनों कानाम परिक्षितिहै ॥ और तिनपरिक्षितिपुरुषोंकूंही शास्त्रविषे पारिक्षितिकहैं हैं ॥ अब सर्वकर्मकेभोगकास्थान जोविराट्भगवान्का शरीरहै ताकूं भूलोकरूपकरिकै वर्णनकरताहुआ याज्ञवल्क्यमुनि प्रथम ताकेपरिमाणकूंदिखावैहै ॥ हेभुज्यु ॥ यहसंपूर्णजंबुद्वीप एक लक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ और जिसजंबुद्वीपकूं चारोंओरतैं मेखलाकीन्याई वेष्टनकरिरह्याहुआ जोक्षारसमुद्रहै ॥ सोभी एकलक्षयो जनपरिमाणवालाहै ॥ १ ॥ और तिसतैंपरे प्लक्षद्वीपहै ॥ सोप्लक्षद्वीप दोलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ तिसप्लक्षद्वीपकूं चारोंओरतैंवेष्टनक रिरह्याहुआ जोइक्षुरसोदनामासमुद्रहै ॥ सोभी दोलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ २ ॥ और तिसतैंपरे शाल्मलीद्वीपहै ॥ सोशाल्मलीद्वीप चारिलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ ताशाल्मलीद्वीपकूं चारोंओरतैंवेष्टनकरिरह्याहुआ जोसुरोदनामासमुद्रहै ॥ सोभी चारिलक्षयोजनपरिमा णवालाहै ॥ ३ ॥ और तिसतैंपरे कुशद्वीपहै ॥ सोकुशद्वीप अष्टलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ ताकुशद्वीपकूं चारोंओरतैंवेष्टनकरिरह्याहुआ जोघृतोदनामासमुद्रहै ॥ सोभी अष्टलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ ४ ॥ और तिसतैंपरे क्रौंचद्वीपहै सोक्रौंचद्वीप षोडशलक्षयोजनपरिमाण

वालाहै ॥ ताक्रौंचद्वीपकूं चारोओरतैंवेष्टनकरिरह्याहुआ जोक्षीरोदनामासमुद्रहै ॥ सोभी षोडशलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ ५ ॥ और तिसतैंपरे शाकद्वीपहै॥सोशाकद्वीप बत्तीसलक्षयोजनपरिमाणवालाहै॥ताशाकद्वीपकूं चारोंओरतैंवेष्टनकरिरह्याहुआ जोदधिमंडोदनामासमुद्रहै ॥ सोभी बत्तीसलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ ६ ॥ और तिसतैंपरे पुष्करद्वीपहै सोपुष्कर द्वीप चौंसठिलक्षयोजनपरिमाणवालाहै ॥ तापुष्करद्वीपकूं चारोंओरतैंवेष्टनकरिरह्याहुआ जोशुद्धोदनामासमुद्रहै सोभी चौंसठिलक्षयोजनपरिमाणवालाहै॥७॥ यासप्तद्वीपोंका तथासप्तसमुद्रोंकामिलिके दोकोटि चौपनलक्षयोजन परिमाणहोवैहै॥और सप्तद्वीपोंका तथासप्तसमुद्रोंका मिलिके जितनेयोजनपरिमाणहै॥तितनेही योजन शुद्धोदनामासमुद्रतैंपरेभूमिकापरिमाणहै॥और ताभूमितैंपरे अष्टकोटि तथाचोगणचालीसलक्षयोजनपरिमाणवाली सुवर्णकीभूमिहै॥ तिसभूमितैंपरे मंडलाका लोकालोकनामापर्वतहै॥तिसलोकालोकपर्वतकाजोमध्यदेशहै जिसमध्यदेशकूंशास्त्रविषे मानसोत्तरसूर्यस्थानकहैहैं ॥ तिसमध्यदेशविषे रात्रिदिनकरिकै सूर्यभगवान् सर्वदा भ्रमणकरैहै ॥ ता मानसोत्तरपरिमंडलकापरिमाण एकलक्ष साढीनवकोटियोजन शास्त्रविषेकह्याहै ॥ इतनैंयोजनपरिमाण रात्रिदिनविषे सूर्यभगवान्चालैहै॥और रात्रिदिनाविषे जितनैंयोजनपरिमाण सूर्यभगवान्चालैहै ॥ तिनयोजनोंकूं बत्तीसगुणाकरणेतैं जितनीयोजनोंकोसंख्याहोवैहै ॥ तितनेयोजनपर्यंतदेश सूर्यभगवान्कीकिरणावोंकरिकैव्याप्तहोवैहै ॥ तितनैंदेशकूं बुद्धिमान्पुरुष भूलोककरिकैकथनकरैं हैं ॥ यहभूलोक विराट्भगवान्काशरीरहै ॥ और याभूलोकविषेही सर्वकर्मोंकाफल भोग्याजावैहै ॥ अब उपासकपुरुषों करिके प्राप्तहोणेयोग्यजोदेशहै ताकूं निरूपणकरैं हैं ॥ हेभुज्यु ॥ याभूलोकतैंपरे जितनेकयोजनभूलोककापरिमाणहै तिसतैंद्विगुणअधिकयोजनपरिमाणवालीभूमि स्थितहै॥ कैसीहैसोभूमि॥भित्तिकीन्याईं चारोंओरतैं भूलोककूंआवरणकरिरहीहै॥ और ता आवरणरूपभूमितैंपरे ताभूमिकूं चारोंओरतैंवेष्टनकरणेहारा तथाताभूमितैंद्विगुणअधिकयोजनपरिमाणवाला समुद्र स्थितहै॥जासमुद्रकूं शास्त्रविषेघनोदनामकरिकैकथनकरैं हैं ॥ और ताघनोदनामासमुद्रतैंपरे ब्रह्मांडहै॥जिसब्रह्मांडका एककपाल रजतमयहै ॥ और दूसराकपाल सुवर्णमयहै॥और तिनदोकपालोंकीजोसंधिहै ॥ सोसंधि क्षुरकेधाराकीन्याईं अत्यंततीक्ष्णहै ॥ अथवा मक्षिकाके

पक्षकीन्याई अत्यंतसूक्ष्महै ॥ याप्रकारकीसोसंधि ब्रह्मांडतैंबाहरनिकसणेकेमार्गविषेस्थितहै ॥ हेभुज्यु॥उपासनासहित अश्वमेधयज्ञकेकरणे
हारे जेपारिक्षितपुरुष तुमनेपूर्वपूछेथे ॥ तेपारिक्षितपुरुष जभी शरीरकापरित्यागकरैं हैं ॥ तभी तापारिक्षितपुरुषकूं नानाप्रकारके देवता
तथाउपासनारूपबल घनोदनामासमुद्रपर्यंत लेजावैंहैं ॥ तिसतैंआगे किसीदेवताकासामर्थ्यनहीं ॥ और हेभुज्यु ॥ जैसे उपासनासहित
अश्वमेधयज्ञकेकर्तापुरुष पारिक्षितहैं ॥ तैसे अश्वमेधयज्ञतैंविना केवल हिरण्यगर्भकीउपासनाकरणेहारेजेपुरुषहैं ॥ तेभी पारिक्षितहैं ॥
काहेतैं जिसकरिकै संपूर्णपापकर्मोंकाक्षयहोवैहै ताकूं परिक्षितकहैं हैं ॥ सोपापकर्मोंकाक्षय जैसे अश्वमेधयज्ञकरिकैहोवैहै ॥ तैसे उपासना
करिकैभी पापकर्मोंकाक्षयहोवैहै ॥ यातैं उपासना तथाअश्वमेधयज्ञ दोनों परिक्षितशब्दकाअर्थ हैं ॥ तापरिक्षितशब्दकेअर्थकूंजोजानणेहा
राहै ताकूं पारिक्षितकहैहैं ॥ यारीतिसैं केवलउपासकपुरुषविषेभी पारिक्षितशब्दकीप्रवृत्तिहोवैहै॥और हेभुज्यु॥ ताब्रह्मांडरूपकटाहकेसंधि
विषेस्थित जोसूक्ष्ममार्ग है ॥ तिसमार्गविषे सर्वदेवतावोंकाअधिपति इंद्रदेवताभी जाणेमैंसमर्थनहीं ॥ जभीइंद्रभी तामार्गविषेजाणेमैं
समर्थनहींभया ॥ तभी घनोदनामासमुद्रकेपारिजाणेविषेभी असमर्थजेअन्यदेवताहैं ॥ ते तिससूक्ष्ममार्गविषे किसप्रकारजाइसकैंगे ॥
किंतु तेअन्यदेवता घनोदनामासमुद्रके ओरले किनारेविषेही स्थितहोवैं हैं ॥ शंका ॥ जभी इंद्रादिकदेवताभी तामार्गकेजाणेविषे समर्थ
नहीं हैं ॥ तभी पारिक्षितपुरुष किसप्रकार ब्रह्मांडतैंबाहरहोवै हैं ॥ समाधान ॥ हेभुज्यु ॥ सोविराट्रूपइंद्रदेवता पक्षीकारूपधारणकरिकै
तिनपारिक्षितपुरुषोंकूं घनोदनामासमुद्रतैं पारकरैहै ॥ और ताघनोदनामासमुद्रकेपारलेकिनारे हिरण्यगर्भरूप वायुदेवता आकाशविषे
स्थितहै ॥ तावायुकेताईं पारिक्षितपुरुषोंकूंदेकरिकै सोइंद्रदेवता पीछेफिरिआवैहै ॥ तिसतैंअनंतर सोहिरण्यगर्भरूपवायुदेवता तिनपारि
क्षितपुरुषोंकूंसूक्ष्मरूपकरिकै आपणेशरीरकेसाथ अभिन्नकरिकै तासंधिरूपमार्गद्वारा ब्रह्मांडतैंबाहरलेजावै है ॥ और जिसस्थानविषे पूर्वपू
र्वउपासकपुरुषगये हैं ॥ तिसीस्थानविषे तेपारिक्षितपुरुष प्राप्तहोवैहैं ॥ यातैं यहसिद्धभया ॥ तेपारिक्षितपुरुष हिरण्यगर्भरूपकरिकै ब्रह्मां
डकेअंतर तथाबाह्यव्याप्तहोइकैरहैहैं ॥ यातैं सर्वकर्मोंकेफलकाअंत हिरण्यगर्भलोकहै ॥ हिरण्यगर्भलोकतैंपरे कोईकर्मकाफलनहीं॥हेशिष्य

पूर्वअग्निदेवतानें जैसाउत्तर भुज्युकेप्रति कह्याथा ॥ तैसाहीउत्तर जभी याज्ञवल्क्यमुनिने भुज्युकेप्रतिकह्या ॥ तभीसोभुज्यु याज्ञवल्क्यके जीतणेकीइच्छाकापरित्यागकरताभया ॥ और उषस्तब्राह्मणकेमुखकीओरदेखिके सोभुज्यु पुनःप्रश्नकरणेतैंनिवृत्तहोताभया तिसतैंअनंतर सोउषस्त याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति प्रश्नकरताभया ॥ उषस्तउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य ॥ जैसे अप्रकाशरूपलोह अग्निकेसंबंधतैंप्रकाशमान होवैहे ॥ तैसे वृत्तिअवच्छिन्नसाक्षीचैतन्यकेसंबंधतैं घटपटादिकजडपदार्थ प्रतीतिहोवैहैं यातैं घटपटादिकजडपदार्थोंविषे मुख्य अपरोक्षप णानहीं ॥ किंतु घटादिकोंविषे गौणअपरोक्षपणाहे ॥ और ब्रह्मस्वप्रकाशचैतन्यहे ॥ यातैं ब्रह्मविषे मुख्यअपरोक्षपणाहे॥और सोब्रह्म सर्व केअंतरबाहरव्यापकहे ॥ यातैं सोब्रह्महीं आत्मारूपहे ॥ यहवार्ता संपूर्णशास्त्रकथनकरैंहैं ॥ परंतु यहवार्त्ता संभवैनहीं ॥ काहेतैं शास्त्रने आत्माविषे ब्रह्मरूपता तथाअद्वितीयरूपता यहदोनोंधर्म कथनकरेहैं ॥ याकेविषे हमविवादनहींकरते परंतु ब्रह्मरूपता तथाअद्वितीयरूप ता यहदोनोंधर्म जिसआत्मारूमधर्मीविषेरहैहैं ॥ सोआत्मा यासंघातसेभिन्न हमारेकूं प्रतीतहोतानहीं ॥ यातैं हेयाज्ञवल्क्य यासंघातसेजो आत्माविलक्षणहे ॥ तो हमारेप्रति कथनकरो ॥ तिसतैंअनंतरहम तुम्हारेकूंबुद्धिमान्जाणेंगे ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार जभीउषस्तनैं याज्ञव ल्क्यकेप्रति प्रश्नकऱ्या ॥ तभी सोयाज्ञवल्क्यमुनि उषस्तकेप्रति कहताभया ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेउषस्त ॥ यहआत्मा अद्वितीयब्रह्म रूपहे ॥ यातैं अत्यंतसमीपआत्माविषे तेरेकूंअसंभावनाकरणीउचितनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ यहआत्माहे याप्रकारकाउत्तर जोयाज्ञवल्क्य मुनिनेकह्या ॥ ताकेविषे याज्ञवल्क्यमुनिका यहअभिप्रायहे ॥ जोयहउषस्तब्राह्मण अंतर्मुखहोवैगा ॥ तौ यहआत्माहे याप्रकारकेउत्तरमा त्रकरिकैही आत्माकेवास्तवस्वरूपकूंजाणके संतोषकूंप्राप्तहोवैगा ॥ परंतु सोउषस्त बहिर्मुखथा ॥ यातैं यहआत्माहे याप्रकारकेउत्तरकरि के आत्माकेवास्तवस्वरूपकूंनजाणताभया ॥ उलटा संशययुक्तहुआ सोउषस्त पुनःयाज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति प्रश्नकरताभया ॥ उषस्तउ वाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य ॥ सोआत्माकौनहे ॥ तात्पर्ययह ॥ स्थूलशरीर आत्माहे ॥ अथवा सूक्ष्मशरीर आत्माहे ॥ अथवा तिनोंकाप्रकाश कसाक्षी आत्माहे ॥ तहाँ स्थूलशरीर तथासूक्ष्मशरीर आत्माहे यहदोनोंपक्ष संभवैनहीं ॥ काहेतैं स्थूलसूक्ष्म यहदोनोंशरीर परिच्छिन्नहैं

यातें तिनोंविषे सर्वव्यापकतासंभवैनहीं ॥ और शास्त्रविषे आत्माकूंसर्वांतर्यामीकह्याहै ॥ किंवा ॥ बुद्धिआदिकोंकासाक्षी आत्माहै यहतीसरापक्षभी संभवैनहीं ॥ काहेतें साक्षी आत्माहै याकेविषे कोईप्रमाणहैनहीं ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार जभी उषस्तने आत्माकास्वरूप पूछ्या ॥ तभी सोयाज्ञवल्क्यमुनि उषस्तकेप्रति कहताभया ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेउषस्त ॥ जैसे बालक सूत्रकरिके मर्कटोंकूं नानाप्रकारकीनृत्य करावैहै ॥ तैसे तुम्हारेशरीरविषेस्थितहोइके जो तुम्हारे प्राण अपान उदान समान व्यानकूं तथाबुद्धिआदिकसंघातकूं आपणेआपणेव्यापारविषे प्रवृत्तकरैहै ॥ सोईही तुम्हारा आत्माहै ॥ याकहणेकरिके याज्ञवल्क्यमुनिने यह अनुमानबोधनकर्‍या ॥ प्राणादिकोंकाप्रवर्त्तकजोआत्माहै ॥ सो तिनप्राणादिकोंतैंभिन्नहै ॥ काहेतें प्राणादिकोंकाप्रवर्त्तकहोणेतें ॥ जोजोपदार्थजिसजिसपदार्थका प्रवर्त्तकहोवैहै ॥ सोसोपदार्थ तिसतिसपदार्थतैंभिन्नहीहोवैहै ॥ जैसे मर्कटोंकूंप्रेरणाकरणेहाराबालक मर्कटोंतैं भिन्नहीहोवैहै ॥ तैसे सर्वकाअंतर्यामीयहआत्माभी प्राणादिकसर्व संघातका प्रवर्त्तकहै ॥ यातें प्राणादिकसर्वसंघाततें यह आत्माभिन्नहै ॥ हेशिष्य ॥ उषस्तकीमंदबुद्धि देखिकरिके याज्ञवल्क्यमुनिने अनुमानप्रमाणकरिके आत्माकास्वरूप निरूपणकर्‍या ॥ तथापि याज्ञवल्क्यमुनिकेअभिप्रायकूंनजाणिकरिके सोउषस्तब्राह्मण उपहासपूर्वक पुनःयाज्ञवल्क्यकेप्रति प्रश्नकरताभया ॥ उषस्तउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य ॥ पूर्वस्पष्टकरिके आत्माकेस्वरूपजानणेवासते हमने तुम्हारेप्रति प्रश्नकर्‍याथा॥सोतुमने अबपर्यंत स्पष्टकरिकेआत्माकास्वरूप हमारेप्रति कथनकर्‍यानहीं॥यातें जोतूं संघाततैंविलक्षण आत्माकेस्वरूपकूं जाणताहै ॥ तो जैसेकोईपुरुष गोकूंशृंगतैंपकडिके यहगौहै याप्रकार स्पष्टदिखावैहै ॥ तैसे अभीस्पष्टकरिके आत्माकास्वरूप हमारेप्रति कथनकरो ॥ और हेयाज्ञवल्क्य ॥ पूर्व हमने संघातसेविलक्षणआत्माकास्वरूप पूछाथा ॥ और अभी तुमने प्राणादिकोंकाप्रवर्त्तकआत्माहै यहउत्तर कह्या ॥ सोयहतुम्हाराउत्तर संघातसेविलक्षण आत्माकूं सिद्धकरतानहीं ॥ काहेतें लोकविषे व्यापारवान्‌पुरुषही अन्यमर्कटादिकोंका प्रेरकहोवैहै ॥ व्यापारतैंरहितकोई प्रेरकहोतानहीं ॥ सोव्यापारवालायहसंघातहै ॥ यातें यहसंघातही प्राणादिकोंका प्रवर्त्तकहै ॥ और प्राणादिकोंकूं जोआपणेआपणेव्यापारविषे प्रवर्त्तकरैहै सो आत्माहै ॥ यातुम्हारे

कहणेकरिकै संघातविषेही आत्मपणासिद्धहोवैहै ॥ यातैं हेयाज्ञवल्क्य जैसे कोईपुरुष किसीअन्यपुरुषतैं गौकास्वरूपपूछे॥और आगेतैंसो पुरुष तिसकेताई अश्वदिखाइदेवे ॥ तैसे हमनेतो संघाततैंविलक्षण आत्माकास्वरूप पूछाथा ॥ और तुमने संघातकूंही आत्मरूपकरिकै कथनकऱ्या ॥ यातैं यहतुम्हाराउत्तर अत्यंतविरुद्धहै ॥ यातैं हेयाज्ञवल्क्य संघातसेंविलक्षणकरिकै करामलककीन्याई आत्माकास्वरूप हमारेप्रति कथनकरो ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार जभी उषस्तने उपहासयुक्तवचनकहे ॥ तभी सोयाज्ञवल्क्यमुनि किंचित्मात्रभीक्रोधकूं नहीं प्राप्तहोताभया ॥ उलटा आपणीगंभीरताकरिकै मंदमंद हँसताहुआ सोयाज्ञवल्क्यमुनि ताउषस्तकेप्रति कहताभया ॥ याज्ञवल्क्यमुनि रुवाच ॥ हेउषस्त ॥ संघातसेंविलक्षणआत्माकास्वरूप हमारेप्रतिकहो यहजोतूं प्रश्नकरताहै॥ सोतुम्हाराआत्मा अत्यंतअपरोक्षहै ॥ काहेतैं 'अहंअस्मि' याप्रकारकी अंतःकरणकीवृत्तिकरिकै तूंभी आत्माकूंजाणताहै ॥ यातैं अपरोक्षआत्माविषे असंभावना संभवैनहीं ॥ हे शिष्य ॥ याप्रकारकाउत्तर जभी याज्ञवल्क्यमुनिनैंकह्या ॥ तभी सोउषस्त पुनःयाज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति प्रश्नकरताभया ॥ उषस्तउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य ॥ तुमने अहंबुद्धिकाविषय आत्माकह्या ॥ याकरिकै आत्माकानिर्णयहोवैनहीं ॥ काहेतैं अहंबुद्धि बहुतपदार्थोंविषेहोवैहै ॥ तहाँ अहंस्थूलःयाप्रकारकीअहंबुद्धि स्थूलशरीरकूंविषयकरैहै ॥ और 'अहंकाणः' अहंबधिरःयाप्रकारकीअहंबुद्धि इंद्रियोंकूंविषयकरैहै ॥ और अहंक्षुधापिपासावान् याप्रकारकीअहंबुद्धि प्राणोंकूंविषयकरैहै ॥ और अहंनिश्चयवान् याप्रकारकीअहंबुद्धि बुद्धिकूंविषयकरैहै ॥ और अहंअज्ञः याप्रकारकीअहंबुद्धि अज्ञानकूंविषयकरैहै ॥ यातैं स्थूलशरीरतैंआदिलेके अज्ञानपर्यंत सर्वसंघातविषे अहंबुद्धिकीविषयता प्रतीतहोवैहै ॥ तिनसंपूर्णोंविषे कौनआत्माहै यह जान्याजावैनहीं ॥ यातैं हेयाज्ञवल्क्य ॥ जोतुम्हारेकूं आत्माकाज्ञानहै ॥ तो बुद्धिआदिकजडपदार्थोंतैंभिन्नकरिकै आत्माकास्वरूप हमारेप्रतिकहो ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकारकाप्रश्न जभी उषस्तनेकऱ्या ॥ तभी सोयाज्ञवल्क्यमुनि उषस्तकेप्रति कहताभया ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेउषस्त ॥ विद्वान्पुरुषोंकेअनुभवकरिकैसिद्ध जोआत्माकीअपरोक्षताहै ॥ ताअपरोक्षतारूपकरिकै आत्माकेनिरूपणाविषे तुम्हाराआग्रहहै ॥ अथवा जैसे घटविषे इंद्रियजन्यज्ञानकीविषयतारूप

अपरोक्षताहै ॥ तैसे अपरोक्षतारूपकरिके आत्माकेनिरूपणविषे तुमाराआग्रहहै ॥ तहाँ जोतूं प्रथमपक्षअंगीकारकरै ॥ तो जैसे विद्वान्पुरुष आत्माकेस्वरूपकूं निरूपणकरै है ॥ तैसे हमने तुम्हारेप्रति आत्माकास्वरूप निरूपणकर्‍याहै ॥ परंतु तूं बहिर्मुखहै ॥ यातें विद्वान्पुरुषकीन्याई तुमने आत्माकूंजान्यानहीं ॥ और हेउषस्त ॥ जोतूं दूसरापक्ष अंगीकारकरै सोभी संभवैनहीं ॥ काहेतें नित्यअपरोक्षरूप यहआत्मा चिदाभासयुक्तबुद्धिकरिके घटपटादिकपदार्थोंकूंजाणैहै ॥ और ताबुद्धिकूं आपणे स्वप्रकाशरूपकरिकैआत्मा प्रकाशैहै ॥ यातें हेउषस्त ऐसे बुद्धिआदिकोंकेद्रष्टाआत्माकूं तूंकिसकरिकैविषयकरैगा ॥ किंतु बुद्धिसहितसर्वइंद्रिय द्रष्टाआत्माकूंविषयकरिसकैनहीं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे घटपटादिकपदार्थोंका प्रकाशकजोचक्षुइंद्रियहै ॥ ताचक्षुइंद्रियकूं घटादिकपदार्थ प्रकाशकरिसकैनहीं ॥ तैसे विषयइंद्रियकेसंबंधतें उत्पन्नभईआं जेअंतःकरणकीवृत्तियां ॥ तिनवृत्तियोंकूं यहआनंदस्वरूपआत्मा प्रकाशकरैहै ॥ यातें तेवृत्तियां प्रकाशक आत्माका प्रकाशकरैंनहीं ॥ हेउषस्त ॥ जो बुद्धिआदिकजडपदार्थोंकाप्रकाशकहै ॥ तथा सर्वकेअंतर व्यापकहै ॥ तथा उत्पत्तिनाशतेंरहितहै ॥ सोईही संघातसेविलक्षण तुम्हाराआत्माहै ॥ शंका ॥ हेयाज्ञवल्क्य॥आत्मातेंभिन्न बुद्धिआदिकपदार्थ सत्यहैं अथवा असत्यहैं ॥ जोकहो बुद्धिआदिकपदार्थ सत्यहैं ॥ तो जैसे घट पटादिकोंकेअंतरनहींहोता ॥ तैसेआत्माविषे सर्वांतरपणानहींहोवैगा ॥ और जोकहो आत्मातेंभिन्न बुद्धिआदिकपदार्थ असत्यहैं ॥ तौभी आत्माविषे सर्वांतरपणा संभवैनहीं ॥ काहेतें आत्मा सर्वकेअंतरव्यापकहै यावचनविषे सर्वशब्दकरिकै बुद्धिआदिकोंकाग्रहणकरणाहोवैगा ॥ ते बुद्धिआदिकपदार्थ तुम्हारेमतविषे अत्यंतअसत्यहैं ॥ यातें तिनबुद्धिआदिकोंकेअभावहोणेतें आत्माविषे सर्वांतरपणा संभवैनहीं ॥ समाधान ॥ हेउषस्त या आनंदस्वरूपआत्मातेंभिन्न जितनेकी बुद्धि इंद्रिय शरीरादिकपदार्थहैं तेसंपूर्ण जडहैं ॥ यातें घटादिकपदार्थोंकीन्याई तेबुद्धिआदिकजन्ममरणवालेहैं ॥ याकारणतें तेबुद्धिआदिक कल्पितहैं ॥ तिनकल्पितबुद्धिआदिकोंविषे अधिष्ठानआत्माकीव्यापकतासंभवैहै ॥ दृष्टांत ॥ जैसे रज्जुरूपअधिष्ठानविषे कल्पित जे सर्प दंड जलधारादिकहैं ॥ तिनकल्पितसर्पादिकोंविषे रज्जुरूपअधिष्ठान व्यापकहै॥ तैसे कल्पित

बुद्धिआदिकोंविषे अधिष्ठानआत्मा व्यापकहै ॥ यातें आत्माविषे सर्वांतरपणा संभवैहै ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार जभीयाज्ञवल्क्यमुनिने संघातसेविलक्षण आत्माकास्वरूप निरूपणकऱ्या ॥ तभी सोउषस्त यहनिश्चयकरताभया ॥ यहयाज्ञवल्क्यमुनि अत्यंतबुद्धिमान्‌है ॥ यातें हमारेसे जीताजावैगानहीं ॥ याप्रकारकानिश्चयकरिकै सोउषस्तब्राह्मण कहोलब्राह्मणकेमुखकी ओरदेखिकरिकै पुनःप्रश्नकरणेतें निवृत्तहोताभया ॥ तिसतेंअनंतर सो कहोलब्राह्मण याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति यहप्रश्नकरताभया ॥ कहोलउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्य पूर्वउषस्तब्राह्मणके प्रसंगविषे आत्माकूं ब्रह्मरूपता तुमनेकही सोसंभवैनहीं ॥ काहेतें समानधर्मवालेपदार्थोंकाही परस्पर अभेदहोवैहै ॥ विरुद्धधर्मवालेपदार्थोंका परस्पर अभेदसंभवैनहीं ॥ जैसे उष्णस्पर्शवालेअग्निका तथा शीतस्पर्शवालेवरफका परस्पर अभेदहोवैनहीं ॥ तैसे यासंघातकाप्रकाशक जोआत्माहै ॥ सो क्षुधा पिपासा शोक मोह जरा मरण यहषट्‌ऊर्मिरूपसंसारवान् प्रतीतहोवैहै ॥ और ब्रह्म तो क्षुधापिपासादिकषट्‌ऊर्मिरूपसंसारतैंरहितहुआ शास्त्रतैंप्रतीतहोवैहै ॥ यातें संसारीआत्माका असंसारीब्रह्मकेसाथअभेदकहणा अत्यंतविरुद्धहै ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकारकाप्रश्न जभी कहोलनेकऱ्या ॥ तभी सोयाज्ञवल्क्यमुनि कहोलकेप्रति उत्तरकहताभया ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेकहोल ॥ विरुद्धधर्मोंवालेपदार्थोंका अभेदनहींहोता यहजोवार्त्ता तुमनेकही सोसत्यहै ॥ परंतु तेक्षुधादिक धर्म आत्माकेनहीं ॥ किंतु क्षुधा पिपासा प्राणोंकाधर्महै ॥ और शोक मोह मनकेधर्महैं ॥ और जरा मरण शरीरकेधर्महैं ॥ आत्माकाकोईधर्महैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे घटादिकपदार्थोंकाप्रकाशक जो सूर्यभगवान्‌है तासूर्यभगवान्‌कूं घटादिकोंकेधर्म स्पर्श करैंनहीं ॥ तैसे प्राणादिकोंकूं प्रकाशकरणेहारा जोआत्माहै ॥ ताआत्माकूं प्राणादिकोंकेक्षुधापिपासादिकधर्म स्पर्शकरैंनहीं ॥ यातें जैसे ब्रह्म जन्मादिकसंसारतैंरहितहै ॥ तैसे यहआत्माभी जन्मादिकसंसारतैंरहितहै ॥ याकारणतें वेदकेवेत्तामहात्मापुरुष आत्माकूं ब्रह्मरूप कहैहैं ॥ किंवा ॥ जिनपुरुषोंकूं निःसंशय आत्माकाज्ञानभयाहै ॥ तिनपुरुषोंकाभी जभी जन्ममरणादिरूपसंसार निवृत्तहोवैहै ॥ तभी साक्षात्‌ब्रह्मरूपआत्माविषे जन्ममरणादिरूपसंसार नहींरहैहै याकेविषेंक्याकहणाहै ॥ और हेकहोल जन्मादिकसंसारतैंरहित तथाअज्ञानतैं

रहिततथासर्वबुद्धिआदिकोंकासाक्षी जोब्रह्मरूपआत्माहै ॥ ताआत्माकासाक्षात्कार विक्षेपवान्पुरुषोंकूंहोवैनहीं ॥ किंतु विक्षेपतैंरहित जे विरक्तमहात्मा पुरुषहैं ॥ तिनोंकूंहीं आत्माकासाक्षात्कारहोवैहै ॥ याकारणतैं पूर्ववामदेवादिकमहान्पुरुष आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिवासतैं सर्वएषणावोंकापरित्यागकरिकै संन्यासआश्रमकूंग्रहणकरतेभयेहैं ॥ याकहणेतैं यहअर्थसिद्धभया ॥ जैसे विवेकवैराग्यादिक आत्मसाक्षा त्कारकेसाधनहैं ॥ तैसे उपरतिशब्दकाअर्थसंन्यासभी विक्षेपकीनिवृत्तिद्वारा आत्मसाक्षात्कारकासाधनहै ॥ यहाँसंन्यासशब्दकरिकै वि विदिषासंन्यासकाग्रहणकरणा ॥ अब एषणाकेस्वरूपकूं तथातिनोंकेभेदकूं दिखावे हैं ॥ हेकहोळ ॥ तीनप्रकारकीएषणाहोवे है ॥ एक पुत्र एषणा १ दूसरीवित्तएषणा २ तीसरीलोकएषणा ३ तहाँ मेरेकूंपुत्रहोवे याप्रकारकीइच्छाकूं पुत्रएषणाकहैहैं ॥ तापुत्रएषणाकरिकै यहपुरुष स्त्रीकेसंग्रहादिकोंविषेप्रवृत्तहोवैहै ॥ औरमेरेकूंधनहोवैहै ॥ याप्रकारकीइच्छाकूंवित्तएषणाकहै हैं ॥ सोधनभी दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतो देवधनहोवैहै ॥ और दूसरा मानुष्यधनहोवे है ॥ तहाँ देवलोककेजयकासाधनजो कर्मउपासनाहै ताकूं देव धनकहै हैं ॥ और यामनुष्य लोककेभोगकासाधन जोपशुसुवर्णादिरूपधनहै ताकूं मानुष्यधनकहैहैं ॥ तादोनोंप्रकारकेधनकी इच्छाकूं वित्तएषणाकैंह हैं ॥ और मेरे कूंसुखहोवे याप्रकारकीइच्छाकूं लोकएषणाकहैहैं ॥ सोसुखभी दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतो मनुष्यलोक विषे वर्तमानसुख ॥ और दूसरा देवलोकविषेवर्त्तमानसुख ॥ यादोनोंप्रकारकेसुखकीइच्छाकूं लोकएषणाकहै हैं ॥ यद्यपि इच्छाकेविषयपदार्थ अनंतहैं ॥ यातैं इच्छाभी अनंतहीसंभवैहै ॥ तथापि यातीनइच्छावोंकेभीतरहीं सर्वइच्छावोंकाअंतरभावहै ॥ और वास्तवतैंविचारकरिकैदेखियेतो वित्त एषणा तथालोकएषणा यहदोप्रकारकोही एषणासिद्धहोवैहै ॥ काहेतैं जैसे पशु क्षेत्र सुवर्णादिकधन पिताकेसुखकासाधनहैं ॥ तैसे पुत्रभी पिताकेसुखकासाधनहै ॥ यातैं इसलोककेजेसाधनहैं तथापरलोककेसुखकेजेसाधनहैं तिनसंपूर्णोंकानाम वित्तहै ॥ तावित्तएषणा करिकै संपूर्णसुखकेसाधनोंकीएषणाकाग्रहणहोवैहै ॥ और लोकएषणाकरिकैइसलोकके तथापरलोककेजितनेकसुखरूपफलहैं तिनों केएषणावोंकाग्रहणहोवैहै ॥ यातैं फलएषणा तथासाधनएषणा यहदोनोंप्रकारकीएषणाहीं सर्वत्र अनुगतहैं ॥ याकारणतैंहीं संपूर्णजीव

प्रथमसुखरूपफलकीइच्छाकरैहैं ॥ परंतु सोसुख साधनोंतैंविनासिद्धहोवैनहीं ॥ यातैं तासुखकेसाधनकीभीइच्छाकरैहैं ॥ यालोकोंकेव्यव हारतैंभी दोप्रकारकीहीएषणा सिद्धहोवैहै ॥ शंका ॥ हेयाज्ञवल्क्य ॥ विद्वान्पुरुष जोएषणावोंकापरित्यागकरैहैं ॥ याकेविषे कौनकार णहै ॥ समाधान ॥ हेकहोल ॥ जन्ममरणादिकसंसारतैंरहित जोस्वप्रकाशआनंदस्वरूपआत्माहै ताकेविषेहीं सुखहै ॥ और आत्मातैं भिन्नसर्वअनात्मपदार्थ परिणामकालविषे दुःखकेदेणेहारेहैं ॥ यातैं तिनअनात्मपदार्थोंविषे किंचित्मात्रभीसुखनहीं ॥ याप्रकारकाविचार करिकै विद्वान्पुरुष सर्वएषणावोंकापरित्यागकरैहैं ॥ अब आत्मातैंभिन्न सर्वअनात्मपदार्थोंविषे दुःखरूपतादिखावैहैं ॥ हेकहोल ॥ यालो कविषे जितनेकसुखकारीपदार्थहैं॥तिनसंपूर्णपदार्थोंविषे माता पुत्रकीअत्यंतसुखकारीहोवैहै ॥ काहेतैं यहमाता बाल्यअवस्थाविषे पुत्रकूं दुग्धपानकरावैहै ॥ तथा नानाप्रकारकेउपायोंकरिकै जलअग्निआदिकोंतैं पुत्रकीरक्षाकरैहै॥तथा आपणेहस्तोंकरिकै पुत्रकेविष्ठामूत्रादिकों कूंउठावैहै॥ तथा पुत्रविषे नानाप्रकारका स्नेहकरैहै॥इसतैंआदिलेके अनंतप्रकारकेउपायोंकरिकै माता पुत्रकापालनकरैहै॥यातैं माताजैसा कोईपदार्थ सुखकारीनहीं॥परंतु क्रोधकरिकैयुक्तहुई सोमाता ताडनाकरिकै बालककूं दुःखकीभीप्राप्तिकरैहै ॥ अथवा सोमाता जभी मृत्यु कूंप्राप्तहोवैहै ॥ तभीभी बालककूं परमदुःखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ अब याहीअर्थकूंस्पष्टकरिकैदिखावैहैं॥बाल्यअवस्थाविषे माताकेमरणेकरिकै जैसाबालककूंदुःखहोवैहै ॥ तथा यौवनअवस्थाविषे स्त्रीकेमरणेकरिकै जैसापुरुषकूंदुःखहोवैहै ॥ तथा वृद्धअवस्थाविषे पुत्रकेमरणेकरिकै जैसापिताकूंदुःखहोवैहै॥ तैसादुःख वज्रकेपडनेतैं तथाजीवतेहुए अग्निविषेप्रवेशकरणेतैं तथाशरीरकेछेदनकरणेतैं तथाशूलविषे आरूढहोणे तैं तथापर्वतकेनीचेगिडनेतैंभी जीवोंकूंनहींहोवैहै ॥ यातैं अत्यंतसुखकारीमाताभी वियोगकालविषे जीवोंकेपरमदुःखकाकारणहोवैहै ॥ किंवा ॥ जैसे माताकावियोग जीवोंकेदुःखकाकारणहै ॥ तैसे पितातैंआदिलेकैजितनेकसुखकारीप्रियबांधवहैं तिनोंकाभी जभीवियोगहोवै है ॥ तभी याजीवकूं परमदुःखकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जिनपदार्थोंका परस्परसंबंधहोवैहै ॥ तिनपदार्थोंका देशकालादिकनिमित्त करिकै वियोगभीअवश्यहोवैहै ॥ तावियोगकेनिवारणकरणेकूं कोईभीजीव समर्थनहीं ॥ यातैं मातापितादिकसंपूर्णप्रियपदार्थ वियोगका

रिकै भूमिविषेपडताभया ॥ तैसे शाकल्यकामस्तक भूमिविषेपडताभया ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार जभी शाकल्यकामृत्युभया ॥ तभी सर्वत्र हाहाकारशब्दहोताभया ॥ और संपूर्णराजमंडली महान्क्षोभकूंप्राप्तहोतीभई ॥ और ताशाकल्यकेजेशिष्यथे तथाबांधवथे ॥ तेसंपूर्ण रुदनकरतेभये ॥ और शाकल्यकूंभूमिविषे पतनहुआदेखिकै तासभाविषेस्थित जितनेकब्राह्मणथे तथाबालकथे तथास्त्रियाँथीं ॥ तेसंपूर्णजन शाकल्यकूंधिक्कारधिक्कारकरतेभये ॥ और तेसंपूर्णसभावासीजन याप्रकारकेवचन कहतेभये ॥ ब्रह्मवेत्तायाज्ञवल्क्यकेसाथ याशाकल्यनें द्वेषकऱ्याथा ॥ ताद्वेषरूप विषकेवृक्षका मृत्युरूपफल याशाकल्यकूंप्राप्तभया ॥ यद्यपि यहशाकल्य विद्यादिकसर्वगुणोंक रिकैयुक्तथा ॥ तथापि ब्रह्मवेत्ताकेद्वेषरूप प्रबलदोषतैं यहशाकल्य मृत्युकूंप्राप्तहोताभया ॥ कैसाहैसोब्रह्मवेत्ताकाद्वेष ॥ जैसे एकहीप्रलय कालकाअग्नि स्थावरजंगमरूपसंपूर्णजगतकूंदाहकरे है ॥ तैसे एकहीब्रह्मवेत्ताकाद्वेष विद्यादिकसंपूर्णगुणोंकूंनाशकरेहै ॥ याअर्थविषे यहशाकल्यहीदृष्टांतहै ॥ काहेतैं यहशाकल्य यद्यपि बहुतविद्याविषेकुशलथा ॥ तथा सर्वगुणोंकरिकैसंपन्नथा ॥ तथापि ब्रह्मवेत्ताकाद्वेष रूपीअग्निनें याशाकल्यकूं क्षणमात्रविषेदग्धकरिदिया ॥ किंवा ॥ जैसे यालोकविषेसमुद्रकेसुकावणेकी किसीकूंसंभावनाहोतीनहीं ॥ तैसे याज्ञवल्क्यकेशापकरिकै याशाकल्यकेमरणेकी यद्यपि किसीप्राणीकूं संभावनानहींथी ॥ तथापि ब्रह्मवेत्तायाज्ञवल्क्यकेद्वेषकरिकै याशाक ल्यका मृत्युहोताभया ॥ यातें ब्रह्मवेत्ताकाद्वेष अद्भुतप्रभाववालाहै॥किंवा॥ सर्वगुणोंकरिकैसंपन्न तथाबहुतविद्याविषेकुशल यहशाकल्यभी ब्रह्मवेत्ताकेद्वेषकरिकै जभी याप्रकारकीदुर्गतिकूंप्राप्तहोताभया ॥ तभी विद्यादिकगुणोंतैंरहितइतरपुरुषब्रह्मवेत्ताकेद्वेषकरिकै किसदुर्गतिकूं नहींप्राप्तहोवैंगे ॥ किंतु सर्वदुर्गतियोंकूं प्राप्तहोवैंगे ॥ यातैं ब्रह्मवेत्ताज्ञानीपुरुषकेसाथ कदाचित्द्वेषनहींकरणा ॥ किंवा ॥ ब्रह्मवित्परमा प्नोति ॥ अर्थयह ॥ ब्रह्मवेत्तापुरुष ब्रह्मभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यहश्रुति हमोने आजदिनविषे सत्यहुईदेखी ॥ काहेतैं विद्यादिकसर्वगुणसंपन्न जोयहशाकल्यहै ॥ ताकेमारणेविषे जीवोंकासामर्थ्यहैनहीं ॥ किंतु अचिंत्यशक्तिपरमात्माकाही यहकार्य है ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ यहयाज्ञवल्क्य साक्षातब्रह्मरूपहै ॥ किंवा ॥ ब्रह्मवेत्तापुरुष सर्वात्मभावकूंप्राप्तहोवै है ॥ याप्रकारकीश्रुतिभी आजदिनविषे हमोने सत्यहुई

देखी ॥ काहेतें जैसे आपणेशत्रुकेनाशहुए देहधारीजीव सुखकूंप्राप्तहोवैं हैं ॥ तैसे याज्ञवल्क्यकाशत्रुजोशाकल्यहै ॥ ताकेनाशहुए संपूर्ण लोक सुखकूंप्राप्तभयेहैं ॥ और जैसे देहधारीजीव आपणीनिंदाकरतेनहीं ॥ किंतु आपणेतैंभिन्नजीवोंकीनिंदाकरैं हैं ॥ तैसे यहसंपूर्णलोक याज्ञवल्क्यकीनिंदाकरतेनहीं ॥ किंतु वारंवार शाकल्यकीहीनिंदाकरैं हैं ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ ब्रह्मवेत्ता यहयाज्ञवल्क्य सर्वजीवों काआत्माहै ॥ जोयहयाज्ञवल्क्य सर्वजीवोंकाआत्मारूपनहींहोता तौ जैसे देवदत्तनामापुरुषके शत्रुकेमरणेकरिकै यज्ञदत्तनामा पुरुषकूं सुखकीप्राप्तिहोतीनहीं ॥ तैसे याज्ञवल्क्यके शत्रुकेमरणेकरिकै अन्यसर्वलोकोंकूं सुखकीप्राप्तिनहींहोणीचाहिये ॥ और शाकल्य केमरणेकरिकै सर्वलोक सुखकूंप्राप्तभयेहैं ॥ यातैं यहयाज्ञवल्क्य सर्वजीवोंका आत्मारूपहै ॥ याकारणतैंही आपणाआत्मारूपजोयाज्ञ वल्क्यहै ॥ ताकी कोईप्राणी निंदाकरतानहीं ॥ किंतु संपूर्णलोक शाकल्यकीही निंदाकरैंहैं ॥ किंवा ॥ यालोकविषे सर्वपापकर्मोंतैं ब्रह्म हत्यारूपपापकर्म अधिकहोवैहै ॥ और ताब्रह्महत्यातैंभी ब्रह्मवेत्तापुरुषकाद्वेषरूपपापकर्म अधिकहोवैहै ॥ काहेतैं इसजन्मविषेकरीहुईब्रह्म हत्या इसीजन्म विषे पुरुषकूं दुःखरूपफलकीप्राप्तिकरेनहीं ॥ किंतु सोब्रह्महत्या दूसरेजन्मविषे तापुरुषकूं दुःखरूपफलकीप्राप्तिकरैहै ॥ और यहब्रह्मवेत्तापुरुषकाद्वेषतौ इसजन्मविषे तथाजन्मांतरविषे पुरुषकूं दुःखकीप्राप्तिकरैहै ॥ याअर्थविषे यहशाकल्यही दृष्टांतहै ॥काहेतैं उत्तमसिंहजा आसनादिकोंकेयोग्य तथाअत्यंतकोमल जोयहशाकल्यकाशरीरथा ॥ सो ब्रह्मवेत्ताकेद्वेषकरिकैपिशाचउन्मत्तपुरुषकीन्याई याअपवित्रभूमिविषेपडाहै ॥ यातैं ब्रह्मवेत्ताकेद्वेषकरिकै याशाकल्यकूं इसजन्मविषे परमदुःखकीप्राप्ति भईहै ॥ और याज्ञवल्क्यकेशापतैं याशाकल्यका दक्षिणायनकेकृष्णपक्षकीअमावस्याविषे मृत्युभयाहै ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ यहशाकल्य अवश्यनरकविषे प्राप्तहोवैगा ॥ किंवा ॥ ब्रह्मवेत्तायाज्ञवल्क्यकेसाथ याशाकल्यने विनाहीकारणतैं द्वेषकऱ्याथा॥ ताद्वेषरूपपापकर्मकरिकै केवलशाकल्यकूंही दुःखकी प्राप्तिनहींभई ॥ किंतु याशाकल्यने आपणेसंपूर्णबांधवोंकूंभी शोकरूपसमुद्रविषे प्राप्तकऱ्या ॥ और आपणीस्त्रीकूंभी विधवाभावकीप्राप्ति करी ॥ और आपणेकूंभी नरकविषेप्राप्तकऱ्या ॥ और आपणेकोमलशरीरकूंभी भूमिविषेप्राप्तकऱ्या ॥ और आपणेपुण्यकर्मोंकूंभी पापरूपी

अग्निविषेप्राप्तकन्या ॥ यातैं जैसे ब्रह्मवेत्ताकेद्वेषकरिके याशाकल्यकेदोनोंलोक भ्रष्टभये हैं ॥ तैसे अन्यभीजोकोईपुरुष ब्रह्मवेत्ताके साथ द्वेषकरैगा ॥ तिसकेदोनोंलोक भ्रष्टहोवैंगे ॥ हेशिष्य ॥ इत्यादिकवचनोंकरिके जनकराजा तथागार्गी तथाअन्यब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र यहसंपूर्णलोकयाज्ञवल्क्यकीस्तुतिकरतेभये ॥ और शाकल्यकीनिंदाकरतेभये ॥ तिसतैंअनंतर शाकल्यकेशिष्य शाकल्यकेशरीर कूंउठाइके संस्कारतैं रहितजोलौकिकअग्निहै ताकेविषे जलावतेभये ॥ तिसतैंअनंतर तेश्रद्धावान्शिष्य शाकल्यकेअस्थियोंकूंगृह विषेलेजाणेवासतैं तिनअस्थियोंकूंदुकूलविषेबांधिके गृहकूंजातेभये ॥ तहां मार्गविषे चांडालत्वजातिवालेचोर दुकूलविषेअस्थियों कूंदेखिकरिके याप्रकारकीकल्पनाकरतेभये ॥ जनकराजाकेयज्ञतैं यहब्राह्मण सुवर्णलेआयेहैं ॥ याप्रकार धनकेलोभयुक्त तेनिर्दय चोर तिनशिष्योंकूंमारिकरिके दुकूलसहिततिनअस्थियोंकूं आपणेगृहविषेलेजातेभये ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार शाकल्यकेमृत्युहुएतैं अनंतर तथाशाकल्यकेमरणेतैं जोसभाविषे हाहाकारशब्दभयाथा ताशब्दकेनिवृत्तहुएतैंअनंतर याज्ञवल्क्यमुनि सर्वब्राह्मणोंकेप्रति याप्र कारकावचन कहताभया ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेसर्वब्राह्मणो॥ तुमसंपूर्णविद्वान्ब्राह्मण कुरुपांचालादिक नानादेशोंतैंचलिके यासमाजवि षेएकठेहुएहो ॥ यातैं हमाराएकवचन तुमसंपूर्ण श्रवणकरो ॥ तुमसंपूर्णब्राह्मणोंविषे जोब्राह्मण हमारेप्रति प्रश्नकरणेकीइच्छाकरताहोवे ॥ सोब्राह्मण निःशंकहोइके हमारेप्रति प्रश्नकरे ॥ अथवा जोब्राह्मण हमारेप्रश्नकेउत्तरदेणेकीइच्छाकरताहोवै ॥ तिसब्राह्मणकेप्रति मैं प्रश्नकर ताहूं ॥ और जोकिसीएकब्राह्मणविषे प्रश्नकरणेका तथा उत्तरदेणेका सामर्थ्य नहींहोवै ॥तो तुमसंपूर्णब्राह्मण मिलिके हमारेप्रतिप्रश्नकरो ॥ अथवा तुमसंपूर्णब्राह्मणोंकेप्रति मैं प्रश्नकरताहूं ॥ यादोनोंवार्ताविषे जोतुमारीइच्छाहोवैहै ॥ सोकरो ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकारकावचन जभी याज्ञवल्क्यने सर्वब्राह्मणोंकेप्रति कह्या ॥ तभी तेसंपूर्णब्राह्मण याज्ञवल्क्यकेप्रति प्रश्नकरणेविषे तथा याज्ञवल्क्यके प्रश्नकाउत्तरदेणे विषे समर्थनहींहोतेभये ॥ किंतु शाकल्यकेमृत्युकूंदेखिकेभयभीतहुए तेब्राह्मण मौनकूंप्राप्तहोतेभये ॥ तिसतैंअनंतर सोयाज्ञवल्क्य आपणे विद्याकीउत्कृष्टताबोधनकरणेवासतैं आपही सर्वब्राह्मणों के प्रति प्रश्नकरताभया ॥ हेब्राह्मणो ॥ जैसे लोकविषे पुष्पों तैंविनाहीं फलकूंग्रह

णकरणेहारे पिप्पलादिकवृक्ष मिथ्याप्रतीतहोवैं हैं ॥ तैसे यहमनुष्यादिकशरीरभी मिथ्याहीप्रतीतहोवै है ॥ अब मनुष्यादिकशरीरोंविषे तथापिप्पलादिकवृक्षोंविषे समानता दिखावैं हैं हेब्राह्मणो ॥ जैसे पिप्पलवृक्षकेअनेकपत्रहोवैं हैं ॥ तैसे यामनुष्यादिकशरीरकेअनेक लोमहैं ॥ और जैसे पिप्पलवृक्षकी बाह्यत्वचा कठिनहोवैहै ॥ तैसे याशरीरकीभीबाह्यत्वचाकठिनहै ॥ और जैसे कुठारकरिकैछेदनकियेहुए वृक्षकेभीतरसे रसनिकसैहै तथा श्वेतवस्त्रकेसमान त्वचाकानीचलाभागनिकसैहै तैसे शस्त्रकरिकैछेदनहुए याशरीरतैंभी रुधिर निकसैहै ॥ तथा श्वेतवस्त्रकेसमान त्वचाकानीचलाभागनिकसैहै ॥ और जैसे कुठारकरिकैछेदनकियेतैं वृक्षतैं काष्ठमयखंड बाहर निकसैं हैं ॥ तैसे शस्त्रकरिकैछेदनकियेतैं याशरीरतैंभी मांसमयखंड बाहरनिकसैं हैं ॥ और जैसे पिप्पलादिकवृक्षोंविषेस्थितनाडियां मिलिकरिकै ग्रंथीकूंकरैं हैं ॥ तैसे मनुष्यादिकशरीरोंविषेभी अनेक सूक्ष्मनाडियाँ मस्तकादिकअंगोंविषे एकठीहोइके ग्रंथिकूंकरैं हैं ॥ और जैसे वृक्षकेभीतर कठिनसारभागहोवैहै ॥ तैसे यामनुष्यादिकशरीरोंविषेभी कठिणअस्थियां हैं ॥ और जैसे वृक्षके कठिनसारभाग विषे रसहोवैहै ॥ तैसे यामनुष्यादिकशरीरोंकेअस्थियोंविषे मज्जारूपीरसहोवैहै ॥ यातैं मनुष्यादिकशरीरोंविषे तथापिप्पलादिकवृक्षों विषे सर्वप्रकारतैं समानताप्रतीतहोवैहै ॥ परंतु हेब्राह्मणो ॥ मनुष्यादिकशरीरोंविषे तथापिप्पलादिकवृक्षोंविषे एकविशेषताभी प्रतीतहो वैहै ॥ सोविशेषता जिसकारणतैं है ॥ सोकारण तुमसंपूर्णब्राह्मण हमारेप्रति कथनकरो ॥ अब ताविशेषताकूंदिखावैं हैं ॥ हेब्राह्मणो ॥ जैसे कुठारादिकोंकरिकै छेदनहुआवृक्ष पुनःतिसीमूलतैं नवीनहोइके उत्पन्नहोवैहै ॥ यहसर्वलोकोंकूं अनुभवसिद्धहै ॥ तैसे नाशकूंप्राप्तहुए यहशरीरादिक जिसमूलतैंनवीनहोइके उत्पन्नहोवैं हैं ॥ सोमूल प्रत्यक्षदेखीतानहीं ॥ और मूलतैंविना नवीनशरीरोंकीउत्पत्तिसंभवैनहीं ॥ यातैं शरीरादिकोंकाभी कोईमूलहोवैगा ॥ सोमूल तुमसर्वब्राह्मण हमारेप्रतिकहो ॥ और हेब्राह्मणो ॥ जोतुम पिताकावीर्य तथामाताका रक्त याशरीरकामूलकहो ॥ सोयहतुमाराकहणा संभवैनहीं ॥ काहेतैं प्राणोंकूंधारणकरणेहारे जेदेहधारीजीवहैं ॥ तिनोंविषे अन्नादिकोंके भक्षणतैं वीर्यकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ और हमारेपूछणेकातो यहअभिप्रायहै ॥ जिससुषुप्तिअवस्थाविषे तथाप्रलयअवस्थाविषे संपूर्णकार्यप्रपंच

चकानाशहोवैहै ॥ तिसतैंअनंतर किसमूल कारणतैं नवीनदेहादिक उत्पन्नहोवैं हैं ॥ और मातापितादिकोंकेशरीर प्रलयकालविषैहैंनहीं ॥
यातैं देहकामूलकारण वीर्यनहीं॥और हेब्राह्मणो जोतुमयहकहो॥जैसे पिप्पलकावृक्ष प्रसिद्धआपणेमूलतैं विनाभी अन्यवृक्षकेऊपरनवीनहो
इकेउत्पन्नहोवैहै॥ तैसे यहशरीरभी मूलतैंविनाहीं नवीनहोइकेउत्पन्नहोवैगा॥सोयहतुमाराकहणाभी संभवैनहीं॥काहेतैं अन्यवृक्षकेऊपर जो
पिप्पलकावृक्षउत्पन्नहोवैहै॥सो यद्यपि आपणेमूलतैं उत्पन्नहोवैनहीं॥तथापि तावृक्षकेऊपर पिप्पलकेबीजकूंपक्षीलेजावैं हैं ॥ ताबीजतैं तहां
पिप्पलकावृक्ष उत्पन्नहोवैहै॥बीजतैंविना अन्यवृक्षकेऊपर पिप्पलकावृक्ष उत्पन्नहोवैनहीं॥तैसे याशरीरादिकोंके मूलरूपकारणकेअभावहुएभी
बीजरूपकारण कोईतुमारेकूं कह्याचाहिये ॥ सोबीजकेसमान याशरीरादिकोंकाकौनकारणहै यहतुमकहो और हेब्राह्मणो ॥ जोतुमयहकहो
शरीरादिकप्रपंचकेमूलरूपकारणके तथाबीजरूपकारणके निश्चयकरणेकरिकै॥किसीप्रयोजनकीसिद्धिहोवैनहीं॥सोयहतुमाराकहणा संभवै
नहीं ॥ काहेतैं जैसे जिसपुरुषकूंवृक्षकेनाशकरणेकीइच्छाहोवैहै ॥ सोपुरुष तावृक्षकेमूलका कुठारकरिकैछेदनकरैहै ॥ तथा तावृक्षकेबीजकूं
अग्निविषेजलावैहै ॥ तादोनोंउपायोंकरिकै वृक्षकानाशहोवैहै ॥ तैसे याअधिकारीपुरुषकूं जभी शरीरादिकप्रपंचकेमूलका तथाबीजका ज्ञान
होवैहै ॥ तभी सोअधिकारीपुरुष असंगबुद्धिरूपशस्त्रकरिकै तथाज्ञानरूपीअग्निकरिकै तामूलबीजकानाशकरैहै ॥ मूलादिकोंकेज्ञानतैंविना
ताकानाशकरणासंभवैनहीं ॥ यातैं देहादिकप्रपंचकामूलरूपकारण तथाबीजरूपकारण अवश्यजान्याचाहिये ॥ और हेब्राह्मणो॥जोतुमयह
कहो॥जोपदार्थ एकवार उत्पन्नहोताहै ॥ सोपदार्थ पुनःदूसरीवार उत्पन्नहोतानहीं ॥ किंतु स्वभावरूप कारणतैं अपूर्वपदार्थही उत्पन्नहोवैहै ॥
यातैं मूलकेविचारकरणेका कछुप्रयोजननहीं ॥ सोयहतुमाराकहणाभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं जोएकवार उत्पन्नहुएपदार्थकी पुनःउत्पत्ति
नहींअंगीकारकरिये ॥ तौ करेहुएपुण्यपापरूपकर्मोंका भोगेतैंविनाहीनाशहोवैगा ॥ और न करेहुएपुण्यपापरूपकर्मोंका सुखदुःखरूपफल
भोगणाहोवैगा ॥ यहकृतनाश अकृताभ्यागमरूप दोनोंदोषोंकोप्राप्तिहोवैगी॥और जोपूर्वउत्पन्नहुएपदार्थकी पुनःउत्पत्ति अंगीकारकरिये॥
तौ यहदोनोंप्रकारकेदोष प्राप्तहोवैंनहीं ॥काहेतैं पूर्वजन्मविषे याजीवनें जोपुण्यपापरूपकर्मकरेहैं॥तिनपुण्यपापरूपकर्मोंकाफल सुखदुःख

इसजन्मविषेभोगेहै ॥ और इसजन्मविषे जोजीव पुण्यपापकर्मोंकूंकरैहै ॥ तिनकर्मोंकाफल जन्मांतरविषे भोगेगा ॥ यातैं पूर्वउत्पन्नहुएप
दार्थविषेहीं पुण्यपापरूपअदृष्टरहैहै ॥ और जोपदार्थ नरशृंगकीन्याईं पूर्वकदाचित्भीउत्पन्ननहींभया ॥ तापदार्थविषे पुण्यपापरूपअदृष्ट
संभवैनहीं ॥ किंवा ॥ जोपूर्वउत्पन्नहुएपदार्थकी पुनःउत्पत्ति नहींअंगीकारकरिये ॥ तौ माताकेगर्भतैं निकस्याहुआबालक तिसीकालविषे
स्तनपानविषे प्रवृत्तहोवैहै सो न होणाचाहिये॥काहेतैं यहपदार्थ मेरेसुखकासाधनहै याप्रकारका सुखसाधनताज्ञान जीवोंकेप्रवृत्तिविषेकार
णहै ॥ सुखसाधनताज्ञानतैंविना किसीजीवकीप्रवृत्तिहोतीनहीं ॥ और जन्मकालविषे यहस्तनपान हमारेसुखकासाधनहै याप्रकारकाज्ञान
ताबालककूंहैनहीं॥यातैं ताबालककी स्तनपानविषे प्रवृत्तिनहींहोणीचाहिये ॥ और उत्पन्नहुएपदार्थकी जोपुनःउत्पत्तिअंगीकारकरिये ॥तौ
यादूषणकीप्राप्तिहोवैनहीं काहेतैं जन्मकालविषे याजीवकूं यद्यपि यहस्तनपानहमारेसुखकासाधनहै याप्रकारकाज्ञान अनुभवरूपनहीं ॥
तथापि पूर्वअनंतजन्मोंविषे यहजीव स्तनपानविषे सुखकीसाधनताका अनुभवकरिआयाहै ॥ ताअनुभवजन्यसंस्कारोंतैं याजीवकूं जन्म
कालविषे यहस्तनपानहमारेसुखकासाधनहै याप्रकारकास्मृतिज्ञानहोवैहै ॥ तिसतैंअनंतर यहबालक स्तनपानविषेप्रवृत्तहोवैहै॥यातैं उत्प
न्नहुएपदार्थकीहीउत्पत्तिहोवैहै॥अपूर्वपदार्थकीउत्पत्तिहोवैनहीं ॥और हेब्राह्मणो॥जोतुमयहकहो जैसे बीजतैं अंकुरहोवैहै और अंकुरतैं पुनः
बीजहोवैहै ॥ तैसे पुण्यपापरूपअदृष्टतैं यहशरीरहोवैहै ॥ और याशरीरतैं पुनःपुण्यपापरूपअदृष्टहोवैहै ॥ यातैं दूसरेकिसीकारणकाविचा
रकरणा निष्फलहै ॥ सोयहतुमाराकहणाभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं जैसे बीजविषे तथा अंकुरविषे पृथ्वीरूपकारण अनुगतहुआप्रतीतहो
वैहै ॥ तैसे पुण्यपापरूपअदृष्टविषे तथाशरीरविषे कोईअनुगतकारण प्रतीतहोतानहीं ॥ यातैं बीजअंकुररूपविषमदृष्टांतकरिकै अदृष्टशरी
रका कार्यकारणभावसिद्धहोवैनहीं ॥ और हेब्राह्मणो ॥ जैसे बीजविषे तथाअंकुरविषे पृथ्वीरूपमूलकारण अनुगतहै ॥ तैसे पुण्यपापरूप
अदृष्टविषे तथाशरीरविषेभी कोईमूलभूतकारण अनुगतहोवैगा॥सोमूलभूतकारण यद्यपि प्रत्यक्षादिकलौकिकप्रमाणोंकरिकै सिद्धनहींहै ॥
तथापि वेदरूपअलौकिकप्रमाणकरिकै सिद्धहै ॥ यातैं पुण्यपापरूपअदृष्टका तथाशरीरादिकप्रपंचका जोउपादानकारणहै ॥ ताका

स्वरूप तथा लक्षण तुमसर्वब्राह्मण हमारेप्रति कथनकरो॥हेशिष्य!याप्रकारकाप्रश्न जभीयाज्ञवल्क्यनें सर्वब्राह्मणोंकेप्रतिकऱ्या।तभी तेसंपूर्ण ब्राह्मण जगत्केकारणकूं नहींजाणतेभये॥यातें तेसंपूर्ण ब्राह्मणपराजयकूंप्राप्तहोतेभये॥ तिसतेंअनंतर सोयाज्ञवल्क्यमुनि मुमुक्षुजनोंकेहित वासतै आपही ताप्रश्नकेउत्तरकूंकहताभया ॥ याज्ञवल्क्यउवाच ॥ हेब्राह्मणो ॥ स्थूलसूक्ष्मरूप जितनाकीजडप्रपंचहै॥ तिसका विज्ञानआनंदरूप परमात्माहीं कारणहे ॥ केसाहैसोपरमात्मादेव सुवर्णादिकपदार्थोंकेदानकरणेहारे जेपुरुषहैं ॥ तिनोंकूं सुखरूपफलकीप्राप्तिकरणेहाराहै ॥ और ब्रह्महत्यादिकपापकर्मोंके करणेहारेजेपुरुषहैं ॥ तिनोंकूं दुःखकीप्राप्तिकरणेहाराहै ॥ इहांयहतात्पर्यहै॥परमात्माका दोप्रकारकालक्षणहोवैहै ॥ एकतो स्वरूपलक्षण ॥ और दूसरा तटस्थलक्षण ॥ तहां जोलक्षण आपणेलक्ष्यकास्वरूपहुआ इतर पदार्थोंतेंआपणेलक्ष्यकीव्यावृत्तिकरैहै ताकूं स्वरूपलक्षणकहेहैं ॥ जैसे विज्ञान आनंद ब्रह्मकेस्वरूपभूतहुए जडप्रपंचतें ब्रह्मकीव्यावृत्तिकरैहैं ॥यातें विज्ञानआनंद यह ब्रह्मका स्वरूपलक्षणहै ॥ और जोलक्षण आपणेलक्ष्यविषेसर्वदानहींरहेहै ॥ किंतु कदाचित्रहेहै कदाचित्नहींरहेहै ॥ और आपणेलक्ष्यकूं इतरपदार्थोंतेंभिन्नकरिकेजनावैहै ताकूं तटस्थलक्षणकहेहैं ॥ जैसे सुखदुःखरूपफलदातृत्व ब्रह्मविषे सर्वदारहे नहीं ॥ किंतु जगत्केस्थितिकालविषेरहैहै ॥ और आकाशादिकजडपदार्थोंतें लक्ष्यरूपब्रह्मकीव्यावृत्तिकरैहै ॥ यातें सुखदुःखरूपफलदातृत्व ब्रह्मकातटस्थलक्षणहै ॥ इसप्रकार जगत्केमूलकारणकूंनिरूपणकरिके ॥ अब पूर्वउक्तवृक्षरूपदृष्टांतकी समानता दिखावैं हैं ॥ हेब्राह्मणो ॥ जैसे वृक्षके मूलकेनाशहुएभी पुनःवृक्षकीउत्पत्तिविषे बीज कारणहोवैहै॥ तैसे याजीवोंके स्थूलशरीरकेनाश हुएभी पुनःस्थूलशरीरकीउत्पत्तिविषे सूक्ष्मशरीर कारणहे ॥ और जैसे तिनबीजोंकेभीनाशहुएतेंअनंतर केवलपृथिवी स्थितहोवैहे ॥ तैसे सुषुप्तिअवस्थाविषे तथाप्रलयकालविषे तासूक्ष्मशरीरकेभी लयहुएतेंअनंतर केवलअज्ञान स्थितहोवैहै ॥ शंका ॥ हेयाज्ञवल्क्यअज्ञानतें तथासूक्ष्मशरीरतेंहीं सर्वजगत्कीउत्पत्ति संभवहोइसकैहै ॥ ब्रह्मकूं किसवासतेअंगीकारकरणा॥ समाधान॥ हेब्राह्मणो जैसे वृक्षकीउत्पत्तिकरणेविषे बीजकूं अदृष्टरूपनिमित्तकारणकीअपेक्षाहोवै है ॥ तैसे स्थूलशरीरकीउत्पत्तिकरणेविषे सूक्ष्मशरीरकूं परमात्माकीअपेक्षाहो

वैहै ॥ चैतन्यरूपपरमात्माकीसत्तातैंविना जडसूक्ष्मशरीर स्थूलशरीरकीउत्पत्तिकरिसकैनहीं ॥ यातैं परमात्माकूं अवश्यअंगीकारकऱ्या चाहिये ॥ किंवा ॥ पृथिवीविषेस्थितजे बीजहैं ॥ तिनोंका अंकुररूपकार्यद्वारा ज्ञानहोवैहै ॥ तहाँ पृथिवीविषे संस्काररूपकरिकैजोबीजों कोस्थितिहै॥सो अंकुररूपकार्यद्वारा बीजोंकिज्ञानविषेकारणहै॥काहेतैं जोसंस्काररूपकरिकै बीज पृथिवीविषेनहींहोवै ॥ तौ अंकुररूपकार्य द्वारातिनबीजोंकाज्ञान होवैगानहीं॥तैसे सुषुप्तिअवस्थाविषे तथाप्रलयकालविषेस्थितजो अज्ञानहै ॥सोअज्ञानहीं सृष्टिकालविषे सूक्ष्मशरी राकारपरिणामकूंप्राप्तहोवैहै॥यातैं अज्ञानविषे जोसूक्ष्मशरीरकेसंस्कारहैं॥तेसंस्कार सूक्ष्मशरीरकीउत्पत्तिकेकारणहैं॥काहेतैं जोप्रलयका लविषे सूक्ष्मशरीरकेसंस्कार अज्ञानविषेनहींहोवैं ॥ तौ सृष्टिकालविषे अज्ञानतैं सूक्ष्मशरीरकीउत्पत्ति नहींहोणीचाहिये ॥ यातैं प्रलयका लविषे सूक्ष्मशरीरकेसंस्कार अज्ञानविषेरहैं हैं ॥ और तेसंस्कार अत्यंतसूक्ष्महैं ॥ यातैं सर्वज्ञपरमात्मातैंविना किसीजीवकरिकैजानेनहीं ॥ यातैं तिनसूक्ष्मसंस्कारोंकूंजानणेहारा सर्वज्ञपरमात्मा अवश्यअंगीकारकऱ्याचाहिये ॥ किंवा ॥ जैसे अमूर्त्तआकाशविषे यहमूर्त्तरूपपृ थिवीस्थितहै ॥ तैसे विज्ञानरूपपरमात्माविषे यहजडअज्ञानस्थितहै ॥ चैतन्यरूपपरमात्मातैंविना अन्यकिसीपदार्थविषे अज्ञानरहैनहीं ॥ काहेतैं चैतन्यपरमात्मातैंभिन्न जितनेकजडपदार्थ हैं ॥ ते अज्ञानकाकार्यहैं ॥ यातैं तिनजडपदार्थोंविषे अज्ञानरहैनहीं ॥ किंवा ॥ अज्ञान जिसकेआश्रितरहैहै ॥ तिसीपदार्थकूं अंधकारकीन्याईं आवरणकरैहै ॥ यहअज्ञानकास्वभावहै ॥ और आकाशादिकजडपदार्थ स्वभावतैं हींआवरणरूपहैं ॥ यातैं अज्ञानकृतआवरण तिनजडपदार्थोंविषेसंभवैनहीं ॥ याकारणतैंभी जडपदार्थोंविषे अज्ञान नहींरहैहै ॥ किंवा॥ जोवादी आकाशादिकजडपदार्थोंकेआश्रित अज्ञानकूंअंगीकारकरै ॥ तासैं यहपूछाचाहिये ॥ जभी आकाशादिकजडपदार्थ नहींउत्प न्नभयेथे ॥ तभी सोअज्ञान आश्रयतैंविनारहताथा ॥ अथवा किसीदूसरेकेआश्रितरहताथा ॥ तहाँ जोप्रथम निराश्रयपक्ष अंगीकार करो सोसंभवैनहीं ॥ काहेतैं लोकविषे अज्ञानहै याप्रकारकाशब्दश्रवणकरिकै लोक यह पूछैहैं ॥ किसवस्तुकाअज्ञानहै तथाकिसविषे अज्ञानहै ॥ याप्रकारकेलोकोंकोअनुभवतैं अज्ञानविषेआश्रयकी तथाविषयकी अवश्यअपेक्षारहैहै ॥ यातैं आश्रयतैंविना अज्ञानरहैनहीं ॥

और आकाशादिकजडपदार्थोंकीउत्पत्तितैंपूर्व किसीदूसरेकेआश्रित अज्ञानरहैहै ॥ यहदूसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरै ॥ तासैं यहपूछा चाहिये॥ सोदूसरा जीवहै अथवा ईश्वरहै अथवा शुद्धपरमात्माहै ॥ तहाँ जीवईश्वरविषे तौ अज्ञानकीआश्रयतासंभवैनहीं ॥ काहेतैं अज्ञान विशिष्टचैतन्यकानाम जीवईश्वरहै ॥ ताजीवईश्वरविषे जो अज्ञानकीआश्रयतामानिये ॥ तौ अज्ञानविषे अज्ञानकीआश्रयतारूप आत्माश्रयदोषकीप्राप्तिहोवैगी ॥ यातैं जीवईश्वरकेआश्रित अज्ञाननहीं ॥ किंतु परिशेषतैं शुद्धपरमात्माकेआश्रित अज्ञानरहैहै ॥ यह सर्ववेदांतकासिद्धांतहै ॥ और हेब्राह्मणो ॥ जैसे यालोकविषे निर्धनपुरुष धनीपुरुषकूंआश्रयणकरैहै ॥ तैसे दुःखरूपयहअज्ञान विज्ञानआनंदरूप आत्माकूं आश्रयणकरैहै ॥ अब विज्ञानआनंददोनोंका अभेददिखावैं हैं ॥ हेब्राह्मणो ॥ यालोकविषेभी विज्ञानतैंभिन्नआनंददेखीतानहीं ॥ काहेतैं मैंसुखीहूं याप्रकारकेज्ञानतैंविना आनंदकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ यातैं आनंद विज्ञानरूपहै ॥शंका॥ जैसे मैंसुखीहूं याप्रकारके विज्ञानतैं विना सुखकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ यातैं सुख विज्ञानरूपहै ॥ तैसे मैंदुःखीहूं याप्रकारकेज्ञानतैंविना दुःखकी भीसिद्धिहोवैनहीं ॥ यातैं दुःखभी विज्ञानरूपहोणाचाहिये ॥समाधान॥हेब्राह्मणो॥ सुख विज्ञानरूपहै याकेविषे केवललोकप्रसिद्धिप्रमाणनहीं॥किंतु विज्ञानमानंदंब्रह्म ॥यहश्रुतिभीप्रमाणहै ॥ तैसे दुःखकीविज्ञानरूपताविषे कोईश्रुति तथाप्रत्यक्षादिकप्रमाणहैंनहीं॥यातैं दुःख विज्ञानरूपनहीं॥शंका॥हेयाज्ञवल्क्य ॥ सर्वशास्त्रोंविषे अप्राप्तवस्तुकीप्राप्तिरूपयोग तथाप्राप्तवस्तुकापरिपालनरूपक्षेम यादोनोंरूपोंकरिकें सुखदुःखकीसमानताहीं कथनकरीहै ॥ यातैं जोसुखकूंविज्ञानरूपमानौंगे ॥ तौ दुःखकूंभीविज्ञानरूपता होणीचाहिये ॥ और जोसुखकूं विज्ञानरूपमानिकेदुःखकूं विज्ञानरूप नहींमानौंगे ॥ तौ सर्वशास्त्रोंविषेकथनकरीहुई सुखदुःखकीसमानयोगक्षेमता असंगतहोवैगी ॥ समाधान ॥ हेब्राह्मणो यद्यपि सर्वशास्त्रोंविषे सुखदुःखकीसमानताकहीहै ॥ तथापि सुखदुःखविषे याप्रकारकीविलक्षणता सर्वलोकोंकूं अनुभवसिद्धहै ॥ संपूर्णलोक यहसुख हमारेकूं सर्वदाहोवै याप्रकार आत्मसंबंधिसुखकीइच्छाकरैं हैं ॥ और संपूर्णलोक यहदुःख हमारेकूं कदाचित्भीनहोवै याप्रकार दुःखविषेद्वेषबुद्धि करैं हैं ॥ याकहणेतैं यहसिद्धभया॥मेरेकूं यहपदार्थ सर्वदाहोवै याप्रकारकीइच्छाकाविषय जोपदार्थहोवैहै सोपदार्थ अनुकूलहोवैहै ॥ तथा

स्वशब्दकरिकेप्रतिपाद्यहोवैहै॥और मेरेकूं यहपदार्थ कदाचित्भीनहींहोवै याप्रकारकीइच्छाकाविषय जोपदार्थहोवैहै ॥ सोपदार्थप्रतिकूलहो वैहै तथा स्वशब्दकरिके अप्रतिपाद्यहोवैहै॥तहाँ मेरेकूंसर्वदासुखहोवै याप्रकारकीइच्छा सर्वजीवोंकूंहोवैहै ॥ताइच्छाविषेभी सर्वदासुखहोवै इतनैअंशकरिके तो सुखविषे अनुकूलताप्रतीतहोवैहै ॥ और मेरेकूं इतनेअंशकरिके सुखविषे स्वशब्दकीप्रतिपाद्यता प्रतीतहोवैहै ॥ यातैं यहसुखका लक्षणसिद्धभया ॥ जो सर्वदाअनुकूलहोवै तथा स्वशब्दकरिकेप्रतिपाद्यहोवै ताकूं सुखकहैहैं ॥ और मेरेकूं दुःख कदाचित्भी नहोवै याप्रकारकीइच्छाभी सर्वजीवोंकूंहोवैहै ॥ यातैं दुःखका यहलक्षणसिद्धभया ॥ जो सर्वजीवोंकूंप्रतिकूलहोवै तथा स्वशब्दकरिकेअप्र तिपाद्यहोवै ताकूं दुःखकहैहैं ॥ तहाँ जोअनुकूलहोवै ताकूंसुखकहैहैं इतनाजो सुखकालक्षणकरिये ॥ तो वैरीपुरुषकासुखभी सुखरूपकरि केअनुकूलहीहै ॥ यातैं वैरीपुरुषकासुखभी अन्यपुरुषकूं सुखरूपहोणाचाहिये ॥ और वैरीकासुख किसीकूं सुखरूपहोइकेप्रतीतहोवैनहीं याकारणतैं स्वशब्दकरिकेप्रतिपाद्यकह्या ॥ और जोस्वशब्दकरिकेप्रतिपाद्यहोवै ताकूंसुखकहैहैं ॥ इतनाहीं जोसुखकालक्षणकरिये ॥ तो यहमेराशत्रुहै यहमेरादुःखहै याप्रकारकीप्रतीति सर्वजीवोंकूंहोवैहै ॥ यहाँ स्वशब्दकरिकेप्रतिपाद्यता वैरिविषे तथादुःखविषेभी प्रतीतहो वैहै ॥ यातैं वैरी तथादुःखभी सुखरूपहोणाचाहिये ॥ याकारणतैं अनुकूलकह्या ॥ वैरिविषे तथादुःखविषे किसीकूंअनुकूलताज्ञानहैनहीं ॥ शंका ॥ जो अनुकूलहोवै तथास्वशब्दकरिकेप्रतिपाद्यहोवै ताकूं सुखकहैं हैं ॥ यासुखकेलक्षणविषे स्वशब्दकाअर्थ आत्माकासंबंधी लेणा ॥ अथवा स्वशब्दकाअर्थ आत्माहीलेणा ॥ तहाँ जो आत्माकासंबंधी स्वशब्दकाअर्थमानिये ॥ तो जैसे आत्माकेसंबंधीशरीरादिक आत्मारूपनहींहैं ॥ तैसे आत्माकासंबंधीसुखभी आत्मारूपनहींहोवैगा ॥ और जोस्वशब्दकाअर्थ आत्मा मानिये ॥ तो मेरेकूंसुखहोवै याप्रतीतिविषे सुखका तथाआत्माका भेदप्रतीतहोवैहै सो न होणाचाहिये ॥ किंतु मैंसुखहूं याप्रकारकीप्रतीतिहोणीचाहिये ॥ समाधान ॥ सुखकेलक्षणविषे जोस्वशब्दहै ॥ ताका आत्माकासंबंधी अर्थनहीं ॥ किंतु आत्माही तास्वशब्दकाअर्थहै ॥ यातैं सुख आत्मारूपहै ॥ और जैसे लोकविषे यहपुरुष आपका आपहीउपकारकरताहै याप्रकारका शब्द उच्चारणकरैहैं ॥ ताशब्दकरिके यद्यपि आपणेविषेआप

णाभेद प्रतीतहोवैहे ॥ तथापि आपणेविषेआपणाभेदहेनहीं ॥ यातें सोप्रतीति भ्रमरूपहे ॥ तैसे श्रुतिप्रमाणकरिके सुखआत्माकेअभेदकी सिद्धिहुएभी मेरेकूंसुखहोवे याप्रकारकेशब्दकरिके जोसुख आत्माका भेद प्रतीतहोवैहे सोप्रतीति भ्रांतिरूपहे ॥ यातें ताभ्रांतिज्ञानक रिके सुख आत्माकाभेद सिद्धहोवैनहीं ॥ किंवा ॥ सुखका तथा आत्माका जोपरस्परसंबंधहे सोनित्यहे ॥ काहेतें जो सुख आत्माकासंबंध अनित्यमानिये ॥ तो जो अनित्यपदार्थहोवैहे ॥ सो किसीकालविषे होवैहे और किसीकालविषेनहींहोवैहे ॥ जैसे घटादिकअनित्यपदार्थ किसीकालविषेहैं और किसीकालविषेनहींहैं ॥ तैसे सुखआत्माकासंबंधभी जिसकालविषेनहींहोवैगा ॥ तिसकालविषे आत्मा सुखतैंभिन्नहोवैगा ॥ और जो सुखतैंभिन्नहोवैहे ॥ सोदुःखकीन्याई प्रतिकूलहीहोवैहे ॥ यातें आत्माविषेभी प्रतिकू लताहोणीचाहिये ॥ और किसीकालविषे किसीजीवकूं आपणेआत्माविषे प्रतिकूलताहोवैनहीं ॥ किंतु सर्वजीवोंकूं आपणेआत्माविषे अनु कूलताहीहोवैहे ॥ यातें सुखआत्माका नित्यसंबंधहे ॥ शंका ॥ समवायसंबंधकूंही नैयायिक नित्यसंबंधमानें हैं ॥ और गुण द्रव्यविषे सम वायसंबंधकरिकेरहैहे ॥ यातें सुखरूपगुणभी आत्माविषे समवायसंबंधकरिकेरहेहे ॥ और जिनोंका समवायसंबंधहोवैहे ॥ तिनोंका परस्पर भेदहीहोवैहे ॥ यातें सुखआत्माका भेदहीसिद्धहोवैगा ॥ समाधान ॥ सुखआत्माका परस्पर समवायसंबंधनहीं ॥ किंतु कल्पितभेदयुक्त वास्तवअभेदरूप जोतादात्म्यसंबंधहे ॥ सोतादात्म्यहीं सुखआत्माका नित्यसंबंधहे ॥ काहेतें नेतिनेति यहश्रुति आत्मातैंभिन्न सकलजगतकानिषेधकरैहे ॥ और हेब्राह्मणो ॥ जैसे सुख आत्मातैंभिन्ननहीं ॥ तैसे विज्ञानभी आत्मातैंभिन्ननहीं ॥ काहेतें जोविज्ञानकूं आत्मातैंभिन्न अंगीकारकरिये ॥ तो जैसे बुद्धिकीवृत्तिरूप गौणज्ञान आत्मातैंभिन्नहे यातें जडरूपहे ॥ तैसे आत्मातैंभिन्नहुआविज्ञानभी जडरूपहोवैगा ॥ और जोजोपदार्थ जडहोवैहे ॥ तिसकूं आपणीसिद्धिवासते अन्यज्ञानकीअपेक्षारहैहे ॥ जैसे घटादिकजडपदार्थ आपणी सिद्धिविषे अन्यज्ञानकीअपेक्षाकरैहैं ॥ तैसे जडविज्ञानभी आपणीसिद्धिविषे किसीअन्यविज्ञानकीअपेक्षाकरेगा ॥ और सोदूसराविज्ञानभी आपणीसिद्धिविषे किसीतीसरेविज्ञानकीअपेक्षाकरेगा ॥ याप्रकार विज्ञानोंकीअनवस्थारूपदोषकीप्राप्तिहोवैगी ॥ किंवा ॥ जो

आपणीसिद्धिविषे अन्यविज्ञानकीअपेक्षाकरैहैं ॥ सो विज्ञानरूपहोवैनहीं ॥ जैसे घटादिकपदार्थ आपणीसिद्धिविषे अन्यविज्ञानकीअपे क्षाकरैहैं ॥ यातैं घटादिक विज्ञानरूपनहीं ॥ तैसे विज्ञानभी जोआपणेप्रकाशवासतै दूसरेविज्ञानकीअपेक्षाकरैगा ॥ तौ विज्ञानभी घटा दिकोंकीन्याई अविज्ञानरूपहोवैगा और विज्ञानकूं अविज्ञानरूपकहणा अत्यंतविरुद्धहै ॥ यातैं सुखकीन्याई विज्ञानभी स्वप्रकाशआत्मा रूपहै ॥ और हेब्राह्मणो ॥ संपूर्णजगत्‌विषे मिथ्यात्वबोधनकरणेवासतै श्रुति विज्ञानआनंदरूपआत्माकूं ब्रह्मरूपकरिकै कथनकरैहै ॥ तात्पर्ययह॥ देशपरिच्छेद कालपरिच्छेद वस्तुपरिच्छेद यातीनपरिच्छेदोंतैंरहितमहान्‌अर्थकूं ब्रह्मशब्द बोधनकरैहै॥तहाँ प्रपंचकूँ जोसत्य मानिये ॥ तौ ब्रह्मविषे वस्तुपरिच्छेदकीप्राप्तिहोवैगी ॥ यातैं ब्रह्मशब्द आत्मातैंभिन्न सर्वजगत्‌विषे मिथ्यात्वकूंबोधनकरताहै ॥ और हेब्राह्मणो ॥ जैसे एकहीआकाशविषे घटमठादिकउपाधियोंकरिकै नानाप्रकारकाभेद प्रतीतहोवैहै ॥ तैसे एकहीअद्वितीयआत्माविषे अज्ञानादिकउपाधियोंकरिकै नानाप्रकारकाभेद प्रतीतहोवैहै ॥ यातैं ब्रह्मविषे सजातीयभेदनहीं ॥ और हेब्राह्मणो जैसे मायावीपुरुषनैं आपणीमायाकरिकै आकाशविषे उत्पन्नकऱ्याजो मायामयशरीर ॥ ताशरीररूपउपाधिकेविद्यमानहुए मायावीपुरुषका जोआकाशादिकों विषेभेद प्रतीतहोवैहै ॥ तथा आकाशादिकोंका जोमायावीपुरुषविषेभेद प्रतीतहोवैहै ॥ सोभेद उपाधिकेमिथ्याहोणेतैं मिथ्याहीहै ॥ तैसे अज्ञानादिकउपाधियोंकेमिथ्याहोणेतैं तिनअज्ञानादिकोंकरिकैकऱ्याहुआ जोब्रह्मविषेनानाप्रकारकाभेदहै सोभी मिथ्याहीहै ॥ यातैं विजा तीयभेदभी ब्रह्मविषेनहीं ॥ और विज्ञानआनंदरूपब्रह्म सर्वदाएकरसहै तथानिरवयवहै ॥ यातैं स्वगतभेदभी ब्रह्मविषेनहीं ॥ और हेब्राह्म णो ॥ यहजोविज्ञानआनंदरूपब्रह्म हमनैं तुमारेप्रतिकथनकऱ्याहै॥सोशुद्धब्रह्म जगत्‌काकारणहोवैनहीं ॥ किंतु मायाकरिकैविशिष्टहुआ सो ब्रह्म जगत्‌काकारणहोवैहै॥याअभिप्रायकरिकैही श्रुतिनैं पुण्यपापकेफलप्रदाताकूं जगत्‌काकारण कह्याहै ॥ शुद्धब्रह्मविषे फलप्रदातृत्वसं भवैनहीं ॥ और हेब्राह्मणो॥मायाविषे जगत्‌कीकारणता बोधनकरणेवासतै मायाविशिष्टपरमात्माविषे जगत्‌कीकारणता पूर्वकथनकरी ॥ परंतु याअर्थविषेभी अनुपपत्तिरूपदूषणकीप्राप्तिहोवैहै ॥ काहेतैं चैतन्यकीसत्तातैंविना सोजडमाया आपणीस्थितिकरणेविषेभी समर्थ

नहींहोवैहै ॥ तौ संपूर्णजगत्केनिर्वाहकरणेविषे सोजडमाया किसप्रकार समर्थहोवैगी ॥ याप्रकारकेअनुपपत्तिकाविचारकरिकैसोवेदभगवान् केवलशुद्धब्रह्मकूंहीं सर्वजगत्काअधिष्ठानकथनकरताभयाहै ॥ और हेब्राह्मणो ॥ सोब्रह्म केवल जडअज्ञानकाअधिष्ठाननहीं ॥ किंतुब्रह्मचर्यादिकसाधनोंकरिकै जिनपुरुषोंकूं मैंब्रह्महूं याप्रकारकाअभेदज्ञानभया ॥ तिनविद्वान्पुरुषोंकाभी सोशुद्धब्रह्महीं परमस्थानहै ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य ॥ मायाकरिकैविशिष्टहुआ जोब्रह्म पुण्यपापकेफलकादाताहै ॥ और मायातैंरहितहुआ जो ब्रह्मज्ञानी पुरुषोंकाआत्माहै ॥ सोईहीब्रह्म याजगत्का उपादानकारणहै ॥ याअभिप्रायकरिकै याज्ञवल्क्यमुनिने सर्वब्राह्मणों तैं जगत्काकारणपूछाथा ॥ परंतु तेसंपूर्णब्राह्मण ताजगत्केकारणकूं नहींजाणतेभये ॥ ऐसाकारणरूपब्रह्म हमअधिकारियों नैं वेदकेवचनोंतैं श्रवणकऱ्याहै ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार सूर्यभगवान्काशिष्य सोयाज्ञवल्क्यमुनि गौवोंकूंगृहविषेलेजाणारूपनिमित्तकरिकै सर्वब्राह्मणोंकापराजय करताभया ॥ और ब्रह्मवेत्ताकाद्वेषी जोशाकल्यथा ताकूं भस्मकरताभया ॥ और जोब्रह्मविद्या सूर्यभगवान्नैं याज्ञवल्क्यकेप्रति कथनकरीथी ॥ और जोब्रह्मविद्या याज्ञवल्क्यने सर्वब्राह्मणोंसेपूछीथी ॥ सोब्रह्मविद्या याज्ञवल्क्यमुनि श्रद्धावान्जनकराजाकेप्रति उपदेशकरताभया ॥ इतिश्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य स्वामिउद्धवानंदगिरिपूज्यपाद शिष्येण स्वामिचिद्घनानंदगिरिणा विरचिते प्राकृतआत्मपुराणे बृहदारण्यक याज्ञवल्क्यकांडसारार्थप्रकाशे ऋषियाज्ञवल्क्यसंवादोनाम पंचमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

इति श्रीस्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषा आत्मपुराणेपंचमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

॥ इतिश्रीस्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषाआत्मपुराणेपंचमोऽध्यायःसमाप्तः ॥

॥ अथ स्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषाआत्मपुराणे षष्ठाऽध्यायप्रारंभः ॥

ॐश्रीगणेशायनमः ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ श्रीकाशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥ श्रीशंकराचार्येभ्योनमः ॥ अथ षष्ठाअध्यायप्रारंभः ॥ पूर्वपंचमअध्यायविषे बृहदारण्यकउपनिषद्के याज्ञवल्क्यकांडकाअर्थ निरूपणकऱ्या ॥ अब षष्ठअध्यायविषे तिसीयाज्ञवल्क्यकांडके अर्थकूं निरूपणकरैं हैं ॥ तहां पूर्वअध्यायोंविषे ब्रह्मविद्याकरिकेंयुक्त जेनानाप्रकारकीकथाहैं ॥ तिनकथावोंकूं गुरुकेमुखतैं श्रवणकरिके सो श्रद्धावान्शिष्य पुनःआपणेगुरुसैंपूछताभया ॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगवन् प्रथमअध्यायविषे आपने वामदेवादिकअधिकारियोंके तथा सनकादिकऋषियोंके संवादकरिके ऐतरेयउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्या ॥ और द्वितीयअध्यायविषे आपने इंद्रप्रतर्दनकेसंवादकरिके कौशीतकिउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्या ॥ और तृतीयअध्यायविषे आपने अजातशत्रु बालाकीकेसंवादकरिके तिसीकौशीतकीउपनि षद्काअर्थ निरूपणकऱ्या ॥ और चतुर्थअध्यायविषे आपने दध्यङ्अथर्वण अश्विनीकुमार देवराजइंद्रकेसंवादकरिके बृहदारण्यकउप निषद्के मधुकांडकाअर्थ निरूपणकऱ्या॥ और पंचमअध्यायविषे आपने याज्ञवल्क्य आश्वलादिकऋषियोंकेसंवादकरिके बृहदारण्यकउ पनिषद्के याज्ञवल्क्यकांडकाअर्थ निरूपणकऱ्या ॥ तिनसंपूर्णअध्यायोंविषे नानाप्रकारकीब्रह्मविद्या आपनैं हमारेप्रति कथनकरी ॥ और हेभगवन् ॥ पंचमअध्यायकेअंत्यविषे आपने यहकह्याथा ॥ सूर्यभगवान्काशिष्य याज्ञवल्क्यमुनिजनकराजाकेप्रति ब्रह्मविद्या उपदेशक रताभया ॥ हेभगवन् ताब्रह्मविद्याकेश्रवणकरणेकी मैंइच्छाकरताहूं ॥ आप कृपाकरिकेकहो ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य ॥ याज्ञवल्क्य मुनिनैं जोब्रह्मविद्या जनकराजाकेताई उपदेशकरीहै ॥ सोसंपूर्णब्रह्मविद्या मैं तुमारेप्रति कथनकरताहूं ॥ तुमसावधानहोइकै ताविद्याकूं श्रवणकरो ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार जभीशाकल्यकामृत्युहुआ ॥ तथा संपूर्णब्राह्मणोंकापराजयहुआ ॥ तभी जनकराजा तथाअन्यसभावा सीलोक आपणेआपणेगृहविषेजातेभये॥और जभी प्रातःकालहुआ तभी दुंदुभितैंआदिलेके जोमधुरस्वरवालेवादित्रहैं तथाअप्सरावोंके समानजोस्त्रियां हैं॥तिनोंकेमधुरशब्दोंकरिके राजाजनक निद्रातैंजाग्रतहोताभया॥औरप्रातःकालविषे शास्त्रनैंविधानकरेजेस्नानादिककर्म॥ तिनकर्मोंकूं सोजनकराजा करताभया॥और ब्राह्मणोंके तथाअन्यवृद्धपुरुषोंके तथाचारणवंदीजनोंके जयजयशब्दोंकूं तथा आशीर्वादोंकूं

सोजनकराजा ग्रहणकरताभया ॥ तिसतैंअनंतर सर्वअलंकारोंकूं धारणकरिके सोजनकराजा नानाप्रकारकेवादित्रोंकेशब्दोंकरिके तथागंधर्वोंकेशब्दकरिकेआपणीराज्यसभाविषेआवताभया ॥ कैसीहैसोसभा ॥ नानाप्रकारके मणि रत्न मोती सुवर्ण रजत करि केरचीहुईहै ॥ और सुधर्मानामा जोदेवतावोंकीसभाहै ताकेसमानहै ॥ और आपणेप्रकाशकरिकेदशदिशावोंकूंप्रकाशकरिरहीहै ॥ ऐसीसभाविषेस्थित जोमणियोंकरिकेजडित सुवर्णमयउच्चसिंहासनहै ॥ तासिंहासनऊपर राजाजनक बैठताभया ॥ और दूसरे ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्यभी यथायोग्य आपणेआपणेआसनऊपर बैठतेभये ॥ और हेशिष्य ॥ याज्ञवल्क्यमुनिभी प्रातःकालविषे स्नानादिकसर्वक्रियाकूंकरिके तथासूर्यभगवान्काआराधनकरिकेसर्वशिष्योंकेसहित ताजनकराजाकीसभाविषेआवताभया ॥ और याज्ञवल्क्यमुनिकूं सभाविषे आयाहुआदेखिके सोधर्मात्माजनकराजा संपूर्णसभावासीजनोंसहित अभ्युत्थानकरताभया ॥ तथा अर्घ्यपाद्यादिकोंकरिके याज्ञवल्क्यमुनिकापूजनकरताभया ॥ और नानाप्रकारके मणि रत्न मोती करिकेजडित तथाअत्यंत कोमल जोसुवर्णमयआसनहै ॥ सोआसन याज्ञवल्क्यमुनिकेताई बैठणेवासते देताभया ॥ और याज्ञवल्क्यकेशिष्योंकेप्रतिभी यथायोग्य आसनदेताभया॥तिसतैंअनंतर ताआसनऊपरबैठिकरिके सोयाज्ञवल्क्यमुनि राजाजनककूं तथा अन्यब्राह्मण क्षत्रिय वैश्योंकूं याप्रकारकी आज्ञाकरताभया ॥ हेराजाजनक हेसंपूर्णसभावासीजनो तुम संपूर्णआपणेआपणेआसनऊपरबैठो ॥ याप्रकार याज्ञवल्क्यमुनिकीआज्ञा कूंपाइके राजाजनकसहित संपूर्णसभावासीलोक याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति नमस्कारकरिके आपणेआपणेआसनऊपर बैठतेभये ॥ तिसतैंअनं तर सो राजाजनक अत्यंतनम्रतापूर्वक नमस्कारकरिके याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ राजाजनकउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्यमुनि ॥ आपसरीखेजेविद्वान्ब्राह्मणहैं ॥ तेही यालोकविषे परमदेवताहैं ॥ काहेतैं जैसे परमात्मादेव जगत्के उत्पत्ति स्थिति लय करणेविषेसमर्थहै ॥ तैसे आपसरीखेविद्वान्ब्राह्मण इंद्रादिकदेवतावोंकेभीउत्पत्ति स्थिति लय करणेविषेसमर्थहैं ॥ तो हमसरीखेदेह धारिजीवोंकी उत्पत्ति स्थिति लय करणेविषे ब्राह्मणसमर्थहैं याकेविषे क्याकहणाहै ॥ और हेयाज्ञवल्क्यमुनि ॥ आपसरीखेविद्वान्ब्राह्मण

केसेहैं ॥ सर्वभूतप्राणियोंविषे जिनोंकीसमानदृष्टिहै ॥ तथा शमदमादिकगुणोंकरिकैयुक्तहैं ॥ तथा मत्सरादिकविकारोंतैंरहितहैं ॥ तथा सर्वकामनावोंतैंरहितहैं ॥ ऐसेआपसरीखेविद्वान्ब्राह्मणोंकाजो यापृथिवीविषेविचरणाहै ॥ सो सुवर्णादिकपदार्थोंवासतेनहीं ॥ किंतु हमसरीखेअज्ञानीजीवोंके उद्धारकरणेवासतेही आपसरीखेविद्वान्ब्राह्मणोंकाविचरणाहै ॥ परंतु लोकोंकरिकेपूछेहुए आपसरीखेविद्वान्ब्राह्मण यानिमित्तकूंकहतेनहीं ॥ किंतु तिन लोकोंकेप्रति याप्रकारकानिमित्त कहतेहैं ॥ हम सुवर्णादिकपदार्थोंकीप्राप्तिवास्तेविचरतेहैं ॥ और केईकब्राह्मण यहनिमित्त कहतेहैं ॥ हम सत्संगकरिकै आत्माकेजानणेवासते विचरतेहैं ॥ इत्यादिकअनेकप्रकारकेनिमित्त आपणेविचरणेविषे तेब्राह्मण कथनकरतेहैं ॥ तथापि हेभगवन् हमतो आपणेमनविषे यहनिश्चयकरतेहैं ॥ संसाररूपसमुद्रविषे डूबेहुए जोहमसरीखे राजेहैं ॥ तिनोंकेउद्धारकरणेवासतेही आपसरीखेविद्वान्ब्राह्मण पृथिवीविषेविचरतेहैं ॥ और हेयाज्ञवल्क्यमुनि ॥ आप साक्षात्सूर्यभगवान्केशिष्यहो ॥ तथा आनंदस्वरूपआत्माके अपरोक्षज्ञानकरिकैयुक्तहो॥तथा पुत्रएषणा वित्तएषणा लोकएषणा यातीनप्रकारकीएषणावों तैंरहितहो ॥ यातैं यालोकविषे आपकोविचरणेकायद्यपि कोईप्रयोजननहीं है ॥ तथापि आपकेआवणेका एकप्रयोजन मैं मानताहूं ॥ यासंसाररूपी गर्तविषे फँस्याहुआजोमैंहूं ॥ ताकेउद्धारणेवासते आपका यहाँ आवणाभयाहै ॥ अब संसारसंबंधीदुःखकूंदिखावैं हैं ॥ हेयाज्ञवल्क्यमुनि ॥ जैसे कृमिकीटोंकरिके व्याप्तहै शरीरजिसका ॥ और छेदनहुआहै कर्ण तथापुच्छ जिसका ॥ और नानाप्रकारकीव्याधियोंकरिकै पीडितहै शरीरजिस का ॥ ऐसाजोकोईकश्वानहै ॥ सोश्वान विष्ठाकरिकैलिप्त सूकेअस्थिकूंदाँतोंविषेग्रहणकरिके ताअस्थिकी रक्षाकरणेवासते दूसरेबलवान्श्वानोंकेसाथ वैरकरैहै ॥ तावैरकरिकै सोश्वान प्राणांतदुःखकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तैसे अस्थिरूपीस्थूणाहैजिसविषे ॥ विष्ठामूत्रादिकोंकीदुर्गंधहैजिसविषे ॥ ऐसे यानिंदितशरीरकूं अहंबुद्धितैंग्रहणकरिकै मैं अनेकप्रकारकेदुःखकूंप्राप्तहोताहूं ॥ किंचित्मात्रभी हमारेकूं सुखकीप्राप्तिनहींहोती ॥ अब शरीरकेसर्व व्यवहारोंविषे दुःखकीकारणतादिखावैं हैं ॥ हेयाज्ञवल्क्यमुनि जैसे क्षुधाकरिकै पीडितहुआराक्षस मनुष्यादिकजीवोंकूंभक्षणकरैहै॥तैसे क्षुधाकरिकैपीडितहुआमैंजनक तंडुलादिकस्थावरअन्नकूं तथामृगादिकजंगमजीवों

सुखकेदेणेहारेजेपुण्यकर्मथे तिनपुण्यकर्मोंकूं मैंपापात्माजीव नहींकरताभया ॥ याप्रकारकासंकल्पकरिके यहअज्ञानीजीव परमदुःखकूं प्राप्तहोवैहै ॥ यातैं मरणकालविषेभी तेपुण्यपापरूपकर्म ताअज्ञानीजीवोंके तापकाहीकारणहैं ॥ हेजनक ॥ इसप्रकार तेपुण्यपापरूपकर्म तिनकर्मोंकेकरणेहारेअज्ञानीजीवोंकूं तथा तिनकर्मोंकेनहींकरणेहारेअज्ञानीजीवोंकूं सर्वदा तापकीहीप्राप्तिकरैं हैं ॥ और जिसपुरुषकूं गुरुशास्त्रकेउपदेशतैं आत्माकासाक्षात्कार प्राप्तभयाहै ॥ तिसविद्वान्पुरुषकूं तेपुण्यपापकर्म करेहुए अथवा नहींकरेहुए तपायमानकरै नहीं ॥ किंतु जैसे हनुमान् समुद्रकूंतरिगयाथा ॥ तैसे सोविद्वान्पुरुष पुण्यपापकर्मरूपसमुद्रकूं विनाहीयत्नतैंतरिजावैहै ॥ यहां आत्मज्ञानकेप्रभावतैं विद्वान्पुरुषविषे पुण्यपापकर्मोंकाजोअस्पर्श है ॥ सोईही पुण्यपापकर्मोंकातरणाहै ॥ हेजनक ॥ विद्वान्पुरुषकूंपुण्यपापकर्म तपायमाननहींकरै हैं याकेविषे यहकारणहै ॥ याप्रकारकेसंकल्पोंकरिकैयुक्त जेअज्ञानीपुरुषहैं ॥ तिनअज्ञानीपुरुषोंकूंही तेपुण्यपापरूपकर्म तपायमानकरैं हैं ॥ तेसंकल्पयहहैं ॥ इसज्योतिष्टोमनामायज्ञकरिके मेरेकूं स्वर्गलोककी प्राप्तिहोवैगी ॥ और इसब्रह्महत्यादिकपापकर्मोंकरिके हमारेकूंनरकादिकोंकीप्राप्तिहोवैगी ॥ और इसपुत्रइष्टिआदिककर्मोंकरिके हमारेकूं इसीजन्मविषे पुत्रादिकपदार्थोंकीप्राप्तिहोवैगी ॥ और इसअश्वमेधादिकयज्ञोंकाफल हमारेकूं इसजन्मविषेनहींहोवैगा ॥ किंतु दूसरेजन्मविषेहोवैगा ॥ और ब्राह्मणोंकेधनादिकपदार्थोंकूंहरणकरिके आपणेकुटुंबकापालनकरणेहाराजोमैंहूं ॥ तिसमेरेकूं शीघ्रही कुष्ठा दिकरोगोंकीप्राप्तिहोवैगी ॥ तथा यालोकविषेहमारी अपकीर्तिहोवैगी ॥ हेजनक ॥ इसतैंआदिलेके नानाप्रकारकेसंकल्पोंकूंकरणेहारे जे अज्ञानीजीवहैं ॥ तिनअज्ञानीजीवोंकूंही तेपुण्यपापरूपकर्म तापकीप्राप्तिकरैं हैं ॥ और विद्वान्ज्ञानीपुरुषविषे तेनानाप्रकारकेसंकल्पहैं नहीं॥ यातैं ताविद्वान्पुरुषकूं तेपुण्यपापरूपकर्म तापकीप्राप्तिकरैंनहीं इसप्रकार सोविद्वान्पुरुष पुण्यपापरूपकर्मोंकूं तरिजावैहै ॥हेजनक याप्रकारकेविद्वान्पुरुषकूं वेदकेमंत्र याप्रकार कथनकरैहैं ॥ मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकाअभेदज्ञान जिसपुरुषकूं प्राप्तभयाहै ॥ ताविद्वान् पुरुषकी जोस्वरूपभूतमहिमाहै ॥ सोमहिमा तीनकालविषे अन्यथाभावकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ यातैं सोविद्वान्पुरुषकामहिमा नित्यहै॥हेजनक॥

जैसे यालोकविषे अज्ञानीपुरुष पुण्यकर्मकरिके वृद्धिकूंप्राप्तहोवैं हैं ॥ और पापकर्मकरिके तेअज्ञानीजीव लघुताकूंप्राप्तहोवैं हैं ॥ तैसे सोविद्वान्पुरुष पुण्यकर्मकरिके वृद्धिकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ तथा पापकर्मोंकरिकेलघुताकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ याप्रकारतैं ताविद्वान्पुरुषका महिमा अत्यंतअद्भुतहै॥ हेजनक ॥ जैसे पूर्वलेअधिकारीपुरुष अद्वितीयआत्माकेसाक्षात्कारकरिके पुण्यपापतैंरहिततारूपमहिमाकूं प्राप्त भयेहैं ॥ तैसे इदानींकालविषेभी जेअधिकारीपुरुष अस्ति भाति प्रियरूप करिके अद्वितीयआत्माकूं साक्षात्कारकरैं हैं॥तेविद्वान्पुरुषभी तामहिमाकूंप्राप्तहोवैं हैं ॥ आत्मसाक्षात्कारतैंविना ऐसीमहिमाकीप्राप्तिहोणी अत्यंतदुर्लभहै ॥ यातैं याअधिकारीपुरुषों नैं आत्मसाक्षात्कारकूं अवश्यसंपादनकरणा ॥ इतनैंकरिके आत्मसाक्षात्कारकेफलकानिरूपणकऱ्या॥ अब ताआत्मसाक्षात्कारके शमदमादिकसाधनोंकानिरूपणकरैं हैं ॥ हेजनक ॥ इसकालतैंपूर्वकालविषे जेअधिकारीपुरुषहुएहैं ॥ तेअधिकारीपुरुष आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिवासते शमदमादिकसाधनोंकूंसंपादनकरिके संन्यासआश्रमकूंग्रहणकरतेभयेहैं॥ यातैं इदानींकालकेअधिकारीपुरुषोंनैंभी शमदमादिकसाधनोंकूंसंपादनकरिके आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिवासते संन्यासआश्रमकाहीग्रहणकरणा ॥ हेजनक ॥ बालककीन्याई यामनकूंरागद्वेषादिकविकारोंतैंरहितकरणायाकानाम शमहै॥और वाक्आदिकइंद्रियोंकूं आपणेआपणेविषयोंतैंरहितकरणा याकानाम दमहै ॥और प्रारब्धकर्मकेयोगतैं जो पदार्थप्राप्तहोवै॥ तापदार्थकरिके आपणेशरीरकानिर्वाहकरणा ॥ तथा प्रियवस्तुकीप्राप्तिकरिके हर्षकूंनहींप्राप्तहोणा ॥ और अप्रियवस्तुकी प्राप्तिकरिके द्वेषकूं नहींप्राप्तहोणा ॥ याप्रकारकेसंतोषकानाम उपरतिहै ॥ अब क्षमारूपतितिक्षाकेस्वरूपकानिरूपणकरे हैं ॥ यहअधिकारीपुरुष याप्रकारकाविचारकरिके क्षमारूपतितिक्षाकूंकरे॥ सोविचारयहहै॥शरीरकरिके तथा मनवाणीकरिके दुष्टपुरुषोंनैंकरीजोपीडाहै ॥ सोपीडा हमारेवास्तवस्वरूपविषे तीनकालनहीं हैं ॥ किंतु हमारेशरीरअंतःकरणइंद्रियादिकोंविषे सोपीडाहै ॥ और मैं तिनशरीरादिकोंतैंसर्वदाअसंगहूं ॥ याप्रकारकाविचारकरिके सोअधिकारीपुरुष तिनदुष्टपुरुषोंऊपर क्रोधनहींकरे ॥ और सोअधिकारीपुरुष आपणीनिंदाकूंश्रवणकरिके तिननिंदकपुरुषोंऊपर याप्रकारकाविचारकरिके क्षमाकरे ॥ सोविचारयहहै ॥ हमारीनिंदाकूंकरणेहारे जे

यहनिंदकपुरुषहैं ॥ तेनिंदकपुरुष हमारेशत्रुनहीं हैं ॥ किंतु तेनिंदकपुरुष हमारे परममित्रहैं ॥ काहेतें यालोकविषे जोपुरुष जिसपुरुषऊ
पर उपकारकरैहै ॥ सोउपकारकरणेहारापुरुष तिसपुरुषकामित्रहोवैहै ॥ सोयाप्रकारकामित्रकालक्षण इननिंदकपुरुषोंविषेभीघटैहै॥काहेतें
दुःखरूपफलकूंदेणेहारे जेहमारेपापकर्म हैं ॥ तिनपापकर्मोंकूं यहनिंदकपुरुष आपणेविषेलेजावैहैं ॥ इसतैंपरे कोईदूसराउपकारहैनहीं ॥
ऐसेपरमउपकारकूंकरणेहारे यहनिंदकपुरुष हमारे परममित्रहैं ॥ किंवा ॥ यानिंदकपुरुषोंकूं यद्यपि लोक शत्रुकहै हैं ॥ तथापि यहनिंदक
पुरुष हमारेतौ मित्रहीहैं ॥ काहेतें हमारेदोषोंकाचिंतनकरिकै यहनिंदकपुरुष आपणेमनकूं तथावाणीकूंपरिश्रमकीप्राप्तिकरैं हैं ॥ तथा हमा
रेपापकर्मोंकूं आपणेविषेग्रहणकरिकै यहनिंदकपुरुष तिनपापकर्मोंकेदुःखरूपफलकूं आपभोगैं हैं ॥ यातैं जैसे समुद्रकेमथनकरणेतैं उत्प
न्नभया जोहलाहलविष ॥ ताहलाहलविषकरिकै सर्वजीवोंकूंदग्धहुआदेखिकै कृपाकरिकैयुक्तहुआश्रीमहादेव ताहलाहलविषकूं आपणेकं
ठविषे धारणकरताभया ॥ तैसे हमारेकूंदुःखकीप्राप्तिकरणेहारे जेहमारेपापकर्म हैं ॥ तिनपापकर्मोंकूं यहनिंदकपुरुष कृपाकरिकै आपणे
विषेधारणकरैं हैं ॥ परंतु लोकविषे तथा शास्त्रविषे श्रीमहादेवकूं सज्जनकहै हैं ॥ और यानिंदकपुरुषोंकूं दुर्जनकहैं हैं ॥
यहवार्ताश्रवणकरिकै हमारेकूं बहुतआश्चर्यहोवैहै ॥ हेजनक ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै तेअधिकारीपुरुष तिननिंदकपुरुषोंऊपरभी
क्षमाहीकरैं हैं ॥ और हेजनक ॥ तिनअधिकारीपुरुषोंकूं जभी कोईदुष्टपुरुष हननकरैहै ॥ तभी तेअधिकारीपुरुष याप्रकारकाविचारक
रिकै तिनदुष्टपुरुषोंऊपर क्षमाकरैं हैं ॥ यहपुरुष किसकारणतैं हमाराहननकरैहै ॥ हमारेदुःखरूपअनिष्टकेचिंतनकरणेकरिकै इसपुरुषकूं
चांडालयोनिकीप्राप्तिमतहोवै ॥ याप्रकारकीइच्छा मैंकरताहूं ॥ यहवार्ता मनुष्यभगवान्नेभी कहीहै तहांश्लोक ॥ परद्रव्याण्यऽभिध्या
यंस्तथाऽनिष्टानिचिंतयन् ॥ वितथाऽभिनिवेशीचजायतेंऽत्यासुयोनिषु ॥ अर्थयह ॥ जोपुरुष परायेधनस्त्रीआदिकपदार्थोंकेप्राप्तिकीइच्छा
करैहै ॥ तथा जोपुरुष अन्यपुरुषकेदुःखरूपअनिष्टकाचिंतनकरैहै ॥ तथा जोपुरुष वेदविरुद्धपाखंडमतोंविषे दुराग्रहकरैहै ॥ सोपुरुष
मरिकै चांडालयोनियोंविषेउत्पन्नहोवैहै ॥ १ ॥ यातैं हमारेअनिष्टकेचिंतनकरणेकरिकै इनपुरुषोंकूं चांडालशरीरकीप्राप्तिमतहोवै ॥

किंवा ॥ जैसे आपणेदोनोंहस्तोंका तथादोनोंपादोंका आपहीताडनकरणा अनुचितहै ॥ तैसे मेरेशरीरकाताडनकरणाभीइनपुरुषोंकूं उचितनहीं ॥ काहेतैं हमारेशरीरविषे तथा इनपुरुषोंकेशरीरविषे तथा अन्यप्राणियोंकेशरीरविषे आत्माएकही है यातैं आपणेशरीरकेताडनकरिके जैसे हमारेकूंदुःखहोवैहै ॥ तैसे हमारेशरीरकेताडनकरिके इनजीवोंकूंदुःखकीप्राप्तिनहींहोवै ॥ याप्रकारकीइच्छा हम करैं हैं ॥ किंवा ॥ यहताडनाकरणेहारेपुरुष हमारेकूं दुःखकीप्राप्तिनहीं करते ॥ किंतु जेहमनें पूर्व पापकर्मकरेहैं ॥तेपापकर्महीं इदानींकालविषे हमारेकूं दुःखकीप्राप्तिकरेहैं ॥ यातैं इनपुरुषोंकाकोईअपराधनहीं ॥ किंवा ॥ जैसे यहप्रसिद्धशरीर मैंआत्माकाहै ॥ तैसेयहसंपूर्णशरीर मैंआत्माकेहैं ॥ याप्रकार गुरुशास्त्रकेउपदेशतैं हमनें अंतर्यामीआत्माकानिश्चयकऱ्याहै ॥ यातैं इसताडनकालविषे जोदुःखहमारेशरीर विषेहोवैहै ॥ सोदुःख इनताडनाकरणेहारेपुरुषोंकेशरीरविषे मतहोवै ॥ किंतु यहसंपूर्णदेहधारीजीव सर्वदा सुखीहोवैं ॥ तथा सर्वरोगतैंरहितहोवैं ॥ और मेरेताडनकरिके किसीजीवकूंपापकीप्राप्तिनहींहोवै ॥ हेजनक ॥ याप्रकारकाविचारकरिके तेअधिकारीपुरुष तिनताडनाकरणेहारेपुरुषोंऊपरभी क्षमाहींकरैं हैं ॥ याकानाम तितिक्षाहै ॥ अब समाधान श्रद्धा यादोनोंकानिरूपणकरै हैं॥ हेजनक ॥ आत्माकेसाक्षात्कारवासते जोचित्तकीसावधानताहै ॥ ताकानाम समाधानहै ॥ और गुरुशास्त्रकेउपदेशविषे जोविश्वासहै ताकानाम श्रद्धाहै ॥ इसप्रकार शम दम उपरति तितिक्षा समाधान श्रद्धा याषट्साधनोंकरिकेयुक्तहुआ यहअधिकारीपुरुष गुरुमुखतैं वेदांतशास्त्रकाश्रवणकरै॥अर्थताश्रवणतैंअनंतर यहअधिकारीपुरुष श्रुतिअनुकूल नानाप्रकारकीयुक्तियोंकरिके ताश्रवणकरे अर्थकामननकरै ॥ तिसमननतैंअनंतर यहअधिकारीपुरुष अंतरआत्माविषे चित्तकेवृत्तियोंकानिरंतरप्रवाहरूप निदिध्यासनकूंकरै॥ तिसतैंअनंतर यहअधिकारीपुरुष गुरुउपदिष्ट महावाक्यरूपप्रमाणकरिकेसहकृतजोशुद्धमनहै ताशुद्धमनकरिकेस्वयंज्योतिआनंदस्वरूप आत्माकूं साक्षात्कारकरै॥शंका॥हेभगवन् ताआत्मसाक्षात्कारकरिके याअधिकारीपुरुषकूं किसफलकीप्राप्तिहोवैहै ॥ समाधान ॥ हेजनक मैंअद्वितीयब्रह्मरूपहूं याप्रकारकाअभेदज्ञानजिसअधिकारीपुरुषकूं प्राप्तभयाहै ॥ तिसअधिकारीपुरुषकी अविद्यारूपमायानिवृत्तहोइजावैहै ॥ कैसीहैसामाया ॥ आवरणशक्तिकरिके तथा विक्षेपशक्तिकरिके युक्तहै ॥ ऐसीअविद्यारूपमाया आत्मसाक्षात्कारकरिके एकवार नाशकूंप्राप्तहुई पुनःउत्पन्नहोवैनहीं ॥ और याविधुआ

त्माविषे जोपरिच्छिन्नपणाप्रतीतहोताथा ॥ सो अविद्यारूपमायाकरिकेप्रतीतहोताथा ॥ आत्मसाक्षात्कारकरिकै तामायाकेनिवृत्तहुएतैंअ नंतर यहविद्वान्पुरुष तापरिच्छिन्नभावकापरित्यागकरिके आपणेआत्माकूं सर्वजीवोंकाआत्मारूपकरिकेदेखेहै ॥ यातें अविद्याकीनिवृत्ति पूर्वक सर्वात्मभावकीप्राप्तिही आत्मसाक्षात्कारकाफलहै ॥ और हेजनक इसप्रकार गुरुवेदांतशास्त्रकेउपदेशतें जिसअधिकारीपुरुषनें आत्माकूं साक्षात्कारकऱ्याहै ॥ तिसविद्वान्पुरुषकेअसंगस्वरूपकूं पुण्यपापरूपकर्म तरिसकेनहीं ॥ तथा ताविद्वान्पुरुषकूं तेपुण्यपाप कर्म तपायमानकरिसकेंनहीं ॥ किंतु जैसे नौका समुद्रकूंतरेहै ॥ तथा जैसे आकाशतेंउत्पन्नभया विद्युतरूपअग्नि तूलादिकोंकूंदग्धकरे है॥तैसे यहविद्वान्पुरुष आत्मसाक्षात्कारकेप्रभावतें तिनपुण्यपापरूपकर्मोंकूंतरेहै ॥ तथा ज्ञानरूपअग्निकरिके यहविद्वान्पुरुष तिनपुण्य पापरूपकर्मोंकूंदग्धकरेहै॥तहां स्मृति॥ज्ञानाग्निःसर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुतेतथा॥अर्थयहहैअर्जुन॥यहज्ञानरूपअग्निविद्वान्पुरुषकेसर्वकर्मों कूंदग्धकरैहै ॥ १ ॥ हेजनक ॥ पूर्वउक्तशमदमादिकसाधनोंकरिके यहविद्वान्पुरुष जिसआनंदस्वरूपआत्माकूंप्राप्तहोवैहै ॥सोआत्मादेवकै साहै ॥ वास्तवतें पुण्यपापकर्मोतेंरहितहै ॥ तथा मायारूपअविद्यातेंरहितहै ॥ तथा संशयतेंरहितहै ॥ ऐसे असंगआत्माकूं जोअधिकारी पुरुष अद्वितीयब्रह्मरूपकरिकेजानेहै ॥ सोविद्वान्पुरुष याशरीरकेविद्यमानहुएभी ब्रह्मरूपहीहोवैहै ॥ तहांश्रुति ॥ ब्रह्मवेदब्रह्मैवभवति ॥ अर्थयह ॥ ब्रह्मकूं आपणाआत्मारूपकरिकेजानणेहारा ब्रह्मवेत्ताविद्वान्पुरुष ब्रह्मरूपहीहोवेहै ॥ और हेजनक ॥ पूर्व हमनें तुमारेप्रति सुषु प्तिअवस्थाविषे सर्वजीवोंकूंप्राप्तहोणेयोग्य जोपरमात्मादेव कथनकऱ्याथा ॥ सोईहीपरमात्मादेव बुद्धिआदिकोंकासाक्षीरूपकरिके अभी हमनें तुमारेप्रति कथनकऱ्याहै ॥ कैसाहै सोपरमात्मादेव ॥ तुमारेहृदयविषे तथा हमारेहृदयविषे तथा अन्यप्राणियोंकेहृदयविषे आका शकीन्याई परिपूर्ण है ॥ तथा सूर्यादिकज्योतियोंकाभी जोआत्मादेव ज्योतिरूपहै ॥ ऐसास्वयंज्योतिरूपआत्मा वास्तवतें संपूर्णसंसार धर्मोतेंरहितहै॥यातें अविद्याकेसंबंधतें यहआत्मादेव जन्म मरण जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति इत्यादिकअवस्थावोंविषे भ्रमणकरताहुआभी वास्त वतें जन्ममरणादिकअवस्थावोंकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ हेजनक ॥ पूर्वजिसब्रह्मका अभयरूपकरिके हमनें तुमारेप्रतिकथनकऱ्याथा ॥ सोईअभ

यब्रह्म अभी हमनैं तुमाराआत्मारूपकरिकेकथनकऱ्याहै ॥ ऐसेअद्वितीयब्रह्मरूपआत्मातैंभिन्न कोईभीस्थूलसूक्ष्मपदार्थ सिद्धहोवैनहीं ॥ किंतु अधिष्ठानरूपआत्माकीसत्ताकूंपाइकेहीं यहकल्पितजगत् प्रतीतहोवैहै ॥ हेजनक ॥ नानाप्रकारकेसाधनोंयुक्त आत्मसाक्षात्कारकूं बोधनकरणेहारी जोब्रह्मविद्या सूर्यभगवान्ने हमारेप्रति उपदेशकरीथी सोसंपूर्णब्रह्मविद्या मैंयाज्ञवल्क्यनैं तुमारेप्रति उपदेशकरीहै ॥ ताब्रह्मविद्याकेश्रवणतैं अभी तुमारेकूं संशयविपर्ययतैंरहित आत्माकासाक्षात्कार प्राप्तभयाहै ॥ यातैं अभी तुम जन्ममरणादिरूपसंसारके भयकापरित्यागकरिके आपणेचित्तविषेप्रसन्नहोवो ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकारकावचन जभी याज्ञवल्क्यमुनिने जनकराजाकेप्रति कथन कऱ्या ॥ तभी सोजनकराजा आपणेबोधकीपूर्णताजनावणेवासतै याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ राजाजनक उवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्यमुनि याविदेहदेशतैंआदिलेकेजितनीकी हमारीराज्यसंपदाहै ॥ सोसंपूर्णराज्यसंपदा हमनैं पूर्व आपकेताईं दईहै ॥ तासंपूर्णराज्यसंपदासहित तथा पुत्रादिककुटुंबसहित यहमैंजनक दासकीन्याईं आपकेसन्मुखस्थितहूं ॥ यातैं हेभगवन् मैं जनककूं तथा मेरेपुत्रादिककुटुंबकूं अपणादासजानिके आपणीसेवाविषेग्रहणकरिके जिसस्थानविषे आपकीइच्छाहोवै तिसस्थानविषे हमारेकूं आपणेसाथलेजावो ॥ अथवा इसीमिथिलापुरीविषे आपनिवासकरो ॥ हेभगवन् आपतैंविना एकक्षणमात्रभीमैं स्थितनहींहो वोंगा ॥ याप्रकारकी हमारीप्रार्थनाकूं आपकृपाकरिके अंगीकारकरो ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार जभी जनकराजानैं याज्ञवल्क्यमुनिके आगे अत्यंतदीनतापूर्वक प्रार्थनाकरी ॥ तभी सोयाज्ञवल्क्यमुनिभी जनकराजाकेअत्यंतप्रीतिकूंदेखिके कृपाकरिकेयुक्तहुआ ता मिथिलापुरीकेसमीपवनविषे स्थानकूंबनाइके तहाँनिवासकरताभया ॥ और तिसतैंअनंतर बहुतकालकेपीछे सोयाज्ञवल्क्यमुनि आप णीस्त्रीकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरिके तथा संन्यासआश्रमकूं ग्रहणकरिके राजाजनककेसाथ विदेहमोक्षकूंप्राप्तहोताभया ॥ यहाँ पूर्वग्रं थविषे इतिहासरूपकरिके वर्णनकऱ्याजोआत्मा ताआत्माकेदोस्वरूपहैं ॥ एकतौ सगुणरूपहै ॥ और दूसरा निर्गुणरूपहै ॥ तिनदोनों स्वरूपोंविषे प्रथम सगुणआत्माकेस्वरूपका तथा ताकेज्ञानकेफलका निरूपणकरैं हैं ॥ हेशिष्य ॥ पूर्ववर्णनकऱ्या जोजन्ममरणादिकवि कारों तैंरहित आत्माकास्वरूप ॥ सोईहीआत्मादेव मायाकेसंबंधतैं सगुणरूपकूं प्राप्तहोवैहै ॥ और तासगुणरूपकूंप्राप्तहोइके सोआत्मा

रुष परमदुःखकूंप्राप्तहोवै है ॥ यातैं सोपापकर्म फलकीप्राप्तिकालविषेभी ताकर्त्तापुरुषकेदुःखकाहीहेतुहोवैहै ॥ इसप्रकार यहपुरुष जभी पुण्यकर्मकूंकरैहै ॥ तभी तापुण्यकर्मकेआरंभकालविषे सोकर्त्तापुरुष परमक्लेशकूंप्राप्तहोवै है॥यातैं सोपुण्यकर्म आपणेआरंभकालविषेभी ताकर्त्तापुरुषकेदुःखकाहीहेतुहोवैहै ॥और सोपुण्यकर्म जभी ताकर्त्तापुरुषकूं नाशवान्सुखरूपफलकीप्राप्तिकरैहै ॥ तभीभी सोकर्त्तापुरुष परमदुःखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातैं सोपुण्यकर्म फलकीप्राप्तिकालविषेभी ताकर्त्तापुरुषके दुःखकाहीहेतुहोवैहै ॥ इतनैंकरिके पुण्यपापकर्मोंविषे अज्ञानीकर्त्तापुरुषके तापकीकारणतानिरूपणकरी ॥ अब तिनपुण्यपापकर्मोंविषे अज्ञानीअकर्त्तापुरुषके तापकीकारणतानिरूपणकरैहैं॥ हेजनक॥ जेअज्ञानीपुरुष पापकर्मोंकूं नहींकरैं हैं ॥ तेअज्ञानीपुरुष दूसरेपापीजीवोंकूंदेखिके आपणेकूंतिनोंतैंउत्कृष्टमानिकेगर्वकरैहै ॥ यातैं सोपापकर्म गर्वकीउत्पत्तिद्वारा तिनअज्ञानीअकर्त्तापुरुषोंके तापकाहीकारणहोवैहै ॥ इसीप्रकार जेअज्ञानीपुरुष पुण्यकर्मकूंनहींकरैहैं ॥ तेद यावानअज्ञानीपुरुषनिर्धनलोकोंकूंदुःखीदेखिकरिके तिनोंऊपर कृपाकरिके परमदुःखकूंप्राप्तहोवैं हैं ॥ यातैं सोपुण्यकर्म कृपाकीउत्पत्तिद्वारा अकर्त्ताअज्ञानीपुरुषोंके तापकाहीकारणहोवै है ॥ यहवार्ता अन्यशास्त्रविषेभीकहीहै ॥ तहां श्लोक ॥ ईर्षुर्घृणीत्वसंतुष्टः क्रोधनोनित्यशंकितः॥परभाग्योपजीवीच षडेतेनित्यदुःखिनः॥अर्थयह॥ ईर्षाकरणेहारापुरुष तथा दयावान्पुरुष तथा संतोषतैंरहितपुरुष तथा क्रोधवान्पुरुष तथा संशयवान्पुरुष तथा परधनतैंजीवनकरणेहारापुरुष यहषट्प्रकारकेपुरुष यालोकविषे सर्वदादुःखीहीरहैं हैं॥१॥किंवा॥जोपुरुष पुण्यकर्मकूंनहींकरै है॥तिसपुरुषकूं सुखकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ याकारणतैंभी सोपुण्यकर्म अकर्त्ताअज्ञानीपुरुषोंके तापकाहीकारणहै ॥ किंवा इसलोकविषे तथापरलोकविषे जिसपुण्यकर्मनैं जीवोंकूं महान्सुखकीप्राप्तिकरीहै ॥ तिसपुण्यकर्मकूं जिसअज्ञानीपुरुषनैंनहींकऱ्या ॥ सोअज्ञानीपुरुष तिनजीवोंकेमहान्सुखकूंदेखिकरिके ईर्ष्याकरै है ॥ याकारणतैंभी सोपुण्यकर्म ईर्ष्याकीउत्पत्तिद्वारा ताअकर्त्ताअज्ञानीपुरुषोंके तापकाहीकारणहोवैहै ॥ किंवा मरणकालविषे यहअज्ञानीपुरुष आपणेमनविषे याप्रकारकासंकल्पकरिके तपायमानहोवैहै ॥ याभारतखंडविषे अधिकारीमनुष्यशरीरकूंप्राप्तहोइकेभी मैंदुर्बुद्धिजीव जन्मतैंलेके मरणपर्यंत केवलपापकर्मोंकूंहीकरताभया ॥ और

करिकेग्रहणकरैहै ॥ यहां पुरुषतोकर्त्ता है ॥ और चक्षुइंद्रिय करणहै ॥ और घट कर्म है॥और घटनिष्ठज्ञातता फलहै ॥ और चक्षुकाघटके साथसंयोगसंबंधहै ॥ यापाँचोंकेभेदकीअपेक्षाकरिकेही घटादिकपदार्थोंकाग्रहणहोवै है ॥ तिनोंकेभेदतैंविना किसीपदार्थकाग्रहणहोवैनहीं ॥ और यहआत्मादेव सजातीयभेद विजातीयभेद स्वगतभेद यातीनप्रकारकेभेदतैंरहितहै ॥ यातैं याआनंदस्वरूपआत्माकूं वाक्‌आदिकइंद्रिय ग्रहणकरिसकैनहीं ॥ तथा अग्निसूर्यादिक प्रकाशकरिसकैनहीं ॥ याकारणतैं यास्वयंज्योतिआत्माकूं श्रुतिभगवती अगृह्य यानामकरिकेकथनकरै है ॥ और हेजनक ॥ यहआनंदस्वरूपआत्मा सर्वभेदतैंरहितहै ॥ यातैं जैसे वस्त्रादिकपदार्थ कालपाइके परिणामरूपशीर्णभावकूंप्राप्तहोवैं हैं ॥ तैसे यहपरमात्मादेव परिणामरूपशीर्णभावकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं अशीर्य यानामकरिकेकथनकरै है॥और हेजनक ॥यहआनंदस्वरूपआत्मा सर्वभेदतैंरहितहै॥याकारणतैं अंतरबाहर जितनेक पदार्थ हैं ॥ तिनोंकेसाथ आत्माकासंबंधहैनहीं ॥ काहेतैं जोपदार्थ भेदवालाहोवै है ॥ सोईपदार्थ संयोगादिरूपसंबंधकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तथा नाशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और यहआनंदस्वरूपआत्मातो सर्वभेदतैंरहितहै ॥ याकारणतैं यहआत्मादेव संबंधरूपसंगकूं तथाबंधकूं तथानाशकूं तथादुःखकूं प्राप्तहोवैनहीं ॥ हेजनक ॥ ऐसेसर्वसंगतैंरहितअसंगआत्माकूं संगवान्‌रागीपुरुष जानिसकैनहीं ॥ किंतु पूर्वउक्ततीनएषणातैं रहित तथा केवलभिक्षावृत्तिकरिके शरीरकानिर्वाहकरणेहारे जेमहात्मासंन्यासीहैं ॥ तेविरक्तसंन्यासीही तापरमात्मादेवकूं साक्षात्कारकरै हैं ॥ अब आत्मज्ञानकेफलकानिरूपणकरैं हैं ॥ हेजनक ॥ जिनविद्वान्‌पुरुषोंनैं तीनएषणावोंकापरित्यागकरिके याआनंदस्वरूपआत्माकूं साक्षात्कारकर्‍याहै ॥ तिनविद्वान्‌पुरुषोंकूं यहपुण्यपापरूपकर्म अज्ञानीपुरुषकीन्याईं तपायमानकरैनहीं ॥ अब याहीअर्थकूंस्पष्टकरिके निरूपणकरै हैं ॥ हेजनक ॥ यहपुण्यपापरूपकर्म न करणेहारेअज्ञानीपुरुषकूं तथाकरणेहारेअज्ञानीपुरुषकूं सर्वदा दुःखकीहीप्राप्तिकरै है ॥ काहेतैं यहपुरुष जभी पापकर्मकूंकरै है ॥ तभी तापापकर्मकेआरंभकालविषे याअज्ञानीपुरुषकूं परमक्लेशकीप्राप्तिहोवैहै यातैं पापकर्म आरंभकालविषेभी कर्त्तापुरुषकेदुःखकाहीहेतुहै ॥ और जभी सोपापकर्म ताकर्त्तापुरुषकूं फलकीप्राप्तिकरैहै ॥ तभीभी सोकर्त्तापु

ब्रह्मादिकलोकभी आनंदकूंप्राप्तहोरहे हैं ॥ सोब्रह्मानंद हमविद्वान्पुरुषोंकूं आपणेआत्मातैंअभिन्नहुआवतैंहै ॥ यातैं हमविद्वान्पुरुषोंकूंपु त्रादिकविषयजन्यक्षुद्रसुखकीइच्छाहोवैनहीं ॥ हेजनक ॥ तिनलोकोंकेप्रति याप्रकारकेवचनोंकूंकहतेहुए तेविद्वान्पुरुष संन्यासआश्रमकूं ग्रहणकरिके केवलभिक्षावृत्तिकरिके शरीरकानिर्वाहकरतेभये ॥ कैसेहैं तेविद्वान्पुरुष ॥ कोईविद्वान्पुरुषतो पूर्वगृहस्थआश्रमकूंकरिके प श्चात् संन्यासआश्रमकूंग्रहणकरतेभये॥ और कोईकविद्वान्पुरुषतो गृहस्थआश्रमकेग्रहणतैंविनाहीं ब्रह्मचर्य आश्रमतैं संन्यासआश्रमकूंग्रह णकरतेभये॥ और लोकएषणा पुत्रएषणा वित्तएषणा यातीनप्रकारकेएषणावोंकापरित्यागकरतेभये॥ अब यातीनोंएषणावोंकूं एकरूपमा निके दोप्रकारकीएषणाका निरूपणकरैं हैं ॥ हेजनक ॥ यालोकविषे जैसे गोसुवर्णादिरूपवित्त यापुरुषकेसुखकासाधनहै ॥ तैसे पुत्रभी पिताकेसुखकेसाधनहैं ॥ यातैं पुत्रएषणा वित्तएषणातैंभिन्ननहीं ॥ किंतु सोपुत्रएषणा वित्तएषणारूपहै और जैसे पशुसुवर्णादिरूप वित्त यापुरुषकेसुखकासाधनहै ॥ तैसे स्वर्गादिकलोकभी यापुरुषकेसुखकासाधनहैं ॥ यातैं सोवित्तएषणा लोकएषणतैंभिन्ननहीं ॥ किंतु सो वित्तएषणा लोकएषणारूपहै ॥ यातैं यासंसारविषे दोप्रकारकीएषणाहीसिद्धहोवैहै ॥ एकतो सुखरूपफलकीएषणा और दूसरीतासुखरूपफ लकेसाधनोंकीएषणा ॥ और जिनविद्वान्पुरुषोंकूं आत्मरूपनित्यसुखकीप्राप्तिभई है ॥ तेविद्वान्पुरुष तादोनोंप्रकारकीएषणाका परित्या गकरैं हैं ॥ केवलआत्मारूपनित्यसुखकरिके तेविद्वान् तृप्तरहैं हैं अब संन्यासआश्रमकरिके प्राप्तहोणेयोग्यजोआत्माहै ताकेस्वरूपकानिरू पणकरैं हैं ॥ हेजनक ॥ पूर्वग्रंथविषे जोपरमात्मादेव स्वयंज्योतिरूपकरिके तथाआनंदरूपकरिके हमनैं तुमारेप्रतिकथनकऱ्याथा ॥ तिसी परमात्मादेवकूं यहविद्वान्पुरुष आपणाआत्मारूपकरिके साक्षात्कारकरैं हैं॥ और इसीपरमात्मादेवकास्वरूप पूर्व हमनैं शाकल्यब्राह्मणसे पूछाथा ॥ कैसाहैसोपरमात्मादेव मूर्त्तअमूर्त्तरूप तथाभावअभावरूप जितनाकजगत्है ॥ तिससंपूर्णजगत्तैं सोपरमात्मादेव रहितहै॥और यहपरमात्मादेव स्वयंज्योतिरूपहै ॥ याकारणतैं वाक्आदिकइंद्रियोंकरिके तथा अग्निसूर्यादिकबाह्यप्रकाशोंकरिके यहआत्मादेव ग्रहण कऱ्याजावैनहीं ॥ हेजनक ॥ यालोकविषे पदार्थोंकाप्रकाशरूपजोग्रहणहै सोपदार्थोंकाग्रहण कर्त्ता करण कर्म फल संबंध यापांचोंकेभेदकी अपेक्षाकरिकेहीहोवैहै ॥ तिनकर्त्तादिकोंकेभेदतैंविना सोपदार्थोंकाग्रहणसिद्धहोवैनहीं ॥ जैसे घटादिकपदार्थोंकूं यहपुरुष चक्षुइंद्रिय

जन्महोवैनहीं ॥ इतनैंकरिकै मनकेअभावहुए संसारका अभावरूप व्यतिरेकदिखाया ॥ अब मनकेविद्यमानहुएसंसारकीविद्यमानतारूप
अन्वय दिखावैं हैं ॥ हेजनक ॥ जैसे ग्रीष्मऋतुकेरात्रिकालयविषे प्रकाशतैंरहित जोउष्णतारूपतेजहै ॥ सोतेज काष्ठादिकइंधनोंतैंविनाहीं
संतापरूपकार्यकूं उत्पन्नकरै है ॥ तैसे स्वप्न अवस्थाविषे मनविशिष्टआत्मादेशकालादिकलौकिकसामग्रीतैंविनाहीं सूक्ष्मरथादिकपदा
र्थोंकूं उत्पन्नकरै है ॥ और हेजनक ॥ जैसे शीतकालविषे अग्निकाष्ठरूपीइंधनोंकूं आश्रयणकरिकैहीं जीवोंकेशीतकीनिवृत्तिरूपकार्यकूंकरै

त्माविषे तथा जीवोंके व्यष्टिमनविषे सूक्ष्मरूपता समानहीं है ॥ याकहणेकरिके समष्टिसूक्ष्मसूत्रात्माविषे तथाव्यष्टिसूक्ष्ममनविषे समान धर्मता दिखाई ॥ अब दोनोंकेअभेदकूं निरूपणकरें हैं ॥ हेजनक जैसे प्रज्वलितमहानअग्नि तथा विस्फुलिंग यहदोनों तेजरूपकरिके समानहीं हैं ॥ यातें वास्तवतें तिनोंकाभेदनहीं ॥ किंतु काष्ठरूपउपाधिकरिके तिनोंकाभेदहै ॥ तैसे समष्टिसूत्रात्माविषे तथाव्यष्टि मनविषे वास्तवतें भेदनहीं ॥ किंतु समष्टिस्थूलविराट्शरीररूपउपाधिकरिके सूत्रआत्माविषेभेदहै ॥ तथाव्यष्टिस्थूलशरीररूपउ पाधिकरिके मनविषेभेदहै ॥ इतनेंकरिके समष्टिव्यष्टिउपाधियोंका अभेददिखाया ॥ अब संपूर्णजडजगत्विषे मिथ्यात्वबोधनकरणेवासते प्रथम संपूर्णजडजगत्विषे चैतन्यआत्माकरिके प्रकाश्यता निरूपणकरें हैं ॥हेजनक॥ जैसे लोकविषे भित्ति नानाप्रकारकेचित्रोंकाआधार होवेहै तैसे समष्टिसूक्ष्मरूपसूत्रात्मा समष्टिस्थूलरूपचित्रोंकाआधारहै॥इसीप्रकार व्यष्टिसूक्ष्ममनरूपीभित्तिभी व्यष्टिस्थूलशरीररूपचित्रों काआधारहै ॥ और हेजनक जैसे दीपक प्रथम भित्तिकूंप्रकाशकरैहै ॥ ताभित्तिद्वारा तिनचित्रोंकूंप्रकाशकरैहै तैसे समष्टिअज्ञानउपहित ईश्वरसाक्षी प्रथम सूत्रात्मारूपभित्तिकूंहीं प्रकाशकरैहै ॥ तासूत्रआत्माद्वारा समष्टिस्थूलविराट्रूपचित्रोंकूंप्रकाशकरैहै इसीप्रकार व्यष्टि अज्ञानउपहितजीवसाक्षी प्रथम व्यष्टिसूक्ष्मशरीररूपभित्तिकूंप्रकाशकरैहै ॥ तासूक्ष्ममनद्वारा व्यष्टिस्थूलशरीररूपीचित्रोंकूं प्रकाश करे है॥और जैसे भित्ति तथाचित्र दीपककूंप्रकाशकरिसकेनहीं ॥ तैसे समष्टिव्यष्टिसूक्ष्मस्थूलरूपउपाधि साक्षीआत्माकूंप्रकाशकरिसके नहीं॥इतनेंकरिके तत्त्वमसि याश्रुतिविषे तत्पदकालक्ष्यार्थ जो ईश्वरसाक्षीहै तथात्वंपदकालक्ष्यार्थ जोजीवसाक्षीहै॥ तिनदोनोंके अभेदकी योग्यतादिखाई ॥ अब मनकेविद्यमानहुएआत्माविषे जगत्कीप्रतीति ॥ और मनकेलयहुए आत्माविषेजगत्कीअप्रतीति ॥ याप्रकारके अर्थकेबोधनकरणेवासते ॥ समष्टिविषेमनकालय ॥ तथाकारणअज्ञानविषे मनकालय॥तथा अधिष्ठानविषे मनकालय ॥ यहतीनप्रकारका मनकालयरूपव्यतिरेक निरूपणकरें हैं ॥ तहां प्रथम समष्टिविषे मनकालयरूपव्यतिरेक निरूपणकरें हैं ॥ हेजनक ॥ जैसे काष्ठोंकेअभा वहुए अग्नि सामान्यतेजविषे लयभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे जेअधिकारीपुरुष हिरण्यगर्भकीउपासनाकरिके अध्यात्मपरिच्छिन्नभावकीनिवृ

तैसे स्वप्नअवस्थाविषे यहस्वयंज्योतिआत्माभी एकमनरूपीसाधनकरिकै सर्वजगत्कूंउत्पन्नकरैहै ॥ और हेजनक ॥ जैसे लोकविषे एकही आकाशविषे घटाकाश मठाकाशयाप्रकारकाभेद प्रतीतहोवैहै॥परंतु सोभेद वास्तवतैंनहीं ॥किंतु घटरूपसूक्ष्मउपाधिकरिकै तथा मठरूप स्थूलउपाधिकरिकै सोभेद प्रतीतहोवैहै ॥ तैसे अद्वितीयब्रह्मतैं जोजीवोंकाभेद प्रतीतहोवैहै ॥ सोभेदभी वास्तवतैंनहीं ॥ किंतु स्थूलसूक्ष्म शरीररूपउपाधिकरिकै सोभेद प्रतीतहोवैहै ॥ और हेजनक॥जैसे एकहीआकाश घटरूपउपाधिविषे तथामठरूपउपाधिविषे एकरूपकरिकै विद्यमानहै ॥ आकाशविषे किंचित्मात्रभी विलक्षणतानहीं॥और घटाकाश मठाकाश इत्यादिकजोविलक्षणता प्रतीतहोवैहै॥सोविलक्षणता आकाशविषे अनुपपन्नहुई घटमठादिकउपाधियोंकूंहीं आश्रयणकरैहै तैसे ब्रह्मभी स्थूलसूक्ष्मशरीरोंविषे समानरूपकरिकेहीं स्थितहोवैहै ॥ ब्रह्मविषे किंचित्मात्रभी विलक्षणतानहीं॥और लोकोंकूं जोविलक्षणता प्रतीतहोवैहै सोविलक्षणता अद्वितीयब्रह्मविषे अनुपपन्नहुई परिशेषतैं स्थूलसूक्ष्मरूपउपाधियोंकूंहीं आश्रयणकरैहै ॥ याकहणेकरिकै आत्माका सर्वत्रअभेदनिरूपणकऱ्या॥ अब उपाधियोंकेअभेदकहणेवासतै प्रथम सूक्ष्मउपाधिके स्वरूपकूं निरूपणकरैं हैं ॥ हेजनक ॥ जैसे समष्टिअज्ञानविशिष्टईश्वरका हिरण्यगर्भरूपसूत्रआत्मासूक्ष्मशरीरहै तैसे व्यष्टिअज्ञानविशिष्टजीवोंका मनहीं सूक्ष्मशरीरहै यहां मनशब्दकरिकै पंचज्ञानइंद्रिय पंचकर्मइंद्रिय पंचप्राण मन बुद्धि यासत्तदशतत्वोंका ग्रहणकरणा ॥ और हेजनक ॥ जैसे समष्टिमाया विशिष्टईश्वर हिरण्यगर्भरूपसूत्रकरिकै स्थूलजगत्रूपपटकूंरचैहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्था विषे यहजीवात्मा मनरूपसूत्रकरिकै जगत्रूपपटकूं रचैहै ॥ अब व्यष्टिसमष्टिकेअभेदकहणेवासतै प्रथम तिनोंकेसमानधर्मोंकूंदिखावैं हैं॥ हेजनक ॥ जैसे प्रज्वलितमहान्अग्नितैं अनेकविस्फुलिंग उत्पन्नहोवैं हैं ॥ तैसे सूत्रआत्मारूपहिरण्यगर्भतैं अनेकमन उत्पन्नहोवैं हैं ॥और जैसे प्रज्वलितमहान्अग्नि दाहकरैहै तथाप्रकाशकरैहै ॥ तैसे अग्नितैंउत्पन्नहुएविस्फुलिंगभी दाहकरैं हैं तथाप्रकाशकरैं हैं ॥ इसीप्रकार जैसे हिरण्यगर्भरूपसूत्रात्मा जगत्की उत्पत्ति स्थिति लय करैहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे सर्वदेहधारीजीवोंकेमनभी जगत्की उत्पत्ति स्थिति लय करैं हैं ॥ और जैसे प्रज्वलितअग्निविषे तथा विस्फुलिंगोंविषे तेजरूपता तथारक्तरूपता समानहीं है तैसे समष्टिसूक्ष्मसूत्रआ

उत्पन्नकरैहै ॥ तथा ऊपरकेसप्तलोकोंकूं उत्पन्नकरैहै ॥ तथा तिनचतुर्दशलोकोंके अधिपतियोंकूं उत्पन्नकरैहै ॥ तथा इंद्र अग्नि यम रक्ष वरुण पवन धनद महेशान ब्रह्मा शेष यादशदिकपालोंकूंउत्पन्नकरैहै ॥ तथा ब्रह्मा विष्णु शिव इत्यादिकजेपरमेश्वरकेलीलाविग्रहहैं तिनों कूंउत्पन्नकरैहै॥तथा नानाप्रकारके भूमिकेराजोंकूं उत्पन्नकरैहै॥इसतैंआदिलेके जितनाकोस्थूलसूक्ष्मजगत्है॥ तथा परोक्ष अपरोक्षरूपजग त्है॥तिससंपूर्णजगत्कूं स्वप्नअवस्थाविषे यहस्वयंज्योतिआत्मा उत्पन्नकरैहै ॥और हेजनक॥यहजीव अल्पज्ञहै यातैं सर्वज्ञब्रह्मकेसाथ ता काअभेदसंभवैनहीं ॥ याप्रकारकीकुतर्ककरिकै दूषितहैचित्तजिनोंका ऐसेजे भेदवादीपुरुषहैं॥ते अहंब्रह्मास्मि ॥अर्थयह मैंब्रह्महूं याश्रुतिकूं अप्रमाणरूपमानैहैं ॥ तथापि स्वप्नअवस्थाविषे तिनभेदवादियोंकूं बलात्कारसैं ताश्रुतिकीप्रमाणता सिद्धहोवैहै ॥ काहेतैं जैसे ब्रह्म आप णोमायाशक्तिकरिकै जगत्कीउत्पत्ति स्थिति लय करैहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे यहस्वयंज्योतिआत्माभी आपणीमायाशक्तिकरिकै जग त्को उत्पत्ति स्थिति लय करैहै ॥ यातैं जगत्के उत्पत्ति स्थिति लयकीकारणता जैसेब्रह्मविषेहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे याजीवात्मावि षेभी जगत्के उत्पत्ति स्थिति लयकीकारणताहै॥याकारणतैं यहजीवात्मा ब्रह्मतैंभिन्ननहीं किंतु अभिन्नहै ॥ और हेजनक ॥जैसे प्रज्वलित महान्अग्नितैं अग्निकेसमानरूपवाले विस्फुलिंग उत्पन्नहोवै हैं ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे यास्वयंज्योतिआत्मातैं आपणेसमानरूपवाले अने कजीव उत्पन्नहोवैहैं ॥ और हेजनक॥जैसे मायाविशिष्टपरमेश्वर प्रथम समष्टिसूक्ष्महिरण्यगर्भरूपमनकूं उत्पन्नकरैहै ॥ कैसाहैसोहिरण्यगर्भ रूपमन उत्पन्नहोणेहारा स्थूल भूत भौतिक प्रपंचरूपगर्भकरिकैयुक्तहै ॥ऐसेहिरण्यगर्भरूपमनकरिकै सोपरमात्मादेव नामरूपात्मक संपूर्ण स्थूलसूक्ष्मजगत्कूं उत्पन्नकरैहै॥कैसाहैसोजगत् ॥ हिरण्यगर्भरूपमनकीउत्पत्तितैंपूर्व मायाविशिष्टपरमात्माविषे संस्काररूपकरिकेरहैहै ॥

जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति यातीनोंअवस्थावोंविषे स्वयंप्रकाशआत्मा विद्यमानहै ॥ यातें जाग्रत्अवस्थाविषेभी आत्माकूं ज्योतिपणासंभवैहै ॥ जाग्रत्अवस्थाकूंछोडिकै श्रुतिनें स्वप्नअवस्थाविषे आत्माकूंज्योतिरूपकरिकै किसवासतैकथनकऱ्या ॥ समाधान ॥ हेजनक ॥ यद्यपि जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति यातीनोंअवस्थावोंविषे आत्माकास्वयंज्योतिपणा समानहींहै ॥ तथापि जाग्रत्अवस्थाविषे आदित्य चंद्रमा अग्नि वाक् यहचारिज्योतिभी विद्यमानहैं ॥ यातें जाग्रत्अवस्थाविषे आदित्यादिकज्योतियोंकरिकै गमनआगमनादिकव्यवहारहोवैहै ॥अथवा आत्मा रूपज्योतिकरिकै सोगमनआगमनादिकव्यवहारहोवैहै ॥ याप्रकारकानिर्णय अल्पबुद्धि पुरुषोंकूं होइसकैनहीं ॥ और स्वप्नअवस्थाविषे आदित्यादिकचारोंज्योतियोंकालय होवैहै ॥ एकआत्माहीरहैहै ॥ यातें अल्पबुद्धिपुरुषोंकूं स्वयंज्योतिरूपआत्माके निश्चयकरावणेवासतै श्रुतिनें स्वप्नअवस्थाविषेही आत्माकूं स्वयंज्योतिकह्याहै ॥ जभी यहअधिकारीपुरुष स्वप्नअवस्थाविषे आत्माकूं स्वयंज्योतिरूपकरिकै निश्चयकरैगा ॥ तभी जाग्रत्अवस्थाविषेभी आत्माकेस्वयंज्योतिपणेकूं जाणिसकैगा ॥ अब याहीअर्थकेस्पष्टकरणेवासतै स्वप्नअवस्था विषे आत्माकूं स्वप्नपदार्थोंकाकर्तारूपकरिकै निरूपणकरैं हैं ॥ हेजनक ॥ जैसे सृष्टिकालविषे एकहीमायाविशिष्टईश्वर संपूर्णजगत्कूं उत्प न्नकरैहै ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे एकहीस्वयंज्योतिआत्मा आदित्य चंद्रमा अग्नि वाक् याचारिज्योतिरूप प्रकाशकोंकूं तथा रथअश्वादि रूप प्रकाश्यपदार्थोंकूं उत्पन्नकरैहै ॥ तथा आदित्यादिकप्रकाशोंकरिकैअनुगृहीत जेनेत्रादिककरणहैं तिनोंकूं उत्पन्नकरैहै ॥ और तास्व प्नअवस्थाविषे यहस्वयंज्योति आत्मा आकाशादिकपंचभूतोंकूं तथाभौतिकजगत्कूं उत्पन्नकरैहै ॥ तथा भूत भविष्यत् वर्तमान यातीन

विषे याज्ञवल्क्यमुनिनैं आदित्य चंद्रमा अग्नि वाक् यहचारिप्रकारकेज्योतिकहे ॥ तिनोंकूं सोजनकराजा अंगीकारकरताभया ॥ तिसतैंअ
नंतर सोजनकराजा पुनःयाज्ञवल्क्यमुनिसैंपूछताभया॥राजाजनकउवाच॥हेयाज्ञवल्क्यमुनि ॥ आपनैं जाग्रत्अवस्थाविषे आदित्य चंद्रमा
अग्नि वाक् यहचारिप्रकारकेज्योतिकहे॥तिनचारोंका स्वप्नअवस्थाविषेलयहोवैहे ॥ तास्वप्नअवस्थाविषे यासूक्ष्मसंघातरूपपुरुषका कौनज्यो
तिहे॥जिसज्योतिकरिके स्वप्नअवस्थाविषेसर्वव्यवहार सिद्धहोवैं हैं॥हेयाज्ञवल्क्यमुनि जोआप यहकहो॥स्वप्नअवस्थाविषे यद्यपि आदित्या
दिकज्योतियोंकालयहोवैहे॥तथापि स्वप्नअवस्थाविषे मनकालयहोवैनहीं॥यातैं स्वप्नअवस्थाविषे यापुरुषका मनहीं ज्योतिहे ॥सोयहकहणा
संभवैनहीं ॥काहेतैं जैसे जाग्रत्अवस्थाविषे नेत्रइंद्रियकेविद्यमानहुएभी आदित्यादिकज्योतियोंकेप्रकाशतैंविना सोनेत्रइंद्रिय किसीपदार्थका
प्रकाशकरिसकैनहीं ॥ यातैं घटादिकपदार्थोंकेग्रहणविषे नेत्रइंद्रियकूं आदित्यादिकप्रकाशोंकीअपेक्षाहे ॥ तैसे घटादिकपदार्थों
केग्रहणविषे मनकूंभी नेत्रादिकइंद्रियोंकीअपेक्षाहे ॥ नेत्रादिकइंद्रियोंतैं विना मन किसीपदार्थकूं ग्रहणकरैनहीं ॥ और नेत्रा
दिकइंद्रिय स्वप्नविषेलयकूं प्राप्तहोवैं हैं ॥ यातैं स्वप्नअवस्थाविषे मनकूं ज्योतिरूपता संभवैनहीं ॥ किंवा ॥ जैसे मृत्तिका घटशरावा
दिककार्योंका उपादान कारणहोवै हे ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे मनहीं रथादिकपदार्थोंका तथारथादिआकार वृत्तिज्ञानोंका उपादानकारण
होवैहे ॥ याकारणतैं मनतैंभिन्नहींकोई स्वप्नकेपदार्थोंकाप्रकाशक चाहिये ॥ और स्वप्नअवस्थाविषे अविद्याकूंहीं जोरथादिकपदार्थोंका
उपादानकारण अंगीकारकरिये ॥ और जाग्रत्केसंस्कारविशिष्टमनकूं करण अंगीकारकरिये ॥ तौभी जैसे जाग्रत्अवस्थाविषे नेत्रादिक
करणोंकूं आदित्यादिकप्रकाशोंकी अपेक्षाहोवैहे ॥ तैसे स्वप्नअवस्थाविषे मनरूपकरणकूंभी किसी प्रकाशकी अपेक्षा अवश्यहोवैगी॥और
स्वप्नविषे आदित्यादिकज्योति तथानेत्रादिकइंद्रिय तौहैंनहीं ॥ और स्वप्नअवस्थाविषेभी जाग्रत्अवस्थाकीन्याईं गमनआगमनादिक सर्व
व्यवहारहोवैहैं ॥ यातैं स्वप्नअवस्थाविषे विद्यमान्हुआभीमन जिसज्योतिकीसहायतातैंविना स्वप्नअवस्थाकेपदार्थोंकूंग्रहणकरतानहीं ॥
सो मनऊपर अनुग्रहकरणेहारा स्वप्नअवस्थाविषे कौनज्योतिहे ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेजनक स्वप्नअवस्थाविषे यापुरुषका

होवैहै ॥ तभी यापुरुषका कौनज्योतिहै ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेजनक ॥ अग्निकेअस्तहुएतैंअनंतर यापुरुषका वाकही ज्योतिहै ॥ अब आदित्य चंद्रमा अग्नि वाक् याचारोंविषे स्पष्टकरिकै ज्योतिरूपता निरूपणकरैहैं ॥ हेजनक ॥ आदित्य चंद्रमा अग्नि यातीनोंज्योतियोंविषे आदित्यरूपज्योतिकरिकै अथवा चंद्रमारूपज्योतिकरिकै अथवा अग्निरूपज्योतिकरिकै यहपुरुष सर्पकंटकादिकोंतैंरहित अनुकूलदेशकूं देखिकरिकै तादेशविषेस्थितिकरैहै ॥ तथा गृहविषे जावैहै ॥ तथा क्षेत्रादिकोंविषेजावैहै ॥ तहां क्षेत्रविषे जाइकै इसलोकके सुखकेसाधन जेकृषिआदिककर्महैं तिनोंकूं यहपुरुष करैहै ॥ और गृहविषेजाइकै यहपुरुष परलोकके सुखकेसाधनजे दानादिककर्महैं तिनोंकूं करैहै ॥ इसतैंआदिलैके अनेकप्रकारकेव्यवहारोंकूं यहपुरुष आदित्यादिकज्योतियोंकेप्रकाशकरिकैहींकरैहै ॥ आदित्यादिकज्योतियोंकप्रकाशतैंविना अंधकारविषे किसीव्यवहारकोसिद्धिहोवैनहीं ॥ यातैं आदित्यविषे तथाचंद्रमाविषे तथाअग्निविषे ज्योतिपणासंभवैहै ॥ अब वाक्‌विषे ज्योतिपणा स्पष्टकरिकैनिरूपणकरैं हैं ॥ हेजनक ॥ जिसस्थानविषे आदित्य चंद्रमा अग्नि यातीनोंज्योतियोंकाप्रकाश नहींहोवैहै ॥ तहां अत्यंतगाढअंधकार होवैहै ॥ जहां आपणाहस्तभी दिखाईनहींदेता ॥ ऐसेगाढअंधकारविषे आसनादिकसंपूर्णव्यवहार वाक्‌रूपज्योतिकरिकैहोवै हैं ॥ तात्पर्ययह ॥ अंधकारविषेस्थितहुआपुरुष अन्यकिसीपुरुषकूं जभी याप्रकारकावचनकहैहै ॥ यापूर्वदिशाविषे बहुतसमीचीनस्थानहै ॥ तहांआइकेतुम आसनकरो ॥ तभी सोपुरुष ताकीवाणीकूंश्रवणकरिकै तहां आसनादिकव्यवहारकरैहै ॥ यातैं जैसे आदित्य चंद्रमा अग्नि यहतीनों लोकोंकेगमनआगमनादिकव्यवहारोंकेसाधकहैं ॥ यातैं आदित्यादिकतीनों ज्योतिरूपहैं ॥ तैसे अंधकारविषे वाक्‌भी गमनआगमनादिरूपव्यवहारकासाधकहै ॥ यातैं वाक्‌भीज्योतिरूपहै ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार जाग्रत्अवस्था

याप्रकार जभी याज्ञवल्क्यमुनिने जनकराजाकेताईं कामप्रश्नरूपवरदिया ॥ तभी सोजनकराजा बहुतप्रसन्नहोताभया ॥ और याप्रकार काविचार आपणेमनविषेकरिके निःशंकहोइके प्रश्नकरताभया ॥ अब ताजनकराजाकेविचारकूं निरूपणकरैं हैं ॥ यद्यपि यहयाज्ञवल्क्य मुनि क्षमावान्है ॥ यातैं चंदनकोन्याईं शीतलस्वभाववालाहै ॥ तथापि जैसे चंदनविषे अत्यंतमथनकरिके अग्निउत्पन्नहोवैहै ॥ तैसे मेरे वारंवार प्रश्नकरिके जोकदाचित याज्ञवल्क्यमुनिकूं क्रोधउत्पन्नहोवै तौ जैसे वारंवारप्रश्नकरणेतैं शाकल्यब्राह्मणीदुर्गतिभईथी ॥ तैसे वारं वारप्रश्नकरणेतैं मेरीभी दुर्गति होवैगी ॥ याप्रकारकीशंकाकरिकै मैं याज्ञवल्क्यमुनिसैं पूछतानहीं ॥ सोशंका अबीहमारेकूं हैनहीं ॥ काहे तैं हमनैं याज्ञवल्क्यमुनिसैं कामप्रश्नरूपवर लियाहै ॥ यातैं जोमैं पुनःपुनःतिसीप्रश्नकूंकरोंगा ॥ तथा असंगतपूछोंगा ॥ तौभी याज्ञवल्क्य मुनि हमारेऊपर क्रोधवान् नहींहोवैगा ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै सोजनकराजा आपणेमनविषे निःशंकहोइके प्रश्नकरता भया ॥ तहाँ प्रथम देहादिकसंघाततैंविलक्षणकरिकै तथास्वयंज्योतिरूपकरिकै त्वंपदार्थरूपआत्माकूं निरूपणकरैं हैं ॥ राजाजनक उवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्यमुनि ॥ दिनविषेजाग्रत्अवस्थाकूंप्राप्तहुआ जोस्थूलसूक्ष्मसंघातरूप यहपुरुषहै ॥ सोपुरुष किसज्योतिकरिकै भास्यमानहै ॥ तात्पर्ययह ॥ संघातकेअंतरवर्ति किसीज्योतिकरिकै भास्यमानहै ॥ अथवा संघाततैंभिन्नकिसीस्थानविषेवर्तमान ज्योतिकरिकै भास्यमानहै ॥ यह आप कृपाकरिकै हमारेप्रतिकहो ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेजनक ॥ जाग्रत्अवस्थाविषे यापुरु षका आदित्यज्योतिहै ॥ राजाजनकउवाच ॥ हेयाज्ञवल्क्यमुनि ॥ जगत्काप्राणरूप जो आदित्यरूपज्योतिहै ॥ सो जभी अस्तभावकूं

कथनकऱ्या ॥ तभी सो याज्ञवल्क्यमुनि जनकराजाकेबुद्धिकीकुशलतादेखिके जनकराजाऊपर बहुतप्रसन्नहोताभया ॥ और जनकराजा केप्रति कहताभया॥हेजनक॥जोतुमारेकूंइच्छाहोवै॥ सो हमारेसैंवरमाँगो॥हेशिष्य ॥ याप्रकारकावचन जभी याज्ञवल्क्यमुनिने जनककेप्रतिकह्या ॥ तभी सोजनकराजा आपणेकूं कृतार्थमानताभया ॥ और याप्रकारकाविचार आपणेमनविषेकरिकै सोजनकराजा याज्ञवल्क्य मुनिसैं कामप्रश्नरूपवरकूंमाँगताभया ॥ अनेकप्रश्नोंकानाम कामप्रश्नहै ॥ अब जिसविचारकरिकै जनकराजानैं कामप्रश्नरूप वरकूंमाँग्याहै ताविचारकूं निरूपणकरैं हैं ॥ इसमहात्मायाज्ञवल्क्यमुनिने कृपाकरिके पूर्व हमारेताई आत्मज्ञानकाउपदेशकऱ्याथा ॥ ता याज्ञवल्क्यमुनिकेउपदेशकूं मैंमंदबुद्धिजनक विस्मरणकरताभया ॥ दृष्टांत ॥ जैसे पूर्वलेकिसीपुण्यकर्मकेप्रभावतैं प्राप्तहुईचिंतामणिकूं मंदबुद्धिभाग्यहीनपुरुष परित्यागकरैहै ॥ तैसे मैंपापात्माजनक याज्ञवल्क्यमुनिकेउपदेशकापरित्यागकरताभया ॥ यातैं यहहमारा महान्अपराधहै ॥ ताअपराधकेनिवृत्तिकाउपाय दुर्लभहै ॥ परंतु पूर्वलेकिसीपुण्यकर्मकेप्रभावतैं ताअपराधकेनिवृत्तिकाउपाय यहकामप्रश्नरूपवर हमारेकूं प्राप्तभयाहै ॥ किंवा ॥ हस्ति अश्व सुवर्ण स्त्री पुत्र इत्यादिक जोमनुष्यलोककाधनहै सोभी हमारेकूं प्राप्तहै ॥ और कर्मउपासनारूप जोदेवलोककाधनहै सोभी हमारेकूंप्राप्तहै ॥ यातैं तिसमनुष्यधनविषे तथादेवधनविषे हमारीइच्छाहैनहीं ॥ एकआत्मज्ञानविषे हमारीइच्छाथी ॥ सो आत्मज्ञानभी पूर्व हमारेकूंप्राप्तभयाथा ॥ परंतु हमने आपणीमूर्खताकरिके ताआत्मज्ञानकूं विस्मरणकरिदिया ॥ और अभी हमारा कोईपूर्वलापुण्यकर्म उदयभयाहै ॥ जापुण्यकर्मकेप्रभावतैं यहयाज्ञवल्क्यमुनि हमारेऊपर प्रसन्नहोइके कामप्रश्नरूपवरकूंदेताभयाहै ॥

जनकराजाकेसाथ मैं संभाषणकरोंगा ॥ तांभी जिसनिर्गुणब्रह्मकाउपदेश मैं ने पूर्वे जनकके प्रतिकऱ्याथा ॥ तिसोनिर्गुणब्रह्मकाउपदेश मैं पुनःजनकके प्रतिकरोंगा ॥ परन्तु आपणेआगमनकाप्रयोजन जेयोगक्षेमादिक हैं ॥ तिनोंकूं जनककेप्रति नहींकहोंगा ॥ याप्रकारकासंकल्प मनविषेकरिकै सोयाज्ञवल्क्यमुनि जनकराजाकीसभाविषे जाताभया ॥ और आगेतैं सोजनकराजा याज्ञवल्क्यमुनिकूं सभाविषे आयाहुआदेखिकै संपूर्णसभासहित अभ्युत्थान करताभया ॥ और अर्घ्यपाद्यादिकोंकरिकै याज्ञवल्क्यमुनिका पूजनकरताभया ॥ और याज्ञवल्क्यमुनिकूं सिंहासनऊपरबैठावताभया ॥ तिसतैंअनंतर राजाकीसभाविषेरहणेहारे जेबुद्धिमान्ब्राह्मणहैं तथाअन्य क्षत्रिय वैश्यहैं ॥ तेसंपूर्ण आपणीबुद्धिकेअनुसार नानाप्रकारकेविचित्रकथावोंकूं कहतेभये ॥ तिनोंविषे केईकविद्वान्ब्राह्मण वैश्वानरीविद्याकाप्रसंग चलावतेभये ॥ और तावैश्वानरीविद्याविषे जनकराजा अत्यंतकुशलथा ॥ याकारणतैं सभावासीसर्वब्राह्मणोंकेप्रति तथा अन्यक्षत्रियवैश्योंकेप्रति सोजनकराजा याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हे संपूर्णसभावासीजनो ॥ नानाप्रकारकेफलोंकरिकेयुक्त तथा ब्रह्मलोककीदेणेहारी जोवैश्वानरीविद्या है ॥ तिसकूं मैं भलीप्रकार जाणताहूं ॥ यातैं यासभाविषेस्थित जितनेक विद्वान् ब्राह्मणहैं तथाक्षत्रियवैश्यहैं ॥ तिनोंविषे जोपुरुष यावैश्वानरीविद्याविषे कुशलहोवै॥सो पुरुष हमारेप्रति निःशंकहोइकेप्रश्नकरे हम ताकाउत्तरदेवैंगे॥अथवा॥हम तिसपुरुषकेप्रति प्रश्नकरतेहैं ॥ सो पुरुष हमारे प्रश्नकाउत्तरदेवै ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकारकावचन जबी जनकराजानैं सर्वविद्वानोंकेप्रतिकह्या ॥ तबी तेसभावासीविद्वान्ब्राह्मण तथाक्षत्रियवैश्य तावैश्वानरीविद्याविषे राजाजनककेप्रति प्रश्नकरणेमैं तथाराजाकेप्रश्नकाउत्तरदेणेमैं समर्थ नहींहोतेभये

तिस आपकेताईं हमारावारंवार नमस्कारहै॥कैसेहोआप॥सर्वमुनियोंविषेश्रेष्ठहो॥और वेदकेमंत्रोंकूं प्रगटकरणेहारेहो॥और साक्षात्सूर्य भगवान्केशिष्यहो ॥ औरसाक्षात्परमेश्वररूपहो ॥ ऐसेआपकेताईं हमारा वारंवार नमस्कारहै ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार जभी आशीर्वाद तथा सर्वस्व तथा नमस्कार यहतीनप्रकारकीगुरुदक्षिणा जनकने याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति दई॥ तभी सोयाज्ञवल्क्यमुनि बहुतप्रसन्नहोताभया॥ और जनकराजाकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ याज्ञवल्क्यमुनिरुवाच ॥ हेजनक ॥ विदेहदेशतैंआदिलेके तुम्हारे शरीरपर्यंत जितनेकराज्यादिकपदार्थहैं ॥ ते संपूर्ण हमारेहीहैं ॥ याकेविषे तुम किंचित्मात्रभीसंशयनहींकरो ॥ परंतु एकगुरुदक्षिणा हम तुम्हारेसे मागतेहैं ॥ सोगुरुदक्षिणा तुम हमारेप्रतिदेवो ॥ हेराजन् ॥ तुम्हाराचित्त अग्निआदिकोंकीउपासनाविषे अत्यंत तत्परहै ॥ तथा तुम्हाराचित्त राज्यकेव्यवहारविषे अत्यंत संलग्नहै ॥ याकारणतैं हमारेकूंमनविषे ऐसीसंभावनाहोवैहै ॥ जो हमने तुम्हारेताईं आत्माकाउपदेशकऱ्याहै ॥ तिसउपदेशकूं तूं किसीकालपाइके विस्मरणकरिदेवैगा ॥ इतनेकरिके याज्ञवल्क्यमुनिने यहअर्थ बोधनकऱ्या ॥ अग्निआदिकोंकीउपासनाकरिके ब्रह्मलोककीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं ब्रह्मलोककीइच्छा आत्मज्ञानका भावीप्रतिबंधकहै ॥ और राज्यादिकपदार्थोंविषे आसक्ति आत्मज्ञानका वर्तमानप्रतिबंधकहै ॥ प्रतिबंधककेविद्यमानहुए कार्यकीउत्पत्तिहोवैनहीं ॥ यातैं हेजनक ॥ जोहमनें तुम्हारेताईं आत्माकाउपदेशकऱ्याहै ॥ तिसउपदेशकूं तुमने कदाचित् विस्मरण नहींकरणा ॥ याप्रकारकीगुरुदक्षिणा तुम हमारेप्रतिदेवो ॥ और हेजनक ॥ यहविदेहनामादेश तथा मिथिलापुरी तथासंपूर्णराज्यादिकपदार्थ हमारेहीहैं ॥ और तूंभी हमाराहीदासहै॥यातैं यहहमारे राज्यादिकपदार्थ तैंदासकेपासहीरहैं ॥ हेजनक ॥ अबी हम आपणेआश्रमकूंजातेहैं ॥ किसीकालकेपीछे पुनःतुम्हारेसमीप आवैंगे ॥ हे शिष्य ॥ याप्रकारकावचन जबी याज्ञवल्क्यमुनिनें जनकराजाकेप्रतिकह्या ॥ तबी जनकराजा तथा अन्यब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य यहसंपूर्ण याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति तहांरहणेवासते बहुतप्रकारकीप्रार्थनाकरतेभये ॥ परंतु सोयाज्ञवल्क्यमुनि एकांतकेसुखकीइच्छाकरताहुआ आपणे आश्रमकूं जाताभया ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार याज्ञवल्क्यमुनिकेगयेतैं अनंतर किंचित्कालपाइके सोजनकराजा राज्यकेकार्योंविषे चित्तकी

प्राप्तहोवैहै ॥ हेभगवन् तिससूर्यभगवान्केआप शिष्यहो ॥ और जैसे सूर्यभगवान् जीवोंकेअंधकारकीनिवृत्तिकरैहै ॥ तैसे आपभी आत्म ज्ञानकीप्राप्तिकरिके शिष्योंके अज्ञानरूपअंधकारकीनिवृत्ति करतेहो ॥ यातैं आपभी सूर्य भगवान्केसमानहो ॥ तथा सर्वकामना वोंतेंरहितहो ॥ यातैं हेभगवन् जैसेआपकागुरु सूर्यभगवान् दीपकमात्रकरिके जीवोंऊपरप्रसन्नहोवैहै ॥ तैसे आपभी हमारीस्वल्पद क्षिणाकरिके प्रसन्नहोवो ॥ अब आशीर्वाद सर्वस्व नमस्कार यहतीनप्रकारकीअल्पदक्षिणा निरूपणकरैहैं ॥ हेभगवन् ॥ पूर्वआपनें स्थूल सूक्ष्म कारण यातीनशरीरोंकापरित्यागकरिके तुरीयअभयब्रह्मकाउपदेशहमारेप्रतिकऱ्या ॥ ताआपकेउपदेशकरिके अभय ब्रह्मकीप्राप्ति हमारेकूंभईहै ॥ यातैं हेभगवन् जिसअभयब्रह्मकीप्राप्ति आपनें हमारेप्रतिकरीहै ॥ सोअभयब्रह्म आपकूंभीप्राप्तहोवै ॥ यह आशीर्वादरूपदक्षिणा मैं आपकेताईं देताहूं ॥ और हेयाज्ञवल्क्यमुनि ॥ कालभगवान्ने जीवरूपीपक्षियोंकेबंधनकरणेवासतै अज्ञानरूप सूत्रकरिके कामक्रोधादिरूपग्रंथियोंकरिकेयुक्त अहममअभिमानरूपीजाल रचैं हैं ॥ तिनजालरूपीपाशों तैं मैंदुःखीदीनकूं आपने कृपाक रिके मुक्तकऱ्याहै ॥ यातैं आपकेउपकारकेसमान मैं कौन दक्षिणादेवों ॥ अब सर्वस्वरूपदक्षिणाकूंनिरूपणकरैं हैं ॥ हेयाज्ञवल्क्यमुनि ॥ सर्वलोकविषेप्रसिद्ध जोयहविदेहनामा हमारादेशहै ॥ तथा हमारेनिवासकास्थान जोयहमिथिलापुरीहै ॥ तथा हमारीजेस्त्रियां हैं तथा हमा रेजेपुत्रहैं ॥ इत्यादिकसर्वपदार्थोंसहित मैं जनक आपकादासहूं ॥ और हेयाज्ञवल्क्यमुनि ॥ श्रुतिविषे तथा स्मृतिविषे ब्रह्मविद्याकेउपदेश करणेहारेगुरुकूं पिताकह्याहै ॥ और शिष्यकूंपुत्रकह्याहै ॥ और जबपर्यंत पिताविद्यमानहोवैहै ॥ तबपर्यंत पुत्रका धनविषेअभिमानहोवै नहीं ॥ यातैं शास्त्रकीरीतिसें विचारकरिके देखियेतो ॥ यहराज्यादिकसर्वपदार्थ हमने आपकेताईंदियेहैं ॥ याप्रकारकेवचनकहणेविषेभी मैं समर्थनहींहूं ॥ किंतु मेरेसैं आदिलेके संपूर्णराज्यादिकपदार्थ आपकेहीहैं ॥ हेभगवन् ॥ आपकीआज्ञातैंविना जभी अन्नमात्रकेभोजन करणेविषेभी मैं स्वतंत्र नहींहूं ॥ तभीराज्यादिकसंपूर्णपदार्थ हमने आपकेताईं दानकरे हैं ॥ याप्रकारकाहमाराकहणा कैसेसंभवैगा ॥ यातैं यहराज्यादिकसर्वस्वआपकाहीहै ॥ अब नमस्काररूपदक्षिणाकूं निरूपणकरैं हैं ॥ हेयाज्ञवल्क्यमुनि॥ब्रह्मकाउपदेशकरणेहारे जोआपगुरुहो

ताई आत्मज्ञानकीप्राप्तिकरीहै यातैं इसयाज्ञवल्क्यमुनिकेताईं मैं कौनपदार्थ गुरुदक्षिणादेवौं ॥ तहाँ जोमैं स्त्री पुत्र धन राज्य सेना सहित आपणाशरीर गुरुदक्षिणादेवौं ॥ तोभी सोदक्षिणा आत्मज्ञानकेसमानहोवैनहीं ॥ किंवा ॥ ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरिकै शिष्यकूं आत्मज्ञान कीप्राप्तिकरणेहारा जोगुरुहै ॥ तिसगुरुकेताईं जोशिष्य समुद्रपर्यंत सुवर्णकरिकैपूर्ण संपूर्णपृथिवी गुरुदक्षिणादेवै ॥ तोभी सोदक्षिणा आत्मज्ञानकेसमानहोवैनहीं ॥ किंवा ॥ अनेकजन्मोंविषे करेहैंब्रह्मचर्यादिकसाधन जिनोंनैं ऐसेजे देहधारीजीवहैं ॥ तिनोंकरिकैभी यहआ नंदस्वरूपआत्मा दुर्लभहै ॥ और तीनलोकोंविषे आत्माकेलाभतैंपरे दूसराकोईलाभहैनहीं ॥ तहाँश्रुति ॥ आत्मलाभान्नपरंविद्यते ॥ अर्थयह ॥ आनंदस्वरूपआत्माकेलाभतैंपरे कोईसंसारविषेलाभहैनहीं ॥ आनंदस्वरूपआत्माकीप्राप्तिही परमलाभहै ॥ १ ॥ ऐसे दुर्लभआ त्माकीप्राप्ति जिसगुरुनेकरीहै ॥ तिसगुरुकेताईं पुत्र स्त्री धन राज्य पृथिवी इत्यादिकअनात्मपदार्थोंकीदक्षिणादेणी हमारेकूं उचितनहीं ॥ किंवा ॥ स्वर्गविषेदेवतावोंकूंजीतिकरिकै तथा पातालविषे नागोंकूंजीतिकरिकैस्वर्ग भूमि पाताल यहतीनलोक जोमैं याज्ञवल्क्यमुनिकेताईं गुरुदक्षिणादेवौं॥तोभी आत्मज्ञानकेसमान सोदक्षिणानहीं॥तात्पर्ययह॥याज्ञवल्क्यमुनिने हमारेकूंआत्माकीप्राप्तिकरीहै॥सोकैसाहैआत्मा॥ अपरिच्छिन्न है तथानित्यहै तथा आनंदस्वरूपहै तथा दुर्लभहै ॥ ऐसे आत्माकेसमान कोईसंसारविषेपदार्थहैनहीं ॥ किंतु पुत्र स्त्री धन राज्यतीनलोक इत्यादिकसंपूर्णपदार्थ परिच्छिन्नहैं तथाअनित्यहैं तथादुःखरूपहैं तथासुलभहैं ॥ यातैं आत्माकीप्राप्तिकेसमान यहदक्षिणा होवैनहीं ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकारकाविचारकरिकै सोजनकराजा याज्ञवल्क्यमुनिकेताईं गुरुदक्षिणादेणेयोग्य कोईपदार्थ नहींदेखता भया ॥ तिसतैंअनंतर अत्यंतहर्षवान्होइकै सोजनकराजा याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ राजाजनकउवाच ॥ हेभग वन् ॥ आपकागुरुजो सूर्यभगवान्है ॥ सो सर्वदेहधारीजीवोंका बाहरविचरणेहाराप्राणहै ॥ तथा सर्वजीवोंकेनेत्रोंकूंनिरोधकरणेहारा जो अंधकारहै ॥ ताअंधकारकीनिवृत्तिकरिकै सर्वजीवोंकेव्यवहारकीसिद्धिकरैहै ॥ ऐसेसूर्यभगवान्केउपकारकेसमान कोईपदार्थकूं नहींदेखते हुए तेदेहधारीजीव तासूर्यभगवान्केताईं दीपकमात्र अर्पणकरैहैं ॥ और सोसूर्यभगवान् आपकागुरु तादीपकमात्रकरिकैही प्रसन्नताकूं

याकारणतैं भेदरहितअद्वितीयब्रह्मकूं श्रुतिनैं अभयकह्याहे ॥ अब याहीअर्थकूं दृष्टांतकरिके स्पष्टकरैं हैं ॥ हेजनक ॥ जैसे गंधर्वनगर आकाशतैं भिन्ननहीं है॥ तैसे यहसंपूर्णजगत् आनंदस्वरूपआत्मातैं भिन्ननहीं है ॥ और जैसे आकाशविषे जोगंधर्वनगरकीस्थितिहै ॥ सो वास्तवतैंनहीं ॥ किंतु मायाकरिकेहै ॥ तैसे आनंदस्वरूपआत्माविषे जोजगत्कीस्थितिहै ॥ सोभीवास्तवतैंनहीं ॥ किंतु मायाकरिकेहै ॥ और हेजनक ॥ जैसे आकाशरूपअधिष्ठानविषे गंधर्वनगर पूर्वहुआनहीं ॥ और आगेहोवेगानहीं ॥ और अभीहैनहीं ॥ तैसे याआनंदस्वरूपआत्माविषे जगत् पूर्वहुआनहीं ॥ और आगेहोवेगानहीं ॥ और अभीहैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ जोआनंदस्वरूपआत्माविषे तीनकाल जगतनहींभयाहे ॥ तो लोकोंकूं भिन्नभिन्नरूपकरिके यहजगत् किसवासते प्रतीतहोताहे ॥ समाधान ॥ हेजनक जैसे आकाशविषे यद्यपि तीनकालविषे गंधर्वनगरनहीं है॥तथापि भ्रांतपुरुषोंकूं सोगंधर्वनगर स्थूलसूक्ष्मरूपकरिके तथाजडचेतन्यरूपकरिके प्रतीतहोवेहै॥ तैसे आनंदस्वरूपआत्माविषे यद्यपि तीनकालमें जगत्नहीं है॥तथापि अज्ञानीजीवोंकूं भ्रांतिकरिके सोजगत् स्थूलसूक्ष्मरूपकरिके तथा जडचेतन्यरूपकरिके प्रतीतहोवेहै ॥ अबयाहीअर्थकूं स्वप्नके दृष्टांतकरिके निरूपणकरैं हैं ॥ हेजनक जाग्रत्अवस्थाविषे रथ अश्व हस्ति आदिकपदार्थोंकेउत्पत्तिकेसाधन जेदेशकालादिकहैं ॥ तिन देशकालादिकसाधनोंका स्वप्नअवस्थाविषे अभावहुएभी ॥ जैसे एकहीस्वप्नद्रष्टापुरुष अज्ञानकेवशतैं रथ अश्व हस्ति इत्यादिकअनेकभावकूंप्राप्तहोवें हैं ॥ तैसे देशकालादिकसाधनोंतैंरहित एकहीपरमात्मादेव नानाप्रकारकेजगत्भावकूंप्राप्तहोवेहै ॥ और हेजनक ॥ जैसे स्वप्नतैंजाग्रत्कूंप्राप्तहुआसोपुरुष स्वप्नकेपदार्थोंकूं देखतानहीं ॥ यातैं जाग्रत्अवस्थास्वप्नपदार्थोंकानाश करणेहारीहै ॥ तैसे आत्माकेसाक्षात्कारकरिके यह संपूर्णजगत् नाशकूंप्राप्तहोवेहै ॥ हेजनक ॥ ऐसाअद्वितीयआत्माकासाक्षात्कार तुमारेकूंप्राप्तभयाहे ॥ यातैं संसाररूपशूलतैं तूं अभीभयमतकर ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार जभी याज्ञवल्क्यमुनिनैं जनकराजाकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकऱ्या ॥ तभी सोजनकराजा आपणेमनविषे याप्रकारकाविचारकरिके याज्ञवल्क्यमुनिकेताईं देणेयोग्यगुरुदक्षिणाकूं नहींदेखताभया ॥ अब ता जनकराजाकेविचारकूं निरूपणकरैं हैं ॥ हेसयाज्ञवल्क्यमुनिनैं हमारे

यातेंहोवैनहीं ॥ किंतु आत्मारूपकरिकै जोब्रह्मकाज्ञानहै सोईही ब्रह्मकीप्राप्तिहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् आत्माकेज्ञानहुएभी जीवोंकूं संसार रूपशूलतैंभय काहेतैंनहींहोता ॥ समाधान ॥ हेजनक ॥ संपूर्णजीवोंकूं द्वितीयपदार्थकेज्ञानतैंभयहोवैहै ॥ यातैं द्वितीयपदार्थकाज्ञान भयकाकारणहै यहसिद्धभया ॥ और जबपर्यंत किंचित्मात्रभी द्वितीयपदार्थकाज्ञानहोवैहै ॥ तबपर्यंत अद्वितीयआत्माकाज्ञानहोवैनहीं ॥ और विद्वान्पुरुषकूं अद्वितीयआत्माकेअज्ञानकरिकै द्वितीयपदार्थकाज्ञान निवृत्तभयाहै ॥ यातैं द्वैतज्ञानरूपकारणकेअभावहुए विद्वान् पुरुषकूं भयकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ तहांश्रुति ॥ द्वितीयाद्वैभयंभवति ॥ अर्थयह ॥ द्वितीयपदार्थकेज्ञानतैं जीवोंकूं भयकीप्राप्तिहोवैहै ॥ १ ॥ अब याहीअर्थकूंस्पष्टकरिकैदिखावैहैं ॥ हेजनक जिसपदार्थविषे यहपदार्थ हमारेदुःखकासाधनहै याप्रकारका प्रतिकूलताज्ञानहोवैहै॥तिसी पदार्थतैं जीवोंकूं भयकीप्राप्तिहोवैहै ॥ जैसे सिंहसर्पादिकोंविषे जभी जीवोंकूं प्रतिकूलताज्ञानहोवैहै॥तभी तासिंहसर्पादिकोंतैं जीवोंकूं भय कीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं यहसिद्धभया ॥ द्वैतज्ञानजन्य जोप्रतिकूलताज्ञानहै ॥ सोईही जीवोंकेभयकाकारणहै ॥ और आनंदस्वरूपआत्मा विषे किसीजीवकूंप्रतिकूलताज्ञानहोवैनहीं ॥ किंतु सर्वजीवोंकूं आत्माविषे अनुकूलताज्ञानहै ॥ ऐसेअनुकूलआत्माका सर्वत्रव्यापकरूपक रिकैज्ञानजिसपुरुषकूंभयाहै ॥ तिसपुरुषकूं किसीपदार्थतैंभयहोतानहीं ॥ और हेजनक ॥ सोप्रतिकूलताज्ञान द्वैतज्ञानतैंविनाहोवैनहीं ॥ यातैं द्वैतपणाहीं प्रतिकूलताज्ञानकाकारणहै ॥ सोद्वैतपणा अद्वितीयब्रह्मविषेहैनहीं ॥ याकारणतैं सोअद्वितीयब्रह्म अभयहै ॥ तथा विज्ञानआनंदरूपहै ॥ तथा संपूर्णभेदतैंरहितहै ॥ हेजनक ॥ ऐसा अद्वितीयअभयब्रह्म तेरेतैंभिन्ननहीं किंतु तेरास्वरूपहै॥और हेजनक॥ मैं तथातूं तथासंपूर्णभूतप्राणी तथास्थूलसूक्ष्मशरीर इसतैंआदिलेकेजितनाकीजगत्है सोसंपूर्णजगत् ब्रह्मतैंभिन्ननहीं किंतु ब्रह्मरूपही है ॥

यातैं यहआनंदस्वरूपआत्मा शीर्णताभावकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ याकारणतैं याआनंदस्वरूपआत्माकूं श्रुति अशीर्यकहैहै ॥ अब आत्माविषे असंगपणानिरूपणकरैं हैं ॥ हेजनक ॥ यालोकविषे जेपदार्थ संगवान्होवैं हैं ॥ तिनपदार्थोंकूं इतरपदार्थोंकेसंगतैं दोषोंकीप्राप्तिहोवैहै ॥ जैसे स्वभावतैंशीतलस्पर्शवाला जोजलहै ॥ तिसजलविषे अग्निकेसंगतैं उष्णता प्राप्तहोवैहै ॥ और स्वभावतैं उष्णशीतस्पर्शतैंरहित जो वायुहै ॥ तिसवायुविषे अग्निकेसंगतैं उष्णता प्राप्तहोवैहै ॥ और जलकेसंगतैं शीतलता प्राप्तहोवैहै ॥ और जोपदार्थ असंगहै ॥ तिसपदार्थ विषे किसीदोषकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ जैसे असंगआकाशविषे मेघविद्युत्आदिकृतदोषोंकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ और जोपदार्थ मूर्त्तिमान्होवैहै तथापरिच्छिन्नहोवैहै ॥ सोईहीपदार्थ संगवान्होवैहै ॥ जैसे मूर्त्तिमान् तथापरिच्छिन्न जलादिकपदार्थ अग्निआदिकोंकेसाथ संगकूंप्राप्त होवैं हैं ॥ और यहआनंदस्वरूपआत्मा मूर्त्तिमान्नहीं तथा परिच्छिन्ननहीं ॥ यातैं आत्माका किसीपदार्थकेसाथ संगहोवैनहीं ॥ और संगकेअभावहुए यहआत्मा किसीपदार्थकेदोषकूंभी प्राप्तहोवैनहीं ॥ किंवा ॥ संयोगादिकसंबंधोंकानाम संगहै ॥ और किंचित् कालपर्यंत इतरपदार्थकेस्वरूपकीन्याई जोस्थितिहै यहसंगकाफलहै ॥ जैसे उष्णस्पर्शवान्अग्निकेसाथ जभी जलकासंयोग संबंधहोवैहै॥तभी सोजल किंचित्कालपर्यंत अग्निकेसमान उष्णस्पर्शवालाहुआ स्थितहोवैहै॥और यहआनंदस्वरूपआत्मा सजातीयभेद तथाविजातीयभेद तथा स्वगतभेद यातीनभेदोंतैंरहितहै॥यातैं यहआत्मा संयोगादिसंबंधरूपसंगकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ तथा इतरपदार्थकेसाथ तादात्म्यरूप जोसंगकाफलहै॥ताफलकूंभी प्राप्तहोवैनहीं ॥किंवा॥यालोकविषे संगवान् जेवस्त्रादिकपदार्थहैं ॥ते बंधनरूपफलकूं तथा परिणामरूपफलकूं अवश्यप्राप्तहोवैहैं॥और वस्त्रादिकपदार्थोंकाउपादानकारण जेतंतुआदिकहैं ॥ तिनोंकेपरस्परविभागतैं तथा तिनतंतुवोंकेनाशतैं पटादिकपदार्थोंकानाशभी अवश्यहोवैहै॥कहांतौपटादिकपदार्थोंका शीघ्रहीनाशहोवैहै॥और कहांशनैःशनैःकरिकैनाशहोवैहै॥और यह आनंदस्वरूपआत्मा संगतैंरहितहै ॥ याकारणतैं यहआनंदस्वरूपआत्मा बंधनकूं तथापरिणामकूं तथा विनाशकूं प्राप्तहोवैनहीं ॥ और यहआनंदस्वरूपआत्मा सर्वविशेषभावतैंरहितहै॥तथा मनवाणीकाअविषयहै ॥ हेजनक ॥ ऐसा तुरीयआत्माही तुम्हारेकूं ज्ञानकरि

त्माविषे कर्त्तापणा सिद्धहै ॥ सो यहवादीकाकहणाभीसंभवैनहीं ॥ काहेतैं जैसे द्रष्टा श्रोता मंता विज्ञाता यहश्रुति आत्माकूंकर्त्तारूप करिकै बोधनकरैहै ॥ तैसे अद्रष्टा अश्रोता अमंता अविज्ञाता यहश्रुति आत्माविषे कर्त्तापणेकानिषेधभीकरैहै ॥ यातैं तिनदोनोंश्रुतियोंविषे आत्माकूं अकर्त्तारूपकरिकैबोधनकरणेहारीश्रुतिही मुख्यप्रमाणहै ॥ और आत्माकूंकर्त्तारूपकरिकै बोधनकरणेहारीजोश्रुतिहै ॥ सो भ्रांतपुरुषोंकरिकैसिद्ध जोआत्माविषेकर्त्तापणाहै ताका अनुवादकरैहै ॥ यातैं सो श्रुतिआपणेअर्थपर नहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ फलवान् तथालौकिकप्रमाणोंकरिकै अज्ञात जोअर्थ है ॥ ताकेबोधनकरणेकरिकैहीश्रुतिकूं प्रामाण्यताहोवैहै ॥ और कर्त्ताभोक्तारूपकरिकैआत्मा सर्वलोकोंकूंप्रसिद्धहै ॥ तथा कर्त्ताभोक्तारूपकरिकैआत्माकेज्ञानतैं किसीफलकीभी प्राप्तिहोवैनहीं ॥ उलटा जन्ममरणादिरूपअनर्थकीप्राप्ति होवैहै ॥ यातैं कर्त्ताभोक्तारूपकरिकै आत्माकेबोधनविषे श्रुतिकातात्पर्यनहीं ॥ और अकर्त्ताअभोक्तारूपकरिकै आत्मा लोकसिद्धहैनहीं॥ तथा अकर्त्ताअभोक्तारूपकरिकै आत्माकेज्ञानतैं अज्ञानसहितसर्वअनर्थोंकीनिवृत्तिरूपफलकीभीप्राप्तिहोवै है ॥ यातैं अकर्त्ताअभोक्तारूपकरिकै आत्माकेबोधनकरणेविषेही श्रुतिकातात्पर्य है ॥ यातैं प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकरिकै आत्माकाज्ञानहोवैनहीं ॥ किंतु आपणेस्वयंप्रकाशरूपकरिकै आत्माकाज्ञानहोवैहै ॥ और वास्तवतैंविचारकरिकैदेखियेतो पूर्वउक्तयुक्तियोंसैं किसीअनात्मपदार्थकाभी प्रत्यक्षादिकप्रमाणों करिकै ज्ञानसंभवैनहीं ॥ तो निर्गुणपरमात्माकेज्ञानविषे प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकूं किसप्रकार कारणता होवैगी ॥ याकारणतैंही श्रुतिभगवती आत्माकूं अगृह्यकहैहै ॥ इतनैंग्रंथकरिकै आत्माविषे प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकी अविषयतादिखाई ॥ अब आत्माविषे अशीर्यता निरूपणकरै हैं ॥ हेजनक ॥ यहआनंदस्वरूपआत्मा सर्वप्राणियोंका आत्माहै ॥ यातैं हननक्रियाकी कर्मतारूप जोशीर्णताहै ताकूं प्राप्तहोवैनहीं ॥ किंवा ॥ लोकविषे जोजोपदार्थ मूर्त्तिमान्होवैहै तथा भेदवान्होवैहै ॥ सोईही पदार्थ अवयवोंकीशिथिलतारूप शीर्णताकूं प्राप्तहोवैहै ॥ जैसे वस्त्रादिकपदार्थ मूर्त्तिमान्हैं तथा भेदवालेहैं ॥ यातैं किंचितकाल पाइके तंतुआदिकअवयवोंकीशिथिलतारूप शीर्णताकूंप्राप्तहोवैं हैं ॥ और आत्माविषे मूर्त्तिमान्ता तथाभेद यहदोनोंधर्म हैनहीं ॥

नेत्रादिकइंद्रियोंकूं बहिर्मुखकरताभया ॥ याकारणतैं तेनेत्रादिकइंद्रिय घटपटादिकबाह्यपदार्थोंकूंहीं देखैहैं ॥ अंतरआत्माकूं तेनेत्रादिकइंद्रिय देखतेनहीं ॥ १ ॥ याश्रुतिविषे यहनियम कथनकऱ्या ॥ जिसजिसपदार्थविषे बाह्यपणा होवैहै ॥ तिसतिसपदार्थविषेही नेत्रादिकइंद्रियोंकासंबंधहोवैहै ॥ बाह्यपणेतैंविना नेत्रादिकइंद्रियोंकासंबंधसंभवैनहीं ॥ और अंतरआत्माविषे बाह्यपणाहैनहीं ॥ यातैं आत्माविषे नेत्रादिकइंद्रियोंकासंबंधभीसंभवैनहीं ॥ और संयोगादिकसंबंधतैंविना नेत्रादिकइंद्रिय किसीपदार्थकेज्ञानकूं उत्पन्नकरैनहीं ॥यातैं आत्मा कर्त्ताभोक्ताहै याप्रकारकाज्ञान नेत्रादिकइंद्रियोंकरिकै संभवैनहीं ॥ किंवा ॥ आत्मा कर्ताभोक्ताहै याप्रकारकाज्ञान मनरूपअंतरप्रत्यक्षप्रमाणकरिकै जोवादी अंगीकारकरै ॥ सोभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं कामःसंकल्पोविचिकित्सा याश्रुतिविषे इच्छा संकल्प संशय श्रद्धा अश्रद्धा अधैर्य लज्जा भय वृत्तिज्ञान इनसंपूर्णोंका मनहीं उपादानकारणकह्याहै ॥ और जोउपादानकारणहोवैहै ॥ सो करणहोवैनहीं ॥ जैसे घटकाउपादानकारणमृत्तिका घटकाकरणहोवैनहीं ॥ तैसे वृत्तिज्ञानकाउपादानकारण जोमनहै ॥ सोमन ताज्ञानका करणहोइसकैनहीं ॥ यातैं आत्मा कर्त्ताभोक्ताहै याप्रकारकाज्ञान मनकरिकैभी संभवैनहीं ॥ किंवा ॥ आत्मा कर्ताभोक्ताहै याप्रकारकेज्ञानकीउत्पत्ति नेत्रादिकइंद्रियोंकेसंबंधतैं जोवादी अंगीकारकरै ॥ तो नेत्रादिकइंद्रियोंकासंबंध स्थूलशरीरकेसाथहै ॥ यातैं स्थूलशरीरविषेहीं सोज्ञान होवैगा और असुरोंकेमोहकरणेवासतै देहात्मवादीचार्वाकोंकेमतकाकर्त्ता जोबृहस्पतिहै ॥ ताकेमतकोप्राप्ति वादीकूं बलात्कारसैंहोवैगी ॥ यातैं आत्मा कर्त्ताभोक्ताहै याप्रकारकाज्ञान प्रत्यक्षप्रमाणकरिकै संभवैनहीं यहसिद्धभया ॥ किंवा ॥ आत्मा कर्त्ताभोक्ताहै याप्रकारकाज्ञान अनुमानादिकप्रमाणोंकरिकैहोवैहै यहदूसरापक्ष जोवादीअंगीकारकरै सोभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं अनुमान उपमान शब्द यातीनप्रमाणोंका प्रत्यक्षप्रमाणहीं मूलकारणहै॥सोप्रत्यक्ष प्रमाण जभी आत्माकेज्ञानविषे कारणनहींभया॥तभी अनुमानादिकप्रमाण किसप्रकार कारणहोवैंगे यातैं आत्मा कर्त्ताभोक्ताहै याप्रकारकाज्ञान अनुमानादिकप्रमाणोंकरिकैभी संभवैनहीं॥किंवा॥जोवादी याप्रकारकहै ॥ऐतरेयउपनिषद्विषे आत्माकूंद्रष्टा श्रोता मंता विज्ञाता कह्याहै॥तहाँ दर्शनकर्त्ताकानाम द्रष्टाहै ॥ और श्रवणकर्त्ताकानाम श्रोताहै ॥यातैं याश्रुतिकरिकैही आ

दूसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरे ॥ सोभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं जो सोदृष्टि सर्वपदार्थोंकाप्रकाशकहोवे ॥ तो एकपदार्थकेज्ञानकालविषे सर्व पदार्थोंकाज्ञानहोणाचाहिये ॥ और एकपदार्थकेज्ञानकालविषे सर्वपदार्थोंकाज्ञान किसीजीवकूंहोतानहीं ॥ यातैं सोदृष्टि सर्वपदार्थोंकाप्रकाशकनहीं॥इतनैंग्रंथकरिकै चक्षुआदिकप्रमाणोंविषे प्रमाणताकाखंडनकरिकै आत्माविषे प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकी अविषयता निरूपणकरी ॥ अब चक्षुआदिकप्रमाणोंविषे प्रमाणताकाअंगीकारकरिकैभी आत्माविषे प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकीअविषयता निरूपणकरेंहैं ॥ किंवा ॥ लोकविषे जीवोंकूं जोघटादिकपदार्थोंकाज्ञान उत्पन्नहोवैहै ॥ सो घटादिकपदार्थोंकाज्ञान किसीकारणतैंविना आपहीउत्पन्नहोवेनहीं किंतु चक्षुआदिकप्रमाणोंका घटादिकपदार्थोंकेसाथ जोसंयोगादिकसंबंधहै ॥ ता संयोगादिकसंबंधरूप कारणकीअपेक्षाकरिकैहीं सो घटादिक पदार्थोंकाज्ञान उत्पन्नहोवैहै ॥ याप्रकारकीप्रक्रिया वादी अंगीकारकरैहै ता वादीसैं यहपूछाचाहिये॥आत्मा कर्ता भोक्ताहै याप्रकारकाज्ञान तुमारेकूं किसप्रमाणकरिकैभयाहै ॥ प्रत्यक्षप्रमाणकरिकैभयाहै ॥ अथवा अनुमानादिकप्रमाणोंकरिकैभयाहै ॥ तहाँ जोवादी प्रथमपक्ष अंगीकारकरे सो संभवैनहीं ॥ काहेतैं वादीकेमतविषे प्रत्यक्ष प्रमाण दोप्रकारका होवैहै ॥ एक बाह्यप्रत्यक्षप्रमाण ॥ और दूसरा अंतरप्रत्यक्षप्रमाण ॥ तहाँ मन अंतरप्रत्यक्षप्रमाणहै ॥ और बाह्यप्रत्यक्षप्रमाण पंचप्रकारकाहोवैहै ॥ श्रोत्र १ त्वक् २ चक्षु ३ रसन ४ घ्राण ५ इनपांचोंविषेभी श्रोत्र रसन घ्राण यहतीनइंद्रियतौ द्रव्यकूंविषयकरैनहीं ॥ किंतु क्रमतैं शब्द रस गंध यातीनगुणोंकूंही विषयकरैहै ॥और वादी आत्माकूंभी द्रव्यमानैहै ॥यातैं श्रोत्र रसन घ्राण यातीनप्रमाणोंकरिकैतौ आत्माका कर्त्ताभोक्तारूपकरिकैज्ञान होइसकैनहीं॥और चक्षु त्वक् यहदोनोंइंद्रिय द्रव्यकूंग्रहणकरैहैं ॥ परंतु जिसद्रव्यविषे उद्भूतरूप तथा उद्भूतस्पर्श होवैहै ॥ तिसद्रव्यकाग्रहणकरैहै॥अन्य द्रव्यकाग्रहणकरैनहीं ॥ और आत्माविषे उद्भूतरूप तथाउद्भूतस्पर्श हैनहीं॥यातैं चक्षु त्वक् यादोनोंइंद्रियोंकरिकैभी आत्माका कर्त्ताभोक्तारूपकरिकैज्ञान संभवैनहीं॥किंवा आत्माविषे इंद्रियजन्यज्ञानकीविषयतानहींहै॥यहवार्त्ता केवलयुक्तियोंकरिकैसिद्धनहीं ॥किंतु श्रुतिप्रमाणकरिकैभी यहवार्त्ता सिद्धहै ॥ तहांश्रुति ॥ पराञ्चिखानिव्यतृणत्स्वयंभूस्तस्मात्पराङ्पश्यतिनांतरात्मन् ॥ अर्थयह॥स्वयंभूपरमात्मा

नहीं ॥ किंवा ॥ ज्ञानरूपहुई सोदृष्टि प्रमाणहै यहदूसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरै ॥ तासैं यहपूछाचाहिये ॥ सो प्रमाणरूपदृष्टि प्रकाशतैंरहितहै अथवा परप्रकाश्यहै अथवा स्वयंप्रकाश्यहै ॥ तहाँ प्रथमपक्ष जोवादी अंगीकारकरै सो संभवैनहीं ॥ काहेतैं जैसे प्रकाशतैंरहितघट प्रमाणरूपहैनहीं ॥ तैसे प्रकाशतैंरहित सोदृष्टिभी प्रमाणरूप नहींहोवैगी ॥ और प्रकाशतैंरहितदृष्टिकूं जोप्रमाणरूप अंगीकारकरौगे ॥ तौ प्रकाशतैंरहितघटभी प्रमाणरूप होणाचाहिये ॥ और सोदृष्टि परप्रकाश्यहै यहदूसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरै सोभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं जैसे घट परप्रकाश्यहै यातैं प्रमाणरूपनहीं ॥ तैसे परप्रकाश्यहोणेतैं सोदृष्टिभी प्रमाणरूपनहींहोवैगी ॥किंवा॥ताप्रमाणरूपदृष्टिकूं परप्रकाश्यमानणेविषे अनवस्थादोषकीभी प्राप्तिहोवैहै ॥ काहेतैं सोप्रमाणरूपदृष्टि जिसदूसरीप्रमाणरूपदृष्टिकरिकै प्रकाश्यहै ॥सो दूसरीप्रमाणरूप दृष्टिभी किसीतीसरेप्रमाणरूपदृष्टिकरिकै प्रकाश्यहोवैगी ॥ तीसरीचतुर्थकरिकैहोवैगी ॥ याप्रकार प्रमाणरूपदृष्टियोंकीधारामानणेविषे अनवस्थादोषकीप्राप्तिहोवैगी ॥ यातैं सोप्रमाणरूपदृष्टि परप्रकाश्य संभवैनहीं ॥ किंवा ॥ सो प्रमाणरूपदृष्टि स्वयंप्रकाश्यहै यहतीसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरै सोभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं श्रुतिप्रमाणतैंरहित जे केवलशुष्कतर्कहैं ॥ तिनतर्कोंकूंग्रहणकरिकेही वादी अर्थकीसिद्धिकरैहै ॥ और सोतर्क लौकिकदृष्टांततैंविना किसीअर्थकूं सिद्धकरैनहीं ॥ यातैं प्रमाणरूपदृष्टि स्वयंप्रकाश्यहै याअर्थकी सिद्धिविषेभी वादीनैं कोईलौकिकदृष्टांत कह्याचाहिये ॥ और लोकविषे ऐसाकोईपदार्थहैनहीं ॥ जो आपही प्रकाशनरूपक्रियाकाकर्ताहोवे ॥ और आपही प्रकाशरूपक्रियाकाकर्महोवे ॥ यातैं प्रमाणरूपदृष्टिकूं स्वयंप्रकाशतासंभवैनहीं ॥ किंवा ॥ प्रमाणरूपदृष्टिकूं आत्मातैं भिन्नमानिकै जोवादी तादृष्टिकूं स्वयंप्रकाशमानैहै ॥ तावादीसैं यहपूछाचाहिये ॥ सो स्वयंप्रकाशदृष्टि खद्योतजंतुकीन्याई आपणेस्वरूपमात्रकाहीं प्रकाशकरैहै ॥ अथवा सूर्यकीन्याई सर्वपदार्थोंकाप्रकाशकरैहै ॥ तहाँ प्रथमपक्ष जोवादी अंगीकारकरै सो संभवैनहीं ॥ काहेतैं जैसे खद्योतनामाजंतु किसीपदार्थकाप्रकाशकरैनहीं ॥ केवल आपणाहीं प्रकाशकरैहै ॥ तैसे सोदृष्टिभी आपणेतैंभिन्न किसीपदार्थका प्रकाश नहींकरैगी ॥ यातैं लोकविषे किसीभीपदार्थकीसिद्धि नहींहोणीचाहिये ॥ और सूर्यकीन्याई सोदृष्टि सर्वपदार्थोंका प्रकाशकरै यह

काकहणाभी संभवेनहीं ॥ काहेतें आत्माविषे कर्ताभोक्तापणेकीसिद्धिवासते तुमने अंगीकारकरीजोदृष्टि॥सोदृष्टि आत्माकास्वरूपभूतहै॥ अथवा आत्माकाधर्म है तहाँ जोवादी प्रथमपक्ष अंगीकारकरे ॥ तौ हमारेकूंइष्टापत्तिहै ॥ काहेतें ज्ञानरूपदृष्टिकूं आत्मरूपता हमभीअं गीकारकरतेहैं ॥ और सोदृष्टि आत्माकाधर्म यहदूसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरे सो संभवेनहीं ॥ काहेतें वादीकेमतविषे धर्मका तथा धर्मीका परस्पर भेदहीहोवैहै ॥ यातें दृष्टिरूपधर्मकूं प्रकाशरूपताहुएभी धर्मीरूपजडआत्माकूं प्रकाशरूपतासंभवेनहीं ॥ दृष्टांत ॥ जैसे पुत्रकेपंडितहुएभीपिता पंडितहोवैनहीं॥किंवा॥ वादीनें आत्माविषे अंगीकारकरीजोदृष्टि सोदृष्टि धर्मीरूपआत्मातैंभिन्नहै॥यातें सोदृष्टिआ त्माकीसिद्धिकरिसकेनहीं ॥ और आत्मारूपधर्मीकेअसिद्धहुए ज्ञानरूपदृष्टिकीभी सिद्धिसंभवेनहीं ॥ किंवा ॥ जोवादी याप्रकारकहे ॥ ता धर्मरूपदृष्टिकरिके आत्माकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ किंतु स्वप्रकाशरूपकरिके अथवा अन्यकिसीप्रमाणकरिके आत्माकीसिद्धिहोवैहै ॥ यातें आत्माकीधर्मरूपदृष्टिभी सिद्धहोइसकैहै ॥ सो यहवादीकाकहणाभी संभवेनहीं ॥ काहेतें जभी स्वप्रकाशरूपकरिके अथवा अन्य किसीप्रमाणकरिकेभी आत्माकीसिद्धिहोइसकैहै ॥ तभी आत्माविषे दृष्टिकाअंगीकारकरणा निष्फलहै ॥ किंवा ॥ जोवादी आत्माविषे दृष्टिकूं अंगीकारकरैहै ॥ तासें यहपूछाचाहिये ॥ पदार्थोंकाज्ञानहोवै जिसकरिके ताकूंदृष्टिकहैं हैं ॥ याप्रकारकेअर्थकूंअंगीकारकरिके चक्षुआदिकोंकीन्याई करणरूपहुई सोदृष्टि प्रमाणहै ॥ अथवा ज्ञानरूपहुई सोदृष्टि प्रमाणहै ॥ तहां प्रथमपक्षतो संभवेनहीं ॥ काहेतें प्रत्य क्षादिकप्रमाणोंकी अबपर्यंत सिद्धिभईनहीं ॥ यातें ताप्रमाणरूपदृष्टिकरिके आत्माकीसिद्धि तुमारेसेंहोइसकेनहीं ॥ किंवा ॥ वादीनें अंगी कारकरी जोप्रमाणरूपदृष्टि तादृष्टिविषे प्रमाणरूपता तभी सिद्धहोवै ॥ जभी तादृष्टिजन्यज्ञानविषे प्रमापणासिद्धहोवै ॥ काहेतें प्रमाज्ञान काजोकरणहोवैहै ताकूंप्रमाणकहैं हैं ॥ यातें सोदृष्टि आपणेविषे प्रमाणताकीसिद्धिवासते स्वजन्यज्ञानविषे प्रमात्वकूंग्रहणकरणेहारे किसी दूसरेप्रमाणकीअपेक्षाकरैहै ॥ और सोदूसराप्रमाणभी आपणेप्रमाणताकीसिद्धिवासते स्वजन्यज्ञानविषे प्रमात्वकूंग्रहणकरणेहारे किसीती सरेप्रमाणकीअपेक्षाकरैहै ॥ याप्रकार प्रमाणोंकीवारामानणेविषे अनवस्थादूषणकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातें करणरूपहुई सोदृष्टि प्रमाणहोवै

संभवैनहीं ॥ तथापि पूर्वमुक्तपुरुषोंकेमनकासंबंध घटादिकोंविषेसंभवैहै ॥ यातें घटादिकोंकूंभी आपणाज्ञान होणाचाहिये ॥ किंवा ॥ जोवादी आत्माकूं स्वभावतैंजडमानेहै ॥ तावादीकेमतविषे घटादिकजडपदार्थोंकी तथा आत्माको किंचित्मात्रभी विशेषतासिद्धनहीं होवैगी ॥ यातें वादीकेमतविषे घटादिकजडपदार्थभी आत्माहोणेचाहिये ॥ किंवा ॥जोवादी याप्रकारकहै॥ घटादिकोंविषे तथाआत्माविषे जडपणा तौसमानहै ॥ परंतु घटादिक परिच्छिन्नहैं तथा मूर्त्तहैं ॥ और आत्मा विभुहै तथा अमूर्त्तहै ॥ यातें घटादिकोंकूं आत्मरूपता संभवैनहीं ॥ सो यहवादीकाकहणाभी संभवैनहीं ॥ काहेतें नैयायिकोंकेमतविषे जैसे आत्मा विभुहै तथा अमूर्त्तद्रव्यहै ॥ तैसे आकाश काल दिक् यहतीनोंभी विभुहैं तथा अमूर्त्तद्रव्यहैं॥यातें आत्मातैंविलक्षण घटादिकपदार्थोंविषे यद्यपि आत्मरूपता संभवैनहीं तथापिआकाश काल दिक् यातीनोंविषे आत्मरूपता होणीचाहिये ॥किंवा ॥ जोवादी याप्रकारकहै जैसे आत्माकेसाथ मनकासंबंध ज्ञानकाकारणहै तैसे शरीरकासंबंधभी ज्ञानकाकारणहै॥ यातें शरीरकासंबंधही आत्माविषे आकाशादिकोंतैं विशेषताहै ॥ सो यहवादीकाकहणाभीसंभवै नहीं॥काहेतें नैयायिकोंकेमतविषे आकाश काल दिक् आत्मा यहचारोंद्रव्य विभुहैं॥ और सर्वमूर्त्तद्रव्योंकेसाथ जाकासंयोगसंबंधहोवैताकूं नैयायिक विभुकहै हैं॥यातें जैसे मूर्त्तद्रव्यरूपशरीरकेसाथ आत्माकासंबंधहै॥तैसे आकाश काल दिक् यातीनोंकाभीशरीरकेसाथ संबंधहै यातें आकाशादिकोंविषेभी आत्मरूपता होणीचाहिये ॥ किंवा ॥जोवादी आत्माकूं स्वभावतें जडमानैहै ॥ तावादीकेमतविषे आत्माकातथा घटादिकविषयोंकापरस्पर भोक्ताभोग्यभावसंबंध तथा उपकार्यउपकारकभावसंबंध नहींसंभवैगा ॥ काहेतें जैसे घटादिकपदार्थ स्वभावतें जडहैं ॥ तैसे आत्माभी वादीकेमतविषे स्वभावतैंजडहै॥और आगंतुकज्ञानकेकारणमनःसंयोगादिक पूर्वउक्तरीतिसैं घटादिकोंविषेभीहैं ॥ यातें जैसे आत्मा कर्ताभोक्ताहै॥तैसे घटादिकसंपूर्णजडपदार्थभी कर्ताभोक्ताहोणेचाहिये ॥ और घटादिकजडपदार्थोंकूं कोईभीवादी कर्ता भोक्ता मानतानहीं ॥ किंवा ॥ जोवादी याप्रकारकहै ॥ प्रत्यक्षरूपदृष्टि तथाअनुमितिरूपदृष्टि जिसविषेहोवै है॥सोईही कर्ताभोक्ताहोवैहै ॥ सोदृष्टि आत्माविषेहीहोवैहै ॥ घटादिकोंविषेहोवैनहीं ॥ यातें आत्माही कर्ताभोक्ताहै ॥ घटादिकपदार्थकर्ताभोक्ताहोवैनहीं ॥ सोयहवादी

अहंअस्मियाप्रकारकाज्ञानहै ॥ ताज्ञानकरिके तिसीप्रमाताकीसिद्धिहोवैहै ॥ अथवा ॥ अन्यकिसीप्रमाताकेआश्रित जोअहंअस्मि यहज्ञानहै ॥ ताज्ञानकरिके तिसप्रमाताकीसिद्धिहोवैहै ॥ तहाँ जोवादी अंत्यपक्षकूंअंगीकारकरे सोसंभवैनहीं ॥ काहेतें जैसे देवदत्तनामापुरुष आपणेतैंभिन्न यज्ञदत्तनामापुरुषकूंजाणताहुआ याप्रकारकाअनुभवकरैहै ॥ मैं इसयज्ञदत्तकूं जाणताहूं ॥ तैसे मैं इसप्रमाताकूं जाणताहूं याप्रकारकाअनुभव जीवोंकूंहोणाचाहिये ॥ और ऐसाअनुभव किसीजीवकूंहोतानहीं ॥ किंतु मैं आत्माकूं जाणताहूं याप्रकारकाअनुभव सर्वजीवोंकूंहोवैहै ॥ यातैं अन्यप्रमाताकेआश्रितज्ञानकरिके अन्यप्रमाताकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ और तिसप्रमाताकेआश्रित जोअहंअस्मि याप्रकारकाज्ञानहै ॥ ताज्ञानकरिके तिसीप्रमाताकी सिद्धिहोवैहै ॥ यहप्रथमपक्ष जोवादी अंगीकारकरै ॥ सोभी संभवैनहीं ॥ काहेतें लोकविषे जोजो क्रियाहोवैहै ॥ ताका कर्त्ता भिन्नहोवैहै और कर्म भिन्नहोवैहै ॥ जैसे छेदनरूपक्रियाका पुरुष कर्त्ताहै ॥ और काष्ठादिक कर्महै ॥ तैसे अहंअस्मि याज्ञानरूपक्रियाकाभी कर्त्ता तथाकर्म भिन्नभिन्न होणेचाहिये ॥ एकहीप्रमाता ज्ञानरूपक्रियाकाकर्त्ता तथाकर्म यहवार्त्तासंभवैनहीं ॥ यातैं स्वाश्रितज्ञानकरिके प्रमाताकीसिद्धिसंभवैनहीं ॥ किंवा ॥ जोवादी याप्रकारकहै ॥ आत्मा स्वभावतैंतो ज्ञानरहितजडहै ॥ यातैं आपणेकूंजानिसकैनहीं ॥ परंतु मनकेसंबंधकरिके आत्माविषेउत्पन्नभयाजो ज्ञानगुण ॥ ताज्ञानगुणकूंप्राप्तहोइके चेतनभावकूंप्राप्तहुआआत्मा आपणेकूंआपेहीजानैहै ॥ सो यहवादीकाकहणाभी संभवैनहीं ॥ काहेतें तावादीकेमतविषे जैसे घट स्वभावतैंजडहै ॥ तैसे आत्माभी स्वभावतैंजडहै ॥ यातैं जैसे मनकेसंबंधतैं ज्ञानगुणवालाहुआ आत्मा आपणेकूंजानैहै ॥ तैसे मनकेसंबंधतैं ज्ञानगुणवालाहुआघटभी आपणेकूंक्यानहींजाणता ॥ और घट आपणेकूंजाणतानहीं ॥ यातैं यहवादीकाकहणा असंगतहै ॥ किंवा ॥ जोवादी याप्रकारकहै ॥ जैसे आत्माकेसाथ मनकासंयोगसंबंधहै ॥ तैसे घटकेसाथ मनकासंयोगसंबंधहैनहीं ॥ यातैं घट आपणेकूंजाणतानहीं ॥ सो यहवादीकाकहणाभी संभवैनहीं ॥ काहेतें नैयायिकोंकेमतविषे मन परमअणुपरिमाण वालाहै तथा नित्यहै ॥ और जेमुक्तपुरुषहैं तिनोंकेशरीरादिक नष्टहोइजावैहै ॥ परंतु तिनोंकामन नष्टहोवैनहीं ॥ यातैं बद्धअज्ञानीजीवोंकेमनकासंबंध यद्यपि घटादिकोंसैं

अप्रमाण प्रमा अप्रमा इत्यादिकसंपूर्ण जडजगत् साक्षी आत्माकाविषयहै ॥ और जैसे दीपककरिकै प्रकाश्यजेघटादिकपदार्थहैं।ते प्रकाशकदीपककूं विषयकरिसकैंनहीं ॥ तैसे साक्षीआत्माकरिकेंप्रकाश्य जेप्रमाणादिकहैं।ते प्रकाशकसाक्षीआत्माकूंविषयकरिसकैंनहीं॥शंका॥ यद्यपि प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकाविषय आत्मानहींहै ॥ तथापि श्रुतिप्रमाणकाविषय आत्माहै ॥ काहेतें तंत्वौपनिषदंपुरुषंपृच्छामि॥अर्थ यह॥उपनिषद्प्रमाणकरिकै जानणेयोग्यजोआत्माहै ॥ ताकास्वरूप मैं तुम्हारेसैंपूछताहूं ॥१॥ याश्रुतिविषे उपनिषद्प्रमाणजन्यज्ञानकीविषयता आत्माविषेकहीहै॥यातैं आत्मा प्रमाणकाअविषयनहीं किंतु विषयहीहै॥समाधान॥आत्मातें भिन्न संपूर्णजडजगत् मिथ्याहै यातैंसो जड़ जगत् श्रुतिरूपप्रमाणकाविषयनहीं॥और आत्मास्वप्रकाशहै॥यातैं आत्माभी श्रुतिरूपप्रमाणकाविषयनहीं॥किंतु माताकीन्याई मुमुक्षुजनोंके अत्यंतहितकारि श्रुतिभगवती आत्माविषे स्थूलसूक्ष्मजगत्काआरोपणकरिकै ताजगत्कानिषेधकरतीहुई अर्थतैंआत्माकाबोधनकरैहै॥तात्पर्ययह ॥ श्रुतिप्रमाणजन्य अंतःकरणकीवृत्तिरूपज्ञानकरिकै आत्माका प्रकाशहोवैनहीं॥किंतु तावृत्तिज्ञानकरिकै आत्माकेआवरणकीनिवृत्तिहोवैहै॥ ताआवरणकीनिवृत्तिमात्रकूंग्रहणकरिकेहीं श्रुतिविषे आत्माकूंउपनिषद्प्रमाणकाविषयकह्याहै ॥यातैं स्वप्रकाशसाक्षी किसीप्रकार करिकेसिद्धहोवैनहींकिंतु स्वतःहींसिद्धहै ॥ अब आत्माविषेस्वप्रकाशताकीदृढताकरणेवासतै पुनःपूर्वविचारकूं कथनकरैंहैं॥किंवा॥प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकरिकै मैं याअर्थकूंनिश्चयकरताहूं ॥ याप्रकारकेज्ञानकाआश्रय जोप्रमाताहै ॥ ताप्रमाताकूंआश्रयणकरिकेहीप्रमाण अप्रमाण प्रमाअप्रमा फल प्रमेय इत्यादिकभेद सिद्धहोवैं हैं ॥ आश्रयरूप प्रमाताकीसिद्धितैंविना प्रमाणादिकोंकाभेद सिद्धहोवैनहीं ॥ यातैं प्रमाणादिकोंकीसिद्धिवासतै प्रमाताकीसिद्धि अवश्यचाहिये ॥ तहां वेदांतसिद्धांतविषे प्रमाताकास्वरूपभूत जोस्वप्रकाशचैतन्यहै ॥ ताकरिकेहीं प्रमाताकीसिद्धिहोवैहै ॥ काहेतें वेदांतसिद्धांतविषे अंतःकरणविशिष्टचैतन्यकानाम प्रमाताहै ॥ सोविशिष्टचैतन्यशुद्धचैतन्य तैंभिन्नहैनहीं ॥ यातैं स्वप्रकाशचैतन्यहीं प्रमाताकास्वरूपहै॥ताकरिकै प्रमाताकीसिद्धि संभवैहै ॥ और जो वादी अहंअस्मि ॥ अर्थयह जो॥ मैंहूंयाप्रकारकेज्ञानकरिकै प्रमाताकीसिद्धि अंगीकारकरैहै॥तावादीसैं यहपूछाचाहियेप्रमाताके आश्रितजो

सिद्धिहोइसकैनहीं ॥ किंवा ॥ प्रमाण प्रमा फल यातीनोंकीसिद्धिविषे कोईप्रमाणहै अथवा नहीं है ॥ तहां जोवादीकहै तिनोंविषेप्रमाण
नहीं है॥तो नरशृंगकीन्याईते प्रमाणादिक अत्यंतअसत्होवैंगे॥और जोवादीकहै॥प्रमाण प्रमा फल यातीनोंकीसिद्धिविषे कोईप्रमाणहैतोजो
पदार्थप्रमाणकाविषयहोवैहै ॥ सो पदार्थ प्रमेयहीहोवैहै॥यातैं प्रमाण प्रमा फल यातीनोंविषेभी घटादिकपदार्थोंकीन्याई प्रमेयरूपताहीप्रा
प्तहोवैगी ॥ और जोवादी याकेविषे इष्टापत्तिकरै॥तो यहप्रमाणहै यहप्रमाहै यहफलहै यहप्रमेयहै यहचारिप्रकारकाभेद वादीकेमतविषे
असंगतहोवैगा ॥ याकारणतैंभी प्रमाणादिकोंकोसिद्धिसंभवैनहीं ॥ यातैं यहसिद्धभया ॥ जैसे आकाशविषे मूढपुरुषोंकूं गंधर्वनगर प्रती
तहोवैहै ॥ परंतु सोगंधर्वनगर वास्तवतैं आकाशविषैहैनहीं ॥ किंतु तिनमूढपुरुषोंकेकल्पनाकरिकै सिद्धहै ॥ तैसे यहप्रमाणहै यहप्रमाहै
यहफलहै यहप्रमेयहै यहचारिप्रकारकाभेद केवलवादियोंकीकल्पनाकरिकैसिद्धहै ॥ और जो कल्पितपदार्थहोवैहै ॥सो साक्षी आत्माक
रिकैही प्रकाश्यहोवैहै ॥ जैसे कल्पितस्वप्नकेपदार्थ साक्षीआत्माकरिकैप्रकाश्यहैं ॥ तैसे कल्पितप्रमाणादिकभी साक्षीआत्मा क
रिकैही सिद्धहैं ॥ किंवा ॥ दोषजन्यदृष्टिकरिकै जिसअधिष्ठानविषे जोपदार्थ प्रतीतहोवैहै ॥ ताअधिष्ठानविषे सोपदार्थ वास्तव
तैंहोवैनहीं ॥ जैसे पुरुषकेवेषकूंधारणकरणेहारीस्त्रीविषे दोषजन्यदृष्टिकरिकै जोपुरुषपणा प्रतीतहोवैहै ॥ सोपुरुषपणा ता स्त्रीविषेवा
स्तवतैंहैनहीं ॥ और जैसे दोषजन्यदृष्टिकरिकै रज्जुविषे जोसर्पप्रतीतहोवैहै ॥ सोसर्प तारज्जुविषे वास्तवतैंहैनहीं ॥ तैसे दोषजन्य
दृष्टिकरिकैवादियोंकूं जो प्रमाण प्रमा फल विषय यहचारिप्रकारकाभेद प्रतीतहोवैहै ॥ सोभेदभी वास्तवतैं है नहीं ॥ शंका ॥ प्रमाण
प्रमा फल विषय इनचारोंकूं जोकल्पितअंगीकारकरौगे ॥ तौ तिनप्रमाणादिकोंकरिकै लोकोंकाव्यवहार सिद्धनहींहोवैगा ॥ यातैं प्रमाणा
दिकोंकूं वास्तवमानणाही उचितहै ॥समाधान॥ कल्पितअर्थकरिकै जोव्यवहारकीसिद्धिनहींहोती ॥ तौ प्रमाणादिकोंकूं हम सत्यअंगीका
रकरते ॥ परंतु लौकिकव्यवहार मिथ्याअर्थकरिकैभी सिद्धहोइसकैहैं ॥ जैसे कल्पितरज्जुसर्पकूंविषयकरणेहारा जोयहसर्पहै याप्रकारका
ज्ञानहै ॥ तामिथ्याज्ञानकरिकै भयकंपादिकव्यवहार होवैहै ॥ तैसे कल्पितप्रमाणादिकोंकरिकैभी लोकोंकाव्यवहार संभवैहै ॥यातैं प्रमाण

अनुपलब्धि यहलौकिकषट्प्रमाणहै ॥ ते दोषकीशंकाकरिकै युक्तहै यातें स्वभावतैंतौ तिनप्रत्यक्षादिकोंविषे प्रमाणताहैनहीं ॥ किंतु जिसकालविषे प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंविषे दोषकेअभावकाज्ञानहोवैहै ॥ तिसीकालविषे प्रत्यक्षादिकोंकूंप्रमाणताहै ॥ यातें दोषग्राहकप्रमाण विषे दोषाभावकूं ग्रहणकरणेहारा जोअनुपलब्धिप्रमाणहै ॥ ताकेप्रमाणताकोसिद्धिवासतै ताअनुपलब्धिप्रमाणविषे दोषाभावकूंग्रहण करणेहारा कोईअनुपलब्धिप्रमाण अंगीकारकऱ्याचाहिये॥और सोअनुपलब्धिप्रमाण प्रथमअनुपलब्धिप्रमाणतैं अभिन्नहै अथवा भिन्नहै ॥ जोवादी अभिन्नकहै ॥ तौ आत्माश्रयदोषकोप्राप्तिहोवैगी ॥ और जोवादी ताअनुपलब्धिप्रमाणकूंभिन्नकहै ॥ तौ तादूसरेअनुपलब्धिप्रमाणविषे दोषाभावकूं कौनअनुपलब्धिप्रमाण ग्रहणकरैहै ॥ तहाँ जोवादी प्रथमअनुपलब्धिप्रमाणकरिकै दूसरेअनुपलब्धिप्रमाणविषे दोषाभावकाग्रहणमानैं ॥ तौ अन्योन्याश्रयदोषकोप्राप्तिहोवैगी ॥ और जोवादी तादूसरेअनुपलब्धिप्रमाणविषे दोषाभावकेग्रहणवासतै तीसरा अनुपलब्धिप्रमाण अंगीकारकरै ॥ तौ तातीसरेअनुपलब्धिप्रमाणविषे दोषाभावका किसअनुपलब्धिप्रमाणकरिकै ग्रहणहोवै है ॥ तहाँ जोवादीकहै तीसरेअनुपलब्धिप्रमाणविषे प्रथमअनुपलब्धिप्रमाणकरिकै दोषाभावकाग्रहणहोवैहै ॥ तौ चक्रिकादोषकोप्राप्तिहोवैगी ॥ और जोवादी तीसरेअनुपलब्धिप्रमाणविषे दोषाभावकग्रहणवासतै चतुर्थअनुपलब्धिप्रमाण और चतुर्थवासतेपंचम याप्रकार अनुपलब्धिप्रमाणोंकोधारा अंगीकारकरै ॥ तौ अनवस्थादोषकोप्राप्तिहोवैगी ॥ यातें प्रमाणरूपहुई अनुपलब्धि दोषाभावकूं ग्रहणकरैहै यहप्रथमपक्ष संभवैनहीं ॥ और अप्रमाणरूपहुआ सोअनुपलब्धिप्रमाण दोषग्राहकप्रमाणविषे दोषाभावकूं ग्रहणकरैहै ॥ यहदूसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरैहै ॥ सोभी संभवैनहीं ॥ काहेतें जो अप्रमाणकाविषयहोवैहै ॥ सोभी अप्रमाणही होवै है ॥ यातें अप्रमाणरूपअनुपलब्धिकाविषय जो दोषाभावविशिष्टप्रमाणहै ॥ सोभी अप्रमाणरूपहीहोवैगा ॥ याकहणेकरिकै यहअर्थसिद्ध भया ॥ जोवादी आत्माकूंप्रकाशरूप नहीं अंगीकारकरैहै ॥ तिसवादीकेमतविषे प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकरिकैही घटादिकविषयोंकीसिद्धिहोवैहै ॥ ते प्रत्यक्षादिकप्रमाण पूर्वउक्तयुक्तियोंकरिकै सिद्धहोइसकैनहीं ॥ याकारणतैं घटादिकविषयोंकी तथा प्रमाअप्रमारूपज्ञानकीभी

करे ॥ तो चक्षुआदिकप्रमाणोंकरिकै घटादिकविषयोंकीसिद्धिनहींहोवैगी ॥ काहेतें प्रथम घटादिकविषयसिद्धहोवै ॥ तो पश्चात् चक्षुआदिक प्रमाणोंविषे प्रमाणतासिद्धहोवै ॥ और प्रथम चक्षुआदिकप्रमाणोंविषे प्रमाणतासिद्धहोवै॥ तो पश्चात् घटादिकविषयोंकीसिद्धिहोवै॥ याप्रकारकेअन्योन्याश्रय दोषकीप्राप्तिहोवैहै ॥ और जहां अन्योन्याश्रयदोषकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तहां किसीकार्यकीसिद्धिहोतीनहीं ॥ और चक्षुआदिकप्रमाणोंविषे स्वभावतैंहीं प्रमाणताहै यहदूसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरै ॥ तो जैसे चक्षुआदिकप्रमाणोंविषे स्वभावतैं प्रमाणताहै ॥ तैसे अप्रमाणोंविषेभीस्वभावतैं प्रमणता काहेतैंनहींहोवै ॥ और जोवादी यहकहै ॥ चक्षुआदिकप्रमाणोंविषे जोप्रमाणताहै सो स्वभावतैंहीं है ॥ और अप्रमाणोंविषे स्वभावतैं प्रमाणता संभवैनहीं ॥ काहेतैं काचकामलादिकदोषकरिकेयुक्त चक्षुआदिकोंकूं अप्रमाणकहैं हैं ॥ तिनअप्रमाणोंविषे दोषकूंग्रहणकरणेहारा जोप्रमाणहै ॥ ताप्रमाणकरिकै तिनअप्रमाणोंविषे अप्रमाणताहींसिद्धहोवैहै ॥ यातैं अप्रमाणोंविषे स्वभावतैं प्रमाणता सिद्धहोइसकैनहीं ॥ सोयहवादीकाकहणाभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं जैसे अप्रमाणविषे दोषकूंग्रहणकरणेहारा जोप्रमाणहै ॥ तिसप्रमाणकरिकै ताअप्रमाणविषे अप्रमाणतासिद्धहोवैहै ॥ तैसे दोषग्राहकप्रमाणविषेभी दोषकूंग्रहणकरणेहारा जोदूसराप्रमाणहै ॥ तादूसरेप्रमाणकरिकै दोषग्राहकप्रमाणविषेभी अप्रमाणता क्योंनहींसिद्धहोवै ॥ और जोवादी यहकहै ॥ अप्रमाणविषे दोषकूंग्रहणकरणेहारा जोप्रमाणहै ॥ ताकेविषे अप्रमाणता तभी सिद्धहोवै ॥ जभी ताकेविषे दोषकीप्रतीतिहोवै ॥ और तादोषग्राहक प्रमाणविषे किसीप्रमाणकरिकै दोषकीप्रतीतिहोतीनहीं ॥ उलटा अनुपलब्धिरूपप्रमाणकरिकै तादोषग्राहकप्रमाणविषे दोषकेअभावकीही प्रतीतिहोवैहै ॥ यातैं अप्रमाणकेदोषग्राहकप्रमाणविषे अप्रमाणता संभवैनहीं ॥ सोयहवादीकाकहणाभी संभवैनहीं ॥ काहेतैं अप्रमाणविषेदोषकूंग्रहणकरणेहारा जोप्रथमप्रमाणहै॥ताकेविषे दोषकेअभावकूंग्रहणकरणेहारा जोअनुपलब्धिप्रमाणहै॥सोअनुपलब्धिप्रमाण प्रमाणरूपहुआ दोषकेअभावकूंग्रहणकरैहै ॥ अथवा सो अनुपलब्धिप्रमाण अप्रमाणरूपहुआ दोषकेअभावकूंग्रहणकरैहै ॥ तहां प्रथमपक्ष जोवादी अंगीकारकरै सो संभवैनहीं ॥ काहेतैं श्रुतिरूपअलौकिकप्रमाणकूंछोडिके जितनेकी प्रत्यक्ष अनुमान उपमान शब्द अर्थापत्ति

दूसरेप्रमाणकरिकैसिद्धि ॥ और दूसरेप्रमाणकी तीसरेप्रमाणकरिकैसिद्धि ॥ और तीसरेप्रमाणकी पुनःप्रथमप्रमाणकरिकैसिद्धि ॥ याप्रकार चक्रकोन्याईं भ्रमणरूप चक्रिकादोषकीप्राप्तिहोवैगी ॥ और जोतीसरेप्रमाणकीसिद्धिवासतै चतुर्थप्रमाणकाअंगीकार ॥ और चतुर्थप्रमाण कीसिद्धिवासते पंचमप्रमाणका अंगीकार ॥ याप्रकार प्रमाणोंकीधारा अंगीकारकरोंगे ॥ तो अनवस्थादोषकी प्राप्तिहोवैगी ॥ यातैं प्रमा णकरिके प्रमाणकीसिद्धिसंभवैनहीं ॥ और अप्रमाणकरिके प्रमाणकीसिद्धिहै यहदूसरापक्ष जोअंगीकारकरोंगे ॥ तो अप्रमाणकाविषयहु आप्रमाणभी अप्रमाणरूपहीहोवैगा ॥ यातैं अप्रमाणकरिकेभी प्रमाणकीसिद्धि संभवैनहीं ॥ किंवा जैसे प्रमाणके तथाअप्रमाणके स्वरूप कीसिद्धिहोवैनहीं ॥ तैसे प्रमाके तथाअप्रमाके स्वरूपकीसिद्धिभी संभवैनहीं ॥ काहेतें सोप्रमाज्ञान प्रमाज्ञानकरिकैसिद्धहै ॥ अथवा अप्र माज्ञानकरिकैसिद्धहै ॥ और सोअप्रमाज्ञान अप्रमाज्ञानकरिकैसिद्धहै ॥ अथवा प्रमाज्ञानकरिकैसिद्धहै ॥ इत्यादिकविकल्पोंविषे जेपूर्व दूषणकहे हैं तेसर्व संभवहोइसकें हैं ॥ यातैं प्रमाज्ञानका तथा अप्रमाज्ञानकाभीस्वरूप सिद्धहोइसकेनहीं॥किंवा ॥ प्रमाणअप्रमाणकेभेदक रिके तथाप्रमाज्ञानअप्रमाज्ञानकेभेदकरिके ज्ञाततारूपफलकाभेदहोवैहै ॥ सोप्रमाणअप्रमाणकाभेद तथा प्रमाअप्रमाकाभेद पूर्वउक्तयुक्ति योंकरिके संभवैनहीं ॥ यातैं प्रमाअप्रमाजन्य ज्ञाततारूपफलकाभी भेदसंभवैनहीं ॥ किंवा ॥ प्रमाणकरिके तथाप्रमाज्ञानकरिके घटादिक विषयोंकीसिद्धिहोवैहै ॥ यातैं प्रमाणका तथाप्रमाज्ञानका भेदहीं घटादिकविषयोंकेभेदकासाधकहै ॥सोप्रमाण तथाप्रमाज्ञान पूर्वउक्तयुक्ति योंकरिके अप्रमाणरूपहै ॥ यातैं ताअप्रमारूपज्ञानकरिके घटादिकविषयोंकेभेदकीसिद्धिसंभवैनहीं ॥ जोअप्रमाज्ञानकरिकेभी विषयकी सिद्धिहोतीहोवै ॥ तो यहसर्प है याप्रकारके अप्रमाज्ञानकरिके रज्जुसर्पकोभी सिद्धिहोणीचाहिये ॥ और यहसर्प है याप्रकारकेअप्रमाज्ञा नकरिके रज्जुसर्पकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ यातैं प्रमाणादिकोंकीन्याईं घटादिकविषयोंकाभेदभी संभवैनहीं ॥ किंवा ॥ जोवादी चक्षुआदिक प्रमाणोंकरिके विषयकी सिद्धिमानैहै ॥ तावादीसैं यहपूछाचाहिये ॥ चक्षुआदिकप्रमाण जिसकालविषे घटादिकविषयोंकूं ग्रहणकरै हैं ॥ तिसीकालविषे चक्षुआदिकोंविषे प्रमाणताहै ॥ अथवा स्वभावतैंही चक्षुआदिकोंविषे प्रमाणताहै ॥ तहां प्रथमपक्ष जोवादी अंगीकार

रीर उत्पन्नहोतेनहीं ॥ यातैं तासूक्ष्मशरीरविषे सर्वस्थूलशरीरोंकीकारणतासंभवैनही ॥ किंवा ॥ सोसूक्ष्मशरीर जोकदाचित् यास्थूल
शरीरकाकारणहोवै ॥ तो तासूक्ष्मशरीरतैंहीं यास्थूलशरीरकीउत्पत्तिसंभवहोइसकै है ॥ यातैं तावादीनैं अंगीकारकरी जापुण्यपापकर्म
विषे यास्थूलशरीरकीकारणता सोव्यर्थहोवैगी ॥ किंवा ॥ जैसे यहस्थूलशरीर उत्पत्तिवालाहै ॥ तैसे सोसूक्ष्मशरीरभी उत्पत्तिवालाहै॥
यातैं तासूक्ष्म शरीरकाभीकोईकारण तावादीनैंकह्याचाहिये ॥ तहां सोवादी जोकदाचित् अज्ञानकूंही तासूक्ष्मशरीरकाकारण
मानैं ॥ तो ताअज्ञानकरिकेही यास्थूलशरीरकीउत्पत्तिहोइसकैहै ॥ तिनदोनोंकेमध्यविषे तासूक्ष्मशरीरकाअंगीकारकरणा निष्फलहै ॥
किंवा ॥ सोअज्ञानभी पुण्यपापरूपकर्मकीअपेक्षातैंविनाहींतासूक्ष्मशरीरकाकारणहै ॥ अथवा सोअज्ञान पुण्यपापरूपकर्मोंकीअपेक्षावा
लाहुआ तासूक्ष्मशरीरकाकारणहै ॥ तहां सोअज्ञान कर्मकीअपेक्षातैंविनाहीं तासूक्ष्मशरीरकाकारणहै यहप्रथमपक्ष जोवादी अंगीकार
करै सोसंभवैनहीं॥काहेतैंपुण्यपापरूपकर्मकीअपेक्षातैंविनाहीं सोअज्ञान जैसेतासूक्ष्मशरीरकीउत्पत्तिकरैहै तैसेसोनिरपेक्षअज्ञान यास्थूल
शरीरकोभीउत्पत्तिकरैगा ॥ यातैं तासूक्ष्मशरीरविषे यास्थूलशरीरकीकारणतामाननी निष्फलहोवैगी ॥ और सोअज्ञान पुण्यपापरूप
कर्मकीअपेक्षावालाहुआ तासूक्ष्मशरीरकाकारणहै यहदूसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरै सोभीसंभवैनहीं ॥ काहेतैं पुण्यपापादि
ककार्योंकीवासनाकरिकैयुक्तहुआ सोअज्ञान जैसे तासूक्ष्मशरीरकाकारणहोवैहै ॥ तैसे सोअज्ञान यास्थूलशरीरकाभीकारणहोवैगा ॥
यातैं तासूक्ष्मशरीरविषे यास्थूलशरीरकीकारणतामाननी निष्फलहोवैगी ॥ किंवा ॥पुण्यपापरूपकर्मोंकीवासनावोंकूं जोकदाचित् तासू

क्ष्मशरीरकाकारणमानिये ॥ तो घटीयंत्रकीन्याई अनवस्थादोषकीप्राप्तिहोवैगी॥ काहेतें संस्कारोंकानाम वासनाहै॥ तेवासनारूपसंस्कार विनाशअवस्थावालेपुण्यपापरूपकर्मोंतेंउत्पन्नहोवैहैं ॥ और जोवस्तु पूर्वविद्यमानहोवैहै ॥ ताकाही नाशहोवैहै ॥ अविद्यमानवस्तुकानाश होवैनहीं ॥ यातें तिनवासनारूपसंस्कारोंतेंपूर्व तिनपुण्यपापरूपकर्मोंकीविद्यमानता अवश्यअपेक्षितहै ॥ यातेंयहअर्थसिद्धभया ॥ पुण्य पापरूपकर्मोंतें वासनारूपसंस्कार उत्पन्नहोवे हैं ॥ और तिनसंस्कारोंतें सूक्ष्मशरीर उत्पन्नहोवे है॥और तासूक्ष्मशरीरतें यहस्थूलशरीर उत्पन्नहोवे है॥ और यास्थूलशरीरतें पुनःपुण्यपापरूपकर्म उत्पन्नहोवे हैं ॥ याप्रकार घटी यंत्रकीन्याई अनवस्थादोषकीप्राप्तिहोवैहै ॥यातें हेब्राह्मणो ॥ याप्रकारकेपूर्वउक्तदूषण जिसविषेनहींप्राप्तहोवैं॥ ऐसाकोई यास्थूलशरीरकाकारण प्रतीतहोतानहीं ॥ तात्पर्ययह॥सर्वलोकोंकूं प्रत्यक्षप्रमाणकरिकेसिद्ध जोयहस्थूलशरीरहै ॥ तास्थूलशरीरकेकारणकाभी जभी हमलोकोंकूं निश्चयनहींभया ॥ तभी यासर्वजगत्के कारणकानिश्चय हमजीवोंकूं किसप्रकारहोवैगा ॥ और कारणतेंविना किसीकार्यकीउत्पत्तिहोतीनहीं ॥ यातें यहजान्याजावैहै ॥ यास्थूल शरीररूपकार्यकाभी कोईकारणहोवैगा ॥ परंतुताकारणकानिश्चय हमलोकोंकूंहैनहीं ॥ जोयहस्थूलशरीर इसकारणतेंउत्पन्नभयाहै ॥ और हेब्राह्मणो ॥ यहहमाराशरीर अन्नतेंउत्पन्नहोवे है ॥ याप्रकारकावचन जोवादी कहै॥सोभीसंभवैनहीं ॥ काहेतें यास्थूलशरीरकीउत्प त्तितेंपूर्व कोईजीव अन्नकाभक्षणकरतानहीं ॥ किंतु यास्थूलशरीरकीउत्पत्तितेंअनंतरहीं याशरीरकीतृप्तिवासते तथापुष्टिवासते हमसर्व जीव अन्नकाभक्षणकरतेहैं ॥ यातें ताअन्नविषेभी यास्थूलशरीरकीकारणतासंभवैनहीं ॥ इतनेंकरिके यास्थूलशरीरकीउत्पत्तिकेकारण काविचारकन्या ॥ अब याशरीरकीस्थितिकेकारणकाविचारकरे हैं ॥ हेब्राह्मणो ॥ यहव्रीहियवादिकअन्न जैसे यास्थूलशरीरकेउत्पत्तिका कारणनहीं है ॥ तैसे सोअन्न याशरीरकेजीवनकाभीकारणनहीं है ॥ काहेतें जोकदाचित् यहअन्न याप्राणियोंकेजीवनकाकारणहोवे ॥ तो ताअन्नकेविद्यमानहुए तिनप्राणियोंकामृत्यु नहींहोणाचाहिये ॥ और अन्नकेविद्यमानहुएभी तिनप्राणियोंकामृत्यु देखणेविषेआवैहै ॥ यातें याअन्नविषे जीवनकीकारणतासंभवैनहीं ॥ उलटा ताअन्नकेदोषतें याजीवोंकेशरीरविषे नानाप्रकारकीव्याधियां उत्पन्नहोवैहैं ॥

ताव्याधियोंकरिके तिनजीवोंकीमृत्युहोवैहै ॥ इसप्रकार चिकित्साशास्त्रविषे व्याधिकीउत्पत्तिद्वारा ताअन्नकूंहीं जीवोंकेमृत्युकाकारण कह्याहै ॥ यातें ताअन्नविषे जीवनकीकारणतासंभवैनहीं ॥ और हेब्राह्मणो ॥ जैसेअन्नकीप्राप्ति यापुरुषोंकेजीवनकाकारणनहींहै॥ तैसेअन्य विषयोंकीप्राप्तिभी यापुरुषोंकेजीवनकाकारणनहीं है ॥ किंतु उलटा तिनविषयोंकीप्राप्ति यापुरुषोंके मरणकाहीकारणहै ॥ तहां स्त्रीरूप विषयकीप्राप्तितें याकामीपुरुषोंकूं हृदयविषे परमतापकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातें स्त्रीरूपविषयकीप्राप्तिभी यापुरुषोंकेदुःखकाहीकारणहै ॥ और जोरोगीपुरुष आपणेशरीरकेभीतर घंटाकेशब्दसमान प्राणवायुकेशब्दोंकूंश्रवणकरैहै ॥ सोरोगीपुरुष थोडेकालविषेही मृत्युकूं प्राप्तहोवैहै ॥ याप्रकार निमित्तशास्त्रकेजानणेहारेपुरुष कथनकरैहैं ॥ यातें शब्दरूपविषयभी याजीवोंकेमरणकाहीकारणहै ॥ अब स्त्रीरूप विषयकीप्राप्तिविषे मरणकीकारणता स्पष्टकरिकेदिखावैहैं ॥ हेब्राह्मणो ॥ वेदकेअर्थकूंजानणेहारे जेविद्वान्पुरुषहैं ॥ तेविद्वान्पुरुष याप्र कार कथनकरैहैं ॥ जोकामीपुरुष शास्त्रकीमर्यादाकापरित्यागकरिके रात्रिदिनविषे आपणीस्त्रीमें वीर्यकापरित्यागकरैहै सोकामीपुरुष पापकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तापापकर्मकरिके सोकामीपुरुष शीघ्रही मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और परस्त्रीविषेतो एकवार वीर्यकेपरित्यागकियेतैंभी याकामीपुरुषकूं पापकीहीप्राप्तिहोवैहै ॥ तापापकर्मकरिके सोपरस्त्रीगामीपुरुष शीघ्रही मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तहांश्रुति ॥ प्राणंवाएतेप्रस्कं दंतियेदिवारत्यासंयुज्यंते ॥ अर्थयह ॥ जेपुरुष आपणीस्त्रीकेसाथ दिनविषे संभोगकरैहैं ॥ तेपुरुष आपणेप्राणोंकूंहीनष्टकरैहैं ॥ तहांस्मृ तिभी ॥ श्लोक ॥ परदारानगंतव्या सर्ववर्णेषुकर्हिचित् ॥ नहीदृशमनायुष्यं त्रिषुलोकेषुविद्यते ॥ अर्थयह ॥ ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र याचारिवर्णोंविषे किसीभीपुरुषनें परस्त्रीकागमननहींकरणा ॥ काहेतें यातीनलोकोंविषे ॥ जैसे परस्त्रीकागमन यापुरुषकेआयुष्यकीहानि करैहै ॥ तैसे दूसराकोईकर्म यापुरुषकेआयुष्यकीहानिकरतानहीं ॥ १ ॥ याप्रकार तेशास्त्रवेत्तापुरुष कथनकरैहैं ॥ और योगशास्त्रकेजान णेहारेजेविद्वान्पुरुषहैं ॥ तेविद्वान्पुरुषतो याप्रकारकथनकरैहैं ॥ जैसे यालोकविषे जिसवृक्षकारस बाहरनहींनिकसैहै ॥ सोवृक्ष तारसके प्रभावतें चिरकालपर्यंत स्थितहोवैहै ॥ और जिसवृक्षकारस बाहरनिकसैहै ॥ सोवृक्ष थोडेकालमेंहीं सूखिके मूलसहितनष्टहोवैहै ॥ तैसे

जिसपुरुषकावीर्यरूपरस याशरीरतैंबाहरनहींनिकसैहै ॥ सोपुरुष तावीर्यरूपरसकेप्रभावतैं कामदेवकीन्याई सुंदरकांतिवालाहुआ चिरकालपर्यंत जीवैहै ॥ और जिसपुरुषका सोवीर्यरूपरस याशरीरतैंबाहरनिकसैहै ॥ सोपुरुष शीघ्रहीमृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ किंवा ॥ जैसे वृक्षकी शाखावोंविषे तथास्कंधोंविषे स्थितजोरसहै॥तारसकेनिर्गमनहुएभी सोवृक्ष नाशकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ और जभी तावृक्षकेमूलतैंरसनिकसैहै ॥ तभी सोवृक्ष शीघ्रही नाशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे यापुरुषकेहस्तपादादिकअंगोंविषेस्थित जेरुधिरादिकरसहैं ॥ तिनरुधिरादिकरसोंकेनिर्गमन हुएभी यहपुरुष नाशकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ और जभी यापुरुषकेमस्तकतैं सोवीर्यरूपरसनिकसैहै ॥ तभी यहपुरुष शीघ्रहीनाशकूंप्राप्तहोवैहै यातैं रुधिरादिकसर्वधातुवोंतैं सोवीर्यरूपसप्तमधातु उत्कृष्टहै॥किंवा॥जैसे लोकप्रसिद्ध पिप्पलादिकवृक्षोंकामूलहोवैहै ॥ तैसे याशरीररूप वृक्षका यहमस्तकहीमूलहै ॥ तहांश्रुति ॥ ऊर्ध्वमूलोऽवाक्शाखएषोऽश्वत्थःसनातनः ॥ अर्थयह ॥ यालोकप्रसिद्धअश्वत्थादिकवृक्षोंकातो मूलनीचेहोवैहै और शाखा ऊपरहोवैहै॥और प्रवाहरूपकरिकेअनादि जोयहशरीररूपअश्वत्थकावृक्षहै॥ ताका मस्तकरूपमूलतो ऊपरहै ॥ और हस्तपादादिकअवयवरूपशाखा नीचेहैं॥किंवा॥ जैसे प्रसिद्धवृक्षकेमूलविषेमध्यभागहोवैहै॥तैसेयापुरुषकेमस्तकरूपमूलविषेमस्तिष्क नामामध्यभागरहेहै॥और जैसे तावृक्षकेमूलकेमध्यभागविषेस्थितजोरसहै ॥ सोरस तावृक्षकेजीवनकाकारणहै ॥ तैसे यापुरुषकेमस्तकरूप मूलकेमस्तिष्कभागविषेस्थित जोवीर्यरूपरसहै॥सोवीर्यरूपरसही यापुरुषकेजीवनकाकारणहै ॥ इहां पुरुषकेमस्तकविषेस्थित जोश्लेष्मलविशिष्टमांसकापिंडविशेषहै ताकानाम मस्तिष्कहै॥कैसाहैसोमस्तिष्क॥यापुरुषकेदशमद्वारकूंनिरोधकरणेहाराहै ॥ तथा चंद्रमाकेबिंब समान जाकाशुक्लवर्ण है ॥ तथा संपूर्णनाडीरूप सूत्रोंकूंधारणकरणेहाराहै ॥ और जिसमस्तिष्कविषे पद्मपत्रकेसमान सहस्रस्थूलनाडियां रहैहैं ॥ तथा तेसहस्रनाडियां तहां सहस्रदलवालेकमलकूंरचै हैं ॥ और जिसमस्तिष्कनामादेशविषे यहजीवरूपहंस गंगायमुनाकापरित्यागकरिके पश्चिमवाहनी सरस्वतीरूपमार्गकरिके प्राप्तहोवैहै॥कैसाहैसोजीवरूपहंस मनरूपीमानसरोवरविषे निवासकरणेहाराहै ॥ इहां इडानामाजावामनाडी है ताकानाम गंगाहै ॥ और पिंगलानामाजादक्षिणनाडीहै ताकानाम यमुनाहै ॥ और तिनदोनोंनाडियोंकेमध्यविषे

स्थित जासुषुम्नानामानाडीहै ताकानाम सरस्वतीहै ॥ यहवार्ता स्वरोदयशास्त्रविषेभीकहीहै ॥ तहाँश्लोक ॥ इडागंगेतिविज्ञेया पिंगला
यमुनानदी मध्येसरस्वतीविद्यात्प्रयागादिसमस्तयोः ॥ अर्थयह ॥ इडानामावामनाडी गंगारूपहै ॥ और पिंगलानामादक्षिणनाडी यमु
नारूपहै ॥ और तिनदोनोंकेमध्यविषेस्थित सुषुम्नानामानाडी सरस्वतीरूपहै ॥ और तिनतीनोंकासंगम प्रयागकेसमानहै ॥ १ ॥ किंवा ॥
याशरीरविषेस्थित जेमूलाधार स्वाधिष्ठान मणिपूरक अनाहत विशुद्धि आज्ञा यहषट्चक्रहैं ॥ जेषट्चक्र कुंडलिनीनामानाडीकेविचरणे
कास्थानहैं ॥ ताषट्चक्ररूपीमार्गकाज्ञान यापुरुषकूं गुरुकीकृपातेंहींहोवैहै ॥ गुरुकीकृपातेंविना तिसषट्चक्ररूपीमार्गकाज्ञान यापुरुषकूं
होवैनहीं ॥ और गुरुकीकृपातेंरहितहुआ यहजीवरूपहंस जभी ताषट्चक्ररूपमार्गकूंनहींजाणेहै ॥ तभी सोजीवरूपहंस याशरीरकेअने
कनाडियोंविषे वारंवार भ्रमणकरैहै ॥ तथा तिननाडियोंविषेस्थित अन्नकेस्थूलसूक्ष्मरसोंकूंभोगै है ॥ परंतु ताजीवरूपहंसका ऊर्ध्वगम
नहोवैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे जलकेसरोवरविषेस्थितजोप्रसिद्धहंसहै ॥ ताहंसका जभी ताजलकेऊपर आकाशविषे गमनकरणेकामार्ग
निरुद्धहोवैहै ॥ तभी सोहंस ताजलविषेहीभ्रमणकरैहै ॥ तथा ताजलकेपदार्थोंकूंभक्षणकरताहुआ सोहंस तहाँहींस्थितहोवैहै ॥ तैसे मोक्ष
कामार्गरूपजासुषुम्नानामानाडीहै ॥ ताकूं जोजीवरूपहंस नहींजानैहै ॥ सोजीवरूपहंस यासंसारविषेहीवारंवार भ्रमणकरैहै ॥ ऐसीसुषुम्ना
नामानाडीरूपमार्गद्वारा यहजीवरूपहंस जिसमस्तिष्कदेशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तामस्तिष्कविषेस्थित जोयहवीर्यरूपसप्तमधातुहै ॥ सोवीर्यरू
पसप्तमधातु त्वकादिकषट्धातुवोंकासाररूपहै ॥ और सोवीर्यरूपसप्तमधातुभी याशरीरविषे तीनप्रकारकेपरिणामकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तहाँ
कामदोषतेंरहितजोजीवोंकाहृदयकमलहै॥ताहृदयकमलविषे विशेषरूपकरिकेस्थितहुआसोवीर्य तथा अन्यहस्तपादादिकअंगोंविषे सामा
न्यरूपकरिकेस्थितहुआसोवीर्य बलरूपप्रथमपरिणामकूंप्राप्तहोवैहै॥जोबल सर्ववैरियोंकूं भयकीप्राप्तिकरैहै॥और मस्तकविषेस्थितहुआसो
वीर्य सामर्थ्यरूपद्वितीयपरिणामकूंप्राप्तहोवैहै॥जोसामर्थ्य याशरीरकेचिरकालपर्यंतस्थितिकाकारणहै॥और कामरूपअग्निकरिकेक्षोभकूंप्रा
प्तहुआभीजोवीर्य निरोधकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तथा जोवीर्य अधिकताकूंप्राप्तहोवैहै॥सोवीर्य ओजनामाअष्टमधातुरूप तृतीयपरिणामकूंप्राप्तहोवैहै॥

जिस ओजकरिके यहपुरुषनिरोगरहेहे ॥ इतनेंकरिके तावीर्यकेनिरोधकरणेकाफल निरूपणकऱ्या ॥ अब तावीर्यकेपरित्यागकरणेविषे दोष
कानिरूपणकरेहैं ॥ याजीवोंका सोसप्तमधातुरूपवीर्य जभी याशरीरतैंबाहरनिकसैहे ॥ तभी सोपूर्वउक्तफल तिनजीवोंकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥
यातैं ताफलकीप्राप्तिवासते यहअधिकारीपुरुष मंत्र औषधि ध्यान इत्यादिकउपायोंकरिके तावीर्यकूं शरीरतैंबाहरनिकसणेनहींदेवे ॥ तहाँ
वीर्यकेनिरोधकायहलक्षणहे ॥ जैसे यालोकविषे अग्निकेसंबंधकरिके वृक्षोंकारस बाहरनिकसेहे ॥ तैसेस्त्रीरूपअग्निकेसंबंधहुएभी यापुरुषरू
पीवृक्षकावीर्यरूपरस जभी बाहरनहींनिकसे ॥ तभीयावीर्यकानिरोधजानणा ॥ तावीर्यकेनिरोधकरिके योगीपुरुषोंकूं आकाशविषेगमना
दिकसिद्धियोंकीप्राप्तिहोवैहे ॥ ताफलकूं वीर्यकेपरित्यागकरणेहाराभोगीपुरुष प्राप्तहोवैनहीं ॥ उलटा तावीर्यकेपरित्यागकरणेतैं सोभोगी
पुरुष नाशकूंहींप्राप्तहोवैहे ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे अग्निकेसंबंधकरिके जिसवृक्षकारस एकवारभी बाहरनिकस्याहे ॥ सोवृक्षभी जभी शीघ्र
हीनाशकूंप्राप्तहोवैहे तभी अनेकवार अग्निकेसंबंधकरिके जिसवृक्षकारस अनेकवार बाहरनिकसेहे ॥ सोवृक्ष शीघ्रहीनाशकूंप्राप्तहोवैहे याके
विषेक्याकहणाहे ॥ तैसे एकवार स्त्रीरूपअग्निकेसंबंधकरिके जिसपुरुषरूपीवृक्षका वीर्यरूपरस एकवारभी बाहरनिकसेहे ॥सोपुरुषभी जभी
नाशकूंप्राप्तहोवैहे ॥ तभी अनेकवार स्त्रीरूपअग्निकेसंबंधकरिके अनेकवार वीर्यरूपरसकेनिकसणेतैं यहपुरुषरूपवृक्ष नाशकूंप्राप्तहोवे है
याकेविषेक्याकहणाहे ॥ यातैं यापुरुषनैं अनेकउपायोंकरिके तावीर्यकानिरोधकरणा ॥ हेब्राह्मणो इसप्रकार योगशास्त्रविषे स्त्रीकेसंभो
गकूं पुरुषकेमृत्युकाकारणकह्याहे ॥ यातैं सोस्त्रीकासंभोगरूपविषयभी यापुरुषकेजीवनकाकारणनहीं ॥ और हेब्राह्मणो ॥ जैसे स्त्रीकासं
भोगरूपविषय याजीवोंकेमरणकासाधनहे ॥ तैसे चंदनकपूरादिकोंकरिकेयुक्त जेनानाप्रकारकेलेपहैं ॥ तेलेपभी यापुरुषोंकेशरीरविषे
शीत वात कफ सन्निपातादिकरोगोंकीउत्पत्तिकरेहैं ॥ तिनशीतादिकरोगोंकरिके सोपुरुष शीघ्रहीमृत्युकूंप्राप्तहोवैहे ॥ यातैं चंदनादिकों
केलेपभी शीतादिकोंकीउत्पत्तिद्वारा यापुरुषकेमृत्युकेहीकारणहैं ॥ हेब्राह्मणो ॥ इसतैंआदिलेके जितनेकीनेत्रादिकइंद्रियोंकेरूपादिक
विषयहैं ॥ तेसंपूर्णविषय याजीवोंकेमृत्युकेहीकारणहैं ॥ तथा तिनविषयोंकेप्राप्तिकीइच्छावालेजेदुर्जनशत्रुहैं ॥ तथासिंहसर्पादिकहैं ॥

तेभी यापुरुषोंकेमृत्युकाहीकारणहैं ॥ तात्पर्यंयह ॥ नेत्रादिकइंद्रियोंकेजेरूपादिकविषयहैं ॥ तेरूपादिकविषय जभी याशरीरोंकेजीवन
काकारणभीनहींभये ॥ तभी तेरूपादिकविषय याशरीरोंकीउत्पत्तिकेकारण किसप्रकारहोवेंगे ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ प्राणोंकाजोश्वासप्र
श्वासरूपव्यापारहै ॥ सोव्यापारही याशरीरोंकेजीवनकाकारणहै॥ समाधान ॥ हेब्राह्मणो ॥ सोप्राणोंकाश्वासप्रश्वासरूपव्यापारभी याशरी
रोंकेजीवनकाकारणनहीं ॥ काहेतें वृक्षादिकस्थावरशरीरोंविषे सोप्राणोंकाव्यापार किसीकूंदेखणेविषेआवतानहीं ॥ तथापि तेवृक्षादिक
जीवनकूंप्राप्तहुए देखीतेहैं ॥ तथा मनुष्यादिकजंगमशरीरभी मूर्च्छाअवस्थाविषे ताप्राणकेव्यापारतैंरहितहुएभी जीवतेदेखीतेहैं॥ यातेंसो
प्राणोंकाश्वासप्रश्वासरूपव्यापारभी याशरीरोंकेजीवनकाकारणनहीं ॥ शंका॥ हेभगवन् ॥ जठराग्नि तथारुधिर याशरीरोंकेजीवनकाकार
णहै ॥ समाधान ॥ हेब्राह्मणो ॥ जठराग्नि तथारुधिर यहदोनोंभी याशरीरकेजीवनकाकारणनहीं ॥ काहेतें कितनेकरोगीपुरुषोंकेनाडीकूं
शस्त्रकरिकैछेदनकियेहुएभी रुधिरनिकसतानहीं ॥ तथा कितनेकरोगीपुरुषोंकेशरीरकास्पर्शकिएहुएभी तिनोंकेशरीरविषेउष्णताप्रतीत
होतीनहीं ॥ तथापि तेरोगीपुरुष जीवतेहुएदेखणेमेंआवतेहैं ॥ यातें रुधिर तथाजठराग्नि यहदोनोंभी पुरुषकेजीवनकाकारणनहीं ॥ हेब्रा
ह्मणो ॥ हमसंपूर्णप्राणी किसपदार्थकरिकैजीवतेहैं ॥ याप्रकार जीवनकेकारणकानिश्चयकरणेविषेभी जभीहम समर्थनहींभये ॥ तभी याश
रीरोंकी उत्पत्तिकेकारणकानिश्चयकरणेविषे हम किसप्रकार समर्थहोवें गे॥किंतु ताकारणकेनिश्चयकरणेविषे हम समर्थनहींहोवेंगे ॥ इतनें
करिके याशरीरकेजीवनकेकारणकाविचारकऱ्या ॥ अब याशरीरकेआधारकाविचारकरे हैं ॥ हेब्राह्मणो ॥ यहहमाराशरीर जिसआधार
विषेस्थितहै ॥ ताआधारकूंभी हम जाणतेनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् यहप्रत्यक्षभूमिहीं याशरीरकाआधारहै ॥ समाधान ॥ हेब्राह्मणो ॥
याभूमिविषे याशरीरकीआधारतासंभवेनहीं ॥ काहेतें याशरीरकाआधाररूपजाभूमिहै ॥ सोभूमि किसआधारविषेरहेहै ॥ और सोभू
मिकाआधारभी किसआधारविषेरहैहै ॥ इसप्रकार उत्तरउत्तर आधारकीकल्पनाकरणेतें अनवस्थादोषकीप्राप्तिहोवैगी ॥ याका
रणतें यहभूमि याशरीरकाआधारनहीं ॥ और हेब्राह्मणो ॥ याशरीरकीअविशेषताहुएभी चित्तकीगति नानाप्रकारकीदेखणेविषे

आवेहै ॥ यातैं याशरीरकाजोआधारहै सोचित्तकाआधारसंभवैनहीं॥ किंतु याशरीरकेआधारतैंभिन्नहीकोई चित्तकाआधारं कदाचितहै॥ किंवा ॥ याभूमिविषे इसशरीरकीआधारतासंभवैनहीं ॥ काहेतैं जापदार्थकेविद्यमानहुए आधेयवस्तुकानीचेपतननहींहोवै॥ तापदार्थकानाम आधारहै॥ जैसे स्तंभोंकेविद्यमानहुए गृहकानीचेपतनहोवैनहीं॥यातैं तेस्तंभ तागृहकाआधारहैं॥सोयाप्रकारका आधारकालक्षण याभूमिविषे घटतानहीं ॥ काहेतैं ऊंचीभूमिविषे अथवा किसीआसनविषे स्थितहुआभीयहपुरुष जभी निद्राकरिकेयुक्तहोवैहै ॥ तभी सोपुरुष आपणेशरीरकूंस्थितकरणेविषेसमर्थनहींहोवैहै ॥ किंतु तानिद्राकरिकें सोपुरुष नीचेपडिजावैहै ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ यहशरीर भूमिकेआधारनहीं ॥ किंतु ताभूमितैंभिन्नकिसीआधारविषे यहशरीर स्थितहै ॥ हेब्राह्मणो ॥ ताशरीरकेआधारकूं तथा याभूमिकेआधारकूंभी जभी हम नहींजाणिसकते ॥ तभी याशरीरकेजीवनकेकारणकूं तथाउत्पत्तिकेकारणकूं हम किसप्रकार जाणिसकैंगे ॥ किंतु ताकारणकूं हम नहींजाणिसकैंगे ॥ इतनेंकरिके याशरीरकेआधारकाविचारकन्या ॥ अब याशरीरकेप्रवर्तकका विचारकरैहैं ॥ हेब्राह्मणो ॥ जैसे यालोकविषे भूतकेआवेशकरिकेयुक्त जोपुरुषहै ॥ सोपुरुष आपणेइच्छातैंविनाहीं नानाप्रकारकेशुभअशुभकर्मोंकूंकरैहै ॥ तैसे शुभअशुभकर्मोंकेकरणेकीइच्छातैंरहितजोहमजीवहैं ॥ तिनोंकूं हृदयदेशविषेस्थितहोइके कौनदेव तिनकर्मोंविषे प्रवर्त्तकरैहै ॥ यहवार्ता पांडवगीताविषे दुर्योधननेंभीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ जानामिधर्मंनचमेप्रवृत्तिः जानामिपापंनचमेनिवृत्तिः ॥ केनापिदेवेनहृदिस्थितेन यथानियुक्तोस्मि तथाकरोमि ॥ अर्थयह ॥ मैंदुर्योधन धर्मकूंजाणताहूं ॥ तौभी ताधर्मविषे मेरीप्रवृत्तिहोतीनहीं ॥ और मैं पापकर्मकूंजाणताहूं ॥ तौभी तापापकर्मतैं हमारीनिवृत्तिहोतीनहीं ॥ यातैं यहजान्याजावैहै ॥ हमारेहृदयदेशविषेकोईदेवस्थितहै ॥ सोदेव जिसजिसकर्मविषे हमारेकूंप्रेरणाकरैहै ॥ तिसीतिसीकर्मकूं मैं पराधीनहुआकरताहूं ॥ सो नानाप्रकारकेशुभअशुभकर्मोंविषे हमारेकूंप्रवर्त्तकरणेहारा कौनदेवहै ॥ तादेवकूं हम जाणतेनहीं ॥ और हेब्राह्मणो ॥ जिसपुण्यपापरूपकर्मोंकेसुखदुःखरूप फलकूं हम दिनरात्रिविषेभोगतेहैं ॥ तासुखदुःखरूपफलकेभोगणेविषे कौनकारणहै ॥ यहभी हमजाणतेनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥

तासुखदुःखरूपफलकेभोगणेविषे हमजीवही स्वतंत्रकारणहैं ॥ समाधान ॥हेब्राह्मणो ॥ तासुखदुःखरूपफलकेभोगणेविषे हमजीव स्वतंत्रकारणनहीं ॥ काहेतें हमजीव कितनेककर्मोंकूं सुखकासाधनमानिकेकरते हैं ॥परंतु तेकर्म हमारेकूंसुखकीप्राप्तिकरतेनहीं ॥ किंतु उलटा ते कर्म हमारेकूंदुःखकीहीप्राप्तिकरते हैं ॥ और हमजीव कितनेककर्मोंकूं दुःखकासाधनमानिकेकरते हैं ॥ परंतु तेकर्म हमारेकूंदुःखकीप्राप्तिकरतेनहीं ॥ किंतु उलटा तेकर्म हमारेकूंसुखकीहीप्राप्तिकरते हैं॥ जैसे कुपथ्यसेवनतैंभी कदाचित् रोगकीनिवृत्तिहोइजावैहै ॥ जोकदाचित् हमजीव सुखदुःखरूपफलकेभोगविषेस्वतंत्रहोवैं॥तौ सर्वकर्मोंविषे हमारेकूं सुखकीहीप्राप्तिहोणीचाहिये ॥ और सर्वदा हमजीवोंकूं सुखकी प्राप्तिहोतीनहीं ॥ यातें यहजान्याजावै है ॥ ताशुभअशुभकर्मोंकेकरावणेहारा तथा ताकर्मोंकेसुखदुःखरूपफलकेदेणेहारा कोईस्वतंत्रदेव हमारेहृदयविषेविराजमानहै ॥ जादेवकीप्रेरणाकरिके हमजीव शुभअशुभकर्मोंविषेप्रवर्तहोते हैं ॥ तथा ताकर्मकेफलकूंभोगते हैं परंतु तादेवकूं हमजीव जाणिसकतेनहीं ॥ हेब्राह्मणो ॥ ऐसेअत्यंतसमीपदेवकूंभी जभीहमजीव नहींजाणिसकते ॥ तभी याशरीरके उत्पत्ति स्थिति जीवनकेकारणकूं हमजीव किसप्रकार जाणिसकेंगे ॥ यातें हेब्राह्मणो ॥ हमसंपूर्णबुद्धिमान्ब्राह्मण किसीदैवयोगतैंइहांआइकेएकठेभये हैं ॥ सोहमाराएकठाहोणा जिसप्रकार सर्वलोकोंकेउद्धारकरणेवासतैहोवै ॥ तिसप्रकार हमसंपूर्णब्राह्मण याजगत्केकारणकाविचार करें ॥ इसप्रकार तेब्रह्मवेत्ताब्राह्मण सर्वब्राह्मणोंकेप्रति वचनकहिके कालादिकोंकूंजगत्काकारणमानणेहारेवादियोंकेमतोंकाखंडनकरणेवासते प्रथम तिनोंकेमतकानिरूपणकरतेभये ॥ तहांप्रथम ज्योतिषशास्त्रवाले कालवादियोंकामत निरूपणकरे हैं॥हेब्राह्मणो ॥ कोईकब्राह्मणतौ याकालकूंहीं जगत्काकारणमाने हैं॥तेकालवादी याप्रकारकेवचनकहै हैं॥आकाशादिकपंचभूतोंतैंआदिलेके यहसंपूर्णजगत् कालतैंहींउत्पन्नहोवै है ॥ और कालविषेही सोजगत्स्थितहोवै है ॥ और कालविषेही सोजगत् लयभावकूंप्राप्तहोवै है ॥ और यहजीव कालकरिकैही स्वर्गकूंप्राप्तहोवै है॥तथा कालकरिकैही यहजीव नरककूंप्राप्तहोवै है ॥तथा कालकरिकैही यहजीव भूरादिकसप्तलोकोंकूंप्राप्तहोवैहै॥ और कालकरिकैही यहजीव ब्रह्मादिकउच्चशरीरोंकूं प्राप्तहोवै है॥तथा कालकरिकैही यहजीवमनुष्यादिकमध्यमशरीरोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥तथाका

लकरिकेही यहजीव पशुआदिकनीचशरीरोंकूंप्राप्तहोवे है ॥ और कालकरिकेही यहजीव संपदाआपदाकूंप्राप्तहोवे है ॥और कालकरिकेही यहजीव सुखदुःखकेदेणहारेविषयोंकूंप्राप्तहोवे है ॥ और भोगमोक्षकीदेणेहारीविद्याकूंभी यहजीव कालकरिकेहीप्राप्तहोवे है॥और उपकार करणेहारेजेसुहृदमित्रहैं॥तथा अपकारकरणेहारेजेदुर्जनशत्रुहैं ॥ तथा उपकारअपकारतेंरहित जेउदासीनपुरुषहैं ॥ तिनमित्रादिकोंकूंभी यहजीव कालकरिकेहीप्राप्तहोवे है॥और कालकरिकेही यहजीव जन्मकूंप्राप्तहोवे है ॥और कालकरिकेही यहजीव बाल्य यौवन वृद्ध याती नअवस्थानोंकूंप्राप्तहोवे है ॥और कालकरिकेही यहजीव मरणकूं तथा पुनःमातापिताकूं प्राप्तहोवे है॥और कालकरिकेही यहजीव भ्रातावों कूं तथा भगिनियोंकूं प्राप्तहोवे है ॥और कालकरिकेही यहजीव गर्भवासकूं तथा तागर्भ तें बाहरनिर्गमनकूं प्राप्तहोवे है ॥और कालकरिके ही यहजीव नानाप्रकारकेऐश्वर्यकूंप्राप्तहोवे है॥तथा ताऐश्वर्यकेनाशकूंप्राप्तहोवे है ॥ और कालकरिकेही यहस्त्रियां ऋतुधर्मकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ और कालकरिकेही यहस्त्रियां गर्भकूंधारणकरे हैं॥और वात वर्षा आतपइत्यादिकसंपूर्णपदार्थ ताकालतेंहींउत्पन्नहोवे हैं ॥हेब्राह्मणो इहां बहुतकहणेकाकछुप्रयोजननहीं॥तेकालवादी ज्योतिषशास्त्रवाले यासंपूर्णस्थावरजंगमरूपजगत्कीउत्पत्ति कालतेंहींअंगीकारकरे हैं ॥यातें तिनोंकेमतविषे यहकालही सर्वजगत्काकारणहै ॥याअर्थविषे तेकालवादीब्राह्मण याप्रकारकीयुक्तिभीकथनकरे हैं॥जोकदाचित् कोईभाव पदार्थकालकीअपेक्षातेंविनाही किसीकार्यकेपूर्ववर्तिहोवे॥तो तिसपदार्थविषेही कारणरूपताहोवे॥याकानिवारण हम करतेनहीं॥परंतु ऐसा कोईभावपदार्थहैनहीं ॥जोकालकी अपेक्षानहींकरताहोवे॥किंतु लोकप्रसिद्धसर्वकारणोंकेविद्यमानहुएभी याकालकीअपेक्षा अवश्यहोवेहै॥ यातें यहकालहीसर्वजगत्काकारणहै ॥ किंवा ॥ एककालतेंविना जितनेकलोकप्रसिद्धकारणहैं ॥ तेकारण कार्योंकोउत्पत्तिविषे परस्पर व्यभिचारीहैं ॥ और यहकालतो सर्वकार्योंकोउत्पत्तिविषे अव्यभिचारीहै ॥ याकारणतेंभीयहकालही सर्वजगत्काकारणहै ॥ किंवा ॥ जिसपदार्थकेपूर्वविद्यमानहुए जोपदार्थ उत्पन्नहोवे है॥और जिसपदार्थकेपूर्वअविद्यमानहुए जोपदार्थ नहींउत्पन्नहोवे है ॥ सोपदार्थ ताप दार्थकाकारणहोवे है ॥ जैसे मृत्तिकादंडचक्रकुलालादिकपदार्थोंकेविद्यमानहुए घटकीउत्पत्तिहोवे है ॥ और मृत्तिकादंडादिकोंकेअवि

द्यमानहुए ताघटकीउत्पत्तिहोवैनहीं ॥ यातैं तेमृत्तिकादंडादिकपदार्थ ताघटकेकारणहैं ॥ याप्रकारका कारणकालक्षण याकालविषेहीघटैहै ॥ याकारणतैंभी यहकालही सर्वजगत्काकारणहै ॥ किंवा ॥ जैसे लोकविषे तंतुवों तैं पटरूपकार्यकीउत्पत्तिहोवै है ॥ तथा मृत्तिकातैं घटरूपकार्यकीउत्पत्तिहोवै है॥ तथा बीजों तैं अंकुररूपकार्यकीउत्पत्तिहोवै है ॥ तहां पटादिककार्योंकीउत्पत्तिविषे यद्यपितंतुआदिक विशेषकारणप्रतीतहोवै है ॥ तथापि तंतु मृत्तिका बीज इत्यादिकविशेषकारणोंविषे यहभूमि अनुगतहुईप्रतीतहोवै है ॥ यातैं पट घट अंकुर इत्यादिकपार्थिवकार्योंविषे ताभूमिकूंहीं कारणरूपताहै ॥और तंतु मृत्तिका बीज इत्यादिकविशेषपदार्थ तिनपटादिककार्योंकीउत्पत्तिविषे सहकारीहैं॥ तैसे यहकालभी सर्वत्रअनुगतहुआप्रतीतहोवै है ॥ यातैं नानाप्रकारकेकारणोंतैंउत्पन्नभयेजेकार्यहैं ॥ तिनकार्योंकीउत्पत्तिविषे यहकालही मुख्यकारणहै ॥ और दूसरेलोकप्रसिद्धनानाप्रकारकेकारण ताकेसहकारी हैं॥ काहेतैं यालोकविषे कालकीअपेक्षातैंविना कोईभीकारण किसीकार्यकीउत्पत्तिकरणेविषे समर्थहोवैनहीं ॥ तथा कालकीअपेक्षातैंविना सोकार्यभी आपणीउत्पत्तिविषेसमर्थहोवैनहीं ॥ याकारणतैंभी यहकालही सर्वजगत्काकारणहै ॥ किंवा ॥ जैसे याजगत्कीउत्पत्तिविषे कालतैंविना दूसराकोईपदार्थकारणनहीं है ॥ तैसे याजगत्कीस्थितिविषे तथा याजगत्केलयविषेभी ताकालतैंविना कोईदूसरापदार्थ कारणहोइसकैनहीं ॥ किंतु यहकालही याजगत्के उत्पत्तिस्थितिलयकाकारणहै ॥ यातैं जेसांख्यादिकवादी प्रत्यक्षअनुमानादिकप्रमाणोंकेबलतैं प्रधान परमाणु आदिकोंकूंहीं याजगत्काकारणमानैं हैं ॥ तेप्रधानपरमाणुआदिकभीकालकीअपेक्षातैंविना स्वतंत्रही याजगत्कीउत्पत्तिकरणेविषेसमर्थहोवैनहीं ॥ किंतु याकालकेसंबंधकरिकैही तिनप्रधानपरमाणुआदिकोंविषे सामर्थ्यहोवै है ॥ यातैं यहकालही सर्वजगत्काकारणहै ॥ अब सोकालकूंकारणमाननेहारावादी परमाणुवोंविषे जगत्कीकारणताखंडनकरैहै ॥ तहांप्रथम परमाणुवोंकूंकारणमाननेहारे नैयायिकोंकीप्रक्रिया निरूपण करैहैं ॥ पृथिवी जल तेज वायु याचारिभूतोंकेजेपरमाणुहैं॥तेपरमाणुहीं याजगत्काकारणहैं॥तहां झरोखेद्वारा गृहविषेप्राप्तभयेजेसूर्यकेकिरणहैं॥ तिनकिरणोंविषेजोसूक्ष्मरजप्रतीतहोवै है ताकरजका जोषष्ठाभागहै ताकानाम परमाणुहै ॥ तेपरमाणु नेत्रादिकइंद्रियजन्यज्ञानकेविषय

होवैनहीं ॥ तथा तेपरमाणु नित्यहोवै हैं ॥ तथा परमअणुत्वपरिमाणवालेहोवे हैं ॥ ऐसेपरमाणुवोंविषे परमेश्वरकीइच्छाकेवशतैंक्रिया उत्पन्नहोवे है ॥ ताक्रियातैं दोदोपरमाणुवोंका परस्पर संयोगसंबंधहोवे है ॥ तासंयोगतैंअनंतर द्व्यणुकरूपकार्यकीउत्पत्तिहोवे है ॥ ता द्व्यणुकरूपकार्यविषे तेदोनोंपरमाणु समवायिकारणहैं ॥ और तिनदोपरमाणुवोंका परस्परसंयोगसंबंध असमवायिकारणहै ॥ और ईश्वरइच्छादिक निमित्तकारणहैं ॥ इसप्रकार तिनद्व्यणुकरूपकार्योंविषेभी प्रथम क्रिया उत्पन्नहोवे है ॥ ताक्रियातैंअनंतर तिनतीनद्व्यणुकोंका परस्पर संयोगसंबंधहोवे है ॥ तासंयोगतैंअनंतर त्र्यणुकरूपकार्यकीउत्पत्तिहोवे है ॥ इसप्रकार चतुरणुकादिकोंकीउत्पत्तिक्रमतैं यहमहान्पृथिवी महान्जल महान्तेज महान्वायु उत्पन्नहोवे है ॥ और जिसकालविषे याजगत्काप्रलयहोवे है ॥ तिसकालविषे पुनः परमेश्वरकीइच्छाकेवशतैं तिनपरमाणुवोंविषे क्रिया उत्पन्नहोवे है ॥ ताक्रियातैंअनंतर तिनपरमाणुवोंका परस्पर विभागहोवे है ॥ ताविभागतैं अनंतर तिनपरमाणुवोंकेसंयोगकानाशहोवे है ॥ तासंयोगनाशतैंअनंतर द्व्यणुकरूपकार्यकानाशहोवे है ॥ ताद्व्यणुकरूपकारणकेनाशतैं अनंतर त्र्यणुकरूपकार्यकानाशहोवे है ॥ इसप्रकारचतुरणुकादिकोंकेनाशक्रमतैं यहमहान्पृथिवी महान्जल महान्तेज महान्वायु नाशकूंप्राप्तहोवे है ॥ इसप्रकार तेनैयायिक परमाणुवोंतैंही याजगत्कीउत्पत्तिअंगीकारकरे हैं ॥ सोयहतिनोंकामत तभीसिद्धहोवे ॥ जभी प्रथम तिनपरमाणुवोंविषे नित्यरूपतासिद्धहोवे ॥ सो तिनपरमाणुवोंविषेही नित्यरूपतासंभवेनहीं ॥ काहेतें जैसे प्रसिद्धस्थूल पृथिवी जल तेज वायु याचारिभूतोंविषे क्रमतैं पृथिवीत्व जलत्व तेजत्व वायुत्व यहचारिधर्मरहे हैं याकारणतैं यहप्रसिद्धपृथिवीआदिकचारिभूत अनित्यहैं ॥ तैसे तिनपृथिवीआदिकचारिभूतोंकेपरमाणुवोंविषेभी क्रमतैं तेपृथिवीत्वादिकचारिधर्मरहे हैं ॥यातैं तेपृथिवीआदिकचारिभूतोंकेपरमाणुभी अनित्यहीसिद्धहोवे हैं॥ याकहणे तैं यहअनुमानसिद्धभया॥पृथिवीपरमाणु अनित्यहोणेयोग्यहैं॥पृथिवीत्वधर्मवालेहोणेतैं प्रसिद्ध पृथिवीकीन्याई ॥ इसप्रकार क्रमतैं जलत्व तेजत्व वायुत्व याहेतुवोंकरिकै तथा प्रसिद्धजलतेजवायुकेदृष्टांतकरिकै परमाणुरूपजलतेज वायुविषेभी अनित्यरूपताकेअनुमान बुद्धिमान्पुरुषनें जानिलेणे ॥ ऐसे अनित्यपरमाणुवोंविषे याजगत्कोकारणतासंभवेनहीं ॥ शंका

हेकालवादी॥परमाणुवोंविषे जोतुमनें अनित्यरूपतासिद्धकरी सोसंभवेनहीं ॥काहेतें यालोकविषे जिसजिसपदार्थविषे अनित्यपणाहोवैहै॥
तिसतिसपदार्थविषे मध्यमपरिमाण अवश्यहोवैहै॥जैसे घटादिकपदार्थोंविषे अनित्यपणाहै॥यातेंतिनघटादिकोंविषे मध्यमपरिमाणभीहै॥
सोमध्यमपरिमाण तिनपरमाणुवोंविषेहैनहीं॥यातेंतिनपरमाणुवोंविषे अनित्यपणाभीसंभवेनहीं॥याकहणेतें यहअनुमानसिद्धभया॥पृथिवी
आदिकोंकेपरमाणु नित्यहोणेयोग्यहैं मध्यमपरिमाणकेअभाववालेहोणेतें ॥जोपदार्थ नित्यनहींहोवे है॥सोपदार्थ मध्यमपरिमाणकेअभाव
वालाभीनहींहोवैहै ॥ जैसे घटादिकपदार्थ नित्यनहींहैं ॥ यातें मध्यमपरिमाणकेअभाववालेभीनहींहैं॥किंतु तेघटादिक मध्यमपरिमाणवा
लेहीहैं ॥ समाधान ॥ हेनैयायिक ॥अणुपरिमाण परममहत्परिमाण यादोनोंपरिमाणोंतेंभिन्नजोपरिमाणहै॥ ताकानाम मध्यमपरिमाणहै॥
तामध्यमपरिमाणकाअभाव जैसे परमाणुवोंविषेहै ॥ तैसे शब्दादिकगुणोंविषेभीहै ॥ यातें तिनपरमाणुवोंकीन्याईं शब्दादिकगुणोंविषेभी
नित्यरूपता सिद्धहोणीचाहिये ॥ और शब्दादिकगुणोंविषे नित्यरूपता तुमनैयायिक अंगीकारकरतेनहीं ॥ यातें मध्यमपरिमाणके अभा
व रूपहेतुतें तिनपरमाणुवोंविषेनित्यरूपतासिद्धहोवैनहीं ॥ किंवा ॥ जैसे मध्यमपरिमाणकाअभाव वस्तुकेनित्यपणेका प्रयोजकनहीं है॥
तैसे मध्यमपरिमाणभी वस्तुकेअनित्यपणेका प्रयोजकनहीं है काहेतें नैयायिकोंकेमतविषे रूपादिकगुणोंविषे तथाकर्मविषे रूपादिकगु
ण रहैंनहीं ॥ यातें मध्यमपरिमाणरूपगुणकेअभाववालेजेशब्दादिकगुणहैं तथाकर्महै तिनोंविषे अनित्यपणा नहींहोणाचाहिये ॥ और
तिनशब्दादिकोंविषे अनित्यपणातो प्रत्यक्षप्रमाणकरिकेप्रतीतहोवैहै ॥ यातें सोमध्यमपरिमाण वस्तुकेअनित्यपणेका प्रयोजकनहीं है ॥
किंतु आकाश काल दिक् आत्मा याचारिविभुपदार्थोंतेंभिन्नपणाहीं वस्तुकेअनित्यपणेका प्रयोजकमानणाहोवैगा ॥ सोविभुपदार्थोंतेंभिन्न
पणा जैसे प्रसिद्धघटादिकपदार्थोंविषेहै ॥ तैसे पृथिवीआदिकोंकेपरमाणुवोंविषेभी सोविभुपदार्थतेंभिन्नपणा विद्यमानहै ॥ यातें घटादिक
पदार्थोंकीन्याईं तिनपरमाणुवोंकूंभी अनित्यरूपहीमान्याचाहिये ॥ घटादिकमूर्त्तपदार्थोंकूं अनित्यमानिके परमाणुरूपमूर्त्तपदार्थोंकूं
नित्यमानणेविषे केवल तावादीका पक्षपातहीप्रतीतहोवैहै ॥ शंका ॥ हेकालवादी ॥ यालोकविषे जोजोपदार्थ निरवयवहोवैहै ॥ सो

सोपदार्थ नित्यहीहोवैहै ॥ जैसे आत्मा निरवयवहै यातैं नित्यहै ॥ तैसे यहपरमाणुभी निरवयवहैं ॥ यातैं तेपरमाणु नित्यही हैं ॥ याकह णेकरिके यहअनुमानसिद्धभया ॥ पृथिवीआदिकोंकेपरमाणु नित्यहोणेकूंयोग्यहैं निरवयवहोणेतैं आत्माकीन्याई ॥ याअनुमानप्रमाणक रिके तिनपरमाणुवोंविषे नित्यपणाहीसिद्धहोवैहै ॥ यातैं तिनपरमाणुवोंविषे अनित्यपणेकूंसिद्धकरणेहारा सोकालवादीकाअनुमान सत्प्र तिपक्षदोषवालाहै ॥ जिसहेतुकेसाध्यकेअभावकूं दूसराहेतुसिद्धकरैहै ॥ सोहेतु सत्प्रतिपक्षदोषवालाहोवैहै ॥ समाधान ॥ हेनैयायिकवादी॥ तानिरवयवत्वरूपहेतुतैं तिनपरमाणुवोंविषे नित्यत्वरूपसाध्यकीसिद्धिहोइसकैनहीं॥काहेतैं तुमनैयायिकोंकेमतविषे जोहेतु आपणेसाध्यके अभाववालेपदार्थविषेरहैहै ॥ सोहेतु व्यभिचारीहोवैहै ॥ ताव्यभिचारीहेतुकरिके तासाध्यकीसिद्धि तुम अंगीकारकरतेनहीं ॥ और यह तुम्हारा निरवयवत्वरूपहेतुतौनित्यत्वरूपसाध्यकेअभाववालेगुणकर्मादिकोंविषेभीरहैहै ॥ यातैं सोनिरवयवत्वरूपहेतुभी व्यभिचारीहै ॥ ताव्यभिचारीहेतुकरिके तिनपरमाणुवोंविषे नित्यरूपता सिद्धहोइसकैनहीं ॥ शंका ॥ हेकालवादी ॥ यद्यपि सोनिरवयवत्वरूपहेतु नित्य त्वरूपसाध्यकेअभाववालेगुणकर्मादिकोंविषेभीरहैहै ॥ यातैं सोनिरवयवत्वरूपहेतु व्यभिचारीहै॥तथापि निरवयवद्रव्यत्वरूपहेतु तिनगुण कर्मादिकोंविषेरहतानहीं यातैंसोनिरवयवद्रव्यत्वरूपहेतु व्यभिचारीनहीं है॥तानिरवयवद्रव्यत्वरूपहेतुकरिकेही हमनैयायिकतिनपरमाणुवों विषे नित्यरूपतासिद्धकरैहैं॥समाधान॥हेपरमाणुवादी नैयायिक ॥ पृथिवीआदिकोंकेपरमाणु अनित्यहोणेयोग्यहैं मूर्त्तपदार्थहोणेतैं प्रसिद्ध पृथिवीआदिकोंकीन्याई॥याहमारेअनुमानकेविद्यमानहुए सोतुम्हारानिरवयवद्रव्यत्वरूपहेतु तिनपरमाणुवोंविषेनित्यरूपता सिद्धकरिसकै नहीं॥शंका॥हेकालवादी॥जैसे तिनपरमाणुवोंविषे अनित्यरूपताकोसिद्धिकरणेहारा जोतुम्हाराअनुमानहै॥ताअनुमानकेविद्यमानहुए हम नैयायिकोंकूं तिनपरमाणुवोंविषे नित्यरूपताकानिश्चय होइसकैनहीं ॥ तैसे तिनपरमाणुवोंविषे नित्यरूपताकोसिद्धिकरणेहारा जोहमाराअ नुमानहै ॥ ताअनुमानकेविद्यमानहुए तुम्हारेकूंभी तिनपरमाणुवोंविषे अनित्यरूपताकानिश्चय होइसकेगानहीं ॥ समाधान ॥ हेपरमाणु वादीनैयायिक ॥ जिसस्थूलविषे परस्परविरोधीअर्थकोसिद्धिकरणेवासतै दोअनुमानप्रवृत्तहोवैहैं ॥ तिसस्थलविषे यद्यपि एकअ

र्थकानिश्चय होइसकेनहीं ॥ तथापि तिनदोनोंअनुमानोंविषे जिसअनुमानका श्रुतिस्मृतिआदिकप्रमाण सहकारीहोवैहैं ॥ सोअनुमान प्रबलहोवैहै ॥ और जिसअनुमानका श्रुतिस्मृतिआदिकप्रमाण सहकारीनहींहोवैहैं ॥ सोअनुमान दुर्बलहोवैहै ॥ और प्रबलकरिकेदुर्बलका बाध याळोकविषे प्रसिद्धदेख्याहै ॥ और यावद्विकारंतुविभागोऽलोकवत् ॥ याव्यासभगवान्केसूत्रविषे ॥ तथा ॥ अतोऽन्यदार्त ॥ याश्रुतिविषे भेदवालेपरिच्छिन्नपदार्थोंविषे अनित्यरूपताहीकथनकरीहै ॥ सोभेदवालेपरिच्छिन्न परमाणुभी हैं॥ यातैं ताश्रुतिसूत्ररूपप्रमाणकी सहायतातैं प्रबलताकूंप्राप्तहुआ सोहमाराअनुमान तुमारेअनुमानकाबाधकरिके तिनपरमाणुवोंविषे अनित्यरूपताही सिद्धकरैहै ॥ और तुमारेअनुमानविषे कोईश्रुतिस्मृतिरूपप्रमाण सहायताकरणेहाराहैनहीं ॥ यातैं तादुर्बलअनुमानकरिके तिनपरमाणुवोंविषे नित्यरूपता सिद्धहोइसकेनहीं ॥ किंवा॥ जिसनिरवयवत्वरूपहेतुकरिके तुमनैयायिक तिनपरमाणुवोंविषे नित्यरूपता सिद्धकरोहो॥सोनिरवयवत्वरूप हेतु तिनपरमाणुवोंविषे रहताहोनहीं॥ काहेतैं तुमनैयायिक तिनपरमाणुवोंका पूर्वादिकअष्टदिशावोंकेसाथ संयोगसंबंध अंगीकारकरोहो॥ तथा तिनपरमाणुवोंका परस्परभी संयोगसंबंध अंगीकारकरोहो ॥ और तासंयोगसंबंधकूं तुमनैयायिक अव्याप्यवृत्तिमानोहो ॥ तहां जोपदार्थ आपणेआश्रयके एकदेशविषेरहेहै तथा एकदेशविषेनहींरहे है ताकानाम अव्याप्यवृत्तिहोवैहै ॥ ऐसेअव्याप्यवृत्तिसंयोगसंबंध वाले परमाणुवोंविषे निरवयवरूपता संभवेनहीं ॥ किंतु संयोगसंबंधवालेमूर्तपदार्थ सावयवहीहोवैहैं ॥ जैसे घटपटादिकमूर्तपदार्थ संयोगसंबंधवालेहोणेतैं सावयवहीहैं ॥ तैसे संयोगसंबंधवालेहोणेतैं तेपरमाणुभी सावयवहीसिद्धहोवैंगे ॥ और जोजोपदार्थ सावयवहोवैहै ॥ सोसोपदार्थ किसीकारणकरिकेजन्यहीहोवैहै ॥ जैसे घटपटादिकपदार्थ सावयवहोणेतैं मृत्तिकादिककारणोंकरिकेजन्यहैं ॥ तैसे तेपरमाणुभी सावयवहोणेतैं किसीकारणकरिके अवश्यजन्यहोवैंगे ॥ और सोतिनपरमाणुवोंकाकारणभी जोकिसीदूसरेकारणकरिकेजन्यमानिये ॥ तौ सोदूसराकारणभी किसीतीसरेकारणकरिकेजन्यहोवैगा ॥ याप्रकार कारणोंकीअनवस्थाप्राप्तहोवैगी॥यातैं तिनपरमाणुवोंके कारणकूंअजन्यहीमान्याचाहिये ॥ सोऐसाउत्पत्तितैंरहितकारण कालतैंविनादूसराकोई हैनहीं॥यातैं ताकालकूंही तिनपरमाणुवोंकाकारण

मानणाहोवैगा ॥ जभी ताकालविषे परमाणुवोंकीकारणता वादीनें अंगीकारकरी ॥ तभी ताकालकरिकेही सर्वजगत्कीउत्पत्ति संभव होइसकैहै ॥ तिनदोनोंकेमध्यविषे परमाणुवोंकूंकारणमानणा निष्फलहै ॥ किंवा ॥ जोनैयायिकवादी तिनपरमाणुवोंकूं नित्यभीअंगीकार करै ॥ तोभी तिननित्यपरमाणुवोंतैं सर्वदाजगत्कोउत्पत्तिहोणीचाहिये ॥ कदाचित्भी प्रलय नहींहोणाचाहिये ॥ सोसर्वदा जगत्की उत्पत्तिहोवैनहीं ॥ यातैं याजगत्के उत्पत्तिप्रलयकी व्यवस्थाकरणेवासते तेपरमाणु कालकीअपेक्षा अवश्यकरेंगे ॥ याकारणतैंभी ताका लकूंहीं जगत्काकारणमानणा उचितहै ॥ किंवा ॥ प्रलयकालविषे तेपरमाणु परस्परविभागवालेहुए स्थितहोवैहैं ॥ याकारणतैं तेपरमाणु ताप्रलयकालमें याजगत्कीउत्पत्तिकरणेविषे समर्थहोवैनहीं ॥ और जगत्कीउत्पत्तिकालविषे तिनपरमाणुवोंकापरस्पर संयोगसंबंध होवे है॥ याकारणतैं तेपरमाणु याजगत्कीउत्पत्तिकरणेविषेसमर्थहोवे हैं॥तासंयोगसंबंधकीउत्पत्तिविषे याकालकीअपेक्षा अवश्यहोवैगी॥ याकारणतैं यहकालहीसर्वजगत्काकारणहै ॥ ताकालतैंभिन्न परमाणुआदिकोंविषे याजगत्कीकारणतासंभवैनहीं ॥ इतनेंकरिकै कालवा दीज्योतिषशास्त्रवालेपुरुषोंका मतनिरूपणकऱ्या ॥ अब स्वभावकूंहीं जगत्काकारणमानणेहारे जेस्वभाववादीलोकायतहैं तिनोंकेमत कानिरूपणकरैहैं ॥ तहाँ तेस्वभाववादी ताकालवादीकेमतविषे याप्रकारकेदूषण कथनकरैहैं ॥ हेकालवादी यासर्वजगत्काकारणरूप करिके तुमनें अंगीकारकऱ्याजोकालहै ॥ सोकाल आपणेस्वभावकी तथाकार्यकेस्वभावको अपेक्षाकरिकेही कारणहोवै है ॥ अथवा तास्वभावकीअपेक्षातैंविनाहीं सोकाल याजगत्काकारणहोवैहै ॥ तहाँ सोकाल तास्वभावकोअपेक्षातैंविनाहीं कारणहोवैहै यहद्वितीयपक्ष जोतुम अंगीकारकरो सोसंभवैनहीं ॥ काहेतैं वस्तुकेस्वभावकीअपेक्षातैंविनाहीं सोतुमाराकाल जोकदाचित् कार्यकीउत्पत्तिकरताहोवै ॥ तो प्रज्वलितमहान्अग्निविषे तथा आकाशविषे सोतुमारा काल जलकीउत्पत्ति किसवासतैनहींकरता ॥ और सोतुमाराकाल अग्निकरिकै जीवोंकेतृषाकीनिवृत्ति किसवासतैंनहींकरता॥और सोकाल अन्नतैंविनाहीं याजीवोंकेक्षुधाकीनिवृत्ति किसवासतेनहीं करता ॥ और सोतुमा राकाल पुत्रार्थी पुरुषोंकूं स्त्रीतैंविनाहीं पुत्रोंकीप्राप्ति किसवासतैनहींकरता ॥और सो तुमाराकाल मृतकशरीरकेसंयोगकरिकेभीयाजीवोंविषे

सुखदुःखकीउत्पत्ति किसवासतैंनहींकरता ॥ और ताकालकेप्रभावतैं यहमृतकशरीर हमारेसाथसंभाषण किसवासतैंनहींक्‌.ता ॥ और ताकालकेप्रभावतैं यहस्त्रियां पुरुषकेसंबंधतैंविनाहीं गर्भकाधारण किसवासतैंनहींकरतीयां ॥ और ताकालकेप्रभावतैं यहआकाश अवकाशभावतैंरहितहोणाचाहिये ॥ तथा यहपृथिवी रसातलविषेगईचाहिये ॥ तथा यहजल स्नेहभावतैंरहितहोणाचाहिये ॥ तथा यहअग्निआदिकतेज प्रकाशतैंरहितहोणेचाहिये ॥ तथा यहवायु निश्चलताकूंप्राप्तहोणाचाहिये ॥ किंवा ॥ सोतुमाराकाल जोकदाचित् वस्तुकेस्वभावकी अपेक्षातैंविनाहीं कार्यकीउत्पत्तिकरताहोवै ॥ तौ सोकाल यापुरुषोंकेमुखद्वारतैं मलमूत्रादिकोंकापरित्याग किसवासतैंनहींकरावता ॥ तथा सोकाल यापुरुषोंकेघ्राणइंद्रियकरिके शब्दकाश्रवण किसवासतैंनहींकरावता॥ तथासोकाल यापुरुषोंकेश्रोत्रइंद्रियकरिके गंधकाग्रहण किसवासतैंनहींकरावता ॥ तथा सोकाल यापुरुषोंकेनेत्रइंद्रियकरिके आहारकाग्रहण किसवासतैंनहींकरावता ॥ इसप्रकार सोकाल यापुरुषोंकेवाकादिकइंद्रियोंकेव्यापारोंकाविपरीतभाव किसवासतैंनहींकरावता ॥ इसतैंआदिलैकेअनेकप्रकारकेदूषणोंकोप्राप्तिहोवैगी ॥ जो ताकालकूं वस्तुकेस्वभावकीअपेक्षातैंविनाहीं याजगत्‌काकारणमानोंगे ॥यातैं तास्वभावकीअपेक्षातैंविना ताकालविषे जगत्‌कीकारणतासंभवैनहीं ॥ और सोकाल कारणके तथाकार्य के स्वभावकीअपेक्षाकरिकेही याजगत्‌काकारणहोवैहै ॥ यहप्रथमपक्ष सोकालवादी जोअंगीकारकरै ॥ तो जिसस्वभावकीअपेक्षाकरिके सोकाल याजगत्‌कोव्यवस्थापूर्वक उत्पत्तिकरैहै॥तास्वभावविषेही याजगत्‌कीकारणतासंभवहोइसकेहै ॥ यातैं स्वभाव जगत्यादोनोंकेमध्यविषे कालकूंजगत्‌काकारणमानणा निष्फलहोवैगा ॥ किंवा ॥ तास्वभावकूंहीं जगत्‌काकारणमानणेविषे पूर्वउक्तदोषोंकीभीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ काहेतैं यापुरुषोंकाचक्षुइंद्रिय आपणेस्वभावतैं रूपकूंहींग्रहणकरैहै॥रसादिकोंकूंग्रहण करैनहीं ॥ तथा श्रोत्रइंद्रियभी आपणेस्वभावतैं शब्दकूंहींग्रहणकरैहै ॥ रूपादिकोंकूंग्रहणकरैनहीं ॥ इसप्रकारदूसरेइंद्रियभी आपणेस्वभावकेबलतैं आपणेआपणेविषयकूंहींग्रहणकरैहैं ॥ अन्यइंद्रियकेविषयकूं अन्यइंद्रिय ग्रहणकरैनहीं ॥ इसप्रकार रूपादिकविषयभी आपणेआपणेस्वभावकेबलतैं आपणेआपणेनेत्रादिकइंद्रियोंकेही विषयभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ अन्यइंद्रियकाविषय अन्यइंद्रियकेविषयभावकूंप्राप्त

होवैनहीं ॥ इसप्रकार वस्तुकेस्वभावकाअंगीकारकरिकै पूर्वउक्तसर्वदोषोंकापरिहार होइसकैहै ॥ यातैं याजगत्कीप्रवृत्तिनिवृत्तिविषे तथा याजगत्कीउत्पत्तिस्थितिलयविषे यहस्वभावहीकारणहै ॥ यास्वभावतैंभिन्नदूसराकोईपदार्थ याजगतकाकारणहोवैनहीं ॥ इतनैंकरिकै स्वभावकारणवादी लोकायतोंकामतनिरूपणकऱ्या ॥ अब धर्मअधर्मरूपनियतिकूंहीं याजगत्काकारणमानणेहारे जेमीमांसकवादी हैं तिनोंकेमतकानिरूपणकरे हैं ॥ तहां तेमीमांसकवादी ताधर्मअधर्मरूपनियतिविषे जगतकीकारणतासिद्धकरणेवासतै प्रथम तिनस्वभावकारणवादियोंकेमतविषे याप्रकारकेदूषण कथनकरे हैं ॥ हेस्वभाववादी ॥ याजगत्काकारणरूपकरिकै तुमनैंअंगीकारकऱ्याजोस्वभावहै ॥ सोस्वभाव धर्मअधर्मरूपनियतिकीअपेक्षाकरताहुआ याजगत्काकारणहै ॥ अथवा सोस्वभावतानियतिकीअपेक्षातैंविनाहीं याजगत्काकारणहै ॥ तहांधर्मअधर्मरूपनियतिकीअपेक्षातैंविनाहीं सोस्वभाव याजगत्काकारणहै॥ यहदूसरापक्ष जोतुम अंगीकारकरो सोसंभवैनहीं ॥ काहेतैं तानियतितैंविनाहीं सोस्वभाव जोकदाचित् याजगत्काकारणहोवै ॥ तौ ताअनियतस्वभावकेबलतैं याउष्णस्वभाववालेअग्नितैंभी शीतलताउत्पन्नहोणीचाहिये ॥ तथाशीतलस्वभाववालेजलतैंभी उष्णताकीउत्पत्तिहोणीचाहिये ॥ याप्रकार सर्वकालविषे तथासर्वपदार्थों विषे सर्वकार्योंकीउत्पत्तिहोणीचाहिये ॥ और सर्वकालविषे तथासर्वपदार्थोंविषे सर्वकार्योंकीउत्पत्ति देखणेमैंआवतीनहीं ॥ यातैं तानियतिकीअपेक्षातैंविना तास्वभावविषे जगत्कीकारणतासंभवैनहीं ॥ और सोस्वभाव धर्मअधर्मरूपनियतिकीअपेक्षाकरिकैही याजगत्काकारणहै यहप्रथमपक्ष जोतुम अंगीकारकरो ॥ तौ जैसे स्वभावकीअपेक्षाकरताहुआ सोकाल याजगत्केउत्पत्तिस्थितिलयकाकारणहोवैहै ॥ याकारणतैं सोकाल याजगत्काकारणनहींहै ॥ किंतु सोस्वभावहीयाजगत्काकारणहै ॥ याप्रकारकीयुक्तिसैं तुमनैं कालकाखंडनकरिकै स्वभावकूंहीं जगत्काकारणमान्याहै ॥ तैसे सोतुमारास्वभावभी धर्मअधर्मरूपनियतिकीअपेक्षाकरिकैही याजगत्काकारणहोवैहै ॥ याकारणतैं सोतुमारास्वभावभी याजगत्काकारणहोइसकैनहीं॥किंतु सोधर्मअधर्मरूपनियतिही याजगत्काकारणमान्याचाहिये॥नियति जगत् यादोनोंके मध्यविषे स्वभावकूंकारणमानणा निष्फलहै ॥ इतनैंकरिकै धर्मअधर्मरूपनियतिकूं कारणमानणेहारे मीमांसकवादियोंकामत

निरूपणकऱ्या ॥ अब यदृच्छाकूंहीं याजगत्काकारणमानणेहारे जेकोईकवादी हैं तिनोंकेमतकानिरूपणकरें हैं॥यहां कार्यकूं आपणीउत्प त्तिविषे कर्तादिकोंकीअपेक्षानहींहोणी याकानाम यदृच्छाहे ॥ तेयदृच्छाकारणवादी आपणेमतकीसिद्धिकरणेवासते ता नियतिवादीके मतविषे याप्रकारकेदूषणकहे हैं हेनियतिकारणवादी तुमनें याप्रकारका तानियतिकास्वरूपकह्याहे ॥ यहकार्य इसीहीकारणकरिकेउत्पन्न होवैहे ॥ इसकारणतैंभिन्न दूसरेकिसीकारणकरिके यहकार्य उत्पन्नहोवेनहीं ॥ तथा यहकार्य इसीप्रकारतें उत्पन्नहोवे हे ॥ दूसरेकिसीप्रका रतैंउत्पन्नहोवेनहीं ॥ तथा याकारणतें यहहीकार्य उत्पन्नहोवैहे दूसराकोईकार्य उत्पन्नहोवेनहीं ॥ याप्रकारकीनियतिकूंही तुमनें याजगत्का कारणमान्याहे ॥ जैसे ऋतुधर्मयुक्तास्त्रियोंकाजोरजहे ॥ सोरजही नियमकरिकेगर्भधारणेकाकारणहोवे हे ॥ सो याप्रकारकीनियतिकूं जगत् काकारणमानणा ॥ तुम्हारेकूंयोग्यनहीं ॥ काहेतें यालोकविषे तानियतितैंविनाहीं कितनेककारणोंकी तथाकितनेककार्योंकी यदृच्छारूप हेतुतें प्राप्तिदेखणेमेंआवैहे ॥ जैसे यालोकविषे कितनेकधर्मात्मापुरुषोंकूं अकस्मात्तें दुःखकोप्राप्तिहोवे हे ॥ और कितनेकपापात्मा पुरुषोंकूं अकस्मात्तें सुखकोहीप्राप्तिहोवैहे ॥ और यालोकविषे सुखकासाधनरूपकरिकेप्रसिद्ध जेस्त्रीपुत्रादिकपदार्थ हैं ॥ तेस्त्रीपुत्रादिकप दार्थभी कदाचित् याजीवकेदुःखकाहीकारणहोवें हैं ॥ और यालोकविषेदुःखकासाधनरूपकरिकेप्रसिद्ध जोपादादिकोंकाप्रहारहे ॥ सोभी कदाचित् परिश्रमयुक्तपुरुषोंकेसुखकाहीकारणहोवैहे ॥ इसतें आदिलेके अनेकप्रकारकाविपरीतभाव देखणेमेंआवे हे ॥ जोपूर्वउक्तनिय तिहीकारणहोवे तो याप्रकारकाविपरीतभाव नहींहोणाचाहिये ॥ और याप्रकारकाविपरीतभाव प्रसिद्धदेखणेमेंआवैहे यातें तानियतिविषे जगत्कीकारणतासंभवैनहीं किंतु सोयदृच्छाही याजगत्काकारणहे ॥ इतनेंकरिके यदृच्छाकारणवादियोंकामत निरूपणकऱ्या ॥ अब आकाशादिकपंचभूतोंकूं जगत्काकारणमानणेहारे जेकोईकवादीहैं तिनोंकेमतकानिरूपणकरें हैं ॥ तहां तेभूतकारणवादी आपणेमतकी सिद्धिकरणेवासते तायदृच्छाकारणवादीकेमतविषे याप्रकारकेदूषण कथनकरे हैं ॥ हेयदृच्छाकारणवादी ॥ यालोकविषे जितनेकरूपर सादिकधर्म हैं ॥ तेधर्म घटादिकधर्मियोंकोअपेक्षातैंविना स्वतंत्ररहतेनही किंतु तेरूपरसादिकधर्म घटादिकधर्मियोंकीअपेक्षाकरिकेह।

स्थितहोवैहै ॥ तैसे सोतुमारीयदृच्छाभी धर्मरूपहै ॥ यातैं सोयदृच्छा किसीधर्मीकीअपेक्षातैंविना स्वतंत्रस्थितहोइसकैनहीं॥किंतु सोयदृच्छा किसीधर्मीकीअपेक्षाकरिकैही स्थितहोवैगी ॥ और जबपर्यंत प्रत्यक्षवस्तुकासंभवहोइसकै ॥ तबपर्यंत परोक्षवस्तुकोकल्पनाकरणी अनुचितहोवैहै ॥ याप्रकारकानियम सर्वशास्त्रोंविषेकथनकऱ्याहै ॥ यातैं प्रत्यक्षप्रमाणकरिकैसिद्ध जेयहआकाशादिकपंचभूतहैं ॥ तेभूतही तायदृच्छारूपधर्मका धर्मीरूप अंगीकारकरणेहोवैंगे यातैं सोयदृच्छा जिनभूतोंकीअपेक्षाकरिकै याजगत्काकारणहोवै है ॥ तिनभूतोंकरिकैही याजगत्कीउत्पत्तिकासंभवहोइसकैहै ॥ तिनदोनोंकेमध्यविषे यदृच्छाकूंजगत्काकारणमानणा निष्फलहोवैगा ॥यातैं आकाशादिकपंचभूतही याजगत्काकारणहैं॥इतनैंकरिकै आकाशादिकभूतोंकूं जगत्काकारणमानणेहारेवादियोंकामतनिरूपणकऱ्या॥अब प्रकृतिकूंहीं याजगत्काकारणमानणेहारे जेसांख्यशास्त्रवाले हैं तिनोंकेमतकानिरूपणकरैं हैं ॥तहां तेप्रकृतिकारणवादी तिनभूतकारणवादियोंकेमतविषे याप्रकारकेदूषण कथनकरैं हैं ॥ हेभूतकारणवादी ॥ तुमनैं जिनभूतोंकूं जगत्काकारणमान्याहै तेभूत घटादिकपदार्थोंकीन्याईसावयवहैं ॥ और जोजोपदार्थ सावयवहोवै हैं ॥ सोसोपदार्थ किसीकारणकरिकैजन्यहोवै हैं जैसे घटपटादिकपदार्थ सावयवहैं ॥ यातैं मृत्तिकातंतुआदिककारणोंकरिकैजन्यहैं ॥ तैसे तिनसावयवभूतोंकाभी कोईदूसराकारण तुमनैं अंगीकारकऱ्याचाहिये ॥ और यालोकविषे जिसप्रकारकाकार्यहोवै है ॥ तिसीप्रकारका कारणहोवै है ॥ कार्यतैं विलक्षणस्वभाववाला कारणहोवैनहीं ॥ जैसे घटादिककार्योंकेसमानस्वभाववालीजोमृत्तिकाहै ॥ सोमृत्तिकाही तिनघटादिकोंकाकारणहोवैहै ॥ तैसे याजगत्रूपकार्यकेसमानस्वभाववालाहीकोईपदार्थ ताजगत्काकारणमान्याचाहिये ॥ और याजगत्विषे सुवर्ण स्त्रीरत्न वस्त्र इसतैंआदिलेकेजितनेकपदार्थहैं ॥तेसंपूर्णपदार्थ सुखरूपसत्वगुणकरिकैतथादुःखरूपरजोगुणकरिकै तथामोहरूपतमोगुणकरिकैयुक्तहैं॥तहांतेसुवर्णादिकपदार्थ जिसपुरुषकेहस्तविषेरहैं हैं॥तिसपुरुषकूंतो सुखकीप्रातिकरैं हैं॥और तासुवर्णादिकपदार्थोंवालेपुरुषकाजोशत्रुहोवैहै॥ताशत्रुकूं तेसुवर्णादिकपदार्थ दुःखकीहीप्रातिकरैं हैं ॥ और तिनसुवर्णादिकपदार्थोंकोप्रातितैंरहितजोलोभीपुरुषहै॥तालोभीपुरुषकूं तेसुवर्णादिकपदार्थमोहकीप्रातिकरैं हैं ॥ इसप्रकारयहसंपूर्णजगत्सत्त्व

रजतमयातीनगुणोंकरिकेयुक्तहै॥यातैंतात्रिगुणरूपजगत्काकारणभीकोईत्रिगुणरूपवस्तुमान्याचाहिये ॥सोऐसीत्रिगुणरूपतथासर्वकार्योंवि
षेअनुगतजडप्रकृतिहै ॥ यातैंसोजडप्रकृतिही याजगत्काकारणहोणेयोग्यहै॥याहीप्रकृतिकूं श्रुतिविषे योनि यानामकरिकेकथनकऱ्याहै॥
ऐसीजडरूपनित्यप्रकृतितैं प्रथममहत्तत्वउत्पन्नहोवे है॥तिसमहत्तत्वतैं अहंकार उत्पन्नहोवेहै॥ताअहंकारतैं शब्द स्पर्श रूप रस गंध यह
पंचतन्मात्रा तथा एकादशइंद्रिय उत्पन्नहोवैं हैं ॥ तहां श्रोत्र त्वक् चक्षु रसन घ्राण यहपंचज्ञानइंद्रिय तथा वाक् पाणि पाद उपस्थ पायु
यहपंचकर्मइंद्रिय तथा मन यहएकादशइंद्रियकहेजावेहैं॥और तिनशब्दादिकपंचतन्मात्रावोंतैं यथा क्रमतैं आकाश वायु तेज जल पृथिवी
यहपंचमहाभूत उत्पन्नहोवे हैं ॥ इसरीतिसैं यहसंपूर्णजगत् प्रकृतितैंहींउत्पन्नहोवे है ॥ यातैं सोप्रकृतिही सर्वजगत्काकारणहै ॥ इतनैंक
रिके प्रकृतिकारणवादी सांख्यशास्त्रज्ञोंकामत निरूपणकऱ्या ॥ अब हिरण्यगर्भादिकपुरुषोंकूंहीं याजगत्काकारणमानणेहारे जेपुरुष
कारणवादी हैं तिनोंकेमतकानिरूपणकरैं हैं ॥ तहां तेपुरुषकारणवादी आपणेमतकी सिद्धिकरणेवासते प्रथम तिनप्रकृतिकारणवादियोंके
मतविषे याप्रकारकेदूषण कथनकरैंहैं ॥ हेप्रकृतिकारणवादी ॥ कारणविषे कार्यकी सादृश्यताकूंअंगीकारकरिके जोतुमनैं त्रिगुणात्मकप्र
कृतिकूं याजगत्काकारणमान्याहै ॥ तातुमारेसैं हम यहपूछते हैं ॥ कार्यकारणकी सर्वरूपकरिकेसादृश्यताहोवे है ॥ अथवा यत्कि
चित्रूपकरिकेसादृश्यताहोवेहै ॥ तहां कार्यकारणको सर्वरूपकरिके सादृश्यताहोवे है ॥ यहप्रथमपक्ष जोतूंअंगीकारकरे सोसंभवेनहीं ॥
काहेतैं कार्यकारणका जोअत्यंतसादृश्यहोवेगा ॥ तो तिसकार्यकारणका परस्पर भेदसिद्धनहींहोवेगा ॥ और यत्किंचित्भेदकीअपेक्षाक
रिकेही पदार्थोंका परस्पर कार्यकारणभावहोवेहै ॥ अत्यंतअभिन्नपदार्थोंका परस्पर कार्यकारणभावहोवेनहीं ॥ यातैं कार्यकारणकीअत्यं
तसादृश्यताअंगीकारकियेतैं ताप्रकृतिविषे याजगत्कोकारणताही सिद्धनहींहोवेगी॥और कार्यकारणकीयत्किंचित्रूपकरिकेसादृश्यताहो
वे है यहद्वितीयपक्ष जोतुमअंगीकारकरो सोभीसंभवेनहीं ॥ काहेतैं तुमसांख्योंकेमतविषे कार्यकारणभावतैंरहित जोचेतनअसंगपुरुषहै
सोपुरुषभी भावत्वरूपयत्किंचित्धर्मकरिके याजगत्केसदृशहीहै ॥ यातैं सोअसंगपुरुषभी याजगत्काकारणहोणाचाहिये ॥ और ताअ

संगपुरुषकूं तुम सांखी याजगत्‌काकारणमानतेनहीं ॥ यातें कार्यकारणकी यत्किंचित्‌रूपकरिकेभी सादृश्यतासंभवैनहीं ॥ किंवा ॥ जैसे यालोकविषे जडरूपकरिकेप्रसिद्ध जेशकटादिकपदार्थहैं ॥ तिनशकटादिकोंकीप्रवृत्ति चेतनपुरुषतैंविना स्वतंत्रहोवैनहीं ॥ किंतु चेतनपुरुषकेअधीनहीं तिनशकटादिकोंकीप्रवृत्तिहोवै है ॥ तैसे सातुमारीजडप्रकृतिभी चेतनपुरुषकीप्रेरणातैंविना स्वतंत्र किसीकार्यकरणेविषे प्रवृत्तनहींहोसकैगो ॥ यातें ताजडप्रकृतिकूं आपणेकार्यविषेप्रवृत्तकरणेहारा कोईचेतनपुरुष तुमोंनें अवश्यअंगीकारकऱ्याचाहिये ॥ यातें जिस चेतनपुरुषकीअपेक्षाकरिके साप्रकृति याजगत्‌कूंउत्पन्नकरेहै ॥ ताचेतनपुरुषकरिकेही याजगत्‌कीउत्पत्तिसंभवहोइसकेहै ॥ यातें चेतनपुरुष जगत्‌ यादोनोंकेमध्यविषे तीसरीप्रकृतिकूंकारणमानणा निष्फलहै ॥ यातें चेतनपुरुषही याजगत्‌काकारणहै ॥ इतनेंकरिके पुरुषकारणवादियोंकामत निरूपणकऱ्या ॥ हेब्राह्मणो ॥ इसप्रकार काल १ स्वभाव २ नियति ३ यदृच्छा ४ भूत ५ प्रकृति ६ पुरुष ७ यहसप्तपक्ष हमोंनें तुमारेप्रतिकथनकरे हैं ॥ तहां पूर्वपूर्वमतविषे दूषणोंकाकथनकरिके उत्तरउत्तरमतकाग्रहणकऱ्याहै ॥ परंतु यहसप्तमत पूर्वउक्तदूषणोंकरिकेदूषितहैं ॥ यातें इनसप्तमतोंविषे कोईभीमत ग्रहणकरणेयोग्यनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन्‌ ॥ कालतैंआदिलेके प्रकृतिपर्यंत याषट्‌मतोंविषे यद्यपि पूर्व दूषणकथनकरे हैं ॥ तथापि यहचेतनपुरुषजगत्‌काकारणहै ॥ यासातैंमतविषे कोईदूषण कथनकऱ्यानहीं ॥ यातें यहपुरुषकारणवादही अंगीकारकरणेयोग्यहै ॥ समाधान ॥ हेब्राह्मणो ॥ जैसे कालादिकोंविषे कारणतासंभवैनहीं ॥ तैसे ताचेतनपुरुषविषेभी साकारणतासंभवैनहीं ॥ काहेतें सोचेतनपुरुष सर्वसंगतैंरहितहै तथानिर्गुणहै तथासर्वव्यापारोंतैंरहितहै ॥ ऐसेनिष्क्रियअसंगपुरुषविषे याजगत्‌कोकारणतामानणी अत्यंतअसंगतहै ॥ शंका ॥ हेभगवन्‌ ॥ ताचेतनपुरुषकेवासतै जोतिनकालादिकोंकासंयोगहै ॥ सोसंयोगही याजगत्‌काकारणहोवैगा ॥ समाधान ॥ हेब्राह्मणो ॥ ताचेतनपुरुषकेविद्यमानहुएताचेतनपुरुषकेवासतै जोतिनकालादिकोंकासंयोगहै ॥ सोसंयोगभीताप्रकृतिकीन्याई जडहोणेतैं किसीअन्यकारणकोअपेक्षा अवश्यकरैगा ॥ और तिनकालादिकोंकेसंयोगकाभी कौनकारणहै ॥ याप्रकारकोजिज्ञासाभी निवृत्तहोवैनहीं ॥ यातें जैसे कालादिकोंकूंकारणतानहींहै ॥ तैसे तिनकालादिकोंकेसंयोगकूंभी कारणतासंभ

वैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् सोशुद्धपरमात्मापुरुष असंगहै ॥ यातैं ताशुद्धपुरुषविषे यद्यपि कारणतासंभवैनहीं ॥ तथापि प्रतिबिंबरूपजी वात्माविषे याजगत्कीकारणता संभवहोइसकैहै ॥ समाधान हेब्राह्मणो ॥ यहजीव परतंत्रहै ॥ यातैं यहजीव आपणेसुखदुःखकीउत्पत्तिकर णेविषेभीसमर्थहोइसकैनहीं ॥ जभी यहजीव आपणेसुखदुःखकोउत्पत्तिकरणेविषेभी समर्थनहींभया ॥ तभी यासंपूर्णजगत्केउत्पन्नकरणे विषे यहजीव किसप्रकार समर्थहोवैगा ॥ किंवा ॥ यहजीवात्मा जोकदाचित् याजगत्कोउत्पत्तिकरणेविषे स्वतंत्रहोवैगा ॥ तो यहजीवात्मा आपणेसुखकेसाधनोंकूंही उत्पन्नकरैगा ॥ दुःखकेसाधनोंकूंउत्पन्नकरैगानहीं ॥ यातैं ताजीवात्माविषेभी याजगत्कोकारणतासंभवैनहीं ॥ इतनैंग्रंथकरिके याजगत्केकारणविषे जितनेकवादियोंकेपक्षथे तिनपक्षोंकानिरूपणकरिकेखंडनकऱ्या ॥ अब सिद्धांतपक्षकानिरूपणकरे हैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ याप्रकारकेवचन जभी तिनब्रह्मवेत्ताब्राह्मणों नैं सर्वसभावासीब्राह्मणोंकेप्रतिकहे॥ तभी तेशुद्धचित्तवाले संपूर्णसभावा सीब्राह्मण तिनपूर्वपक्षोंविषे नानाप्रकारकेदूषणोंकूंदेखिकरिके तिनपक्षोंकापरित्यागकरतेभये ॥ और तेब्राह्मण वेदकेवचनोंतैं ब्रह्मकूंहीजग त्काकारण जानतेहुएभी ताअर्थकीदृढताकरणेवासते नानाप्रकारकीयुक्तियोंकेजानणेकीइच्छाकरतेभये ॥ तिसतैंअनंतर तेसंपूर्णब्राह्मण योगशास्त्रकीरीतिसैं ता अद्वितीयब्रह्मविषे चित्तकेवृत्तियोंकाप्रवाहरूपध्यान करतेभये ॥ इसप्रकार ध्यानकूंप्राप्तहोइके तेविद्वान्ब्राह्मण ता अद्वितीयआत्माकेआश्रित एकअविद्यारूपशक्तिकूंदेखतेभये ॥ कैसीहैसाअविद्यारूपशक्ति याजगत्केउत्पत्तिस्थितिलयकूंकरणेहारीहै ॥ तथा कुतर्कीपुरुषोंकरिके देखीजावैनहीं ॥ तथा आवरणविक्षेपादिकगुणोंकरिकेढाकीहुइहै ॥ ऐसीअविद्यारूपशक्तिकूंदेखिकरिके तेसंपूर्ण ब्राह्मण आश्चर्यकूंप्राप्तहोतेभये॥अबतामायारूपशक्तिकेगुणोंकानिरूपणकरैहैं॥स्वप्रकाशअद्वितीयआनंदरूप जोयहआत्मादेवहै॥ताकेविषे यहमायारूपशक्ति यद्यपिवास्तवतैं हैनहीं॥तथापि ताआनंदस्वरूपआत्माविषे भासमानहुईयहमायारूपशक्ति आपणेअसत्यजडदुःखरूपोंक रिके तासत्चित्आनंदरूपआत्माकूं आच्छादनकरिलेवैहै ॥ यातैं तामायारूपशक्तिका यहआवरणरूप स्वाभाविकगुणहै ॥ और याजग त्कीजोउत्पत्तिस्थितिलयहै ॥ तथा यास्थूलसूक्ष्मशरीरकेअध्यासतैं याआनंदस्वरूपआत्माकूं प्राप्तहोणेहारे तथा ताअध्यासको

निवृत्तितैंनिवृत्तहोणेहारे जेकामक्रोधादिकअनेकविकारहैं ॥ तेसंपूर्णविकार तामायाशक्तिकेविक्षेपरूपगुणहैं ॥ ऐसेआवरणविक्षेपरूपअनेक
गुणोंकरिकैयुक्त जो मायाशक्तिहै तामायाशक्तिकूंदेखिकरिकै तेविद्वान्ब्राह्मण परमआश्चर्यकूंप्राप्तहोतेभये ॥ अब तामायाशक्तिकेअधिष्ठान
आत्माकास्वरूपनिरूपणकरैहैं ॥ हेसंन्यासियो॥यहमायाशक्ति जिसअधिष्ठानआत्माकेआश्रितरहैहै॥सोअधिष्ठानआत्माकैसाहै॥जैसे यहसू
र्यभगवान् घटादिकसर्वपदार्थोंकूंप्रकाशकरै हैं ॥ तैसे सो अद्वितीयआत्माभी आपणेअस्तिभातिप्रियरूपकरिकै पूर्वउक्तकालादिकसर्वका
रणोंकूं व्याप्तकरैहै ॥ और जैसे यहआकाश घटमठादिकसर्वपदार्थोंविषे व्याप्तहै ॥ तैसे सोपरमात्मादेव प्रथम समष्टिरूपकालादिककारणों
कूंव्याप्तकरिकैं तिसतैंअनंतर व्यष्टिरूपजगत्कूंव्याप्तकरै है ॥ और हेसंन्यासियो ॥ सर्वविकारोंतैंरहित जोअसंगआत्माहै ॥ ताअसंग
आत्माविषे जोहमनैं कालादिककारणोंकीअधिष्ठानता तथा कार्यप्रपंचकीअधिष्ठानता कथनकरीहै ॥ साअधिष्ठानताभी यामायारूपशक्ति
केवलतैंहीहोवैहै ॥ वास्तवतैं ताअसंगआत्माविषे याकार्यकारणप्रपंचकीअधिष्ठानतासंभवैनहीं ॥ जैसे किसीव्यभिचारिणीस्त्रीनैं करेजे
मंत्रऔषधादिकउपायहैं ॥ ताउपायोंकरिकैमोहकूंप्राप्तहुआ कोईधनीपुरुष ताव्यभिचारिणीस्त्रीकेविलासोंविषेआसक्तहोवैहै ॥ तैसे तामा
यारूपशक्तिकरिकै मोहकूंप्राप्तहुआ यहआत्मादेव तामायाकेप्रपंचरूपविलासोंविषे आसक्तहोवै है और जैसेयालोकविषे सर्वसंगतैंरहितहु
आभी कोईमहात्मापुरुषआपणेशुद्धतत्त्वभावकरिकै जभी किसीदुष्टपुरुषकेसंगकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तभी तादुष्टपुरुषकेसंगकरिकै
सोमहात्मापुरुष मिथ्यावचनरूपपापकूं तथातापापकेदुःखरूपफलकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे वास्तवतैंअसंगरूपआत्मादेव तामायारूपशक्ति
केसंबंधकूंपाइकै जभी जीवरूपताकूं तथा जगत्केकारणरूपताकूं प्राप्तहोवै है तभी सोआत्मादेव अनेकप्रकारकेदुःखोंकूंप्राप्तहो
वैहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ वास्तवतैंसर्वसंगतैंरहित जोयहस्वयंज्योतिनिर्गुणआत्माहै ॥ ताअसंगआत्माकूंभी यहमायारूपशक्ति मोहित
करिलेवै है ॥ यातैं यामायाशक्तिकाप्रभाव बहुतआश्चर्यरूपहै ॥ याकारणतैंही वेदांतशास्त्रविषे तामायाशक्तिकूं अघटितघटना
पटीयसीयानामकरिकैकथनकरैहै ॥ ऐसीमायारूपशक्तिकेसंबंधकरिकैही यहअसंगआत्मादेव यासंसारचक्रविषेप्रवेशकरैहै ॥ अब

याहीअर्थकेस्पष्टकरणेवासते प्रथम यासंसारकूं चक्ररूपकरिकैवर्णनकरे हैं ॥ हेसंन्यासियो जैसे यालोकविषेप्रसिद्ध जोरथकाचक्रहे ॥ ताच
क्रका एकनेमिहोवे हे ॥ और दूसरानाभिहोवैहे ॥ और तीसरेअराहोवे हैं ॥ तहां पृथ्वीकेसाथ जाकासंबंधहोवे है ऐसाजोवर्तुलाकार काष्ठ
विशेषहे ताकानाम नेमिहे ॥ और जाकेविषेरथकीशलाकाफिरेहे ऐसाजोमध्यकाकाष्ठविशेषहै ॥ ताकानाम नाभिहे ॥ और तानेमिनाभि
दोनोंकेमध्यविषे जेकाष्ठविशेषहैं तिनोंकानाम अराहे ॥ तैसे माया शक्ति अज्ञान मूलप्रकृति प्रधान अव्याकृत इत्यादिकनामोंकरिकै कथ
नकरणेयोग्यजाअविद्याहे ॥ साअविद्या यासंसारकूं सर्वओरतैंव्याप्यकरिकैस्थितहे ॥ याकारणतैं साअविद्या यासंसाररूपचक्रकानेमिहे ॥
और जैसेप्रसिद्धरथकाचक्र लोहरजतसुवर्णादिकधातुमय पटिकाकरिकैजटितहोवैहे॥ तैसे यहसंसाररूपचक्रभी शुक्लवर्णवालासत्वगुण रक्त
वर्णवालारजोगुण कृष्णवर्णवालातमोगुण यातीनगुणरूपपटिकाकरिकै जडितहे ॥ और जैसे याप्रसिद्धचक्रकेनाभिविषे अराख्पकाष्ठोंके
रहणेवासते छिद्ररूपसंस्थानहोवे है ॥ तैसे यासंसाररूपचक्रकेनाभिविषे क्लेशादिरूपअराकेरहणेवासते षोडशविकाररूप छिद्रस्थानहैं ॥
तेषोडशविकार यहहैं ॥ श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, रसन, घ्राण यह पंचज्ञानइंद्रिय तथा वाक्, पाणि, पाद; पायु, उपस्थ यहपंचकर्मइंद्रिय
आकाश, वायु, तेज, जल, पृथिवी यहपंचभूत एकमन इनोंकानाम षोडशविकारहे ॥ और जैसे प्रसिद्धचक्रविषे अराहोवे हैं ॥ तैसे यासं
साररूपचक्रविषे ५० पंचासअराहैं ॥ तेअरायहहैं पंचक्लेश ५ अष्टसिद्धि८नवतुष्टि ९ अठ्ठाईसअशक्ति२८तहांअविद्या अस्मिता राग द्वेष
अभिनिवेश यहपंचप्रकारकाक्लेशहोवैहे ॥ तहां अनात्मरूपदेहादिकोंविषे आत्मबुद्धिरूपजोविपर्ययहे ॥ ताविपरीतबुद्धिकानाम अविद्या
है ॥ याअविद्याकूंही शास्त्रविषे मत यानामकरिकैकथनकरेहैं ॥ १ ॥ और विचारहीनपुरुषोंकूं जोदेहादिकोंविषे अहंबुद्धिहे ताकानाम
अस्मिताहे॥याअस्मिताकूंही शास्त्रवेत्तापुरुष मोह यानाम करिकैकथनकरेहे॥२ ॥ और विषयसुखकेसाधन जेधनस्त्रीपुत्रादिकपदार्थ हैं तिनों
विषेजाअत्यंतआसक्तिहे याकानामरागहे ॥ याहीरागकूं शास्त्रवेत्तापुरुष महामोह यानामकरिकै कथनकरे हैं ॥ ३ ॥ और दुःखकीप्राप्तिक
रणेहारेशत्रुआदिकोंके अनिष्टकाजोचिंतनहे याकानामद्वेषहे ॥ याहीद्वेषकूं शास्त्रवेत्तापुरुष तामिस्र यानामकरिकैकथनकरे हैं ॥ ४ ॥ और

धनस्त्रीपुत्रादिकप्रियपदार्थोंके जोत्यागकीइच्छानहींकरणी ऐसीजा तिनधनादिकपदार्थोंविषेममताहै ॥ ॥ याकानाम अभिनिवेशहै ॥ याहीअभिनिवेशकूं शास्त्रवेत्तापुरुष अंधतामिस्र यानामकरिकेकथनकरेहैं ॥५॥ यहपंचप्रकारकेक्लेशहोवैहैं ॥और सुहृद्प्राप्ति १अध्ययन२ ऊह३शब्द४अध्यात्मदुःखकानाश५अधिदैवदुःखकानाश६अधिभूतदुःखकानाश७दान८यहअष्टसिद्धियांहोवैहैं॥और प्रकृति १उपादान २ काल ३ भाग्य ४ शब्दनिवृत्ति ५ स्पर्शनिवृत्ति ६ रूपनिवृत्ति ७ रसनिवृत्ति ८ गंधनिवृत्ति ९ यह नवप्रकारकोतुष्टिहोवैहै ॥ तहां प्रकृति आदिकचारि अंतरतुष्टिहैं ॥ और शब्दादिकपंच बाह्यतुष्टियां हैं ॥ और श्रोत्रादिकपंचज्ञानइंद्रिय तथा वाकादिकपंचकर्मइंद्रिय एकमन याएकादशइंद्रियोंका जोकुष्ठादिकरोगोंकरिकेनाशहै ॥ अथवा तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकेविद्यमानहुएभी तिनइंद्रियोंविषे जोआपणेकार्यक रणेकाअसामर्थ्यहै ॥ अथवा दूसरेपुरुषकेइंद्रियोंकोअपेक्षाकरिके जोतिनइंद्रियोंविषे अल्पकार्यकरणेकासामर्थ्य है ॥ यही तिनइंद्रियोंका नाशहै ॥ याप्रकार तिनएकादशइंद्रियोंकेएकादशनाशोंकरिके याबुद्धिविषे असामर्थ्यरूप एकादशअशक्तियां उत्पन्नहोवैहैं॥इसप्रकार पूर्व उक्तअष्टसिद्धियोंकेअप्राप्तिकरिके ताबुद्धिविषे अष्टअशक्तियां उत्पन्नहोवै हैं ॥ इसप्रकार नवतुष्टियोंकेअप्राप्तिकरिके ताबुद्धिविषे नवअश क्तियां उत्पन्नहोवैहैं ॥ इसप्रकार संपूर्णमिलिके अट्ठाईसअशक्तियां होवैहैं ॥तेअट्ठाईसअशक्तियां तथा नवतुष्टियां तथा अष्टसिद्धियांतथा पंचक्लेश यहसंपूर्णमिलिकेपचासहोवैहैं॥ तेसंपूर्ण यासंसाररूपचक्रकेअराहैं॥ तहां पूर्व अविद्यादिकपंचक्लेशोंका सामान्यतैंनिरूपणकऱ्या था॥ अब तिसीपंचक्लेशोंका विस्तारतैंनिरूपणकरे हैं ॥ तहां अनात्मपदार्थोंविषेआत्मबुद्धिरूपजाअविद्याहै ॥ ताअविद्याकेअष्टप्रकारके विषयहोवैहैं ॥ ताविषयकेभेदकरिके साअविद्याभी अष्टप्रकारकीहोवैहै ॥ तेअष्टविषययहहैं ॥ कारणरूपप्रकृति महत्तत्व अहंकार पंचभूत याअष्टविषयोंकेभेदतैं सातमरूपअविद्याभी अष्टप्रकारकीहोवैहै॥ साअविद्या सुषुप्तिअवस्थाविषेभी बीजरूपहोइकेरहेहै॥१ ऐसीअविद्याका बीजरूपजाअस्मिताहै॥ साअस्मिताभी जाग्रतस्वप्नविषे तिसअविद्याकेप्रकृतिआदिकअष्टविषयोंकूंही अहंरूपकरिकेविषयकरेहै ॥ यातैं तिनप्रकृतिआदिकअष्टविषयोंकेभेदकरिके सामोहरूपअस्मिताभी अष्टप्रकारकीहोवैहै ॥ २ ॥ और श्रोत्रादिकपंचज्ञानइंद्रियोंके जेकमतैं

जोसजातीयवृत्तियोंकानिरंतरप्रवाहहै याकानाम ध्यानहै॥७॥अब समाधिकानिरूपणकरेहैं॥समाधिदोप्रकारकाहोवैहै एक सविकल्पसमाधि होवैहै और दूसरा निर्विकल्पसमाधिहोवैहै ॥ तहां ज्ञाता ज्ञान ज्ञेय यात्रिपुटीकेभानपूर्वक जो अंतःकरणकेवृत्तिकीअद्वितीयब्रह्मविषे स्थितिहै ॥ याकानाम सविकल्पसमाधिहै ॥ और तात्रिपुटीकेभानतैंरहित जो अंतःकरणकेवृत्तिकी अद्वितीयब्रह्मविषेस्थितिहै ॥ याका नाम निर्विकल्पसमाधिहै ॥ यादोनोंसमाधियोंविषे प्रथमसविकल्पसमाधि साधनरूपहै ॥ और दूसरानिर्विकल्पसमाधि फलरूपहै ॥ याकेविषेभी इतनीविशेषताहै ॥ अंगीरूपनिर्विकल्पसमाधिका जोअद्वितीयब्रह्मविषयहै॥ सोईहीअद्वितीयब्रह्म धारणा ध्यान समाधि याती नअंगोंकाभीविषयहै ॥ याकारणतैं तेधारणादिकतीनों योगकेअंतरंगसाधनहैं ॥ औरयमनियमआसन प्राणायाम प्रत्याहार यहपांचों निर्वि कल्पसमाधिकेविषयतैं भिन्नपदार्थों कूंविषयकरैहैं ॥ याकारणतैं तेयमादिकपंच तायोगकेबहिरंगसाधनहैं ॥ हेसन्यासियो ॥ इसप्रकार अ द्वितीयब्रह्मकेसाक्षात्कारहुए याअधिकारीपुरुषकीअविद्या नाशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और ब्रह्मसाक्षात्कारकरिके एकवारनाशकूंप्राप्तहुई साअवि द्या पुनः कदाचित्भी उत्पन्नहोवैनहीं ॥ हेसन्यासियो ॥ इसप्रकार यमतैं आदिलैके समाधिपर्यंतअष्टांगयोग योगशास्त्रवेत्तामुनियोंनें क थनकऱ्याहै ॥ यातैं यहअधिकारीपुरुष पूर्वउक्तपद्मादिकआसनोंविषे किसी आसनकूंग्रहणकरिके किसीपवित्रदेशविषेस्थितहोवै ॥ और उदर उर ग्रीवा इत्यादिकशरीरके अवयवोंकूं दंडकीन्याई सरलस्थापनकरै ॥ और इंद्रियरूपजेदुष्टअश्वहैं ॥ तिनोंकूंमनरूपरज्जुकेसाथवां धिकरिके हृदयदेशविषे स्थितबुद्धिरूपसारथिविषे समर्पणकरै ॥ और जैसे यालोकविषेपथिकपुरुषनौकाकरिके नदीकोतरैहै ॥ तैसे यहअधिकारीपुरुषभी ब्रह्मज्ञानरूपदृढनौकाकरिके याअविद्यारूपनदीके इंद्रियरूपप्रवाहोंकूंतरै ॥ हेसंन्यासियो ॥ याब्रह्मज्ञानतैंविना तिनइंद्रियोंकातरणा अत्यंतदुर्घटहै ॥ काहेतैं मनरूपरज्जुकरिकेबांधेहुएभी यह नेत्रादिकइंद्रिय जहाँतहाँचलायमानहोवै हैं ॥ और यहने त्रादिकइंद्रिय यासंसारीजीवोंकेदुःखवासतैही सर्वदाप्रवृत्तहोवैहैं ॥ ऐसेदुष्टइंद्रियोंकाजोनिरोधहै ॥ याकानाम प्रत्याहारहै ॥ और हेसंन्या सियो ॥ यहअधिकारीपुरुष गुरुकेउपदेशअनुसार प्रथम याशरीरकेमुखादिकनवद्वारोंकूंनिरोधकरै ॥ तिसतैंअनंतर तिनमुखादिक

द्वारोंविषेस्थितजोप्राणरूपवायुहे ॥ तावायुकूं हृदयदेशविषेनिरोधकरिके जबपर्यंत अंतरहीवायुकालयहोवे ॥ तबपर्यंत उत्साहपूर्वक
अभ्यासकरे॥इसप्रकार अंतरहीवायुकेलयतैंअनंतर यहअधिकारीपुरुष नासिकाद्वारा श्वासउच्छ्वासकरिके तावायुकूं शरीरतैंबाहरनिकासे॥
जबपर्यंत सोवायु सुक्ष्मताकूंनहींप्राप्तहोवे ॥ तबपर्यंत यहअधिकारीपुरुष ताअभ्यासकूंकरे ॥ इसप्रकार अभ्यासकरतेहुए याअधिका
रीपुरुषके जभी जभी सोप्राणरूपवायुवशवर्त्तीहोवे हे ॥ तभी यहमनभी वशवर्त्तीहोवेहे ॥ और याअधिकारीपुरुषके जभी यहमन
वशवर्त्तीहोवेहे ॥ तभी नेत्रादिकइंद्रियभी सुखेनहीं वशवर्त्तीहोवे हे ॥ काहेतें जैसे यालोकविषे सारथिपुरुष जभी दुष्टअश्वोंकेबंधनकरणे
हारीरज्जुकूं आपणेवशवर्त्तीकरेहे ॥ तभी सोसारथिपुरुष तिनदुष्टअश्वोंकूं सुखेनहीं आपणेवशवर्त्तिकरिलेवैहे ॥ तैसे यहअधिकारीपुरुष
जभी मनरूपरज्जुकूंआपणेवशवर्त्तीकरेहै॥तभी इंद्रियरूपदुष्टअश्वोंकूंभी सुखेनहीं आपणेवशवर्त्तीकरिलेवैहे ॥ अब तायोगकरणेकेदेशका
निरूपणकरेहैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ योगाभ्यासकरणेहारेपुरुषोंकूं आसनकरणेवासते याप्रकारकादेश सुखकाहेतुहोवे हे ॥ जोदेश अत्यं
तऊँचाभीनहींहोवे ॥ तथा अत्यंतनीचाभीनहींहोवे ॥ तथा गोमयादिकोंकरिकेलेपितहोवे ॥ तथा नदीतैंआदिलैकेजलकेस्थानहैं ॥
तेजलकेस्थानभी जिसदेशकेअत्यंतसमीपनहींहोवे ॥ तथा जोदेश कंटकादिकोंतैंरहितहोवे ॥ तथा वालुका पाषाणकेसूक्ष्मकंकरोतैंरहि
तहोवे ॥ तथा जादेशविषे अत्यंतशीतभीनहींहोवे ॥ तथा अत्यंतउष्णताभीनहींहोवे ॥ तथा नानाप्रकारकेपक्षी आदिकोंकेशब्दतैंरहित
होवे ॥ तथा मशकादिकजंतुवोंतैंरहितहोवे ॥ तथा अत्यंतवायुतैंरहितहोवे ॥ तथा देखणेतैं नेत्रादिक इंद्रियोंकूं तथामनकूं आनंद
कीप्राप्तिकरणेहाराहोवे ॥ ऐसेपर्वतकीगुहाआदिकदेशविषे आसनकूंबांधिकरिके यह अधिकारी पुरुष योगाभ्यासकरे ॥ हेसंन्यासियो ॥
जादेशविषे यहअधिकारीपुरुष योगकरणेकाआरंभकरे ॥ तादेशविषे जोकदाचित्याअधिकारीपुरुषकूं किसीविघ्नकीशंकाहोवे ॥ तो यह
अधिकारीपुरुष तादेशविषे योगाभ्यासकूंनहींकरे ॥ हेसन्यासियो ॥ विघ्नकीनिवृत्तिवासतैं ताअधिकारीपुरुषकूं जैसेआसनकानियमकह्या
हे ॥ तैसे अन्नादिकोंकेभोजनकाभीनियमकह्याहे ॥ तहां सोयोगाभ्यासकरणेहारापुरुष आपणेउदरकेदोभाग अन्नकरिकेपूर्णकरे ॥ औरए

कभाग जलकरिकेपूर्णकरे ॥ हेसन्यासियो ॥ इसप्रकारअष्टांगयोगकरिके जोअधिकारीपुरुष आत्मसाक्षात्कारकेप्राप्तिकीइच्छाकरे है ॥ तिसअधिकारीपुरुषकूं फलकेसमीपकालविषे अणिमादिकसिद्धियां प्रगटहोवेहैं ॥ और सोअधिकारीपुरुष जोकदाचित् तिनसिद्धियोंविषेआसक्तिकरेहै ॥ तो ताअधिकारीपुरुषकूं आत्माकासाक्षात्कारहोवैनहीं ॥ यातैं तेअणिमादिकसिद्धियां आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिविषे विघ्नरूपहैं ॥ अब तिनसिद्धियोंकानिरूपणकरेहैं ॥ हेसन्यासियो ॥ इसप्रकार योगाभ्यासकरतेहुए याअधिकारीपुरुषकूं जभी आत्मसाक्षात्कारकेप्राप्तिकाकाल समीपहोवेहै ॥ तभी सोयोगीपुरुष आपणेमनविषे कदाचित् नोहारकेसमानरूपकूंदेखे है ॥ और कदाचित् धूमकेसमानरूपकूंदेखे है ॥ और कदाचित् सूर्यकेसमानरूपकूंदेखे है ॥ और कदाचित् अग्निकेसमानरूपकूंदेखे है ॥ और कदाचित् वायुकेसमानरूपकूंदेखेहै ॥ इहांजलकेशुक्लरूपसमान शुक्लवर्णवालानोहारहोवेहै ॥ जानोहारकूं शास्त्रविषे तुषारभीकहेहैं ॥ और धूमका कृष्णवर्णहोवैहै ॥ और सूर्यका पिंगलवर्णहोवे है ॥ अनेकवर्णोंकेसमुदायकानाम पिंगलवर्णहै ॥ और अग्निका रक्तवर्णहोवे है ॥ और वायुका दुर्वाकेसमान श्यामवर्णहोवे है ॥ और कदाचित् सोयोगीपुरुष आपणेमनविषे खद्योतकेसमानरूपकूंदेखे है ॥ और कदाचित् विद्युत्‌केसमानरूपकूंदेखे है ॥ और कदाचित् स्फटिककेसमानरूपकूंदेखेहै ॥ और कदाचित् चंद्रमाकेसमानरूपकूंदेखे है॥ हेसंन्यासियो॥सोयोगीपुरुष जैसे नेत्रइंद्रियकरिके दिव्यरूपोंकूंदेखे है॥तैसे सोयोगीपुरुष श्रोत्रइंद्रियकरिके नानाप्रकारकेदिव्यशब्दोंकूंश्रवणकरे है ॥ और रसनइंद्रियकरिके नानाप्रकारकेदिव्यरसोंकूंग्रहणकरे है ॥ और घ्राणइंद्रियकरिके नानाप्रकारकेदिव्यगंधोंकूंग्रहणकरेहै ॥ और त्वकइंद्रियकरिके नानाप्रकारकेदिव्यस्पर्शोंकूंग्रहणकरेहै॥इतनेंकरिकेअंतरसिद्धियोंकानिरूपणकऱ्या ॥अववाह्यसिद्धियोंकानिरूपणकरे हैं ॥हेसंन्यासियो॥जैसेसमाधिकालविषेतायोगीपुरुषकूं दिव्यरूपादिकोंकादर्शनरूप अंतरसिद्धियां प्राप्तहोवेहैं॥तैसे समाधितैंउत्थानकालविषे तायोगीपुरुषकूं याप्रकारकी बाह्यसिद्धियांप्राप्तहोवेहैं॥जैसे अग्निकेसंबंधकरिके सुवर्णकेसंपूर्णमलादिकविकारनिवृत्तहोवे हैं॥ तैसे योगरूपअग्निकेप्राप्तहुएतायोगीपुरुषके पांचभौतिकस्थूलशरीरके संपूर्णरोग तथा जरामृत्यु नाशहोवेहै ॥ और तायोगकेप्रभावतैं तायोगीपुरुषकेशरीरविषे इतनेंगुण उत्पन्नहोवे

हैं ॥ इस्तपादादिकअंगोंकीजडताकाअभावरूप जोलघुपणाहै सोलघुपणा तायोगीकेशरीरविषेप्राप्तहोवेहै ॥ और तायोगीकेशरीरविषे अरोगताहोवे है ॥ और पृथिवीस्वर्गादिकलोकोंकि विषयोंविषे ता योगीकीइच्छानहींहोवे है ॥ और सुवर्णकेसमान तायोगीकेशरीरकावर्णहोवेहै और तायोगी केदर्शनतैं सर्वलोकोंकेमनकूं तथानेत्रोंकूं आनंदकीप्राप्तिहोवे है और ता योगीकास्वरभीमधुरहोवेहै ॥ और चंपकादिकपुष्पोंकेगंधसमान तायोगीकेशरीरकागंधहोवेहै ॥ और तायोगीकेशरीरविषे अन्नजलादिकोंका अत्यंतपाचनहोवे है ॥ यातैं बहुतअन्नजलकेभक्षणकरिकेभी तायोगीपुरुषके विष्ठामूत्रादिकमल अल्पहोवे हैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ इसतैंआदिलेकेअनेकप्रकारकेफल तायोगीपुरुषकूं आत्मसाक्षात्कारतैंप्रथमहोवेहैं ॥ और तिसकालविषे तायोगीपुरुषकूं अणिमादिकअष्टसिद्धियोंकीभीप्राप्तिहोवे है ॥ तिन सिद्धियोंविषे सोयोगीपुरुष जोकदाचित् आसक्तिकरैहै ॥ तो तायोगीपुरुषकूं आत्माकासाक्षात्कारहोवेनहीं ॥ किंतु सोयोगीपुरुष योगभ्रष्ट कह्याजावेहै ॥ और जभी सोयोगीपुरुष तिनसिद्धियोंकापरित्यागकरैहै ॥ तभी तायोगीपुरुषकूं आत्मसाक्षात्कारकी प्राप्तिहोवेहै ॥ ताआत्मसाक्षात्कारकरिके सोयोगीपुरुष कृतार्थहोवेहै ॥ और हेसंन्यासियो ॥ जैसे पूजनकरणेवासतै रजतादिकधातुवोंकरिकेरच्याहुआजोसूर्यका अथवा चंद्रमाका मंडलहै ॥ सोमंडल जभी मृत्तिकाकरिकेलिप्तहोवेहै तभी तामृत्तिकारूपआवर्णकीनिवृत्तितैंविना तामंडलकादर्शन होइसकैनही ॥ किंतु तामृत्तिकारूपआवरणकीनिवृत्तितैंअनंतरही तामंडलकादर्शनहोवेहै ॥ तैसे तायोगीपुरुषकूं जबपर्यंत तिनसिद्धियों विषेरागहोवेहै ॥ तबपर्यंत सोयोगीपुरुष ॥ आत्माकूंदेखिसकैनहीं ॥ और जभीसोयोगीपुरुष तिनसिद्धियोंकापरित्यागकरैहै ॥ तभीसोयोगीपुरुष अद्वितीयआत्माकूं साक्षात्कारकरैहै ॥ तथा सर्वशोकों तैंरहितहोवे है ॥ हेसंन्यासियो ॥ तेयोगशास्त्रवालेपुरुष जैसे केवलत्वंपदार्थरूपआत्माकेज्ञानतैंही मोक्षकोप्राप्तिमानैं हैं ॥ तैसे तुमोंनैं केवल त्वंपदार्थरूपआत्माकेज्ञानतैं मोक्षकीप्राप्तिनहींमानणी॥किंतु यहमहान्भाग्यवालेअधिकारीपुरुष जभी प्रथम तायोगकेप्रभावतैं सर्वभेदतैंरहितस्वयंज्योतिरूप तत्पदार्थब्रह्मकेस्वरूपकूंजानैहैं ॥ तिसतैंअनंतर कार्यकारणभावतैंरहित तथा जन्ममरणादिकविकारोंतैंरहित त्वंपदार्थरूपआत्माकेस्वरूपकूंजाने हैं ॥ तिसतैंअनंतर सोअद्वितीयब्रह्ममैंहूं

याप्रकार तिनदोनोंकेअभेदकूंनिश्चयकरेहैं ॥ तभीहीं यहअधिकारीपुरुष अविद्यादिकसर्वपाशोंतेंमुक्तहोवै है ॥ केवलत्वंपदार्थकेज्ञानतें अ
विद्यादिकपाशोंकीनिवृत्तिहोवैनहीं ॥ और हेसंन्यासियो॥तेयोगीपुरुष जिसस्वयंज्योतिआत्माकूंसाक्षात्कारकरेहैं ॥ सोस्वयंज्योतिआत्माके
साहे॥ पूर्वादिकदशोदिशारूपहे॥तथा सोपरमात्मादेवही पूर्व हिरण्यगर्भरूपकरिकेउत्पन्नहोवैहे ॥तथा सोपरमात्मादेवहीब्रह्मांडरूपकरिके
जलादिकोंविषे स्थितहोवै हे॥तथा सोपरमात्मादेवही स्त्रियोंकेगर्भविषेस्थितहोवैहे ॥तथा सोपरमात्मादेवहीबुद्धिआदिकसंघातकेअंतरवर्त
मानहे तथा शरीरइंद्रियादिकसंघातकाभोक्तारूपहे॥तथा सोपरमात्मादेवही अग्निजलादिकमहाभूतोंविषेस्थितहे ॥और जेपदार्थ पूर्वउत्पन्न
भयेहैं ॥ तथाजेपदार्थ आगेउत्पन्नहोवैंगे॥तिनसंपूर्णपदार्थोंविषेभीसोपरमात्मादेवहीव्यापकहे॥और सोपरमात्मादेव संपूर्णविश्वकूंउत्पन्नक
रिकेंताविश्वविषे आपहीप्रवेशकरताभयाहे ॥ याकारणतें सोपरमात्मादेवसर्वजीवोंकेहृदयविषे साक्षीरूपकरिकेविराजमानहे ॥ और
सोपरमात्मादेव स्थावरजंगमसर्वपदार्थोंविषेस्थितहे॥याकारणतें सोपरमात्मादेव सर्वभूतरूपहे ॥ ऐसेसर्वरूपशुद्धपरमात्मादेवकेप्रतिहमार
वारम्वारनमस्कारहे ॥ हेसन्यासियो ॥ आत्मसाक्षात्कारकासाधनरूप जोअष्टांगयोगहे ॥ सोयोग हमनें तुमारेप्रति संक्षेपतेंकथनकऱ्याहे ॥
अब तायोगकरिकेप्राप्तहोणेयोग्य जोअद्वितीयआत्माहे ताअद्वितीयआत्माकासाक्षात्कार जिसविद्याकरिकेप्राप्तहोवै हे ताविद्याकूंतुम
श्रवणकरो॥ हेसंन्यासियो ॥जोहमनें पूर्व तुमारेप्रति परमात्मादेव कथनकऱ्याथा॥और जोहमनें अभी तुमारेप्रति परमात्मादेव कथनक
ऱ्याहे ॥ सोपरमात्मादेव तुमोंनें एकहीजानणा ॥ तथा यासंसाररूपजालका सोपरमात्मादेवही स्वामीहे ॥ और सोपरमात्मादेवही आप
णेवशवर्तीमायाकी अनेकशक्तियोंकरिके यासम्पूर्णलोकोंकूं आपणेवशवर्तीकरेहे॥और सोपरमात्मादेवही याजगत्केउत्पत्ति स्थिति लयक
रणेविषेसमर्थहे ॥ ऐसेपरमात्मादेवकूं जे अधिकारीपुरुष गुरुशास्त्रकेउपदेशतें साक्षात्कारकरे हैं ॥ तेअधिकारीपुरुषही मोक्षरूपअमृतकूं
प्राप्तहोवैहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ ऐसेपरमात्माकेसाक्षात्कारहुए याअधिकारीपुरुषोंकूं पुनः जन्मकोप्राप्तिहोतीनहीं ॥ और यालोकविषे जिसप
दार्थकाजन्महोवैहै ॥ तिसीपदार्थकानाशहोवैहे ॥ जेसे घटादिकपदार्थोंका जन्महोवैहे ॥ यातें कालपाइके तिनघटादिकोंकानाशभीअवश्य

होवैहै ॥ और यह विद्वान्पुरुषतो आत्मसाक्षात्कारकरिकै जन्मतैंरहितहोवैहै ॥ यातैं सोविद्वान्पुरुष पुनःमरणकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ और हेसंन्यासियो ॥ यहपरमात्मादेव जैसे आपणीमायाशक्तिकरिकै याजगत्कीउत्पत्तिस्थितिकरैहै ॥ तैसे प्रलयकालकेप्राप्तहुए यहपरमात्मादेव याजगत्कूंनाशकरिकै सर्वजीवोंकेताई दुःखकीप्राप्तिकरैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं रुद्र यानामकरिकै कथनकरैहै ॥ और हेसंन्यासियो ॥ जैसे ऊर्णनाभिजंतु आपणेशरीरतैं तंतुवोंकूंउत्पन्नकरैहै ॥ तथा तिन तंतुवोंकापालनकरैहै ॥ तथा अंत्यविषे तिनतंतुवोंकूं आपणेविषेलय करैहै ॥ तैसे यहपरमात्मादेवभी सृष्टिकालविषे याजगत्कूं आपणेतैंउत्पन्नकरैहै ॥ और स्थितिकालविषे याजगत्कापालनकरैहै ॥ और प्रलयकालविषे यासंपूर्णजगत्कूं आपणेविषेलयकरैहै ॥ इसप्रकार सर्वजगत्कूंआपणेविषेलयकरिकै सोपरमात्मादेव एकअद्वितीयरूपकरिकेस्थितहोवैहै ॥ और हेसंन्यासियो यालोकविषे जितनेकीस्थावरजंगमशरीरहैं ॥ तथा तिनशरीरोंविषेस्थित जितनेकीनेत्रादिकज्ञानइंद्रियहैं ॥ तथा वाकादिककर्मइंद्रियहैं ॥ तेसंपूर्णशरीरइंद्रियादिक याअंतर्यामीपरमात्मादेवकेही हैं ॥ और सोपरमात्मादेवही आपणीमायाशक्तिकरिकै प्रथम आकाशादिकपंचभूतोंकूं उत्पन्नकरैहै ॥ तिसतैं अनंतर याशरीरादिकभौतिकपदार्थोंकूं उत्पन्नकरैहै हेसंन्यासियो ॥ जैसे पक्षोंकरिकेयुक्त तथादोभुजावोंकरिकेयुक्त जोप्रसिद्धपक्षीहै ॥ सोपक्षी आपणेगृहकूंरचैहै ॥ तैसे आकाशादिकपंचभूतरूपपक्षोंकरिकेयुक्त तथा पुण्यपापरूपदोभुजाकरिकेयुक्त जोयहपरमात्मादेवहै ॥ सोपरमात्मादेव यासंपूर्णभौतिकप्रपंचकूं उत्पन्नकरैहै ॥ तथा स्वर्गादिकऊपरिकेलोकोंकूं उत्पन्नकरैहै ॥ तथा भूमिआदिकनीचेकेलोकोंकूं उत्पन्नकरैहै ॥ याकेविषे इतनोविशेषताहै ॥ यहलोकप्रसिद्धपक्षीतो आपणेतैंभिन्नगृहकूंउत्पन्नकरैहै ॥ और सोपरमात्मादेवतो आपणेकूंहींजगत्रूपकरैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ सोपक्षी आपणेगृहका केवलनिमित्तकारणहै उपादानकारणनहीं ॥ और यहपरमात्मादेवतो याजगत्का उपादानकारण तथा निमित्तकारण दोनोंहै ॥ यातैं केवलनिमित्तकारणताकूंलेके पक्षीकादृष्टांतदियाहै ॥ और निमित्तकारणता तथा उपादानकारणता यादोनोंकारणताविषेतौ पूर्वउक्तऊर्णनाभिकादृष्टांतहीसमीचीनहै ॥ और हेसंन्यासियो ॥ जोरुद्रभगवान् यासंपूर्णवि

श्वतैंअधिकहै ॥ तथा संपूर्ण वेदोंके स्मरणकरणेहारा महान्‌ऋषिरूपहै ॥ तथा सर्वज्ञानोंकरिकैसंपन्नहै ॥ तथाअग्निआदिकदेवत
ओंके तथा वाकादिकइंद्रियोंके उत्पत्तिस्थितिलयकूंकरणेहाराहै ॥ तथा जोरुद्रभगवान्‌ पूर्व हिरण्यगर्भकूंउत्पन्नकरताभयाहै ॥ त
था स्थावरजंगमरूपसर्वशरीरोंकूं उत्पन्नकरताभयाहै ॥ सोरुद्रभगवान्‌ही हमअधिकारीजीवोंकूं शुभबुद्धिकोप्राप्तिकरैहै ॥ याका
रणतैं मैंश्वेताश्वतरऋषि पूर्व तारुद्रभगवान्‌केप्रति याप्रकारकीप्रार्थनाकरताभया ॥ हेरुद्रभगवान्‌ तुमारीदोमूर्तिहैं ॥ एकतो सात्त्वि
कीमूर्त्तिहै ॥ और दूसरो तामसीमूर्तिहै ॥ तिनदोनोंविषे ब्रह्मविद्याकेप्रवर्त्तकरणेहारी जातुमारीसात्त्विकीगुरुमूर्तिहै ॥ तागुरुमूर्त्तिकरि
कै हमविचारहीनअज्ञानीजीवोंकूं प्रकाशकरो ॥ हेभगवन्‌ जैसे यालोकविषे नेत्रोंतैंहीनअंधपुरुषोंकूं बुद्धिमानवैद्य नेत्रोंकीप्राप्तिकरिकै
प्रकाशकरावे है ॥ तैसे मोहरूपीरोगकरिकै अंधहुएहैंबुद्धिरूपनेत्रजिनोंके ऐसेजेहमअधिकारीजनहैं ॥ तिनहमारेकूं आपणेगुरुमूर्त्तिकाद
र्शनकराइके प्रकाशकरो ॥ और हेरुद्रभगवान्‌ पापीजीवोंकूंसंसाररूपगरतविषेपावणेवासतै जोतुम दूसरी नारीरूपतामसीमूर्त्तिकूंधारणक
रोहो ॥ साआपणीतामसीमूर्त्ति हमअधिकारीजनोंकेप्रति सुखकाहेतुकरो ॥ कैसीहैसाआपकीतामसीमूर्त्ति ॥ कामक्रोधादिकरूपलोहमयहै
तथा धनुषवाणकोन्याई वैरीआदिकोंकूंनिवारणकरणेहारीहै ॥ तथा अत्यंतभयानकरूपवालीहै ॥ हेभगवन्‌ ऐसीनारीरूपतामसीमू
र्त्तिकरिकै याजगत्‌रूपपुरुषकूं प्रमादरूपमृत्युकीप्राप्तिमतकरो ॥ तथा याआपणीतामसीमूर्त्तिकरिकै हमअधिकारीजीवोंके वास्तवस्व
रूपकूंआच्छादनमतकरो ॥ हेसंन्यासियो ॥ इसप्रकार जभी हमनें तारुद्रदेवकीप्रार्थनाकरी ॥ तभी हमाराअंतःकरण कामक्रोधादिक
विकारोंसैरहित शुद्धहोताभया ॥ ताचित्तशुद्धितैंअनंतर मैंश्वेताश्वतरनामाऋषि तारुद्रभगवान्‌के गुरुरूप सात्त्विकीमूर्तिकूंदेखताभया ॥
तामूर्तिकेदर्शनतैं मैं कृतकृत्यहोताभया ॥ हेसन्यासियो ॥ जैसे यालोकविषे पुत्ररहितधनवान्‌पुरुष पुत्रकूंप्राप्तहोइके आपणेकूंकृतकृत्य
मानेहै ॥ और जैसे सर्वदा स्त्रीकाचिंतनकरताहुआकामीपुरुष ताप्रियस्त्रीकूंप्राप्तहोइके आपणेकूंकृतकृत्यमानेहै ॥ और जैसे अत्यंतकृपण
लोभीपुरुष पूर्वनष्टहुएधनकूंप्राप्तहोइके आपणेकूंकृतकृत्यमानेहै ॥ तैसे तारुद्रभगवान्‌के गुरुरूपसात्त्विकीमूर्त्तिकूंप्राप्तहोइके मैंश्वेताश्वतर

आपणेकूंकृतकृत्यमानताभया ॥ हेसंन्यासियो ॥ तारुद्रभगवान्केगुरुरूपमूर्त्तिनें जोहमारेऊपरउपकारकर्‍याहै ॥ ताउपकारकेनिवृत्ति करणेवासतै मैंश्वेताश्वतर इसलोकविषेभी तथास्वर्गादिकलोकोंविषे तथा अनेकजन्मोंकरिकै कोईप्रतिउपकारकूंदेखतानहीं ॥हेसंन्यासियो जैसे मैं श्वेताश्वतरऋषि तारुद्रभगवान्केगुरुमूर्तिकूंदेखिकै कृतकृत्यभावकूंप्राप्तभयाहूं ॥ तैसे तुमभी जभी पूर्वउक्तस्तुतिकूंकरिकै तारुद्र भगवान्केगुरुमूर्तिकूंदेखोगे ॥ तभी तुमभी कृतकृत्यभावकूंप्राप्तहोवोगे ॥ हेसंन्यासियो ॥ सारुद्रभगवान्कीगुरुमूर्त्ति हमारेप्रति याप्रकार काउपदेशकरतीभईहै ॥ हेपुत्र ॥ कारण अज्ञानसहित जोयहसंसारचक्रहै ॥ तासंसारचक्रतैंपरेजोअद्वितीयब्रह्महै ॥ सोअद्वितीयब्रह्मही तुमारावास्तवस्वरूपहै ॥ कर्ताभोक्तारूपसंसारी तुमारावास्तवस्वरूपनहींहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ याप्रकार जभी नानाप्रकारकीयुक्तियों करिकै तारुद्ररूपगुरुमूर्त्तिनें हमारेप्रति आत्माकाउपदेशकर्‍या ॥ तभी ताउपदेशकरिकै मैंश्वेताश्वतर अनेकसंशयविपर्ययतैंरहितहोता भया ॥ और यासंसारजालतैंपरेस्थित जोअद्वितीयब्रह्महै ॥ ताअद्वितीयब्रह्मकूं मैं आपणाआत्मारूपजाणताभया ॥ कैसाहैसोअद्वितीय ब्रह्म सर्वतैंअधिकहै ॥ और तापरमात्मादेवतैंअधिक कोई भी पदार्थनहींहै और कारणअज्ञानसहित आकाशादिकपंचभूत जिसपर मात्मादेवकाशरीररूपहैं ॥ और वास्तवतैं शरीरतैंरहितहै और जैसे आकाश जिसजिसघटमठादिकउपाधियोंविषेस्थितहोवैहै ॥ तिस तिसउपाधिकेसमानआकारवालाहुआ प्रतीतहोवैहै ॥ तैसे जिसजिसजीवका जैसा जैसाशरीरहोवैहै ॥ तिसतिसशरीरविषे सोपरमात्मादे व तिस तिसरूपकरिकै स्थितहोवैहै ॥ तहांश्रुति ॥ समःप्रुषिणासमोमशकेन ॥ अर्थयह ॥ प्रुषिमशकादिकअल्पशरीरोंविषे तथा हस्ती आदिक महान्शरीरोंविषेस्थितहोइकै यहपरमात्मादेव तिनशरीरोंकेसमान आकारवालाहुआ प्रतीतहोवैहै ॥ १ ॥ शंका ॥ हेभगवन् सोपरमात्मादेव जो सर्वशरीरोंविषेस्थितहै ॥ तौं सर्वजीवोंकूं किसवासतैनहींप्रतीतहोता ॥ समाधान ॥ हेसंन्यासियो ॥ जैसे सर्वकाष्ठोंके अंतरअग्निगुप्तहोइकेरहैहै ॥ याकारणतैं सो अग्नि तिनकाष्ठोंकेमथनरूपउपायतैंविना प्रतीतहोवैनहीं ॥ तैसे सोपरमात्मादेवभी सर्व भूतप्राणियोंविषे गुप्तहोइकैरह्याहै ॥ याकारणतैं आत्मज्ञानरूपउपायतैंविना सोपरमात्मादेव प्रतीतहोवैनहीं ॥ और हेसंन्यासियो ॥

जैसे ऊर्णनाभिजंतु तंतुवोंकूं चारोंओरतैंवेष्टनकरिके तिनतंतुवोंविषेस्थितहोवैहै ॥ तैसे यहपरमात्मादेवभी यास्थावरजंगमरूपज
गत्कूं सर्वओरतैंव्याप्यकरिके ताजगत्‌विषेस्थितहोवैहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ यालोकविषे जेअधिकारीपुरुष तारुद्रभगवान्‌केगुरुरू
पमूर्तिकूंप्राप्तहोइके तापरमात्मादेवकूं साक्षात्कारकरैहैं ॥ तेअधिकारीपुरुषही जन्ममरणादिकविकारोंतैंरहितहोवैहैं ऐसे माया
रूपतमतैंपरेस्थित स्वयंज्योतिव्यापकआत्माकूं मैंश्वेताश्वतरनामाऋषि तारुद्रभगवान्‌केप्रसादतैं जानताहूं ॥ हेसंन्यासियो ॥ जैसे
मैंश्वेताश्वतरनामाऋषि गुरुकेउपदेशतैं ताअद्वितीयपरमात्माकूंनिश्चयकरिके यासंसाररूपमृत्युतैंरहितहुआहूं ॥ तैसे दूसरेभीअधि
कारीजन गुरुकेउपदेशतैं तापरमात्मादेवकूंनिश्चयकरिके यासंसाररूपमृत्युतैंरहितहोवैहैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ अज्ञानकीनिवृत्तिपूर्व
क जोब्रह्मभावकीप्राप्तिरूपमोक्षहै ॥ तामोक्षकेप्राप्तिवास्तै आत्मज्ञानतैंविना दूसराकोईमार्गनहींहै ॥ किंतु मैंअद्वितीयब्रह्मरूपहूं याप्र
कारकाअभेदज्ञानही तामोक्षकेप्राप्तिकामार्ग है ॥ यातैं याअधिकारीपुरुषोंनैं श्रवणमननादिकसाधनोंकरिके ताआत्मज्ञानकूंअवश्यसंपा
दनकरणा ॥ तहाँश्रुति ॥ तमेवविदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यःपंथाविद्यतेऽयनाय ॥ अर्थयह ॥ ताअद्वितीयब्रह्मकूं आपणाआत्मारूपजा
निके यहविद्वान्‌पुरुष संसाररूपमृत्युतैं पारहोवैहै ॥ और मोक्षकीप्राप्तिवास्तै आत्मज्ञानतैंविना दूसराकोईमार्गनहींहै ॥ हेसंन्यासियो ॥
यहपरमात्मादेव सर्वजगत्‌काआत्मारूपहै ॥ याकारणतैं तापरमात्मादेवतैं कोईपदार्थ अधिकनहींहै ॥ तथा कोईपदार्थ सूक्ष्मनहींहै ॥
और जैसे यालोकविषे अनेकशाखापर्णोंकरिकेयुक्त जो कोईकमहान्‌वटकावृक्षहै ॥ सोवृक्ष बहुतअवकाशकूंव्याप्यकरिके स्थितहोवैहै ॥
तैसे यहपरमात्मादेवभी संपूर्णजगत्‌कूंव्याप्तकरिके आपणेस्वप्रकाशस्वरूपविषेस्थितहोवैहै ॥ और हेसंन्यासियो ॥ यद्यपि यहनिर्गुण
परमात्मादेवही समष्टिस्थूलशरीररूपउपाधिके संबंधतैं विराट्‌रूपहोवैहै ॥ तथा समष्टिसूक्ष्मशरीररूपउपाधिकेसंबंधतैं हिरण्यगर्भ
रूपहोवैहै ॥ तथा समष्टिकारणअज्ञानरूपउपाधिकेसंबंधतैं ईश्वररूपहोवैहै ॥ तथापि सोपरमात्मादेवका विराट्‌रूप तथा हिरण्यगर्भ
रूप तथा ईश्वररूप केवलउपासनाकाउपयोगीहै ॥ परंतु सोउपाधियुक्तरूप मुमुक्षुजनोंकेजानणेयोग्यनहींहै ॥ किंतु तिनस्थूल

सूक्ष्मकारणतैंपरेस्थित जोआत्माकानिर्गुण स्वरूपहे ॥ सोनिर्गुणस्वरूपही मुमुक्षुजनोंकेजानणेयोग्यहे ॥ काहेतें विराट्‌विषे तथा हिरण्यगर्भविषे तथा ईश्वरविषे नाम रूप क्रिया यहतीनोंप्रकारकाजगत् विद्यमानहे ॥ और जोजोपदार्थ नामरूपक्रियाकरिकेयुक्त होवेहे॥सोसोपदार्थ मिथ्याहीहोवेहे॥और जोजोपदार्थमिथ्याहोवेहे॥सोसोपदार्थ रज्जुसर्पकीन्याईं नाशवान्‌होवेहे ॥ और तापरमात्मादेवके विराटादिकस्वरूपभी मिथ्याहोणेतैंनाशवान्‌हे॥याकारणतें तेविराटादिकस्वरूप मुमुक्षुजनोंकेजानणेयोग्यनहींहैं॥किंतु ताविराटादिकती नोंतैंपरेस्थित जोशुद्धनिर्गुणआत्माहे ॥ सोईही मुमुक्षुजनोंकेजानणेयोग्यहे ॥ऐसे निर्गुणशुद्धपरमात्मादेवकूं जेअधिकारीपुरुष आपणाआत्मारूपकरिकेजानेहैं ॥ तेअधिकारीपुरुषही मोक्षरूपअमृतभावकूंप्राप्तहोवेहैं ॥ और जेपुरुष ऐसेनिर्गुणपरमात्माकूंआपणाआत्मारूपकरिके नहींजानेहैं ॥ तेपुरुष यासंसारविषे अनेकप्रकारकेदुःखोंकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ तहाँश्रुति ॥ यएतद्विदुरमृतास्तेभवंत्यऽथेतरेदुःखमेवापियंति ॥ अर्थयह ॥ मैंअद्वितीयब्रह्मरूपहूं याप्रकार जेअधिकारीपुरुष आत्माकूंजानेहैं ॥ तेअधिकरीपुरुषही मोक्षरूपअमृत भावकूंप्राप्त होवेहैं ॥ और जेपुरुष ताअद्वितीयआत्माकूंनहींजानेहैं ॥ तेअज्ञानीपुरुष यासंसारविषे केवलदुःखकूंहीप्राप्तहोवेहैं ॥ १ ॥ अब तापरमात्मादेवकी सर्वत्रव्यापकतानिरूपणकरेहैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ यालोकविषे जितनेकीजीवोंके मुख मस्तक ग्रीवा हस्त पादादिकअवयवहैं ॥ तेसंपूर्णअवयव तापरमात्मादेवकेही हैं ॥ और सोपरमात्मादेव सर्वजीवोंकेहृदयदेशविषेस्थितहे ॥ तथा सर्वजीवोंकाआत्मारूपहे ॥ याकारणतें सोपरमात्मादेव सर्वगतहे ॥ और ताआनंदस्वरूपआत्मादेवविषे शोकादिकोंकाकारण रूपअविद्याहेनहीं ॥ यातेंतापरमात्मादेव विषेशोकादिकविकारभीसंभवेनहीं याकारणतैंहीं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं शिव यानामकरिकेकथनकरे है ॥ हेसंन्यासियो ॥ सो आनंदस्वरूपआत्मादेव आकाशादिकमहान्‌पदार्थोंतैंभी अतिशेकरिकेमहानहे ॥ और सोपरमात्मादेव याजीवोंकेशरीररूपपुरविषे सर्वदाविराजमानहे ॥ कैसेहैंतेशरीररूपपुर ॥ दोचक्षु दोनासिका दोश्रोत्र मुख पायु उपस्थ नाभि मूर्द्धद्वार याएकादशद्वारोंकरिकेयुक्तहैं ॥ और सोपरमात्मादेव याजीवोंकेहृदयदेशविषेस्थितहोइके तिनजीवोंकेबुद्धिकूं शुभअशुभकर्मोंविषेप्रवर्त्तकरेहे॥तथा सोपरमात्मादेव आप

णेस्वरूपभूतआनंदकूं आपणेस्वप्रकाशरूपकरिकेहीजानैहै॥और भूत भविष्यत् वर्तमान यातीनकालोंविषेस्थित जितनेकोस्थूलसूक्ष्मपदा
र्थ हैं॥ तिनपदार्थोंका यहपरमात्मादेवही स्वामी है॥और सोपरमात्मादेव सूर्यादिकज्योतियोंकाभीज्योतिरूपहै॥तथा सोपरमात्मादेव नाश
तैंरहित साक्षीक्षेत्रज्ञरूपहै ॥ और हे संन्यासियो ॥ यहस्वयंज्योतिपरमात्मादेव यद्यपि वास्तवतैंआकाशकीन्याई सर्वत्रपरिपूर्णहै ॥ तथापि
जीवोंकेअंगुष्ठमात्रपरिमाण हृदयछिद्रविषेस्थितहुआ सोपरमात्मादेव अंगुष्ठमात्रपरिमाणवाला कह्याजावै है॥और यहपरमात्मादेव यद्यपि
स्थावरजंगमरूपसर्वजगत्विषे समानव्यापकहै ॥ तथापि हृदयदेशविषे बुद्धिआदिकसंघातकासाक्षीरूपकरिकै याचरमात्मादेवकी विशेष
करिकैप्रतीतिहोवै है ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं हृदयदेशविषेस्थितकहैहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ बुद्धिकेसर्ववृत्तियोंकूंप्रवृत्त
करणेहारा तथा श्रवणमननादिकसाधनोंकरिकैयुक्त ऐसाजोअंतर्मुखशुद्धमनहै ॥ ताशुद्धमनकरिकैही सोपरमात्मादेव जान्याजावैहै ॥
यातैं जेअधिकारीपुरुष ताशुद्धमनकरिकै ताअंतर्यामीआत्माकूंसाक्षात्कारकरैहैं ॥ तेअधिकारीपुरुषही मोक्षरूपअमृतभावकूंप्राप्तहोवैहैं॥
और हेसंन्यासियो यहपरमात्मादेव सर्वभूतप्राणियोंकाआत्मारूपहै ॥ याकारणतैं यहपरमात्मादेव सहस्रमस्तकवालाहै ॥ तथा सहस्रने
त्रोंवालाहै ॥ तथा सहस्रपादोंवालाहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ जैसेदशअंगुलपरिमाणवालाजोकाष्ठहै ॥ ताकाष्ठकूंव्याप्यकरिकै अग्नि ताकाष्ठतैं
बाह्यअधिकदेशविषेभीरहैहै ॥ तैसे यहपरमात्मादेवभी विराट् हिरण्यगर्भ अव्याकृत यातीनोंकूंव्याप्यकरिकै तिनोंतैंअधिकदेशविषेभी
रहैहै ॥ सोअधिकदेश तापरमात्माकामहिमारूपहै ॥ यातैं आकाशकीन्याई यहआनंदस्वरूपआत्मा ब्रह्मांडकेअंतरबाह्य सर्वत्रव्याप्यक
रिकैस्थितहोवैहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ भूत भविष्यत् वर्तमान यातीनकालोंविषेस्थितजितनाकोजगत्है ॥ सोसंपूर्णजगत् तापरमात्मादेव
करिकैव्याप्तहै ॥ याकारणतैं सोपरमात्मादेवही याअधिकारीपुरुषोंकूं मोक्षरूपअमृतकीप्राप्तिकरैहै ॥ तथा कर्मउपासनाकरणेहारेपुरुषोंकूं
धर्म अर्थ काम या तीनप्रकारकेपुरुषार्थकीप्राप्तिकरैहै ॥ और यहपरमात्मादेवही यापृथिवीविषे अन्नरूपकरिकै प्रगटहोवैहै ॥ जिसअन्नके
भक्षणतैं यहमनुष्यादिकजंगमशरीर उत्पन्नहोवैहैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ यहअंतर्यामीपुरुष सर्वजगत्काआत्मारूपहै ॥ याकारणतैं यहअंत

र्यामीआत्मा अद्वितीयब्रह्मरूपहै ॥ कैसाहैसोब्रह्म ॥ यालोकविषे जितनेकीजीवोंके हस्त पाद नेत्र मुख श्रोत्र इत्यादिकअंगहैं ॥ तेसंपूर्ण अंग ताब्रह्मकेहीहैं ॥ तथा सोब्रह्म सर्वजगत्कूंव्याप्तकरिकेरहैहै ॥और वास्तवतैं नेत्रादिकसर्वइंद्रियोंतैंरहितहुआभी सो परमात्मादेव तिननेत्रादिकइंद्रियोंकेरूपादिकसर्वविषयोंकूंप्रकाशकरैहै ॥ और सोपरमात्मादेवही यासर्वजगत्कास्वामीहै ॥ तथा सोपरमात्मादेवही यासंपूर्ण जगत्कूं आपणीआज्ञाविषेचलावैहै ॥ तथा सोपरमात्मादेवही यासर्वजगत्कारक्षणकरणेहाराहै ॥ तथा यासर्वजगत्ऊपर उपकारकरणेहाराहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ जैसे महाराजा आपणेपुरविषेप्रवेशकरिकेस्थितहोवैहै ॥ तैसे सोपरमात्मादेवही जीवरूपतैं याशरीररूपपुरविषे प्रवेशकरिकेस्थितहोवैहै ॥ और यहशरीर मुखादिकनवद्वारोंवालाहै ॥ याकारणतैं विवेकीपुरुष याशरीरकूं नवद्वारवालापुरकहैहैं ॥ और अन्नपानादिकोंकापरिणामरूपजेरसादिधातुहैं ॥ तिनधातुवोंकरिके यहशरीर नित्यहीपूर्णहोवैहै ॥ याकारणतैं विवेकीपुरुष याशरीरकूं पुर यानामकरिकेकथनकरैहैं ॥ ऐसेशरीररूपपुरविषेस्थितहोइके यहजीवात्मा आपणेकूंअद्वितीयब्रह्मरूपजाणिके जभीकार्यसहितअज्ञानकूं नाशकरैहै ॥ तभी यहजीवात्मा हंससंज्ञाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ ऐसाजीवरूपहंस याशरीररूपपुरविषेस्थितहोइकेविषयोंकीप्राप्तिवासते बाहरिजाइके नानाप्रकारकीचेष्टाकरैहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ जैसे यालोकविषे जोविषयासक्तकामीपुरुष स्त्रियोंकेवशवर्त्तीहोवैहै ॥ ताकामीपुरुषकूं लोक वशी यानामकरिकेकथनकरैहैं ॥ तैसे वास्तवतैं स्वतंत्रहुआभीयहपरमात्मादेव जभी अविद्यारूपउपाधिकेसंबंधतैं यासंसारचक्रकूं प्राप्तहोइके सर्वलोकोंकेवशवर्त्तीहोवैहै ॥ तभी यहपरमात्मादेव वशी यानामकूं प्राप्तहोवैहै ॥ अथवा यालोकविषे जीवोंकेवशकरणेकेसाधन जेमंत्रऔषधआदिकपदार्थहैं ॥ तेमंत्रऔषधादिक जिसपुरुषकेहस्तविषेहोवैहैं ॥ तापुरुषकूं लोक वशी यानामकरिकेकथनकरैहैं ॥ तैसे यास्थावरजंगमरूपजगत्के वशकरणेकासाधन जाचैतन्यरूपताहै ॥ साचैतन्यरूपता यापरमात्मादेवविषे सर्वदाविद्यमानहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं वशी यानामकरिकेकथनकरैहै ॥ और हेसंन्यासियो ॥ यहपरमात्मादेव पाणिइंद्रियतैंरहितहुआभी सर्वपदार्थोंकाग्रहणकरैहै ॥ और यहपरमात्मादेव पादइंद्रियतैंरहितहुआभी मनतैंअधिकवेगवालाहोवैहै ॥ और यहपरमात्मादेव नेत्र

इंद्रियतैंरहितहुआभी सर्वरूपोंकूंदेखेहे ॥ और यहपरमात्मादेव श्रोत्रइंद्रियतैंरहितहुआभी सर्वशब्दोंकूंश्रवणकरेहे ॥ शंका ॥ हे भगवन् यहपरमात्मादेव सर्वजगत्काउपादानकारणहे ॥ यातैं तापरमात्मादेवविषे सर्वजगत्कासंबंधहोवे हे ॥ ऐसे परमात्मादेवविषे नेत्रादिक इंद्रियोंकाअभावकहणासंभवेनहीं ॥ समाधान ॥ हेसंन्यासियो ॥ नेत्रादिकइंद्रिय तथा तिनइंद्रियोंकेगोलक यहसंपूर्ण सूक्ष्मस्थूलशरीर विषेरहेहैं ॥ आत्माविषेकोईरहेनहीं ॥ यातैं जिसआत्माका तास्थूलसूक्ष्मशरीरकेसाथ तादात्म्यअध्यासहे ॥ तिसीआत्माका तिनइंद्रियोंकेसाथसंबंधहे ॥ और ब्रह्मविद्याकरिकै जिसआत्माका तिनशरीरादिकोंकेसाथ तादात्म्यअध्यास निवृत्तभयाहे ॥ तामुक्तआत्माविषे तिनइंद्रियोंकासंबंधहेनहीं ॥ याकारणतैंही श्रुतिविषे तापरमात्मादेवकूं सर्वइंद्रियोंतैं रहितकह्याहे ॥ और मायाशक्तिकेसंबंधतैं तिसीपरमात्मादेवतैं सर्वइंद्रियोंकेव्यापारसिद्धहोवेहैं ॥ याकारणतैं तापरमात्मादेवकूं सर्वइंद्रियोंकेव्यापारकाकर्त्तारूपकह्याहे ॥ हेसंन्यासियो ॥ यहपरमात्मादेवही सर्वइंद्रियोंकेव्यापारोंकूंकरे हे याअर्थविषे तुम आश्चर्यमतकरो ॥ किंतु जैसे एकहीमृत्तिकाघटशरावादिकअनेकरूपकूंप्राप्तहोवेहे ॥ तैसे यहजीव नेत्रादिकबाह्यकरणोंकरिकै तथा मनबुद्धिआदिकअंतरकरणोंकरिकै जिनजिनपदार्थोंकूंग्रहणकरेहे ॥ तिनसंपूर्णपदार्थरूप यहपरमात्मादेवहीहोवेहे॥याकारणतैं यहपरमात्मादेव देशकालवस्तुपरिच्छेदतैंरहित सर्वत्रव्यापकहे॥ऐसेस्वयंज्योतिआनंदस्वरूपआत्माकूं यालोकविषे कोईजडचेतनपदार्थ विषयकरिसकतानहीं ॥ याकारणतैं ब्रह्मवेत्ताविद्वान्पुरुष याजगत्कीउत्पत्तितैंपूर्वभी ताअद्वितीयआत्माकीस्थिति कथनकरेहैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ यहपरमात्मादेव अणुपदार्थों तैंभी अत्यंतअणुहे ॥ तथा आकाशादिकमहान्पदार्थों तैंभी अत्यंतमहान्हे ॥ ऐसापरमात्मादेव याजीवोंकेहृदयरूपगुहाविषे ॥ सर्वदाविराजमानहे ॥ हेसंन्यासियो॥ सर्वजीवोंकेहृदयदेशविषे विद्यमानहुआभी सोपरमात्मादेव पूर्णगुरुकीकृपातैंविना प्राप्तहोवेनहीं॥यातैं जेअधिकारीपुरुष विषयवासनातैंरहितहोइके गुरुकेशरणकूंप्राप्तहोवेहैं ॥ और तागुरुकेउपदेशतैं तास्वयंज्योतिआत्माकूंसाक्षात्कारकरेहैं ॥ तेहीअधिकारीपुरुष कामक्रोधादिकसर्वपाशोंतैंरहित होवे हैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ जोरुद्रभगवान् आपणीकल्याणमूर्त्तिकरिकै हमसर्वअधिकारीजनोंका पालनकरेहे ॥ सोरुद्रभगवान्ही हमअधि

कारीजीवोंकागुरुरूपहै ॥ सोरुद्रभगवान्‌रूपगुरु याअधिकारीजनोंकेप्रति याप्रकारकाउपदेशकरैंहै ॥ हेशिष्य ॥ तूं पुण्यपापकर्मकाकर्त्ता नहीं है ॥ तथा तिनपुण्यपापकर्मोंकेसुखदुःखरूपफलकाभोक्तानहींहै ॥ किंतु जोवेदांतशास्त्रविषे अद्वितीयआनंदस्वरूपब्रह्मकथनकऱ्या है ॥ सोअद्वितीयब्रह्मरूपतूंहै ॥ याअर्थविषे तुमनें किंचित्‌मात्रभी संशयनहींकरणा ॥ और तुम्हारेस्वरूपतैंभिन्न जितनाकी यहजगत्‌है सोजगत् स्वप्नकीन्याई नाशवानहै ॥ यातैं सोसंपूर्णजगत् तेरेस्वरूपविषेकल्पितही है ॥ हेसंन्यासियो ॥ याप्रकारकेरुद्रभगवान्‌केउपदेशतैं उत्पन्नभयाजोअद्वितीयआत्माकाज्ञानहै ॥ ताआत्मज्ञानकरिके तेअधिकारीपुरुष सर्वशोकतैंरहितहोवै हैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ जैसे रुद्रभगवान्‌केउपदेशतैं तेअधिकारीपुरुष अद्वितीयआत्माकूंसाक्षात्कारकरतेभयेहैं ॥ तैसे मैंश्वेताश्वतरनामाऋषिभी तारुद्रभगवान्‌के उपदेशतैं ताअद्वितीयआत्माकूं साक्षात्कारकरताहूं ॥ कैसाहैसोआत्मादेव ॥ अजरहै तथा सर्वजगत्‌काआत्मारूपहै तथापुरात नहै ॥ तथाविभुहोणेतैं सर्वत्रव्यापकहै ॥ तथा सर्वभेदतैंरहितहै ॥ और अज्ञानीजीव ताआत्माकूंजन्ममरणवालाकहेहैं ॥ और ब्रह्म वेत्ताविद्वान्‌पुरुष ताआत्माकूंनित्यकहैहैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ ऐसे परमात्मादेवकासाक्षात्कार अशुद्धअंतःकरणवालेपुरुषकूं होवैनहीं ॥ यातैं अंतःकरणकीशुद्धिवासते तिनअधिकारीपुरुषोंनें प्रथम याप्रकार सगुणब्रह्मकाचिंतनकरणा ॥ तापरमात्मादेवके दोरूपहोवै हैं ॥ एकतो पररूपहोवैहै ॥ और दूसरा अपररूपहोवैहै ॥ तहां निर्गुणरूपकानाम परहै ॥ और सगुणरूपकानाम अपरहै ॥ तहांश्रुति ॥ देवा ब्रह्मणोरूपेपरंचापरंच ॥ ऐसापरअपररूपवाला सोपरमात्मादेव ॐकाररूपप्रणवकाअर्थरूपहै ॥ तहां परब्रह्म ताप्रणवकालक्ष्यअर्थहै ॥ और अपरब्रह्म ताप्रणवकावाच्यअर्थहै ॥ और मीमांसादिकशास्त्रोंविषे शब्दका आपणेअर्थकेसाथ तादात्म्यसंबंध अंगीकारकऱ्याहै ॥ याकारणतैं सोपरमात्मादेव ताप्रणवरूपहै ॥ ऐसाप्रणवरूपपरमात्मादेव आपणीमायाशक्तिकरिके सृष्टिकेआदिकालविषे जीवोंकेभोग कीसिद्धिवासते ताप्रणवनामतैंही सर्वशब्दोंकूं तथा सर्वअर्थोंकूंउत्पन्नकरैहै ॥ और सोईहीपरमात्मादेवप्रलयकालविषे तासंपूर्णप्रपंचकूं आपणेशांतस्वरूपविषेलयकरैहै ॥ ऐसापरमात्मादेव हमअधिकारीजीवोंकूं शुभबुद्धिकीप्राप्तिकरै ॥ जिसशुभबुद्धिकेप्रसादतैं हम

अधिकारीजीव आपणे आत्माकूं अद्वितीयब्रह्मरूपकरिकेनिश्चयकरैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकोशुभबुद्धिकरिके जानणे योग्यजोब्रह्महे ॥ सोब्रह्महीं अग्निरूपहे ॥ तथा सोब्रह्महीं आदित्यरूपहे ॥ तथा सोब्रह्मही वायुरूपहे ॥ तथा सोब्रह्महीं चंद्रमारूप है ॥ तथा सोब्रह्महीं अव्याकृतरूपहे ॥ तथा सोब्रह्मही तारामंडलरूपहे ॥ तथा सोब्रह्मही ऋगादिकवेदरूपहे ॥ तथा सोब्रह्म हीं सूक्ष्मपंचभूतरूपहे ॥ तथासोब्रह्मही हिरण्यगर्भरूपहे ॥ तथा सोब्रह्महीविराट्रूपहे ॥ तथा सोब्रह्मही मरीचिदक्षप्रजापति रूपहे ॥ इतनेंकरिके ताब्रह्मविषेअधिदेवरूपतानिरूपणकरी ॥ अब तिसोब्रह्मविषे अध्यात्मरूपतानिरूपणकरे हैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ सोब्रह्मही स्त्रीरूपहे ॥ तथा सोब्रह्मही पुरुषरूपहे ॥ तथा सोब्रह्महीं कुमाररूपहे ॥ तथा सोब्रह्मही कुमारीरूपहे ॥ तथा सोब्र ह्मही वृद्धअवस्थाकूंप्राप्तहोइके दंडकूंहाथविषेग्रहणकरिके शनैःशनैःगमनकरेंहे ॥ इसतेंआदिलेके सोब्रह्मही सर्वशरीररूपहोवेंहे ॥ और सो ब्रह्महीं अंतःकरणकीवृत्तिरूपउपाधिकेभेदकरिके नानाज्ञानरूपहोवेंहे ॥ हेसंन्यासियो ॥ इसप्रकार स्त्रीआदिकशरीरोंकरिकेयुक्त जीवत्वंपद काअर्थरूपआत्माहे ॥ सोआत्मादेव तत्पदार्थरूपईश्वरतैंभिन्ननहीं हे ॥ किंतु उपाधिकापरित्यागकरके सोजीवात्मा ईश्वररूपही हे ॥ अब उपासनाकेवासते तापरमात्मादेवकूंपक्षीरूपकरिके वर्णनकरेंहैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ जेअधिकारीपुरुष तानिर्गुणब्रह्मकेजानणेविषे समर्थनहीं होवे हे ॥ ऐसेमंदबुद्धिअधिकारीजनोंऊपर अनुग्रहकरिके तेमहात्मापुरुष ताविराट्रूपपरमात्मादेवकूं पक्षीरूपकरिके वर्णनकरे हैं ॥ तहां जगत्काकारणरूप सोविराट्भगवान् पक्षीरूपहे ॥ और दूर्वादलकेसमान तापक्षीकाश्यामवर्ण हे ॥ और ताविराट्रूपपक्षीकेदोनोंनेत्र अग्निकेसमानरक्तवर्णवालेहैं ॥ और जैसे माताकेउदरविषे बालकरहे हे ॥ तैसे विद्युतकेसमान शीघ्रही उत्पत्तिनाशवालायहजगत् ताविरा ट्रूपपक्षीकेगर्भविषेरहेहे ॥ और वसंतऋतुतेंआदिलेके जोनानाप्रकारकाकालहे ॥ तथा क्षारसमुद्रतेंआदिलेके जेनानाप्रकारकेसमुद्रहैं यहसंपूर्ण ताविराट्रूपपक्षीकेपक्षरूपहैं ॥ और सोविराट्रूपपक्षीही उपासकपुरुषोंकूं ब्रह्मांडतैंबाहरलेजावे हे ॥ और सोविराट्रूप पक्षीही याब्रह्मांडकेअंतरबाहरव्यापकहे ॥ और तिसोविराट्भगवान्तें चतुर्दशभुवन उत्पन्नहोवेंहैं ॥ तथा तिनभुवनोंकाकारणरूप

स्थूलभूत उत्पन्नहोवे हैं हेसंन्यासियो ॥ इसप्रकार सगुणब्रह्मकेध्यानकरिके जभी याअविकारीपुरुषोंकाअंतःकरणशुद्धहोवे है ॥ तभी तिनअधिकारीपुरुषोंकूं सुखेनही निर्गुणब्रह्मकासाक्षात्कारहोवे है ॥ यहवार्ता अन्यशास्त्रविषेभीकहो है ॥ तहांश्लोक ॥ निर्विशेषंपरंब्रह्म साक्षात्कर्तुमनीश्वराः ॥ येमंदास्तेनुकंप्यंते सविशेषनिरूपणैः ॥ १ ॥ वशीकृतमनस्येषां सगुणब्रह्मशीलनात् ॥ तदेवाविर्भवेत्साक्षादपेतोपाधिकल्पनम् ॥ २ ॥ अर्थयह ॥ जेमंदबुद्धिपुरुष निर्गुणब्रह्मकेसाक्षात्कारकरणेविषे समर्थनहीं हैं ॥ तिनमंदबुद्धिपुरुषोंऊपर अनुग्रहकरिके ब्रह्मवेत्तागुरु सगुणब्रह्मकाकथनकरे हैं ॥ तासगुणब्रह्मकेध्यानकरिके जभी तिनअधिकारीपुरुषोंकाअंतःकरणशुद्धहोवे है ॥ तभीतिनअधिकारीपुरुषोंकूंसुखेनही निर्गुणब्रह्मकासाक्षात्कारहोवे है॥इतनेंकरिकेसगुणब्रह्मकेध्यानप्रकार निरूपणकऱ्या॥अबशुद्धचित्तवालेपुरुषोंकेप्रति महावाक्यकाउपयोगीविचार निरूपणकरे हैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ इसप्रकार तापरमेश्वरविषे पक्षीरूपताकल्पनाकरिके पुनःतेविद्वान्पुरुष तापरमात्मादेवविषे जीव ईश्वर माया यहतीनप्रकारकाभेद कल्पनाकरे हैं ॥ तहां सर्वजगत्काकारणरूपजामायाहे ॥ तामायाकाजन्म होवेनहीं ॥ याकारणतें श्रुतिभगवती तामायाकूं अजा यानामकरिकेकथनकरेहे ॥ साअजामाया तेज जल पृथिवी यातीनकार्यरूपकरिके तीनरूपवालीहोवेहे ॥ तहां अग्निरूपकरिके सामाया लोहितरूपवालीहोवे है ॥ और जलरूपकरिके सामाया शुक्लवर्ण वालीहोवे है ॥ और पृथिवीरूपकरिके सामाया कृष्णवर्णवालीहोवेहै॥इसप्रकार लोहित शुक्ल कृष्ण यातीनरूपवालीसामाया तातीन रूपोंकरिके आपणे समान सर्वजगतकूंउत्पन्नकरेहे ॥ जैसे यालोकविषेप्रसिद्ध जारक्तशुक्लनीलवर्णवालोअजाहे॥सा अजा आपणेसमानरूपवालेअजोंकूंहीउत्पन्न करेहे ॥ तैसे सामायारूपअजाभी आपणेसमानरूपवाले जगतकूंहीउत्पन्नकरेहे ॥ और जैसे यालोकप्रसिद्धअजाकेभोगणेकीइच्छावालाजो अजहे॥सो अज ताअजाकासेवनकरेहे॥और ताअजाकेभोगणेकीइच्छातेंरहितजोनिष्कामअजहे॥सोनिष्कामअज ताअजाकापरित्यागकरेहे तैसे त्वंपदकाअर्थरूप यहजीवात्मारूपअज तामायारूपअजाकेभोगणेकीइच्छावालाहे॥याकारणतें सोजीवरूपअजतामायारूपअजाकासेवनकरेहे॥तासेवनकरिके सोजीवरूपअज बंधायमानहोवेहे ॥ और तत्पदकाअर्थरूप जोईश्वरहे॥ सोईश्वररूपअज तामायारूपअजाकेभोग

पेकीइच्छातैंरहितहै॥याकारणतैं सोईश्वररूपअज तामायारूपअजाकापरित्यागकरैंहै॥याकारणतैंहीं सोईश्वर नित्यमुक्तहै ॥ अब दूसरीरी
तिसैंभी ताजीवईश्वरमायाकानिरूपणकरे हैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ कोईकमहात्मापुरुषतो जीव ईश्वर माया यातीनोंका याप्रकार वर्णनकरे
हैं ॥ जैसे यालोकविषे पिप्पलादिकवृक्षोंऊपरपक्षीरहैहैं ॥ तैसे यहकार्यसहितमायातो वृक्षरूपहै ॥ और तत्पदकाअर्थरूपईश्वर तथा
त्वंपदकाअर्थरूपजीव यहदोनोंपक्षीहैं ॥ कैसेहैं तेजीवईश्वररूपदोनोंपक्षी ॥ वास्तवतैंपरस्परअभिन्नहैं ॥ तथा समानरूपवाले हैं ॥ तथा
एकहीकार्यसहितमायारूपवृक्षकेआश्रितरहे हैं तिनदोनोंविषे बुद्धिविशिष्टजीवरूपपक्षीतो तामायारूपवृक्षकेपुण्यपापरूपपुष्पोंतैं उत्पन्नभ
येसुखदुःखरूपफलकूं स्वादुमानिकेभोगैहै ॥ और दूसराईश्वररूपपक्षीतो तासुखदुःखरूपफलकूं कदाचित्भीभोगतानहीं ॥ किंतु सोईश्वर
रूपपक्षी तासुखदुःखरूपफलकूं केवलप्रकाशहीकरैंहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ अजरूपकरिकै तथापक्षिरूपकरिकै जोश्रुतिनैं भोक्ता अभोक्तारूप
तैं जीवईश्वरकीविलक्षणता कथनकरीहै ॥ ताश्रुतिवचनका जीवकेभोक्तापणेविषे तात्पर्यनहीं है ॥ किंतु ताजीवकेभोक्तापणेकीनिवृत्तिविषे
तात्पर्य है ॥ काहेतैं लोकोंकरिकैअज्ञातजोअर्थ है ताअज्ञातअर्थकेबोधनकरणेकरिकैही शास्त्रविषे प्रमाणरूपताहोवैहै ॥ लोकप्रसिद्धअर्थके
बोधनकरणेकरिकै शास्त्रविषे प्रमाणरूपताहोवैनहीं ॥ और यालोकविषे अज्ञानीपुरुषोंकूं जीवविषे भोक्तापणा प्रत्यक्षसिद्धहै॥यातैं तालोकप्र
सिद्धजीवकेभोक्तापणेविषे ताश्रुतिकातात्पर्यसंभवैनहीं ॥ किंतु ताजीवकेभोक्तापणेकीनिवृत्तिविषेहीं तावचनकातात्पर्य है ॥ शंका ॥ हेभगव
न् ॥ सोश्रुतिवचन जीवकेभोक्तापणेकीनिवृत्तिनहींकरैहै ॥ किंतु सोश्रुतिवचन ईश्वरकेभोक्तापणेकीहीनिवृत्तिकरैंहै ॥ समाधान ॥ हेसंन्यासि
यो ॥ जोवस्तु जिसस्थानविषे किसीप्रमाणकरिकैप्राप्तहोवैहै ॥ तावस्तुकाहीं तिसस्थानतैंनिषेधहोवैहै ॥ और जोवस्तु जिसस्थानविषे किसी
प्रमाणकरिकैप्राप्तनहीं है ॥ तावस्तुका तिसस्थानतैंनिषेध होवैनहीं॥ यहसर्वशास्त्रोंकासिद्धांतहै ॥ यातैं सोश्रुतिवचन ईश्वरविषे भोक्तापणेकी
निवृत्ति तभीकरैगा ॥ जभी ताईश्वरविषे सो भोक्तापणा किसीप्रमाणकरिकैसिद्धहोवै ॥ सोईश्वरविषेभोक्तापणा किसीप्रमाणकरिकैसिद्धहैन
हीं ॥ किंवा ॥ जोवादी ताईश्वरविषे भोक्तापणाअंगीकारकरैंहै ॥ तावादीसैंयहपूछाचाहिये ॥ ताईश्वरविषे भोक्तापणा प्रत्यक्षादिकलौकि

कप्रमाणोंकरिकैसिद्धहै ॥ अथवा किसीश्रुतिप्रमाणकरिकेसिद्धहै ॥ तहां प्रथमपक्ष जोवादीअंगीकारकरै सोसंभवैनहीं ॥ काहेतैं प्रत्यक्षादिकलौकिकप्रमाण तो लोकप्रसिद्धघटादिकपदार्थोंकूंही विषयकरै हैं ॥ अलौकिकपदार्थकूंविषयकरैनहीं ॥ और सोईश्वर लोकप्रसिद्धहै नहीं ॥ यातैं सोईश्वरअलौकिकहै ॥ ऐसेअलौकिकईश्वरकूंतेप्रत्यक्षादिकलौकिकप्रमाण विषयकरिसकैनहीं ॥ और ताईश्वरविषे सोभोक्तापणा किसीश्रुतिप्रमाणकरिकेसिद्धहै यहदूसरा पक्ष जोवादीअंगीकारकरै सोभीसंभवैनहीं ॥ काहेतैं ताईश्वरविषे भोक्तापणेकूंप्रतिपादनकरणेहारी कोईश्रुति प्रसिद्धहैनहीं ॥ उलटा ॥ नतदश्नातिकिंचन ॥ इत्यादिकश्रुतियां ताईश्वरविषेअभोक्तापणाहीकथनकरै हैं ॥ यातैं तातत्पदार्थरूपईश्वरविषे सोभोक्तापणा किसीप्रमाणकरिकेप्राप्तहैनहीं ॥ याकारणतैं ताश्रुतिवचन तैं ताईश्वरविषेभोक्तापणेकानिषेधभीसंभवै नहीं॥किन्तुसोश्रुतिवचन याप्रकारकेशंकाकीनिवृत्तिकरिके त्वंपदार्थजीवविषेही भोक्तापणेकीनिवृत्तिकरैहै॥ साशंकायहहै॥मैंब्रह्मरूपहूं यह जीवब्रह्मकेअभेदकूंबोधनकरणेहारावचन व्यर्थ है ॥ काहेतैं यहजीवतो कर्म केफलकाभोक्ताहै ॥ और ब्रह्म ताकर्मकेफलकाअभोक्ताहै ॥ ऐसेभोक्ताजीवका अभोक्ताब्रह्मकेसाथ अभेदसंभवैनहीं ॥ याप्रकारकीवादीकेशंकाकूं सोश्रुतिवचन निवृत्तकरैहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् जीव ईश्वरकूं अजरूपकरिके तथा पक्षीरूपकरिके वर्णनकरणेहारा सोश्रुतिवचन तावादीकेशंकाकीनिवृत्ति किसप्रकारकरैहै ॥ समाधान ॥ हेसंन्यासियो ॥ सोश्रुतिवचन जिसरीतिसैं ताशंकाकीनिवृत्तिकरैहै॥तारीतिकूं तुम श्रवणकरो ॥ जैसे तत्पदार्थरूप निर्विकारईश्वरविषे अजरूपता तथा पक्षीरूपता यद्यपि शब्दकेवलतैंप्रतीतहोवैहै ॥ तथापि ताईश्वरविषे साअजरूपता तथा पक्षीरूपता वास्तवतैं हैनहीं॥किंतु आरोपितहै ॥ तैसे त्वंपदार्थरूपजीवविषे यद्यपि बुद्धिकेसंबंधतैं भोक्तापणाप्रतीतहोवैहै ॥ तथापि ताजीवविषे सोभोक्तापणा वास्तवतैं है नहीं॥किंतु आरोपितहै ॥ तात्पर्ययह॥अंतःकरणादिकउपाधियोंकरिकेयुक्तजोचेतनहै ताकानामजीवहै ॥ तहां अंतःकरणादिकउपाधिकापरित्यागकरिके ताजीवकाजो साक्षीकूटस्थस्वरूपहै ताकेविषेतो तीनकालमेंभोक्तापणानहीं है ॥ किंतु सोभोक्तापणा अंतःकरणविषेही है ॥ ताअंतःकरणकेभोक्तापणेका आत्माविषेआरोपणकरिके ताजीवकूं भोक्ताकह्याहै ॥ वास्तवतैंयहजीवभी अभोक्ताही है ॥ यातैं ताअभोक्ता

जीवका अभोक्ता ब्रह्मविषे अभेद संभवहोइसकेहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ जीवईश्वररूपदोनोंपक्षियोंकेरहणेकास्थान जोयहकार्यसहितअविद्या रूपीवृक्षहै ॥ ताअविद्यारूपवृक्षविषे यहजीवरूपपक्षी आपणेवास्तवस्वरूपकेअज्ञानतैंही सुखदुःखरूपफलकूंभोगेहै ॥ तथा शरीरबुद्धि आदिकोंकेतादात्म्यअध्यासतैं सोजीव दुःखरूपसमुद्रविषेडूबैहै ॥ तथा असमर्थताकूंप्राप्तहोइके सोअज्ञानीजीव नानाप्रकारकेशो कोंकूंप्राप्तहोवे है ॥ और सोत्वंपदकाअर्थरूपजीवात्मा जभी गुरुकीकृपातैंप्राप्तभईशुद्धबुद्धिकरिके यास्वयंज्योतिआनंदस्वरूपअद्विती यआत्माकूं देहादिकोंतैंभिन्नकरिकेजाणेहै ॥ तभी यहजीवात्मा सर्वशोकोंतैंरहितहोवे है ॥ तथा तत्पदार्थईश्वरकेसाथ अभेदभावकूं प्राप्तहोइके ताईश्वरकेसर्वात्मभावरूपमहिमाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ ब्रह्मवेत्तागुरुकीकृपाकरिके यहविद्वान्पुरुष जिसत त्पदार्थईश्वरकेमहिमाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तिसीईश्वरकेस्वरूपकूं याज्ञवल्क्यमुनिनैं गार्गीकेप्रति अक्षररूपकरिकेवर्णनकऱ्याहै ॥ तिसीअक्षरप रमात्माविषे यहऋगादिकवेद स्थितहैं ॥ और तिसीअक्षरविषे विश्वेदेवता तथाअग्निआदिकदेवता स्थितहैं ॥ इसतैंआदिलेके यहसंपूर्ण जगत् ताअक्षरविषेहीस्थितहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ इसप्रकार सर्वजगत्काअधिष्ठानरूप जोपरमात्मादेवहै॥ ताअक्षरपरमात्माकूं जेअधिकारी पुरुष सर्वांतर्यामीरूपकरिके नहींजानेहैं ॥ तेअज्ञानीपुरुष यालोकविषे व्यर्थहीजीवतेहैं ॥ और जेअधिकारीपुरुष ताअक्षरपरमात्माकूं सर्वांतर्यामीरूपकरिकेजानेहैं ॥ तिनअधिकारीपुरुषोंकाजीवन सफलहै ॥ हे संन्यासियो ॥ जैसे गर्दभकेऊपरपाया जोचंदनकेकाष्ठोंका भारहै ॥ सोचंदनकाभार तागर्दभकेउपकारवासतेनहींहै ॥ किंतु क्लेशवासतैंहै ॥ तैसे जिनपुरुषोंने ऐसेअंतर्यामीपरमात्माकूंनहींजान्याहै ॥ तिनबहिर्मुखपुरुषोंकूं षट्अंगोंसहितचारिवेदोंकाअध्ययनभी किसीउपकारवासतेहोवेनहीं ॥ उलटा वेदोंकेअध्ययनकरिके तिनबहिर्मुख पुरुषोंकूं अभिमानकीहीप्राप्तिहोवैहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ जेतुमसरीखेविद्वान्पुरुष तथा हमसरीखेविद्वान्पुरुष तापरमात्मादेवकूं आपणा आत्मारूपकरिकेजानेहैं ॥ तेविद्वान्पुरुषही महाराजाकेसमान सुखपूर्वक स्थितहोवैहैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ तिनऋगादिकवेदोंकेअध्ययनका फलभी यहआत्मज्ञानही है ॥ आत्मज्ञानतैंकोईअधिकफल तिनवेदोंकेअध्ययनकाहैनहीं ॥ शंका ॥ हे भगवन् एकआत्माकेज्ञानतैं यह

अधिकारीपुरुष कृतकृत्यताकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ काहे तैं याअधिकारीपुरुषकूं आत्मातैंभिन्नअनेकपदार्थ जानणेयोग्यरहेहैं ॥ समाधान ॥ हेसंन्यासियो ॥ आत्माकेज्ञानतैंविना यह अधिकारीपुरुष किसीअन्यउपायकरिकै यासर्वजगत्कूंजाणिसकैनहीं ॥ किंतु आत्माकेज्ञानकरिकेही यह अधिकारीपुरुष तासर्वजगत्कूंजाणिसकैहै ॥ काहेतें जैसे यालोकविषे घटपटादिककार्योंका मृत्तिकातंतुआदिककारणही वास्तवस्वरूपहोवै हैं ॥ कारणतैंविनादूसराकोईकार्यकावास्तवस्वरूपहोवैनहीं ॥ यातैं मृत्तिकादिककारणोंकेज्ञानहुएतैंअनंतर तिनघटादिककार्योंकाभी अवश्यज्ञानहोवैहै ॥ और जैसे मायावीऐंद्रजालिकपुरुष नानाप्रकारकेरूपोंकाकारणहोवैहै ॥ तैसे यहपरमात्मादेवही आपणीमायाशक्तिकरिकै यासर्वजगत्काकारणहोवैहै ॥ तहां यहपरमात्मादेवही आपणीमायाशक्तिकरिकै गायत्रीआदिकनानाप्रकारकेछंदोंकूं उत्पन्नकरैहै ॥ तथा ऋगादिकचारिवेदोंकूंउत्पन्नकरैहै ॥ तथा अग्निष्टोमादिकनानाप्रकारकेयज्ञोंकूंउत्पन्नकरैहै ॥ तथा नानाप्रकारकेशुभअशुभसंकल्पोंकूंउत्पन्नकरैहै ॥ तथा तपतैंआदिलैके नानाप्रकारकेव्रतोंकूंउत्पन्नकरैहै ॥ इसतैंआदिलैके भूत भविष्यत्वर्तमान यातीनकालविषेस्थित जितनाकीजगत्है ॥ सोसंपूर्णजगत् तापरमात्मादेवतैंहीउत्पन्नहोवैहै ॥ यातैं तापरमात्मारूपकारणकेज्ञानकरिकै याजगत्रूपकार्यकाज्ञान संभवहोइसकैहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् जिसमायाशक्तिकरिकै यहपरमात्मादेव याजगत्कूंउत्पन्नकरैहै ॥ तामायाकाक्यास्वरूपहै ॥ समाधान ॥ हेसंन्यासियो॥जैसे अंधकार आपणीसिद्धिविषेसूर्यादिकप्रकाशोंकीअपेक्षानहींकरैहै॥तैसे जोवस्तु आपणीसिद्धिविषे किसीप्रमाणकीअपेक्षानहींकरैहै ॥ तथा सर्वकार्योंकूंउत्पन्नकरैहै ॥ तावस्तुकानाममायाहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ जैसे स्वप्नद्रष्टापुरुष अविद्याकेबलतैं तास्वप्नविषे अनेकपदार्थोंकोउत्पत्तिस्थितिलयकरैहै॥तैसे सोपरमात्मादेवभी तामायाशक्तिकरिकै याजगत्के उत्पत्तिस्थितिलयकूंकरैहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ इसप्रकार तापरमात्मादेवतैंउत्पन्नभया जोयहसंसारचक्रहै ॥ तासंसारचक्रविषे अविद्याकरिकैनिरुद्धहुआ यहजीव आपणेकूं तापरमात्मादेवतैंभिन्नकरिकैमानैहै ॥तथा कर्मरूपोबंधनगृहविषे कामक्रोधादिकपाशोंकरिकैबांध्याहुआ यहजीव नानाप्रकारकीदीनदशाकूं प्राप्तहोवैहै॥यातैं तामायाशक्तिका अत्यंतआश्चर्यरूपबलहै॥अब तामायाकेसामर्थ्यकानिरूपणकरैहैं ॥हेसंन्यासियो॥ तामायाकूं तुम प्रकृति

रूपजाणों ॥ और महेश्वरकूं तुम तामायाकाअधिष्ठानजाणों ॥ हेसंन्यासियो ॥ यहपुरुष जिसकरिके अत्यंतदुर्घटकार्योंकूंकरे है ताका नाम प्रकृतिहै ॥ और यहपरमात्मादेव तामायाकरिके अत्यंतदुर्घटकार्योंकूंकरैहै॥ याकारणतें शास्त्रवेत्तापुरुष तामायाकूं प्रकृति यानाम करिकेकथनकरे हैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ यहपरमात्मादेव निर्गुणहै तथाअसंगहै ॥ तथा जन्मादिकसर्वविकारोंतेंरहितहै ॥ तथा एकअद्वितीय रूपहै ॥ ऐसेअद्वितीयआत्माविषे यहनानापणा अत्यंतदुर्घटहै ॥ तथापि यहमाया ताअद्वितीयपरमात्मादेवकूं कार्यरूपकरिके नानाभावकूंप्राप्तकरैहै ॥ यातें तादुर्घटकार्यकेकरणेहारीमायाकूं बुद्धिमान्पुरुष प्रकृतिकहे हैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ यालोकविषेप्रसिद्ध जाऐंद्रजालिक पुरुषोंकीमायाहै ॥ तामायाविषे दोस्वभावप्रसिद्धहैं ॥ एकतो मिथ्यापदार्थोंकीउत्पत्तिकरणी ॥ और दूसरा एकपदार्थकूं नानारूपकरिके दिखावणा ॥ तादोनोंस्वभाववालीमायाकरिकेयुक्त जोऐंद्रजालिकपुरुषहै ॥ ताकूं लोकविषे मायी कहैहैं ॥ तैसे परमात्मादेवकेआश्रित जामायाहै ॥ तामायाविषेभी तेदोनोंस्वभाव विद्यमानहैं ॥ काहेतें सोएकहीअसंगनिर्गुणपरमात्मादेव तामायाकरिके अनेकप्रकारकाहोवैहै ॥ तथा आपणेअवयवरूपजेआकाशादिकपंचभूतहैं तथा इंद्रियादिकहैं ॥ तिनोंकरिके याचराचररूपसर्वजगत्कूं व्याप्तकरैहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ यहअधिकारीपुरुष जिसीकिसीशरीरविषेस्थितहोइके जभी तापरमात्मादेवकूं आपणाआत्मारूपकरिके साक्षात्कारकरैहैं ॥ तभीही तेअधिकारीपुरुष मोक्षरूपपरमशांतिकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ कैसाहैसोपरमात्मादेव ॥ जरायुज अंडज स्वेदज उद्भिज्ज याचारप्रकारके शरीरोंविषे एकरूपकरिकेस्थितहै ॥ तथा यासर्वजगत्केउत्पत्तिस्थितिलयकूंकरणेहाराहै ॥ तथा अधिकारीजनोंकूं मोक्षकीप्राप्तिकरणेहाराहै ॥ तथा सर्वबुद्धिआदिकोंकाप्रेरकहै ॥ तथा सर्वदेवताओंकरिके स्तुतिकरणेयोग्यहै ॥ ऐसेअद्वितीयपरमात्मादेवकूं आपणाआत्मारूप जाणिकरिके यहअधिकारीपुरुष मोक्षरूपशांतिकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ इमअधिकारीजनोंकूं शुभबुद्धिकीप्राप्तिकरणेहारा तथा हिरण्यगर्भादिकदेवताओंकूंउत्पन्नकरणेहारा जोपरमात्मादेव हमनें पूर्व तुम्हारेप्रति कथनकऱ्याथा ॥ सोईहीपरमात्मादेव इंद्रादिकसर्व देवताओंकाअधिपतिहै ॥ और जैसे यहमनुष्यादिकशरीर पृथिवीकेआश्रितरहैहैं ॥ तैसे यहभूरादिकलोक जिसपरमात्मादेवकेआश्रि

तरहेहैं ॥ तथा जोपरमात्मादेव दोपादवालेमनुष्यादिकशरीरोंका तथा चारपादवालेअश्वादिकशरीरोंका नियंताईश्वरहे ॥ तथा वृक्षादिक स्थावरप्राणियोंका नियंताईश्वरहे ॥ ऐसेपरमात्मादेवकेप्रसन्नकरणेवासते हमअधिकारीजन घृत यव तिल आदिकहविषकरिके तथा नानाप्रकारकेअन्नकरिके पूजनकरेंहैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ जबपर्यंत हमअधिकारीजनोंकूं आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिनहींभई ॥ तबपर्यंतही हमअधिकारीजन शास्त्रउक्तरीतिसें आपणेवर्णआश्रमकेअनुसार ताघृतादिरूपहविषकरिके तापरमात्मादेवकापूजनकरे हैं ॥ और जभी हमअधिकारीजनोंकूं गुरुशास्त्रकीकृपातें तापरमात्मादेवका आपणाआत्मारूपकरिकेसाक्षात्कारहोवे हे ॥ तभी सोपरमात्मादेव हमअधिकारीजीवोंका आत्मास्वरूपहोहोवे हे ॥ यातें ताआत्मज्ञानअवस्थाविषे हमअधिकारीजीव जिसअन्नपानादिकोंकरिके याशरीरकाधारणकरे हैं ॥ सोशरीरकाधारणही तापरमात्मादेवकापूजनहे हेसंन्यासियो ॥ यालोकविषे जोपदार्थ नेत्रादिकइंद्रियोंकरिके नहीं जान्याजावेहे ॥ किंतु केवलबुद्धिकरिकेही जान्याजावेहे ॥ तापदार्थकानाम सूक्ष्महे ॥ और यहपरमात्मादेवतो ताबुद्धिकरिकेभी ग्रहण कन्याजावेनहीं ॥ यातें यहआत्मादेवसूक्ष्मतेंभी अति सूक्ष्महे ॥ और हेसंन्यासियो ॥ यहआत्मादेव आपणेस्वरूपकेअज्ञानतें पुण्यपाप कर्मोंकूंकरे हे ॥ तापुण्यपापकर्मकेवशतें अन्नद्वारा पिताकेशरीरविषेजावे हे ॥ तापिताकेशरीरतें वीर्यद्वारास्त्रीकेउदरविषेजावे हे ॥ तहां स्त्रीकेरजकेसाथमिलिके सोवीर्य फेनाकार कलिलअवस्थाकूंप्राप्तहोवेहे ॥ और ताकलिलरूपउपाधिविषेस्थितहोइके सोपरमात्मादेव नानाप्रकारकेशरीरोंकूंउत्पन्नकरेंहे ॥ इसप्रकार वटादिकबीजोंविषेस्थितहोइके नानाप्रकारकेवृक्षोंकूंउत्पन्नकरे हे ॥ कैसाहेसोपरमात्मादेव॥ शरीररूपउपाधिकेसंबंधतें नानारूपहुआभी वास्तवतें सर्वभेदतेंरहित एकअद्वितीयरूपहे ॥ तथा स्मरणमात्रकरिके हमअधिकारीजनोंके भयकीनिवृत्तिकरेंहे ॥ याकारणतें सोपरमात्मादेव मंगलरूपहे ॥ ऐसेआनंदस्वरूपअद्वितीयपरमात्माकूं जेअधिकारीपुरुष आपणाआत्मारूपकरिकेजाने हैं ॥ तेअधिकारीपुरुष मोक्षकूंप्राप्तहोइके सर्वदुःखोंतें रहितहोवे हैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ जोपरमात्मादेव वीर्यादिकबीजोंविषेस्थितहोइके याजगत्कूंउत्पन्नकरेंहे ॥ सोईहीपरमात्मादेव याजगत्कीस्थितिकालविषे काष्ठोंविषेअग्निकीन्याईं तासर्वजगत्केअंतरगुप्तरहिके

तासर्वजगत्कापालनकरैहै ॥ याकारणतैंही श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं विश्वाधिपति यानामकरिकेकथनकरे है ॥ और तिसीपरमा त्मादेवविषे योगीजन तथा अंतर्मुखब्राह्मण तथा हिरण्यगर्भादिकदेवता स्थितहोवेहैं ॥ ऐसे परमात्मादेवकूं जेअधिकारीपुरुष सर्वजगत्का उपादानकारणरूपकरिके तथा सर्वांतर्यामीरूपकरिके जानेहैं ॥ तेअधिकारीपुरुषही ताज्ञानरूपअसिकरिके प्रमादजन्यकामक्रोधादिकपा शोंकूंछेदनकरेहै ॥ और हेसंन्यासियो ॥ जैसे यालोकविषे दधितैंनिकस्याहुआजोघृतहै ॥ सोघृत तादधितैंउत्कृष्टहोवे है ॥ और ताद्रवी भावघृततैंभी घनीभावयुक्तघृत अत्यंतस्वादुहोवेहै ॥ यातैं ताद्रवीभावघृततैं सोघनीभावघृत उत्कृष्टहै ॥ तैसे यास्थूलसूक्ष्मरूपजगत्तैं मायाविशिष्टसगुणब्रह्म उत्कृष्टहोवेहै॥और तासगुणब्रह्मतैंभी निर्गुणशुद्धब्रह्म उत्कृष्टहोवे है॥ऐसेआनंदस्वरूपशुद्धब्रह्मकूंजभीयहअधिकारी पुरुष आपणाआत्मारूपकरिकेजानैहै ॥ तभी यहअधिकारीपुरुष कामक्रोधादिकसर्वपाशोंतैं मुक्तहोवे है ॥ हेसंन्यासियो ॥ पूर्वहमनें तुमारेप्रति जोपरमात्मादेव हृदयरूपउपाधिकेसंबंधतैं अंगुष्ठमात्र परिमाणवालाकह्याथा ॥ सोईहीपरमात्मादेव सर्वत्रपरिपूर्णहै ॥ तथा सर्वजगत्काकर्ताहै ॥ तथा मनबुद्धिआदिकोंका साक्षीरूपकरिके तथाप्रेरकरूपकरिके सर्वदाप्रसिद्धहै ॥ तथा स्वयंज्योतिरूपहै ॥ ऐसे परमात्मादेवकूं जेअधिकारीपुरुष आपणाआत्मारूपकरिके जाणेहैं ॥ तेहीअधिकारीपुरुष मोक्षरूपअमृतकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ याअधिकारीपुरुषोंकूं जभी गुरुशास्त्रकेउपदेशतैं ब्रह्मआत्माकाअभेदज्ञानहोवे है ॥ तभीही यहसर्वजगत्कीजननीमायारूपतम नाशकूं प्राप्तहोवे है ॥ ताज्ञानअवस्थाविषे दिन रात्रि स्थूल सूक्ष्म इसतैंआदिलेकेसर्वपदार्थ लयभावकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ ताज्ञानअवस्थाविषे तिन विद्वान्पुरुषोंकूं एकस्वयंज्योतिअक्षरशिवरूपआत्माही प्रकाशमानहोवे है ॥ तिसीअक्षरपरमात्मादेवकूं गायत्रीआदिकमंत्र जगत्काकार णसूर्यरूपकरिकेवर्णनकरे हैं ॥ हेसंन्यासियो ॥ तिसीपरमात्मादेवकेआराधनकरिके हमअधिकारीजीवोंकूं याशुद्धबुद्धिकीप्राप्तिभईहै ॥ जा शुद्धबुद्धिकरिके हमअधिकारीजीवोंनें ता तत्पदार्थरूपपरमात्मादेवकूं साक्षात्कारकऱ्याहै ॥ हेसंन्यासियो ॥ गुरुकेउपदेशतैंपूर्व यद्यपि हमअधिकारीजनोंकूं साबुद्धिउत्पन्नहोतीभई ॥ तथा साबुद्धि दशोंदिशाविषेभ्रमणकरतीभई ॥ तथापि साबुद्धि याआनंदस्वरूपआत्माकूं

नहींग्रहणकरतीभई ॥ और अभी गुरुकेउपदेशकूंप्राप्तहोइके सो हमारीबुद्धि तापरमात्मादेवकूं सर्वत्रव्यापकरूपकरिकेग्रहणकरे है ॥ हेसं न्यासियो ॥ तापरमात्मादेवका केसास्वरूपहै याप्रकारकीशंका तुमोंनें कदाचित्भी नहींकरणी ॥ काहेतें जैसे यालोकविषे गौकेसमान स्वभाववाला गवयपशुहोवे है ॥ यातें तागवयपशुकेजनावणेवासते गौकूंउपमानकरीताहे ॥ तेसे यालोकविषे जोकोईपदार्थ तापरमात्मा देवकेसमानस्वभाववालाहोवे ॥ तो तापरमात्मादेवकेजनावणेवासते तापदार्थकूंउपमानकरिये ॥ परंतु यालोकविषे तापरमात्मादेवकेस मानस्वभाववाला कोईपदार्थहेनहीं ॥ यातें आत्माकेजनावणेविषे किसीअनात्मपदार्थकूं उपमानरूपतासंभवेनहीं ॥ और सोपरमात्मादेव सर्वअनात्मपदार्थोंतेंअत्यंतप्रियरूपहै ॥ याकारणतें श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं महद्यशः यानामकरिकेकथनकरे है ॥ हेसंन्यासियो ॥ ऐसे आनंदस्वरूपअद्वितीयआत्माकूं कोईभीपुरुष चक्षुआदिकइंद्रियोंकरिके ग्रहणकरिसकेनहीं ॥ किंतु जिसअधिकारीपुरुषऊपर तारुद्र भगवान्कीकृपाभई है ॥ सोईहीअधिकारीपुरुष सर्ववृत्तियोंसहितमनकानिरोधकरिके ताआनंदस्वरूपआत्माकूं साक्षात्कारकरे है यातें हे संन्यासियो ॥ तारुद्रभगवान्केप्रसन्नकरणेवासते यहअधिकारीपुरुष याप्रकार तारुद्रभगवान्कीप्रार्थनाकरे ॥ हेरुद्रभगवान् ॥ आप जन्म मरणादिकसर्वविकारोंतेंरहितहो ॥ यातें हमअधिकारीजीवोंके कामक्रोधादिकपाशोंकेनिवृत्तकरणेविषे आप समर्थहो ॥ हेभगवन् ॥ जैसे यालोकविषे जीवताहुआकोईजंतु अग्निकेमध्यविषेस्थितहोइके दुःसहदुःखकूंप्राप्तहोवे है ॥ तैसे मैं अज्ञानीजीव याशरीररूपअग्निविषे स्थितहुआ नानाप्रकारकेदुःखोंकूंप्राप्तहोताहूं ॥ हेभगवन् ॥ ज्वरादिकव्याधियोंकरिके तथा कामक्रोधादिकआधियोंकरिके उत्पन्नभयेजेअ ध्यात्मिकदुःखहैं॥तथा सिंहसर्पादिकोंकरिके उत्पन्नभयेजेअधिभूतदुःखहैं॥तथा अग्निजलादिकोंकरिके उत्पन्नभयेजेअधिदैवदुःखहैं ॥ याती नप्रकारकेदुःखोंकरिके मैं सर्वदापीडितरहताहूं॥और पुण्यपापकरिके पराधीनताकूंप्राप्तहुआ मैंपशु आपपशुपतिकेअधीनहूं ॥ हेभगवन् ॥ पुण्यपापकर्मकेफलकाप्रदाता जोआपईश्वरहो ॥ ताआपकेसमान यालोकविषे कोईउद्धारकरणेहाराकृपालुहैनहीं ॥ और मेरेसमान यालो कविषे कोईदीनपुरुषनहीं है ॥ यातें देवनें तुमाराहमारायोग्यसंबंधकऱ्याहै॥ हेभगवन् ॥ यहऋगादिकवेद जोकदाचित् प्रमाणरूपहैं॥तथा

सुखकेदेणेहारा शंकरनामादेव जोकदाचित् जीवत्अवस्थाविषे तथा मोक्षअवस्थाविषे परिपूर्णरूपहे ॥ तौ हमअधिकारीजनोंके जन्ममरणादिकदुःखोंकूं आप नाशकरो ॥ हेभगवन् ॥ रुद्रभगवान् शरणागतजीवोंकीरक्षाकरे हे ॥ याप्रकारकेवेदवचनोंतैं हमनैं आपकामहिमा श्रवणकऱ्याहे ॥ याकारणतैं जन्ममरणादिकदुःखोंकीनिवृत्तिकरणेवासते मैंअनाथ आपकेशरणागतकूंप्राप्तभयाहूं ॥ यातैं आप हमारेप्रति आत्मज्ञानकीप्राप्तिकरिकै हमारेसर्वदुःखोंकीनिवृत्तिकरो ॥ शंका ॥ हेशिष्य ॥ तूं आपहीआत्माकाविचारकरिकै जन्ममरणादिकदुःखोंतैं रहितहोव ॥ हमारेअनुग्रहकाक्याप्रयोजनहे ॥ समाधान ॥ हेभगवन् मैंअल्पबुद्धिवालाजीव किसीअर्थकूंभीजाणतानहीं ॥ तो आपकेअनुग्रहतैंविना दुर्विज्ञेयआत्माकूं मैं कैसेजाणोंगा ॥ यातैं बुद्धिमानपुरुषोंविषे हमारीगिणतीनहीं ॥ शंका ॥ हेशिष्य ॥ जोतू किसीभीअर्थकूंनहींजाणता ॥ तौ तूं पाषाणकीन्याईं जडहोवेगा ॥ समाधान हेभगवन् ॥ जैसे सर्पव्याघ्रादिकोंकरिकैयुक्त किसीनिर्जनवनविषे किसी वालककूंएकलाछोडिदीजिये ॥ सोबालक तावनविषे भयकूंप्राप्तहोइकै केवलदुःखकाहीअनुभवकरैहे ॥ तैसे मैंभी यासंसाररूपवनविषे केवलदुःखकूंही अनुभवकरताहूं ॥ इतनैमात्रकरिकैही हमारेविषे चेतनताहै ॥ हेभगवन् यासंसाररूपवनविषे क्षुधापिपासारूपपिशाच हमारेकूं परमदुःखकीप्राप्तिकरैहैं ॥ हेभगवन् तासंसाररूपवनविषेभी यहयौवनअवस्थारूपमहान्वनहे ॥ तायौवनरूपवनविषे प्राप्तभयाजोमैंअनाथहूं ॥ तामैंअनाथकूं यहकामदेवरूपसर्प वारंवार दंशकरै हे ॥ कैसाहैसोकामदेवरूपसर्प ॥ अत्यंतविषवालाहै ॥ जाविषके निवृत्तिकरणेहारा आपसमरारिकेध्यानतैंविना दूसराकोईउपायहैनहीं ॥ एकआपकाध्यानही ताविषकेनिवृत्तिकाउपायहे ॥ हेभगवन् ॥ तायौवनरूपवनविषे शब्द स्पर्श रूपरस गंध यहपंचप्रकारकेविषयरूपवृकरहे हैं ॥ तथा स्त्रीरूपीकाकरहे हैं ॥ तेविषयरूपवृक तथा स्त्रीरूपकाक हमारे धर्मविचाररूपशरीरकूं सर्वदाहननकरे हैं ॥ हेभगवन् ॥ तासंसाररूपवनविषे यहक्रोधरूपसिंहरहे हे ॥ ताकीगर्जनाकरिकै हमाराहृदय सर्वदा तपायमानहोवे हे ॥ हेभगवन् यासंसाररूपवनविषे यहलोभरूपतरक्षुरहेहे ॥ डाकनीकेवाहनकानाम तरक्षुहे ॥ ऐसाविचित्रवर्णवाला लोभरूपतरक्षु आपणेदर्शनतैं हमारेनेत्रोंकूं तपायमानकरे हे ॥याकारणतैंही लोभीपुरुषकूंदेखिकै तादातापुरुष आपणेनेत्रोंकूं

तालोभी पुरुषकीतरफतैं हटाइलेवैहैं॥हेभगवन्॥जैसे विंध्याचलादिकपर्वत सूर्यकेप्रकाशकूं आच्छादनकरे हैं ॥ तैसे यासंसाररूपवनविषे आत्मारूपसूर्यकेप्रकाशकूं आच्छादनकरणेहारा यहअहंकाररूप महान्पर्वतरहेहै ॥ हेभगवन् ॥ इसतैंआदिलेकेअसंख्यातदुःख हमारेकूं दिनदिनविषेप्राप्तहोवे हैं ॥ और आपकास्वभाव अत्यंतदयालुहै ॥ यातैं तिनहमारेदुःखोंके श्रवणकरणेविषेभी आप समर्थनहींहो ॥ याकारणतैं आपकेसमीप मैंआपणेबहुतदुःखोंकावर्णन नहींकरता ॥ और हेरुद्रभगवान् तत्पुरुष अघोर सद्योजात वामदेव ईशान यह जोआपकेपंचमुखहैं ॥ तेपंचमुख क्रमतैं पूर्वादिकचारि दिशाओंविषे तथा मध्यविषे स्थितहैं ॥ तिनमुखोंविषेभी दक्षिणकेतरफका जो आपका अघोरनामामुखहै ॥ सोअघोरनामामुख अधिकारीजनोंकेप्रति ब्रह्मविद्याकेउपदेशकरणेविषे अत्यंतकुशलहै ॥ ऐसेगुरुरूपअघोर नामामुखकरिके हमअधिकारीजनोंकूं यासंसारदुःखोंतैं रक्षाकरो ॥ तथा हमअधिकारीजनोंकूं आत्मज्ञानकीप्राप्तिकरिके सर्वशोकोंतैंरहितकरो ॥ तहांश्रुति ॥ तरतिशोकमात्मवित् ॥ अर्थयह ॥ आत्माकूंजानणेहारापुरुष सर्वशोकोंतैंरहितहोवेहै ॥ हेभगवन् ॥ ऐसासर्वशोकों कीनिवृत्तिकरणेहाराआत्मज्ञान हमअधिकारीजीवोंकूं जबपर्यंत नहींप्राप्तहोवे॥तबपर्यंत जैसे अन्यपापीजीवोंके पुत्रादिकप्रियपदार्थोंकूं आप मृत्युरूपहोइके हननकरोहो ॥ तैसे हमअधिकारीजनोंके पुत्रादिकप्रियपदार्थोंकूं आप मृत्युरूपहोइके मतहननकरो ॥ तथा हमअधिकारी जनोंकि पुत्रपौत्रादिकसंबंधियोंविषे तथा गोअश्वादिकपशुओंविषे किसीरोगादिकउपद्रवोंकी उत्पत्तिमतकरो ॥ हेभगवन् ॥ आप साक्षात् मोक्षकीप्राप्तिकरणेहारेहो ॥ यातैं आपकेआगे पुत्रादिकअनात्मपदार्थोंकेरक्षाकरणेकोप्रार्थनाकरणा यद्यपि हमारेकूंउचितनहीं है ॥ तथापि तिनपुत्रादिकप्रियपदार्थोंकेवियोगतैं हम अधिकारीजनोंकेचित्तविषे क्षोभकीप्राप्तिहोवे है॥ताक्षोभवालेचित्तविषे आपकाध्यानहोइसकैनहीं ॥ याकारणतैं हमारेमृत्युतैंपूर्व हमारेप्रियपुत्रोंकूं तथा हमारेप्रियभ्राताओंकूं तथा हमारेअप्रियोंकूं तथा हमारेऊपर उपकारकरणे हारेराजादिकोंकूं आप मृत्युरूपहोइकेहननमतकरो ॥ किंतु तिनसंपूर्णप्रियपदार्थोंकूं आप दीर्घआयुषवालाकरो ॥ हेभगवन् ॥ यद्यपि आप स्वभावतैं दयालुहो ॥ यातैं हमअधिकारीजनोंकेपुत्रादिकप्रियपदार्थोंकूं आप कदाचित्भी हननकरतेनहीं ॥ उलटा तिनपुत्रा

होवै हैं यहवार्त्ता कोईआश्चर्यकाकारणनहीं है ॥ काहेतैं याआनंदस्वरूपआत्माकूं प्रतिपादनकरणेहारा जोयहकठवल्ली उपनिषद्रूपग्रंथहै ॥ ताग्रंथकेकथनमात्रतैं तथाश्रवणमात्रतैंभी याअधिकारीपुरुषोंकूं अर्चिरादिकमार्गद्वारा ब्रह्मलोककीप्राप्तिहोवै है ॥ हेशिष्य ॥ तायमराजानैं नचिकेताकेप्रति जोयाग्रंथके श्रवण मनन कीर्तनतैं अनंतफलकीप्राप्तिकहीहै ॥ ताअर्थविषे यहदोनोंश्रुतिवचन प्रमाणहैं ॥ तहांश्रुति ॥ नाचिकेतमुपाख्यानं मृत्युप्रोक्तंसनातनं ॥ उक्त्वाश्रुत्वाचमेधावीब्रह्मलोकेमहीयते ॥ १ ॥ यइमंपरमंगुह्यं श्रावयेद्ब्रह्मसंसदि ॥ प्रयतःश्राद्धकालेवा तदानंत्यायकल्पते ॥२॥ अर्थयह ॥ यमराजानैंकथनकऱ्या जोनचिकेताकासनातनआख्यान ॥ ताआख्यानकूंकथनकरिके तथा श्रवणकरिकै यहबुद्धिमान्पुरुष ब्रह्मलोकविषेप्राप्तहोवैहै ॥१॥ और जोपुरुष पवित्रहोइकै यापरमगुह्यआख्यानकूं ब्राह्मणोंकीसभाविषेश्रवण करावैहै॥ सोपुरुषभी महान्फलकूंप्राप्तहोवैहै॥और जोपुरुष याआख्यानकूं श्राद्धकालविषेश्रवणकरै है॥सोश्राद्ध तापुरुषकूंअनंतफलकीप्राप्तिकरै है ॥ २ ॥ तात्पर्ययह ॥ ताआत्मादेवकाप्रतिपादनकरणेहारा जोयहशास्त्रहै॥ताशास्त्रकेश्रवणमात्रतैं कथनमात्रतैंभी जभी यहअधिकारीपुरुष ब्रह्मलोककूंप्राप्तहोवै है॥तभीताआत्माकेसाक्षात्कारतैंयहअधिकारीपुरुष यासंसाररूपमृत्युकेमुखतैंमुक्तहोवै है याकेविषेक्याआश्चर्यहै ॥हेशिष्य॥ ॐकाररूपप्रणवहैप्रतीकजिसका तथाप्रणवहैआलंबनजिसका ऐसाजोब्रह्महैताब्रह्म कासंक्षेपतैंउपदेशकरिके सोयमराजा तानचिकेताकेप्रति पुनःतिसीब्रह्मका विस्तारतैं उपदेशकरणेवासते याप्रकारकावचन कहताभया॥यमराजाउवाच॥हेनचिकेता॥हमनैं पूर्व तुमारेप्रति जोआनंदस्वरूपआत्मा संक्षेपतैंकथनकऱ्याहै ॥ सोआनंदस्वरूपआत्मा श्रोत्रादिकइंद्रियोंकरिकेग्रहणकऱ्याजावैनहीं ॥ काहेतैं याजगत्कास्वतंत्रकर्त्ता जोपरमेश्वरहै ॥ सोपरमेश्वर तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकूंअंतरआत्मातैंबहिर्मुखही रचताभया ॥ याकारणतैं सोपरमात्मादेव तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंका मानो हिंसनकरताभयाहै ॥ याप्रकार हमविवेकीपुरुषोंकूं प्रतीतहोवै है ॥ काहेतैं जैसे यालोकविषे कोईमहाराजा किसीआपणेमंत्रीकूं आपणेसमीपपुरकाअधिकार छुडाइकै जभी किसीदूरदेशविषेअधिकारदेवै है ॥ तभी सोमहाराजा तामंत्रीकेहिंसाकरणेहारेकीन्याईहोवै है ॥ तैसे तापरमात्मादेवनैंभी तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकिताई अंतरआत्मारूपविषय दियानहीं ॥ किंतु

तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं अंतरआत्मातैंविमुखकरिके बाह्यशब्दादिकविषयोंकीहीप्राप्तिकरी ॥ यातैं तेश्रोत्रादिकइंद्रिय हिंसाभावकूंप्राप्तहु एकेसमानहैं ॥ हेनचिकेता ॥ जैसे तामहाराजातैं दूरदेशविषेरहणेहारे तथा शत्रुवोंकेसमीपप्राप्तहुए ऐसेजेतामहाराजाकेमंत्रीहैं ॥ तिनमंत्रियोंकूं ताराजाकेविरोधीशत्रु किसीछिद्रकूंपाइके हननकरे हैं तैसे याआनंदस्वरूपआत्माकापरित्यागकरिके बाह्यविषयदेशविषेप्राप्तभये जे श्रोत्रादिकइंद्रियहैं ॥ तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं अद्वितीयआत्माकेविरोधीकामक्रोधादिकविकार हननकरे हैं ॥ हेनचिकेता ॥ जैसे तामहाराजातैंदूरदेशविषेगएहुए तेमंत्री यद्यपि तिसदेशविषेस्थितपदार्थोंकूंदेखे हैं ॥ तथापि तिनमंत्रियोंकूं तामहाराजाकादर्शनहोणा अत्यंतदुर्लभहे ॥ तैसे अंतर आत्माकापरित्यागकरिके बाह्यदेशकूंप्राप्तभयेजेश्रोत्रादिकइंद्रियहैं ॥ तेश्रोत्रादिकइंद्रिय यद्यपि तहांशब्दादिकविषयोंकूंतोदेखे हैं ॥ तथापि तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं अंतरआत्माकादर्शनहोणा अत्यंतदुर्लभहे॥शंका॥हेभगवन्॥ परमेश्वरने श्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं बहिर्मुखहीरच्याहे ॥ यातैं तेश्रोत्रादिकइंद्रिय अंतरआत्माकूंमतदेखे ॥ तथापि मनकोक्यागतिहे ॥ समाधान ॥ हेनचिकेता ॥ या जीवोंकामन दोप्रकारकाहोवे हे ॥ तहां एकमनतो सकामहोवे हे ॥ और दूसरामन निष्कामहोवे हे ॥ तहां सकाममनतो तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकेअधीनहीहोवे हे ॥ यातैं सोसकाममनतो श्रोत्रादिकइंद्रियोंकीन्याई अंतरआत्माकूंजाणिसकेनहीं ॥ और दूसरा जोनिष्काममनहे ॥ सो निष्काममन श्रोत्रादिकइंद्रियोंकेनिरोधतैं आत्मसाक्षात्कारकाहेतहोवे हे ॥ अब याहोअर्थकूं स्पष्टकरिके निरूपणकरे हैं ॥ हेनचिकेता ॥ तेश्रोत्रादिकइंद्रिय जभी बाह्यशब्दादिकविषयोंविषे जावे हैं ॥ तभी सोसकाममनभी तिनइंद्रियोंकेपीछेहोजावे हे ॥ और तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंका जभी अंतरनिरोधहोवे हे ॥ तभी सोनिष्काममन बाहरजावेनहीं ॥ परंतु सोश्रोत्रादिकइंद्रियोंकाअंतरनिरोध देहाभिमानीपुरुषोंकूंसुखतैंकथनकरणाभी दुर्घटहे ॥ जभी सोअंतरइंद्रियोंकानिरोध तिनदेहाभीमानीपुरुषोंकूंसुखतैंकहणेविषेभीदुर्घटभया ॥ तभी सोइंद्रियोंकानिरोध तिनदेहाभिमानीपुरुषोंकूं करणेविषेदुर्घटहे याकेविषेक्याकहणाहे ॥ हेनचिकेता सहस्रमनुष्योंविषेकोई एकहीमनुष्य तादेहाभिमानतैंरहितहोइके तथा शमदमादिकसाधनसंपन्नहोइके तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं अंतरनिरोधकरे हे ॥

हेनचिकेता॥तेश्रोत्रादिकइंद्रिय जभी याशरीरकेअंतरहीस्थितहोवेहैं॥तभी ताइंद्रियरूपद्वारकेअभावहुए सोमनभीताशरीरकेअंतरहीस्थित होवे है॥तहांदृष्टांत॥ जैसे यालोकविषे किसोनवद्वारवालेगृहविषे किसीवानरकूंनिरुद्धकरिकैतागृहकेनवद्वारोंकूंबंदकरिदीजिये॥तहांसोवानर तागृहतैंबाहरनिकसणेविषेअसमर्थहुआ तागृहविषेही नानाप्रकारकीचेष्टाकरिके जभी परिश्रमकूंप्राप्तहोवे है ॥तभी सोवानर तागृहविषेही सुखपूर्वकस्थितहोवे है॥तैसे जिनअधिकारीपुरुषोंनें तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकेनिरोधपूर्वक तामनकाअंतरनिरोधकऱ्याहै॥तिनअधिकारीजनों का सोनिष्काममन श्रवणमननादिकसाधनोंकरिकेयुक्तहुआताअंतरआत्माकेसाक्षात्कारकूं उत्पन्नकरे है ॥ यातें मुमुक्षुजनोंनें श्रोत्रादिकइं द्रियोंकेनिरोधपूर्वक तामनका अवश्यकरिकेनिरोधकरणा ॥ हेनचिकेता ॥ इसलोकविषे तथापरलोकविषेस्थित जे शब्दादिकविषयहैं ॥ तिनशब्दादिकविषयोंकूं जेविचारहीनपुरुष श्रोत्रादिकइंद्रियोंकरिकेग्रहणकरे हैं ॥ तेविचारहीनपुरुष शरीरशरीरविषेमैंयमराजाकेवशकूंप्राप्त होवे हैं॥ कैसामैंहूं ॥ आधि व्याधि शत्रु आदिकरूपोंकरिकेस्थितहूं ॥ और जैसे जालकरिकेबांधेहुएमत्स्य मृत्युकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ तैसे श्रोत्रादिकइंद्रियोंकेअधीनहुए तेअविवेकीपुरुष वारंवार मृत्युकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ इतनेंकरिकेअविवेकीपुरुषोंकावृत्तांत कथनकऱ्या ॥ अब विवेकीपुरुषोंकावृत्तांत निरूपणकरे हैं ॥ हेनचिकेता ॥ ब्रह्मातेंआदिलेके स्तंवपर्यंत जितनेकीस्थावरजंगम प्राणीहैं॥ तेसंपूर्णप्राणी मृत्यके वशकूंप्राप्तहोवे है ॥ याप्रकारकीव्यवस्थाकूंदेखिकरिके तेविवेकीपुरुष कर्मउपासनाकेफलकूं अनित्यहीजाने हैं ॥ और आत्मज्ञानकेमोक्ष रूपफलकूं नित्यजाने हैं ॥ इसप्रकार ब्रह्मलोकपर्यंत कर्मकेफलकूंअनित्यजाणिके तेविवेकीपुरुष ताकर्मकेस्वर्गादिरूपफलकीइच्छाकर तेनहीं. जैसे तूनचिकेता स्वर्गादिकसुखोंकीइच्छाकरतानहीं ॥ तैसे तेविवेकीपुरुषभी तिनस्वर्गादिकसुखोंकीइच्छाकरतेनहीं ॥ किंतु तेवि वेकीपुरुष तुमारेन्याई मोक्षरूपनित्यफलकोहीइच्छाकरें हैं ॥हेनचिकेता ॥ तेविवेकीपुरुष जिसआत्माकेज्ञानकरिके तामोक्षकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ सोआत्मादेव कैसाहै ॥ नेत्रादिकपंचज्ञानइंद्रियोंके तथावाकादिकपंच कर्मइंद्रियोंकेजेदर्शनादिकव्यापारहैं ॥ तिनदर्शनादिकव्यापारोंकूं यहजीव जिसअंतःकरणकरिकेजाने है॥ताविषयसहितअंतःकरणकूं यहजीव जिसस्वयंज्योतिरूपसाक्षीकरिके अनुभवकरे है॥ सोस्वयंज्यो

तिरूपसाक्षी ताआत्मादेवरूपहोहै॥जोतुमनें पूर्वं धर्मअधर्मादिकोंतैंरहितआत्माकास्वरूपपूछाथा ॥तास्वयंज्योतिरूपसाक्षीतैं सोआत्मादेव भिन्ननहीं है॥हेनचिकेता॥जैसे रज्जुविषे सर्पदंड जलधारा आदिककल्पितहोवे हैं॥तैसे भूत भविष्यत् वर्त्तमान यहतीनकालजोहैं तथाताती नकालोंविषेवर्त्तमान जितनेकोस्थूलसूक्ष्मपदार्थहैं॥तेसंपूर्णपदार्थयास्वयंज्योतिरूपसाक्षीआत्माविषे कल्पितहैं ॥ यातें यास्वयंज्योतिसाक्षी आत्मातें भिन्नसत्तावालाकोईभीपदार्थनहीं है ॥ याकारणतें सोआत्मादेव अद्वितीयरूपहै॥ और हेनचिकेता॥यहपुरुष जिसस्वयंज्योतिरूपसाक्षीकरिकै जाग्रत स्वप्न सुषुप्ति यातीनअवस्थावोंकूंदेखैहै ॥ तास्वयंज्योतिरूपसाक्षीकूंहीं तुमनें आपणाआत्मारूपकरिकेजानणा ॥ और पूर्वं हमनें तुमारेप्रति जोमहान्आत्मा सर्वत्रव्यापकरूपकरिकै कथनकऱ्याथा सोमहान्आत्माभी यास्वयंज्योतिरूपसाक्षीतैंभिन्ननहीं है ॥ किंतु सोमहान्आत्मा स्वयंज्योतिसाक्षीरूपहीहै ॥ जिसआत्मादेवके अद्वितीयरूपमहत्वकूंजाणिकरिकै विद्वान्पुरुष कर्तृत्वभोक्तृत्वादिरूपसर्वशोकोंकूं तरे हैं ॥ हेनचिकेता यहजीवरूपआत्मादेव बुद्धिआदिकोंकासाक्षीरूपकरिकै सर्वजीवोंकूं अत्यंतसमीपहै ॥ और लोकप्रसिद्धमधुकेसमान जोपुण्यपापकर्मोंका सुखदुःखरूपफलहै ॥ ताफलकाभी यहआत्मादेवहीभोक्ताहै ॥ ऐसेसर्वभेदतैंरहितअद्वितीय आत्माकूं जेअधिकारीपुरुष यासर्वजगत्काअधिपतिरूपकरिकेजाने हैं ॥ तेअधिकारीपुरुष किसीसंशयकूं तथाकिसीकेनिंदाकूं करेनहीं ॥ इतनेंकरिकै त्वंपदार्थरूपजीवके शोधनकाप्रकार निरूपणकऱ्या ॥अब तत्पदार्थरूपईश्वरके शोधनकाप्रकार निरूपणकरे हैं॥हेनचिकेता ॥ जिसपरमात्मादेवतैं यहहिरण्यगर्भ उत्पन्नभयाहै ॥ कैसाहैसोहिरण्यगर्भ ॥ ब्रह्मांडकाआरंभकरणेहारे जेआकाशादिकस्थूलभूतहैं ॥तिनस्थूलभूतोंतैंभी जोहिरण्यगर्भ पूर्वउत्पन्नभयाहै और पूर्वजन्मोंविषे अनुष्ठानकरे जे कृच्छ्रचांद्रायणादिककर्म हैं तथा नानाप्रकारकोउपासनाहैं॥ ताकर्मउपासनारूपतपकेबलतैं जिसहिरण्यगर्भकीउत्पत्तिहोवे है॥ऐसे हिरण्यगर्भकूंभी उत्पन्नकरणेहारा जोपरमात्मादेवहै जोपरमात्मादेव सर्वशरीरोंविषे सर्वबुद्धिरूपगुहावोंविषेप्रवेशकरिकै तिनबुद्धियोंकूं साक्षीरूपकरिकेदेखताहुआ स्थितहोवे है ॥ तथा जोपरमात्मादेव आकाशकीन्याई सर्वत्रव्यापकहै॥ तिसपरमात्मादेवकूं तू अद्वितीयब्रह्मरूपकरिकेजाण॥हेनचिकेता ॥ जोप्राणस्वरूपहिरण्यगर्भदेवता पूर्वकल्पके

कर्मउपासनारूपतपकेप्रभावतैंयास्थूलविराटतैंप्रथम उत्पन्नहोवे है सोहिरण्यगर्भदेवता यास्थूलप्रपंचरूपअन्नकूं भोजनकरे है ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताहिरण्यगर्भदेवताकूं आदिति यानामकरिकै कथनकरे है ॥ और संपूर्णइंद्रादिकदेवता ताहिरण्यगर्भकेविभूतियां हैं ॥ यातैं सोहिरण्यगर्भभगवान् सर्वदेवमयहै और सो हिरण्यगर्भभगवान् संपूर्णव्यष्टिभूतप्राणियोंविषे तादात्म्यसंबंधकरिकैरहे है यातैं सो हिरण्यगर्भभगवान् सर्वभूतमयहै ॥ ऐसाहिरण्यगर्भभग वान्भी जिसपरमात्मादेवका ध्यानकरणेयोग्यस्वरूपहै ॥ तिसपर मात्मादेव कूंतू अद्वितीयब्रह्मरूपकरिकैजाण ॥ और हेनचिकेताऐसेअदितीनामाहिरण्यगर्भतैं उत्पन्नभयाजोविराटभगवान्है ॥ जावि राटभगवान्कूं शास्त्रविषेअग्निरूपकरिकैवर्णनकर्‍याहै ॥ याकारणतैंहोनीचेकाकाष्ठरूप जोअधरअरणीहै तथा ऊपरकाकाष्ठरूप जो उत्तरअरणी है ॥ तादोनोंअरणियोंतैं सोअग्निरूपविराट यज्ञविषेप्रादुर्भावकूंप्राप्तहोवे है और जैसे यालोकविषे गर्भिणी स्त्रियां स्नेहपूर्वक गर्भकूंधारणकरेहैं ॥ तैसे यज्ञकेकरणेहारेपुरुष याअग्निरूपविराट्कूं श्रद्धापूर्वक दोनोंअरणियोंकरिकैधारणकरेहैं ॥ तथा निद्रातैंरहितयोगीजनभी ताअग्निरूपविराट्कूं आपणेअंतरधारणकरेहैं ॥ और सोअग्निरूपविराटही सर्वभूतोंविषेस्थितहै ॥ और स्वर्गकी इच्छावाले तथामोक्षकीइच्छावाले जेदेवतामनुष्यहैं ॥ तिनोंकरिकै यहअग्निरूपविराटही स्तुतिकरणेयोग्यहै ॥ हेनचिकेता ॥ जैसे अदि तिनामाहिरण्यगर्भ तापरमात्मादेवकास्वरूपकरिकै ध्यानकरणेयोग्यहै॥तैसे यहअग्निरूपविराटभी तापरमात्मादेवकास्वरूपकरिकै ध्यान करणेयोग्यहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ हिरण्यगर्भरूपकरिकै तथाविराटरूपकरिकै तापरमात्मादेवकाउपदेश आप किसवास्तेकरतेहो ॥ साक्षात्ही तापरमात्मादेवकेस्वरूपकाउपदेश आप हमारेप्रतिकरो ॥ समाधान ॥ हेनचिकेता ॥ तापरमात्मादेवका वास्तवशुद्धस्वरूप मनवाणीकाअविषयहै ॥ तथा अध्यात्म अधिदेव अधिभूत इत्यादिकसर्वभेदतैंरहितहै ॥ यातैं तापरमात्मादेवकेवास्तवस्वरूपकूं साक्षा त्कहणेविषे हम समर्थनहींहैं॥काहेतैं जातिवाला तथागुणवाला तथाक्रियावालाजोपदार्थहै ॥ तापदार्थकूंही यहशब्द साक्षात्कथनकरे हैं॥ जैसे घट यहशब्द घटत्वजातिवालेघटकूं कथनकरेहै ॥ और नीलघटयहशब्द नीलगुणवालेघटकूं कथनकरेहै ॥ और पाचक यहशब्द

पाकरूपक्रियावालेपुरुषकूंकथनकरैहै ॥ इसप्रकार संपूर्णशब्दकिसीजातिगुणादिकनिमित्तकूंअंगीकारकरिकेही आपणेआपणेअर्थकूं साक्षात्कथनकरैहैं॥और यहनिर्गुणपरमात्मादेवतो जातिगुणक्रियादिकधर्मों तैंरहितहै ॥ यातैं तापरमात्मादेवकूं कोईशब्द साक्षात्कथनकरिसकैनहीं ॥ याकारणतैं हिरण्यगर्भ विराट् इत्यादिक सविशेषरूपोंकरिकै तानिर्गुणपरमात्मादेवकेवास्तवस्वरूपकूं तूं जाण ॥ और हेनचिकेता ॥ जिसअधिदेववायुरूपप्राणतैं यहसूर्यचंद्रमादिकतेज उदयहोवै हैं॥ और जिसप्राणविषे तेसूर्यादिकतेज अस्तभावकूंप्राप्तहोवै हैं॥ और जैसे रथकेचक्रकेनाभिविषे अरास्थितहोवै हैं ॥ तैसे वाकादिकइंद्रिय तथाअग्निआदिकदेवता जिसप्राणविषे सर्वदास्थितहोवै हैं ॥ तहांश्रुति ॥ प्राणाद्वाएष उदेतिप्राणेऽस्तमेति सर्वंप्राणेऽर्पितं ॥ अर्थयह ॥ प्राणतैंही यहसूर्यादिकतेज उदयहोवै हैं ॥ तथा प्राणविषेही तेसूर्यादिकतेज अस्तभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और ताप्राणविषेही संपूर्णअग्निआदिकदेवता स्थितहोवै हैं ॥ १ ॥ और जिसप्राणकूं आपणेबलकरिकै उल्लंघनकरणेविषे कोईभीपुरुष समर्थनहीं है ॥ ऐसाप्राणभी जिसपरमात्मादेवका ध्यानकरणेयोग्यस्वरूपहै ॥ ऐसे परमात्मादेवकूंतूं ब्रह्मरूपकरिकेजाण ॥ इतनैंकरिकै तत्पदार्थरूपईश्वरकेशोधनकाप्रकार निरूपणकऱ्या ॥ अब ताशोधित तत् त्वं पदार्थोंका अभेदनिरूपणकरै हैं ॥ हेनचिकेता ॥ तुमारेशरीरविषे तथाहमारेशरीरविषे तथा अन्यजीवों केशरीरविषे जोचैतन्यदेव सर्वबुद्धिवृत्तियोंका साक्षीरूपकरिकेस्थितहै ॥ सोईहीचैतन्यदेव परोक्षईश्वरशरीरविषे तथाहिरण्यगर्भशरीरविषे तथाविराट्शरीरविषे साक्षीरूपकरिकेस्थितहै ॥ और जोचैतन्यदेव ईश्वरहिरण्यगर्भादिकोंकेशरीरविषेस्थितहै ॥ सोईहीचैतन्यदेव अस्मदादिकजीवोंकेशरीरविषेस्थितहै ॥ हेनचिकेता ॥ जैसे अखंडआकाशविषे किंचित्मात्रभीभेदनहीं है ॥ तैसे याअखंडचैतन्यदेवविषे किंचित्मात्रभीभेदनहीं है ॥ और जैसे भेदतैंरहित आकाश घटमठादिक उपाधियोंकेभेदकरिकै भेदकूंप्राप्तहोवै है ॥ तैसे यहचैतन्यदेवभी अव्याकृत सूक्ष्म स्थूल इत्यादिकउपाधियोंकेभेदकरिकै ईश्वर हिरण्यगर्भ विराट इत्यादिकभेदकूंप्राप्तहोवैहै ॥ हेनचिकेता ॥ जैसे वास्तवतैंतीनकालविषे असत्यहुआभी गंधर्वनगर आकाशकेभेदकूंकरैहै ॥ तैसे वास्तवतैं तीनकालविषे असत्यहुआभी यहजडजगत् ता चैतन्यआत्माकेभेदकूंकरै है ॥ परंतु सोचैतन्यआत्मा

काभेद ॥ अज्ञानीपुरुषोंकीदृष्टिविषेही है ॥ और विद्वान्पुरुषकीदृष्टिकरिकेतौ ताअद्वितीयब्रह्मविषे कल्पितनानापणाभीनहीं है॥जभी ता
अद्वितीयब्रह्मविषे कल्पितनानापणाभीनहींभया ॥ तभी ताअद्वितीयब्रह्मविषे सत्यनानापणा किसप्रकारसंभवैगा ॥ हेनचिकेता ॥ ऐसेअ
द्वितीयब्रह्मविषे जोपुरुष कल्पितनानापणाभीदेखे है ॥ सोभेददर्शीपुरुष वारंवार जन्ममरणकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जोमंदबुद्धिपुरुष पापकर्म
करिकेमोहितहुआ ताअद्वितीयब्रह्मविषे वास्तवभेदकूंदेखेहै॥सोभेददर्शीपुरुषतौ अनेकवार नरकोंकोहीप्राप्तहोवे है॥ तहांश्रुति॥मृत्योःसमृ
त्युमाप्नोति यइहनानेवपश्यति॥अर्थयह॥जोपुरुषयाअद्वितीयब्रह्मविषे नानापणेकीन्याईदेखेहै॥सोभेददर्शीपुरुष वारंवारमृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥
यातैं मुमुक्षुजनोंनें ताब्रह्मकूं सर्वभेदतैंरहितएकअद्वितीयरूपकरिकेजानणा॥हेनचिकेताऐसेअद्वितीयब्रह्मरूपआत्माकेदर्शनविषे यहबहिर्मुख
श्रोत्रादिकइंद्रिय करणहोइसकेनहीं यातैं याअधिकारीपुरुषनैं निष्कामशुद्धमनकरिकैहींताआत्मारूपब्रह्मकूं निश्चयकरणा औरहेनचिकेता ॥
जैसेअखंडआकाशविषे स्वभावतैंनानापणानहीं है॥तैसे याअखंडब्रह्मविषेभी स्वभावतैं नानापणानहीं है ॥किंतु जैसे घटमठरूपउपाधिकेभे
दतैंताआकाशकाभेदहोवे है ॥ तैसे देहादिकउपाधियोंकेभेदतैंही ताआत्माकाभेद कहणाहोवैगा ॥और यालोकविषे जोजोभेद उपाधिकृत
होवैहै॥सोसोभेद ताउपाधिवालेउपाहितपदार्थकूं स्पर्शकरेनहीं॥किंतु तिनउपाधियोंविषेही सोभेद स्थितहोवे है॥जैसे घटमठरूपउपाधिकृत
जोआकाशकाभेदहै ॥ सोभेद आकाशकूंस्पर्शकरतानहीं॥किंतु ताघटमठरूपउपाधियोंविषेहीं सोभेद स्थितहोवे है॥तैसे देहादिरूपउपाधि
कृत जोआत्माकाभेदहै॥सोभेदभी ताअद्वितीयआत्माकूंस्पर्शकरेनहीं॥किंतु तिनदेहादिरूपउपाधियोंविषही सोभेद स्थितहोवे है ॥ किंवा ॥
ताअद्वितीयब्रह्मतैंभिन्न जितनेकीदेहादिकपदार्थ हैं ॥ तेदेहादिकपदार्थ ताब्रह्मतैंभिन्नहुए नरशृंगकी न्याई असत्यहीहोवैंगे ॥ तिनअसत्यप
दार्थोंकरिके ताअद्वितीयब्रह्मकाभेद संभवैनहीं ॥ और ताअद्वितीयब्रह्मविषे भेदकेदर्शनतैं वारंवारमृत्युकीप्राप्ति पूर्व कथनकरिआये हैं ॥
यातैं याअधिकारीपुरुषोंनें वेदांतशास्त्रकेसंस्कारयुक्तशुद्धमनकरिके याआत्मारूपब्रह्मकूं अद्वितीयरूपकरिकेहीदेखणा ॥ हेनचिकेता ॥ ऐसा
अद्वितीयपरमात्मादेव जीवरूपकरिके यामनुष्योंकेहृदयदेशविषेस्थितहोवे है ॥ और यामनुष्योंकाहृदय विशेषकरिकेतौ अंगुष्ठमात्रपरि

माणवालाहोवे है ॥ ऐसेहृदयविषेस्थितहुआ सोपरमात्मादेवभी अंगुष्ठमात्रकह्याजावे है॥ ऐसे अंगुष्ठमात्रपरमात्मादेवकूं जेअधिआरीपुरुष भूतभविष्यत्पदार्थोंका ईशानरूपकरिकेजाने है ॥ तिनअधिकारीपुरुषोंकूं संशयादिकप्राप्तहोवेनहीं ॥हेनचिकेता॥ सोहृदयदेशविषेस्थित अंगुष्ठमात्रपुरुष केसाहै ॥ यासर्वजगत्काईशानहै ॥ तथा स्वयंज्योतिरूपहै ॥ तथा भूत भविष्यत् वर्त्तमान यातीनकालोंविषे विपरीत भावकूंप्राप्तहोवेनहीं ॥ किंतु तीनोंकालविषे एकरसरहे है॥और जैसे यालोकविषे द्रवत्वरूपकरिकै तथास्नेहरूपकरिके जलकाभेदहोवेनहीं किंतु द्रवत्वरूपकरिके तथा स्नेहरूपकरिके सोजल सर्वत्रएकरूपहीहोवे है॥तैसे अस्ति भाति प्रिय यारूपकरिकेताआत्मादेवकाभेदहोवे ॥ नहीं॥किंतु अस्तिभातिप्रियरूपकरिके सोआत्मादेव सर्वत्रएकरूपहीहै॥औरहेनचिकेता॥जैसे ऊँचेपर्वतोंविषे मेघोंतैंपतनहुएजेजलहैं॥तेजल तिनऊँचेपर्वतोंतैं नीचेदेशविषे विशीर्णभावकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ तैसे भेदरूपकरिकेदेख्याहुआयहआत्मादेवभी नानाप्रकारकीनीचयोनियोंकूंप्राप्त होवे है॥ और हेनचिकेता ॥ जैसे तेमेघोंकेजल प्रथम तापर्वतकेशिखरविषेप्राप्तहोवे हैं ॥ तिसतैंअनंतर तेजल तापर्वतकेमध्यदेशविषे प्राप्तहोवे हैं ॥ तिसतैंअनंतर तेजल नीचीभूमिकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ तानीचीभूमितैंपरे तेजल कहांजावेनहीं ॥ किंतु तेजल तानीचीभूमिविषेहीस्थापितहोवे हैं ॥ यातैं तानीचीभूमि ताजलोंकेविश्रामकास्थानहै॥तैसे यहजीवात्मारूपजलभी भेददर्शनरूपऊँचेपर्वततैंनीचेपतनहोइके पुण्य पापकर्मकेवशतैं नानाप्रकारकेयोनियोंविषेभ्रमणकरे है ॥ तिसतैंअनंतर पूर्वलेकिसीमहान्पुण्यकर्मकेयोगतैं यहजीवात्मा जभी आत्मज्ञान रूपनीचीभूमिकूंप्राप्तहोवे है॥तभी यहजीवात्मा ब्रह्मानंदरूपविश्रामकूंप्राप्तहोवे है ॥ और हेनचिकेता ॥ जैसे स्वभावतैंशुद्धजोजलहै ॥ सो जल जभी किसीपर्वतादिकशुद्धस्थलविषेप्राप्तहोवे है ॥ तभीसोजल शुद्धहीरहे है॥ और सोशुद्धजल जभी गेरकहरितालमयभूमिविषे प्राप्त होवे है ॥ तभी सोजल ताभूमिकेसंबंधतैं रक्तपीतादिकनानावर्णोंकूं प्राप्तहोवे है ॥ तैसे वास्तवतैंशुद्धयहआत्मादेवभी रागद्वेषतैंरहितशुद्ध मनविषेस्थितहोइके शुद्धभावकूंहीप्राप्तहोवे हैं॥ और रागद्वेषवालेअशुद्धमनविषेस्थितहोइके सोआत्मादेवभी अशुद्धभावकूंप्राप्तहोवे हैं॥औ र हेनचिकेता॥जैसे स्वभावतैंशुक्लवर्णवालाजोजलहै ॥ सोजल यद्यपि गेरकादिकोंकेसंबंधतैं रक्तादिकवर्णोंवालाप्रतीतहोवे है ॥ तथापि ता

जलकेस्वाभाविकशुक्लवर्णकीहानिहोवैनहीं॥तैसे यहआत्मादेवभी यद्यपि अंतःकरणादिकोंकेसंबंधतैं कर्तृत्वभोक्तृत्वरूपमलवालाप्रतीतहो वैहै ॥ तथापि ताआत्मादेवकेवास्तवशुद्धस्वरूपकीहानिहोवैनहीं॥और हेनाचिकेता॥ जैसे स्वभावतैंशीतलजोजलहै॥सोजल अग्निकेसंबंधतैं उष्णभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे स्वभावतैंसुखरूप यहआत्मादेवभी देहादिकोंके संबंधतैं दुःखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातैं यहअर्थसिद्धभया॥ शरीरके विद्यमानहुए याजीवोंकूंदुःखकीप्राप्तिहोवैहै॥ और शरीरकेअभावहुए याजीवोंकूं दुःखकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ याप्रकारकेअन्वयव्यतिरेककरिके कारणशरीरसहित यास्थूलसूक्ष्मशरीरविषेही दुःखकीकारणतासिद्धहोवैहै ॥ हेनाचिकेता ॥ स्थूल सूक्ष्म कारण यातीनशरीरोंविषेभी जोअ ज्ञानरूपकारणशरीरहै ॥ सोकारणशरीर याजीवोंकेदुःखका साक्षात्कारणहोवैनहीं ॥ जोकदाचित् सोकारणशरीर साक्षात्दुःखकाकारण होवै ॥ तो सुषुप्तिअवस्थाविषेभी इमजीवोंकूं दुःखकीप्राप्तिहोणीचाहिये ॥ और सुषुप्तिअवस्थाविषे दुःखकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ यातैं जैसे बीज अंकुरादिद्वारा फलकाकारणहोवै है॥तैसे यहअज्ञानरूपकारणशरीरभी सूक्ष्मस्थूलशरीरद्वाराही याजीवों केदुःखकाकारणहोवै है॥ हेनचिकेता ॥ तिनसूक्ष्मस्थूलशरीरोंविषेभी यहसूक्ष्मशरीर साक्षात्अज्ञानरूपमायाकाकार्य है ॥ यातैं तामायारूपकारणकेनाशतैंविना सोसूक्ष्मशरीर नाशकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ और सोसूक्ष्मशरीरही याजीवोंकेस्थूलसंसाररूपपटकाकारणहै ॥ याकारणतैं ता सूक्ष्मशरीरकूं शा स्त्रविषे सूत्र यानामकरिकेकथनकरे हैं ॥ ऐसासूक्ष्मशरीर यास्थूलशरीरकेग्रहणतैंविना याजीवोंकूं भोगकीप्राप्तिकरे नहीं ॥ किंतु यास्थूल शरीरकूंग्रहणकरिकेही सोसूक्ष्मशरीर याजीवोंकूं भोगकीप्राप्तिकरै है ॥ यातैं तास्थूलशरीरविषेही गुरुशास्त्रकेउपदेशकरिके सोआत्मादेव प्रत्यक्षहोवै है ॥ याकारणतैं मैंयमराजा तुमारेप्रति यास्थूलशरीरकाकथनकरताहूं तूं श्रवणकर ॥ सूक्ष्मशरीररूपजोपुरुषहै ॥ तथा त्वगा दिकजेसप्तधातुहैं ॥ तथा भक्षणकरेहुएअन्नपानादिकों के जेनानाप्रकारकेरसहैं ॥ तिनसंपूर्णों करिके यहस्थूलशरीर दिनदिनविषे पूर्णकरी ताहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती यास्थूलशरीरकूं पुर यानामकरिकेकथनकरे है॥अथवा जैसे लोकप्रसिद्धपुर राजादिकोंकरिकेयुक्तहोवै हैं तैसे यहस्थूलशरीरभी पूर्णपरमात्माकरिकेयुक्तहै॥याकारणतैं यास्थूलशरीरकूं पुर कहेहैं ॥ अब यास्थूलशरीररूपपुरविषे लोकप्रसिद्धपुर

कीसमानता निरूपणकरे हैं॥हेनचिकेता जैसे यहलोकप्रसिद्धपुर अनेकद्वारोंवालाहोवै है॥तथा कोईराजा तापुरकास्वामीहोवै है ॥ तैसे यह स्थूलशरीररूपपुरभी एकादशद्वारवालाहै॥तहां दोचक्षु दोनासिका दोश्रवण एकमुख यहसप्त याशरीररूपपुरकेऊपरलेद्वारहैं॥ और पायु उपस्थ यहदोनों नीचेकेद्वारहैं॥और उदरविषे स्थित जोनाभिछिद्रहै॥सोनाभिछिद्र दशमाद्वारहे ॥ और मस्तककेतीनकपालोंकोसंधिविषे स्थित जोछिद्रहै॥सोएकादशमाद्वारहै॥जाएकादशमेंद्वारविषे सुषुम्नानाडीरूपसरस्वती प्राप्तहोवै है॥कैसोहैसा सुषुम्नारूपसरस्वती॥अयोगी पुरुषोंकरिके दुर्लक्ष्यहै ॥ किंतु योगीपुरुषही तासुषुम्नाकूंजाणेहैं ॥ और जिससुषुम्नारूपसरस्वतीकरिके याशरीरतैंबाहरनिकस्याहुआ यह योगीपुरुष ब्रह्मलोककेदेवयानमार्गकूंप्राप्तहोवै है ॥ ऐसेशरीररूपपुरविषे यहपरमात्मारूपइंद्र वाकादिकइंद्रियरूप तथाअग्निआदिकदेवता रूप प्रजाकेसहित निवासकरे है ॥ कैसाहैसोपरमात्मादेव ॥ वास्तवतैं जन्ममरणादिकविकारोंतैंरहितहै ॥ तथा स्वयंज्योतिरूपहै ॥ तथा बहिर्मुखजडमनतैंरहितहै ॥ तथा वाकादिकइंद्रियों तैंरहितहै ॥ हेनचिकेता ॥ ऐसापरमात्मादेव यद्यपि वास्तवतैंपुण्यपापरूप कर्मों तैंरहितहै ॥ तथापि कल्पितपुण्यपापरूपकर्मोंकेसंबंधतैं याशरीररूपपुरकूंप्राप्तहोवै है ॥ और ऐसेदुःखरूपशरीरकूंप्राप्तहोइके भी यहआनं दस्वरूपआत्मादेव वास्तवतैंशोककूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ काहे तैं यालोकविषेजोजोशोकहोवै है ॥ सोसोशोक दुःखरूपकारणतैंही उत्पन्नहोवै है॥और सोदुःख अनिष्टपदार्थोंकेसंगतैंउत्पन्नहोवै है॥यातैं तादुःखकीउत्पत्तिद्वारा सोसंगही ताशोककाकारणहै ॥और यहआनंदस्वरूपआ त्मा सर्वसंगतैंरहितहै ॥ यातैं ऐसेअसंगआत्माकूं सोशोक किसप्रकारप्राप्तहोवैगा ॥ किंतु नहींप्राप्तहोवैगा ॥ हेनचिकेता ॥ जोपूर्वतुमनें ध र्मअधर्म तैंरहित आत्माकास्वरूपपूछाथा ॥ सोभी यहसर्वशोकतैंरहितस्वयंज्योतिआत्मा देवहीहै ॥ याकेविषे तुमनें किंचित्मात्रभी सं शयनहींकरणा ॥ हेनचिकेता ॥ यहअधिकारीपुरुष नित्यमुक्तआत्मास्वरूपकरिकेनित्यहीमुक्तरूपहै तथापि यास्वयंज्योतिआत्माके साक्षात्कारतैं कल्पितअज्ञानरूपबंधकापरित्यागकरिके तुमसरीसेअधिकारीपुरुष पुनःमुक्तिकूंप्राप्तहोवै है ॥ जैसेयालोकविषे कोईभाग्यवा नपुरुष पूर्व सुखकूंप्राप्तहुआभी पुनःसुखकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे यहआत्मादेव पूर्वमुक्तिहुआभी पुनःमुक्तहोवैहै॥ हेनचिकेता ॥ जेवादी ताआ

त्माविषे बंध अंगीकारकरैहैं ॥ तिनवादियोंसैं यहपूछाचाहिये ॥ ताआत्माविषे रज्जुआदिकोंकरिके वेष्टनरूपबंधहै ॥ अथवा संसर्गरूपबंध
है॥तहां ताआत्माविषे रज्जुआदिकोंकरिकेवेष्टनरूपबंधहै यहप्रथमपक्ष जोवादी अंगीकारकरै सोसंभवैनहीं ॥काहेतैं यालोकविषे जिसजिस
पदार्थविषे रज्जुआदिकोंकरिकेबंधहोवैहै ॥ तिसतिसपदार्थविषे मूर्त्तपणाहीदेख्याहै॥जैसे घटादिकपदार्थोंविषे रज्जुकरिकेबंधहोवै है ॥ यातैं
तिनघटादिकपदार्थोंविषे मूर्त्तपणाभीहै ॥ और जिसपदार्थविषे मूर्त्तपणेकाअभावहोवैहै ॥ तिसपदार्थविषे रज्जुआदिकोंकरिकेबंधभीहोवै
नहीं॥ जैसे आकाशविषे मूर्त्तपणेकाअभावहै ॥ यातैं ताआकाशविषे रज्जुकरिकेबंधभीहोवैनहीं ॥ सोमूर्त्तपणेकाअभाव आत्माविषेभी
है ॥ यातैं ताआत्मादेवविषे रज्जुआदिकोंकरिकेबंध संभवैनहीं ॥ और ताआत्माविषे संसर्गरूपबंधहै यहदूसरापक्ष जोवादी अंगी
कारकरै सोभीसंभवैनहीं ॥ काहेतैं जोवादियोंनैं संयोगसमवायसंबंधादिरूपबंधनकल्पनाकर्‍याहै ॥ सोसंयोगसमवायसंबंधादिरूपबंधन
कल्पितहै ॥ यातैं तेसंयोगसमवायादिक असत्यहैं ॥ अब तिनसंयोगसमवायादिकसंबंधोंविषे कल्पितरूपता स्पष्टकरणेवासतै प्रथम तिन
संयोगादिकोंविषेप्रमाणका खंडनकरैहैं॥ तहांजोवादी संयोगसमवायादिकसंबंधोंकूंअंगीकारकरैहै ॥ तावादीसैं यहपूछाचाहिये ॥ तासंयोग
समवायसंबंधविषे प्रत्यक्षप्रमाणहै ॥ अथवा अनुमानप्रमाणहै ॥ अथवा ॥ शब्दप्रमाणहै ॥ अथवा इनोंतैंकोइंभिन्नप्रमाणहै॥तहां संयोगसंबं
धविषे तथासमवायसंबंधविषे प्रत्यक्षप्रमाणहै यहप्रथमपक्ष जोवादी अंगीकारकरै सोसंभवैनहीं ॥ काहेतैं तावादीकेमतविषे दंडवालापुरुष
है यास्थलविषे दंडका पुरुषकेसाथ संयोगसंबंधहोवै है ॥ और रूपवालाघटहै यास्थलविषे रूपगुणका घटकेसाथ समवायसंबंधहोवै है ॥
तहां तासंयोगसंबंधका दंडतो प्रतियोगीहोवै है ॥ और पुरुष अनुयोगीहोवै है ॥ इसीप्रकार तासमवायसंबंधकाभी रूपगुणतो प्रतियोगी
होवैहै ॥ और घट अनुयोगीहोवै है ॥ तहां प्रतियोगीकेस्वरूपका तथा अनुयोगीकेस्वरूपका जोभलीप्रकारविचारकरिदेखिये ॥ तो
ताप्रतियोगीअनुयोगीकेस्वरूपतैंभिन्नहोइके सोसंयोगसंबंध तथा समवायसंबंध प्रतीतहोवैनहीं ॥ यातैं तासंयोगसमवायविषे प्रत्य
क्षप्रमाण संभवैनहीं ॥ और तासंयोगसमवायविषे अनुमानप्रमाणहै यहदूसरापक्ष जोवादीअंगीकारकरै सोभीसंभवैनहीं ॥ काहेतैं ॥

जोवस्तुका किसीप्रकारकरिकेभी प्रत्यक्षनहींहोवै ॥ तावस्तुविषे अनुमानप्रमाणकीभी प्रवृत्तिहोवैनहीं ॥ काहेतें जोकदाचित् सर्वप्रकारतें अप्रत्यक्षवस्तुकीभी अनुमानप्रमाणतें सिद्धिहोतीहोवै ॥ तौ वंध्यापुत्रकीतथानरशृंगकीभी अनुमानप्रमाणतें सिद्धिहोणीचाहिये ॥ और अनुमानप्रमाणकरिके वंध्यापुत्रकी तथा नरशृंगकी सिद्धिहोवैनहीं ॥ यातें प्रत्यक्षप्रमाणकेअभावहुए तासंयोगसमवायविषे अनुमानप्रमाणभी संभवैनहीं ॥ और तासंयोगसमवायसंबंधविषे शब्द प्रमाणहै यहतीसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरै सोभीसंभवैनहीं ॥ काहेतें सो शब्द दोप्रकारकाहोवै है ॥ एकतो लौकिकशब्दहोवै है ॥ और दूसरा वैदिकशब्दहोवै है ॥ तहां तासंयोगसमवायविषे लौकिकशब्द प्रमाणहै यहकहणातोसंभवैनहीं ॥ काहेतें प्रत्यक्षअनुमानादिकप्रमाणोंकीसहायतातेंविना सोलौकिकशब्द किसीअर्थकीभीसिद्धिकरिसकैनहीं ॥ किंतु प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकीसहायताकूंअंगीकारकरिकेही सोलौकिकशब्द किसीअर्थकोसिद्धिकरैहै ॥ काहेतें जोकदाचित् सो लौकिकशब्द प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकीसहायतातेंविनाही किसीअर्थविषे प्रमाणरूपहोवै ॥ तौ वंध्यापुत्रविषे तथानरशृंगविषेभी ता लौकिकशब्दकूं प्रमाणरूपताहोणीचाहिये ॥ और वंध्यापुत्रविषे तथानरशृंगविषे तालौकिकशब्दकूं प्रमाणरूपताहैनहीं ॥ यातें प्रत्यक्ष अनुमानप्रमाणकेअभावहुए तासंयोगसमवायविषे लौकिकशब्दकूंभी प्रमाणरूपतासंभवैनहीं ॥ और तासंयोगसमवायसंबंधविषे वैदिक शब्द प्रमाणहै यहकहणाभीसंभवैनहीं ॥ काहेतें दंडपुरुषका संयोगसंबंधहोवै है और रूपघटका समवायसंबंधहोवै है याप्रकारकेअर्थकूं बोधनकरणेहारा कोईश्रुतिवचन वेदविषेदेखीतानहीं ॥ जावैदिकवचनकरिकै तासंयोगसमवायकोसिद्धिहोवै ॥ यातें तासंयोगसमवाय विषे वैदिकशब्दकूंभी प्रमाणरूपतासंभवैनहीं ॥ और तासंयोगसमवायविषे प्रत्यक्षअनुमान शब्द यातीनप्रमाणोंतें भिन्नहोकोईप्रमाणहै यहचतुर्थपक्ष जोवादो अंगीकारकरै सोभीसंभवैनहीं ॥ काहेतें प्रत्यक्ष अनुमान शब्द यातीनप्रमाणोंविषे किसीएकप्रमाणकी सहायताकूंअंगीकारकरिकेही उपमानअर्थापत्तिआदिकप्रमाण प्रवर्त्तहोवै है ॥ जभी तासंयोगसमवायविषे प्रत्यक्षादिकतीनप्रमाणोंकीप्रवृत्तिनहींभई ॥ तभी तासंयोगसमवायविषे उपमानअर्थापत्तिआदिकप्रमाण किसप्रकार प्रवर्त्तहोवैंगे ॥ किंतु नहींप्रवर्त्तहोवैंगे ॥ हेन

चिकेता ॥ याप्रकार आकाशादिकजडपदार्थोंविषेभी सोसंयोगसमवायसंबंध संभवैनहीं ॥ जभी आकाशादिकजडपदार्थोंविषेभी
तेसंयोगसमवायसंबंध नहींसिद्धभये ॥ तभी चैतन्यस्वरूपअमूर्त्तआत्मादेवविषे तेसंयोगसमवायसंबंध किसप्रकारसिद्धहोवैंगे ॥
शंका ॥ हेभगवन् ॥ संयोगसमवायसंबंधरूपबंध ताआत्माविषे मतहोवे ॥ तथापि कोईअनिर्वचनीयसंबंधरूपबंधताआत्मादेवविषे किस
वासतेनहींहोवे ॥ समाधान ॥ हेनचिकेता ॥ योग्यपदार्थका किसीयोग्यपदार्थकेसाथही संबंधहोवैहै ॥ याप्रकारकानियम शास्त्रविषे
कथनकऱ्याहै ॥ यातैं सोअनिर्वचनीयसंबंध अनिर्वचनीयशरीरादिकोंविषेहोसंभवैगा ॥ आनंदस्वरूपअसंगआत्माविषे सोअनिर्वचनीयसंबं
धभी संभवैनहीं ॥ यातैं सर्वसंबंधतैंरहितयहआत्मादेव यद्यपि पूर्वअज्ञानअवस्थाविषेभी नित्यमुक्तरूपहीथा ॥ तथापि आत्मसाक्षा
त्कारकरिके ताकल्पितमायारूपबंधकेनिवृत्तहुए यहआत्मादेव पुनःविशेषकरिके मुक्तिकूंप्राप्तहोवे है ॥ तहांश्रुति ॥ विमुक्तश्चविमुच्यते
अर्थयह ॥ विशेषकरिकेमुक्तहुआभीयहआत्मादेव आत्मसाक्षात्कारकरिके पुनःविशेषकरिकेमुक्तहोवे है ॥ १ ॥ इतनेंकरिके याआत्मा
देवविषे नित्यमुक्तरूपतादिखाई ॥ अब ताआवरणरहितशुद्धआत्माके प्रभावकावर्णनकरैहैं ॥ हेनचिकेता ॥ यहआत्मादेव आत्मसाक्षा
त्कारकरिके कार्यसहितअविद्याकूं हननकरैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती याआत्मादेवकूं हंस यानामकरिकेकथनकरैहै ॥ अथवा ॥सर्वजी
वोंका बाह्यप्राणरूप जोयहसूर्यभगवान्है ॥ तासूर्यरूपकरिके यहआत्मादेवही तीनलोकोंकूंप्रकाशकरे है ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ता
आत्मादेवकूं हंस यानामकरिकेकथनकरैहै ॥ तहां श्रुति ॥ प्राणःप्रजानामुदयत्येषसूर्यः ॥ अर्थयह ॥ संपूर्णप्रजाका बाह्यप्राणरूप यह
सूर्य उदयहोवैहै ॥१॥ और यहआनंदस्वरूपआत्मादेव शुद्धहृदयविषे अथवा आकाशविषे स्थितहोवैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ता
आत्मादेवकूं शुचिषत् यानामकरिकेकथनकरैहै ॥ और जैसे यालोकविषे पुरुषोंकूं सुवर्णादिरूपधन प्रियहोवे है ॥ तैसे यहआनंदस्वरूप
आत्माभी याजीवोंकूं अत्यंतप्रियहै॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताआत्मादेवकूं वसु यानामकरिकेकथनकरैहै ॥ और यहआनंदस्वरूपआ
त्मादेव अंतरहृदयआकाशविषेतो आत्मारूपकरिके स्थितहोवे है॥और बाह्यआकाशविषे सूर्यरूपकरिकेस्थितहोवे है ॥ याकारणतैं श्रुति

भगवतीताआत्मादेवकूं अंतरिक्षसत् यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और यह आत्मादेव यज्ञकर्त्तायजमानकेप्रसन्नकरणेवासतैं तासंस्कृतयज्ञभू मिविषे ऋत्विकरूपकरिकैस्थितहोवैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताआत्मादेवकूं होता यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ अथवा ॥ यहआत्मा देव भोक्तारूपआत्मअग्निविषे सर्वअन्नकूं हवनकरे है ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताआत्मादेवकूं होता यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और यज्ञकेवेदीसमान जो मध्यछिद्रवालाहृदयहै ॥ ताहृदयविषे अथवा सूर्यमंडलविषे यहआत्मादेवही स्थितहोवै है ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताआत्मादेवकूं वेदिषत् यानामकरिकैकथनकरैहै॥और हेनचिकेता ॥यहआत्मादेवही सोमयागविषेसोमवल्लीकारसरूपकरिकै कलश विषेस्थितहोवैहै औरयहआत्मादेवही श्रेष्ठगृहस्थपुरुषोंकेगृहविषे अतिथिरूपकरिकैस्थितहोवैहै ॥ तहांजिसपुरुषकेकुलका तथागोत्रका ज्ञा ननहींहोवै तथा मध्याह्नादिककालविषेआवे ॥ तथा अन्नकेप्राप्तिकीइच्छावालाहोवै तापुरुषकानाम अतिथिहै॥ और जिनोंकेकुलगोत्रादिकों काज्ञानहोवै ॥ ऐसेजेआचार्यऋत्विकादिकब्राह्मणहैं ॥ तिनोंकानामभी अतिथिहै ॥ और हेनचिकेता ॥ वाकादिकइंद्रियोंविषे प्रगटभई जेनानाप्रकारकीशक्तियां हैं॥तथानानाप्रकारकेसुखदुःखका जोभोक्तापणाहै॥तेनानाप्रकारकीशक्तियां तथा सोभोक्तापणा चैतन्यआत्मातैं विना याजडसंघातविषेसंभवैनहीं॥यातैं ताशक्तियोंकरिकै तथाभोक्तापणेकरिकै याशरीरविषे ताआत्मादेवकीस्थिति जानणेविषेआवैहै ॥ और हेनचिकेता ॥ जैसे पृथ्वीआदिक जलादिकोंकेआश्रितरहैहैं ॥ तैसे यहस्वयंज्योतिआत्मादेव किसीकेआश्रितरहतानहीं ॥ किंतु यह आत्मादेव आपणेस्वयंज्योतिआनंदस्वरूपविषेहीस्थितहोवैहै ॥ तहांश्रुति ॥ सभूमाकस्मिन्प्रतिष्ठितःस्वेमहिम्नि ॥ अर्थयह ॥ सोव्यापकआत्मा किसविषेस्थितहोवैहै याप्रकारकोशंकाकेहुए ॥ सोव्यापकआत्मा आपणेस्वप्रकाशमहिमाविषे स्थितहोवैहै याप्रकारकाउत्तर श्रुतिनैंकह्याहै ॥ हेनचिकेता ॥ सुखदुःखरूपफलकी अवश्यकरिकैप्राप्तिकरणेहारे जेपुण्यपापकर्म हैं ॥ तिनकर्मोंविषेभी यहआत्मादेवही फलरूपकरिकैस्थितहोवैहै ॥ और हेनचिकेता ॥ सूर्यमंडलकेअंतरस्थित जोसूक्ष्मसम ष्टिरूपहिरण्यगर्भहै ॥ ताहिरण्यगर्भके समष्टिबुद्धिकेअंतरस्थितजोआकाशहै ॥ तथा जीवोंके सूक्ष्मव्यष्टिबुद्धिके अंतरस्थितजो

मनन निदिध्यासन करिके आत्मासाक्षात्कारकूंप्राप्तहुआ सोनचिकेता कृतकृत्यभावकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तायमराजाकेउपदेशतैं संपूर्णब्रह्मविद्याकूंप्राप्तहोइके सोनचिकेता याजीवतअवस्थाविषेही अद्वितीय परब्रह्मकूं प्राप्तहोताभया ॥ कैसाहैसोअद्वितीयब्रह्म स्वयंज्योतिरूपहै ॥ तथा परमआनंदस्वरूपहै ॥तथा सर्वजीवोंका आत्मारूपहै ॥ ऐसेअद्वितीयब्रह्मकूं आपणाआत्मारूपजाणिके सोनचिकेता संपूर्णदुःखशोकोंतैंरहितहोताभया तथा जन्ममरणतैंरहितहोताभया ॥ और प्रारब्धकर्मकी भोगतैंविना निवृत्तिहोवैनहीं ॥ यातैं ताप्रारब्धकर्मोंकरिकैरक्षित जोविक्षेपरूपअविद्याकालेशहै ॥ ताअविद्याकेलेशकी जभी प्रारब्धकर्मकेभोगतैंअनंतर निवृत्तिभई ॥ तभी सोनचिकेता विदेहमोक्षकूंप्राप्तहोताभया ॥ हेशिष्य ॥ जैसे सोनचिकेता आत्मसाक्षात्कारकूंप्राप्तहोइके जीवन्मुक्तिकूं तथाविदेहमुक्तिकूं प्राप्तहोताभया है ॥ तैसे इदानींकाल विषेभी जोकोईअधिकारीपुरुष ताआत्मसाक्षात्कारकूंप्राप्तहोवैगा ॥ सोअधिकारीपुरुषभी जीवन्मुक्तिकूं तथाविदेहमुक्तिकूं प्राप्तहोवैगा ॥ यातैं याअधिकारीपुरुषों नैं अवश्यकरिकै ताआत्मसाक्षात्कारकूंसंपादनकरणा ॥ हे शिष्य ॥ यहजोहमनैं तुमारेप्रति यमराजानचिकेताकाआख्यान कथनकऱ्याहै ॥ सोयहआख्यान पूर्व कठनामाऋषि त्रैवर्णिकअधिकारी शिष्यों के प्रति कथनकरताभयाहै ॥ हेशिष्य जीवब्रह्मकेअभेदकूंबोधनकरणेहारो जोयहब्रह्मविद्याहै ॥सोयहब्रह्मविद्या पूर्व नचिकेतादिक महान्पुरुष यमराजादिकदेवतावों तैं प्राप्तहोतेभयेहैं ॥ यातैं यहब्रह्मविद्या अत्यंतदुर्लभहै ॥ याकारणतैंही याब्रह्मविद्याकेकथनकरणेहारेगुरुकूं तथाश्रवणकरणेहारेशिष्यकूं पूर्व यमराजानें आश्चर्यरूपकरिकैकथनकऱ्याहै ॥ हेशिष्य ॥ ऐसोदुर्लभब्रह्मविद्याकेउपदेशकालविषे ताब्रह्मविद्याकेवक्तागुरुकूं अथवा ताब्रह्मविद्याकेश्रोताशिष्यकूं अथवा गुरुशिष्यदोनोंकूं इंद्रादिकदेवता नानाप्रकारकेविघ्नकरे हैं ॥ यह वार्ता पूर्वचतुर्थअध्यायविषे दध्यङ्ऋषिइंद्रकेसंवादविषे हमनैं विस्तारकरिकै तुमारेप्रति कथनकरीथी ॥ हेशिष्य ॥ जिसअधिकारीशिष्य कागुरु ब्रह्मविद्याविषे कुशलनहींहोवै है॥ तिसअधिकारीशिष्यकूंही ब्रह्मविद्याकोप्राप्तिविषे तेदेवता विघ्नकरे हैं॥ और जिसअधिकारीशिष्य कागुरु ब्रह्मविद्याकीसंप्रदायविषेकुशलहोवै है ॥ तिसअधिकारीशिष्यकूं ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिविषे तेदेवता विघ्नकरिसकैंनहीं ॥ यातैं याअधि

ब्रह्मलोकपर्यंन्त प्राप्तभई है ॥ याकारणतैंहीं सासुषुम्नानामानाडी ताब्रह्मलोककाद्वाररूपहै ॥ जिससुषुम्नानामानाडीद्वारा यहजीव ब्रह्मलोककूंप्राप्तहोवैहै ॥ और तासुषुम्नानामानाडीकूंछोडिके दूसरीजोएकशतनाडियां हैं ॥ तिननाडियोंद्वारा याशरीरतैंबाहर निकस्याहुआयहजीवात्माआपणेपुण्यपापकर्मोंकेअनुसारनानाप्रकारकेऊंचनीचशरीरोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तथा मैंयमराजाकेवशकूंप्राप्त होवै है ॥ यातैं याअधिकारीपुरुषों नैं इसीजन्मविषे आत्मसाक्षात्कारकूं अवश्यकरिकेसंपादनकरणा ॥ अब संपूर्णकठवल्ली उपनिषद्करिके निरूपणकर्‍याजोअर्थ है ताअर्थकूं संक्षेपतैंनिरूपणकरे हैं ॥ हेनाचिकेता ॥ अंतःकरणरूपउपाधिकेसंबंधतैं अंगुष्ठ मात्रपरिमाणवाला जोयहआत्मादेवहै ॥ सोआत्मादेव अविद्यारूपअंतरकंचुककरिकै तथा सूक्ष्मशरीररूपबाह्यकंचुककरिकै आवृ तहुआ यासर्वजीवोंकेहृदयविषे विराजमानहोवै है ॥ कैसाहैसोसूक्ष्मशरीर ॥ अनेकप्रकारकेदुःखोंकाकारणहै तथा तासूक्ष्मशरीरविषे स्थितजोचित्तहै ॥ सोचित्तलोहेकेशृंखलाकीन्याईं याजीवोंकेबंधनकाकारणहै ॥ ऐसेसूक्ष्मशरीरतैं तथाअविद्यातैं यहअधिकारीपुरुष ताआत्मादेवकूं विवेकयुक्तशुद्धमनकरिकै भिन्नकरे ॥ जैसे यालोकविषे बालक मुंजरूपबाह्यत्वचातैं इषीकारूपमध्यकेतृणकूं भिन्नकरै हैं ॥ इसप्रकार अविद्यासूक्ष्मशरीरादिक सर्वजडउपाधियोंतैं विचारकरिकैभिन्नकर्‍याहुआ यहआत्मादेव उपाधिकृतपरिच्छिन्नभावकापरि त्यागकरिके आपणेपरिपूर्णस्वरूपकूं प्राप्तहोवै है ॥ और हेनचिकेता ॥ अंतःकरणादिकउपाधियोंकरिकेयुक्तहुआ यहजीवात्मा मरणतैंअने तर जैसे मैंयमराजाकेपाशोंकरिकै बंधायमानहोवैहै ॥ तैसे अंतःकरणादिकउपाधियों तैं रहितहुआ यहशुद्धआत्मादेव मैंयमराजाकेपाशों करिकै बंधायमानहोवैनहीं ॥ हेनचिकेता॥इसप्रकार स्थूल सूक्ष्म कारण यातीनउपाधियोंतैंरहित तथाजन्ममरणादिकसर्वविकारों तैं रहि त जोस्वयंज्योतिपरमात्मादेवहै ॥ तापरमात्मादेवकूंही तुमनैं आपणाआत्मारूपकरिकै निश्चयकरणा॥यहजीवब्रह्मकाअभेदहीं सर्ववेदांत शास्त्रकासिद्धांतहै ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार सोयमराजा तानचिकेताकेप्रति साधनोंसहित संपूर्णब्रह्मविद्याकाउपदेशकरिकै मौनकूंधारणकरताभया ॥ और सोनचिकेताभी ताब्रह्मविद्याकूंश्रवणकरिकै संतोषकूंप्राप्तहोताभया ॥ और ताब्रह्मविद्याके श्रवण

कालोंविषे मनवाणीकाविषयरूपकरिकेप्रसिद्ध जितनेकीस्थूलसूक्ष्मपदार्थ हैं॥तेसंपूर्णपदार्थ मायाविशिष्टपरमात्मास्वरूपहैं॥और मनवाणी काअविषय जोशुद्धचैतन्यहै॥सो सत्यरूपहीहै॥याप्रकारकेवचनोंकूंकथनकरणेहारे जेआस्तिकपुरुषहैं॥ तिनआस्तिकपुरुषों के मतकापरित्यागकरिके जेबहिर्मुखपुरुष वेदबाह्यनास्तिकों केमतविषेश्रद्धाकरे हैं ॥ तिन बहिर्मुखपुरुषोंकूं आत्माकेवास्तवस्वरूपकासाक्षात्कारहोवै नहीं॥यातैं आत्मसाक्षात्कारकीइच्छावालेपुरुषनैं तिननास्तिकों केमतकापरित्यागकरिके तिनआस्तिकपुरुषोंकेमतविषेहीश्रद्धाकरणी ॥ हेनचिकेता॥यद्यपि यहआत्मादेव सत्वरूपधर्मतैंरहितहै॥यातैं सत्‌शब्दकरिकेभी कथनकऱ्याजावैनहीं ॥ और यहआत्मादेव सर्वजगत्‌के व्यवहारकूंसिद्धकरै है॥यातैं असतशब्दकरिकेभी कथन कऱ्याजावैनहीं ॥ तथापि ताआत्मादेवकेदर्शनविषे शास्त्रवेत्तापुरुषोंनैं याप्रकार काक्रम कथनकऱ्याहै॥यहअधिकारीपुरुष प्रथमताआत्मादेवकूं जगत्‌कीकारणतारूप सत्वरूपकरिकेदेखै ॥तिसतैंअनंतर यहअधिकारीपुरुष तिसीआत्मादेवकूं तत्वभावरूप शुद्धस्वरूपकरिकेदेखै ॥ इसप्रकार जोअधिकारीपुरुष ताआत्मादेवकूं अस्तिरूपकरिके तथातत्वभावरूपकरिके देखैहै ॥ तिसअधिकारीपुरुषकेअंतःकरणविषे ताअस्तिरूपआत्माका तत्वभावरूपशुद्धस्वरूप आविर्भावहोवै है ॥ हेनचिकेता॥निरतिशयप्रीतिका विषयहोणेतैं परमआनंदस्वरूप जोआत्मादेवहै ताआत्मादेवविषे अस्तिरूपताहीहै॥नास्तिरूपता कदाचित्‌भी नहीं है॥ यातैं ताआत्मादेवविषे जोअस्तिरूपताहै ॥ साअस्तिरूपता तातत्वभावतैंभिन्ननहींहै ॥ किंतु साअस्तिरूपता तत्वभावरूपही है ॥ हेनचिकेता ॥ जोआत्मादेव नास्तिरूपताकूंभी सिद्धकरैहै ॥ ताआत्मादेवकूं नास्तिरूपकहणा संभवैनहीं ॥और यहसंपूर्णदृश्यप्रपंच जडरूपहै ॥ यातैं तादृश्यप्रपंचकी स्वतःसिद्धिहोवैनहीं ॥ किंतु ताद्रष्टाआत्माकेअनुग्रहतैंही ताजडप्रपंचकोसिद्धिहोवैहै ॥ ऐसासर्वप्रपंचकूंसत्तादेणेहारा यहअस्तिरूपआत्मादेव गौणअस्तिरूपताकरिके सिद्धहोवैनहीं ॥ किंतु सोआत्मादेवही मुख्यअस्तिरूपहै ॥ ताआत्मादेवकेअस्तिरूपताकूंअंगीकारकरिकेही दूसरेअनात्मपदार्थ अस्तिरूपकरिकेप्रतीतहोवै हैं ॥ जैसे गुडकेमधुरताकूंअंगीकारकरिकेही चणकादिकअन्न मधुरप्रतीतहोवै हैं ॥ हेनचिकेता ॥ यालोकविषे जिसपुरुषका जैसावास्तवस्वरूपहोवै है ॥ तिसपुरुष कूं तिसी

५४

वास्तवस्वरूपकरिके जोपुरुष देखेहै तथा कथनकरेहै ॥ तिसपुरुषऊपर सोपुरुष प्रसन्नहोवैहै ॥ जैसे महाराजाकूं जो पुरुष महाराजारूपकरिकेदेखे है तथा कथनकरे है ॥ तिसपुरुषऊपर सोमहाराजा प्रसन्नहोवै है ॥ तथा तापुरुषकूं सोमहाराजा सुखकोप्राप्तिकरे है ॥ तैसे अस्तिरूपआत्मादेवकूं जोपुरुष अस्तिरूपकरिकेदेखे है ॥ तथा अस्तिरूपकरिकेकथनकरे है ॥ तिसपुरुषऊपर यहआत्मादेव प्रसन्न होवै है ॥ तथा ॥ तापुरुषकूं यहआत्मादेव मोक्षरूपनित्यसुखकोप्राप्तिकरे है ॥ और जैसे तामहाराजाकूं जो मूढपुरुषकूं महाराजारूप करिके नहीं देखे है ॥ तथा महाराजारूपकरिके नहींकथनकरे है ॥ किंतु तामहाराजाकूं भृत्यरूपकरिकेदेखे है ॥ तथा भृत्यरूपकरिके कथनकरे है ॥ तिसपुरुषऊपर सोमहाराजा प्रसन्नहोवैनहीं ॥ किंतु उलटा सोमहाराजा क्रोधवान्होइके तामूढपुरुषकूं दुःखकोहोप्राप्ति करे है ॥ तैसे अस्तिरूप याआत्मादेवकूं जोमूढपुरुष अस्तिरूपकरिके नहींदेखे है ॥ तथा अस्ति रूपकरिके नहींकथनकरेहै ॥ किंतु याआत्मादेवकूं नास्तिरूपकरिकेदेखे है ॥ तथा नास्तिरूपकरिके कथनकरे है ॥ तिसमूढपुरुषऊपर यहआत्मादेव प्रसन्नहोवैनहीं ॥ किंतु उलटा यहआत्मादेव ताविपरीतदर्शीपुरुषकूं जन्ममरणादिकदुःखोंकोहीप्राप्तिकरैहै ॥ यातैं जिसअधिकारीपुरुषकूं सुखकेप्राप्तिकी इच्छाहोवै ॥ तिसअधिकारीपुरुषनैं याआत्मादेवकूंअस्तिरूपकरिकेही जानणा ॥ तथा अस्तिरूपकरिकेही कथनकरणा ॥ और हमअधिकारीजनों केप्रति शास्त्रवेत्ताविद्वान्पुरुषों नैं प्रथम आत्माकेअस्तिरूपकाउपदेशकरिके पश्चात् ताआत्माकेतत्त्वभावकाउपदेशकऱ्या है ॥ यातैं तातत्त्वभावरूपकरिकेदेख्याहुआ यहआत्मादेव हमअधिकारीजनोंऊपर अवश्यप्रसन्नहोवैगा ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ तातत्त्वभावरूपकरिके याआत्मादेवकेदर्शनतैं याअधिकारीपुरुषोंकूं किसफलकोप्राप्तिहोवै है ॥ समाधान ॥ हेनचिकेता ॥ याजीवकेहृदय विषेस्थितजेकामहैं ॥ तेसंपूर्णकाम जिसकालविषेनिवृत्तहोवै हैं ॥ तिस कालविषे यहजीव अमृतभावकूंप्राप्तहोवै है ॥ तथा इसीशरीरविषे ब्रह्मरूपनित्यसुखकूंअनुभवकरे है ॥ यहही तातत्त्वदर्शनकाफलहै ॥ अब याहीअर्थकूंस्पष्टकरिकेनिरूपणकरेहैं ॥ हेनचिकेता ॥ याजीवों केहृदयविषेस्थित जोइसलोककेविषयजन्यसुखोंकारागहै ॥ तथा स्वर्गादिकलोकों केविषयजन्यसुखोंकारागहै ॥ तिसरागकानाम काम

है ॥ ऐसेरागरूपकामोंकूं तत्वभावरूपकरिकेदेख्याहुआयहआत्मादेव आपणीसौंदर्यतातैंनाशकरे है ॥ तहांदृष्टांत ॥ जैसे रूपयौवनअवस्थाकरिकेयुक्त कामिनी आपणीसौंदर्यतातैं कामीपुरुषों के अन्यस्त्रीविषेरागकूं नाशकरै है ॥ और जैसे अग्निविषेतपायाहुआ जोसुगंधिवालानवीनगौकाघृतहै ॥ सोगौकाघृत आपणीसौंदर्यताकरिके यापुरुषों के तैलविषेरागकूं नाशकरै है ॥ तैसे तत्वभावरूपकरिकेदेख्याहुआ यहआनंदस्वरूपस्वयंज्योति आत्मादेवभी आपणीसौंदर्यतातैं याजीवों के विषयसुखविषेरागकूं शीघ्रही नाशकरै है ॥ हेनचिकेता ॥ याजीवोंका जोविषयजन्य सुखविषेरागरूपकामहै ॥ सोकामही याजीवोंकामरणहै ॥ और ताकामरूपमरणकूंअंगीकारकरिकेही याजीवोंकूं शास्त्रविषे मर्त्येयानामकरिकैकथनकरे हैं ॥ तारागरूपकामकेनिवृत्तहुए यहजीव मर्त्यभावकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ किंतु जीवत अवस्थाविषेही सोपुरुष अमरभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ हेनचिकेता ॥ शास्त्रकेतात्पर्यकूंजानणेहारे विद्वान्पुरुष यास्थूलशरीरकेनाशकूं मरणकहैनहीं ॥ किंतु सर्वदुःखोंकीप्राप्तिकरणेहारा जोयहरागरूपकामहै ॥ ताकामकूंही तेविद्वान्पुरुष मरणकहै हैं ॥ ताकामरूपमरणकेनिवृत्तहुएतैं अनंतर अमरभावकूंप्राप्तहुआयहपुरुष सर्वदुःखों तैंरहितजीवनकूं किसवासतेनहींप्राप्तहोवैगा ॥ किंतु ताजीवनकूं अवश्यप्राप्तहोवैगा ॥ और हेनचिकेता ॥ आनंदस्वरूपआत्माकेसाक्षात्कारहुए यहअधिकारीपुरुष किसवासतेब्रह्मरूपनहींहोवैगा ॥ किंतु आत्मसाक्षात्कारकेहुए यहअधिकारीपुरुष ब्रह्मरूपअवश्यहोवै है॥और सोब्रह्म सर्वदुःखों तैंरहितहै ॥यातैं ताब्रह्मकेसाथ अभेदभावकूं प्राप्तहुआयहजीवात्माभी सर्वदुःखोंतैंरहितहोवै है ॥ और हेनचिकेता ॥ याजीवतकालविषे याआनंदस्वरूपआत्माका जोसाक्षात्कारहै ॥ सोसाक्षात्कारही ताब्रह्मकीप्राप्तिहै ॥ और अन्यवस्तुकेज्ञानकरिके अन्यवस्तुकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ यातैं यहआत्मादेव ताब्रह्मतैंभिन्ननहीं है॥ किंतु यहआत्मादेव ब्रह्मरूपही है ॥ और जोकदाचित् सोब्रह्म आत्मातैंभिन्नहोवैगा ॥ तौ एकमेवाद्वितीयंब्रह्म याश्रुतिविषे जोब्रह्मकीअद्वितीयरूपताकथनकरीहै ॥ सो असंगतहोवैगी ॥ यातैं सोब्रह्म आत्मारूपही है ॥ और हेनचिकेता ॥ भावअभावतैंरहित तथासर्वभेदतैं रहित ऐसाजोयहस्वयंज्योतिआनंदस्वरूपआत्माहै ॥ ताआनंदस्वरूपआत्मादेवकूं यहअधिकारीपुरुषजभी याशरीरविषेसाक्षात्कारकरैहै

तभी याअधिकारीपुरुषकूं सोअद्वितीयब्रह्म प्राप्तनहींभयाहै याप्रकारकेवचनकहणेविषे कौनपुरुष समर्थहोवैगा ॥किंतु कोईभीआस्तिकपुरुष तावचनकेकहणेविषे समर्थनहींहोवैगा ॥ यातें यहअर्थ सिद्धभया॥याअधिकारीपुरुषकूं जभी आत्माकेसाक्षात्कारकरिके सर्वकामोंकी निवृत्तिहोवैहै ॥ तभी यहअधिकारीपुरुष इसोशरीरविषेब्रह्मरूपआत्माकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तथा सर्वदुःखों तैं रहित अमृतभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और हेनचिकेता ॥ जिनअधिकारीपुरुषोंकूं मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकाआत्मज्ञान प्राप्तभयाहै ॥ तिनपुरुषोंके संपूर्णसंशय तथाविपर्यय नाशकूंप्राप्तहोवै हैं ॥ याकारणतैं याअधिकारीपुरुषोंनैं ताआत्मज्ञानकूं अवश्यसंपादनकारणा ॥ अब तिनकुतर्करूप संशयविपर्ययोंकानिरूपणकरैहैं ॥ यालोकविषे कोईब्रह्महैनहीं ॥ काहेतें जोकोईब्रह्म सत्यहोता ॥ तौहमारेकूंप्रतीतहोता ॥ और हमारेकूं सोब्रह्मप्रतीतहोतानहीं ॥ यातें सोब्रह्म हैनहीं ॥ किंवा ॥ जोकदाचित् सोब्रह्म प्रसिद्धभीहोवै ॥ तौभी सर्वधर्मोंतैंरहितसोनिर्गुणब्रह्मरूप मैंकर्ताभोक्ताजीव किसप्रकारहोवैगा ॥ किंतु मैंब्रह्मरूप नहींहूं ॥ इसतैंआदिलेकेअनेक प्रकारके संशय विपर्यय याअज्ञानीजीवोंकेहृदयविषे उत्पन्नहोवै हैं ॥ हेनचिकेता ॥ गुरुशास्त्रकेअनुग्रहतैं जिसक्षणविषे याअधिकारीपुरुषोंके तेसंशयविपर्ययरूपहृदयग्रंथियां नाशकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तिसीक्षणविषे सोअधिकारीपुरुष ताअद्वितीयब्रह्मकूं आपणाआत्मारूपकरिके प्राप्तहोवैहै ॥ जैसे जिसक्षणविषे सूर्यकाउदयहोवैहै॥ तिसीक्षणविषे अंधकारकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ और याअधिकारीपुरुषों नैं गुरुशास्त्रकेउपदेशकरिकैभी यहजीवब्रह्मकाअभेदही जानणेयोग्यहै ॥ इसतैंपरेकोईवस्तु जानणेयोग्यनहीं है ॥ और हेनचिकेता ॥ याप्रकारकेविचारकरिके जिनपुरुषोंकूं आत्माकासाक्षात्कार नहींप्राप्तभयाहै ॥ तिनपुरुषोंकी दोप्रकारकीगति शास्त्रविषेकथनकरीहै ॥ तहां एकतो उपासनाकरिके ब्रह्मलोककीप्राप्ति ॥ और दूसरा कर्मोंकरिकैस्वर्गादिकलोकोंकीप्राप्ति ॥ यह दोनोंप्रकारकीगति जिननाडीरूपद्वारोंकरिकैहोवैहै ॥ तिननाडीरूपद्वारोंकूं तूं श्रवणकर ॥ हेनचिकेता ॥ याहृदयरूपमूलतैं एकऊपरएकशत १०१ प्रधाननाडियां निकसे हैं ॥ तिनसर्वनाडियोंविषे एकसुषुम्नानामानाडीमूर्द्धद्वारकूंभेदनकरिके सूर्यमंडलद्वारा

इंद्रदेवता जोवर्षाकरैहै ॥ सोभी तापरमात्मादेवकीभयतैंहीकरैहै ॥ और यालोकविषे यहवायु जोचलायमानहोवैहै ॥ सोभी तापरमात्मा देवकीभयतैंही चलायमानहोवैहै ॥ और सूर्य अग्नि इंद्र वायु याचारोंकीअपेक्षाकरिके पंचमाजोमैंमृत्युहूं ॥ सोमैंमृत्यु जोजीवोंकेशरीरतैंप्राणोंकूंहरणकरताहूं सोभी तापरमात्मादेवकीभयतैंही करताहूं ॥ तात्पर्ययह ॥ सूर्य अग्नि इंद्र वायु यमराजा इत्यादिकमहान्देवता भी जभी तापरमात्मादेवतैं भयकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ तभी दूसरेजीव तापरमात्मादेवतैंभयकूंप्राप्तहोवैहैं याकेविषेक्याकहणाहै ॥ हेनचिकेता॥ ताभयकेनिवृत्तिकाउपाय एकआत्मज्ञानहीं है ॥ आत्मज्ञानतैंविना दूसराकोईउपाय ताभयकेनिवृत्तिकाहैनहीं ॥ यातैं जिसअधिकारी पुरुषकूं तामृत्युतैंभयहोताहोवै ॥ तिसअधिकारीपुरुषनैं इसीजन्मविषे ताआत्मसाक्षात्कारकूंसंपादनकरणा ॥ यहवार्ता अन्यशास्त्रविषे भीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ मृत्योर्बिभेषिकिंमूढ भीतंमुंचतिकिंयमः ॥ अजातंनैवगृह्णाति कुरुयत्नमजन्मनि ॥ अर्थयह ॥ हेमूढपुरुष तूं मृत्युतैंभय किसवासतैकरताहै ॥ भयकरणेहारेपुरुषकूं सोयमराजा क्याछोडिदेवैगा ॥ किंतु नहींछोडेगा ॥ काहेतैं याजगत्विषे जिसजीवकाजन्महोवैहै ॥ तिसजीवकूं सोयमराजा कदाचित्भीनहींछोडता ॥ और याजगत्विषे जिसजीवकाजन्मनहींहोवैहै ॥ तिसजीवकूं सोयमराजा ग्रहणकरतानहीं॥यातैं जोतुमारेकूं तामृत्युतैंभयहोताहोवै॥तौ तूं ऐसायत्नकरजिसकरिके तुमारेकूं पुनः जन्मकीप्राप्तिनहींहोवै॥१॥ हेनचिकेता ॥ याभारतखंडविषे अधिकारीमनुष्यशरीरकूंप्राप्तहोइकेभी जिनपुरुषोंकूं याशरीरकेमरणतैंपूर्व आत्माकासाक्षात्कार नहींप्राप्त भया ॥ तेअज्ञानीपुरुष आपणेपुण्यपापकर्मोंकेअनुसार भूमिआदिकसर्वशुभअशुभलोकोंविषे नानाप्रकारकेऊंचनीचशरीरोंकूंप्राप्तहोवैं है॥ कैसेहैंतेसर्वशरीर ॥ मृत्युकेभयकरिकेयुक्तहैं तथा अनेकप्रकारकेदुःखोंकरिकेयुक्तहैं ॥ और हेनचिकेता ॥ जैसे शुद्धदर्पणविषे यहमुख स्पष्टप्रतीतहोवै है ॥ तैसे विवेकादिकचतुष्टयसाधनसंपन्न याअधिकारीशरीरविषे अंतर्मुखशुद्धबुद्धिविषे यहआत्मादेव स्पष्टप्रतीतहोवै है॥ और जैसे स्वप्नअवस्थाविषे याजीवोंकूं आपणेआत्माकास्वरूप स्पष्टप्रतीतहोवैनहीं ॥ तैसे स्वर्गलोकविषे रमणीकभोगों के आसक्तिवाली बुद्धिविषे यहआत्मादेव स्पष्टप्रतीतहोवैनहीं ॥ और हेनचिकेता ॥ जैसे वास्तवतैं कंपादिकधर्मोंतैंरहित जोमुखहै॥सोमुख कंपायमानजल

विषे कंपादिकविपरीतधर्मवालाहुआप्रतीतहोवे है ॥ तैसे गंधर्वलोकविषेभी भोगासक्तपुरुषोंकूं यहआत्मादेव विपरीतरूपकरिकेही प्रतीत होवे है ॥ इसप्रकार दूसरेलोकोंविषेभी यहआत्मादेव यथार्थरूपकरिके प्रतीतहोवैनहीं ॥ हेनचिकेता ॥ तिनगंधर्वादिकलोकोंविषे रहणे हारेपुरुष विषयभोगोंविषे अत्यंतआसक्तहोवे हैं ॥ यातें तिनपुरुषोंकूं जोकदाचित् आत्माकाज्ञान होवैभीहै ॥ तोभी विषयासक्तिरूप प्रतिबंधककेवशतें सोज्ञान आत्माकेवास्तवस्वरूपकूं विषयकरैनहीं ॥ याकारणतें ताज्ञानकरिके तिनपुरुषोंके अविद्याकीनिवृत्तिहोवैनहीं॥ यातें स्वर्गादिकलोकोंविषे आत्मज्ञानकेप्राप्तिकोइच्छाकरिके याअधिकारीपुरुषोंनें इहां पुरुषार्थ तैंरहितनहींहोणा ॥ और हेनचिकेता ॥ जैसे छाया तथाआतप यहदोनों भिन्नभिन्नहोइकेप्रतीतहोवे हैं ॥ तैसे ब्रह्मलोकविषे यद्यपि याजीवोंकूं सोआत्मादेव देहादिकोतैंभिन्नरूप करिके स्पष्टप्रतीतहोवे है ॥ तथापि सोब्रह्मलोक बहुतकालपर्यन्त उपासनाकरिके याजीवोंकूं प्राप्तहोवे है ॥ याकारणतें सो ब्रह्मलोक अत्यंतदुर्लभहै ॥ यातें ताब्रह्मलोकविषे आत्मज्ञानकेप्राप्तिकोइच्छाकरिके याअधिकारीपुरुषों नें इहां आत्मज्ञानकेयत्नकूं शिथिलनहींकरणा ॥ किंतु जिसपुरुषकूं मोक्षरूपसुखकीइच्छाहोवे ॥ तिसपुरुषनें याभारतखंडविषेगुरुशास्त्रादिकसाधनसंपन्न या अधिकारीमनुष्यशरीरविषेही आत्माकेसाक्षात्कारकूंसंपादनकरणा॥हेनचिकेता॥ताआत्मसाक्षात्कारकोप्राप्तिविषे दोप्रकारकेसाधनहोवे हैं तहां एकतो विचाररूपसांख्य साधनहै ॥ और दूसरा इंद्रियादिकोंकानिग्रहरूपयोग साधनहै ॥ तहां प्रथम तासांख्यसाधनकूं तूं श्रवण कर ॥ आकाशादिकपंचभूतों तैं भिन्नभिन्नकरिकेउत्पन्नभयेजे आपणेआपणेव्यापारसहित श्रोत्रादिकइंद्रियहैं ॥ तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं जोचैतन्य आपणेस्वरूपतैं तथापरस्पर भिन्नकरिकेजानै है सोबुद्धिकासाक्षीरूपचैतन्य याअधिकारीपुरुषोंकूं आपणाआत्मारूपकरिके जा नणेयोग्यहै ॥ और जे अधिकारीपुरुष ताचैतन्यरूपसाक्षीकूंही आपणाआत्मारूपकरिकेमाने हैं ॥ तथा सर्वदृश्यप्रपंचकूं ताआत्माविषे कल्पितमाने हैं ॥ ते अधिकारीपुरुषही सर्वशोकों तैंरहितहोवे हैं ॥ ते अधिकारीपुरुषही शास्त्रकेतात्पर्यजानणेहारेविद्वान्‌हैं ॥ और हेनचि केता ॥ पूर्वहमनें तुमारेप्रति जोआत्मादेव कारणतैंरहित अजरूपकरिकेकथनकन्याथा॥सोपरमात्मादेव श्रोत्रादिकपंचज्ञानइंद्रियों तैं तथा

तिनोंकेज्ञानरूपव्यापारों तैं परे साक्षीरूपकरिकेस्थितहे ॥ तथा सोईहीआत्मादेव वाकादिकपंचकर्मइंद्रियों तैं तथा तिनोंकेक्रियारूपव्यापारोंतैं परे साक्षीरूपकरिकेस्थितहे ॥ अब याहीअर्थकूं स्पष्टकरिकेनिरूपणकरे हैं॥हेनचिकेता ॥विशेषरूपवालेश्रोत्रादिकइंद्रियोंतैं सामान्यरूपवालामन परहे ॥ और तासविकल्परूपमनतैं निर्विकल्परूपबुद्धि परहे ॥ और तानिर्विकल्परूपव्यष्टिबुद्धितैं समष्टिबुद्धि परहे ॥ और तासमष्टिबुद्धितैं अव्याकृत परहे ॥ और ताअव्याकृततैं सर्वांतर्यामीपुरुष परहे ॥ कैसाहैसोअंतर्यामीपुरुष ॥ स्थूलप्रपंचरूपकार्यतैंरहितहे ॥ तथा सूक्ष्मप्रपंचरूपकारणतैंरहितहे ॥ और जिसपरमात्मादेवकूं आपणाआत्मारूपजानिके यहअधिकारीपुरुष मोक्षकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ तथा अमृतभावकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ हेनचिकेता ॥ यापरमात्मादेवविषे कार्यसहितअविद्याकीनाशरूपताहे ॥ याकारणतैं शास्त्रवेत्तापुरुष यापरमात्मादेवकूं मोक्षरूपकहे हैं॥और यापरमात्मादेवविषे भासमानआनंदरूपताहे॥ याकारणतैंशास्त्रवेत्तापुरुष यापरमात्मादेवकूं अमृतरूपकहे हैं ॥ हेनचिकेता॥यद्यपि मोक्षशब्दकाअर्थ तथाअमृतशब्दकाअर्थ यहदोनोंपरस्पर अभिन्नहैं॥तथापि कार्यसहितअविद्याके नाशरूपनिमित्तकूं अंगीकारकरिके तथापरमानंदतारूपनिमित्तकूं अंगीकारकरिके तेविद्वान्पुरुष तामोक्षअमृतदोनोंका किंचित्कल्पित भेद अंगीकारकरे हैं॥इतनैंकरिके विचाररूपसांख्यउपायका वर्णनकऱ्या॥अब इंद्रियादिकोंकेनिरोधरूप योगसाधनकानिरूपणकरे हैं ॥ हे नचिकेता ॥ यास्वयंज्योतिआत्मादेवकास्वरूप नेत्रादिकइंद्रियजन्यज्ञानविषे विषयभावकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ याकारणतैं याआनंदस्वरूप आत्मादेवकूं कोईभीपुरुष नेत्रादिकइंद्रियोंकरिकेदेखिसकैनहीं ॥ काहेतैं यालोकविषे जोपदार्थ रूपस्पर्शादिकगुणोंवालाहोवै है ॥ तापदार्थकूंही यहनेत्रादिकइंद्रिय ग्रहणकरैहैं रूपादिकगुणों तैं रहितपदार्थकूं यहनेत्रादिक इंद्रिय ग्रहणकरैंनहीं ॥ और यहआनंदस्वरूपआत्मा भी रूपस्पर्शादिकगुणोंतैंरहित निर्गुणस्वरूपहे ॥ यातैं यानिर्गुणआत्मादेवकूं तेनेत्रादिकइंद्रिय ग्रहण करिसकैनहीं ॥ यहवार्ता पूर्वहम नैं तुमारेप्रति कथनकरीहे ॥ यातैं यहअधिकारीपुरुष तिननेत्रादिकइंद्रियोंकेनिरोधरूपयोगकरिके तापरमात्मादेवकूं आपणाआत्मारूप करिके साक्षात्कारकरे ॥ कैसाहेसोयोग॥ संकल्पसहितमनकूंवशकरणेहारी जोअंतर्मुखशुद्धबुद्धिहे ॥ ताशुद्धबुद्धिकरिके याआनंदस्वरूप

आत्माविषे किंचित्मात्रभी दृश्यपदार्थका नसंकल्पकरिके जायोगकीउत्पत्तिहोवे है ॥ ऐसे योगरूपउपायकरिके जेअधिकारीपुरुष ताआ नंदस्वरूपआत्माकूं साक्षात्कारकरेहैं॥तेअधिकारीपुरुषही अमृतभावकूंप्राप्तहोवे हैं ॥हेनचिकेता॥जिसकालविषे याअधिकारीपुरुषों के श्रो त्रादिकपंचज्ञानइंद्रिय तथामनबुद्धि आपणेचंचलताकूंछोडिके निश्चल भावकूंप्राप्तहोवे हैं ॥तिसकालविषे तिनों केनिश्चलताकूं विद्वान्पुरुष परमगति यानामकरिकेकथनकरे हैं ॥ हेनचिकेता ॥ मनबुद्धि इंद्रियोंकी जोनिरंतरएकाग्रताहै॥ ताएकाग्रतारूपअवस्थाकीप्राप्तिकेसमान कोईदूसरीअधिकगतिनहीं है ॥ किंतु ताएकाग्रतारूपअवस्थाकरिके याअधिकारीपुरुषोंकूं स्वयंज्योतिआत्माकासाक्षात्कारहोवैहै ॥ जिस आत्मसाक्षात्कारकरिके यहअधिकारीपुरुष किंचित्मात्रभीसंसारदुःखकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ याकारणतें सामनबुद्धिइंद्रियोंकीएकाग्रताही पर मगतिरूपहै ॥ हेनचिकेता ॥ नानाप्रकारकेविघ्नोंकरिकेभी नहींचलायमानभई जोमनबुद्धिइंद्रियोंकीएकाग्रतारूपधारणाहै ॥ ताधारणाकूं विवेकीपुरुष योग यानामकरिकेकथनकरेहैं ॥ और सोयोगही ब्रह्मभावकीप्राप्तिद्वारा याजगत्केउत्पत्तिसंहारकरणेकीसामर्थ्यरूप ऐश्वर्य केप्राप्तिकाकारणहै ॥ यातें तायोगकेप्राप्तिवास्तें तूं प्रमादतेंरहितहोइके सावधानहो ॥ और हेनचिकेता ॥ मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारका जोजीवब्रह्मकाअभेद ज्ञानरूपयोगहै ॥ सोयोग ताइंद्रियोंकीएकाग्रतारूपधारणातेंविनाहोवैनहीं॥तथा कामसंकल्पादिकचित्तकेवृत्तियोंकी उत्पत्तिरूपप्रमादकेविद्यमानहुएभी सोयोग प्राप्तहोवैनहीं ॥ यातें जोअधिकारीपुरुष तिनमनबुद्धिसहितइंद्रियोंकेनिरोधकरिके तथाप्रमाद तेंरहितहोइके ताअभेदज्ञानरूपयोगकूंप्राप्तहोवैहै॥ सोअधिकारीपुरुष परमेश्वरकीन्याई याजगत्केउत्पत्तिसंहारकरणेविषेभीसमर्थहोवैहै ॥ हेनचिकेता ॥ तायोगरूपउपायतेंविना यहआत्मादेव मनवाणीकरिके तथा श्रोत्रादिकइंद्रियोंकरिके प्राप्तहोइसकेनहीं ॥ किंतु ताएकयो गरूपउपायकरिकेही यहआत्मादेव प्राप्तहोवैहै ॥ हेनचिकेता ॥ यहआनंदस्वरूपआत्मा जैसे तायोगरूपउपायकरिके प्राप्तहोवैहै ॥ तैसे श्रद्धारूपउपायकरिकेभी यहआत्मादेव प्राप्तहोवैहै ॥ तहां वेदबाह्यनास्तिकोंकेविकल्पोंकापरित्यागकरिके सद्गुरुशास्त्रकेउपदेशविषे विश्वासराखिके जोआनंदस्वरूपआत्माकेसत्ताका निश्चयकरणाहै याकानाम श्रद्धाहै ॥ हेनचिकेता ॥ भूत भविष्यत् वर्त्तमान यातीन

तरही प्रतीतहोवैहे ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ जोपदार्थ अप्रकाशमानहोवैहे ॥ सोपदार्थही आपणेप्रकाशवासते दूसरेप्रकाशकीअपेक्षाकरे
हे ॥ जैसे घटादिकपदार्थ अप्रकाशमानहैं ॥ यातैं तेघटादिक आपणेप्रकाशवासते सूर्यादिकप्रकाशोंकोअपेक्षाकरे हैं ॥ और यहसूर्या
दिकतेजतो आपहीप्रकाशरूपहे ॥ यातैं तिनसूर्यादिकतेजोंकूं दूसरेकिसीप्रकाशकोअपेक्षासंभवैनहीं ॥ समाधान ॥ हेनचिकेता ॥ एक
प्रकाशकूं दूसरेप्रकाशकीअपेक्षानहींहोवैहे ॥ याप्रकारकानियम सर्वत्रसंभवैनहीं ॥ काहेतैं जैसे तेजरूपजोचक्षुइंद्रियहे ॥ सोचक्षुइंद्रिय
सूर्यरूपतेजकीअपेक्षाकरिकेही घटादिकपदार्थोंकूंप्रकाशकरैहे ॥ तैसे यहसूर्यादिकतेजभी तास्वयंज्योतिआत्माकीअपेक्षाकरिकेही पदा
र्थोंकूंप्रकाशकरै हैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जडतेजरूपकरिके सूर्यकेसमानजातिवालाजोचक्षुइंद्रियहे ॥ सोचक्षुइंद्रियभी जभी घटादिकपदार्थों
केप्रकाशकरणे वासते सूर्यादिरूपजडतेजकोअपेक्षाकरे हे ॥ तभी जडरूपकरिके चेतन्यआत्मातैंविलक्षण जेसूर्यादिकतेजहैं ॥ तेसूर्या
दिकजडतेज आपणेव्यवहारकीसिद्धिवासते चेतन्यरूपप्रकाशकीअपेक्षाकरैहैं याकेविषेक्याकहणाहे ॥ इतनेंकरिके ताअद्वितीयआत्मारू
पब्रह्म विषे स्वयंज्योतिरूपता निरूपणकरी ॥ अब तिसीस्वयंज्योतिब्रह्मकूं यासंसारका मूलकारणरूपकरिके वर्णनकरे हैं ॥ हेनचिके
ता जोसंसाररूप यहस्थूलशरीर पूर्वहमनें तुमारेप्रति एकादशद्वारवालापुररूपकरिकेवर्णनकऱ्याथा ॥ तिसीस्थूलशरीरकूं कोईकवेदवे
त्तामहात्मापुरुष अश्वत्थवृक्षरूपकरिकेवर्णनकरैहैं ॥ हेनचिकेता ॥ पूर्वहमनें तुमारेप्रति जोब्रह्म जगत्‌काकारणरूपकरिके तथा स्वयं
ज्योतिआनंदस्वरूपकरिके तथामोक्षरूपकरिके वर्णनकऱ्याथा ॥ सोईहीब्रह्म याशरीररूपअश्वत्थवृक्षका मूलरूपहे ॥ हेनचिकेता ॥ जो
वस्तु दूसरेदिनविषेस्थितनहींहोवे तावस्तुकानाम अश्वत्थहे ॥ सोयाप्रकारका अश्वत्थशब्दकाअर्थ याशरीरविषेभीघटैहे ॥ काहेतैं या
शरीरके एकक्षणपर्यंतस्थितिविषेभी बुद्धिमान्पुरुषोंकूं विश्वासहोवैनहीं ॥ तो दूसरेदिनपर्यंत यहशरीर स्थिररहेगा याकेविषे तिनबुद्धि
मानपुरुषोंकूं किसप्रकार विश्वासहोवैगा ॥ याकारणतें श्रुतिभगवती यास्थूलशरीरकूं अश्वत्थ यानामकरिके कथनकरे हैं ॥ हेनचिके
ता ॥ याशरीररूपवृक्षकामूलरूप जोकारणब्रह्महे ॥ ताकारणब्रह्मरूपमूलकोअपेक्षाकरिके याशरीररूपअश्वत्थवृक्षकीशाखा नीचेहोवैहैं ॥

तहां पुण्यपापकर्मरूपस्कंधोंतैं उत्पन्नभयेजेनानायोनियोंकेशरीरहैं ॥ तथा नेत्रादिकइंद्रियोंकेसाहित जे सूक्ष्मशरीरहैं ॥ यहसंपूर्ण ताशरीररूपअश्वत्थवृक्षकीशाखारूपहैं ॥ और हेनचिकेता ॥ जैसे यहलोकप्रसिद्धवटादिकवृक्ष यद्यपि स्वरूपतैंअनित्यहैं ॥ तथापि तिनवटादिकोंकेबीजतैंअंकुरहोवैहे ॥ और ताअंकुरतैंपुनःबीजहोवैहे ॥ ताबीजतैंपुनःअंकुरहोवैहे ॥ याप्रकार बीजअंकुरोंकेप्रवाहरूपकरिके तेवटादिकवृक्ष नित्यरूपहैं ॥ तैसे यहशरीररूपअश्वत्थवृक्षभी यद्यपि स्वरूपतैंअनित्यहीहे ॥ तथापि ताशरीरतैं पुण्यपापकर्मोंकीउत्पत्ति और तापुण्यपापकर्मोंतैं पुनःशरीरकीउत्पत्ति याप्रकारकेप्रवाहरूपकरिके यहशरीररूपअश्वत्थवृक्ष नित्यरूपही हे ॥ हेनचिकेता ॥ याशरीररूपअश्वत्थवृक्षका जोब्रह्मरूपमूलहे ॥ तिसीब्रह्मविषे यहसंपूर्णलोक स्थितहोवैहे ॥ और तिसीब्रह्मकूं कोईपुरुष उल्लंघनकरिसके नहीं ॥ ऐसेअधिष्ठानरूपब्रह्मकेज्ञानतैंही याशरीररूपअश्वत्थवृक्षकानाशहोवैहे ॥ और जोपूर्वतुमनैं धर्मअधर्मतैंरहितवस्तुपूछाथा॥ सोभी यहआनंदस्वरूपब्रह्महीं हे ॥ और हेनचिकेता ॥ यहसंपूर्णजगत् जिसकारणरूपपरमात्माविषेस्थितहोइके आपणेआपणेव्यापारविषे प्रवर्त्तहोवैहे ॥ और जिसपरमात्मादेवतैं यहसंपूर्णजगत् उत्पन्नहोवैहे ॥ सोईहीपरमात्मादेव मृत्युरूपहोइके यासर्वजगत्कासंहारकरैहे ॥ याकारणतैं इंद्रकेवज्रकीन्याई सोपरमात्मादेवही संपूर्णदेहाभिमानी जीवोंकेभयकाकारणहे ॥ ऐसेपरमात्मादेवकूं जेअधिकारीपुरुष आपणाआत्मारूपकरिके साक्षातकारकरैहैं ॥ तेअधिकारीपुरुषही मोक्षरूपअमृतभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ हेनचिकेता ॥ तापरमात्मादेवकूं आपणाआत्मारूप जाणिकरिके यहअधिकारीपुरुष अमृताभावकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ याकहणेका यहअभिप्रायहे ॥ जैसे यहअग्नि यद्यपि आपणेतैंभिन्नकाष्ठादिकपदार्थोंकूं दग्धकरैहे ॥ तथापि सोअग्नि आपणेकूंदग्धकरैनहीं ॥ तैसे सोपरमात्मादेव यद्यपि मृत्युरूपहोइके सर्वजगत्कूंनाशकरैहे ॥ तथापि आपणाआत्मारूप जेब्रह्मवेत्तापुरुषहे ॥ तिनब्रह्मवेत्तापुरुषोंकूं सोपरमात्मादेव नाशकरैनहीं ॥ याकारणतैं तेब्रह्मवेत्तापुरुष अमृतरूपहैं ॥ अब तापरमात्मादेवविषे सर्वलोकोंकेभयकोकारणता निरूपणकरैहैं ॥ हेनचिकेता ॥ यातीनलोकोंविषे यहसूर्यभगवान् तथा अग्नि जोप्रकाशकरैहैं ॥ तथा तपतकरैहैं ॥ सोभी तापरमात्मादेवकीभयतैंहीकरैहैं ॥ और यालोकविषे

कऱ्याथा ॥ तैसे इसकल्पविषेभी सूर्य चंद्रमा स्वर्ग पृथ्वी अंतरिक्ष इसतैंआदिलैके जितनाकोभूतभौतिकजगत्‌है ॥ तासंपूर्णजगत्‌कूं सो परमात्मादेव उत्पन्नकरताभया ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार सोपरमात्मादेव स्थावरजंगमरूपसर्वजगत्‌कूंउत्पन्नकरिके आपही जीवरूपकरिके ताजगत्‌विषेप्रवेशकरताभया ॥ हेशिष्य ॥ ब्रह्मविदाप्नोतिपरं॥यासूत्ररूपश्रुतिविषे जिसब्रह्मकेज्ञानतैं पूर्व मोक्षकोप्राप्तिकथनकरीथी ॥ और ॥ सत्यंज्ञानमनंतंब्रह्म॥याश्रुतिविषे पूर्व जिसब्रह्मकास्वरूपलक्षण कथनकऱ्याथा सोईहीब्रह्म या स्थावरजंगमरूपजगत्‌कूं उत्पन्नकरिके ताजगत्‌विषे जीवरूपकरिकेप्रवेशकरताभया ॥ इसप्रकार ॥ सोएकहीपरमात्मादेव नानारूपकरिकेउत्पन्नहोताभया ॥ अब तिननानारूपोंकानिरूपणकरे हैं॥हेशिष्य॥सोपरमात्मादेवही सत्‌रूप तथात्यत्‌रूप होताभया॥इहां पृथ्वी जल तेज यह तीनभूत नेत्रादिकइंद्रियोंकेविषयहैं ॥याकारणतैं तिनपृथ्वीआदिकतीन भूतोंकूं श्रुतिभगवती सत् यानामकरिकेकथनकरे है॥और वायु आकाश यहदोनोंभूतनेत्रादिकइंद्रियों केअविषयहैं॥याकारणतैंतिनदोनोंभूतोंकूं श्रुतिभगवती त्यत् यानामकरिकेकथनकरे है ॥ और सोपरमात्मादेवहीनिरुक्तरूप तथाअनिरुक्तरूप होताभया॥इहां मनुष्यादिकजीवजिनआकाशादिकपंचभूतोंका तथा तिनभूतोंकेकार्यका नामरूपक्रियाकरिके निरूपणकरैहैं ॥ तिनभूतभौतिकपदार्थोंकानाम निरुक्तहै ॥ और मनुष्यादिकजीव जिनपदार्थोंका नामरूपक्रियाकरिके निरूपणनहींकरैहैं ॥ तिनपदार्थोंकानाम अनिरुक्तहै ॥ और सोपरमात्मादेव निलयनरूप तथाअनिलयनरूप होताभया ॥ इहां पृथिवीआदिकोंकेआश्रितरहनेहारे जेघटादिकपदार्थ हैं ॥ तिनोंकानाम निलयनहै ॥ और लोकविषे निराधाररूपकरिकेप्रसिद्ध जेआकाशादिकहैं ॥ तिनोंकानाम अनिलयन है ॥ और सोपरमात्मादेवही विज्ञानरूप तथाअविज्ञानरूप होताभया ॥ इहां लोकविषे चेतनरूपकरिकेप्रसिद्ध जेनेत्रादिकइंद्रियहैं तथाअंतःकरणहैं॥तिनोंकानाम विज्ञानहै॥और जडरूपकरिकेप्रसिद्ध जेघटपटादिकपदार्थ हैं॥तिनोंकानाम अविज्ञानहै ॥ औरसोपरमात्मादेवही सत्यरूप तथाअनृतरूप होताभया ॥ इहां व्यवहारकालविषे बाधतैंरहित जेभूमिघटादिकव्यावहारिकपदार्थ हैं ॥ तिनोंकानामसत्यहै ॥ और व्यवहारकालविषेहो बाध्यमान जेरज्जुसर्पादिकप्रातिभासिकपदार्थ हैं ॥ तिनोंकानाम अनृतहै ॥ आत्मज्ञानतैं और

ओरेजोकालहै ताकानाम व्यवहारकाल है ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार आस्तिरूपकरिकै तथानास्तिरूपकरिकै प्रसिद्ध जितनाकीयह विचित्रजगत् है ॥ तिसजगत्‌रूपकूं सोएकअद्वितीयब्रह्महीप्राप्तहोवे है ॥ हेशिष्य ॥ जैसे एकहीआकाश गंधर्वनगररूपकरिकै नानाभावकूंप्राप्तहोवे है ॥ तैसे एकहीअद्वितीयब्रह्म जगत्‌रूपकरिकै नानाभावकूंप्राप्तहोवे है॥ओर हेशिष्य॥सोसत्यरूपब्रह्मही पूर्व याजगत्‌रूपकरिकेउत्पन्नभयाहै ॥ याकारणतैं वास्तवतैंअसत्यरूपभीयहजगत् याचितमंडनन्यायकरिकै सत्यरूपहुआप्रतीतहोवे है॥तात्पर्ययह॥जैसे आपणे गृहकेभूषणवस्त्रादिकपदार्थोंतैंरहित जोकोई निर्धनपुरुषहै॥सोनिर्धनपुरुष दूसरेधनवान्‌पुरुषोंतैं भूषणवस्त्रादिकपदार्थमांगिकेआपणेगृहकी शोभाकरैहै ॥ याकानाम याचितमंडनन्यायहै॥ तैसे स्वभावतैं आपणीसत्तातैंरहित जोयहजगत्‌है सोयहजगत् ताअधिष्ठानब्रह्मकेसत्ताकूं अंगीकारकरिकैही सत्यरूपहोवे है॥शंका॥हेभगवन् याजगत्‌विषे आपणीहोसत्ता किसवास्तैनहींहोवे॥समाधान॥हेशिष्य॥भूत भविष्यत् वर्तमान यातीनकालोंविषे जोपदार्थ एकरसहोवे ॥ किसीकालविषेभी अन्यथाभावकूंनहींप्राप्तहोवे ॥ सोपदार्थ सत्यरूपहोवे है ॥ ऐसीसत्यरूपता उत्पत्तिनाशवान्‌याजगत्‌विषे कदाचित्‌भीसंभवैनहीं किंतु उत्पत्तिनाशतैंरहितब्रह्मविषेही सासत्यरूपता संभवे है ॥ ओर हेशिष्य ॥ जोपदार्थ जहांआदिकालविषे तथा अंत्यकालविषे नहींहोवैहै ॥ सोपदार्थ तहां मध्यकालविषेभीनहींहोवे है ॥ जैसे रज्जुविषे सर्प आदिकालविषेभीनहीं है ॥ तथा अंत्यकालविषेभीनहीं है ॥ याकारणतैं तारज्जुविषे सोसर्प मध्यकालविषेभीनहीं है ॥ तैसे ता अधिष्ठानब्रह्मविषे यहसंपूर्णजगत् आदिकालविषेभीनहीं है ॥ तथा अंतकालविषेभीनहीं है॥ऐसाजगत् मध्यकालविषे किसप्रकार सत्यहोवेगा ॥ किंतु यहस्थावरजंगमरूपसर्वजगत् मिथ्यारूपहोहै ॥ ऐसामिथ्यारूपयहजगत् तासत्यरूपअधिष्ठानब्रह्मकीसत्ताकूंअंगीकारकरिकैहो सत्यरूपहुआ प्रतीतहोवे है॥जैसे अग्निभावतैंरहित जोलोहकापिंडहै॥सो अग्निकेसंबंधतैं अग्निरूपताकूंप्राप्तहोवे है ॥तैसे अधिष्ठानसत्यब्रह्मके तादात्म्यसंबंधकूंप्राप्तहोइकै यहमिथ्याजगत्‌भी सत्यरूपहुआ प्रतीतहोवे है ॥ हे शिष्य ॥ याअर्थविषेभी तैतित्तिरीनामाब्राह्मण याप्रकारकामंत्ररूपश्लोक कथनकरे हैं ॥ असद्वाइदमग्रआसीत् ततोवैसदऽजायत तदात्मानंस्वयमकुरुत तस्मात्तत्सुकृतमुच्यते॥ अर्थयह

यहदृश्यमानजगत् आपणीउत्पत्तितैंपूर्व असत्रूपहोताभया ॥ ताअसत्तैं यहसत्जगत् उत्पन्नहोताभया ॥ और सोकारणब्रह्म आपणे आत्माकूंही प्रपंचरूपकरताभया ॥ याकारणतैं सोब्रह्म सुकृत यानामकरिकेकथनकरीताहे ॥१॥ अब याहीमंत्ररूपश्लोकके अर्थकूं स्पष्ट करिके निरूपणकरेंहैं ॥ हेशिष्य ॥ जैसे गंधर्वनगर आपणीउत्पत्तितैंपूर्व आकाशविषे असत्होवैहे ॥ तैसे यहजगत्भी आपणीउत्पत्तितैं पूर्व ताब्रह्मरूपआत्माविषे असत्होताभया ॥ हेशिष्य ॥ इहां असत्शब्दकरिके तुमनैं अत्यंताभावरूपशून्यका ग्रहणनहींकरणा॥किंतु ताअसत्शब्दकरिके तुमनैं अस्पष्टनामरूपवालेजगत्का ग्रहणकरणा ॥ यातैं ॥ असद्वाइदमग्रआसीत्॥याश्रुतिवचनतैं यहजगत् आपणी उत्पत्तितैंपूर्व अस्पष्टनामरूपवालाहोताभया याप्रकारकाअर्थ सिद्धहोवैहे ॥ तिसतैंअनंतर सृष्टिकालविषे सोअस्पष्टनामरूपवालाजगत् अस्पष्टनामरूपवाला होताभया ॥ और यहसंपूर्णजगत् ताकारणरूपब्रह्मकीसत्ताकरिकेही सत्यरूपहोवैहे ॥ स्वभावतैं यहजगत् सत्यरूपहैनहीं ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताब्रह्मकूं सुकृत यानामकरिकेकथनकरेहै ॥ और हे शिष्य ॥ यहजगत्केउत्पत्तिकाप्रकरण यद्यपि ताब्रह्मरूपआत्माकेसत्य रूपताकूं स्पष्टकरणेवासतेंही प्रवृत्तभयाहे ॥ तथापि ताप्रकरणकेअभिप्रायकूं नजाणिके केईकमंदबुद्धिपुरुष ॥ असद्वाइदमग्रआसीत् ॥ याश्रुतिवचननैं कारणकेअसत्यरूपताकूंही कथनकर्‍याहे याप्रकारकावचनकहे हैं ॥ जैसे वेदबाह्यनास्तिकपुरुष बीजकेप्रध्वंसाभावतैं अंकुरकीउत्पत्ति अंगीकारकरेहैं ॥ और कोईकअर्द्धवैनाशिकनैयायिकतो ॥ असद्वाइदमग्रआसीत् ॥ याश्रुति विषेस्थित जोकार्यप्रपंचका वाचकइदंशब्दहे ताइदंशब्दका असत्शब्दकेसाथ सामानाधिकरण्य कल्पनाकरिके याजगत्रूपकार्यकूंही उत्पत्तितैंपूर्व असत्कहेहैं ॥ और केईकमंदबुद्धिशून्यवादीतो ताश्रुतिविषेस्थितइदंशब्दकीअर्थरूपता कार्यकारण यादोनोंविषेमानिके तथाताइदं शब्दका असत्शब्दकेसाथ सामानाधिकरण्य कल्पनाकरिके कार्यकारणरूपसर्वजगत्कूं शून्यरूपमानैहैं ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार ॥ असद्वाइदमग्रआसीत् ॥ याश्रुतिके पूर्वउक्तयथार्थअर्थकूंनजाणिकरिके केईकमंदबुद्धिपुरुषतो कारणकूंही असत्यमानैहैं ॥ और केईकमंदबुद्धिपुरुषतो कार्यकूंही असत्यमाने हैं ॥ और कोईकमंदबुद्धिपुरुषतो कार्यकारण दोनोंकूंअसत्यमाने हैं ॥

तिनमंदबुद्धिपुरुषों तें यहपूछाचाहिये ॥ कारणादिकोंकूं जोतुम असत्मानतेहो ॥ सो केवलयुक्तियोंके बलतेंमानतेहो ॥ अथवा श्रुतिके बलतेंमानतेहो ॥ तहां केवलयुक्तियोंके बलतें तिनकारणादिकोंविषे असत्यरूपताहै यहप्रथमपक्ष जोतेवादी अंगीकारकरें सोसंभवेनहीं ॥ काहेतें याआत्मपुराणके अष्टमअध्यायकेआदिविषे प्रागभावादिकोंविषे कारणताकेखंडनप्रसंगविषे तिनबहिर्मुखवादियोंके नानाप्रकारकीयुक्तियोंकाखंडन हम विस्तारतेंकरिआये हैं ॥ यातें युक्तियोंके बलतें तिनकारणादिकोंविषे असत्यरूपतासिद्धहोवेनहीं ॥ और श्रुतिप्रमाणकेतेंबलतें तिनकारणादिकोंविषे असत्यरूपताहै यहदूसरापक्ष जोतेवादी अंगीकारकरें सोभीसंभवेनहीं॥काहेतें॥सत्यंज्ञान मनंतंब्रह्म ॥ याश्रुतिविषे ब्रह्मकूंसत्यरूपकहिके तिसीसत्यब्रह्मतें जगत्केउत्पत्तिकूंकथनकरनेहारा जोवेदभगवान्है ॥ सोवेदभगवान् ॥ असद्वाइदमग्रआसीत् ॥ याश्रुतिवचनकरिके ताकारणरूपसत्यब्रह्मकूं असत्यरूप किसप्रकारकहेगा ॥ किंतु नहींकहेगा ॥ और जोकदाचित् सोवेदभगवान् प्रथम ताकारणकूंसत्यरूपकहिके पश्चात् तिसीकारणकूं असत्यरूपकहेगा ॥ तो जैसे मेरेमुखविषे जिह्वानहीं है याप्रकारकावचन वदतोव्याघातदोषवालाहै ॥ तैसे सोवेदभगवान्भी वदतोव्याघातदोषवालाहोवेगा ॥ यातें ॥ असद्वाइदमग्रआसीत् ॥ याश्रुतिका कारणकेअसत्पणेविषे तात्पर्यनहींहै ॥ और हेशिष्य ॥ ताश्रुतिके यथार्थअर्थकूंनजाणिकरिके जेअर्ध वैनाशिकनैयायिकवादी उत्पत्तितेंपूर्व याजगत्रूपकार्यकूं असत्यमानेहैं ॥ तिनवादियोंकेमतविषे अभीवर्तमानकालमें याजगत्रूपकार्यविषे सत्यपणा नहींहोणाचाहिये ॥ किंतु जैसे मृत्तिकाके घटशरावादिककार्योंविषे सर्वजीवोंकूं मृत्तिकाबुद्धिहोवे है ॥तैसे याकार्यरूपजगत्विषेभी सर्वजीवोंकूं असत् असत् याप्रकारकीअनुगतबुद्धिहोणीचाहिये ॥ और याकार्यरूपजगत्विषे किसीभीजीवोंकूं असत्यबुद्धिहोतीनहीं ॥ उलटा ॥ घटोस्ति पटोस्ति ॥ याप्रकारकीसत्यबुद्धिही होवे है ॥ यातें उत्पत्तितेंपूर्व याकार्यजगत्केअसत्यपणेविषे ताश्रुतिकातात्पर्यनहीं है ॥ किंवा ॥ जोकदाचित् याजगत्रूपकार्यकेअसत्यपणेविषेहो ताश्रुतिका तात्पर्यहोवे तो ॥ असद्वाइदमग्रआसीत् ॥ याश्रुतिवचनतेंअनंतर ताजगत्कीसत्यरूपताकूंकथनकरणेहाराजो ॥ ततोवैसदजायत ॥ यहश्रुतिवचनहै ॥ सो असंगतहोवेगा ॥ शंका ॥ हेसिद्धांती ॥ यह कार्यरूपजगत् स्वभावतेंसत्यरूप मतहोवे ॥ तथापि कारणरूपब्रह्मकीसत्ताकरिके यहकार्यजगत् सत्यरूप किसवासतें नहींहोवे ॥

समाधान ॥ हेवादी सत्यब्रह्मकेतादात्म्यसंबंधकूंप्राप्तहोइके यहकार्यजगत् सत्यरूपहोवे है ॥ अहअर्थ जोतुमनें अंगोकारकऱ्याहे॥सोहमारे कूंभीइष्टहै ॥ ब्रह्मकीसत्ताकरिकै कार्यजगत्कीसत्यरूपताकूं हम निवारणकरतेनहीं ॥ और ताब्रह्मकीसत्ताकेप्रभावतैं यह असत्जगत्भी सत्यरूपहोवे है याअर्थ केबोधनकरणेवासतेही तिनतित्तिरिनामाब्राह्मणों नें असद्वा इत्यादिकश्लोकका कथनकऱ्याहे ॥ शंका ॥ हेभगवन् जैसे याळोकविषे कोईपुरुष एकगृहतैंवस्तुकूंले के दूसरेगृहविषेलेजावैहे ॥ तैसे ब्रह्मकेसत्ताकूं प्रपंचविषे कौन लेजावे है॥समाधान॥हेशिष्य भूत भविष्यत् वर्त्तमान यातीनकाळोंविषे असत्रूप जोयहजगत्रूपकार्य है ॥ सोजगत्रूपकार्य कारणब्रह्मकीसत्ताकरिकेही हमारेकूं सत्यरूपप्रतोतहो वे है॥याकेविषे अनादिमायाकरिकेकऱ्याहुआ आत्माअनात्माकाअध्यासहोकारणहै॥तात्पर्ययह॥जैसे स्वभावतैं उष्णस्पर्शतैं रहितजोजळहै॥ताजळविषे अग्निकेसंगरूपदोषकरिकै उष्णता प्रतीतहोवे है ॥ तैसे स्वभावतैं आपणीसत्तातैंरहित जोयहजगत्है ॥ ताअसत्जगत्विषे सत्ब्रह्मकेतादात्म्यअध्यासरूपदोषकरिकै सत्यरूपता प्रतीतहोवे है ॥ यातैं यहअध्यासही ताब्रह्मकेसत्ताकूं जगत्विषेलेजावे है ॥ शंका ॥ हेभगवन् ब्रह्मतैंभिन्नहीकोईपदार्थ आपणीसत्ताकरिकै याकार्यरूपजगत्कूं सत्यरूप किसवासतैनहींकरता ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ॥ तासत्यस्वरूपब्रह्मतैंभिन्न जितनेकी कार्यरूप तथाकारणरूप पदार्थ हैं ॥ तेसंपूर्णपदार्थ अनात्मारूपहोणेतैं असत्यरूपही हैं ॥ यातैं ताब्रह्मतैंभिन्न किसीभीपदार्थकीसत्ताकरिकै याजगत्कीसत्यरूपता संभवेनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे याळोकविषे धनवान्पुरुषही अन्यनिर्धनपुरुषकूं धनवान्करिसकैहे ॥ और जोपुरुष आपहीनिर्धनहोवे है ॥ सोनिर्धनपुरुष अन्यनिर्धनपुरुषकूं धनवान् करिसकैनहीं ॥ तैसे तासत्यब्रह्मतैंभिन्नरूपताकरिकै आपहीअसत्यभावकूंप्राप्तहुआसोपदार्थ याअसत्यजगत्कूं सत्यरूपकरिसकैनहीं ॥ किंवा ॥ जैसे याळोकविषे किसीमहान्वनविषे भ्रमणकरताहुआकोईक नेत्रहीनअंधपुरुष जभी किसीअन्यनेत्रवालेपुरुषकूं मार्गकाउपदेश करे है॥तभी सोनेत्रोंवाळापुरुषताअंधपुरुषकेप्रति याप्रकारकाउपालंभदेवे है ॥ हे अंधपुरुष जिसमार्गका तूं हमारेप्रति उपदेशकरताहै॥तिसमार्गकूं तूं आप किसवासतेनहीं देखता॥तैसे ब्रह्मतैंभिन्न जोकोईपदार्थ याकार्यजगत्केसत्ताकूंसिद्धकरे है ॥ तापदार्थकेप्रति यहवचन कह्याचा

हिये ॥ हेपदार्थ ब्रह्मतैंभिन्नहुआ तूं आपहीअसत्यरूपहै ॥ यातैं प्रथम तूं आपणेसत्ताकूंतो सिद्धकर ॥ तिसतैंअनंतर तुमनैं याकार्यजगत्विषे सत्ताकीसिद्धिकरणी ॥ आपणीसत्ताकेसिद्धितैंविना दूसरेविषेसत्ताकीसिद्धिकरणी संभवैनहीं ॥ किंवा ॥ ब्रह्मतैंभिन्नकोईपदार्थ आपणीसत्ताकरिके याकार्यजगत्कूं सत्यरूपकरैहै यहकहणा तभीसंभवै जभी किसीपदार्थ विषे ताब्रह्मकाभेद सिद्धहोवै ॥ सोब्रह्मतैंभिन्न कोईपदार्थहै नहीं ॥ किंतु यहसंपूर्ण स्थूलसूक्ष्मप्रपंच ताब्रह्मरूपहीहै ॥ और यहसंपूर्णप्रपंच ब्रह्मरूपही है याअर्थकूं सर्वंखल्विदंब्रह्म ॥इत्यादिकश्रुतिवचनोंकरिकै वेदवेत्तामहात्मापुरुष वारंवार कथनकरैहै ॥ यातैंताब्रह्मतैंभिन्न कोईभीपदार्थनहीं है॥किंवा जोकदाचित् कोईस्थूलपदार्थ तथासूक्ष्मपदार्थ ताब्रह्मतैंभिन्न अंगीकारकरिये ॥ तो ॥ सत्यंज्ञानमनंतंब्रह्म ॥ याश्रुतिनैं कथनकरीजोब्रह्मविषेअनंतरूपता सा नहींसिद्धहोवैगी॥काहेतैं जैसेआकाशादिकपदार्थ पृथिवीआदिकोंतैंभिन्नहैं॥यातैं तेआकाशादिक भेदरूपवस्तुपरिच्छेदवालेहोणेतैंअनंतरूपनहीं हैं तैंसे सोब्रह्मभी भेदरूपवस्तुपरिच्छेदवालाहोणेतैं अनंतरूप नहींहोवैगा औरसत्यंज्ञानमनंतंब्रह्म याश्रुतिनैं साअनंतता ब्रह्मकास्वरूपकह्याहै यातैं ताअनंततास्वरूपके अभावहुए ताब्रह्मकाभीअभाव प्राप्तहोवैगा ॥ जैसे यालोकविषे अग्निआदिकतेजका प्रकाश तथाउष्णता यह दोनोंस्वरूपहैं ॥ ताप्रकाश तथाउष्णता स्वरूपकेअभावहुए ता तेजकाभी अभावहीहोवे है ॥ तैसे ताअनंततास्वरूपकेअभावहुए ताब्रह्मकाभीअभावहीहो वैगा॥और ताब्रह्मकेअभावहुए ताब्रह्मकूंबोधनकरणेहारा जोउपनिषद्रूपज्ञानकांडहै सो अप्रमाणताकूंप्राप्तहो वैगा॥और ताउपनिषद्रूपज्ञानकांडकेअप्रमाणहुए ताज्ञानकेसाधनोंकूंबोधनकरणेहारा जोकर्मकांडहै तथाउपासनाकांडहै सोभी अप्रमाणताकूंप्राप्तहो वैगा ॥ और सर्वप्रमाणोंविषेराजारूप तथाभ्रमादिकदोषों तैं रहित जोवेदभगवान्है ॥ तावेदभगवान्केअप्रमाणहुए भ्रमादिकदोषोंकरिकैयुक्त जेलौकिकवचनहैं तथाप्रत्यक्षादिकप्रमाणहैं ॥ तेसंपूर्ण अप्रमाणताकूंप्राप्तहो वैं गे ॥ और तिनप्रत्यक्षादिकविशेषप्रमाणोंकूं अप्रमाणरूपताहुए सामान्यतैं प्रमाणमात्रकूंही अप्रमाणरूपता प्राप्तहोवैगी ॥ और यालोकविषे किसीप्रमाणकरिकैही वस्तुकीसिद्धिहोवे है ॥ प्रमाणतैंविना वस्तुकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ यातैं तिनप्रत्यक्षादिकसर्वप्रमाणोंविषे जभी अप्रमाणरूपताप्राप्तभई ॥ तभी ताब्रह्मतैंभिन्न किसीस्थू

लसूक्ष्मपदार्थंकी तथा किसीकार्यकारणपदार्थंकी किसप्रकारसिद्धिहोवैगी ॥ किंतु प्रमाणतैंविना तान्नह्मतैंभिन्न किसीभीपदार्थकीसिद्धि नहींहोवैंगी ॥ यातैं यहअर्थसिद्धभया ॥ यालोकविषे कोईअसत्यपदार्थभी तान्नह्मरूपआत्मातैंभिन्ननहींहै ॥ जभी कोईअसत्यपदार्थभी तान्नह्मरूपआत्मातैंभिन्ननहींभया ॥ तभी तान्नह्मरूपआत्माकीसत्ताकूंपाइके सत्यरूपताकूंप्राप्तभयेजेपदार्थहैं ॥ तेसत्यपदार्थ तान्नह्मरूप आत्मातैंभिन्न किसप्रकारहोवैंगे ॥ किंतु तेसत्पदार्थ तान्नह्मतैंभिन्न कदाचित्भीनहींहोवैंगे ॥ और हेशिष्य॥असद्वाइदमग्रआसीत् ॥यहश्रुतिवचन कारणकेअसत्यरूपताकूं बोधनकरैहै ॥ अथवा कार्यकेअसत्यरूपताकूं बोधनकरैहै ॥ अथवा कारण कार्य यादोनोंकेअसत्यरूपताकूंबोधनकरैहै ॥याप्रकारकेतीनविकल्प जोपूर्व मंदबुद्धिपुरुषोंनेकरैहैं ॥सोतीनोंप्रकारकेविकल्प संभवतेनहीं ॥काहेतैंयालोकविषे प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकरिकेही वस्तुकीसिद्धिहोवैहै॥प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंतैंविना किसीवस्तुकीसिद्धिहोवैनहीं॥और याजगत्रूपकार्यके असत्यरूपताकूं तथाकारणकेअसत्यरूपताकूं कोईप्रत्यक्षादिकप्रमाण सिद्धकरतानहीं॥उलटा तेप्रत्यक्षादिकप्रमाण ॥ घटोअस्ति॥पटोअस्ति॥इत्यादिप्रतीतियोंकरिके ताकार्यकारणके सत्यरूपताकूंहीसिद्धकरैहैं॥किंवा॥कार्यविषे तथाकारणविषे जो असत्यरूपताहोवै॥तौ असद्वाइदमग्रआसीत्॥ याश्रुतिनें इदंशब्दकरिके ताकार्यकारणका जोकथनकर्‍याहै ॥ सोअसंगतहोवैगा॥ काहेतैं प्रत्यक्षज्ञानकाविषय तथासमीपवर्ति जोवस्तुहै ॥ तावस्तुकूंहीइदंशब्द कथनकरैहै ॥ साप्रत्यक्षज्ञानकीविषयता तथासमीपवर्तिपणा असत्यवस्तुविषे संभवैनहीं ॥ याकारणतैंभी ताकार्यकारणविषे असत्यरूपतासंभवैनहीं॥ किंवा ॥ याजगत्रूपकार्यविषे तथाताकेकारणविषे प्रत्यक्षज्ञानकीविषयताकूंअंगीकारकरिके जोमंदबुद्धिवादी ताकार्यकारणविषे असत्यरूपतामानैहै ॥सोअत्यंतविरुद्धहै ॥ काहेतैं सोप्रत्यक्षज्ञान विद्यमानवस्तुकूंही विषय करै है ॥ अविद्यमानवस्तुकूं सोप्रत्यक्ष विषयकरैनहीं ॥ याअर्थकूं सर्ववादी अंगीकारकरै हैं ॥ यातैं कार्यकारणकूं प्रत्यक्षज्ञानकाविषयमानिके तिनोंकूं असत्यकहणा अत्यंतविरुद्धहै ॥ किंतु ॥ असत्यवस्तुका प्रत्यक्षज्ञान नहींहोवै है ॥ किंतु विद्यमानसत्यवस्तुकाही प्रत्यक्षज्ञानहोवै है ॥ याकारणतैंही पूर्वनष्टहुएपदार्थोंका तथाआगेहोणेहारेपदार्थोंका याजीवोंकूं प्रत्यक्षज्ञानहोतानहीं॥जोकदाचित् असत्यवस्तु

काभी प्रत्यक्षज्ञानहोताहोवे ॥ तो अतीतपदार्थोंका तथाभावीपदार्थोंकाभी याजीवोंकूं प्रत्यक्षज्ञानहोणाचाहिये ॥ यातें ॥ असद्वाइदमग्र आसीत् ॥ यहश्रुति कार्यकेअसत्यपणेकूं तथा कारणकेअसत्यपणेकूं तथाकार्यकारणदोनोंकेअसत्यपणेकूं कथनकरतीनहीं ॥ किंतु साश्रुतिअसत्शब्दकरिके यामायामयजगत्के अल्पघनामरूपसूक्ष्मअवस्थाकूंही कथनकरे है ॥ यातें यहअर्थसिद्धभया॥जिसब्रह्मरूपआत्माके सत्ताकूंप्राप्तहोइके यहअसत्जगत्भी सत्यरूपताकूंप्राप्तहोवे है॥सोब्रह्मरूपआत्माही वास्तवतेंसत्यहै॥इतनेग्रंथकरिके ताब्रह्मरूपआत्माके सत्यरूपताका निरूपणकर्‍या ॥अब तासत्यब्रह्मके आनंदरूपताकानिरूपणकरें हैं ॥ हेशिष्य ॥ जोब्रह्म आपणेआनंदरूपसत्ताकरिके यासर्वजगत्कूं सत्यरूपकरताभयाहै॥सोईहोब्रह्म आनंदस्वरूपहोणेतें यासर्वजगत्का साररूपहै॥शंका॥हेभगवन्॥यहब्रह्मरूपआत्मा आनंदरूपकरिकेविद्यमानहै याअर्थविषे कौनप्रमाणहै॥समाधान॥हेशिष्य॥याब्रह्मरूपआत्माकेआनंदरूपकरिके सत्यपणेविषे ब्रह्मवेत्ताविद्वान्पुरुषोंका अनुभवहीप्रमाणहै काहेतें लोकप्रसिद्धविषयआनंदकोप्राप्तिकरणेहारे जेस्त्रीपुत्रधनादिकपदार्थहैं॥तिनपदार्थोंतेंरहितहुएभी यहविद्वान्पुरुष मैंब्रह्मरूपहूंयाप्रकारकेज्ञानकरिके ताआनंदस्वरूपआत्माकूंप्राप्तहोइके सर्वदा आनंदविषेमग्नहुए प्रतीतहोवेहैं ॥ यातें यहजान्याजावेहै ॥ यहआत्मादेवही आनंदस्वरूपहे ॥ जिसआनंदस्वरूपआत्माकीप्राप्तिकरिके यहविद्वान्पुरुष सर्वदा आनंदोरहेहैं ॥ और हेशिष्य ॥ सर्वप्राणियोंकेहृदयदेशविषेस्थित यहआनंदस्वरूपआत्मा जोकदाचित् ताप्राणियोंके जीवनका तथा ताजीवनकेअनुकूल प्राणादिकों के क्रियाका कारणरूपनहींहोवे ॥ तो यादेहधारी जीवोंकेजीवनकूं तथा ताजीवनकेअनुकूल प्राणअपानादिकोंकेक्रियाकूं दूसराकोनकरेगा ॥ किंतु ताआनंदस्वरूपआत्मातेंविना दूसराकोईपदार्थ ताजीवनकूं तथाप्राणादिकोंकेक्रियाकूं करिसकेनहीं ॥ याकारणतेंभी यहआत्मादेव आनंदस्वरूपहे ॥ और हेशिष्य ॥ यासर्वजीवोंके हृदयदेशविषेस्थित जोयहआत्मादेवहे ॥ सो आनंदस्वरूपहे ॥ याअर्थविषे तुमनें संशयनहीं करणा ॥ काहेतें यालोकविषे जोजोजीव सुखकूंप्राप्तहोवे है ॥ सो इसीआनंदस्वरूपआत्मातेंही सुखकूंप्राप्तहोवेहे ॥ याआनंदस्वरूपआत्माकूंछोडिके किसीभीअनात्मपदार्थविषे सुखरूपतानहीं है ॥ शंका॥हेभगवन् ॥ जोकदाचित् यहआनंद आ

त्माकास्वरूपहीहोवे ॥ तो हमारेकूं विषयों तें आनंदप्राप्तहोवै है यालोकों केअनुभवतें जो ताआनंदविषे विषयोंकरिके जन्यता प्रतीतहो वै है ॥ सो नहींहोणीचाहिये ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ॥ सोआत्मास्वरूपआनंद नित्यहै ॥ यातें सोआत्मा स्वरूपआनंद शब्दस्पर्शादि कविषयोंकरिकेजन्यहोवैनहीं ॥ किंतु जैसे दीपकादिकप्रकाश घटादिकपदार्थोंकीप्रतीति करावैहैं ॥ तैसे तेशब्दादिकविषयभी इच्छाकीनिवृत्तिद्वारा ताआत्मास्वरूपआनंदकी प्रतीतिकरावै हैं ॥ याअर्थकूंनजाणिके ते मूढबुद्धिपुरुष ताआनंदकूं विषयजन्यमाने हैं ॥ और हेशिष्य ॥ यहआत्मादेवही आनंदस्वरूपहै ॥ याकारणतें यहआत्मादेवही सर्वजीवोंकूं आनंदकोप्राप्तिकरे है ॥ तहां जिनजीवोंके प्रति यहआत्मादेव अज्ञातरहै है ॥ तिनजीवों केताईं तो यहआत्मादेव परिच्छिन्न विषयजन्यआनंदकीप्राप्तिकरे है ॥ और जिनविद्वान्पुरुषों केप्रति यहआत्मादेव ज्ञातहोवै है ॥ तिनविद्वान्पुरुषोंके ताईंतो यहआत्मादेव परिपूर्णआनंदकीही प्राप्तिकरैहै ॥ यातें आपणेआनंदकरिके सर्वजीवोंकूंआनंदकोप्राप्तिकरणेहारा यहआत्मादेवही आनंदस्वरूपहै ॥ इतनेकरिके ताब्रह्मरूपआत्माके आनंदरूप ताका वर्णनकऱ्या॥अब सोआनंदस्वरूपआत्मा विद्वान्पुरुषकूंही प्राप्तहोवै है याअर्थकानिरूपणकरे हैं॥हेशिष्य॥ऐसाआनंदस्वरूपआत्मा एकब्रह्मविद्याकरिकेही प्राप्तहोवै है अन्यउपायकरिके प्राप्तहोवैनहीं ॥ याकारणतें ताब्रह्मविद्यावाला विद्वान्पुरुषही जीवन्मुक्तअवस्थाविषे तथाविदेहमुक्तअवस्थाविषे ताआत्मास्वरूपआनंदकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और ताब्रह्मविद्यातेंरहितअज्ञानीजीवतो ताआनंदकूं शब्दस्पर्शादिक विषयोंतेंजन्यमानैहैं ॥ याकारणतें तेअज्ञानीजीव ताआत्मस्वरूपआनंदकूं प्राप्तहोवैनहीं ॥ अब ताब्रह्मविद्याकेस्वरूपका निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ॥यहअधिकारीपुरुष जभी त्वंपदार्थआत्माकेविचारतें अभयब्रह्मभावकेयोग्यहोवैहै ॥ तथा गुरुनैंउपदेशकऱ्या जो तत्त्वमसि यह महावाक्यहै ॥ तामहावाक्यतेंउत्पन्नभयाजो मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकाअभेदज्ञानहै ॥ ताअभेदज्ञानकरिके यहअधिकारीपुरुष तत्पदार्थब्रह्म रूपकेसाथअभेदभावकूंप्राप्तहोवै है ॥ तभीही यहअधिकारीपुरुष ताअभयरूपब्रह्मानंदकूं प्राप्तहोवैहै कैसाहै सोतत्पदार्थरूपब्रह्म॥नेत्रादिकों काविषय जोबाह्यप्रपंचहै तिसतेंरहितहै ॥ तथा स्थूलशरीर सूक्ष्मशरीर कारणशरीर यातीनशरीरोंतेंरहितहै ॥ ऐसाअद्वितीयब्रह्म मैंहूं

याप्रकारकेअभेदज्ञानकानामही ब्रह्मविद्याहै ॥ इतनैंकरिके विद्वान्पुरुषोंकेप्रति ताब्रह्मानंदकीप्राप्ति निरूपणकरी ॥ अब अविद्वान्पुरुष ताब्रह्मानंदकूं प्राप्तहोवैनहीं याकोटीकेस्पष्टकरणेवासतै प्रथम ईश्वरविषे तिनअविद्वान्पुरुषोंकेभयकीकारणता निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ॥ जैसे विद्वान्पुरुष ताआनंदस्वरूपब्रह्मकूं प्राप्तहोवै है ॥ तैसे अविद्वान्पुरुष ताब्रह्मकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ काहेतैं जन्ममरणादिकदुःखोंकाकारण जाभेददृष्टिहै ॥ साभेददृष्टि ताअविद्वान्पुरुषविषे सर्वदाविद्यमानहै ॥ याकारणतैं सोभेददर्शीअविद्वान्पुरुष ताब्रह्मानंदकूंप्राप्तहोवै नहीं ॥ उलटा सोभेददर्शीपुरुष भयकूंहीप्राप्तहोवै है ॥ हेशिष्य ॥ शास्त्रोंकूंजानणेहारा जोविद्वान्पुरुषहै ॥ सोविद्वान्पुरुष ताजीव ब्रह्मकेवास्तवभेदकूंदेखतानहीं ॥ परंतु सोविद्वान्पुरुषभी जोकदाचित् बहिर्मुखताकरिके तथा आपणेपंडितपणेकेअभिमानकरिके ताजीवब्रह्मविषे व्यावहारिकभेदकूंभीदेखैहै ॥ तौ सोविद्वान्पुरुषभी ताभेदरूपपर्वतकीसमीपताकरिके परमभयकूंप्राप्तहोवै है ॥ जभी व्यवहारकालविषे जीवब्रह्मकेभेदकूंदेखणेहारा विद्वान्पुरुषभीभयकूंप्राप्तहोवै है ॥ तभी ताजीवब्रह्मकेवास्तवभेदकूंमानणेहारा जो अविद्वान्पुरुषहै ॥ सोअविद्वान्पुरुष साक्षात् तिनभेदरूपोपर्वतोंविषेनिवासकरताहुआ परमभयकूंप्राप्तहोवैहै याकेविषेक्याकहणाहै ॥ हेशिष्य ॥ वास्तवतैं विद्वान्पणेतैंरहितहुआभी जोपुरुष भ्रांतिकरिके आपणेकूंविद्वान्मानै है ॥ तथा शास्त्रविचारतैंरहित जोकेवलअज्ञानीपुरुषहै ॥ तिनदोनोंकूं ताभेददर्शनकरिके जिसप्रकारकाभय प्राप्तहोवै है ॥ तिसीप्रकारकाभय प्रमादीविद्वान्पुरुषकूं भी प्राप्तहोवै है ॥ इहां जोपुरुष शास्त्रकेयथार्थअर्थकूंजाणिकरिकेभी ताशास्त्रकेअर्थोंविषे निष्ठानहींकरै है तापुरुषकानाम प्रमादीहै ॥ ऐसाप्रमादीविद्वान्पुरुषभी ताभेददर्शनकरिके अज्ञानीजीवोंकीन्याईंही जन्ममरणरूपसंसारभयकूं प्राप्तहोवै है ॥ यातैं जिसअधिकारीपुरुषकूं ताजन्ममरणरूपसंसारकेनिवृत्तकरणेकीइच्छाहोवै ॥ सोअधिकारीपुरुष ब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतैं ताआनंदस्वरूपआत्माका श्रवणकरिके श्रुतिकेअनुकूलयुक्तियोंकरिके ताआनंदस्वरूपआत्माका निरंतरविचाररूपमननकरै ॥ और जोकदाचित् यहअधिकारीपुरुष ब्रह्मवेत्तागुरुकेउपदेशतैं ताआनंदस्वरूप अद्वितीयआत्माका विचाररूपमननहीकरैगा ॥ तोअनादीभेदवासनाओं के बलतैं सोअधि

कारीपुरुष वारंवार जन्ममरणरूपसंसारकूं प्राप्तहोवैगा ॥ हेशिष्य ॥ तिनभेदवासनावोंकानाश याआनंदस्वरूपआत्माके विचाररूपमनन तैंहींहोवै है ॥ मननतैंविना किसीअन्यउपायकरिकै तिनभेदवासनावोंकानाश होवैनहीं ॥ यातैं यहमुमुक्षुजन तिनभेदवासनावोंकी निवृत्तिवासतै निरंतर ताआत्माकेविचाररूपमननकूंकरै ॥ हेशिष्य॥याआनंदस्वरूप अद्वितीयआत्माकेसाक्षात्कारतैंविना सोमायाविशिष्ट परमेश्वर विद्वान्‌देवतावोंकूंभी भयकोप्राप्तिकरैहै ॥ तौ शास्त्रविचारतैंरहितअज्ञानोजीवोंकूं सोपरमेश्वर भयकोप्राप्तिकरैहै याकेविषेक्या कहणाहै ॥ तहांश्रुति ॥ यदाह्येवैषएतस्मिन्नुदरमंतरकुरुते अथतस्यभयंभवति ॥ अर्थयह ॥ जिसकालविषे यहपुरुष याअद्वितीयआत्मा विषे किंचित्‌मात्रभीभेद कल्पनाकरैहै ॥ तिसकालविषे ताभेददर्शीपुरुषकूं परमभयकीप्राप्तिहोवैहै ॥ १ ॥ हेशिष्य ॥ अद्वितीयआत्माके ज्ञानतैंविना सोमाया विशिष्ट परमेश्वर सर्व जीवोंकूंभयकीप्राप्तिकरैहै ॥ याप्रकारकेअर्थविषेभी ते तित्तिरिनामाब्राह्मण याप्रकारकामंत्र रूपश्लोक कथनकरैहैं ॥ भीषाऽस्माद्वातःपवते भीषोदेतिसूर्य्यः ॥ भीषाऽस्मादग्निश्चेंद्रश्च मृत्युर्धावतिपंचमः ॥ अर्थयह ॥ यापरमात्मादेव केभयकरिकैही यहवायु चलायमानहोवैहै ॥ और यापरमात्मा देवकेभयकरिकैही यहसूर्य उदयहोवैहै ॥और यापरमात्मादेवकेभयकरिकै ही यह अग्नि प्रज्वलितहोवैहै ॥ और यापरमात्मादेवके भय करिकैही यहइंद्र वर्षाद्वारा यालोकोंकारक्षणकरैहै ॥ और यापरमात्मादेवक भयकरिकैही यहमृत्यु जहांतहांभ्रमणकरताहुआजीवोंकाहननकरैहै ॥ १ ॥ हेशिष्य ॥ यासर्वजगत्‌केव्यवहारकूंसिद्धकरणेहारेजे वायु सूर्य अग्नि इंद्र यमयहपंचदेवताहैं॥तेवायुआदिकदेवताभी जभी तापरमेश्वरतैं भयकूंप्राप्तहोवै हैं॥तभी दूसरेजीव तापरमेश्वरतैंभयकूंप्राप्तहोवै हैं याकेविषेक्याकहणाहै ॥ इतनैंकरिकै भेददर्शीपुरुषोंकूं ईश्वरतैंभयकीप्राप्तिका निरूपणकर्‍या ॥ अब तिसीब्रह्मरूपआत्माविषे निरतिशय आनंदरूपताकेनिरूपणकरणेवासतै प्रथम विषयजन्यआनंदके न्यूनअधिकताकूं निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ॥ सर्वजीवोंकूं आनंदकीप्रा तिकरणेहारा तथाभेददर्शीजीवोंकूं भयकीप्राप्तिकरणेहारा जोआनंदस्वरूपआत्मा पूर्व कथनकर्‍याहै ॥ तिसआत्माकास्वरूपभूतआनंद कितने परिमाणवालाहै याप्रकारकीजाशिष्यकीजिज्ञासाहै ॥ ताजिज्ञासाकेनिवृत्तकरणेवासतै तेतित्तिरिनामाब्राह्मण प्रथम विषयजन्य

आनंदोंविषे न्यूनअधिकता वर्णनकरिके ताआत्मास्वरूपआनंदकूं अनंतरूपकहतेभयेहैं ॥ अब प्रथम यामनुष्यलोकके आनंदकीअवधि का निरूपणकरेहैं ॥ हेशिष्य ॥ यामनुष्यलोकविषे जोपुरुष योवनअवस्थाकरिकेयुक्तहोवे ॥ तथा सुंदररूपशीलादिकशुभगुणोंकरिके युक्तहोवे ॥ और पुराण न्याय मीमांसा धर्मशास्त्र ॥ यहचारिशास्त्र ॥ तथा शिक्षा कल्प व्याकरण निरुक्त ज्योतिष छंद यहवेदकेषट अंग ॥ तथा ऋग यजुष् साम अथर्वण यहचारिवेद ॥ यहचतुर्दशविद्या धर्मके तथाज्ञानके जनावणेहारीयां हैं॥तिनचतुर्दशविद्यावोंका जिसपुरुषनें अध्ययनकऱ्याहोवे ॥ तथा जोपुरुष तिनविद्यावोंके अध्ययनकरावणेविषेभी समर्थहोवे ॥ और तिनविद्यावोंकेअर्थकी कल्पनाकरणेविषे जिसपुरुषकीबुद्धि अत्यंतकुशलहोवे ॥ और जोपुरुष प्रथम माताकरिकेशिक्षितहोवे ॥ तिसतें अनंतर पिताकरिके शिक्षितहोवे ॥ तिसतेंअनंतर आचार्यकरिकेशिक्षितहोवे ॥ तथा जोपुरुष विनयकरिकेयुक्तहोवे ॥ तथा वज्रसारकेसमान जिसके अंगहोवें ॥ तथा इंद्रकेसमान जिसकाबलहोवे ॥ और सुमेरुपर्वतहैमध्यविषेजिसके तथासुवर्णादिकधनकरिकेपूर्ण तथा व्रीहियवादिकधान्यकरिकेपूर्ण ऐसीजा यहसप्तसमुद्रपर्यंत पृथिवीहे ॥ सा संपूर्णपृथिवी जिसकेवशवर्त्तिहोवे ॥ तथा दीर्घ जिसकी आयुषहोवे ॥ हेशिष्य ॥ योवनअवस्थातेंआदिलेके दीर्घआयुषपर्यंत जितनेकीपदार्थ पूर्व कथनकरेहैं ॥ तिनसर्वपदार्थोंकरिकेयुक्त जो कोईकचक्रवर्त्तिराजाहे ताचक्रवर्त्तिराजाकूं जोविषयजन्यआनंद प्राप्तहोवे हे ॥ सोआनंद यामनुष्यलोकोंके आनंदोंका अवधिरूप हे ॥ और ताचक्रवर्त्तिराजाके आनंदतें मनुष्यगंधर्वोंकाआनंद १०० शतगुणाअधिकहोवे हे ॥ इहां जेमनुष्य कर्मउपासनाकेबलतें गंधर्वभावकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ तिनोंकानाम मनुष्यगंधर्व हे और तिनमनुष्यगंधर्वोंकेआनंदतें देवगंधर्वोंकाआनंद १०० शतगुणाअधिकहोवे हे ॥ और तादेवगंधर्वोंके आनंदतें पितरोंकाआनंद १०० शतगुणाअधिकहोवे हे ॥ और तिनपितरोंकेआनंदतें आजानजदेवतावोंकाआनंद १०० शतगुणा अधिकहोवे हे ॥ इहां जेपुरुष स्मार्त्तकर्मोंकेअनुष्ठानकरिके देवताभावकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ तिनोंकानाम आजानजदेवताहे ॥ और तिनआजानजदेवतावोंकेआनंदतें कर्मदेवतावोंकाआनंद १०० शतगुणाअधिकहोवे हे ॥ इहां जेपुरुष अग्निहोत्रादिक श्रौतकर्मोंकेअनुष्ठानकरिके देवताभावकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ तिनोंकानाम कर्मदेवताहे ॥ और तिनकर्मदेवतावोंकेआनंदतें वसुरुद्रादिकदेवता

वोंकाआनंद १०० शतगुणाअधिकहोवै है॥ और तिनवसुरुद्रादिकदेवतावोंकेआनंदतैं देवराजइंद्रकाआनंद १०० शतगुणअधिकहोवै है॥ और तादेवराजइंद्रकेआनंदतैं बृहस्पतिकाआनंद १०० शतगुणाअधिकहोवै है॥ और ताबृहस्पतिकेआनंदतैं प्रजापतिकाआनंद १०० शतगुणा अधिकहोवै है॥ इहां प्रजापतिशब्दकरिके विराट्भगवान्का ग्रहणकरणा ॥ और ताप्रजापतिकेआनंदतैं ब्रह्माकाआनंद १०० शतगुणा अधिकहोवै है॥ याब्रह्माकूं शास्त्रविषे हिरण्यगर्भनामकरिके तथासूत्रआत्मानामकरिके कथनकरे हैं॥ ताहिरण्यगर्भकेआनंदतैंअधिक कोईभीविषयजन्यआनंद नहीं है॥ किंतु संपूर्णविषयजन्यआनंदोंका सोहिरण्यगर्भकाआनंदही अवधिरूपहै॥ हेशिष्य॥ मनुष्यलोकतैं आदिलेके ब्रह्मलोकपर्यंत जितनेकीविषयजन्यआनंद श्रुतिनैं कथनकरे हैं॥ तिनसंपूर्णआनंदोंविषे जिसजिसलोकके आनंदतैं यहअधिकारीपुरुष विरक्तहोवै है तिसतिसलोकतैं शतगुणाअधिकआनंदकूं सोअधिकारीपुरुष प्राप्तहोवै है॥ तात्पर्ययह॥ जिनमानुष्यादिकआनंदोंकूं यहजीव चिरकालपर्यंतअनेककर्मउपासनाकरिके प्राप्तहोवै हैं॥ तिनमानुष्यादिकआनंदोंकूं यहनिष्कामअधिकारीपुरुष सुखेनहींप्राप्तहोवै हैं॥ यातैं याअधिकारीपुरुषों नैं सर्वकामनावोंकापरित्यागकरिके अवश्य निष्कामहोणा॥ और हेशिष्य॥ यहअधिकारीपुरुष मनुष्यलोकतैंआदिलेके ब्रह्मलोकपर्यंत सर्वविषयजन्यआनंदोंकेप्राप्तिकीइच्छाकापरित्यागकरिके जिसआत्मास्वरूपआनंदका अनुभव करे है॥ सोआत्मास्वरूपआनंद ताहिरण्यगर्भकेआनंदतैंभी अधिकहै॥ शंका॥ हेभगवन्॥ जैसे पूर्वपूर्व मानुष्यादिकआनंदोंकीअपेक्षाकरिके उत्तरउत्तर मनुष्यगंधर्वादिकोंकेआनंद १०० शतगुणाअधिकहोवै हैं॥ तैसे सोआत्मास्वरूपआनंदभी ताहिरण्यगर्भकेआनंदतैं १०० शतगुणाअधिकहोवैगा॥ समाधान॥ हेशिष्य॥ यामनुष्यलोकादिकोंके आनंदकीअपेक्षाकरिके यद्यपि सोहिरण्यगर्भकाआनंद अधिकहै॥ तथापि सोहिरण्यगर्भकाआनंद ताआत्माआनंदरूपसमुद्रका एकबिंदुमात्रहै॥ यातैं सोआत्मास्वरूपआनंद अनंतहै॥ ऐसे अनंतआत्मास्वरूपआनंदविषे शतगुणीअधिकता तथासहस्रगुणीअधिकता कहीजावैनहीं॥ हेशिष्य॥ जोयहआत्मास्वरूपआनंद व्यष्टिउपाधिवालेत्वंपदार्थपुरुषविषे रहै है॥ सोईहोआत्मास्वरूपआनंद समष्टिउपाधिवालेतत्पदार्थआदित्यपुरुषविषे रहैहै॥ यातैं तात्वंपदार्थजीववि

षे तथातत्पदार्थईश्वरविषे किंचित्मात्रभीभेदनहीं है ॥ किंतु सोआनंदस्वरूपआत्मा सर्वत्र एकहीहै ॥ ऐसेआनंदस्वरूपअद्वितीय आत्माविषे जोजीवोंकूं यहसूर्यादिक अधिदेवरूपहैं यहनेत्रादिक अध्यात्मरूपहैं यहरूपादिकविषय अधिभूतरूपहैं याप्रकारकाभेद प्रतीत होवै है ॥ सोभेदताअद्वितीयआत्माकेअज्ञानतैंही प्रतीतहोवै है॥और हेशिष्य ॥ याजीवोंकूं वस्तुकेपरोक्षज्ञानहुएभी जबपर्यंत तावस्तुका अपरोक्षज्ञान नहींहोवै है ॥ तबपर्यंत तिनजीवोंकूं तावस्तुविषे भ्रम निवृत्तहोवैनहीं ॥ किंतु अपरोक्षज्ञानकेहुएहो ताभ्रमकोनिवृत्तिहोवै है॥ जैसे पूर्वदक्षिणादिकदिशावोंके परोक्षज्ञानहुएभी जबपर्यंत याजीवकूं तिनपूर्वादिकदिशावोंका अपरोक्षज्ञाननहींहोवै है ॥तबपर्यंत ताजीवकूं तिनपूर्वादिकदिशावोंकेभ्रमकीनिवृत्ति होवैनहीं ॥ किंतु तिनपूर्वादिकदिशावोंके अपरोक्षज्ञानकरिकेही तादिशाभ्रमकीनिवृत्तिहोवै है ॥ तैसे ताब्रह्मरूपआत्माके परोक्षज्ञानहुएभी जबपर्यंत याजीवोंकूं ताब्रह्मरूपआत्माका अपरोक्षज्ञान नहींहोवै है ॥ तबपर्यंत याजीवोंके अध्यात्म अधिदैव अधिभूत इत्यादिकभेदभ्रम निवृत्तहोवैनहीं ॥ किंतु ताब्रह्मरूपआत्माकेअ परोक्षज्ञानकरिकेही ताभेदभ्रमकीनिवृत्तिहोवै है ॥ हेशिष्य ॥ जोअधिकारीपुरुष याप्रकार भ्रमकेमर्यादाकूंजाणिकरिकै ताब्रह्मरूपआत्माकेसाक्षात्का रवासते यत्नकरे है ॥ सोअधिकारीपुरुष पूर्वउक्तअन्नमयादिकपंचकोशोंविषे क्रमतैं आत्मबुद्धिकरिकै पंचमे आनंदमयकोशकेपुच्छरूपब्रह्मकूं साक्षात्कारकरे है॥हेशिष्य ॥ ऐसे आनंदस्वरूपब्रह्मकूं आपणाआत्मारूपक रिकै प्राप्तभया जोविद्वान्पुरुषहै ॥ ताविद्वान्पुरुषकूं किसीभीपदार्थतैंभयकीप्राप्तिहोवैनहीं॥ याप्रकारकेअर्थविषेभी तैतित्तिरिनामाब्राह्मण याप्रकारकामंत्ररूपश्लोक कथनकरे हैं ॥ यतोवाचोनिवर्त्तते अप्राप्यमनसासह ॥ आनंदंब्रह्मणोविद्वान् नबिभेतिकुतश्चन॥अर्थयह॥शब्दोंविषेवाणीकीप्रवृत्तिहोवै है॥और तिनशब्दोंकेअर्थोंविषेमनकीप्रवृत्तिहोवै है॥औरयहअद्वितीयब्रह्मतो शब्दरूपप्रपंचतैं तथा अर्थरूपप्रपंचतै रहितहै॥यातैं ताअद्वितीयब्रह्मविषे वाणीकी तथामनकी प्रवृत्तिहोवैनहीं॥ऐसे आनंदस्वरूपब्रह्मकूं जोविद्वान्पुरुष आपणाआत्मारूपकरिकेजाने है ॥ सोअभेददर्शीविद्वान्पुरुष किसीतैंभी भयकूंप्राप्तहोवैनहीं॥ १ ॥और हेशिष्य ॥ जीवब्रह्मकेभेदकूंदेखणेहारा जोअज्ञानीपुरुषहै ॥ ताभेददर्शीअज्ञानीपुरुषकूं पुण्यकर्म तथापापकर्म यहदोनों तपायमानकरे हैं ॥ तहां

पुण्यकर्मतो नहींकऱ्याहुआ तिनअज्ञानीजीवोंकूं तपायमानकरे है ॥ और पापकर्मतो कऱ्याहुआ तिनअज्ञानीजीवोंकूं तपायमानकरे है तात्पर्ययह ॥ दूसरेपुण्यवान्पुरुषोंकूंसुखीहुआदेखिके तेअज्ञानीजीव याप्रकारका पश्चात्तापकरे हैं ॥ जिस पुण्यकर्मकरिके यापुरुषों कूं सुखकीप्राप्तिभई है ॥ सोपुण्यकर्म हमनें पूर्वजन्मोंविषेकऱ्यानहीं ॥ जोकदाचित् पूर्वजन्मोंविषेमैंभी ऐसापुण्यकर्मकरता ॥ तो हमारेकूंभी अभी ऐसेसुखकीप्राप्तिहोती ॥ याप्रकारका पश्चात्तापकरिके सोअज्ञानीपुरुष आपणेकूं धिक्कारकरे है ॥ और सोअज्ञानीपुरु ष जभी पूर्वलेपापकर्मोंकादुःखरूपफलभोगे है ॥ तभी याप्रकारका पश्चात्तापकरे है ॥ मैं पूर्वजन्मोंविषे ऐसेपापकर्म किसवासतेकरता भया ॥ जिनपापकर्मोंकरिके मैं अभी परमदुःखकूंप्राप्तभयाहूं ॥ याप्रकारका पश्चात्तापकरिके सोअज्ञानीपुरुष आपणेकूं धिक्कारकरे है हेशिष्य ॥ इसप्रकार ताभेददर्शीअज्ञानीपुरुषोंकूं जैसे नहींकरेहुएपुण्यकर्म तपायमानकरे हैं ॥ तथा करेहुएपापकर्म तपायमान करे हैं ॥ तैसे मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकेअभेदज्ञानकरिके ब्रह्मभावकूंप्राप्तभयाजोविद्वान्पुरुषहै ॥ ताविद्वान्पुरुषकूं नहींकरेहुएपुण्यकर्म तपायमानकरेनहीं ॥ तथा करेहुएपापकर्म तपायमानकरे नहीं ॥ हेशिष्य ॥ याविद्वान्पुरुषकूं पुण्यपापकर्म तपायमानकरेनहीं याके विषे यहकारणहै ॥ जैसे यालोकविषे अग्नि आपणेतें भिन्नकाष्ठादिकपदार्थोंकूंतो दाहकरे है ॥ परंतु सोअग्नि आपणेआत्माकूं दाहकरेनहीं तैसे मैंब्रह्मरूपहूं याअभेदज्ञानकेप्रभावतें तिनपुण्यपापकर्मोंकूंभी आपणाआत्मारूपकरिकेजानणेहारा जोविद्वान्पुरुषहै ॥ ताविद्वान्पु रुषकूं तेआत्मारूपपुण्यपापकर्म तपायमानकरेनहीं ॥ यातें यहअर्थसिद्धभया॥ जोअधिकारीपुरुष याआनंदस्वरूपब्रह्मकूं आपणाआत्मा रूपकरिकेजाने है ॥ ताअधिकारीपुरुषकूं निश्चयकरिके अभयकीप्राप्तिहोवैगी ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार ते तित्तिरिनामाब्राह्मण आपणेशि ष्योंकेप्रति याब्रह्मविद्याकाउपदेश करतेभये ॥ कैसीहैयहब्रह्मविद्या ॥ हमअधिकारीजनोंकूं आनंदस्वरूपआत्माकेप्राप्तिका कारणहै ॥ इतनैंग्रंथकरिकै आनंदवल्लीकाअर्थ निरूपणकऱ्या ॥ अब भृगुवल्लीकाअर्थ निरूपणकरे हैं ॥ हेशिष्य ॥ पूर्वआनंदवल्लीविषे यहअर्थ कथ नकऱ्याथा ॥ जोअधिकारीपुरुष ब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतैं याआनंदस्वरूपब्रह्मकाश्रवणकरिके तिसब्रह्मका वारंवार विचाररूपमनन करे

हे ॥ सोअधिकारीपुरुष याअन्नमयादिकपंचकोशोंकूं आत्मारूपकरिकेजाणतानहीं॥किंतु पंचमेआनंदमयकोशकापुच्छरूपजोब्रह्महै॥ताब्र
ह्मकूंही सोअधिकारीपुरुष आपणाआत्मारूपकरिकेजाणे है॥हेशिष्य॥याप्रकारकेअर्थविषे ते तित्तिरिनामाब्राह्मण पितापुत्रके इतिहासकूं क
थनकरतेभये हैं॥कैसाहैसोइतिहास ॥ ब्रह्मवेत्तागुरुकेउपदेशश्रवणतैंअनंतर मननकेस्वरूपकूंबोधनकरणेहाराहै ॥ ऐसेइतिहासकूं तूं सावधा
नहोइकेश्रवणकर॥हेशिष्य॥पूर्वकालविषे वरुणनामाऋषिकापुत्र एकभृगुनामाऋषि होताभयाहै ॥ सोभृगुनामाऋषि एककालविषे आपणे
वरुणपिताकेसमीपजाइके याप्रकारकाप्रश्नकरताभया॥भृगुरुवाच॥हेभगवन् जिसब्रह्मकूं आप जानतेहो ॥ सोब्रह्म हमारेप्रति उपदेशकरो ॥
हेशिष्य ॥ इसप्रकार जभी ताभृगुनें आपणेवरुणपिताकेप्रति प्रश्नकऱ्या ॥ तभी सोवरुणपिता आपणेमनविषे याप्रकारकाविचार करता
भया ॥ मैंवरुण याभृगुपुत्रकेप्रति प्रथम त्वंपदार्थआत्माके उपलक्षणपदार्थोंका कथनकरौं ॥ तथा तत्पदार्थब्रह्मके उपलक्षणपदार्थोंका
निरूपणकरौं ॥ जोकदाचित् यहभृगु बुद्धिमान् होवैगा ॥ तौ तिनउपलक्षणपदार्थोंकरिके उपलक्षितजोचैतन्यआत्माहै ॥ ताचैतन्यआ
त्माकूं यहभृगु आपहीजाणैंगा ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार भृगुपुत्रकेबुद्धिकीपरीक्षाकरणेवासते सोवरुणपिता प्रथम त्वंपदार्थआत्माकेउपलक्ष
णपदार्थोंका निरूपणकरताभया ॥ वरुणउवाच ॥ हेभृगु ॥ यहस्थूलशरीर तथा प्राण अपान समान व्यान उदान यहपंचप्राण तथा श्रोत्र
त्वक् चक्षु रसन घ्राण यहपंचज्ञान इंद्रिय तथा वाक् पाणि पाद उपस्थ पायु यहपंचकर्मइंद्रिय ॥ तथा मन बुद्धि चित्त अहंकार यहचा
रिअंतःकरण ॥ इतनेंही व्यष्टिसमष्टिरूपपदार्थ भोग्यरूपकरिके यासर्वजगत्विषेस्थितहैं ॥ तिनशरीरादिकपदार्थों तैंअधिककोईपदार्थ
याजगत्विषे हैनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ स्थूलशरीरतैंआदिलैके जितनेकोयहभोग्यपदार्थ हैं ॥ तिनोंको किसीभोक्तारूपसाक्षीतैंविना सिद्धि
होवैनहीं ॥ यातैं तिनशरीरादिकभोग्यपदार्थोंका कोईभोक्तासाक्षीभीहै ॥ इतनेंकरिकै त्वंपदार्थजीवात्माके शरीरादिकउपलक्षणपदार्थों
का निरूपणकऱ्या ॥ अब तत्पदार्थब्रह्मके उपलक्षणपदार्थोंकानिरूपणकरे हैं ॥ हेभृगु ॥ जिसतत्पदार्थब्रह्मकेप्रादुर्भावकासाधन यालोक
विषे प्रसिद्धनहीं है ॥ ऐसेब्रह्मकेप्रादुर्भावकरणेवासते मैंवरुण तुमारेप्रति ताब्रह्मकालक्षण कथनकरताहूं ॥ तालक्षणकाविचारकरिकै तूं

आपणीबुद्धिकरिकै पूर्वकहेहुएशरीरादिकपदार्थोंविषे किसीपदार्थकूं ब्रह्मरूपकरिकैजाण ॥ अथवा तिनशरीरादिकपदार्थों तें भिन्न किसी पदार्थकूं ब्रह्मरूपकरिकैजाण ॥ सोजानणा तुमारेबुद्धिकेअधीनहै ॥ अब ताब्रह्मकेलक्षणका निरूपणकरैंहैं ॥ हेभृगु जिस उपादानकारणतैं यहसंपूर्णभूतभौतिकजगत् उत्पन्नभयाहै ॥ तथा जिसउपादानकारणविषे यहसंपूर्णजगत् स्थितहै ॥ तथा जिसउपादानकारणविषे यहसंपूर्णजगत् लयभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ सोउपादानकारणही ब्रह्महै ॥ हेशिष्य ॥ जैसे पूर्वे ॥ सत्यंज्ञानमनंतंब्रह्म ॥ याश्रुतिविषे शास्त्रदृष्टि कूंअंगीकारकरिकै सत्य ज्ञान अनंत यहतीनलक्षण ब्रह्मकेकहेथे ॥ और लौकिकदृष्टिकूंअंगीकारकरिकै सत्य ज्ञान अनंत यहएकहीलक्षण ब्रह्मकाकह्याथा ॥ तैसे इहांभी वरुणऋषिनैं भृगुपुत्रकेप्रति शास्त्रदृष्टिकूंअंगीकारकरिकैतौ याजगत्के उत्पत्तिकोकारणता तथास्थि तिकीकारणता तथालयकोकारणता यहतीनलक्षण ब्रह्मकेकथनकरे हैं ॥ और लौकिकदृष्टिकूंअंगीकारकरिकैतौ याजगत्के उत्पत्तिस्थि तिलयकीकारणता यहएकही ब्रह्मकालक्षण कथनकर्‍याहै ॥ इसप्रकार सोवरुणऋषि ताब्रह्मके जगत्केउत्पत्तिस्थितिलयकोकारणतारूप तटस्थलक्षणकूं कथनकरिकै पुनःताभृगुपुत्रकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेभृगुपुत्र ॥ ताब्रह्मके दोप्रकारकेलक्षण होवैहैं॥ एकतौ स्वरूपलक्षणहोवैहै ॥ और दूसरे तटस्थलक्षणहोवैहै ॥ तहां ताब्रह्मकेस्वरूपलक्षणकेजानणेविषे अभी तुमारीबुद्धि समर्थनहींहै ॥ याकारणतैं हमनैं तुमारेप्रति सोब्रह्मकास्वरूपलक्षण नहींकथनकर्‍याहै ॥ हेभृगु ॥ सूक्ष्मबुद्धिवालेअधिकारीपुरुषही आपणेसूक्ष्मबुद्धि करिकै ताब्रह्मकेस्वरूपलक्षणकूंजानैहैं ॥ स्थूलबुद्धिकरिकै सोब्रह्मका स्वरूपलक्षण जान्याजावैनहीं ॥ और इसकालविषे तुमारीभीस्थूल बुद्धिहै ॥ याकारणतैं ताब्रह्मकेस्वरूपलक्षणकापरित्यागकरिकै हमनैं तुमारेप्रति ताब्रह्मकेतटस्थलक्षणका कथनकर्‍याहै ॥ सोतटस्थल क्षण स्वरूपलक्षणकीअपेक्षाकरिकै स्थूलहोवैहै ॥ यातैं सो तटस्थलक्षण तुमारीबुद्धिविषे शीघ्रही आवैगा ॥ इहां लक्ष्यस्वरूपब्रह्मतैं ता तटस्थलक्षणकी जोबाह्यस्थितिहै ॥ यहही ता तटस्थलक्षणविषे स्थूलताहै ॥ अब ता तटस्थलक्षणकेस्पष्टकरणेवासते प्रथम लोकप्रसिद्धदृष्टांतविषे तास्वरूपलक्षणका तथा तटस्थलक्षणका निरूपणकरैंहैं ॥ जैसे यालोकविषे सोमशर्मानामापुरुषकागृहस्थूलहै

तथा मनोरमहे तथाशुक्लवर्णवालाहै तथाविचित्रध्वजापताकाओंवालाहे तथामेघोंकूंस्पर्शकरैहे॥इहां तेस्थूलतादिकधर्म तागृहकेस्वरूपका घटकहैं॥यातें तेस्थूलतादिकधर्म तागृहकेस्वरूपलक्षणहैं॥और जहां तासोमशर्मापुरुषके गृहकेजनावणेवासते किसीपुरुषकेप्रति याप्रकार कावचन कहिये॥जिसगृहविषे विचित्रशब्दोंकूंकरणेहारे शुकसारिकादिकपक्षी स्थितहैं॥सोगृह तुमनें सोमशर्मापुरुषकाजानणा॥इहां शुकसारिकादिकपक्षी तागृहका तटस्थलक्षणहैं॥अब तटस्थलक्षणके तथास्वरूपलक्षणके लक्षणकानिरूपणकरैहैं ॥ जालक्षकपदार्थकेअभावहुएभी जहां,लक्ष्य पदार्थकाअभाव होवैनहीं॥तालक्षकपदार्थका नाम तटस्थलक्षणहै॥जैसे शुकसारिकादिकलक्षकपदार्थोंकेअभावहुएभी तागृहरूप लक्ष्यपदार्थका अभावहोवैनहीं॥यातें तेशुकसारिकादिकपक्षी तागृहका तटस्थलक्षणहैं ॥ और जालक्षकपदार्थकेअभावहुए जहां तालक्ष्यपदार्थकाभीअभावहोवैहे॥तालक्षकपदार्थकानाम स्वरूपलक्षणहै॥जैसे स्थूलतादिकलक्षकपदार्थोंकेअभावहुए तागृहरूपलक्ष्यपदार्थकाभी अभावहोवैहे ॥ यातें तेस्थूलतादिकधर्म तागृहका स्वरूपलक्षणहैं ॥ याकहणेतें यहदोलक्षणसिद्धभये ॥ जिसलक्षकपदार्थकाअभावतालक्ष्यपदार्थकेअभावकाप्रयोजकनहींहोवैहे॥सोलक्षकपदार्थ तटस्थलक्षणहोवैहे॥जैसेशुकसारिकादिकपक्षीहैं॥और जिसलक्षकपदार्थकाअभाव तालक्ष्यपदार्थकेअभावका प्रयोजकहोवैहे॥सोलक्षकपदार्थ स्वरूपलक्षणहोवैहे ॥जैसे तागृहके स्थूलतादिकधर्म हैं॥शंका॥हेभगवन्॥लक्ष्य वस्तुकास्वरूपभूतजेपदार्थ हैं॥तिनपदार्थोंविषे लक्षणरूपतासंभवैनहीं॥काहेतें यालोकविषे जोपदार्थआपणेलक्ष्यतैंभिन्नहोवैहे॥सोपदार्थही लक्षणरूपहोवैहे॥समाधान॥हेशिष्य॥जहां स्वरूपलक्षणहोवैहे॥तहां तास्वरूपलक्षणका लक्ष्यपदार्थकेसाथ वास्तवतैंभेदहोवैनहीं ॥ किंतु तालक्षणकावक्तापुरुष आपणीबुद्धिकरिकै ताभेदकी कल्पनाकरैहे॥यातें कल्पितभेदकूंअंगीकारकरिकै तास्वरूपभूतपदार्थविषेभी लक्षणरूपता संभवहोइसकैहे ॥ और जहां तटस्थलक्षणहोवैहे॥तहांतो जैसे गौतें वास्तवभेदवाला अश्वहोवैहे ॥ तैसे तालक्ष्यपदार्थतैंवास्तवभेदवालाही सो तटस्थलक्षणहोवैहे ॥ याकहणेकरिकै यहदोलक्षण बोधनकरे ॥ जोपदार्थ आपणेलक्ष्यपदार्थतैं कल्पितभेदवालाहुआ तालक्ष्यपदार्थकूं इतरपदार्थोंतैंभिन्नकरिकैजनावैहे॥सोपदार्थतालक्ष्यपदार्थका स्वरूपलक्षणहोवैहे ॥ और जोपदार्थ आपणेलक्ष्यपदार्थ

तैं वास्तवभेदवालाहुआ तालक्ष्यपदार्थकूं इतरपदार्थों तैं भिन्नकरिकेजनावैहै॥सोपदार्थ तालक्ष्यपदार्थका तटस्थलक्षणहोवैहै ॥अब या त
टस्थलक्षणकेलक्षणकूं सिद्धांतविषेजोईहैं॥ हेभृगु ॥ जडत्वपरिच्छिन्नत्वादिकधर्मोंकरिके याजगत् विषे ब्रह्मकाभेद सर्वप्राणियोंकूंप्रसिद्धहै ॥
यातैं ताजगत्केधर्म जेउत्पत्तिस्थितिलयादिकहैं ॥ तिनउत्पत्तिआदिकधर्मोंविषे ताब्रह्मकीतटस्थलक्षणरूपता संभवहोइसकैहै ॥ और
हेभृगु ॥ जहांकिसीलक्ष्यपदार्थकेजनावणेवासते तटस्थलक्षणकहीताहै ॥ तहां ता तटस्थलक्षणकरिके तालक्ष्यपदार्थकावास्तवस्वरूप
शीघ्रही प्रतीतहोवैनहीं ॥ किंतु तिसकालविषे तालक्ष्यपदार्थकास्वरूप सामान्यतैं प्रतीतहोवैहै ॥ और तिसतैंअनंतर यहअधिकारीपुरुष
जभी तातटस्थलक्षणकेबोधनकरणेहारेवचनका अनेकप्रकारकीयुक्तियोंकरिकेविचारकरैहै ॥ तभी याअधिकारीपुरुषकूं तालक्ष्यपदा
र्थकेवास्तवस्वरूपका साक्षात्कारहोवैहै ॥ याप्रकारकानियम सर्वतटस्थलक्षणोंविषेप्रसिद्धहै ॥ यातैं हेभृगुपुत्र तूंभी ताब्रह्मकेतटस्थल
क्षणकूंबोधनकरणेहारेवचनकाविचारकरिके तालक्ष्यस्वरूपब्रह्मकेवास्तवस्वरूपकूंजाण ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ स्वभावतैंप्रमाणरूप जेवेद
केवचनहैं ॥ तिनवेदवचनोंकूं आपणेअर्थकेबोधनकरणेविषे विचाररूपमननकीअपेक्षा संभवैनहीं ॥ समाधान ॥ हेभृगु ॥ तिनवेदकेवच
नोंकूं आपणेशाब्दबोधरूपफलकीउत्पत्तिविषे यद्यपि ताविचारकीअपेक्षानहीं है ॥ तथापि श्रोतापुरुषोंकेअपराधरूप जेअसंभावनादिक
दोषहैं ॥ तिनदोषोंकीनिवृत्तिवासतै तिनवेदवचनोंकूं ताविचाररूपमननकी अवश्यकरिकेअपेक्षाहै ॥ जैसे चक्षुइंद्रियकूं घटादिकपदार्थों
केदर्शनविषे यद्यपि अंजनकीअपेक्षानहीं है॥तथापि तिनघटादिकोंकेदर्शनविषेप्रतिबंधक जोचक्षुनिष्ठमलिनताहै ॥ तामलिनताकीनिवृत्ति
करणेवासते ताचक्षुइंद्रियकूं अंजनकीअपेक्षा अवश्यकरिकेहोवैहै॥ तैसे ब्रह्मसाक्षात्कारविषेप्रतिबंधक जेअसंभावनादिकदोषहैं॥तिनदोनों
कीवृत्तिकरणेवासतै तेवेदकेवचन ताविचाररूपमननकीअपेक्षा अवश्यकरैहैं और हेभृगु जैसे आपणेगृहकीभूमिविषे दाब्याहुआ जोसुवर्णा
दिरूपधनहै ताधनरूपनिधिकूं सोगृहवालापुरुष सिद्धअंजनतैंविना देखिसकैनहीं ॥ तैसे सर्वप्राणियोंकेदेहविषेविराजमान जोब्रह्महै ॥
ताब्रह्मकूंयहअधिकारीपुरुष ताविचाररूपमननतैंविना साक्षात्कारकरिसकैनहीं ॥ और हेभृगु ॥ जैसे भूमिविषेदाबेहुएधनकेदेखणेकासाधन

जोसिद्धअंजनहे ॥तासिद्धअंजनविषे कोईसर्वलोकप्रसिद्धऔषध कारणहोवेनहीं ॥ किंतु कोईविलक्षणऔषधही ताअंजनविषेकारणहोवे है
तैसे ताब्रह्मकेसाक्षात्कारविषेभी कोईसर्वलोकप्रसिद्धउपायहेनहीं ॥ किंतु श्रुतिअनुकूलअनेकप्रकारकीयुक्तियोंकरिके जो तालक्षणवाक्य
काविचारहै ॥ सोविचाररूपमननहीं ताब्रह्मसाक्षात्कारका उपायहै ॥ और हेभृगु ताब्रह्मकेलक्षणवाक्यकाजोज्ञानहे ॥ सोज्ञानतो ताब्रह्मसा
क्षात्कारविषे मुख्यउपायहे ॥ और जैसे रूपादिकपदार्थोंकेदर्शनविषे ताचक्षुइंद्रियका अंजनसहकारीहोवैहे ॥ तैसे ब्रह्मसाक्षात्कारकीउ
त्पत्तिविषे तालक्षणवाक्यकेज्ञानका तालक्षणवाक्यकेअर्थकाविचार सहकारीमात्रहोवैहे ॥ और हेभृगु ॥ ऐसा ब्रह्मकेलक्षणवाक्यकाज्ञान
रूपउपाय गुरुशास्त्रकेउपदेशतैंप्राप्तहुआभी अशुद्धअंतःकरणवालेपुरुषोंकूं किंचित्मात्रभी फलकीप्राप्तिकरैनहीं ॥ किंतु शुद्धअंतःकरण
वालेपुरुषोंकूंहीं सोउपाय फलकीप्राप्तिकरैहै यातैं याअधिकारीपुरुषनैं आपणेअंतःकरणकूं अवश्यकरिके शुद्धकर्‌याचाहियै॥अब ताअंतः
करणकेशुद्धिकाउपाय निरूपणकरैहैं ॥ हेभृगु ॥ याअंतःकरणविषेजोअशुद्धहोवैहै ॥ सो विषयोंकेरागतैंहोवै है ॥ और सोविषयोंकाराग
याशरीरइंद्रियोंकेगर्वतैंहोवैहे॥ और सोशरीरइंद्रियोंकागर्व विषयोंकेसंबंधतैंहोवै है ॥ यातैं परंपराकरिके सोविषयोंकासंबंधही अंतःकरण
कीअशुद्धिविषेकारणहै ॥ यातैं जिसअधिकारीपुरुषकूं आपणेअंतःकरणकेशुद्धिकरणेकीइच्छाहोवैहे ॥ सोअधिकारीपुरुष प्रथम विषयों
केबंधकापरित्यागकरे ॥ ताविषयसंबंधरूपकारणकेनाशहुएतैंअनंतर तेगर्वादिककार्य आपहीनाशकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ शंका ॥ हेभगवन् अन्न
पानादिकसर्वविषयोंकेपरित्यागकरणेतैं याअधिकारीपुरुषकाशरीरही नाशकूंप्राप्तहोवैगा समाधान हेभृगु यहअधिकारीपुरुष जोकदाचित्
किंचित्मात्रभी अन्नपानादिकविषयोंकाग्रहण नहींकरैगा॥तो याअधिकारीपुरुषकाशरीर शीघ्रही नाशकूंप्राप्तहोवैगा॥और जोकदाचित्यह
अधिकारीपुरुष अधिकअन्नपानादिकविषयोंकाग्रहणकरैगा॥तोयाअधिकारीपुरुषके शरीरइंद्रिय गर्वकूंप्राप्तहोवैगा ॥यातैं यहअधिकारीपुरु
ष इतनैंमात्र अन्नपानादिकविषयोंकाग्रहणकरे ॥ जितनैंकरिके याशरीरकानाशभीनहींहोवे ॥ तथा याशरीरइंद्रियोंविषे गर्वभी उत्पन्ननहीं
होवे ॥ इसप्रकार याशरीरकेजीवनमात्रविषेउपयोगी तथाआपणेवर्णआश्रमतैंअविरुद्ध ऐसेजेअन्नपानादिकविषयहैं ॥ तिनोंतैंअधिकविष

योंकासंग्रह नहींकरणा याकानाम तपहै ऐसे संयमरूपतपकेप्राप्तहुए याअधिकारीपुरुषोंकेशरीरइंद्रियोंकागर्व नाशकूंप्राप्तहोवे है ॥ और तागर्वकेनाशहुए सोविषयोंकारागभी नाशकूंप्राप्तहोवे है ॥ और तारागकेनाशहुए याअधिकारीपुरुषकाअंतःकरण शुद्धहोवे है ॥ इसप्रकार संयमरूपतपकरिकै रागद्वेषादिकमलतैंरहितहुआ यहअंतःकरण गुरुशास्त्रउपदिष्टवचनोंकेअर्थकाविचारकरिकै ताब्रह्मकूंनिश्चयकरैहै ॥ यातैं हेभृगु ॥ तूंभी तासंयमरूपतपतैं आपणेचित्तकूंशुद्धकरिकै तथा पूर्वउक्तब्रह्मकेलक्षणवाक्यकाविचारकरिकै ताब्रह्मकूं निश्चयकर ॥ हेभृगु ॥ ताब्रह्मकेलक्षणवाक्यका नानाप्रकारकीयुक्तियोंकरिकैविचाररूपजोतपहै ॥ तथा शरीरइंद्रियादिकोंकासंयमरूपजोतपहै ॥ यह दोनोंप्रकारकातप ताब्रह्मकेसाक्षात्कारविषेकारणहै याप्रकारकावचन हम तुमारेप्रतिकहतेनहीं ॥ काहेतैं जोअर्थ शिष्यकूंअज्ञातहोवै है ॥ तिसअर्थकूंही गुरुशास्त्र उपदेशकरैहै ॥ ज्ञातअर्थका गुरुशास्त्र उपदेशकरैनहीं ॥ और यहतप सर्वमनवांछितपदार्थोंकेप्राप्तिकाकारणहै याअर्थकूं तूं आपही भलीप्रकारजाणताहै ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार सोभृगुऋषि आपणेवरुणपिताकेमुखतैं ताब्रह्मका तटस्थलक्षण श्रवण करिकै तथा ता तपविषे ब्रह्मज्ञानकीकारणतानिश्चयकरिकै प्रथम अंतःकरणकीशुद्धिवासतै पूर्वउक्तशरीरइंद्रियादिकोंकेसंयमरूपतपकूं करताभया ॥ तासंयमरूपतपकरिकै जभी ता भृगुका अंतःकरणशुद्धभया ॥ तभी सोभृगुऋषि पूर्वउक्तब्रह्मकेलक्षणवाक्यका विचाररूप मनन करताभया ॥ और ताविचाररूपतपकरिकै सोभृगु प्रथम अध्यात्म अधिदैव अधिभूतरूप जोयहसमष्टिव्यष्टिरूपस्थूलशरीरहै तास्थूलशरीररूपअन्नमयकोशविषे पूर्वउक्तब्रह्मकालक्षणजाणिकै तास्थूलशरीररूपअन्नमयकोशकूंही ब्रह्मरूपजाणताभया ॥ तिसतैंअनंतर ताअन्नमयकोशविषेभी दोषोंकूंदेखिकै सोभृगु पुनःपिताकेसमीपजाताभया ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ ताअन्नमयकोशविषे ताभृगुनैं ब्रह्मकालक्षण किसप्रकार निश्चयकर्‍या ॥ और ताअन्नमयकोशविषे ताभृगुनैं कौनदोषदेखे ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ॥ समष्टिव्यष्टिरूप जेयहस्थूलशरीरहैं ॥ तिनशरीरोंतैंहीं यहसंपूर्णजगत् उत्पन्नहोवे है ॥ और तिनशरीरोंविषेही यहसंपूर्णजगत् स्थितहै ॥ और नाशकालविषे यहसंपूर्णजगत् तिनशरीरोंविषेही लयभावकूंप्राप्तहोवै है ॥ जैसे मृतकशरीर श्वान

कृमि अग्नि आदिकदेहोंकूंप्राप्तहोवै है ॥ इसप्रकार सोभृगु जगत्केउत्पत्ति स्थिति लयकीकारणतारूप ब्रह्मकालक्षण तासमष्टिव्यष्टिरूप स्थूलशरीरविषेही निश्चयकरताभया ॥ तिसतैंअनंतर विचारकरिकै सोभृगु ताअन्नमयकोशविषे याप्रकारकेदोषोंकूंदेखताभया ॥ यह समष्टिव्यष्टिरूपस्थूलशरीर यद्यपि याजगत्केकारणहैं ॥ तथापि यहस्थूलशरीर आप नाशवान्हैं तथापरिच्छिन्नहैं ॥ और ब्रह्मतौ उत्पत्तिनाशतैंरहितहै ॥ तथा सर्वत्र व्यापकहै ॥ यातैं यहस्थूलशरीर ब्रह्मरूप किसप्रकारहोवैंगे ॥ किंतु यहस्थूलशरीर ब्रह्मरूपनहीं है॥ किंवा॥जैसे यहव्यष्टिस्थूलशरीर उत्पत्तिनाशवान्हैं तथापरिच्छिन्नहैं॥ तैसे समष्टिविराट्भगवान्कास्थूलशरीरभी उत्पत्तिनाशवान्है तथापरिच्छिन्नहै ॥ यातैं तासमष्टिस्थूलशरीरविषेभी ब्रह्मरूपतासंभवैनहीं ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार सोभृगुनामाऋषि ताअन्नमयकोशविषेदोषोंकूंदेखिकै ताअन्नमयकोशके कारणकेपूछणेकीइच्छाकरिकै पुनःतावरुणपिताकेसमीपजाताभया ॥ और मेरेताई ब्रह्मकाउपदेशकरो याप्रकारकाप्रश्न जैसे ताभृगुनैंपूर्वकर्‍याथा ॥ तिसीप्रकारका प्रश्न सोभृगुपुनःतावरुणपिताकेप्रति करताभया ॥ और सोवरुणभी पूर्वकीन्याईं याप्रकारकाउत्तर कहताभया ॥ हेभृगु ॥ जोविचाररूपतप हमनैं तुमारेप्रति बोधनकर्‍याहै ॥ तथा जोविचाररूपतप तुमनैं निश्चयकर्‍याहै ॥ सोविचाररूपतपही ताब्रह्मसाक्षात्कारविषे मुख्यकारणहै ॥ तिसतपतैंविना दूसराकोईकारणनहीं है ॥ यातैं ताविचाररूपतपकरिकैही तूं याजगत्केकारणरूपब्रह्मकूं निश्चयकर ॥ हेभृगु यहविचाररूपतपही ताब्रह्मज्ञानका मुख्यकारणहै ॥ याकारणतैंहीं वेदवेत्तापुरुष ता तपकूं ब्रह्म यानामकरिकैकथनकरैहैं ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार जभी तावरुणपितानैं ताभृगुपुत्रकेप्रति विचाररूपतपका उपदेशकर्‍या ॥तभीसोभृगुऋषि पूर्वकीन्याईं पुनःविचाररूपतपकूंकरताभया ॥ताविचाररूपतपकरिकै सोभृगु प्राणमयकोशकूंहीं ब्रह्मरूप जाणताभया ॥ और पुनःविचारकरिकै सोभृगु ताप्राणमयकोशविषेभी पूर्वकीन्याईं जडत्वादिकदोषोंकूंदेखिकै पुनःतावरुणपिताकेसमीप जाताभया ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार अन्नमय प्राणमय मनोमय विज्ञानमय आनंदमय यापंचकोशोंकूं यथाक्रमतैं ब्रह्मरूपजाणिकै तथातिनपंचकोशोंविषे यथाक्रमतैं दोषोंकूंदेखिकै सोभृगुऋषि पंचवार तावरुणपिताकेसमीप जाताभया ॥ तहां सोभृगु पंचवार पिताकेसमीप

जाइके मेरेताई आप ब्रह्मकाउपदेशकरो याप्रकारकाहीप्रश्नकरताभया ॥ और आगेतैं सोवरुणपिताभी ताभृगुपुत्रकेप्रति विचाररूप तप करिके तूं ब्रह्मकूंजाण याप्रकारकाहीउत्तर पंचवार कहताभया ॥ शंका ॥ हेभगवन् सोभृगु तिनप्राणादिकोंविषे किसप्रकार ब्रह्मकालक्षण जानताभया ॥ और तिनप्राणादिकोंविषे सोभृगु कोनदोषोंकूंदेखताभया ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ॥ जिसप्रकार सोभृगु तिनप्राणादिकोंविषे ब्रह्मकालक्षण जानताभयाहे ॥ तथा तिनप्राणादिकोंविषे जोजोदोष ताभृगुनें देखे हैं ॥ तासंपूर्णअर्थकूं तूं श्रवणकर ॥ जरायुज अंडज स्वेदज उद्भिज्ज यहचारिप्रकारकेदेह प्राणविशिष्टशरीरतैंही उत्पन्नहो वे हैं ॥ और ताप्राणनैंकन्याजोअन्नकाभक्षण ताकरिकेही याशरीरोंकीस्थितिहोवे हे ॥ और याशरीरोंकापरित्यागकरिके जभी तेप्राण लोकांतरविषेजावे हैं ॥ तभी यहशरीर नाशरूपलयकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ यातैं यहप्राणही ब्रह्मरूपहे ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार याजगत्केउत्पत्तिस्थितिलयकीकारणतारूप ब्रह्मकालक्षण ताप्राणविषेजाणिके सोभृगु ऋषि ताप्राणकूंही ब्रह्मरूपजाणताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोभृगुऋषि विचारकरिके ताप्राणविषे याप्रकारकेदोषोंकूंदेखताभया ॥ जैसे यह स्थूलशरीररूपअन्नमयकोश जडहे तथापरिच्छिन्नहे तथा उत्पत्तिनाशवालाहे ॥ तैसे यहप्राणमयकोशभी जडहे तथा परिच्छिन्नहे तथा उत्पत्तिनाशवालाहे ॥ यातैं याप्राणविषेभी ब्रह्मरूपता तथा सर्वजगत्कीकारणरूपता संभवेनहीं ॥ किंतु याजडप्राणकाभी कोईचेतनरूपकारण अवश्यहोवेगा ॥ और संपूर्णलोक हमारामन जाणताहे याप्रकारकावचन कथनकरे हैं ॥ यातैं यहजान्याजावे हे ॥ सर्वकूंजानणेहारा यहचेतनरूपमनही याप्राणादिकसर्वजगत्के उत्पत्तिस्थितिलयकाकारणहे ॥ यातैं यहमनही ब्रह्मरूपहे ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार सोभृगुऋषि याजगत्केउत्पत्तिस्थितिलयकीकारणतारूप ब्रह्मकालक्षण तामनविषेजाणिके तामनकूंही ब्रह्मरूपजाणताभया ॥ और तिसतै अनंतर पुनःविचारकरिके सोभृगुऋषि पूर्वप्राणमयकोशकीन्याई तामनोमयकोशविषेभी याप्रकारके दोषोंकूंदेखताभया ॥ यहमनभी सविकल्पक संशयरूपहे ॥ यातैं यहमन कारणतैंरहितहोवेनहीं ॥ किंतु यासंशयरूपमनकाभी कोईकारण अवश्यहोवेगा ॥ काहे तैं यालोकविषे यह स्थाणुहे अथवा पुरुषहे इसतैंआदिले के जितनेकोसंशयहोवे हैं ॥ तेसंशय कारणतैंविनाहोवैंनहीं ॥ किंतु जिसधर्मीपदार्थविषे

स्थाणुत्व पुरुषत्व यहविरुद्धधर्म प्रतीतहोवै हैं ॥ ताधर्मींपदार्थका जोइदंरूपकरिके सामान्यज्ञानहै ॥ सोसामान्यज्ञान तासंशयका कारण होवै है ॥ तथा स्थाणुत्व पुरुषत्व यादोनोंकोटियोंकास्मरणरूपज्ञान तासंशयका कारणहो वै है॥और सोधर्मींपदार्थोदिकोंकाज्ञान निर्विक ल्पकबुद्धिरूपहै ॥ यातैं तासंशयरूपमनका सानिश्चयरूपबुद्धिही कारणहै ॥ तात्पर्ययह ॥ मंदअंधकारविषेस्थित जोसाढेतीनहस्तपरि माणवाला काष्ठविशेषहै ताकानाम स्थाणुहै ॥ तास्थाणुविषे यहस्थाणुहै अथवा पुरुषहै याप्रकारकासंशय जीवोंकूंहोवै है ॥ तहां तासं शयतैंपूर्व जिसजीवकूं तास्थाणुविषे मनुष्यपरिमाणऊंचापणा निश्चयहोवै है ॥ तिसोजीवकूं तास्थाणुविषे सोसंशयहोवै है ॥ तानिश्चय तैंरहित अन्यजीवकूं सोसंशयहो वैनहीं यातैं यहजान्याजावै है ॥ सानिश्चयरूपबुद्धि तासंशयरूपमनकाकारणहै ॥ यातैं साबुद्धिही ब्रह्म रूपहै ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार तामनआदिकजगत्के उत्पत्तिस्थितिलयकीकारणतारूपब्रह्मकालक्षण तानिश्चयरूपबुद्धिविषे जाणिके सो भृगुऋषि ताबुद्धिरूपविज्ञानमयकोशकूंही ब्रह्मरूपजाणताभया ॥ और तिसतैंअनंतर पुनःविचारकरिके सोभृगुऋषि ताबुद्धिरूपविज्ञानम यकोशविषेभी याप्रकारकेदोषोंकूंदेखताभया ॥ यहनिश्चयरूपबुद्धिभी यास्थूलशरीरकीनाई परिच्छिन्नहै ॥ और जोजोपदार्थ परिच्छिन्न हो वै है ॥ सोसोपदार्थ उत्पत्तिनाशवान्हो वै है ॥ जैसे यहस्थूलशरीर परिच्छिन्नहै ॥ यातैं उत्पत्तिनाशवालाभीहै ॥ तैसे परिच्छिन्नहोणेतैं साबुद्धिभी उत्पत्तिनाशवालीहै ॥ और जोजोपदार्थ उत्पत्तिनाशवालाहो वै है ॥ सोसोपदार्थ सर्वकालविषे हो वैनहीं ॥ किंतु किसीकाल विषेहो वै है तथाकिसीकालविषेनहींहो वै है ॥ जैसे यहशरीर उत्पत्तिनाशवालाहै ॥ यातैं किसीकालविषे है तथा किसीकालविषेनहीं है ॥ तैसे उत्पत्तिनाशवान्होणे तैं साबुद्धिभी किसीकालविषे है तथाकिसीकालविषेनहीं है ॥ और जोपदार्थ कादाचित्कहोवै है ॥ सोपदार्थ ब्रह्मरूपहो वै नहीं ॥ जैसे यहशरीर कादाचित्कहै यातैं ब्रह्मरूपभीनहीं है ॥ तैसे कादाचित्क होणे तैं यहबुद्धिभी ब्रह्मरूपहोइसकेनहीं ॥ किंतु याबुद्धिकाभी कोईकारण अवश्यहो वेगा ॥ तहां यालोकविषे जाजाबुद्धिकीप्रवृत्तिहो वै है ॥ सासा सुखकीप्राप्तिवासतेहीहो वै है ॥ सुखकीप्राप्तितैंविना साबुद्धिकीप्रवृत्तिहो वैनहीं ॥ और कहां दुःखविषे तथा दुःखकेसाधनोंविषे तथा द्वेष्यपदार्थोंविषे तथा उपेक्ष्य

पदार्थोंविषे जाबुद्धिकीप्रवृत्ति देखणेमेंआवेहै ॥ साप्रवृत्तिभी भ्रमप्रमादादिकदोषोंकेवशतैंहीहोवे है ॥ स्वभावतैं साबुद्धि तिनदुःखादिकों
विषे प्रवृत्तहोवैनहीं ॥किंतु स्वभावतैं तो साबुद्धि सुखकीप्राप्तिवासतेही प्रवृत्तहोवे है॥किंवा॥सर्वइच्छातैंरहित समाधिविषेस्थितजेविद्वान्पुरु
षहैं ॥ तिनविद्वान्पुरुषोंकीबुद्धि तासमाधिकालपर्यंत उत्थानकूंप्राप्तहोवेनहीं॥और इच्छावान्अविवेकोपुरुषोंकीबुद्धि सर्वदाउत्थानकूंप्राप्तहो
वे है ॥ याप्रकारकेअन्वयव्यतिरेककरिके याइच्छाविषेही ताबुद्धिकोकारणता सिद्धहोवे है ॥ और यालोकविषे अस्मदादिकजीवोंकूं
जाजाइच्छाहोवे है ॥ सासाइच्छा सुखविषेहीहोवे है ॥ तासुखतैंभिन्न दुःखविषे तथादुःखकेसाधनोंविषे तथाद्वेष्यपदार्थोंविषे तथाउपेक्ष्यप
दार्थोंविषे किसोभीजोवकूं इच्छाहोतीनहीं ॥ इसप्रकार आपणेस्वभावतैंसुखविषेप्रवृत्तहुईभी साजीवोंकोइच्छा अनुपादेयरूपकरिके दुःखा
दिकोंकूंभीविषयकरेहै ॥ इहां जोपदार्थ प्राप्तहुआ पुरुषोंकेप्रयत्नकरिकेभी निवारणकऱ्याजावेनहीं ॥ तापदार्थकानाम अनुपादेयहै ॥
यातैंयहअर्थसिद्धभया ॥ स्वभावतैं केवलसुखकूंहीविषयकरणेहारीजाइच्छाहै ॥ साइच्छा ताबुद्धिकाकारणहै ॥ और तासुखविषयकइ
च्छाकरिकेजन्यहोणेतैं साबुद्धिभी सुखविषेही उत्पन्नहोवैहै ॥ और अनुपादेयरूपजेदुःखादिकहैं ॥ तेदुःखादिक जैसे ताइच्छाकोउत्पत्ति
विषे निमित्तनहींहै ॥ तैसे ताबुद्धिकीउत्पत्तिविषेभी तेदुःखादिक निमित्तनहीं हैं ॥ यातैं प्रियमोदादिकअवयवोंवाला जोआनंदमयहै ॥ सो
आनंदमयही ताविज्ञानमयबुद्धिका कारणरूपहै ॥ यातैं सोआनंदमयही ब्रह्मरूपहै ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार बुद्धिआदिकजगत्के उत्पत्ति
स्थितिलयकीकारणतारूप ब्रह्मकालक्षण ताआनंदमयकोशविषे जाणिके सोभृगुऋषि ताआनंदमयकोशकूंही ब्रह्मरूपजाणताभया ॥ और
सोभृगुऋषि पुनःविचारकरिके ताआनंदमयकोशविषेभी याप्रकारकेदोषोंकूंदेखताभया ॥ याआनंदमयविषेभी प्रिय मोद प्रमोद यहतीन
अवयवतो अंतःकरणकीवृत्तिरूपहैं ॥ और आनंदरूपचतुर्थअवयव अविद्याकीवृत्तिरूपहै ॥ यातैं प्रिय मोद प्रमोद आनंद यहचारोंअव
यव कार्यरूपहैं ॥ और यालोकविषे जोजोपदार्थ कार्यरूपहोवे है ॥ सोसोपदार्थ किसीकारणकरिकेजन्य अवश्यहोवे है ॥ जैसे घटा
दिकपदार्थ कार्यरूपहैं ॥ यातैं मृत्तिकादिककारणोंकरिकेजन्यभीहैं ॥ तैसे कार्यरूपहोणेतैं तेप्रियादिकभी किसीकारणकरिकेजन्य अव

श्यहोवैंगे ॥ और यालोकविषे जोजोपदार्थ किसोकारणकरिकैजन्यहोवे है ॥ सोसोपदार्थ नाशकूंभीअवश्यप्राप्तहोवे है ॥ जैसे घटादिक पदार्थ मृत्तिकादिककारणोंकरिकैजन्यहैं ॥ यातैं नाशकूंभीप्राप्तहोवे हैं ॥ तैसे कारणकरिकैजन्यहोणेतैं यहप्रियादिकभी नाशकूं अवश्यप्राप्तहोवैंगे ऐसेउत्पत्तिविनाशवाले तिनप्रियमोदादिकोंविषे ब्रह्मरूपतासंभवैनहीं ॥ किंतु उत्पत्तिनाशतैंरहित तथान्यूनअधिकतातैंरहित जो ब्रह्मस्वरूपआनंदहै ॥ सोब्रह्मस्वरूपआनंदही याबुद्धिआदिकजगत्काकारणहै ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार विचारकरिकै सोभृगुऋषि ताआनंदमयकोशके पुच्छप्रतिष्ठारूप आनंदस्वरूपआत्माकूंही ब्रह्मरूपकरिकैनिश्चयकरताभया ॥ काहेतैं यालोकाविषे जितनेकीकारणहैं ॥ तेकारण प्रथम आनंदकूंप्राप्तहोइकेही किसीकार्यकेउत्पन्नकरणेविषे समर्थहोवें हैं ॥ आनंदतैंविना कोईभी कार्यकूंउत्पन्नकरतानहीं ॥ जैसे स्त्री पुरुष दोनों प्रथम आनंदकूंप्राप्तहोइकेही पुत्रादिकप्रजाकोउत्पत्तिकरें हैं ॥ यातैंयहजान्याजावैहै ॥ स्त्रीपुरुषादिकसर्वपदार्थोंविषे अनुगत जोआनंदहै ॥ सोआनंदहीयासर्वजगत्काकारणहै ॥ और सोजगत्काकारणरूपआनंद उत्पत्तिनाशतैंरहितहै ॥ यातैं सोकारणरूपआनंद नित्यहै ॥ और यालोकविषे सोआनंद यद्यपि स्त्रीआदिकविषयोंतैंजन्यहुआ प्रतीतहोवे है ॥ तथापि वास्तवतैं सोआनंद स्त्रीआदिकाविषयोंतैं जन्यहोवैनहीं ॥ किंतु इच्छाकीनिवृत्तिकरिकै चित्तकीएकाग्रताद्वारा तेस्त्रीआदिकविषय ताआनंदकीअभिव्यक्तिकरें हैं ॥ इसप्रकार निद्राआहार चंदनादिकोंकालेप स्त्रियां इत्यादिकविषयोंकेसंबंधतैं अभिव्यक्तिकूंप्राप्तहुआ जोआत्मास्वरूपआनंदहै ॥ ताआनंदकरिकैही यहसंपूर्णभूतप्राणी जीवनकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ और मरणकालविषे यहसंपूर्णस्थावरजंगमजीव यास्थूलसूक्ष्मशरीरकेअभिमानकापरित्याग करिकै हृदयदेशविषे ताआनंदस्वरूपब्रह्मविषेही तादात्म्यसंबंधकरिकै लयभावकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ तात्पर्ययह ॥ ताआनंदस्वरूपब्रह्मकेसाथ अभेदभावकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ जैसे यहअधिकारीपुरुष आत्मसाक्षात्कारकरिकै ब्रह्मकेसाथ अभेदभावकूंप्राप्तहोवे है ॥ याकारणतैं याअधिकारीपुरुषकूं पुनःजन्मकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ तैसे मरणकालविषे यहसंपूर्णजीव जोकदाचित् ताब्रह्मकेसाथ अभेदभावकूंप्राप्तहोतेहोवैं ॥ तौ याजीवोंकूंभी पुनःजन्मकीप्राप्ति नहींहोणीचाहिये ॥ और मरणतैंअनंतर याअज्ञानीजीवोंकूं जन्मकोप्राप्ति अवश्यकार

के होवे है ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ॥ जैसे आत्मज्ञानकरिके अज्ञानतैंरहितहुआ यहविद्वान्पुरुष ब्रह्मभावकूंप्राप्तहो वे है ॥ तैसे मरण काल
विषे यहजीव जोकदाचित् अज्ञानतैंरहितहुए ताब्रह्मभावकूंप्राप्तहोवैं ॥ तो याजीवोंकूंभी तामुक्तपुरुषकीनाईं पुनःजन्मकीप्राप्तिनहाहाव ॥
परंतु आत्मज्ञानतैंरहित यहअज्ञानीजीव तामरणकालविषे अज्ञानतैंरहितहुए ताब्रह्मभावकूंप्राप्तहोवैंनहीं ॥किंतु जैसे सुषुप्तिअवस्थाविषे य
हजीव अज्ञानयुक्तहुए ताब्रह्मभावकूंप्राप्तहो वे हैं॥तैसे मरणकालविषेभी यहजीव अज्ञानयुक्तहुएही ताब्रह्मभावकूंप्राप्तहो वे हैं ॥ याकारणतैं
यहअज्ञानोजीव मरणतैंअनंतर पुनःजन्मकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ यातैं यहअर्थसिद्धभया ॥ जिसआत्मास्वरूपआनंदतैं याजगत्केउत्पत्तिस्थिति
लय होवे हैं ॥ सोआत्मास्वरूपआनंदही ब्रह्मरूपहै ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार पूर्व सोभृगुऋषि विचाररूपमननकरिके आत्मसाक्षात्कारकूं
प्राप्तहोताभयाहै ॥ यातैं इदानींकालकेमुमुक्षुजनोंनैंभी ताआत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिवासते सोविचाररूपमनन अवश्यकरणा ॥ हेशिष्य ॥
वरुणऋषिनैं आपणेभृगुपुत्रकेप्रति उपदेशकरी जायहब्रह्मविद्याहै ॥ सायहब्रह्मविद्या हृदयदेशविषेस्थित आनंदस्वरूपआत्माकूंही ब्रह्मरू
पकरिकेबोधनकरे है ॥ यातैं याब्रह्मविद्याकरिके जैसे सोभृगुऋषि सर्वात्मभावरूपफलकूंप्राप्तभयाहै॥ तैसे दूसराभीजोकोईअधिकारीपुरुष
ब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतैं याब्रह्मविद्याकूंश्रवणकरिके ताका विचाररूपमननकरेगा ॥ सोअधिकारीपुरुषभी तासर्वात्मभावरूपफलकूं अवश्य
प्राप्तहो वेगा ॥ यातैं इदानींकालकेमुमुक्षुजनोंनैंभी आपणेअसंभावनादोषकीनिवृत्तिवासते ताब्रह्मविद्याका विचाररूपमनन अवश्यकर्‍या
चाहिये॥हेशिष्य॥समष्टिरूपअन्नमयादिककोशोंकूं जोपुरुषआपणाआत्मारूपकरिकेजाणे है॥तिसपुरुषकूं जैसे श्रुतिउक्तसर्वअन्नकीप्राप्तिआ
दिकफल प्राप्तहो वे हैं॥तैसे आनंदस्वरूपब्रह्मकूं जोपुरुष आपणाआत्मारूपकरिकेजाणे है ॥ तिसपुरुषकूंभी ताआनंदस्वरूपब्रह्मकीप्राप्तिरू
पफल अवश्यप्राप्तहो वे है॥हेशिष्य॥इसप्रकार विचाररूपमननकेबलतैं यहविद्वान्पुरुष अन्नमयादिकपंचकोशोंकापरित्यागकरिके हावु इ
त्यादिकसामवेदकागायन करताहुआ जीवन्मुक्तरूपहोइकेस्थितहो वे है॥तथा ताआत्मज्ञानकेप्रभावतैं सोविद्वान्पुरुष याप्रकार सर्वात्मभा
वरूपफलका अनुभवकरे है यहबहुतआश्चर्य है ॥ जोयालोकविषे मैं एकहीआत्मादेव अन्नादिकभोग्यरूपकरिके तथापुरुषादिकभोक्तारूप

करिकैस्थितहुआहूं ॥ और देवताअतिथिआदिकों केप्रति अन्नकूंनहीं देकरिकै जेकृपणपुरुष आपणेउदरकूंहीभरणकरै हैं ॥ तिनकृपणपुरुषोंकूं मैंआत्मादेवही मृत्युरूपहोइकै भक्षणकरताहूं ॥ और मैंहीआत्मादेव ईश्वररूपकरिकै याऋगादिकवेदोंके मंत्रोंकाकरताहूं ॥ तथा मैंहीआत्मादेव ऋषिरूपकरिकै तिनवेदों के मंत्रोंकाद्रष्टाहूं तथास्मरणकरताहूं ॥ और मैंहीआत्मादेव कर्मउपासनाके स्वर्गादिफल रूपकरिकैस्थितहूं ॥ और मैंहीआत्मादेव समष्टिसूक्ष्महिरण्यगर्भरूपकरिकै तथासमष्टिस्थूलविराट्रूपकरिकै संपूर्णव्यष्टिदेवतावों तैं प्रथमउत्पन्न भयाहूं ॥ और ब्रह्मानंदस्वरूपजोमोक्षहै तथा यहसंपूर्णसंसाररूपजोचक्रहै यादोनोंके मध्यविषे मैं आत्मादेवही नाभिकीनांईस्थितहूं ॥ तात्पर्ययह ॥ मैंआत्मादेवही याजीवोंकूंमोक्षकोप्राप्तिकरौंहूं तथा संसारकोप्राप्तिकरौंहूं ॥ और मैंहीआत्मादेव धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष यह चारिप्रकारकापुरुषार्थरूपहूं ॥ और मैंहीआत्मादेव अन्नादिकपदार्थरूपहूं ॥ और मैंहीआत्मादेव अन्नादिकपदार्थोंकादातारूपहूं ॥ यातैं ऐसेअन्नादिरूपमैंआत्माकूं जोपुरुष अतिथिआदिकोंके तांई देकरिकै मृत्युतैंआपणेआत्माकीरक्षाकरै है ॥ सोअन्नदातापुरुषभी मैंआत्माकोहीरक्षाकरै है ॥ और जेकृपणपुरुष अतिथिआदिकोंके प्रति अन्नदान नहींकरै हैं ॥ किंतु केवलआपणेउदरकूं तथाआपणेस्त्रीपुत्रादिककुटुंबकेउदरकूंही भरणकरै हैं ॥ ऐसे अन्नदानतैंरहितकृपणपुरुषोंकूं मैंआत्मादेवही दिनमासादिककालरूपकरिकै तथामृत्युरूपकरिकै भक्षणकरौंहूं ॥ और सुवर्णकीन्यांईप्रकाशमान् तथासूर्यमंडलविषेस्थित जोस्वयंज्योतिपुरुषहै ॥ ऐसेपुरुषरूपकरिकै मैंआत्मादेवही यासर्वजगततैंउत्कृष्टहूं ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार तेविद्वान्पुरुष तासामवेदकेगायनकेंव्याजकरिकै जोसर्वात्मभावकीप्राप्तिरूप आपणा अनुभव प्रगटकरै हैं ॥ सो किसीआपणेस्वार्थवासते नहींप्रगटकरै हैं किंतु यहअधिकारीपुरुष जिसीकिसीप्रकारसैं तासर्वात्मभावकोप्राप्तिवासते या ब्रह्मविद्याविषे प्रवर्त्तहोवैं याप्रकारकीकृपा हमअधिकारीजनोंऊपरकरिकै तेविद्वान्पुरुष श्रुतिभगवतीकीनांई ताआपणे अनुभवकूं प्रगटकरै हैं ॥ अब इसीअर्थविषे प्रमाणरूपकरिकै यजुर्वेदकेनारायणउपनिषद्काअर्थ निरूपणकरै हैं ॥ हेशिष्य ॥ जिससर्वात्मरूपब्रह्मकूं तेविद्वान्पुरुष सामवेदकरिकैगायनकरै हैं ॥ तिसीसर्वात्मरूपब्रह्मकूं नारायणउपनिषद्भी प्रतिपादनकरै है ॥ यातैं

तानारायणउपनिषद्विषे याआनंदस्वरूपब्रह्मकूं जिसप्रकार सर्वात्मरूपकरिकेकथनकर्‍याहे ॥ ताअर्थकूंतू सावधानमनकरिकेश्रवणकर ॥ हेशिष्य ॥ अविद्यारूपजलकरिकेपूर्ण जोयहसंसाररूपसमुद्रहे ॥ तथा तासंसाररूपसमुद्रविषेस्थित जेचतुर्दशभुवनहैं ॥ तिनसंपूर्णोंविषे यहआनंदस्वरूपस्वयंज्योतिपरमात्मादेवही आकाशकीन्याई अनुगतहोयकेवर्त्ते है ॥ और यहपरमात्मादेव सर्वत्रव्यापकहे ॥ यातैं या लोकोंकी अपेक्षाकरिके ऊपरस्थितजोस्वर्गलोकहे ॥ तिसस्वर्गलोक तैं भी सोपरमात्मादेव ऊपर स्थितहे ॥ और महान् रूपकरिकेप्रसिद्ध जेआकाशादिकहैं ॥ तिनआकाशादिकमहान्पदार्थों तैं भी सोपरमात्मादेव अत्यंतमहान्है ॥ और अध्यात्मरूप करिके तथासूर्यादिकअधिदेवरूपकरिके स्थित जेजीवोंकेनेत्रादिकइंद्रियहैं ॥ तिननेत्रादिकइंद्रियोंविषे यहपरमात्मादेवही आपणेस्वयं ज्योतिचैतन्यरूपकरिके प्रवेशकरैहे ॥और स्थूल सूक्ष्म कारण यातीनप्रकारकीउपाधियोंकेसंबंधकरिके क्रमतैं विराट् हिरण्यगर्भ ईश्वर यातीनप्रकारकेसंज्ञाकूंप्राप्तहुआ यहपरमात्मादेव सर्वात्मतारूपकरिके यासृष्टिकेपरंपराकूं प्रवर्त्तकरैहे ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताप रमात्मादेवकूं प्रजापति यानामकरिकेकथनकरैहे और अध्यात्म अधिदेव अधिभूतयातीनरूपकरिकेस्थित जितनेकीस्थावरजंगमप्राणी हैं तिनसर्वप्राणियोंकेहृदयदेशरूप आकाशविषे यहपरमात्मादेवहीसाक्षीरूपकरिकेविचरैहे ॥ और यहसंपूर्णस्थावरजंगमरूपजगत् आपणी उत्पत्तिकालविषे तथास्थितिकालविषे तथालयकालविषे यापरमात्मादेवकेअधीनहुआही स्थितहोवे है॥और विश्वेदेवनामादेवतावों तैंआ दिलेकेजितनेकोदेवताहैं॥तेसंपूर्णदेवताभी यापरमात्मादेवकेअधीनहुएहीस्थितहोवे हैं॥हेशिष्य यहसंपूर्णजगत् यापरमात्मादेवके अधीनहे याप्रकारकेवचनतैं तुमनैं परमात्माका तथा याजगत्का भेदनहींजानणा ॥किंतु भूत भविष्यत वर्त्तमान जितनाकीयहजगतहे॥सोसंपूर्णज गत् तापरमात्मारूपही है॥शंका॥ हेभगवन् ॥ऐसापरमात्मादेव किसवस्तुविषेस्थितहे ॥ समाधान॥ हेशिष्य ॥ यहआनंदस्वरूपआत्मादेव दूसरेकिसीपदार्थविषेरहैनहीं॥ किंतु यहपरमात्मादेवचिदाकाशस्वरूपआपणेमहिमाविषेहो स्थितहोवैहे ॥ और यहआत्मादेवही आकाशकूं तथास्वर्गकूं तथाभूमिकूं सर्वओरतैंव्याप्यकरिकेरहैहे॥ और यासर्वलोकमंडलकेमध्यविषेस्थितहोइके जोयहसूर्यभगवान् प्रकाशकरैहेतासूर्य

भगवान्कूंभीयहपरमात्मादेवही आपणेस्वप्रकाशतेजकरिके प्रकाशमानकरैहै ॥ औैर हेशिष्य॥जैसे यालोकविषेतंतुवायपुरुष तंतुरूपसूत्रकूं पटभावकीप्राप्तिवासतेविस्तारकरैहै॥तैसे यासंसारसमुद्रविषेस्थित संपूर्णपदार्थरूपपटका सूत्ररूपजोपरमात्मादेवहै॥तापरमात्मादेवरूपसूत्र कूंवाल्मीकिआदिककवी जगत्पटरूपकरिके विस्तारकरैहैं॥ हेशिष्य॥वास्तवतैं मनवाणोकाअविषयहुआभी यहपरमात्मादेव याजगत्विषे तादात्म्यभावकूंप्राप्तहोवे है॥ याप्रकार जो तापरमात्मादेवकावर्णनहै ॥ सोवर्णनही तापरमात्मारूपसूत्रका जगत्पटरूपकरिके विस्तारक रणाहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे सूत्रतैं पट भिन्ननहींहै ॥ यातैं पटकाजोवर्णनहै ॥ सो सूत्रकाहीवर्णनहै ॥ तैसे यहजगत्रूपपटभी तापरमात्मा रूपसूत्रतैंभिन्ननहींहै ॥ यातैं तेवाल्मीकिआदिककवी याजगत्कावर्णनकरतेहुए तापरमात्मादेवकाहीवर्णनकरै हैं ॥ तहांश्रुति॥यहमेवीणा यांगायंतिएतमेवतेगायंति ॥ अर्थयह ॥ यहलौकिकपुरुष जोवीणाविषे गायनकरैहैं ॥ सोभी यापरमात्मादेवकूंही गायनकरैहैं ॥ १ ॥ हेशि ष्य ॥ सर्वतैंउत्कृष्टअव्याकृतरूप जोपरमात्मादेवहै ॥ तापरमात्मादेवविषेही यहस्थावरजंगमरूपसर्वजगत् स्थितहोवे है ॥ और यापरमा त्मादेवतैंहीउत्पन्नहुआ हिरण्यगर्भरूपब्रह्मा आकाशादिकपंचमहाभूतोंकरिके यासंपूर्णप्रजाकूंउत्पन्नकरताभया॥तहां याभूमिलोकविषे व्री हियवादिकओषधिरूपकरिके मनुष्यपशुआदिकअनेकप्रकारकीप्रजाकूं उत्पन्नकरताभया॥इसप्रकार हिरण्यगर्भद्वारा सर्वजगत्कूंउत्पन्नक रिके सोपरमात्मादेवही जीवरूपकरिके ताजगत्विषेप्रवेशकरताभया ॥ और यहपरमात्मादेव परमाणुआदिकसूक्ष्मपदार्थों तैंभी अत्यंतसू क्ष्महै॥तथा आकाशादिकमहान्पदार्थों तैंभी अत्यंतमहान्है॥यातैं यापरमात्मादेवतैंपरे कोईसूक्ष्मपदार्थनहीं है तथाकोईमहान्पदार्थनहीं है॥किंतु यहपरमात्मादेवही अणुतैंअणुहै तथामहान्तैंमहान्है॥तहांश्रुति ॥अणोरणीयान् महतोमहीयान्॥यहांअणुशब्दकरिके दुर्विज्ञेयता काग्रहणकरणा॥और यहपरमात्मादेव सर्वभेदतैंरहितहै॥याकारणतैं अनंतहै ॥और यहपरमात्मादेव यासर्वजगत्का कारणहै ॥यातैं पुराण है॥और यहपरमात्मादेव कार्यसहितअज्ञानरूपतमतैंपरहै॥यातैंस्वयंज्योतिरूपहै॥और हेशिष्य॥शास्त्रकरिकेविहित जोमनकाव्यापारहैता कानाम ऋतहै॥और शास्त्रकरिकेविहित जोशरीरकाव्यापारहै ताकानामसत्यहै॥सोऋतनामापुण्यकर्म तथा सत्यनामापुण्यकर्महीयाजीवों

कूं सुखरूपफलकीप्राप्तिकरैहै ॥ सोदोनोंप्रकारकापुण्यकर्मभी यहपरमात्मादेवही है ॥ और यहपरमात्मादेवही अग्निहोत्रादिकइष्टकर्म रूपहै ॥ और यहपरमात्मादेवही वापीकूपतडागादिकपूर्त्तकर्मरूपहै ॥ और भूत भविष्यत वर्त्तमानरूप जितनाकी यहजगत्है ॥ सोयहसंपूर्णजगत् तापरमात्मादेवविषैहीस्थितहै ॥ याकारणतैं ब्रह्मवेत्तापुरुष तापरमात्मादेवकूं यासंसाररूपचक्रका नाभिरूपकरिकै कथनकरैहैं ॥ और यहपरमात्मादेवही अग्नि वायु सूर्य चंद्रमा मोक्ष सूक्ष्मभूत विराट् रूपहै ॥ और यापरमात्मादेवतैंही निमेष घटी मुहूर्त्त प्रहर दिन रात्रि पक्ष मास ऋतु संवत्सर इत्यादिककाल उत्पन्नहोवै हैं ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार सोपरमात्मादेव सर्वजगत्कूंउत्पन्न करिकै आकाशादिकपंचभूतोंतैं तथा तापंचभूतमयत्रिलोकीरूपगौतैं नानाप्रकारकेभोगरूपदुग्धकूं दुहताभया ॥ जोभोगरूपदुग्ध हमजी वोंकूं सुखरूपहुआप्रतीतहोवैहै ॥ हेशिष्य ॥ यहपरमात्मादेव नेत्रादिकइंद्रियोंकाविषयहैनहीं ॥ याकारणतैं यापरमात्मादेवकूं जगत्के ऊपर तथानीचे तथामध्यविषे कोईपुरुष ग्रहणकरिसकैनहीं ॥ और यहपरमात्मादेव किसी इंद्रियकरिकेग्रहणकऱ्याजावैनहीं ॥याकारणतैं यापरमात्मादेवका कोईनियंताभीनहीहै ॥ और यहपरमात्मादेव आत्मारूपकरिकै सर्वजीवोंकोनिरतिशयप्रीतिकाविषयहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवतीतापरमात्मादेवकूं 'महद्यशः'यानामकरिकेकथनकरैहै॥और यहपरमात्मादेव रूपस्पर्शादिकगुणोंतैंरहितहै॥याकारणतैं यापर मात्मादेवकूं नेत्रादिकइंद्रियोंकरिकै कोईभीपुरुष देखिसकतानहीं॥किंतु मनकूंनिरोधकरणेहारी आभ्यंतरमुखशुद्धबुद्धिहै॥ताशुद्धबुद्धिकरि केही यहपरमात्मादेव जान्याजावैहै॥और हेशिष्य ॥ पूर्वसृष्टिकालविषे आकाशादिकपंचसूक्ष्मभूतोंतैं तथापृथ्वीआदिकस्थूलभूतोंतैं उत्पन्न भयाजोहिरण्यगर्भनामा तथावैश्वानरनामादेवताहै॥सोहिरण्यगर्भनामादेवता तथावैश्वानरनामादेवताभी यापरमात्मादेवतैंहीउत्पन्नहोवैहै॥ और याव्यष्टिरूपजगत्तैं समष्टिरूपकरिकै अधिकभावकूंप्राप्तहुआ सोहिरण्यगर्भ यासंपूर्णव्यष्टिशरीरविषे व्याप्यकरिकै स्थितहोवैहै ॥ कैसाहैसोहिरण्यगर्भ॥यासंपूर्णदेहधारीजीवोंतैं प्रथम देहधारीजीवहै ॥तथा यहसंपूर्णस्थूलजगत् ताहिरण्यगर्भकाहीस्वरूपहै ॥ और यहही नारायणरूपपरमात्मादेव सूर्यमंडलविषैस्थितहोइके आपणेअस्तिभातिप्रियरूपकरिकै याजगत्कूंभीअस्तिभातिप्रियरूपकरैहै॥और इसी

ही परमात्मादेवकूं यहअधिकारीपुरुष ब्रह्मविद्याकरिकेप्राप्तहोवेंहे ॥ और याजगतकीउत्पत्तितैंपूर्व जोपरमात्मादेव अनंत निर्गुण चिद्घन इत्यादि रूपकरिकेस्थितहोवेंहे ॥ सोईहीपरमात्मादेव ताहिरण्यगर्भका वास्तवस्वरूपहे ॥ ऐसा मायारूपतमतैंपरे तथासूर्यकेसमान तेजवान् तथामहान् जोस्वयंज्योतिआनंदस्वरूपपरमात्मादेवहे ॥ तिसपरमात्मादेवकूं मैंमंत्रद्रष्टाऋषि आपणाआत्मारूपकरिकेजाणताहूं ॥ और मेरेन्याई जोकोईदूसराभीअधिकारीपुरुष तास्वयंज्योतिपरमात्मादेवकूं मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकार आपणाआत्मारूपकरिकेजानेगा॥सो अधिकारीपुरुषभी याशरीरकेवर्तमानकालविषे ब्रह्मरूपहुआ मरणतैंअनंतर ताशुद्धब्रह्मकूंहीप्राप्तहोवेगा॥ऐसेअद्वितीयब्रह्मकीप्राप्तिवासते ब्रह्मज्ञानतैंविना दूसराकोईमार्गहेनहीं॥किंतु यहब्रह्मज्ञानही ताकेप्राप्तिकामार्गहे ॥ अब ताब्रह्मज्ञानकी प्राप्तिवासते प्रथम त्वंपदार्थकेशोधन कानिरूपणकरेहैं॥हेशिष्य॥जैसे माताकेउदरविषे बालकस्थितहोवेंहे॥तैसे आदित्यमंडलविषेस्थितयहस्वयंज्योतिपुरुषही विराट्रूपकरिके सर्वजीवोंकेअंतरस्थितहोइके नानाप्रकारकीसृष्टिकूंउत्पन्नकरताहुआविचरेहे ॥कैसाहेसोपरमात्मादेव ॥ शरीरादिकउपाधियोंकेजन्महुए भी वास्तवतैं जन्ममरणतैंरहितहे ॥ और शास्त्रवेत्तापुरुष जैसे सूर्यमंडलादिकोंकूंसूर्यादिकों के किरणावोंका कारणमानेहैं ॥ तैसे तासर्वांतर्यामीपरमात्मादेवकूंही ताविराट्का कारणमानेहैं॥अब तत्पदार्थकाशोधनकरतेहुए प्रथमचित्तशुद्धिवासते तापरमात्मादेवकेआराधनका प्रकार निरूपणकरेहैं ॥ हेशिष्य ॥ अग्निआदिकजेअधिदेवहैं ॥ तथा वाकादिकजेअध्यात्महैं ॥ तिनसंपूर्णोंकेउपकारवासते जोपरमात्मादेव आदित्यमंडलविषेस्थितहोइके सर्वत्रप्रकाशकरेहे ॥ और इंद्रादिकदेवतावोंकापुरोहित जोबृहस्पतिहे सोबृहस्पतिभी जिसपरमात्मादेवकीही विभूतिहे और जोपरमात्मादेवविभूतिरूपसर्वदेवतावोंतैंपूर्व आदित्यरूपकरिके प्रादुर्भावहोवेंहे ऐसे स्वप्रकाशचैतन्यरूपशुद्धपरमात्मादेवकेताईं हमारा वारंवार नमस्कारहोवे ॥ हेशिष्य ऐसेनारायणरूपपरमात्मादेवनें अग्निआदिकदेवताओंकेप्रति याप्रकारकावर दियाहे ॥ हेदेवतावो ॥ आदित्यरूप जोमैंआनंदस्वरूपपरमात्मादेवहूं तिसमैंपरमात्मादेवकीप्रसन्नताकरणेवासते जेअधिकारीपुरुष श्रद्धाभक्तिपूर्वक मेरेताईंनमस्कारकरेंगे॥तिनअधिकारीपुरुषोंकेसर्वपापकर्म निवृत्तहोवेंगेओर तिनपापकर्मोंकीनिवृत्तितैंअनंतरतिनअधिकारीपु

रुषोंकाअंतःकरण शुद्धहोवैगा॥ताशुद्धअंतःकरणविषे तिनअधिकारीपुरुषोंकूं मैंपरमात्मादेवकासाक्षात्कार प्राप्तहोवेगा॥शंका॥हेभगवन् ॥
तापरमात्मादेवनैं तिनअग्निआदिकदेवतावोंकेप्रति याप्रकारकावर किसकालविषेदियाहे॥समाधान ॥ हेशिष्य ॥ पूर्व तेअग्निआदिकदेवता
ताप्रकाशमानआदित्यरूपपरमात्मादेवकूं नानाप्रकारकेनमस्कारोंकरिके प्रगटकरतेभये ॥ और वरकेप्राप्तिकीकामनाकरिके तेअग्निआ
दिकदेवता तापरमात्मादेवकेआगे याप्रकारकोप्रार्थनाकरतेभये ॥ हेभगवन् सर्वजगत्काआत्मारूप तथापरमआनंदस्वरूप जोआप
हो ॥ तिसआपकेताईं जोअधिकारीपुरुष श्रद्धाभक्तिपूर्वक नमस्कारकरे ॥ तिसअधिकारीपुरुषकेहृदयदेशविषे आप सर्वदाप्रगटहोवो ॥
तात्पर्ययह ॥ ताअधिकारीपुरुषकूं आपका आत्मारूपकरिकेसाक्षात्कारहोवे ॥ याप्रकारकावर आप हमारेप्रतिदेवो॥हेशिष्य॥इसप्रकार
जभी तिनअग्निआदिकदेवतावों नें तापरमात्मादेवकेआगे प्रार्थनाकरी॥तभी सोपरमात्मादेव तिनदेवतावोंकेप्रति सोवरदेताभया ॥ यातैंजो
अधिकारीपुरुष तापरमात्मादेवकेप्रति श्रद्धाभक्तिपूर्वक नमस्कारकरे है ॥ ताअधिकारीपुरुषकूं तापरमात्मादेवकेवरकेप्रभावतें अध्यात्मसा
क्षात्कारकीप्राप्ति अवश्यकरिकेहोवे है॥हेशिष्य ॥इसप्रकार अग्निआदिक देवतावों केप्रति जोपरमात्मादेवनैं वरदियाहै॥तावरप्रदानरूपगुह्य
व्यवहारकूं जोअधिकारीपुरुष गुरुशास्त्रकेउपदेशतैंजाने है॥तिसअधिकारीपुरुषके तेसंपूर्ण देवता वशवर्तीहोवैं हैं ॥हेशिष्य॥आत्मसाक्षात्का
रकीप्राप्तिवासते तापरमात्मादेवकेप्रति नमस्कारकरताहुआ यहअधिकारीपुरुष याप्रकार तापरमात्मादेवकीस्तुतिकरे॥हेपरमात्मादेव॥ऐ
श्वर्यकाअभिमानीदेवतारूपजाश्रीहै॥तथा सौंदर्यकाअभिमानीदेवतारूप जालक्ष्मीहे ॥तेश्रीलक्ष्मीदोनों आपकी पत्नीयां हैं॥और सर्वपदा
र्थोंकरिकेयुक्त जोदिनरूपकालहै तथा रात्रिरूपकालहै ॥तेदिनरात्रिरूपदोनोंकाल आपके पार्श्वस्थानहैं ॥ और यहसंपूर्णतारागण आपका
प्रकाशमानरूपहै ॥ और अश्विनीकुमारोंकीन्याईं द्वंद्वरूपकरिकेप्रसिद्ध जेस्वर्ग पृथ्वी यहदोनों हैं ॥ तेस्वर्गपृथ्वीदोनों आपका प्रसृतमुख
है ॥ हेदेवतावों के ईश्वर ॥ हमअधिकारीजनोंकूं मोक्षकीप्राप्तिकरणेवासते आपणास्वयंज्योतिआनंदस्वरूप प्रगटकरो॥हेभगवन् हमअधि
कारीजनोंका वारंवार आपकेताईं नमस्कारहोवे ॥ इतनैंकरिके वैश्वानरअंतर्यामीरूपकरिके तानारायणपरमात्मादेवकास्वरूप निरूपण

कऱ्या ॥ अब हिरण्यगर्भअंतर्यामीरूपकरिकेभी तानारायणपरमात्मादेवकास्वरूप निरूपणकरे हैं ॥ जोहिरण्यगर्भरूपदेव यासर्व जगत्
तेंपूर्वं प्रगटहोइके यासर्वजगत्का महेश्वरहोताभया ॥ और जैसे यालोकविषे स्तंभ गृहकूंधारणकरे हैं॥तैसे सोहिरण्यगर्भ देवभी यात्रिलो
कीरूपगृहकूं धारणकरताभया ॥ ऐसेहिरण्यगर्भरूपएकदेवके प्रसन्नताकरणेवासते हमअधिकारीजन आपणेवर्ण आश्रमकेअनुसार घृता
दिरूपहविष्यपदार्थोंकरिकै अर्चनकरे हैं ॥ और प्राणोंकुंधारणकरणेहारे तथाज्ञानकर्मइंद्रियोंकरिके नानाप्रकारकेव्यापारोंकूंकरणेहारे
जेचेतनप्राणी हैं ॥ तिनसंपूर्णचेतनप्राणियोंका जोहिरण्यगर्भ देव अधिपतिहोताभया ॥ याकारणतें सोहिरण्यगर्भ देव दोपादोंवालेमनु
ष्यादिकोंका तथाचारिपादोंवालेअश्वादिकोंका नियंताईश्वरहे ॥ ऐसेहिरण्यगर्भ देवकेशरणकूं मैं अधिकारीजन प्राप्तभयाहूं ॥ किंवा ॥ जो
हिरण्यगर्भ देव आत्मसाक्षात्कारवालेअधिकारीजनोंके प्रति आपणावास्तवस्वरूप प्राप्तकरे है॥तथा बल प्राप्तकरे है॥और जिसहिरण्यगर्भ
देवकूं आपणेशरीरविषेस्थितहोइकेसंपूर्ण देवता आराधनकरे हैं॥और जिस हिरण्यगर्भ देवके यहअग्निआदिकसर्व देवता शिष्यरूपहैं॥ और
जिसहिरण्यगर्भदेवतें यहसंपूर्णदेवता आशीर्वादकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ और जैसे छाया यापुरुषोंकेअधीनहोवे है ॥ तैसे मोक्ष मृत्यु यहदोनों
जिसहिरण्यगर्भदेवकेकिंकरहैं ॥ ऐसेहिरण्यगर्भदेवकेशरणकूं मैंअधिकारीजन प्राप्तभयाहूं ॥ किंवा ॥ हिमालयतेंआदिलेकेजितनेकीपर्व
तहैं ॥ तेसंपूर्णपर्वत जिसहिरण्यगर्भका विभूतिरूपमहिमाहैं ॥ अथवा ॥ हिमालयादिकपर्वतों तैंभी जिसहिरण्यगर्भ देवकामहिमा अधिक
है ॥ और जैसे यालोकविषे जलकेतलाव बालकोंकेक्रीडाकास्थानहोवे हैं ॥ तैसे हिमालयआदिकपर्वतहैंतीररूपजिनोंके ऐसेजेसप्तसमुद्र
हैं तथापातालहैं ॥ तेसमुद्र तथापाताल जिसहिरण्यगर्भदेवके क्रीडाकेस्थानहैं ॥ और पूर्वादिकचारिदिशा तथा अग्निकोणादिकचारिउप
दिशा यहसंपूर्णदिशा जिसहिरण्यगर्भदेवकीभुजाहैं॥ऐसेहिरण्यगर्भदेवकेशरणकूं मैंअधिकारीजन प्राप्तभयाहूं॥किंवा॥जिसहिरण्यगर्भदेवकी
सत्ताकरिकै धारणकरीहुई यहपृथिवी जलऊपरस्थितहोवे है ॥ तथा जिसहिरण्यगर्भदेवकीसत्ताकरिकेधारणकऱ्याहुआ स्वर्ग आकाशविषे
स्थितहोवे है॥और जिसहिरण्यगर्भकेवास्तवस्वरूपकूं सापृथिवी तथास्वर्ग आपणेमनकरिके सर्वदा ध्यानकरे हैं॥ताध्यानकरिके सापृथ्वी

सर्वदाशोभायमानहैं ॥ और जिसहिरण्यगर्भदेवकूंआश्रयणकरिके सर्वतैंअधिकतारूपकरिकेउदयभयाजोयहसूर्य है ॥ सोयहसूर्यभी जिस हिरण्यगर्भदेवकोभयकरिके रात्रिदिनविषे नानाप्रकारकाभ्रमणकरैहै ॥ ऐसेहिरण्यगर्भदेवकेशरणकूं मैंअधिकारीजन प्राप्तभयाहूं ॥ किंवा॥ जिसहिरण्यगर्भदेवकोविभूतिरूप जेक्षत्रधर्मविषेप्रीतिवाले इंद्रादिकमहान्शूरवीरहैं ॥ तिसइंद्रादिरूपविभूतिकरिकेयुक्तहोणेतैं यहस्वर्गलोक उग्ररूपकरिकेप्रसिद्धहै ॥ और जिसहिरण्यगर्भदेवकेअनुग्रहकरिके यहपृथिवी अत्यंतबलकूंप्राप्तहोवे है ॥ जिसबलकेप्रभावतैं यहपृ थिवी ब्रह्मांडकेभारकरिकेयुक्तहुईभी नौकाकीन्याई जलविषेडूबतीनहीं ॥ और जैसे स्तंभोंकरिकेधारणकऱ्याहुआगृह नीचेपतनहोवै नहीं ॥ तैसे जिसहिरण्यगर्भदेवकरिके धारणकऱ्याहुआ यहस्वर्गलोक तथाअंतरिक्षलोक तथाब्रह्मलोक नीचेपतनहोवैनहीं ॥ और जोहिरण्यगर्भदेव रजोगुणकरिकेयुक्तहुआ स्वर्गलोकविषे विमानोंविषेस्थित नानाप्रकारकेभोगोरूपोंकूंधारणकरिके विषयसुखकीप्राप्ति वासते देवांगनावोंकेसुखरूपचंद्रमाविषे आपणेनेत्ररूपकमलोंकूंअर्पणकरैहै ॥ और अग्निआदिकसर्वदेवतावोंकेरहणेकामंदिर जोवैश्वानर है ॥तावैश्वानररूपकूंभी यहहिरण्यगर्भदेवहीधारणकरैहै ॥ याकारणतैं यहहिरण्यगर्भदेव मानतैंरहितहै ॥ ऐसेहिरण्यगर्भदेवकेशरणकूं मैंअधिकारीजन प्राप्तभयाहूं ॥ किंवा ॥ जैसे लोकप्रसिद्धगंगादिकनदियोंकेजल समुद्रकूं पतिरूपकरिके आश्रयणकरैहैं ॥ तैसे अव्या कृत प्रकृति माया इत्यादिकनामोंकरिकेप्रसिद्ध जाअविद्याहै ॥ तेअविद्यारूपजल जिससर्वात्मारूपहिरण्यगर्भदेवकूं पतिरूपकरिकेआश्र यणकरैहैं ॥ कैसेहैं तेअविद्यारूपजल ॥ आकाशादिकपंचभूतरूपगर्भकरिकेयुक्तहैं ॥ याकारणतैं महान्हैं ॥ पुनःकैसेहैं तेअविद्यारूप जल ॥ विराट्रूपजोवैदिकअग्निहै तथालोकप्रसिद्धजोयहअग्निहै तादोनोंप्रकारकेअग्निकूं सूक्ष्मबीजरूपकरिके आपणेविषेधारणकरैहैं ॥ तथा तिनदोनोंप्रकारकेअग्नियोंकूं आपणेतैंउत्पन्नकरैहैं ॥ हेशिष्य ॥ ताअविद्यारूपजलोंतैं केवल एकअग्निही उत्पन्ननहींभया ॥ किंतु वाकादिकअध्यात्मोंका तथा अग्निआदिकअधिदेवोंका धारणकरणेहारा जोयहप्राणहै ॥ सोप्राणभी तिनअविद्यारूपजलोंतैंहीउत्पन्न भयाहै ॥ याकारणतैंही यहप्राण जलतैंविना स्थितहोइसकैनहीं ॥ ऐसेअविद्यारूपजल जिसहिरण्यगर्भदेवकूं पतिरूपकरिकेआश्रय

णकरेहैं ॥ ऐसेहिरण्यगर्भदेवकेशरणकूं मैंअधिकारीजन प्राप्तभयाहूं ॥ किंवा ॥ जोहिरण्यगर्भदेव आपणेस्वप्रकाशचैतन्यरूपतेजकरिके ताअविद्यारूपजलोंकूं प्रकाशकरेहै ॥ और जोहिरण्यगर्भदेव सर्वजीवोंकाआत्मारूपहै ॥ और जोहिरण्यगर्भदेव इंद्रादिकदेवतावोंकाभी अधिपतिहै ॥ ऐसेहिरण्यगर्भदेवकेप्रसन्नकरणेवासते घृतादिकहविष्यपदार्थोंकरिके तावेदकाअर्चनकरताहुआ मैंअधिकारीजन ताहिरण्य गर्भदेवकेशरणकूं प्राप्तभयाहूं ॥ किंवा ॥ साधनहीनपुरुषोंकेताईं उपदेशकरणेकूंअयोग्य तथासर्वत्रव्यापक ऐसाजोचैतन्यस्वरूपहिरण्य गर्भदेवहै ॥ ताहिरण्यगर्भदेवकेताईं मैंअधिकारीजनका वारंवार नमस्कारहोवै ॥ और सर्वधर्मोंतैंरहित तथासर्वकाआत्मारूप ऐसा हिरण्यगर्भदेव मैंमुमुक्षुजनकेताईं ब्रह्मसाक्षात्कारकोप्राप्तिकरे ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार जेअधिकारीपुरुष तापरमात्मारूपनारायणदेवकूं हिरण्यगर्भरूपकरिके तथावैश्वानररूपकरिके नमस्कारकरे हैं तथास्तुतिकरे हैं ॥ तिनअधिकारीपुरुषोंकेप्रति सोपरमात्मादेव अवश्यक रिके आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिकरेहै ॥ यातैं जिसअधिकारीपुरुषकूं आत्मसाक्षात्कारकेप्राप्तिकीइच्छाहोवै ॥ तिसअधिकारीपुरुषनैं पूर्व उक्तरीतिसैं तापरमात्मादेवकीस्तुति तथानमस्कार अवश्यकरिकेकरणा ॥ इतनैंग्रंथकरिके तानारायणदेवका वैश्वानररूपकरिके तथा हिरण्यगर्भरूपकरिके निरूपणकऱ्या ॥ अब तापरमात्मारूपनारायणदेवका साक्षात्हीनिरूपणकरेहैं ॥ हेशिष्य ॥ यहपरमात्मारूपनारा यणदेव यास्थूलजगत्कीउत्पत्तितैंपूर्व हिरण्यगर्भरूपकरिकेउत्पन्नहोताभयाहै ॥ याकारणतैं यहस्वयंज्योतिनारायणदेवही पूर्वादिक दिशारूपहै ॥ तथा अग्निकोणादिकउपदिशारूपहै ॥ और याब्रह्मांडगोलककेगर्भविषेस्थित जेतीनलोकहैं ॥ तेतीनलोकहैंशरीरजिसका ऐसाजोविराट्भगवान्है ॥ सोविराट्भगवान्भी यहनारायणदेवही है ॥ और भूत भविष्यत वर्त्तमान यातीनकालोंविषेउत्पन्नहोणेहारे जे जरायुज अंडज स्वेदज उद्भिज्ज यहचारिप्रकारकेशरीरहैं ॥ तेचारिप्रकारकेशरीरभी यहपरमात्मादेवही हैं हेशिष्य॥इसप्रकार जेअंतर्मु खअधिकारीपुरुष तापरमात्मादेवकूं बुद्धिआदिकसर्वपदार्थोंतैं अत्यंतसमोरूपकरिकेदेखेहैं॥तिनअधिकारीपुरुषोंकूं ताअंतर्मुखतारूपसमा धिविषे सोपरमात्मादेवही आपणाआत्मारूपकरिकेप्रतीतहोवैहै॥और यहपरमात्मादेव सर्वभूतप्राणियोंकाआत्मारूपहै॥याकारणतैं यालो

कविषे जितनेकीजीवोंकेचक्षुहैं तथाजितनेकीजीवोंकेमुखहैं तथाजितनेकीजीवोंकेहस्तपादहैं ॥ तेसंपूर्णचक्षुआदिक यापरमात्मादेवकेही हैं और आकाशादिकपंचभूतोंसहित जेजीवोंकेपुण्यपापरूपकर्म हैं ॥ तिनपुण्यपापकर्मरूपदोनोंभुजावोंकरिकै यहपरमात्मादेवही यासंपूर्णजगत्की उत्पत्ति स्थिति लय करे है ॥ और यहपरमात्मादेवही स्वर्गरूपऊर्ध्वलोककूं तथापृथिवीरूपअधोलोककूं उत्पन्नकरे है॥शंका॥ हेभगवन् ॥ याप्रकार तापरमात्मादेवकोस्तुतिकरिकै पूर्वकिसीपुरुषकूं आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिभई है अथवानहीं ॥ समाधान ॥ हेशिष्य पूर्व एकवेननामागंधर्व होताभयाहै ॥ सोवेननामागंधर्वपूर्वउक्तरीतिसैं तापरमात्मादेवकोस्तुतिकरिकै तथानमस्कारकरिकै अंतःकरणकी शुद्धिद्वारातानारायणकेवास्तवस्वरूपकूं साक्षात्कारकरताभयाहै॥और ताआत्मसाक्षात्कारकूंप्राप्तहोइकै सोवेननामागंधर्व वामदेवऋषिकी न्याईसर्वअधिकारीजनोंऊपरकृपाकरिकै याप्रकारकाआपणाअनुभवकथनकरताभयाहै॥अबतावेननामागंधर्वकेअनुभवकानिरूपणकरैहैं ॥ जिसएकपरमात्मादेवविषे यहनानाप्रकारकाजगत् स्थितहै ॥ तथा जिसपरमात्मादेवतैं यहसंपूर्णजगत् उत्पन्नहोवे है ॥ तथा जिसपरमात्मादेवविषे यहसंपूर्णजगत् लयभावकूंप्राप्तहोवे है ॥ और जैसे तंतुरूपसूत्र पटविषेसर्वओरतैंओतप्रोतहोवे है ॥ तैसे याजगत्रूपपटविषे जोपरमात्मादेवरूपसूत्र सर्वओरतैंओतप्रोतहै ॥ और जोपरमात्मादेव जीवरूपकरिकै यासर्वशरीरोंविषे प्रवेशकरे है ॥ और जोपरमात्मादेवजन्ममरणादिकसर्वविकारोंतैंरहितहै ॥ ऐसेआनंदस्वरूपअद्वितीयपरमात्मादेवकूं मैंवेननामागंधर्व आपणाआत्मारूपकरिकै साक्षात्कार करोंहूं ॥ कैसाहैसोपरमात्मादेव ॥ चारिपादोंकरिकैयुक्तहै ॥ तहां तापरमात्मादेवका एकपाद तो यहसंपूर्णभूतभौतिकजगत्है ॥ और दूसरेतीनपादतो आपणेस्वप्रकाशसाक्षीस्वरूपविषेस्थितहैं ॥ शंका ॥ हेभगवन् जैसेचारिपादवालीगौ परिच्छिन्नपरिमाणवालीहोवे है ॥ तैसे चारिपादवालासोपरमात्मादेवभी परिच्छिन्नहोवैगा ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ॥ यहसंपूर्णजगत् तापरमात्मादेवकाएकपादहै ॥ और तीनपाद आपणेस्वप्रकाशस्वरूपविषेस्थितहैं ॥ याप्रकार जोश्रुतिनैंकथनकऱ्याहै॥ सोताश्रुतिका परमात्माकेपरिच्छिन्नपणेविषे तात्पर्यनहीं है ॥ किंतु ताश्रुतिका परमात्माकेअनंतपणेविषेही तात्पर्य है ॥ हेशिष्य ॥ ऐसेसूर्यमंडलविषेस्थित नारायणरूपपरमात्मादेवके जे स्वप्र

काशसाक्षीरूपतीनपादहैं ॥ तिनतीनपादोंकूं जोविद्वान्पुरुष गुरुशास्त्रकेउपदेशतें आपणाआत्मारूपकरिके साक्षात्कारकरे है॥ सोविद्वान् पुरुषही हमअधिकारीजनोंकाबंधुहै ॥ तथा सोविद्वान्पुरुषही हमारा मातापिताहै ॥ तथा सोविद्वान्पुरुषही हमाराआत्माहै॥तथा सोविद्वा न्पुरुषही हमारा ब्रह्माहै ॥ तिसब्रह्मवेत्ताविद्वान्पुरुषतैंभिन्न दूसरेकोईपुरुष हमारेबंधुआदिकनहींहैं ॥ इसप्रकार सोवेननामागंधर्व आपणा अनुभव कथनकरताभया ॥ हेशिष्य सूर्यचंद्रमादिकतेजोंके रहणेकेजेस्थानहैं ॥ तिनसंपूर्णस्थानोंकूं यहविद्वान्पुरुष ब्रह्मरूपकरिकेजाणे हैं॥ और ताब्रह्मकूं आपणाआत्मारूपकरिकेजाणेहैं ॥ यातैं सर्वजगत्कूंआपणाआत्मारूपकरिकेदेखणेहारा सोविद्वान्पुरुषही हमारा बंधु मातापितादिरूपहै ॥ और हेशिष्य ॥ अज्ञानरूपअव्याकृतकाअधिपति जोशुद्धब्रह्महै॥ताशुद्धब्रह्मकूं मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकार आपणाआत्मा रूपजाणिकरिके जैसे यहविद्वान्पुरुष जन्ममरणतैंरहितमोक्षकूंप्राप्तहोवे हैं॥ तैसे पूर्व अग्निआदिकदेवताभी ताब्रह्मकूंआपणाआत्मारूपजा णिकरिके तामोक्षकूंप्राप्तहोतेभयेहैं ॥ और हेशिष्य ॥ जैसे सोपरमात्मादेव आपणेभक्तजनोंकेताई अनेकप्रकारकेवरदेवे हैं ॥ तैसे तापर मात्मादेवकूं आपणाआत्मारूपजाणिके तेअग्निआदिकदेवताभी आपणेभक्तजनोंकेप्रति वरदानादिकोंकरिके दिव्यस्थानकीप्राप्तिकरे हैं ॥ और तिसीब्रह्मज्ञानकेप्रभावतैं तेअग्निआदिकदेवता स्वर्गादिकसर्वलोकोंविषे तथापूर्वादिकसर्वदिशावोंविषे आपणोइच्छापूर्वकविचरे हैं ॥ और हेशिष्य ॥ जैसे यालोकविषे कार्पासकेवृक्षतैं कार्पासरूपफल उत्पन्नहोवेहै ॥ और ताकार्पासरूपफलतैं तंतुरूपसूत्र उत्पन्नहोवे है॥और तातंतुरूपसूत्रतैं पट उत्पन्नहोवेहै ॥ और तापटरूपकार्यविषे सोसूत्ररूपकारण सर्वओरतैंअनुगतहोवेहै॥तैसे यहयागादिककर्मतो कार्पास कावृक्षरूपहैं॥और ताकर्मरूपकार्पासकेवृक्षतैं धर्मअधर्मरूप कार्पासफल उत्पन्नहोवे हैं ॥और ताधर्मअधर्मरूपकार्पासफलतैं स्थूलसूक्ष्मभू तरूपसूत्र उत्पन्नहोवे है ॥ और जैसे तेस्थूलसूक्ष्मभूत सूत्ररूपहैं ॥ तैसे तेस्थूलसूक्ष्मभूतहैंशरीरजिसका ऐसाईश्वरभी सूत्ररूपहीहोवेहै ॥ ऐसेईश्वररूपसूत्रतैं यहजगत्रूपपट उत्पन्नहोवे है ॥ ऐसे जगत्रूपपटविषे ताईश्वररूपसूत्रकूं अनुगतजाणिकरिके हमअधिकारीजन आ पणेआत्माकूं तासूत्रआत्मारूपकरिके साक्षात्कारकरतेभयेहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ जोपरमात्मादेव उपाधिकेसंबंधतैं जगत्काकारणसूत्रआ

त्मारूपहोवे है ॥ सोईहीपरमात्मादेव विचारकियेतैंअनंतर उपाधिकृतसूत्रआत्मरूपताकापरित्यागकरिके निर्गुणब्रह्मरूपहोवैहे ॥ ऐसानि
र्गुणब्रह्महीं हमाराआत्मारूपहे ॥हेशिष्य॥याप्रकारकेविचारकरिकै केवलहमअधिकारीजनोंकूंही ताब्रह्मात्मभावकीप्राप्तिनहींभई ॥ किंतु
पूर्वेहिरण्यगर्भभगवान्कूंभी याप्रकारकेविचारकरिकेही ताब्रह्मात्मभावकीप्राप्तिभई है ॥ काहेतें पूर्व सोहिरण्यगर्भभगवान् उत्कृष्टकर्मउ
पासनाकेबलतें स्वर्गादिकलोकोंका तथाजरायुजादिकचारिप्रकारकेप्राणियोंका तथाआकाशादिकपंचभूतोंका तथापूर्वादिकदशदिशा
वोंका स्वामीहोताभया ॥ और तिनस्वर्गादिकलोकोंकेस्वामीभावकूंप्राप्तहोइकेभी संतोषकूंनहींप्राप्तहुआ सोहिरण्यगर्भभगवान् जभी
अंतर्यामीआत्मादेवकाविचारकरताभया ॥ तभीही सोहिरण्यगर्भ तास्वयंज्योतिआनंदस्वरूपब्रह्मभावकूं प्राप्तहोताभया ॥ यातें यह
जान्याजावैहे ॥ याअंतर्यामीआत्मादेवकाविचारही ताब्रह्मभावकेप्राप्तिकासाधनहे ॥ ताआत्मविचारतैंविना नानाप्रकारकेबाह्यऐश्वर्यकरि
के ताब्रह्मभावकीप्राप्तिहोवेनहीं ॥ और हेशिष्य ॥ सर्ववेदायत्पदमामनंति ॥ अर्थयह ॥ संपूर्णवेद साक्षात् अथवा परंपराकरिके अद्वि
तीयब्रह्मकूंहीकथनकरे हैं ॥ याश्रुतिनें ब्रह्मकूंही सर्ववेदोंकरिकेप्रतिपाद्यकह्याहे ॥ यातें सदसंपत्ति इत्यादिकजेनारायणउपनिषद्केमंत्रहें ॥
तेमंत्र जिसअंतर्यामीपरमात्मादेवकूं अग्निआदिकदेवतावोंका आत्मरूपकरिकैकथनकरे हैं ॥ सोपरमात्मादेवही याविद्वान्पुरुषका
आत्मारूपहे और ॥ हेशिष्य ॥ जिसस्वयंज्योतिआनंदस्वरूपपरमात्मादेवतें ऋत सत्य यहदोनोंप्रकारका कर्मकाफल उत्पन्न
होवे है ॥ तिसपरमात्मादेवकूंही यहविद्वान्पुरुष आपणाआत्मारूपकरिकेप्राप्तहोवे हे ॥ इहां मनकरिकेकरेहुएशुभकर्मोंकाजोफलहे
ताकानाम ऋतहे ॥ और शरीरकरिकैकरेहुएशुभकर्मोंकाजोफलहे ताकानाम सत्यहे ॥ और केईकशास्त्रवेत्तापुरुषतो ऋत सत्य या
दोनोंशब्दोंकाअर्थ चंद्रमा सूर्यमाने हैं ॥ सोतिनोंकाकहणा पुनरुक्तिदोषवालाहे॥काहे तें सूर्यचंद्रमाकीउत्पत्ति आगेकथनकरणीहे॥यातें
इहां ऋत सत्य शब्दकरिके तासूर्यचंद्रमाकाकथन संभवेनहीं ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार सृष्टिकेआदिकालविषे जभी सोऋतसत्यरूपकर्म
काफल उत्पन्नहोणेकूंसन्मुखभया॥तभी ताफलकीसिद्धिकरणेवासते तापरमात्मादेवतें अंधकार उत्पन्नहोताभया॥तथा आकाशादिकपंच

सूक्ष्मभूतउत्पन्नहोतेभये ॥ तिसतैं अनंतर आपणेभ्रमणकरिके रात्रिदिनकूंसिद्धकरणेहाराजोसूर्य है ॥तासूर्यरूप संवत्सरनामाकाल उत्पन्नहोताभया ॥ इसप्रकार हिरण्यगर्भरूपकरिके यासर्वजगतकूंउत्पन्नकरताहुआ सोपरमात्मादेव पूर्वकल्पतैं याजगतकूं विलक्षणनहींकरताभया ॥ किंतु जैसे पूर्वकल्पविषे तापरमात्मादेवनैं यास्थावरजंगमरूपजगत्कूंउत्पन्नकर्‍याथा तिसीप्रकार सोपरमात्मादेव याकल्पविषेभी जरायुज अंडज स्वेदज उद्भिज्ज यहचारिप्रकारकेशरीर उत्पन्नकरताभया॥तथा आकाश वायु अग्नि जल पृथिवी यापंचमहाभूतोंकूंउत्पन्नकरताभया ॥ तथा श्रोत्र त्वक् चक्षु रसन घ्राण वाक् पाणि पाद उपस्थ पायु मन याएकादशइंद्रियोंकूंउत्पन्नकरताभया॥तथाप्राण आपन समान व्यान उदान यापंचप्राणोंकूंउत्पन्नकरताभया ॥ तथा सूर्य चंद्रमा यादोनोंकूंउत्पन्नकरताभया ॥ तथा स्वर्गलोक भूमिलोक अंतरिक्षलोक यातीनलोकोंकूंउत्पन्नकरताभया ॥ और हेशिष्य॥जलमयहैशरीरजिसका तथापापरूपरजकूंनाशकरणेहाराजोवरुणदेव यापृथिवीविषेप्रसिद्धहै सोवरुणदेवभी हिरण्यगर्भकीन्याईं तापरमात्मादेवकेतादात्म्यसंबंधकूंप्राप्तहोइकैही आपणेकार्यविषेसमर्थहोवैहै तापरमात्मादेवकेसंबंधतैंविना कोईभीदेवता आपणेकार्यकरणेविषेसमर्थहोवैनहीं ॥ और हेशिष्य ॥ सोजगत्काकर्तापरमात्मादेवही याजगत्कोस्थितिकालविषे सर्वलोकोंकेअंतरस्थितहोइकैयासर्वजगत्कापालनकरैहै ॥ और यहस्वयंज्योतिआनंदस्वरूपपरमात्मादेवही पुण्यवान्पुरुषोंकूं स्वर्गादिकलोकोंकीप्राप्तिकरैहै ॥ और पापवान्पुरुषोंकूं नरकादिकोंकी तथामृत्युकेभयकी प्राप्तिकरैहै ॥ और यासंपूर्णलोकोंकेनीचेस्थितजोपृथिवीहै ॥तथा ऊपरिस्थितजोस्वर्ग है तिनदोनोंकेअंतरस्थितजोभयहै ताभयकरिके यहपृथिवी तथास्वर्ग लोकोंकूंधारणकरैहै ॥ सोपृथिवीआदिकोंकूं भयकोप्राप्तिभी यहपरमात्मादेवहीकरैहै ॥ और हेशिष्य ॥ जोचेतनपरमात्मादेव अग्निविषे तथा जलविषे तथाअन्यपदार्थोंविषे तादात्म्यसंबंधकरिकेस्थितहोवैहै ॥ सोपरमात्मादेवही पुण्यवान्पुरुषोंकूं स्वर्गकीप्राप्तिकरैहै और साधनसंपन्नअधिकारीजनोंकूं मोक्षकीप्राप्तिकरैहै ॥ हेशिष्य ॥ ऐसाअद्वितीयब्रह्म याअहंशब्दकेलक्ष्यअर्थरूपआत्मातैं भिन्ननहीं है ॥ किंतु सो ब्रह्म आत्मारूपहै ॥और यहआत्मा ब्रह्मरूपहै ॥ याप्रकार तिनदोनोंका परस्परअभेदही है॥जोकदाचित् तिनदोनोंका परस्परभेदहोवैगा॥

तौ तिनदोनोंके स्वरूपकीहीहानिहो वेगी॥ऐसे अद्वितीयब्रह्मरूपआत्माकेज्ञानकरिकै यहअधिकारीपुरुष माया पंचक्लेश कर्म वासना इत्या दिकसर्वबंधतैंमुक्तहोवे है ॥ काहे तैं जिसचिदाभासकूं तावंधकीप्राप्तिहोवे है ॥ ताचिदाभासकूं यहविद्वान्पुरुष ब्रह्माकारवृत्तिविषेआरूढ ब्रह्मरूपअग्निविषे पावे हैं ॥ याकारणतैं तिनविद्वान्पुरुषोंकूं तावंधकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार जेअधिकारीपुरुष वेदवचनों केअर्थकाविचारकरिकै तथावेदउक्तशुभकर्मोंके अनुष्ठानकरिकै तथावेदवचनोंके जपकरिकै जभी कीर्तिकेयोग्यहोवे हैं ॥ तभीही तेशुद्ध मनवालेअधिकारीपुरुष ब्रह्मात्मसाक्षात्कारकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ और हेशिष्य ॥ जैसे सुगंधिवाले पुष्पोंकरिकैयुक्त जोचंपककावृक्षहै ॥ तावृ क्षकेसंबंधकरिकै सुगंधविशिष्टहुआवायु दशोदिशाविषेचाले है ॥ और सोसुगंधिवालावायु सर्वजीवोंकूं आनंदकीप्राप्तिकरे है ॥ तैसे पुण्यवा न्पुरुषोंकीकीर्तिभी दशोदिशाविषे जावे है ॥ और सापुण्यवान्पुरुषोंकीकीर्ति शास्त्रवेत्तासज्जनपुरुषोंकूं आनंदकीप्राप्तिकरे है ॥ हेशिष्य जोपुरुष आपणेमरणतैंभी भयकूंनहींप्राप्तहोवे है ॥ और जो पुरुष आपणेस्त्रीपुत्रधनादिकपदार्थोंकेवियोगतैंभी भयकूंनहींप्राप्तहोवे है ॥ किंतु एकपापकर्म तैंहो जोपुरुष भयकूंप्राप्तहो वे है ॥ तापुरुषकानाम पुण्यात्माहै ॥ हेशिष्य ॥ जैसे किसीगर्त्त के ऊपर अनेक तीक्ष्णखड्गकीधारा बिछाईहोवैं ॥ तिनखड्गधारावोंके उल्लंघनकरणे तैं अश्वादिकवाहनों तैंरहित कोमलपादवालेपुरुषकूं जैसामहान् भय प्राप्तहोवे है ॥ तैसाहीभय याविद्वान्पुरुषकूं परमेश्वरतैंहोवे है ॥ यातैं तापरमेश्वरकेभयकरिकै यहविद्वान्पुरुष पापकर्मोंकूंकरे नहीं ॥ हेशिष्य ॥ जिसपरमात्मादेवकेभयकरिकै यहविद्वान्पुरुष पापकर्मों तैंनिवृत्तहोवे है ॥ और जिसपरमात्मादेवकूं यहविद्वान्पु रुष आपणा आत्मारूपकरिकेजाने है ॥ सोपरमात्मादेव यानारायणदेवतैंभिन्ननहीं है ॥ किंतु सोपरमात्मादेवही नारायणस्वरूपहै ॥ और हेशिष्य ॥ जोपरमात्मादेव परमाणुआदिकसूक्ष्मपदार्थों तैंभी अत्यंतसूक्ष्महै ॥ और जोपरमात्मादेव आकाशादिकमहान्पदार्थों तैंभीअत्यंतमहान्है ॥ और जोपरमात्मादेव याजीवोंके हृदयरूपगृहविषे बुद्धिआदिकोंकासाक्षीरूपकरिकेस्थितहै ॥ ऐसेशुद्ध परमा त्मादेवकूं जेअधिकारीपुरुष गुरुशास्त्रकेप्रसादतैं आपणाआत्मारूपकरिकेसाक्षात्कारकरे हैं ॥ तेअधिकारीपुरुष सर्वशोक तैंरहितहोवे हैं॥

अब तापरमात्मादेवके अद्वितीयरूपताकूंस्पष्टकरणेवासते प्रथम तापरमात्मादेवविषे सर्वजगत्कीकारणताका निरूपणकरे हैं ॥ हेशिष्य पुण्यपापकर्मों केअनुसार सर्वपदार्थोंकीप्राप्तिकरणेहारा जोजगत्काईश्वरहे ॥ सोईश्वरही अद्वितीयब्रह्मरूपहे ॥ काहे तें सप्तलोकोंविषेच संमान जेसप्तप्रकारकेशरीरहें ॥ तिनशरीरोंविषेरहणेकरिके सप्तप्रकारताकूंप्राप्तभयेजेप्राणहैं ॥ तेसप्तप्रकारकेप्राणभी तापरमात्मादेवतेंही उत्पन्नहो वे हैं ॥ और तापरमात्मादेवतेंहो भौम जाठर सूर्य चंद्रमा विद्युत् वाडव चक्षु यह सप्तप्रकारकेअग्नि उत्पन्नहोवे हैं॥ इहां काष्ठोंविषेस्थितजोअग्निहे ताकानाम भौमहे और उदरविषेस्थितजोअग्निहे ताकानाम जाठरहे ॥ और समुद्रविषेस्थितजोअग्निहे ताकानाम वाडवहे ॥ और तिसीपरमात्मादेवतेंही सप्तप्रकारकेसमिध उत्पन्नहो वे हैं तेसप्तप्रकारकेसमिध यहहैं ॥ स्वर्ग मेघ भूमिलोक पुरुष योषित यापंचअग्नियों के क्रमतें आदित्य वायु संवत्सर वाक् उपस्थ यहपंचसमिधहैं ॥ यहवार्त्ता षष्ठअध्यायविषे विस्तारतेंकहिआये हैं ॥ और श्रुतिप्रसिद्ध आहवनीयगार्हपत्यादिकअग्नियोंका काष्ठादिरूपसमिधहे ॥ और स्मृतिप्रसिद्ध आवसथ्यनामाअग्निकाभी काष्ठादिरूपसमिधहे ॥ और तापरमात्मादेवतेंही भूर भुवः स्वर महर जनतप सत्य यहसप्तलोक उत्पन्नहो वे हैं॥ और तापरमात्मादेवतेंही कालीकराली मनोजवा सुलोहिता धूम्रवर्णा स्फुलिंगिनो विश्वरूपी यहअग्निकीसप्तजिह्वा उत्पन्नहोवे हैं ॥ और तिनभूरादिकसप्तलोकोंविषेविचरणेहारे तथासर्वजीवोंकेवाह्यप्राण ऐसेजेएकोनपंचाशत्॥४९॥मरुतगणहैंते मरुद्गणभी तापरमात्मादेवतेंहीउत्पन्नहोवेहैं ॥और तापरमात्मादेवतेंहीं सप्तसमुद्र उत्पन्नहोवेहैं ॥ और तापरमात्मादेवतेंहीं हिमालयादिकपर्वत उत्पन्नहोवेहैं ॥ और तापरमात्मादेवतेंहीं संपूर्णनदियां उत्पन्नहोवेहैं ॥ और तास्सरूप परमात्मादेवतेंहीं यहव्रीहियवादिकओषधियां उत्पन्नहोवेहैं ॥ और तास्सरूपपरमात्मादेवतेंहीं यहशरीर जीवनकूंप्राप्तहोवेहैं ॥ और सोईहीपरमात्मादेव तिनजीवतशरीरोंविषेस्थितहोवेहै ॥ और अग्निआदिकसर्वदेवतावोंकेमध्यविषे जिसपरमात्मादेवके हिरण्यगर्भादिकदेवता मुख्यविभूतियां हैं ॥ और जिसपरमात्मादेवकूं बुद्धिमान्पुरुष वेदवचनोंकेविचारकरिके जानैहैं॥और जिसपरमात्मादेवकूं बुद्धिमान्पुरुष घृतादिकद्रव्यरूपकरिके तथायज्ञरूपकरिकेवर्णनकरैहैं॥औरजोपरमात्मादेव इंद्रादिकसर्वदेवतावोंकरि

के पूज्यहै ॥ तथा सर्वदेवतावोंतैंपूर्ववर्त्तमानहै ॥ और जोपरमात्मादेव सर्वप्राणियोंकेहृदयदेशविषेस्थितहोइके चित्तकोसर्ववृत्तियोंकूंदेखे
है ॥ और जोपरमात्मादेव हिरण्यगर्भकूंउत्पन्नकरिके ताहिरण्यगर्भकूं आपणीअनुग्रहदृष्टितैं सर्वज्ञताकीप्राप्तिकरै है ॥ ऐसानारायणरूप
परमात्मादेव हमअधिकारीजनोंकूं शुभबुद्धिकीप्राप्तिकरै ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकार जभीयहअधिकारीपुरुष तापरमात्मादेवकीस्तुतिकरै हैं ॥
तभी सोपरमात्मादेव प्रसन्नहोइके तिनअधिकारीपुरुषोंकेप्रति आपणावास्तवस्वरूपदिखावै है ॥ कैसाहैसोपरमात्माकास्वरूप ॥ जिसतैं
परेकोईपदार्थ अधिकनहीं है तथा जिसतैंपरे कोईपदार्थ सूक्ष्मनहीं है ॥ तथा जोस्वरूप वृक्षकीन्याईनिश्चलहै ॥ तथा आपणेस्वप्रकाश
स्वरूपविषेस्थितहै ॥ तथा एकअद्वितीयरूपहै ॥ तथा जिसस्वरूपकरिके यहसंपूर्णजगत् परिपूर्ण है ॥ ऐसेआपणेस्वरूपकूं सोपरमात्मा
देव तिनअधिकारीजनों केप्रति दिखावै है ॥ हेशिष्य ॥ ऐसेनारायणरूप परमात्मादेवकीप्राप्तियाजीवोंकूं अग्निहोत्रादिककर्मोंकरिकेभीहोवै
नहीं ॥ तथा अनेकपुत्रपौत्रादिरूप प्रजाकरिकेभी तापरमात्मादेवकीप्राप्तिहो वैनहीं ॥ तथा सुवर्णादिरूपधनकरिकेभी तापरमात्मादेवकी
प्राप्तिहो वैनहीं॥किंतु तिनसर्वपदार्थोंकेत्यागकरिकेही तापरमात्मादेवकीप्राप्तिहोवै है ॥तहांश्रुति ॥नकर्मणानप्रजयानधनेन त्यागेनैके अमृ
तत्वमानशुः॥अर्थयह॥पूर्व अधिकारीजन अग्निहोत्रादिककर्मोंकरिके तथापुत्रपौत्रादिरूपप्रजाकरिके तथासुवर्णादिरूपधनकरिके ब्रह्मभाव
कीप्राप्तिरूपमोक्षकूं नहींप्राप्तहोतेभयेहैं॥किंतु कर्म प्रजा धन यासंपूर्णोंकेपरित्यागकरिकेही तेअधिकारीजन तामोक्षकूंप्राप्तहोतेभयेहैं॥हेशि
ष्य॥इसप्रकार पूर्व अनेकसहस्रमनुष्योंविषे कोईभाग्यवान्पुरुषही सर्वपदार्थोंकापरित्यागकरिके तानारायणस्वरूपमोक्षकूं प्राप्तहोतेभयेहैं
यातैं तापरमात्मारूपमोक्षकीप्राप्तिविषे त्यागतैंविना दूसराकोईसाधननहीं है ॥किंतु एकत्यागही तामोक्षकीप्राप्तिविषे मुख्यसाधनहै॥हेशि
ष्य ॥ स्वर्गादिकसुखों तैंभीपरमउत्कृष्ट जोआनंदस्वरूपपरमात्मादेवहै ॥तापरमात्मारूपमोक्षकूं जैसे पूर्वअधिकारीजन सर्वपदार्थोंकेत्या
गकरिके प्राप्तहुएहैं ॥तैसे इदानींकालविषेभी जेअधिकारीपुरुष पुत्रएषणा धनएषणा लोकएषणा यातीनएषणावोंकापरित्यागकरिके सं
न्यास आश्रमकूंग्रहणकरै हैं॥तेअधिकारीजनही गुरुशास्त्रकेउपदेशतैं तामोक्षकूंप्राप्तहोवै हैं॥और जेपुरुष शरीरादिकोंविषेअहंअभिमानक

रिके तथाशरीरसंबंधिपुत्रधनादिकोंविषे ममअभिमानकरिके तिनस्त्रीपुत्रधनादिकपदार्थोंकात्याग नहींकरे हैं ॥ तेरागवान्पुरुष ताआनंद स्वरूपपरमात्मादेवकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ यालोकविषे कितनेकसंन्यासियोंकूंभी आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्ति देखीती नहीं ॥ यातें त्यागविषे आत्मसाक्षात्कारकीकारणता संभवैनहीं ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ॥ संन्यासकरिके तथाचित्तकेनिरोधरूपयोगक रिके जिनसंन्यासियोंकाअंतःकरण शुद्धभयाहे ॥ तथा जेसंन्यासी शमदमादिकसाधनोंकरिकेयुक्तहैं ॥ तथा जिनसंन्यासियों नें वेदांतवच नों केविचारकरिके तत् त्वंपदार्थका शोधनकऱ्याहे ॥ ऐसेसाधनसंपन्नसंन्यासियोंकूं जोकदाचित् किसीप्रतिबंधकेवशतें इसजन्मविषेआत्म साक्षात्कार नहींहो वे हे॥तो तेसंन्यासी ताशरीरकापरित्यागकरिके अर्चिरादिकमार्गद्वारा ब्रह्मलोकविषेजावे हैं॥ओर ताब्रह्मलोकविषे ब्रह्मा केसमानताकूंप्राप्तहोइके तेसंन्यासी आत्मसाक्षात्कारकूंप्राप्तहो वे हैं ॥ ओर ताब्रह्माकेदेहपातहुए तेसंन्यासीभी ताब्रह्माकेसाथही विदेहमु क्तिकूंप्राप्तहो वे हैं ॥ यातें सर्वपदार्थोंकापरित्यागही आत्मज्ञानद्वारा मोक्षकासाधनहे ॥ ओर हेशिष्य ॥ एकादशहैंद्वारजिसविषे ऐसाजोयहशरीररूपपुर परमात्मादेवनेंउत्पन्नकऱ्याहे ॥ ताशरीरविषेस्थित जोअंगुष्ठपरिमाणहृदयकमलहे ॥ ताहृदयकमलरूपगृहविषे जोआनंदस्वरूपपरमात्मादेव विराजमानहे ॥ तापरमात्मादेवकूंआपणाआत्मारूपजाणिकरिकेहीं तेसंन्यासी इसलोकविषे तथाब्रह्मलोक विषे मोक्षकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ ताआत्मसाक्षात्कारतैंविनाकिसीभीलोकविषे मोक्षकीप्राप्तिहोवैनही ॥ यातें हेसंन्यासियो ॥ ब्रह्मलोकविषेभी संन्यासियोंकूं आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिहोवैहे याप्रकारकावचनश्रवणकरिके तुमोंनें इसजन्मविषे ताआत्मसाक्षात्कारकेयत्नतें रहितनहीं होणा ॥ किंतु जिसआत्मसाक्षात्कारकरिके इसलोकविषे तथाब्रह्मलोविषे मोक्षकीप्राप्तिहोवैहे ॥ तिसआत्मसाक्षात्कारकूं तुमोनें यामनु ष्यशरीरविषेही संपादनकरणा ॥ बहुतकालतैंअनंतरप्राप्तहोणेहारेब्रह्मलोककी आशाकरिके तुमों नें इसजन्मविषे प्रयत्नकीशिथिलता नहींकरणी॥ अब ताआत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिवासतें प्रणवकेध्यानका निरूपणकरेहैं॥ हेशिष्य ॥ जिनअधिकारीपुरुषोंकूं महावाक्यकेवि चारकरिके आत्माकासाक्षात्कार प्राप्तनहींहोवे हे॥ तिनअधिकारीपुरुषोंकूं ॐकाररूपप्रणवकेविचारकरिकेहीं सोआत्मसाक्षात्कार प्राप्त

होवेहै ॥ सोविचारयहहै ॥ मनकेजीतणेकीइच्छावाले जेमहात्मापुरुषहैं ॥ तिनमहात्मापुरुषोंकूं आनंदस्वरूपआत्माविषे यह ॐकाररूप प्रणवही क्रीडाकरावैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताॐकाररूपप्रणवकूं स्वर यानामकरिकेकथनकरैहै ॥ जोॐकाररूपस्वर वेदकेआदिविषेकथनकऱ्याहै ॥ और जोॐकाररूपस्वर वेदकेअंतविषेकथनकऱ्याहै ॥ सोॐकाररूपस्वर आपणेलयअवस्थाविषे जिसपरानामा कारणविषेलयहोवे है ॥ तापरातैंभी जोशुद्धचेतनपरहै ॥ सोशुद्धचेतनहीं हमारावास्तवस्वरूपहै ॥ याप्रकार जोअधिकारीपुरुष सर्वदा चिंतनकरे है ॥ ताअधिकारीपुरुषकूंभी अवश्यकरिके आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिहोवे है ॥ हेशिष्य ॥ हृदयदेशविषेस्थित जोपरमात्मादेव पूर्व अणुतैंभीअणुकह्याया ॥ तापरमात्मादेवकूं तुमनें महान्तैंभीमहान्जानणा ॥ काहेतें यालोकविषे याजीवोंके जितनेकोमस्तकहैं ॥ तथा शरीर इंद्रिय प्राणहैं ॥तेसंपूर्णमस्तकादिक तापरमात्मादेवकेहीहैं ॥ और सोपरमात्मादेवही यासर्वजीवोंकूं आपणेपुण्यपापकर्मकेअनुसार सुखदुःखरूपफलकीप्राप्तिकरैहै ॥ ऐसेस्वयंज्योतिसर्वात्मादेवकूं श्रुतिभगवती नारायण यानामकरिके कथनकरे है ॥ अब तानारायणशब्दका एकादशप्रकारकाअर्थ निरूपणकरे हैं ॥ हेशिष्य॥ आपणीसमीपतामात्रकरिके जोचेतन सर्वपदार्थोंकूं आपणेआपणेकार्यविषेप्रवर्त्तकरे है ॥ ताचेतनदेवकानाम नरहै ॥ ऐसेचेतनआत्मारूपनरका यहमाया दृश्यरूपकरिकेसंबंधीहै ॥ याकारणतैं तामायाकूं नारा यानामकरिकेकथनकरे हैं ॥ और यहसूक्ष्मप्रपंच तामायाकाकार्य है याकारणतैं तासूक्ष्मप्रपंचकूं नार यानामकरिकेकथन करे हैं ॥ ऐसेमायारूपनाराविषे तथा सूक्ष्मप्रपंचरूपनारविषे यहपरमात्मादेव प्रतिबिंबरूपकरिकेवर्तै है ॥ याकारणतैं तामायाविशिष्टपरमात्मादेवकूं तथासूक्ष्मप्रपंचविशिष्टहिरण्यगर्भदेवकूं श्रुतिभगवती नारायण यानामकरिकेकथनकरे है ॥ १ ॥ अथवा परमात्मारूपनरनें उत्पन्नकरेजेजलहैं ॥ तिनजलोंकानाम नाराहै ॥ तेनारारूपजल याविराट्रूपपरमात्मादेवकाआधारहैं ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताविराट्रूपपरमात्मादेवकूं नारायण यानामकरिकेकथनकरे है ॥ २ ॥ अथवा ॥ जैसे प्रसिद्धनदियोंकेजल नौकाकाआधारहोवे हैं ॥ तैसे याभूमिरूपनौकाकाआधार जेजलहैं ॥ तेजल यापरमात्मादेवतैंही उत्पन्नहोवे हैं ॥ यातैं तिनजलोंकानाम नाराहै ॥ ऐसेनारारूप

जलोंकूं यहपरमात्मादेवही सूत्रात्मारूपप्राणरूपकरिकै धारणकरे है याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं नारायण यानामकरिकै कथनकरे है ॥ ३ ॥ अथवा स्थूलप्रपंचहै शरीरजिसका ऐसाजोविराट्है ॥ तथासूक्ष्मप्रपंचहै शरीरजिसका ऐसाजोहिरण्यगर्भ है ॥ तिनदोनोंकानाम नरहै॥तिनदोनोंनरोंकीस्थिति यापरमात्मारूपकारणविषेहीहोवे है॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं नारायण यानामकरिकै कथनकरे है ॥ ४ ॥ अथवा तापरमात्मादेवकेप्रतिबिंबरूपजेयहजीवहैं तिनजीवोंकानाम नरहै ॥ तिनप्रतिबिंबभूतनरोंका निरूपण ताबिंबरूपपरमात्मादेवतैंहीहोवे है ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं नारायण यानामकरिकैकथनकरै है ॥ ५ ॥ अथवा ॥ याजीवोंविषेस्वभावतैंसिद्ध जेकामक्रोधादिकदोषहैं तिनदोषोंका नाम अरहै ॥ और तिनकामक्रोधादिरूपअरोंतैं उत्पन्नभये जेदुःखहैं तिनदुःखोंकानाम आरहै ॥ और तिनदुःखरूपआरोंका आश्रयरूप जो यहअज्ञानादिकजडप्रपंचहै ताजड प्रपंचकानाम आरायणहै॥सोजडप्रपंचरूपआरायण यास्वयंज्योति आनंदस्वरूपपरमात्मादेवविषे तीनकालमैंनहीं है ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं नारायण यानामकरिकै कथनकरे है ॥ ६ ॥ अथवा अविद्या अस्मिता राग द्वेष अभिनिवेश यहपंचक्लेश तथापुण्यपापरूपकर्म तथासुखदुःखरूपफल तथातिनोंकीवासना यहसंपूर्णअविद्यादिक यासंसाररूपचक्रकेअराहैं ॥ और तिनक्लेशादिरूपअरोंका यहमाया परिनामीउपादानकारणरूपकरिकै आश्रयहै॥यातैं तामायाकानाम आरायणहै ॥ यह और ताआरायणरूपमायातैं कूटस्थपरमात्मादेव भिन्नहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं नारायण यानामकरिकैकथनकरे है ॥७॥ अथवाकल्पिततादात्म्यअध्यासरूपसंबंधकरिकै तामायारूपनारीकीस्थिति यापरमात्मादेवविषेहीहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं नारायन यानामकरिकैकथनकरे है ॥ ८ ॥ अथवा ॥ परमेश्वररूपनरकीसंबंधी जायहलक्ष्मीहै ॥ तालक्ष्मीकानाम नारीहै ॥ कैसीहैसालक्ष्मी ॥ सर्वदेहधारीजीवोंकूंप्रियहै ॥ तथा अनेककलावोंकरिकैयुक्तहै ॥ तथा अनेकरूपोंवालीहै ॥ तथा अत्यंतमनोरमहै ॥ तथा पुण्यवानपुरुषोंकूं सर्वदा सुखदेणेहारीहै ॥ तथा पापीजीवोंकूं आपणीनप्राप्तिकरिकै तथानाशकरिकै सर्वदा दुःखकीप्राप्तिकरणेहारीहै ॥

ऐसोलक्ष्मीरूपनारी यापरमात्मापुरुषविषेही निश्चलस्थितहोवैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं नारायण यानामकरिकै कथनकरैहै ॥ ९ ॥ अथवा ॥ याआनंदस्वरूपद्रष्टाआत्माकेप्रति नानाप्रकारकेपदार्थोंकूंदिखावनेहारी जायहसर्वजीवोंकीबुद्धिहै ॥ ताबु द्धिकानाम नारीहै ॥ तानारीरूपजडबुद्धिका यहस्वयंज्योतिआत्मादेवही प्रकाशकरैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तास्वयंज्योतिद्रष्टाआ त्माकूं नारायण यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ १० ॥ अथवा ॥ यापरमात्मादेवतैंभिन्न किंचितमात्रभीवस्तुनहीं है ॥ याकारणतैं श्रुतिभ गवती तापरमात्मादेवकूं नारायण यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ ११ ॥ इसप्रकार नारायणशब्दके एकादशप्रकारकेअर्थ शास्त्रवेत्तापुरुष कथनकरैहैं ॥ और यहनारायणदेवही स्वयंज्योतिरूपहै ॥ तथा अक्षररूपहै ॥ तथा परमपदरूपहै ॥ तथा सर्वविश्वतैंपरहै ॥ तथा सर्व विश्वरूपहै ॥ तथा सनातनहै ॥ हेशिष्य ॥ ऐसेनारायणरूपपरमात्मादेवका जेअधिकारीजन श्रद्धाभक्तिपूर्वकस्मरणकरैहैं तथाकीर्तन करैहैं ॥ तिनअधिकारीजनोंके अविद्यादिकपंचक्लेशोंकूं तथासर्वपापकर्मोंकूं यहपरमात्मादेवही नाशकरैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं हरि यानामकरिकैकथनकरैहै॥ और यहपरमात्मादेवही यासंपूर्णजगतकूंउत्पन्नकरिकै ताजगतकापालनकरैहै ॥ याका रणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं पति यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और यहपरमात्मादेव आपणेअस्तिभातिप्रियरूपकरिकै यासं पूर्णविश्वकूं व्याप्तकरैहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं आत्मा यानामकरिकै कथनकरैहै ॥ और यहपरमात्मादेव सर्वमं गलोंकाभीमंगलरूपहै ॥ तथा परमकल्याणरूपहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं शिव यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और यापरमात्मादेवरूपआनंदसमुद्रके एकबिंदुमात्रआनंदकूंग्रहणकरिकै यहहिरण्यगर्भदेवभी आनंदकूंप्राप्तहोइरह्याहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभ गवती तापरमात्मादेवकूं आनंद यानामकरिकैकथनकरैहै॥ और कालकरिकै जोघटादिकपदार्थोंकानाशहोवैहै तानाशकानाम च्युतिहै॥ साच्युति यापरमात्मादेवविषेहैनहीं ॥ काहेतैं यहपरमात्मादेव कालरूपमृत्युकूंभी भयकीप्राप्तिकरणेहाराहै ॥ तथा कालकाभीकालहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं अच्युत यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और यहपरमात्मादेव सूर्यअग्निआदिकसर्वजगतका

नियंताहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं ईश्वर यानामकरिकैकथनकरैहै॥और यहपरमात्मादेव किसीकालविषे तथाकिसी देशविषे अन्यथाभावकूंप्राप्तहोवैनहीं॥किंतु सर्वकालविषे तथासर्वदेशविषे एकरसरहैहै॥याकारणतैंश्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं शाश्वत यानामकरिकैकथनकरैहै ॥और यहपरमात्मादेव ब्रह्मादिकमहान्पुरुषोंकरिकै जानणेयोग्यहै॥याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं महाज्ञेय यानामकरिकैकथनकरैहै ॥ और यहपरमात्मादेवही सर्वभूतोंकापरागतिहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं परायण यानामकरिकैकथनकरैहै॥और अग्निकीज्वालातैंआदिलेकेजेजडज्योतिहैं ॥ तथा बुद्धिआदिकोंविषेस्थित जेचिदाभासरूपचेतनज्योतिहैं ॥ तिनदोनोंप्रकारकेज्योतियोंकीअपेक्षाकरिकै यहपरमात्मादेव अत्यंतउत्कृष्टहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं परमज्योति यानामकरिकैकथनकरैहै॥तथा ब्रह्म परंतत्व यानामकरिकैकथनकरैहै॥हेशिष्य॥ध्याता ध्यान ध्येय इसतैंआदिलेकेयहसंपूर्णजगत् तानारायणरूपही है॥और जितनाकीजगत् देखणेविषेआवैहै ॥ तथा जितनाकीजगत् श्रवणकरणेविषेआवैहै ॥ तासंपूर्णजगत्केअंतरबाहरव्याप्यकरिकै यहनारायणदेवही स्थितहै॥पुनःकैसाहैसोनारायणदेव॥आनंदस्वरूपहै॥तथा उत्पत्तिनाशतैंरहितहै॥तथा स्वप्रकाशरूपहै ॥ तथा सर्व जगत्कूंप्रकाशकरणेहाराहै ॥ और यासंसाररूपसमुद्रकाकारण जामायाहै ॥ तामायाविषे नियंतारूपकरिकैस्थितहुआभी सोपरमात्मादेव वास्तवतैं तिनमायादिकविकारोंतैंरहितहै॥और हेशिष्य॥यद्यपि यहपरमात्मादेव सर्वत्रव्यापकहै ॥ तथापि हृदयकमलकेअंतरस्थित सूक्ष्म बुद्धिकरिकैही जान्याजावैहै ॥ याकारणतैंही याआत्मादेवकूं पूर्व अणुकह्याथा ॥ अब याहीअर्थकेस्पष्टकरणेवासतै प्रथम हृदयकमलका स्वरूप निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ॥ जैसे यालोकविषे अष्टदलोंवाला तथारक्तवर्णवाला तथाकिंचित्मात्रविकासकूंप्राप्तहुआ कोई कमल होवैहै ॥ तैसे हृदयदेशकेशिरविषे लंबायमान एकअंतरकमलरहैहै॥कैसाहैसोअंतरकमल अत्यंतरमणीकहै॥तथा पंचछिद्रोंकरिकैयुक्तहै॥ तथा नीचेजाकामुखहै॥तथा नाभितैंद्वादशअंगुलऊपरलेदेशविषेस्थितहै॥तहां ताहृदयकमलका पूर्वछिद्रतोचक्षुरूपहै ॥ और दक्षिणछिद्र श्रोत्ररूपहै ॥और पश्चिमछिद्र वाकरूपहै ॥ और उत्तरछिद्र मनरूपहै ॥ और मध्यकाछिद्र प्राणरूपहै ॥और जिह्वा ताकमलकामूलस्था

नहे ॥ और वक्षस्थलतैं आदिलैके गलपर्यंत जोअंतरदेशहे ॥सोदेश ताकमलकाभूमिहे ॥ और यहहृदयकमल मनकेरहणेकास्थानहे ॥
याकारणतैं शास्त्रवेत्तापुरुष ताहृदयकमलकूं मानस यानामकरिकेकथनकरेंहे ॥ और सोहृदयकमल गलतैंद्वादशअंगुलनीचेदेशविषे
स्थितहे ॥ और सूर्य चंद्रमा अग्नि नक्षत्र विद्युत यापांचोंकेसमान याहृदयकमलकातेजहे ॥ तथासंपूर्णविश्वकाआधारहे ॥और यहहृदय
कमल अल्पपरिमाणवालाहुआभी यासर्वविश्वकाआधारहे ॥याकारणतैं विद्वान्योगीपुरुष ताहृदयकमलकूं महान्कहेहैं पुनःकैसाहैसोहृद
यकमल ॥ रजतादिकधातुवोंकरिकेरचितजेशिलाहैं तिनशिलावोंकेसमान उज्वलवर्णवालियां तथारुधिरमांसादिक धातुवोंकरिकेलिप्तहुई
ऐसीजेयाशरीरविषेस्थित नानाप्रकारकीअस्थियांहैं तिनअस्थियोंकरिके सोहृदयकमल चारोओरतैंवेष्टितहे और जैसे यालोकविषे किसी
महाराजाकेगृहकेभीतर तामहाराजाकेक्रीडाकरणेवासते जलकासरोवरहोवैहे तैसेहृदयकेमध्यविषेजोछिद्रहे सोछिद्र ताहृदयकमलकासरो
वरहे ऐसेहृदयकमलविषे सोपरमात्मादेव निवासकरेंहे कैसाहैसोपरमात्मादेव अद्वितीयआनंदस्वरूपहे ॥ तथा अग्निकेसमानप्रकाशमा
नहे॥तथा स्वयंज्योतिरूपहे तथा जिसपरमात्मादेवको चिदाभासरूपज्वालाबुद्धिआदिकसर्वजगत्विषेस्थितहैं॥तथा बुद्धिआदिकसर्वसंघा
ततैं अत्यंतसमीपहे॥और सोपरमात्मादेवही बुद्धिरूपउपाधिकूंअंगीकारकरिके सर्वविषयजन्यसुखोंकूंभोगेहे और सोपरमात्मादेवहीप्राण
जठराग्निरूपकरिके भोजनकरेहुएअन्नके स्थूल मध्यम सूक्ष्म यहतीनप्रकारकेविभागोंकूंकरताहुआ सर्वजीवोंकेउदरविषेस्थितहोवैहे और
ताजठराग्निरूपपरमात्मादेवकी क्षुधा तृषा क्रोधादिरूपकिरण नीचेऊपरमध्यविषे तेजकरिकेव्याप्तहैं ऐसेक्षुधातृषादिकरूपकिरणोंकरिके
सोजठराग्निरूपपरमात्मादेवपादतैंलैकेमस्तकपर्यंत यासंपूर्णशरीरोंकूं तपायमानकरेंहे हेशिष्य ऐसेपरमात्मादेवका यहअधिकारीपुरुष
ताहृदयकमलविषे ध्यानकरे ताध्यानकरिके याअधिकारीपुरुषकूं तापरमात्मादेवकासाक्षात्कार प्राप्तहोवैहे हेशिष्य ॥ याप्रकार ताहृदय
कमलविषे परमात्माकेध्यानकियेहुएभीजभी याअधिकारीपुरुषकूं सोपरमात्मादेव सत्चित्आनंदरूपकरिकेप्रतीतनहींहोवे तभीसोअधि
कारीपुरुषदूसरेप्रकारसैं तापरमात्मादेवकाध्यानकरे ताहृदयकमलकेमध्यविषे एकदीपककीशिखास्थितहे ॥ कैसीहैसादीपशिखा ॥ अत्यं

तसूक्ष्मदे ॥ तथा ऊर्द्ध्वदेशविषेप्रज्वलितहे ॥ तथा निश्चलहे ॥ तथा नीलमेघविषेस्थितविद्युत्‌रेखाकेसमान प्रकाशमानहे ॥ तथा श्यामककेशूककोन्याई अत्यंतसूक्ष्महे ॥ तथा सुवर्णकेसमान पीतवर्णवालीहे ॥ तथासूक्ष्महुईभी प्रकाशवालीहे ॥ ऐसेदीपशिखाकेमध्याविषे सोपरमात्मादेवस्थितहे ॥ केसाहेसोपरमात्मादेव ॥ ब्रह्मरूपहे तथाशिवरूपहे तथाहरिरूपहे ॥ तथा सर्वतेंसनातनहे तथा इंद्ररूपहे तथा अक्षररूपहे तथा सर्वजगत्‌काप्रभुहे॥तथा आपणेस्वप्रकाशरूपकरिके विराजमानहे॥हेशिष्य॥ऐसेपरमात्मादेवका यहअधिकारी पुरुष तादीपशिखाविषेध्यानकरे ॥ ताध्यानकरिके याअधिकारीपुरुषकूं तापरमात्मादेवकासाक्षात्कार प्राप्तहोवेहे ॥ हेशिष्य ॥ यहपरमात्मादेवही उपाधिकेसंबंधतें हिरण्यगर्भभावकूं तथाविराट्‌भावकूं प्राप्तहोवेहे ॥ याकारणतेंश्रुतिभगवती ताहिरण्यगर्भविराट्‌रूपपरमात्मादेवकूं आदित्यादिकअनेकरूपकरिके वर्णनकरे है ॥ ऐसेपरमात्मादेवकेसाक्षात्कारकरिकेही याअधिकारीजीवोंकूं मोक्षकीप्राप्तिहोवेहे॥हेशिष्य॥ ऐसाआत्माकासाक्षात्कारविक्षेपवालेपुरुषोंकूंहोवेनहीं ॥ किंतु सर्वविक्षेपतेंरहित अंतर्मुखपुरुषोंकूंहीहोवे हे॥ याकारणतें श्रुतिभगवती धर्म १ सत्य २ तप ३ दम ४ शम ५दान ६ प्रजनन७ आहिताग्नि ८ अग्निहोत्र ९ यज्ञ १० मानस ११ याएकादशसाधनोंकीस्तुति करिकेतिनधर्मादिकसर्वसाधनोंतेंसंन्यासआश्रमविषे उत्कृष्टताबोधनकरेहे यातैंयहजान्याजावेहे ताश्रुतिभगवतीका तासंन्यासकेप्रधानताविषेही तात्पर्य है ॥ अब तासंन्यासकीउत्कृष्टताबोधनकरणेवासते प्रथम धर्मादिकएकादशसाधनोंकेस्वरूपका तथा तिनोंकेफलका निरूपणकरे हैं ॥ तहां प्रथम धर्मकानिरूपणकरे हैं ॥ हेशिष्य ॥ ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र यहचारवर्णजे हैं ॥ तथा ब्रह्मचर्य गृहस्थ वानप्रस्थ संन्यास यहचारआश्रमजेहैं ॥ तिनसंपूर्णवर्णआश्रमवालेपुरुषोंकूं यहधर्मही धर्म अर्थ काम मोक्ष याचारिप्रकारकेपुरुषार्थकीप्राप्ति करेहे ॥ तथा तिनपुरुषार्थोंकेसाधनोंकीप्राप्तिकरेहे॥काहेतें यालोकविषे जोकार्य अत्यंतकठिनहोवेहे ॥ तिसकार्यकूंभी यहधर्म सिद्धकरिदेवेहे॥और यहधर्मही सर्वजगत्‌केपालनकरणेहारी परमेश्वरकीसात्विकीमूर्तिहे॥याकारणतैंही जैसे मार्गविषेस्थित फलपत्रपुष्पादिकोंकरिके पूर्णवृक्षकूंमार्गकेचलणेहारेपुरुष सेवनकरेहैं॥तैसे ताधर्मात्मापुरुषकूं संपूर्णजन आश्रयणकरेहैं ॥ और यहजीव जाणिकरिके तथानजाणिक

रिकै जेजेपापकर्मकरे हैं ॥ तिनसंपूर्णपापकर्मोंकूं यहधर्मही नाशकरे है ॥ यातैं यहधर्मही जीवोंकेश्रेयकासाधनहै ॥ हेशिष्य ॥ जैसे गौकेचा
रपादहोवै हैं ॥ तैसे याधर्मकेभी सत्य तप दया दान यहचारपादहोवै हैं ॥ ऐसेचारपादयुक्तधर्मकूं याअधिकारोजनोंनैं जन्मतैंलेकेमरण
पर्यंत अवश्यकरिकेसेवनकरणा ॥ अब ताधर्मके सत्यरूपप्रथमपादका फलसहित निरूपणकरे हैं ॥ हेशिष्य ॥ जैसावृत्तांत आपणेनेत्रों
करिकेदेख्याहोवै अथवा किसीधर्मात्मापुरुषकेमुखतैंश्रवणकर्‍याहोवै ॥ तैसाहीवृत्तांत आपणेमुखतैंकथनकरणा याकानाम सत्यहै ॥ अथ
वा आपणेमुखतैं जिसकार्यकरणेकोप्रतिज्ञाकरीहोवै तिसप्रतिज्ञातैं चलायमाननहींहोणा याकानामसत्यहै ॥ सोसत्य वाकइंद्रियकरिकेसि
द्धहोवै है ॥ यातैं तासत्यकूं वाचनिकधर्मकहे हैं ॥ हेशिष्य ॥कालांतरविषेहैफलजिनोंका ऐसेजेयज्ञादिक वैदिककर्म हैं तथावाणिज्यादिक
लौकिककर्महैं ॥ तिनदोनोंप्रकारके कर्मोंविषे जोजीवोंकोप्रवृत्तिहोवैहै ॥ सोसत्यवचनतैंहीहोवै है ॥ सत्यवचनतैंविना किसोभीकर्मविषे प्रवृ
त्तिसंभवैनहीं ॥ और युधिष्ठिरादिकराजा जोयास्थूलशरीरसहित स्वर्गविषेगयेहैं॥ तथा अबपर्यंत तास्वर्ग तैं नीचे पतननहींहोते॥सोभी या
सत्यवचनकेप्रभावतैंहीगयेहैं ॥और यासत्यधर्मकरिकेही यहवायु आपणेमर्यादाविषेचलैहै॥और यासत्यधर्मकरिकेही यहसूर्यभगवान् सर्व
लोकोंकूंप्रकाशकरे है ॥ और यासत्यधर्मकरिकेही यहपृथिवी जलऊपरस्थितहै॥इसतैंआदिलेकेसंपूर्णदेवता तासत्यधर्मकेबलतैंही आपणे
आपणेअधिकारकानिर्वाहकरे हैं॥ ऐसेसत्यकूं याअधिकारोपुरुषनैं अवश्यकरिकेसंपादनकरणा॥अब ताधर्मके तपरूपद्वितीयपादका फल
सहित निरूपणकरे हैं ॥ हेशिष्य ॥ आपणेमनविषेदृढसंकल्पधारणकरिकै जोशीतउष्णकासहारणाहै तथाक्षुधातृषाकासहारणाहै तथाअ
न्नादिकपदार्थों तैंरहितहोणाहै याकानाम तपहै ॥ हेशिष्य ॥ यातपकेप्रभावतैंही मुनिलोक तथाइंद्रादिकदेवता मनवांछितस्वर्गादिकसुख
कूंप्राप्तहोवैंहैं॥औरयातपकेप्रभावतैंही यालोकविषेयहमनुष्यशत्रुओं तैं जयकूंप्राप्तहोवै हैं॥और जैसेयहपटरूपकार्य तंतुरूपकारणविषेस्थि
तहोवैहै ॥ तैसे यहकार्यरूपजगत् ताकारणरूपतपविषेही स्थितहोवैहै॥और यातपकेप्रभावतैंही दुर्वासादिकमुनि वरशापदेणेविषेसमर्थहो
वैहैं ॥ और यहतपहीसर्वकार्योंकीसिद्धिविषे अत्यंततेजस्वीसाधनहै ॥ याकारणतैंही पूर्व विश्वामित्रादिकऋषि यातपकेप्रभावतैं नवीनही

सृष्टिकूं रचतेभयेहैं ॥ ऐसे तपकूं याअधिकारीपुरुषोंनैं अवश्यकरिके संपादनकरणा ॥अब ताधर्मके दयारूपतीसरेपादका फलसहित नि
सकर्त्तापुरुष आपणे ऋषिप्रणीतसूत्रोंकेअनुसार पितृश्राद्धकीन्याई तानांदीमुखश्राद्धकूंकर ॥ और तिसनांदीमुखश्राद्धकेदिनविषे पूर्वउक्त दानादिकोंकूंकरिके प्रसन्नताकूंप्राप्तहुआ सोसंन्यासकर्त्तापुरुष आपणेबांधवोंकेसाथ तथास्त्रीपुत्रादिकोंकेसाथ यथायोग्यसंभाषणकरे ॥और कलदिनकेहोमवासते यत्किंचितद्रव्यकूंभिन्नराखिके तथाकंथाकोपीनादिकवस्त्रोंकूंभिन्नराखिके दूसरेसंपूर्णधनादिकपदार्थ आपणेपुत्रोंकेताई विभागकरिकेंदेवे ॥ याप्रकारकेसर्वकार्यकूंकरिके सोसंन्यासकर्त्तापुरुष आपणेबांधवोंकेसाथ एकपंक्तिविषेबैठिके पुण्याहं याप्रकारकाव चनउच्चारणकरिके भोजनकूंकरे ॥ परंतु तिसदिनविषे तासंन्यासकर्त्तापुरुषकेचित्तविषे जोकोईविक्षेपनहींहोवे तोभोजनकरे॥ और तिसदिनविषे जोकदाचित् तासंन्यासकर्त्तापुरुषकूं चित्तकीविक्षेपताकरिके अन्नविषेरुचिनहींहोवे॥तो सोसंन्यासकर्त्तापुरुष ताश्राद्धकेशेषअन्नका घ्राणसें गंधग्रहणकरिके तिसदिनविषे उपवासकूंहीकरे॥और सोसंन्यासकर्त्तापुरुष जोतिसदिनविषेभोजनकरे॥तो दूसरेदिनविषे उपवासकरे हेशिष्य ॥ जिसदिनविषे पिंडदानकरणा ॥ तिसदिनविषे उपवासनहींकरणा ॥किंतु दूसरेदिनविषे उपवासकरणा यहपक्ष बहुतशास्त्रोंविषे कथनकऱ्याहै ॥ यातें यहपक्षमुख्यहै ॥ और जिसदिनविषे पिंडदानकरणा ॥ तिसदिनविषेउपवासकरणा ॥ यहपक्ष किसीशास्त्रविषेकथन कऱ्याहै ॥ यातें यहपक्ष गौणहै ॥ हेशिष्य ॥ तामुख्यपक्षकूंअंगीकारकरिके सोसंन्यासकर्त्तापुरुष तापिंडदानतैंदूसरेदिनविषे उपवास करे ॥ और ताउपवासकेदिनविषे सोसंन्यासकर्त्तापुरुष आपणेकक्षोंकेवाल तथाउपस्थकेवाल तथाशिखाकेवाल यातीनोंवालोंकूंछोडिकरिके दूसरेसर्वशरीरकेकेशलोमोंका मुंडनकरावे ॥ और तामुंडनतैंअनंतर स्नानकरिके दूसरेशुद्धवस्त्रकूंधारणकरे ॥ और होमवासते स्थापनकऱ्याजोद्रव्यहै ॥ ताद्रव्यकूंछोडिके आपणेगृहविषेस्थितजे शालग्राम तथाकंबलादिकवस्त्र तथापुस्तक तथामृगचर्म इत्यादिक पदार्थ हैं ॥ जेपदार्थ संन्यासियोंकूंभीग्रहणकरणेविषे निषिद्धनहींहोवे ऐसे शालग्रामादिकपदार्थोंकूंग्रहणकरिके सोसंन्यासकर्त्तापुरुष आपणेब्रह्मवेत्तागुरुकेआगे अर्पणकरे॥यद्यपि तेशालग्रामादिकपदार्थ तासंन्यासकर्त्तापुरुषकूंभी अपेक्षितहैं ॥तथापि सोब्रह्मवेत्तागुरु जोकदाचित् तिनपदार्थोंकूंअंगीकारकरे॥तो तेसंपूर्णपदार्थ तागुरुकेही अर्पणकरे॥हेशिष्यजोसंन्यासी आत्माकेउपदेशकरणेविषे अत्यंतकुशलहोवे

तथा ब्रह्मनिष्ठहोवे ॥ तथा शमदमादिकसर्वगुणोंकरिकेयुक्तहोवे ॥ ऐसेश्रोत्रियब्रह्मनिष्ठसंन्यासीकूं सोसंन्यासकर्त्तापुरुष बहुतकालसैंपरी
क्षाकरके गुरुधारणकरे ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार सोसंन्यासकर्त्तापुरुष आपणेगुरुकेप्रति शालग्रामपुस्तकादिकपदार्थ अर्पणकरके तथा
आपणेशीतादिकोंकीनिवृत्तिवासते कोपीनकंथादिकवस्त्रोंकूं पृथकराखिके ताकोपीनादिकवस्त्रोंकूं तथावेणुकेदंडकूं ताअग्निकुंडकेसमीप
स्थापनकरे ॥ कैसाहोवे सोवेणुकादंड ॥ जलकरिकेशुद्धकर्‍याहोवे ॥ तथा छिद्रतैंरहितहोवे ॥ तथा देखनेविषे सुंदरहोवे ॥ तथा तासं
न्यासकर्त्तापुरुषकेशरीरपरिमाण ऊंचाहोवे ॥ हेशिष्य ॥ सोसंन्यासकर्त्तापुरुष जिसदिनविषेहोमकरे ॥ तादिनकोरात्रिविषे जागरणकूं
करे ॥ तहां ताहोमकरणेवासते तथारात्रिकेजागरणकरणेवासते याप्रकारकादेश चाहिये॥ कितो महान्‌नदीकातीरहोवे॥अथवा विष्णुआ
दिकदेवतावोंकामंदिरहोवे ॥ अथवा वनहोवे ॥ अथवा गोशालाहोवे ॥ अथवा मनुष्योंतैंरहित कोईएकांतगृहहोवे ॥ यास्थानोंविषे कि
सीएकस्थानविषे सोसंन्यासकर्त्तापुरुष होमकरे ॥ तथा रात्रिविषेजागरणकरे ॥ हेशिष्य ॥ऐसेपवित्रएकांतदेशविषेजाइके सोसंन्यासकर्त्ता
पुरुष आपणेआसनऊपरस्थितहोवे ॥ और आपणेदोनोंहस्तोंकूंजोडिके तथामनसहितइंद्रियोंकूंनिरोधकरिके सोसंन्यासकर्त्तापुरुष प्रथम
ब्रह्म इंद्र सोम सूर्य आत्मा अंतरात्मा परमात्मा विज्ञानात्मा याअष्टरूपवालेपरमेश्वरका स्मरणकरे ॥ तथा प्रणवपूर्व ब्रह्मणेनमः इंद्रायन
मः सोमायनमः सूर्यायनमःआत्मनेनमःअंतरात्मनेनमः परमात्मनेनमः विज्ञानात्मनेनमः याअष्टमंत्रोंका मानसजापकरे ॥तामानसजापका
स्वरूप व्यासभगवान्‌नैंयाप्रकार कह्याहै ॥ तहांश्लोक॥धियायदक्षर श्रेणि वर्णस्वरविभूषिता ॥ उच्चरेदर्थसंस्मृत्या सउक्तोमानसोजपः ॥
अर्थयह ॥ ककारादिकवर्णोंकरिके तथा उदात्तादिक स्वरोंकरिके युक्त जोअक्षरोंकीपंक्तिहै ॥ ताअक्षरोंकीपंक्तिकूंयहजपकरतापुरुष
अर्थकीस्मृतिपूर्वक बुद्धिकरिकेहीउच्चारणकरे ॥ याकानाम मानसजपहै ॥ १ ॥ हेशिष्य ॥ तामानसजपतैंअनंतर सोसंन्यासकर्त्तापुरुष
एकमुष्टिपरिमाणसक्तुवोंकाभक्षणकरिके तीनवारआचमनकरे॥तिसतैंअनंतरसोसंन्यासकर्त्तापुरुष आपणेहस्तकूंनाभिदेशविषेराखिकेप्रणव
पूर्वकआत्मनेस्वाहा अंतरात्मनेस्वाहा प्रजापतयेस्वाहायातीनमंत्रोंकाउच्चारणकरे॥तिसतैंअनंतरसोसंन्यासकर्त्तापुरुष पय दधि घृत याती

नपदार्थोंविषे एकएकपदार्थकूं तीनतीनवार भक्षणकरे॥औरपूर्वेसत्कुवोंकेभक्षणविषेतथा पय दधि घृत यातीनोंकेभक्षणविषे तासंन्यासकर्त्ता पुरुषनैंप्रणवमंत्रकाहीउच्चारणकरणा॥और तिसतैंअनंतर आचमनकरिके सोसंन्यासकर्त्तापुरुष पूर्वदिशाकीतरफमुखकरिके यथाशक्ति परिमाण प्रणवमंत्रका तथा गायत्रीमंत्रकाजपकरे॥तथा उपवासकरणेकासंकल्पकरे तिसतैं अनंतर सोसंन्यासकर्त्तापुरुष सर्ववेदोंकाआदिरूप जोप्रणवमंत्रहै ताकाउच्चारणकरे॥अथवा ऋग् यजुष् साम यातीनवेदोंकेआदिविषेस्थितजेयथाक्रमतैं अग्निमीळइति इषेत्वेति अग्नआयाहीति यहतीनमंत्रहैं तिनमंत्रोंका प्रणवपूर्वक उच्चारणकरे ॥ तिसतैंअनंतर सोसंन्यासकर्त्तापुरुष सावित्रीप्रवेशकेमंत्रकाउच्चारणकरे ॥ तहां प्रणवमंत्रपूर्वकजो भूः भुवः स्वः यहतीनव्याहृतियां हैं ॥ तातीनव्याहृतियोंविषे एकएकव्याहृतिकेउच्चारणपूर्वक ॥ सावित्रीप्रविशामि ॥ यावचनकूं दोदोवार उच्चारणकरे ॥ यारीतिसैं तोसावित्रीप्रवेशके षट्मंत्रसिद्धहोवे हैं ॥ तिनषट्मंत्रोंविषे यथाक्रमतैं त्रिपदा गायत्रीमंत्रकेपादोंका उच्चारणकरणा ॥ तहां प्रथममंत्रविषेतो तागायत्रीमंत्रकेप्रथमपादका उच्चारणकरणा ॥ और दूसरेमंत्रविषे तागायत्रीमंत्रकेदूसरेपादकाउच्चारणकरणा ॥ और तीसरेमंत्रविषे तागायत्रीमंत्रकेतीसरेपादका उच्चारणकरणा ॥ और चतुर्थमंत्रविषे तागायत्रीमंत्रकेआदिकेदोपादोंका उच्चारणकरणा ॥ और पंचममंत्रविषे तागायत्रीमंत्रकेतीसरेपादका उच्चारणकरणा ॥ और षष्ठेमंत्रविषे तासमग्रगायत्रीमंत्रका उच्चारणकरणा ॥ तिनषट्मंत्रोंकेउच्चारणकाक्रमयहहै ॥ प्रथम प्रणवमंत्रकाउच्चारणकरणा तिसतैंउत्तर व्याहृतिका उच्चारणकरणा तिसतैंउत्तर सावित्रीप्रवेशवाक्यउच्चारणकरणा ॥ तिसतैंउत्तर गायत्रीकेपादकाउच्चारणकरणा ॥ यहसंपूर्णमिलिके एकमंत्रहोवे है ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार सावित्रीप्रवेशकेषट्मंत्रोंकूंउच्चारणकरिके तिसतैंअनंतर सोसंन्यासकर्त्तापुरुष ब्रह्मान्वाधाननामाकर्मकूंकरे ॥ ताकर्मकी यहरीतिहै ॥ सोसंन्यासकर्त्तापुरुष सूर्यकेअस्तहुएतैंपूर्व आपणेऋषिप्रणीतसूत्रोंकेअनुसार होमकरणेवासते श्रौतअग्निकूं अथवा स्मार्त्तअग्निकूं अथवा किसीपवित्रस्थानविषेस्थित लौकिकअग्निकूं लेआइके कुंडविषे अथवा भूमिविषे स्थापनकरे॥ तिसतैं अनंतर सोसंन्यासकर्त्तापुरुष आपणेऋषिप्रणीतसूत्रोंकेअनुसार सायंकालविषे ताअग्निविषे अग्निहोत्रनामाहोमकूंकरे ॥ तहां आ

ज्यभागपर्यंत सर्वअंगोंकूं विधिपूर्वककरिके तिसतैंअनंतर प्रणवपूर्वक स्वाहामंत्रकरिके तिसअग्निविषे आज्याहुतिकूंपावे ॥ और तिसी मंत्रकरिके ताअग्निविषे पूर्णाहुतिकूंपावे ॥ याप्रकारकेकर्मकूं शास्त्रविषे ब्रह्मान्वाधान यानामकरिकेकथनकरेहैं ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार सोसंन्यासकर्त्तापुरुषताब्रह्मान्वाधानकर्मकूंकरिके तिसतैंअनंतर सायंसंध्याकीउपासनाकरे॥तिसतैंअनंतर ताअग्निकेउत्तरदिशाविषे दर्भोंकूं बिछाइके तिसऊपरबैठे ॥ और गायत्रीमंत्रने कथनकऱ्याजोब्रह्महै ॥ ताब्रह्मकूंमनविषे स्मरणकर्त्ताहुआ सोसंन्यासकर्त्तापुरुष ता रात्रिविषे जागरणकरे ॥ हेशिष्य ॥ सोसंन्यासकर्त्तापुरुष तारात्रिविषे इष्टिकूंभीकरे ॥ तहां सोसंन्यासकर्त्तापुरुष जोकदाचित् गार्हपत्यादिकश्रौतअग्नियोंवालाहोवे ॥ तो सोसंन्यासकर्त्तापुरुष तिनश्रौतअग्नियोंकरिके प्रथम अग्निदेवतासंबंधी वैश्वानरीनामाइष्टिकूंकरे ॥ तिसतैं अनंतर राजाधिराजस्वराट् इत्यादिकगुणविशिष्टजोदेवताविशेषहै ॥ तादेवतासंबंधी त्रैधातवीनामाइष्टिकूंकरे॥और सोसंन्यासकर्त्ता पुरुष जोकदाचित् औपासननामास्मार्त्तअग्निवालाहोवे॥तो सोसंन्यासकर्त्तापुरुष तास्मार्त्तअग्निकरिके प्राजापत्यनामाइष्टिकूंकरे॥और जिसपुरुष कापूर्वगृहस्थआश्रम नष्टहोइगयाहै ॥ और उत्तरआश्रम जिसपुरुषनें ग्रहणकऱ्यानहीं तापुरुषकानाम विधुरहै॥सोविधुरपुरुषभी विधुर अग्निकरिके ताप्राजापत्यइष्टिकूंहीकरें ॥ पृष्ठोदिवी इत्यादिकमंत्रकरिके उत्पन्नकऱ्याजोअग्नि है ॥ ताकानाम विधुरअग्नि है ॥ और सोसंन्यासकर्त्तापुरुष जोब्रह्मचारीहोवे ॥ अथवा वानप्रस्थहोवे ॥ तो सोब्रह्मचारी तथावानप्रस्थतो किसीपवित्रस्थानतैंअग्निकूंलेआइके तालौकिकअग्निकरिके ताप्राजापत्यइष्टिकूंकरें ॥ हेशिष्य ॥ कोईकऋषितो याप्रकारकहे हैं ॥ आहिताऽग्निपुरुषोंकूं तथाअनाहिताऽअग्निपुरुषोंकूं तथाअनऽग्निपुरुषोंकूं साप्राजापत्यनामाइष्टिहीकरणेयोग्यहै॥इहांश्रौतअग्निवालेपुरुषकानामआहिताऽग्निहै ॥ और स्मार्त्तअग्निवालेपुरुषकानाम अनाहिताऽग्निहै और श्रौतस्मार्त्तअग्नितैंरहितविधुरादिकोंकानाम अनऽग्नि है ॥ और कोईकऋषितो तीनोंकेप्रति प्राजापत्यइष्टिकूं विधानकरेनहीं ॥किंतुपूर्वकहीरीतिसे आहितअग्निपुरुषकेप्रतितो वैश्वानरीइष्टिका तथा त्रैधातवीइष्टिकाविधानकरे हैं ॥ और अनाहिताऽग्निपुरुषोंकेप्रति तथाअनऽग्निपुरुषोंकेप्रति प्राजापत्यइष्टिकाविधानकरेहैं॥हेशिष्य॥किसअधिकारीपुरुषनें कौनइष्टिकरणी यहसंपूर्णव्यवस्था

हम आगेस्पष्टकरिकैकहैंगे ॥ यातैं अभी हम ताव्यवस्थाकूंकथनकरतेनहीं ॥ किंतु अभी तासंन्यासकर्त्तापुरुषकूं तीसरेदिन विषे जो कार्य करणेयोग्यहै ॥ तिसकूं तूं श्रवणकर ॥ हेशिष्य ॥ सोसंन्यासकर्त्तापुरुष ब्राह्ममुहूर्त्तविषे तादर्भकेआसनतेंउठिकै जलकरिकै अथवा शन्नआप इत्यादिकमंत्रोंकरिकै अथवा भस्मकरिकै यथाशक्तिपरिमाण स्नानकरै ॥ तिसतैंअनंतर सोसंन्यासकर्त्तापुरुष ताआपणेअग्नि विषे चरुकूंपकावे ॥ तापक्कचरुकूं ताअग्नितैंउत्तारिकै तिसअग्निकेपूर्वदिशाविषे अथवा उत्तरदिशाविषे स्थापनकरै ॥ तिसतैंअनंतर तापक्कओदनरूपचरुकूं घृतयुक्तकरिकै पश्चात् प्रणवपूर्वक भूरादिकतीनव्याहृतियोंकूंपठनकरै ॥ तथा सहस्रशीर्षा इत्यादिकषोडशऋचारूप पुरुषसूक्तकूंपठनकरै ॥ तथा प्रणवपूर्वक इंद्रायस्वाहा प्रजापतयेस्वाहा विश्वेभ्योदेवेभ्यःस्वाहा ब्रह्मणेस्वाहा याचारिमंत्रोंकाजपकरै तिसतैंअनंतर पुण्याहं याप्रकारकावचन उच्चारणकरै ॥ तिसतैंअनंतर सोसंन्यास कर्त्तापुरुष शुचिनामापात्रविषे संस्कृतघृतकूंग्रहण करिकै प्रणवपूर्वक अग्नयेस्वाहा यामंत्रकरिकै अग्निमुखनामाआहुतिकूं ताअग्निविषेपावे ॥ और भोजनकेआदिकालविषे करणेयोग्यजा प्राणअग्निहोत्रहै ॥ ताप्राणअग्निहोत्रविषे जैसे प्रणवपूर्वक प्राणायस्वाहा अपानायस्वाहा व्यानायस्वाहा उदानायस्वाहा समानायस्वाहा यापंचमंत्रोंकरिकै पंचग्रासरूप पंचआहुति पाईजावेहै ॥ तैसे तिनपंचमंत्रोंकरिकै ताअग्निविषे आहुतिकूंपावे ॥ तथा आपणे वेदकीशाखाविषे पठनकऱ्याजो सहस्रशीर्षापुरुष इत्यादिकपुरुषसूक्तहै ॥ तापुरुषसूक्तकेएकएकऋचाकापाठकरिकै ताअग्निविषे आहुतिकूंपावे ॥ हेशिष्य ॥ ताअग्निविषे आहुतिपावणेका यहक्रमहै ॥ सोसंन्यासकर्त्तापुरुष प्रथम ताअग्निविषे काष्ठारूपसमिधकूंपावे ॥ तिसतैं अनंतर घृतकूंपावे ॥ तिसतैंअनंतर ओदनरूपचरुकूंपावे ॥ तिसतैंअनंतर सोसंन्यासकर्त्तापुरुष ताअग्निविषे प्रणवपूर्वक स्विष्टकृतेऽग्नये स्वाहा यामंत्रकरिकै घृतकीआहुतिकूंपावे॥तथा आपणेवेदकीशाखाकेअनुसार तापुरुषसूक्तकाजपकरै॥हेशिष्य॥इसप्रकार होमकूं करिकै सोसंन्यासकर्त्तापुरुष ताहोमतैं अनंतर पुनःदूसरेविरजाहोमकूंकरै ॥ तहां तिसीअग्निविषे पूर्वकीन्याई दूसराचरुपकाइकै ताचरुकूं घृतयुक्त करिकै पूर्णआहुतिपर्यंत ताविरजाहोमकूंकरै ॥हेशिष्य॥ ताविरजाहोमका यहक्रम शास्त्रविषेकथनकऱ्याहै॥ सोसंन्यासकर्त्तापुरुषशास्त्रउक्त

मंत्रोंकरिके ताअग्निविषे घृतयुक्तचरुकरिके विरजाहोमकूंकरे॥तिसतैंअनंतर ताहोमतैंबाकीरहेहुए घृतयुक्तचरुकूं भक्षणकरे॥तिसतैंअनंतर आचमनकरिके प्रणवपूर्वकस्वाहामंत्रकरिके ताअग्निविषे पूर्णआहुतिकूंकरे॥अब पूर्वकथनकरीहुईइष्टिकेनिर्णयकरणेवासते प्रथम ताकेविषे तीनमतोंकानिरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ॥ कोईऋषितो याप्रकार कथनकरैहैं ॥ वैश्वानरीइष्टितैंआदिलैके जितनेकोइष्टिहैं ॥ तेसंपूर्णइष्टियां श्रौतअग्निवालेपुरुषनेंही करणी ॥ स्मार्त्तअग्निवालेपुरुषनें तथाअग्नितैंरहितपुरुषनें कोईभीइष्टि करणीनहीं ॥ १ ॥ और हेशिष्य ॥ दूसरेऋषितो याप्रकार कथनकरैहैं ॥ एकप्राजापत्यइष्टिकूंछोडिके दूसरीइष्टितो ताश्रौतअग्निवालेपुरुषनैंहीकरणी ॥ और प्राजापत्यइष्टितो स्मार्त्तअग्निवालेपुरुषनैंभी करणी ॥ और श्रौतस्मार्त्तअग्नितैंरहित अनऽग्निपुरुषनैंतो कोईभीइष्टि नहींकरणी ॥ २॥ और हेशिष्य॥ तीसरेऋषितो याप्रकार कथनकरैहैं ॥ जैसे निषादस्थपतिंयाजयेत् ॥ याश्रुतिवचनकरिके शास्त्रवेत्तापुरुषों नें वर्णसंकरजातिवालेनिषादकूंभी इष्टिकरणेकाअधिकार कल्पनाकऱ्याहै ॥ तैसे श्रौतस्मार्त्तअग्नितैंरहित जेविधुर ब्रह्मचारी वानप्रस्थहैं ॥ तिनोंकूंभी ताप्राजापत्यइष्टिकाअधिकार संभवहोइसकैहै ॥ काहेतैं श्रुतियोंविषे तथास्मृतियोंविषे इष्टिपूर्वकही संन्यासकरणेकाविधानकऱ्याहै ॥ यातैं विधुरादिकोंकूं संन्यासकाअधिकारमानिके इष्टिकाअधिकारनहीं मानणा यहवार्त्ता संभवतीनहीं ॥ तहांश्रुति ॥ ब्राह्मीमिष्टिंनिर्वपेत् ॥ अर्थयह ॥ यहअधिकारीपुरुष ब्रह्मदेवतावालीइष्टिकूंकरिके संन्यासआश्रमकूंग्रहणकरे ॥ तहांस्मृति ॥ प्राजापत्यांनिरूप्येष्टिं सर्ववेदसदक्षिणां ॥ आत्मन्यग्नीन्समारोप्य ब्राह्मणःप्रव्रजेद्गृहात् ॥ अर्थयह ॥ यहअधिकारीब्राह्मण सर्वदक्षिणायुक्त प्राजापत्यइष्टिकूंकरिके तथा आपणेउदरविषे सर्वअग्नियोंकूं समारोपणकरिके आपणेगृहकापरित्यागकरिके संन्यासआश्रमकूं धारणकरे ॥ १ ॥ इत्यादिकश्रुतिस्मृतियोंविषे इष्टिपूर्वकही संन्यासआश्रमकाविधानकऱ्याहै ॥ यातैं श्रौतस्मार्तअग्नितैंरहित विधुरादिकपुरुषनैंभी संन्यासतैंपूर्व लौकिकअग्निविषे ताप्राजापत्यइष्टिकूं अवश्यकरिकेकरणा ॥ ३ ॥ हेशिष्य॥ इसप्रकार ताइष्टिकेकरणेविषे ऋषियोंके तीनमतहैं॥तहां श्रौतअग्निविषेही साप्राजापत्यइष्टिहोवैहै याअभिप्रायकरिकेतो प्रथममतकीप्रवृत्तिहोवैहै ॥ और स्मार्त्तअग्निविषेभी साप्राजापत्यइष्टिहोवैहै याअभिप्रायक

रिके दूसरेमतकीप्रवृत्तिहोवैहै ॥ और लौकिकअग्निविषेभी ताप्राजापत्यइष्टिहोवैहै याअभिप्रायकरिके तीसरेमतकीप्रवृत्तिहोवैहै॥हेशिष्य ॥ यातीनोंपक्षोंविषे जोसिद्धांतपक्ष जाबालादिकउपनिषदोंविषे कथनकऱ्याहै ॥ तासिद्धांतपक्षकूं तूं श्रवणकर ॥ श्रौतअग्निवाला जोअग्निहोत्रीपुरुषहै ॥ सोअग्निहोत्रीपुरुष जोकदाचित् तापरमहंससंन्यासकूंग्रहणकरे ॥ तो वैश्वानरीइष्टिकूं तथात्रेधातवीइष्टिकूंहीकरै॥ और सोअग्निहोत्रीपुरुष जोकदाचित् कुटीचक बहूदक हंस यातीनसंन्यासोंविषे किसीएकसंन्यासकूंग्रहणकरे ॥ तो सोअग्निहोत्रीपुरुषभी ताप्राजापत्यइष्टिकूंहींकरे और श्रौतअग्नितैंरहितजोपुरुषहै ॥ ताकूं किसीभीइष्टिविषे अधिकारहैनहीं ॥ याप्रकारकासिद्धांतपक्ष तिनवेदवेत्ताऋषियोंनैं कथनकऱ्याहै ॥ यातैं यहअर्थसिद्धभया तापरमहंससंन्यासकेग्रहणकालविषे अग्निहोत्रीपुरुषनैंतो वैश्वानरीइष्टिकूं तथात्रेधातवीइष्टिकूं अवश्यकरिकेकरणा ॥ याकेविषे किसीभीऋषिकाविवादहैनहीं ॥ और प्राजापत्यइष्टिविषे पूर्वउक्तरीतिसैं नानाप्रकारकाविवाद देखणेविषेआवैहै ॥ सो ताविवादकाभी यथायोग्यविकल्पकूंअंगीकारकरिके बुद्धिमान्पुरुषोंनैं समाधानकरणा ॥ हेशिष्य ॥ ताइष्टिकूंछोडिकै जेपूर्वअष्टश्राद्धकहेथे ॥ तथा होमकह्याथा ॥ तिनश्राद्धोंकेकरणेविषे तथाहोमकेकरणेविषे किसीभीशास्त्रकारका विवादहैनहीं ॥ किंतु तासंन्यासग्रहणकालविषे सर्वअधिकारीपुरुषोंनैं तिनश्राद्धादिककर्मोंकूंकरणा ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार सोसंन्यासकर्त्तापुरुष श्रौतअग्निविषे अथवा स्मार्त्तअग्निविषे अथवा लौकिकअग्निविषे पूर्वउक्तसर्वकर्मोंकूंकरिके तिसतैंअनंतर उत्तरनारायणीयउपनिषद्केपाठकूंकरताहुआ आपणेगृहतैंनिकसिके किसीजलकेस्थानऊपरजावे ॥ और तिसकालविषे सोसंन्यासकर्त्तापुरुष सर्वऊपर अनुग्रहरूपअमृतकोवृष्टिकूंकरे ॥ सोअनुग्रहयहहै ॥ श्राद्धादिककर्मोंकूंकरावणेहारेजे ऋत्विक्ब्राह्मणहैं तिनब्राह्मणोंकेताईं गोदानदेवे ॥ तथा सुवर्णदानदेवे ॥ तथा चरुकाशेषअन्नदेवे ॥ तथा होमतैंशेषरह्याहुआघृतदेवे ॥ तथा दूसरेभीअन्नादिकपदार्थ यथाशक्तिपरिमाण दानकरे ॥ तिसतैंअनंतर सोसंन्यासकर्त्तापुरुष तिनऋत्विक्ब्राह्मणोंतैं तथाआपणेबंधुजनोंतैं आपणेअपराधकूंक्षमाकरावै॥तिसतैंअनंतरआपणेपुत्रस्त्रीआदिकबांधवोंकूं आशीर्वादादिकोंतैंप्रसन्नकरिके विदाकरे ॥ और जैसे संन्यासग्रहणतैंउत्तरकालविषे तापुरुषनैं निःसंगहोणा है ॥ तैसे

पूर्वेही निःसंगहोवै॥ओर तासंन्यासकर्त्तापुरुषकेआज्ञाकूंपाइके तेस्त्रीपुत्रादिकबांधवभी तिसकालविषे प्रसन्नमनहुए आपणेआपणेगृहकूंचले जावें ॥ अथवा जैसे दूसरेउदासीनपुरुष कोतुकदेखणेवासते तहांस्थितहोवे हैं ॥ तैसे तेस्त्रीपुत्रादिकबांधवभी स्नेहकापरित्यागकरिके तहां ही स्थितहोवें ॥ हेशिष्य ॥ सोसंन्यासकर्त्तापुरुष जैसे प्रातःकालविषे नित्यहीहोमकरेहे ॥ तैसे तापूर्वउक्तहोमदेशविषेताहोमकूंकरिके ॥ समासिंचंतुमरुतःसमिंद्र ॥ इत्यादिकमंत्रकरिके ताअग्निकाउपस्थानकरे ॥ तिसतैंअनंतर ॥ यातेअग्नेयज्ञियातनूः ॥ इत्यादिकमंत्रकूं अथ वा ॥ अयंतेयोनिर्ऋत्वियो ॥ इत्यादिकमंत्रकूं तीनवारपठनकरिके ताआपणेश्रौतस्मार्तअग्निकूं ताअग्निकेउष्णतापानपूर्वक आपणेउदर विषे समारोपणकरे ॥ हेशिष्य ॥ जिससंन्यासकर्त्तापुरुषकूं श्रौत स्मार्त्त लौकिक यातीनोंअग्नियोंविषे कोईभीअग्नि प्राप्तनहींहोवे॥सोपुरुष ताअग्निसाध्यहोमादिकसर्वकर्मोंकूं जलविषेहीकरे ॥ तथा भावनामयअग्निकाही आपणेउदरविषे ॥ समारोपणकरे ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार तिनबाह्यअग्नियोंकूं आपणेउदरविषेसमारोपणकरिके तहां भावनामयकुंडविषे तिनअग्नियोंकूंस्थापनकरिके पूर्वउक्तसावित्रीप्रवेशकेमंत्रोंकूं पठनकरे ॥ तिसतैंअनंतर सोसंन्यासकर्त्तापुरुष ताजलकेसमीपजावे ॥ तहां नाभिपरिमाणजलविषेस्थितहोइके संध्यागायत्रीकीउपासना करे ॥ तिसतैंअनंतर सोसंन्यासकर्त्तापुरुष पूर्वदिशाकीतरफमुखकरिके तथा आपणेदोनोंभुजावोंकूंऊंचाकरिके ॥ अहंवृक्षस्य ॥ इसवचन तैंआदिलेके ॥ त्रिशंकोर्वेदानुवचनं ॥ इसवचनपर्यंत संपूर्णवचनोंकूं पठनकरे ॥ तथा ॥ यश्छंदसां ॥ याशांतिमंत्रविषेस्थितजे नववाक्यहैं तिनोंकाजपकरे ॥ तिसतैंअनंतर ॥ पुत्रेषणायावित्तेषणाया ॥ इत्यादिकवचनकापाठकरे ॥ तिसतैंअनंतर प्रणवपूर्वक भूरादिकतीनव्याहृ तियोंविषे एकएकव्याहृतिकेउच्चारणपूर्वक क्रमतैं मंद मध्यम उत्तम यातीनस्वरोंकरिकेप्रैषमंत्रकाउच्चारणकरे॥अब प्रसंगतैंआतुरसंन्यासका निरूपणकरे हैं ॥ हेशिष्य ॥ यह अष्टश्राद्धतैंआदिलेके जलविषेस्थितिपर्यंत जोसंन्यासकेसाधनोंकानिरूपणकऱ्याहे ॥ सोस्वस्थशरीरवा लेपुरुषकेवासते कथनकऱ्याहे ॥ ओर जिसअधिकारीपुरुषकाशरीर रोगादिकोंकरिकेव्याकुलहोवे ॥ तिसआतुरपुरुषनैंतो केवल प्रैषमंत्र काहीउच्चारणकरणा ॥ ताप्रैषमंत्रकेउच्चारणमात्रकरिकेही ताकासंन्याससिद्धहोवे है॥ ताआतुरसंन्यासविषे तिनश्राद्धादिकसाधनोंकेकरणेका

कछुजरूरनहीं है ॥हेशिष्य॥यहअधिकारीपुरुष जोकदाचित् वाणीकरिकेभी ताप्रैषमंत्रकेउच्चारणकरणेविषे समर्थनहींहोवै॥तो सोअधिकारीपुरुष तामरणकालविषे मनकरिकेही ताप्रैषमंत्रकाउच्चारणकरे ॥तहांश्रुति॥यद्यातुरःस्यान्मनसावावासंन्यसेत्॥अर्थयह ॥ यहअधिकारीपुरुष जभी अत्यंतआतुरहोवै ॥ तभी मनकरिके अथवा वाणीकरिके संन्यासकूंकरे ॥ १ ॥ यातें आतुरपुरुषोंकूं तासंन्यासकेग्रहणविषे तिनश्राद्धादिककर्मोंकेकरणेका विधानहैनहीं ॥ किंतु वाणीकरिके अथवा मनकरिके उच्चारणकऱ्याजोप्रैषमंत्रहै ॥ ताप्रैषमंत्रकरिकेही तिनआतुरपुरुषोंकूं तासंन्यासकीप्राप्तिहोवैहै ॥ अब प्रसंगतें तासंन्यासकेफलका निरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ॥ तासंन्यासआश्रमकूं धारणकरिकें जोअधिकारीपुरुष याशरीरकापरित्यागकरैहै ॥ सोअधिकारीपुरुष प्रतिबंधकेअभावहुए शीघ्रही ब्रह्मलोककूंप्राप्तहोवै है ॥ और किसीप्रतिबंधके विद्यमानहुएतो कालांतरविषे ताब्रह्मलोककूंप्राप्तहोवै है ॥ हेशिष्य ॥ यहसंन्यासकाफल कपिलादिकऋषियोंनेंभी कथनकऱ्याहै ॥ तहां श्लोक ॥ संन्यस्तमितियोब्रूयात् प्राणैःकंठगतैरपि ॥ससूर्यमंडलंभित्त्वा ब्रह्मलोकेमहीयते ॥ अर्थयह ॥ मरणकालविषे कंठदेशविषेप्राणोंकेस्थितहुयेभी जोअधिकारीपुरुष ताप्रैषमंत्रकाउच्चारणकरिके संन्यासआश्रमकूंधारणकरै है ॥ सोपुरुष मरणतेंअनंतर सूर्यमंडलकूंभेदनकरिके ब्रह्मलोकविषेप्राप्तहोवै है ॥ १ ॥ और महाप्रलयकेप्राप्तहुए जभी ताब्रह्माकामरणहोवै है ॥ तभी सोसंन्यासकर्त्तापुरुष ताब्रह्माकेसाथ निर्गुणब्रह्मरूपमोक्षकूंप्राप्तहोवै है ॥ १ ॥ हेशिष्य तासंन्यासकाफल दक्षप्रजापतिनेंभी कथनकऱ्याहै ॥ तहां श्लोक ॥ त्रिंशत्परांस्त्रिंशदपरां स्त्रिंशच्चपरतःपरान्॥सद्यःसंन्यसनादेव नरकात्त्रायतेपितॄन् ॥ अर्थ यह ॥ यह संन्यासकर्त्तापुरुष आपणेसंन्यासआश्रमकेप्रभावतें पूर्वव्यतीतहुए ९० नवे वंशपर्यंत सर्वपितरोंकूं नरकतेंउद्धारकरैहै ॥ १ ॥ हेशिष्य ॥ तासंन्यासकाफल जाबालउपनिषद्विषेभी कथनकऱ्याहै ॥ तहां श्रुति ॥ शतंकुलानांपुरतोबभूव तथाकुलानांत्रिशतंसमग्रं ॥ एतेभवंतिसुकृतस्यलोके येषांकुलेसंन्यसतीहविप्रः ॥ अर्थयह ॥ जिसकुलविषे जोब्राह्मण तासंन्यासआश्रमकूंग्रहणकरै है ॥ ताकुलविषे पूर्वव्यतीतहुए एकशत १०० पुरुष तथाआगेहोणेहारे तीनशत ३०० पुरुष स्वर्गादिकउत्तमलोकविषेप्राप्तहोवै हैं ॥१॥ हेशिष्य॥ संन्यास यानामविषे दोपदहैं ॥ एकतो सं यहपदहै ॥ और दूसरा न्यास यहपदहै ॥ तहां संपदकातो सम्यक्पणाअर्थ है ॥ और

न्यासपदका त्यागअर्थ है तहां त्यागरूपन्यासविषे सोसम्यक्पणायहहै ॥ सर्वकालविषे तथासर्वदेशविषे सर्वपदार्थोंका शरीरमनवाणीकरि केत्यागकरणा ॥ याप्रकारका संन्यासशब्दकाअर्थ मुख्यकरिकेतो परमहंससंन्यासविषेहीघटैहै ॥ दूसरे कुटीचकादिकोंविषे सोसंन्यासश ब्दकाअर्थगौणहै ॥ इतनेंकरिके तासंन्यासकाफल निरूपणकऱ्या ॥ अब ताआतुरसंन्यासकेप्रसंगतेंही तापरमहंससंन्यासीकेमरणतें अनंतर ताकेपुत्रादिकबांधवों नें तथादूसरेभक्तजनोंनें जोकार्यकरणेयोग्यहै ताका निरूपणकरे हैं ॥ हेशिष्य ॥ याब्राह्मणनें परमहंससंन्या सकूंग्रहणकऱ्याहै ॥ याप्रकार लोकोंकरिकेजान्याहुआ सोपरमहंससंन्यासी जभी मृत्युकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तभी ताकेपुत्रादिकबांधवोंतें आदिले के नगरकेराजापर्यंत तिनसर्वभक्तजनोंने तासंन्यासीकेशरीरके जेजेसंस्कारकरणेयोग्यहैं ॥ तेसंपूर्णसंस्कार शौनकबोधायनादिकऋषियोंनें धर्मशास्त्रोंविषेकथनकरे हैं ॥ तिनोंकूं तूं श्रवणकर ॥ हेशिष्य ॥ सोपरमहंससंन्यासी जभी मृत्युकूंप्राप्तहोवै ॥ तभी तेअधिकारीजन तासं न्यासीकेशरीरकेलेजाणेवासते किसीसुंदररथकूंत्यार करैं॥अथवा किसी सुंदरविमानकूंत्यारकरैं ॥ अथवा किसीसुंदरपालकीकूंत्यारकरे ॥ अथवा कोईसुंदरछिका त्यारकरे॥तेरथादिककैसेहो वैं॥विस्तारवालेहोवैं॥तथाअत्यन्त कोमलहोवैं तथा अत्यंतदृढहोवैं॥और जैसे महादेवके भक्तजनतथाविष्णुकेभक्तजन शिवरात्रिविषे तथाकृष्णजन्मअष्टमीविषे नानाप्रकारकेवादित्रबजावे हैं तथा नृत्यकरे हैं॥तथा जयजयशब्द उच्चारणकरे हैं ॥ तथा वेदोंकेशब्दोंकाउच्चारणकरे हैं ॥ तैसे तेअधिकारीजनभी नृत्यकरे ॥ तथा नानाप्रकारकेवादित्रोंकूंबजावैं॥ तथा वेदकेशब्दोंका उच्चारणकरैं ॥ और जैसे वसंतमासकेहोलिकाविषे यहलोक नानाप्रकारकाउत्सवकरे हैं ॥ तैसे तेसर्वअधिकारीजन प्रथम स्नानकूंकरैं ॥ तथा नानाप्रकारकेदुकूलादिकवस्त्रोंकूंधारणकरैं ॥ तथा आपणेशरीरविषे चंदनकूंलगावें ॥ तथा आपणेमुखविषे तांबूलकूंपावें ॥ तथा आपणेगलेविषे सुगंधिवालेपुष्पोंकीमालावोंकूंधारणकरे ॥ तथा हरिद्राकाचूर्ण दुग्ध फल सुगंधिवालेपुष्प इत्या दिक मंगलीकपदार्थोंकूं आपणेहस्तोंविषेधारणकरे ॥ और तिनअधिकारीजनोंकेपास जोबहुतधनकीसंपत्तिहोवै ॥ तो जिसमार्ग करिके तासंन्यासीकेशरीरकूं बाहरलेजाणाहै॥तिसमार्गकूं तथागृहादिकोंकूं सर्वओरतेंमार्जनकरिके शुद्धकरावें ॥ तथा चंदनकर्पूरादिकोंके

जलकरिके तिनमार्गादिकोंकूंसिंचनकरे ॥ और जैसे भक्तजन शिवविष्णुकीप्रतिमाकूं पंचामृतकरिके स्नानकरावे हैं।तैसे तेभक्तजनभी ता
संन्यासीकेशरीरकूं पंचामृतकरिके स्नानकरावे ॥ तथा श्रीगंगादिकपवित्रजलोंकरिके स्नानकरावे ॥ तथा चंदनादिकसुगंधकरिके तासंन्या
सीकेशरीरकालेपकरे ॥ तथा तासंन्यासीकेशरीरकूं नानाप्रकारकेपुष्पोंकीमालाकरिके शोभायमानकरे ॥ तथा ताशरीरकूं चंदन अगर
कर्पूर इत्यादिकसुगंधपदार्थोंका वारंवार धूपदेवे ॥ तथा कर्पूरयुक्तआर्तिदीपकोंकरिके वारंवार ताकोआर्तिकरे ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार ते
अधिकारीजन तासंन्यासीकेशरीरकापूजनकरिके ताविमानादिकोंविषेबैठावे ॥ और विष्णुआदिकदेवतावोंकीन्याई तथामहाराजाकीन्याई
तासंन्यासीकेशरीरकूं तिसस्थानतैंउठाइके वेदकेशब्दोंकूंउच्चारणकरतेहुए बाहरलेजावें ॥ तहां वनविषे मलअस्थिआदिकोंतैंरहित जोको
ईपिप्पलकावृक्षहै ॥ अथवा मनुष्योंतैंरहित जोकोईवनस्पतिहै ॥ अथवा विष्णुशिवादिकदेवतावोंकाजोस्थानहै ॥ अथवा गौवोंकेरहणे
कीजा गोशालाहै ॥ अथवा महान्नदीकाजोतीरहै॥अथवा दूसराभीजोकोईपवित्रस्थानहै॥इत्यादिकस्थानोंविषे किसीएकस्थानविषे तासं
न्यासीकेशरीरकूंलेजाइके ताशुभस्थानविषेतेअधिकारीजनकूपकीन्याई वर्तुलाकार तथापुरुषपरिमाणनीचा एकखातकूंखोदैं॥और तासात
केखोदणेहारेब्राह्मण वारंवारभूरादिकव्याहृतियोंकापाठकरैं॥और ताखातकूंखोदिकरिके तेअधिकारीजन भूरादिकसप्तव्याहृतियोंकेपाठक
रिके ताखातकूं जलसैंप्रोक्षणकरैं ॥ तिसतैंअनंतर ताखातकेनीचेभूमिविषे प्रणवमंत्रकरिके दर्भोंकाआसनबिछावैं ॥ और ताखातकेवाम
देशविषे तासंन्यासीकेशरीरकूंस्थापनकरिके सावित्रीमंत्रकेपाठयुक्तस्नानकराइके मृत्तिकादिकमलतैंरहितकरैं॥ तिसतैंअनंतर तेअधिकारी
पुरुष तासंन्यासीकेशरीरविषे विष्णुबुद्धिकरिके पुरुषसूक्तमंत्रकेपाठपूर्वक स्नानकरावैं ॥ तथा पूर्वकीन्याई सुगंधपुष्पोंकीमालावोंकरिके
शोभायमानकरैं ॥ तिसतैं अनंतर ॥ विष्णोहव्यंरक्षस्व ॥ यामंत्रकाउच्चारणकरिके तासंन्यासीकेशरीरकूं ताखातविषे पूर्वदिशाकीतर
फमुखकरिके बैठावैं॥ तिसतैंअनंतर तासंन्यासीकेदंडकूं तीनविभागकरिके तासंन्यासीकेदक्षिणहस्तविषेदेवे॥हेशिष्य॥जोअधिकारीब्राह्मण
आतुरसंन्यासकूंधारणकरिके तिसीकालविषेमृत्युकूंप्राप्तभयाहै ॥ तिसब्राह्मणकूं यद्यपि पूर्व शास्त्रकीरीतिसैं दंडप्राप्तनहीं है ॥ तथापि

मरणतैंअनंतर ताआतुरसंन्यासीकेहस्तविषे कोईविद्वान्पुरुष ॥ इदंविष्णुर्विचक्रमे ॥ यामंत्रकरिकेदंडकूंदेवे ॥ तिसीदंडके तीनविभागक
रिके ताआतुरसंन्यासीकेदक्षिणहस्तविषेदेवें ॥तिसतैंअनंतर तेअधिकारीजन तासंन्यासीकेहृदयदेशविषे आपणा हस्तराखिके ॥ हंसः
शुचिषत् ॥ इत्यादिकमंत्रका जापकरैं ॥ तथा तासंन्यासीके भ्रूमध्यदेशविषे आपणाहस्तराखिके पुरुषसूक्त मंत्रोंका जापकरैं ॥
॥ तथा तासंन्यासीके मूर्द्धस्थानविषे आपणाहस्तराखिके ॥ ब्रह्मजज्ञानं ॥ इत्यादिकमंत्रकाजापकरैं॥तिसतैंअनंतर तेअधिकारीजन॥भूमि-
र्भूमिमगात् ॥यामंत्रकाउच्चारणकरिके तासंन्यासीकेमस्तककूं पाषाणसैं भेदनकरैं॥तिसतैंअनंतर तेअधिकारीजन॥प्रणवमंत्रकूं तथाभूरादि
कव्याहृतियोंकूं वारंवार उच्चारणकरतेहुए तासातकूं पाषाणोंकरिके तथामृत्तिकाकरिके दृढ पूरणकरैं॥जैसे तासंन्यासीकेशरीरकूं कोई
श्वानशृगालादिकजंतु भक्षणनहींकरिजावें तैसेतासातकूंदृढकरिकेपूरणकरे ॥ काहेतें जिसदेशविषे तासंन्यासीकेशरीरकूं श्वानशृगालादिक
जंतु भक्षणकरिजावैंहैं ॥तिसदेशविषे दुर्भिक्षादिकउपद्रव प्राप्तहोवैंहै ॥ याप्रकार बोधायनऋषिनें कथनकऱ्याहै ॥ यातैं तिनअधिकारी
जनोंनें तासंन्यासीकेशरीरकूं दृढकरिकेपूरणकरणा॥हेशिष्य॥तापरम हंससंन्यासीकेमरणतैंअनंतर जेजेसंस्कारहमनें तुमारेप्रतिकथनकरेहैं
तेसंपूर्णसंस्कार विधिपूर्वककरेहुए यद्यपि तामुक्तसंन्यासीकूं किसीपुण्यकीप्राप्तिकरैंनहीं ॥ तथा नहींकरेहुए तेसंस्कार तामुक्तसंन्या
सीकूं किसीपापकीप्राप्तिकरैंनहीं ॥ तथापि जेअधिकारीपुरुष तासंन्यासीकेमरणतैं अनंतर तिनसंस्कारोंकूं विधिपूर्वककरैंहैं ॥ तिनअधि
कारीपुरुषोंकूंतो पुण्यकीप्राप्तिहोवैहै ॥ और जेअधिकारीजन तिनसंस्कारोंकूंनहींकरैंहैं ॥ तिनपुरुषोंकूं पापकीप्राप्तिहोवैहै ॥ हेशिष्य ॥
तेब्रह्मवेत्तापरमहंससंन्यासी यद्यपि याप्रकारकीइच्छाकरैंहैं॥मरणतैंअनंतर याहमारेशरीरकूं तुमोंनें छेदनकरिके श्वानशृगालादिकजंतुवोंके
ताईं भक्षणकरणेवासतेदेणा ॥ तथापि स्वर्गादिकसुखोंकीइच्छाकरतेहुएतेअधिकारीजन तासंन्यासीकेशरीरकूं श्वानशृगालादिकजंतुवोंके
ताईं देणेकीइच्छाकरतेनहीं॥किंतु तेअधिकारीजन शास्त्रकेविधिपूर्वक ताशरीरकेसंस्कारकरैंहैं॥हेशिष्य॥तासंन्यासीकेशरीरकूं ताभूमिविषे
जोदृढकरिकेपूरणाहै॥सोतिनपूरणकरणेहारे ब्राह्मणादिकचारिवर्णोंकूंहीसुखकाकारणहै॥यातैं तिनब्राह्मणादिकअधिकारीजनोंनें तासंन्यासी

केशरीरकूं भलीप्रकारसैंपूरणकरणा॥हेशिष्य॥कुटीचक बहूदकहंस यातीनप्रकारकेसंन्यासियोंकूं शिखासूत्रविद्यमानहै॥यातैंकितनैंकऋषि योंनैंतो तिनकुटीचकादिकसंन्यासियोंकेमरणतैंअनंतर तिनोंका अग्निविषेदाहकाविधानकऱ्याहै ॥ और कितनैंकऋषियोंनैं तिनकुटीच कादिकों के पृथिवीविषे पूरणेका विधानकऱ्याहै॥ यातैं मरणतैंअनंतर तिनकुटीचकादिकसंन्यासियोंकूं याअधिकारीजनोंनैं अग्निविषेदाह करणा अथवा पृथिवीविषपूरणा॥और तिनसर्वऋषियोंनैं यापरमहंससंन्यासीकेदाहकरणेका सर्वथानिषेधकऱ्याहै ॥ यातैं याअधिकारी पुरुषोंने तापरमहंससंन्यासीकेशरीरकादाह कदाचित्भीनहींकरणा ॥ यहवार्ता कपिलमुनिनैंभी कथनकरीहै ॥ तहांश्लोक ॥ अनग्नेर्दहनं कार्यं पूर्वभिक्षोर्यथाविधि॥विदुषस्तुनतत्कार्यमेकोद्दिष्टादिकर्हिचित्॥अर्थयह ॥ श्रौतस्मार्त्तअग्नितैंराहित जोकुटीचकादिकतीनसंन्यासीहैं॥ तिनोंका मरणतैंअनंतर अग्निविषेदाहकरणा॥परंतु चतुर्थपरमहंससंन्यासीका अग्निविषेदाह कदाचित्भीनहींकरणा॥ १ ॥ हेशिष्य॥देवता केप्रतिमाकीन्याई भक्तजनोंकेताई सर्वमनोरथोंकीप्राप्तिकरणेहारा जोयह परमहंससंन्यासीकाशरीरहै ॥ ताशरीरका जभी अग्निविषेदाह होवे है ॥ अथवा श्वानशृगालादिकोंकरिकेभक्षणहोवे है ॥ तभी तिनप्राणियोंकेसंपूर्णमनोरथ नाशकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ यातैं या अधिकारीजनोंनैं तापरमहंससंन्यासियोंकेशरीरकूं अग्निविषेदाहकरणानहीं ॥ किंतु पूर्वउक्तरीतिसैं ताशरीरकूं पृथिवीविषेदृढकरिके पूरणा ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार तापरमहंससंन्यासीकेशरीरकूं तापृथिवीविषेपूरिके तिसतैंअनंतर तेअधिकारीजन ॥ अग्निनाऽग्निःसमिध्यते ॥ इत्यादिकमंत्रका पाठकरैं ॥ तथा ॥सूर्यांते इत्यादिकमंत्रकापाठकरैं ॥ हेशिष्य॥ जैसे विवाहादिकउत्सवविषे यहलोक प्रसन्नहोवे हैं ॥ तैसे प्रसन्नमुखहोइके तथासर्व शोकक्लेशों तैं रहितहोइके तेसंपूर्णअधिकारीजन तापृथ्वीविषे पूरणकरेहुएसंन्यासीकेशरीरकूं यथाशक्ति प्रदक्षिणाकरैं ॥ तथा नमस्कारकरैं ॥ और तापृथिवीकेऊपर देवालयकूंकरैं ॥ अथवा वटपिप्पलादिकपवित्रवृक्षकूंस्थापनकरैं ॥ और तादेवालयविषे विष्णुकीप्रतिमाकूंस्थापनकरैं ॥ अथवा महादेवकेलिंगकूंस्थापनकरैं ॥अथवा सूर्य गणपति देवी आदिकोंकीप्रतिमाकूंस्था पनकरैं ॥ ताप्रतिमाकीतिनअधिकारीजनों नैं सर्वदापूजाकरणी ॥ हेशिष्य ॥ याअर्थविषे हम बहुतक्याकहैं ॥ परंतु याअधिकारीपुरुषों नैं

ऐसाकोईउपायकरणा ॥ जाकरिकै बहुतदिनोंकेपीछेभीतास्थानविषे किसीमलअस्थिआदिकअशुचपदार्थोंका संबंधनहींहोवे ॥ ऐसेउपायकीअवश्यकर्त्तव्यताकेप्राप्तहुएभी जेअधिकारीजन तास्थानविषे देवालयकास्थापनकरेहैं ॥ तेअधिकारीजन बहुतबुद्धिमान्जानणे ॥ जैसे आपणेआम्रकेवृक्षोंविषे जल अवश्यपावणाहै॥परंतु जेपुरुष ताआम्रवृक्षोंविषे जलकूंपावतेहुए ताजलकूं पितरोंकेअर्पणकरेहैं॥तेपुरुष अत्यंतबुद्धिमान्होवे हैं॥तैसे तास्थानविषे देवालयकूंकरणेहारेपुरुषभी अत्यंतबुद्धिमान्जानणे॥हेशिष्य॥जैसे दूसरेमृतकशरीरकेदर्शनकरणेकरिकै तथास्पर्शकरणेकरिकै यापुरुषोंकूं आपणेशरीरविषे अशुचित्वबुद्धिहोवे है॥तैसेतापरमहंससंन्यासीके मृतकशरीरके दर्शनकरणेतैं तथास्पर्शकरणेतैं याअधिकारीपुरुषोंनैं आपणेविषे अशुचित्वबुद्धि कदाचित्भीनहींकरणी॥किंतु विष्णुकीप्रतिमाकेदर्शनकरणे तैं तथा स्पर्शकरणेतैं जैसे भक्तजनोंकूं आपणेशरीरविषे शुचित्वबुद्धिहोवे है॥ तैसे याअधिकारीपुरुषोंनैंभी तामृतकसंन्यासीकेदर्शनतैं तथास्पर्शतैं आपणेविषेशुचित्वबुद्धिकरणी॥ और जिसनदीआदिकोंकेजलकरिकै तामृतकसंन्यासीकूंस्नानकरायाहै ॥ सोनदीआदिकोंकाजलभी तीर्थरूपहोवे है॥यातैं तानदीआदिकोंकेजलविषे तिनअधिकारीजनों नैं तीर्थबुद्धिकरिकैस्नानकरणा॥परंतु आपणेविषेअशुचित्वबुद्धिकरिकै तिनअधिकारीजनों नैं स्नाननहींकरणा ॥ और तिनअधिकारीजनोंकूं जोकदाचित् स्नानकरणेकीइच्छानहींहोवे॥तो नहींस्नानकरैं॥तास्नानविषे तिनपुरुषोंकीइच्छाहीकारणहै ॥ कोईअशुचिपणा कारणनहींहै ॥काहेतैं तापरमहंससंन्यासीकाशरीर मरणतैंपूर्वतो साक्षात्विष्णुरूप है॥और मरणतैंअनंतर ताविष्णुकीप्रतिमाकेतुल्यहै॥हेशिष्य॥यहवार्त्ताअत्रिऋषिनैंभी कथनकरीहै॥तहांश्लोक॥ द्वेरूपेवासुदेवस्य चलंचाचलमेवच॥चलंसंन्यासिनांरूपमचलंप्रतिमादिकं ॥ १॥देवताप्रतिमांदृष्ट्वा यतिंदृष्ट्वैवदंडिनं ॥ प्रणिपातमकुर्वाणो नरकंरौरवंव्रजेत्॥२॥अर्थ यह ॥ वासुदेवविष्णुके दो रूपहोवे हैं ॥ एकतो चलरूपहोवे है ॥ और दूसरे अचलरूपहोवे है ॥ तहां यहपरमहंससंन्यासीतो ताविष्णुका चलरूपहै॥और शालग्रामादिकप्रतिमा ताविष्णुका अचलरूपहै॥१॥तहां जोपुरुष ताविष्णुकेशालग्रामादिकप्रतिमावोंकूंदेखिकरिकै ताप्रतिमाकूंनमस्कारनहींकरैहैं॥तथादंडीपरमहंससंन्यासीकूंदेखिकरिकै ताकूंनमस्कार नहींकरैहै॥सोपुरुषरौरवनरककूंप्राप्तहोवे है॥२॥हेशिष्य॥

॥ यहवार्त्ता महाभारतविषे व्यासभगवान्नैंभीकहीहै॥तहांश्लोक॥ दुर्वृत्तोवा सुवृत्तोवा मूर्खःपंडितएववा॥ काषायदंडमात्रेण यतिःपूज्योद्वि
जैःसदा ॥ अर्थयह ॥ सोपरमहंससंन्यासी अश्रेष्ठआचारवालाहोवै ॥ अथवा श्रेष्ठआचारवालाहोवै ॥ अथवा मूर्खहोवै अथवा पंडितहोवै॥
परंतु जोसंन्यासी काषायवस्त्रोंकरिकै तथादंडकरिकै युक्तहोवै॥ तासंन्यासीकूं ब्राह्मणादिकोंनैं विष्णुरूपकरिकै पूजनकरणा ॥ हेशिष्य ॥
यहवार्त्ता ॥ अपमानेकृतेतेषां देवाःसर्वेऽपकारिताः ॥ इत्यादिकवचनोंकरिकै नारदमुनिनैंभी कथनकरीहै॥तिनवचनोंकायहअभिप्रायहै॥
ब्रह्मा विष्णु रुद्र इंद्र लोकपाल वसुआदिकदेवगण यहसंपूर्णदेवता तापरमहंससन्यासीकेशरीरविषेरहे हैं ॥ यातैं जेअधिकारीपुरुष
श्रद्धाभक्तिपूर्वक तापरमहंससंन्यासीका पूजनकरे हैं ॥ तेअधिकारीपुरुष तिनब्रह्मादिकसर्वदेवतावोंका पूजनकरे हैं ॥ और जेपुरुष तापर
महंससंन्यासीका निरादरकरैहैं ॥ तेपुरुष तिनब्रह्मादिकसर्वदेवतावोंका निरादरकरे हैं ॥ यातैं याअधिकारीपुरुषोंनैं तापरमहंससंन्यासी
का कदाचितभी निरादरकरणानहीं ॥ और हेशिष्य ॥ जैसे विष्णुभगवान् आपणेशालग्रामादिकप्रतिमावोंविषे सर्वदा स्थितरहे हैं ॥
तैसे सोविष्णुभगवान् तापरमहंससंन्यासीकेशरीरविषेभी सर्वदास्थितहोवे है ॥ यातैं सोपरमहंससंन्यासी जिसजिसस्थानविषेस्थि
तहोवैहै ॥ तिसतिसस्थानविषे साक्षात् सोविष्णुभगवान्ही स्थितहोवे है॥ यातैं याअधिकारीजनोंनैं तापरमहंससंन्यासीका अवश्यकरिकै
पूजनकरणा ॥ और हेशिष्य ॥ यालोकविषे जेपुरुष तापरमहंससंन्यासीकीस्तुतिकरे हैं अथवा निंदाकरैहैं अथवा अन्नवस्त्रादिकदेवे हैं ॥
तिनसंपूर्णपदार्थोंकूं सोसंन्यासी विष्णुभगवान्केताईं अर्पणकरैहै ॥ सोविष्णुभगवान् आपही तिनदेणेहारेपुरुषोंकूं यथायोग्य सुखदुःखरू
पफलकीप्राप्तिकरैहै ॥ हेशिष्य ॥ ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र यहचारिवर्णवालेपुरुष जोकदाचित् तासंन्यासीकूं आपणेधर्मतैंभ्रष्टहुआभीदे
खें ॥ तोभी तिनचारिवर्णवालेपुरुषोंनैं तासंन्यासीकूं किसीदंडदेणेकासंकल्प करणानहीं ॥ काहेतैं तिनसंन्यासियोंकेशिक्षाकरणेहारे
तीनहोवै हैं ॥ तहां एकतो गुरु शिक्षाकरणेहाराहोवे है ॥ और दूसरा राजा शिक्षाकरणेहाराहोवै है ॥ और तीसरा यम शिक्षाकरणेहारा
होवे है ॥ तहां जिनसंन्यासियोंकूं आपणेधर्मविषे संशयहोवै है ॥ तिनसंन्यासियोंकूंतो आपणागुरुही शिक्षाकरे है ॥ यहवार्त्ता जमदग्नि

नामाऋषिनैंभी कथनकरीहै ॥ तहांश्लोक ॥ अथवायद्गुरुर्ब्रूयात्तत्कार्यमविशंकया ॥ निग्रहेऽनुग्रहेचापि गुरुःसर्वत्रकारणं ॥ अर्थयह ॥ यासंन्यासीकेप्रति जोवचन आपणागुरु कथनकरे ॥ तावचनकूं सोसंन्यासी संशयतैंरहितहोइके अंगीकारकरे ॥ काहेतें तासंन्यासीके निग्रहकरणेविषे तथाअनुग्रहकरणेविषे सर्वत्र सोगुरुही कारणहै ॥ १ ॥ और यालोकविषे जेसंन्यासी मद्यपान स्त्रीगमन आदिकपाप कर्मोंकूं प्रसिद्धहीकरे हैं ॥ तिनदुराचारीसंन्यासियोंकूं यहराजा शिक्षाकरैहै ॥ यहवार्ता दक्षप्रजापतिनैंभीकथनकरीहै ॥ तहांश्लोक ॥ पारिव्राज्यंगृहीत्वातु यःस्वधर्मेनतिष्ठति श्वपदेनांकयित्वातं राजाशीघ्रंप्रवासयेत् ॥ अर्थयह ॥ जोब्राह्मण तापरमहंससंन्यासकूंग्रहणकरिके आपणेधर्मविषे स्थितनहींहोवैहै ॥ किंतु मद्यपान स्त्रीगमन आदिकपापकर्मोंकूंही करैहै ॥ तादुराचारीसंन्यासीकूं यहराजा मस्तकविषे श्वानकेपादकाचिह्नकरिके आपणेदेशतैंबाहरनिकासिदेवै ॥ १ ॥ और जेसंन्यासी राजादिकोंतैंगुप्तहोइके तिनपापकर्मोंकूंकरैहैं ॥ तिन दुराचारीसंन्यासियोंकूं यमराजा शिक्षाकरैहै ॥ हेशिष्य ॥ गुरु राजा यम यातीनोंतैंभिन्न दूसराकोईपुरुष तिनसंन्यासियोंकूं शिक्षाकरणेहाराहैनहीं ॥ याप्रकारकी शास्त्रकेमर्यादाकूं जाणिकरिकै याअधिकारीपुरुषोंनैं आपणेधर्मकीवृद्धिकरणेवासते तथास्वर्गादिकसुखोंकीप्राप्तिवासते तासंन्यासीकूं शरीरमनवाणीकरिकै सुखकीहीप्राप्तिकरणी ॥ ताकरिकै तिनअधिकारीजनोंकूं सर्वमनवांछितपदार्थोंकीप्राप्तिहोवैहै ॥ हेशिष्य ॥ यापरमहंससंन्यासीकाशरीर अग्निविषे दाहकरनेयोग्यनहीं है ॥ यातैं जैसे अन्यपुरुषोंकेमरणतैंअनंतर अशौचादिकहोवे हैं ॥ तैसे तापरमहंससंन्यासीकेमरणतैंअनंतर अशौचहोवैनहीं ॥ तथा तिलांजलिदानभीहोवैनहीं ॥ तथा घृतकापानकरणाभी होवैनहीं ॥ तथा अग्निकातपनकरणाभी होवैनहीं ॥ तथा निंबकेपत्रोंकाभक्षणभी होवैनहीं ॥हेशिष्य॥ जेअधिकारीपुरुष श्रद्धाभक्तिपूर्वक तापरमहंससंन्यासीकेशरीरकूं उठाइलेजावैहैं ॥ तिनअधिकारीपुरुषोंकूं एकएकपादकेउठावणेकरिकै अश्वमेधयज्ञकाफल प्राप्तहोवैहै ॥ और विष्णुभगवान्‌की शालग्रामादिकप्रतिमावोंके दर्शनकरणेतैं तथास्पर्शकरणेतैं भक्तजनोंकूं जिसप्रकारकाफल प्राप्तहोवैहै॥तैसाहीफल तिनअधिकारीजनोंकूं तामृतकसंन्यासीके दर्शनकरणेतैं तथास्पर्शकरणेतैं होवैहै॥हेशिष्य ॥जेपुरुष मनकरिकै अथवा वाणीकरिकै प्रेषमंत्रकाउच्चारण

करिके तापरमहंससंन्यासकूंप्राप्तहुएहैं ॥ तिनपरमहंससंन्यासियोंकेशरीरकूं याअधिकारीजनों नैं अग्निविषेदाह कदाचित्भीनहींकरणा ॥ किंतु पूर्वउक्तरीतिसैं तासंन्यासीकेशरीरकूं पृथ्वीविषेही पूरणकरणा ॥ तथा तिनपरमहंससंन्यासियोंकेमरणतैंअनंतर अशौच तिलांजलि आदिककर्मभीनहींकरणे ॥ हेशिष्य ॥ जेअधिकारीजन तापरमहंससंन्यासीकेशरीरकूं उठाइलेचले हैं ॥ तथा जेपुरुष तिनोंकेसाथचले हैं॥ तथा जेपुरुष ताभूमिविषे गर्तकूंखोदेहैं ॥ तथा जेपुरुष तासंन्यासीकेशरीरकूं तागर्तविषे पूरणकरेहैं ॥ तेसंपूर्णअधिकारीजन सर्वदा शुद्धहीरहै हैं ॥ हेशिष्य ॥ मरणतैंअनंतर तिनपरमहंससंन्यासियोंविषे यद्यपि अग्निदाहादिकसंस्कार तथापिंडोदकक्रिया होवैनहीं ॥ तथापि तापरमहंससंन्यासीकेमरणतैंअनंतर एकादशदिनविषे तासंन्यासीकेपूर्वगृहस्थआश्रमकेपुत्र पार्वणनामाश्राद्धकूंकरैं॥तहां जैसेविवाहादिककालविषे उत्सवहोवैहै ॥ तैसे उत्सवपूर्वक तेपुत्र ताएकादशदिनविषे विष्णुकेनामउच्चारणपूर्वक ताआपणेपिताकानामउच्चारणकरिके शास्त्रविधिपूर्वक तापार्वणश्राद्धकूंकरे ॥ और तिनपुत्रोंतैंभिन्न जेदूसरेअधिकारीजनहैं ॥ तिनोंनैंतो विष्णुकीप्रसन्नतावासते द्वादशदिनविषे केवल नारायणबलिहीकरणा पार्वणश्राद्धकरणानहीं ॥ और तासंन्यासीकेपुत्रोंनैंतो एकादशदिनविषे पार्वणश्राद्धकरणा ॥ और द्वादशदिनविषे नारायणबलिकरणा ॥ अब बौधायनऋषिउक्तरीतिसैं तानारायणबलिकास्वरूप वर्णनकरेहैं ॥ हेशिष्य ॥ ताद्वादशदिनविषे तेअधिकारीजन याप्रकारसैं तानारायणबलिकूंकरैं ॥ प्रथमतो षोडशउपचारोंकरिके विष्णुकीमहापूजाकरैं ॥ तेषोडशउपचार यहहैं ॥ आवाहन १ आसन २ पाद्य ३ अर्घ्य ४ आचमनीय ५ स्नान ६ वस्त्र ७ उपवीत ८ गंध ९ पुष्प १० धूप ११ दीप १२ अन्न१३ नमस्कार १४ प्रदक्षिणा १५ विसर्जन १६ ॥ तामहापूजातैंअनंतर ताविष्णुदेवकेताईं पायसरूपनैवेद्य अर्पणकरैं ॥ तिसतैंअनंतर तापायसकूं प्रणवपूर्वक भूरादिकतीनव्याहृतियोंकाउच्चारणकरिके अग्निविषेहोमकरैं॥इसप्रकार होमकरिके संस्कारकूंप्राप्तभयाजो विष्णुकानैवेद्यरूपपायसहै ॥ तापायसकूं सर्वब्राह्मणोंकेताईंदेवैं ॥और तिनअधिकारीजनोंनैं तानारायणबलिविषे त्रयोदशपुरुषोंकूं प्रधानकरिके पूजणा ॥ तापूजणेकायहक्रमहै॥तानारायणबलिकर्त्तापुरुषनैं द्वादशसंन्यासियोंकूं निमंत्रणदेकरिके आपणेगृहविषेलेआवणा॥और जोकदा

चित् द्वादशसंन्यासी नहींप्राप्तहोवेंहैं ॥ तो श्रेष्ठआचारविषे वर्त्तणेहारे गृहस्थब्राह्मणोंकूं निमंत्रणदेकरिके आपणेगृहविषेलेआवणा ॥ और केशवायनमः ॥ इत्यादिकद्वादशमंत्रोंकरिके तिनद्वादशसंन्यासियोंका अथवा श्रेष्ठब्राह्मणोंका गंधपुष्पादिकोंकरिके पूजनकरणा ॥ तिस तैंअनंतर प्रीतिपूर्वक तिनोंकू भोजनकराणा ॥ तहां तेद्वादश जेसंन्यासीहोवें ॥ तो तिनसंन्यासियोंकेताईं नानाप्रकारकेवस्त्रदेणे ॥ और तेद्वादश जोगृहस्थब्राह्मणहोवें ॥ तो तिनब्राह्मणोंकेताईं दक्षिणासहित वस्त्रदेणे ॥ हेशिष्य ॥ जोकदाचित् तिनद्वादशसंन्यासियोंकी प्राप्तीनहींहोवे ॥ तोभी तात्रयोदशसंख्याकेपूर्णकरणेवासते तथापूजाकरणेवासते एकविद्वान्संन्यासीकूंतो अवश्यकरिके लेआवणा ॥ और तात्रयोदशसंन्यासीकीतो पुरुषसूक्तविषेस्थित षोडशऋचारूपमंत्रोंकरिके तिनषोडशउपचारोंकरिकेपूजाकरणी ॥ औरजोकदाचित् सोएकपरमहंससंन्यासीभी नहींप्राप्तहोवे ॥ तो तिसत्रयोदशस्थानविषेकिसीविद्वान्धर्मात्माब्राह्मणकूंस्थापनकारिके ताके विषे विष्णुबुद्धिकारिके तिनषोडशऋचारूपमंत्रोंकरिके ताषोडशउपचारोंकरिके पूजनकरणा ॥ और जिसस्थानविषे त्रयोदशसंन्यासी अथवात्रयोदशब्राह्मण भोजनकरे हैं ॥ ॥ तिसस्थानके समीपदेशविषे दर्भोंकूं बिछाइके जरायुज अंडज स्वेदज उद्भिज्ज याचारिभूतप्राणियोंकेताईं नानाप्रकारकेमधुरअन्नकाबलिदेणा॥तहां तिनचारिभूतप्राणियोंविषे एकएकभूतप्राणीकानामउच्चारणकरिकेयथाक्रमतैं प्रणवपूर्वक॥भूःस्वाहा भुवःस्वाहा स्वःस्वाहा भूर्भुवःस्वःस्वाहा॥याचारिमंत्रोंकरिके बलिदानदेणा॥हेशिष्य॥तानारायणबलिकर्त्तापुरुषकेगृहविषे जोकदाचित् धनसंपत्ति नहींहोवे ॥ तो अन्नवस्त्रमात्रकीप्राप्तिकरिके संतोषकूंप्राप्तहोणेहारेजेसंन्यासीहैं ॥ तिनत्रयोदशसंन्यासियोंकूंहीं तहां भोजनकरावणा ॥ और तानारायणबलिकर्त्तापुरुषकेगृहविषे जोकदाचित् धनसंपत्ति बहुतहोवे ॥ तो वस्त्रभूषणादिकपदार्थोंकेग्रहणकरणे योग्य जोश्रेष्ठब्राह्मणहैं॥तिनब्राह्मणोंकूंही तहां भोजनकरावणा॥परन्तु ताधनीपुरुषनैंभी एकसंन्यासीकूंतो अवश्यकरिके भोजनकरावणा॥ हेशिष्य॥दानादिककर्मोंकाविधानकरणेहारा जोशास्त्रहै॥सोशास्त्र ताकर्मकर्त्तापुरुषकीशक्तिकेअनुसारही तिनकर्मोंका विधानकरैहै॥यातैं तानारायणबलिविषे पूर्वकथनकरेजेपक्ष तिनपक्षोंविषे एकपक्षकानियमहम कथनकरतेनहीं॥किंतु तानारायणबलिकर्त्तापुरुषकूं जैसीशक्ति

होवे ॥ ताशक्तिपरिमाण तिनत्रयोदशसंन्यासियोंकूं अथवा त्रयोदशब्राह्मणोंकूं भोजनकराइके वस्त्रादिकपदार्थ दानदेणे ॥ तिसतें अनंतर यथाशक्तिपरिमाण दूसरेअनेकब्राह्मणोंकूं नानाप्रकारकेमधुरअन्नोंका भोजनकरावणा ॥ तथा तिनब्राह्मणोंकेप्रति यथाशक्तिपरिमाण दक्षिणादेणो ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार जेअधिकारीजन तासंन्यासीकेमरणतेंअनंतर नारायणबलिकूंकरे हैं ॥ तेअधिकारीजन इसलोकविषेतो मनवांछितपदार्थोंकूंप्राप्तहोवे हे॥ओर मरणतेंअनंतर तेअधिकारीजन आपणेसर्वपितरोंसहित विष्णुलोककूंप्राप्तहोवे हैं॥यातें याअधिकारीजनोंनें तासंन्यासीकेमरणतेंअनंतर तानारायणबलिकूं अवश्यकरिकेकरणा ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार आतुरसंन्यासकेप्रसंगतें तापरमहंससंन्यासीकेमरणतेंउत्तर जोकार्य करणेयोग्यहोवे हे ॥ सो हमनें तुमारेप्रति कथनकऱ्या॥अब पूर्वलेप्रसंगकूं तूं श्रवणकर॥हेशिष्य ॥ तीनदंडोंकूंधारणकरणेहारा तथाशिखायज्ञोपवीतकूंधारणकरणेहारा तथाआपणेपुत्रकेगृहविषेभिक्षाकरणेहारा जोकुटीचकसंन्यासी है ॥ ओर तीनदंडोंकूंधारणकरणेहारा तथाशिखायज्ञोपवीतकूंधारणकरणेहारा तथासप्तगृहों तें भिक्षामांगिकेभोजनकरणेहारा तथा देशोंविषे विचरणेहारा जोबहुदकसंन्यासीहे॥ओर एकदंडकूंधारणकरणेहारा तथा शिखारहितयज्ञोपवीतकूंधारणकरणेहारा तथाएकवार अन्नकेअष्टग्रासोंकूंभोजनकरणेहारा जोहंससंन्यासीहे ॥ते कुटीचक बहूदक हंस संन्यासीभी जोकदाचित् तीव्रवैराग्यकोप्राप्तिकरिके तापरमहंससंन्यासकेग्रहणकरणेकीइच्छाकरें ॥ तो तिनकुटीचकादिक संन्यासियों नें तेअष्टश्राद्ध तथाहोमादिकर्म करणेनहीं॥ किंतु जैसे आतुरपुरुष केवलप्रैषमंत्रकाउच्चारणकरिकेही तापरमहंससंन्यासकूंप्राप्तहोवेहैं ॥ तैसे तेकुटीचकादिकसंन्यासीभी ताप्रैषमंत्रकाउच्चारणकरिकेही तापरमहंससंन्यासकूंधारणकरें ॥ अब तिनकुटीचकादिकसंन्यासियोंकूं ताप्रैषमंत्रकेउच्चारणकरणेकोविधिका निरूपणकऱ्याहे॥ हेशिष्य ॥ ते कुटीचकादिकसंन्यासी प्रथमआपणेहस्तकीअंजलिकूंजलसेंपूर्णकरिके भूरादिकतीनव्याहृतियोंविषेएकएकव्याहृतिकूं प्रणवपूर्वक उच्चारणकरिके अभयं यापदतेंलेके स्वाहा यापदपर्यंत समग्रमंत्रकूं मंद मध्यम उत्तम यातीनस्वरोंकरिके उच्चारणकरे ॥ ओर आपणेयज्ञोपवीतकूं उतारिके तथाआपणेशिखाकूंहस्तसेंतोडिके तिनदोनोंकूं आपणेहस्तकीअंजलिविषेस्थितकरिके प्रणवपूर्वक ॥ भूस्वाहा ॥ यामंत्रकरिके

ताशिखायज्ञोपवीतकूं जलविषेपरित्यागकरैं ॥ अथवा भूमिविषेपरित्यागकरैं॥तहांश्रुति॥ उपवीतं भूमौवाऽप्सुवाविसृजेत् ॥ अर्थयह॥ सो संन्यासकर्त्तापुरुष आपणेयज्ञोपवीतकूं तथाशिखाकूं पूर्वउक्तमंत्रकरिकै भूमिविषेपरित्यागकरै॥ अथवा जलविषे परित्यागकरै ॥ १ ॥तिसतैंअनंतर सोसंन्यासकर्त्तापुरुष विरक्तहोइकै तथानग्नहोइकै उत्तरदिशाकीतरफ अथवा पूर्वदिशाकीतरफजावै ॥ और तासंन्यासकर्त्तापुरुषकूं जोकदाचित् आत्माकेजानणेकीइच्छाहोवै॥तो श्रोत्रियब्रह्मनिष्ठगुरुकूंआश्रयणकरै॥हेशिष्य॥ कुटीचक बहूदक हंस यहतीनप्रकारके संन्यासी दंड१कमंडलु२शिक्य ३ भिक्षापात्र ४ पवित्र ५ यापंचमुद्रावोंकूं सर्वदाधारणकरै हैं ॥ जिनपात्रविषे भिक्षाअन्न माँगिलेआइये तापात्रकानाम शिक्यहै॥ और जलकेशोधनकरणेवासते जोएकवितस्तिपरिमाणवस्त्रहै ताकानाम पवित्रहै॥तापरमहंससंन्यासकेग्रहणकालविषे तिनकमंडलुआदिकचारमुद्रावोंसहित एकदंडकूंतो हंससंन्यासी परित्यागकरै ॥ और तिनचारमुद्रावोंसहित तीनदंडोंकूं कुटीचक बहूदकसंन्यासी परित्यागकरैं॥हेशिष्यकुटीचकबहूदक हंस यातीनप्रकारकेसंन्यासतैंउत्तर तापरमहंससंन्यासकेग्रहणकरणेविषे जोशिखायज्ञोपवीतादिकोंकेत्यागकरणेकीविधि हमनैं तुमारेप्रति कथनकरीहै ॥ तिसीप्रकारकीविधि ब्रह्मचर्य गृहस्थ वानप्रस्थ यातीनआश्रमोंतैंउत्तर तापरमहंससंन्यासकेग्रहणकरणेविषेभी जानिलेणी॥हेशिष्य॥हंससंन्यासीकूंयद्यपि शिखाहोवैनहीं॥तथापि यज्ञोपवीततौहंससंन्यासीकूंहोवैहै॥यातैं सोहंससंन्यासी तापरमहंससंन्यासकेग्रहणकालविषे तायज्ञोपवीतकूं पूर्वउक्तमंत्रकरिकै जलविषे अथवा पृथिवीविषे परित्यागकरै॥ तथा पूर्वआश्रमविषेग्रहणकरेजे दंड कमंडलुआदिकहैं ॥ तिनोंकाभी परित्यागकरै ॥ इतनैंकरिकै ब्राह्मणोंके संन्यासग्रहणकरणेकाप्रकार वर्णनकर्‍या ॥ अब क्षत्रिय वैश्यके संन्यासग्रहणकरणेकाप्रकार जो जाबालादिकउपनिषदोंविषेकथनकर्‍याहै ताका निरूपणकरै हैं ॥ हेशिष्य ॥ पूर्वलेकिसीपुण्यकर्मकेप्रभावतैं जिसक्षत्रियकूं तथाजिसवैश्यकूं तीव्रवैराग्यकोप्राप्तिहोवै ॥ सोक्षत्रिय तथावैश्य जोकदाचित् संन्यासआश्रमकेधारणकरणेकीइच्छाकरै ॥ तो सोक्षत्रिय तथावैश्य पूर्वउक्तरीतिसैं अष्टश्राद्धहोमादिकसर्वकर्मोंकूंकरिकै शिखासहितयज्ञोपवीतकूं जलविषे अथवा भूमिविषे परित्यागकरै ॥ तिसतैंअनंतर नग्नहोइकै उत्तरदिशाविषे अथवा पूर्वदिशाविषे चल्या

जावे ॥ परंतु जैसेब्राह्मणसंन्यासी ताउत्तरदिशातैंफिरआइके दंडादिकचिह्नोंकूंधारणकरैहै ॥ तैसे सोक्षत्रियवैश्यसंन्यासी तिसदंडादिक चिह्नकूंधारणकरैनहीं ॥ और सोक्षत्रियवैश्यसंन्यासी जड उन्मत्त पिशाचकीन्याई नग्नहोइकेविचरे ॥ और अंतरसें विद्वान्हुआभी बाहर सें अविद्वान्कीन्याई प्रतीतहोवे ॥ हेशिष्य ॥ यद्यपि तापरमहंससंन्यासविषे आपणेस्वरूपकेछपावणेवासते नानाप्रकारकेचिह्नोंकाधारण करणा संभवे है ॥ तथापि विष्णुसंबंधी जोदंडरूपचिह्नहै ॥ तावैष्णवदंडरूपचिह्नकेधारणकरणेविषे एकब्राह्मणकूंही अधिकारहै ॥ क्षत्रिय वैश्यकूं तादंडकेग्रहणकरणेका अधिकारहैनहीं ॥ तहांषट्ग्रंथिवालेदंडकानाम सुदर्शनहै ॥ और अष्टग्रंथिवालेदंडकानाम वासुदेवहै ॥ या कारणतें तादंडकूं वैष्णवदंड यानामकरिकेकथनकरैहैं ॥ हेशिष्य ॥ सोक्षत्रियसंन्यासी तथावैश्यसंन्यासी पूर्वउक्तरीतिसें शिखायज्ञोपवी तका परित्यागकरिके तथानग्नहोइके पुनरावृत्तितैंरहितहुआ उत्तरदिशाविषे अथवा पूर्वदिशाविषे चल्याजावे ॥ यहजोपूर्व हमनें तुमारे प्रति कथनकऱ्याहै ॥ याकेविषे यहकारणहै संन्यासकर्त्ताब्राह्मण जभीशिखायज्ञोपवीतकापरित्यागकरिके तथानग्नहोइके ताउत्तरदिशाकी तरफ जावैहै ॥ तभी पूर्वउक्तश्राद्धादिककर्मोंकूंकरावणेहाराआचार्यब्राह्मण तासंन्यासकर्त्ताब्राह्मणकेसमीपजाइके दंडवत्प्रणामकरे है ॥ तथा प्रार्थनाकरिके कौपीनादिकवस्त्र पहिरावैहै ॥तथा तासंन्यासीकूं ताउत्तरदिशातैंफिराइके ब्रह्मवेत्तासंन्यासीगुरुकेसमीप लेआवे है ॥सो आचार्यब्राह्मणको दंडवत्प्रणामपूर्वक प्रार्थना ताक्षत्रियवैश्यके आगे संभवैनहीं ॥ और आचार्यब्राह्मणकीप्रार्थनातैं विना सोसंन्यासकर्त्ता पुरुष कौपीनादिकवस्त्रोंकूं धारणकरैनहीं ॥ तथा ताउत्तरदिशातैंपीछेभी फिरैनहीं ॥ याकारणतैं तिनक्षत्रियवैश्यसंन्यासियोंकूं ताउ त्तरादिकदिशातैं पीछेफिरणा तथा कौपीनादिकवस्त्रोंकूंधारणकरणा तथादंडरूपचिह्नकूंधारणकरणा यहतीनोंसंभवैनहीं ॥यातैं जैसे ऋष भदेवनें तथापंचपांडवोंनें वीरमार्गकरिकेआपणेशरीरका परित्यागकऱ्याहै ॥ तैसे सोक्षत्रियतथावैश्यभी तासंन्यासआश्रमकूंग्रहणकरिके तावीरमार्गकरिके आपणेशरीरका परित्यागकरे ॥ हेशिष्य ॥ सिंहादिकोंकेशब्द तैं तथाजलअग्निआदिकों तैं तथाव्याघ्रादिकजीवों तैं भयतैं रहितहोइके शरीरकेनाशपर्यंत जोभूमिविषेविचरणाहै याकानाम वीरमार्ग है ॥ हेशिष्य ॥ तेब्रह्मवेत्ता क्षत्रियसंन्यासी तथावैश्य

संन्यासी आपणेस्थूलशरीरकूं दुःखरूपजाणिके किसीजलविषेपाइकेनाशकरैं ॥ अथवाकिसीअग्निविषेपाइकेनाशकरैं ॥ अथवा अन्नजलका परित्यागकरिके नाशकरैं ॥ अथवा किसीएकदिशाविषे निरंतर गमनकरिके नाशकरैं ॥ इतनैंकरिके क्षत्रियवैश्यके संन्यासकाप्रकार वर्णनकऱ्या ॥ अब शूद्र स्त्री आदिकोंकेसंन्यासकाप्रकार वर्णनकरैहैं ॥ हेशिष्य ॥ यालोकविषे जिनशूद्रोंकूं तथाजिनस्त्रीयोंकूं तथाजिनव र्णसंकरोंकूं पूर्वलेकिसीपुण्यकर्मकेप्रभावतैं जभी यासंसारतैंतीव्रवैराग्यकीप्राप्तिहोवै ॥ तभी तेशूद्रादिकपूर्वउक्तअष्टश्राद्धों तैं आदिलेके प्रैषमंत्रपर्यंत कर्मोंकूं कदाचित्भी नहींकरैं ॥ किंतु तेशूद्रादिक आपणेमनविषे तासंन्यासकासंकल्पकरिके ताक्षत्रियवैश्यसंन्यासी कीन्याईं तावीरमार्गकरिके आपणेशरीरका परित्यागकरैं ॥ यावीरसंन्यासविषे सर्वकाअधिकारहै ॥ यावीरसंन्यासकूंहीं अलिंगसंन्यास कहैहैं ॥इतनैंकरिके क्षत्रिय वैश्य शूद्र स्त्री आदिकोंकेसंन्यासका वर्णनकऱ्या ॥ अब पुनःपूर्वलेप्रसंगकानिरूपणकरैंहैं ॥ हेशिष्य ॥ जभी सोब्राह्मणसंन्यासी शिखायज्ञोपवीतकापरित्यागकरिके तथानग्नहोइके उत्तरदिशाकीतरफजावै है ॥ तभी सोश्राद्धादिककर्मोंकेकरावणे हारा आचार्यब्राह्मण ताकेसमीपजाइके ताब्राह्मणसंन्यासीकेताईं दंडवत्प्रणामकरैहै ॥ तथा आपणेदोनोंहस्तोंकूं तासंन्यासीकेदोनों पादऊपरराखिके सोआचार्यब्राह्मण तासंन्यासीकेप्रति याप्रकारकीप्रार्थनाकरै है ॥ हेब्राह्मण ॥ यालोकविषे जोब्राह्मण वेदवेत्ताहोवै है ॥ ताब्राह्मणकेशरीरविषे संपूर्णदेवता निवासकरैहैं ॥ याकारणतैं सोवेदवेत्ताब्राह्मण ईश्वररूपहै ॥ ऐसावेदवेत्ताब्राह्मण तूंभीहै ॥ यातैं याउत्तमब्राह्मणशरीरकूं व्यर्थहीपरित्यागकरणा तुमारेकूं उचित्नहीं है ॥ और हेब्राह्मण ॥ जेअधिकारीजन तुमारेदर्शनकरिके तथातु मारेवचनोंकेश्रवणकरिके कृतार्थहोवैंगे ॥ तिनअधिकारीजनोंकाही यहतुमाराशरीरहै ॥ तुमारा यहशरीरनहीं है ॥ यातैं जैसे यालोकविषे बुद्धिमान्पुरुष परायेपदार्थकानाश करैनहीं॥तैसे तेबुद्धिमान्पुरुषकूंभीयापरायेशरीरकानाशकरणाउचितनहीं है॥किंतुयादुर्लभअधिकारी शरीरकूंपाइके तुम ब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतैं वेदांतशास्त्रकाश्रवणकरिके तथामनननिदिध्यासनकरिके आत्मसाक्षात्कारकूंसंपादनकरो ॥ताआ त्मसाक्षात्कारकीप्राप्तितैंअनंतर जोतुमारीइच्छाहोवै सोकरो॥हेब्राह्मण॥जिसब्रह्मवेत्तागुरुकी तुमनैं बहुतकालपर्यंतसेवाकरीहै॥तातुमारेगुरु

नैं हमारेप्रति यहआज्ञाकरीहै ॥ जो याहमारेशिष्यकूं अनेकउपायोंकरिकैंभी पीछेफिराइलेआवो ॥ यातैं आत्मज्ञानकीप्राप्तिवासते तुमं आपणेगुरुकीआज्ञाकूंहीं पालनकरो ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार सोआचार्यब्राह्मण जभी तासंन्यासीकेप्रति नानाप्रकारकीप्रार्थनाकरे ॥ तथा इहांखडेरहोइहांखड़ेरहोयाप्रकारकावचनउच्चारणकरे॥तभीसोसंन्यासी ताआचार्यब्राह्मणकीप्रार्थनाकूंअंगीकारकरिकैतहांस्थितहोवै॥तिसतैं अनंतर सोआचार्यब्राह्मण तासंन्यासीकेताई वेणुकादंडहस्तविषेदेवे ॥ तथा कटिविषेबांधणेवासते सूत्रकादोरादेवे ॥ तथा कौपीनादिक काषायवस्त्रदेवे ॥ तहां सोसंन्यासी ॥ इंद्रस्यवज्रोसि ॥ इत्यादिकमंत्रकरिकैंतो ता दंडकूंग्रहणकरे ॥ और प्रणवमंत्रकरिकै तिनकौपीनादिकवस्त्रोंकूंग्रहणकरे ॥ इसप्रकार ताआचार्यब्राह्मणकीप्रार्थनातैं दंडकमंडलुवस्त्रादिकोंकूंग्रहणकरिकै सोसंन्यासी ताउत्तरदिशातैंफिरआइके आपणेब्रह्मवेत्तासंन्यासीगुरुकूं दंडवत्प्रणामकरे ॥ और ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिवासते ताब्रह्मवेत्तागुरुकी शरीरमनवाणीकरिकै सेवाकरे ॥ इतनैंग्रंथकरिकै श्रुतिस्मृतिकेअनुसार तापरमहंससंन्यासकेग्रहणकरणेकाप्रकार निरूपणकऱ्या ॥ अब जाबालादिकउपनिषदोंविषे कथनकरेजे परमहंससंन्यासियोंकेधर्म हैं तिनधर्मोंकानिरूपणकरेहैं ॥ हेशिष्य ॥ सोपरमहंससंन्यासी तावेणुकेदंडकूंधारणकरे ॥ तथा शिखायज्ञोपवीततैंरहितहोवे ॥ तथा प्रसन्नमुखहोवे ॥ और सोपरमहंससंन्यासी दोकौपीनोंकूंग्रहणकरे ॥ तथा शीतकीनिवृत्तिवासते एककंथाकूंग्रहणकरे ॥ और सोसंन्यासी जभी ग्रामविषे भिक्षामांगणेवासतेजावे ॥ तभी ताकौपीनकेऊपरबांधणेवासते कटिवस्त्रराखे ॥ सोकटिवस्त्र जीर्णहोवे ॥ अथवा नवीनहोवे ॥ और शौचादिकक्रियाकेकरणेवासते सोसंन्यासी आपणेहस्तविषे तुंबिकापात्रराखे ॥ अथवा काष्ठकापात्रराखे ॥ अथवा वेणुकापात्रराखे ॥ अथवा मृत्तिकाकापात्रराखे ॥ याचारप्रकारकेपात्रोंविषे जोपात्र प्राप्त होवे तापात्रकूंराखे ॥ और सोपरमहंससंन्यासी प्रयोजनतैंविना आपणेहस्तपादादिकअंगोंकूं चलायमानकरेनहीं ॥ और सोसंन्यासी वाक्भेदादिकोंविषेभी चपलहोवेनहीं॥तावाक्भेदकायहस्वरूपहै॥तिसीअर्थकेजनावणेवासते किसीपुरुषनैं जोवचनकह्या॥तावचनकूंकिसी दूसरेअर्थविषेजोडिके तापुरुषकूं दोषदेणा याकानाम वाक्भेदहै ॥ जैसे किसीपुरुषनैं यहदेवदत्तनामापुरुष नवकंबलवालाहै याप्रकारका

वचनकह्या॥तावचनविषेस्थितजो नव यहशब्दहै तानवशब्दकेदोअर्थहोवे हैं॥एकतो नवीन यहअर्थहोवे है॥और दूसरा नवत्वसंख्यावाला यहअर्थहोवे है॥तहां तावचनकहणेहारेपुरुषकातो यहदेवदत्त नवीनकंबलवालाहै याप्रथमअर्थविषेही तात्पर्य है॥परन्तु तानवशब्दका नवत्वसंख्यावालेविषे तात्पर्यकल्पनाकरिके तावचनकहणेहारेपुरुषकेप्रति याप्रकारकादोषदेणा ॥ जोयादरिद्रीदेवदत्तकूं एककंबलकीप्राप्ति होणीभीदुर्लभहै ॥ तो यादेवदत्तकेपास नवकंबल कहांसेहोवेंगे ॥ याकानाम वाक्छल है ॥ यावाक्छलकूंहीं नैयायिक छलयानामकरिकेकथनकरे हैं ॥ याप्रकारकेवाक्छलविषेभी सोसंन्यासी चपलहोवैनहीं ॥ और सोसंन्यासी जभी किसीमार्गविषेचाले ॥ तभी आपणेशरीरतैंआगे चारिहस्तपरिमाणभूमिकूंदेखताजावे ॥ जिसकरिके कोईजंतु पादकेनीचेनहींआइजावे ॥ और आपणेआसनविषेस्थितहुआ सोसंन्यासी आपणेनासिकाकेअग्रभागकूंदेखतारहै ॥ अथवा वेदांतकेपुस्तककूंदेखतारहै ॥ जाकरिके चित्त बहिर्मुखनहींहोवे ॥ और सोपरमहंससंन्यासी इतनेंस्थानोंविषे निवासकरे ॥ तहां सोपरमहंससंन्यासी किसीशून्यगृहविषे निवासकरे ॥ अथवा किसीदेवताकेमंदिरविषे निवासकरे ॥ अथवा किसीपृथिवीकीगर्त्तविषे निवासकरे ॥ अथवा किसीपलालादिकतृणोंकेसमुदायविषे निवासकरे॥अथवा किसीवृक्षकेमूलविषे निवासकरे ॥ अथवा जिसस्थानविषे कुलाल मृत्तिकाकेपात्र बणावे है ॥ ताकुलालकीशालाविषे निवासकरे ॥ अथवा अग्निहोत्रीब्राह्मणके अग्निकीशालाविषे निवासकरे ॥अथवा किसीनदीकेपुलविषेनिवासकरे ॥ अथवा किसीपर्वतकीगुफाविषे निवासकरे ॥ अथवा किसीवृक्षकेकोटरविषे निवासकरे ॥ अथवा किसीसमानभूमिविषेनिवासकरे ॥अथवा किसीबगीचेविषेनिवासकरे ॥ इत्यादिकएकांतस्थानोंविषे निवासकरिके सोपरमहंससंन्यासी सर्वदाआपणेशरीरकूं तथाअंतःकरणकूं शुद्धराखे॥ और सोसंन्यासी भिक्षामांगणेवास्तेग्रामविषेजावे ॥ तहांआपणेस्थानतैंनिकसिकें ताग्रामविषे प्रदक्षिणाक्रमकरिके जेगृहआवें॥ तिनगृहोंतैं भिक्षाअन्नकूंग्रहणकरे ॥ और सोसंन्यासी आपणेउदरकूंहीं पात्रकरिके अथवा आपणेहस्तोंकूंहीं पात्रकरिके ताभिक्षाअन्नकूंग्रहणकरे ॥ इहां जोसंन्यासी आपणेहस्तविषे भिक्षाअन्नकूंग्रहण करता नहीं ॥ किंतु दूसराकोईभक्तजन ताकेमुखविषेअन्नदेवे है ॥ तासंन्यासीका उदरहीपात्रहै ॥ और जोसंन्यासी आपणेहस्तविषे

भिक्षाअन्नग्रहणकरिकै भोजनकरे है ॥ तासंन्यासीका हस्तहीपात्रहै॥और जोसंन्यासी आपणेउदरकूं तथाहस्तोंकूं पात्रकरणेविषेसमर्थनहीं होवे ॥ सोसंन्यासी किसीवस्त्रादिकोंकू पात्रकरिकै ताकेविषे भिक्षाअन्नकूंग्रहणकरे ॥ और ताभिक्षाअन्नकूं औषधिकीन्याईं ग्रहणकरे ॥ तात्पर्ययह जैसे रोगीपुरुष आपणेरोगकीनिवृत्तिवासते औषधिकूंभक्षणकरे है ॥ कोईस्वादकेवासते औषधिकाभक्षणकरेनहीं ॥ तैसे सो संन्यासीभी केवल क्षुधाकीनिवृत्तिवासते ताभिक्षाअन्नकूंभक्षणकरे ॥ किसीस्वादवासते अथवा शरीरकेपुष्टकरणेवासते ताभिक्षाअन्नकूं भोजनकरेनहीं ॥ तहांश्रुति ॥ औषधवदशनमाचरेत् ॥ और सोपरमहंससंन्यासी किसीपदार्थकी निंदाभीनहींकरे ॥ तथा किसीपदार्थकी स्तुतिभीनहींकरे ॥ और भिक्षाअन्नकेप्राप्तहुए अथवा नहींप्राप्तहुए सोसंन्यासी एकरसरहे ॥ और आदरपूर्वक नानाप्रकारकेरसयुक्त भिक्षाअन्नकूंप्राप्तहोइकै सोसंन्यासी प्रसन्ननहींहोवे ॥ और निरादरपूर्वक रसादिकगुणोंतेंरहित भिक्षाअन्नकूंप्राप्तहोइकै सोसंन्यासी ग्लानिकूंनहीं प्राप्तहोवे ॥ तथा सुख दुःख शीत उष्ण इत्यादिकद्वंद्वधर्मोंविषे समानरहे ॥ तथा उपकारकरणेहारेभक्तजनोंविषे तथा अपकारकरणेहारे दुष्टजनोंविषे समानरहे ॥ और सोपरमहंससंन्यासी इतनेंपरिमाणअन्नकाभोजनकरे ॥ जिसकरिकै यहशरीर अत्यंतस्थूलभीनहींहोवे ॥ तथा अत्यंतकृशभीनहींहोवे॥और सोपरमहंससंन्यासी दोमासतेंअनंतर दोऋतुकोंसंधिविषे पूर्णमासीकेदिनविषे केशश्मश्रुनखोंका मुंडन करावे ॥ परंतु कक्षविषेस्थितवालोंका तथाउपस्थविषेस्थितवालोंका मुंडनकरावेनहीं ॥ और वर्षाकालविषे सोसंन्यासी केशोंकामुंडनकरावे अथवा नहींकरावे ॥ यहदोनोंपक्ष शास्त्रविषेकहेहैं ॥ और सोपरमहंससंन्यासी आषाढमासकीपौर्णमासीविषे व्यासपूजाकूंकरे ॥ ताव्यासपूजाविषे व्यासपंचक १ कृष्णपंचक २ आचार्यपंचक ३ गुरुपंचक ४ आत्मपंचक ५ यापंचपंचकोंकीपूजाकरे ॥ तहां पूर्वादिक चारिदिशावोंविषे यथाक्रमतेंस्थितजे वैशंपायन सुमंत जैमिनि पैल यहचारिहैं ॥ तिनचारोंकेमध्यविषेस्थितजो व्यासभगवान्है ॥ यापांचोंकानाम व्यासपंचकहै ॥ १ ॥ और पूर्वादिकचारिदिशावोंविषे यथाक्रमतेंस्थितजे वासुदेव संकर्षण प्रद्युम्न अनिरुद्ध यहचारिहैं ॥ तिनचारोंकेमध्यविषेस्थितजो कृष्णभगवान्है ॥ यापांचोंकानाम कृष्णपंचकहै ॥ २ और पूर्वादिकचारि

तामनकानिग्रह होइसकेहै ॥ १ ॥ हेशिष्य ॥ मनकानिरोधरूपजोयोगहै ॥ तायोगविषे याचित्तकी लय विक्षेप कषाय यहतीनअवस्था
विरोधीहोवे हैं ॥ तिनतीनोंअवस्थावोंकूं यहअधिकारीपुरुष ताअभ्यासवैराग्यरूपदोउपायोंकरिकैनाशकरै ॥ तहां यहचित्त जभी तानि
द्रारूपलयविषे प्रवर्त्तमानहोवे ॥ तभी यहअधिकारीपुरुष ताचित्तकूं आत्मचिंतनरूपअभ्यासविषेजोडे ॥ और यहचित्त जभी ताकामभो
गविषे तत्परतारूपविक्षेपअवस्थाकूंप्राप्तहोवे ॥ तभी यहअधिकारीपुरुष तिनविषयभोगोंविषे अनेकप्रकारके दोषोंकाचिंतनरूप वैराग्य
करिके तिनविषयभोगों तें चित्तकूंनिवृत्तकरे ॥ और रागादिकोंकेसंस्कारकरिके याचित्तविषे जोआत्मअनात्मआकारवृत्तितैंरहिततारूप
स्तब्धअवस्था है याकोंनामकषायहै॥ताकषायदोषयुक्तचित्तकूंदेखिके यहअधिकारीपुरुष तावैराग्यअभ्यासरूपउपायकरिके ताकषायदो
षकीनिवृत्तिकरे ॥ इसप्रकार उपायकरिके याअधिकारीपुरुषकाचित्त जभी ब्रह्माकारताकूं प्राप्तहोवे ॥ तभी यहअधिकारीपुरुष ताचित्त
कूं ब्रह्माकारअवस्थातैं चलायमानकरैनहीं ॥ किंतु ताब्रह्माकारअवस्थाका परिपालनकरे ॥ हेशिष्य ॥ तासमाधिकालविषे सत्वगुणकी
अधिकतातैं उत्पन्नभयाजोसुखविशेषहै ॥ तासुखविषेभी यहअधिकारीपुरुष आसक्तिकरैनहीं ॥ किंतु विचारकरिके तासुखतैंभीनिःसंग
होवे ॥ और ब्रह्माकारताकूंप्राप्तहोइकेभी यहचित्त जभी बाह्यजावे ॥ तभी यहअधिकारीपुरुष प्रयत्नकरिके ताचित्तकूं पुनःब्रह्माकारकरे ॥
हेशिष्य ॥ जिसकालविषे यहचित्त लय विक्षेप कषाय यातीनोंदोषों तें रहितहोवे है ॥ तथा चलनतैंरहितहोवे है ॥ तथा सर्वदृश्यपदार्थों
केसंबंधतैंरहितहोवे है ॥ तिसकालविषेही सोचित्त ब्रह्मभावकूंप्राप्तहुआजानणा ॥ हेशिष्य ॥ सर्वविक्षेपतैंरहितहुआ सोचित्त जिसब्रह्मभाव
कूंप्राप्तहोवे है ॥ सोब्रह्मकैसाहै ॥ शुद्धहै तथासर्वअनर्थोंतरहितहै ॥ तथा नित्यमुक्तहै ॥ तथा वाकादिकसर्वइंद्रियोंकाअविषयहै ॥ तथा
भूमाआनंदरूपहै ॥ हेशिष्य ॥ जबपर्यंत साक्षीआत्माविषे यामनका बाधरूपलयनहींहोवे ॥ तबपर्यंत याअधिकारीपुरुषनें तामनकूं अव
श्यकरिकैनिरोधकरणा ॥ तानिरोधकरेहुएमनकूं जोब्रह्मभावकोप्राप्तिहोवे है ॥ यहही तामनकाबाधहै ॥ हेशिष्य ॥ यहब्रह्माकारतारूप
जोमनकानिरोधहै॥सोनिरोधहीवेदांतवाक्योंकेविचाररूपसांख्यकाफलहै॥तथासोनिरोधहीयोगकाफलहै॥यामनकेनिरोधतैंअधिकदूसराकोई

फलतासांख्ययोगकाहेनहीं ॥ अब याहीअर्थकूं स्पष्टकरिके निरूपणकरे हैं ॥ हेशिष्य॥जोअधिकारीपुरुष यामनकेनिग्रहकूंनकरिके तथा तामनकेनिग्रहकूंप्रतिपादनकरणेहारे अध्यात्मशास्त्रका नअध्ययनकरिके दूसरेअनेकशास्त्रोंका अभ्यासकरे है ॥ सोपुरुष बहुतवाचालहोवे है॥ तथा व्यवहारविषेकुशलहोवे है॥तथा बहुतबोलणेकरिके तापुरुषके उरकंठादिकसूकतेजावे हैं ॥ इसतेंपरेदूसराकोईफल तिसपुरुषकूंप्राप्तहोतानहीं ॥ और जोअधिकारीपुरुष यामनकेनिग्रहकूं प्राप्तहोवे है सोअधिकारीपुरुष थोडेग्रंथकेपठनकरिकेभी परमपुरुषार्थकूं प्राप्तहोवे है ॥ हेशिष्य ॥ यामनकेनिग्रहकूंछोडिके तथामनकेनिग्रहकूंप्रतिपादनकरणेहारे वेदांतशास्त्रकूंछोडिके जोपुरुष दूसरेन्यायमीमांसादिकअनेकशास्त्रोंकूं अध्ययनकरे है ॥ तथा अध्ययनकरावे है तिसपुरुषकूंतेन्यायमीमांसादिकअनेकशास्त्र किंचित्मात्रभी शांतिकी प्राप्तिकरतेनहीं ॥ उलटा तेअनात्मशास्त्र तापुरुषकूं अहंकारकोहीप्राप्तिकरे हैं ॥ यातें याअधिकारीपुरुषनें तामनकेनिग्रहकूं अवश्यकरिके संपादनकरणा ॥मनकेनिग्रहकियेतेंविना यहजीव जिसजिसकर्मकूंकरे है ॥ सोकर्म ताजीवकूं फलकीप्राप्तिकरेनहीं ॥ तहांश्लोक ॥ दानमिज्यातपःशौचं तीर्थवेदाःश्रुतंतथा॥अशांतमनसःपुंसः सर्वमेतन्निरर्थकं ॥ अर्थयह ॥ जिसपुरुषकामन विषयवासनाकापरित्यागकरिके शांतिकूंनहींप्राप्तभया ॥ तिसपुरुषके दान यज्ञ तप शौच तीर्थ वेद श्रवण इत्यादिकसर्वकर्म निष्फलहीहोवे हैं ॥ जैसे हस्तीकास्नान निष्फलहै ॥ १ ॥ हेशिष्य ॥ इसलोकविषेप्राप्तहोणेयोग्य जितनेंकोशुभफलहैं ॥ तथा परलोकविषेप्राप्तहोणेयोग्य जितनेकीशुभफल हैं ॥ तेसंपूर्णशुभफल यापुरुषकूं मनकेनिरोधकरणेतेंही प्राप्तहोवे हैं ॥मनकेनिरोधकियेतेंविना किसीफलकीप्राप्तिहोवेनहीं॥हेशिष्य॥यहमोक्षकीइच्छावानअधिकारीपुरुष जभी तामनकानिरोधकरे है॥तभी यहअधिकारीपुरुष सुखेनहीं ताब्रह्मकूं आपणाआत्मारूपकरिकेप्राप्तहोवे है॥कैसाहैसोब्रह्म॥मनकरिकेभी चिंतनकऱ्याजातानहीं॥यातें श्रुतिभगवती ताब्रह्मकूं अचिंत्य यानामकरिकेकथनकरेहै॥और जैसेयहमन शब्दादिकविषयोंकूं बाह्यरूपकरिकेचिंतनकरे है ॥तैसे यहमन ताब्रह्मकूं बाह्यरूपकरिके चिंतनकरिसकेनहीं ॥किंतु यहशुद्धमन ताब्रह्मकूं अर्थतेंअंतररूपकरिके चिंतनकरे है ॥ याकारणतें श्रुतिभगवती ताब्रह्मकूं चिंत्य यानामकरिकेकथनकरे है ॥ हेशिष्य ॥ एकहीब्रह्मकूं जो

श्रुतिनें मनकरिकेअचिंत्यकह्याहै ॥ तथामनकरिकेचिंत्यकह्याहै ॥ ताकायहअभिप्रायहै ॥ यासंसारकेविषयसुखोंविषे आसक्त जोमन है॥ ताअशुद्धमनकरिके यहअविवेकीजीव ताब्रह्मकाचिंतनकरिसकेनहीं ॥ यातें श्रुतिनें ताब्रह्मकूं अचिंत्यकह्याहै ॥ और विषयवासना तेंरहित जोशुद्धमनहै ताकरिके सोब्रह्म चिंतनकऱ्याजावेहै॥यातें तुममुमुक्षुजनोंनें विषयोंकाचिंतन नहींकरणा याप्रकार तिनमुमुक्षुजनोंकेउप देशकरणेवासते ताश्रुतिनें ब्रह्मकूंचिंत्यकह्याहै॥हेशिष्य ॥ जैसे यालोकविषे जीवोंकूं आपणेशत्रुमित्रादिकोंविषे पक्षपातहोवैहै ॥तैसे ताब्रह्मकूं किसीभीपदार्थविषे पक्षपातनहींहै॥किंतु सोब्रह्म सर्वजगत्‌विषे समानव्यापकहै॥तहांश्रुति॥समःप्लुषिणा समोमशकेन समोनागेन॥अर्थयह ॥ प्लुषि मशक आदिकअल्पशरीरोंविषे तथाहस्तीआदिकमहान्‌शरीरोंविषे सोब्रह्म समानहीहै॥ १॥हेशिष्य॥शब्दादिकविषयोंकेसाथ जो यामन कासंबंधहै ॥ सोविषयोंकासंबंधहीं यामनकूं ब्रह्मतेंभिन्नकरणेहाराहै ॥ और यहमन जभी ताविषयोंकेसंबंधकापरित्यागकरिके निरंतर आत्माकाचिंतनकरेहै॥तभी यहमन ब्रह्मभावकूंहीप्राप्तहोवैहै॥हेशिष्य॥यहअधिकारीपुरुष तामनकेनिरोधकरिके जिसब्रह्मकूंजानेहै ॥ सोब्रह्मकेसाहै ॥ परमपदरूपहै॥ तथा निरवयवहै ॥ तथा सर्वविकल्प तेंरहितहै॥तथा कार्यसहित अज्ञानतेंरहितहै॥तथा देशकालवस्तुपरि च्छेदतेंरहितहै ॥ तथा हेतुदृष्टांततेंरहितहै॥ तथा प्रमाणजन्यज्ञान काअविषयहै ॥ तथा ग्रहणत्यागतेंरहितहै॥तथा जिसब्रह्मकेज्ञानतें बुद्धि मानपुरुष मुक्तिकूंप्राप्तहोवैहै॥ऐसेअद्वितीयब्रह्मकूं जोअधिकारीपुरुष मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकार आपणाआत्मारूपकरिकेजानेहै ॥सोअधिकारी पुरुष ताब्रह्मभावकूंहीं प्राप्तहोवैहै ॥ हेशिष्य ॥ ऐसेब्रह्मात्माकेज्ञानकरिके जिसविद्वान्‌पुरुषकामन ताअधिष्ठानब्रह्मविषे लयभावकूंप्राप्तहो वैहै ॥ऐसेविद्वान्‌योगीपुरुषकूं यहआत्मा देवयाप्रकार सर्वधर्मोंतेंरहितहुआप्रतीतहोवैहै ॥ याअद्वितीयआत्मादेवविषे वास्तवतें याजगत्‌का निरोधभीनहींहै॥तथा याजगत्‌की उत्पत्तिभीनहींहै॥तथा बद्धभीनहीं है॥तथा साधकभीनहीं है तथा मुमुक्षुभीनहींहै॥तथा मुक्तभीनहीं है॥ यहही सर्वशास्त्रका वास्तवअर्थ है॥ इहां नाशकानाम निरोधहै ॥ और कर्तृत्वभोक्तृत्वादिरूपसंसारवालेकानाम बद्धहै॥और यज्ञादिकब हिरंगसाधनोंके करणेहारे पुरुषकानाम साधकहै ॥और शमदमादिकअंतरंगसाधनोंयुक्तपुरुषकानाम मुमुक्षुहै॥और ज्ञानवानपुरुषकानाम

मुक्तहै ॥ हेशिष्य ॥ ऐसे सर्वधर्मोंतैंरहितअद्वितीयआत्माकूं सोईपुरुष साक्षात्कारकरैहै॥जोपुरुषआपणेस्वरूपकूं जाग्रतादिकतीनअवस्था वोंतैं भिन्नकरिकेजानैहै ॥ ऐसाविद्वान्पुरुष पुनः जन्ममरणादिकोंकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ यहआत्मादेव जोएकअद्वितीयरू पहोवै ॥ तौ याआत्माविषे यहनानाप्रकारभेद किसवास्तेप्रतीतहोवैहै ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ॥ जैसे आकाशविषेस्थितचंद्रमाविषे यद्य पि वास्तवतैं भेदनहींहै ॥ तथापि जलपात्ररूपउपाधिकेएकहुए सोचंद्रमा एकप्रकारकाप्रतीतहोवैहै॥ और ताजलपात्ररूपउपाधियोंकेअने कहुए सोचंद्रमाभी अनेकप्रकारकाप्रतीतहोवैहै ॥ तैसे या आत्मादेवविषे यद्यपि वास्तवतैंनानापणानहीं है ॥ तथापि यहआत्मादेव कारणअज्ञानरूप एकउपाधिविषेस्थितहोइके एकप्रकारकाप्रतीतहोवैहै ॥ और कार्यरूप अनेकउपाधियोंविषेस्थितहोइके अनेक प्रकारकाप्रतीतहोवैहै ॥ वास्तवतैंतो यहआत्मादेव एकता अनेकता इत्यादिकसर्वधर्मोंतैंरहितहै ॥हेशिष्य॥ इसप्रकार जोअधिकारीपुरुष गुरुशास्त्रकेउपदेशतैं यासर्वभूतप्राणियोंविषे एकअद्वितीयआत्माकूंहीं व्यापक जाणैहै ॥सोअधिकारीपुरुष जाग्रत स्वप्न सुषुप्ति यातीन अवस्थावोंविषेभी एकहीआत्माकूंनिश्चयकरैहै ॥ और यहएकअद्वितीयआत्मा जैसे जाग्रत स्वप्न सुषुप्ति यातीनअवस्थावोंतैंरहितहै ॥ तैसे ताअद्वितीयआत्माकूंजानणेहाराविद्वान्पुरुषभी तिनजाग्रतादिकतीनअवस्थावोंतैंरहितहोवैहै ॥ हेशिष्य ॥ यहअधिकारीपुरुष जभी गुरुशास्त्रकेउपदेशते तासर्वभेदतैंरहित एकअद्वितीयआत्माकूं जानैहै ॥ तभी उपाधिकेयोगतैं याजीवात्माविषे प्रतीतभयाजोनाना पणाहै ॥ तानानापणेकूं सोअधिकारीपुरुष युक्तिकरिकेनिवृत्त करैहै ॥ सायुक्तियहहै ॥ जैसे याघटका एकदेशतैंदूसरेदेशविषे गमनहुएभी ताघटविषेस्थितआकाशका तहां गमनहोवैनहीं॥ तैसे यास्थूलसूक्ष्मशरीरका एकदेशतैंदूसरेदेशविषेगमनहुएभी ताशरीरविषेस्थितजीवा त्माका तहाँ गमनहोवैनहीं ॥ हेशिष्य ॥ जैसे घट जडहै॥ यातैं आपणेजन्ममरणादिकविकारोंकूंजाणतानहीं॥तैसे यहशरीरभीजडहै ॥यातैं आपणेजन्ममरणादिकविकारोंकूंजाणतानहीं॥यातैं घटकीतथायाशरीरकी यद्यपि समानतासंभवैहै॥तथापि घटाकाशकी तथाजीवात्माकी समानता संभवैनहीं ॥ काहेतैं सोघटाकाशतो जडहै॥यातैं सोघटाकाश ताघटकेजन्ममरणादिकविकारोंकूंजाणतानहीं ॥और याशरीरविषे

स्थितजो जीवात्माहै॥सोजीवात्मा चेतनरूपहै॥यातैं याशरीरकेजन्ममरणादिकसर्वविकारोंकूंसाक्षीरूपकरिकेदेखेहै ॥ इसप्रकार यह जीवा
त्मा यद्यपि ताघटाकाशतैंविलक्षणहै ॥ तथापि जैसे घटाकाशविषे ताघटरूपउपाधिके गमनआगमनादिकधर्म स्पर्शकरतेनहीं॥तैसे याजी
वात्माविषेभी याशरीररूपउपाधिके जन्ममरणादिकधर्म स्पर्शकरतेनहीं॥इतनेंअंशकूंग्रहणकरिके ताघटाकाशकादृष्टांत दियाहै ॥ अवता
जीवका निर्विकारब्रह्मकेसाथ अभेदनिरूपणकरैहैं॥ हेशिष्य॥यहजीव आत्मादेवतैंभिन्ननहीं है ॥ काहेतैं जोवादी याजीवकूं आत्मादेवतैंभ
भिन्नमानैं है ॥ तावादीसे यहपूछाचाहिये॥सोजीव एकहै अथवा अनेकहै॥ तहां सोजीव एकहै यहप्रथमपक्ष जो वादी अंगीकारकरै सोसंभ
वैनहीं॥काहेतैं॥एकोदेवः सर्वभूतेषुगूढः॥इत्यादिकश्रुतियोंनें याआत्मादेवकूंही एककह्याहै॥ यातैं ताएकआत्मादेवतैं सोएकजीव किसप्र
कार भिन्नहोवैगा॥किंतु भिन्ननहींहोवैगा॥ओर तेजीव अनेकहैं यहदूसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरै ॥ तापक्षविषेभी तिनअनेकजीवोंका आ
त्मातैंभेद सिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतैं आत्मानाम आपणेस्वरूपकाहै ॥ ताआत्मास्वरूपतैं जभीतेजीव भिन्नहोवैंगे॥ तभी तिनजीवोंकूं वंध्या
पुत्रकीन्याई निःस्वरूपताप्राप्तहोवैगी ॥ यातैं तेअनेकजीवभी आत्मातैंभिन्ननहीं हैं॥शंका ॥ हेभगवन् ॥ अनेकजीवोंकेसाथ जोआत्माकाअ
भेदहोवैगा॥तोआत्माविषेभी अनेकरूपताप्राप्तहोवैगी ॥ यातैं आत्माअद्वितीयरूपहै यासिद्धांतकीहानिहोवैगी॥समाधान॥हेशिष्य ॥
जैसे नैयायिकोंकेमतविषे घटत्वजाति अनेकघटव्यक्तियों विषे रहेहै ॥ तहांतिनघटव्यक्तियोंकेभेदहुएभी ताघटत्वजातिकाभेदहोवै नहीं
तैसे यहआत्मादेवभी सर्वजीवोंविषेअनुगतहोइकेरहै है यातैं तिनजीवोंकेभेदहुएभी ताआत्मादेवका भेदहोवैनहीं॥ओर हेशिष्य॥वास्तवतैं
विचारकरिकेदेखियेतो तिनजीवोंकाभी भेदसंभवैनहीं ॥ काहेतैं अज्ञानविशिष्टचेतनकानामजीवहै ॥ अथवा अंतःकरणविशिष्टचेतनका
नाम जीवहै ॥ ताजीवविषे जोचेतनअंशहै ॥ सोतो सर्वत्रएकहीहै ॥ याते ताचेतनअंशविषेतो भेदसंभवैनहीं॥ परिशेषतैं अंतःकरणादिक
उपाधियोंकाहीभेदअंगीकारकरणाहोवैगा ॥ ओर तिनअंतःकरणादिकउपाधियोंतैंभी जभी अधिष्ठानरूपसत्‌अंशकूंभिन्नकरिये ॥ तभी
तिनकल्पितउपाधियोंकाभी भेदसंभवैनहीं ॥ यातैं यहजीव अद्वितीयआत्मास्वरूपहीहै ॥ हेशिष्य ॥ याजीवकूं जोआत्मातैंअभिन्न नहीं

मानिये॥तो श्रुतिनें याजीवात्माविषे जोघटाकाशकादृष्टांतदियाहै सोअसंगतहोवेगा॥काहेतें स्थूल सूक्ष्म कारण रूपयासंघातविषे यहजीवतो घटाकाशकीन्याईं है ॥ और आत्मादेव महाकाशकीन्याईं है ॥ तहांघटरूपउपाधिकेभेदकापरित्यागकरिकेजैसे ताघटाकाशका महाकाशतेंभेदनहीं है ॥ तैसे यासंघातरूपउपाधिकापरित्यागकरिके याजीवकाभी ताआत्मादेवतेंभेदनहीं है ॥ हेशिष्य ॥ यहघटाकाशरूपदृष्टांत केवल जीवआत्माकेअभेदकूंसिद्धकरतानहीं ॥ किंतु सोघटाकाशरूपदृष्टांत दूसरेभीअनेकअर्थोंकूंसिद्धकरे है ॥ तिनअर्थोंकूं तूं श्रवणकर ॥ हेशिष्य ॥ जैसे घटरूपउपाधिकेनिवृत्तहुएतेंअनंतर सोघटाकाश महाकाशविषे अभेदभावकूंप्राप्तहोवे है ॥ तैसे अंतःकरणादिकउपाधियोंके निवृत्तहुएतें अनंतर यहजीवभी ताव्यापकआत्मादेवविषे अभेदभावकूं प्राप्तहोवेहै॥ओर हेशिष्य जिसकालविषे सोएकघटाकाश धूलिधूमादिकोंकरिके युक्तहोवेहै॥तिसकालविषे दूसरेघटाकाश तिनधूलिधूमादिकोंकरिकेयुक्तहोवेनहीं॥तैसे जिसकालविषे यहएकजीव सुखदुःखकूंप्राप्तहोवेहै॥तिसकालविषे दूसरेजीव सुखदुःखकूंप्राप्तहोवेनहीं॥तात्पर्य यह॥जेसुखदुःखादिकधर्म केवल अंतःकरणादिकउपाधियोंविषेहीं हैं॥तेअंतःकरणादिकउपाधियां सर्वशरीरोंविषे भिन्नभिन्नहीं हैं॥यातें एकजीवकेसुखीदुःखीहुएभी तेसर्वजीव सुखीदुःखीहोवेनहीं ॥ ओर हेशिष्य ॥जैसे ताघटाकाशविषे वर्तुल दीर्घ इत्यादिकरूपोंकाभीभेदहै ॥ तथा जलकाआनयन धारणनिवास इत्यादिककार्योंकाभीभेदहै ॥ तथा घटाकाश मठाकाश इत्यादिकनामोंकाभीभेदहै ॥ इसप्रकार नाम रूप कार्य यातीनोंकेभेदहुएभी आकाशकाभेदहोवेनहीं ॥ तैसे अंतःकरणादिकउपाधियोंकेयोगतें तिनजीवोंकेभेदहुएभी आत्मादेवकाभेदहोवेनहीं ॥ ओरहेशिष्य ॥ जैसेनिर्विकार तथा निरवयव जोमहाकाशहै तामहाकाशका सोघटाकाश विकाररूपनहीं है॥तथा अवयवरूपनहीं है॥तैसे सर्वविकारोंतें रहित तथानिरवयव जोआत्मादेवहै ताआत्मादेवका यहजीव विकाररूपनहीं है॥ तथा अवयवरूपनहीं है॥ ओर हेशिष्य ॥ जैसे वास्तवतें सर्वमलोंतेंरहित जोमहाकाशहै ॥ सोमहाकाश मूढबालकोंकूं मलिनप्रतीतहोवे है ॥ तैसे वास्तवतेंसर्वबंधतेंरहित जोयहआत्मादेवहै ॥ सोआत्मादेव अविवेकीमूढपुरुषोंकूं बंधवालाप्रतीतहोवे है ॥ ओर हेशिष्य ॥ जैसे घटादिकउपाधियोंके जन्म मरण गमन आगमन

हुएभी तिनघटादिकउपाधियोंविषेस्थित आकाश तिनजन्मादिकविकारोंकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ तैसे याशरीरादिकउपाधियोंके जन्म मरण गमन आगमन हुएभी तिनशरीरादिकउपाधियोंविषेस्थित यहआत्मादेव तिनजन्मादिकविकारोंकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ और हेशिष्य जैसे स्वप्नविषेप्रतीतभयाजोजीवहै ॥ तथा ऐंद्रजालिकपुरुषोंनें आपणीमायाकेप्रभावतें दिखाया जोकोईजीवहै ॥ सोमिथ्याजीव यद्यपि भ्रान्त पुरुषोंकीदृष्टिकरिके जन्ममरणादिकविकारोंकूंप्राप्तहुआ प्रतीतहोवैहै॥तथापि सोजीव वास्तवतें जन्ममरणादिकविकारोंतेंरहितहै॥तैसे भ्रान्त पुरुषोंकीदृष्टिकरिके यद्यपि यहजीव जन्ममरणादिकविकारोंकूंप्राप्तहुआ प्रतीतहोवैहै ॥ तथापि वास्तवतें यहजीव जन्ममरणादिकविकारोंतेंरहितहै ॥ यातें कोईभीजीव तिनजन्ममरणादिकविकारोंकूंप्राप्तहोतानहीं ॥ किंतु यहचित्तही आप जन्ममरणादिकविकारोंकूंप्राप्तहोइके तिनआपणेजन्ममरणादिकविकारोंकूं याजीवात्माविषे प्रतीतकरावैहै ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार यहसर्वजीव वास्तवतेंतो सर्वदा तिनजन्ममरणादिकविकारोंतेंरहितहै ॥ तथापि जन्ममरणादिक विकारवालेचित्तकेयोगतें यहजीव जन्ममरणादिकविकारोंवालेहुए प्रतीतहोवैहै ॥ अब याहीअर्थकूं अलातकेदृष्टांतकरिके स्पष्टकरेंहैं ॥ हेशिष्य ॥ अग्निकरिकेप्रज्वलित जोकोईक काष्ठविशेषहै ताकानाम अलातहै ॥ ताअलातका जोभ्रमणरूपव्यापारहै ॥ सोभ्रमणरूपव्यापार कभीतो दंडकीन्याईं सरलप्रतीतहोवैहै ॥ और कभीतो चक्रकीन्याईं वर्तुलाकार प्रतीतहोवैहै ॥ तैसे मायाविशिष्टपरमात्मा देवतें उत्थानरूप जोमनकास्पंदहै ॥ सोमनका स्पंदभी ज्ञाता ज्ञान ज्ञेय इत्यादिकत्रिपुटीरूपकरिकेप्रतीतहोवैहै ॥ और हेशिष्य जैसे ताभ्रमणरूपस्पंदतेंरहितहुआ सोअलात ताकल्पित दंडचक्राकाररूपोंतेंरहित होवैहै ॥ तथा तिनकल्पितरूपोंकरिके जन्मतेंरहित होवैहै ॥ तैसे तास्पंदतेंरहितहुआयहचित्तभीताकल्पितत्रिपुटीरूपतेंरहित होवैहै तथा तिनकल्पितरूपोंकरिके जन्मतेंभीरहितहोवैहै ॥ किंतु सोशांतचित्त तिसकालविषे चेतनरूपहीहोवैहै॥और हेशिष्य॥ताअलातकेभ्रमणरूपस्पंदकालविषे जेदंडचक्रादिकआकारप्रतीतहोवैंहैं ॥ तेदंडचक्रादिकआकार किसीदूसरे स्थानतेंचलिके ताअलातविषे उत्पन्नहोतेनहीं ॥ तथा ताअलातके भ्रमणकाआभावरूपनिस्पंदकालविषेतेदंडचक्रादिकआकारताअलाततें

निकसिके किसीदूसरेस्थानविषेभीजातेनहीं ॥ तथा तेदंडचक्रादिकआकार ताअलातविषेभीप्रवेशकरतेनहीं॥काहेतैं तिनदंडचक्रादिकआ
कारोंका ताअलातविषेआवणा तथा ताअलाततैंबाहरजाणा तथा ताअलातविषेप्रवेशकरणा प्रत्यक्षदेखितानहीं ॥ और तेदंडचक्रादिक
आकार कोईवस्तुहैनहीं याकारणतैंभी तिनोंका आवणाजाणासंभवेनहीं ॥ यातैं ताअलातविषे तेदंडचक्रादिकआकार रज्जुसर्पकीन्याईं
मिथ्याहीहै ॥ तैसे यामनकेस्पंदहुए जे ज्ञाता ज्ञान ज्ञेय इत्यादिकआकार प्रतीतहोवे हैं ॥ तेआकार किसीदूसरेपदार्थतैंचलिआइके
तामनविषे उत्पन्नहोवेनहीं तथा तामनकेनिस्पंदहुए तेआकार तामनतैंनिकसिके किसीदूसरेस्थानविषेभीजातेनहीं॥तथा तेआकार तिस
मनविषे भीप्रवेशकरतेनहीं॥यातैं ते ज्ञाता ज्ञान ज्ञेय इत्यादिकमनकेआकारभी रज्जुसर्पकीन्याईं मिथ्यानहीं हैं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥
तेआकार जोमिथ्याहोवैं ॥ तो हमजीवोंकूं तेआकार किसवासतेप्रतीतहोवे हैं ॥ समाधान॥हेशिष्य ॥ जैसे यामनुष्योंविषे शृंग यद्यपि
वास्तवतैंहै नहीं ॥ तथापि यामनुष्यविषेशृंगहै याशब्दरूपदोषकेप्रभावतैं तामनुष्यविषेभी शृंग प्रतीतहोवे है ॥ और जैसे आकाशविषे
गंधर्वनगर यद्यपि वास्तवतैंहैनहीं॥तथापि मायारूपदोषकेबलतैं ताआकाशविषे गंधर्वनगर प्रतीतहोवैहै॥तैसे याआत्मादेवविषे यहद्वैतप्रपंच
यद्यपि वास्तवतैंहैनहीं ॥ तथापि शब्दकेबलतैं तथामायाकेबलतैं याआत्माविषे यहद्वैतप्रपंच प्रतीतहोवैहै ॥ यातै नरशृंगकीन्याईं तथा
गंधर्वनगरकीन्याईं यहसंपूर्णजगत् असत्यहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ जिसमायाकेबलतैं तथाशब्दकेबलतैं यहजगत् प्रतीतहोवैहै॥तिसमाया
विषे तथातिसशब्दविषे सोअसत्यपणा किसप्रकार सिद्धहोवैगा ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ॥ जैसे नरशृंगहै याशब्दमात्रकरिकेही तानरशृंग
कीसिद्धिहोवैहै किसीप्रमाणकरिके तानरशृंगकीसिद्धिहोवेनहीं ॥ तैसे माया अज्ञान अविद्या प्रकृति इत्यादिकशब्दोंकेबलतैंही तामा
याकीसिद्धिहै ॥ किसीप्रमाणकेबलतैं तामायाकीसिद्धिहैनहीं ॥ यातैं तामायाभी तानरशृंगकीन्याईं असत्यहीहै ॥ तैसे शब्दकीभी
शब्दकरिकेहीसिद्धिहै ॥ यातैं सोशब्दभी असत्यहीहै ॥ तहाँश्रुति ॥ वाचारंभणंविकारोनामधेयंमृत्तिकेत्येवसत्यं ॥ अर्थयह ॥ मृत्तिकाके
विवर्तरूप जितनेकीघटशरावादिकविकारहैं ॥ तेविकार केवल घटशराव इत्यादिकनाममात्रही हैं ॥ तानामतैं बिना तिनविकारोंविषे

हीहै ॥ और तिनघटशरावादिकविकारोंकाउपादानकारणजामृत्तिकाहै॥ सामृत्तिकाहीसत्यहै ॥ १ ॥ तैसे मनवाणीकाअविषयजोआत्माहै ॥ सोआत्माही सत्यहै ॥ ताआत्मातैंभिन्न यहसंपूर्णजगत् मिथ्याहीहै ॥ और हेशिष्य ॥ शब्दमात्रहै स्वरूपजिसका ऐसाजोयहजगत्रूप विकारहै ॥ तथा ताजगत्रूपविकारका कारणरूप जा यहमायाहै॥ तिनदोनोंकरिकेआवृतहुआ यहजीवात्मा आपणेवास्तवस्वरूपकूंजा णिसकतानहीं॥किंतु यहजीवात्मा परिच्छिन्नरूपकरिकेप्रतीतहोवे है॥जैसे जलकेमध्यविषेस्थितहुआ महान्घटभी अल्परूपकरिकेप्रतीत होवे है ॥ तैसे तामायाजगत्करिकेआवृतहुआ यहमहान्आत्माभी परिच्छिन्नरूपकरिकेप्रतीतहोवे है॥और जभी आत्मसाक्षात्कारकरिके ता कार्यसहितमायाकीनिवृत्तिहोवे है॥तभी यहजीवात्मा आपणेव्यापकअद्वितीयस्वरूपकूंप्राप्तहोवे है ॥ और हेशिष्य ॥ अकार उकार मकार यातीनमात्रावालेप्रणवविषे यथाक्रमतैं समष्टि स्थूल सूक्ष्म कारण यातीनउपाधिवालाब्रह्म तादात्म्यसंबंधकरिकेरहै है॥तासोपाधिकब्रह्मका प्रणवकीमात्राओंसहित जभी यहअधिकारीपुरुष लयचिंतनकरैहै॥तभी नाशतैंरहिततुरीयब्रह्मही बाकीरहै है॥सोतुरीयब्रह्महो सर्वभेदतैंरहि त एकअद्वितीयरूपहै॥यातैं जिस अधिकारीपुरुषकूं ताअद्वितीयब्रह्मकेजानणेकीइच्छाहोवे॥सोअधिकारीपुरुष प्रथम ताप्रणवमंत्रकूं ब्रह्मरू पकरिकेचिंतनकरे ॥ अब याही अर्थकूं स्पष्टकरिकेनिरूपणकरैहैं ॥ हेशिष्य ॥ याअधिकारीपुरुषनें गुरुशास्त्रकेउपदेशतैं दोब्रह्मकूं अव श्यकरिकेजानणा ॥ तहांएकतो प्रणवरूपशब्दब्रह्मकूंजानणा ॥ और दूसरा निर्विशेषशुद्धब्रह्मकूंजानणा ॥ तिनदोनोंब्रह्मविषेभी याअधिका रीपुरुषनें प्रथम प्रणवरूपशब्दब्रह्मकूंही निश्चयकरणा ॥ ताशब्दब्रह्मकूं यहअधिकारीपुरुष जभी भलीप्रकारकरिकेनिश्चयकरैहै॥ तभी यह अधिकारीपुरुष सुखपूर्वकही तानिर्विशेषब्रह्मकूंसाक्षात्कारकरे है ॥ हेशिष्य॥याअधिकारीपुरुषकूं जबपर्यंत तानिर्विशेषब्रह्मकासाक्षात्कार नहींप्राप्तहोवे ॥ तबपर्यंतही यहअधिकारीपुरुष ताशब्दब्रह्मकाचिंतनकरे ॥ तानिर्विशेषब्रह्मकेसाक्षात्कारहुएतैंअनंतर यहअधिकारीपुरुष ताशब्दब्रह्मका परित्यागकरिदेवे ॥ तथा सर्वशब्दरूपप्रपंचका परित्यागकरिदेवे ॥ जैसे व्रीहिरूपधान्यकेप्राप्तिकीइच्छावान्पुरुष तिनधा न्योंकूंप्राप्तहोइके ताकेपलालका परित्यागकरिदेवे है॥हेशिष्य ॥ यालोकविषे शुक्ल नील पीत रक्त इत्यादिकभिन्नभिन्नवर्णोंवाली जेअनेक

गौवां हैं ॥ तिनसर्वगौवोंकादुग्ध एकशुक्लवर्णवालाहीहोवे है ॥ तैसे यानानाप्रकारकेशरीरोंविषे यहज्ञानस्वरूपआत्मा एकरूपहीहोवे है ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार यहआत्मादेव यद्यपि सर्वशरीरोंविषे समानव्यापकहै ॥ तथापि यहआत्मादेव अशुद्धमनकरिकेजान्याजावैनहीं ॥यातैं जिसअधिकारीपुरुषकूं मोक्षकेप्राप्तिकीइच्छाहोवै ॥ ताअधिकारीपुरुषनैं श्रवणादिकसाधनयुक्त शुद्धमनकरिकेही याआत्मादेवकूं जानणा ॥ हेशिष्य ॥ तामनकोशुद्धिकरणेवासतै श्रुतिभगवतीनैं याप्रकारकाध्यान कथनकऱ्याहै ॥ जैसे यालोकविषे दधिविषे दीर्घकाष्ठरूप मंथाकूंपाइके तामंथकेसाथ दीर्घरज्जुकूंबांधिके तादधिकूंमंथनकरैहैं ॥ तामंथनकरिके तिसदधितैंमाखणकूंनिकासै हैं॥ तैसे यहअधिकारी पुरुष यासर्वभूतभौतिकजगत्कूं दधिरूपकरिकेचिंतनकरै ॥ और यामनकूं मंथारूपकरिकेचिंतनकरै ॥ और मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकेअभेदज्ञानकूं तारज्जुरूपकरिकेचिंतनकरै ॥ और आनंदस्वरूपपरमात्मादेवकूं माखणरूपकरिकेचिंतनकरै ॥ और गुरुशास्त्रकेउपदेशकरिके याआत्मादेवका जोसंसारसमुद्रतैं मोक्षरूपउद्धारकरणाहै ॥ सोईही यापरमात्मादेवरूपमाखणका याजगत्रूपदधितैंउद्धारहै ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार यहअधिकारीपुरुष याजगत्रूपदधितैं ताअद्वितीयब्रह्मरूपमाखणकूंउद्धारकरिके ताअद्वितीयब्रह्मकूं आपणाआत्मारूपकरिके साक्षात्कारकरै ॥ ताब्रह्मात्माकेसाक्षात्कारकरिके यहअधिकारीपुरुष सर्वशोकतैंरहितहोवै है॥ हेशिष्य ॥ जिसअद्वितीयब्रह्मकेज्ञानतैं यह विद्वान्पुरुष सर्वशोकतैंरहितहोवै है॥ताब्रह्मविषेही यहसंपूर्णजगत् निवासकरैहै ॥ अथवा सोब्रह्मही यासर्वजगत्विषेनिवासकरैहै ॥याकारणतैं वेदवेत्तापुरुष ताअद्वितीयब्रह्मकूं वासुदेव यानामकरिकेकथनकरै हैं ॥तथा तेवेदवेत्तापुरुष तावासुदेवरूपब्रह्मकूं आपणाआत्मारूपकरिकेजाने हैं॥हेशिष्य ॥ इसप्रकार मनकेनिग्रहपूर्वक जोब्रह्मकावास्तवस्वरूप ब्रह्मबिंदुउपनिषद्विषेकथनकऱ्याहै ॥सो हमनैं तुम्हारेप्रति कथनकऱ्या॥अबनारायणीयउपनिषद्विषे तथामहोपनिषद्विषे तथाआत्मप्रबोधउपनिषद्विषे जोसंक्षेपतैं ताब्रह्मकास्वरूपकथनकऱ्याहै॥ सोहम तुम्हारेप्रति कथनकरतेहैं॥तूसावधानहोइकेश्रवणकर॥तहांप्रथम नारायणीयउपनिषद्का(अर्थनिरूपणकरैहैं॥हेशिष्य॥यहपरमात्मादेव आपणे अस्तिभातिप्रियरूपकरिके यासर्वजगत्कूं पूर्णकरे है॥याकारणतैं श्रुतिभगवती यापरमात्मादेवकूं पुरुष यानामकरिकेकथनक

रैहै॥अथवा यहपरमात्मादेव यासर्वशरीररूपपुरविषे अंतर्यामीरूपकरिकेनिवासकरे है॥याकारणतैं श्रुतिभगवती यापरमात्मादेवकूं पुरुष यानामकरिकेकथनकरे है ॥ और हेशिष्य ॥ यहविराट्रूपपरमात्मादेव प्रलयकालविषे यासंपूर्णलोकोंकूंआपणेउदरविषेग्रहणकरिके क्षीरसमुद्रविषे शेषनागकीशय्याऊपर बालककीन्याई शयनकरे है ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं नारायण यानामकरिकेकथनकरे है ॥ अथवा जैसे माताकेगर्भरूपशय्याविषे बालक शयनकरे है ॥ तैसे व्यष्टिसूक्ष्मउपाधिवाले तैजसनामाजीवरूपप्रतिबिंबोंका बिंबरूप यहहिरण्यगर्भभगवान् यामायारूपशय्याविषेस्थितहोवे है ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं नारायण यानामकरिकेकथनकरैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ परमात्मारूपनरकासंबंधीजामायाहै ॥ तामायाकानाम नारहै ॥ सोमायारूप नार तापरमात्मादेवकास्थान है ॥ यातैं तापरमात्मादेवकूं नारायणकहेहैं ॥ अथवा जीवरूपनरोंका जोसमूहहै ताकानाम नारहै ॥ ताजीवोंकेसमूहरूपनारकूं जिसबिंबभूतपरमात्मादेवतैं आपणेस्वरूपकालाभहोवे है ॥ यातैं तापरमात्मादेवकूं नारायणकहेहैं ॥ और हेशिष्य ॥ जैसे बालक कंदुककूंदूरदेशविषेफेंकेहै॥तैसे सर्वदोषतेंरहित यहपरमात्मादेव कार्यकारणअविद्यारूपकंदुककूं दूरदेशविषे फेंकेहै॥याकारणतैंश्रुतिभगवती तापरमात्मादेवकूं नारायण यानामकरिकेकथनकरे है ॥ तात्पर्ययह ॥ यासंसाररूपचक्रके जेरागद्वेषादिकअराहैं ॥ तेअरा यापरमात्मादेवविषेहैंनहीं॥ यातैं तापरमात्मादेवकूं नारायणकहे हैं ॥ अथवा याजीवरूपनरोंको ताअंतर्यामीदेवतैंही प्रवृत्तिहोवे है ॥ यातैं ताअंतर्यामीदेवकूं नारायणकहे हैं ॥ अथवा तुरीयशुद्धरूपकरिकेजानेहुए तापरमात्मादेवतैंही याजीवोंकेअविद्याकीनिवृत्तिहोवे है ॥ यातैं तापरमात्मादेवकूं नारायणकहे हैं ॥ तुरीयशुद्धरूपकरिकेजानेहुए तापरमात्मादेवतैंही याजीवोंकेअविद्याकीनिवृत्तिहोवे है ॥ यातैं तापरमात्मादेवकूं नारायणकहे हैं ॥अथवा ताबदरिकाआश्रमवासीगुरुमूर्तितैंही याजीवोंकेअविद्याकीनिवृत्तिहोवे है ॥ यातैं तागुरुमूर्तिपरमात्मादेवकूं नारायणकहे हैं ॥ दूसरेनारायणशब्दके अर्थ दशमअध्यायविषे निरूपणकरिआये हैं ॥ सोतहातैंजानिलेणें ॥ हेशिष्य ॥ ऐसानारायणदेव याजगत्कीउत्पत्तितैंपूर्व एकअद्वितीयरूपहोताभया॥सोनारायणदेव जीवोंकेपुण्यपापकर्मोंकरिकेप्रेरणाकऱ्याहुआ सृष्टिकेआदिकालविषे मैं जगत्कूंउत्पन्नकरों याप्रकारकीइच्छाकरताभया ॥ ताइच्छातैंअनंतर सोनारायणदेव सर्वजगत्कूंउत्पन्नकरताभया ॥ नानाप्रकारकी

सामर्थ्यकरिकेयुक्तजो ब्रह्मा इंद्र आदित्य रुद्र वसु विश्वेदेव साध्य इत्यादिकदेवताहैं ॥ तिनसर्वदेवताओंकूं सोनारायणदेव उत्पन्नकरताभया ॥ हेशिष्य ॥ ब्रह्मादिकदेवताओंतैंआदिलेके जितनाकी यहस्थावरजंगमजगत्‌है ॥ सोसंपूर्णजगत्‌ तानारायणदेवतैंही उत्पन्नहोवै है ॥ तथा सोसंपूर्णजगत्‌ तानारायणदेवविषेही स्थितहै तथा प्रलयकालविषे सोसंपूर्णजगत्‌ तानारायणदेवविषेही लयकूंप्राप्तहोवै हैं॥हेशिष्य॥ जैसे घटकी उत्पत्ति स्थिति लय मृत्तिकाविषेही होवै है ॥ यातैं सो घट मृत्तिकातैं भिन्ननहीं है ॥ तैसे याजगत्‌की उत्पत्ति स्थिति लय तानारायणदेवविषेहीहोवै है ॥ यातैं यहजगत्‌ तानारायणदेवतैंभिन्ननहीं है ॥ किंतु ब्रह्मा विष्णु रुद्र इंद्र आदित्य अश्विनीकुमार इनतैं आदिलेकेजितनैंकीदेवताहैं ॥ तेसंपूर्णदेवता तानारायणरूपही हैं ॥ तथा पूर्वादिकदशोंदिशातथाआकाशादिकपंचमहाभूत तथास्थावर जंगमशरीर इनतैंआदिलेके जितनाकी भूतभविष्यत्‌वर्तमानकालविषेस्थितजगत्‌है॥तथा जितनाकी स्थूलसूक्ष्मजगत्‌है॥तथा जितनाकी प्रत्यक्षपरोक्षजगत्‌है ॥ सोसंपूर्णजगत्‌ तानारायणरूपही है ॥ हेशिष्य॥ जिसनारायणदेवकास्वरूप यहसंपूर्णजगत्‌है ॥ सोनारायणदेव नाशतैंरहित नित्यस्वरूपहै ॥ तथा प्राण श्रद्धा आकाश वायु तेज जल पृथ्वी इंद्रिय मन अन्न वीर्य तप मंत्र कर्म लोक नाम याषोडशकलाओंतैंरहितहै ॥ तथा सोनारायणदेव याजगत्‌रूपविकल्पतैंरहितहै ॥ तथाकारणअज्ञानरूपअंजनतैंरहितहै ॥ और सर्वशुद्धितैंरहित जो यहजडमायाहै ॥ ताजडमायातैंभी यहनारायणदेव सर्वदारहितहै ॥ तथा तामायाकृतसर्वभेदतैंरहितहै ॥ हेशिष्य ॥ ऐसे नित्यशुद्धनारायणदेवतैंभिन्न कोईपदार्थ पूर्वहुआनहीं और अभीहैनहीं और आगेहोवैमानहीं ॥ किंतु यहसर्वजगत्‌ तानारायणदेवरूपहीहै ॥ हेशिष्य ॥ जोअधिकारीपुरुष मैं ब्रह्मरूपहूं याप्रकारकीशुद्धबुद्धिकूंसारथिकरिके तथा श्रवणादिकसाधनयुक्त शुद्धमनरूपरज्जुकूं ताबुद्धिरूपसारथिकेवशकरिके जीत्येहुए इंद्रियरूपअश्वोंकरिकेयुक्त याशरीररूपरथविषेस्थितहोवै है ॥सोअधिकारीपुरुष ब्रह्मभावकीप्राप्तिरूपमोक्षकूंप्राप्तहोवै है ॥ हेशिष्य॥इसप्रकार तानारायणदेवकूं याजीवका आत्मारूपकरिके प्रतिपादनकरणेहारो जोयह नारायणीयनामा उपनिषद्‌है॥ ताउपनिषद्‌कूंजोअधिकारीपुरुष ब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतैंअर्थसहितजाने है॥सोअधिकारीपुरुषयाजीवतअवस्थाविषेतो सर्वआपदाओंतैं रहित

होइके मनवांच्छितभोगोंकूंप्राप्तहोवे है ॥ और मरणतैंअनंतर सोअधिकारीपुरुष ब्रह्मलोकविषेजाइके तहां मोक्षकूंप्राप्तहोवे है ॥ यातैं या अधिकारीपुरुषनें तानारायणीयउपनिषद्केअर्थका अवश्यकरिकेविचारकरणा॥हेशिष्य॥ऐसेनारायणदेवकास्मरणकरावणेहाराजो ॥ ओंन मोनारायणाय ॥ यहअष्टअक्षरोंवालामंत्रहे ॥ सोअष्टाक्षरमंत्र जापकरणेहारेसर्वजीवोंकूं मनवांच्छितपदार्थोंकोप्राप्ति करणेहाराहे ॥ यातैं ब्रा ह्मण क्षत्रिय वैश्य यातीनवर्णवालेपुरुषोंनैंतो प्रणवपूर्वक तामंत्रकाजपकरणा ॥ और स्त्रियोंनैं तथाशूद्रपुरुषोंनैंतो प्रणवकूंछोडिके तामंत्र काजपकरणा॥हेशिष्य॥याअधिकारीपुरुषकूं साक्षात्नारायणकेज्ञानतैं जिसप्रकारकाफल प्राप्तहोवैहै॥तिसो प्रकारकाफल याअधिकारी पुरुषकूं ताअष्टाक्षरमंत्रकेज्ञानतैंहोवैहै ॥ यातैं यहअष्टाक्षरमंत्र तानारायणदेवकेसमानहे ॥ और हेशिष्य॥जैसे याअधिकारीपुरुषोंकूं प्रणव मंत्र तानारायणदेवकेप्राप्तिका उपायहे॥तैसे यहअष्टाक्षरमंत्रभी तानारायणकेप्राप्तिका उपायहे ॥ यातैं यहअष्टाक्षरमंत्र ताप्रणवमंत्रकेसमा नहे ॥ हेशिष्य॥ जेपापात्माशूद्रपुरुष तथास्त्रियां श्रद्धापूर्वक तथाअर्थज्ञानपूर्वक यामंत्रकाजपकरेहैं॥तेशूद्रपुरुष तथास्त्रियांभी सर्वपापो तैंरहितहोइके तानारायणदेवकूं आपणाआत्मारूपकरिके साक्षात्कारकरैहै॥तात्पर्ययह॥पापात्माशूद्रपुरुष तथास्त्रियांभी जभी यामंत्रकेज पतैं तानारायणदेवकूं आपणाआत्मारूपजाणिके मोक्षकूंप्राप्तहोवैहैं॥तभी सर्वपापोंतैंरहित ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य यहत्रैवर्णिकअधिकारीपुरुष ताअष्टाक्षरमंत्रकेजपतैं तानारायणदेवकूं आपणाआत्मारूपजाणिके मोक्षकूंप्राप्तहोवैहैं याकेविषेक्याकहणाहे ॥ यातैं सर्वमुमुक्षुजनोंनैं ता अष्टाक्षरमंत्रकाजप अवश्यकरिकेकरणा ॥ हेशिष्य ॥ तानारायणीयउपनिषद्विषे जाब्रह्मविद्या कथनकरी है ॥ सासंपूर्णब्रह्मविद्या हमनैं तुम्हारेप्रति कथनकरी॥अब महोपनिषद्विषे जाब्रह्मविद्या कथनकरीहे ॥ साब्रह्मविद्या हम तुम्हारेप्रति कथनकरतेहैं॥तूं सावधानहोइकेश्रव णकर ॥ हेशिष्य॥प्राचीनवृत्तांतकूंजानणेहारे वेदवेत्ताऋषि याप्रकारकेवचन कहतेभयेहैं॥याजगत्कीउत्पत्तितैंपूर्व एकनारायणदेवही स्थि तहोताभया॥तासृष्टितैंपूर्वकालविषे ब्रह्मादिकदेवताभी नहींहोतेभये॥तथा आकाशादिकपंचमहाभूतभी नहींहोतेभये ॥ तथा तिनपंचभूतों काकार्यरूप यह स्थावरजंगमशरीरभी नहींहोतेभये॥तथा पृथिवीस्वर्गतैं आदिलेके यहसर्वकार्यप्रपंचभी नहींहोताभया॥इसप्रकार सर्वद्वैत

प्रपंचतैंरहित एकाकीस्थितहुआ सोनारायणदेव ताकालविषे किंचित्मात्रभी क्रीडानहींकरताभया॥तिसतैंअनंतर सोनारायणदेव क्रीडा करणेवासते दूसरेपदार्थकाध्यानकरताभया॥ताध्यानतैंअनंतर तांनारायणदेवका मायारूपस्त्रीकेसाथ संबंधहोताभया ॥ तामायारूपस्त्रीके संबंधतैं तानारायणदेवकूं त्रयोदशपुत्रउत्पन्नहोतेभये॥तथाबहुतपुरुषोंकेप्राप्तिकीइच्छाकरणेहारी एक व्यभिचारिणीकन्या उत्पन्नहोतीभई ॥तिसतैंअनंतर साकन्या आपणेकूं अधिदेव अध्यात्म अधिभूत यातीनरूपकरतीभई ॥तथा तेत्रयोदशपुत्रभी आपणेकूं अधिदेव अध्यात्म अधिभूत यातीनरूपकरतेभये॥तहां समष्टिशरीरकेषटकपदार्थोंकानाम अधिदैवहै ॥और व्यष्टिशरीरकेषटकपदार्थोंकानाम अध्यात्म है॥और इदंरूपकरिके दृश्यमानपदार्थोंकानाम अधिभूतहै॥जैसे सूर्यादिकदेवता अधिदेवरूप हैं ॥ और नेत्रादिकइंद्रिय अध्यात्मरूपहैं ॥ और रूपादिकविषय अधिभूतरूपहैं॥हेशिष्य ॥ वास्तवतैंएकअद्वितीयरूपसोनारायणदेव आपणेवास्तवस्वरूपकेअविवेकतैं ताबहुतरूप वालीपुत्रीकेसाथ तथाबहुतरूपवाले तिनत्रयोदशपुत्रोंकेसाथ तादात्म्यअध्यासकरिके आपणेकूंभी बहुतरूप मानताभया ॥ हेशिष्य ॥ सृष्टिकेआदिकालविषे सोनारायणदेव प्रथम तिसपुत्रीसहितत्रयोदशपुत्रोंकेकारणोंकूंउत्पन्नकरताभया॥तिसतैंअनंतर तिनकारणों तैं तापुत्रीसहितत्रयोदशपुत्रोंकूं उत्पन्नकरताभया ॥ तिसतैंअनंतर क्रियाशक्तिकूं उत्पन्नकरताभया ॥ कैसीहै साक्रियाशक्ति॥ पूर्वउत्पन्नहुएपदार्थों विषे कितनेंकपदार्थोंकातौ कार्यरूपहै॥और कितनेकपदार्थोंकीस्थितिका कारणरूपहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥तिसपुत्रीसहितत्रयोदशपुत्रों के कौनकारणहैं ॥ तथा तापुत्रीसहितत्रयोदशपुत्र कौनहैं ॥तथा साक्रियाशक्ति कौनहै ॥ यहसंपूर्णवार्त्ता आप निर्णयकरिकेकहो ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ॥ आकाश वायु तेज जल पृथिवी यहपंचभूत तिसपुत्रीसहितत्रयोदशपुत्रोंका कारणरूपहैं ॥ तेआकाशादिकपंचभूतभी स्थूल सूक्ष्म या भेदकरिके दोप्रकारकेहोवे हैं ॥ तहां पंचीकृतपंचमहाभूतोंकानाम स्थूलहै ॥ और पंचीकरणतैंरहित शब्द स्पर्श रूप रस गंध] यापंचतन्मात्राओंकानाम सूक्ष्महै ॥ तिनपंचभूतरूपकारणोंकूंदोप्रकारकाहोणे तैं तिनोंकाकार्यभी स्थूल सूक्ष्म भेदकरिके दोप्रकारकाहीहोवेहै ॥ हेशिष्य ॥ प्राणवायुकानाम क्रियाशक्तिहै सोक्रियाशक्तिरूपप्राण तिनआकाशादिकपंचभूतोंकातौ कार्यरूप

है ॥ और तापुत्रीसहितत्रयोदशपुत्रोंकेस्थितिका कारणरूपहै ॥ हेशिष्य ॥ अहंकार मन चित्त श्रोत्र त्वक् चक्षु रसना घ्राण वाक् पाणि पाद उपस्थ पायु यहत्रयोदशपुत्रहैं ॥ और बुद्धिरूपपुत्रीहै ॥ यहसंपूर्ण तानारायणदेवतैंउत्पन्नहुएहैं ॥ यातैं यहअर्थसिद्ध भया ॥ पंचतन्मात्रा पंचमहाभूत एकप्राण अहंकारादिकत्रयोदशपुत्र एकबुद्धिरूपीपुत्री ॥ यहसंपूर्णमिलिके पंचविंशति २५ तत्त्वहोवैहैं॥ तापंचविंशतितत्वोंके हिरण्यगर्भादिकतो अधिदेवरूपहैं ॥ और यहस्थावरजंगमशरीर अधिभूतरूपहैं॥याकेविषेभीइतनीविशेषताहै ॥ अधिभूतरूपकरिकेकथनकर्‍येजेशरीरहैं॥तिनशरीरोंविषे जिसजिसशरीरविषे जिसजिसजीवकीअहंबुद्धिहै ॥ सोसोशरीर तिसतिसजीवकेप्रति तो अध्यात्मरूपहै ॥ और तिसजीवतैंभिन्नदूसरेजीवोंकूं सोशरीर इदंरूपकरिकेप्रतीत होवैहै ॥ यातैं तिनदूसरेजीवोंकीअपेक्षाकरिके सोशरीर अधिभूतरूपहै ॥ जैसे देवदत्तपुरुषकाशरीर तादेवदत्तपुरुषकीअपेक्षाकरिके तो अध्यात्मरूपहै॥ और दूसरेयज्ञदत्तपुरुषकीअपेक्षाकरिके अधिभूतरूपहै ॥ याप्रकारकीरीति सर्वत्र जानिलेणी॥हेशिष्य ॥सर्वभूतप्राणियोंके उत्पत्तिस्थितिलयकूंकरणेहारा जोयहकालहै ॥ताकालकूंभी सोनारायणदेवही उत्पन्नकरताभयाहै॥इसप्रकार आकाशादिकसर्वजगत्कूंउत्पन्नकरिके सोनारायणदेव सूत्रआत्मारूपकरिके सर्वदेवतावोंकूं उत्पन्नकरताभया ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार सर्वजगत्कूंउत्पन्नकरणेहारा सोनारायणदेव किसीअनिर्वचनीयनिमित्तकरिके आपणेविषेक्रोधकूंप्रगटकरताभया ॥ ताक्रोधकरिके कुटिलहुई जाभृकुटीहै ॥ ताभृकुटीयुक्तआपणेललाटदेशतैं सोनारायणदेव रुद्रभगवान्कूंउत्पन्नकरताभया ॥ अब ध्यानकेवासते तारुद्रभगवान्कास्वरूप वर्णनकरैहैं ॥ हेशिष्य॥ सोरुद्रभगवान्कैसाहै ॥ जारुद्रभगवान्का नीलकंठहै॥तथा जारुद्रके लोहितअंगहैं॥तथा जारुद्रके सूर्य चंद्रमा अग्नि यहतीननेत्रहैं॥तथा जिसरुद्रभगवान्नें त्रिशूलकूंधारणकर्‍याहै ॥ तथा अनेकबलकरिकेसिद्धहोणेहारेजेदुर्घटकर्महैं॥तिनदुर्घटकर्मोंकूंजिसरुद्रभगवान्नेंधारणकर्‍याहै ॥ तथा जिसरुद्रभगवान्केसमान दूसरा कोईहैनहीं॥और जोरुद्रभगवान् तानारायणदेवतैंअभिन्नहै॥याकारणतैं सोरुद्रभगवान् संपूर्णऐश्वर्यकाआधारहै॥तथा संपूर्णधर्मकाआधारहै॥ तथा संपूर्णयशकाआधारहै।तथासंपूर्णश्रीकाआधारहै।तथा संपूर्णज्ञानकाआधारहै।तथासंपूर्णवैराग्यकाआधारहै।तथा संपूर्णसत्यकाआधारहै।

तथा ब्रह्मचर्यकाआधारहै॥तथा ज्ञानकाआधारहै॥तथा इंद्रियोंकेनिग्रहरूपतपकाआधारहै॥तथा संपूर्णवेदशास्त्रोंकाआधारहै॥ऐसे सर्वगुणों केआधाररूप तारुद्रभगवान्तैंही याइंद्रादिकदेवतावोंकूं ऐश्वर्यादिकसर्वगुण प्राप्तहोवे हैं ॥ और यहरुद्रभगवान्ही तिनसर्वदेवतावोंकूं तथासर्वमुनियोंकूं तथासर्वमनुष्योंकूं नानाप्रकारकेविद्याकीप्राप्तिविषे गुरुरूपहैं ॥ और जैसे तूलकीराशि अग्निकेसंबंधकूंप्राप्तहोइके शीघ्रही नाशकूंप्राप्तहोवेहै ॥ तैसे प्रलयकालविषे यहतीनलोकरूपतूल तारुद्ररूपअग्निकूंप्राप्तहोइके शीघ्रही नाशकूंप्राप्तहोवेहै ॥ ऐसारुद्रभगवान् तानारायणदेवकेललाटतैं उत्पन्नहोताभया ॥ और सोसर्वजगत्काद्रष्टारूप नारायणदेव पुनःध्यानरूपतपकूंकरताभया ॥ताध्यानरूपतप करिके श्रमकूंप्राप्तहुए तानारायणदेवकेललाटतैं स्वेदकेबिंदु पतनहोतेभये॥ कैसे हैं तेस्वेदकेबिंदु ॥ यासर्वब्रह्मांडकेतथाब्रह्मांड वर्तीसर्व लोकोंके उत्पन्नकरणेविषेसमर्थहैं ॥ जिनजलकेबिंदुवोंकूं शास्त्रविषे नारा यानामकरिकेकथनकरे हैं ॥ तिनस्वेदरूपजलोंविषे सोनारायण देव आपणेतेजरूपवीर्यकूंपावताभया ॥ कैसाहैसोतेजरूपवीर्य ॥ सुवर्ण केसमानवर्णवालाहै ॥ तथा अत्यंतमनोरमहै ॥ तथा कोटिसूर्यके समान तेजवालाहै ॥ ऐसातेजरूपवीर्य तिनजलोंविषेप्राप्तहोइके अंडकेआकार परिणामकूंप्राप्तहोताभया ॥ और ताअंडकेमध्यविषे ना भिकमलतैं चतुर्मुखब्रह्मा उत्पन्नहोताभया ॥ अब ध्यानकरणे वासते ताब्रह्माकेस्वरूपकावर्णनकरैहैं ॥ हेशिष्य ॥ सोब्रह्माकैसाहै॥ सर्वभूत प्राणियोंका आदिरूपहै ॥ तथा जिनब्रह्माके पूर्व पश्चिम उत्तर दक्षिण याचारिमुखों तैं यथाक्रम तैं गायत्री त्रिष्टुप् जगती अनुष्टुप् यहचा रिप्रकारकेछंद उत्पन्नहोवे हैं ॥ तथा भूःभुवः स्वःमहः यहचारिव्याहृतियां उत्पन्नहोवे हैं ॥ तथा ऋग् यजुष् साम अथर्वण यहचारिवेद उत्पन्नहोवे हैं ॥ इसतैंआदिलेके यहसंपूर्णस्थावरजंगमजगत् ताब्रह्मातैंही उत्पन्नहोताभयाहै॥ ऐसाचतुर्मुखब्रह्माभी तानारायणदेवतैंही उत्पन्नहोताभयाहै ॥ हेशिष्य ॥इसप्रकार सोएकअद्वितीयनारायणदेव आपणीमायाशक्तिकरिके यद्यपिनानाभावकूंप्राप्तहोवे है ॥ तथापि सोनारायणदेव वास्तवतैं नानारूपहैनहीं ॥ किंतु वास्तवतैंतो सोनारायणदेव सर्वभेदतैंरहित एकअद्वितीयरूपही है॥हेशिष्य ॥ याप्रकार केविचारकरिकेभी जभीयहअधिकारीपुरुष तानारायणदेवकूं नहींजानिसकै॥तभीयहअधिकारीपुरुषतानारायणदेवकेध्यानकूंकरै॥सोध्या

नकरणेकाप्रकार याआत्मपुराणकेदशमअध्यायविषे नारायणउपनिषद्केअर्थ निरूपणविषे विस्तारतैंकथनकरिआये हैं॥ताध्यानरूपयोग
करिके यहअधिकारीपुरुष तानारायणदेवकूंसाक्षात्कारकरे ॥ हेशिष्य जो अधिकारीपुरुष श्रद्धाभक्तिपूर्वक यामहोपनिषद्नामग्रंथका
विचारकरे है ॥ सोअधिकारीपुरुष पूर्व अश्रोत्रीहुआभी श्रोत्रीभावकूंप्राप्तहोवे है ॥ इसतैंआदिलेके अनेकप्रकारकामहात्मयाउपनिषद्का
वर्णनकऱ्याहे ॥ जभी यामहोपनिषद्केविचारतैंही महान्फलहोवे है ॥तभी याउपनिषद्केविचारतैं उत्पन्नभयाजोआत्माकासाक्षात्कारहै॥
जिसआत्मसाक्षात्कारकरिके यहकार्यसहितमाया नाशकूंप्राप्तहोवे है ॥ ताआत्मसाक्षात्कारका महान्महात्म्यहै याकेविषेक्याकहणाहै ॥
हेशिष्य॥इसप्रकार तामहोपनिषद्विषे जाब्रह्मविद्या कथनकरीहै ॥ तासंपूर्णब्रह्मविद्या हमनैं तुम्हारेप्रति कथनकरी ॥ अब आत्मप्रबोधना
माउपनिषद्विषे जाब्रह्मविद्या निरूपणकरीहै ॥ साब्रह्मविद्या हम तुम्हारेप्रति कथनकरते हैं ॥ तू सावधानहोइकेश्रवणकर ॥ हेशिष्य ॥
ताआत्मप्रबोधनामाउपनिषद्विषे प्रथम आत्मसाक्षात्काररूपफलकीप्राप्तिवासते दोप्रकारकेउपाय कथनकरे हैं ॥ तहां एकतो प्रणवमंत्र
रूपउपायहै ॥ और दूसरा अष्टाक्षरमंत्ररूपउपायहै ॥ तहां जिसअद्वितीयआनंदस्वरूपआत्माकावाचक प्रणवमंत्रहै ॥ तिसीआनंदस्वरूप
आत्माकावाचक अष्टाक्षरमंत्रभीहै तहां मंत्ररूपवाचकका तथाआत्मारूपवाच्यका श्रुतिनैं अभेदरूपकरिके ध्यानकथनकऱ्याहै ॥ यातैं
याअधिकारीपुरुषनैंभी तावाच्यवाचकका अभेदहीचिंतनकरणा ॥ तहां अकार उकार मकार यातीनवर्णोंकासमुदायरूपजो ओंकारहै ॥
ताओंकारकानाम प्रणवमंत्रहै ॥ और ताप्रणवसहितजो ॥ नमोनारायणाय ॥ यहमंत्रहै ॥ ताकानाम अष्टाक्षरमंत्रहै ॥ यहदोनोंमंत्र याअ
धिकारी पुरुषोंकूं मनवांच्छितफलकीप्राप्तिकरणेहारे हैं ॥ हेशिष्य ॥ जोअधिकारीपुरुष यादोनोंमंत्रोंकाजपकरे है ॥ तथा जोअधिकारी
पुरुष यादोनोंमंत्रोंकरिके देवताओंकापूजनकरे है ॥ तथा जोअधिकारीपुरुष यादोनोंमंत्रोंके अकारादिकमात्रावोंकेसाथ विश्वादिकपादों
काअभेदचिंतनरूपउपासनाकरे है॥ताअधिकारीपुरुषोंकूं संशयविपर्ययतैंरहित ब्रह्मकानिश्चयहोवे है॥तिसतैंअनंतरताअद्वितीयब्रह्मकूंआप
णाआत्मारूपजाणिकरिके सोअधिकारीपुरुष याजन्ममरणरूपसंसारबंधन तैं मुक्तहोवे है ॥ हेशिष्य ॥ यादोनोंमंत्रोंका वाच्यअर्थरूपजो

ब्रह्महै ॥ ताब्रह्मकाजोवास्तव निर्गुणस्वरूपहै॥जोनिर्गुणस्वरूप याकार्यसहितअविद्याकाध्वंसरूपमोक्षका अधिष्ठानहै॥तथा अद्वितीयरूपहै ॥ ऐसेनिर्गुणब्रह्मकूं जबपर्यंत यहअधिकारीपुरुष आपणाआत्मारूपकरिकै साक्षात्कारनहींकरै ॥ तबपर्यंत यहअधिकारीपुरुष ताब्रह्मके सगुणरूपकाध्यानकरै ॥ तासगुणब्रह्मकेध्यानकरिकै याअधिकारीपुरुषकूं सुखेनहीं तानिर्गुणब्रह्मकासाक्षात्कारहोवै है॥हेशिष्य॥यद्यपि श्रुतिस्मृतिआदिकशास्त्रोंविषे तासगुणब्रह्मकास्वरूप ब्रह्मा विष्णु रुद्र सूर्य इत्यादिकभेदकरिकै अनेकप्रकारकावर्णनकऱ्याहै ॥ तथापि नारदादिकमुनियोंनैं अत्यंतआदरपूर्वक जिससगुणस्वरूपकाकथनकऱ्याहै ॥ ताकूं तूं श्रवणकर ॥ हेशिष्य ॥ जैसे काष्ठरूपअरणि अग्निकूं प्रगटकरै है ॥ तैसे यापृथ्वीविषे सर्वब्राह्मणोंकीरक्षाकरणेवासतै ॥ तथातपादिकधर्मोंकीरक्षाकरणेवासतै जोपरमात्मादेवज्योति देवकीवसुदेवतैं आपणेकूंकृष्णरूपकरिकै प्रगटकरताभयाहै ॥ जिसकृष्णभगवान्केताईं अंगिरसगोत्रवाला घोरनामाब्राह्मण संपूर्णविद्या देताभयाहै ॥ तथा जिसकृष्णभगवान्नें अर्जुनकेप्रति तथायशोदामाताकेप्रति आपणाविश्वरूपदिखायाहै ॥ सोकृष्णभगवान्ही सर्व तैं श्रेष्ठहै॥और सोकृष्णभगवान् आपणेस्मरणमात्रकरिकै याजीवोंकेसर्वपापकर्मोंकूंहरणकरै हैं ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती ताकृष्णभगवान्कूं हरि या नामकरिकेकथनकरै है ॥ हेशिष्य ॥ भारतादिकग्रंथोंविषे वेदव्यासनैंभी इसीकृष्णभगवान्काप्रभाव वर्णनकऱ्याहै ॥ तथा भागवतपुराणविषे शुकदेवमुनिनैंभी इसीकृष्णभगवान्काप्रभाव वर्णनकऱ्याहै ॥ तथा दूसरेपुराणोंविषे तथाआगमोंविषे नारदादिकमुनियोंनैंभी इसीकृष्णभगवान्काप्रभाव वर्णनकऱ्याहै ॥ यातैं यहकृष्णभगवान् सर्वतैंश्रेष्ठहै ॥हेशिष्य ॥यद्यपि इंद्रादिकसर्वदेवता याकृष्णभगवान्केहीरूपहैं ॥ तथापि तेसर्वदेवता याकृष्णभगवान्रूपबिंबके प्रतिबिंबरूपहैं ॥ यातैं जैसे यालोकविषे दर्पणादिकउपाधियोंकेनीलपीतादिकधर्म प्रतिबिंबविषेहीप्रतीतहोवै हैं ॥सुखरूपबिंबविषे प्रतीतहोवैनहीं ॥ तैसे यामायारूपउपाधिके कामक्रोधादिकधर्म तिनदेवतारूपप्रतिबिंबोंविषेही प्रतीतहोवै हैं ॥ ताकृष्णभगवान्रूपबिंबविषे तेधर्म प्रतीतहोवैंनहीं ॥ याकारणतैंही किसीदेवताविषेतो कामकीअधिकताहै ॥ और किसीदेवताविषे क्रोधकीअधिकताहै ॥ और किसीदेवताविषे लोभकीअधिकताहै ॥ और किसीदेवताविषेतौ अहंकारादिकदूषणरहे हैं ॥

और याकृष्णभगवान्‌विषे तेकामक्रोधादिकदूषण तीनकालमैंनहीं है ॥ शंका ॥ हेभगवन् ताकृष्णभगवान्‌विषे तेकामक्रोधादिकदूषण नहीं हैं ॥यहवार्त्ता कैसीजानीजावै ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ॥ सोकृष्णभगवान् अर्जुनका सारथिहुआहै ॥ यातें यहजान्याजावैहै ॥ ताकृष्ण भगवान्‌विषे अहंकारनहींहै॥औरसोकृष्णभगवान् दुर्योधनराजाकापरित्यागकरिकैपांडवोंकेपक्षविषेहुवाहै॥यातें यहजान्याजावैहै॥ताकृष्ण भगवान्‌विषे लोभभीनहींहै और सोकृष्णभगवान् आपणेबलभद्रभ्राताके अनेककठोरवचनोंकूं सहनकरताभयाहै ॥ यातें यहजान्याजावैहै ताकृष्णभगवान्‌विषे क्रोधभीनहींहै ॥ और कामकाअवतारजोप्रद्युम्नहै ॥ ताका सोकृष्णभगवान् साक्षात्‌पिताही है॥ पुत्रकाबल पिता ऊपरचलैनहीं ॥ यातें यहजान्याजावैहै ताकृष्णभगवान्‌विषे कामभीनहींहै ॥ और सोकृष्णभगवान् स्कंदकेशक्तिकूं आपणेवामह स्ततैंउठाइकै तास्कंदके ब्रह्मण्यताकेगर्वकूं निवृत्तकरताभयाहै ॥ यातें सोकृष्णभगवान् तीनलोकोंविषे ब्रह्मण्य यासंज्ञाकूंप्राप्तहोता भयाहै ॥ यहवार्त्ता महाभारतविषे स्कंदोपाख्यानविषे विस्तारतैं कथनकरीहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जोपरमात्मादेव सत्यरूपतपकेरक्षणकरणे वासते देवकीकेपुत्रभावकूंप्राप्तभयाहै ॥ तथा जोपरमात्मादेव वेदोंकेरक्षाकरणेवासते हयग्रीवादिकरूपोंकूंधारणकरिकै मधुआदिकदैत्योंकूं हननकरताभयाहै॥तथा जोपरमात्मादेव महादेवकीपूजाविषे आपणेप्रतिज्ञाकेसत्यकरणेवासतेएककमलकेस्थानविषेआपणेनेत्रकूंचढावता भयाहै ॥ तथा जोपरमात्मादेव विष्णुरूपकारिकै आपणेवक्षस्थलविषे भृगुऋषिकेपादकेचिह्नकूंधारणकरताभयाहै ॥ ऐसेपरमात्मादे वकृष्णभगवान्‌तैंविना दूसरा कौनब्रह्मण्यहै ॥ किंतु एककृष्णभगवान्‌हीब्रह्मण्यहै ॥ सर्वतेंउत्कृष्टकानाम ब्रह्मण्यहै ॥ हेशिष्य ॥ सोकृ ष्णभगवान् रूप लावण्य सौभाग्य इत्यादिकगुणोंकेरहणेकास्थानहै ॥ याकारणतैं ताकृष्णभगवान्‌केशरीरविषे विश्वकर्माकीचातुर्यताभी प्रवृत्तहोइसकैनहीं ॥ इहां मुक्ताकेसमान जोअंगोंकीकांतिहै ताकानाम लावण्यहै ॥ और मनोहरताकानाम सौभाग्यहै ॥ हेशिष्य ॥ तिस कृष्णभगवान्‌विषेजिनजीवोंकाचित्त कामादिकबुद्धिकरिकैभी संलग्नभयाहै ॥ तेजीवभी दिव्यलोककूंप्राप्तहोतेभये हैं ॥ तहां व्रजभूमिकी गोपियांतौताकृष्णभगवान्‌विषेकामभावनाकरिकै तादिव्यलोककूंप्राप्तभया है॥और कंसराजा ताकृष्णभगवान्‌कीभयतैंतादिव्यलोककूंप्राप्त

होताभयाहै॥ और शिशुपालादिकराजा ताकृष्णभगवान्केद्वेषतैं तादिवलोककूंप्राप्तहोतेभयेहैं॥और यादव ताकृष्णविषे बांधवबुद्धिकरिके तादिवलोककूंप्राप्तहोतेभयेहैं ॥और अर्जुनादिकपांडव तथाद्रौपदी ताकृष्णभगवान्विषे स्नेहकारिके तादिवलोककूंप्राप्तहोतेभये हैं॥औरनारदादिकमुनि ताकृष्णभगवान्कीभक्तिकारिके तादिवलोककूंप्राप्तहोतेभयेहैं॥इसतैंआदिलेके अनेकजीव ताकृष्णभगवान्के ध्यानतैं तादिवलोककूंप्राप्तभयेहैं ॥ इहां श्रुतिस्मृतियोंविषे ब्रह्मलोकनामकरिकेप्रसिद्ध जोवैकुंठहै ॥ तावैकुंठ कानाम दिवलोकहै ॥ जिस ब्रह्मलोकविषे ब्रह्माकेसाथ परब्रह्मभावकूंप्राप्तहोइके संन्यासी ताब्रह्मलोकतैं पुनःसंसारविषे प्राप्तहोतेनहीं ॥ ऐसेब्रह्मलोकरूपवैकुंठविषे तेकृष्णकेभक्त प्राप्तहोवैहैं ॥ अब ध्यानकरणेवासते ताकृष्णभगवान्कास्वरूप वर्णनकरैहै ॥ हेशिष्य ॥ सोकृष्णभगवान् द्वारकापुरीकेविषे तथामथुरापुरीविषे निवासकरैहै ॥ तथा गोपबालकतारूपकरिके सोकृष्णभगवान् गोकुलादिकस्थानोंविषे निवासकरैहै ॥ और जलयुक्तमेघका जैसाश्यामवर्णहोवैहै ॥ तैसाहीश्यामवर्ण जिसकृष्णभगवान्काहै ॥ तथा सोकृष्णभगवान् अत्यंतशोभायमानहै ॥ और सोकृष्णभगवान् इंद्रनीलमणिकेसमान वर्णवालाहै ॥ तथा जिसकृष्णभगवान्कीशोभा कोटिसूर्यकेसमानहै ॥ और जिसकृष्णभगवान्कीदोनोंभुजा जानुपर्यंतदीर्घ हैं ॥ और जिसकृष्णभगवान्कीग्रीवा शंखकीन्याई तीनरेखावालीहै ॥ और जिसकृष्णभगवान्काहनु महान्है ॥ तथा जिसकृष्णभगवान्केगंडस्थल ऊँचेहैं ॥ तथा जिसकृष्णभगवान्केनेत्र कर्णपर्यंतविस्तारवालेहैं ॥ और जिसकृष्णभगवान्कीनासिका ऊँचीहै तथातीक्ष्णहै ॥ तथा जिसकृष्णभगवान्केओष्ठ रक्तवर्णवालेहैं तथामंदमंदहास्ययुक्तहैं ॥ और जिसकृष्णभगवान्कालल्लाट तथादोनोंकपोल तथादोनोंकर्ण अत्यंतशोभायमानहैं ॥ तथा जिसकृष्णभगवान्केकेश अत्यंतनीलवर्णवालेहैं ॥ और जिसकृष्णभगवान्नें आपणेनखदंतोंकीप्रभाकरिके चंद्रमाकीप्रभाकूंभी जीतलियाहै ॥ और जिसकृष्णभगवान्कावक्षस्थल विशालहै तथा ऊँचाहै तथा भृगुब्राह्मणकेपादकेचिह्नकरिकेशोभायमानहै॥और जिसकृष्णभगवान्केदोनों हस्त तथादोनोंपाद मंडलाकारहैं तथाऊँचेहैं॥ऐसेहस्तपादरूपकमलोंकरिकै शोभायमानहै ॥ औरजिसकृष्णभगवान्के गुल्फ जानु अंश

जावोंकीसंधि इत्यादिकस्थान अत्यंतपुष्टहैं ॥ और जिसकृष्णभगवान्काउदर कृशहै॥ तथा जिसकृष्णभगवान्केहस्तपादादिक अंग पुष्ट हैं॥ तथा जिसकृष्णभगवान्केअंगोंकीरचना वज्रकेसमान सघनहै ॥ तथा जोकृष्णभगवान् षोडशवर्षकी अवस्थावालाहै॥तथा जोकृष्ण भगवान् पीनउन्नतजघनस्थानोंकरिके शोभायमानहै ॥ और जैसे वृक्ष शाखावोंकरिके शोभायमानहोवेंहै ॥ तैसे दोहस्तोंविषे तथादोपादों विषे स्थित जे वर्तुलाकार तथादीर्घ अंगुलिहैं ॥ तिनअंगुलियोंकरिके जोकृष्णभगवान् शोभायमानहै ॥ तथा जो कृष्णभगवान् चारि भुजावोंकरिके शोभायमानहै ॥ तथा जिसकृष्णभगवान्काशरीर महान्है॥ तथा जिसकृष्णभगवान्नें रेशमकेपीतांबरकूं धारणकऱ्याहै ॥ तथा जोकृष्णभगवान् कटीदेशविषेस्थितकांचीभूषणके घंटिकावोंकेमधुरशब्दकरिके शोभायमानहै॥औरअनेकप्रकारकेरत्नोंकरिकेजडित कंकण जिसकृष्णभगवान्केहस्तोंविषेहैं ॥ तथा अनेकरत्नोंकरिकेजडित अंगद जिसकृष्णभगवान्कीभुजावोंविषेहैं ॥ तथा अनेकरत्नों करिकेजडित नूपुर जिसकृष्णभगवान्केपादोंविषेहैं॥तथा अनेकरत्नोंकरिकेजडित जेअंगुलिभूषणहैं॥तेभूषण जिसकृष्णभगवान्के हस्त पादकीअंगुलियोंविषे विराजमानहैं ॥ और ग्रीवाविषेस्थितभूषणसहित कौस्तुभमणिकूं जिसकृष्णभगवान्नें कंठविषेधारणकऱ्याहै ॥ और मुक्तावोंकेहारकूं तथापत्रपुष्पमय वनमालाकूंजिसकृष्णभगवान्नें वक्षस्थलविषे धारणकऱ्याहै ॥ तथा आपणेदोनोंकर्णोंविषे जिसकृष्णभगवान्नें मकराकार कुंडलोंकूं धारणकऱ्याहै॥और मयूरकेपक्षोंकरिकेयुक्त जोसुवर्णरत्नमयमुकुटहै॥तामुकुटकूं जिसकृष्णभगवान्नें आपणेमस्तकविषेधारणकऱ्याहै॥तथा जिसकृष्णभगवान्नें आपणे ललाटविषे केशरकेतिलककूं धारणकऱ्याहै॥और अनेकप्रकारकेरत्नोंकरिके जडित तथाअनेकप्रकारकेपुष्पोंकरिकेयुक्त जासुवर्णमयविचित्ररक्षाहै ॥तारक्षाकूं जिसकृष्णभगवान्नें आपणेमूर्द्धविषेधारणकऱ्याहै ॥ तहां जिसकरिके मस्तककेकेश बांधीतेहैं ताकूंरक्षाकहेहैं॥और जोकृष्णभगवान् तीनलोकवर्तीस्त्रियोंके मनकूं तथानेत्रोंकूं आनंदकीप्राप्तिकरणे हाराहै ॥ और जोकृष्णभगवान् आपणेचारिहस्तोंविषे प्रदक्षिणाक्रमतें शंख गदा पद्म चक्र याचारोंकूंधारणकरेहै ॥ तहांदक्षिणभागके नीचलेहस्तविषेतोशंखकूंधारणकरे है॥ और तादक्षिणभागकेऊपरलेहस्तविषे गदाकूंधारणकरेहै ॥और वामभागकेऊपरलेहस्तविषे पद्मकूं

धारणकरे है ॥ और तावामभागकेनीचलेहस्तविषे चक्रकूंधारणकरे है ॥ और जोकृष्णभगवान् गौवां पृथ्वी ब्राह्मण इनसर्वकेपीडाकूं नाशकरणेहाराहै॥और दैत्योंकेसमान यज्ञादिकधर्मोंका तथादेवताओंका द्रोहकरणेहारे जेअधर्मीराजे हैं॥ तिनराजोंकूं जोकृष्णभगवान् सर्वदा दुःखकीप्राप्तिकरेहैं ॥ और यापृथिवीविषे जिसजिसकालमें धर्मकालोपहोइजावे है ॥तथा अधर्मकीवृद्धिहोवेहै ॥तिसतिसकालविषेय हदेवकीकापुत्र कृष्णभगवान् धर्मात्मापुरुषोंकीरक्षाकरणेवासतै तथादुष्टजनोंकेनाशकरणेवासते यापृथिवीविषे अवतारकूंधारणकरेहै॥यह वार्त्ता श्रीगीताविषे कृष्णभगवान्नें आपहीकहीहै॥तहांश्लोक ॥परित्राणायसाधूनांविनाशायचदुष्कृतां ॥ धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामियुगे युगे॥अर्थयह॥धर्मात्मापुरुषोंकेरक्षाकरणेवासतेतथापापात्माजीवोंकेनाशकरणेवासते मैंकृष्णभगवान्युगयुगविषे अवतारकूंधारणकरौंहूं १॥ और यहकृष्णभगवानही साक्षात् नारायणरूपहै ॥ तथा सर्वदेवतावोंका आत्मारूपहै ॥ और सोप्रणवमंत्र तथाअष्टाक्षरमंत्रभी याकृष्ण भगवान्केस्वरूपकूंही प्रतिपादनकरेहै ॥ यातैं यहकृष्णभगवान् सर्वसगुणरूपोंतैंश्रेष्ठहै ॥ हेशिष्य ॥ याअधिकारीपुरुषकूं जबपर्यंत तानिर्गुणब्रह्मकासाक्षात्कारनहींहोवै॥तबपर्यंत यहअधिकारीपुरुष पूर्वउक्तवस्त्रभूषणादिकोंसहित ताकृष्णभगवान्काध्यानकरै॥ हेशिष्य ॥ हृदयकमलविषेस्थित तथासूर्यमंडलविषेस्थित तथागोकुलादिकस्थानोंविषे स्थित तथापूर्वउक्तलीलादिकगुणोंकरिकेयुक्त जोकृष्णभगवान्है॥सोकृष्णभगवान् जभी याअधिकारीपुरुषकेचित्तविषे प्रयत्नतैंविनाही सर्वदा प्रतीतहोवेहै॥तभी जैसे दीपकघटादिकपदार्थोंकेप्रकाशकाहेतुहोवेहै॥तैसे सोकृष्णभगवान्भी आपणेनिर्गुणस्वरूपके साक्षात्कारविषे हेतुहोवेहै ॥हेशिष्य॥यहअधिकारीपुरुष ताकृष्णभगवान्के ध्यानतैं शुद्धअंतःकरणवालाहोइके जिसनिर्गुणब्रह्मकूंआपणाआत्मारूपकरिके साक्षात्कारकरेहै॥सोनिर्गुणब्रह्मकैसाहै॥सर्वभूतोंकेअंतरस्थितहै॥तथा सर्वजगत्काकारणहै॥तथा उत्पत्तिनाशतैंरहितहै॥तथा सर्वशोकमोहादिकोंतैं रहितहै॥ऐसेब्रह्मकूं आपणाआत्मारूपजाणिके यह विद्वान्पुरुषभी तिसीप्रकारकाहोवेहै॥यातैं श्रीकृष्णभगवान्केध्यानकरणेहारा योगीपुरुष पुनःसंसारदुःखोंकूं नहींप्राप्तहोवेहै ॥ यहजोवचन श्रुतिविषेकथनकर्याहै सोयथार्थहीहै॥हेशिष्य॥याअधिकारीपुरुषनें जबपर्यंत ताकृष्णभगवान्केध्यानकरिके तानिर्गुणब्रह्मकूंआपणाआत्मा

रूपकरिकेनहींजान्याहै ॥ तबपर्यंतही याअधिकारीपुरुषकूं यहद्वैतप्रपंच प्रतीतहोवै है॥और यहअधिकारीपुरुष जभी ताकृष्णभगवान्के ध्यानतैं तानिर्गुणब्रह्मकूं आपणाआत्मारूपकरिकेजाणै है॥ तभी याअधिकारीपुरुषकूं सोद्वैतप्रपंच प्रतीतहोवैनहीं॥किंतु जैसे रज्जुकेज्ञानतैंअनंतर कल्पितसर्प रज्जुरूपहीहोवै है ॥ तैसे ताअद्वितीयब्रह्मकेज्ञानतैंअनंतर यहद्वैतप्रपंचभी अद्वितीयब्रह्मरूपहीहोवै है ॥ अब भेददर्शनविषे अनर्थकीकारणता दिखावै हैं ॥ हेशिष्य ॥ ऐसेअद्वितीयनिर्गुणब्रह्मविषे जोपुरुष भेदकूंदेखै है ॥ सोभेददर्शीपुरुष अनेकवार संसारकूंप्राप्तहोवै है ॥ तथा अनेकवार जन्ममरणादिकदुःखोंकूंप्राप्तहोवै है ॥ हेशिष्य ॥ जैसे निर्गुणब्रह्मविषे सोभेदवास्तवतैंनहीं है ॥ तैसे मायाविशिष्टसगुणब्रह्मविषेभी सोभेद वास्तवतैंनहींहै ॥ काहेतैं जैसे मृत्तिकाकेकार्य घटशरावादिकतामृत्तिकारूपकारणतैं भिन्ननहीं हैं ॥ तैसे ताब्रह्मकाकार्यरूपयहजगत्भी ताब्रह्मरूपकारणतैंभिन्ननहीं है ॥ यातैं सगुणब्रह्मविषे तथानिर्गुणब्रह्मविषे सोभेद वास्तवतैं हैनहीं ॥ ऐसेअद्वितीयब्रह्मविषे जोपुरुष भेदकूंदेखैहै ॥ सोभेददर्शीपुरुष अत्यन्तदारुणदुःखकूंप्राप्तहोवै है ॥ यहजोश्रुतिनैंकह्याहै ॥ सोयथार्थकह्या है ॥ हेशिष्य ॥ विपरीतदर्शीपुरुषकूं अनर्थकीप्राप्तिहोवै है यहवार्ता केवलश्रुतिप्रमाणतैंहो सिद्धनहीं है ॥ किंतु यहवार्ता सर्वलोकोंकेअनुभवकरिकेभीसिद्धहै॥काहेतैंयालोकविषे जोभ्रांतपुरुषविषकूं अमृतजाणिके ताविषकूंभक्षणकरैहै॥सोविपरीतदर्शीपुरुष मृत्युकूंहीप्राप्तहोवै है॥और जोभ्रांतपुरुष अग्निकूं जलरूपजाणिके ताअग्निविषेप्रवेशकरै है ॥ सोविपरीतदर्शीपुरुष दाहकूंही प्राप्तहोवै है॥ और जैसे विषविषे अमृतबुद्धिकरणी तथाअग्निविषे जलबुद्धिकरणी यहदोनों विपरीतदृष्टिहैं ॥ तैसे सर्वद्वैततैंरहितअद्वितीयब्रह्मविषे द्वैतबुद्धिकरणी यहभी विपरीतदृष्टिही है ॥ ऐसेद्वैतदर्शनरूप विपरीतदृष्टि तैं यापुरुषकूं जोवारम्वार जन्ममृत्युकीप्राप्तिहोवैहै ॥ सोकोई अनुचितवार्त्तानहीं है ॥ काहेतैं यालोकविषे यहजीव जैसा जैसाबीज बोवै हैं ॥ तैसेही फलकूंप्राप्तहोवै हैं ॥ जैसे नीमकेबीजबोये तैं नीमकेफलोंकूंहीप्राप्तहोवै हैं ॥ आम्रफलोंकूंप्राप्तहोवैनहीं॥तैसे अद्वितीयआत्माविषेभेददृष्टिकरिकै सोपुरुष वारम्वार जन्ममृत्युकूंहीप्राप्तहोवैहै॥मोक्षकूंप्राप्तहोवैनहीं॥तात्पर्ययह॥गौणआत्मामिथ्याआत्मामुख्यआत्मा यहतीनप्रकारकाआत्माहोवै है॥तहां पुत्रादिकपदार्थगौणआत्माहै॥और शरीर मिथ्याआत्मा

है॥ और साक्षीकूटस्थ मुख्यआत्माहै ॥ तहां जोकोईपुरुष किसीजीवकेपुत्ररूपगौणआत्माकाहननकरे है ॥ अथवा किसीजीवकेशरीर रूप मिथ्याआत्माकाहननकरे है ॥ तिसहननकरणेहारेपुरुषकूं राजादिक महान्ताडनाकरैहैं ॥ जभी गौणआत्माके तथामिथ्याआत्माके हननकरणेहारापुरुषभी राजादिकोंकेताडनाकूंप्राप्तहोवे है ॥ तभी साक्षीकूटस्थरूपमुख्यआत्माकूं भेददृष्टिरूपशस्त्रकरिकेहननकरणेहारा पुरुष बारम्बार जन्ममृत्युकूंप्राप्तहोवे है याकेविषे क्याकहणाहै ॥ यहवार्त्ता अन्यशास्त्रविषेभीकहीहै ॥ तहां श्लोक ॥अन्यथासंतमात्मानम न्यथायोऽभिमन्यते ॥ किंतेननकृतंपापं चौरेणात्मापहारिणा॥ अर्थयह॥अद्वितीय सत् चित् आनंद व्यापक आत्माकूं जोपुरुषद्वैत असत् जड दुःख परिच्छिन्न रूपकरिकेमाने है ॥ सोपुरुष आपणेआत्माकाही हननकरणेहाराहै ॥ ऐसे आत्महत्यारेचोरपुरुषनैं यालोकविषेकौन पापनहींकरे॥किंतुसंपूर्णपापकर्म तापुरुषनैंकरे ॥१॥ यातैंयाअधिकारीपुरुषों नैं ताअद्वितीयआत्माविषे कदाचित्भी भेददृष्टिनहींकरणी हेशिष्य॥याजीवोंकेहृदयकमलविषेविराजमान सर्वभेदतैंरहिततथासर्वबुद्धिकाप्रकाशक तथासर्वजगत्काआधाररूपतथासूर्यादिकसर्वप्रका शोंकाकारण ऐसाजो आनंदस्वरूपअद्वितीयकृष्णभगवान्है॥ताकृष्णभगवान्कूं जोअधिकारीपुरुष मैंकृष्णरूपहूं याप्रकारआपणाआत्मा रूपकरिकेजाने है ॥ सोअधिकारीपुरुष किंचित्मात्रभी संसारदुःखकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ यातैं ऐसेजीवब्रह्मकेअभेदज्ञानकूं याअधिकारीपुरुष नैं अवश्यकरिके संपादनकरणा ॥ हेशिष्य ॥ याआत्मपुराणकेप्रथमअध्यायविषे ऐतरेयउपनिषद्केअर्थनिरूपणविषे जोआत्मा प्रज्ञारूप करिकेकथनकऱ्याथा॥ सोईहीआत्मा याऐतरेयशाखाविषेस्थितआत्मप्रबोधनामाउपनिषद्विषे प्रज्ञानेत्र यानामकरिकेकथनकऱ्याहै॥जैसे याजीवोंकेनेत्र बाह्यसर्वव्यवहारकीसिद्धिकरे हैं॥तैसे याआत्मादेवका ज्ञानरूपप्रज्ञानेत्रभी सर्वव्यवहारोंकीसिद्धिकरेहै॥यातैं याआत्मादेवकूं श्रुतिभगवती प्रज्ञानेत्र यानामकरिकेकथनकरे है ॥ हेशिष्य ॥ जाचैतन्यरूपप्रज्ञा यासर्वजगत्काआधारहै ॥ तथा जिसप्रज्ञाविषे यासर्वज गत्कीस्थितिरूप प्रतिष्ठाहै ॥ तात्वंपदार्थरूपप्रज्ञाकूं ॥ प्रज्ञानमानंदंब्रह्म ॥ इत्यादिकमहावाक्य ब्रह्मरूपकरिकेकथनकरे हैं॥हेशिष्य ॥ता प्रज्ञाप्रतिष्ठारूपब्रह्मकूं यहअधिकारीपुरुषजभीआपणाआत्मारूपकरिके साक्षात्कारकरेहै॥तभी देहादिकअनात्मपदार्थोंविषेआत्मबुद्धिरूप

अविद्याकापरित्यागकरिके यहअधिकारीपुरुष ताब्रह्मभावकूंहीप्राप्तहोवैहै ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार ताअद्वितीयआत्माकेविचार करणेहारापुरुष जोकदाचित् विषयोंविषेरागवान्होवैहै ॥ तो तिसपुरुषकूं तारागरूपप्रतिबंधकेवशतैं यद्यपि इसजन्मविषे ताआत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ तथापि सोरागवान्पुरुष ब्रह्मलोकविषेजाइके तहां नानाप्रकारकेदिव्यभोगोंकूंभोगिके ताब्रह्माकेसाथ परब्रह्मभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और सोअधिकारीपुरुष जोविषयरागतैंरहितहोवैहै ॥ तो इसीजन्मविषे ताब्रह्मकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातैं याअधिकारीपुरुषनैं ताविषयरागकापरित्यागकरिके ताआत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिवासतै दृढप्रयत्नकरणा ॥ हेशिष्य॥जिसअद्वितीयब्रह्मविषे स्वप्रकाशप्रज्ञारूपज्योति तथा निरतिशयआनंद स्वरूपभूतहोइके सर्वदा स्थितहोवैहै ॥ ताअद्वितीयब्रह्मकी प्राप्तिवासते यहअधिकारीपुरुष ताकृष्णभगवान्की याप्रकार प्रार्थनाकरे ॥ हे वासुदेवस्वरूपकूंधारणकरणेहारा कृष्णभगवान् ॥ हे देवकीमाताकेनेत्रोंकूं आनंदकीप्राप्तिकरणेहारा कृष्णभगवान् ॥ हे वसुदेवकेपुत्रकृष्णभगवान् ॥ मैं अधिकारीजन तुम्हारेशरणकूंप्राप्तभयाहूं ॥ यातैं मैं अधिकारीजनकूं आपणेवास्तवनिर्गुणस्वरूपकी प्राप्तिकरो ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार यहअधिकारीपुरुष जभीताकृष्णभगवान्कीप्रार्थनाकरैहै ॥ तभी याअधिकारीपुरुषकेताईं सोकृष्णभगवान् वेदांतकेअर्थधारणकरणेविषेसमर्थ बुद्धिरूपमेधाकी प्राप्तिकरैहै ॥ ताशुद्धबुद्धिकरिके याअधिकारीपुरुषकूं गुरुशास्त्रकेउपदेशतैं मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकेआत्मज्ञानकीप्राप्तिहोवैहै ॥ ताआत्मज्ञानकेप्रभावतैं याअधिकारीपुरुषके जन्ममरणादिकसर्वदुःख निवृत्तहोवैहै ॥ यातैं याअधिकारीपुरुषनैं ताकृष्णभगवान्की प्रार्थना तथाध्यान अवश्यकरिकैकरणा ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार आत्मप्रबोधनामाउपनिषद्विषे जाब्रह्मविद्या कथनकरीहै ॥ सासंपूर्णब्रह्मविद्या हमनैं तुम्हारेप्रति कथनकरी ॥ अब कैवल्यउपनिषद्विषे जाब्रह्मविद्या कथनकरीहै ॥ साब्रह्मविद्या हम तुम्हारेप्रति कथनकरतेहैं ॥ तूं सावधानहोइकेश्रवणकर ॥ हेशिष्य पूर्व ऋग्वेदकाआचार्य एक आश्वलायननामाऋषि होताभयाहै ॥ सोआश्वलायननामाऋषि एककालविषे ब्रह्मविद्याकेप्राप्तिकीइच्छाकरिके ब्रह्माजीकेसमीप जाताभया ॥ ताब्रह्माकेसमीपजाइके सोआश्वलायननामाऋषि याप्रकारकाप्रश्न करताभया ॥ आश्वलायनउवाच ॥ हेभगवन् ॥ जाब्रह्मविद्यासर्वविद्याओंतैंश्रेष्ठ

है ॥ तथा शमदमादिकसाधनोंयुक्त विद्वान्पुरुष आपणेहृदयकमलविषे जिसब्रह्मविद्याकूं सर्वदा सेवनकरे हैं ॥ तथा जाब्रह्मविद्या विषयास क्तअनधिकारीपुरुषोंकेताईं नहींदेणेयोग्यहै ॥ तथा जिसब्रह्मविद्याकेप्रभावतैं यहविद्वान्पुरुष सर्वपापोंकापरित्यागकरिके परब्रह्मभावकूं प्राप्तहोवैहैं ॥ ऐसीब्रह्मविद्याकूं आप भलीप्रकारजाणतेहो ॥ यातैं साब्रह्मविद्या हमारेताईं आपकृपाकरिके उपदेशकरो ॥ हेशिष्य ॥ इस प्रकार जभी ताआश्वलायनऋषिनैं ब्रह्माकेप्रति प्रश्नकऱ्या ॥ तभी सोब्रह्मा ताआश्वलायनऋषिकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ ब्रह्माउवाच ॥ हेआश्वलायन ॥ जिसअधिकारीपुरुषकी गुरुशास्त्रकेवचनोंविषे आस्तिक्यबुद्धिरूपश्रद्धाहै ॥ तथा जिसअधिकारीपुरुषकी ब्रह्मउपदेष्टागुरुविषे परमभक्तिहै ॥ तथा जोअधिकारीपुरुष ब्रह्माकारवृत्तिरूपध्यानकरिकेयुक्तहै ॥ सोअधिकारीपुरुषही ब्रह्मज्ञानकूंप्राप्तहोवैहै ॥ श्रद्धा भक्ति ध्यान यातीनोंतैंरहितपुरुषकूं ताब्रह्मज्ञानकी प्राप्तिहोवैनहीं ॥ यातैं अन्वयव्यतिरेककरिके श्रद्धा भक्ति ध्यान यहतीनोंही ताब्रह्मज्ञानकेसाधनहैं ॥ हेआश्वलायन ॥ जैसे श्रद्धा भक्ति ध्यान यहतीनों ब्रह्मज्ञानकेसाधनहैं ॥ तैसे संन्यासआश्रमभी ताब्रह्मज्ञानकासाधनहै ॥ काहेतैं याअधिकारीपुरुषोंकूं अग्निहोत्रादिक श्रौतस्मार्त्तकर्मोंकरिकेभी ताब्रह्मज्ञानकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ तथा याअधिकारीपुरुषोंकूं पुत्रपौत्रादिकप्रजाकरिकेभी ताब्रह्मज्ञानकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ तथा याअधिकारीपुरुषोंकूं कर्मउपासनारूपदैवधनकरिके तथासुवर्णादिरूपमानुषधनकरिकेभी ताब्रह्मज्ञानकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ किंतु एकत्यागरूपसंन्यासआश्रमकरिकेही याअधिकारीपुरुषोंकूं ताब्रह्मज्ञानकीप्राप्तिहोवैहै ॥ हेआश्वलायन ॥ कर्म प्रजा धन यातीनोंकरिके जोकदाचित् सोब्रह्मज्ञान उत्पन्नभीहोवैहै ॥ तौभी सोब्रह्मज्ञान परोक्षहीहोवैहै॥ अपरोक्षहोवैनहीं ॥ केवलसंन्यासआश्रमकरिकेही याअधिकारीपुरुषोंकूं ताअपरोक्षज्ञानकीप्राप्तिहोवै है ॥तहांश्रुति ॥ नकर्मणा नप्रजया धनेन त्यागेनैके अमृतत्वमानशुः ॥ अर्थयह ॥ कर्मोंकरिके तथापुत्रादिकप्रजाकरिके तथासुवर्णादिकधनकरिके अमृतभावकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ किंतु पूर्वविद्वान्पुरुष कर्म प्रजा धन यातीनोंकेत्यागरूपसंन्यासकरिकेही ताअमृतभावकूंप्राप्तहोतेभयेहैं ॥ १ ॥ अब याहीअर्थकूंस्पष्टकरिकेनिरूपणकरे हैं॥ हेआश्वलायन ॥ यहआनंदस्वरूपब्रह्म स्वर्गलोकतैंपरहुआभी अमृतरूपहै ॥ तथा सो

ब्रह्म सर्वजीवोंकेहृदयरूपगुहाविषेस्थितहै ॥ यातें स्वयंप्रकाशरूपहै॥ऐसे स्वप्रकाशनित्यअपरोक्षब्रह्मका जोपरोक्षरूपकरिकेज्ञानहै ॥ सो ज्ञान भ्रांतिरूपहै ॥ताभ्रांतिज्ञानतैं मोक्षकीप्राप्तिहोवेनहीं ॥ किंतु अपरोक्षब्रह्मज्ञानतैंही मोक्षकीप्राप्तिहोवे है ॥ ऐसेब्रह्मकेअपरोक्षज्ञानकूं सर्वप्रतिबंधतैंरहित संन्यासीही प्राप्तहोवे हैं ॥ इतरपुरुष ताअपरोक्षज्ञानकूंप्राप्तहोवेनहीं ॥ हेआश्वलायन ॥ जेसंन्यासी ब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतैं वेदांतवचनोंकाश्रवणकरिके तिनवचनोंका अद्वितीयब्रह्मविषे तात्पर्यनिश्चयकरे हैं ॥ तथा जेसंन्यासी ताश्रवणकरेहुएअर्थका वारंवार मननकरे हैं तथा तामननकऱ्येहुएब्रह्मविषे निरंतर चित्तकेवृत्तियोंकाप्रवाहरूप निदिध्यासनकरे हैं ॥ तिनसंन्यासियोंकूं जोकदाचित् ब्रह्मलोककेप्राप्तिकीइच्छारूप प्रतिबंधहोवे है ॥ तो तेसंन्यासी इसशरीरविषे ताब्रह्मज्ञानकूं प्राप्तहोवेनहीं ॥ किंतु तेसंन्यासी याशरीरकापरित्यागकरिके ताब्रह्मलोकविषेजाइके ताब्रह्मज्ञानकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ और जिनसंन्यासियोंकूं ताब्रह्मलोककेप्राप्तिकीइच्छानहींहै ॥ तेसंन्यासीतो इसीजन्मविषे ताब्रह्मज्ञानकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ और हेआश्वलायन ॥ तेसंन्यासी जभी ब्रह्मलोकविषेजावेहैं ॥ तभी तिनसंन्यासियोंकूं तिसीजानेकालविषेही ताब्रह्मज्ञानकीप्राप्तिहोवेनहीं ॥ किंतु जभी ताहिरण्यगर्भरूपब्रह्माके आयुषकीसमाप्तिहोवे है ॥ तभीहीतेसंन्यासी ब्रह्माकेसाथ परब्रह्मभावकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ यातें ताब्रह्मलोककेप्राप्तिकीइच्छाकापरित्यागकरिके यहअधिकारीपुरुष ताब्रह्मभावकीप्राप्तिवासते याप्रकारकायोगकरे ॥ तहां यहअधिकारीपुरुष किसीएकांतनिर्मलदेशविषे प्रथमदर्भोंकूंबिछावे ॥ तिनदर्भोंऊपर मृगचर्मबिछावे ॥ तामृगचर्मऊपर वस्त्रबिछावे ॥ ऐसेआसनऊपर पद्मादिकआसनकूंबांधिकरिकेस्थितहोवे॥और शास्त्रकीरीतिसें अंतरशौचकूं तथाबाह्यशौचकूंकरिके तथाश्रमतैंरहितहोइके सोयोगीपुरुष आपणेमस्तककूं तथाग्रीवाकूं तथा शरीरकूं दंडकीन्याईं सूधाराखे ॥ इसप्रकार आसनकूंदृढकरिके सोयोगीपुरुष नेत्रादिकबाह्यइंद्रियोंका तथामनरूपअंतरइंद्रियका निरोधकरे ॥ तथा आपणेगुरुकूं श्रद्धाभक्तिपूर्वक नमस्कारकरे ॥ तिसतेअनंतर सोयोगीपुरुष पंचछिद्रयुक्तहृदयकमलकाध्यानकरे ॥ कैसाहैसोहृदयकमल ॥ सूर्य चंद्रमा अग्नि यातीनोंकरिकेयुक्तहै ॥ तथा रागद्वेषादिकराजसधर्मोंतैंरहितहै॥तथा मोहादिकतामसधर्मोंतैंरहितहै ॥ ऐसे हृदयकमलकाध्यानकरिके सोयोगीपुरुष ताहृदय

कमलविषे निराकारब्रह्मकाध्यानकरे ॥ केसाहेसोनिराकारब्रह्म ॥ सर्वदुःखोंतेंरहितहे ॥ तथा अद्वितीयआनंदस्वरूपहे ॥ तथा मनवाणीक
रिकेअचिंत्यहे ॥ तथा शब्दस्पर्शादिकगुणोंतेंरहितहे ॥ तथा जन्मतेंरहितहे ॥ तथा शिवरूपहे ॥ तथा मायातेंरहितहे ॥ तथा देशका
लवस्तुपरिच्छेदतेंरहितहे ॥तथा श्वासोंकीन्याई विनाहीप्रयत्नतें चारवेदोंकूंउत्पन्नकरणेहाराहे ॥ तथा जन्ममरणादिकविकारोंतेंरहितहे ॥
तथा एकअद्वितीयरूपहे ॥ तथा स्वयंज्योतिरूपहे ॥ तथा सर्वशक्तिसंपन्नहे ॥ तथा रूपादिकगुणोंतेंरहितहे ॥ तथा आश्चर्यकरणेहाराहे
॥ इसप्रकार तानिर्गुणब्रह्मकाध्यान सोयोगीपुरुषकरे॥ तानिर्गुणब्रह्मकेध्यानतें तायोगीपुरुषकूं सुखेनहीं तानिर्गुणब्रह्मकासाक्षात्कारहोवे हे
॥ और हेआश्वलायन ॥ जिसअधिकारीपुरुषकाचित्त तानिर्गुणब्रह्मकेध्यानकरणेविषे समर्थनहींहोवे ॥ सोअधिकारीपुरुष ताहृदयकमल
विषे याप्रकार सगुणब्रह्मकाध्यानकरे ॥ केनउपनिषद्विषे जाउमानामादेवी ब्रह्मविद्यारूपकरिके वर्णनकरीहे ॥ सारूपयौवनअवस्थासंप
न्न उमादेवीजिसपरमेश्वरकी स्त्रीरूपकरिकेस्थितहे ॥ केसीहेसाब्रह्मविद्यारूपउमादेवी ॥यालोकविषे नानाप्रकारकेजातिवाली जेस्त्रियां हैं॥
तिनसर्वस्त्रीरूपप्रतिबिंबोंका जाउमादेवीबिंबरूपहे॥तथा जाउमादेवी सर्वशक्तिरूपहे ॥ तथा जाउमादेवी महदादिकसर्वतत्वरूपहे ॥ और
जिसउमादेवीकेअनुग्रहकरिके इंद्रादिकदेवता तथामनुष्यादिकजीव स्वर्गादिकोंकूंप्राप्तहोवे हैं॥तथा मोक्षकूंप्राप्तहोवे हैं॥तथा इसलोकविषे
नानाप्रकारकेसुखोंकूंप्राप्तहोवे हैं॥और जगत्कीउत्पत्तिरूप जोब्रह्माकाकर्म हे॥तथाजगत्कीस्थितिरूप जोविष्णुकाकर्म हे॥तथा जगत्का
संहाररूप जोरुद्रकाकर्म हे॥तथा इंद्रादिकदेवताओंका जोनानाप्रकारका ऐश्वर्य हे॥तेसंपूर्ण जगत्केउत्पत्तिस्थितिआदिककर्म जिसउमा
देवीकेकृपाकटाक्षोंतें उत्पन्नहोवे हैं ॥ और जिसउमादेवीके क्रूरकटाक्षों तें तिनसंपूर्णोंकानाशहोवे हे ॥ और जिसउमादेवीकेदोनोंस्तन
पीनउन्नतहैं ॥ तथा जिसउमादेवीके जघनस्थान विशालहैं ॥ तथा जिसउमादेवीकामुख चंद्रमाकेसमानहे ॥ तथा जिसउमादेवीके
दोनोंनेत्र मीनकेसमानचंचलहैं ॥ तथा जिसउमादेवीकेकेश भ्रमरकेसमान श्याम हैं॥ तथा जिसउमादेवीकेसर्वअंग सुंदरहैं ॥
तथा जाउमादेवी महादेवकेधैर्यकूं हरणेहारीहे ॥ और जाउमादेवी विचित्रकांचीसूत्रकरिके शोभायमान हे ॥ तथा जा

उमादेवीनानाप्रकारकेरत्नोंकरिकेजडित कंकण अंगद नूपुर करिकेशोभायमानहै॥तथा जाउमादेवी मुक्तादिकरत्नोंकरिकेजडितहारोंकरिके तथाकंठकेभूषणोंकरिके शोभायमानहै ॥ तथा जाउमादेवी नानाप्रकारकेरत्नोंकरिकेजडित विचित्रमुकुटकरिके तथाकुंडलादिकभूषणों करिके शोभायमानहै ॥ तथा जिसउमादेवीकास्वरूप उपमानतैंरहितहै ॥ तथा जाउमादेवी भूषणोंकूंभीभूषितकरणेहारी है ॥ तथा जाउमादेवी सर्वजगत्काकारणरूपकरिके अनादीहुईभी षोडशवर्षकी अवस्थावालीहै ॥ ऐसीउमादेवीकेसहितविराजमान तथाताउ मादेवीकापति जोश्रीमहादेवहैं॥सोमहादेवकेसेहैं॥ताउमादेवीतैंभी अधिकगुणवालेहैं॥तथा जोमहादेव ब्रह्मादिकसर्वदेवतावोंकाप्रभुहै॥ तथा जोमहादेव नानाप्रकारकेभूषणोंकरिके शोभायमानहै ॥ तथा जोमहादेव व्याघ्रकेचर्मरूपीवस्त्रोंकूं धारणकरणेहाराहै ॥ अथवा दिशारूपी वस्त्रोंकूंधारणकरणेहाराहै ॥ तथा जिसमहादेवकेसर्वअंग भस्मकरिकेयुक्तहैं ॥ तथा जोमहादेव ब्रह्माकेमस्तकोंकोमालाकरिके शोभा यमानहै ॥ तथा जिसमहादेवकाललाटस्थल द्वितीयाकेचंद्रमाकरिके शोभायमानहै ॥तथाजिसमहादेवने आपणीजटाओंविषे श्रीगंगाजीकूं धारणकर्‍याहै॥तथा जिसमहादेवकामुख मंदमंदहास्यकरिके युक्तहै तथा जिस महादेवकाशरीर गोकेक्षीरसमान उज्ज्वलहै॥तथाजिसमहादे वकाशरीर कोटिकंदर्पकेसमान सुंदरहै ॥ तथा जिसमहादेवकेशरीरकीप्रभा कोटिसूर्यकेसमानहै ॥ तथा जोमहादेव यासर्वजगत्के उत्पत्ति स्थितिलयका कारणहै तथा जोमहादेव आप उत्पत्ति स्थिति लयतैं रहितहै॥तथा जिसमहादेवका मुखरूपकमल पूर्णिमाकेचंद्रसमान सुंदरहै ॥ तथा जिसमहादेवके सूर्य चंद्रमा अग्नि यहतीनोंनेत्र अत्यंत तेजस्वी हैं ॥ तथा जिसमहादेवके सर्वअंग सुंदरहैं ॥ तथा जिसमहादेवकीग्रीवाशंखकीन्याई तीनरेखावोंकरिकेयुक्तहै ॥ तथा जोमहादेव आपणीशोभाकरिके जीवोंकेमनकूंहरणेहाराहै ॥ तथाजिसमहादेवकीदोनोंभुजा जानुपर्यंत दीर्घ हैं ॥ तथा जिसमहादेवका शेषनाग यज्ञोपवीतरूपहै ॥ तथा जोमहादेव पद्म आसनकूंबांधिके तथानासिकाकेअग्रभागविषे दृष्टिदेके स्थितहै ॥ और जिसमहादेवकी ईशान तत्पुरुष अघोर सद्योजात वामदेव यह पंचमूर्तिहैं॥तथा जोमहादेव तिनपंचमूर्तिकरिके यथाक्रमतैं याजगत्को उत्पत्ति स्थिति संहार प्रवेश अनुग्रह यापंचकार्योंकोसिद्धिकरेहै॥

तथा जोमहादेव सनकादिकमुनियोंकाभी गुरुरूपहै॥तथा जोमहादेव स्वयंज्योतिस्वरूपहै ॥ तथा अद्वितीयआनंदस्वरूपहै॥और समष्टि स्थूलप्रपंचकूं उत्पन्नकरणेहारा तथादेवतामनुष्यादिकोंकूं आपणीआज्ञाविषेचलावणेहारा जोहिरण्यगर्भभगवान्है ॥ सोहिरण्यगर्भभगवान्भी जिसमहादेवतैं उत्पन्नभयाहै ॥ तथा जोमहादेव यासर्वविश्वकाईश्वरहै ॥ तथा जोमहादेव आपणेस्मरणमात्रकरिकै भक्तजनोंके सर्व पापोंकूंनाशकरणेहाराहै ॥ ऐसे उमादेवीसहित नीलकंठमहादेवका सोयोगीपुरुष ताआपणेहृदयकमलविषे ध्यानकरै ॥ अथवा सोयोगीपुरुष ताउमादेवीसहित महादेवका सूर्यमंडलविषेध्यानकरै ॥ अथवा सोयोगीपुरुष तामहादेवका अग्निविषेध्यानकरै ॥ अथवा सोयोगीपुरुष तामहादेवका चंद्रमंडलविषेध्यानकरै ॥ अथवा सोयोगीपुरुष तामहादेवका कैलासादिकपर्वतोंविषे ध्यानकरै ॥ हे आश्वलायन ॥इसप्रकार ताउमादेवीसहित महादेवरूपसगुणब्रह्मकेध्यानकरिकै जभी तायोगीपुरुषकामन स्थिरताकूंप्राप्तहोवै है ॥ तभी सोयोगीपुरुष सुखेनही तानिर्गुणब्रह्मकूं आपणाआत्मारूपकरिकै साक्षात्कारकरै है ॥ कैसाहैसोनिर्गुणब्रह्म मायाशक्तिकूंअंगीकार करिकै यासर्वजगत्काकारणहै ॥ तथा मनवाणीका अविषयहै ॥ तथा अज्ञानरूपतमतैंपरहै॥तथा ताअज्ञानरूपतमतैंरहितहै ॥ तथा बुद्धिआदिकसर्वप्रपंचकासाक्षीरूपहै ॥ तथा बुद्धिआदिकों तैं रहितहै ॥ ऐसेअद्वितीयनिर्गुणब्रह्मकूं सोयोगीपुरुष आपणाआत्मारूपकरिकैजानैहै ॥ अब तानिर्गुणब्रह्मविषे अद्वितीयरूपता स्पष्टकरिकैनिरूपणकरैहैं ॥ हेआश्वलायन ॥ जिसब्रह्मकूं उमादेवीसहित सगुणरूपकरिकैवर्णनकऱ्याहै ॥ सोसगुणब्रह्म निर्गुणब्रह्मतैंभिन्ननहीं है ॥ किंतु उपाधिकेपरित्यागकियेतैं सोसगुणब्रह्मही निर्गुणब्रह्मरूपहै ॥ ऐसेअद्वितीयब्रह्मतैंभिन्न दूसराकोईपदार्थ है नहीं॥ किंतु ब्रह्मा विष्णु रुद्र इंद्रादिकदेवता अग्नि सूर्य चंद्रमा काल एकादशइंद्रिय चतुष्टय अंतःकरण पंचप्राण आकाशादिक पंचभूत पूर्वादिकदशदिशा जरायुआदिकचारभूतप्राणी ब्रह्मांड विराट् हिरण्यगर्भ जीव ईश्वर माया तामायाकाकार्यरूप स्थूल सूक्ष्म जगत् भूतपदार्थ भविष्यत्पदार्थ वर्त्तमानपदार्थ इसतैंआदिलैके जितनाकीयहजगत्है ॥ सोसंपूर्णजगत् ताब्रह्मरूपही है ॥ ताब्रह्मतैंभिन्न कोईभीपदार्थनहीं है ॥ तहांश्रुति ॥सर्वंखल्विदंब्रह्म॥अर्थयह॥यहसंपूर्णजगत् ब्रह्मरूपहीहै॥हेआश्वलायन ॥

जैसे स्वप्नअवस्थाविषे एकहीस्वप्नद्रष्टापुरुष नानाभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे सोएकहीपरमात्मादेव मायाकेसंबंधतैं नानाजगतरूपकरिके स्थितहोवैहै ॥ और जैसे वास्तवतैं गंधर्वनगरतैंरहितजोआकाशहै ॥ ताआकाशविषे सोगंधर्वनगर उत्पत्ति स्थिति लयकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तैसे वास्तवतैं सर्वद्वैतप्रपंचतैंरहित जोयह आनंदस्वरूपआत्माहै ॥ ताआत्मादेवविषे यहद्वैतप्रपंच उत्पत्ति स्थिति लयकूं प्राप्तहोवैहै ॥ ॥हेआश्वलायन ऐसेअद्वितीयपरमात्मादेवकेज्ञानतैंविना दूसराकोई मुक्तिकेप्राप्तिकामार्ग अभीहैनहीं ॥ और पूर्वहुआनहीं ॥ और आगे होवैगानहीं ॥ किंतु मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकाआत्मज्ञानहीं तामुक्तिकेप्राप्तिकामार्गहै ॥ तहांश्रुति ॥ नान्यःपंथाविद्यतेअयनाय ॥ अर्थयह ॥ मोक्षकीप्राप्तिवास्ते आत्मज्ञानतैंविना दूसराकोई मार्ग है नहीं ॥ किंतु मैंब्रह्मरूपहूं यह आत्मज्ञानहीं तामोक्षकेप्राप्तिकामार्गहै ॥ १ ॥ हेआश्वलायन ॥जोअधिकारीपुरुष आपणेआनंदस्वरूपआत्माकूं सर्वभूतोंविषे व्यापकदेखेहै ॥ तथा तिनसर्वभूतोंकूं याआत्मादेवविषे कल्पितरूपकरिकेदेखे है ॥ सोअधिकारीपुरुषही ताब्रह्मभावकूंप्राप्तहोवैहै ॥ ऐसेआत्मज्ञानतैंविना दूसरेकिसीउपायकरिके ताब्रह्मभाव कीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ यातैं याअधिकारीपुरुषनैं ताआत्मज्ञानकूं अवश्यकरिकेसंपादनकरणा ॥ और हेआश्वलायन ॥ यापूर्वकहीरीतिसैं जोअधिकारीपुरुष ताआत्मादेवकेजाननेविषेसमर्थनहींहोवै ॥ सोअधिकारीपुरुष प्रथम याप्रकारकाध्यानकरै ॥ जैसे यहलोक एककाष्ठ रूपअरणिकूंनीचेराखिके तथाएककाष्ठरूपअरणिकूंऊपरराखिके तथा तिनदोनोंअरणियोंकेमध्यविषे एकदीर्घकाष्ठरूपमंथा राखिकेतथातामंथाकेसाथ रज्जुबांधिके तारज्जुकूं वारंवारआकर्षणकरिके अग्निकूंप्रगटकरे हैं॥तैसे यहअधिकारीपुरुष आपणेशरीरकूं नीचे की अरणिरूपकरिके ध्यानकरे ॥ और अकार उकार मकार यातीनमात्रावालेप्रणवकूं ऊपरकीअरणिरूपकरिकेध्यानकरे ॥ और मंथनकूं मंथारूपकरिके ध्यानकरे ॥ और ताध्यानरूपक्रियाकूं रज्जुरूपकरिकेध्यानकरे ॥ इसप्रकारचिंतनकरिके सोअधिकारीपुरुष निरंतर ताध्यानकी आवृत्तिरूपमंथनकूंकरे ॥ इसप्रकार मंथनकरिके याअधिकारीपुरुषकूं याशरीरविषे अद्वितीयआत्मारूपअग्नि प्रगटहोवैहै॥सो अद्वितीय आत्मरूपअग्नि एकवारप्रगटहुआभी कामक्रोधादिकसर्वपाशोंकूं दग्धकरे है॥तिनकामादिकसर्वपाशोंकेदग्धहुएतैंअनंतरयहअधि

कारीपुरुष ताअद्वितीयब्रह्मरूपकरिकेस्थितहोवैहै॥हेआश्वलायन॥जोजीव मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकेज्ञानरूपअग्निकरिकेकामादिकसर्वपाशोंकूं दाहकरे है ॥ सोत्वंपदार्थरूपजीव तत्पदार्थरूपब्रह्मतैंभिन्ननहीं है ॥ किंतु सोजीव केवलब्रह्मरूपहीहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ यहजीव जो ब्रह्मरूपहीहै ॥ तो याजीवकूं जन्ममरणरूपसंसारकीप्राप्ति किसवासतेहोवे है ॥ समाधान ॥ हेआश्वलायन ॥ चेतनकेआश्रितरहणेहारी तथाचेतनकूंविषयकरणेहारी जाअविद्यारूपमायाहै ॥ तामायाकरिकेआवृत्तहुआ यहब्रह्महीजीवरूपहोवे है ॥ यातैं ताअज्ञानकरिकेही यहजीव संसारकूंप्राप्तहोवे है ॥ और तिसीमायाकरिकेआवृतहुआ सोपरमात्मादेव नानाउपाधियोंविषेनिवासकरे है॥तथापुरुषसंज्ञाकूंप्राप्तहोवै है ॥ और हेआश्वलायन ॥ तामायाकेसंबंधकरिकेही यहआत्मादेव जीवभावकूंप्राप्तहोइके नानाप्रकारकेपुण्यपापकर्मोंकूंकरे है ॥ तथा तिनपुण्यपापकर्मोंकेसुखदुःखरूपफलकूंभोगेहै ॥ और तिसमायाकरिकेयुक्तहुआ यहआत्मादेव जाग्रतअवस्थाविषे तथास्वप्नअवस्थाविषे नानाप्रकारकेशरीरोंकूंग्रहणकरे है ॥ और सोआत्मादेव वास्तवतैं जन्यभोगोंकीतृप्तितैं रहितहुआभी तामायाके संबंधतैं तिसतिसजातिवालेशरीरोंविषेस्थित अनेकभोगोंकरिके तृप्तिकूंप्राप्तहोवे है ॥ और सोईहीआत्मादेव मूर्च्छाकेसमान सुषुप्तिअवस्थाकूंप्राप्तहोइके तहां विक्षेपरूपप्रतिबंधतैंरहितहोइके आत्मास्वरूपआनंदकूंभोक्ताहुआभी जिसमायाकेसंबंधतैं ताआत्मास्वरूपआनंदकूंजाणतानहीं ॥ और जैसे यालोकविषे किसीमंत्रऔषधादिकोंकरिके मूढअवस्थाकूंप्राप्तहुआ यहपुरुष आपणेब्राह्मणत्व क्षत्रियत्व आदिकस्वरूपोंकूंजाणतानहीं ॥ तैसे यासंसारविषे मायाकरिके मूढअवस्थाकूंप्राप्तहुआ यहजीवात्मा आपणेवास्तवस्वरूपकूं जाणतानहीं ॥ और जैसे यालोकविषे स्वभावतैं चोरीआदिकदोषोंतैंरहितहुआभी कोईधर्मात्मापुरुष जभी चोरादिकदुष्टपुरुषोंकेसंगकूंप्राप्त होवे है ॥ तभी सोधर्मात्मापुरुषभी बंधनकूंप्राप्तहोवे है ॥ तैसे वास्तवतैं जन्ममरणादिकसंसारतैंरहितहुआभी यहजीवात्मा जभी तामायाकेसंगकूंप्राप्तहोवे है ॥ तभी यहजीवात्मा जन्ममरणादिकसंसारकूंप्राप्तहुएकीन्याई प्रतीतहोवे है ॥ और जैसे वास्तवतैं रूपरहितआकाशविषे यहपुरुष मोहकेवशतैं नीलरूपकूंदेखेहै ॥ तैसे वास्तवतैं मायारहितआत्माविषे सामायाभी माया

करिकेही प्रतीतहोवै है ॥ यातैं जैसे याअद्वितीयआत्माविषे यहजगत् मायाकरिकेकल्पितहोणे तैं मिथ्याहीहै ॥ तैसे तामायाभी मायाक रिकेकल्पितहोणे तैं मिथ्याहीहै ॥ यद्यपि आपणीसिद्धिविषे आपणीअपेक्षाहुए आत्माश्रयदोषकीप्राप्तिहोवै है ॥ तथापि दुर्घटकार्योंकेकर णेकरिके अघटितघटनापटीयसी यानामकूंप्राप्तहुई तामायाविषे सोआत्माश्रयदोप संभवैनहीं ॥ और हेआश्वलायन ॥ जैसे सर्व शास्त्रोंकेजानणेहारा विद्वान्पुरुषभी स्वप्नअवस्थाविषे निद्रादोषकरिके नानाप्रकारकेमोहकूंप्राप्तहोवै है ॥ तैसे वास्तवतैं सर्वमोहतैंरहित हुआभी यहआत्मादेव तामायारूपदोषकरिके यासंसारविषे नानाप्रकारकेमोहकूंप्राप्तहोवै है ॥ और जैसे निद्राविषेसोयाहुआयह पुरुष तानिद्राकेनाशपर्यंत तास्वप्नदुःखोंकूं प्राप्तहोवै है ॥ तैसे यहजीवात्माभी तामायारूपनिद्राकेनाशपर्यंत यासंसारस्वप्नकेअनेकदुः खोंकूंप्राप्तहोवै है ॥ और जैसे तास्वप्नअवस्थाविषे सिंहसर्पादिकोंकूंदेखिके दुःखकरिकेरुदनकरताहुआ तथाहिडकीशब्दकेसमान भयानकशब्दोंकूंकरताहुआ जोस्वप्नद्रष्टापुरुषहै ॥ तास्वप्नद्रष्टापुरुषकूं कोईदयालुपुरुष भेरीआदिकोंकेऊँचेशब्दकरिके जाग्रतकरैहै ॥ तैसे मायारूपी निद्राविषे यासंसाररूपस्वप्नकरिकेपीडित तथातीनतापकरिकेयुक्त जोयहजीवात्माहै ॥ ताजीवात्माकूं यहब्रह्मवेत्ता दयालुगुरु महावाक्यरूपभेरीकेशब्दकरिके तामायारूपनिद्रातैंजाग्रतकरै है ॥ और जैसे जाग्रतअवस्थाकूंप्राप्तहुआ सोस्वप्नद्रष्टापुरुष पुनःतास्वप्नसंबंधीदुःखोंकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ तैसे ब्रह्मवेत्तागुरुकेउपदेशकरिके अविद्यारूपनिद्रातैं ब्रह्मज्ञानरूपजाग्रतअवस्थाकूंप्राप्तहुआ यह अधिकारीपुरुष पुनः यासंसाररूपस्वप्नकेदुःखकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ हेआश्वलायन ॥ ऐसेब्रह्मज्ञानकीप्राप्ति याजीवोंकूं अनेकजन्मोंकेपुण्यकर्म करिकेहोवैहै ॥ यातैं साब्रह्मज्ञानरूपतुरीयअवस्था अत्यंतदुर्लभहै ॥ किसीभाग्यवान्पुरुषकूंही प्राप्तहोवै है ॥ शंका ॥ हेभग वन् ॥ तुरीयनाम चतुर्थकाहै ॥ सो तीनकीअपेक्षाकरिके तुरीयहोवै है ॥ यातैं इहांप्रसंगविषे ब्रह्मज्ञानरूपतुरीयअवस्थाकूं किसतीनअवस्थावोंकीअपेक्षाकरिके तुरीयरूपताहै ॥ समाधान ॥ हेआश्वलायन ॥ जाग्रतरूपस्थूलअवस्था तथास्वप्नरूपसूक्ष्म अवस्था तथासुषुप्तिरूपकारणअवस्था यहतीनोंअवस्था याजीवात्माकेक्रीडाकरणेकास्थानहै ॥ यातैं तिनतीनोंअवस्थावोंकूं पुर कहे

हैं ॥ तेतीनोंअवस्थारूपपुर ताब्रह्मज्ञानरूपतुरीयअवस्थाकीप्राप्तिहुएही नाशकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ ताब्रह्मज्ञानतैंविना दूसरेकिसीउपायकरिकैं नाशहोवैनहीं ॥ यातैं तिनकल्पिततीनअवस्थावोंकीअपेक्षाकरिके ताब्रह्मज्ञानरूपअवस्थाविषे तुरीयरूपता संभवहोइसकेहै ॥ और हेआश्वलायन ॥ जबपर्यंत याजीवात्माकूं ताब्रह्मज्ञानरूपतुरीयअवस्थाकीप्राप्ति नहींहोवैहै ॥ तबपर्यंत यहजीवात्मा पूर्वलेपुण्यपापकर्मोंकेअनुसार वारंवार मृत्युकूंप्राप्तहोइके वारंवार स्थूलशरीरोंकूंग्रहणकरैहै ॥ तथा वारंवार तिनस्थूलशरीरोंका परित्यागकरै है ॥ और यहजीवात्मा जन्मकूंप्राप्तहोइके बाल्यअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और ताबाल्यअवस्थातैंअनंतर यौवनअवस्थाकूंप्राप्तहोवै है ॥ और तायौवनअवस्थातैंअनंतर वृद्धअवस्थाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और तावृद्धअवस्थातैंअनंतर मरणअवस्थाकूंप्राप्तहोवै है ॥ और तामरणअवस्थातैंअनंतर पुनःजन्मकूंप्राप्तहोवैहै ॥ इसप्रकार पुण्यपापकर्मकेवशतैं यहजीवात्मा घटीयंत्रकीन्याई यासंसारविषे भ्रमणकरै है ॥ यहही ताजीवात्माकी तिनस्थूलादिकतीनपुरोंविषे क्रीडाहै ॥ हेआश्वलायन ॥ याजीवात्माकूं जबपर्यंत मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकेआत्मज्ञानकी प्राप्तिनहींभई ॥ तबपर्यंतही यहजीवात्मा तापुण्यपापकर्मकेअनुसार अनेकप्रकारकेऊंचनीचशरीरोंकूंप्राप्तहोवै हैं ॥ और तिनपुण्यपापरूपप्रारब्धकर्म के अनुसार मरणकूंप्राप्तहोवैहै ॥ ताआत्मज्ञानकीप्राप्तितैंअनंतर यहजीवात्मा पुनःजन्ममरणकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ और हेआश्वलायन ॥ यहजीव गुरुशास्त्रकेउपदेश तैं जिसआत्माकेतुरीयरूपकूंजानिके जन्ममरणतैंरहितहोवै है ॥ सोआत्माका तुरीयस्वरूपकैसाहै ॥ यासर्वजगत्का आधाररूपहै ॥ तथा केवलश्रुतिकरिके प्रतिपादनकरणेयोग्यहै ॥ तथा स्वयंज्योतिआनंदस्वरूपहै ॥ तथा यासर्वजगत्काकारणहै ॥ तथा वास्तवतैं कार्यकारणभावतैंरहितहै ॥ ऐसे तुरीयपरमात्मादेवतैंही यहप्राण उत्पन्नहोवैहै ॥ तथा मन उत्पन्नहोवै है ॥ तथा वाकादिकइंद्रिय उत्पन्नहोवै है ॥ तथा आकाश वायु तेज जल पृथिवी यहपंचभूत उत्पन्नहोवैहैं ॥ ऐसे तुरीयपरमात्मादेवकास्वरूप ब्रह्मवेत्तामहात्मागुरु अधिकारीशिष्यों के प्रतियाप्रकार आत्मारूपकरिकेउपदेशकरै है ॥ हेशिष्य ॥ जो परब्रह्म सर्वकाआत्मारूपहै ॥ तथा सर्वविश्वकाआधारहै ॥ तथा तीनपरिच्छेदों तैं रहितहै॥तथा सूक्ष्मपदार्थ तैं भी अत्यंत

सूक्ष्महै ॥ तथा उत्पत्तिनाशतैंरहितहै ॥ सोअद्वितीयब्रह्मही तुमारास्वरूपहै ॥ और जोतुमारास्वरूपहै ॥सोईही ताअद्वितीयब्रह्मकास्व रूपहै इसप्रकार तेब्रह्मवेत्तागुरु तिनअधिकारीशिष्योंकेप्रति जीवब्रह्मकेअभेदकाउपदेशकरे हैं ॥ हेआश्वलायन ॥ जाग्रत स्वप्न सुषुप्ति यातीनअवस्थारूपप्रपंचकूं जोसाक्षीचैतन्य प्रकाशकरे है ॥ सोसाक्षीचैतन्य और जोब्रह्महै सो मैंहूं ॥ याप्रकार जोअधिकारीपुरुष जीवब्रह्मकेअभेदकूंनिश्चयकरे है ॥ सोअधिकारीपुरुष कार्यसहितअविद्यारूपसर्वबंधोंतैंरहितहोवै है ॥ और हेआश्वलायन ॥ जाग्रत स्वप्न सुषुप्ति यातीनोंअवस्थाविषे यथाक्रमतैं स्थूल सूक्ष्म आनंद यहतीनप्रकारके भोग्यरहे हैं ॥ तथा विश्व तैजस प्राज्ञ यहतीनप्रकारके भोक्तारहे हैं ॥ तथा ताभोग्यपदार्थकूंविषयकरणेहारी अंतःकरणकी अथवा अज्ञानकी वृत्तिरूपभोगरहे हैं ॥ तिन भोग्य भोक्ता भोगकूं मैंशुद्धआत्मा साक्षीरूपकरिकेप्रकाशकरोंहूं ॥ यातैं मैंचैतन्यस्वरूपशुद्धआत्मा तिनभोग्यादिकतीनोंतैं विलक्षणहूं ॥ तथा सर्वदा तुरीयशिवरूपहूं ॥ तात्पर्ययह ॥ विशिष्टस्वरूप यद्यपि शुद्धस्वरूपतैंभिन्नहोवैनहीं ॥ तथापि शुद्धस्वरूप विशिष्टस्वरूपतैंभिन्नहोवैनहीं यहशास्त्रकारोंकासिद्धांत है ॥ जैसे घटत्वादिकधर्मविशिष्टमृत्तिका यद्यपि शुद्धमृत्तिकातैंभिन्ननहीं है॥ तथापि शुद्ध मृत्तिका ताघटत्वादिकधर्मविशिष्टमृत्तिकातैंभिन्नहै ॥ तैसे विश्व तैजस प्राज्ञ आदिकविशिष्टस्वरूप यद्यपि शुद्धचेतनतैंभिन्ननहीं हैं ॥ तथापि सोशुद्धचेतन तिनविशिष्टस्वरूपों तैं भिन्नहै ॥ काहेतैं मोक्षअवस्थाविषे तिनविशिष्टस्वरूपोंकेबाधहुएभी सोशुद्धचेतन स्वरूपरहे हैं ॥ याअभिप्रायकरिकेही ॥ त्रिषुधामसुयद्भोग्यं भोक्ताभोगश्चयद्भवेत् ॥ तेभ्योविलक्षणःसाक्षी चिन्मात्रोहंसदाशिवः ॥ याश्रुतिनैं तिनविशिष्टस्वरूपोंतैं शुद्धचैतन्यकूंविलक्षणकह्याहै ॥ हेआश्वलायन ॥ इसप्रकार ब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतैं आत्माकेवास्तवस्वरूपकूंश्रवणकरिके यहअधिकारीपुरुष याप्रकार ताआत्माकेस्वरूपकामननकरे ॥ यहसंपूर्णजगत् मैंआत्माविषेही उत्पन्न भयाहै ॥ तथा मैंआत्माविषेही स्थितहै ॥ तथा मैंआत्माविषेही लयभावकूंप्राप्तहोवै है ॥ यातैं सर्वभेदतैंरहित अद्वितीयब्रह्म मैंहूं ॥ मेरेतैं भिन्न ब्रह्मनहीं है ॥ याकारणतैं सर्ववेदकीश्रुतियां मेरेकूं विश्वरूप कहेहैं ॥ तथा पुराणपुरुष कहे हैं ॥ तथा सर्वतेजोंकानिधि कहे हैं ॥

तथा संपूर्णज्ञानकर्मइंद्रियोंतैंरहित कहे हैं ॥ तथा प्राणबुद्धिआदिकोंतैंरहित कहे हैं ॥ तथा भगवान्परमेश्वर कहे हैं ॥ तथा सर्वज्ञ कहेहैं ॥ तथा सर्वद्वैततैंरहितअद्वितीय कहेहैं ॥ तथा मनवाणीकाअविषय कहेहैं ॥ तथा सर्ववेदोंकरिकेवेद्य कहेहैं ॥ तथा ॥ सर्ववेदांतकेअर्थका प्रकाशक कहेहैं ॥ तथा सर्वविद्याकागुरु कहेहैं ॥ तथा देव कहेहैं ॥ तथा सर्वप्रपंचतैंरहित कहेहैं ॥ काहेतें जैसे निर्मलआकाशविषे गंधर्वनगर कल्पितहोवे है ॥ तैसे आनंदस्वरूप मैंअद्वितीयआत्माविषे यहमायासहित संपूर्णभूतभौतिकजगत् कल्पितहै ॥ और कल्पितवस्तुतें अधिष्ठानकाभेदहोवैनहीं ॥ यातें याकल्पितजगत्करिके मेरेस्वरूपविषे तीनकालमें भेदनहीं है ॥ हेआश्वलायन ॥ याप्रकार आत्माकाविचारकरिके यहअधिकारीपुरुष जिसशुद्धब्रह्मकूंप्राप्तहोवे है ॥ सोशुद्धब्रह्मकैसाहै ॥ अद्वितीयआनंदस्वरूपहै ॥ तथा सर्वबुद्धियोंविषेस्थितहै ॥ तथा ॥ सर्वबुद्धियोंकासाक्षी है ॥ तथा उत्पत्तिनाशतैंरहितहै ॥ तथा स्थूलसूक्ष्मजगत्तैंरहितहै ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार सोब्रह्मा आश्वलायनऋषिकेप्रति सगुणनिर्गुण ब्रह्मकेध्यानपूर्वक आत्मज्ञानकाउपदेशकरताभयाहै ॥ यातें याअधिकारीपुरुषोंनैंभी ताआत्मज्ञानकी प्राप्तिवासते निर्गुणब्रह्मकाध्यान अथवासगुणब्रह्मकाध्यान अवश्यकरिकेकरणा ॥ हेशिष्य ॥ यहअधिकारीपुरुषजभी अंतःकरणकीमलिनतादोषकरिके पूर्वउक्तसगुणब्रह्मकूं तथानिर्गुणब्रह्मकूं साक्षात्कारकरणेविषेसमर्थनहींहोवे ॥ तभी सोअधिकारीपुरुष ताआत्मज्ञानकीप्राप्तिवासते शीघ्रहीं संन्यासकूंकरैनहीं ॥ किंतु सोअधिकारीपुरुष प्रथम अंतःकरणके शुद्धिकाउपायकरे ॥ तहां अंतःकरणकीशुद्धिके जितनेकीशास्त्रविषे साधनकहे हैं ॥ तिनसर्वसाधनोंविषे नमस्ते इत्यादिकरुद्राध्यायकेपाठकेसमान दूसरा कोईसाधनहैनहीं ॥ किंतु सोरुद्राध्यायकापाठही सर्वपापोंकेनिवृत्तिकरणेहाराहै ॥ यातें यहअधिकारीपुरुष आपणेअंतःकरण कीशुद्धिवासते श्रद्धाभक्तिपूर्वक निरंतर तारुद्राध्यायकाजपकरे ॥ तारुद्राध्यायकेजपकरिके याअधिकारीपुरुषकूं जभी अंतःकरणकीशुद्धिद्वारा वैराग्यकीप्राप्तिहोवे ॥ अथवा पूर्वउक्तगर्भदुःखोंकेविचारतें तथामरणकालकेज्ञानतें तथाअष्टांगयोगतें तथाउपासनादिकोंतें वैराग्यकीप्राप्तिहोवे ॥ तभी यहअधिकारीपुरुष तासंन्यासआश्रमकूं ग्रहणकरे ॥ हेशिष्य ॥ तासंन्यासकेग्रहण

कियेहुएभी याअधिकारीपुरुषकूं जबपर्यंत ताआत्मसाक्षात्कारकीप्राप्ति नहींहोवै ॥ तबपर्यंत यहअधिकारीपुरुष तारुद्राध्यायकेजपपूर्वक उमादेवीसहितमहादेवकेध्यानकूं अवश्यकरिकेकरै ॥ तामहादेवकेध्यानतैं याअधिकारीपुरुषकूं आत्मज्ञानकीप्राप्तिद्वारा मोक्षकीप्राप्ति अवश्यकरिकेहोवैहै ॥ तहांश्रुति ॥ उमासहायंपरमेश्वरंप्रभुं त्रिलोचनंनीलकंठंप्रशांतं ॥ ध्यात्वामुनिर्गच्छतिभूतयोनिं समस्तसाक्षितम सःपरस्तात् ॥ अर्थयह ॥ उमादेवीसहितविराजमान तथापरमेश्वर तथासर्वकाप्रभु तथातीननेत्रवाला तथाअत्यंतशांतस्वरूप तथानील कंठ ऐसेमहादेवकाध्यानकरिके यहअधिकारीपुरुष अद्वितीयब्रह्मभावकूंप्राप्तहोवै है ॥ कैसाहैसोब्रह्म ॥ सर्वभूतभौतिकजगत्काकारणहै ॥ तथा सर्वजगत्कासाक्षीहै ॥ तथा अज्ञानरूपतमतैंपरहै ॥ १ ॥ हेशिष्य ॥ यहअधिकारीपुरुष तासंन्यासआश्रमकूंधारणकरिके श्रद्धापूर्वक निरंतर ब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतैं वेदांतशास्त्रकाश्रवणकरै ॥ तथा मनननिदिध्यासनकूंकरै ॥ तथा ब्रह्मवेत्तागुरुकीभक्तिकूंकरै ॥ तावेदांतश्रवणादिकोंकरिके तासंन्यासीकूं ब्रह्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिहोवै है ॥ जोब्रह्मज्ञान पूर्वहम ब्रह्मउपनिषदादिकोंविषेकथनकरिआये हैं यातैं यासंन्यासियों नैं निरंतर वेदांतशास्त्रकाही चिंतनकरणा ॥ तहांश्लोक ॥ आसुप्तेरामृतेःकालं नयेद्वेदांतचिंतया ॥ दद्यान्नावस रंकिंचित् कामादीनांमनागपि ॥ अर्थयह ॥ संन्यासआश्रमकूंधारणकरिके यहअधिकारीपुरुष सुषुप्तितैंलेकेमरणपर्यंत निरंतर वेदांतशास्त्रकेचिंतनकरिकेही कालकूंव्यतीतकरै ॥ तावेदांतचिंतनकरिके सोसंन्यासीआपणेचित्तविषे कामक्रोधादिकविकारोंकूं किंचितमात्रभी अवसरनहींदेवै ॥ १ ॥ इसप्रकार निरंतर वेदांतचिंतनकरणेहारेसंन्यासीकूं शीघ्रही आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिहोवै है ॥ हेशिष्य ॥ ऐसे परमहंससंन्यासकरिके याअधिकारीपुरुषकूं आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिहोवै है ॥ याअर्थविषे सर्वज्ञश्वेतकेतुही दृष्टांतहै ॥ काहेतैं सर्वसंन्यासियोंविषेश्रेष्ठ सोश्वेतकेतुनामासंन्यासी पूर्व छांदोग्यउपनिषद्‌केषष्ठअध्यायके श्रवणमननादिकोंकरिके तथापूर्वउक्तवैराग्यादिकसाधनोंकरिके आत्माकेवास्तवस्वरूपकूंजाणताभयाहै ॥ यातैं इदानींकालके परमहंससंन्यासियोंनैंभी श्रवणा दिकउपायोंकरिके ताआत्मज्ञानकूं अवश्यकरिकेसंपादनकरणा ॥ काहेतैं यापरमहंससंन्यासियोंका सोआत्मज्ञानकीनिष्ठारूपआ

चारही मुख्यहै ॥ ताज्ञाननिष्ठारूपआचारतैंविरुद्धदूसरेसर्वआचारगौणहैं ॥ यातैं यापरमहंससंन्यासियों नें दूसरेसर्वआचारोंकापरित्याग करिकै केवल ताज्ञाननिष्ठारूपआचारकूंही संपादनकरणा ॥ हेशिष्य ॥ जोतुमनें पूर्व परमहंससंन्यासविषे प्रश्नकऱ्याथा ॥ सोहमनें तुम्हारेप्रति तापरमहंससंन्यासकास्वरूप तथाताकेअधिकारीकास्वरूप तथाताकेवैराग्यादिकसाधनोंकास्वरूप तथाताकेग्रहणकरणेको रीति विस्तारतैंकथनकरी ॥ अब जिसअर्थकेश्रवणकरणेकी तुम्हारेकूंइच्छाहोवै ॥ सो तुम हमारेसैंपूछो ॥ इतिश्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य श्रीस्वामीउद्धवानंदगिरिपूज्यपादशिष्येण स्वामिचिद्घनानंदगिरिणा विरचिते प्राकृतात्मपुराणे गर्भोपनिषत्सारार्थप्रकाशोनाम एकादशोऽध्यायःसमाप्तः ॥ ११ ॥ ॥ ॥ ॥

इति श्रीस्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषा आत्मपुराणे एकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

॥ अथ स्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषाआत्मपुराणे द्वादशोऽध्यायप्रारंभः ॥

ॐ श्रीगणेशायनमः ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ श्रीकाशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥श्रीशंकराचार्येभ्योनमः॥ अथद्वादशाऽध्यायप्रारंभः ॥ पूर्वएकादशेअध्यायविषे जाबालउपनिषद् गर्भउपनिषद् अमृतनादउपनिषद् हंसउपनिषद् क्षुरिकाउपनिषद् आरुणेयउपनिषद् ब्रह्मउपनिषद् परमहंसउपनिषद् महत्उपनिषद् आत्मप्रबोधउपनिषद् केवल्यउपनिषद् याएकादशउपनिषदोंकाअर्थ निरूपणकऱ्या ॥ अब याद्वादशेअध्यायविषे सामवेदकेछांदोग्यउपनिषद्काअर्थ निरूपणकरेहैं ॥ तहां पूर्वअध्यायोंविषे नानाप्रकारकीविचित्रकथावोंकूंश्रवणकरिके प्रसन्नताकूं प्राप्तहुआ सोश्रद्धावानशिष्य श्वेतकेतुकीकथाकेश्रवणकरणेवासते पुनः आपणेगुरुकेप्रति याप्रकारकाप्रश्नकरताभया ॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगवन् ॥ पूर्व ऐतरेयऋषिनें तथाकौषीतकिऋषिनें तथासूर्यभगवान्नें तथाश्वेताश्वतरऋषिनें तथाकठऋषिनें तथातित्तिरिऋषिनें तथा जाबालादिकऋषियोंनें आपणेआपणेशिष्योंकेप्रति जाजाब्रह्मविद्या कथनकरीथी ॥ तथा ताब्रह्मविद्याके जितनेंकी वैराग्य योग उपासनां संन्यास आदिकसाधन कथनकरेथे ॥ तिनसर्वसाधनोंसहित सासंपूर्णब्रह्मविद्या हमनेंआपकेमुखतें श्रवणकरी ॥ तथा ताब्रह्मविद्याकेप्रसंगतें नानाप्रकारकेविचित्रआख्यानभी हमनें आपकेमुखतेंश्रवणकरे ॥ हेभगवन् ॥ याआत्मपुराणकेप्रथमअध्यायविषे आपनें ऋग्वेदके ऐतरेयउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ ताप्रथमअध्यायविषेयहवार्त्ता आपनें कथनकरीथी॥प्रजाकूंदुःखीदेखिकरिके करुणाकरिकेंयुक्तहुए सनकादिकमुनि ताअधिकारीप्रजाकेहितवासते ब्रह्मात्मज्ञानकाउपदेशकरतेभये ॥ तथा तिनअधिकारीपुरुषोंविषे कोईवामदेवनामाअधिकारी मृत्युकूंप्राप्तहोइके माताकेगर्भविषे स्थितहोइके तिनविचारवान्अधिकारीपुरुषोंकेहितवासते ब्रह्मात्मज्ञानकाउपदेशकरताभया॥जिसउपदेशकेविचारकरणेतें याअधिकारीपुरुषोंकूं करामलककीन्याई देहादिकजडसंघाततेंविलक्षणसाक्षीआत्माका ब्रह्मरूपकरिकेज्ञानहोवे है॥ तथा जिसउपदेशकेश्रवणमननकियेतें विषयासक्तकामीपुरुषोंकूंभी आपणेशरीरविषे तथास्त्रीपुत्रादिकोंकेशरीरविषे तीव्रवैराग्य उत्पन्नहोवे है ॥ यहसंपूर्णवार्त्ता ताप्रथमअध्यायविषेकथनकरीथी ॥ और हेभगवन् ॥ याआत्मपुराणके द्वितीयअध्यायविषे तथातृतीयअध्यायविषे आपनें तिसीऋग्वेदके कौषीतकिउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा॥तहां द्वितीयअध्यायविषेतो आपनें यहवार्त्ता कथनकरी

थी ॥ इंद्रकेसाथयुद्धकरणेकीइच्छाकरिकै दिवोदासराजाकापुत्र प्रतर्दनराजा स्वर्गलोकविषेजाताभया ॥ तहां सोप्रतर्दनराजा युद्धकरि
कै इंद्रकूंजीतताभया ॥ और ताप्रतर्दनराजाकेपुरुषार्थकूंदेखिकरिकै प्रसन्नहुआ सोइंद्र ताप्रतर्दनराजाकेताई वरदेताभया ॥ जिसवरकीप्रा
प्ति यादेहधारीजीवोंकूं अत्यंतदुर्लभहै ॥ यहसंपूर्णवार्त्ता आपनैं ताद्वितीयअध्यायविषे कथनकरीथी ॥ और हेभगवन् ॥ याआत्मपुराणके
तृतीयअध्यायविषे आपनैं यहवार्त्ता कथनकरीथी ॥ बालाकिब्राह्मण संपूर्णदेशोंकेविद्वानोंकूंजीतकरिकै श्रीकाशीविषे अजातशत्रुराजाकेस
मीपजाताभया ॥तहां राजाकेकठोरवचनोंकूंश्रवणकरिकै अभिमानतैंरहितहुआ सोबालाकिब्राह्मण तिसीअजातशत्रुराजातैं ब्रह्मविद्याकाउप
देशलेताभया ॥ यहसंपूर्णवार्त्ता आपनैं तातृतीयअध्यायविषेकथनकरीथी ॥ और हेभगवन्॥याआत्मपुराणके चतुर्थ पंचम षष्ठ सप्तम या
चारिअध्यायोंविषे आपनैं यजुर्वेदकेबृहदारण्यकउपनिषद्‌काअर्थ निरूपणकर्‍याथा ॥ तहां चतुर्थ अध्यायविषेतौ आपनैं यहवार्त्ता कथ
नकरीथी ॥ दोपुरुषवंश एकस्त्रीवंश यातीनवंशोंविषेस्थितऋषियोंका परस्परभेदभीसंभवै है ॥तथापरस्परअभेदभीसंभवै है॥और दध्यङ्
अथर्वणऋषि इंद्रकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरताभया ॥ताब्रह्मविद्याकूंश्रवणकरिकै क्रोधवान् हुआसोइंद्र तादध्यङ्ऋषिकेप्रति पुनः ता
ब्रह्मविद्याकेनहींउपदेशकरणेकीआज्ञाकरताभया॥तिसतैंअनंतर सोदध्यङ्अथर्वण आपणेवचनकेसत्यकरणेवासते सोब्रह्मविद्या अश्विनी
कुमारोंकेप्रति उपदेशकरताभया ॥ताकरिकैक्रोधवान्हुआ सोइंद्र तादध्यङ्ऋषिकेमस्तककूंछेदनकरताभया॥और ते अश्विनीकुमारभी ब्र
ह्मविद्याकेलोभकरिकै आपणेगुरुकेमस्तककूंकाटिकै अश्वकीग्रीवाऊपरराखतेभये ॥और अश्वकेमस्तककूंकाटिकै तादध्यङ्गुरुकेग्रीवाऊप
रराखतेभये॥यहसंपूर्णवार्त्ता आपनैं ताचतुर्थअध्यायविषेकथनकरीथी॥और हेभगवन् याआत्मपुराणके पंचमअध्यायविषे आपनैं जनक
राजाकेयज्ञसभाविषे आश्वलादिकब्राह्मणोंकेसाथ याज्ञवल्क्यमुनिकेजल्पकथाका निरूपणकर्‍याथा ॥तथा तायाज्ञवल्क्यमुनिकेशापकरि
कै शाकल्यकामृत्युकथनकर्‍याथा॥तहां परस्पर जीतणेकीइच्छाकरिकै जोशास्त्रकेअर्थकाविचारकरणाहै ताकानाम जल्पकथाहै॥और
हेभगवन्॥याआत्मपुराणकेषष्ठेअध्यायविषे आपनैं तिसीयाज्ञवल्क्यमुनिको जनकराजाकेसाथ दोवार वादकथानिरूपणकरीथी ॥ तहां तत्त्व

जाननेकीइच्छाकरिके जोपरस्पर शास्त्रकेअर्थकाविचारकरनाहै ताकानाम वादकथाहै ॥ और हेभगवन् ॥याआत्मपुराणकेसप्तमअध्याय विषे आपनैं तायाज्ञवल्क्यमुनिके तथामैत्रेयीस्त्रीके संवादकरिके नानाप्रकारकीब्रह्मविद्या कथनकरीथी॥तथा याज्ञवल्क्यमुनिके संन्यास आश्रमका निरूपणकऱ्याथा ॥और हेभगवन्॥याआत्मपुराणके अष्टमअध्यायविषे आपनैं तिसीयजुर्वेदके श्वेताश्वतर नामाउपनिषद्का अर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ ताअष्टमअध्यायविषे श्वेताश्वतरमुनिका तथासंन्यासियोंका तथापूर्ववेदवेत्ताब्राह्मणोंका परस्पर याजगत्केकार णोंविषेविचार निरूपणकऱ्याथा॥और हेभगवन् ॥ याआत्मपुराणकेनवमअध्यायविषे आपनैं तिसीयजुर्वेदके कठवल्लीउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा॥तानवमअध्यायविषे यमराजाका तथानचिकेताका नानाप्रकारकेवरोंयुक्तआख्यान निरूपणकऱ्याथा ॥ और हेभगवन् ॥ याआत्मपुराणके दशमअध्यायविषे आपनैं तिसीयजुर्वेदके तैत्तिरीयकउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा॥तादशमअध्यायविषे यहवार्त्ता आपनैं निरूपणकरीथी ॥ वैशंपायनगुरुकीआज्ञाकूंमानिके याज्ञवल्क्यमुनिनैं वमनकरेजेयजुर्वेदकेमंत्र ॥ तिनमंत्रोंकूं ब्राह्मण तित्तिरीपक्षी कारूपधारणकरिके भक्षणकरतेभये॥याकारणतैं तिनमंत्रोंविषे कृष्णयजुशरूपता प्राप्तहोतीभई ॥ और ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिवासते भृगुऋषि वरुण पिताकेसमीप पंचवार जाताभया ॥ और वेननामागंधर्वनैं जिसप्रकार आपणेआत्माकाअनुभव कथनकऱ्याथा ॥ सोभी आपनैं निरूपणकऱ्याथा ॥ तथा सत्यादिकसाधनोंकाकथनकरिके तिनसर्वसाधनों तैं संन्यासरूपसाधनकूंउत्कृष्टरूपकरिकेवर्णनकऱ्याथा ॥ तथा तासंन्यासकी ब्रह्मरूपकरिकेस्तुतिकरीथी ॥ यहसंपूर्णवार्त्ता तादशमअध्यायविषे निरूपणकरीथी ॥ औरहेभगवन् ॥ याआत्मपुराणकेएकादशेअध्यायविषे आपनैं जाबालादिकएकादशउपनिषदोंकाअर्थ निरूपणकऱ्याथा तहां जाबालउपनिषद्विषे तथापरमहंसउपनिषद्विषे तथाआरुणिउपनिषद्विषे जिससंन्यासका कथनकऱ्याथा ॥ सोसंन्यास वेदकेशाखावोंकेभेदहुएभी भिन्नहोवैनहीं ॥ किंतु तिनसर्व उपनिषदोंविषे सोएकहीसंन्यासकथनकऱ्याहै ॥ यहवार्त्ता आपनैं ताएकादशेअध्यायविषे निरूपणकरीथी ॥ तथा तासंन्यासकी प्राप्तिविषे उपयोगीजोवैराग्यहै ॥ तावैराग्यकीप्राप्तिवासतै आपनै मरणकेअनेकनिमित्तोंसहित नानाप्रकारकेयोगका कथनकऱ्याथा ॥ तथा

गर्भउपनिषद्विषे तायोगकेउपयोगी अनेकपदार्थोंका निरूपणकरिके ताप्रसंगकरिके वसिष्ठमुनियुक्त अद्भुतयोगका वर्णनकऱ्याथा ॥
और अमृतनादउपनिषद्विषे तथाहंसउपनिषद्विषे तथाक्षुरिकाउपनिषद्विषे वेदकीशाखावोंकेभेदकरिके जोजोयोग निरूपणकऱ्याहै ॥
सोयोगभी आपनैं भिन्नभिन्नकरिके निरूपणकऱ्याथा ॥ और ब्रह्मउपनिषद् अमृतबिंदुउपनिषद् नारायणीयउपनिषद् महोपनिषद् आ
त्मप्रबोधउपनिषद् कैवल्यउपनिषद् यावद्उपनिषदोंविषे जाजाब्रह्मविद्या कथनकरीहै ॥ सासंपूर्णब्रह्मविद्याभी आपनैं कथनकरीथी ॥
तथा तापरमहंससंन्यासविषेस्थित संवर्त्तकादिकसंन्यासी सर्वलोकोंतैंविलक्षणआचारवालेहुएवर्ततेहैं ॥ यहवार्त्ताभी आपनैं कथनकरीथी ॥
और तापरमहंससंन्यासकेग्रहणकरणेका वैराग्यहीकालहै यहवार्त्ताभी आपनैं कथनकरीथी ॥ और गर्भदुःखोंतैंआदिलेके नानाप्रकारकेउ
पायोंकरिके वैराग्यकूंप्राप्तहुए जेपुरुषहैं ॥ तेपुरुषही यापरमहंससंन्यासकेअधिकारी हैं ॥ यहवार्त्ताभी आपनैं कथनकरीथी ॥ तथा ता
संन्यासग्रहणकरणेकीरीति तथातासंन्यासीकेमरणतैंअनंतरसंस्कार तथातासंन्यासीकावेश तथातासंन्यासीकाआचार यहसंपूर्णवार्त्ता
आपनैं विस्तारतैं कथनकरीथी ॥ हेभगवन् ॥ ताएकादशेअध्यायके अंतविषे आपनैं श्वेतकेतुकावर्णनकऱ्याथा ॥ जोश्वेतकेतु ब्रह्मज्ञान
तैंपूर्वभी सर्वज्ञथा ॥ हेभगवन् ॥ यहश्वेतकेतुकीवार्त्ताबहुतआश्चर्यकाकारणहै ॥ यातैं यावार्त्ताकेश्रवणकरणेकी हमारेकूं बहुतअभिलाषा
है ॥ हेभगवन् ॥ आपनैंपूर्व ताएकादशेअध्यायकेआदिविषे सर्वलोकोंतैंविलक्षणआचारवाले संवर्त्तकादिकसंन्यासी कथनकरेथे ॥ तिन
संन्यासियोंविषे श्वेतकेतुकाभी कथनकऱ्याथा ॥ ताएकादशेअध्यायकेअंतविषे पुनः तिसीश्वेतकेतुकाकथन आपनैं किसवासते कऱ्याहै॥
हेभगवन् ॥ सोसर्वज्ञश्वेतकेतु किसदोषकरिके अज्ञताकूं प्राप्तहोताभया ॥ तथाकिसमहात्मानैं ताश्वेतकेतुकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकऱ्या
था ॥ तथा साब्रह्मविद्या किसप्रकारकीथी ॥ यहसंपूर्णवार्त्ता आप कृपाकरिके मैंश्रद्धावान्शिष्यकेप्रति कथनकरो ॥ इसप्रकार
बुद्धिमानशिष्यकरिकेपूछाहुआ सोश्रीगुरु ताश्रद्धावान्शिष्यकेप्रति छांदोग्यउपनिषद्विषे कथनकरीहुईकथाकूं कहताभया ॥
श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य ॥ पूर्व एकश्वेतकेतुनामा ऋषिकाबालक होताभयाहै ॥ ताश्वेतकेतुबालकविषे मातापिताका बहुतस्नेहहो

तौ सोपिता अथवा आचार्य तापुत्रकेप्रति तथाशिष्यकेप्रति ताडनाकरिके शिक्षानहींकरे ॥ किंतु मित्रकीन्याई वाणीकरिके शिक्षाकरे ॥ याप्रकारकीरीति तानीतिशास्त्रविषेकथनकरीहै ॥ यातें पितामाताने पुत्रकूं अवश्यकरिके शिक्षाकरणी ॥ हे पुत्र ॥ जोमूढबुद्धिपुत्र आपणेमाताकेशिक्षाकूं तथापिताकेशिक्षाकूं तथाआचार्यकेशिक्षाकूं ग्रहणनहींकरेहै॥सोमूढबुद्धिपुरुष यौवनअवस्थाकेप्राप्तहुए परमक्लेशकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तहां सोमूढबुद्धिपुरुष इसलोकविषेतो राजादिकों तें भयकूंप्राप्तहोवे है ॥ और परलोकविषे यमराजातेंभयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ हेपुत्र ॥ यालोकविषे पुत्रकूं मातापितानें तथाआचार्य नें अवश्यकरिकेशिक्षाकरीचाहिये॥ जोकदाचित् तापुत्रऊपरकोईदूसरापुरुष शिक्षाकरणेवालाहोवैभी तोभी तापुत्रकूं मातापितानें तथाआचार्य नें अवश्यकरिके शिक्षाकरणो ॥ और तुम्हारीमाता नें तथामैंपितानें तुम्हारेकूं शिक्षाकरीनहीं ॥ याकारणतें तूं ब्रह्मचर्य तें रहितहुआ द्वादशवर्षकाहुआहै ॥ और किसीअनाचारीनिकृष्टब्राह्मणकीन्याई तूं हमारेकुलविषे नहींउत्पन्नहुएकीन्याई प्रतीतहोताहै ॥ हेपुत्र ॥ नीतिशास्त्रकेमर्यादाकापरित्यागकरिकें हमनें स्नेहकेवशतें इतनेकालपर्यंत तुम्हारा लालनकर्‍याहै ॥ यातें मैंपिता तुम्हारेउपनयनसंस्कारकूंकरिके तुम्हारेकूंशिक्षाकरों यहवार्त्ता अत्यंतदुर्घटहै ॥ और स्नेहयुक्तमैंपिताविषे तुम्हारीभीश्रद्धाहोवैगीनहीं ॥ और श्रद्धातेंविना विद्याकाउपदेशकरणा भस्मविषेआहुतिकीन्याईव्यर्थहोवैहै ॥ यातें तूं किसीदूसरेआचार्यगुरुकेसमीपजाइके ताआचार्यकेउपदेशतें विद्याअध्ययनादिक ब्रह्मचारीकेधर्मोंकूंसंपादनकर ॥ हेपुत्र ॥ जोतूं ब्रह्मचर्यआश्रमकूंधारणकरिके वेदविद्याकाअध्ययन नहींकरैगा ॥ तौ इसलोकविषे नरकदुःखतेंभीअधिकदुःखकेदेणहारी तुम्हारी अपकीर्तिहोवेगी ॥ और तुम्हारा हमारेकुलविषेजन्महुआहै ॥ यातें तुम्हारीअपकीर्तिकरिके हमारी तथाहमारेवृद्धपुरुषोंकीभी अपकीर्तिहोवेगी॥और श्रेष्ठपुरुषोंकीजा अपकीर्तिहै ॥ सामरणतेंभीअधिकहै ॥ यातें हेपुत्र ॥ तूं किसीवेदवेत्तागुरुकेसमीपजाइके वेदविद्याकाअध्ययनकर ॥ हे शिष्य ॥ इसप्रकारकेवचन जभी ताआरुणिपितानें ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति कथनकरे ॥ तभी सोश्वेतकेतु तापिताकेवचनोंकूंश्रवणकरिके विचारकूं प्राप्तहोताभया॥और तापिताकीआज्ञालेके सोश्वेतकेतु आपणेगृहकापरित्यागकरिके किसीअन्यदेशविषेजाताभया ॥ तहांजाइके

सो श्वेतकेतु किसीवेदवेत्ता ब्राह्मणोंकूंगुरुधारणकरिकें व्याकरणादिकषट्अंगोंसहित चारिवेदोंका अध्ययनकरताभया ॥ तथा उपनिषद्रूपवेदांतभागकूंछोडिके सो श्वेतकेतु तिनसर्ववेदोंकेअर्थकाभी विचारकरताभया ॥ इसप्रकार अर्थसहित चारिवेदोंकाअध्ययनकरिके सो श्वेतकेतु तिनगुरुवोंतेंआज्ञालैके आपणेगृहकेप्रति आवताभया ॥ और मार्गविषेआवताहुआ सो श्वेतकेतु आपणेमनविषे याप्रकारकाविचार करताभया॥सर्ववेदोंकेपाठकूं तथासर्व वेदोंकेअर्थकूं हमनें भलीप्रकारअध्ययनकऱ्याहे॥यातें मैं श्वेतकेतु अत्यंतबुद्धिमानहूं॥और जैसा हमारेकूंवेदोंकापाठ तथाअर्थ आवेहे॥तैसा हमारेपिताकूंभी आवतानहीं॥काहेतें जोकदाचित् हमारापिता तिनवेदोंकेपाठकूं तथाअर्थकूं जाणता होता॥तो मैंप्रियपुत्रकूं दूसरेब्राह्मणोंकेसमीप किसवासतेभेजता ॥और सोहमारापिता विद्याअध्ययनकरणेवासतें हमारेकूं दूसरेब्राह्मणों के पास भेजताभयाहे ॥ यातें यहजान्याजावेहे ॥ हमारेपिताकूं यथार्थ वेदविद्या आवतीनहीं ॥ किंवा ॥ जिसगुरुवोंकेसमीप हमनें वेदविद्याकाअध्ययनकऱ्याहे ॥ तेगुरुभी हमारीतीक्ष्णबुद्धिकूंदेखिके आपणेपुत्रों तें भी अधिकस्नेह हमारेविषेकरतेभयेहैं॥जोमैं अधिकबुद्धिमानन हींहोता ॥ तो तेहमारेगुरुहमारेऊपर अधिकस्नेहनहींकरते ॥ याकारणतेंभी मैं पितातें अधिकबुद्धिमानहूं॥किंवा ॥तेहमारेगुरु किसीप्रसंगपाइकेस्नेहपूर्वक अनेकशपथोंकूंकरिके हमारेप्रतियाप्रकारकावचन कहतेभयेहैं हे श्वेतकेतु जितनीकिवेदविद्या हमारेकूं आवतीथी सासंपूर्णवेदविद्या हमों नें तुम्हारेप्रति उपदेशकरीहे॥इसतैंअधिककोईविद्या हमारेपासहैनहीं॥ऐसेगुरुवोंकेवचनों तें भी यहजान्याजावेहे॥ जोमैं श्वेतकेतु ताआरुणिपितातें अधिकविद्यावालाहूं ॥किंवा॥ पुत्र पितातेंभीअधिकबुद्धिमानहोवेहे ॥ यावार्त्ताविषे कोईआश्चर्यनहीं है ॥ ॥ काहेतें जैसे पूर्व बृहस्पति तथा ताबृहस्पतिका कचनामापुत्र आपणेपितातेंभी अधिकविद्यावानहुआहे ॥ नामकचकूं शास्त्रविषे अंगु या नामकरिकेभी कथनकरे हैं ॥ सोकच शुक्रतें मृत्युसंजीवनीविद्याकूंपढिके बृहस्पतिआदिकसर्वदेवतावोंकूं साविद्या पढावताभयाहे ॥ यह वार्त्ता वेदकेशतपथब्राह्मणविषे तथामनुस्मृतिविषे प्रसिद्धहे ॥ तैसे मैं श्वेतकेतुभी आपणेपितातें अधिकविद्यावानहुवाहूं ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकारकाचिंतनकरिके सो श्वेतकेतु महान्गर्वकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तागर्वदोषकरिके उत्पन्नभयाजोमोहहे ॥ तामोहकरिके सो श्वेतकेतु

आपणेगृहविषेजाइके आपणेपिताकेपादोंऊपर नमस्कार नहींकरताभया ॥ किंतु स्तंभकीन्याई नम्रभावतैंरहितहोइके ऊंचेआसनऊपर स्थितहोताभया ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार ताश्वेतकेतुपुत्रकूं नम्रतातैंरहितदेखिकेभी सोआरुणिपिता तापुत्रऊपर क्रोधनहींकरताभया ॥ किंतु कृपाकरिकेयुक्तहुआ सोआरुणिपिता ताश्वेतकेतुपुत्रकेहितवासते याप्रकारकावचन तापुत्रकेप्रति कहताभया ॥ आरुणिरुवाच ॥ हेश्वेतकेतु ॥ जिसअतिशयताकेअभिमानकरिके तूंस्थाणुकीन्याई नम्रतातैंरहितहुआहै ॥ तथा जिसअतिशयताकेअभिमानकरिके तूं आपणेकूं षट्अंगोंसहितचारवेदोंकावेत्ता मानताहै ॥ तथा जिसअतिशयताकेअभिमानकरिके तूं आपणेकूंसर्वविद्वानों तैं अधिकमानताहै ॥ साअतिशयता तुमारेविषेकौनहै ॥ यहवार्त्ता तूं हमारेप्रतिकहु ॥ हेश्वेतकेतु ॥ तुमने आपणेगुरुकेप्रति कभी यहप्रश्नकऱ्याहै ॥ जो जिसएकवस्तुकेश्रवणकरिके संपूर्णअश्रुतपदार्थोंकाभीविज्ञान श्रवणहोवै है॥तथा जिसएकवस्तुकेमननकरिके संपूर्णअमननकरेहुएपदार्थोंकाभीमननहोवै है॥तथा जिसएकवस्तुकेविज्ञानकरिके संपूर्णअविज्ञातपदार्थोंकाभीविज्ञानहोवैहै ॥ऐसावस्तु तुमनें कभी आपणेगुरुवोंतैंपूछाहै॥जोतूं तावस्तुकूंजाणताहोवै ॥ तौहमारेप्रति कथनकर॥हेशिष्य॥ इसप्रकारकावचन जभी ताआरुणिपितानें श्वेतकेतुपुत्रकेप्रति कह्या ॥ तभी सोश्वेतकेतु तावस्तुकूंनजानताहुआ तागर्व तैं रहितहोताभया ॥ और पिताकेवचनकूंश्रवणकरिके परमआश्चर्यकूंप्राप्त हुआ सोश्वेतकेतु श्रद्धाभक्तिपूर्वक तापिताकूंनमस्कारकरिके याप्रकारकावचन कहताभया ॥ श्वेतकेतुरुवाच ॥ हेभगवन् ॥ जिस एकवस्तुके श्रवणकरिके तथामननकरिके तथाविज्ञानकरिके सर्वपदार्थोंका श्रवण मनन विज्ञान होवै है ॥ ताएकवस्तुकूं मैं जाणतानहीं ॥ यातैं आप कृपाकरिके तावस्तुकाउपदेश हमारेप्रति करो ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार जभी ताश्वेतकेतुनें आरुणिपिताके प्रति प्रश्नकऱ्या ॥ तभी सोआरुणिपिता ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ आरुणिरुवाच हेश्वेतकेतु ॥ ताएकवस्तुकेजानणेवासते तूं प्रथम तीनदृष्टांतोंकरिके यासर्वजगत्‌कूं तेज जल पृथिवी यातीनभूतरूपकरिके निश्चयकर ॥ तिसतैंअनंतर तिसीतीनदृष्टांतोंकरिके तेज जल पृथिवी यातीनोंकाकारण जोपरमात्मादेवहै तापरमात्मारूपकरिके तासर्वजगत्‌कूं निश्चयकर ॥

अब तिन तीनदृष्टांतोंका निरूपणकरै हैं ॥ हे श्वेतकेतु ॥जैसेयालोकविषे पृथिवीरूपमृत्तिकापिंडकेज्ञानहुएतैंअनंतर तामृत्तिकाकेकार्यरूप घटशरावादिकसर्वपदार्थोंका ज्ञानहोवै है ॥ १ ॥ और जैसे तेजरूप सुवर्णपिंडकेज्ञानहुएतैंअनंतर तासुवर्णकेकार्यरूप कटककुंडलादिक सर्वपदार्थोंकाज्ञानहोवै है ॥ २ ॥ और जैसे नखनिकृंतनादिकपिंडविषेस्थित जोलोहहै ॥ तालोहपिंडकेज्ञानहुएतैं अनंतर तालोहकेकार्य रूप खड्गादिकसर्वपदार्थोंका ज्ञानहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जोपुरुष एकवार तामृत्तिकाकेघटरूपकार्यविषे यहमृत्तिकाहीहै याप्रकारका निश्चयकरैहै ॥ सोपुरुष ताघटतैंभिन्न दूसरेमृत्तिकाकेकार्योंकूंदेखिके यहमृत्तिकाहै ॥ अथवानहीं है याप्रकारकेसंशयकूं प्राप्तहोवैनहीं॥किंतु तिनसर्वकार्योंकूं मृत्तिकारूपकरिकेहीदेखैहै ॥ यहरीति सुवर्णपिंडविषे तथालोहपिंडविषेभी जानिलेणी॥तैसे तेज जल पृथिवी यातीनभूतों काकारण जोपरमात्मादेवहैतापरमात्मादेवकेज्ञानहुएतैंअनंतर याजीवोंकूं तेजजलपृथिवीरूप यासर्वजगत्काज्ञानहोवैहै॥शंका॥हेभगवन्॥ मृत्तिकाकापिंड पृथिवीरूपहै यातैंतापृथिवीभूतविषे तामृत्तिकापिंडकादृष्टांत संभवै है॥तैसे सुवर्णपिंडभी तेजरूपहै ॥ यातैं तातेजभूतविषे सुवर्णपिंडकादृष्टांतभी संभवैहै॥तथापि नखनिकृंतनरूपलोहपिंड जलरूपहैनहीं॥यातैं ताजलभूतविषे तालोहपिंडकादृष्टांत संभवतानहीं॥ समाधान ॥ हे श्वेतकेतु ॥ यद्यपि द्रवीभूतजलकेसंबंधतैंही पृथिवीआदिकोंतैं नानाप्रकारकेकार्य उत्पन्नहोवै हैं ॥ जलकेसंबंधतैं विना तिन पृथिवीआदिकोंतैं कोईभीकार्य उत्पन्नहोवैनहीं ॥ यातैं अन्वयव्यतिरेककरिके तिनजलोंविषे कारणता प्रसिद्धहै ॥ तथापि पृथिवीआदिकों केसंबंधतैंरहित केवल जलपिंडविषे कोईकारणता लोकविषेप्रसिद्धहैनहीं ॥ याकारणतैं यालोकोंकेबुद्धिकूंअंगीकारकरिके ताश्रुति भगवतीनैं हिमकरकादिरूपजलकेसमान निर्मलतारूपकरिकेप्रसिद्ध जोनखनिकृंतनादिरूपलोहहै तालोहकूं तीसरादृष्टांतरूपकरिकेकथन कऱ्याहै ॥ यातैं ताजलभूतविषे तालोहपिंडकादृष्टांत संभवै है ॥ अब एककारणवस्तुकेज्ञानतैं सर्वकार्योंकाज्ञानहोवै है यानियमविषे गौणरूपतामानणेहारे जेभेदवादीहैं ॥ तिनभेदवादियोंकेमतकेखंडनकरणेवासते प्रथम तिनभेदवादियोंकेमतका निरूपणकरै हैं ॥ हे श्वे तकेतु ॥ एककारणरूप परमात्माकेज्ञानतैं याकार्यरूपसर्वजगत्काज्ञानहोवै है ॥ याश्रुतिअर्थविषे कोईकभेदवादीपुरुष स्थालीपुलाक

न्यायकूंअंगीकारकरिके गौणरूपतामाने हैं॥ तिनभेदवादियोंका यहअभिप्रायहै ॥ जिसपात्रविषे तंदुलपकाते हैं तापात्रकानाम स्थालीहै ॥ और तिनतंदुलोंकानाम पुलाकहै ॥ तहां तिनतंदुलोंकूंपकावणेहारेपुरुष अग्निऊपर जलयुक्तस्थालीपात्रकूंराखिके तापात्रविषे तंदुलोंकूं पावेहैं ॥ तिसतेंअनंतर तेपाचकपुरुष यहतंदुल मलियेहैं ॥ अथवा काचेहैं ॥ याप्रकारकीपरीक्षाकरणेवासते तिनतंदुलोंविषे एकतंदुल कादाणा बाहरनिकासिकेदेखेहैं ॥ जोवो सोएकतंदुलकादाणा पकियाहोवेहै ॥ तो तिनसर्वतंदुलोंकूं पकाहुआजाणेहैं॥और सोएकतंदुल कादाणा जोकाचाहोवेहै ॥ तो तिनसर्वतंदुलोंकूंकाचाजाणे हैं ॥ याकानाम स्थालीपुलाकन्यायहै ॥ तास्थालीपुलाककीन्याईंहीं तेभेदवादीपुरुष ताएकआत्माकेज्ञानतें सर्वजगत्काज्ञान कथनकरेहैं ॥ ऐसेभेदवादीपुरुषों तें अद्वैतब्रह्मवादीपुरुषों नें यहपूछाचाहिये॥ हेवादी ॥ एकपरमात्माकेज्ञानतें. सर्वजगत्केज्ञानकूंकथनकरणेहारोश्रुतिविषे जोतुमनें यह स्थालीपुलाकन्याय कल्पनाकन्याहै ॥ सोआपणीबुद्धिकरिके कल्पनाकन्याहै ॥ अथवा श्रुतिप्रमाणजन्यबुद्धिकरिके कल्पनाकन्या है ॥ अथवा वृद्धपुरुषोंकोपरंपरारूपसंप्रदायकेबलतें कल्पनाकन्याहै ॥तहां ताश्रुतिकेअर्थविषे आपणीबुद्धिकरिके सोन्याय हमों नें कल्पनाकन्याहै यहप्रथमपक्ष जोतुम अंगीकारकरो सोसंभवेनहीं ॥ काहेतें श्रुतिप्रमाणतेंरहित केवलपुरुषकीबुद्धितो बहुतस्थानोंविषे आपणेअर्थतें व्यभिचारीही देखीहै ॥ जैसे रज्जुविषेसर्पबुद्धि तथाशुक्तिविषेरजतबुद्धि आपणे सर्परजतरूपअर्थ तें व्यभिचारीहीहोवेहै॥याकारणतेंहीं वेदवेत्तापुरुष केवलपुरुषबुद्धिकूं किसीअर्थकीसिद्धिविषे प्रमाणरूपतामानतेनहीं ॥ किंवा ॥ यालोकविषे सर्वतार्किकोंविषेमुख्यजे कपिल बुद्ध कणाद गोतम आदिकमहात्पुरुषहैं॥तेकपिलादिकभी श्रुतिप्रमाणतेंविरुद्ध जिस जिसआपणीबुद्धिकरिके जिसजिसअर्थकीसिद्धिकरे हैं ॥ सा सा तिनोंकोबुद्धि तिसतिसअर्थविषे अप्रमाणहीं होवेहै ॥ तिनबुद्धियोंकीअप्रमाणताविषे यहकारणहै ॥ तेकपिलादिकमुनि श्रुतिप्रमाणतेंविरुद्ध केवलआपणीबुद्धिकरिके जगत्केकारणकूं तथाआत्माकेस्वरूपकूं तथाबंधमोक्षकूं भिन्नभिन्नहीं कथनकरे हैं ॥ याकारणतें तिनोंकोयुक्तियां परस्परही खंडितहोइजावेहैं ॥ जैसे यालोकविषे परस्परविरुद्धअर्थकूंजनावणेहारियां जेलोकोंकोबुद्धियांहैं ॥ तिनबुद्धियोंविषे किसीएकबुद्धिकूंभी प्रमाणतासिद्धहोवेनहीं ॥ ते

से परस्परविरुद्धअर्थकूंविषयकरणेहारियां जेतिनकपिलादिकोंकीबुद्धियांहैं ॥ तिनबुद्धियोंविषे किसीएकबुद्धिकूंभी प्रमाणरूपता संभवै नहीं ॥ जभी कपिलादिकमहान्पुरुषोंकेबुद्धियोंविषेभी स्वतंत्र प्रमाणरूपता सिद्धनहींभई ॥तभी इतरजीवोंकेबुद्धियोंविषे स्वतंत्र प्रमाणरूपता नहीं है याकेविषेक्याकहणाहै ॥ यातें श्रुतिप्रमाणतेंरहित केवलपुरुषकीबुद्धिविषे प्रमाणरूपता संभवेनहीं यहअर्थसिद्धभया ॥ और ताश्रुतिअर्थविषे श्रुतिप्रमाणजन्यबुद्धिकेबलतें हम तास्थालीपुलाकन्यायकीकल्पना करतेहैं यहदूसरा पक्ष जोवादीअंगीकारकरे ॥ सोभी संभवेनहीं ॥ काहेतें श्रुतिप्रमाणविषे अविश्वासकरणेहारे जोतुम भेदवादीहो ॥ तिनतुमारेकूं ताश्रुतिप्रमाणजन्यबुद्धिकरिके तामनवांछित अर्थकीसिद्धिहोणीअत्यंत दुर्घटहै ॥ और ताश्रुतिअर्थविषे संप्रदायकेबलतें हम तान्यायकीकल्पनाकरेंहैं यहतीसरापक्ष जोवादी अंगीकार करे ॥ सोभी संभवेनहीं॥काहेतें कपिल बुद्ध गौतम कणाद इत्यादिक महान्पुरुषोंकेशिष्यों ने आपणेगुरुसंप्रदायकूंअंगीकारकरिकेभी श्रुतिअर्थकेनिर्णयकरणेविषे किसीनिमित्तकूं पायानहीं ॥ यातें यहजान्याजावेहै॥आपणेवृद्धोंकीसंप्रदायकेअंगीकारकरणे तें भी पुरुषकी बुद्धिही अंगीकारकरीजावे है ॥ तापुरुषकीबुद्धितें भिन्न दूसराकोईप्रमाण अंगीकारकन्याजावेनहीं ॥ काहेतें तेकपिलादिक सांप्रदायिक पुरुष जोकदाचित् ताश्रुतिअर्थविषेउपयोगी किसीप्रमाणकूंप्राप्तहोतेतो तेसांप्रदायिकपुरुष ताश्रुतिअर्थविषे परस्पर विवादनहींकरते ॥ और श्रुतिअर्थविषे तिनोंका परस्परविवाद प्रत्यक्षदेखणेविषेआवताहै ॥ एककेयुक्तियोंकूं दूसरा खंडनकरिदेवे है ॥ तादूसरेकेयुक्तियोंकूं तीसराखंडनकरिदेवेहै ॥ यातें संप्रदायकेअंगीकारकिये तें भी पुरुषकीबुद्धिही अंगीकारकरीजावेहै ॥ और पुरुषकीबुद्धिविषे पूर्व प्रथमपक्षविषे दोषोंकाकथनकरिआये हैं ॥ तेसंपूर्णदूषण यातृतीयपक्षविषेभी प्राप्तहोवे हैं ॥ शंका ॥ हेसिद्धांती ॥ तासंप्रदायकरिके जोहम वृद्धपुरुषोंकीपरंपराकूं अंगीकारकरें ॥ तौ प्रथमपक्षकी तथातृतीयपक्षकी समानताप्राप्तहोवे ॥ परंतु तासंप्रदायपदकरिके हम तावृद्धपुरुषोंकी परंपराकूं अंगीकारकरतेनहीं ॥ किंतु तासंप्रदायकरिके हम लक्षणावृत्तितें न्यायकाअंगीकारकरे हैं तान्यायकूंश्रुति अर्थकेनिर्णयकरणेविषे सावधानता सर्ववादियोंकूंसंमतहै ॥ यातें तातृतीयपक्षका प्रथमपक्षविषेअंतर्भाव संभवेनहीं ॥ समाधान ॥ हेवा

दी ॥ संप्रदायशब्दकरिकै जिसन्यायका तुमनें अंगीकारकऱ्याहै ॥ तान्यायका क्यास्वरूपहै ॥ यहतुमारेकूं कह्याचाहिये ॥ तात्पर्ययह
जैसे जहांजहां धूमरहे है तहांतहां अग्निरहे है ॥ याप्रकार धूमअग्निका बहुतवार सहचारदेखिकै उत्पन्नभईजा धूमअग्निकाव्याप्यहै
याप्रकारकीबुद्धिहै ताकानाम न्यायहै ॥ अथवा अग्निकेअभाववालेपर्वतविषेभी धूम रहे है यावादीकेशंकाकोनिवृत्तिकरणेवासतै उत्पन्न
भयाजो जोधूम अग्निकेअभाववालेविषेरहैगा तो सोधूम अग्निकरिकैजन्यनहींहोवैगा यहतर्कहै ॥ ता तर्ककानाम न्यायहै ॥ तहां वारम्वार
सहचारदर्शनतैंजन्यबुद्धिकानाम न्यायहै यहप्रथमपक्ष जोवादी अंगीकारकरे ॥ सो संभवैनहीं ॥ काहेतैं यापक्षविषेभी पुरुषकीबुद्धितैंभिन्न
कोईन्यायकास्वरूपसिद्धहोवैनहीं ॥ किंतु तापुरुषकीबुद्धिकूंहीं न्यायरूपतासिद्धहोवै है ॥ यातैं यान्यायरूपसंप्रदायपक्षकाभी ताप्रथमप
क्षतैंभेद सिद्धहोवैनहीं ॥ किंवा वारम्वार सहचारदर्शनतैंजन्यबुद्धिकूंजोप्रमाणरूपमानिये॥तौजहांजहां पृथिवीत्वधर्मरहे है ॥तहांतहां लोह
लेख्यत्वधर्मरहे है ॥ याप्रकारकेवारम्वारसहचारदर्शनतैं उत्पन्नभईजा पृथिवीत्वधर्म लोहलेख्यत्वधर्मकाव्याप्यहै याप्रकारकोबुद्धिहै ताबु
द्धिभी प्रमाणरूपहोणीचाहिये ॥ ओर ताबुद्धिविषे प्रमाणरूपताहैनहीं ॥ काहे तैं वज्रमाणिविषे पृथिवीत्वधर्मतोरहे है ॥ परन्तु लोहलेख्य
त्वधर्म तहां रहतानहीं ॥ ओर तर्ककानाम न्यायहै यहअद्वितीयपक्षजोवादी अंगीकारकरे ॥ तावादीसैं यहपूछाचाहिये ॥ तान्यायविषे
तर्करूपता किसप्रकारहै ॥ तहां सोवादी जोयहकहै ॥ जैसे न्याय प्रमाणऊपरअनुग्रहकरे है ॥ तैसे सोतर्कभी प्रमाणऊपरअनुग्रहकरे है
॥ याकारणतैं सोन्याय तर्करूपहै ॥ याप्रकारकहणेहारेवादीसैं यहपूछाचाहिये ॥ सोतर्करूपन्याय ताप्रमाणऊपर किसप्रकारकाउपकारक
रे है ॥ यहतुमारेकूंकह्याचाहिये ॥ तात्पर्ययह ॥ सोतर्करूपन्याय ताप्रमाणविषे प्रमाणताकोसिद्धिरूप उपकारकरे है ॥ अथवा सोतर्करू
पन्यायताप्रमाणऊपर ताप्रमाणकेविरोधीकीनिवृत्तिरूप उपकारकरे है ॥ अथवा सोतर्करूपन्याय ताप्रमाणऊपर प्रमाणताकीअभिव्य
क्तिरूप उपकारकरे है ॥ तहां सोतर्करूपन्याय ताप्रमाणऊपर प्रमाणताकीसिद्धिरूप उपकारकरे है ॥ यहप्रथमपक्ष जोवादी अं
गीकारकरे सोसंभवैनहीं ॥ काहेतैं ताप्रमाणविषे विषयोंकोप्रकाशकतारूप जाप्रमाणताहै ॥ ताप्रमाणताकूं कोईशास्त्रवाले तो स्व

तोग्राह्यमाने हैं ॥ और कोईकशास्त्रवालेतो परतोग्राह्यमाने हैं ॥ तहां ताप्रमाणताधर्मकेआश्रयकूं जितनीकोसामग्रीग्रहणकरे है ॥ तितनी हींसामग्री ताप्रमाणताधर्मकूंभीग्रहणकरे याकानाम स्वतोग्राह्यताहै ॥ और ताप्रमाणताधर्मकेआश्रयकूं जितनीकोसामग्रीग्रहणकरे है ॥ तितनीसामग्री ताप्रमाणताधर्मकूं नहींग्रहणकरे याकानाम परतोग्राह्यताहै ॥ तहां वेदांतमतविषे तथामीमांसामतविषेतो स्वतोग्राह्यताहै ॥ और नैयायिकोंकेमतविषे परतोग्राह्यताहै ॥ तहां स्वतोग्राह्यतापक्षविषेतो ताप्रमाणतारूपकीसिद्धि सोप्रमाण आपहीकरे है ॥ ताप्रमाणताकेसिद्धिविषे ताप्रमाणकूं दूसरेकिसीकीअपेक्षाहोवेनहीं ॥ जैसे दीपक घटादिकविषयोंकेप्रकाशकरणेविषे दूसरेकिसीप्रकाशकीअपेक्षा करतानहीं ॥ तैसे सोप्रमाणभी विषयोंकीप्रकाशकतारूप प्रमाणताविषे दूसरेकिसोकीअपेक्षाकरतानहीं ॥ जोकदाचित् सोप्रमाण विषयों केप्रकाशकरणेविषे किसीदूसरेकीअपेक्षाकरेगा ॥ तो ताप्रमाणविषे अप्रमाणरूपताही प्राप्तहोवेगी ॥ यातें सोप्रमाण आपणेसमानविषयक तर्ककी अपेक्षाकरेनहीं ॥ और सोतर्क जोकदाचित् ताप्रमाणकेविषयतेंभिन्नपदार्थोंकूंविषयकरताहोवे ॥ तौभी तातर्कका प्रमाणऊपरउप कार संभवेनहीं ॥ काहेतें ॥ ताप्रमाणविषे विषयोंकोप्रकाशकतारूप जाप्रमाणताहै ॥ साप्रमाणता तातर्ककीप्रवृत्तितेंपूर्वहीसिद्धहै ॥ तापूर्वसिद्धप्रमाणताकीसिद्धिवासते ताप्रमाणकूं तातर्ककीअपेक्षा संभवेनहीं ॥ किंवा अप्रमाणरूपजोतर्कहै तातर्कका प्रमाणकेविषयविषेप्रवेश भ्रमकरिकेभीहोइसकेनहीं ॥ काहेतें याळोकविषे प्रमाण तथाअप्रमाण यहदोनों आपणेस्वरूपकेभेदकरिके तथाआश्रयकेभेदकरिके तथा विषयकेभेदकरिके परस्पर विलक्षणहीहोवे है॥किंचित्मात्रभीतिनोंविषे सादृश्यताहोवेनहीं॥और ळोकविषेसमानस्वभाववालेपदार्थोंकाही परस्परउपकार्यउपकारकभाव देख्याहै ॥ विरुद्धस्वभाववालेपदार्थोंका परस्पर उपकार्यउपकारकभाव कहांदिख्यानहीं ॥ याकारणतेंभी ताप्रमाणऊपर ताअप्रमाणरूपतर्कका उपकारसंभवेनहीं ॥ और सोवादीजोयहदूसरापक्ष अंगीकारकरे ॥ जैसे याळोकविषे याजीवों के अनिष्टकेकारण विषादिकपदार्थ प्रसिद्धहैं ॥ तैसे तिनविषादिकोंकीनिवृत्तिरूपउपकारके औषधिमंत्रादिककारणभी प्रसिद्धहैं ॥ तैसे इहांप्रसंगविषे सोतर्क ताप्रमाणऊपर ताप्रमाणकेविरोधीकीनिवृत्तिरूपउपकार करे है ॥ सोयहदूसरापक्षभीसंभवेनहीं ॥

काहेतें जैसे याछोकविषे सो विरोधीकीनिवृत्तिरूपउपकार प्रसिद्धहै ॥ तैसे इहांप्रसंगविषे सोविरोधीकोनिवृत्तिरूपउपकार संभवतानहीं ॥ काहेतें प्रमाण तथाताकाविरोधीअप्रमाण यहदोनों जोकदाचित् एकदेशविषेही इकट्ठेरहतेहोवैं ॥ तो सोतर्क ताअप्रमाणकीनिवृत्तिरूप उपकार ताप्रमाणऊपरकरै ॥ परंतु सोप्रमाण तथाअप्रमाण यहदोनों एकदेशविषे इकट्ठेरहतेनहीं॥और एकदेशविषे तथाएककालविषे रह णेहारेपदार्थोंकाही परस्परविरोधहोवै है ॥ भिन्नदेशकालविषे रहणेहारेपदार्थोंका परस्परविरोध कहांदेख्यानहीं ॥ जैसे मक्षिकारूपग्रासकूं ग्रसताहुआजोमंडूकहै ॥ तामंडूककूं दूसरासर्प ग्रसैहै ॥ तैसे प्रमाण अप्रमाण यादोनों विषे एककूंग्रसणेहारा कोईदूसराप्रसिद्धहैनहीं ॥ जि सविरोधीकीनिवृत्तिरूपउपकार सोतर्क प्रमाणऊपरकरै ॥ किंवा ॥ जिस स्थलविषे समानबलवाले दोप्रमाणोंकी एकविषयविषेप्रवृत्तिहो वैहै ॥ तिसस्थलविषेही बुद्धिमान्पुरुष तिनदोनोंप्रमाणोंका परस्परविरोध अंगीकार करे हैं॥ सोइहांप्रसंगविषेहैनहीं काहे तें प्रमाणकीतो सत्यवस्तुविषे प्रवृत्तिहोवैहै ॥ और अप्रमाणकी असत्यवस्तुविषे प्रवृत्तिहोवैहै ॥ और जैसे ताप्रमाणके तथाअप्रमाणके विषयकाभेदहै ॥ तैसे ताप्रमाणके तथाअप्रमाणके धर्मोंकाभी भेदहै ॥ तहां प्रमाणत्वधर्मतो केवलप्रमाणविषेहीरहेहै ॥ अप्रमाणविषेरहेनहीं ॥ तैसे अप्रमाणत्वधर्मभी केवलअप्रमाणविषेहीरहेहै ॥ प्रमाणविषेरहैनहीं ॥इसप्रकार भिन्नभिन्नअर्थकूंविषयकरणेहारे तिनप्रमाणअप्रमाणविषे पर स्पर विरोधीपणासंभवैनहीं ॥ किंवा ॥ जोवादी प्रमाणकेविरोधीकीनिवृत्तिरूप तर्ककाउपकार ताप्रमाणऊपर अंगीकारकरै है ॥ तावादीसें यहपूछाचाहिये ॥ सो तुम्हारातर्क ताप्रमाणकेविरोधीकूं अप्रमाणरूपजाणिके निवृत्तकरै है ॥ अथवा सोतर्क ताप्रमाणकेविरो धीकूं प्रमाणरूपजाणिके निवृत्तकरै है ॥ तहांसोतर्क ताप्रमाणकेविरोधीकूं अप्रमाणरूपजाणिके निवृत्तकरै है यहप्रथमपक्ष जोवादी अंगीकारकरै ॥ सोसंभवैनहीं ॥ काहेतें याछोकविषे जैसे कोई पुरुष पीसेहुएअन्नकूं पुनः पीसतानहीं ॥ तथा मरेहुएशरीरकूं पुनः मारता नहीं ॥ तैसे ताप्रमाणकेविरोधीकूं अप्रमाणरूपकरिकेजाणताहुआ सोतर्क ताप्रमाणकेविरोधीकीनिवृत्तिकरणेविषे प्रवृत्तहोवैगानहीं ॥ जैसे रज्जुकेसर्पकूंमिथ्याजाणताहुआ यहपुरुष तामिथ्यासर्पकेनिवृत्तकरणेविषे प्रवृत्तहोवैनहीं ॥ और सोतर्क ताप्रमाणकेविरोधीकूं प्रमाणरू

पजाणिके निवृत्तकरे है यहदूसरापक्ष जोवादीअंगीकारकरे ॥ सोभी संभवैनहीं ॥ काहेतें ताप्रमाणकेविरोधीविषे प्रमाणरूपताकूं विषयक
रणेहारा जोतर्कहै ॥ तातर्ककरिके ताप्रमाणकेविरोधीकोनिवृत्तिसंभवैनहीं ॥ जोकदाचित् सोतर्क ताप्रमाणकेविरोधीकूंप्रमाणरूपजाणि
केभी ताकीनिवृत्तिकरेगा ॥ तो सोतर्क कदाचित् ताप्रमाणकूंभीनिवृत्तकरेगा ॥ यद्यपि श्रुतिअनुकूलतर्ककरिके ताप्रमाणकेविरोधीकीनि
वृत्ति संभवैहै ॥ तथापि श्रुतिप्रमाणतैंविना केवलदुराग्रहतैंअर्थकीसिद्धिकरणेहारे जोतुमवादीहो ॥ तिनतुमवादियोंकूं ताशुष्कतर्ककेबलतैं
तावांछितअर्थकीसिद्धिहोणी अत्यंतदुर्घटहै॥इतनैंकरिके ताप्रमाणविषे स्वतःप्रमाणताकाअंगीकारकरिके ताप्रमाणऊपर तर्ककेउपकारका
अभाव वर्णनकऱ्या ॥अब ताप्रमाणविषे परतःप्रमाणताकाअंगीकारकरिके ताप्रमाणऊपर तर्ककेउपकारकाअभाव वर्णनकरे हैं॥हेवादी ॥
ताप्रमाणविषे जोकदाचित् परतः प्रमाणताभीमानिये ॥ तोभी ताप्रमाणऊपर तातर्कका कोनउपकारहै ॥ सोतर्ककाउपकार तुमनें कह्या
चाहिये ॥ तात्पर्ययह॥तातर्कका ताप्रमाणऊपर विषयोंकाप्रकाशरूपउपकारतो संभवैनहीं ॥काहेतें सोविषयकाप्रकाशतो ताप्रमाणकरिके
हीसिद्धिहै ॥ तैसे तातर्कका प्रमाणऊपर प्रमाताकेअसंभावनाकीनिवृत्तिरूपउपकारभीसंभवैनहीं ॥काहे तैं ताप्रमातानिष्ठअसंभावना पूर्व
लेपापकर्मोंकरिकेजन्यहोवै है ॥ यातैं तिनपापकर्मोंकेविरोधी पुण्यकर्मोंकरिकेही ताअसंभावनाकीनिवृत्ति संभवैहै ॥ तर्ककरिके ताअसं
भावनाकीनिवृत्तिसंभवैनहीं ॥ किंवा ॥ तातर्ककरिके जोकदाचित् प्रमाताकेअसंभावनाकीनिवृत्तिभी अंगीकारकरिये ॥ तोभी तातर्कका
ताप्रमाताऊपरही उपकार सिद्धहोवैगा ॥ ताप्रमातातैंभिन्न ताप्रमाणऊपर तातर्ककाउपकार सिद्धहोवैगानहीं ॥ किंवा ॥ विषयकेप्र
काशकरणेविषेअसमर्थ जोअप्रमाणहै ॥ ताअप्रमाणविषेतो सहस्रतर्कोंकरिकेभी प्रमाणरूपतासिद्धहोइसकेनहीं ॥ और विषयके
प्रकाशकरणेविषेसमर्थ जोप्रमाणहै ॥ ताप्रमाणविषे साप्रमाणरूपता तातर्ककीप्रवृत्तितैंपूर्वहीसिद्धहै ॥ यातैं तापूर्वसिद्धप्र
माणताकीभी किसी तर्ककरिकेसिद्धिसंभवैनहीं ॥ और सोतर्क ताप्रमाणऊपर प्रमाणत्वधर्मकीअभिव्यक्तिरूप उपकारकरे है ॥
यहतीसरापक्ष जोवादी अंगीकारकरे ॥ तावादीसैं यहपूछाचाहिये ॥ सोतर्क अप्रमाणरूपहै ॥ अथवा सोतर्क प्रमाणरूपहै ॥ तहां

तेज जल पृथ्वीयातीनभूतोंकीही उत्पत्तिकथनकरीहै॥परंतु वास्तवतैंताछांदोग्यश्रुतिकाभी पंचीकरणविषेहीतात्पर्य है॥तापंचीकरणकेनिषे धविषेतात्पर्यनहीं है॥यातैं तैत्तिरीयकश्रुतिका तथाछंदोग्यश्रुतिका परस्पर विरोधसंभवैनहीं ॥ अब तेजादिकतीनभूतोंके उत्पत्तिकाक्रम कथनकरे हैं॥ हेश्वेतकेतु ॥ सोसतब्रह्म प्रथम तेजकूंउत्पन्नकरताभया॥तातेजतैंअनंतर जलोंकूंउत्पन्नकरताभया ॥ताजलोंतैंअनंतर पृथ्वी कूंउत्पन्नकरताभया ॥ तापृथ्वीकूं श्रुतिविषे अन्नशब्दकरिकेकथनकर्‌याहै॥ इसप्रकार तेज जल पृथ्वी यातीनभूतोंकूंउत्पन्नकरिके सोका रणब्रह्म तिनभूतोंकेसाथ तादात्म्यभावकूंप्राप्तहोताभया॥ हेश्वेतकेतु॥ जैसे सृष्टिकेआदिकालविषे तेज जल पृथ्वी यातीनभूतोंविषे प्रथम तेज जलका कारणहोवे है॥और सोजल पृथ्वीकाकारणहोवे है॥ तैसे इदानींकालविषेभी देखणे मेंआवे है॥काहेतैं इदानींकालविषेभी जभी अत्यंत तपत पडेहै ॥ तभी ता तपत तैं जलकीवृष्टिहोवे है ॥ और ताजलकी वृष्टितैं अन्नहोवे है॥यहवार्ता सर्वलोकोंकूं अनुभवसिद्धहै ॥ हेश्वेतकेतु॥ तेज जल पृथ्वी यहतीनभूतही यासर्वजगत्‌केकारणहैं ॥ यातैं ताकारणकेस्वभावकूंअनुसारकरिकेही शास्त्रवेत्तापुरुषों नें यासर्वदेहधारीजीवोंके तीनप्रकारकेकारण कथनकरे हैं ॥ तहां जरायुजनामा जीवोंकीजाति प्रथम देहधारीजीवोंकाबीजहै ॥ काहेतैं गर्भकूंवेष्टनकरणेहारा जोजरायुनामाचर्महै ॥ सोजरायु जठराग्निकेतेजकरिकेजन्यहोवे है ॥ याकारणतैं सोजरायु तैजसपदार्थ है ॥ तिस तैंअनंतर दोप्रकारकेस्वेदज उत्पन्नहोवे हैं ॥ तहां एकतौ मशकादिरूपस्वेदज उद्भिज्जरूपहोवे हैं॥ और दूसरे यूकादिरूपस्वेदज अंडज रूप होवे हैं॥यातैं एकहीस्वेदजका जलीयउद्भिज्जरूपकरिके तथापार्थिवअंडजरूपकरिके संग्रह संभवहोइसकेहै ॥ यातैं जरायुज उद्भिज्ज अंडज यहतीनही सर्वदेहधारीजीवोंकेबीजरूपहैं ॥ शंका॥ हेभगवन्॥ब्रह्मसूत्रोंकेतृतीयअध्यायकेप्रथमपादविषे व्यासभगवान्‌ने स्वेदजका उद्भिज्जविषेही अंतर्भावकथनकर्‌याहै ॥ और इहांआपने तास्वेदजका उद्भिज्ज अंडज यादोनोंविषेअंतर्भाव कथनकर्‌या ॥ यातैं तासूत्रके साथ तुम्हारेवचनका विरोधहोवैगा॥ समाधान ॥ हेशिष्य ॥ ताव्यासभगवान्‌का यहअभिप्रायहै॥ जैसे यहप्रसिद्धवृक्षादिक भूमिकूंऊर्ध्व भेदनकरिकेउत्पन्नहोवे है ॥ तैसे मशकादिरूपउद्भिज्ज तथायूकादिरूपअंडज यहदोप्रकारकेस्वेदजभी आपणेउपादानकारणरूपजलों

कूं ऊर्ध्वभेदनकरिकैही उत्पन्नहोवे हैं॥यातैं मशकादिकउद्भिज्जोंकीन्याईं यूकादिकअंडजोंविषेभी सोउद्भिज्जशब्दकाअर्थघटेहै ॥ याप्रकारके अर्थकेजनावणेवासतैंहीं ताव्यासभगवान्नैं उद्भिज्जविषे तास्वेदजकाअंतर्भाव कथनकऱ्याहै ॥ परंतु ताअंडजविषे तास्वेदजकाअंतर्भावनहीं है ॥ याअर्थकेबोधनकरणेविषेताव्यासभगवान्का तात्पर्यनहींहै॥किंवा॥ ऐतरेयउपनिषद्विषे जरायुज अंडज उद्भिज्ज यातीनोंकीअपेक्षा करिकै कथनकऱ्याजो चतुर्थस्वेदजहै॥ तास्वेदजका असत्यपणानहीं है॥किंतु जरायुजादिकतीनोंकोन्याईं सोस्वेदजभी विद्यमानहै॥याप्रकार तास्वेदजकेअसत्यपणेकीनिवृत्तिकरणेविषे ताव्यासभगवान्कातात्पर्य है ॥ उद्भिज्जविषेही तास्वेदजकाअंतर्भावहै याअर्थविषे तासर्वज्ञव्यासभगवान्कातात्पर्यनहीं है॥किंतु ताव्यासभगवान्का यहतात्पर्य है ॥ पक्षीसर्पयूकादिकजीव अंडजहैं ॥ और वृक्षमशकादिकशरीर उद्भिज्जहैं ॥ तिनदोनोंतैंभिन्न सर्वजीव जरायुजहैं ॥ हेश्वेतकेतु॥ जैसे यालोकप्रसिद्ध शरीरादिकअध्यात्मकार्योंकेकारणोंविषे जरायुज उद्भिज्ज अंडज यातीनभेदकरिकै तीनरूपतारहे है॥तैसे यासर्वजगत्केकारणोंविषेभी तेज जल पृथ्वी यातीनभेदकरिकै तीनरूपतारहेहै ॥ शंका हेभगवन् ॥ याप्रकार ॥ तेजादिककारणोंकेज्ञानतैं या अधिकारीपुरुषकूं किसफलकीप्राप्तिहोवे है ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु ॥ जैसे तेज जल पृथ्वी यहतीनकारण आपणेआपणेकार्यविषे अनुगतरूपहोइकेरहेहैं ॥ तैसे तेज जल पृथ्वी यातीनोंविषे सोपरमात्मादेव आपणेसत्तारूपतैं अनुगतहोइकेरहेहै ॥ ऐसा सर्वजगतकाकारणरूप परमात्मादेवही हमअधिकारीजनोंकूं जानणेयोग्यहै ॥ याप्रकार तापरमात्मारूपकारणविषे जोयाअधिकारीपुरुषोंकेबुद्धिकीस्थितिहै ॥ साबुद्धिकीस्थितिही ताकारणकेविचारकाफलहै ॥ अब तापरमात्मादेवरूप परमकारणका तिनतेजादिकभूतोंविषेअनुगतपणा स्पष्टकरिकैनिरूपणकरेहैं ॥ हेश्वेतकेतु ॥ जैसे घटशरावादिककार्योंविषे मृत्तिका कारणरूपकरिकैप्रवेशकरेहै ॥ तैसे तेज जल पृथ्वी यातीनोंविषे सोपरमात्मादेव पूर्व कारणरूपकरिकैप्रवेशकरताभयाहै ॥ काहेतैं तापरमात्मादेवका असाधारणधर्मरूपईक्षण ॥ तत्तेजऐक्षत ॥ इत्यादिकश्रुतियों नैं प्रतिपादनकऱ्याहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे सृष्टिकेआदिकालविषे सोसत्परमात्मादेव मैंबहुतरूपहोइकेउत्पन्नहोवौं याप्रकारकाविचारकरिकै बहुतरूपहोताभयाहै ॥ तैसे तेज तथाजल यहदोनोंभी

ताविचारकूंकरिके बहुतरूपहोतेभये हैं ॥ तहां जडतेजविषे तथाजडजलविषे चेतनकेप्रवेशतैंविना सोविचार संभवतानहीं यातैं यहजा
न्याजावै है ॥ सोचेतनपरमात्मादेवही तातेजजलविषेप्रवेशकरिके ताविचारकूंकरताभयाहै ॥शंका ॥ हेभगवन् ॥ सोपरमात्मादेव तिनते
जादिकोंविषे जोकदाचित् पूर्वहीं अनुगतहुआहोवे ॥ तौ श्रुतिनें तापरमात्मादेवका पुनःजीवरूपकरिकेप्रवेश किसवासतेकथनकर्याहै
॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु ॥ यद्यपि यहसतपरमात्मादेव कारणरूपकरिकेतौ तिनतेजादिकोंविषे पूर्वहीं प्रविष्टहुआहै ॥ तथापि सोपरमा
त्मादेव जीवरूपकरिके तिनतेजादिकोंविषे पूर्वप्रविष्टहुआनहीं ॥ काहेतें जो प्राणोंकूंधारणकरे है ताकानाम जीवहै ॥ तेप्राणधारणा
दिकजीवकेधर्म तिसकालविषे हैं नहीं ॥हेश्वेतकेतु॥ जोचेतन प्राण अपान व्यान उदान समान यापंचप्राणोंकूंधारणकरे है ॥ तथा वारंवार
जन्ममरणकीप्राप्तिरूप संसारकूंप्राप्तहोवे है ॥ तथा शुभअशुभफलकूंप्राप्तहोवे है ॥ तथा बंधकीनिवृत्तिरूपमोक्षकूंप्राप्तहोवे है ॥ ताचेतनका
नाम जीवहै ॥ हेश्वेतकेतु ॥ यासर्वदेहधारीजीवोंका आपणेआपणेअंगुष्ठपरिमाण हृदयकमलहोवे है ॥ ताहृदयकमलविषे ज्ञानशक्तिवाला
अंतःकरण सर्वदारहै है ॥ ताअंतःकरणकेसाथ जोचेतन तादात्म्यअध्यासकूंप्राप्तहोवे है ॥ ताअंतःकरणउपहितचेतनकानाम जीवहै ॥
शंका ॥ हेभगवन् ॥ जोअंतःकरणकूंहीं जीवकाउपाधिरूपअंगीकारकरोंगे ॥ तौ सुषुप्तिअवस्थाविषे ताअंतःकरणकानाशहोइजावे है ॥
यातैं ताजीवकाभी तहांनाशहोणाचाहिये ॥ और सुषुप्तिविषे ता जीवकानाशसिद्धांतमेंअंगीकारहैनहीं ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु ॥ सुषुप्ति
अवस्थाविषेभी ताअंतःकरणका सर्वथा नाशहोवैनहीं ॥ किंतु तासुषुप्तिअवस्थाविषेभी सोअंतःकरण संस्कारभूतसूक्ष्मवासनारूपकरिके
बन्यारहैहै ॥ काहेतें तासुषुप्तितैंपूर्वकालविषे जिसप्रकारकाअंतःकरण प्रतीतहोवे है ॥ तिसीप्रकारकाअंतःकरण तासुषुप्तितैंउत्तरजाग्रत्
कालविषेभी प्रतीतहोवे है॥जोकदाचित् सोअंतःकरण तासुषुप्तिअवस्थाविषे सर्वथानाशकूंप्राप्तहुआहोवे ॥तौ पूर्वदिनकेअंतःकरणतैं उत्तर
दिनका अंतःकरण विलक्षण प्रतीतहोणाचाहिये ॥ और सोअंतःकरण विलक्षण प्रतीतहोतानहीं ॥ यातैं यहजान्याजावे है॥सोअंतःकरण सु
षुप्तिअवस्थाविषे नाशकूंप्राप्तहोतानहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ अंतःकरणकूं तथा अंतःकरणकेवासनावोंकूं जोकदाचित् ताजीवात्माका

उपाधिरूपअंगीकारकरोगे॥तो तेअंतःकरण तथावासना अनेकहैं॥यातैं तेजीवभी अनेकहोवैंगे॥और॥अजोह्येकोजुषमाणोनुशेते॥इत्यादिक श्रुतियोंविषे एकहीजीवकह्याहै तिनश्रुतियोंकाविरोधहोवैगा ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु॥तामायाविशिष्टपरमात्मादेवरूपकारणविषे याअंतः करणवासनाविशिष्टजीवका तादात्म्यसंबंध शास्त्रवेत्तापुरुषोंनैं कथनकऱ्याहै ॥याकारणतैंही अंतःकरणादिरूपकार्यकेसाथ ताजीवात्माका तादात्म्यअध्यास विनाहीप्रयत्नतैं प्राप्तहोवे है ॥ जोकदाचित् ताअंतःकरणकेकारणकेसाथ याजीवात्माका तादात्म्यसंबंधनहींहोवे॥तो ता अंतःकरणकेउदयकालविषेही ताजीवात्माका जोअंतःकरणकेसाथ तादात्म्यअध्यासहोवे है ॥ सोनहींहोणाचाहिये॥हेश्वेतकेतु॥ताअंतःक रणकीउत्पत्तिहुए तथानाशहुएभी याजीवात्माका उत्पत्तिनाशहोवैनहीं ॥किंतु सोजीवात्मा सर्वदा एकरूपही है॥हेश्वेतकेतु॥यद्यपि भिन्न भिन्नअंतःकरणोंविषेस्थितहोइके सोजीवात्मा भिन्नभिन्नरूपकरिके प्रतीतहोवे है॥तथापि सोजीवात्मा तिनअंतःकरणोंकेकारणभूतअज्ञान केसाथभी तादात्म्यसंबंधकूंप्राप्तहोवे है॥सोअंतःकरणकीवासनावोंकाआधारभूतअज्ञान एकही है ॥ और आत्मज्ञानतैंविना ताअज्ञानका नाशभीहोवैनहीं ॥ ऐसेअज्ञानरूपउपाधिकूं ग्रहणकरिकेही शास्त्रवेत्तापुरुष ताजीवात्माकूंएककहेहैं ॥ तथानित्यकहे हैं ॥ और हेश्वेतके तु ॥ जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति यातीनअवस्थावोंका निमित्तकारणभूत जेसंस्काररूप कर्मवासनाहैं ॥ तथा वृत्तिज्ञानरूपअंतःकरणका निमित्त कारणभूत जे संस्काररूप ज्ञानवासनाहैं ॥ तिनसर्ववासनावोंकाआश्रय अज्ञानहै ॥ ताअज्ञानरूपआश्रयकेनाशकरिके जभी तिनसर्व वासनावोंकानाशहोवे है ॥ तभी यहजीवात्मा मोक्षकूंप्राप्तहोवे है ॥ अब अन्वयव्यतिरेककरिके तावासनावोंकेनाशविषे मोक्षकीकारणता निरूपणकरेहैं ॥ हेश्वेतकेतु ॥ जैसे याभूमिविषेस्थित जितनेकीवृक्षहैं ॥ तिनवृक्षोंविषे जिसवृक्षका मूलबीज नाशहोवे है॥सोवृक्षही नाश कूं प्राप्तहोवे है ॥ दूसरेवृक्ष नाशकूंप्राप्तहोवेनही ॥ तैसे यामायाविषेस्थित जितनेंकीजीवहैं ॥ तिनजीवोंविषे जिसजीवकेअंतःकरणकी वासनावोंकानाशहोवे है ॥ सोजीवही मोक्षकूंप्राप्तहोवे है ॥ और जिनजीवोंकेअंतःकरणकीवासनावोंकानाश नहींहुआहै ॥ तेजीव तामोक्ष कूंप्राप्तहोवैंनहीं ॥ किंतु तेजीव बंधकूंहीप्राप्तहोवे हैं ॥ शंका ॥ हेभगवन् पूर्वआपनैं एकहीजीवकथनकऱ्याथा ॥ और अभीआपनैं नाना

जीव कथनकरे ॥ यातें पूर्वउत्तरवचनोंका विरोधप्राप्तहोवेगा ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु ॥ जैसे स्वप्नअवस्थाविषे यहएकही स्वप्नद्रष्टा पुरुष अज्ञानकेवशतें अनेकरूपोंकूंधारणकरिके किसीरूपकरिकेतो बंधकूंप्राप्तहोवेहे ॥ तथा किसीरूपकरिके मोक्षकूंप्राप्तहोवेहे॥ तैसे यहएकही जीवात्मा मायाकेवशतें अनेकरूपोंकूंधारणकरिके किसीरूपकरिकेतो बंधकूंप्राप्तहोवेहे ॥ और किसीरूपकरिके मोक्षकूंप्राप्तहोवेहे ॥ और जैसे तास्वप्नकेनिवृत्तहुएतें अनंतर तेस्वप्नकेबंधमोक्ष तास्वप्नद्रष्टापुरुषकूंप्राप्तहोवेनहीं ॥ तैसे याआनंदस्वरूपआत्माके साक्षात्कारहुएतें अनंतर सोबंधमोक्ष प्राप्तहोवेनहीं ॥ यातेंयहअर्थसिद्धभया॥ जीवोंका परस्परभेद तथातिनजीवोंका परमात्माकेसाथ भेद जोप्रतीतहोवेहे ॥ सोकेवल उपाधिकेसंबंधतें प्रतीतहोवेहे ॥ वास्तवतेंतो यहजीवात्मा अद्वितीयब्रह्म रूपही है ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ यहपरमात्मादेवही याजगत्विषे प्रवेशकरेहे यहजोवार्ता पूर्वआपनेंकथनकरीथी ॥ सोसंभवतीनहीं ॥ काहेतें यालोकविषे परिच्छिन्नवस्तुकाही प्रवेशदेखणेमें आवेहे ॥ व्यापकवस्तुकाप्रवेश देखणेविषेआवतानहीं ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु ॥ जैसे सर्प आपणेबिलविषेप्रवेशकरेहे ॥ तैसे यहपरमात्मादेव जगत्विषेप्रवेशकरेनहीं ॥ किंतु जैसे सर्वत्रव्यापकहुआभी यह आकाश घटादिकउपाधियोंविषे प्रवेशकरेहे॥तैसे सर्वत्रव्यापकहुआभी यहपरमात्मादेव तिनतेजादिकभूतोंविषेप्रवेशकरेहे॥और हेश्वेतकेतु॥जैसे सुषुप्तिअवस्थाकूंप्राप्तहुआयहपुरुष सामान्यरूपतें यद्यपि याशरीरविषेप्रविष्टहुआहे ॥ तथापि विशेषरूपतें प्रविष्टहुआनहीं ॥ और सोईहीपुरुष पुनः जाग्रत्अवस्थाविषे विशेषरूपकरिकेयाशरीरविषे प्रवेशकरेहे ॥ तैसे तेज जल पृथिवी यातीन भूतोंविषे सोपरमात्मादेव यद्यपि सामान्यरूपकरिके पूर्वही प्रविष्टहुआहे॥तथापि विशेषरूपकरिके पूर्व प्रविष्टहुआनहीं॥और सोईही परमात्मादेव पुनः तिनतेजादिकोंविषे जीवात्मारूपविशेषस्वरूपकरिके प्रवेशकरेहे ॥ और सोपरमात्मादेव ताविशेषरूपकरिके प्रवेशकरणेवासते याप्रकारकाविचार करताभया॥आपणेआपणेकार्यविषे प्रविष्टहुए जेयह तेजजलपृथिवीरूपतीनभूतहैं॥ तिनोंविषे मैंपरमात्मादेव आपणेजीवरूपतेंप्रवेशकरिके नाम रूप यादोनोंकूं विविधप्रकारकाकरों ॥तथा तानामरूपकूं स्पष्टकरों ॥ और तानामरूपकेविविधप्रकारकरणेविषे तथास्पष्टकरणेविषे याप्रकारकाउपाय हमारेकूंप्रतीतहोवेहे ॥ तेज जल पृथिवी यहजे

तीनभूतरूपदेवताहैं ॥ तिनोंविषेप्रवेशकरिके मैंपरमात्मादेव तिसएकएकभूतकूं नवनवप्रकारकाकरों ॥ तिनभूतोंकूं नवनवप्रकारकरणे
तैंहीं यहनामरूपदोनों स्पष्टभावकूंप्राप्तहोवैं गे ॥ तिसतैंहीं यहसर्वजगत् उत्पन्नहोवैगा॥इसप्रकारकाविचारकरिके सोपरमात्मा देव तिसी
प्रकार करताभया ॥ तात्पर्ययह॥तेज जल पृथिवीयातीनभूतोंविषे एकएकभूतके तीनतीनविभाग समानकरे ॥ तहांतिनतीनोंभूतोंकेदोदो
विभागतो पृथक्पृथक्राखे ॥ और तिनभूतोंके तीसरे तीसरेविभागके पुनःतीनतीनविभागकरे ॥ तिनतीनोंविभागोंविषे एकएकविभागकूं
यथाक्रमतैं तिनतीनभूतोंकेदोदोविभागोंविषेमिलाया॥ इसप्रकार तेजादिकभूतोंके आपणेआपणेतोंसप्तसप्तविभागहोवे हैं॥और दूसरेभूतोंके
दोदोविभागहोवैहैं ॥ याहीप्रक्रियाकूं छांदोग्यश्रुतिविषे त्रिवृत्करण यानामकरिकेकथनकऱ्याहे ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार सोआरुणिपिता ता
श्वेतकेतुपुत्रकेप्रतिअध्यारोपभूत त्रिवृत्करणरूपसृष्टिकाकथनकरिके यहकार्यजगत् कारणमात्ररूपहे याप्रकारकेअपवादकेकहणेवासते
अग्नि आदित्य चंद्रमा विद्युत् यहचारदृष्टांत कथनकरताभया ॥ हेश्वेतकेतु अग्नि आदित्य चंद्रमा विद्युत् याचारोंविषे जोरक्तरूप
प्रतीतहोवैहे ॥ सोरक्तरूप तासप्तभागवालेतेजकाहीजानणा ॥ और तिनअग्निआदिकचारों विषे जोशुक्लरूप प्रतीतहोवे है सोशुक्लरूप
ताजलकेअष्टमभागका जानणा॥ और तिनअग्निआदिकचारोंविषे जोकृष्णरूप प्रतीतहोवैहे॥सोकृष्णरूप पृथिवीकेनवमभागकाजानणा ॥
इसप्रकारतेअग्निआदिकचारों तेज जल पृथिवी यहतीनभूतरूपही हैं ॥ हेश्वेतकेतु ॥ जैसे रक्तरूपवालाजोतेजहे तथाशुक्लरूपवालाजोजलहे
तथाकृष्णरूपवालीजापृथ्वीहे ॥ यातीनोंकारणकूं जभी तिनअग्निआदिककार्योंतैंभिन्नकरिये ॥ तभी तेअग्निआदिककार्य प्रती
तहोवैंनहीं ॥ याकारणतैं तेअग्निआदिककार्य मिथ्याही हैं ॥ तैसे जलरूपजेनदीआदिकहैं ॥ तथा पृथ्वीरूपजेपर्वतादिकहैं ॥
[illegible]भी पूर्वकहीरीतिसैं तेज जल पृथ्वी यातनिभूतोंकेहीकार्य हैं ॥ तिनतेजादिककारणोंकूं जभीतिननदीपर्वतादिककार्योंतैं पृथक्करिये ॥
[illegible]भी तेनदीपर्वतादिककार्य प्रतीतहोवैंनहीं यातैं तेनदीपर्वतादिकपदार्थभी मिथ्याही हैं ॥ काहेतैं तेअग्निआदिकविकार केवलवाणीमात्र
करिकेहीसिद्धहैं ॥ वास्तवतैं तेअग्निआदिकविकार हैंनहीं ॥ यातैं तेज जल पृथिवी यातीनकारणोंतैंभिन्नकरेहुए तेअग्निआदिक

विकार मिथ्याहीहोवे हैं ॥ यातें तिनअग्निआदिकविकारोंकेकारणरूपजे तेजादिकतीनभूतहैं तेतीनभूत तिनविकारोंकीअपेक्षाकरिकेसत्यरू
पहैं ॥ हेश्वेतकेतु ॥ जैसे अग्निआदिकविकार कार्यरूपहोणेतें मिथ्याहैं ॥ तैसे तेज जल पृथिवी यहतीनभूतभी कार्यरूपहोणे तें मिथ्याही
हैं ॥तिनमिथ्यातेजादिकभूतोंका जोपरमात्मादेवरूपकारणहै ॥ सोपरमात्मादेवही सत्यहै ॥ तापरमात्मादेवतेंभिन्न यहसर्वजगत् मिथ्या
हीं है ॥ तासत्यपरमात्मादेवकेज्ञानतेंहीं यासर्वजगत्काज्ञानहोवे है ॥ अब याहीअर्थविषे विद्वान्पुरुषोंकाअनुभव निरूपणकरे हैं ॥ हे
श्वेतकेतु ॥ इसप्रकार कारणकेसत्यरूपताकूंजाणिके परमहर्षकूंप्राप्तहुए केईकविद्वान्ब्राह्मण परस्परमिलिके पूर्व याप्रकारकेवचन कहते
भयेहैं ॥ हमविद्वान्ब्राह्मणोंके वियारूपकुलविषे जितनेकोपुरुष उत्पन्नहोवेंगे ॥ तिनोंविषे कोईभीपुरुष किसीअज्ञातवस्तुका कथनकरेंगा
नही ॥ किंतु सोपुरुष कारणकेसत्यरूपताकूं तथाकार्यकेमिथ्यारूपताकूं जाणिकरिके ज्ञातवस्तुकाही कथनकरेगा ॥ काहेतें यालोकवि
षे आपणेकारणतें सोकार्य किंचित्मात्रभीभिन्नहोवेनहीं ॥ यातें ताकारणकेज्ञानतें तेसर्वपुरुष सर्वज्ञताकूंप्राप्तहोवेंगे ॥ हेश्वेतकेतु ॥ तिन
विद्वान्पुरुषोंका जोयाप्रकारकाकहणाहै ॥ सोअसंगतनहीं है किंतु यथार्थही है॥ काहेतें यासर्वजगत्काकारणरूपजे तेज जल पृथिवी यह
तीनभूतहैं ॥ तिनभूतोंकूंभी तेविद्वान्पुरुष भलीप्रकार जाणतेभये हैं ॥ और तिनतेजादिकतीनभूतोंकाकारणरूप जोसतपरमात्मादेव
है तापरमात्मादेवकूंभी तेविद्वान्पुरुष भलीप्रकार जाणतेभये हैं ॥ ऐसेविद्वान्पुरुषोंकूं यासर्वजगत्काज्ञानहोणाकोईदुर्लभनहीं है इतनेंक
रिके अग्निआदिकबाह्यप्रपंचविषे तेजादिकतीनभूतोंकीकार्यता निरूपणकरी॥अब यास्थूलसूक्ष्मशरीरविषे तिनतेजादिकभूतोंकीकार्यता
निरूपणकरेहैं॥हेशिष्य॥इसप्रकार सोउद्दालकनामाआरुणिपिता ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति याबाह्यप्रपंचविषे भौतिकपणा कथनकरिके मनप्रा
णादिकअंतरप्रपंचविषेतिनतेजादिकभूतोंकीकार्यतातथातिनभूतोंद्वारात्रह्मकीकार्यताकहणेकीइच्छाकरताहुआयाप्रकारकावचनकहताभया
॥हेश्वेतकेतु॥यालोकविषे अन्नजलकूं भक्षणकरणेहारेजितनेंकीदेहधारीजीवहैं॥तेदेहधारीजीवजिसत्रिवृतरूपअन्नकूंभक्षणकरे हैं॥तथाजिसत्रि
वृतरूपजलकूंपानकरे हैं॥सोअन्नतथाजल जठराग्निकेसंबंधकरिके पृथिवी जल तेजयातीनरूपकरिकेतीनप्रकारकाहोवे है॥हेश्वेतकेतु ॥ इस

प्रकार तीनविभागोंकूंप्राप्तहुआजो अन्नजलहै॥ताअन्नजलकाजोतैजसभागहै॥सोतैजसभागभी सूक्ष्म मध्यम स्थूल याभेदकरिकेतीनप्रकार काहोवे है॥तहां सूक्ष्मतेजसभागतो वाक्रूपकरिकेपरिणामकूंप्राप्तहोवे है॥और मध्यमतेजसभाग मज्जारूपकरिकेपरिणामकूंप्राप्तहोवे है ॥ और स्थूलतेजसभाग अस्थिरूपकरिकेपरिणामकूंप्राप्तहोवेहै॥तैसे सोजलीयभागभी सूक्ष्म मध्यम स्थूल यातीनरूपकरिके तीनप्रकारका होवे है॥तहां सूक्ष्मजलकाभागतो प्राणरूपकरिकेपरिणामकूंप्राप्तहोवे है॥और मध्यमजलकाभाग रक्तरूपकरिकेपरिणामकूंप्राप्तहोवे है॥औ रस्थूलजलकाभाग मूत्ररूपकरिकेपरिणामकूंप्राप्तहोवे है ॥ इसप्रकार सोपृथिवीकाभागभी सूक्ष्म मध्यम स्थूल यातीनभेदकरिकेतीनप्रका रकाहोवे है ॥ तहां सूक्ष्मपार्थिवभागतो मनरूपकरिकेपरिणामकूंप्राप्तहोवे है ॥ और मध्यमपार्थिवभाग मांसरूपकरिकेपरिणामकूंप्राप्तहोवे है॥ और स्थूलपार्थिवभाग पुरीषरूपकरिके परिणामकूंप्राप्तहोवे है ॥ हेशिष्य ॥ वाक् तेजकाकार्य है ॥ और प्राण जलकाकार्य है ॥ और मन पृथिवीरूपअन्नकाकार्य है ॥ याप्रकारके अर्थकूंश्रवणकरिके सोश्वेतकेतु आपणेपिताकेप्रति याप्रकारकाप्रश्नकरताभया ॥ श्वेत केतुरुवाच ॥ हेपिता ॥ अन्नजलादिरूपकूंप्राप्तभयेजे तेज जल पृथिवी यहतीनभूतहैं ॥ तेअत्यन्तस्थूलहैं ॥ और वाक् प्राण मन यहतीनों अत्यन्तसूक्ष्म हैं ॥ ऐसे तेजादिकस्थूलभूतों तैं वाकादिकसूक्ष्मोंकीउत्पत्तिसंभवेनहीं ॥ काहेतें यालोकविषे समानस्वभाववाले तंतुपटादि कोंकादी परस्पर कार्यकारणभाव देखणेविषेआवे है ॥ विलक्षणस्वभाववालेपदार्थोंका परस्पर कार्यकारणभाव देखणेविषेआवतानहीं ॥ यातें हेभगवन् तापूर्वकहेअर्थकूं आपहमारेप्रति पुनः किसीयुक्तिकरिकेकथनकरो ॥ जाकरिके ताअर्थका हमारेकूं यास्तवरूपतैंज्ञानहोवे॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार जभी ताश्वेतकेतुनें आपणेआरुणिपिताकेप्रति प्रश्नकऱ्या ॥ तभी सोआरुणिपिता ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति याप्रका रकावचनकहताभया ॥ आरुणिरुवाच ॥ हेश्वेतकेतु ॥ स्थूलतैंसूक्ष्मकीउत्पत्तिविषे तूंदृष्टांतकूंश्रवणकर ॥ जैसे यालोकविषे घनीभावक रिकेस्थूलताकूंप्राप्तभयाजोदधिहै ॥ तास्थूलदधिविषे यद्यपि मंथनकरणेतैंपूर्व तक फेन घृत यहतीनरूपप्रतीतहोवेंनहीं॥तथापि मंथनक रिके तास्थूलदधि तक फेन घृत यातीनसूक्ष्मरूपकरिकेपरिणामकूंप्राप्तहोवे है ॥ तैसे अन्नजलभावकूंप्राप्तहुए तेज जल पृथिवी यहतीन

स्थूलभूतभी वाक् प्राण मन यातीनसूक्ष्मरूपकरिके परिणामकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ और हेश्वेतकेतु जैसे मथनकरेहुए दधिका जोसूक्ष्मअंशहै ॥ सोघृतरूपकरिकेऊर्ध्वदेशकूं प्राप्तहोवे हैं ॥ तैसे अन्नजलरूपकरिके जठराग्निविषेस्थित जे तेज जल पृथिवी हैं ॥ तिनतीनोंतें कथाक्रमतें वाक् प्राण मन यातीनोंकाउपादानकारणरूप सूक्ष्मअंशभी ऊर्ध्वदेशकूंप्राप्तहोवे है ॥ इसप्रकार तेज जल पृथिवी यातीनस्थूलभूतोंतें यथा क्रमतें वाक् प्राण मन यहतीनोंसूक्ष्म उत्पन्नहोवे हैं ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार जभी ताआरुणिपितानें ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति उत्तरकह्या॥तभी सोश्वेतकेतु ताआरुणिपिताकेप्रति पुनः याप्रकारकाप्रश्न करताभया ॥ श्वेतकेतुरुवाच ॥ हेपिता पूर्वआपनें वाक्विषे जोतेजरूपता कथ नकरी सोयद्यपि संभवे है ॥ काहेतें यालोकविषे जैसे जलकरिके तेजकापराभव देखणेमेंआवे है ॥ तैसे याशरीरविषे जलरूपकफधातुकी वृद्धिकरिके जभी तेजकापराभवहोवे है॥तभी सर्वदेहधारीजीवोंका सोवाक् शिथिलताकूंप्राप्तहोवे है ॥ और ताकफधातुकेवृद्धिकेअभावहुए सोवाक् स्पष्टप्रतीतहोवे है॥याप्रकारकेअन्वयव्यतिरेककरिके तावाक्विषे तेजकीकार्यता निश्चयहोइसकेहै॥तथापि प्राणविषे जलकीकार्य ता तथामनविषे पृथिवीरूपअन्नकीकार्यता किसप्रकार निश्चयकरीजावे॥ तावाककीन्याई याप्राणमनविषे कोईअन्वयव्यतिरेक देखणेमेंआ वतानहीं ॥हेशिष्य॥इसप्रकार जभी ताश्वेतकेतुनें उद्दालकपिताकेप्रतिप्रश्नकर्‍या ॥ तभी सोउद्दालकपिता ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति ताप्राण मनविषेभी सोअन्वयव्यतिरेक दिखावताहुआ याप्रकारकावचन कहताभया ॥ आरुणिरुवाच ॥ हेश्वेतकेतु ॥ श्रोत्रादिकपंचज्ञानइंद्रिय तथावाकादिकपंचकर्मइंद्रिय तथाआकाशादिकपंचभूत एकप्राण याषोडशतत्वोंकासमुदाय तप्तलोहपिंडकीन्याई चेतनकेतादात्म्यसंबंध करिकेयुक्तहुआ पुरुषनामकरिकेकह्याजावे है॥और चंद्रमाईदेवताजिसका ऐसाजोमनहै॥ सोमनहेप्रधानजिसविषे ऐसाजोसोपुरुषहै ॥ ताम नोमयपुरुषकी वेदवेत्तापुरुषोंनें षोडशकला कथनकरी हैं ॥ इहां दिनदिनविषेभोजनकर्‍याजोअन्नहै॥ ताअन्नतेंउत्पन्नभईयाजे मनकेवृत्ति योंकाउपादानकारणरूप शक्तियांविशेषहैं ॥ तिनशक्तियोंकानाम कलाहै ॥ तहां एकएकदिनविषे ताअन्नकेभक्षणकियेतें तामनविषे एकएककलाउत्पन्नहोवे है॥इसप्रकार षोडशदिनपर्यंत ताअन्नकेभक्षणकरणेतें तामनोमयपुरुषविषे षोडशकला उत्पन्नहोवे हैं॥और जोपु

रुष अन्नकूंभक्षणनहींकरेहे ॥ तिसपुरुषकी एकएकदिनविषे एकएककला नाशकूंप्राप्तहोतीजावे है ॥ षोडशदिनपर्यंत ताअन्नकेनहींभक्षणकियेतें तेसर्वेकला नाशकूंप्राप्तहोवे हैं॥याअर्थविषे तुमनें किंचित्मात्रभी संशयनहींकरणा ॥ परंतु यहसर्ववार्त्ता रोगरहितपुरुषविषेहीघटे है॥रोगीपुरुषविषेतो वातपित्तादिकदोषकीही साशक्तिहेविहे ॥ हे श्वेतकेतु॥यहप्राण जलतैंविना एकदिनमात्रभी याशरीरविषे स्थितहोइसकेनहीं॥और ताप्राणकेमएहुएतेंअनंतर सोअन्वयव्यतिरेक जान्याजावेनहीं ॥यातैंताअन्वयव्यतिरेककेज्ञानविषेउपयोगी जो है ॥ ताप्राणीकीरक्षाकरणेवासते तूं जलकूंतो आपणीइच्छापूर्वक पानकर॥ परंतु अन्नकूं पंचदशदिनपर्यंत तूं भक्षणमतकर॥ताअन्नकेनहींभक्षणकियेतें तूं आपही ताअन्वयव्यतिरेककूंनिश्चयकरेगा ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकारकावचन जभी ताआरुणिपितानें श्वेतकेतुपुत्रकेप्रतिकह्या॥तभीसोश्वेतकेतु तापिताकेआज्ञाकूंमानिके पंचदशदिनपर्यंत अन्नकूंनहींभक्षणकरताभया ॥ तापंचदशदिनतैंअनंतर सोश्वेतकेतु पुनःताआरुणिपिताकेसमीपजाइके स्थितहोताभया ॥ और क्षुधाकरिकेक्षीणहुआहेमनजिसका ऐसाजोश्वेतकेतुहै ॥ ताश्वेतकेतुकूं आपणेसमीपआयाहुआ देखिके सोआरुणिपिता ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेपुत्र जोतुमनें पूर्व ऋग् यजुष् साम यातीनवेदोंके पाठका तथाअर्थका अध्ययनकऱ्याहे ॥ तिनअर्थसहितवेदोंकू हमारेसमीप कथनकरो॥ हेशिष्य ॥इसप्रकारकावचन जभी ताआरुणिपितानें श्वेतकेतुकेप्रतिकह्या ॥ तभी सोश्वेतकेतु पूर्वअध्ययनकरेहुएवेदोंकाचिंतनकरताहुआभी ताकालविषे किंचित्मात्रभी तिनवेदोंकास्मरणनहीं करताभया ॥ जैसे दुर्बुद्धिपुरुष किसीभीअर्थकूं स्मरणकरिसकतानहीं ॥ तैसे सोश्वेतकेतुभी तापूर्वअध्ययनकरेहुएअर्थकूं किंचित्मात्रभी स्मरणनहींकरताभया तिसतैंअनंतर ग्लानिकरिकेयुक्तहुआ सोश्वेतकेतु आपणेआरुणिपिताकेप्रति याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेपिता पूर्वहमनें जिनऋगादिकवेदोंका अर्थसहितअध्ययनकऱ्याथा ॥ तेऋगादिकवेद जभी हमारेकूं प्रतीतहोतेनहीं ॥ किंतु जैसेकिसीपुरुषनें बहुतकाल पर्यंत आराधनकऱ्याजोमंत्रहे ॥ सोमंत्र तापुरुषकेभाग्यकेक्षयहुए निष्फलहीहोवे हे ॥ तैसे हमनें पूर्व जितनाकीवेदोंका अध्ययनकऱ्याथा ॥ सोसंपूर्णअध्ययन हमारा निष्फलहोताभयाहे ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकारकावचन जभी ताश्वेतकेतुनेंकह्या ॥ तभी

सोआरुणिपिता ताबुद्धिमान्श्वेतकेतुकेप्रति याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेश्वेतकेतु ॥ तूअभी अन्नकूंभक्षणकर ॥ ताअन्नकेभक्षणकिये तैंअनंतर तू तिनसर्व वेदोंकेअर्थकूं पूर्वकीन्याई जाणैंगा॥ हेश्वेतकेतु ॥जैसे महान्प्रज्वलितअग्निके अभी काष्ठादिकइंधनोंकानाशहोवे है॥ तभी अग्निके खद्योतजंतुकेसमान कोईकअंगारकण बाकीरहेहैं॥ताखद्योतकेसमानअग्निकेअंगारकणोंकरिके पूर्वप्रज्वलितअग्निकीन्याई महान्काष्ठोंकादाहरूपकार्य उत्पन्नहोवेनहीं॥तैसे पंचदशदिनपर्यंत अन्नकेनहींभोजनकरणेकरिके तातुम्हारेमनकी पंचदशकलातो नाशहो इगईयाहैं॥बाकी एककलारहीहै॥याकारणतैं सोतुम्हारामन किंचित्मात्रभीअर्थकेजानणेविषे तथा स्मरणकरणेविषे समर्थहोतानहीं ॥ यातैं तूअभी अन्नकेभोजनतैं आपणेमनके कलावोंकीवृद्धिकरिके पुनः हमारेसमीपआव॥हेशिष्य ॥ इसप्रकारकेपिताकेवचनकूंअंगीकारकरिके सोश्वेतकेतु अन्नकूंभोजनकरिके पुनः आपणेपिताकेसमीपआताभया ॥ ताश्वेतकेतुपुत्रकूंदेखिके सोआरुणिपिता ताश्वेतकेतुपुत्रतैं पुनःपूर्व अध्ययनकरेहुएवेदोंकाअर्थ पूछताभया॥तिसतैं अनंतर सोश्वेतकेतु ताआरुणिपिताकेप्रति सोसर्व वेदोंकाअर्थ कथनकरताभया॥ हेशिष्य॥इसप्रकार सोआरुणिपिता ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति अन्नकेअभावहुए मनकाभी अभावहोवे है याप्रकारकेव्यतिरेककूंअग्निकेदृष्टांततैंकथन करिके तिसतैंअनंतर अन्नकेविद्यमानहुए मनकोभीविद्यमानताहोवे है याप्रकारकेअन्वयकूं तिसीअग्निकेदृष्टांततैं कथनकरताहुआ याप्रकार कावचन कहताभया॥हेश्वेतकेतु॥जैसे सोखद्योतकेसमानसूक्ष्मअंगार सूक्ष्मशुष्कतृणोंकेपावणेकरिके शनैःशनैः वृद्धिकूंप्राप्तहोइके महान्शुष्ककाष्ठोंकूं तथामहान्आर्द्रकाष्ठोंकूंभी दाहकरिसकेहैं॥तैसे आहारकेग्रहणतैंपूर्व जोतुम्हारामन एककलामात्र बाकीरह्याथा॥सोईहीतुमारा मन अभीआहारकेग्रहणकरणेतैं पुनःसर्वज्ञताकूं प्राप्तहुआहै॥याप्रकारकेअन्वयव्यतिरेककरिके तुमनैंभी आपणेमनविषे अन्नमयता निश्चय करीहै॥हेश्वेतकेतु॥जैसेवाक्विषे तथामनविषे अन्वयव्यतिरेककरिके तुमनैं तेजोमयता तथाअन्नमयता निश्चयकरीहै॥तैसे प्राणविषेभी तुमनैं जलमयता निश्चयकरणी॥काहेतैं जैसे अन्नतैंविना मनकाक्षयहोवे है ॥ तैसे जलतैंविना प्राणकाभीक्षयहोवे है॥इतनैंग्रंथकरिके सर्वजगत्काकारणरूप जो अद्वितीयब्रह्महै ॥ ताअद्वितीयब्रह्मरूप तत्पदार्थकाशोधन निरूपणकऱ्या ॥ अब ता तत्पदार्थविषे प्रत्यक्आत्मा

रूप त्वंपदार्थरूपता निरूपणकरेहैं ॥ तहां त्वंपदार्थरूपआत्माविषे साप्रत्यक्‌रूपता तीनप्रकारकी वेदांतशास्त्रोंविषेकथनकरीहै॥तहांएक तो अंतःकरणादिकोंविषेस्थित चिदाभासकीविंबरूपताकरिकै प्रत्यक्‌रूपताकहीहै ॥ और दूसरा शरीरकीअधिष्ठानतारूपकरिकै प्रत्यक्‌रूपता कथनकरीहै ॥ और तीसरा इंद्रियोंकीअधिष्ठानतारूपकरिकै प्रत्यक्‌रूपता कथनकरीहै ॥ तहां प्रथमप्रत्यक्‌रूपताकूं याछांदोग्यश्रुतिविषे शकुनिपक्षीकेदृष्टांतकरिकेकथनकऱ्याहै ॥ ताका अभीनिरूपणकरे हैं॥हेशिष्य॥पूर्वकहीरीतिसैं वाक् प्राण मन आदिकोंकेउपादानकारणरूप अद्वितीयब्रह्मकूंनिश्चयकऱ्याहै जिसनें ऐसाजो श्वेतकेतुहै॥ता श्वेतकेतुपुत्रकेप्रति सोउद्दालकनामाआरुणिपिता त्वंपदार्थआत्माकेशोधनकरणेवासतैं पुनः याप्रकारकावचन कहताभया॥हेश्वेतकेतु॥पूर्वहमनैंतुमारेप्रति जोमन अन्नमयरूपकरिकेकथनकऱ्याहै॥तिसमनकाही यहतेजजलपृथिवीरूपसर्वजगत् विलासहै॥तिसमनकेविद्यमानहुएही यहपुरुष वारंवार अध्यासरूपमोहकूंप्राप्तहोवे है॥जोकदाचित् यहमन नहींहोवे ॥ तो तामनविषेप्रतिबिंबरूप मोहकूंभी यहजीव प्राप्तहोवैनहीं ॥ ताप्रतिबिंबरूपमोहकेअभावहुए याजीवात्माकूं रागद्वेषादिकविकारभीप्राप्तहोवेनहीं ॥ तिनरागद्वेषादिकविकारोंकेअभावहुए यहजीवात्मा पुनःसंसारकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ यातैं यहचिदाभासयुक्तमनही यासर्वजगत्‌कानिर्वाह करणेहाराहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ यामनकूंभी उपादानकारणतारूपकरिकै आपणेवशविषेस्थापनकरणेहारा कौनवस्तुहै ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु कारणरूपजोप्रथमशरीरहै सोकारणशरीरही यामनकूं आपणेवशकरणेहाराहै ॥ अब याहीअर्थकेस्पष्टकरणेवासते प्रथम तीनप्रकारकेशरीरोंका निरूपणकरेहैं स्थूलशरीर सूक्ष्मशरीर कारणशरीर यहतीनप्रकारकेशरीरहोवै हैं ॥ तहां प्रथम कारणशरीरका निरूपणकरे हैं ॥ सर्वदेहधारीजीवोंका जोअज्ञानहै ॥ ताअज्ञानकानाम कारणशरीरहै ॥ सोअज्ञान एकहोणे तैं सर्व देहधारीजीवोंकूं साधारणहै ॥ तथा सर्वदुःखोंकाकारणहै ॥ याकारणतैं सोअज्ञानरूपकारणशरीर स्थूलसूक्ष्म शरीरोंकी अपेक्षाकरिकै उत्कृष्टहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ ताअज्ञानरूपकारणशरीरविषे कौनप्रमाणहै ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु ॥ यहसर्व देहधारी जीव सुषुप्तितैं उठिकै याप्रकारकास्मरणकरेहैं ॥ जोहम सुखीसोतेभये तथाकिंचित्‌मात्रभीनहींजाणतेभये यासर्वलोकोंकेस्मरणतैं यह

जान्याजावेहे ॥ जोयहजीव सुषुप्तिअवस्थाविषेजाइके तहां सर्वदुःखोंतेंरहितआनंदकूंअनुभवकरेहै॥ तथा अज्ञानकूंअनुभवकरे हैं ॥ ताअ
नुभवजन्यसंस्कारोंतेंही याजाग्रत्अवस्थाविषे ताआनंदकी तथाअज्ञानकी स्मृतिहोवेहे ॥ यातें याजीवोंकेजाग्रत्अवस्थाकेस्मरणरूपहेतु
तें अनुमानकर्याजोसुषुप्तिकाअनुभवहे ॥ ताजीवोंके अनुभवकरिकेही सोअज्ञानरूपकारणशरीर सिद्धहोवेहे ॥ अब सूक्ष्म शरीरका नि
रूपणकरे हैं॥हेश्वेतकेतु॥ताकारणअज्ञानविशिष्टआत्मादेवतें आकाशादिकपंचसूक्ष्मभूत तथामनइंद्रियादिकभौतिकपदार्थ उत्पन्नहोवेहैं ॥
तिनसमष्टिसूक्ष्मपदार्थोंकाअभिमानीजोहिरण्यगर्भ हे॥ताहिरण्यगर्भकूं शास्त्रवेत्तापुरुष अधिदेवयानामकरिकेकथनकरे हैं ॥ ओर मनहैप्र
धानजिसविषे ऐसाजोव्यष्टिसूक्ष्मकाअभिमानी तेजसहे ॥ तातेजसकूं शास्त्रवेत्तापुरुष अध्यात्म यानामकरिके कथनकरेहैं ॥ अब स्थूलश
रीरकावर्णनकरे हैं ॥ हेश्वेतकेतु ॥ तिनसूक्ष्मभूतोंतें यहस्थूलभूत उत्पन्नहोवेहे॥तथा स्थूलशरीरादिकभौतिकपदार्थ उत्पन्नहोवेहैं ॥ तिनस
मष्टिस्थूलभूतभौतिकपदार्थोंकेअभिमानीदेवताकूं शास्त्रवेत्तापुरुष विराट् यानामकरिकेकथनकरेहैं ॥ ओर व्यष्टिस्थूलकेअभिमानीकूं
शास्त्रवेत्तापुरुष विश्व यानामकरिकेकथनकरेहैं ॥ तहांविराट्तो अधिदेवरूपहे ॥ ओर विश्व अध्यात्मरूपहे ॥ अब जाग्रतादिकतीनअव
स्थावोंकेआश्रयका निरूपणकरे हैं ॥ हेश्वेतकेतु यासर्वदेहधारीजीवोंकूं भिन्नभिन्नरूपकरिके जोआपणाआपणास्थूलशरीर प्रतीतहोवेहे
॥ सोयहस्थूलशरीरतो जाग्रत्अवस्थाका स्थानहोवेहे ॥ ओर सूक्ष्मशरीर स्वप्नअवस्थाका स्थानहोवेहे ओर तास्वप्नअवस्थाकाआश्र
यरूप जोअंतःकरणहे ॥ ताअंतःकरणकी दोअवस्थाहोवेहैं ॥ एकतो स्वरूपतेंअभिव्यक्तिरूपअवस्थाहोवेहे ॥ ओर दूसरी संस्काररूप
तेंस्थितिरूपअवस्थाहोवेहे ॥ ताअंतःकरणकीदोअवस्थावोंकेभेदकरिके तास्वप्नअवस्थाभी दोप्रकारकीहोवे हे ॥ तहां एकतो सस्वप्नअव
स्थाहोवेहे ॥ ओर दूसरी स्वप्नरहितअवस्थाहोवेहे ॥ तहां प्रसिद्धस्वप्नअवस्थाकूं सस्वप्नअवस्थाकहेहैं ॥ ओर प्रसिद्धसुषुप्तिअवस्थाकूं स्व
प्नरहितअवस्थाकहे हैं ॥ जिससुषुप्तिअवस्थाविषे सर्वदुःखोंकालयहोवेहे ॥ काहेतें तासुषुप्तिअवस्थाविषे यहप्रतिबिंबरूपजीव आपणे
बिंबरूपपरमात्मादेवविषे लयभावकूंप्राप्तहोवे हे ॥ केसाहेसोपरमात्मादेव ॥ परमआनंदस्वरूपहे ॥ तथा सर्वभेदतेंरहितहे ॥ याकारण

तैंही सोपरमात्मादेव क्षुधा पिपासा हर्ष शोक जन्म मरण यापट्ऊर्मियोंतैंरहितहै ॥ ऐसेपरमात्मादेवविषे लयभावकूंप्राप्तहोइके यहजीवभी सर्वदुःखोंतैंरहितहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे दर्पणरूपउपाधिकेलयहुए तादर्पणविषेस्थितप्रतिबिंब आपणेवास्तवस्वरूप बिंबविषेलय होवैहै ॥ तैसे सुषुप्तिअवस्थाविषे तामनरूपउपाधिकेलयहुए तामनविषेस्थितप्रतिबिंबरूपजीव आपणेवास्तवस्वरूपपरमात्मादेवरूपबिंबविषे लयभावकूंप्राप्तहोवे है ॥ हेश्वेतकेतु॥कोईक बुद्धिमानपुरुष लौकिकदृष्टिकूंअंगीकारकरिके याअवस्थाकूं स्वपिति यानामकरिकेकथन करैहैं ॥ और कोईक विद्वान्पुरुषतो याप्रकारकावचनकहेहैं ॥ यहस्वपितिनाम ताअवस्थाकावाचकनहीं है ॥ किंतु सोस्वपितिनाम तापरमात्मादेवकाहीवाचकहै ॥ काहेतैं सुषुप्तिअवस्थाविषे यहजीवात्मा जिसआपणेवास्तवस्वरूप परमात्मादेवकूंप्राप्तहोवे है ॥ तिसपरमात्मादेवकूं श्रुतिभगवती स्वमपीत यानामकरिकेकथनकरै है ॥ और श्रेष्ठपुरुषोंकीन्याई इंद्रादिकदेवतावोंकूं परोक्षनामही प्रियहोवे है ॥ याकारणतैं तेपरोक्षप्रियदेवता तापरमात्मादेवकूं स्वमपीत यासाक्षात्नामकरिकेकथनकरैंनहीं ॥ किंतु स्वपिति यापरोक्षनामकरिकेकथनकरैहैं ॥ हेश्वेतकेतु॥जैसे जाग्रत्अवस्था तथास्वप्नअवस्था यामनकाही परिणामरूपहोवे है॥तैसे तासुषुप्तिअवस्थाभी यामनकाही परिणामरूपहोवे है ॥ काहेतैं जाग्रत्अवस्थाविषे तथास्वप्नअवस्थाविषे जोमन पूर्वादिकदशोंदिशाविषे भ्रमणकरै है॥सोईहीमन ताभ्रमणकेपरिश्रमकरिकेयुक्तहुआ लयरूपसुषुप्तिअवस्थाकूंप्राप्तहोवे है ॥ जैसे याळोकविषे किसोपुरुषनें पंजरविषे दृढसूत्रकरिकेबांध्याहुआजोशकुनिपक्षीहै ॥ सोशकुनिपक्षी आहारकीकामनाकरिके तापंजरकेअंतरदेशविषेही आपणेपक्षोंकूंचलायमानकरिकेउडेहै ॥ ताकरिके सोशकुनिपक्षी आहारकूंप्राप्तहोइके अथवा नहींप्राप्तहोइके जभी परिश्रमकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तभी सोशकुनिपक्षी तापंजरकेमध्यदेशविषे आपणेबैठणेकेस्थानकूंप्राप्तहोइके पूर्वभ्रमणकालकेदुःखतैंरहितहोइके तथानिश्चलहोइके लीनहुएपुरुषकीन्याई तहांस्थितहोवैहै ॥ तैसे यहमनभी पुण्यपापकर्मरूपसूत्रकरिके याशरीररूपपंजरविषे हृदयदेशविषेबांध्याहुआहै ॥ तथा रागरूपक्षुधाकरिके उत्पन्नभयेजे अध्यात्म अधिदेव अधिभूत यहतीनप्रकारकेदुःखहैं ॥ तिनदुःखोंकरिकेतपायमानहै ॥ ऐसामनरूपशकुनिपक्षी विषयसुखोंकीप्राप्तिवासतैं

जाग्रत्अवस्थाविषे तथास्वप्नअवस्थाविषे सर्वदा भ्रमणकरे है ॥ ताभ्रमणकरिके जभी सोमन अत्यन्तपरिश्रमकूं प्राप्तहोवै है ॥ तथा ताजाग्रत्स्वप्नकेभोगदेणेहारेकर्मोंका जभीक्षयहोवै है ॥ तभी सोमन तापरिश्रमकीनिवृत्तिकरणेवासते ताहृदयदेशविषे सुषुप्तिकूंप्राप्तहोवै है ॥ हेश्वेतकेतु ॥ तासुषुप्तिअवस्थाविषे कारणअज्ञानउपहित जोआनंदस्वरूप परमात्मादेवहै ॥ सोपरमात्मादेवही ताइंद्रियोंसहितमन के लयकास्थानहै ॥ ताअज्ञानउपहित परमात्मादेवतैंभिन्न दूसराकोईपदार्थ तामनकेलयकास्थाननहीं है ॥ यातैं यहमन ताअज्ञानउप हितपरमात्मादेवकूंछोडिके दूसरेकिसीवस्तुकूं आश्रयणकरतानहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ तासुषुप्तिअवस्थाविषे सोमनतो कारणअज्ञानविषेलय होवै है ॥ और तामनविषे स्थितप्रतिबिंबतो परमात्मारूपबिंबविषेलयहोवै है ॥ हेश्वेतकेतु ॥ सुषुप्तिअवस्थाविषे यहमन ताअज्ञानउपहि तपरमात्मादेवतैंविना दूसरेपदार्थकूं आश्रयणकरैनहीं ॥ याअर्थविषे यहहेतुहै ॥ आनंदस्वरूपआत्मातैंभिन्न जितनैंकोस्थूलसूक्ष्मपदार्थ हैं ॥ तेसंपूर्णपदार्थ मनकरिकेकल्पितहोणेतैं यामनकाहीकार्यरूपहैं ॥ और यालोकाविषे जोजोकार्यहोवै है ॥ सोसो कारणतैंपश्चात्भावीही होवै है ॥ जैसे घटपटादिककार्य मृत्तिकातंतुआदिककारणोंतैं पश्चात्भावीहैं॥तैसे यहस्थूलसूक्ष्मपदार्थभी तामनरूपकारणतैंपश्चात्भावी ही है ॥ ऐसेकार्यरूपपदार्थ तामनरूपकारणका किसप्रकार आश्रयहोवैंगे किंतु नहींहोवैंगे ॥ हेश्वेतकेतु ॥ सोप्रतिबिंबसहितमन सुषुप्तिअ वस्थाविषे जिसपरमात्मादेवविषे लयभावकूंप्राप्तहोवै है ॥ सोपरमात्मादेवही पूर्वउक्त तेज जल पृथिवी यातीनोंकाकारणहै ॥ तथा तिसी सत्परमात्मादेवविषे तुमनैं सर्वांतरयामीपणा जानणा ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ परमात्मादेवकीप्राप्तिकरिके याजीवोंके संसारबंधकोनिवृत्ति होवै है ॥ यहवेदांतशास्त्रकासिद्धांतहै ॥ यातैं तासुषुप्तिअवस्थाविषे तापरमात्मादेवकीप्राप्तिहुएभी याजीवोंकूं पुनःसंसारकीप्राप्तिकिसवास तेहोवै है ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु ॥ यद्यपि तासुषुप्तिअवस्थाविषे याजीवोंकूं परमात्मादेवकीप्राप्तिहोवै है ॥ तथापि तासुषुप्ति अवस्थाविषे तथामुक्तिअवस्थाविषे इतनोविशेषताहै ॥ यासुषुप्तिअवस्थाविषे कारणअज्ञानविषेलयभावकूंप्राप्तहुआभी यहमन सूक्ष्मसंस्काररूपकरिकेवाकीरहै है ॥ याकारणतैंही सोमन जाग्रत्स्वप्नअवस्थाविषे पुनःउत्पन्नहोवै है ॥ और मुक्तिअवस्थाविषे

तो अधिष्ठानआत्माविषे लयभावकूंप्राप्तहुआसोमन पुनःउत्पन्नहोवैनहीं ॥ काहेतें तासुक्तिअवस्थाविषे आत्मज्ञानरूपअग्निकरिके तामन केसंस्कारोंकाआश्रयरूपअज्ञान नाशकूंप्राप्तहोवै है ॥ याप्रकारकाभेद तासुक्तिअवस्थाविषे तथासुषुप्तिअवस्थाविषे विद्यमानहै ॥ यातें सुषुप्तिअवस्थाविषे तापरमात्मादेवकीप्राप्तिहुएभी पुनःसंसारकीनिवृत्तिहोवैनहीं ॥ हेश्वेतकेतु॥यहआत्मादेव यद्यपि सर्वत्रएकहीहै॥तथापि यासर्वजीवोंका सोमन एकनहीं है ॥ किंतु तेमन अनेकहैं ॥ और सुखदुःख बंधमोक्ष इत्यादिकसर्वधर्म मनकेहीहोवै हैं ॥ यातें यालोकवि षे कोईसुखीहै कोईदुःखीहै कोईबद्धहै कोईमुक्तहै इत्यादिकसर्वव्यवस्था बनिसकेहै ॥ इतनैंकरिके मनविषेस्थितजोचिदाभासहै ताचिदाभा सका बिंबरूपत्वकरिके ताआत्माविषे प्रत्यक्रूपता निरूपणकरी ॥ अब शरीरकाअधिष्ठानत्वरूपकरिके ताआत्माविषे प्रत्यक्रूपताका निरूपणकरे हैं ॥इहांसर्वतैंअंतरपणेकानाम प्रत्यक्रूपताहै॥हेश्वेतकेतु॥ सुक्तिकीअपेक्षाकरिके किंचित्न्यूनतावाली जासुषुप्तिअवस्था हम नें तुमारेप्रतिकथनकरीहै॥सासुषुप्तिअवस्था जैसे वासनारूपमनद्वारा आनंदस्वरूपआत्माकेसंबंधवालीहै ॥ तथा बिंबप्रतिबिंबकेएकताज्ञा नरूपफलवालीहै॥तैसे दूसरी स्वप्नजाग्रत्रूपअवस्थाभी तामनद्वारा आत्माकेसंबंधवालीहै ॥ तथा बिंबप्रतिबिंबकेएकताज्ञानरूपफलवाली है॥हेश्वेतकेतु॥वास्तवतैं सर्वनामरूपतैंरहितहुआभी यहआत्मादेव तिसस्थूलशरीरकेअभिमानवालीजाग्रतअवस्थाविषे तथासूक्ष्मशरीर केअभिमानवालीस्वप्नअवस्थाविषे अशनाया उदन्या यादोनोंनामोंकूंप्राप्तहोवै है॥जैसे सुषुप्तिअवस्थाविषे सोआत्मादेव स्वपिति यानामकूं प्राप्तहोवै है॥हेश्वेतकेतु॥ अशनाया उदन्या यहदोनोंनाम जो आत्माविषेप्रवृत्तहोवैं हैं ॥ सो प्राणरूपउपाधिकूंलेकरिकेही प्रवृत्तहोवैं हैं ॥ काहेतें या आनंदस्वरूपआत्माविषे साक्षात्क्षुधाभीनहीं है॥तथा पिपासाभीनहीं है ॥ किंतु तेक्षुधापिपासा साक्षात्तो प्राणविषेहीरहेहैं ॥ और यहप्राण सर्वशरीरविषेव्यापकहै ॥ यातें यहप्राण सर्वजीवोंकेउदरविषेस्थितअन्नजलकूं नाडीद्वारा सर्वअंगोंविषेलेजावै है ॥ याकारण तें अशनाया उदन्या यहदोनोंनाम मुख्यवृत्तिकरिके ताप्राणविषेहीघटेहैं ॥ और ताप्राणकेसाथ आत्मादेवका तादात्म्यसंबंधहै ॥ यातें ताप्राणद्वारा तेदोनोंनाम आत्माकेभीहोवै हैं ॥ हेश्वेतकेतु ॥ अशनाया उदन्या यहदोनोंनाम यद्यपि आत्माकीअपेक्षाकरिकेतो

प्राणविषेहीमुख्यहैं ॥ तथापि जल तेज यादोनोंकीअपेक्षाकरिके तेदोनोंनाम ताप्राणविषेभी मुख्यनहीं है ॥ किंतु जलतेजविषेही तेदोनों नाम मुख्यहैं ॥ काहेतें भोजनकऱ्येहुएअन्नकूंतो यहजलही द्रवीभावकरिके लेजावैहै ॥ याकारणतें तिनजलोंकूं अशनाया यानामकरिके कथनकरे हैं ॥ और पानकरेहुएजलकूं यहशोषणकरणेहारातेज लेजावैहै ॥ याकारणतें तातेजकूं उदन्या यानामकरिकेकथनकरे हैं ॥ जैसे यालोकविषे जेपुरुष गौवोंकूंलेजावैहैं ॥ तिनपुरुषोंकूं गोनाया यानामकरिकेकथनकरेहैं ॥ और जेपुरुष अश्वोंकूंलेजावे हैं ॥ तिनपुरुषोंकूं अश्वनाया यानामकरिकेकथनकरे हैं॥ तैसे यहजलभी द्रावकस्वभाववालेहोणेतें भक्षणकरेहुएअन्नकूं लेजावैहैं ॥ यातें तिनजलोंकूं श्रुतिभगवती अशनाया यानामकरिकेकथनकरेहै ॥ और यहतेज शोषणस्वभाववालाहोणेतें पानकरेहुएजलकूंलेजावैहै ॥ याकारणतें श्रुति भगवती ता तेजकूं उदन्या यानामकरिकेकथनकरे है ॥ और याआनंदस्वरूपआत्मादेवका ताजलकेसाथ तथातेजकेसाथ तादात्म्य अध्यासहै ॥ याकारणतें ताजलतेजद्वारा सोआत्मादेवभी तिनदोनोंनामोंकरिकेकथनकऱ्याजावैहै॥अब तासत्परमात्मादेवविषे सर्वतेंअनंतररूपता बोधनकरणेवासते प्रथम कार्यकारणोंके परंपराकावर्णनकरेहैं ॥ हेश्वेतकेतु तूं प्रथम यास्थूलशरीरकूंकार्यरूपकरिकेजाण ॥ तिसतेंअनंतर तूं अन्नकूं कार्यरूपकरिकेजाण॥तिसतेंअनंतर तूं पृथिवीकूं कार्यरूपकरिकेजाण ॥ तिसतेंअनंतर तूं जलकूं कार्यरूपकरिके जाण ॥ तिसतेंअनंतर तूं तेजकूं कार्यरूपकरिकेजाण ॥ हे श्वेतकेतु ॥ शरीर १ अन्न २ पृथिवी ३ जल ४ तेज ५ यापंचकार्योंविषे जोपंचमातेजरूपकार्यहै ॥ तातेजरूपकार्यकातो पूर्वउक्तसत्वस्तुही मूलकारणहै ॥ और सोतेज जलकामूलकारणहै ॥ और सोजल पृथिवीका मूलकारणहै ॥ और सापृथिवी अन्नकामूलकारणहै ॥ और जलतेजकरिके परिणामकूंप्राप्तकऱ्याहुआ सोअन्न याशरीरकामूलकारणहै ॥ और हेश्वेतकेतु ॥ जैसे लोकप्रसिद्धवृक्षोंका एकमूलहोवैहै॥और दूसरा अंकुरहोवैहै॥तैसे श्रुतिभगवतीनें शुंगपदकरिके यहशरीरादिकविकारतों अंकुररूपकरिकेकथनकरे हैं॥ और अन्नतेंलेके सत्यवस्तुपर्यंतपदार्थ मूलरूपकरिकेकथनकरे हैं ॥ यातें जैसे अंकुररूपलिंगकरिके मूलकाअनुमानहोवैहै॥तैसे याशरीररूपकार्यकरिके तूं अन्नरूपमूलकारणकूंनिश्चयकर ॥ तथा ताअन्नरूपकार्यकरिके तूं पृथिवीरूपमूल

कारणकूंनिश्चयकर ॥ तथा तापृथिवीरूपकार्यकरिकै तूं जलरूपमूलकारणकूंनिश्चयकर॥तथा ताजलरूपकार्यकरिकै तूं तेजरूपमूल कारणकूंनिश्चयकर ॥ तथा तातेजरूपकार्यकरिकै तूं तापरमात्मारूपमूलकारणकूंनिश्चयकर ॥ हेश्वेतकेतु ॥ सोपरमात्मारूपसत्वस्तुही यासर्वभूतभौतिकजगत्केउत्पत्तिकाकारणहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तासत्वस्तुकूं मूल यानामकरिकैकथनकरै है॥ और सोसत्वस्तुही यासर्वजगत्केस्थितिकाकारणहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तासत्वस्तुकूं आयतन यानामकरिकैकथनकरै है ॥ और सोसत्वस्तुही यासर्वजगत्केलयकाकारणहै ॥ याकारणतैं श्रुतिभगवती तासत्वस्तुकूं प्रतिष्ठा यानामकरिकैकथनकरैहै॥और वास्तवतैंतौ सोसत्वस्तु मूल आयतन प्रतिष्ठा यातीनोंतैंरहितहै ॥ हेश्वेतकेतु॥ इसप्रकार जाग्रतअवस्थाविषे तथास्वप्नअवस्थाविषे क्षुधापिपासाकरिकैआतुर जोप्राणादिकउपाधिवालाजीवहै ॥ सोजीव पुण्यपापकर्मकेअनुसार सर्वदासुखदुःखकाहीअनुभवकरै है ॥ इतनैंकरिकै याशरीरकाअधिष्ठानत्वरूपकरिकै याआत्मादेवविषे प्रत्यक्‌रूपतानिरूपणकरी ॥ ताकरिकै त्वंपदार्थकाशोधन सिद्धभया ॥ अब मरणकालविषे इंद्रियोंकीअधिष्ठानतारूपकरिकै ताआत्मादेवविषे प्रत्यक्‌रूपतावर्णनकरतेहुए ता तत् त्वं पदार्थका अभेदवर्णनकरैहैं ॥ तहां ॥ तत्त्वमसिश्वेतकेतो॥ यहमहावाक्य नववार उद्दालकनैं श्वेतकेतुकेप्रति उपदेशकर्‌याहै ॥ ताकेविषे प्रथमवाक्यकेअर्थका निरूपणकरैहैं ॥ हेश्वेतकेतु जाग्रत स्वप्न सुषुप्ति यापूर्वउक्ततीनअवस्थावोंविषे विचरणेहारा यहजीवात्मा अज्ञानकेवशतैं अनेकशरीरोंकूंग्रहणकरैहै ॥ तथा अनेकशरीरोंकापरित्यागकरैहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ यहजीवात्मा किसप्रकार तिनशरीरोंकापरित्यागकरैहै॥समाधान॥ हेश्वेतकेतु ॥ यहजीव जिसकालविषे मरणअवस्थाकेसमीपप्राप्तहोवैहै॥तिसकालविषे यहजीव आपणेपूर्वलेपापकर्मोंकास्मरणकरिकै पश्चात्तापकरैहै तथाताउपुरुषकूं पुत्रादिकबांधव कठिनभूमिविषेशयनकरावै हैं॥तथा सर्वबांधव तापुरुषकूं चारोंओरतैंवेष्टनकरिकैस्थितहोवै हैं ॥ तथा सोपुरुष हिडकीकरिकैतथाऊंचेश्वासोंकरिकैयुक्तहोवै है॥तथा तापुरुषके दोनोंनेत्र ऊपरआकाशकीतरफ खुलिजावैं हैं॥तथा तापुरुषकामुख लालाकरिकैयुक्त होवैहै ॥ऐसीमरणअवस्थाकूंप्राप्तहुएपुरुषका जोनेत्रादिकइंद्रियोंसहित वाक्‌इंद्रियहै तावाक्‌इंद्रियकी आपणेकार्यकरणेकीसामर्थ्यरूपवृत्ति

तापुरुषकेमनविषे लयभावकूंप्राप्तहोवे है ॥ और तामनकी आपणेकार्यकरणेकीसामर्थ्यरूपवृत्ति क्रियारूपप्राणकी वृत्तिविषेलयभावकूंप्रा
प्तहोवे है ॥ और साप्राणकीवृत्ति सूक्ष्मपंचभूतोंयुक्तजीवात्माविषे लयभावकूंप्राप्तहोवे है ॥ औरसो पंचभूतोंसहितजीवात्मा सुषुप्तिकीन्याई
संस्कारस्वरूपवाकीरह्याहुआ मायाउपहित आनंदस्वरूपआत्माविषे लयभावकूंप्राप्तहोवेहै ॥ हेश्वेतकेतु ॥ सुषुप्तिअवस्थाविषे तथामरण
अवस्थाविषे केवल संस्कारमात्ररूपबंधवाला जोयहजीवात्माहै ॥ ताजीवात्माका जोसत्वस्तु लयकास्थानहै ॥ तथा जोसत्वस्तु जी
वरूपकरिके यासंघातविषेप्रविष्टहुआहै ॥ तथा जोसत्वस्तु पूर्व तेजादिकभूतोंका कारणरूपकरिकेकथनकन्याहै ॥ सोसतवस्तुही तुमा
राआत्माहै ॥ हेश्वेतकेतु ॥ जोसत्वस्तु तुमारा आत्माहै ॥ सोसत्वस्तु कैसाहै ॥ सूक्ष्मपदार्थोंतैंभी अत्यन्तसूक्ष्महै ॥ तथा कालआका
शादिकमहान्पदार्थोंतैंभी अत्यन्तमहान्है ॥ और जैसे रज्जुविषेकल्पितजे सर्प दंड जलधारा आदिकहैं ॥ तेकल्पितसर्पादिक रज्जुमात्र
रूपही हैं ॥ तैसे तेजजलपृथिवीरूप यासर्वजगत्का सोसत्वस्तुही वास्तवस्वरूपहै ॥हेश्वेतकेतु॥ ऐसासर्वजगत्काअधिष्ठानरूपपरमात्मा
देव तुमारेस्वरूपतैंभिन्ननहीं है ॥ किंतु सोपरमात्मादेव तूंहै ॥ देहादिकसंघातरूप तूनहीं है ॥ हेश्वेतकेतु ॥ जोआत्मादेव बुद्धिआदिकों
कासाक्षीरूपकरिके सर्वत्र प्रतीतहोवे है ॥ तथा जोआत्मादेव अद्वितीयरूपहोणेतैं परम आनंद स्वरूपहै ॥ तथा जोआत्मादेव सर्वजड
पदार्थोंकाप्रकाशकहोणेतैं स्वयंजोतिस्वरूपहै॥ऐसा आत्मादेवही तुमारावास्तवस्वरूपहै॥यातैं तूंकर्तानहीं है ॥ तथा भोक्तानहीं है तथा
प्रमातानहीं है॥हेश्वेतकेतु॥तैंप्रियपुत्रकेताईं जोहमनैं यहहितकाउपदेशकन्याहै॥सोउपदेशतुमारेगर्वदोषकीनिवृत्तिकरणेहाराहै॥याकारणतैं
ताउपदेशकूं हमनैं आदेश शब्दकरिकेकथनकन्याहै॥दुष्टपुरुषोंकेप्रति जोराजादिकशासनाकरे हैं ताशासनाकानाम आदेशहै॥हेश्वेतकेतु
जिससर्वांतर्यामीआत्मादेवकाउपदेश हमनैंतुमारेप्रतिकन्याहै॥तापरमात्मादेवके श्रवणतैं तथामननतैं तथाविज्ञानतैंसर्वअश्रुतपदार्थोंकाभी
श्रवणहोवे है॥तथा मननकेअविषयपदार्थोंकाभी मननहोवे है॥तथा अविज्ञातपदार्थोंकाभी विज्ञानहोवे है ॥ हेशिष्य॥ इसप्रकार जभी ताउ
द्दालकपितानैं ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रतिजीवब्रह्मकेअभेदकाउपदेशकन्या॥तभी सोश्वेतकेतुसंशययुक्तहोइके पुनःताउद्दालकपिताकेप्रति अष्ट

प्रश्नकरताभया॥और सोउद्दालकपिताभीताश्वेतकेतुपुत्रके संशयकीनिवृत्तिकरणेवासते तिनअष्टप्रश्नोंके यथाक्रमतैं अष्टउत्तरकरताभया॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ ताउद्दालकमुनिनैं ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति ॥ तत्त्वमसिश्वेतकेतो॥याप्रथममहावाक्यकाउपदेशकरिके जीवब्रह्मकाअभेद निश्चयकराया ॥ तामहावाक्यकेअर्थकूंजाणिकरिकेभी ताश्वेतकेतुकूं पुनःसंशय किसवासतेहोताभया॥समाधान ॥ हेशिष्य ॥ महावाक्य कूंश्रवणकरिकेभी ताश्वेतकेतुकूं जोअष्टवार संशयहुआहे ॥ ताअष्टप्रकारकेसंशयोंविषे ताश्वेतकेतुके यहअष्टप्रकारकेकुतर्कही कारणहैं॥ जिनअष्टकुतर्कोंकूं सोउद्दालकमुनि अष्टवारमहावाक्यकेउपदेशतैं निवृत्तकरताभयाहे ॥ अब ताश्वेतकेतुकेप्रश्नरूपअष्टकुतर्कोंकानिरूपण करे हैं ॥ अथप्रथमप्रश्ननिरूपणं ॥ हेभगवन्॥पूर्वआपनें सुषुप्तिअवस्थाविषे तथामरणअवस्थाविषे सर्वजीवोंकूं सत्वस्तुकीप्राप्तिकथनकरी ॥ याकेविषे हमारेकूं यहसंशयहोवे है॥ जोकदाचित् सुषुप्तिअवस्थाविषे तथामरणअवस्थाविषे यासर्वजीवोंकूंतासत्वस्तुकीप्राप्तिहोतीहोवै ॥ तोतेसर्वजीव तहां सत्वस्तुकूं हम प्राप्तहुएहैं याप्रकार तासत्वस्तुकूं किसवासतेनहींजाणते ॥ और तेसर्वजीव तहां स त्वस्तुकूंजाणतेनहीं ॥ यातैं तासत्वस्तुकेप्राप्तहुएभी जो सत्वस्तुकाअज्ञानहोवे है ॥ याकेविषे आपनें कोईदृष्टांतकह्याचाहिये॥जिसदृ ष्टांतकरिके ताहमारेसंशयकीनिवृत्तिहोवे है ॥१॥अथ द्वितीयप्रश्ननिरूपणम् ॥ हेभगवन् ॥ तासुषुप्तिअवस्थाविषे तथामरणअवस्थाविषे वाकादिकसर्वइंद्रियोंकेलयहुएभी अविद्यारूपमाया तहां विद्यमानहे ॥ यातैं जैसे याळोकविषे आपणेगृहतैंबाहरआयेहुएपुरुषकूं मैंआपणे गृहतैंआयाहूं याप्रकारकाअनुभवहोवे है ॥ तैसे तासुषुप्तिअवस्थाविषे यहजीव तासत्वस्तुकूंप्राप्तहोइके जभी जाग्रतअवस्थाकूंप्राप्तहोवे है ॥ तभी याजीवोंकूं हमसत्वस्तुतैंआये हैं याप्रकारकाअनुभव किसवासतेनहींहोता ॥ याहमारेशंकाकीनिवृत्तिकरणेवासतेभी आपनें कोई दृष्टांतकह्याचाहिये॥२॥अथतृतीयप्रश्ननिरूपणम्॥हेभगवन् ॥ जैसे संपूर्णनदियां समुद्रविषे लयभावकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ तैसे सुषुप्तिअवस्थावि षे तथामरणअवस्थाविषे याजीवोंका सत्वस्तुविषेलयहोवे है ॥ याप्रकार नदियोंकेदृष्टांतकरिके जोयाजीवोंका तासत्वस्तुविषेलय अंगीकारकरोगे ॥ तो जैसे समुद्रविषे लयभावकूंप्राप्तहुईनदियोंका पुनः तासमुद्रतैंउद्भवहोतानहीं ॥ किंतु तेनदियां तासमुद्रकूं

प्राप्तहोइके नाशकूँहीप्राप्तहोवे है॥तैसे सुषुप्तिअवस्थाविषे तथामरणअवस्थाविषे यहजीवभीनासत्वस्तुकूंप्राप्तहोइके नाशकूंहीप्राप्तहोवैंगे॥
तिनजीवोंकेनाशहुए तासत्यब्रह्मकीप्राप्ति किसकूंहोवेगी ॥ याहमारीशंकाकेनिवृत्तकरणेवासतेभी आपनें कोईदृष्टांतकह्याचाहिये ॥ ३ ॥ अ
थ चतुर्थप्रश्ननिरूपणं ॥ हेभगवन् ॥ यहआत्मादेव अत्यंतसूक्ष्महै ॥ यातें यहसूक्ष्मआत्मादेव यास्थूलजगत्काआधार किसप्रकारहोवे
गा ॥ याहमारीशंकाकेनिवृत्तकरणेवासतेभी आपणे कोईदृष्टांतकह्याचाहिये ॥ ४ ॥ अथ पंचमप्रश्ननिरूपणं ॥ हेभगवन् ॥ याअधिकारी
पुरुषोंकूं यहआत्मादेव श्रद्धाकरिकेही प्राप्तहोवे है ॥ याप्रकारकावचन आपने कथनकर्‍याहै ॥ साश्रद्धा अनुभवकरेहुएपदार्थविषेहोहो
वे है ॥ और जिसपदार्थका कदाचित्भी अनुभवनहींभया ॥ तिसपदार्थविषे शब्दभीप्रवेशकरिसकैनहीं ॥ तो तिसपदार्थविषे साश्रद्धा
किसप्रकारहोवैगी ॥ याहमारीशंकाकेनिवृत्तकरणेवासतेभी आपनेंकोईदृष्टांतकह्याचाहिये ॥ ५ ॥ अथ षष्ठप्रश्ननिरूपणं ॥ हेभगवन् ॥ या
लोकविषे जोवस्तुकास्वरूप इंद्रियोंकरिकेग्रहणकरणेयोग्यहोवे है ॥ सोईहोवस्तुकास्वरूप किसीइंद्रियकरिकेग्रहणकर्‍याजावे है ॥ जैसे ने
त्रादिकइंद्रियोंकाअविषयहुआभीरस रसनइंद्रियकरिकेग्रहणकर्‍याजावे है ॥ और यहआत्मादेवतो किसीभीइंद्रियकरिकेग्रहणकर्‍याजावे
नहीं ॥ ऐसाइंद्रियोंकाअविषयआत्मा किसउपायकरिकेजान्याजावे है ॥ याहमारीशंकाकेनिवृत्तकरणेवासतेंभी आपनें कोईदृष्टांतकह्याचा
हिये ॥ ६ ॥ अथ सप्तमप्रश्ननिरूपणं ॥ हेभगवन् ॥ जैसे मरणकालविषे अज्ञानीजीवोंकेइंद्रियादिक सूक्ष्मरूपकरिकेस्थितहोवे हैं ॥ तैसे
तामरणकालविषे जोकदाचित् विद्वानपुरुषकेभीइंद्रियादिक सूक्ष्मरूपकरिकेरहतेहोवैं ॥ तो जैसे मरणतेंअनंतर तिनअज्ञानीजीवोंका
पुनःजन्महोवे है ॥ तैसे ताविद्वान्पुरुषकाभी पुनः जन्म किसवासतेनहींहोता ॥ याहमारीशंकाकेनिवृत्तकरणेवासतेभी आपनें कोई
दृष्टांतकह्याचाहिये ॥ ७ ॥ अथ अष्टमप्रश्ननिरूपणं ॥ हेभगवन् ॥ जैसे मरणअवस्थाविषे तिनविद्वान्पुरुषोंकेवाकादिक निरवशेषलयकूं
प्राप्तहोवे हैं ॥ तैसे अज्ञानीपुरुषोंकेभी तेवाकादिक निरवशेषलयकूं किसवासतेनहींप्राप्तहोते ॥ याहमारीशंकाकेनिवृत्तकरणेवासतेभी
आपनें कोईदृष्टांतकह्याचाहिये ॥ ८ ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार सोश्वेतकेतु ताउद्दालकपिताकेप्रति आपणेसंशयकेजनावणेहारे अष्टप्रश्न

करताभया ॥ आगेतें सोउद्दालकमुनिभी ताश्वेतकेतुकेप्रति यथाक्रमतें तिनअष्टप्रश्नोंकाउत्तरकहताभया ॥ तहां अब प्रथमप्रश्नकाउत्तर निरूपणकरेहैं ॥ हेश्वेतकेतु ॥ जैसे यालोकविषे मधुकरजंतु आपणेअपूपाकारगृहविषे नानाप्रकारकेवृक्षोंकेरसकूंलेजाइके तारसकूं मधु रूपकरिके परिणामकूंप्राप्तकरेहै ॥ तेमधुभावकूंप्राप्तहुए नानावृक्षोंकेरस मैं आम्रवृक्षकारसहूं जंबीरवृक्षकारस नहींहूं ॥ याप्रकार आपणेकूं जाणतेनहीं ॥ तैसे यासुषुप्तिअवस्थाविषे तथामरनअवस्थाविषे तेनानाजातिवालेजीव तासत्वस्तुकूं प्राप्तहोइके तासत्वस्तुकेसाथ एक ताभावकूंप्राप्तहुएभी आपणेआत्माकूं विशेषरूपकरिके जाणतेनहीं॥इहां यहतात्पर्यहै॥मधुरूपदृष्टांतविषे जोआपणेस्वरूपकाअविवेकहै॥ सो आपणेजडस्वभावतेंहीहै॥और दार्ष्टांतिकजीवविषे जोआपणेस्वरूपकाअविवेकहै॥सो आपणे स्वभावतैंनहीं है॥किंतु अविद्याकृतआवर णकरिके सोअविवेककऱ्याहुआहै ॥ अथवा तामधुरूपदृष्टान्तविषे तिनरसोंतेंभिन्नभ्रमतापुरुषविषेस्थित जोअविवेकहैताअविवेककातिन रसोंविषेआरोपणहोवे है॥और दार्ष्टांतिकविषेतो अज्ञानकरिकेआवृतजीवोंविषेही सोअविवेकमुख्यहै ॥ याप्रकार तादृष्टांतदार्ष्टांतिकविषे विशेषताकेहुएभी ताविशेषताकापरित्यागकरिके केवलअज्ञानकीसमानतामात्र तिनदोनोंविषेग्रहणकरीहै॥शंका॥हेभगवन्॥तासुषुप्तिअव स्थाविषे यहजीव जोकदाचित् तासत्वस्तुकेसाथएकताकूं प्राप्तहोतेहोवें तो तासुषुप्तितैंउठेहुएतिनजीवोंकूं पुनः तिसजातिवालेशरीरकी प्राप्ति नहींहोणीचाहिये॥समाधान॥हेश्वेतकेतु॥व्याघ्रसर्पादिकजे तामसजातिवालेजीवहैं॥तथा राजादिकजे राजसजातिवालेजीवहैं॥तथा ब्रा ह्मणादिकजे सात्विकजातिवालेजीवहैं॥तेसंपूर्णजीव जिसजिसशरीरवालेहुए जासुषुप्तिविषे सत्वस्तुकूंप्राप्तहोवे है ॥ तेसंपूर्णजीव तासुषुप्तितैं उठिके तिसीतिसीशरीरकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ तिसतैंविलक्षणशरीरकूंप्राप्तहोवेंनहीं॥काहेतें जैसे वर्षाकालकेनिवृत्तहुएतेंअनंतर सर्वमंडूक मृत्तिका भावकूंप्राप्तहोवे हैं॥परंतु तिनमंडूकोंकेसूक्ष्मअवयवरूपसंस्कार ताप्रथ्वीविषेरहे हैं॥जभी पुनःवर्षाकालहोवे है तभीतेमंडूक तिनसंस्कारों केवशतें पुनः तिसीतिसीशरीरकूंप्राप्तहोवेहैं ॥ तिसतैंविलक्षणशरीरकूं प्राप्तहोवेंनहीं ॥ तैसे तासुषुप्तिअवस्थाविषे तिनसर्वजीवोंके लयहुएभी तिनजीवोंके वासनारूपसूक्ष्मसंस्कार तहांरहेहैं तिनसंस्कारोंकेवशतेंही तेजीव सुषुप्तितैंउठिके तिसीतिसीशरीरकूंप्राप्तहो

वे हैं ॥ १ ॥ अब दूसरेप्रश्नकाउत्तरकहेहैं ॥ हेश्वेतकेतु ॥ जैसे यहगंगादिकनदियां आपणेनामरूपकापरित्यागकरिकै समुद्रभावकूंप्राप्तहो
वे हैं ॥ और तेनदियां पुनःमेघोंद्वारा वृष्टिरूपकरिकै तासमुद्रतैंबाहरआइकेभी हमनदियां समुद्रतैं आई हैं याप्रकार तेनदियां जाणती
नहीं ॥ तैसे यहजीव तासुषुप्तिअवस्थाविषे तासत्ब्रह्मकूंप्राप्तहोइकेभी तासुषुप्तितैंउठिके हम सत्ब्रह्मतैंआयेहैं याप्रकार जाणतेनहीं ॥
काहेतैं तासतब्रह्मकीप्राप्तिकालविषे जिसमूलाज्ञाननैं तासत्ब्रह्मकेभानका प्रतिबंधकऱ्याथा ॥ सोमूलाज्ञान याजाग्रतअवस्थाविषेभी
विद्यमानहै ॥ ताअज्ञानकरिकैमोहितहुएयहजीव तासत्ब्रह्मकूंजाणिसकतेनहीं ॥ २ अब तृतीयप्रश्नकाउत्तर निरूपणकरै हैं हेश्वेतकेतु॥
यहजीव जिसजातिवालेहुए तासुषुप्तिअवस्थाविषे जासतवस्तुकूंप्राप्तहोवै है ॥ तासतवस्तुतैंआइके यहजीव तिसीजातिवालेहोवे हैं ॥
तिसतैंभिन्नजातिवालेहोवैंनहीं ॥ काहेतैं जोजोजीव तासुषुप्तिअवस्थाविषे सत्वस्तुकेसाथ अभेदभावकूंप्राप्तहुएथे ॥ तिनजीवोंका जो
कदाचित् उत्थाननहींहोताहोवै ॥ तो सुषुप्तिविषे तासत्वस्तुविषेलयमात्रकरिकेही दिनदिनविषे तिनजीवोंकेदेहकापातहोणाचाहिये॥
और ऐसादेखणेविषेआवतानहीं ॥ यातैं जेजीव तासुषुप्तिअवस्थाकूंप्राप्तहोवै हैं ॥ तेजीवही तासुषुप्तितैंउठे हैं ॥ किंवा याजीवकानाश
किसीभीपुरुषनैंदेख्यानहीं ॥ किंतु जिसजिसपदार्थकूं यहजीव परित्यागकरै है ॥ तिसीतिसीपदार्थकानाश देखणेविषेआवैहै ॥ जैसे वृ
क्षविषेस्थितजोजीवहै ॥ सोजीव तावृक्षकीशाखावोंविषे जिसजिसशाखाकापरित्यागकरैहै ॥ तिसतिसशाखाका शोषणहोइजावै है ॥ ता
जीवतैंरहितहुई कोईभीशाखा जीवनकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ जैसे ता वृक्षविषेस्थितजीव जिसशाखाकापरित्यागकरैहै ॥
ताशाखाविषे जोकदाचित् दूसराकोईजीव प्रवेशकरै है ॥ तो सा शाखा सूखतीनहीं ॥ तैसे सुषुप्तिअवस्थाविषे यहजीव तासत्ब्रह्मकूंप्राप्त
होइके यद्यपि मुक्तहोइजावैहै ॥ तथापि कोईदूसराजीव याशरीरविषेप्रवेशकरिकै याशरीरकूंउठावै है ॥ याकारणतैं दिनदिनविषे या
शरीरकापातहोवैनहीं ॥ समाधान ॥ हेश्वेतकेतु ॥ तावृक्षकेशाखाकीन्याई जोकदाचित् सुषुप्तिकालविषे याशरीरविषे दूसराकोईजी
वप्रवेशकरिकै याशरीरकूंउठावताहोवै तो यालोकविषे किसीभीशरीरकानाश नहींहोणाचाहिये ॥ काहेतैं जोदूसराजीव सुषुप्तितैंअनं

तर याशरीरविषेप्रवेशकरिके याशरीरकूंउठावे है ॥ सोदूसराजीव मरणतैंअनंतरभी याशरीरविषेप्रवेशकरिके याशरीरकूंउठावेगा ॥ यातैं
यालोकविषे किसीभीशरीरकानाश नहींहोवेगा॥ सोऐसा देखणेविषेआवतानहीं ॥ यातैं जोजीव तासुषुप्तिअवस्थाकूंप्राप्तहोवे है ॥ सोईही
जीव तासुषुप्तितैंउठैहै ॥ कोईदूसराजीव उठेनहीं ॥ हेश्वेतकेतु ॥ जैसे जोजीव सुषुप्तिअवस्थाकूंप्राप्तहोवे है ॥ सोईही जीव तासुषुप्तितैंउठै है
तैसे जोजीव मरणअवस्थाविषे तासत्ब्रह्मकूंप्राप्तहोवे है ॥ सोईहीजीवतामरणअवस्थातैंअनंतर पुण्यपापकर्मोंकेवशतैं दूसरेशरीरकूंप्रा
प्तहोवे है ॥ ताजीवतैंभिन्नकोईदूसराजीव तादूसरेशरीरकूंप्राप्तहोवेनहीं॥इसप्रकार ताजीवरूपअधिकारीकूं नित्यहोणेतैं मोक्षशास्त्रकीभी व्य
र्थताहोवेनहीं ॥ तथा कृतनाश अकृताभ्यागम रूपदोषकीभी प्राप्तिहोवेनहीं ॥३॥ अब चतुर्थप्रश्नकाउत्तर निरूपणकरैहैं ॥ हेश्वेतकेतु ॥
जैसे यालोकविषे अत्यंतसूक्ष्म जोवटकाबीजहै॥ सोवटकाबीज महान्वटकेवृक्षकाआधारहोवे है॥काहेतैं सोवटकावृक्ष आपणीउत्पत्तितैंपूर्व
जोकदाचित् तावटकेबीजविषे अत्यंतअसत्होवे ॥ तो अत्यंतअसत्पदार्थकी कदाचित्भी उत्पत्तिहोतीनहीं ॥ जैसे अत्यंतअसत्वंध्यापु
त्रकी कदाचित्भी उत्पत्तिहोतीनहीं ॥ यातैं सोमहान्वृक्ष आपणीउत्पत्तितैंपूर्व ताबीजविषेरहै है॥परंतु ताबीजदशाविषे सोवटकावृक्ष ता
बीजविषे स्कंध शाखा पत्र इत्यादिकभेदकरिकेप्रतीतहोवेनहीं ॥ तैसे याजगत्केसूक्ष्मसंस्कारोंयुक्तजामायाहै॥तामायाउपहित यहआत्मा
देव सूक्ष्महुआभी याजगत्कीउत्पत्तितैंपूर्व यासर्वजगत्काआधारहोवे है॥परंतु याजगत्कीउत्पत्तितैंपूर्वकालविषे सोआत्मादेव विद्यमानहै
याप्रकारकानिश्चय शास्त्रदृष्टितैंरहितपुरुषोंकूंहोवेनहीं॥किंतु॥ सदेवसोम्येदमग्रआसीत्॥इत्यादिकशास्त्ररूपीचक्षुवालेविद्वान्पुरुषोंकूंही सो
निश्चयहोवे है॥४॥अब पंचमप्रश्नकेउत्तरकानिरूपणकरे हैं॥हेश्वेतकेतु॥यासर्वजगत्काउपादानकारणरूपजोआत्मादेवहै॥सोआत्मादेव यद्य
पि प्रत्यक्षादिकलौकिकप्रमाणोंकरिकेजान्याजावेनहीं॥तथापि यहआत्मादेव गुरुशास्त्रकेवचनोंविषेविश्वासरूपश्रद्धाकरिके जान्याजावे है॥
जैसे जलविषेस्थितजोलवणहै ॥ सोलवण यद्यपि चक्षुआदिकइंद्रियोंकरिकेजान्याजावेनहीं॥तथापि रसनइंद्रियकरिके सोलवण जान्याजावे
है ॥ तैसे यहआत्मादेव यद्यपि यासर्वजडप्रपंचविषे विद्यमानहै ॥ तथापि गुरुशास्त्रकेवचनोंविषे विश्वासरूपश्रद्धातैंरहितपुरुष या

आत्मादेवकूंजाणिसकतेनहीं ॥ किंतु गुरुशास्त्रकेवचनोंविषे श्रद्धावान्पुरुषही ॥ तत्त्वंपदार्थकाशोधनकरिके याआनंदस्वरूपचैतन्यआ
त्माकूं साक्षात्कारकरे हैं ॥ ८ ॥ अब षष्ठप्रश्नकाउत्तर निरूपणकरे हैं ॥ हेश्वेतकेतु ॥ यद्यपि यालोकप्रसिद्धइंद्रियादिकउपायोंकरिके या
आत्मादेवकासाक्षात्कारहोवैनहीं ॥ तथापि ब्रह्मवेत्तागुरुकेउपदेशरूपअपूर्वउपायतें याआत्मादेवकासाक्षात्कार होवे है ॥ जैसे गांधारदेश
विषेरहणेहारेकिसीपुरुषकूं कोईचौरपुरुष महान्वनविषेलेआइके तापुरुषकेदोनोंनेत्रोंकूंबांधिके तावनविषेछोडतेभये ॥ और सोपुरुष पुनः
आपणेगांधारदेशकेप्राप्तिकीइच्छाकरताहुआ अत्यन्तदुःखकूंप्राप्तहोताभया ॥ और तामहान्वनविषेदुःखकूंप्राप्तहुआसोपुरुष इसमहान्वन
विषे मेरेकूं चोर गांधारदेशतें लेआयेहैं याप्रकारकेआपणेवृत्तांतकूं उच्चैःस्वरतैंपुकारताभया ॥ ऐसेमहान्वनविषेपुकारतेहुएपुरुषकेसमीप
कोईमार्गविषेचलणेहारा दयालुपुरुष आवताभया ॥ सोदयालुपुरुष तापुरुषकूं वनविषे दुःखीदेखिकरिके तापुरुषकेदोनोंनेत्रोंकूंखोलता
भया ॥ और तापुरुषकेप्रति सोदयालुपुरुष याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेपुरुषइसदिशाविषेस्थितगांधारदेशतें तूं आयाहै ॥ यातें तूं
इसीदिशाविषे सुखपूर्वकचल्याजाव ॥ इसप्रकार तादयालुपुरुषकेवचनोंकूंश्रवणकरिके परमहर्षकूंप्राप्तहुआसोपुरुष तादयालुपुरुषकेवचन
विषेविश्वासराखिके तादिशाविषेचलताहुआ शनैःशनैःकरिके ताआपणेगांधारदेशकूंप्राप्तहोवे है ॥ इसप्रकार यहबुद्धिमानअधिकारीपुरुष
भी ब्रह्मवेत्तागुरुकेउपदेशतें आपणेआत्मारूपदेशकूंप्राप्तहोवे है ॥ तात्पर्ययह याअधिकारीपुरुषकूं कामक्रोधादिकचोरों नें आपणेआत्मा
रूपदेशतैंलेआइके संसाररूपवनविषेप्राप्तकऱ्याहै ॥ तथा तिनकामक्रोधादिकचोरों नें यापुरुषकेसाक्षीरूपनेत्रोंका अज्ञानरूपीदृढबंधनक
ऱ्या है ॥ ताकरिके यहजीव यासंसाररूपवनविषे सर्वदाभ्रमणकरताहुआ परमदुःखकूंप्राप्तहोवे है ॥ ऐसेसंसाररूपवनविषे ब्रह्मवेत्तागुरुरूप
दयालुपुरुष जभी महावाक्यरूपआपणेहस्तकरिके याअधिकारीपुरुषकेसाक्षीरूपनेत्रका अज्ञानरूपीबंधन खोले है ॥ तभी अज्ञानरूपआ
वरणतैंरहितहुआ यहअधिकारीपुरुष आपणेअद्वितीयआत्मारूपदेशकूंप्राप्तहोवे है ॥ और ताब्रह्मवेत्तागुरुकेउपदेशतें तिनकामक्रोधादिक
चोरोंकूं यासंसाररूपवनकेप्राप्तिकाहेतुरूपजाणिकेसोअधिकारीपुरुषपुनःकभीभीतिनकामक्रोधादिकचोरोंकेवशहोवेनहीं ॥यातैंब्रह्मवेत्तागुरु

काउपदेशही याआनंदस्वरूपआत्माकेप्राप्तिकाउपायहै ॥ ६ ॥ अब सप्तमप्रश्नकाउत्तर निरूपणकरे हैं॥ हेश्वेतकेतु॥मरणकालविषे वाकादिकइंद्रियोंका मनादिकोंविषे स्वरूपतैंलयहोवैनहीं ॥ किंतु आपणेवृत्तिरूपकरिकेलयहोवै है ॥ संस्काररूपकरिके तिनवाकादिकोंकास्वरूप तामरणकालविषेभीबन्यारहै है ॥ यहवार्त्ताजो हमनैं पूर्वतुमारेप्रतिकथनकरीथी ॥ सोअज्ञानीपुरुषोंकेमरणकेअभिप्रायतैं कथनकरीथी ॥ और विद्वानपुरुषोंकेतो ब्रह्मज्ञानकेप्रभावतैं तामरणकालविषे आपणेआपणेव्यापारसहित सर्ववाकादिकप्रपंचस्वरूपतैंहीलयभावकूंप्राप्तहोवै है॥याकारणतैं सोविद्वानपुरुष अज्ञानीजीवोंकीन्याई पुनःशरीरकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ हेश्वेतकेतु॥विद्वानपुरुषकेमरणविषे तथाअज्ञानीपुरुषकेमरणविषे यहजोहमनैं विशेषताकहीहै ॥सोशास्त्रदृष्टिकूंअंगीकारकरिकेकहीहै॥और लोकदृष्टिकरिकेतो विद्वानपुरुषोंकामरण तथाअज्ञानीपुरुषोंकामरण तुल्यही है ॥ काहेतैं यहअज्ञानीपुरुष जभी मरणकेसमीप प्राप्तहोवै है॥तभी तापुरुषकूं आपणे मातापितादिकबांधव चारोंओरतैंवेष्टनकरिके रुदनकरे हैं॥और तेबांधव तामरणहारेपुरुषकेप्रति याप्रकारकेवचनकहेहैं॥हेपुत्र प्राणकेसमानप्रिय मैंमाताकूं तूं जानताहै हेभ्राता प्राणोंकेसमानप्रिय मैंभ्राताकूं तूं जानताहै॥इत्यादिकबांधवोंकेवचन सोपुरुष तबपर्यंतश्रवणकरेहै॥जबपर्यंत तापुरुषकेवाकादिकइंद्रिय लयभावकूंनहींप्राप्तभये॥तिनवाकादिकइंद्रियोंकेलयहुएतैंअनंतर सोपुरुष किसीभीवस्तुकूंजाणतानहीं॥इसप्रकार सोविद्वानपुरुषभी जभी मरणकेसमीपकालकूंप्राप्तहोवै है ॥ तभी तिनवाकादिकइंद्रियोंकेलयपर्यंततो तिनबांधवोंके नानाप्रकारकेवचनोंकूंश्रवणकरेहै॥ और तिनवाकादिकइंद्रियोंके लयहुएतैंअनंतर सोविद्वानपुरुषभी किसीवस्तुकूंजाणिसकतानहीं॥ इसप्रकार लोकदृष्टिकरिके ताविद्वानकेमरणविषे तथाअविद्वानके मरणविषे समानताहुएभी यहमहान्‌विशेषताहै जो विद्वानपुरुषतो पुनः जन्मकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ और अज्ञानीपुरुष पुनःजन्मकूंप्राप्तहोवै है॥७॥अबअष्टमप्रश्नकाउत्तर निरूपणकरे हैं॥हेश्वेतकेतु॥विद्वानपुरुषकेतथाअविद्वानपुरुषकेमरणअवस्थाकेसमानहुएभी यहविद्वान्‌पुरुषतौमरणतैंअनंतर पुनःजन्मकूंप्राप्तहोवैनहीं॥और अविद्वानपुरुष मरणतैंअनंतर पुनःजन्मकूंप्राप्तहोवैहै॥ याप्रकारकीविशेषताविषे यहहेतुहै॥सोविद्वानपुरुषतो सत्यस्वरूपआत्मादेवकूंहीजानेहै॥और अविद्वानपुरुषतो मिथ्यारूपतीनशरीरोंकूंही

आत्मारूपकरिकेजानेहै ॥ याकारणतैंहीं सोविद्वानपुरुषतो सत्यआत्मादेवकेसाक्षात्कारकरिकै मायारूपपाशतैंरहितहुआ मरणकालविषे
वाकादिकइंद्रियोंकेलयतैंअनंतर पुनः जन्मकूंप्राप्तहोवेनहीं ॥ और सोअविद्वानपुरुषतो मिथ्यातीनशरीरोंकूं आत्मारूपकरिकेजाणताहु
आ तामरणकालविषे वाकादिकइंद्रियोंकेलयतैंअनंतर संस्कारोंकेवशतैं पुनः शरीरकूंप्राप्तहोवेहै ॥ हेश्वेतकेतु ॥ यालोकविषेभी जिसपुरु
षका सत्यविषेअभिप्रायहोवेहै ॥ सोपुरुष जोकदाचित् किसीमिथ्याकलंककूंभीप्राप्तहोवेहै ॥ तोभी सोसत्यवादीपुरुष तामिथ्याकलंकतैं
मुक्तहीहोवेहै ॥ और जिसपुरुषका मिथ्याविषेअभिप्रायहोवेहै ॥ सोमिथ्यावादीपुरुष दुःखकूंहीं प्राप्तहोवेहै ॥ जैसे यालोकविषे एकचोरपु
रुषथा ॥ और दूसरा साधुपुरुषथा ॥ तिनदोनोंपुरुषोंकूं राजाकेभृत्योंनें बलात्कारसैं ग्रहणकऱ्या ॥ और यहदोनोंपुरुष चोरहैं यातैं
दंडदेणेकूंयोग्यहैं याप्रकारतेराजाकेभृत्य निश्चयकरतेभये ॥ और तेभृत्य तिनदोनों पुरुषोंकूं राजाकीसभाविषेलेजातेभये ॥ तासभाविषे
जाइके सोचोरपुरुष मैंचोरनहींहूं याप्रकार पुकारताभया ॥ और सोसाधुपुरुष भी मैंचोरनहींहूं याप्रकार पुकारताभया ॥ तिनदोनों
केवचनकूंश्रवणकरिकै तिनराजाकेप्रधानभृत्योंकूं याप्रकारका संशयहोताभया॥जोइनदोनोंविषे कोनचोरहै॥कौनसाधुहै तासंशयकेनिवृत्त
करणेवासते तेराजाकेभृत्य अग्निविषे लोहकेपरशुकूंतपाइके तिनदोनोंकेहस्तोंविषेदेतेभये ॥ तहांजोसत्यवादीसाधुपुरुषथा ॥ सो तातप्त
परशुकरिकै दाहकूंनहींप्राप्तहोताभया ॥ और जोमिथ्यावादीचोरथा ॥ सो तातप्तपरशुकरिकै दाहकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिनदोनोंविषे तात
प्तपरशुकेग्रहणतैं तासाधुपुरुषकेहस्तोंकूं नहींदग्धहुआदेखिकै तेराजाकेभृत्य तासाधुपुरुषकूं सत्यवादीजाणिकै छोडिदेतेभये ॥ और तात
प्तपरशुकेग्रहणतैं ताचोरपुरुषकेहस्तोंकूंदग्धहुआदेखिकै तेराजाकेभृत्य ताचोरपुरुषकूं मिथ्यावादीजाणिकै ताकूं बंधनगृहविषेप्राप्तकरतेभ
ये ॥ तथा ताडनाकरतेभये॥इसप्रकार विद्वानपुरुषके तथाअविद्वानपुरुषके मरणकेसमानहुएभी सत्यआत्माकूंजानणेहाराजोविद्वानपुरुष
है॥ ताविद्वानपुरुषकेवाकादिकइंद्रियतो तामरणकालविषे स्वरूपतैंहीलयभावकूंप्राप्तहोवेहैं ॥ याकारणतैं सोसत्यात्मवादीविद्वानपुरुषतो
पुनःजन्मादिकदुःखोंकूंप्राप्तहोवेनहीं ॥ और मिथ्यादेहादिकोंकूंहीं आत्मारूपजानणेहारा जोअविद्वानपुरुषहै ॥ ताअविद्वानपुरुषकेवाका

दिकइंद्रिय तामरणकाळ विषे स्वरूपतैंलयभावकूंप्राप्तहोवैंनहीं ॥ किंतु संस्काररूपहोइकेरहेहैं ॥ याकारणतैं सोमिथ्यावादी अविद्वान्पुरुष वारंवार जन्मादिकदुःखोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ ८ ॥ हेशिष्य॥इसप्रकार सोउद्दालकपिता ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति॥तत्वमसिश्वेतकेतो॥याप्रकारकामहावाक्य नववार उपदेशकरताभया ॥ तापिताकेउपदेशकूंश्रवणकरिकै संशयतैंरहितहुआ सोश्वेतकेतु तानवमेवचनविषे प्रथमवचनविषेकथनकरेहुएआत्माकेवास्तवस्वरूपकूं साक्षात्कारकरताभया ॥ हेशिष्य ॥इसप्रकार पिताकेउपदेशतैं आत्मज्ञानकूंप्राप्तहोइके सोमहान्तेजवाळाश्वेतकेतु किंचित्कालपर्यंत आपणेगृहविषे निवासकरताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोश्वेतकेतु परमवैराग्यकूंप्राप्तहोइके आपणे उद्दाळकपिताकीन्याईं परमहंससंन्यासकूंग्रहणकरताभया ॥ हेशिष्य ॥ सोउद्दाळकमुनि ताश्वेतकेतुपुत्रकूं अत्यंतबुद्धिमानजाणिकेताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति ताआत्मरूपसत्ताविषे सुखरूपता नहींउपदेशकरताभया॥काहेतें जोसूक्ष्मबुद्धिवाळापुरुषहोवे है सो नहींकहेहुएअर्थकूंभी आपहीजानिलेवे है और ताश्वेतकेतुनें ताउद्दालकपिताकेप्रति यहकारणरूपसत्ता सुखरूपहै अथवासुखरूपनहीं है याप्रकारकाप्रश्नभी नहींकन्याथा ॥ याकारणतैंभी सोउद्दाळकमुनि ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति ताआत्मारूपसत्ताविषे सुखरूपता नहींकथनकरताभया॥और पूर्व नारदमुनिकेप्रश्नकरिकै संतोषकूंप्राप्तभयाजो भगवान्सनत्कुमारहै॥सोभगवान्सनत्कुमारतौ तानारदमुनिकेताईं विनाहींपूछेतैं ताआत्मारूपसत्ताकीसुखरूपता कथनकरताभयाहै॥हेशिष्य॥पूर्व जोतुमनें श्वेतकेतुकेअज्ञानकाकारणपूछाथा सोहमनें तुमारेप्रति कथनकन्या ॥ तथा ताश्वेतकेतुकूं पुनः उद्दाळकपिताकेउपदेशकरिकै जिसप्रकार आत्मज्ञानकीप्राप्तिभईथी ॥ सोभी हमनें तुमारेप्रति कथनकन्या ॥ अब जिसअर्थकेश्रवणकरणेकीतुमारेकूंइच्छाहोवे सो हमारेसैंपूछो ॥ इति श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रीस्वामिउद्धवानंदगिरिपूज्यपादशिष्येण स्वामिचिद्घनानंदगिरिणा विरचिते प्राकृतआत्मपुराणे छांदोग्यसारार्थप्रकाशे आरुणिश्वेतकेतुसंवादो नाम द्वादशोऽध्यायः समाप्तः ॥ १२ ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ श्रीकाशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥ श्रीशंकराचार्येभ्यो नमः ॥ ॥ ॥ ॥ ॥

॥ इति द्वादशोऽध्यायःसमाप्तः ॥

॥ अथ स्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषाआत्मपुराणे त्रयोदशोऽध्यायप्रारंभः ॥

ॐश्रीगणेशायनमः ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ श्रीकाशीविश्वेश्वराभ्यांनमः॥श्रीशंकराचार्येभ्योनमः॥अथ त्रयोदशाऽध्यायप्रारंभः ॥ पूर्व द्वादशेअध्यायविषे सामवेदकेछांदोग्यउपनिषद्केषष्ठअध्यायकाअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ अब यात्रयोदशेअध्यायविषे तिसीछांदोग्यउपनिषद्के सप्तमेअध्यायकाअर्थ निरूपणकरे हैं ॥ इसप्रकार सोशिष्य गुरुकेमुखतें आपणेआत्माकीब्रह्मरूपताकूंश्रवणकरिके पुनःप्रश्नकरणेकीकामनाकरताहुआ याप्रकारकावचनकहताभया॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगवन् ॥ याआत्मपुराणकेप्रथमअध्यायविषे आपनें ऋग्वेदके ऐतरेयउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ ताप्रथमअध्यायविषे सनकादिकमुनि वामदेवादिकअधिकारीपुरुषोंकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरतेभये ॥ तथा वामदेवमुनि माताकेगर्भविषेस्थितहोइके तिनअधिकारीजनोंकेप्रति आपणासर्वात्मभाव कथनकरताभया ॥ इसतेंआदिलेके अनेकप्रकारकीवार्त्ता आपनें ताप्रथमअध्यायविषेकथनकरीथी॥और हेभगवन्॥याआत्मपुराणकेद्वितीयअध्यायविषे तथातृतीयअध्यायविषे आपनें तिसीऋगवेदके कौषीतकिउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ तहां याआत्मपुराणकेद्वितीयअध्यायविषेतो देवराजइंद्र प्रतर्दनराजाकेप्रति प्राणप्रज्ञारूपकरिके आत्माकाउपदेशकरताभया ॥ और याआत्मपुराणकेतृतीयअध्यायविषे अजातशत्रुराजा बालाकि ब्राह्मणकेप्रति तिनप्राणादिकोंतेंभिन्नकरिके आत्माकाउपदेशकरताभया और हेभगवन्॥याआत्मपुराणके चतुर्थपंचम षष्ठ सप्तम याचारअध्यायोंविषे आपणें यजुर्वेदके बृहदारण्यकउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा॥तहांचतुर्थअध्यायविषेतो दोपुरुषवंश एकस्त्रीवंश यातीनवंशोंविषेस्थितऋषियोंका परस्परभेद तथापरस्पर अभेद वर्णनकऱ्याथा॥ और दध्यङ्अथर्वण देवराजइंद्रकेप्रति ब्रह्मविद्या उपदेशकरताभया ॥ ताब्रह्मविद्याकूंश्रवणकरिके सोइंद्र उलटा तादध्यङ्ऋषिऊपर क्रोधवानहोइके ताब्रह्मविद्याकेनहींउपदेशकरणेकीआज्ञाकरताभया ॥ और सोदध्यङ्ऋषि आपणेप्रतिज्ञाकेसत्यकरणेवासते साब्रह्मविद्या अश्विनीकुमारोंकेप्रति उपदेशकरताभया ॥ तिसतेंअनंतर सोइंद्र तादध्यङ्ऋषिकामस्तक छेदनकरताभया ॥ और तेअश्विनीकुमार ब्रह्मविद्याकेलोभकरिके आपणेगुरुकेमस्तककूंकाटिके अश्वकीग्रीवाऊपर राखतेभये ॥ और अश्वकामस्तककाटिके आपणेगुरुकीग्रीवाऊपर राखतेभये ॥ इसतें आदिलेकेअनेकप्रकारकीवार्त्ता

आपनें ताचतुर्थअध्यायविषेकथनकरीथी ॥ और हेभगवन् ॥ याआत्मपुराणकेपंचमेअध्यायविषे आपनें यहवार्त्ताकथनकरीथी॥जो जन
कराजाकेयज्ञसभाविषे आश्वलादिकब्राह्मण याज्ञवल्क्यमुनिकेजीतणेकीइच्छाकरिके तायाज्ञवल्क्यमुनिकेसाथ अनेकप्रकारकाविवादकर
तेभये ॥ तथा तासभाविषे याज्ञवल्क्यमुनिकेशापकरिके शाकल्यब्राह्मणकामृत्युहोताभया॥ और हेभगवन् ॥ याआत्मपुराणकेषष्ठेअध्या
यविषे आपनें यहवार्त्ता कहीथी॥ सोयाज्ञवल्क्यमुनि ताजनकराजाकेप्रति दोवार ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरिके ताजनकराजाकूं कृतकृत्यभा
वकोप्राप्तिकरताभया॥ और हेभगवन् याआत्मपुराणकेसप्तमअध्यायविषे आपनें यहवार्त्ता कथनकरीथी॥सोयाज्ञवल्क्यमुनि आपणेमैत्रेयी
स्त्रीकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरिके तामैत्रेयीकूं कृतकृत्यभावकोप्राप्तिकरताभया ॥ तिसतेंअनंतर सोयाज्ञवल्क्यमुनि संन्यासआश्रमकूं
ग्रहणकरताभया ॥ औरहेभगवन्॥ याआत्मपुराणकेअष्टमअध्यायविषे आपनें तिसीयजुर्वेदके श्वेताश्वतरउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्या
था ताअष्टमअध्यायविषे आपनें यहवार्त्ताकथनकरीथी ॥ संपूर्णसंन्यासी याजगत्केकारणविषे विवादकरिके श्वेताश्वतरमुनिके आश्रम
विषे जातेभये ॥ तिनसंन्यासियोंकेप्रति सोश्वेताश्वतरमुनि पूर्ववेदवेत्ताब्राह्मणोंकाआख्यानकहिके याजगत्केकारणकानिश्चयकरावताभया
और हेभगवन् ॥ याआत्मपुराणकेनवमेअध्यायविषे आपनें तिसीयजुर्वेदके कठवल्लीउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ तानवमअध्या
यविषे आपनें यहवार्त्ताकथनकरीथी ॥ पिताकेसत्यवचनकरणेवासते नचिकेता यमराजाकेलोकविषेजाताभया ॥ तानचिकेताकेधैर्यकूंदे
खिकेप्रसन्नहुआसोयमराजा तानचिकेताकेप्रति संपूर्णब्रह्मविद्या उपदेशकरताभया ॥ और ॥ हेभगवन् ॥ याआत्मपुराणकेदश
मेअध्यायविषे आपनें तिसीयजुर्वेदके तैत्तिरीयकउपनिषद्का तथानारायणीयउपनिषद्का अर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ तादशम
अध्यायविषे आपनें यहवार्त्ता कथनकरीथी भृगुऋषि आपणेवरुणपिताकेसमीपजाइके ब्रह्मविद्याकीप्रार्थनाकरताभया ॥
और सोवरुणपिता कथनकरी ताभृगुपुत्रकेप्रति साब्रह्मविद्याउपदेशकरताभया ॥ और वेननामागंधर्व आपणेसर्वात्मभावका
अनुभवकहताभया ॥ तथा सत्यादिकसर्वसाधनोंविषे संन्यासआश्रमकीअधिकता वर्णनकरीथी ॥ और हेभगवन् याआत्मपुराणके

एकादशअध्यायविषे आपनैं जाबालादिकएकादशउपनिषदोंकाअर्थ निरूपणकऱ्याथा॥ताएकादशअध्यायविषे आपनैं यहवार्त्ता कथनक रीथी ॥ तापरमहंससंन्यासकूं पूर्व संवर्त्तकादिकमहात्मापुरुष ग्रहणकरतेभयेहैं ॥ और तापरमहंससंन्यासकेग्रहणविषे वैराग्यहीकालहै ॥ तावैराग्यकोउत्पत्तिविषे गर्भउपनिषद्काविचार तथामरणकेचिह्नोंकाज्ञान तथाअष्टांगयोग इत्यादिकउपायकारण हैं ॥ और तापरमहंस संन्यासविषे वैराग्यवान्पुरुषही अधिकारीहै॥और तापरमहंससंन्यासीको शिखासूत्रादिकों तैंरहितपणा बाह्यआचारहै॥और अहिंसादिकध र्म अंतरआचारहै ॥ और तापरमहंससंन्यासीकामुख्यधर्मतो आत्मज्ञानहीहै ॥ सोआत्मज्ञानतो ब्रह्मउपनिषदादिकोंविषे आपनैं कथनक ऱ्याथा ॥ और हेभगवन्॥याआत्मपुराणकेद्वादशअध्यायविषे आपनैं सामवेदकेछांदोग्यउपनिषद्केषष्ठअध्यायकाअर्थ निरूपणकऱ्याथा॥ ताद्वादशेअध्यायविषे आपनैं यहवार्त्ता कथनकरीथी ॥ उद्दालकमुनि श्वेतकेतुपुत्रकेसंशयकीनिवृत्तिकरणेवासते॥तत्त्वमसिश्वेतकेतो ॥या महावाक्यका नववार उपदेशकरताभया ॥ ताउपदेशकूंश्रवणकरिकै॥सोश्वेतकेतु संशयतैंरहित आत्मज्ञानकूंप्राप्तहोताभया॥हेभगवन् ॥ ताद्वादशेअध्यायकेअंतविषे आपनैंयहकह्याथा ॥ जो उद्दालकमुनि श्वेतकेतुपुत्रकूंबुद्धिमान्जानिके ताश्वेतकेतुपुत्रकेप्रति विनापूछे तैं आत्माकीसुखरूपता नहींकथनकरताभया ॥ और पूर्व सनत्कुमारतो नारदमुनिकेप्रति विनाहीपूछेतैं ताआत्माकीसुखरूपताकथनकरता भयाहै ॥ हेभगवन् ॥ तासनत्कुमारनैं नारदमुनिकेप्रति याब्रह्मविद्या उपदेशकरीथी ॥ ताब्रह्मविद्या मैं आपकेमुखतैंश्रवणकरणेकीइच्छा करताहूं ॥ आप कृपाकरिके ताब्रह्मविद्या हमारेप्रति उपदेशकरो ॥ इसप्रकार ताश्रद्धावान्शिष्यकरिकेपूछाहुआ सोश्रीगुरुताशिष्यके प्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य ॥ पूर्वएककालविषे संसारकेतापकरिकेतप्तहुआ नारदमुनि एकांतदेशविषे स्थितसनत्कुमारोंकेसमीपआइके याप्रकारकावचन कहताभया ॥ नारदउवाच ॥ हेभगवन् जोब्रह्म यासर्वजगत्का अधिष्ठानहै ॥ तथा जोब्रह्म सर्वतैंउत्कृष्टहै ॥ तथा जिसब्रह्मकेज्ञानतैं विद्वान्पुरुष कर्तृत्वभोक्तृत्वादिकअध्यासरूपसर्वशोकोंकूंतरे हैं॥ताब्रह्मकेस्वरूपकूं आप भलीप्रकारसैंजाणतेहो ॥ यातैं हेभगवन् ॥ जोब्रह्मज्ञान सर्वशोकोंकेनिवृत्तिकाकारणहै ॥ सोब्रह्मज्ञान मैंशिष्यकेप्रति आप कृपाकरिके

उपदेशकरो ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकारकावचन जभी तानारदमुनिनैं भगवान्सनत्कुमारकेप्रति कह्या ॥ तभी सोभगवान्सनत्कुमार मंदमंद
हंसताहुआ तानारदकेअज्ञानकीनिवृत्तिकरणेवासते याप्रकारकावचन कहताभया ॥ सनत्कुमारउवाच ॥ हेनारद ॥ तूं सर्व लोकोंविषे
सर्वज्ञतारूपकरिकेप्रसिद्धहै ॥ यातैं तुम्हारेकूं जितनीकीविद्या आवतीहै ॥ तासंपूर्णविद्या तुम हमारेप्रतिकहो॥ तातुम्हारीसर्वविद्याकूंश्रवण
करिके पश्चात् हम तुम्हारेप्रति ब्रह्मज्ञानकाउपदेशकरेंगे ॥ हेशिष्य॥ इसप्रकारकावचन जभी तिससनत्कुमारनैं नारदमुनिकेप्रति कह्. ॥
तभी सोनारदमुनि तासनत्कुमारकेप्रति दंडवत्प्रणामकरिकै आपणीसर्वविद्या कहताभया॥ नारदउवाच ॥ हेभगवन् ॥ मंत्र ब्राह्मण यादो
रूपकरिके दो॰प्रकारताकूंप्राप्तहुएजे ऋग् यजुष् साम अथर्वण यहचारिवेदहैं ॥ तिनचारिवेदोंकूंभी मैं आपणेब्रह्मापिताकेप्रसादतैं
भलीप्रकार जानताहूं ॥ और हेभगवन् ॥ तिनचारिवेदोंविषे जेवचन पूर्वब्राह्मणादिकोंकेकथाप्रसंगकूं प्रतिपादनकरैंहैं ॥ तिनवचनोंकानाम
इतिहासहै॥तिनइतिहासोंकूंभी मैं भलीप्रकारसैंजाणताहूं॥और हेभगवन्॥तिनवेदोंविषे जेवचन याजगत्केउत्पत्तिस्थितिआदिकोंका कथ
नकरैंहैं॥तिनवचनोंकानाम पुराणहै॥तिनपुराणोंकूंभी मैं भलीप्रकारजानताहूं॥और हेभगवन्॥यहशब्दसाधुहै यहशब्दअसाधुहै याप्रकारके
ज्ञानकाहेतुजोव्याकरणहै ॥ जाव्याकरणकूं श्रुतिनैं वेदानांवेद यानामकरिकैकथनकऱ्याहै ॥ ताव्याकरणकूंभी मैं भलीप्रकार जानताहूं ॥
और हेभगवन्॥श्राद्धादिककर्मोंकेरीतिकूं कथनकरणेहाराजोपित्र्यनामाशास्त्रहै॥ ताशास्त्रकूंभी मैं भलीप्रकार जानताहूं ॥ और हेभगवन् ॥
सहस्रलक्षादिकसंख्याकेस्वरूपका निर्णयकरणेहारा जोगणितशास्त्रहै ॥ जागणितशास्त्रकूं श्रुतिनैं राशि यानामकरिकैकथनकऱ्याहै॥ताग
णितशास्त्रकूंभी मैं भलीप्रकार जानताहूं ॥ और हेभगवन् ॥ जीवोंकेउत्पातादिकोंकेस्वरूपकानिर्णयकरणेहाराजोशास्त्रहै ॥ जाशास्त्रकूं
दैव याशब्दकरिकैकथनकऱ्याहै ॥ ताशास्त्रकूंभी मैं भलीप्रकार जानताहूं ॥ और हेभगवन् ॥ जिसशास्त्रकरिके भूमिविषेदाबेहुएध
नका ज्ञानहोवैहै ॥ जाशास्त्रकूं निधि याशब्दकरिकैकथनकऱ्याहै ॥ ताशास्त्रकूंभी मैं भलीप्रकार जानताहूं ॥ और हेभगवन् ॥ तर्क
हैप्रधानजिसविषे ऐसाजो अक्षपादप्रणीतन्यायशास्त्रहै ॥ तान्यायशास्त्रकूंभी मैं भलीप्रकार जानताहूं ॥ तथा वेदविषेस्थित जोप्रश्न

उत्तरभागहै॥ताकूंभीमैंभलीप्रकारजानताहूं॥जिसन्यायशास्त्रकूं तथा प्रश्नउत्तररूपवेदकेभागकूं श्रुतिविषे वाकोवाक्य यानामकरिके कथन कर्‍याहै ॥ और हेभगवन् ॥ अनेकप्रकारकेव्यवहारोंकेनियमकूं कथनकरणेहाराजो नीतिशास्त्रहै ॥ जिसनीतिशास्त्रकूं श्रुतिविषे एकायन यानामकरिकेकथनकर्‍याहै ॥ तानीतिशास्त्रकूंभी मैं भलीप्रकारजानताहूं ॥ और हेभगवन् ॥ वेदकाअंगरूप जोनिरुक्तशास्त्रहै ॥ तानिरुक्तशास्त्रके जितनेभागविषे सर्वदेवतावोंकूं सर्वात्मरूपकरिकेकथनकर्‍याहै ॥ तानिरुक्तकेभागकानाम देवविद्याहै ॥ तादेवविद्याकूंभी मैं भलीप्रकारजानताहूं ॥ और हेभगवन् ॥ तादेवविद्यारूपनिरुक्तभागकूंछोडिके बाकीरह्यानोनिरुक्तशास्त्रहै ॥ तथा शिक्षा कल्पहै ॥ यह तीनों वेदकेअंगहोणेतें वेदकेउपकारकहैं ॥ यातें निरुक्त शिक्षा कल्प यातीनोंकूं देवविद्या यानामकरिकेकथनकरे हैं ॥ तावेदविद्याकूंभी मैं भली प्रकारजानताहूं ॥और हेभगवन् ॥ यहआयुर्वेद तथा सुश्रुतादिकवैद्यककेग्रंथ सर्वभूतप्राणियोंकेरोगकीनिवृत्तिकरिके सर्वभूत प्राणियोंऊपर उपकारकरे हैं ॥ यातें सुश्रुतादिकग्रंथसहित ताआयुर्वेदकूं भूतविद्या यानामकरिकेकथनकरे हैं ॥ ताआयुर्वेदरूपभूतविद्याकूंभी मैं भलीप्रकारजानताहूं ॥ तथा शांतिपुष्टिआदिकफलोंकीप्राप्तिकरणेहारे जेनानाप्रकारकेमंत्रहैं ॥ ॥ तिनमंत्रोंकूंभी मैं भलीप्रकारजानताहूं॥और हेभगवन्॥अस्त्रविद्यासहितजोधनुर्विद्याहै॥ताधनुर्विद्याकानाम क्षत्रविद्याहै॥ताक्षत्रविद्याकूंभी मैं भलीप्रकारजानताहूं ॥और हेभगवन्॥राहुकेतुआदिकग्रहोंकेस्थितिआदिकोंकूंप्रतिपादनकरणेहारा जोज्योतिषशास्त्रहै॥ ताज्योतिषशास्त्रकानाम नक्षत्रविद्याहै ॥ तानक्षत्रविद्याकूंभीमैंभलीप्रकारजानताहूं॥और हेभगवन्॥सर्पोविषेजेदेवशरीरहैं॥तिनोंकेवशकरणेकासाधन जागारुडविद्याहै॥ तागारुडविद्याकानाम सर्पदेवविद्याहै॥तासर्पदेवविद्याकूंभी मैं भलीप्रकारजानताहूं॥और हेभगवन्॥सर्वलोकोंकेमनकूंरंजनकरणेहारा तथागीतादिकोंकूंप्रतिपादन करणेहारा जोगांधर्वशास्त्रहै॥तागांधर्वशास्त्रकानाम जनविद्याहै॥ताजनविद्याकूंभी मैं भलीप्रकारजानताहूं॥हेभगवन्॥इसप्रकार ऋग्वेदतें आदिलेके गांधर्वशास्त्रपर्यंत सर्वविद्याओंकूं मैं भलीप्रकारजानताहूं॥परन्तु तिनवेदोंकेतात्पर्यकाविषयरूप जोआपणेमोक्षकासाधनहै ॥तामोक्षकेसाधनकूं मैं जानतानहीं ॥ हेभगवन् ॥ यद्यपि तिनवेदोंकेअर्थकूं सामान्यतें मैं जानताहूं ॥ तथापि तिनवेदोंकेतात्पर्यकाविषय

भूत जोअद्वितीयआत्माहे ॥ तिसआत्मादेवकूं मैं जाणतानहीं ॥ यातें मैं केवलवेदमंत्रोंकेपाठकूंजानणेहाराहूं ॥ तिनमंत्रोंकेअर्थकूं मैं जानतानहीं ॥ हेभगवन् ॥ पूर्वं आपसरीलेमहात्मापुरुषोंकेमुखतें हमनें याप्रकारकावचन श्रवणकऱ्याहे ॥ जो आत्माकूंजानणेहारापुरुष मूलकारणसहितसर्वशोकोंकूं तरेहे ॥ हेभगवन् ॥ जैसे याळोकविषे तीनकोणवाळेअग्निकेकुंडविषे पतनभयाजोकोईपंगुपुरुषहे॥तापंगुपुरुषकूं महान्‌शोककीप्राप्तिहोवे हे॥तैसे अध्यात्मदुःख अधिदेवदुःख अधिभूतदुःख यातीनदुःखोंकरिके हमारेकूं सर्वदाशोककोप्राप्तिहोवे हे ॥हेदीनदयालुसनत्कुमार ॥ जैसे कोईपतिव्रतास्त्री छोटेबालकोंवाळीहोवे॥ अथवा पुत्रोंतेंरहितहोवे ॥ तथा योवनअवस्थावाळीहोवे ॥ तथा धनतेंरहितहोवे ॥ तथा बांधवोंतेंरहितहोवे ॥ ऐसीपतिव्रतास्त्रीका जभी तायोवनअवस्थाविषेही पतिमृत्युहोइजावे हे तभी सास्त्री हादेव हमारी कौनगतिहोवेगी याप्रकार निरंतर आपणाशोककरे हे॥तैसे मैंनारदभी हादेव मेरीकौनगतिहोवेगी याप्रकार निरंतर आपणाशोककरताहूं॥ तथा अध्यात्म अधिदेव अधिभूत यातीनतापोंकेवशकूंप्राप्तहुआहूं ॥ तथा विचारहीनपुरुषोंकरिकेदुस्तर जोयहशोकरूपीसमुद्रहे॥ ताशोकरूपीसमुद्रविषे मैं सर्वदाडूबाहूं ॥ तथा ताअगाधशोकरूपीसमुद्रकेपारलेकिनारेकेप्राप्तिकी मैं सर्वदाइच्छाकरताहूं॥ ऐसेमैंदीनकूं आप कृपाकरिके याशोकरूपीसमुद्रतें पारकरो ॥हेशिष्य॥ इसप्रकार तानारदमुनिके दीनतापूर्वकवचनोंकूंश्रवणकरिके सोभगवान्‌सनत्कुमार तानारदकेप्रति स्थूलाऽरुंधतीन्यायकरिके आत्माकेवास्तवस्वरूपकेबोधनकरणेवासतें याप्रकारकावचन कहताभया॥सनत्कुमारउवाच ॥ हे नारद पूर्वउक्तजितनेकीशास्त्रोंकूं तूं अध्ययनकरिकेजाणताभयाहे ॥ तेसंपूर्णशास्त्र शब्दरूपही हैं ॥ काहेतें यासंपूर्णप्रपंचका एकदेशरूप जितनेकीवस्तुहैं ॥ तिनसर्ववस्तुवोंकूं यहवाकादिकइंद्रिय नामत्वरूपकरिकेही कथनकरें हैं ॥ जोकदाचित् याळोकविषे सोशब्दरूपनाम नहींहोवे ॥ तो कोईभीपुरुष किसीभीवस्तुकेकहणेविषे समर्थनहींहोवेगा ॥ नामकरिकेही सर्ववस्तुवोंकाव्यवहारहोवे हे ॥ यातें यहनाम सर्ववस्तुरूपहे ॥ ऐसेसर्ववस्तुरूपनामकूं तूं ब्रह्मरूपकरिकेंचिंतनकर ॥ हेनारद ॥ तुम्हाराचित्त द्वैतवासनावोंकरिकेकुंठितहोइगयाहे॥जभी तूं तापूर्वअभ्यासकरेहुएनामविषे ब्रह्मभावना करैगा ॥ तभी सो तुम्हाराचित्त साक्षात्‌ब्रह्मकेजानणेविषेयोग्य होवेगा ॥ हेनारद ॥ याळोक

विषे जोपुरुष संपूर्णशब्दरूपनामोंकूं ब्रह्मरूपकरिकेउपासनाकरे है ॥ तिसपुरुषकूं नामकरिकेसंबद्धसर्वजगत्विषे स्वतंत्रतारूपफलकीप्राप्तिहोवे है ॥ जैसे महाराजाकूं आपणेदेशविषेस्वतंत्रताहोवे है ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार जभी तासनत्कुमारभगवान्नें नारदकेप्रति शब्दरूप नामकी ब्रह्मरूपकरिकेउपासना कथनकरी ॥ तभी सोनारदमुनि ताभगवान्सनत्कुमारकेप्रति याप्रकारकाप्रश्नकरताभया ॥हेभगवन् या शब्दरूपनामविषे ब्रह्मदृष्टिमात्रकरिके ताशोककीनिवृत्तिहोवेनहीं॥यातें जोवस्तु तानामतैंभीअधिकहोवे॥ सोवस्तु हमारेप्रति कथनकरो॥ इसप्रकार तानारदकरिकेपूछाहुआ सोभगवान्सनत्कुमार तानारदकेप्रति पूर्वपूर्वकीअपेक्षाकरिके उत्तरउत्तरविषेअधिकतानिरूपणकरताहुआ वाक्इंद्रियतेंलेके आशापर्यंत त्रयोदशतत्त्वोंका वर्णनकरताभया ॥ तथा तिनत्रयोदशतत्त्वोंविषे एकएकतत्वकी ब्रह्मरूपकरिकेउपासना कथनकरताभया ॥ तथा जैसेनामकूंब्रह्मरूपकरिकेउपासनाकरणेहारेपुरुषकूं तानामकरिकेसंबद्धसर्वजगत्विषे स्वतंत्रतारूपफल प्राप्तहोवे है॥तैसे तिनवाकादिकोंकूं ब्रह्मरूपकरिकेउपासनाकरणेहारेपुरुषोंकूंतिनवाकादिकोंकरिकेसंबद्धसर्वजगत्विषे स्वतंत्रतारूपफल प्राप्तहोवे है ॥ याप्रकार तिनवाकादिकोंकेउपासनावोंकाफलभी वर्णनकरताभया ॥ अब तिनवाकादिकत्रयोदशतत्वोंकेस्वरूपका वर्णनकरे हैं ॥ हेनारद ॥ यहशब्दरूपनाम वाक्इंद्रियतैंउत्पन्नहोवे है ॥ यातें ताशब्दरूपकार्यतें सोवाक्रूपकारण अधिकहै ॥ १॥ और तावाक्इंद्रियकूं आपणेकार्यविषे यहइच्छारूपमनहीं प्रेरणाकरे है ॥ यातें तावाक्इंद्रियतें सोइच्छारूपमन अधिकहै ॥ २ ॥ और यहकार्य हमारेकूंकरणेयोग्यहै अथवा नहींकरणेयोग्यहै॥याप्रकार कर्त्तव्य अकर्त्तव्यरूप दोनोंकोटियोंकूं भिन्नभिन्नरूपकरिके विषयकरणेहारी जासंकल्परूपअंतःकरणकीवृत्तिहै ॥ तासंकल्परूपवृत्तिही ताइच्छारूपमनकूंउत्पन्नकरे है॥यातें ताइच्छारूपमनतें सोसंकल्प अधिकहै॥३ ॥ और यहअनुसंधानरूपचित्त जभी सुखसाधनतारूपकरिके तथादुःखसाधनतारूपकरिके पूर्वअनुभवकरेहुएपदार्थोंकीसादृश्यता सन्मुखदेशवृत्तिपदार्थोंविषेविषयकरे है ॥ तभीही सोकर्त्तव्यअकर्त्तव्यविषयसंकल्पहोवे है यातें सोअनुसंधानरूपचित्त तासंकल्पतैंअधिकहै ॥४ ॥ और वृत्तिज्ञानोंकाप्रवाहरूपजाचिंताहै ॥ सोचिंतारूपध्यान पूर्वसंस्कारोंकेउद्बोधद्वारा तास्मृतिरूपअनुसंधानकाजनकहै ॥ यातें सोचिंतारूप

ध्यान ताअनुसंधानरूपचित्ततैंअधिकहै ॥ ५ ॥ और याळोकविषे जिसवस्तुकूं उपेक्षाज्ञानतैंभिन्नविशेषज्ञान विषयकरे है तिसीवस्तुका ध्यानकऱ्याजावे है ॥ यातैं सोविशेषज्ञानरूपविज्ञान ताध्यानतैंअधिकहै ॥६ ॥ और अन्नकेभक्षणकरिकेउत्पन्नभयाजो अवयवोंकीवृद्धि रूपबलहै ॥ जिसबलतैं सर्वशत्रु भयकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ ऐसेबलयुक्तमनकरिकेही सोविज्ञानसिद्धहोवे है ॥ यातैं सोबल ताविज्ञानतैंअधिक है ॥ ७ ॥ और सोबल भूमिरूपअन्नतैंउत्पन्नहोवे है ॥ यातैं सोभूमिरूपअन्न ताबलतैंअधिकहै ॥ ८ ॥ और सोभूमिरूपअन्न वृष्टिरूप जलोंतैंउत्पन्नहोवे है ॥ यातैं तेजल ताभूमिरूपअन्नतैंअधिकहैं ॥ ९ ॥ और याळोकविषे जभी उष्णतारूपतेजकीअधिकताहोवे है ॥ तभीही ताजलकीवृष्टिहोवे है ॥ यातैं सोतेज तिनजलोंतैंअधिकहै ॥ १० ॥ और यहआकाश तातेजकाआधाररूपहै॥यातैं यहआकाश तातेजतैंअधिकहै ॥११॥इहां यद्यपि तातेजतैंवायुविषेअधिकताकहणीयोग्यथी ॥ तथापि जैसेउष्णतारूपतेज जलकेवृष्टिकाकारणहोवे है तैसे यहवायवायुभी ताजलकेवृष्टिकाकारणहै ॥ यातैं तावायुका तेजविषेअंतर्भावमानिके तावायुयुक्ततेजतैं आकाशकूंअधिककह्याहै ॥ और सुषुप्तिकेअंतविषे जोपूर्वदृष्टआकाशकास्मरणहोवे है ॥ सोस्मरणहीं ताआकाशकेउत्पत्तिकाकारणहै ॥ जैसे पूर्वअनुभवकरेहुएघ टकास्मरणहीं उत्तरघटकेउत्पत्तिकाकारणहोवे है ॥ पूर्वघटकेस्मरणतैंविना उत्तरघटकीउत्पत्तिहोवेनहीं ॥ यातैं सोस्मरणरूपकारण ता आकाशरूपकार्य तैं अधिकहै॥१२ ॥ और यहकार्य इसोप्रकारहोवेगा याप्रकारकीजाआशाहै॥साआशाही तास्मरणकाकारणहोवे है॥ ता आकाशतैंरहितनिष्कामपुरुषकूं तास्मरणकरणेविषे किंचित्मात्रभी प्रयोजनहोवेनहीं॥यातैं साआशा तास्मरणतैंअधिकहै॥१३॥हेशिष्य॥ इसप्रकार सोभगवान्‌सनत्कुमार तानारदमुनिकेप्रति वाक्१मन२संकल्प३चित्त ४ ध्यान ५ विज्ञान६बल७अन्न८जल९तेज १० आकाश ११स्मरण १२ आशा १३ यात्रयोदशतत्वोंविषे पूर्वपूर्वतत्त्वकीअपेक्षाकरिके उत्तरउत्तरतत्त्वविषेअधिकताकथनकरिके तिनवाकादिकत त्वोंकीअधिकताविषे याप्रकारकीयुक्ति कथनकरताभया॥अब प्रथमनामतैं वाक्‌कीअधिकताविषे युक्तिका निरूपणकरे हैं॥हेनारद॥जोतुम नें पूर्व ऋग्वेदतैंआदिलेकेमांथर्वशास्त्रपर्यंत संपूर्णशब्दरूपशास्त्र कथनकरे हैं॥तेसंपूर्णशब्दरूपशास्त्र लोकों नें वाक्‌इंद्रियकरिकेहीजानीते

हैं॥तथा तिनऋगवेदोंदिकोंकेअर्थ तथास्वर्गादिकलोक तथाआकाशादिकपंचभूत तथाइंद्रादिकदेवता तथाअसुरादिक तथामनुष्यादिक जंगमजीव तथावृक्षादिकस्थावरजीव इसतेंआदिलेकेजेअनेककोटिपदार्थहैं ॥ तेसंपूर्णपदार्थ वालोकों नें वाक्इंद्रियकरिकेही जानीतेहैं ॥ तथा धर्म सत्य साधु हृदयज्ञ अधर्म असत्य असाधु अहृदयज्ञ यहअष्टपदार्थभी लोकोंनें वाक्इंद्रियकरिकेही जानीतेहैं ॥ वाक्इंद्रियतें विना याअष्टपदार्थोंकेज्ञानविषे कोईभीसमर्थहोइसकेनहीं ॥ तहां सुखकेकारणकानाम धर्महै ॥ और जिस पदार्थका जैसास्वरूप अनुभवकऱ्याहोवे ॥ तिसपदार्थका तैसाहीस्वरूप कथनकरणा याकानाम सत्यहै ॥ और दूसरे प्राणियोंऊपर उपकारकरणेहाराजोवचनहै ॥ तावचनकानाम साधुहै ॥ और शीघ्रही लोकोंकेमनकीप्रसन्नताकरणेहाराजोवचनहै ॥ तावचनकानाम हृदयज्ञहै ॥ और ताधर्मतें विपरीतकानाम अधर्म है॥ और तासत्यतैंविपरीतकानाम असत्यहै ॥ और तासाधुतैंविपरीतकानाम असाधुहै ॥ और ताहृदयज्ञतैंविपरीतकानाम अहृदयज्ञहै ॥ इसप्रकार तावाक्इंद्रियही शब्दरूपनामोंके तथासर्वपदार्थोंके व्यवहारकाकारणहै यातैं तावाक्इंद्रिय तानामतैंअधिक हैयाकारणतैंही तावाक्इंद्रिय पूर्वउक्तनामकीन्याईं ब्रह्मरूपकरिके उपासनाकरणेयोग्यहै॥और तानामकीउपासनाका जोसर्वत्रस्वतंत्रतारूपफल पूर्वकथनकऱ्याथा॥ सोईहीफल यावाक्इंद्रियके उपासनाकाभीहोवे है ॥ १ ॥ अब तावाक्तैं मनकीअधिकताविषे युक्तिकावर्णन करेहैं ॥ हेनारद ॥ जैसे दोबदरीफलोंकूं अथवा दोआमलकफलोंकूं यहहस्तरूपमुष्टि आपणेविषेअंतर्भावकरेहै ॥ तैसे पूर्वकथनकरेहुए शब्दरूपनामकूं तथावाक्इंद्रियकूं यहमनही आपणेविषे अंतर्भावकरे है ॥ काहेतें याअमनकेअभावहुए सोशब्दरूपनाम तथावाक्इंद्रिय प्रतीतहोवेनहीं॥ यामनकेविद्यमानहुएही तेवाकादिक प्रतीतहोवे हैं ॥ और यहपुरुष तामनकेविचारकरिकेही वेदोंकेअध्ययनकूंकरे है ॥ तथा यज्ञादिककर्मोंकाअनुष्ठानकरे है ॥तथा इसलोककेफलकी तथापरलोककेफलकी अभिलाषाकरे है ॥ तथा ताफलकीप्राप्तिकरणेहारे साधनोंकीअभिलाषाकरे है ॥ और यहशरीर तथावाकादिकइंद्रिय तथानानाप्रकारकालौकिकसुख यहसंपूर्ण तामनकेविद्यमानहुएही विद्यमानहोवे हैं॥तथा मनकेअविद्यमानहुए अविद्यमानहोवे हैं॥यातैं तेशरीरइंद्रियादिकसंपूर्ण मनरूपहीहैं ॥ याकारणतैं यहमन तावाक्इंद्रिय

तैंअधिकहै॥ ऐसेमनकूं तू ब्रह्मरूपकरिकेउपासनाकर ॥ २ ॥ अब तामनतैं संकल्पकीअधिकताविषे युक्तिकानिरूपणकरे हैं॥हेनारद॥ जो
पुरुष पूर्वउक्तसंकल्पकरिकेयुक्तहोवे है॥सोसंकल्पवान्पुरुषही तासर्वमानसव्यापारोंकूंकरे है ॥ तामानसव्यापारतैंअनंतर सोपुरुष वाकइं
द्रियकेव्यापारकूंकरे है ॥ तावाकइंद्रियकेव्यापारतैंअनंतर तानामरूप शब्दकेव्यापारकूंकरैहै ॥ शब्दरूव्यापार विषे संपूर्णवेदादिकोंके
शब्दोंकासमूह अंतर्भावहोवैहै ॥ और ताशब्दोंकेसमूहविषे सुखकीप्राप्तिकरणेहारेसर्वकर्म स्थितहोवे हैं ॥ इसप्रकारकीपरंपराकरिके सो
संकल्पही तिनसर्वकर्मोंकाकारण सिद्धहोवे है ॥काहेतैं तिनयज्ञादिककर्मोंकी उत्पत्तिकरणेविषे तथास्थितिकरणेविषे तथासंहारकरणेविषे
यहसंकल्पही कुशलहै ॥ और स्वर्गादिकलोक तथापृथ्वीआदिकभूत जिसचराचरविश्वकूंउत्पन्नकरे हैं ॥ ताविश्वकीउत्पत्ति संकल्परूपनि
मित्तकेविद्यमानहुएहीहोवैहै ॥ संकल्पतैंबिना याजगत्कीउत्पत्तिहोवेनहीं ॥ काहेतैं लोकोंके तथाभूतोंके संकल्पकरिकेतो वृष्टिउत्पन्नहो
वैहै॥ और तावृष्टिकेसंकल्पकरिके अन्नउत्पन्नहोवे है ॥ और ताअन्नकेसंकल्पकरिके याभूतोंकेइंद्रियसहितप्राण उत्पन्नहोवे हैं ॥ और
तिनप्राणोंकेसंकल्पकरिके मंत्रउत्पन्नहोवे हैं ॥और तिनमंत्रोंकेसंकल्पकरिके कर्मउत्पन्नहोवे हैं और तिनकर्मोंकेसंकल्पकरिके धर्मरूपअ
पूर्व उत्पन्नहोवैहै ॥ और ताधर्मरूपअपूर्वकेसंकल्पकरिकें स्वर्गादिकफल प्राप्तहोवे हैं ॥ इहां लोक भूत वृष्टि अन्न प्राण मंत्र कर्म अपूर्व या
शब्दोंकरिके तिनलोकादिकोंके अभिमानीदेवतावोंका ग्रहणकरणा ॥ तिनचेतनदेवतावोंतैंबिना जडलोकादिकोंविषे सोसंकल्पसंभवेनहीं
इसरीतिसैं यहसंकल्पही सर्वजगत्काकारणहै ॥ यातैं सोसंकल्प तामनतैंअधिकहै ॥ ऐसे संकल्पकूं जोपुरुष ब्रह्मरूपकरिकेउपासनाकरे
है ॥ सोपुरुष सर्वदुःखों तैं रहित तथानाशतैंरहित तथाअतिशयतातैंरहित ऐसेलोकोंकूंप्राप्तहोवैहै॥और सोउपासकपुरुष आपभी सर्वदुः
खों तैं रहितहोवैहै ॥तथानाशतैंरहितहोवैहै॥तथा अतिशयतातैंरहितहोवैहै॥३॥अबतासंकल्पतैं सामान्यज्ञानरूपचित्तकीअधिकता विषेयु
क्तिकावर्णनकरेहैं॥हेनारद॥यासर्वजगत्काकारणरूपकरिके कथनकऱ्याजोसंकल्पहै॥सोसंकल्पभी तभीहोवैहै॥जभीसोपूर्वउक्तसामान्यज्ञान
रूपचित्तहोवैहै॥ताचित्ततैंबिना सोसंकल्पहोवेनहीं ॥याप्रकारकेअन्वयव्यतिरेककरिके यहचित्तहीतासंकल्पकाकारणसिद्धहोवैहै॥ और या

चित्तकोअधिकता लोकविषेभीप्रसिद्धहै ॥ काहेतैं यालोकविषे सर्वज्ञपुरुषभी जभी अनुसंधानरूपचित्ततैंराहितहोवैहै ॥ तभी ताचित्तरहित पुरुषकूं पुत्रादिकसर्वबांधव याप्रकारकेवचनोंकूंकहतेहुए अनादरकीप्राप्तिकरै हैं॥जोकदाचित् यहपुरुष सर्वज्ञहोवै ॥ तौ अनुसंधानरूपचि त्ततैंरहितहुआ किसवासतेप्रतीतहोताहै ॥ और यहपुरुषतो पाषाणादिकजडपदार्थोंकीन्याई अनुसंधानरूपचित्ततैंरहितहुआ प्रतीतहोवैहै ॥यातैं यहपुरुष सर्वज्ञनहीं है॥इसप्रकार सोचित्तरहितपुरुष सर्वदा निरादरकूंहीप्राप्तहोवैहै॥और यालोकविषे जोपुरुष ताअनुसंधानरूपचि त्तवालाहोवैहै॥तिसपुरुषकूं संपूर्णलोक साक्षीपणेविषे ग्रहणकरैहैं॥तथा ताचित्तवालेपुरुषकेमुखतैंयहसंपूर्णजन लौकिकवचनोंकूं तथावैदिक वचनोंकूं श्रद्धापूर्वक श्रवणकरै हैं॥तथा ताचित्तवालेपुरुषनैं विधानकरेजे गुरुत्व उत्तमवर्णत्व आदिकधर्म हैं ॥ तिनधर्मोंकूंभी यहलोक श्र द्धापूर्वक अंगीकारकरैहैं ॥ याकारणतैं यहअनुसंधानरूपचित्त तासंकल्पतैंअधिकहै ॥ ऐसेचित्तकूं जोपुरुष ब्रह्मरूपकरिकेउपासनाकरै है ॥ तापुरुषकूं तासंकल्पकीउपासनातैंभी अधिकफलकीप्राप्तिहोवैहै ॥ ३ ॥ अब ताचित्ततैं ध्यानकीअधिकताविषे युक्तिकावर्णनकरै हैं॥ ॥ हेनारद ॥ स्वर्गलोक अंतरिक्षलोक भूमिलोक यहतीनोंलोक तथाआकाशादिकपंचभूत तथाहिमालयादिकपर्वत तथादेवताओंके समान शमदमादिकसाधनसंपन्नमनुष्य यहसंपूर्ण निश्चलतारूपकरिकेस्थितहुए ध्यानकरतापुरुषकीन्याई प्रतीतहोवै हैं ॥याकारणतैं सो ध्यान अत्यंतश्रेष्ठहै ॥ और यालोकविषे जेपुरुष आपणेशमदमादिकगुणोंकरिके यासर्वमनुष्योंविषेपूज्यताकूंप्राप्तहुएहैं॥तेपुरुष ताध्यानके यत्किंचितफलकूंप्राप्तहुएकीन्याई जानणे॥ताध्यानतैंविना इसजन्मविषे तथाजन्मांतरविषे सोमहानतारूपफल प्राप्तहोवैनहीं॥और यालोक विषे जेपुरुष सर्वदा परायेदूषणोंकाहीकथनकरतेरहतेहैं॥तथा सर्वदा निंदाकरतेरहतेहैं ॥तथा अन्यपुरुषोंके अपकारविषे तथाकलहविषे जे पुरुष सर्वदा उद्यमवालेहोवै हैं॥तेपुरुष सर्वमनुष्योंविषे अधमजानणे॥ऐसेअधमपुरुष ताध्यानकेअभावतैं सर्वदाविक्षेपयुक्तचित्तवालेहोवै हैं॥ ऐसेचित्तकेविक्षेपकूं तेध्यानवालेमहान्पुरुष प्राप्तहोवैंनहीं॥किंतु तेध्यानवालेमहान्पुरुष ताध्यानकेप्रभावतैं सर्वदा मान्यहोवै हैं॥ याकारणतैं सोध्यान ताचित्ततैंअधिकहै ॥ ऐसेध्यानकूं जोपुरुष ब्रह्मरूपकरिकेउपासनाकरैहै ॥सोपुरुष ताचित्तकीउपासनातैंभी अधिकफलकूंप्राप्तहोवै

है ॥ ५ ॥ अब ताध्यानतैं विज्ञानकीअधिकताविषे युक्तिकावर्णनकरे हैं ॥ हेनारद ॥ ऋगवेदतैंआदिलेके अहृदयज्ञपर्यंत जितनाकीवाक
इंद्रियकाविषय पूर्वकथनकऱ्याया॥तिनसंपूर्णपदार्थोंकूं तथातिसतैंभीअधिकपदार्थोंकूं यहपुरुष ताविज्ञानकरिकेजानेहै॥काहेतैं भक्षणकर
णेयोग्य जोनानाप्रकारकाअन्नहै॥ताअन्नविषेस्थितजे मधुर अमल लवण कटु कषाय तिक्त यहषट्प्रकारकेरसहैं॥तिनषट्रसोंकूंभी यहपुरु
ष ताविज्ञानतैंहीजानेहै॥तथाइसलोकके तथा परलोकके सर्वव्यवहारोंकूंभी यहपुरुष ताविज्ञानतैंहीजानेहै॥याकारणतैं सोविज्ञान ताध्यान
तैंअधिकहै॥ऐसेविज्ञानकूं जोअधिकारीपुरुष ब्रह्मरूपकरिकेउपासनाकरेहै॥सोअधिकारीपुरुष शास्त्रकेअर्थकूं विषयकरणेहाराजोविज्ञानहै
ताव्यवहारविषेकुशलतारूपजोज्ञानहै तिसज्ञानविज्ञानकरिकेसंपन्नलोकोंकूं प्राप्तहोवे है ॥ ६ ॥ अब ताविज्ञानतैं बलकीअधिकताविषे यु
क्तिकावर्णनकरेहैं॥हेनारद॥यालोकविषे एकही बलवानपुरुष आपणेबलकरिके ताविज्ञानयुक्तएकशतपुरुषोंकूं कंपायमानकरे है॥और सो
बलवानपुरुषही यापृथ्वीकूं धारणकरणेहारा भूपतिहोवे है ॥ और सोबलवानपुरुषही प्रथमतो उद्यमवालाहोवे है ॥ ताउद्यमतैंअनंतर सो
बलवानपुरुष गुरुआदिकोंकेसेवाकरणेविषेसमर्थहोवे है ॥ तिसतैंअनंतर तागुरुकीसेवाविषेप्रीतिमानहुआसोपुरुष तिनगुरुआदिकोंकेसमी
प गमनकरे है ॥ तिसतैंअनंतर तागुरुकेसमीपनिवासकरणेविषेप्रीतिमानहुआ सोपुरुष द्रष्टाहोवे है ॥ तिसतैंअनंतर सोपुरुष श्रोताहोवे है
॥ तिसतैंअनंतर सोपुरुष मंताहोवे है ॥ तिसतैंअनंतर सोपुरुष बोद्धाहोवे है ॥ तिसतैंअनंतर सोपुरुष कर्त्ताहोवे है ॥ तिसतैंअनंतर सो
पुरुष विज्ञाताहोवे है ॥ इहां उपदेशकरणेहारेपुरुषोंके परीक्षारूपदर्शनकेकरणेहारेपुरुषकानाम द्रष्टाहै ॥ और तिनगुरुवों नें कथनकऱ्या
जोअर्थ है ताअर्थकूंश्रवणकरणेहारेपुरुषकानामश्रोताहै॥और ताश्रवणकरेहुएअर्थकूं युक्तियों सें चिंतनकरणेहारेपुरुषकानाममंताहै॥और
यहअर्थ इसीप्रकारहै याप्रकारकेनिश्चयकरणेहारेपुरुषकानामबोद्धाहै॥और तानिश्चयकरेहुए विहितअर्थके अनुष्ठानकरणेहारेपुरुषकानाम
कर्त्ता है ॥ और तिनविहितकर्मोंकेफलकूं साक्षात्कारकरणेहारेपुरुषकानाम विज्ञाताहै ॥ इसप्रकारकेसाधनोंकीपरम्परा यापुरुषकूं बलक
रिकेहीप्राप्तहोवे है ॥ याकारणतैं सोबल ताविज्ञानतैंश्रेष्ठहै॥किंवा॥स्वर्गलोक अंतरिक्षलोक भूमिलोक यहतीनलोक तथाआकाशादिकपंच

भूततथाहिमालयादिकपर्वत तथाइंद्रादिकदेवता तथामनुष्यादिकजंगमप्राणी तथावृक्षादिकस्थावरप्राणी यहसंपूर्ण बलकूंआश्रयणकरिके हीं स्थितहोवे हैं ॥ बलतैंविना किसीकोभीस्थितिहोवेनहीं ॥ याकारणतैंभी सोबल ताविज्ञानतैंश्रेष्ठहे ॥ ऐसेबलकूं जोअधिकारीपुरुष ब्रह्मरूपकरिकेउपासनाकरे है ॥ तापुरुषकूं ताबलयुक्तसर्वलोकोंकोप्राप्तिहोवे है ॥ ७ ॥ अब ताबलतैं अन्नकोअधिकताविषे युक्तिकावर्णनकरे हैं ॥ हेनारद॥ यालोकविषे जोकोईबलवानपुरुषभी जभी दशरात्रिपर्यंत अन्नकूंभोजननहींकरे है ॥ तभी सोबलवानपुरुषभी नानाप्रकारकेविक्षेपकूंप्राप्तहोवे है ॥तथा सोपुरुष नेत्रादिकइंद्रियोंकेव्यापारों तैं तथामनकेव्यापारतैं रहितहोवे है ॥ याकारणतैं सोपुरुष जीवताहुआभी मरेकेतुल्यहोवे है ॥ अथवासाक्षात्मृत्युकूंहीप्राप्तहोवे है ॥ और सोईहीपुरुष जभी पुनः अन्नकूंभक्षणकरिकेबलवानहोवे है ॥ तभी सोपुरुष मनसहितसर्वइंद्रियोंकेव्यापारोंकूंसिद्धकरे है ॥ याकारणतैं सोअन्न ताबलतैंअधिकहै ॥ ऐसेअन्नकूं जोपुरुष ब्रह्मरूपकरिकेउपासनाकरे है ॥ सोपुरुष नानाप्रकारकेअन्नपानयुक्तलोकोंकूंप्राप्तहोवे है ॥ ८ ॥ अब ताअन्नतैं जलोंकीअधिकताविषे युक्तिकावर्णनकरे हैं ॥ हे नारद ॥जिसकालविषे यहवृष्टिरूपजल उत्पन्नहोवे है ॥ तिसीकालविषे सोअन्नउत्पन्नहोवे है॥ तावृष्टिरूपजलकेअभावहुए ताअन्नकोउत्पत्तिहोवेनहीं ॥ और ताअन्नकेअभावहुए याजीवोंकेप्राण शीघ्रहीनाशकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ और ताअन्नकेविद्यमानहुए तेप्राण वृद्धिकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ याकारणतैं तेजल अन्नतैंअधिकहैं॥ किंवा ॥ स्वर्ग भूमि पाताल यहतीनलोकजेहैं ॥तथा तिनलोकोंविषेस्थित जितनेंकीस्थावरजंगमप्राणीहैं ॥ तेसंपूर्ण अन्नभावकूंप्राप्तहुएजलरूपही हैं॥तिनजलो तैं भिन्न कोईभीपदार्थनहीं है॥याकारणतैंभी तेजल अन्नतैंअधिकहैं॥ऐसेजलोंकूं जोअधिकारीपुरुष ब्रह्मरूपकरिकेउपासनाकरे है ॥ सोअधिकारीपुरुष सर्वकामनाकेविषयपदार्थोंकूंप्राप्तहोवे है ॥ तथा सर्वदातृप्तिकूंप्राप्तहोवे है॥ ९ ॥अब तिनजलों तैं तेजकीअधिकताविषे युक्तिकावर्णनकरे हैं॥हेनारद॥यहतेज प्रथम आपणेउष्णताकूंदिखाइके तथाविद्युत्कूं तथापूर्वदिशाकेवायुकूं उत्पन्नकरिके पश्चात् जलकीवृष्टिकरे है ॥ याकारणतैं सोतेज जलतैंअधिकहै ॥ किंवा ॥ यालोकविषे जोपुरुष तेजकरिकेयुक्तहोवे है ॥ सोतेजस्वीपुरुष आपणेश्रीमत्तरूपकरिके प्रकाशमानहोवे है ॥ तथा तमदोषतैंरहितहोवे है ॥ याकारणतैंभी सोतेज

तिनजलोंतेंअधिकहै ॥ ऐसेतेजकूं जोपुरुष ब्रह्मरूपकरिकेउपासनाकरै है ॥ तापुरुषकूं महान्फलकीप्राप्तिहोवै है ॥ १० ॥ अब तातेजतें
आकाशकीअधिकताविषे युक्तिकावर्णनकरै हैं हेनारद ॥ तेजवायुतेंआदिलेके जितनाकीयहनानाप्रकारकाजगत्है॥ सोसंपूर्णजगत् याआ
काशविषेही स्थितहोवै है ॥ याकारणतें तावायुसहिततेजतें सोआकाशअधिकहै ॥ किंवा ॥ यहदेहधारीजीव याआकाशकूंआश्रयणकरि
केही वाकादिकइंद्रियोंकेव्यापारोंकूं करै है ॥ तथा पुण्यपापकर्मके सुखदुःखरूपफलकूंप्राप्तहोवै है ॥ तथा तिससुखदुःखरूपफलकेसाध
नोंकूंप्राप्तहोवै है ॥ ताआकाशतेंविना किसीभीकार्यकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ याकारणतेंभी सोआकाश तातेजतेंअधिकहै ॥ ऐसेआकाशकूं
जोपुरुष ब्रह्मरूपकरिकेउपासनाकरै है ॥ सोपुरुष विस्तारप्रकाशकरिकेयुक्तकीर्त्तिमान्लोकोंकूंप्राप्तहोवै है ॥ ११ ॥ अब ताआकाशतें
स्मरणकीअधिकताविषे युक्तिकानिरूपणकरै हैं ॥ हेनारद ॥ यालोकविषे यहदेहधारीजीव पूर्वअनुभवकरेहुए आकाशादिकजगत्के
स्मरणतेंहीं उत्तर उत्तर ताआकाशादिकजगत्कोकल्पनाकरै हैं ॥ तथा यहदेहधारीजीव स्मरणतें वाकादिकइंद्रियोंकेव्यापारोंकाआ
रंभकरैहैं ॥ तथा तास्मरणतेंहीं यहजीव पुण्यपापकर्मकेसुखदुःखरूपफलकूं प्राप्तहोवै है ॥ तथा तासुखदुःखकेसाधनोंकूं प्राप्तहोवै हैं ॥
स्मरणतेंविना किसीभीकार्यकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ याकारणतें सोस्मरण ताआकाशतेंअधिकहै ॥ ऐसेस्मरणकूं जोपुरुष ब्रह्मरूपकरिकेउ
पासनाकरैहै ॥ सोपुरुष तास्मरणकेविषयभूतसर्वपदार्थोंविषे स्वतंत्रतारूपफलकूं प्राप्तहोवै है ॥ १२ अब तास्मरणतें कामनारूपआ
शाकीअधिकताविषे युक्तिकावर्णनकरै हैं ॥ हेनारद ॥ यालोकविषे जोपुरुष कामनारूपआकाशकरिकेयुक्तहोवै है ॥ सोआशावान
पुरुषही तास्मरणकरिके सर्वपुण्यपापकर्मोंकूंकरैहै ॥ तथा तापुण्यपापकर्मोंके सुखदुःखरूपफलकेभोगवासते दोनोंलोकोंविषेभ्रमणकरैहै
॥ और जोपुरुष ताआशातेंरहितहोवै है ॥ सोनिष्कामपुरुष तास्मरणकूंभीकरैनहीं ॥ तथा दूसरेकिसीव्यापारकूंभीकरैनहीं॥याकारणतें
साआशा तास्मरणतेंअधिकहै ॥ ऐसीआशाकूं जोपुरुष ब्रह्मरूपकरिकेउपासनाकरैहै ॥ सोपुरुष सर्वमनवांछितपदार्थोंकूंप्राप्तहोवै है॥तथा
सत्यसंकल्पहोवै है॥१३॥हेशिष्य॥इसप्रकारसोनारदमुनि ताभगवान्सनत्कुमारकेप्रति नामतेंकोनअधिकहै इत्यादिकत्रयोदशप्रश्नकरताभ

या ॥ और सोभगवान्सनत्कुमारभी तानारदकेप्रति नामतैंवाकअधिकहे इत्यादिकत्रयोदशउत्तर कथनकरताभया ॥ तथा सोभगवान् सनत्कुमार तानारदकेचित्तविषेलोभउत्पन्नकरणेवासते तिनवाकादिकोंकेउपासनाअन्यफलोंकूंभी तहांतहां कथनकरताभया ॥ तिसतैं अनंतर सोबुद्धिमाननारदमुनि तासनत्कुमारकेप्रति पुनःयाप्रकारकाप्रश्न करताभया ॥ हेभगवन् ताकामनारूपआशातैं कौनअधिकहे ॥ इसप्रकार तानारदकरिकेपूछाहुआ सोसनत्कुमार याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेनारद ॥ यासर्वजीवोंनें आत्मारूपकरिकेनिश्चयकऱ्या जोप्राणहे ॥ सोप्राण ताआशातैंअधिकहे ॥ अब ताप्राणोंकीअधिकताविषे युक्तिकावर्णनकरे हैं ॥ हेनारद ॥ जैसे रथकेचक्रकेजेअराहैं ॥ तेअरा ताचक्रकेनाभिकेआश्रितरहे हैं ॥ तैसे यहसंपूर्णविश्व प्राणोंकेआश्रितरहे हे ॥ काहेतैं यहप्राणही सर्वकारकरूपहे ॥ जैसे देवदत्तनामापुरुष अश्वकरिके ग्रामकूं गमनकरेहे ॥ यास्थलविषे गमनक्रियाकाकर्त्ताजोदेवदत्तहे ॥ तथा तागमनक्रियाकाकारणरूपजोअश्वहे ॥तथा तागमनक्रियाकाकर्मरूपजोग्रामहे ॥ यहतीनोंप्राणरूपहीहैं॥तथा यहपुरुष सुपात्रब्राह्मणकेताईं गो देवे हे ॥ यास्थलविषेभी दानरूपक्रियाकाकर्तारूपजोपुरुषहे ॥ तथा तादानरूपक्रियाका संप्रदानरूपजोब्राह्मणहे तथा तादानरूपक्रियाका कर्मरूपजोगौहे॥यहसंपूर्णताप्राणरूप हीहैंतथा पिता माता आचार्य ब्राह्मण भ्राता स्वसास्नुषा जाया पुत्र इसतैंआदिलेके जितनेकीदेहधारीजीवहैं॥तेसंपूर्णजीव प्राणरूपही हैं ॥ ताप्राणतैं भिन्न यालोकविषे किंचित्मात्रभीनहीं हे ॥ अब याहीअर्थकूंलोकप्रसिद्धअन्वयव्यतिरेककरिकेदृढकरेहैं ॥हेनारद ॥ यालोकविषे जभीकोईपुरुष ताप्राणकेविद्यमानहुए आपणेपितामातादिकोंकेशरीरकूं वाणीमात्रकरिकेभी तिरस्कारकरेहे ॥ तभी तातिरस्कारकरणेहारे पुरुषकेप्रति दूसरेबुद्धिमानपुरुष याप्रकारकेवचनकहे हैं॥जिनपितामातादिकमहान्पुरुषोंका तूं वाणीकरिकेतिरस्कारकरेहे ॥ तिनमहान् पुरुषोंका तुमनें वधकऱ्याहे ॥ काहेतैं उत्तमपुरुषोंका जोवाणीकरिकेनिरादरकरणाहे ॥ सोनिरादरही तिनउत्तमपुरुषोंका विनाशरूपतैंवधहे ॥ यातैं तूं पितृहाहे ॥ तथा मातृहाहे ॥ इत्यादिकवचन तेलोक तापुरुषकेप्रति कथनकरे हैं ॥ और तिनपितामातादिकोंकेशरीरतैं प्राणोंकेनिर्गमनहुएतैंअनंतर यहपुरुष जभी तिनपितामातादिकोंकेशरीरकूं महान्अग्निविषे तीक्ष्णकाष्ठसे

वारंवार वेधनकरिके दग्धकरे है ॥ तभी तादाहकरणेहारेपुरुषकूं यह लोक पुण्यकर्त्ता कहे हैं तथा पिता मातादिकोंका भक्तकहे हैं ॥ या प्रकारकाअन्वयव्यतिरेक यासर्वलोकविषे प्रसिद्धहै ॥ ताअन्वयव्यतिरेककरिके यहप्राणही तापितामातादिरूपसिद्धहोवै है ॥ हेनारद ॥ बाह्यचक्षुआदिकइंद्रियोंकरिके जितनाकीव्यवहारहोवैहै॥तथा अंतरमनबुद्धिआदिकोंकरिके जितनाकीव्यवहारहोवे है॥तासर्वव्यवहारकाल विषे जोपुरुष याप्राणकूंही सर्वकारक रूपदेखे है ॥ सोपुरुषही अतिवादीहोवे है॥काहेतें सोपुरुष प्राणकूंही सर्व तेंअधिककहेहै॥तात्पर्ययह॥ यालोकविषे जोपुरुष किसीदूसरेपुरुषकेप्रति मैं तुमारापिताहूं याप्रकारकावचन जभीकहेहै ॥ तभी तापुरुषकेप्रति तू मर्यादाकाअतिक्रमणकरिके किसवासतें यहवचनकहताहै याप्रकारकाउपालंभ लोक देवें हैं ॥ परंतु सोपुरुष मैं तुमारापिताहूं याप्रकारकेवचनमात्रकहणे करिके मुख्यअतिवादीहोवेनहीं ॥ किंतु सोपुरुष गौणअतिवादीहोवे है ॥ काहेतें तापितातेंभिन्न आचार्यादिकबहुतपदार्थ याकीरहतेहैं ॥ तिनोंकूं तिसपुरुषनें आत्मारूपजान्यानहीं ॥ और जोपुरुष पितामातादिकसर्वपदार्थरूपप्राणमैं हूं याप्रकारकावचनकहेहै ॥ सोपुरुषही मुख्यअतिवादी कह्याजावैहै ॥ हेनारद ॥ ताप्राणात्मवादीपुरुषकेप्रति जोकदाचित् कोइकपुरुष तू किसप्रकारअतिवादी है याप्रकारकाप्रश्नकरे ॥ तोभी सोप्राणात्मवादीपुरुष मैंअतिवादीनहींहूं याप्रकारकावचन कदाचित्भी नहींकथनकरै ॥ किंतु सोप्राणात्मवादीपुरुष मैं अतिवादीहूं याप्रकारकावचन निःशंकहोइकेकथनकरे ॥ ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार जभी तासनत्कुमारभगवान्नें नारदकेप्रति प्राणोंकीअधिकताकथनकरी ॥ तभी सोनारदमुनि ताप्राणतेंपरेतत्वकेपूछणेविषे असमर्थहुआ तूष्णीभावकूंप्राप्तहोइके पुनः प्रश्नकरणेतेंउपरामहोता भया ॥ काहेतें यालोकविषे जिसपुरुषकूं जिसपदार्थका सामान्यरूपतेंज्ञानहोवे है ॥ सोपुरुषही तिसपदार्थकेविशेषरूपजानणेवासते प्रश्न करेहै ॥ तासामान्यज्ञानतेंविना विशेषरूपकाप्रश्नहोवेनहीं ॥ जैसे यहपुरुषब्राह्मणहै याप्रकारकेसामान्यज्ञानहुएतेंअनंतरही यहपुरुष कोनब्राह्मणहै याप्रकारका विशेषप्रश्नहोवे है ॥ सामान्यज्ञानतेंविना विशेषरूपकाप्रश्नहोवेनहीं ॥ सोइहांप्रसंगविषे प्राणोंतेंपरेजोतत्व है ॥ सोतत्व मनका तथावचनोंका तथाप्रत्यक्षादिकप्रमाणोंका अविषयहै ॥ यातें ताप्राणतेंपरेतत्वकूं सोनारद नहींजानताभया ॥ याका

रणतैंही सोनारद तातत्त्वकाप्रश्न नहींकरताभया ॥ शंका ॥ हेभगवन्॥सोनारद तासनत्कुमारकेप्रति ताप्राणकेउपासनाकाफल किसवास्तैनहींपूछताभया ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ॥ तासनत्कुमारभगवान्नैं तानारदकेप्रति तू प्राणोंकीब्रह्मरूपकरिके उपासनाकर याप्रकारकावचन जो पूर्व कथनकऱ्याहोता ॥ तौ सोनारद ताप्राणोंकेउपासनाकाफल पूछता परंतु सोवचन तासनत्कुमारनैं कथननहीं कऱ्याथा ॥ यातैं सोनारद ताउपासनाकेफलकाप्रश्न नहींकरताभया ॥ हेशिष्य इसप्रकार तानारदमुनिकूं तूष्णीहुआदेखिके सोभगवान्सनत्कुमार कृपाकरिकेयुक्तहुआ तानारदमुनिकेप्रति आपही ताप्राणतैंपरेतत्त्वकाउपदेशकरताभया ॥ सनत्कुमारउवाच ॥ हेनारद प्राणकेज्ञानतैंही सोअतिवादीपणाहोवे है यहतुमनैं निश्चयकरनानहीं ॥ काहेतैं ताप्राणतैंपरे जोकोईअधिकवस्तुनहींहोता ॥ तौ ताप्राणकेज्ञानतैं अतिवादीपणा सिद्धहोता ॥ परंतु ताप्राणतैंभी सत्यवस्तुअधिकहै ॥ यातैं ताप्राणकेज्ञानतैं अतिवादीपणाहोवेनहीं ॥ किंतु जोपुरुष निरंतर तासत्यवस्तुकाही कथनकरेहै ॥ तिसीपुरुषकूं तुमनैं मुख्यअतिवादी जानणा ॥ हेशिष्य ॥ सत्यवस्तुकेकथनकरणेहारा पुरुषही मुख्यअतिवादीहोवे है याप्रकारकेवचनकरणेहारे तासनत्कुमारका यहतात्पर्य है ॥ जोपरब्रह्म पूर्वअध्यायविषे याजगत्काकारणरूपकरिकेकथनकऱ्याहै ॥ ओर जोपरब्रह्म याअध्यायविषेआगे सुखरूपकरिकेवर्णनकरणाहै ॥ तथा जोपरब्रह्म नामतैंलेके प्राणपर्यंत सर्वविश्वरूपकरिकेकथनकऱ्याहै ॥ सोपरब्रह्महीं तासत्यशब्दकाअर्थहै ॥ याप्रकारकेअभिप्रायकूंमनविषेराखिके सोभगवान्सनत्कुमार तानारदकेप्रति पुनःयाप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेनारद ॥ ताप्राणतैंपरे जोसत्यवस्तुहै ॥ सोसत्यवस्तुही तुमारेकूं जानणेयोग्यहै ॥ तासत्यवस्तुकेविचारतैंविना तुमनैं आपकूं कृतकृत्यमानिके स्थितहोणानहीं ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकारकावचन जभी तासनत्कुमारनैं नारदमुनिकेप्रति कथनकऱ्या ॥तभी सोनारदमुनि तासनत्कुमारकेप्रति पूर्वकीन्याईं याप्रकारकाप्रश्न करताभया॥हेभगवन् तासत्यवस्तुकेजानणेकीमैं इच्छाकरताहूं॥आपकृपाकरिके हमारेप्रति तासत्यवस्तुकाउपदेशकरो॥हेशिष्य॥जैसेसोसनत्कुमारभगवान् तानारदमुनिकेप्रति तासत्यवस्तुकेजिज्ञासाकाजनकवचन कहताभया॥तैसे विज्ञान १मनन२श्रद्धा३निष्ठा४कृति५सुख६याषट्पदार्थोंकीजिज्ञासाकूंउत्पन्नकरणेहारे

षट्वचनोंकूं कथनकरताभया ॥ तिनषट्वचनोंकूंश्रवणकरिके सोनारदमुनिभी तासनत्कुमारकेप्रति षट्वार प्रश्नकरताभया॥ तात्पर्ययह ॥ हेभगवन् मैं तासत्वस्तुकेजानणेकीइच्छाकरताहूं इसप्रकारकाप्रथमप्रश्नकरिके तिसतैंअनंतर मैं विज्ञानकेजानणेकीइच्छाकरताहूं इत्यादिकषट्प्रश्नकरताभया ॥ इहां आनंदस्वरूपसत्यवस्तुतौ उपेयहे ॥ और दूसरेविज्ञानादिकषट्पदार्थतौ उपायरूपहैं ॥ तथा पूर्वपूर्ववस्तु केप्राप्तिकासाधनरूपहैं ॥ तहां उपायकरिकेप्राप्तहोणेयोग्यवस्तुकूं उपेयकहे हैं ॥ याप्रकारकीविशेषताकेहुए तिनोंविषे पुनरुक्तिदोषकी प्राप्तिहोवैनहीं ॥ याकेविषेभी यहविशेषताजानणी ॥ कामनाकीविषयतारूपकरिके तासुखविषे उपायरूपताहै ॥ और स्वभावसिद्धसत्यरूपकरिके तासुखविषे उपेयरूपताहै ॥ अब तिनविज्ञानादिकषट्पदार्थोंकास्वरूप तथा उत्तरउत्तरपदार्थविषे पूर्वपूर्वपदार्थकेप्राप्तिकीसाधनता निरूपणकरे हैं ॥ हेनारद ॥ जोपुरुष तासत्यस्वरूपब्रह्मकूं प्रत्यक्षजानताहै ॥ सोपुरुषही तासत्यवस्तुका स्पष्टकरिकेकथनकरे है ॥तासत्यवस्तुकेज्ञानतैंरहितपुरुष तासत्यवस्तुका कथनकरिसकैनहीं॥ यातैं यहजान्याजावे है ॥ तासत्यवस्तुकेकथनविषे तासत्यवस्तुकाप्रत्यक्षप्रमाणरूपविज्ञानहीकारणहै ॥ १ ॥ और हेनारद नानाप्रकारकीयुक्तियोंकरिके तासत्यवस्तुकाचिंतनरूपजोमननहै ॥ तामननकरिके जभी तासत्यवस्तुरूपप्रमेयके असंभावनाकीनिवृत्तिहोवे है ॥ तभीही तासत्यवस्तुकाविज्ञानहोवे है ॥ तामननतैंविना सोसत्यवस्तुकाविज्ञान होवैनहीं ॥ यातैंयहजान्याजावे है ॥ सोमनन ताविज्ञानकाकारणहै॥ २ ॥ और हेनारद ॥ गुरुशास्त्रकेउपदेशविषेविश्वासरूपजाश्रद्धाहै ॥ ताश्रद्धावालापुरुषही तामननकरणेविषेप्रवृत्तहोवै है ॥ ताश्रद्धातैंरहितनास्तिकपुरुष तामननविषे प्रवृत्तहोवैनहीं॥यातैंयहजान्याजावैहै॥साश्रद्धा तामननकाकारणहै॥३॥और हेनारद॥यहवेदांतशास्त्र जीवब्रह्मकेअभेदकूंकथनकरे है अथवाभेदकूंकथनकरैहै याप्रकारकीजाप्रमाणगतअसंभावनाहै॥ताअसंभावनाकूंनिवृत्तकरणेहारीतथाअद्वितीयब्रह्मविषे तिनवेदांतोंकेतात्पर्यकूंनिश्चयकरावणेहारीजे युक्तियां हैं॥तिनयुक्तियोंकेचिंतनकानाम निष्ठाहै ॥ ऐसीनिष्ठावालापुरुषही ताश्रद्धावालाहोवै है ॥तानिष्ठातैंरहितपुरुषकूं साश्रद्धाहोवैनहीं ॥ यातैं यहजान्याजावे है ॥ सानिष्ठा ताश्रद्धाकाकारणहै ॥ ४ ॥ और हेनारद ॥ यज्ञादिकजेबहिरंगसाधनहैं ॥ तथा शमदमादिक जेअंतरंगसाध

नहीं॥तिनदोनोंप्रकारकेसाधनोंकाजोअनुष्ठानहै ताअनुष्ठानकानामकृतिहै॥जोपुरुष याप्रकारकीकृतिकरिकेयुक्तहोवे है॥सोपुरुषही अंतःकरणकीशुद्धि तथाएकाग्रता करिकेयुक्तहुआ तानिष्ठावालाहोवे है ॥ ताकृतितैंविना सानिष्ठाहोवेनहीं ॥ यातैं यहजान्याजावे है ॥साकृति तानिष्ठाकाकारणहै ॥ ८ ॥ और हेनारद ॥ यालोकविषे जोपुरुष सुखरूपपुरुषार्थकेप्राप्तिकीइच्छाकरे है ॥ सोपुरुषही तिनबहिरंगअंतरंगसाधनोंकू करेहै ॥ सुखकीइच्छातैंविना कोईभीपुरुष तिनसाधनोंविषेप्रवृत्तहोवेनहीं ॥ यद्यपि दुःखकेअभावकीइच्छाकरिकेभी यालोकोंकी तिनसाधनोंविषेप्रवृत्तिहोवे है ॥ तथापि सोदुःखाभाव स्वतःपुरुषार्थरूपनहीं है ॥ किंतु सोदुःखाभाव सुखकेअभिव्यक्तिकासाधनरूपहोणेतैं याजीवोंकेइच्छाकाविषयहोवेहै ॥ यातैं यहजान्याजावे है ॥ सोसुख ताकृतिकाकारणहै ॥९॥ हेशिष्य ॥इसप्रकार तासनत्कुमारभगवान्केवचनोंकूंश्रवणकरिके सांसारिकसुखतैंविरक्तहुआ सोनारदमुनि तासांसारिकसुखकूं दुःखपक्षविषेपावताहुआ मुख्यसुखकीजिज्ञासा प्रगटकरताभया ॥ नारदउवाच ॥ हेभगवन् ॥ हमारेकूंमोक्षकीप्राप्तिहोवे याप्रकारकीकामना जिसपुरुषकेचित्तविषेहै॥तिसपुरुषनैं तासुखकावास्तवस्वरूप अवश्यकरिकेजाननेयोग्यहै ॥ हेभगवन् ॥ जिससुखकेज्ञानतैंमोक्षकीप्राप्तिहोवे है ॥सोसुख यासंसारविषेप्रसिद्धहैनहीं ॥ काहेतैं यासंसारविषे याजीवोंकू विषयों तैं जोसुखप्राप्तहोवे है ॥सोविषयजन्यसुखरूपनहीं है॥किंतु सोविषयजन्यसुख दुःखरूपहीहै ॥ काहेतैं यालोकविषे जिसवस्तुका जोस्वभावहोवे है॥ तिसवस्तुका सोस्वभाव कदाचित्भी अन्यथाहोवेनहीं ॥ जैसे अग्निकाउष्णस्वभाव किसीकालविषेभी अन्यथाहोवेनहीं ॥ तैसे यहविषयजन्यसुखभी जोसुखरूपहोवे॥ तो यहविषयजन्यसुख किसीकालमैंभी दुःखरूपनहींहोणाचाहिये॥ सोऐसादेखणेविषेआवतानहीं ॥ किंतु यहविषयजन्यसुख आपणीअप्राप्तिकालविषेभी याजीवोंकू दुःखकीहीप्राप्तिकरे है ॥ और आपणेवियोगकालविषेभी याजीवोंकू दुःखकीहीप्राप्तिकरे है ॥ इसप्रकार आदिअंतविषे दुःखकीप्राप्तिकरणेहारा यहविषयसुख मध्यकालविषे याजीवोंकू सुखरूप किसप्रकारहोवेगा ॥ किंतु आदिअंतकीन्याई मध्यकालविषेभी सोविषयजन्यसुख दुःखरूपहीहै ॥ हेभगवन् ॥ ऐसेदुःखरूपविषयसुखविषे जोजीवोंकू सुखरूपताप्रतीतहोवे है ॥ सोकेवल अज्ञानकेवशतैं प्रतीतहोवे है ॥ जैसे यालोकविषे शस्त्रकाप्रहार यद्यपि

दुःखरूपहे ॥ तथापि परिपक्कव्रणविषे सोशस्त्रकाप्रहार सुखरूपहोइकेप्रतीतहोवेहे ॥ तैसे यहविषयजन्यसुख यद्यपि वास्तवतें दुःखरूप
हीं हे॥ तथापि ताअज्ञानकेवशतें यहविषयसुख याजीवोंकूं सुखरूपहोइकेप्रतीतहोवेहे ॥ यातें हेभगवन् जोवास्तवसुखहे सोहमारेप्रति क
थनकरो ॥ हेशिष्य॥इसप्रकार जभी तानारदमुनिनें तासनत्कुमारभगवान्केप्रति सुखकास्वरूपपूछा॥तभी सोसनत्कुमारभगवान् तानार
दकेप्रति तावास्तवसुखकास्वरूप कथनकरताभया॥सनत्कुमारउवाच॥ हेनारद ॥देशपरिच्छेद कालपरिच्छेद वस्तुपरिच्छेद यातीनपरि
च्छेदोंतेंरहित जोव्यापकवस्तुहे ॥ तावस्तुकूंही विद्वान्पुरुष सुखरूपकहेहें ॥हेनारद तिनसर्वपरिच्छेदोंतेंरहितहोणेतें जिसवस्तुकूं श्रुतिने
भूमा याशब्दकरिकेकथनकर्‍याहे ॥ ताभूमावस्तुकूंही तूं सुखरूपकरिकेजान ॥ ताभूमातेंभिन्न सर्वपदार्थ दुःखरूपही हे ॥ हेनारद ॥ जो
तुमारेकूं तावास्तवसुखकेस्वरूपनिर्णयकरणेकीइच्छाहोवे ॥ तो तूं ताभूमापदार्थकेजानणेकोइच्छाकर ॥ हेशिष्य॥इसप्रकारके तासनत्कु
मारभगवान्केवचनोंकूंश्रवणकरिके सोनारदमुनि तासनत्कुमारकेप्रति ताभूमापदार्थकाप्रश्नकरताभया ॥ तानारदकेप्रश्नकूंश्रवणकरिके
सोभगवान्सनत्कुमार तानारदकेप्रति याप्रकार ताभूमाकास्वरूप कथनकरताभया ॥ सनत्कुमारउवाच ॥ हेनारद ॥ जिसतत्त्वविषेस्थि
तहुआ यहविद्वान्पुरुष आपणेतेंभिन्नरूपकरिके किसीभीपदार्थकूं नेत्रइंद्रियकरिकेदेखतानहीं ॥ तथा श्रोत्रइंद्रियकरिकेश्रवणकरतानहीं॥
तथा मनकरिकेजाणतानहीं ॥ सोतत्त्वही भूमाशब्दकाअर्थ हे ॥ तथा सुखशब्दकाअर्थ हे ॥ और हेनारद ॥ जिसपदार्थकेबुद्धिविषेआ
रूढहुए यहपुरुष आपणेआत्मातेंभिन्नपदार्थोंकूं नेत्रइंद्रियकरिकेदेखेहे ॥ तथा श्रोत्रइंद्रियकरिकेश्रवणकरे हे ॥ तथा मनकरिकेजाने हे ॥
सोपदार्थ अल्परूपहे ॥ तथा दुःखरूपहोवेहे ॥ तहांश्रुति ॥ द्वितीयाद्वैभयंभवति॥अर्थयह॥आत्मातेंद्वितीयवस्तुतेंभयकोप्राप्तिहोवे हे ॥ हे
नारद॥जोहमनें तुम्हारेप्रति सुखरूपभूमा कथनकर्‍याहे॥सोसुखरूपभूमातो मरणादिकसर्वविकारोंतेंरहितहे ॥ यातें सोभूमा अमृतरूपहे॥
और ताभूमातेंभिन्न जितनेंकीअल्पपदार्थहें ॥ तेअल्पपदार्थतो तिनमरणादिकसर्वविकारोंवालेहें॥यातें तेपदार्थ मर्त्यरूपहें ॥हेनारद॥ ऐसे
सुखरूपभूमाकूं जभी यहअधिकारीपुरुष गुरुशास्त्रकेउपदेशतेंजानेहे ॥ तभीही यहअधिकारीपुरुष मुख्यअतिवादीहोवेहे ॥ ताभूमातेंभिन्न

प्राणादिकोंकेज्ञानतें यहपुरुष मुख्यअतिवादीहोवेनहीं ॥ यातें तामुख्यअतिवादीपणेकीप्राप्तिवासतें याअधिकारीपुरुषों नें तासुखरूप
भूमाकूंअवश्यकरिकेजानणा ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार जभी तासनत्कुमार भगवान्नें नारदकेप्रति भूमाकाउपदेशकऱ्या ॥ तभी सोनारद
आपणेमनविषे याप्रकारकाविचारकरताभया ॥ यासनत्कुमारभगवान्नें जोहमारेप्रति सुखरूपभूमाकाउपदेशकऱ्याहे॥ताभूमाका कोईआ
धारहे अथवा सोभूमा निराधारहे ॥ तहां ताभूमाका जोकोईआधारमानिये ॥ तो सोभूमाभी घटादिकपदार्थोंकीन्याई परिच्छिन्नहोवेगा ॥
और ताभूमाकूं जोनिराधारमानिये ॥ तो सोनिराधारभूमा हमारेबुद्धिविषे किसप्रकारआरूढहोवेगा ॥ याप्रकारकीचिंताकरिकेयुक्तहुआ
सोनारद तासनत्कुमारकेप्रति याप्रकारकाप्रश्नकरताभया ॥ हेभगवन् ॥ सोसुखरूपभूमा किसआधारविषेस्थितकूंप्राप्तहोवे है ॥ सोभूमा
काआधार हमारेप्रति कथनकरो ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार तानारदकेप्रश्नकूंश्रवणकरिके सोभगवान्सनत्कुमार तानारदकेप्रति याप्रकारका
वचनकहताभया ॥ सनत्कुमारउवाच ॥ हेनारद ॥ ताभूमाका जोतू आधार पूछताहे ॥ सो व्यवहारमात्रविषेउपयोगीआधार पूछताहे ॥
अथवा वास्तवआधारपूछताहे ॥ तहां प्रथमपक्षकूं जोतू अंगीकारकरे ॥ तो मायातें आदिलेकेयहसर्वप्रपंच ताभूमाकीविभूतिहे ॥ तावि
भूतिरूपमहिमाविषेही सोभूमास्थितहोवे है ॥ यातें सोविभूतिरूपमहिमाही ताभूमाकाआधारहे ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ यालोकविषे वि
भूतिरूपमहिमाका तथा तामहिमावालेका परस्पर भेदही देख्याहे॥यातें ताविभूतिरूपमहिमातें भिन्नहुआसोभूमा घटादिकोंकीन्याई वस्तु
परिच्छेदवालाहोवेगा ॥ समाधान ॥ हे नारद ॥ जैसे यालोकविषे देवदत्तनामापुरुषकी गौ अश्व हस्ति हिरण्य दास भार्या क्षेत्र गृह
इत्यादिकजाविभूतिहे ॥ साविभूतिरूपमहिमा तादेवदत्तपुरुषतें भिन्नहुईप्रतीतहोवे है ॥ और सोदेवदत्तपुरुष ताभिन्नविभूतिकेआश्रित
हुआप्रतीतहोवेहे ॥ तैसे इहां यहमायासहितप्रपंचरूपमहिमा तासुखरूपभूमातें भिन्ननहीं है ॥ किंतु सोमहिमा ताभूमातें
अभिन्नही है ॥ यातें ताभूमाविषे भेदरूपवस्तुपरिच्छेदकीप्राप्तिहोवेनहीं ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ जोकदाचित् सोमहिमा ताभूमातेंअभि
न्नहोवेगा ॥ तो तामहिमाका तथाभूमाका परस्पर आधारआधेयभाव नहींहोवेगा ॥ काहेतें यालोकविषे परस्परभिन्नपदार्थों

काही परस्पर आधारआधेयभावहोवैहै ॥ समाधान ॥ हेनारद ॥ जैसे ॥ स्वयंदासास्तपस्विनः ॥ अर्थयह ॥ तपस्वीपुरुष आपही आप
णेदासहैं ॥ यास्थलविषे एकहीतपस्वियोंविषे स्वामीदासभावहोवैहै ॥ तैसे तासुखरूपभूमाका सर्वपरिच्छेदतैंरहितजोआपणास्वरूपहै
॥ सोआपणास्वरूपही ताभूमाकामहिमाहै ॥ तास्वरूपभूतमहिमाविषे सोभूमा व्यवहारदृष्टिकरिकै स्थितहोवैहै ॥ और ताभूमाका कोई
वास्तवआधारहै यहदूसरापक्ष जोतूं अंगीकारकरै सोसंभवैनहीं ॥ काहेतैं पूर्वउक्तआपणेमहिमा स्वरूपतैंभिन्नपदार्थोंविषेतौ सोभूमा कदा
चित्भीरहैनहीं ॥ और आपणेस्वरूपभूतमहिमाविषे जोताभूमाकीस्थिति कथनकरीहै ॥ सोभी व्यवहारदृष्टिकूंलेकेकथनकरीहै ॥ ताव्य
वहारदृष्टिकेपरित्यागकियेतैं सोभूमा आधारतैंरहित निराधारकह्याजावैहै ॥ अब सोनिराधारभूमा किसप्रकार बुद्धिविषे आरूढहोवैगा
॥ ऐसीनारदकीशंकाकेनिवृत्तकरणेवासतै प्रथम ताभूमाकूं तत्पदार्थरूपकरिकैवर्णनकरे हैं ॥ हेनारद यहतत्पदार्थरूपभूमाही दशोंदि
शाविषेस्थितहै ॥ तथा तीनकालोंविषेस्थितहै ॥ और जैसे निर्मलआकाश विषे गंधर्वनगरकल्पितहोवै है ॥ तैसे सर्वभेदतैंरहितयाभूमा
विषे यहदेशकालतैंआदिलेके सर्वस्थूलसूक्ष्मपदार्थ कल्पितहैं ॥ और कल्पितवस्तु अधिष्ठानतैंभिन्नहोवैनहीं ॥ याकारण तैं सोभूमाही
यासर्वजगत्रूपहै ॥ इसप्रकार यासर्वजगत्काअधिष्ठानरूपकरिकै ताभूमाकूं तूं प्रथम आपणीबुद्धिविषेआरूढकर ॥ तिसतैंअनंतर ताभू
माकीतटस्थरूपताकेनिवृत्तकरणेवासतै सोसर्वत्रव्यापकभूमा अहंअस्मि याप्रकार ताभूमाकूं तूं आपणाआत्मारूपकरिकैजान ॥ शंका॥हे
भगवन्॥परिच्छिन्नअहंकारविशिष्टकावाचक जोअहंशब्दहै॥ताअहंशब्दका व्यापकभूमाविषे प्रयोगकरणा संभवैनहीं॥समाधान॥हेनारद॥
यद्यपि अहं याशब्दतैंअहंकारकीप्रतीतिहोवैहै ॥ तथापि ताअहंकारकी ताभूमाविषे सादृश्यताहै ॥ तासादृश्यताकूंग्रहणकरिकै सोअहं
शब्द गौणीलक्षणाकरिकै ताभूमाकाहीबोधनकरैहै ॥ अब ताअहंकारकी तथाभूमाआत्माकी सादृश्यता निरूपणकरे हैं ॥ हेनारद ॥
पूर्वादिकदशोंदिशाविषे तथा भूत भविष्यत् वर्त्तमान यातीनकालोंविषे स्थित जितनेकीदेहधारीजीवहैं॥तेसंपूर्णजीव प्रथम अहं याप्रकार
काअनुभवकरतेहुएही पश्चात् वचनउच्चारणादिकव्यवहारोंकूंकरैहैं ॥ ता अहंअनुभवतैंविना कोईभीव्यवहार सिद्धहोवैनहीं ॥ यातैं यहजा

न्याजावैहै ॥ यहअहंकारही याजीवोंकेसर्वव्यवहारोंकाकारणहै ॥ ऐसासर्वव्यवहारोंकाकारणभूत अहंकार जैसे सर्वदिशाओंकूं तथासर्वभूत प्राणियोंकूं व्याप्यकरिकेस्थितहुआहै ॥ वैसे ताअहंकारकाआश्रयरूपकरिके यहजीवात्माभी तिनसर्वदिशाओंकूं तथासर्वभूतप्राणियोंकूं व्याप्यकरिकेस्थितहुआहै ॥ याप्रकार अहंकारकी तथाभूमाआत्माकी सर्वत्रव्यापकतारूप सादृश्यताहै ॥ तासादृश्यताकूंअंगोकारक रिके सोअहंशब्द लक्षणावृत्तिकरिके सर्वउपाधितैंरहितकूटस्थआत्माकूंहीबोधनकरे है ॥ तिसीकूटस्थआत्माका तत्पदार्थरूपभूमाकेसा थ अभेद तत्त्वमसिआदिकमहावाक्योंनैं प्रतिपादनकरीताहै ॥ अब ताअभेदज्ञानका जीवन्मुक्तिरूपफल निरूपणकरे हैं ॥ हेनारद॥जैसे यालोकविषे यहअज्ञानीपुरुष नेत्रादिकइंद्रियोंकरिके तथामनकरिके सर्वव्यवहारोंकूंकरतेहुएभी आपणेमनुष्यपणेकूंविस्मरणकरतेनहीं ॥ किंतु आपणेमनुष्यपणेकूं संशयविपर्ययतैंरहितहोइके सर्वदा अनुभवकरेहैं ॥ तैसे जोपुरुष गुरुशास्त्रकेउपदेशतैं तिनअहंकारादिकउ पाधियोंकाविस्मरणकरिके मैंआत्मा भूमारूपहूं याप्रकारके संशयविपर्ययतैंरहितज्ञानकूंप्राप्तहोवैहै ॥ सोविद्वान्पुरुष वेदांतशास्त्रके चिंत नकालविषे आनंदस्वरूपआत्माविषेही क्रीडाकरताहुआ स्थितहोवैहै ॥ जैसे बालक बालकोंकेसमुदायविषे क्रीडाकरताहुआ स्थितहोवै है॥और सो विद्वान्पुरुष स्नानभोजनादिककालविषेभी ताआनंदस्वरूपआत्माविषेही चित्तकीशक्तिरूपरतिकूंधारणकरताहुआ स्थितहोवै है ॥ जैसे कामीपुरुष विदेशविषेस्थितहुआभी चित्तकी शक्तिरूपरतिकूं सर्वदा आपणीस्त्रीविषेहीराखेहै॥इतनैंकरिके यहअर्थबोधनकऱ्या जीवन्मुक्तपुरुषकी दोप्रकारकीदशाहोवैहै ॥ एकतो समाधिदशाहोवैहै ॥ और दूसरी तासमाधितैंउत्थानदशाहोवैहै ॥ तहां तासमाधितैं उत्थानदशाभी दोप्रकारकीहोवैहै ॥ एकतो वेदांतशास्त्रकाचिंतनरूप उत्थानदशाहोवैहै ॥ और दूसरीस्नानभोजनादिकव्यवहाररूप उत्थानदशाहोवैहै ॥ तहां वेदांतशास्त्रका चिंतनरूप प्रथमउत्थानदशाविषे सोविद्वानपुरुष जोआत्माकाचिंतनकरेहै॥ ताआत्मचिंतनकूं श्रुतिनैं क्रीडाशब्दकरिकेकथनकऱ्याहै ॥ और स्नानभोजनादिकव्यवहाररूप दूसरीउत्थानदशाविषे सोविद्वान्पुरुष जोआत्माकाचिंतन करेहै ॥ ताआत्मचिंतनकूं श्रुतिनैं रतिशब्दकरिकेकथनकऱ्याहै और जैसे साव्युत्थानदशा दोप्रकारकीहोवैहै तैसे सासमाधि

दशाभी दोप्रकारकीहोवे है ॥ एकतो सविकल्पसमाधिहोवे है ॥ और दूसरानिर्विकल्पसमाधिहोवे है ॥ तहां सविकल्पसमाधिविषे सोविद्वान् जोआत्माकाचिंतनकरे हैं ॥ ताआत्माचिंतनकूं श्रुतिनें मिथुन याशब्दकरिकेकथनकऱ्याहे ॥ और निर्विकल्पसमाधिविषे सोविद्वान्पुरुष जोआत्माकाचिंतनकरेहे ॥ ताआत्माचिंतनकूं श्रुतिने आनंद याशब्दकरिकेकथनकऱ्याहे ॥ तहां क्रीडारति यादोनों शब्दोंकाअर्थ पूर्वनिरूपणकऱ्या ॥ अब मिथुन आनंद यादोनोंशब्दोंकाअर्थ निरूपणकरे हैं ॥ हेनारद ॥ जैसे यालोकविषे गृहकेसर्व व्यवहारोंकापरित्यागकरिके एकांतदेशविषे स्थितहुए जेस्त्रीपुरुषहैं ॥ तिनस्त्रीपुरुषदोनोंका जोपरस्परमिथुनीभावहे ॥ सोमिथुनीभाव तिनदोनोंके परस्पर विषयानंदकाहेतुहोवे है ॥ तैसे याविद्वान्पुरुषका ध्याताध्येयभावकरिके जोआत्माविषे मिथुनीभावहे ॥ सोमिथुनीभावही याविद्वान्पुरुषकूं सविकल्पसमाधिकालविषे आनंदकाहेतुहोवैहे॥और हेनारदजैसेयालोकविषे गांधर्वादिकविषयोंकीप्राप्तितेंअनंतर परीक्षकपुरुषोंकूं जोतादृशआनंदरूपफलकाअनुभवहोवे है ॥ सोआनंदकाअनुभवनिर्विकल्पहीहोवे है ॥ तैसे याविद्वान्पुरुषकूं निर्विकल्प समाधिकालविषे जोनिरतिशयआनंदकाअनुभवहोवे है ॥ सोआनंदकाअनुभवभी ध्याता ध्यान ध्येय इत्यादिकत्रिपुटीरूपविकल्पतैंरहितहीहोवे है ॥ हेनारद ॥ ताविद्वान्पुरुषकूं जोआत्माविषेहीआनंदहोवे है ॥ याकेविषे यहकारणहे ॥ अद्वितीयआत्माकूं साक्षात्अनुभव करताहुआ सोविद्वान्पुरुष जन्ममरणादिकसर्वदुःखोंकीनिवृत्तिविषे किसीदूसरेकीअपेक्षाकरतानहीं ॥ याकारणतें सोविद्वान्पुरुष विराट् भगवान्कीन्याई स्वराट् यासंज्ञाकूंप्राप्तहोवे है ॥ और सोविद्वान्पुरुषही ब्रह्मरूपहोणेतें सर्व जीवोंकाआत्मारूपहे ॥ याकारणतें सोविद्वान् पुरुष संपूर्णश्रेष्ठलोकोंविषे कामचारहोवे है ॥ इहां प्रतिबंधतैंरहित तिनसर्वलोकोंकेप्राप्तिकानाम कामचारहे ॥ इतनेंकरिके ताभूमाआत्माकेज्ञानकाफल निरूपणकऱ्या ॥ अब ताज्ञानतैंरहितपुरुषोंकूं अनर्थकेप्राप्तिकावर्णनकरे हैं ॥ हेनारद ॥ जेमूढपुरुष ताभूमाकूं आपणाआत्मारूपकरिकेनहींजाने हैं ॥ किंतु मोहकेवशतें ताभूमाकूं आपणेआत्मातैंभिन्नकरिकेजाने हैं॥तेमूढपुरुष सर्वदा पराधीनताकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ तथा नाशवान्लोकोंकूंप्राप्तहोवे हैं॥तथा स्वतंत्रतातैंरहितहोवे हैं॥तथा वारम्वार जन्ममरणादिकदुःखोंकूंप्राप्तहोवे हैं ॥ अब तिनविद्वान्

पुरुषोंकूं जगत्काकर्त्ताईश्वररूपकरिकेवर्णनकरे हैं ॥ हेनारद ॥ जोपुरुष पूर्वउक्तप्रकारसें ता तत्पदार्थरूपभूमाकूं आपणाआत्मारूपकरिकेजाने है ॥ ताविद्वान्पुरुषतैंही नामतैंआदिलेकेप्राणपर्यंत पूर्वउक्तपंचदशतत्त्व उत्पन्नहोवे हैं ॥ जेसे रज्जुतैं सर्प उत्पन्नहोवे है ॥ तैसे ताविद्वान्पुरुषतैंही नामादिकउत्पन्नहोवे हैं ॥ और यज्ञादिककर्मोंसहित तथास्वर्गादिकफलोंसहित जेमंत्रब्राह्मणरूप ऋगादिकचारवेद हैं ॥ तेचारवेदभी ताविद्वान्पुरुषतैंही उत्पन्नहोवे हैं ॥ हेनारद ॥ याकेविषे हम बहुतकयाकहैं यहजितनाकोस्थूलसूक्ष्मजगतहै ॥ सोसंपूर्णजगत् ताविद्वान्पुरुषतैंही उत्पन्नहोवे है ॥ हेनारद ॥ जिनपुरुषोंकूं ताभूमाआत्माकासाक्षात्कारहोवे है ॥तिनपुरुषों के तेसंपूर्णजन्ममरणादिकदुःख निवृत्तहोवे हैं ॥ यहजो हमनैं तुम्हारेप्रति आत्मज्ञानकाफल कथनकऱ्याहै ॥ ताकेविषे वेदवेत्तापुरुष याप्रकारकामंत्ररूपश्लोक कथनकरे हैं ॥ नपश्योमृत्युंपश्यति नरोगंनोतदुःखतां॥ सर्वंहपश्यःपश्यति सर्वमाप्नोतिसर्वशः॥अब याश्लोकका अर्थ निरूपणकरे हैं॥हेनारद॥ यहजीवात्मा आपणेज्ञानके बलतैं शुभअशुभरूपसर्वसंसारकूं तथामोक्षकूं देखेहै॥याकारणतैं श्रुतिभगवती याजीवात्माकूं पश्य यानामकरिकेकथनकरे है ॥ और मृत्युनाम मरणकाहै ॥ तामृत्युशब्दकरिकेज्वरादिकरोगों तैंविना जितनैंकीयाशरीरकेजन्मादिकधर्म हैं तिनसर्वधर्मोंकाग्रहणकरणा ॥ और उदरविषे जठराग्निकरिकेपरिपक्वकऱ्याहुआजोअन्नकारसहै ॥ तारसकीन्यूनअधिकतातैं उत्पन्नभयेजेज्वरादिकव्याधिहैं ॥ तिनज्वरादिकोंकानाम रोगहै ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ तामंत्ररूपश्लोकविषेस्थितमृत्युशब्दकरिके जैसे जन्मादिकविकारोंकाग्रहणहोवे है ॥ तैसे तामृत्युशब्दकरिके ज्वरादिकरोगोंकाभी ग्रहणहोइसकैहै ॥ यातैं श्रुतिविषे ज्वरादिकरोगोंका पृथकग्रहणकरणा असंगतहै ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ॥ जैसे याजीवोंकामरण अल्पकालपर्यंत स्थायीरहे है॥तैसे याजीवोंकेजन्मादिकभी अल्पकालपर्यंत स्थायीरहे हैं ॥ यातैं अल्पकालस्थायीतारूप सामान्यधर्मकूं अंगीकारकरिके सोमृत्युशब्द तिनजन्मादिकोंकाभी बोधनकरे है॥और ज्वरादिकोंविषे सोअल्पकालपर्यंतस्थायीपणाहैनहीं ॥किंतु तिनज्वरादिकोंविषे चिरकालपर्यंत स्थायीपणाहै॥यातैं श्रुतिविषे तामृत्युशब्दकरिकें तिनज्वरादिकोंकाग्रहणकऱ्यानहीं॥ किंतु तामृत्युशब्दतैंभिन्न रोगशब्दकरिके तिनज्वरादिकोंकाग्रहणकऱ्याहै ॥ और जरायुज अंडज स्वे

दज उद्भिज्ज याचारिप्रकारकेभूतप्राणियोंकी जेनानाप्रकारकी विलक्षणबुद्धियां हैं॥तिनबुद्धियोंविषे प्रतिबिंबितत्वरूपकरिके नानाप्रकारके भेदवालेजेजीवहैं ॥ तिनजीवोंका जोजन्मादिकअनेकधर्मवालेशरीरकेसाथ अहंममअध्यासरूपसंबंधहे ताकानाम दुःखहे ॥ ऐसे मरणादिक विकारोंकूं तथाज्वरादिकरोगोंकूं तथाअहंममअध्यासरूपदुःखकूं सोपश्यनामाजीव देखतानहीं ॥ हेनारद ॥ सोपश्यनामाविद्वान्जीव तिन मृत्युआदिकोंकूंजोनहींदिखेहे॥याकेविषेयहकारणहे ॥ स्थूलसूक्ष्मरूपकरिकेप्रसिद्ध जितनाकी यहद्वैतप्रपंचहे ॥ सोसंपूर्ण द्वैतप्रपंच आत्मा विषेकल्पितहे ॥ ताकल्पितप्रपंचकी तबपर्यंत स्थितिहोवेहे ॥ जबपर्यंत ताप्रपंचविषे कल्पितरूपताकूंविषयकरणेहाराज्ञान नहींउत्पन्नभ या॥ताज्ञानकेउत्पन्नहुएतेंअनंतर ताकल्पितप्रपंचका पुनःदर्शनहोवेनहीं॥इसप्रकार यासर्वद्वैतप्रपंचकूं अधिष्ठानआत्माविषे कल्पितरूप करिकेदेखणेहारा सोविद्वान्पुरुष तिनमरणादिकविकारोंकूंदेखतानहीं ॥ और याभूमाआत्माकेज्ञानतेंअनंतर यहसंपूर्णजगत् ताभूमात्मावि षे अनन्यभावकूंप्राप्तहोवे है सोअनन्यभावही याजीवात्माकूं यासर्वजगत्कीप्राप्तिहे॥काहेतें सर्ववेदोंकेतात्पर्यकाविषय जोयहभूमाआत्माहे॥ ताभूमाआत्माविषेही यहसंपूर्ण यज्ञलोकादिरूपवेदकाअर्थ अंतर्भूतहे ॥ ताभूमाआत्मातेंभिन्न कोईवेदकाअर्थ हैनहीं ॥ यातें ताभूमाआ त्माकेज्ञानतें यहजीवात्मा तिनसर्वपदार्थोंकूंप्राप्तहोवे है यहवार्त्ता संभवहोइसकेहे ॥ अब ताविद्वान्पुरुषविषे उपाधिकेयोगतें नानारूपता का निरूपणकरे हैं ॥ हेनारद ॥ मैं भूमारूपहूं याप्रकारकेज्ञानयुक्त सोविद्वान्पुरुष आपणेवास्तवभूमारूपकरिकेएकहुआभी आपणी मायाकरिके नानारूपहोवे है ॥ तहां सोविद्वान्पुरुष आत्मा माया तामायाकाकार्य यातीनरूपोंकूंग्रहणकरिकेतो तीनप्रकारका होवे है ॥ और सोविद्वान्पुरुष आकाश वायु तेज जल पृथ्वी यापंचभूतोंकूंग्रहणकरिके अथवा श्रोत्रादिकपंचज्ञानइंद्रियोंकूंग्रहणकरिके पंचप्रकारकाहोवे है ॥ और सोविद्वान्पुरुष भूरादिकसप्तलोकोंकूंग्रहणकरिके सप्तप्रकारकाहोवे है ॥ और सोविद्वान्पुरुष आदित्य चंद्रमा मंगल बुद्ध बृहस्पति शुक्र शनि राहु केतु यानवग्रहोंकूंग्रहणकरिके नवप्रकारकाहोवे है ॥ और पंचज्ञानइंद्रिय पंचकर्मइंद्रिय एक मन याएकादशइंद्रियोंकूंग्रहणकरिके सोविद्वान्पुरुष एकादशप्रकारकाहोवे है ॥ और तिनएकादशइंद्रियोंविषे एकएकइंद्रियके दशदश

प्रकारकीवृत्तियोंकूं अंगोकारकरिके सोविद्वान्पुरुष एकशतदस ११० प्रकारकाहोवे है ॥ और दिनरात्रिविषे एकविंशतिसहस्र षट्शत २१६०० श्वासप्रश्वासचालेहैं॥तिन श्वासप्रश्वासरूपहंसमंत्रोंकेभेदकूंग्रहणकरिके सोविद्वान्पुरुष एकविंशतिसहस्रषट्शत प्रकारकाहोवे है ॥ इसप्रकार सोब्रह्मरूपविद्वान्पुरुष वास्तवतैंएकअद्वितीयरूपहुआभी उपाधिकेभेदकूंअंगीकारकरिके नानाप्रकारकाहोवे है ॥अब ताआत्मज्ञानके आहारशुद्धिआदिकसाधनोंका निरूपणकरेहैं ॥ हेनारद ॥ जेपुरुष बाह्यतो सर्वदा पुण्यकर्मोंकाअनुष्ठानकरे हैं ॥ परंतु जिनोंकेमनविषे सर्वदा पापवासनारहेहे ॥ ऐसे पुरुषोंकूं शतकोटिजन्मोंकरिकेभी यहसर्वात्मज्ञान अत्यंतदुर्लभहै ॥ जभो अंतरपापवासनायुक्त पुण्यवान्पुरुषोंकूंभी यहआत्मज्ञान दुर्लभहुआ ॥तभी बाह्यअंतर सर्वदा पापकर्मोंकेआचरणकरणेहारेपुरुषोंकूं यहआत्मज्ञान दुर्लभ है याकेविषेक्याकहणाहै ॥ यातें जिसअधिकारीपुरुषकूं ताआत्मसाक्षात्कारकी इच्छाहोवे है ॥ तिसअधिकारीपुरुषनें प्रथम आपणेचित्तकूंशुद्धकरणा ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ साचित्तशुद्धि किसप्रकारसेहोवे है ॥ समाधान॥हेनारद ॥ आपणेआपणेवर्णआश्रमकेअनुसार प्राप्तभये जेअन्नपानादिकविषयहैं ॥ तिनविषयोंकेग्रहणकानाम आहारहै ॥ सोआहार जिसपुरुषका रागद्वेषतैंरहितबुद्धिकरिके पापतैंरहितशुद्धहुआ है ॥ तिसीपुरुषकाचित्त शुद्धहोवे है ॥ ताआहारकीशुद्धितैंविना चित्तकीशुद्धिहोवेनहीं ॥ हेनारद ॥ जैसे आहारशुद्धिवालेपुरुषकी पापकर्मोंविषेप्रीतिहोवेनहीं ॥ तैसे जोपुरुष बीज योनि व्यवहार यातीनोंकेशुद्धिवालाहोवे है ॥ तिसपुरुषकी आपदाकालविषेभी पापकर्मविषेप्रीतिहोवेनहीं॥इहां पितृकुलकानाम बीजहै॥और मातृकुलकानाम योनिहै ॥और पदार्थोंकेग्रहणत्यागकानाम व्यवहारहै॥हेनारद॥इसप्रकार आहार व्यवहार बीज योनि याचारोंकी शुद्धिकरिके जिसपुरुषकाचित्तशुद्धहुआहै॥तिसपुरुषकी कदाचित्भी पापकर्मविषेप्रीतिहोतीनहीं॥ और पापकर्मही चित्तकेएकाग्रताका प्रतिबंधकहोवे है॥जभो तिनआहारादिकोंकीशुद्धिकरिके यहपुरुष तिनपापकर्मोंतैंरहितहोवे है॥तभी याअधिकारीपुरुषकाचित्त एकाग्रताकूंप्राप्तहोवेहै॥ऐसेशुद्धचित्तवालापुरुष ब्रह्मवेत्तागुरुकेउपदेशतैंशीघ्रही आपणेभूमास्वरूपआत्माकूं साक्षात्कारकरे है॥जैसेभिल्लपुरुषोंकरिकेपालनकऱ्याहुआ कोईक्षत्रियराजाकापुत्र किसीमहात्मापुरुषकेमुखतैं तूक्षत्रियराजाकापुत्रहैयाप्रका

रकेवचनकूंश्रवणकरिके शीघ्रही आपणेक्षत्रियस्वरूपकूंस्मरणकरे है॥ तैसे तुम्हारूपदे याप्रकारकेब्रह्मवेत्तागुरुकेवचनकूंश्रवणकरिके सोशु
द्धचित्तवालापुरुष शीघ्रही आपणेब्रह्मरूपकूंस्मरणकरेहै॥हेनारद॥जोकोईपुरुष पूर्वलेपुण्यकर्मकेप्रभावतें ब्रह्मवेत्तागुरुकेउपदेशकरिके याभू
माआत्माकेस्मृतिकूंप्राप्तहोवे है ॥ सोपुरुष ताआत्मज्ञानरूपखड्गकरिके कामक्रोधादिकग्रंथियोंकूं शीघ्रही छेदनकरे है ॥ ताआत्मज्ञानतें
विना तेकामक्रोधादिकग्रंथियां कदाचित्भी निवृत्तहोवेंनहीं ॥ यातें याअधिकारीपुरुषनें ताकामक्रोधादिकबंधकेनिवृत्तकरणेवासते ताभू
माआत्माकेज्ञानकूं अवश्यकरिकेसंपादनकरणा॥अब तानारदमुनिविषे ब्रह्मविद्याकेअधिकारीकेविशेषणोंकानिरूपणकरे हैं॥हेशिष्य॥सोना
रदमुनि पूर्वउक्तआहारादिकोंकीशुद्धिकरिके शुद्धचित्तवालाहोताभया ॥ताचित्तशुद्धितेंअनंतर सोनारदमुनि कामक्रोधादिकोंतेंरहितहोता
भया॥हेशिष्य॥हरीतकीआदिकोंतेंउत्पन्नभयाजोरसहे॥जिसरसकेसंबंधतें वस्त्रादिकोंविषे कुसंभादिकोंकारंग अत्यंतदृढहोवे है॥ ताहरीतकी
आदिकोंकेरसकूं बुद्धिमानपुरुष कषाय याशब्दकरिकेकथनकरे हैं ॥ ताकषायरसकीन्याई यहकामक्रोधादिकविकारभी याचित्तरूपवस्त्रकूं
रंजितकरे हैं ॥ याकारणतें तिनकामक्रोधादिकोंकूंभी शास्त्रवेत्तापुरुष कषाय याशब्दकरिकेकथनकरे हैं ॥ और जैसे वस्त्रविषेस्थित ताक
षायरसकी क्षारादिकोंकरिकेनिवृत्तिहोवे है ॥ तैसे तिनकामक्रोधादिककषायोंकीभी ब्रह्मचर्यादिकसाधनोंकरिकेनिवृत्तिहोवे है॥ और सोना
रदमुनि तिनब्रह्मचर्यादिकसाधनोंकरिकेसंपन्नथा ॥ तथा यासंसारसमुद्रतेंवैराग्यवानथा॥याकारणतें श्रुतिभगवतीनें तानारदमुनिकूं मृदित
कषाय यानामकरिकेकथनकर्‍याहे ॥ ऐसेमृदितकषायनारदमुनिकेताईं सोभगवान्सनत्कुमार मूलअज्ञानरूपतमका भूमारूपपरपार दि
खावताभया ॥ जैसे यालोकविषे यहपुरुष आपणेशत्रुकेप्रति दुःख दिखावे है॥तैसे तानारदमुनिकेप्रति सोभगवान्सनत्कुमार भूमाआत्मा
दिखावताभया ॥ जिसभूमाआत्माकेदर्शनकरिके यहअधिकारीपुरुष पुनः संसाररूपशोककूंप्राप्तहोवेनहीं ॥ हेशिष्य ॥ सोसनत्कुमारभग
वान् तानारदमुनिकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरताभयाहे ॥ सोसनत्कुमारभगवान् दूसरेजन्मविषे स्वामिकार्तिकेयअवतारकूंधारणकर
ताभयाहे ॥ हेशिष्य ॥ याअर्थविषे इतिहासकूंजानणेहारेब्राह्मण याप्रकारकीकथा कहतेभयेहैं ॥ तिसकथाकूं तूं श्रवणकर ॥ किसी

कालविषे किसीनिमित्तपाइके सर्वमुनिजन श्रीकाशीजीविषेजातेभये ॥ तहां तेमुनिजन प्रातःकालविषे स्नानादिकनित्यकर्मोंकूंकरिके श्री गंगाजीकेतीरविषेस्थितहोतेभये ॥ और तेसर्वमुनिजन आपणीआपणीबुद्धिकरिके परब्रह्मकाचिंतनकरतेभये ॥ तिसकालविषे भवानीदेवीसहित श्रीमहादेव तहांआवताभया ॥ तिसकालविषे यद्यपि सोमहादेव आपणेस्वयंज्योतिआनंदस्वरूपकरिके तिनमुनिलोकोंकेध्यानकाविषयथा ॥ तथापि सोमहादेव कृपाकरिके तिनमुनिलोकोंके मांसमयनेत्रोंकाविषयहोताभया ॥ ताभवानीसहितमहादेवकूंदेखिके तेसर्वमुनिजन आपणेआपणेआसनतेंउठतेभये ॥ तथा अत्यंतहर्षकूंप्राप्तहोतेभये ॥ जैसे प्राणोंकेप्रवेशतें यहशरीर उठे है ॥ तथा हर्षकूंप्राप्तहोवे है ॥ तैसे तेमुनीश्वर महादेवकूं देखिकेउठतेभये ॥ तथा हर्षकूंप्राप्तहोतेभये ॥ तिनसर्वमुनियोंविषे एकसनत्कुमारभगवान् आपणेआसनते नहींउठताभया काहेतें सोसनत्कुमारभगवान् सर्वकालविषे एकअद्वितीय आत्माकूंही अंतरबाह्यसर्वत्र परिपूर्णदेखेहै ॥ और तिसकालविषेतो सोसनत्कुमारभगवान् विशेषकरिकेसमाधिविषेस्थितथा ॥ याकारणतें सोसनत्कुमार महादेवकूंदेखिके अभ्युत्थान नहींकरताभया ॥ और तासनत्कुमारतेंविना दूसरेमुनिजनतो तामहादेवकूंदेखिके अभ्युत्थान करतेभये ॥ तथा ताभवानीसहितमहादेवकूं प्रणामकरतेभये ॥ और तिनमुनिजनोंविषे कितनेंकीमुनिजनतो वेदकेपाठादिकोंकरिके तामहादेवकीस्तुतिकरतेभये ॥ और कितनेंकीमुनिजनतो आपणेनवीनस्तोत्रबनाइके तिनस्तोत्रोंकरिके तामहादेवकीस्तुतिकरतेभये ॥ और कितनेकीमुनिजनतो प्राचीनपुरुषोंकरिकेकरेहुएस्तोत्रोंकरिके तामहादेवकीस्तुतिकरतेभये ॥ इसप्रकार सर्वमुनिजन ताभवानीसहितमहादेवकीप्रसन्नताकरिके आपणेआपणेआसनऊपर स्थितहोतेभये ॥ इसप्रकार तामुनिजनोंकीश्रद्धाभक्तिकूंदेखिकरिके अत्यंतप्रसन्नहुआ सोमहादेव तिनसर्वमुनिजनोंकूं मनवांछितवरोंकीप्राप्तिकरताभया ॥ तिसतेंअनंतर सोभवानीसहितमहादेव तिसस्थानतेंजाणेकीइच्छाकरताहुआ तहां सर्वमुनिजनोंकूं जहांतहां देखतेभये ॥ तासमाजविषे सनत्कुमारकूं ध्यानविषेस्थितहुआदेखिके सोभगवान्महादेव परमहर्षकूंप्राप्तहोताभया ॥ परंतु तासनत्कुमारकूंदेखिके साभवानी हर्षकूंनहींप्राप्तहोतीभई ॥ किं

तु साभवानी आपणेमनविषे याप्रकारकाविचारकरिके आपणेस्त्रीस्वभावतें परमक्रोधकूंप्राप्तहोतीभई ॥ अब ताभवानीकेविचारकावर्णनक
रे हैं ॥ यहभगवान्महादेव अनादिपुरुषहे ॥ और यहमहादेव सर्वदा योगीजनोंकेहृदयविषेस्थितहे ॥ तथा अष्टांगयोगकरिकेयुक्तपुरुषोंक
रिके यहमहादेव सर्वदा ध्यानकरणेयोग्यहे ॥ तथा यहमहादेवही सर्वविद्यावोंका परमगुरुरूपहे और जैसे यालोकविषे राजादिकपुरुषोंके
गर्भदासपुरुष किंकरहोवे हैं ॥ तैसे ब्रह्मा विष्णु इंद्र सर्वलोकपाल इसतैंआदिलेकेजितनेंकोदेवताहैं ॥ तेसर्वदेवता यामहादेवकेही गर्भदास
किंकरहैं ॥ हहां धनकरिकेमोलळीनीजोदासीहे ॥ तादासीविषेउत्पन्नहुएपुत्रोंकानाम गर्भदासहे ॥ तैसे यामहादेवनें सत्तास्फूर्तिरूपधनदे
के यामायारूपदासीकूं आपणेवशकऱ्याहे ॥ तामायारूपदासोतैंहीं तिनब्रह्मादिकदेवतावोंकीउत्पत्तिहोवे है ॥ यातें तेब्रह्मादिकदेवता या
महादेवके गर्भदासहैं ॥ और यहमहादेवही महदादिकतत्त्वोंका तथास्थावरजंगमभूतोंका जनकहे ॥ तथा तिनमहदादिकोंकापालनकरणे
हाराहे ॥ तथा तिनमहदादिकोंका संहारकरणेहाराहे ॥ और यामहादेवकेसमान पूर्व कोईहुआनहीं ॥ और आगेकोईहोवेगानहीं ॥ और अ
भीकोई हेनहीं ॥ जभी यामहादेवके समानभीकोईनहींभया ॥ तभी यामहादेवतेंअधिक कोनहोवेगा ॥ किंतु यामहादेवतें कोईभीअधिक
नहीं है ॥ और यामहादेवनें कामदेवकूंनाशकऱ्याहे ॥ यातें यहमहादेवही ब्रह्मचर्यधर्मवालाहे ॥ ऐसेजगद्गुरुमहादेवकूं मेंस्त्रीसहितदेखिके
यहसनत्कुमार स्त्रीकेअधीनमानताभयाहे ॥ और यहसनत्कुमार आपणेकूंब्रह्मचारीमानिके महान्गर्वयुक्तहुआहे ॥ याकारणतेंही यहसन
त्कुमार श्रीमहादेवकूंदेखिके अभ्युत्थान तथानमस्कार नहींकरताभयाहे ॥ यातें याअभिमानीसनत्कुमारकेप्रति में कोईदारुणशापदेवों ॥
हेशिष्य ॥ इसप्रकार साभवानीदेवीतासनत्कुमारकेप्रति शापदेनेकानिश्चयकरिके पुनःसाभवानी यासनत्कुमारकेप्रति में
कौनशापदेवों याप्रकारकाविचारकरतीभई ॥ तहां यालोकविषे महान्दुःखकीप्राप्तिकरणेहारेजेस्थानहैं ॥ तिनस्थानोंविषेनिवासकरणेहारे
यद्यपि अनेकजीवहैं ॥ तथापि तिनसर्वजीवोंविषे अश्वोंकीसेवातें आपणाजीवनकरणेहारेपुरुष मुख्यहैं ॥ काहेतें दुर्गंधकरिकेयुक्त
जाअश्वोंकीशालाहे ॥ तादुर्गंधशालाविषे तिनपुरुषोंका सर्वदा निवासरहेहे ॥ तथा बहुतसेवाकरणेतेंभी तिनोंकूं अल्पधनकीप्राप्तिहो

वेहै ॥यातैं अश्वोंकोसेवाकरणेहारेमनुष्य सर्वमनुष्योंतैं नीचहैं ॥ ऐसे अश्वोंकोसेवाकरणेहारेपुरुषोंकेकुलविषे यासनत्कुमारकाजन्महोवे ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकारकाविचारकरिके साभवानी तासनत्कुमारकेप्रति याप्रकारकाशापदेतीभई ॥ हेसनत्कुमार तुमनें हमारे महादेवभक्तों काअपमानकऱ्याहै॥यातैं अश्वोंकोसेवाकरणेहारेपुरुषोंकेकुलविषे तुमाराजन्महोवेगा ॥ हेशिष्य॥जिसकालविषे साभवानीदेवीतासनत्कुमारकेप्रति याप्रकारकाशापदेतीभई ॥ तिसकालविषे सोमहादेव ताभवानीकेप्रति ताशापदेणेतैं बहुतनिवारणकरताभया ॥ तथापि क्रोधकेवशहुई साभवानी तामहादेवकेवचनकूंभी नहींअंगीकारकरतीभई ॥ हेशिष्य ॥ ताभवानीकेशापतैं अनंतर सोसनत्कुमार तापूर्वशरीरका परित्यागकरिके अश्वोंकेसेवाकरणेहारेशरीरकूंप्राप्तहोताभया ॥ ताशरीरविषेभी सोसनत्कुमार परमआनंदकूंप्राप्तहोताभया ॥ काहेतैं पूर्वब्राह्मणशरीरविषे स्नानादिकनित्यनैमित्तिककर्मोंकेकरणेकरिके जेक्लेशहोतेथे॥ तेसर्वक्लेश याअश्वसेवकशरीरविषे निवृत्तहोतेभये ॥और अश्वोंकेभक्षणकरणेयोग्यजेचणकादिकअन्नहैं ॥तिनोंकूंभक्षणकरिके सोसनत्कुमार अत्यंतस्थूलशरीरवालाहोताभया ॥ और सोसनत्कुमार ताअश्वसेवकशरीरविषे अत्यंतआलसीहोताभया॥यातैं ताकेसंबंधियोंनें तासनत्कुमारकूं अत्यंतआलसीदेखिके दूसरेकिसीकार्यविषय लगायानहीं॥किंतु ताअश्वशालाकेद्वारमात्रकीरक्षाकरणेवासते तासनत्कुमारकूं ताअश्वशालाकेद्वारऊपरबैठावतेभये ॥और सोसनत्कुमार तिनोंकेआज्ञाकूंमानिके ताअश्वशालाकेद्वारऊपर रात्रिदिनविषे सुखपूर्वक स्थितहोताभया ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार किसीकालकेव्यतीतहुएतैंअनंतर तामहादेवसहित साभवानीदेवी ताअश्वशालाकेसमीप आवतीभई ॥ और साभवानीदेवी तासनत्कुमारकूं तिसनीचशरीरविषे परमआनंदकूंप्राप्तहुआदेखिके प्रसन्नहोतीभई ॥ तिसतैंअनंतर साभवानीदेवी तासनत्कुमारकेप्रति याप्रकारकावचन कहतीभई ॥ हेसनत्कुमार मैं तुमारेऊपरप्रसन्नभईहूं ॥ यातैं जोतुमारेकूंइच्छाहोवे ॥ सोहमारेसेंवरमांग ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकारकावचन जभी ताभवानीदेवीनेंकहा ॥ तभी सोसनत्कुमार ताभवानीदेवीकेप्रति याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेदेवी आपनें कृपाकरिके हमारेताई जोयहशरीरदियाहै ॥ सोयहशरीर यद्यपि पूर्वब्राह्मणशरीरतैंश्रेष्ठहै ॥ तथापि याशरीरविषे विष्ठामूत्रादिकोंकेपरित्यागकरणेवासते उठिकेदूरजाणेकरिके

हमारेकूं बहुतक्लेशहोवै है ॥ यातैं आप कृपाकरिके हमारे प्रति ऐसेशरीरकीप्राप्तिकरो ॥ जिसशरीरविषे जोकदाचित् मैंबैठाहुआभी विष्ठा मूत्रकापरित्यागकरों ॥ तौभी सोविष्ठामूत्र हमारेशरीरतें दूरजाइकेपडे ॥ ताविष्ठामूत्रका हमारेशरीरकेसाथ स्पर्शहोवैनहीं ॥ ऐसेशरीर कीप्राप्तिरूपवर हमारेप्रतिदेवो ॥ हेशिष्य ॥ तासनत्कुमारनें जभी ताभवानीदेवीसें याप्रकारकावर मांग्या ॥ तभी ताभवानीदेवी पुनः क्रोधवानहोइके याप्रकारकाशापदेतीभई ॥ हेसनत्कुमार उष्ट्राशरीरविषे तेविष्ठामूत्रादिकमल शरीरतैंदूरजाइकेपडेहैं ॥ यातैं तूं ताउष्ट्रश रीरकूंप्राप्तहोवैगा ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार ताभवानीकेशापतैं अनंतर सोसनत्कुमार ताअश्वसेवक शरीरकापरित्यागकरिके राजाकेगृहविषे उष्ट्रशरीरकूंप्राप्तहोताभया ॥ तहां उष्ट्रोंकेशिक्षाकरणेहारेपुरुषों नें ताउष्ट्रकूं बहुतप्रकारकोशिक्षाकरी ॥ परंतु सोउष्ट्र किंचित्मात्रभी तिनपुरुषोंकीशिक्षाकूं नहींमानताभया ॥ तिसतैंअनंतर तेउष्ट्रोंकेशिक्षाकरणेहारेपुरुष ताउष्ट्रकूंअत्यंतआलसीजानिके वनविषेपरित्यागक रतेभये ॥ तावनविषेप्राप्तहुआसोउष्ट्र परमसुखकूंप्राप्तहोताभया ॥ काहेतें तावनविषे सोउष्ट्र करीरादिकबहुतकंटकोंकूं भक्षणकरताभया ॥ तथा श्रीगंगाजीकेमधुरजलकूंपानकरताभया ॥ और बैठाहुआही सोउष्ट्र मलमूत्रकापरित्यागकरताभया ॥ याकारणतें सोसनत्कुमारमुनि ताउष्ट्रशरीरविषे परमआनंदकूंप्राप्तहोताभया ॥ किंवा ॥ सृष्टिकेआदिकालविषे ब्रह्माने जितनैंकीपशुशरीरोंकूं उत्पन्नकन्याथा ॥तिनसर्वश रीरोंविषे याउष्ट्रशरीरकूंसुखरूपजानिके सोब्रह्मा याउष्ट्रशरीरकूं सर्वतैंप्रथम उत्पन्नकरताभयाहै यातैं यहउष्ट्रशरीर सर्वपशुशरीरोंतैंश्रेष्ठहै ॥ याप्रकार ताउष्ट्राशरीरविषे सर्वशरीरों तैं श्रेष्ठताकाविचारकरिकेभी सोसनत्कुमारमुनि ताउष्ट्रशरीरविषे परमआनंदकूंप्राप्तहोताभया ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार कितनेककालकेव्यतीतहुएतैंअनंतर तामहादेवसहित साभवानीदेवी तावनविषेआवतीभई ॥ और तासनत्कुमा रकूं ताउष्ट्रशरीरविषेभी परमआनंदकूंप्राप्तहुआदेखिके साभवानी तासनत्कुमारकेप्रति याप्रकारकावचनकहतीभई ॥ हेसनत्कुमार ॥ मैंतु म्हारेऊपरप्रसन्नभईहूं॥यातैं जोतुम्हारेकुंइच्छाहोवै सोहमारेसैंवरमांग॥हेशिष्य॥इसप्रकारके ताभवानीकेवचनकूंश्रवणकरिके सोसनत्कुमार ताभवानीकेप्रति याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेदेवी॥आपनें कृपाकरिके हमारेताईं जोयहउष्ट्रकाशरीरदियाहै ॥ इसतैंपरे कोईअधिकवर

मैं देखतानहीं ॥ याउद्रशरीरविषेही मैं कृतकृत्यहूं ॥ हेदेवो ॥ याउद्रशरीरविषे हमारेकूं वेदों तैं तथालोकों तैं भयकोप्राप्ति तथालज्जाकी प्राप्ति होतीनहीं ॥ और याउद्रशरीरविषे जोकदाचित् मैंबैठाहुआभी विष्ठामूत्रकापरित्यागकरताहूं ॥ तौभी तेविष्ठामूत्र हमारेशरीरकूंस्प र्शकरतेनहीं ॥ किंतु तेविष्ठामूत्र याहमारेशरीरतैं दूरआइकेपडेहैं ॥ हेदेवी ॥ मैंने याउद्रशरीरविषे परमसुखकाअनुभवकर्‍याहै ॥ यातैं जोकदाचित् परमेश्वर हमारेकूं आगेशरीरोंकोप्राप्तिकरै ॥ तौ याउद्रशरीरोंकोही वारंवार प्राप्तिकरै ॥ ऐसोप्रार्थना मैं परमेश्वरकेआगेक रताहूं ॥ हेदेवी ॥ याअनादिसंसारविषे मैंनेपूर्व अनेकप्रकारकेऊंचनीचशरीरोंका अनुभवकर्‍याहै ॥ परंतु याउद्रशरीरकेसमान सुखका हेतु याब्रह्मांडविषेकोईभीशरीर हमनैं देख्यानहीं॥ यातैं इसउद्रशरीरतैंपरे किसीभी वरकी मैं इच्छाकरतानहीं ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकारकेव चन जभी तासनत्कुमारनैं ताभवानीकेप्रतिकहे ॥ तभी साभवानी तासनत्कुमारकूं निष्कामदेखिके महादेवकेसाथ विचारकरिके याप्रकार कावचनकहतीभई ॥ हेसनत्कुमारमुनि सर्वकामनावों तैं रहितहोणेतैं जोतूं हमारेसैंवरनहींमांगता ॥ तौ तूं हमारेप्रति मनवांछितवरदेहु ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकारके ताभवानीकेवचनकूं श्रवणकरिके सोसनत्कुमार ताभवानीकेवचनकूं अंगीकारकरताभया ॥ तिसतैंअनंतर साभ वानी तूंहमारापुत्रहोहु याप्रकारकावर मांगतीभई ॥ तावरकूंदेके सोसनत्कुमार ताभवानीदेवीका स्कंदनामापुत्रहोताभया ॥ तिसीस्कंदकूं शास्त्रवेत्तापुरुष स्वामिकार्तिकेय यानामकरिकेकथनकरेहैं ॥ जो कामकूं आपणेवशकरै ताकूंस्कंदकहेहैं॥सोसनत्कुमार तास्कंदनामाअव तारविषेभी पूर्वकीनाईं ब्रह्मचर्यधर्मविषेही स्थितहोताभया ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार पूर्व सनत्कुमारभगवान्‌नैं नारदमुनिकेप्रति जोसुखरू पभूमाकाउपदेशकर्‍याहै ॥ सोसंपूर्णउपदेश हमनैं तुमारेप्रति कथनकर्‍या॥हेशिष्य ॥ जैसे आरुणिऋषि श्वेतकेतुपुत्रकेप्रति याआत्मादेव का सत्यरूपकरिकेउपदेशकरताभयाहै॥और जैसे सनत्कुमारभगवान् नारदमुनिकेप्रति याआत्मादेवका आनंदरूपकरिकेउपदेशकरताभ याहै॥तैसे ब्रह्मा इंद्रकेप्रति तथाविरोचनकेप्रति याआत्मादेवका जाग्रतादिकतीनअवस्थावों तैं रहितरूपकरिके उपदेशकरताभयाहै॥परंतु तिनदोनोंविषे देवराजइंद्रतौ शुद्धआहारवालाथा तथा शुद्धचित्तवालाथा तथापूर्वउक्तस्मृतिवालाथा तथाकामक्रोधादिकग्रंथियोंकेपरित्याग

करणेविषे यत्नवोलायो ॥ यातैं सोइंद्र ताब्रह्माकेउपदेशतैं जाग्रतादिकतीनअवस्थावों तैं भिन्नकरिकै ताआत्माकूं साक्षात्कारकरताभया ॥ और विरोचन निजआहारशुद्धिआदिकोंतैंरहितथा ॥ यातैं सोविरोचन जाग्रतादिकतीनअवस्थावोंतैंभिन्नकरिकै ताआत्माकूं नहींजानताभया ॥ किंतु सोविरोचन यास्थूलशरीरकूंही आत्माजानताभया ॥ हेशिष्य ॥ यात्रयोदशेअध्यायकेआदिविषे जोतुम नैं आत्माकीसुखरूपतापूछीथी ॥ सोहमनैं तुमारेप्रति विस्तारतैंकथनकरी ॥ अब जिसअर्थकेश्रवणकरणेकी तुमारेकूं इच्छाहोवै ॥ सोहमोरैंपूछ ॥ इतिश्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य स्वामिउद्धवानंदगिरिपूज्यपादशिष्येण स्वामिचिद्घनानंदगिरिणा विरचिते प्राकृताऽऽत्मपुराणे छांदोग्यसारार्थप्रकाशे सनत्कुमारनारदसंवादो नाम त्रयोदशोऽध्यायःसमाप्तः ॥ १३ ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥

इति श्रीस्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषा आत्मपुराणे त्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥

॥ इतिश्रीस्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषाआत्मपुराणेत्रयोदशोऽध्यायःसमाप्तः ॥

॥ अथ स्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतभाषाआत्मपुराणे चतुर्दशोऽध्यायप्रारंभः ॥

ॐ श्रीगणेशायनमः ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ श्रीकाशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥ श्रीशङ्कराचार्येभ्योनमः ॥ अथ चतुर्दशाऽध्यायप्रारंभः ॥ पूर्वत्रयोदशेअध्यायविषे सामवेदकेछांदोग्यउपनिषद्के सप्तमअध्यायकाअर्थ निरूपणकऱ्या ॥ अब याचतुर्दशेअध्यायविषे तिसीछांदोग्य उपनिषद्केअष्टमअध्यायकाअर्थ निरूपणकरेहैं॥तहां पूर्वत्रयोदशेअध्यायविषे ताभूमाआत्माकोसुखरूपताकूंश्रवणकरिके परमआनंदकूं प्राप्तहुआ सोशिष्य ॥ पुनः जाग्रतादिकतीनअवस्थावों तेंभिन्नरूपकरिके ताभूमाआत्माकेश्रवणकरणेकीइच्छाकरताहुआ आपणेगुरुकेप्र ति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ शिष्यउवाच ॥ हेभगवन् ॥ याआत्मपुराणके प्रथमअध्यायविषे आपनें ऋग्वेदके ऐतरेयउपनिषद् काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ ताप्रथमअध्यायविषे सनकादिकमुनियोंके तथावामदेवादिकअधिकारीजनोंकेसंवादकरिके आपनें नानाप्र कारकोब्रह्मविद्या कथनकरीथी ॥ औरहेभगवन् याआत्मपुराणके द्वितीयअध्यायविषे तथा तृतीयअध्यायविषे आपनें तिसीऋग्वेदके कौ षीतकीउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ तहां याआत्मपुराणकेद्वितीयअध्यायविषे देवराजइंद्रके तथाप्रतर्दनराजाके संवादकरिके आपनें नानाप्रकारकीब्रह्मविद्याकथनकरीथी॥और याआत्मपुराणकेतृतीयअध्यायविषे राजाअजातशत्रुकेतथाबालाकीब्राह्मणकेसंवादकरि के आपनें नानाप्रकारकीब्रह्मविद्या कथनकरीथी॥औरहेभगवन्॥याआत्मपुराणके चतुर्थ पंचम षष्ठ सप्तम याचारिअध्यायोंविषे आपनें यजु र्वेदकेबृहदारण्यकउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा॥तहां याआत्मपुराणके चतुर्थअध्यायविषे आपनें प्रथम एकस्त्रीवंश दोपुरुषवंश यहती नप्रकारकाऋषियोंकावंश कथनकऱ्याथा ॥ और दध्यङ्अथर्वणऋषिनें जाब्रह्मविद्या देवराजइंद्रकेप्रति तथाअश्विनीकुमारोंकेप्रति उपदे शकरीथी॥साब्रह्मविद्याभी आपनें कथनकरीथी॥तथा तादध्यङ्ऋषिका देवराजइंद्रतेंमरणभी आपनें कथनकऱ्याथा ॥ तथातादध्यङ्ऋषि के क्षमादिकगुणोंकाभी आपनें कथनकऱ्याथा॥इसतेंआदिलेकेअनेकप्रकारकोवार्त्ता ताचतुर्थअध्यायविषे आपनें कथनकरीथी॥औरहेभग वन्॥याआत्मपुराणकेपंचमेंअध्यायविषे जनकराजाकोयज्ञसभाविषे याज्ञवल्क्यमुनिके तथाआश्वलादिकब्राह्मणोंके संवादकरिके आपनें ना नाप्रकारकीब्रह्मविद्या कथनकरीथी॥तथा याज्ञवल्क्यमुनिकेशापकरिके शाकल्यब्राह्मणकामृत्युकथनकऱ्याथा॥और हेभगवन् याआत्मपुरा

णकेषष्ठेअध्यायविषे याज्ञवल्क्यमुनिके तथाजनकराजाके दोबारसंवादकरिकै आपणे नानाप्रकारकीब्रह्मविद्या कथनकरीथी ॥ जाब्रह्मवि
द्या सूर्यभगवान् याज्ञवल्क्यमुनिकेप्रति देताभयाहै ॥ और हेभगवन् याआत्मपुराणकेसप्तमअध्यायविषे याज्ञवल्क्यमुनिके तथा मैत्रेयी
स्त्रीके संवादकरिके आपनें नानाप्रकारकीब्रह्मविद्या कथनकरीथी ॥ तथा याज्ञवल्क्यमुनिकेसंन्यासआश्रमका कथनकऱ्याथा ॥ और हेभ
गवन् याआत्मपुराणके अष्टमेअध्यायविषे आपनें तिसीयजुर्वेदके श्वेताश्वतरउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ ताअष्टमअध्यायविषे
श्वेताश्वतरमुनिके तथासंन्यासियोंके संवादकरिकै आपनें याजगत्केकारणका निरूपणकऱ्याथा ॥ और हेभगवन् याआत्मपुराण
केनवमअध्यायविषे आपनैंतिसीयजुर्वेदके कठवल्लीउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ तानवमअध्यायविषे आपनें यहवार्त्ता कथन
करीथी ॥ नचिकेता पिताकेवचनकूंसत्यकरणेवासते यमलोकविषेजाताभया तहां सोनचिकेता तायमराजातें पिताकीप्रसन्नता अग्निवि
द्या आत्मज्ञान यहतीनवरलेताभया ॥ तावरकेप्रभावतें सोनचिकेता तायमराजाकेमुखतें वैराग्यादिकसाधनोंसहित आत्मज्ञानकूंश्रवण
करताभया ॥ और हेभगवन् ॥ याआत्मपुराणकेदशमेंअध्यायविषे आपनें तिसीयजुर्वेदके तैत्तिरीयकउपनिषद्का तथानारायणीयउपनि
षद्का अर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ तादशमअध्यायविषे आपनें वरुणपिताके तथाभृगुपुत्रके संवादकरिकै ब्रह्मकास्वरूपलक्षण तथा तटस्थ
लक्षण निरूपणकऱ्याथा ॥ तथा अन्नमयादिकपंचकोशोंतैंभिन्नकरिकै ताब्रह्मकास्वरूप वर्णनकऱ्याथा ॥ तथा वेननामागंधर्वका सर्वात्म
भावरूपअनुभव आपनें कथनकऱ्याथा ॥ तथा सत्यादिकसाधनोंकानिरूपणकरिकै तिनसर्वसाधनोंतैं संन्यासआश्रमकीअधिकता वर्णन
करीथी॥और हेभगवन्॥याआत्मपुराणकेएकादशेअध्यायविषे आपनें जाबालादिएकादशउपनिषदोंकाअर्थ निरूपणकऱ्याथा॥ताएकादशे
अध्यायविषेआपनें यहवार्त्ता कथनकरीथी॥पूर्वसंवर्तकादिकमहान्पुरुष तापरमहंससंन्यासकूंधारणकरतेभये हैं॥और तापरमहंससंन्यासके
प्राप्तिकाएकवैराग्यहीकारणहै॥और तावैराग्यकीप्राप्ति गर्भदुःखोंकेविचारतैंहोवे है॥तथा मरणकेज्ञानतैंहोवे है॥तथा अष्टांगयोगतैंहोवे है ॥
और सोवैराग्यवान्पुरुषही तासंन्यासकाअधिकारीहै ॥ और तापरमहंससंन्यासीका बाह्यअंतरभेदकरिकै दोप्रकारकाआचारहोवे है ॥

तहां दंडकमंडलुभिक्षाआदिक बाह्यआचारहोवे है ॥और शमदमादिक अंतरआचारहोवे है ॥ तहां मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकेअभेदज्ञानका तो सोशमदमादिरूपअंतरआचारहो मुख्यकारणहै ॥ सोब्रह्मज्ञानभी आपनें ब्रह्मउपनिषदादिकोंविषेकथनकऱ्याथा ॥ इत्यादिकसर्ववार्त्ता आपनें ताएकादशेअध्यायविषेवर्णनकरीथी ॥ और हेभगवन् याआत्मपुराणकेद्वादशेअध्यायविषे आपनेंसामवेदकेछांदोग्यउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा॥ ताद्वादशेअध्यायविषे उद्दालकमुनिके तथाश्वेतकेतुके संवादकरिके आपनें नानाप्रकारकीब्रह्मविद्या कथनकरीथी ॥ और हेभगवन् ॥ याआत्मपुराणके त्रयोदशेअध्यायविषे आपनें तिसीछांदोग्यउपनिषद्काअर्थ निरूपणकऱ्याथा ॥ तात्रयोदशेअध्यायविषे आपनें सनत्कुमारके तथानारदके संवादकरिके नानाप्रकारकीब्रह्मविद्या कथनकरीथी॥हेभगवन् तात्रयोदशेअध्यायविषे आपनें यहवार्त्ता कथनकरीथी ॥ प्रजापतिब्रह्मा इंद्रकेप्रति तथाविरोचनकेप्रति तीनअवस्थातेंरहितभूमाआत्माका उपदेशकरताभया ॥ तिनदोनोंविषे इंद्रतो ताभूमाआत्माकूंजानताभया ॥ और विरोचन ताभूमाआत्माकूं नहींजानताभया हेभगवन् ॥ याप्रकारकेविचित्रआख्यानकूं मैं आपकेमुखतेंश्रवणकरणेकोइच्छाकरताहूं ॥ आप कृपाकरिके हमारेप्रति सोसर्ववृत्तांत कथनकरो ॥इसप्रकार ताश्रद्धावान्शिष्यकरिके पूछाहुआ सोश्रीगुरु ताशिष्यकेप्रति छांदोग्यउपनिषद्के अष्टमअध्यायविषेकथनकरीहुईकथाकूं कहताभया॥ श्रीगुरुरुवाच ॥ हेशिष्य॥ जोब्रह्मा इंद्रकेप्रति तथाविरोचनकेप्रति ब्रह्मविद्याकाउपदेशकरताभयाहै ॥ सोब्रह्मा सर्वदा जिसब्रह्मलोकविषे निवासकरे है ॥ सोब्रह्मलोक कैसाहै ॥ अत्यंतविस्तारवालाहै ॥ तथा सर्वदुःखोंकूंनाशकरणेहाराहै ॥तथा जोब्रह्मलोक शुद्धअंतःकरणवालेसंन्यासियोंकूं अर्चिरादिकमार्गकरिके प्राप्तहोणेयोग्यहै ॥ तथाभृगुआदिकप्रजापतियोंके जेमहरादिकलोकहैं ॥ तिनसर्वलोकोंतें सोब्रह्मलोक ऊपरस्थितहै ॥ और ताब्रह्मलोकविषे ऐरंमदीयनामा एकमहान्सरोवरहै ॥ सोसरोवर अनेकप्रकारकेकमलोंकरिकेशोभायमान्है ॥ तथा तीनतापोंकीनिवृत्तिकरणेहाराहै ॥ तथा उपासनाकेबलतें अल्पफलकेदेणेहारेपुण्यपापकर्मोंकेक्षयहुएतेंअनंतर याउपासकपुरुषोंकूं तासरोवरकीप्राप्तिहोवे है ॥ और सोसरोवर इरानामाअन्नकारसरूपहै ॥ तथा मदकाहेतुहै याकारणतेंशास्त्रवेत्तापुरुष तासरोवरकूं ऐरंमदीय यानामकरिकेकथ

नकरे हैं ॥ ओर जिसब्रह्मलोकविषे अश्वत्थवृक्षकेआकार एकसोमसवननामा कल्पद्रुमरहेहे ॥ सोकल्पवृक्ष माताकीनाई सर्वभूतप्राणियोंकूं मनवांछितपदार्थोंकीप्राप्तिकरे है ॥ तावृक्षतैं सर्वदा अमृतस्रवैहै ॥ याकारणतैं शास्त्रवेत्तापुरुष तावृक्षकूं सोमसवन यानामकरिकेकथनकरे हैं॥ ओर जिसब्रह्मलोकविषे एक अरनामा तलावरहेहे ॥ ओर दूसरा ण्यनामा तलावरहेहे ॥कैसेहैंतेदोनोंतलाव ॥ समुद्रकेतुल्य विस्तारवालेहैं ॥ तथा दुग्ध दधि घृत यातीनोंकरिकेपूर्ण हैं ॥ ओर जैसे राजाकेभृत्य राजाकेपुत्रकूं आदरपूर्वक राजदरबारविषेलेजावे हैं ॥ तैसे विद्युतलोकविषेप्राप्तहुए उपासकपुरुषकूं अमानवपुरुष ताविद्युतलोकतैं जिसब्रह्मलोकविषेलेजावे हैं ॥ ओर जिसब्रह्मलोकविषेप्राप्तहुए उपासकपुरुषकेप्रति ब्रह्माकरिकेप्रेरणाकरीहुई पंच शत ५०० अप्सरा सन्मुखआवे हैं ॥ कैसीहैंतेअप्सरा ॥ सूर्यकेसमान तेजवालीहैं ॥ तथा षोडशवर्षकीअवस्थावालीहैं ॥ तथा रूपयौवनकरिकेसंपन्नहैं ॥ तथा तुर्यादिकवादित्रोंके मधुरशब्दकरिकेशोभायमानहैं ॥ तथा ताउपासकपुरुषकेदेखणेकीहैउत्कंठाजिनोंकूं ॥ तथा ताउपासकपुरुषकेशरीरकूं ब्रह्माकेसमान अलंकारोंकरिके शोभायमानकरणेहारीहैं ॥ जिनअप्सरावोंकूं श्रुतिविषे अंबा अंबायवीय यादोनामोंकरिकेकथनकर्‍याहे ॥ ऐसीपंचशतअप्सरा ताउपासकपुरुषकेसमीपआवे है ॥ तिनपंचशतअप्सरावोंविषेभी एकशत १०० अप्सरातो ताउपासकपुरुषकेपहरावणेवासते नानाप्रकारकेसुगंधवालेपुष्पोंकीमालावोंकूं आपणेहस्तविषेलेआवेहैं ॥ ओर एकशत १०० अप्सरातो ताउपासकपुरुषकेलगावणेवासते नानाप्रकारकेअंजनोंकूं आपणेहस्तविषेलेआवे हैं॥ओर एकशत १०० अपसरातो ताउपासकपुरुषकेलगावणेवासते नानाप्रकारकेचूर्णोंकूं आपणेहस्तविषेलेआवे हैं ॥ ओर एकशत १०० अप्सरातो ताउपासकपुरुषकेपहरावणेवासते नानाप्रकारकेवस्त्रोंकूं आपणेहस्तविषेलेआवे हैं ॥ ओर एकशत १०० अप्सरातो ताउपासकपुरुषकेपहरावणेवासते नानाप्रकारकेभूषणोंकूं आपणेहस्तविषेलेआवे हैं ॥ इहां शरीरकेचाकचिक्यकाहेतु जेसुगंधिवालेतेलादिकहैंतिनोंकानाम अंजनहै ॥ ओर शरीरकेमर्दनकरणेयोग्य जेसुगंधिवाले केईकपदार्थ हैं तिनोंकानाम चूर्ण है ॥ इत्यादिकअनेकपदार्थोंकूं आपणेहस्तविषेलेके तेअप्सरा ताउपासकपुरुषकेसमीपआवे हैं ॥ ओर जिसब्रह्मलोकविषे एकआरनामाह्रदरहेहे ॥ तथा

एकदुस्तरविरजानामा नदीरहेहै ॥ ताआरनामाह्रदके तथाविरजानामानदीके मध्यविषे येष्टिहनामा मुहूर्तोंकेअभिमानीदेवतारहेहैं ॥ तिन देवतावोंकूं सोउपासकपुरुष आपणेविवेकयुक्तमनकरिके दूरभगा इदेवे हैं ॥ ओर ताब्रह्मलोकविषे यहउपासकपुरुष जभी ताह्रदनदीकूंत रिके इल्यनामावृक्षकेसमीपजावेहै ॥ तभी ताउपासकपुरुषकूं ब्रह्माकेग्रहणकरणेयोग्य दिव्यगंध प्राप्तहोवे है ॥ ओर ताब्रह्मलोकविषे यह उपासकपुरुष जभी सालजन्यनामा संस्थानकूंप्राप्तहोवे है ॥ तभी ताउपासकपुरुषकूं ब्रह्माकेग्रहणकरणेयोग्य दिव्यरस प्राप्तहोवे हैं ॥ ओर ताब्रह्मलोकविषे यहउपासकपुरुष जभी अपराजितनामा आयतनकेसमीपजावे है ॥ तभी ताउपासकपुरुषकूं नानाप्रकारकेदिव्यरूप प्राप्तहोवे हैं ॥ तथा ताउपासकपुरुषविषे ब्रह्माकातेज प्रवेशकरे है ॥ ओर तिसब्रह्मलोकविषे महान्तेजवाले इंद्र तथाप्रजापति यहदोनों द्वारपालहैं ॥ तेदोनोंद्वारपाल ताउपासकपुरुषकूं ब्रह्माकेतेजयुक्तदेखिक भययुक्तपुरुषकीन्याई शीघ्रही भीतरजाणेकेमार्गकीप्राप्तिकरे हैं ॥ ओर ताब्रह्मलोकविषे एकहिरण्यमयनामा ब्रह्माकाप्रासादहै ॥कैसाहैसोप्रासाद ॥ महान्विस्तारवालाहै ॥ तथा अनेकप्रकारकेरत्नोंकरिके जडितहै ॥ तथा सभास्थानकरिकेयुक्तहै ॥ ओर ताब्रह्माकेप्रासादविषे विचक्षणानामा बुद्धिरूपवेदिकाहै ॥ कैसीहैसाबुद्धिरूपवेदिका ॥ सर्वशुभलक्षणोंकरिकेसंपन्नहै॥तथा सर्वजगत्काकारणहै ॥ ओर ताब्रह्मारूपवेदिकाविषे एक अमितौजसनामा प्राणरूपपर्यंकस्थितहै ॥ जिसप्राणकूं वाजसनेयशाखावालेब्राह्मण उद्गातारूपकरिकेउपासनाकरेहैं ॥ ओर छांदोग्यशाखावालेब्राह्मण ताप्राणकूं उद्गीथरूपक रिके उपासनाकरे हैं ॥ कैसाहैसोप्राणरूपपर्यंक ॥ जिसपर्यंकके पूर्वदिशाकीतरफकेदोपादतौभूतभविष्यत्जगत्रूपहैं ॥ ओर लक्ष्मी पृथ्वी यहदोनों तापर्यंकके पश्चिमदिशाकी तरफकेदोपादहैं ॥ ओर बृहत्साम रथंतरसाम यहदोप्रकारकासामवेद तापर्यंकके दक्षिण उत्तरदिशाकेतरफकी दीर्घकाष्ठमयदोपटिकाहैं॥ओर भद्रसाम तथायज्ञायज्ञीयसाम यहदोप्रकारकासामवेद तापर्यंकके पूर्वपश्चिमदिशाके तरफकी अल्पकाष्ठमयदोपटिकाहैं ॥ ओर मंत्ररूपऋग्वेद तथामंत्ररूपसामवेद यहदोनों तापर्यंकके पूर्वपश्चिमदिशाकेतरफकी दीर्घ सूत्रमयपटियां हैं ॥ ओर मंत्ररूपयजुर्वेद तापर्यंकके दक्षिणउत्तरदिशाकेतरफकी अल्पसूत्रमयपटियां हैं ॥ जिनसूत्रमयपटियोंकूं

लोकविषे नवारकहे हैं ॥ और जिसपर्यंकका चंद्रमाकीकिरणमय उपस्तरणहे ॥ जिसउपस्तरणकूं लोकविषे गादलाकहे हैं ॥ और उद्गी
थनामासामवेद ताउपस्तरणकेऊपरविछावणेयोग्य श्वेतवस्त्ररूपहे ॥ और लक्ष्मी तापर्यंककासिराणाहे ॥ ऐसेप्राणरूपपर्यंकविषे जोब्रह्मा
सर्वदा विराजमानहे ॥ कैसाहेसोहिरण्यगर्भरूपब्रह्मा ॥ जगत्रूपपटकरिकेआवृतहे ॥ तथा जाहिरण्यगर्भकाशरीर पृथिवीआदिकपं
चभूतोंकरिकेपुष्टहुआहे ॥ तथा जोहिरण्यगर्भ सर्वजीवोंकासमष्टिरूपहे ॥ और श्रुतिविषे अंबया याशब्दकरिकेकथनकरीजे उपासनारूप
नदियां हैं ॥तिननदियोंकेनीरकूं जोब्रह्मा सर्वदा पानकरेहे ॥ और ताब्रह्माकी दोप्रियस्त्री हैं ॥ तहांएकतो प्रतिरूपानामाप्रियाहे ॥ कैसीहे
साप्रतिरूपानामाप्रिया ॥ समष्टिरूपतेजकेपुंजकूं आपणेअभिमानकाविषयकरिके विराजमानहे ॥ तथा सर्वचक्षुइंद्रियोंका उपादानका
रणरूपहे और ताब्रह्माकी दूसरीप्रिया मानसीनामाहे ॥ जामानसीप्रिया सरस्वतीरूपकरिकेप्रसिद्धहे ॥ ऐसीदोपत्नियोंसहित सोब्रह्मा
तासभाविषेस्थितहोवेहे ॥ कैसाहेसोब्रह्मा ॥ इंद्रादिकसर्व देवतावोंकादेवताहे ॥ और सर्वब्रह्मांडविषे व्यासहैं विभूतियांजिनोंकी ऐसेजे
इंद्रादिकदेवताहैं ॥ तिनसर्व देवतावोंकरिके जोब्रह्मा उपासनाकरणेयोग्यहे ॥ ऐसाप्रजापतिब्रह्मा सर्वभूतोंकेहितकोइच्छाकरताहुआ तिनस
र्वभूतोंकूंसुखकीप्राप्तिकरणेवासते किसीप्रसंगपाइकेतासभाविषे याप्रकारकावचनकहताभया ॥ जोवस्तुअत्यंतदुर्लक्ष्यत्वरूपकरिकेकथ
नकऱ्याहे ॥ तथा जोवस्तु भूमारूपकरिकेवर्णनकऱ्याहे ॥ तथा जोवस्तु सर्वदेहधारीजीवोंकूं प्रत्यक्रूपकरिकेप्रसिद्धहे ॥ सोवस्तु सर्वअ
नात्मपदार्थोंतें निरतिशयप्रीतिकाविषयहे ॥ याकारणतें तावस्तुकूं आत्मा याशब्दकरिकेकथनकरेहे ॥ तथा ताआत्मवस्तुकूं अहंकारा
दिकोंतेंपरे कथनकरे हैं॥ और अनित्यफलकोप्राप्तिकरणेहाराजोकर्म हे ॥ ताकर्मकानाम पाप्माहे ॥तापाप्मानामा कर्मोंकाआश्रयभूतजो
यहस्थूलसूक्ष्मशरीरहे ॥ तिनदोनोंशरीरोंकेसंगतें सोआत्मादेव रहितहे ॥ याकारणतें ताआत्मादेवकूं अपहतपाप्मा यानामकरिकेकथन
करेहे॥और सोआत्मादेव जरा मरण शोक मोह क्षुधा पिपासा याषट्ऊर्मियोंतेंरहितहे ॥ काहेतें जरा मरण जन्म इत्यादिक यास्थूलशरी
रकेधर्म हैं॥ और शोक मोह राग इत्यादिक मनकेधर्म हैं॥ और क्षुधा पिपासा यहदोनों प्राणकेधर्म हैं ॥तिनजरामरणादिकधर्मोंविषे कोई

भी आत्माकाधर्मनहीं है ॥ याकारणतें ताआत्मादेवकूं श्रुतिभगवती विजर विमृत्यु विशोक विजिघत्स अपिपास इत्यादिकनामोंक रिकेकथनकरेहै॥और ताआत्मादेवका इच्छारूपकाम सत्यहै ॥ तथा ज्ञानरूपसंकल्प सत्यहै ॥ याकारणतें श्रुतिभगवती ताआत्मादेवकूं सत्यकाम सत्यसंकल्प यानामकरिकेकथनकरे है॥काहेतें देह मन प्राण यातीनोंकेअध्यासरूपसंबंधतें याआत्मादेवकूं जन्ममरणादिकसं सारकीप्राप्तिहोवैहै॥तासंसारकालविषे यहआत्मादेव जितनीकोइच्छारूपकामनाकरेहै॥तथा जितनैंकोज्ञानरूपसंकल्पकरे है॥तेसंपूर्ण कामना तथासंकल्प बाधितअर्थविषयकहोणेतें मिथ्याहोहोवे हैं ॥ और आत्मज्ञानकरिके जभी तिनदेहमनप्राणादिकोंकाबाधहोवे है ॥ तभी तेइच्छासंकल्पादिक प्रथमतो उत्पन्नहीनहींहोवे हैं ॥ और ताज्ञानअवस्थाविषे जोकदाचित् बाधितानुवृत्तिकरिके तेइच्छादिक उत्पन्नभी होवे हैं ॥ तोभी तेइच्छादिक मिथ्याहोवैंनहीं॥काहेतें ताज्ञानकालविषे सोविद्वान्पुरुष ताइच्छासंकल्पादिकसर्वजगत्कूं आत्ममात्ररूपक रिकेहीअनुसंधानकरे है॥ अधिष्ठानआत्मातेंभिन्नरूपकरिके तिनइच्छादिकोंकूंदेखेनहीं॥और तेइच्छासंकल्पादिक आपणीउत्पत्तितेंपूर्वभी सत्मात्ररूपही हैं॥याकारणतें ताआत्मादेवके इच्छासंकल्पादिकसत्यरूपहैं ॥ और सोआत्मादेव यासंसारकेसर्वपदार्थोंतेंरहितहै॥तथा बुद्धिआदिकोंतेंविलक्षणहै॥ऐसाआत्मादेव याअधिकारीपुरुषोंकूं अवश्यजानणेयोग्यहै॥ताआत्माकेजानणेकायहप्रकारहै॥यहअधिकारीपुरुष प्रथम ब्रह्मचर्यादिकसाधनसंपन्नहोइके ब्रह्मवेत्तागुरुकेसमीपजावे ॥ तिसतेंअनंतर प्रमाणगतअसंभावनाकीनिवृत्तिकरणेवासते सोअधिकारी पुरुषताब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतें वेदांतवचनोंकूंश्रवणकरे॥तिसतेंअनंतर प्रमेयगतअसंभावनाकीनिवृत्तिकरणेवासते यहअधिकारीपुरुष तिनवेदांतवचनोंकेअर्थकामननकरे ॥ तिसतेंअनंतर विपरीतभावनाकीनिवृत्तिकरणेवासतें यहअधिकारीपुरुष तामननकरेहुएअर्थविषे चित्तके वृत्तियोंकाप्रवाहरूप निदिध्यासनकूंकरे ॥ इहांवेदांतशास्त्र जीवब्रह्मकेअभेदकाप्रतिपादकहै अथवा भेदकाप्रतिपादकहै याप्रकारकेसंशय कानाम प्रमाणगतअसंभावनाहै॥और यहप्रत्यक्आत्मा ब्रह्मतेंअभिन्नहै अथवा भिन्नहै इत्यादिकसंशयोंकानाम प्रमेयगतअसंभावनाहै॥और परिपूर्णआत्माकूंपरिच्छिन्नजानणा इत्यादिकोंकानाम विपरीतभावनाहै ॥ इसप्रकार जोअधिकारीपुरुष श्रवणादिकसाधनोंकरिके

तिसआत्मादेवकूंसाक्षात्कारकरेहै ॥ सोविद्वान्पुरुष सर्वात्मभावकीप्राप्तिकरिकै सर्वभेदतैंरहितहुआ भूरादिकसर्वलोकोंकूंप्राप्तहोवे है ॥तथा तिनभूरादिकलोकोंविषेवर्त्तमान सर्वभोगोंकूंप्राप्तहोवे है ॥ काहेतैं सोविद्वान्पुरुष तिनसर्वलोकोंकूं तथातिनसर्वभोग्यपदार्थोंकूं आपणाआत्मारूपकरिकेजाने है ॥ यासर्वात्मज्ञानही तिनसर्वपदार्थोंकीप्राप्तिहै ॥ हेशिष्य॥इसप्रकारकावचन जभी ताप्रजापतिब्रह्मानैं सभाविषेस्थितहोइके कथनकर्‍या॥तभी ताब्रह्माकेवचनकूं देवता तथा असुर दोनों श्रवणकरतेभये ॥ शंका ॥ हेभगवन् ॥ आपणेआपणेलोकविषेस्थित जेदेवताहैं तथाअसुरहैं॥तेदेवता तथा असुर ताब्रह्माकेवचनकूं किसप्रकार श्रवणकरतेभये ॥ समाधान ॥ हेशिष्य ॥ ताब्रह्माकीसभाविषेताब्रह्माके वामभागकीतरफ तथादक्षिणभागकीतरफ अनेकसहस्रदेवता तथाअसुर रहेहैं ॥ तहां असुर देवतावों तैंज्येष्ठहैं॥यातैं तेअसुर ताब्रह्माकेदक्षिणहस्तकीतरफरहे हैं ॥ और देवता तिनअसुरोंतैंकनिष्ठहैं॥यातैं तेदेवता ताब्रह्माके वामहस्तकीतरफरहेहैं ॥ तहांश्रुति ॥ द्वयाहवेप्राजापत्याज्यायांसोऽसुराःकनीयांसोदेवाः॥अर्थयह॥असुर तथादेवता दोनों प्रजापतितैंउत्पन्नहुएहैं॥तिनोंविषे असुरतो ज्येष्ठहैं ॥ और देवता कनिष्ठहैं ॥ १ ॥ कैसेहैंतेदेवता तथा असुर ॥ अत्यंतउग्रतेजवालेब्रह्माविषे जिनोंकेनेत्रोंकीदृष्टिलागीहै ॥ तथा परस्परविरोधकरिकेयुक्तहैं ॥ याकारणतैं ताब्रह्मकीसभाविषे तेदेवतातो असुरोंकूंनहींदेखते ॥ और तेअसुर देवताओंकूंनहीं देखते॥हेशिष्य ॥ इसप्रकार जभी ताब्रह्माकीसभाविषे ताब्रह्माकेमुखतैं मोक्षकेसाधनकूंप्रकाशकरणेहारेवचन निकसे ॥ तभीतिनब्रह्माकेवचनोंकूं तेसभावासी देवता तथाअसुर श्रवणकरतेभये ॥ तिसतैंअनंतर तेदेवतातोतीनलोकवर्तिसर्वदेवताओंकेप्रति सावार्त्ता कहतेभये ॥ और तेअसुरतो तीनलोकवर्तिसर्वअसुरोंकेप्रति सावार्त्ता कहतेभये ॥ तहां सर्व देवताओंकाराजाइंद्र तावार्त्ताकूंश्रवणकरिके आपणे सर्वदेवताओंकेप्रति याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेदेवताओ ॥ ब्रह्माकेमुखतैं जोयहवार्त्ता निकसीहै ॥ तावार्त्ताकूं हमारेशत्रुअसुर जैसे नहींजानिसके ॥ ऐसाकोईप्रयत्न तुमोंनैं करणा ॥ इसप्रकार सोसर्वअसुरोंकाराजाविरोचनभी तावार्त्ताकूंश्रवणकरिके आपणेसर्वअसुरोंकेप्रति याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेसर्वअसुरो ॥ ब्रह्माकेमुखतैं जोयहवार्त्ता निकसीहै ॥ तावार्त्ताकूं हमारेशत्रुदेवता जैसे नहींजानिसकें ॥ ऐसा

कोईप्रयत्न तुम्हनैंकरणा ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार सोइंद्र तथाविरोचन आपणेआपणेअनुचरोंकेप्रति तावार्त्ताकेप्रगटकरणेका निवारणकर तेभये ॥ तिसतैंअनंतर देवराजइंद्रतो आपणेदेवताओंकेसाथ तथाविरोचन आपणेअसुरोंकेसाथ याप्रकारकामंत्र करताभया ॥ हेबुद्धिमान् अनुचरो ॥ जिसआत्माकेज्ञानतैं हम विनाहीप्रयत्नतैं सर्वलोकोंकूंप्राप्तहोवैं ॥ तथा तिनसर्वलोकवर्तिभोग्यपदार्थोंकूंप्राप्तहोवैं ॥ ऐसाआत्मा काज्ञान हमारेकूं अवश्यकरिकेसंपादनकरणेयोग्यहै ॥ परन्तु आत्मज्ञानकीप्राप्तिवासतै जोकदाचित् हमसर्व आपणेराज्यकापरित्याग करिके ताब्रह्माकेसभाविषेजावैंगे ॥ तोहमारेछिद्रोंकूंसर्वदादेखणेहारे जोहमारेशत्रुहैं॥तेहमारेशत्रु याहमारेत्रिलोकीकेराज्यकूं आइकेआपणेव शकरिलेवैंगे ॥ यातैं जैसे कोईपुरुष आपणेमूलधनकीवृद्धिकरणेवासतै किसीव्यापारविषेप्रवृत्तहोवै ॥ और ताव्यापारविषे तापुरुषका सोमूलधनभीनष्टहोइजावै ॥ तैसे याप्रकारकान्याय हमारेविषेभीप्राप्तहोवेगा ॥ यातैं आपणेराज्यकापरित्यागकरिके हमसर्वोंकूं ताब्रह्मलोक विषे जाणायोग्यनहीं है ॥ किंतु हमसर्वोंविषे कोईएक बुद्धिमान्पुरुष ताब्रह्मलोकविषेजावै ॥ जोबुद्धिमान्पुरुष ताब्रह्मातैं आत्मज्ञानकाउ पदेशलेके हमसर्वोंकेप्रति गुरुरूपहोइके ताआत्मज्ञानकाउपदेशकरै ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार तेदेवता तथाअसुर आपणेआपणेविषे परस्प रमंत्रकरिके तिनदेवताओंविषेतो देवराजइंद्र निकसताभया ॥ और तिनअसुरोंविषे विरोचनराजा निकसताभया ॥ सोदेवराजइंद्र तथा विरोचनराजा दोनों कैसे हैं ॥ बलबुद्धिआदिकगुणोंकरिकेयुक्तहैं ॥ तथाधैर्यवान्हैं ॥ तथा सर्वलोकविषेयशवाले हैं ॥ तथा दोनों ब्रह्मविद्याकेप्राप्तिकीइच्छावालेहैं ॥ तथा दोनों अत्यन्तअभिमानयुक्तहैं ॥ तथा तेदोनों परस्पर जीतणेकीइच्छावालेहैं ॥ ऐसे इंद्र तथा विरोचन दोनों समिधआदिकपदार्थोंकूंहस्तविषेग्रहणकरिके एकहीकालविषे षट्कुटीप्रभातन्यायकीरीतिसैं ताब्रह्माकेसमीपजातेभये ॥ ताषट्कुटीप्रभातन्यायका यहअर्थ है ॥ नदीकेतीरविषे स्थितजाकुटीहै ॥ जिसकुटीविषेस्थितहोइके राजाकेभृत्य लोकों तैं अन्नादिक पदार्थोंकामहसूललेवै हैं ॥ ताकुटीकानाम षट्कुटीहै ॥ ताषट्कुटीविषेस्थितराजाकेभृत्योंकेप्रति महसूलदियेतैंविनाही आपणेदेशविषे जाणेकीइच्छाकरतेहुए कोईकवणिक्पुरुष ताकुटीकेमार्गकापरित्यागकरिके किसीदूसरेमार्गविषे रात्रिकूंचलतेभये ॥ तिनवणिक्पु

रुषोंकूं देवयोगतें तामार्गकाविभ्रमहोइके तिसीषट्कुटीकेसमीपआइके प्रभासहोताभया ॥ याकानाम षट्कुटीप्रभातन्यायहै ॥ ताषट्कुटी
प्रभातन्यायकीरीतिसें सोदेवराजइंद्र तथाअसुरोंकाराजाविरोचन दोनों एकहीकालविषे ताब्रह्माकेसमीपआवतेभये ॥ और यहवार्त्ताहमारे
शत्रु नहींजानें याप्रकारकोजाइच्छा तिनोंनें करोथी॥सातिनोंकीइच्छा पूर्णनहींहोतीभई॥हेशिष्य॥सोइंद्र तथाविरोचन दोनों आपणेआपणे
कार्यकोसिद्धिकरणेविषे अत्यंतबुद्धिमान्थे ॥ यातें अंतरविषेपरस्परशत्रुभाववालतेहुएभी बाहरसें आपणेभ्राताकीन्याईं परस्परस्नेहकरते
भये ॥ और तेइंद्रविरोचनदोनों ब्रह्मविद्याकीप्राप्तिवासते ताब्रह्माकेपादोंऊपर दंडवत्प्रणामकरिके ताब्रह्माकेप्रति ताब्रह्मविद्याकाप्रश्न
करतेभये ॥और सर्वभूतप्राणियों तें पूर्वउत्पन्नभयेजेमनुआदिकहैं॥तिनमनुआदिकों तें भीपूर्वउत्पन्नभया जोचतुर्मुखब्रह्माहै ॥ सोब्रह्मा ति
नदोनोंकेअंतरकेसर्वअभिप्रायकूंजानिके तिनदोनोंकेगर्वादिकदोषोंकीनिवृत्तिकरणेवासते बतीस३२वर्षपर्यंत किसीकार्यांतरविषे संलग्नपु
रुषकीन्याईं स्थितहोताभया ॥ और सोब्रह्मा तिनदोनोंकेवचनोंकूंश्रवणकरताहुआभी नहींश्रवणकरतेकीन्याईं स्थितहोताभया ॥ हेशि
ष्य ॥ इसप्रकार ताब्रह्मानेंकन्याजो उपेक्षारूपनिरादर तानिरादरकूंप्राप्तहुए तथासर्वभोगोंतेंरहितहुए तेइंद्रविरोचनदोनों ताब्रह्माकेसमीप
स्थितहोतेभए ॥ जैसे यालोकविषे महाराजाकेस्नेहकापात्रभूत जोकोईपुरुषहै ॥ तिसपुरुषके किसीमहान्अपराधकूंदेखिके जभी सोमहा
राजा तापुरुषकीउपेक्षाकरिदेवे है ॥ तभी सोदोषवानपुरुष ताउपेक्षारूपनिरादरकूंप्राप्तहुआ तथासर्वभोगोंतेंरहितहुआ तथाताराजाकेमुख
कूंसर्वदादेखताहुआ महान्ग्लानिपूर्वक ताराजाकेसमीपनिवासकरैहै ॥ तिसीप्रकार तेइंद्रविरोचनदोनों ताब्रह्माकेसमीप निवासकरते
भये ॥ हेशिष्य ॥ सायंकालविषे तथाप्रातःकालविषे करणेयोग्यजेभोजनादिकहैं॥तेभोजनादिकक्रियाभी तिनदोनोंको नियमपूर्वक नहीं
होतीभई ॥ जभी भोजनादिकभी तिनदोनोंकूं नियमपूर्वक नहींप्राप्तहोतेभये ॥ तभी स्त्रीसंभोगादिकोंकेप्राप्तिकीक्याआशाहै ॥
हेशिष्य ॥ इसप्रकार तेइंद्रविरोचनदोनों बत्तीसवर्षपर्यंत ब्रह्मचर्यधर्मकूंपालनकरतेभये ॥ तथा यहब्रह्माकभीहमारेऊपरअनुग्रहकरैगा याप्र
कारकीइच्छाकरिके सर्वदा ताब्रह्माकेमुखकीतरफदेखतेभये ॥तिनबत्तीसवर्षोंकेव्यतीतहुएतेअनंतर सोब्रह्मा तिनदोनोंकेमुखकीतरफदेख

ताभया ॥ तथा सोब्रह्मा तिनदोनोंकेप्रति याप्रकारकावचनकहताभया ॥ हेइंद्र हेविरोचन तुम्हारेभोगणेयोग्य जेस्वर्गादिकलोकोंकेस्थूल भोगहैं तिनस्थूलभोगोंतैंरहित तथामहान्दुःखकरिकैप्राप्तहोणेयोग्यजोयहब्रह्मलोकहै॥ताब्रह्मलोकविषेमहान्दुःखपूर्वकआइके तुमदोनों किस प्रयोजनवासते निवासकरतेभयेहो ॥ हेशिष्य॥इसप्रकार जभी ताप्रजापतिनैं इंद्रविरोचनसैंपूछा॥तभी सोइंद्रविरोचनदोनों याआत्माऽपहत पाप्मा ॥ इत्यादिकपूर्वउक्तब्रह्माकेवचनकापाठकरिके ताब्रह्माकेप्रति याप्रकारकावचन कहतेभये ॥ हेभगवन् ॥ याअधिकारीपुरुषोंकूं आत्माकेज्ञानतैं सर्वलोकोंकी तथातिनसर्वलोकवर्तिभोग्यपदार्थोंकी प्राप्तिहोवे है ॥ याप्रकारकावचन पूर्वआपनैं सभाविषेकह्याथा ॥ ताआपकेवचनकूं श्रवणकरिके तिसआत्मज्ञानकेप्राप्तिकीइच्छाकरतेहुए हमदोनों आपकेसमीप बत्तीसवर्षपर्यंत निवासकरतेभये हैं ॥ यातैं आप कृपाकरिके हमारेप्रति ताआत्मज्ञानकाउपदेशकरो ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकारकावचन जभी ताइंद्रविरोचननैं ब्रह्माके प्रतिकह्या॥तभी मंदमंदहंसताहुआ सोप्रजापति तिनदोनोंकेप्रति प्रथमजाग्रत अवस्थाकेसाक्षीआत्माका चक्षुविषेस्थितरूपकरिके उपदेश करताभया॥ब्रह्माउवाच ॥ हेइंद्र हेविरोचन ॥ याअधिकारीपुरुषोंनैं शास्त्रसंस्कारयुक्तबुद्धिकरिके चक्षुविषे जोपुरुषदेखता है ॥ सो चक्षु स्थपुरुषही आत्माहै ॥ तथा सोचक्षुस्थपुरुषही अपहतपाप्माविजर विमृत्यु विशोक विजिघत्स अपिपास सत्यकाम सत्यसंकल्प इत्या दिस्वरूपहै ॥ तथा सोचक्षुस्थपुरुषही भयतैंरहितनिर्गुणब्रह्मरूपहै ॥ हेशिष्य॥जैसे गुड यद्यपि स्वभावतैंमधुरहीहोवैहै ॥तथापि जिनपुरु षोंकेरसनविषेपित्तदोषहोवैहै ॥ तेपुरुष तामधुरगुडकूंभी कटुरूपकरिकेग्रहणकरैहैं ॥तैसे सोप्रजापतिकावचन यद्यपि आत्माकेवास्तवस्व रूपकाप्रतिपादकहै ॥ तथापि आपणेविषयसंस्काररूपदोषकेवशतैं तेइंद्रविरोचनदोनों ताब्रह्माकेवचनका कोईदूसराअर्थकल्पनाकरिके ताब्रह्माकेप्रति याप्रकारकावचन कहतेभये ॥ हेभगवन् ॥ याशरीरकाप्रतिबिंबरूपजोछायाहै॥साछायाही ताचक्षुविषेदेखणेमैंआवै है ॥ यातैं आपनैं ताचक्षुविषेस्थितछायाकूंही आत्मारूपकरिकेकथनकर्‍याहै॥ताछायाआत्माकास्वरूप हमआपणीबुद्धिकेबलतैं ताचक्षुतैंभिन्न स्थल विषेभीजानतेहैं ॥ काहेतें जैसे चक्षुविषे सोछायारूपआत्मा प्रतीतहोवैहै ॥ तैसेस्वच्छदर्पणविषे तथास्वच्छजलविषे तथास्वच्छखड्ग

विषेभी सोछायारूपआत्माप्रतीतहोवे है ॥ हेभगवन् ॥ पूर्वआपनैं यहवचनकह्याथा॥ दक्षिणचक्षुविषे जोपुरुष देखणेमेंआवेहै ॥ सोपुरुषही आत्माहै ॥ सोयहआपकावचन द्रष्टापुरुषकेअभिप्रायकरिकेसंभवेनहीं ॥ काहेतें याळोकविषे जिसपुरुषकूं आपणी छायाकेदेखणेकीइच्छाहोवे है॥सोपुरुष दर्पणादिकोंतेंविना केवळआपणीचक्षुविषे आपणोछायाकूंदेखिसकतानहीं ॥ किंतु सोपुरुष दर्पणादिकोंविषेही आपणीछायाकूं देखिसकेहै ॥ यातें हमोंनैंकथनकरेजे दर्पण जळ खड्ग आदिकोंविषेस्थितछायारूपआत्माहै ॥ तथा आपनैंकथनकऱ्याजो चक्षुविषेस्थितछायाआत्माहै॥तिनसर्वछायाआत्मावोंविषे कौनछायाआत्मा ग्रहणकरणा ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकारकावचन जभी ताइंद्रविरोचननैं आपनैंपंडितपणेकेअभिमानकरिके ताप्रजापतिकेप्रति कथनकऱ्या ॥ तभी सोप्रजापति तिनदोनोंकेभ्रांतिकूंजानताहुआभी तिनोंकेभ्रांतिकीउपेक्षाकरिके आपणेयथार्थअनुभवकेअनुसार तिनदोनोंकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेइंद्रविरोचन ॥ सोआनंदस्वरूपआत्मा तिनदर्पणादिकसर्वउपाधियोंविषे साक्षीरूपकरिकेप्रतीतहोवे है ॥ यातें सोआनंदस्वरूपआत्मातिनदर्पणादिकसर्वउपाधियोंविषे विद्यमानहै ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकार सोब्रह्मा ताइंद्रविरोचनकेप्रति आत्माकाउपदेशकरिके आपणेमनविषे याप्रकारकाविचारकरताभया ॥ याइंद्रविरोचनकेप्रति हमनें आनंदस्वरूपस्फुरणकाही आत्मारूपकरिकेउपदेशकऱ्याथा ॥ परंतु याइंद्रविरोचनकूं आपणेबुद्धिकेदोषतें जैसे प्रथमहमारेउपदेशतें आत्माकाबोधनहोभयाथा ॥तैसे यादूसरीवारउपदेशतैंभी इन्होंकूं ताआत्माकाबोधहुआनहीं॥किंतु हमारेदोनोंउपदेशतें इन्होंनें छायाकूंही आत्माजान्याहै ॥ याप्रकारका आपणेमनविषेविचारकरिके सोब्रह्मा तिनदोनोंकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेइंद्रविरोचन जळकरिकेपूर्णजोयहशरावनामा मृत्तिकाकापात्रहै ॥ ताशरावविषे तुमदोनों आपणेआत्माकूंजाइकेदेखो ॥ ताशरावविषे जिसवस्तुकूं तुमदेखो ॥ सोवस्तु तुम पुनःहमारेप्रतिआइकेकथनकरो ॥ हेशिष्य ॥ ताब्रह्मानैं इंद्रविरोचनकेप्रति जोयाप्रकारकावचन कथनकऱ्याहै ॥ तावचनकहणेविषे ताब्रह्माकायहअभिप्रायहै ॥ दर्पणजळादिकउपाधियोंविषेस्थितजोछायाहै ॥ साछाया नित्यहैनहीं॥किंतु तिनदर्पणादिकउपाधियोंकेभेदकरिके साछाया परिणामीहै॥यातें घटपटादिकपदार्थोंकीन्याई ताछायाविषे अना

स्वरूपता स्पष्टहोवे है ॥ और सोस्फुरणरूपसाक्षी अंतरबाहर सर्वत्रपरिपूर्ण है ॥ यातें सोस्फुरणरूपसाक्षीही आत्मारूपहै ॥ याप्रकार साक्षी आत्माविषे तथाछायाविषे महान्‌विशेषताहै ॥ ताविशेषताकूं यहदोनों नहींग्रहणकरतेभये हैं ॥ काहेतें यादोनोंकूं आपणेपंडितपणेका बहुतअभिमानहै ॥ तथा परस्परद्वेषकरिके इनदोनोंकाचित्त मलिनहुआहै ॥ याकारणतें यहदोनों हमारेउपदेशतें तास्फुरणरूपसाक्षीआत्माकूं नहींजानतेभयेहैं ॥ किंतु उलटा छायाकूंहीआत्मामानिके यहदोनों दर्पणादिकोंविषेस्थित छायाआत्मावोंविषे कौनछायाआत्मा ग्रहणकरणा याप्रकारकेसंशयकूंप्राप्तहुएहैं ॥ जोमैं इनदोनोंकेप्रति याप्रकारकावचनकहोंगा ॥ हमनैं तुम्हारेप्रति जोआत्माकास्वरूप उपदेशकऱ्याहै ॥ ताहमारेउपदेशकूं तुमोंनैं यथार्थग्रहणनहींकऱ्या ॥ किंतु ताहमारेउपदेशकूं तुमोंनैं विपरीतग्रहणकऱ्याहै ॥ याप्रकारकावचन जोमैं इनदोनोंकेप्रति कहोंगा ॥ तो इनदोनोंका मानभंगहोवेगा॥तामानकेभंगहुए इनदोनोंकूं महान्‌लज्जाकीप्राप्तिहोवेगी ॥ तालज्जाकरिकेइन्होंकी बुद्धि कुंठितहोइजावेगी ॥ ताकुंठितबुद्धिकरिके इन्होंकूं हमारेवचनकाअर्थ किंचित्‌मात्रभी नहींप्रतीतहोवेगा ॥ यातें तुमोंनैं हमारेउपदेशकूं विपरीतग्रहणकऱ्याहै याप्रकार इन्होंकीभ्रांतिकूंप्रगटकरिके पुनःइन्होंकेप्रति आत्माकाउपदेशकरणा हमारेकूं योग्यनहीं है ॥ किंतु इनदोनों अभिमानियोंकेप्रति मैं किसी उपायकरिके ताआत्माकाबोधकरों ॥ काहेतें शास्त्रविषे याप्रकारकानियमकह्याहै ॥ जिसप्रकारकी शिष्यकीबुद्धिहोवे ॥ तिसीप्रकारकेबुद्धिकूंग्रहणकरिके यहगुरु ताशिष्यकेप्रति बोधकरे ॥ शिष्यकेबुद्धिकीउपेक्षाकरिके यहगुरु ताशिष्यकेप्रतिबोधकरेनहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ उत्तम मध्यम मंद याप्रकारकेभेदकरिके शिष्य तीनप्रकारकेहोवे है ॥ तहां जिसशिष्यविषे सत्वगुणतो अधिकहोवे है ॥ और रजो तमोगुण अल्पहोवे है ॥ सोशिष्य उत्तमकह्याजावे हैं ॥ और जिसशिष्यविषे रजोगुण अधिकहोवे है ॥ और सत्वगुण तमोगुण अल्पहोवे है ॥ सोशिष्य मध्यमकह्याजावेहै ॥ और जिसशिष्यविषे तमोगुणअधिकहोवे है ॥ और सत्वगुण तथारजोगुण अल्पहोवे है ॥ सोशिष्य मंदकह्याजावे है ॥ औरउत्तम मध्यम मंद यहतीनप्रकारकेशिष्यभी बुद्धिकीतीक्ष्णताकरिके तथाबुद्धिकीमध्यमताकरिके तथाबुद्धिकीमृदुताकरिके तीनतीनप्रकारकेहोवे हैं॥तिनशिष्योंविषे ॥ जिसजिसशिष्यकी जैसीजैसीबुद्धिहोवे ॥

तिसतिसशिष्यके तैसीतैसीबुद्धिकूंग्रहणकरिकैही यागुरुनैं बोधकरणा ॥ हेशिष्य ॥ याप्रकारकेअभिप्रायकूंमनविषेराखिके सोप्रजापति
ताइंद्रविरोचनकेप्रति दर्पण जल चक्षु आदिकसर्वउपाधियोंविषे सोआत्माव्यापकहै याप्रकारकाउत्तर कहताभया ॥ हमनैं तुम्हारेप्रति प्र
त्यक्वस्तुकाउपदेशकऱ्याहै ताकूंनजाणिके तुम अनात्मछायाकूं किसवासतेआत्मामानतेहो याप्रकारकाउत्तर सोब्रह्मा तिन्होंकेप्रति नहीं
कहताभया ॥ और तिसीअभिप्रायकूं अंगीकारकरिके सोप्रजापति तिनदोनोंकेप्रति तुमदोनों जलकरिकेपूर्णशरावविषे आपणेकूंदेखो
याप्रकारकाउपदेशकरताभया ॥ हेशिष्य ॥ ताब्रह्माकेउपदेशकूंअंगीकारकरिके तेइंद्रविरोचनदोनों तहांतैंजाइके शरावविषेआपणेकूंदेख
तेभये ॥ ताशरावविषेआपणेकूंदेखिके तेदोनों पुनः ताप्रजापतिकेसमीपजातेभये ॥ तिनदोनोंकूंआयाहुआदेखिके सोप्रजापति तिनदोनों
केप्रति याप्रकारकावचन कहताभया॥ हेइंद्रविरोचन ॥ तुमदोनो नैं याजलयुक्तशरावविषे आपणेप्रतिबिंबकेदेखणेकरिके किसतत्त्व
कूंनिश्चयकऱ्याहै ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकारकावचन जभी ताप्रजापतिनैं ताइंद्रविरोचनकेप्रतिकह्या ॥ तभी जैसेमूढबालक आपणेअभि
प्रायकूं पिताकेआगे कथनकरे है॥तैसे तेइंद्रविरोचनदोनों ताप्रजापतिकेआगे याप्रकारकाआपणाअभिप्राय कथनकरतेभये॥हेभगवन्॥पाद
तैंलेकेमस्तकपर्यंत नखकेशादिकोंकरिकेयुक्त जोयहहमाराशरीरहै॥ताशरीररूपआत्माकूंही हमदोनों याशरावविषेदेखतेभयेहैं ॥ हेशिष्य ॥
इसप्रकारकावचन जभी ताइंद्रविरोचननें प्रजापतिकेप्रतिकथनकऱ्या ॥ तभी सोप्रजापति तिनोंकेभ्रांतियुक्तवचनकूंश्रवणकरिके आपणे
उपदेशकरणेकेप्रयत्नकूं निष्फलमानिके बहुतखेदकूंप्राप्तहोताभया ॥ तिसतैंअनंतर पुनः तिनदोनोंकेबोधकरणेवासते सोप्रजापति आपणे
चित्तविषे याप्रकारकाविचार करताभया ॥ याइंद्रविरोचनकेबुद्धिकूंमोहकीप्राप्तिकरणेहारा कोईविचित्रदोषहै ॥ जिसदोषकेबलतैं यहइंद्रवि
रोचन हमारेउपदेशकूं विपरीतहीग्रहणकरे है ॥ काहेतैं प्रथम हमनैं इन्होंकेप्रति सूक्ष्मरीतिकरिके चक्षुविषेआत्माकाउपदेशकऱ्याथा ॥ ता
उपदेशतैंयहदोनों छायाकूंही आत्मामानतेभये ॥ तिसतैंअनंतर हमनैं इनदोनोंकेप्रति मध्यमरीतिकरिके दर्पणजलादिकसर्वउपाधियोंवि
षे ताआत्माकाउपदेशकऱ्या ॥ताउपदेशतैंभी यहदोनों ताछायाकूंहीआत्मामानतेभये ॥ तिसतैंअनंतर हमनैं इनदोनोंकेप्रति मृदुरीतिक

रिके शरावविषेदेखणेकाउपदेशकऱ्या ताउपदेशतें यहदोनों यास्थूलशरीरकूंही आत्मामानतेभये ॥ परंतु तुमदोनों याजलकेशरावविषे आपणेकूंदेखो यातीसरीवारकेउपदेशकरिके इन्द्रोंकूं पूर्वलेदोवारकेउपदेशतें इतनाविशेषबोधहुआहे॥ पूर्वइन्द्रों नें दर्पणादिकउपाधियोंविषे स्थित आपणीछायाकूंही आत्मामान्याथा॥और अभी शरावकेदेखणेकरिके यहदोनों ताछायाकापरित्यागकरिके यास्थूलशरीरकूंही आत्मामानतेभये हैं ॥ और इनदोनोंनें जोछायाआत्माकापरित्यागकऱ्याहे ॥ सो याप्रकारकेविचारकरिकेकऱ्याहे ॥ भेदतेंरहित जोयहद्रष्टा पुरुषकाशरीरहे ॥ सोशरीरही दूसरेपुरुषोंकेचक्षुविषे तथादर्पणविषे तथाजलादिकोंविषे प्रतीतहोवे है ॥यातें ताद्रष्टापुरुषकेशरीरविषे भेद नहीं है ॥ और चक्षु दर्पण जल खड्ग इत्यादिकउपाधियोंविषे जाप्रतिबिंबरूपछाया प्रतीतहोवे है ॥ साछायातो परिमाणकेभेदकरिके तथारूपादिकगुणोंकेभेदकरिके भेदवालीहोहोवे है ॥ याकारणतें साछायाआत्मानहीं है ॥ किंतु तिनदर्पणादिकउपाधियोंविषे भेदतेंरहित जोयहस्थूलशरीरहे ॥ सोयहशरीरही आत्माहे ॥ याप्रकारकाविचारकरिके इनदोनों नें ताछायाकेआत्मरूपताकापरित्यागकऱ्याहे ॥ यातें जैसे छायाविषे नानारूपताकूंदेखिके यादोनोंनें ताछायाकेआत्मरूपताकापरित्यागकऱ्याहे ॥ तैसे यहदोनों याशरीरविषेभी नानापणेकूंदेखिके याशरीरकेआत्मत्वबुद्धिकापरित्यागकरे ॥ ऐसाकोईउपाय मैं करों ॥ सोउपाय हमारेकूंयहप्रतीतहोवे है ॥ यहइंद्रविरोचनदोनों पूर्व जलशरावविषे जिसशरीरकूंदेखतेभये हैं ॥ सोइन्द्रोंकाशरीर नखकेशादिकोंकरिकेयुक्तथा ॥ तथा मलिनथा ॥ तथा मलिनवस्त्रोंवालाथा ॥ अभी इन्द्रोंकेशरीरकूं नखकेशादिकोंतेंरहितकराइके तथास्नानकराइके पुनः ताजलशरावकेदेखणेका उपदेशकरों॥ताआपणेशरीरकूं पूर्वले शरीरतें विलक्षणदेखिके यहदोनों ताछायाकीन्याईं याशरीरविषेभी आत्मत्वबुद्धिकापरित्यागकरेंगे ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकारकाविचारकरिके सोभगवान्प्रजापति ताइंद्रविरोचनकेप्रति याप्रकारकावचन कहताभया ॥ हेइंद्र हेविरोचन ॥ तुमदोनों आपणेनखकेशोंकामुंडनकराइके तथास्नानकरिके तथासुंदरवस्त्रोंकूंपहरिके तथाश्रेष्ठअलंकारोंकूंधारणकरिके पुनः ताजलशरावविषे आपणेआत्माकूंदेखो ॥ ताजलशरावविषे जिसवस्तुकूं तुमदेखो ॥सोवस्तु आइकेहमारेआगेकथनकरो॥हेशिष्य ॥इसप्रकारकावचन अभी ताप्रजापतिनें ताइंद्रविरोचनके

प्रतिकथनकऱ्या ॥ तभी सोइंद्रविरोचन ताब्रह्माकेवचनकूंअंगीकारकरिके आपणेनखकेशोंकामुंडनकराइके तथावस्त्रभूषणादिकोंकूंधारणक
रिके पुनः ताजलशरावविषे आपणेआत्माकूंदेखतेभये ॥ तादेखणेकरिके तेदोनों पुनःभी याशरीरविषेही दृढआत्मरूपताग्रहणकरिके
ताप्रजापतिकेसमीपआइके याप्रकारकावचन कहतेभये ॥ हेभगवन् ॥ हमदोनोंकूं जैसे यास्थूलशरीरविषेही आत्मरूपतासिद्धहोवे ॥
तैसेहमोनें याजलशरावविषे आपणेआत्माकूंदेख्याहे ॥ यातें यास्थूलशरीरहीआत्माहे ॥ हेशिष्य ॥ इसप्रकारकावचन जभी ताइंद्रविषे
इंद्रविरोचननेंताप्रजापतिकेप्रतिकह्या॥तभीसोप्रजापतिपुनःभीतिनोंकेभ्रांतिकीदृढतादेखिके आपणेमनविषे याप्रकारकाविचारकरताभया॥
अल्पबुद्धिवाळे येयहहमारेदोनोंशिष्यहैं ॥ तिनदोनोंकेप्रति हमनें अन्वयव्यतिरेककरिके आत्माकेबोधकरणेकाप्रारम्भकऱ्याथा ॥ तहां
सर्वपदार्थोंविषे जोआत्माकाअनुगतपणाहे ताकानाम अन्वयहे ॥ और दृश्यपदार्थोंविषे जोआगमापायीरूपताहे ताकानाम व्यतिरेकहे ॥
और तुमदोनों आपणेकूंयाजलशरावविषेदेखो यहजोउपदेश हमनें इनोंकेप्रतिकऱ्याथा ॥ ताउपदेशकरिकेभी हमनें याशरीरकेनखके
शादिकधर्मोंकी आगमापायीतादिखाइके याशरीरतें भिन्नकरिकेही आत्माकानिरूपणकऱ्याथा ॥ याशरीरकी आत्मरूपताविषे
कोईहमारातात्पर्यथानहीं ॥ परन्तु यादोनों नें आपणेबुद्धिकेदोषतें याशरीरतें भिन्नरूपकरिके ताआत्माकूंजान्यानहीं ॥ किंतु उलटा
यास्थूलशरीरकूंही इनों नें आत्मारूपकरिकेजान्याहे ॥ यातें इनदोनों केभ्रांतिकीनिवृत्तिकरणेवासते हमारेकूं कोईउपायकऱ्याचाहिये ॥
सोउपाय हमारेकूं यहप्रतीतहोवेहै॥यालोकविषे यादेहरूपआत्माविषे जोजोचंदनलेपादिकसंस्कारकरीतेहैं॥तेसर्वसंस्कार छायारूपआत्मा
विषेप्रतीतहोवे हैं॥ताशरीरकेसंस्कारोंतेंविनाताछायाआत्माविषे स्वभावतेंकिंचित्मात्रभीसंस्कारहोवेनहीं॥यातें चंदनलेपादिरूपवास्तव
